५. मोहनीय कर्म के उपशान्त या क्षीण होने पर जो छद्मस्थ या जिन होता है वह यथाख्यात संयत कहलाता है। यह 'यथाख्यात चारित्र' से युक्त होता है। यथाख्यात चारित्र ग्यारहवें से चौदहवें गुणस्थान तक पाया जाता है। इस चारित्र के दो भेद हैं–१. छद्मस्थ, २. केवली। जब यह ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानवर्ती छद्मस्थ में होता है तब छद्मस्थ यथाख्यात चारित्र कहा जाता है और जब यह केवली में होता है तो केवली यथाख्यात चारित्र के नाम से जाना जाता है।

संयतों अथवा साधुओं को आगमों में 'निर्ग्रन्थ' भी कहा गया है। किन्तु निर्ग्रन्थों का विवेचन भिन्न प्रकार से मिलता है। निर्ग्रन्थों के पाँच प्रकार हैं–(१) पुलाक, (२) बकुश, (३) कुशील, (४) निर्ग्रन्थ और (५) स्नातक।

पाँच प्रकार के चारित्रों के साथ यदि इन पाँच प्रकार के निर्ग्रन्थों का विवेचन किया जाय तो ज्ञात होता है कि पुलाक, बकुश एवं प्रतिसेवना कुशीलों में सामायिक अथवा छेदोपस्थापनीय चारित्र पाया जाता है। कषायकुशीलों में परिहारविशुद्धि एवं सूक्ष्म संपराय चारित्र भी पाए जा सकते हैं। निर्ग्रन्थों एवं स्नातकों में एक मात्र यथाख्यात चारित्र पाया जाता है।

पुलाक वह निर्ग्रन्थ है जो मूलगुण तथा उत्तरगुण में परिपूर्णता प्राप्त न करते हुए भी वीतराग प्रणीत आगम से कभी विचलित नहीं होता है। पुलाक का अर्थ है निःसार धान्यकण। संयमवान् होते हुए भी जो साधु किसी छोटे से दोष के कारण संयम को किंचित् असार कर देता है वह पुलाक कहलाता है। पुलाक लब्धि का प्रयोक्ता निर्ग्रन्थ पुलाक कहा गया है। इसे लब्धि पुलाक कहते हैं। दूसरे प्रकार का पुलाक आसेवना पुलाक कहा जाता है। लब्धि पुलाक पाँच कारणों से पुलाक लब्धि का प्रयोग करने के कारण पाँच प्रकार का कहा गया है–१. ज्ञान पुलाक, २. दर्शन पुलाक, ३. चारित्र पुलाक, ४. लिंग पुलाक और, ५. यथासूक्ष्म पुलाक। ज्ञान पुलाक स्खलना, विस्मरण, विराधना आदि दूषणों से ज्ञान की किंचित् विराधना करता है। दर्शन पुलाक सम्यक्त्व की विराधना करता है। इसी प्रकार चारित्र को दूषित करने वाला चारित्र पुलाक कहा जाता है। अकारण ही अन्य लिंग या वेष को धारण करने वाला लिंग पुलाक कहलाता है। सेवन करने के अयोग्य दोषों को साधु-साध्वीयों की रक्षा करते हुए कोई सेवन करे तो उसे यथासूक्ष्म पुलाक कहते हैं।

बकुश वह श्रमण है जो आत्म-शुद्धि की अपेक्षा शरीर की विभूषा एवं उपकरणों की सजावट की ओर अधिक रुचि रखता है। यह स्वाध्याय, ध्यान, तप आदि में श्रम नहीं करके खान-पान, शयन-आराम आदि की प्रवृत्ति करने लगता है। बकुश निर्ग्रन्थ पाँच प्रकार के कहे गए हैं–(१) आभोग बकुश, (२) अनाभोग बकुश, (३) संवृत बकुश, (४) असंवृत बकुश और (५) यथासूक्ष्म बकुश। साधुओं के लिए शरीर, उपकरण आदि को सुशोभित करना अयोग्य समझ कर भी जो दोष लगाता है वह आभोग बकुश है। जो न जानते हुए दोष लगाता है वह अनाभोग बकुश है। जो प्रकट रूप में दोषयुक्त प्रवृत्ति करते हैं वे असंवृत बकुश हैं। जो लोक लज्जा के कारण छिपकर शरीर की विभूषादि प्रवृत्तियाँ करता है वह संवृत बकुश है। जो आँखों में अंजन लगाने आदि अकरणीय सूक्ष्म कार्यों में समय लगाते हैं वे यथासूक्ष्म बकुश हैं।

कुशील का अर्थ है कुत्सित शील वाला। कुशील निर्ग्रन्थ के दो प्रकार हैं–(१) प्रतिसेवना कुशील और (२) कषाय-कुशील। जो साधक ज्ञान, दर्शन, चारित्र, लिंग एवं शरीर आदि हेतुओं से संयम के मूलगुणों या उत्तरगुणों में दोष लगाता है उसे प्रतिसेवना कुशील कहते हैं। इन हेतुओं के आधार पर प्रतिसेवना कुशील के ५ भेद हैं–१. ज्ञान प्रतिसेवना कुशील, २. दर्शन प्रतिसेवना कुशील, ३. चारित्र प्रतिसेवना कुशील, ४. लिंग प्रतिसेवना कुशील और ५. यथासूक्ष्म प्रतिसेवना कुशील।

कषाय कुशील में मात्र संज्वलन कषाय की कोई प्रकृति पायी जाती है। यह ज्ञानादि हेतुओं से संज्वलन कषाय की प्रकृति में प्रवृत्त होता है किन्तु संयम के मूलगुणों एवं उत्तरगुणों में किसी भी प्रकार का दोष नहीं लगाता है। ज्ञानादि हेतुओं के कारण इसके भी पाँच भेद हैं– १. ज्ञान कषाय कुशील, २. दर्शन कषाय कुशील, ३. चारित्र कषाय कुशील, ४. लिंग कषाय कुशील और ५. यथासूक्ष्म कषाय कुशील।

पाँच निर्ग्रन्थों के निर्ग्रन्थ भेद में कषाय-प्रवृत्ति एवं दोषों के सेवन का सर्वथा अभाव होता है। इसमें सर्वज्ञता प्रकट होने वाली रहती है तथा राग-द्वेष का सर्वथा अभाव हो जाता है। निर्ग्रन्थ शब्द के वास्तविक अर्थ 'राग-द्वेष की ग्रन्थि से रहित' का इसमें पूर्णतः घटन होता है। यह निर्ग्रन्थ वीतराग होता है। समय की अपेक्षा से इसके पाँच भेद हैं–१. प्रथम समय निर्ग्रन्थ–११वें अथवा १२वें गुणस्थान के काल के प्रथम समय में विद्यमान । २. अप्रथम समय निर्ग्रन्थ–११वें या १२वें गुणस्थान में दो समय से या उससे अधिक समय से विद्यमान। ३. चरम समय निर्ग्रन्थ–जिसकी छद्मस्थता एक समय शेष हो। ४. अचरम समय निर्ग्रन्थ–जिसकी छद्मस्थता दो या दो समय से अधिक शेष हो। ५. यथासूक्ष्म निर्ग्रन्थ–जो सामान्य निर्ग्रन्थ हो, प्रथम आदि समय की विवक्षा से भिन्न हो।

सर्वज्ञता-युक्त निर्ग्रन्थ 'स्नातक' कहे जाते हैं। यह निर्ग्रन्थों की सर्वोत्कृष्ट स्थिति है। स्नातक के भी पाँच भेद किए गए हैं–(१) अच्छवि, (२) अशबल, (३) अकर्मांश, (४) संशुद्ध और (५) अपरिस्रावी। जो छवि अर्थात् शरीर भाव से रहित हो गया हो उसे अच्छवि कहते हैं। प्राकृत के अच्छवी का हिन्दी में अक्षपी शब्द भी हो सकता है जिसका तात्पर्य है कि चार घाती कर्मों का क्षपण करने के पश्चात् जिसे कुछ भी क्षपण करना शेष न रहा हो। अशबल का तात्पर्य है जिसमें अतिचार रूपी पंक बिलकुल भी न हो। घाती कर्मों से रहित होने के कारण अकर्मांश, विशुद्ध ज्ञान-दर्शन को धारण करने के कारण संशुद्ध तथा कर्मबन्ध के प्रवाह से रहित होने के कारण अपरिस्रावी नाम दिए गए हैं।

इन पाँच प्रकार के निर्ग्रन्थों में से प्रथम तीन साधक अवस्था में रहते हैं तथा अन्तिम दो वीतराग अवस्था में पाए जाते हैं। पुलाक एवं बकुश भेद दोषयुक्त साधुओं के लिए हैं। प्रतिसेवना कुशील भी दोषयुक्त है। कषाय कुशील तो सूक्ष्म कषाय युक्त होता है। पाँच प्रकार के चारित्रों के साथ इनकी तुलना या सम्बन्ध पर पहले विचार कर लिया गया है।

निर्ग्रन्थ एवं संयतों का इस अध्ययन में ३६ द्वारों से पृथक्-पृथक् निरूपण हुआ है। इन ३६ द्वारों से जब निर्ग्रन्थों एवं संयतों का विचार किया जाता है तो इनके सम्बन्ध में सभी प्रकार की जानकारी संकलित हो जाती है। ३६ द्वारों में वेद, राग, चारित्र, कषाय, लेश्या, भाव आदि द्वार महत्वपूर्ण हैं।

वेद-द्वार के अनुसार पुलाक, बकुश एवं प्रतिसेवना कुशील निर्ग्रन्थ सवेदक होते हैं। इनमें काम-वासना विद्यमान रहती है। कषाय-कुशील अवेदक एवं सवेदक दोनों प्रकार का होता है। निर्ग्रन्थ एवं स्नातकों में काम-वासना नहीं रहती, अतः ये दोनों अवेदक होते हैं। संयतों की दृष्टि से सामायिक संयत एवं छेदोपस्थापनीय संयत दोनों प्रकार के होते हैं, कुछ सवेदक होते हैं तथा कुछ अवेदक होते हैं। परिहार विशुद्धिक संयत सवेदक होता है, अवेदक नहीं। सूक्ष्म संपराय एवं यथाख्यात संयत अवेदक ही होते हैं, उनमें काम-वासना शेष नहीं रहती।

राग-द्वार के अनुसार पुलाक से लेकर कषाय कुशील तक के निर्ग्रन्थ सराग होते हैं जबकि निर्ग्रन्थ एवं स्नातक वीतराग होते हैं सामायिक संयत से लेकर सूक्ष्म संपराय तक के संयत सराग होते हैं, जबकि यथाख्यात संयत वीतराग होता है।

कल्प-द्वार के अन्तर्गत स्थितकल्पी, अस्थितकल्पी, जिनकल्पी, स्थविरकल्पी एवं कल्पातीत के आधार पर निर्ग्रन्थों एवं संयतों का विवेचन किया गया है।

चारित्र-द्वार के अन्तर्गत निर्ग्रन्थ के भेदों में संयतों के सामायिक आदि भेदों को घटित किया गया है तथा संयतों के भेदों में निर्ग्रन्थों के पुलाक आदि भेदों को घटित करने का विचार हुआ है। इसके अनुसार सामायिक संयत पुलाक से लेकर कषाय कुशील तक कुछ भी हो सकता है किन्तु वह निर्ग्रन्थ एवं स्नातक नहीं होता है। छेदोपस्थापनीय भी इसी प्रकार होता है। परिहारविशुद्धिक एवं सूक्ष्म संपराय संयतों में निर्ग्रन्थों का केवल कषाय-कुशील भेद पाया जाता है। यथाख्यात संयत में निर्ग्रन्थ एवं स्नातक ये दो भेद ही पाए जाते हैं, अन्य तीन नहीं।

प्रतिसेवना-द्वार में मूलगुणों एवं उत्तरगुणों के प्रतिसेवक एवं अप्रतिसेवक की दृष्टि से विचार किया गया है। दोषों का सेवन करने को प्रतिसेवना तथा उनसे रहित होने को अप्रतिसेवना कहते हैं।

ज्ञान-द्वार में यह विचार किया गया है कि किस निर्ग्रन्थ या किस संयत में कितने एवं कौन-कौन से ज्ञान पाये जाते हैं। इसी द्वार के अन्तर्गत श्रुत के अध्ययन का भी विवरण है जिसके अनुसार पुलाक जघन्य नवम पूर्व की तीसरी आचार वस्तु पर्यन्त का अध्ययन करता है तथा उत्कृष्ट नौ पूर्व का अध्ययन करता है। बकुश, कुशील एवं निर्ग्रन्थ जघन्य आठ प्रवचन माता का अध्ययन करते हैं तथा उत्कृष्ट की दृष्टि से बकुश एवं प्रतिसेवना कुशील तो दस पूर्वों का अध्ययन करते हैं तथा कषाय-कुशील एवं निर्ग्रन्थ चौदह पूर्वों का अध्ययन करते हैं। स्नातक श्रुतव्यतिरिक्त होते हैं। उनमें श्रुतज्ञान नहीं होता। सामायिक संयत, छेदोपस्थापनीय संयत एवं सूक्ष्म संपराय संयत जघन्य आठ प्रवचन माता का तथा उत्कृष्ट चौदह पूर्व का अध्ययन करते हैं। परिहारविशुद्धिक संयत जघन्य नवम पूर्व की तृतीय आचार वस्तु पर्यन्त तथा उत्कृष्ट कुछ अपूर्ण दस पूर्व का अध्ययन करते हैं। यथाख्यात संयत जघन्य आठ प्रवचन माता का, उत्कृष्ट चौदह पूर्वों का अध्ययन करते हैं। वे श्रुतरहित अर्थात् केवलज्ञानी भी होते हैं।

तीर्थ, लिङ्ग, शरीर, क्षेत्र एवं काल द्वारों में इनसे सम्बद्ध विषयों पर निरूपण हुआ है। काल का विवेचन अधिक विस्तृत है।

गति-द्वार में यह निरूपण हुआ है कि कौन-सा संयत या निर्ग्रन्थ काल-धर्म को प्राप्त कर किस गति में व कहाँ उत्पन्न होता है। प्रायः सभी साधु देवलोक में उत्पन्न होते हैं और उनमें भी प्रायः वैमानिक देवलोक में उत्पन्न होते हैं।

संयम-द्वार के अनुसार पुलाक से लेकर कषाय कुशील तक असंख्यात संयम स्थान कहे गए हैं। निर्ग्रन्थों एवं स्नातकों का एक संयम स्थान माना गया है। सामायिक से लेकर परिहारविशुद्धिक संयतों तक असंख्य संयम स्थान होते हैं। सूक्ष्म संपराय संयत के अन्तर्मुहूर्त के समय जितने असंख्य संयम स्थान माने गए हैं। यथाख्यात संयत के एक संयम स्थान मान्य है। इसी द्वार में इनके संयम-स्थानों के अल्प-बहुत्व का विचार हुआ है।

सन्निकर्ष-द्वार में चारित्र पर्यवों का एवं उनके अल्प-बहुत्व का वर्णन है। योग-द्वार के अनुसार पुलाक से लेकर निर्ग्रन्थ तक के निर्ग्रन्थ सयोगी हैं जबकि स्नातक सयोगी भी हैं और अयोगी भी हैं। सामायिक संयत से लेकर सूक्ष्म संपराय तक के संयत सयोगी होते हैं तथा यथाख्यात संयत सयोगी भी होते हैं और अयोगी भी होते हैं। उपयोग-द्वार के अन्तर्गत पुलाक आदि पाँचों निर्ग्रन्थ तथा सूक्ष्म संपराय संयत को छोड़ कर चारों संयत साकारोपयुक्त भी होते हैं और अनाकारोपयुक्त भी होते हैं। सूक्ष्म संपरायं संयत साकारोपयुक्त ही होता है, आनाकारोपयुक्त नहीं होता।

'कषाय-द्वार' के अनुसार निर्ग्रन्थ एवं स्नातक अकषायी होते हैं जबकि शेष तीनों सकषायी होते हैं। इसी प्रकार यथाख्यात संयत अकषायी होता है एवं शेष चारों संयत सकषायी होते हैं।

'लेश्या-द्वार' के अनुसार पुलाक, बकुश एवं प्रतिसेवना कुशीलों में तेजो, पद्म एवं शुक्ल ये तीन लेश्याएँ पायी जाती हैं जबकि कषाय कुशील में छहों लेश्याएं पायी जाती हैं। निर्ग्रन्थ में एक शुक्ल लेश्या रहती है। स्नातक सलेश्य एवं अलेश्य दोनों हो सकते हैं। सलेश्य होने पर परम शुक्ल लेश्या रहती है। सामायिक एवं छेदोपस्थापनीय संयतों में छहों लेश्याएँ रहती हैं, परिहारविशुद्धिक में तेजो, पद्म एवं शुक्ल लेश्या रहती है। सूक्ष्म संपराय में एक शुक्ल लेश्या होती है। यथाख्यात सलेश्य एवं अलेश्य दोनों प्रकार के होते हैं। सलेश्य होने पर शुक्ल लेश्या वाले होते हैं।

*'परिणाम-द्वार' में वर्धमान, हायमान एवं अवस्थित परिणामों के आधार पर निरूपण है। 'बंध-द्वार' में कर्मों की मूल प्रकृतियों के बन्ध का विवेचन है। **कर्म-वेदन द्वार** में उदय में आई हुई कर्म प्रकृतियों के वेदन का निरूपण है। **कर्म-उदीरणा-द्वार** में आठ कर्म प्रकृतियों में किसके कितनी प्रकृतियों की उदीरणा होती है, इसका उल्लेख है।*

'उपसंपत् जहन-द्वार' में यह बताया गया है कि पुलाक आदि निर्ग्रन्थ एवं सामायिक आदि संयत अपने पुलाकत्व या सामायिक संयत्व आदि को छोड़ने पर क्या प्राप्त करते हैं। वे नीचे गिरते हैं या ऊपर चढ़ते हैं, इसमें इसका बोध होता है।

संज्ञा-द्वार, आहार-द्वार एवं भव-द्वार में संज्ञा, आहार एवं भव की चर्चा है। इसके अनुसार पुलाक, निर्ग्रन्थ एंव स्नातक नो संज्ञोपयुक्त होते हैं। बकुश एवं कुशील संज्ञोपयुक्त भी होते हैं और नो संज्ञोपयुक्त भी होते हैं। आहारादि संज्ञाओं में आसक्त संज्ञोपयुक्त एवं उनमें अनासक्त नो संज्ञोपयुक्त माने गए हैं। सामायिक से लेकर परिहारविशुद्धिक संयत संज्ञोपयुक्त भी होते हैं और नो संज्ञोपयुक्त भी होते हैं। सामायिक से लेकर सूक्ष्म संपराय तक के संयत आहारक होते हैं जबकि यथाख्यात संयत आहारक एवं अनाहारक दोनों प्रकार के होते हैं। पुलाक से लेकर निर्ग्रन्थ तक आहारक एवं स्नातक अनाहारक होते हैं। आकर्ष-द्वार में भव-द्वार को ही आगे बढ़ाया गया है तथा इसमें यह विचार किया गया है कि पुलाक आदि अपने एक या अनेक भवों में कितनी बार पुलाक आदि संयम ग्रहण करते हैं। काल-द्वार का दो बार प्रयोग हुआ है, किन्तु प्रयोजन भिन्न है। पहले अवसर्पिणी आदि कालों में पुलाकादि का विवेचन था और इस काल-द्वार में पुलाक आदि की अवस्थिति का वर्णन है। अन्तर-द्वार में यह विचार किया गया है कि एक प्रकार का संयत या निर्ग्रन्थ पुनः उसी प्रकार का संयत या निर्ग्रन्थ बने तो कितने काल का अन्तर या व्यवधान रहता है।

'समुद्घात-द्वार' में प्रत्येक निर्ग्रन्थ एवं संयत में होने वाले समुद्घातों का कथन है। 'क्षेत्र-द्वार' भी दूसरी बार आया है। इसमें लोक के संख्यातवें, असंख्यातवें भाग आदि में पुलाक आदि के होने या न होने का विचार किया गया है। 'स्पर्शना-द्वार' में लोक के संख्यातवें, असंख्यातवें आदि भागों को स्पर्श किए जाने या न किए जाने का विवेचन है।

'भाव-द्वार' के अनुसार पुलाक , बकुश एवं कुशील क्षायोपशमिक भाव में होते हैं। निर्ग्रन्थ औपशमिक या क्षायोपशमिक भाव में होते हैं स्नातक क्षायिकभाव में होते हैं। सामायिक आदि चार प्रकार के संयत क्षायोपशमिक भाव में होते हैं जबकि यथाख्यात संयत औपशमिक या क्षायिकभाव में होते हैं।

'परिमाण-द्वार' में यह निरूपण किया गया है कि एक समय में अमुक निर्ग्रन्थ या अमुक संयत कितने होते हैं।

छत्तीसवाँ द्वार अल्प-बहुत्व से सम्बद्ध है। इसके अनुसार पांच निर्ग्रन्थों में सबसे अल्प निर्ग्रन्थ हैं। उनसे पुलाक, स्नातक, बकुश, प्रतिसेवना कुशील एवं कषायकुशील क्रमशः संख्यातगुणा-असंख्यातगुणा हैं। पाँच प्रकार के संयतों में सबसे अल्प सूक्ष्म संपराय संयत हैं। उनसे परिहारविशुद्धि, यथाख्यात, छेदोपस्थापनीय एवं सामायिक संयत क्रमशः संख्यात गुणा हैं।

संयतों को प्रमत्त एवं अप्रमत्त भेदों में भी बांटा गया है। एक प्रमत्तसंयमी जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि तक रहता है। अप्रमत्तसंयमी जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि तक रहता है। अनेक जीवों की अपेक्षा ये दोनों सर्वकाल में रहते हैं।

देवगति में सम्यग्दर्शन प्राप्त करके भी कोई देव संयत नहीं हो सकता, उन्हें असंयत एवं संयतासंयत भी नहीं कहा जा सकता, इसलिए व्याख्या-प्रज्ञप्ति सूत्र में उन्हें 'नोसंयत' कहा गया है।

अल्पबहुत्व की दृष्टि से संयत जीव सबसे कम हैं। उनसे संयतासंयत असंख्यातगुणे हैं तथा उनसे असंयत जीव अनन्तगुणे हैं।

□□

२५. संजयज्झयणं

सूत्र

१. **जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य संजयाई परूवणं–**

प. जीवा णं भंते ! किं संजया, असंजया, संजयासंजया, नोसंजय-नोअसंजय-नोसंजयासंजया ?

उ. गोयमा ! जीवा णं संजया वि, असंजया वि, संजयासंजया वि, नोसंजय-नोअसंजय-नोसंजयासंजया वि।

प. **दं. १.** नेरइया णं भंते ! किं संजया **जाव** नोसंजय-नो असंजय-नोसंजयासंजया ?

उ. गोयमा ! नेरइया नो संजया, असंजया, नो संजयासंजया, नो नोसंजय नो असंजय, नोसंजयासंजया।

दं. २-१९. एवं जाव चउरिंदिया,

प. **दं. २०.** पंचेंदियतिरिक्खजोणिया णं भंते ! किं संजया **जाव** नोसंजय-नोअसंजय, नोसंजयासंजया ?

उ. गोयमा ! पंचेंदियतिरिक्खजोणिया नो संजया, असंजया वि, संजयासंजया वि, नो नोसंजय, नोअसंजय, नोसंजयासंजया।

प. **दं. २१.** मणुस्सा णं भंते ! किं संजया **जाव** नोसंजय नोअसंजय, नोसंजयासंजया ?

उ. गोयमा ! मणुस्सा संजया वि, असंजया वि, संजयासंजया वि, नो नोसंजय-नोअसंजय, नोसंजयासंजया,

दं. २२-२४. वाणमंतरजोइसियवेमाणिया जहा नेरइया।

प. सिद्धा णं भंते ! किं संजया **जाव** नोसंजय-नो असंजय-नोसंजयासंजया ?

उ. गोयमा ! सिद्धा नो संजया, नो असंजया, नो संजयासंजया, नोसंजय-नोअसंजय-नोसंजयासंजया,

संजय असंजयमीसगा य, जीवा तहेव मणुया य।
संजयरहिया तिरिया, सेसा असंजया होंति॥

–पण्ण. प. ३२, सु. १९७४-८०

२. **संजयाईणं कायट्ठिई परूवणं–**

प. संजए णं भंते ! संजए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं देसूणं पुव्वकोडि।

प. असंजए णं भंते ! असंजए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! असंजए तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अणाईए वा अपज्जवसिए,

२५. संयत–अध्ययन

सूत्र

१. **जीव-चौवीसदंडकों और सिद्धों में संयतादि का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! जीव क्या संयत होते हैं, असंयत होते हैं, संयतासंयत होते हैं, अथवा नोसंयत-नो असंयत, नोसंयतासंयत होते हैं ?

उ. गौतम ! जीव संयत भी होते हैं, असंयत भी होते हैं, संयतासंयत भी होते हैं और नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत भी होते हैं।

प्र. **दं. १.** भंते ! नैरयिक क्या संयत होते हैं **यावत्** नोसंयत नोअसंयत, नोसंयतासंयत होते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक संयत नहीं होते हैं, न संयतासंयत होते हैं और न नोसंयत-नोअसंयत-नोसंयतासंयत होते हैं, किन्तु असंयत होते हैं।

दं. २-१९. इसी प्रकार असुरकुमारादि से चतुरिन्द्रियों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. **दं. २०.** भंते ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक क्या संयत होते हैं **यावत्** नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत होते हैं ?

उ. गौतम ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक न तो संयत होते हैं और न ही नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत होते हैं, किन्तु वे असंयत भी होते हैं और संयतासंयत भी होते हैं।

प्र. **दं. २१.** भंते ! मनुष्य संयत होते हैं **यावत्** नोसंयत-नोअसंयत-नोसंयतासंयत होते हैं ?

उ. गौतम ! मनुष्य संयत भी होते हैं, असंयत भी होते हैं, संयतासंयत भी होते हैं, किन्तु नोसंयत नोअसंयत, नोसंयतासंयत नहीं होते हैं।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का कथन नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

प्र. भंते ! सिद्ध क्या संयत होते हैं **यावत्** नोसंयत-नो असंयत-नो संयतासंयत होते हैं ?

उ. गौतम ! सिद्ध न तो संयत होते हैं, न असंयत होते हैं और न ही संयतासंयत होते हैं, किन्तु नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत होते हैं।

जीव और मनुष्य संयत, असंयत और संयतासंयत तीनों प्रकार के होते है। तिर्यञ्च संयत नहीं होते तथा शेष सभी असंयत होते हैं।

२. **संयत आदि की कायस्थिति का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! संयत संयतरूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! (वह) जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि तक संयतरूप में रहता है।

प्र. भंते ! असंयत असंयतरूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! असंयत तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. अनादि अपर्यवसित,

२. अणाईए वा सपवज्जवसिए,[1]
३. साईए वा सपज्जवसिए।
तत्थ णं जे से असंजए साईए सपज्जवसिए से जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतं कालं–
अणंताओ उस्सप्पिणिओसप्पिणीओ कालओ।
खेत्तओ अवड्ढपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

संजयासंजए जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं देसूणं पुव्वकोडिं।

प. णोसंजए-णोअसंजए, णोसंजयासंजए णं भंते ! णोसंजए-णोअसंजए, णोसंजयासंजए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! साईए अपज्जवसिए।[2]

–पण्ण. प. १८, सू. १३५८-६१

२. अनादि-सपर्यवसित,
३. सादि-सपर्यवसित।
उनमें से जो सादि-सपर्यवसित है, वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल तक, (अर्थात्) काल की अपेक्षा से–अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणियों तक,
क्षेत्र की अपेक्षा से–देशोन अपार्द्ध पुद्गलपरावर्तन तक वह असंयतपर्याय में रहता है

संयतासंयत-जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त तक और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि तक संयतासंयतरूप में रहता है।

प्र. भंते ! नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत कितने काल तक नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयतरूप में बना रहता है ?

उ. गौतम ! वह सादि-अपर्यवसित है।

३. संजयाईणं अंतरकाल परूवणं–

१. संजयस्स संजयासंजयस्स दोण्हवि अंतरं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अवड्ढ पोग्गलपरियट्टं देसूणं,
२. असंजयस्स आइदुवे नत्थि अंतरं,
साइयस्स सपज्जवसियस्स जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं देसूणं पुव्वकोडीओ,
३. नोसंजय-नोअसंजय-नोसंजयासंजयस्स नत्थि अंतरं।

–जीवा. पडि. ९, सू. २४७

३. संयत आदि के अंतर काल का प्ररूपण–

१. संयत और संयतासंयत दोनों का अन्तर–जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन अपार्धपुद्गल परावर्तन है।
२. असंयत के आदि के दो भंगों का अन्तर नहीं है।
सादि सपर्यवसित का अंतर–जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्व कोटि है।
३. नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत का अन्तर नहीं है।

४. संजयाईणं अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं संजयाणं, असंजयाणं, संजयासंजयाणं, नोसंजय-नोअसंजय, नोसंजयासंजयाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा संजया,
२. संजयासंजया असंखेज्जगुणा,
३. नोसंजय-नोअसंजय, नोसंजयासंजया अणंतगुणा,
४. असंजया अणंतगुणा।[3]

–पण्ण. प. ३, सु. २६१

४. संयत आदि का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन संयतों, असंयतों, संयतासंयतों और नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत जीवों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प संयत जीव हैं,
२. (उनसे) संयतासंयत असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) नोसंयत-नोअसंयत, नोसंयतासंयत जीव अनन्तगुणे हैं।
४. (उनसे) भी असंयत जीव अनन्तगुणे हैं।

५. नियंठाणं संजयाण य परूवग दार णामाणि–

१. पण्णवण २. वेद ३. रागे ४. कप्प ५. चरित्त ६. पडिसेवणा ७. णाणे।
८. तित्थे ९. लिंग १०. सरीरे ११. खेत्ते १२. काले १३. गइ १४. संजम १५. निकासे ॥१॥
१६-१७. जोगुवओग १८. कसाए १९. लेस्सा २०. परिणाम २१. बंध २२. वेए य।
२३. कम्मोदीरण २४. उवसंपजहण २५. सन्ना य, २६. आहारे ॥२॥

५. निर्ग्रन्थों और संयतों के प्ररूपक द्वार नाम–

१. प्रज्ञापन, २. वेद, ३. राग, ४. कल्प, ५. चारित्र, ६. प्रतिसेवना, ७. ज्ञान,
८. तीर्थ, ९. लिंग, १०. शरीर, ११. क्षेत्र, १२. काल, १३. गति, १४. संयम, १५. निकर्ष ॥१॥
१६. योग, १७. उपयोग, १८. कषाय, १९. लेश्या, २०. परिणाम, २१. बन्ध, २२. वेदन।
२३. कर्मों की उदीरणा, २४. प्राप्त करना-छोड़ना, २५. संज्ञा, २६. आहार ॥२॥

---

१. प्रथम भंग का कथन अभव्य असंयत की अपेक्षा से है।
द्वितीय भंग का कथन भव्य असंयत की अपेक्षा से है।

२. जीवा. पडि. ९, सु. २४७

३. जीवा. पडि. ९, सु. २४७

२७. भव २८. आगरिसे २९-३०. कालंतरे य ३१. समुग्घाय
३२. खेत्त ३३. फुसणा य।
३४. भावे ३५. परिणामो खलु ३६. अप्पाबहुयं
नियंठाणं ॥३॥

६. छत्तीसएहिं दारेहिं णियंठस्स परूवणं–

१. पण्णवण-दारं–

प. कइ णं भंते ! नियंठा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा नियंठा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पुलाए, २. बउसे,
३. कुसीले, ४. नियंठे,
५. सिणाए।[1]

प. पुलाए[2] णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. नाणपुलाए, २. दंसणपुलाए,
३. चरित्तपुलाए, ४. लिंगपुलाए,
५. अहासुहुमपुलाए नामं पंचमे।[3]

प. २. बउसे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. आभोगबउसे, २. अणाभोगबउसे,
३. संवुडबउसे, ४. असंवुडबउसे,
५. अहासुहुमबउसे[4] नामं पंचमे।

२७. भव, २८. आकर्ष, २९. काल, ३०. अन्तर, ३१. समुद्घात,
३२. क्षेत्र, ३३. स्पर्शना।
३४. भाव, ३५. परिमाण, ३६. अल्पबहुत्व।
निर्ग्रन्थ एवं संयत का इन द्वारों से वर्णन किया गया है।

६. छत्तीस द्वारों से निर्ग्रन्थ का प्ररूपण–

१. प्रज्ञापना–द्वार–

प्र. भंते ! निर्ग्रन्थ कितने प्रकार के कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! निर्ग्रन्थ पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. पुलाक, २. बकुश,
३. कुशील, ४. निर्ग्रन्थ,
५. स्नातक।

प्र. भंते ! पुलाक कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. ज्ञान पुलाक, २. दर्शन पुलाक,
३. चारित्र पुलाक, ४. लिंग पुलाक,
५. यथासूक्ष्म पुलाक।

प्र. २. भंते ! बकुश कितने प्रकार के कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. आभोग-बकुश, २. अनाभोग-बकुश,
३. संवृत-बकुश, ४. असंवृत-बकुश,
५. यथासूक्ष्म-बकुश।

---

१. ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४४५

२. कषाय कुशील निर्ग्रन्थ जब पुलाक लब्धि का प्रयोग करता है तब पुलाक निर्ग्रन्थ कहा जाता है। उस समय उसके संज्वलन कषाय का तीव्र उदय होता है अतः उसके संयम पर्यव अधिक नष्ट होने पर उसका संयम असार हो जाता है।

इस लब्धि को पुलाक लब्धि और इस लब्धि के प्रयोक्ता को पुलाक निर्ग्रन्थ कहा गया है।

इस लब्धि का प्रयोग करते समय तीन शुभ लेश्याओं के परिणाम ही रहते हैं इसलिए कषाय की तीव्रता होने पर भी वह निर्ग्रन्थ तो रहता ही है। लब्धि प्रयोग का काल अन्तर्मुहूर्त से अधिक नहीं है।

इस लब्धि प्रयोग के मूल कारण पांच है–(१) ज्ञान, (२) दर्शन, (३) चारित्र, (४) लिंग एवं (५) साधु-साध्वी आदि की रक्षा।

टीकाकार ने लब्धि पुलाक और आसेवना-पुलाक ये दो भेद भी किए हैं।

किन्तु सूत्र वर्णित छत्तीस द्वारों के विषयों से आसेवना पुलाक भेद की संगति किसी भी प्रकार से संभव नहीं है। अतः लब्धि प्रयोग की अपेक्षा से ही सूत्रोक्त पांचों भेद समझना सुसंगत है।

३. ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४४५

४. जिस श्रमण की रुचि आत्म-शुद्धि की अपेक्षा शरीर की विभूषा एवं उपकरणों की सजावट की ओर अधिक हो जाती है तो उसकी प्रवृत्ति खान, पान, आराम, शयन एवं प्रक्षालन की बढ़ जाती है और स्वाध्याय, ध्यान, तप आदि में परिश्रम करने की प्रवृतियां कम हो जाती है, वह बकुश निर्ग्रन्थ कहा जाता है।

बकुश निर्ग्रन्थ की पांच अवस्थाएं होती हैं–

१. लोक लज्जा के कारण शरीर विभूषादि की प्रवृत्तियां गुप्त रूप में करने वाले,
२. लज्जा नष्ट हो जाने पर प्रकट रूप में प्रवृत्ति करने वाले,
३. उस प्रवृत्ति को अयोग्य समझते हुए करने वाले,
४. कुछ समझे बिना देखा-देखी परम्परा से करने वाले,
५. प्रमाद में अनावश्यक समय लगाने वाले एवं गुणों का विकास नहीं करने वाले।

इन पांचों अवस्थाओं की अपेक्षा से इस निर्ग्रन्थ के पांच प्रकार कहे हैं।

प. ३. कुसीले णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पडिसेवणाकुसीले य, २. कसायकुसीले य।

प. ३. (क) पडिसेवणाकुसीले[1] णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नाण-पडिसेवणाकुसीले,
२. दंसणपडिसेवणाकुसीले
३. चरित्तपडिसेवणाकुसीले
४. लिंग-पडिसेवणाकुसीले,
५. अहासुहुमपडिसेवणाकुसीले नामं पंचमे।[2]

प. ३. (ख) कसायकुसीले[3] णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नाण-कसायकुसीले, २. दंसण-कसायकुसीले,
३. चरित्त-कसायकुसीले, ४. लिंग-कसायकुसीले,
५. अहासुहुम-कसायकुसीले नामं पंचमे।

प. ४. णियंठे[4] णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पढमसमय-नियंठे,
२. अपढमसमय-नियंठे,
३. चरिमसमय-नियंठे,
४. अचरिमसमय-नियंठे,
५. अहासुहुम-नियंठे नामं पंचमे।[5]

प. ५. सिणाए णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अच्छवी, २. असबले, ३. अकम्मंसे, ४. संसुद्ध-नाण-दंसणधरे, अरहा, जिणे केवली, ५. अपरिस्सावी।[6]

२. वेद-दारं–

प. १. पुलाए णं भंते ! किं सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा ?

प्र. ३. भंते ! कुशील कितने प्रकार के कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. प्रतिसेवना-कुशील, २. कषाय-कुशील।

प्र. ३. (क) भंते ! प्रतिसेवनाकुशील कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. ज्ञान-प्रतिसेवनाकुशील,
२. दर्शन-प्रतिसेवनाकुशील
२. चारित्र-प्रतिसेवनाकुशील,
४. लिंग-प्रतिसेवनाकुशील,
५. यथासूक्ष्म-प्रतिसेवनाकुशील।

प्र. ३. (ख) भंते ! कषायकुशील कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. ज्ञान-कषायकुशील, २. दर्शन-कषायकुशील,
३. चरित्र-कषायकुशील, ४. लिंग-कषायकुशील,
५. यथासूक्ष्म-कषायकुशील।

प्र. ४. भंते ! निर्ग्रन्थ कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. प्रथम समय निर्ग्रन्थ,
२. अप्रथम समय निर्ग्रन्थ,
३. चरम समय निर्ग्रन्थ,
४. अचरम समय निर्ग्रन्थ,
५. यथासूक्ष्म निर्ग्रन्थ।

प्र. भंते ! स्नातक कितने प्रकार के कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! पांच प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. अच्छवी–शरीर की आसक्ति से पूर्ण मुक्त, २. असबल–सर्वथा दोष रहित चारित्र वाले, ३. अकर्मांश घाती कर्म रहित, ४. विशुद्ध ज्ञान दर्शनधर-अरहंत जिन केवली, ५. अपरिश्रावी–सूक्ष्म साता वेदनीय के अतिरिक्त संपूर्ण कर्म बंधों से मुक्त।

२. वेद-द्वार–

प्र. १. भंते ! पुलाक क्या सवेदक होता है या अवेदक होता है ?

---

१. प्रतिसेवना कुशील निर्ग्रन्थ १. ज्ञान, २. दर्शन, ३. चारित्र, ४. लिंग (उपकरण) एवं ५. शरीर आदि अन्य हेतुओं से संयम के मूलगुणों में या उत्तर-गुणों में परिस्थितिवश दोष लगाता है। इस अपेक्षा से ही इसके उक्त पांच प्रकार कहे गये हैं।

२. ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४४५

३. (क) कषाय कुशील निर्ग्रन्थ ज्ञानादि उक्त पांच हेतुओं से संज्वलन कषाय की किसी भी एक प्रकृति में प्रवृत्त होता है। इस अपेक्षा से इसके पांच प्रकार हैं। कषाय में प्रवृत्त होते हुए भी यह निर्ग्रन्थ संयम के मूलगुणों में या उत्तरगुणों में किसी भी प्रकार का दोष नहीं लगाता है अर्थात् संयम समाचारी की छोटी बड़ी सभी विधियों का यथार्थ पालन करता है। उसके भाव एवं भाषा में केवल संज्वलन कषाय प्रकट होता है।

(ख) ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४४५

४. इस निर्ग्रन्थ में कषाय प्रवृत्ति का एवं दोषों के सेवन का सर्वथा अभाव होता है। अतः केवल काल की अपेक्षा से इसकी पांच अवस्थाएं कही हैं। ये निर्ग्रन्थ लोक में अशाश्वत हैं अर्थात् कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं। अतः पृच्छा समय में केवल प्रथम समय में ही एक या अनेक निर्ग्रन्थ मिलते हैं। इसी प्रकार कभी केवल अप्रथम समयवर्ती, कभी केवल चरम समयवर्ती, कभी केवल अचरम समयवर्ती निर्ग्रन्थ मिलते हैं। इन अपेक्षाओं से चार भेद कहे गये हैं और कभी चारों भंगों में से अनेक भंग वर्ती निर्ग्रन्थ मिलते हैं इस अपेक्षा से पांचवाँ भेद कहा गया है।

५. ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४४५

६. इस निर्ग्रन्थ में कषाय उदय, कषाय की प्रवृत्ति, दोष सेवन या अशाश्वतता आदि न होने से भेद नहीं है। फिर भी पूर्वोक्त निर्ग्रन्थों के ५-५, भेद कहे गये हैं इसलिए इनके पांच गुणों का समावेश करके पांच प्रकार कहे गये हैं।

उ. गोयमा ! सवेयए होज्जा, नो अवेयए होज्जा।
प. जइ सवेयए होज्जा, किं इत्थिवेयए होज्जा, पुरिसवेयए होज्जा, पुरिस-नपुंसगवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! नो इत्थिवेयए होज्जा, पुरिसवेयए होज्जा, पुरिस-नपुसंगवेयए वा होज्जा।
प. २. बउसे णं भंते ! किं सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! सवेयए होज्जा, नो अवेयए होज्जा।
प. जइ सवेयए होज्जा, किं इत्थिवेयए होज्जा, पुरिसवेयए होज्जा, पुरिसनपुंसगवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! इत्थिवेयए वा होज्जा, पुरिसवेयए वा होज्जा, पुरिसनपुंसगवेयए वा होज्जा।
३ (क) एवं पडिसेवणाकुसीले वि।

प. ३ (ख) कसायकुसीले णं भंते ! किं सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! सवेयए वा होज्जा, अवेयए वा होज्जा।
प. जइ अवेयए होज्जा किं उवसंतवेयए होज्जा, खीणवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! उवसंतवेयए वा होज्जा, खीणवेयए वा होज्जा।

प. जइ सवेयए होज्जा, किं इत्थिवेयए होज्जा, पुरिसवेयए होज्जा, पुरिसनपुंसगवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! **तिसु वि होज्जा, जहा बउसो।**
प. ४. नियंठे णं भंते ! किं सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! नो सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा।
प. जइ अवेयए होज्जा, किं उवसंतवेयए होज्जा, खीणवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! उवसंतवेयए वा होज्जा, खीणवेयए वा होज्जा।

प. ५. सिणाए णं भंते ! किं सवेयए होज्जा, अवेयए होज्जा ?
उ. गोयमा ! **जहा णियंठे तहा सिणाए वि।**
णवरं–नो उवसंतवेयए होज्जा, खीणवेयए होज्जा।

३. **राग–दारं–**
प. १. पुलाए णं भंते ! किं सरागे होज्जा, वीयरागे होज्जा ?
उ. गोयमा ! सरागे होज्जा, नो वीयरागे होज्जा,
२-३ एवं जाव कसायकुसीले।
प. ४. नियंठे णं भंते ! किं सरागे होज्जा, वीयरागे होज्जा ?
उ. गोयमा ! नो सरागे होज्जा, वीयरागे होज्जा।
प. जइ वीयरागे होज्जा, किं उवसंतकसाय-वीयरागे होज्जा, खीणकसाय-वीयरागे होज्जा ?

उ. गौतम ! सवेदक होता है, अवेदक नहीं होता है।
प्र. यदि सवेदक होता है तो क्या स्त्री-वेदक होता है, पुरुष-वेदक होता है या पुरुषनपुंसक-वेदक होता है ?
उ. गौतम ! स्त्री-वेदक नहीं होता है, पुरुष-वेदक होता है या पुरुषनपुंसक-वेदक होता है।
प्र. २. भंते ! बकुश क्या सवेदक होता है या अवेदक होता है ?

उ. गौतम ! सवेदक होता है, अवेदक नहीं होता है।
प्र. यदि सवेदक होता है तो क्या स्त्री-वेदक होता है, पुरुष-वेदक होता है या पुरुषनपुंसक-वेदक होता है ?
उ. गौतम ! स्त्री-वेदक भी होता है, पुरुष-वेदक भी होता है और पुरुषनपुंसक-वेदक भी होता है।
३ (क) प्रतिसेवनाकुशील के लिए भी इसी प्रकार जानना चाहिए।
प्र. भंते ! कषायकुशील क्या सवेदक होता है या अवेदक होता है ?

उ. गौतम ! सवेदक भी होता है और अवेदक भी होता है।
प्र. यदि अवेदक होता है तो क्या उपशान्तवेदक होता है या क्षीणवेदक होता है ?
उ. गौतम ! उपशान्तवेदक भी होता है और क्षीणवेदक भी होता है।
प्र. यदि सवेदक होता है तो क्या स्त्री-वेदक होता है, पुरुष-वेदक होता है या पुरुषनपुंसक-वेदक होता है ?
उ. गौतम ! **बकुश के समान तीनों वेद वाले होते हैं।**
प्र. ४. भंते ! निर्ग्रन्थ क्या सवेदक होता है या अवेदक होता है ?

उ. गौतम ! सवेदक नहीं होता है, अवेदक होता है।
प्र. यदि अवेदक होता है तो क्या उपशान्त-वेदक होता है या क्षीण-बेदक होता है ?
उ. गौतम ! उपशान्त-वेदक भी होता है और क्षीण-वेदक भी होता है।
प्र. ५. भंते ! स्नातक क्या सवेदक होता है या अवेदक होता है ?
उ. गौतम ! **निर्ग्रन्थ के समान ही स्नातक का कथन करना चाहिए।**
विशेष–स्नातक उपशान्त वेदक नहीं होता है, किन्तु क्षीण वेदक होता है।

३. **राग–द्वार–**
प्र. १. भंते ! पुलाक क्या सराग होता है या वीतराग होता है ?
उ. गौतम ! वह सराग होता है, वीतराग नहीं होता है।
२-३ इसी प्रकार कषायकुशील पर्यन्त जानना चाहिए।
प्र. भंते ! निर्ग्रन्थ क्या सराग होता है या वीतराग होता है ?

उ. गौतम ! सराग नहीं होता है, वीतराग होता है।
प्र. यदि वीतराग होता है तो क्या उपशान्त कषाय वीतराग होता है या क्षीणकषाय वीतराग होता है ?

उ. गोयमा ! उवसंतकसाय-वीयरागे वा होज्जा, खीणकसाय-वीयरागे वा होज्जा।

प. ५. सिणाए णं भंते ! किं सरागे होज्जा, वीयरागे होज्जा ?

उ. गोयमा ! **जहा णियंठे तहा सिणाए वि।**
णवरं–नो उवसंतकसाय-वीयरागे होज्जा, खीणकसाय-वीयरागे होज्जा।

४. **कप्प–दारं–**

प. १. पुलाए णं भंते ! किं ठियकप्पे होज्जा, अठियकप्पे होज्जा ?

उ. गोयमा ! ठियकप्पे वा होज्जा, अठियकप्पे वा होज्जा,

(२-५) एवं जाव सिणाए।

प. १. पुलाए णं भंते ! किं जिणकप्पे होज्जा, थेरकप्पे होज्जा, कप्पातीते होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो जिणकप्पे होज्जा, नो कप्पातीते होज्जा, थेरकप्पे होज्जा।

प. २. बउसे णं भंते ! किं जिणकप्पे होज्जा, थेरकप्पे होज्जा, कप्पातीते होज्जा ?

उ. गोयमा ! जिणकप्पे वा होज्जा, थेरकप्पे वा होज्जा, नो कप्पातीते होज्जा।
(३ क) एवं पडिसेवणाकुसीले वि।

प. (३ख) कसायकुसीले णं भंते ! किं जिणकप्पे होज्जा, थेरकप्पे होज्जा, कप्पातीते होज्जा ?

उ. गोयमा ! जिणकप्पे वा होज्जा, थेरकप्पे वा होज्जा, कप्पातीते वा होज्जा,

प. ४. नियंठे णं भंते ! किं जिणकप्पे होज्जा, थेरकप्पे होज्जा, कप्पातीते होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो जिणकप्पे होज्जा, नो थेरकप्पे होज्जा, कप्पातीते होज्जा,
५. एवं सिणाए वि।

५. **चरित्त–दारं–**

प. पुलाए णं भंते ! किं–१. सामाइयसंजमे होज्जा,
२. छेदोवट्ठावणियसंजमे होज्जा,
३. परिहारविसुद्धियसंजमे होज्जा, ४. सुहुमसंपरायसंजमे होज्जा, ५. अहक्खायसंजमे होज्जा ?

उ. गोयमा ! १. सामाइयसंजमे वा होज्जा,
२. छेदोवट्ठावणियसंजमे वा होज्जा,
३. नो परिहारविसुद्धियसंजमे होज्जा,
४. नो सुहुमसंपरायसंजमे होज्जा, ५. नो अहक्खायसंजमे होज्जा।
बउसे, पडिसेवणा-कुसीले वि एवं चेव।

प. कसाय-कुसीले णं भंते ! किं सामाइयसंजमे होज्जा **जाव** अहक्खायसंजमे होज्जा ?

उ. गोयमा ! सामाइयसंजमे वा होज्जा **जाव** सुहुमसंपराय संजमे वा होज्जा, नो अहक्खायसंजमे होज्जा।

उ. गौतम ! उपशान्त कषाय वीतराग भी होता है, क्षीण कषाय वीतराग भी होता है।

प्र. ५. भंते ! स्नातक क्या सराग होता है या वीतराग होता है ?

उ. गौतम ! **निर्ग्रन्थ के समान ही स्नातक का कथन करना चाहिए।**
विशेष–स्नातक उपशान्तकषाय वीतराग नहीं होता है, किन्तु क्षीणकषाय-वीतराग होता है।

४. **कल्प-द्वार–**

प्र. १. भंते ! पुलाक क्या स्थितकल्पी होता है या अस्थितकल्पी होता है ?

उ. गौतम ! स्थितकल्पी भी होता है और अस्थितकल्पी भी होता है।
इसी प्रकार स्नातक पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. १. भंते ! पुलाक क्या जिनकल्पी होता है, स्थविरकल्पी होता है या कल्पातीत होता है ?

उ. गौतम ! जिनकल्पी नहीं होता है, कल्पातीत भी नहीं होता है किन्तु स्थविरकल्पी होता है।

प्र. २. भंते ! बकुश क्या जिनकल्पी होता है, स्थविरकल्पी होता है या कल्पातीत होता है ?

उ. गौतम ! जिनकल्पी भी होता है, स्थविरकल्पी भी होता है किन्तु कल्पातीत नहीं होता है।
(३क) प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

प्र. (३ख) भंते ! कषायकुशील क्या जिनकल्पी होता है, स्थविरकल्पी होता है या कल्पातीत होता है ?

उ. गौतम ! जिनकल्पी भी होता है, स्थविरकल्पी भी होता है और कल्पातीत भी होता है।

प्र. ४. भंते ! निर्ग्रन्थ क्या जिनकल्पी होता है, स्थविरकल्पी होता है या कल्पातीत होता है ?

उ. गौतम ! न जिनकल्पी होता है, न स्थविरकल्पी होता है, किन्तु कल्पातीत होता है।
५. स्नातक का कथन भी इसी प्रकार करना चाहिए।

५. **चारित्र-द्वार–**

प्र. भंते ! पुलाक क्या–१. सामायिक संयमवाला होता है, २. छेदोपस्थापनीय संयमवाला होता है, ३. परिहार-विशुद्धक संयमवाला होता है, ४. सूक्ष्म-सम्पराय संयमवाला होता है, ५. यथाख्यात संयमवाला होता है ?

उ. गौतम ! १. सामायिक संयमवाला होता है,
२. छेदोपस्थापनीय संयमवाला होता है,
३. परिहार विशुद्धक संयमवाला नहीं होता है,
४. सूक्ष्म-सम्पराय संयमवाला नहीं होता है, ५. यथाख्यात संयमवाला नहीं होता है।
बकुश और प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।

प्र. भंते ! कषायकुशील क्या सामायिक संयम वाला है **यावत्** यथाख्यात संयमवाला है ?

उ. गौतम ! सामायिक संयमवाला भी होता है **यावत्** सूक्ष्म सम्पराय संयमवाला भी होता है। यथाख्यात संयमवाला नहीं होता है।

प. नियंठे णं भंते ! किं सामाइयसंजमे होज्जा **जाव** अहक्खायसंजमे होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो सामाइयसंजमे होज्जा **जाव** नो सुहुम संपरायसंजमे होज्जा, अहक्खायसंजमे होज्जा।

एवं सिणाए वि।

६. **पडिसेवणा-दारं–**

प. पुलाए णं भंते ! किं पडिसेवए होज्जा, अपडिसेवए होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिसेवए होज्जा, नो अपडिसेवए होज्जा।

प. जइ पडिसेवए होज्जा, किं मूलगुणपडिसेवए होज्जा, उत्तरगुणपडिसेवए होज्जा ?

उ. गोयमा ! मूलगुणपडिसेवए वा होज्जा, उत्तरगुणपडिसेवए वा होज्जा।

मूलगुण-पडिसेवमाणे–पंचण्हं आसवाणं अण्णयरं पडिसेवेज्जा,

उत्तरगुण-पडिसेवमाणे-दसविहस्स पच्चक्खाणस्स अण्णयरं पडिसेवेज्जा।

प. बउसे णं भंते ! किं पडिसेवए होज्जा, अपडिसेवए होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिसेवए होज्जा, नो अपडिसेवए होज्जा।

प. जइ पडिसेवए होज्जा, किं मूलगुण-पडिसेवए होज्जा, उत्तरगुण-पडिसेवए होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो मूलगुण-पडिसेवए होज्जा, उत्तरगुण-पडिसेवए होज्जा,

उत्तरगुण-पडिसेवमाणे-दसविहस्स पच्चक्खाणस्स अण्णयरं पडिसेवेज्जा।

पडिसेवणाकुसीले जहा पुलाए।

प. कसायकुसीले णं भंते ! पडिसेवए होज्जा, अपडिसेवए होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो पडिसेवए होज्जा, अपडिसेवए होज्जा,

एवं नियंठे वि।

सिणाए वि एवं चेव।

७. **णाण-दारं–**

प. पुलाए णं भंते ! कइसु णाणेसु होज्जा ?

उ. गोयमा ! दोसु वा, तिसु वा होज्जा,

दोसु होज्जमाणे-दोसु १. आभिणिबोहियणाण, २. सुयणाणेसु होज्जा,

तिसु होज्जमाणे तिसु १. आभिणिबोहियणाण, २. सुयणाण, ३. ओहिणाणेसु होज्जा।

बउसे पडिसेवणाकुसीले वि एवं चेव।

प. कसायकुसीले णं भंते ! कइसु णाणेसु होज्जा ?

उ. गोयमा ! दोसु वा, तिसु वा, चउसु वा होज्जा,

प्र. भन्ते ! निर्ग्रन्थ क्या सामायिक संयमवाला होता है **यावत्** यथाख्यात संयमवाला होता है ?

उ. गौतम ! सामायिक संयमवाला भी नहीं होता है **यावत्** सूक्ष्म सम्पराय संयमवाला भी नहीं होता है। यथाख्यात संयमवाला होता है।

स्नातक का कथन की इसी प्रकार है।

६. **प्रतिसेवना द्वार–**

प्र. भन्ते ! पुलाक क्या प्रतिसेवक होता है या अप्रतिसेवक होता है ?

उ. गौतम ! प्रतिसेवक होता है, अप्रतिसेवक नहीं होता है।

प्र. यदि प्रतिसेवक होता है तो क्या मूलगुण प्रतिसेवक होता है या उत्तरगुण प्रतिसेवक होता है ?

उ. गौतम ! मूलगुण प्रतिसेवक भी होता है और उत्तरगुण प्रतिसेवक भी होता है।

मूलगुण में प्रतिसेवना (दोष-सेवन) करता हुआ पांच आस्रवों में से किसी एक आस्रव का सेवन करता है।

उत्तरगुणों में प्रतिसेवना (दोष सेवन) करता हुआ दस प्रकार के प्रत्याख्यानों में से किसी एक प्रत्याख्यान में दोष लगाता है।

प्र. भन्ते ! बकुश क्या प्रतिसेवक होता है या अप्रतिसेवक होता है ?

उ. गौतम ! प्रतिसेवक होता है, अप्रतिसेवक नहीं होता है।

प्र. यदि प्रतिसेवक होता है तो क्या मूलगुण प्रतिसेवक होता है या उत्तरगुण प्रतिसेवक होता है ?

उ. गौतम ! मूलगुण प्रतिसेवक नहीं होता है, उत्तरगुण प्रतिसेवक होता है।

उत्तरगुणों में प्रतिसेवना (दोषों का सेवन) करता हुआ दस प्रत्याख्यानों में से किसी एक प्रत्याख्यान में दोष लगाता है।

प्रतिसेवनाकुशील का कथन पुलाक के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! कषायकुशील क्या प्रतिसेवक होता है या अप्रतिसेवक होता है ?

उ. गौतम ! प्रतिसेवक नहीं होता है, अप्रतिसेवक होता है।

इसी प्रकार निर्ग्रन्थ का कथन जानना चाहिए।

स्नातक का कथन भी इसी प्रकार है।

७. **ज्ञान-द्वार–**

प्र. भन्ते ! पुलाक को कितने ज्ञान होते हैं ?

उ. गौतम ! दो या तीन ज्ञान होते हैं।

दो हो तो–१. आभिनिबोधिक-ज्ञान और २. श्रुत-ज्ञान होता है।

तीन हो तो–१. आभिनिबोधिक-ज्ञान, २. श्रुत-ज्ञान और ३. अवधि ज्ञान होता है।

बकुश और प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।

प्र. भन्ते ! कषायकुशील के कितने ज्ञान होते हैं ?

उ. गौतम ! दो, तीन या चार होते हैं।

दोसु होज्जमाणे–दोसु १. आभिणिबोहियणाणेसु २. सुयणाणेसु होज्जा,
तिसु होज्जमाणे–तिसु १. आभिणिबोहियणाण २. सुयणाण ३. ओहिणाणेसु होज्जा,
अहवा–तिसु १. आभिणिबोहियणाण २. सुयणाण ३. मणपज्जवणाणेसु होज्जा,
चउसु होज्जमाणे-चउसु १. आभिणिबोहियणाण २. सुयणाण ३. ओहिणाण ४. मणपज्जवणाणेसु होज्जा,
एवं नियंठे वि।

प. सिणाए णं भंते ! कइसु णाणेसु होज्जा ?
उ. गोयमा ! एगम्मि केवलणाणे होज्जा,
प. पुलाए णं भंते ! केवइयं सुयं अहिज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! जहन्नेणं नवमस्स पुव्वस्स तइयं आयारवत्थुं;

उक्कोसेणं नवपुव्वाइंअहिज्जेज्जा,
प. बउसे णं भंते ! केवइयं सुयं अहिज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! जहन्नेणं अट्ठपवयणमायाओ,
उक्कोसेणं दसपुव्वाइं अहिज्जेज्जा।
एवं पडिसेवणाकुसीले वि।
प. कसायकुसीले णं भंते ! केवइयं सुयं अहिज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! जहन्नेणं अट्ठपवयणमायाओ,
उक्कोसेणं चोद्दसपुव्वाइं अहिज्जेज्जा।
एवं नियंठे वि।
प. सिणाए णं भंते ! केवइयं सुयं अहिज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! सुयवइरित्ते होज्जा।

८. **तित्थ–दारं–**
प. पुलाए णं भंते ! किं तित्थे होज्जा, अतित्थे होज्जा ?
उ. गोयमा ! तित्थे होज्जा, नो अतित्थे होज्जा,
बउसे पडिसेवणाकुसीले वि एवं चेव।
प. कसायकुसीले णं भन्ते ! किं तित्थे होज्जा, अतित्थे होज्जा ?
उ. गोयमा ! तित्थे वा होज्जा, अतित्थे वा होज्जा,
प. जइ अतित्थे होज्जा, किं तित्थयरे होज्जा, पत्तेयबुद्धे होज्जा ?
उ. गोयमा ! तित्थयरे वा होज्जा, पत्तेयबुद्धे वा होज्जा,
नियंठे सिणाए वि एवं चेव।
९. **लिंग-दारं–**
प. पुलाए णं भंते ! किं सलिंगे होज्जा, अन्नलिंगे होज्जा, गिहिलिंगे होज्जा ?
उ. गोयमा ! दव्वलिंगं पडुच्च सलिंगे वा होज्जा, अन्नलिंगे वा होज्जा, गिहिलिंगे वा होज्जा,
भावलिंगं पडुच्च नियमं सलिंगे होज्जा,
एवं जाव सिणाए।

दो हों तो–१. आभिनिबोधिक-ज्ञान और २. श्रुत-ज्ञान होता है।
तीन हों तो–१. आभिनिबोधिक-ज्ञान, २. श्रुत-ज्ञान और ३. अवधि-ज्ञान होता है।
अथवा १. आभिनिबोधिक-ज्ञान, २. श्रुत-ज्ञान और ३. मनःपर्यव-ज्ञान होता है।
चार हों तो–१. आभिनिबोधिक-ज्ञान, २. श्रुत-ज्ञान, ३. अवधि-ज्ञान, और ४. मनःपर्यव-ज्ञान होता है।
निर्ग्रन्थ का कथन भी इसी प्रकार है।

प्र. भन्ते ! स्नातक को कितने ज्ञान होते हैं ?
उ. गौतम ! एक केवल-ज्ञान होता है।
प्र. भन्ते ! पुलाक के कितने श्रुत का अध्ययन होता है ?
उ. गौतम ! जघन्य-नवम पूर्व की तीसरी आचार वस्तु पर्यन्त का अध्ययन होता है,
उत्कृष्ट-नौ पूर्व का अध्ययन होता है।
प्र. भंते ! बकुश कितने श्रुत का अध्ययन करता है ?
उ. गौतम ! जघन्य–आठ प्रवचन माता का अध्ययन करता है,
उत्कृष्ट–दस पूर्व का अध्ययन करता है।
प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।
प्र. भन्ते ! कषाय कुशील कितने श्रुत का अध्ययन करता है ?
उ. गौतम ! जघन्य–आठ प्रवचन माता का अध्ययन करता है,
उत्कृष्ट–चौदह पूर्व का अध्ययन करता है।
निर्ग्रन्थ का कथन भी इसी प्रकार है।
प्र. भन्ते ! स्नातक कितने श्रुत का अध्ययन करता है ?
उ. गौतम ! श्रुत व्यतिरिक्त होता है अर्थात् उसके श्रुत ज्ञान नहीं होता है।

८. **तीर्थ-द्वार–**
प्र. भन्ते ! पुलाक क्या तीर्थ में होता है या अतीर्थ में होता है ?
उ. गौतम ! तीर्थ में होता है, अतीर्थ में नहीं होता है।
बकुश और प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।
प्र. भन्ते ! कषाय कुशील क्या तीर्थ में होता है या अतीर्थ में होता है ?
उ. गौतम ! तीर्थ में भी होता है और अतीर्थ में भी होता है।
प्र. यदि अतीर्थ में होता है तो क्या तीर्थंकर होता है या प्रत्येकबुद्ध होता है ?
उ. गौतम ! तीर्थंकर भी होता है और प्रत्येकबुद्ध भी होता है।
निर्ग्रन्थ और स्नातक का कथन भी इसी प्रकार है।

९. **लिंग-द्वार–**
प्र. भन्ते ! पुलाक क्या स्व-लिंग में होता है, अन्य-लिंग में होता है या गृहस्थ-लिंग में होता है ?
उ. गौतम ! द्रव्य-लिंग की अपेक्षा स्व-लिंग में भी होता है, अन्य-लिंग में भी होता है और गृही लिंग में भी होता है।
भाव लिंग की अपेक्षा निश्चित रूप से स्वलिंग में ही होता है।
इसी प्रकार स्नातक पर्यन्त जानना चाहिए।

१०. सरीर-दारं–

प. पुलाए णं भंते ! कइसु सरीरेसु होज्जा ?

उ. गोयमा ! तिसु ओरालिय-तेया-कम्मएसु होज्जा,

प. बउसे णं भंते ! कइसु सरीरेसु होज्जा ?

उ. गोयमा ! तिसु वा, चउसु वा होज्जा,
तिसु होज्जमाणे–तिसु ओरालिय-तेया-कम्मएसु होज्जा,
चउसु होज्जमाणे-चउसु ओरालिय-वेउव्विय-तेया-कम्मएसु होज्जा।

एवं पडिसेवणाकुसीले वि।

प. कसायकुसीले णं भंते ! कइसु सरीरेसु होज्जा ?

उ. गोयमा ! तिसु वा, चउसु वा, पंचसु वा होज्जा,
तिसु होज्जमाणे-तिसु ओरालिय-तेया-कम्मएसु होज्जा,
चउसु होज्जमाणे-चउसु ओरालिय-वेउव्विय-तेया-कम्मएसु होज्जा।
पंचसु होज्जमाणे–पंचसु ओरालिय-वेउव्विय - आहारग - तेया - कम्मएसु होज्जा,

नियंठे, सिणाए य जहा पुलाओ।

११. खेत्त-दारं–

प. पुलाए णं भंते ! कम्मभूमिए होज्जा, अकम्मभूमिए होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं-संतिभावं पडुच्च कम्मभूमिए होज्जा, नो अकम्मभूमिए होज्जा।

प. बउसे णं भंते ! किं कम्मभूमिए होज्जा, अकम्मभूमिए होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं-संतिभावं पडुच्च-कम्मभूमिए होज्जा, नो अकम्मभूमिए होज्जा,
साहरणं पडुच्च-कम्मभूमिए वा होज्जा, अकम्मभूमिए वा होज्जा,

एवं जाव सिणाए।

१२. काल-दारं–

प. पुलाए णं भंते ! किं ओसप्पिणिकाले होज्जा, उस्सप्पिणि काले होज्जा, नो ओसप्पिणी नो उस्सप्पिणिकाले होज्जा ?

उ. गोयमा ! ओसप्पिणिकाले वा होज्जा, उस्सप्पिणि काले वा होज्जा, नो ओसप्पिणि नो उस्सप्पिणिकाले वा होज्जा,

प. जइ ओसप्पिणिकाले होज्जा, किं–
१. सुसम-सुसमा काले होज्जा,
२. सुसमा काले होज्जा,
३. सुसम-दुस्समा काले होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा काले होज्जा,

१०. शरीर-द्वार–

प्र. भन्ते ! पुलाक के कितने शरीर होते हैं ?

उ. गौतम ! औदारिक, तैजस् और कार्मण ये तीन शरीर होते हैं।

प्र. भन्ते ! बकुश के कितने शरीर होते हैं ?

उ. गौतम ! बकुश के तीन या चार शरीर होते हैं।
तीन हों तो–१. औदारिक, २. तैजस्, ३. कार्मण होते हैं।
चार हों तो–१. औदारिक, २. वैक्रिय, ३. तैजस् और ४. कार्मण होते हैं।

प्रतिसेवनाकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।

प्र. भन्ते ! कषायकुशील के कितने शरीर होते हैं ?

उ. गौतम ! तीन, चार या पांच शरीर होते हैं।
तीन हों तो–१. औदारिक, २. तैजस् और ३. कार्मण
चार हों तो–१. औदारिक, २. वैक्रिय, ३. तैजस् और ४. कार्मण।
पांच हों तो–१. औदारिक, २. वैक्रिय, ३. आहारक, ४. तैजस् और ५. कार्मण।

निर्ग्रन्थ और स्नातक का कथन पुलाक के समान है।

११. क्षेत्र-द्वार–

प्र. भन्ते ! पुलाक क्या कर्मभूमि में होता है या अकर्मभूमि में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म और सद्भाव की अपेक्षा कर्मभूमि में ही होता है, अकर्मभूमि में नहीं होता है।

प्र. भन्ते ! बकुश क्या कर्मभूमि में होता है या अकर्मभूमि में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म और सद्भाव की अपेक्षा–कर्मभूमि में होता है, अकर्मभूमि में नहीं होता है।
साहरण की अपेक्षा–कर्मभूमि में भी होता है और अकर्मभूमि में भी होता है।

इसी प्रकार स्नातक पर्यन्त जानना चाहिए।

१२. काल-द्वार–

प्र. भन्ते ! पुलाक क्या अवसर्पिणी काल में होता है, उत्सर्पिणी काल में होता है या नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में होता है ?

उ. गौतम ! अवसर्पिणी काल में भी होता है, उत्सर्पिणी काल में भी होता है और नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में भी होता है।

प्र. यदि अवसर्पिणी काल में होता है तो क्या–
१. सुसम-सुसमा काल में होता है,
२. सुसमा काल में होता है,
३. सुसम-दुसमाकाल में होता है,
४. दुसम-सुसमा काल में होता है,

५. दुस्समा-काले होज्जा,
६. दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च–
१. नो सुसम-सुसमा काले होज्जा,
२. नो सुसमा काले होज्जा,
३. सुसम-दुस्समा काले वा होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमाकाले वा होज्जा,
५. नो दुस्समा काले होज्जा,
६. नो दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा,
संतिभावं पडुच्च–
१. नो सुसम-सुसमा काले होज्जा,
२. नो सुसमा काले होज्जा,
३. सुसम-दुस्समा काले होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा काले वा होज्जा,
५. दुस्समा काले वा होज्जा,
६. नो दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा,

प. जइ उस्सप्पिणि काले होज्जा, किं–
१. दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा।
२. दुस्समा काले होज्जा,
३. दुस्सम-सुसमा काले होज्जा,
४. सुसम-दुस्समा काले होज्जा,
५. सुसमा काले होज्जा,
६. सुसम-सुसमा काले होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च–
१. नो दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा,
२. नो दुस्समा काले वा होज्जा,
३. दुस्सम-सुसमा काले वा होज्जा,
४. सुसम-दुस्समा काले होज्जा,
५. नो सुसमा काले होज्जा,
६. नो सुसम-सुसमा काले होज्जा,
संतिभावं पडुच्च–
१. नो दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा,
२. नो दुस्समा काले होज्जा,
३. दुस्सम सुसमा काले वा होज्जा,
४. सुसम-दुस्समा काले वा होज्जा
५. नो सुसमा काले होज्जा,
६. नो सुसम-सुसमा काले होज्जा,

प. जइ नो ओसप्पिणि नो उस्सप्पिणि काले होज्जा, किं–
१. सुसम-सुसमा पलिभागे होज्जा,
२. सुसमा पलिभागे होज्जा,

५. दुसमा काल में होता है,
६. दुसम-दुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा–
१. सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है,
२. सुसमा काल में नहीं होता है,
३. सुसम-दुसमा काल में होता है,
४. दुसम-सुसमा काल में होता है,
५. वुसमा काल में नहीं होता है,
६. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है।
सद्भाव की अपेक्षा–
१. सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है,
२. सुसमा काल में नहीं होता है,
३. सुसम-दुसमा काल में होता है,
४. दुसम-सुसमा काल में होता है,
५. दुसमा काल में होता है,
६. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है।

प्र. यदि उत्सर्पिणी काल में होता है तो क्या–
१. दुसम-दुसमा काल में होता है,
२. दुसमा काल में होता है,
३. दुसम-सुसमा काल में होता है,
४. सुसम-दुसमा काल में होता है,
५. सुसमा काल में होता है,
६. सुसम-सुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा–
१. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है,
२. दुसमा काल में नहीं होता है,
३. दुसम-सुसमा काल में होता है,
४. सुसम-दुसमा काल में होता है,
५. सुसमा काल में नहीं होता है,
६. सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है।
सद्भाव की अपेक्षा–
१. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है,
२. दुसमा काल में नहीं होता है,
३. दुसम-सुसमा काल में होता है,
४. सुसम-दुसमा काल में होता है,
५. सुसम काल में नहीं होता है,
६. सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है।

प्र. यदि नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में हो तो क्या–
१. अपरिवर्तनशील सुसम-सुसमा काल में होता है,
२. अपरिवर्तनशील सुसमा काल में होता है,

३. सुसम-दुस्समा पलिभागे होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा पलिभागे होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं-संतिभावं पडुच्च–
१. नो सुसम-सुसमा पलिभागे होज्जा,
२. नो सुसमा पलिभागे होज्जा,
३. नो सुसम-दुस्समा पलिभागे होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा पलिभागे होज्जा,

प. बउसे णं भंते ! किं ओसप्पिणि काले होज्जा, उस्सप्पिणि काले होज्जा, नो ओसप्पिणि नो उस्सप्पिणि काले होज्जा ?

उ. गोयमा ! ओसप्पिणि काले वा होज्जा, उस्सप्पिणि काले वा होज्जा, नो ओसप्पिणि नो उस्सप्पिणि काले वा होज्जा,

प. जइ ओसप्पिणि काले होज्जा, किं–सुसमसुसमा काले होज्जा **जाव** दुस्समदुस्समाकाले होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं-संतिभावं पडुच्च–
१. नो सुसमसुसमाकाले होज्जा,
२. नो सुसमाकाले होज्जा,
३. सुसमदुस्समाकाले वा होज्जा,
४. दुस्समसुसमाकाले वा होज्जा,
५. दुस्समाकाले वा होज्जा,
६. नो दुस्समदुस्समाकाले वा होज्जा,
साहरणं पडुच्च–अन्नयरे समाकाले होज्जा,

प. जइ उस्सप्पिणिकाले होज्जा, किं–
दुस्समदुस्समाकाले होज्जा **जाव** सुसमसुसमाकाले होज्जा ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च–
१. नो दुस्समदुस्समाकाले होज्जा,
२. दुस्समाकाले वा होज्जा,
३. दुस्समसुसमाकाले वा होज्जा,
४. सुसमदुस्समाकाले वा होज्जा,
५. नो सुसमाकाले होज्जा,
६. नो सुसमसुसमाकाले होज्जा,
संतिभावं पडुच्च–
१. नो दुस्सम-दुस्समा काले होज्जा,
२. नो दुस्समा काले होज्जा,
३. दुस्सम-सुसमा काले वा होज्जा,
४. सुसम-दुस्समा काले वा होज्जा,
५. नो सुसमा काले होज्जा,
६. नो सुसम-सुसमा काले होज्जा,
साहरणं पडुच्च–अन्नयरे समाकाले होज्जा,

प. जइ नो ओसप्पिणि नो उस्सप्पिणि काले होज्जा, किं
१. सुसम-सुसमा पलिभागे होज्जा,
३. अपरिवर्तनशील सुसम-दुसमा काल में होता है,
४. अपरिवर्तनशील दुसम-सुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म और सद्भाव की अपेक्षा से–
१. अपरिवर्तनशील सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है,
२. अपरिवर्तनशील सुसमा काल में नहीं होता है,
३. अपरिवर्तनशील सुसम-दुसमा काल में नहीं होता है,
४. अपरिवर्तनशील दुसम-सुसमा काल में होता है।

प्र. भन्ते ! बकुश क्या अवसर्पिणी काल में होता है, उत्सर्पिणी काल में होता है, नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में होता है ?

उ. गौतम ! अवसर्पिणी काल में भी होता है, उत्सर्पिणी काल में भी होता है और नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में भी होता है।

प्र. यदि अवसर्पिणी काल में होता है तो क्या सुसम-सुसमा काल में होता है **यावत्** दुसम-दुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म और सद्भाव की अपेक्षा से–
१. सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है,
२. सुसमा काल में नहीं होता है,
३. सुसम-दुसमा काल में होता है,
४. दुसमसुसमा काल में होता है,
५. दुसमा काल में होता है,
६. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है।
साहरण की अपेक्षा से किसी भी काल में हो सकता है।

प्र. यदि उत्सर्पिणी काल में हो तो क्या–
दुसम-दुसमा काल में होता है **यावत्** सुसम-सुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा से–
१. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है,
२. दुसमा काल में होता है,
३. दुसम-सुसमा काल में होता है,
४. सुसम-दुसमा काल में होता है,
५. सुसमा काल में नहीं होता है,
६. सुसम-सुसमा काल में भी नहीं होता है।
सद्भाव की अपेक्षा से–
१. दुसम-दुसमा काल में नहीं होता है,
२. दुसमा काल में नहीं होता है,
३. दुसम-सुसमा काल में होता है,
४. सुसम-दुसमा काल में होता है,
५. सुसमा काल में नहीं होता है,
६. सुसम-सुसमा काल में भी नहीं होता है।
साहरण की अपेक्षा से–किसी भी काल में हो सकता है।

प्र. यदि नो अवसर्पिणी नो उत्सर्पिणी काल में होता है तो क्या–
१. अपरिवर्तनशील सुसम-सुसमा काल में होता है,

२. सुसमा पलिभागे होज्जा,
३. सुसम-दुस्समा पलिभागे होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा पलिभागे होज्जा,

उ. गोयमा ! जम्मणं-संतिभावं पडुच्च
१. नो सुसम-सुसमा पलिभागे होज्जा,
२. नो सुसमा पलिभागे होज्जा,
३. नो सुसम-दुस्समा पलिभागे होज्जा,
४. दुस्सम-सुसमा पलिभागे होज्जा,
साहरणं पडुच्च–अन्नयरे पलिभागे होज्जा,

पडिसेवणाकुसीले कसायकुसीले वि एवं चेव।

नियंठो, सिणायो य जहा पुलाए,

णवरं-एएसि इमं अब्भहियं भाणियव्वं-साहरणं पडुच्च अण्णयरे समाकाले होज्जा।

१३. **गइ-दारं–**

प. पुलाए णं भंते ! कालगए समाणे कं गइं गच्छइ ?

उ. गोयमा ! देवगइं गच्छइ,

प. देवगइं गच्छमाणे किं भवणवासीसु उववज्जेज्जा, वाणमंतरेसु उववज्जेज्जा, जोइसिएसु उववज्जेज्जा, वेमाणिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! नो भवणवासीसु,
नो वाणमंतरेसु,
नो जोइसेसु,
वेमाणिएसु उववज्जेज्जा।
वेमाणिएसु उववज्जमाणे–
जहण्णेणं सोहम्मे कप्पे,
उक्कोसेणं सहस्सारे कप्पे उववज्जेज्जा।
बउसे, पडिसेवणाकुसीले वि एवं चेव,
णवरं–उक्कोसेणं अच्चुए कप्पे उववज्जेज्जा,
कसायकुसीले वि एवं चेव,
णवरं–उक्कोसेणं अणुत्तर-विमाणेसु उववज्जेज्जा।
णियंठे वि एवं चेव,
णवरं–अजहण्णमणुक्कोसेणं अणुत्तर-विमाणेसु उववज्जेज्जा।

प. सिणाए णं भंते ! कालगए समाणे कं गइं गच्छइ ?

उ. गोयमा ! सिद्धिगइं गच्छइ।

प. पुलाए णं भंते ! वेमाणिएसु उववज्जमाणे किं–
इंदत्ताए उववज्जेज्जा,
सामाणियत्ताए उववज्जेज्जा,

२. अपरिवर्तनशील सुसमा काल में होता है,
३. अपरिवर्तनशील सुसम-दुसमा काल में होता है,
४. अपरिवर्तनशील दुसम-सुसमा काल में होता है ?

उ. गौतम ! जन्म और सद्भाव की अपेक्षा से–
१. अपरिवर्तनशील सुसम-सुसमा काल में नहीं होता है,
२. अपरिवर्तनशील सुसमा काल में नहीं होता है,
३. अपरिवर्तनशील सुसमदुसमा काल में नहीं होता है,
४. अपरिवर्तनशील दुसम-सुसमा काल में होता है।
साहरण की अपेक्षा से–अपरिवर्तनशील किसी भी काल में हो सकता है।

प्रतिसेवनाकुशील और कषायकुशील का कथन भी इसी प्रकार है।

निर्ग्रन्थ और स्नातक का कथन पुलाक के समान जानना चाहिए।

विशेष–इसमें साहरण की अपेक्षा से किसी भी काल में होता है, ऐसा अधिक कहना चाहिए।

१३. **गति-द्वार–**

प्र. भन्ते ! पुलाक काल धर्म को प्राप्त होने पर किस गति को प्राप्त होता है ?

उ. गौतम ! देव गति को प्राप्त होता है।

प्र. देव गति में उत्पन्न होता हुआ क्या भवनपतियों में उत्पन्न होता है, वाणव्यन्तरों में उत्पन्न होता है, ज्योतिषियों में उत्पन्न होता है या वैमानिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! न भवनपतियों में उत्पन्न होता है ?
न वाणव्यन्तरों में उत्पन्न होता है,
न ज्योतिषियों में उत्पन्न होता है,
किन्तु वैमानिकों में उत्पन्न होता है।
वैमानिकों में उत्पन्न होता हुआ–
प्र. भन्ते ! सूक्ष्म संपराय संयत काल से कितने समय तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य–एक समय,
उत्कृष्ट–अन्तर्मुहूर्त्त।
यथाख्यात संयत सामायिक संयत के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! अनेक सामायिक संयत काल से कितने समय तक रहते हैं ?

उ. गौतम ! सर्वकाल रहते हैं।

प्र. भन्ते ! अनेक छेदोपस्थापनीय संयत काल से कितने समय तक रहते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य–अढाई सौ वर्ष,
उत्कृष्ट–पचास लाख क्रोड सागरोपम।

प्र. भन्ते ! परिहारविशुद्धिक संयत काल से कितने समय तक रहते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य–कुछ कम अर्थात् ५८ वर्ष कम दो सौ वर्ष।
उत्कृष्ट–कुछ कम अर्थात् ५८ वर्ष कम दो क्रोड पूर्व।

प्र. भन्ते ! अनेक सूक्ष्म संपराय संयत काल से कितने समय तक रहते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य–एक समय,
उत्कृष्ट–अन्तर्मुहूर्त्त।
यथाख्यात संयत सामायिक संयत के समान जानने चाहिए।

३०. अन्तर-द्वार–

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत का कितने काल का अन्तर होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य–अन्तर्मुहूर्त्त,
उत्कृष्ट–अनन्त काल अर्थात् अनन्त अवसर्पिणी उत्सर्पिणी काल,
क्षेत्र से कुछ कम–अपार्धपुद्गल परावर्तन।
इसी प्रकार यथाख्यात संयत पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! अनेक सामायिक संयतों का कितने काल का अन्तर होता है ?

उ. गौतम ! अन्तर नहीं है अर्थात् शाश्वत है।

प्र. भन्ते ! अनेक छेदोपस्थापनीय संयतों का कितने काल का अन्तर होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य–त्रेसठ हजार वर्ष,
उत्कृष्ट–अठारह क्रोडा-क्रोड सागरोपम।

प्र. भन्ते ! अनेक परिहारविशुद्धिक संयतों का कितने काल का अन्तर होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य–चौरासी हजार वर्ष,
उत्कृष्ट–अठारह क्रोडा-क्रोड सागरोपम।

प. सुहुमसंपरायसंजया णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं–एक्कं समयं,
उक्कोसेणं–छम्मासा।
अहक्खायाणं जहा सामाइयसंजयाणं।

३१. **समुग्घाय-दारं–**

प. सामाइयसंजयस्स णं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! छ समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए **जाव** ६. आहारसमुग्घाए।
एवं छेदोवट्ठावणियस्स वि।

प. परिहारविसुद्धियसंजयस्स णं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिन्नि समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणंतियसमुग्घाए।

प. सुहुमसंपरायस्स णं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! नत्थि एक्को वि।

प. अहक्खायसंजयस्स णं भंते ! कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! एगे केवलिसमुग्घाए पण्णत्ते।

३२. **खेत्त-दारं–**

प. सामाइयसंजए णं भंते ! लोगस्स किं–
संखेज्जइ भागे होज्जा,
असंखेज्जइ भागे होज्जा,
संखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
असंखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
सव्वलोए होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो संखेज्जइ भागे होज्जा,
असंखेज्जइ भागे होज्जा,
नो संखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
नो असंखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
नो सव्वलोए होज्जा,
एवं जाव सुहुमसंपराए।

प. अहक्खायसंजए णं भंते ! लोगस्स किं संखेज्जइ भागे होज्जा **जाव** सव्वलोए होज्जा ?

उ. गोयमा ! नो संखेज्जइ भागे होज्जा,
असंखेज्जइ भागे होज्जा,
नो संखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
असंखेज्जेसु भागेसु होज्जा,
सव्वलोए वा होज्जा।

प्र. भन्ते ! अनेक सूक्ष्म संपराय संयतों का कितने काल का अन्तर होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य–एक समय,
उत्कृष्ट–छः मास।
यथाख्यात संयत सामायिक संयत के समान जानना चाहिए।

३१. **समुद्घात-द्वार–**

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! छः समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात **यावत्** ६. आहारक समुद्घात।
इसी प्रकार छेदोपस्थापनीय संयत भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! परिहारविशुद्धिक संयत के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! तीन समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात,
३. मारणान्तिक समुद्घात।

प्र. भन्ते ! सूक्ष्म संपराय संयत के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! एक भी समुद्घात नहीं है।

प्र. भन्ते ! यथाख्यात संयत के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! एक केवली समुद्घात कहा गया है।

३२. **क्षेत्र-द्वार–**

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत क्या–
लोक के संख्यातवें भाग में होता है,
असंख्यातवें भाग में होता है,
संख्यात भागों में होता है,
असंख्यात भागों में होता है या
सर्वलोक में होता है ?

उ. गौतम ! संख्यात भाग में नहीं होता है,
असंख्यात भाग में होता है,
संख्यात भागों में नहीं होता है,
असंख्यात भागों में नहीं होता है,
सम्पूर्ण लोक में नहीं होता है।
इसी प्रकार सूक्ष्म संपराय संयत पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! यथाख्यात संयत क्या लोक के संख्यात भाग में होता है **यावत्** सम्पूर्ण लोक में होता है ?

उ. गौतम ! संख्यात भाग में नहीं होता है,
असंख्यात भाग में होता है,
संख्यात भागों में नहीं होता है,
असंख्यात भागों में होता है,
सम्पूर्ण लोक में होता है।

३३. फुसणा-दारं–

प. सामाइयसंजए णं भंते ! लोगस्स किं संखेज्जइ भागं फुसइ जाव सव्वलोयं फुसइ ?

उ. गोयमा ! **जहेव खेत्त-दारे भणियं तहेव फुसणा वि जाव अहक्खायसंजए।**

३४. भाव-दारं–

प. सामाइयसंजए णं भंते ! कयरम्मि भावे होज्जा ?

उ. गोयमा ! खओवसमिए भावे होज्जा।

एवं जाव सुहुमसंपरायसंजए।

प. अहक्खायसंजए णं भन्ते ! कयरम्मि भावे होज्जा ?

उ. गोयमा ! ओवसमिए वा भावे होज्जा, खइए वा भावे होज्जा।

३५. परिमाण-दारं–

प. सामाइयसंजया णं भंते ! एगसमएणं केवइया होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिवज्जमाणए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय नत्थि,

जइ अत्थि, जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिन्नि वा,

उक्कोसेणं–सहस्सपुहुत्तं।

पुव्वपडिवन्नए पडुच्च–जहन्नेणं कोडिसहस्सपुहुत्तं,

उक्कोसेणं वि कोडिसहस्सपुहुत्तं।

प. छेदोवट्ठावणिया णं भंते ! एगसमएणं केवइया होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिवज्जमाणए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय नत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिन्नि वा,

उक्कोसेणं–सयपुहुत्तं।

पुव्वपडिवन्नए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय नत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिन्नि वा,

उक्कोसेणं–कोडिसयपुहुत्तं।.

प. परिहारविसुद्धिय संजया णं भंते ! एगसमएणं केवइया होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिवज्जमाणए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय नत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,

उक्कोसेणं–सयपुहुत्तं।

पुव्वपडिवन्नए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय णत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,

उक्कोसेणं–सहस्सपुहुत्तं।

प. सुहुमसंपराया णं भंते ! एगसमएणं केवइया होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिवज्जमाणए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय णत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,

३३. स्पर्शना-द्वार–

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत क्या लोक के संख्यातवें भाग का स्पर्श करता है यावत् सर्वलोक का स्पर्श करता है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार क्षेत्र द्वार में कहा उसी प्रकार स्पर्शना के लिए भी यथाख्यात संयत पर्यन्त जानना चाहिए।**

३४. भाव-द्वार–

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत किस भाव में होता है ?

उ. गौतम ! क्षायोपशमिक भाव में होता है।

इसी प्रकार सूक्ष्मसंपराय संयत पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! यथाख्यात संयत किस भाव में होता है ?

उ. गौतम ! औपशमिक भाव में भी होता है और क्षायिक भाव में भी होता है।

३५. परिमाण-द्वार–

प्र. भन्ते ! सामायिक संयत एक समय में कितने होते हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिपद्यमान की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं,

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक हजार।

पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा–जघन्य भी अनेक हजार क्रोड और उत्कृष्ट भी अनेक हजार क्रोड।

प्र. भन्ते ! छेदोपस्थापनीय संयत एक समय में कितने होते हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिपद्यमान की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक सौ।

पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक सौ क्रोड।

प्र. भन्ते ! परिहारविशुद्धिक संयत एक समय में कितने होते हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिपद्यमान की अपेक्षा कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक सौ।

पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक हजार।

प्र. भन्ते ! सूक्ष्म संपराय संयत एक समय में कितने होते हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिपद्यमान की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उक्कोसेणं–बावट्ठं सयं, अट्ठसयं खवगाणं, चउप्पण्णं उवसामगाणं।

पुव्वपडिवन्नए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय णत्थि।

जइ अत्थि जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,

उक्कोसेणं–सयपुहुत्तं।

प. अहक्खायसंजया णं भंते ! एगसमएणं केवइया होज्जा ?

उ. गोयमा ! पडिवज्जमाणए पडुच्च–सिय अत्थि, सिय नत्थि।

जइ अत्थि, जहन्नेणं–एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,

उक्कोसेणं–बावट्ठं सयं, अट्ठसयं खवगाणं, चउपन्नं उवसामगाण।

पुव्वपडिवन्नए पडुच्च–जहन्नेणं वि कोडिपुहुत्तं, उक्कोसेणं वि कोडिपुहुत्तं।

३६. अप्प-बहुय-दारं–

प. एएसि णं भंते ! १. सामाइय २. छेदोवट्ठावणिय, ३. परिहारविसुद्धिय, ४. सुहुमसंपराय, ५. अहक्खाय-संजयाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा सुहुमसंपरायसंजया,

२. परिहारविसुद्धियसंजया संखेज्जगुणा,

३. अहक्खायसंजया संखेज्जगुणा,

४. छेदोवट्ठावणियसंजया संखेज्जगुणा,

५. सामाइयसंजया संखेज्जगुणा।

–विया. स. २५, उ. ७, सु. १-१८८

८. पमत्तापमत्त संजयस्स पमत्तापमत्त संजय भावस्स काल परूवणं–

प. पमत्तसंजयस्स णं भंते ! पमत्तसंयमे वट्टमाणस्स सव्वा वि य णं पमत्तद्धा कालओ केवच्चिरं होइ ?

उ. मंडियपुत्ता ! एगजीवं पडुच्च–जहन्नेणं एक्कं समयं, उवकोसेणं देसूणा पुव्वकोडी णाणा जीवे पडुच्च सव्वद्धा।

प. अपमत्तसंजयस्स णं भंते ! अपमत्तसंयमे वट्टमाणस्स सव्वा वि य णं अपमत्तद्धा कालओ केवच्चिरं होइ ?

उ. मंडियपुत्ता ! एगजीवं पडुच्च–जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी देसूणा। णाणा जीवे पडुच्च सव्वद्धं।

–विया. स. ३, उ. ३, सु. १५-१६

९. देवाणं संजयत्ताइ पुच्छाए गोयमस्स भगवओ समाहाणं–

प. भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

प. देवा णं भंते ! संजयाइति वत्तव्वं सिया ?

उत्कृष्ट–एक सौ बासठ होते हैं, अर्थात् एक सौ आठ क्षपकों के और चौपन उपशामकों के होते हैं।

पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–अनेक सौ।

प्र. भन्ते ! यथाख्यात संयत एक समय में कितने होते हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिपद्यमान की अपेक्षा–कभी होते हैं और कभी नहीं होते हैं।

यदि होते हैं तो जघन्य–एक, दो, तीन,

उत्कृष्ट–एक सौ बासठ होते हैं, अर्थात् एक सौ आठ क्षपकों के और चौपन उपशामकों के होते हैं।

पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा–जघन्य भी अनेक क्रोड और उत्कृष्ट भी अनेक क्रोड होते हैं।

३६. अल्प-बहुत्व-द्वार–

प्र. भन्ते ! १. सामायिक, २. छेदोपस्थापनीय, ३. परिहार-विशुद्धिक, ४. सूक्ष्म संपराय, ५. यथाख्यात संयत इनमें से कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प सूक्ष्म संपराय संयत है,

२. (उनसे) परिहारविशुद्धिक संयत संख्यातगुणा है,

३. (उनसे) यथाख्यात संयत संख्यातगुणा है,

४. (उनसे) छेदोपस्थापनीय संयत संख्यातगुणा है,

५. (उनसे) सामायिक संयत संख्यातगुणा है।

८. प्रमत्त और अप्रमत्त संयत के प्रमत्त तथा अप्रमत्त संयत भाव का काल प्ररूपण–

प्र. भंते ! प्रमत्त संयत में प्रवर्तमान प्रमत्त संयमी का सब मिलाकर प्रमत्त संयम काल कितना होता है ?

उ. मण्डितपुत्र ! एक जीव की अपेक्षा जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि और अनेक जीवों की अपेक्षा सर्वकाल होता है।

प्र. भन्ते ! अप्रमत्त संयम में प्रवर्तमान अप्रमत्त संयमी का सब मिलाकर अप्रमत्त संयत काल कितना होता है ?

उ. मण्डितपुत्र ! एक जीव की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि और अनेक जीवों की अपेक्षा सर्वकाल होता है।

९. देवों के संयतत्त्वादि के पूछने पर भगवान द्वारा गौतम का समाधान–

प्र. भन्ते ! इस प्रकार सम्बोधित करके भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन नमस्कार किया और इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! क्या देवों को संयत कहा जा सकता है ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, अब्भक्खाणमेयं देवाणं।

प. भंते ! असंजया इति वत्तव्वं सिया ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णिट्ठुर वयणमेयं देवाणं।

प. भंते ! संजयासंजया इति वत्तव्वं सिया ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, असब्भूयमेयं देवाणं।

प. से किं खाइ णं भंते ! देवाणं वत्तव्वं सिया ?
उ. गोयमा ! देवा णं नोसंजया इति वत्तव्वं सिया।

–विया. स. ५, उ. ४, सु. २०-२३

१०. जीव-चउवीसदंडएसु संजयाइ अप्पबहुत्त य परूवणं–

प. जीवा णं भंते ! किं संजया, असंजया, संजयासंजया ?
उ. गोयमा ! जीवा संजया वि, असंजया वि, संजयासंजया वि।
एवं जहेव पण्णवणाए तहेव भाणियव्वं जाव वेमाणिया।

प. एएसि णं भंते ! संजया णं असंजयाणं संजयासंजयाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?
उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा संजया,
२. संजयासंजया असंखेज्जगुणा,
३. असंजया अणंतगुणा।

प. एएसि णं भंते ! पंचेंदियतिरिक्ख जोणियाणं असंजयाणं संजयासंजयाणं य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?
उ. गोयमा ! सव्वत्थोवा पंचेंदियतिरिक्खजोणिया संजया-संजया,
असंजया असंखेज्जगुणा।
मणुस्सा जहा जीवा। *–विया. स. ७, उ. २, सु. २८*

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है (ऐसा नहीं कहा जाता) यह देवों के लिए अभ्याख्यान (मिथ्या आरोपित) कथन है।

प्र. भंते ! क्या देवों को असंयत कहा जा सकता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है (ऐसा नहीं कहा जाता) देवों के लिए यह (कथन) निष्ठुर वचन है।

प्र. भन्ते ! क्या देवों को संयतासंयत कहा जा सकता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ भी समर्थ नहीं है (ऐसा नहीं कहा जाता) देवों को "संयतासंयत" कहना असद्भूत (असत्य) वचन है।

प्र. भंते ! तो फिर देवों को क्या कहें ?
उ. गौतम ! देवों को "नोसंयत" कहा जा सकता है।

१०. जीव-चौबीसदंडकों में संयतादि का और अल्पबहुत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या जीव संयत हैं, असंयत हैं या संयतासंयत हैं ?
उ. गौतम ! जीव संयत भी हैं, असंयत भी हैं और संयतासंयत भी हैं।
जिस प्रकार प्रज्ञापना सूत्र में कहा गया है उसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! इन संयत, असंयत और संयतासंयत में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?
उ. गौतम ! १. सबसे अल्प संयत जीव हैं,
२. (उनसे) संयतासंयत जीव असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) असंयत जीव अनन्तगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन असंयत और संयतासंयत पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीवों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! संयतासंयत पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक सबसे अल्प हैं,

(उनसे) असंयत असंख्यातगुणे हैं।
मनुष्यों का अल्पबहुत्व औधिक जीव के समान है।

लेश्या अध्ययन : आमुख

आवश्यक सूत्र की हारिभद्रीय टीका में लेश्या को परिभाषित करते हुए कहा गया है–**'श्लेषयन्त्यात्मानमष्टविधेन कर्मणा इति लेश्याः'** अर्थात् जो आत्मा को अष्टविध कर्मों से श्लिष्ट करती है, वह लेश्या है। एक अन्य परिभाषा **'लिम्पतीति लेश्या'** (धवला टीका) के अनुसार जो कर्मों से आत्मा को लिप्त करती है वह लेश्या है। कर्म-बन्धन में प्रमुख हेतु कषाय और योग हैं। योग से कर्मपुद्गल रूपी रजकण आते हैं। कषायरूपी गोंद से वे आत्मा पर चिपकते हैं किन्तु कषाय गोंद को गीला करने वाला जल 'लेश्या' है। सूखा गोंद रजकण को नहीं चिपका सकता। इस प्रकार कषाय और योग से लेश्या भिन्न है। सर्वार्थसिद्धि, धवला टीका आदि ग्रन्थों में कषाय के उदय से अनुरंजित योग की प्रवृत्ति को लेश्या कहा गया है। यह भावलेश्या का स्वरूप है।

लेश्या के दो प्रकार हैं–द्रव्यलेश्या और भावलेश्या। द्रव्यलेश्या पौद्गलिक होती है और भावलेश्या अपौद्गलिक। द्रव्यलेश्या में वर्ण, गंध, रस और स्पर्श होते हैं, भावलेश्या अगुरुलघु होती है।

द्रव्य एवं भाव–इन दोनों प्रकार की लेश्याओं के छः भेद हैं–१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या, ४. तेजोलेश्या, ५. पद्मलेश्या और ६. शुक्ललेश्या। इनमें प्रथम तीन लेश्याएँ दुर्गतिगामिनी, संक्लिष्ट, अमनोज्ञ, अविशुद्ध, अप्रशस्त और शीत-रूक्ष स्पर्श वाली हैं। अन्तिम तीन लेश्याएँ सुगतिगामिनी, असंक्लिष्ट, मनोज्ञ, विशुद्ध, प्रशस्त और स्निग्ध-उष्ण स्पर्श वाली हैं। वर्ण की उपेक्षा कृष्णलेश्या में काला वर्ण, नीललेश्या में नीला वर्ण, कापोतलेश्या में कबूतरी (काला एवं लाल मिश्रित) वर्ण, तेजोलेश्या में लाल वर्ण, पद्मलेश्या में पीला वर्ण और शुक्ललेश्या में श्वेत वर्ण होता है। रस की अपेक्षा कृष्णलेश्या में कड़वा, नीललेश्या में तीखा, कापोतलेश्या में कसैला , तेजोलेश्या में खटमीठा, पद्मलेश्या में आश्रव की भाँति कुछ खट्टा व कुछ कसैला तथा शुक्ललेश्या में मधुर रस होता है। गंध की अपेक्षा कृष्ण, नील व कापोतलेश्याएँ दुर्गन्धयुक्त हैं तथा तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ सुगन्धयुक्त हैं। स्पर्श की अपेक्षा कृष्ण, नील व कापोतलेश्याएँ कर्कश स्पर्श युक्त हैं तथा तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ कोमल स्पर्श युक्त हैं। प्रदेश की अपेक्षा कृष्णलेश्या से शुक्ललेश्या तक सभी लेश्याओं में अनन्त प्रदेश हैं। वर्गणा की अपेक्षा प्रत्येक लेश्या में अनन्त वर्गणाएँ हैं। प्रत्येक लेश्या असंख्यात आकाश प्रदेशों में स्थित है। यह वर्णन द्रव्यलेश्या के अनुसार है।

प्रस्तुत अध्ययन में भाव लेश्या के अनुरूप प्रत्येक लेश्या का लक्षण दिया है। कृष्णलेश्या से युक्त जीव पंचाश्रव में प्रवृत्त, तीन गुप्तियों से अगुप्त, षट्कायिक जीवों के प्रति अविरत आदि विशेषताओं से युक्त होता है, जबकि शुक्ललेश्या वाला जीव धर्मध्यान और शुक्लध्यान में लीन, प्रशान्तचित्त और दान्त होता है, वह पाँच समितियों से समित और तीन गुप्तियों से गुप्त होता है। छहों लेश्याएँ उत्तरोत्तर शुभ हैं।

सलेश्य जीव दो प्रकार के हैं–संसार समापन्नक और असंसार समापन्नक। इनमें से जो असंसार समापन्नक हैं उन्हें सिद्ध कहा गया है, यह उचित नहीं लगता। सिद्ध तो अलेश्य होते हैं। यहाँ सिद्ध शब्द मोह क्षय के लक्ष्य को साध लेने वाले जिन के लिए प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है। संसार समापन्नक जीव दो प्रकार के हैं–संयत और असंयत। संयत भी प्रमत्त और अप्रमत्त के भेद से दो प्रकार के हैं। इनमें सिद्ध एवं अप्रमत्त संयत को छोड़कर सभी जीव आत्मारंभी, परारम्भी एवं तदुभयारम्भी हैं, अनारम्भी नहीं हैं।

लेश्या की भाँति लेश्याकरण और लेश्यानिर्वृत्ति भी कृष्ण आदि के भेद से छः प्रकार की हैं। जिस जीव के जो लेश्या होती है उसके वही लेश्याकरण और लेश्यानिर्वृत्ति होती है। नैरयिक जीवों में कृष्ण, नील और कापोत ये तीन लेश्याएँ होती हैं। भवनपति, वाणव्यन्तर, पृथ्वीकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय में तेजोलेश्या को मिलाकर चार लेश्याएँ हैं। तेजस्काय, वायुकाय और विकलेन्द्रिय जीवों में कृष्ण से कापोत तक तीन लेश्याएँ हैं। वैमानिक देवों में तेजो, पद्म व शुक्ल–ये तीन लेश्याएँ हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय और मनुष्य में छहों लेश्याएँ हैं। ज्योतिषी देवों में एक मात्र तेजोलेश्या है। चार गतियों की अपेक्षा विस्तार से लेश्या का निरूपण भी इस अध्ययन में हुआ है।

समस्त सलेश्य जीवों का दण्डक क्रम से सात द्वारों में निरूपण महत्त्वपूर्ण है। वे सात द्वार हैं–१. सम आहार, शरीर व उच्छ्वास, २. कर्म, ३. वर्ण, ४. लेश्या, ५. वेदना, ६. क्रिया और ७. आयु। यहाँ कर्म और क्रिया में भेद है। कर्म तो अल्पकर्म एवं महाकर्म के भेद से दो प्रकार का होता है तथा क्रियाएँ पाँच हैं–१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी, ३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यान क्रिया और ५. मिथ्यादर्शन प्रत्यया।

लेश्याओं का परस्पर परिणमन होता है या नहीं–इस प्रश्न पर विचार करते हुए कहा गया है कि कृष्णलेश्या नीललेश्या को प्राप्त होकर उसी के रूप में, उसी के वर्ण में, उसी के गंध में, उसी के रस में, उसी के स्पर्श रूप में पुनः-पुनः परिणत होती है। इसी प्रकार नीललेश्या कापोतलेश्या को प्राप्त होकर, कापोतलेश्या तेजोलेश्या को प्राप्त होकर, तेजोलेश्या पद्मलेश्या को प्राप्त होकर, पद्मलेश्या शुक्ललेश्या को प्राप्त होकर उसी के रूप में यावत्

उसी के स्पर्श रूप में पुनः-पुनः परिणत होती है, इसे लेश्यागति कहते हैं। यह लेश्यागति होने पर कृष्णलेश्या नीललेश्या को प्राप्त होकर भी कदाचित् आकार भावमात्रा से अथवा प्रतिभाग भावमात्रा से कृष्णलेश्या ही है, वह नीललेश्या नहीं हो जाती है। इसी प्रकार सभी लेश्याओं के सम्बन्ध में कथन है। लेश्यागति अशुभ लेश्याओं से शुभ लेश्याओं में तो होती ही है किन्तु शुभ लेश्याओं से अशुभ लेश्याओं में भी होती है। शुक्ललेश्यादि का परिणमन पद्मलेश्या, तेजोलेश्या आदि में सम्भव है किन्तु आकार, भावमात्रा एवं प्रतिभाग भावमात्रा की अपेक्षा परिणमन नहीं होता है।

बन्ध के सामान्य भेदों की भाँति लेश्या का बन्ध तीन प्रकार का होता है–१. जीव प्रयोग बन्ध, २. अनन्तर बन्ध, ३. परम्पर बन्ध।

जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है, उसी लेश्या वाले जीवों में उत्पन्न होता है। शुक्ललेश्या वाला संक्लेश को प्राप्त होकर कृष्णलेश्या वाला बन जाता है तथा कृष्णलेश्या वाले जीवों में उत्पन्न होता है। इस प्रकार जो जीव जिस लेश्या में काल करता है वह उसी लेश्या वाले जीवों में जन्म लेता है। जिस लेश्या में जीव उत्पन्न होता है कदाचित् उसी लेश्या में उद्वर्तन करता है किन्तु तेजोलेश्यी पृथ्वीकायिक आदि कुछ जीव कदाचित् कृष्णलेश्यी होकर उद्वर्तन (मरण) करते हैं, कदाचित् नीललेश्यी होकर उद्वर्तन करते हैं, कदाचित् कापोतलेश्यी होकर उद्वर्तन करते हैं। लेश्या परिणत होने के प्रथम समय में जीव दूसरे भव में उत्पन्न नहीं होता है, अपितु लेश्या के परिणत होने पर जब अन्तर्मुहूर्त्त व्यतीत हो जाता है और अन्तर्मुहूर्त्त शेष रहता है तब जीव परलोक में जाता है।

लेश्याओं की अपेक्षा गर्भ प्रजनन का वर्णन महत्वपूर्ण है जो मनुष्य एवं स्त्री तथा उनके गर्भ से सम्बद्ध है। इसके अनुसार मनुष्य एवं स्त्री अपने सदृश तथा अपने से भिन्न लेश्या वाले गर्भ को उत्पन्न करते हैं। स्थिति की अपेक्षा कृष्णलेश्या वाले जीव से नीललेश्या वाला जीव कदाचित् महाकर्म वाला होता है। इसी प्रकार नीललेश्या से कापोतलेश्या वाला जीव, कापोत से तेजोलेश्या वाला, तेजो से पद्मलेश्या वाला, पद्म से शुक्ल- लेश्या वाला जीव स्थिति की अपेक्षा कदाचित् महाकर्म वाला होता है।

कृष्णलेश्यी, नीललेश्यी, कापोतलेश्यी, तेजोलेश्यी व पद्मलेश्यी जीवों में दो, तीन या चार ज्ञान होते हैं। दो होने पर आभिनिबोधिक एवं श्रुतज्ञान होते हैं, तीन होने पर अवधिज्ञान या मनः पर्यवज्ञान विशेष होते हैं। चार होने पर ये सभी पाए जाते हैं। शुक्ललेश्या वाले जीव में दो, तीन, चार या एक ज्ञान होते हैं। चार तक तो पूर्ववत् हैं किन्तु एक ज्ञान मानने पर मात्र केवल ज्ञान होता है। कृष्णलेश्यी की अपेक्षा नीललेश्यी नारक का अवधिज्ञान स्पष्ट होता है एवं अधिक क्षेत्र को विषय करता है। इसी प्रकार नीललेश्यी से कापोतलेश्यी नारक का अवधिज्ञान अधिक स्पष्ट एवं अधिक क्षेत्र को विषय करता है।

प्रस्तुत अध्ययन में लेश्याओं की जघन्य-उत्कृष्ट स्थिति, सलेश्य-अलेश्य जीवों की कायस्थिति, सलेश्य-अलेश्य जीवों के अन्तरकाल, सलेश्य-अलेश्य जीवों के चार गतियों में अल्प-बहुत्व, सलेश्य जीवों की ऋद्धि के अल्प-बहुत्व, लेश्या के स्थानों में अल्प-बहुत्व आदि पर भी विस्तृत निरूपण हुआ है। गुणस्थान की दृष्टि से लेश्या पर विचार इस अध्ययन में नहीं हुआ। अन्यत्र प्राप्त उल्लेख के अनुसार पहले से छठे गुण स्थान तक छहों लेश्याएँ होती हैं। सातवें गुण स्थान में तेजो, पद्म व शुक्ललेश्याएँ होती हैं जबकि आठवें से तेरहवें गुण स्थान तक मात्र शुक्ललेश्या होती है।

इस अध्ययन का प्रयोजन अप्रशस्त से प्रशस्त लेश्याओं की ओर गति कराना है।

□

२६. लेस्सज्झयणं

सूत्र

१. लेस्सज्झयणस्स उक्खेवो–

लेसज्झयणं पवक्खामि, आणुपुव्विं जहक्कमं।
छण्हं पि कम्मलेसाणं, अणुभावे सुणेह मे॥

नामाइं वण्ण-रस-गन्ध-फास-परिणाम-लक्खणं।
ठाणं ठिइं गई चाउं लेसाणं तु सुणेह मे॥[1]

–उत्त. अ. ३४, गा. १-२

२. छव्विहाओ लेस्साओ–

प. कइ णं भन्ते ! लेस्साओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! छ लेस्साओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. कण्हलेस्सा, २. णीललेस्सा, ३. काउलेस्सा,
४. तेउलेस्सा, ५. पम्हलेस्सा, ६. सुक्कलेस्सा।[2]

–पण्ण. प. १७, उ. २, सु. ११५६

३. दव्व-भावलेस्साणं सरूवं–

प. कण्हलेस्सा णं भन्ते ! कइवण्णा **जाव** कइफासा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! १. दव्वलेसं पडुच्च–पंचवण्णा, पंच रसा, दुगंधा, अट्ठ फासा पण्णत्ता,
२. भावलेसं पडुच्च–अवण्णा, अरसा, अगंधा, अफासा पण्णत्ता।

एवं जाव सुक्कलेस्सा। *–विया. स. १२, उ. ५, सु. २८-२९*

४. लेसाणं लक्खणाइं–

१. पंचासवप्पवत्तो, तीहिं अगुत्तो छसुं अविरओ य।
तिव्वारम्भपरिणओ खुद्दो साहसिओ नरो॥

निद्धंसपरिणामो निस्संसो अजिइन्दिओ।
एयजोगसमाउत्तो किण्हलेसं तु परिणमे॥

२. इस्सा-अमरिस-अतवो, अविज्ज-माया अहीरिया य।
गेही पओसे य सढे पमत्ते, रसलोलुए सायगवेसए य॥

आरम्भाओ अविरओ, खुद्दो साहस्सिओ नरो।
एयजोगसमाउत्तो, नीललेसं तु परिणमे॥

२६. लेश्या-अध्ययन

सूत्र

१. लेश्या–अध्ययन की उत्थानिका

मैं यथाक्रम-आनुपूर्वी से लेश्या-अध्ययन का निरूपण करूँगा। (सर्वप्रथम) कर्मों की विधायक छहों लेश्याओं के अनुभाव (रसविशेष के) विषय में मुझसे सुनो।

इन लेश्याओं का वर्णन नाम, वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श, परिणाम, लक्षण, स्थान, स्थिति, गति और आयुष्य का बन्ध इन द्वारों के माध्यम से मुझसे सुनो।

२. छः प्रकार की लेश्याएँ–

प्र. भन्ते ! लेश्याएँ कितनी कही गई हैं ?

उ. गौतम ! छः लेश्याएँ कही गई हैं, यथा–
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या,
४. तेजोलेश्या, ५. पद्मलेश्या, ६. शुक्ललेश्या।

३. द्रव्य-भाव लेश्याओं का स्वरूप–

प्र. भन्ते ! कृष्णलेश्या में कितने वर्ण **यावत्** कितने स्पर्श कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! १. द्रव्यलेश्या की अपेक्षा से उसमें पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गंध और आठ स्पर्श कहे गये हैं,
२. भावलेश्या की अपेक्षा से वह वर्ण, गंध, रस, स्पर्श रहित है।

इसी प्रकार शुक्ललेश्या तक कहना चाहिए।

४. लेश्याओं के लक्षण–

१. जो मनुष्य पाँच आश्रवों में प्रवृत्त है, तीन गुप्तियों से अगुप्त है, षट्कायिक जीवों के प्रति अविरत है, तीव्र आरम्भ में परिणत है, क्षुद्र एवं साहसी है।
निःशंक परिणाम वाला है, नृशंस है, अजितेन्द्रिय है, इन योगों से युक्त वह जीव कृष्णलेश्या में परिणत होता है।

२. जो ईर्ष्यालु है, कदाग्रही है, अतपस्वी है, अज्ञानी है, मायी है, निर्लज्ज है, विषयासक्त है, प्रद्वेषी है, धूर्त्त है, प्रमादी है, रसलोलुप है, सुख का गवेषक है।
जो आरम्भ से अविरत है, क्षुद्र है, दुःसाहसी है इन योगों से युक्त जीव नीललेश्या में परिणत होता है।

---

१. उत्तराध्ययन के लेश्या अध्ययन में इस गाथानुसार वर्णादि का क्रम से वर्णन है किन्तु विभिन्न आगमों के लेश्या संबंधी पाठों का संकलन करने के लिये यहाँ भिन्न क्रम से पाठों को रखा गया है।

२. (क) किण्हा नीला य काऊ य, तेऊ पम्हा तहेव य।
सुक्कलेसा य छट्ठा उ, नामाइं तु जहक्कमं॥
–उत्त. अ. ३४, गा. ३
(ख) ठाणं. अ. ६, सु. ५०४
(ग) पण्ण. १७, उ. ४, सु. १२१९
(घ) पण्ण. प. १७, उ. ५, सु. १२५०
(ङ) पण्ण. प. १७, उ. ६, सु. १२५६
(च) विया. स. १, उ. २, सु. १३
(छ) विया. स. २५, उ. १, सु. ३
(ज) सम. सम. ६, सु. १
(झ) आव. अ. ४, सु. ६
(ञ) सम. सु. १५३ (३)

३. वंके वंकसमायारे, नियडिल्ले अणुज्जुए।
पलिउंचग ओवहिए, मिच्छदिट्ठी अणारिए॥

उप्फालग-दुट्ठवाई य, तेणे यावि य मच्छरी।
एयजोगसमाउत्तो, काउलेसं तु परिणमे॥

४. नीयावित्ती अचवले, अमाई अकुऊहले।
विणीयविणए दन्ते, जोगवं उवहाणवं॥

पियधम्मे दढधम्मे, वज्जभीरु हिएसए।
एयजोगसमाउत्तो, तेउलेसं तु परिणमे॥

५. पयणुक्कोह-माणे य, माया लोभे य पयणुए।
पसन्तचित्ते दन्तप्पा, जोगवं उवहाणवं॥

तहा पयणुवाइं य, उवसन्ते जिइन्दिए।
एयजोगसमाउत्तो, पम्हलेसं तु परिणमे॥

६. अट्टरुद्दाणि वज्जित्ता, धम्मसुक्काणि झायए।
पसंतचित्ते दन्तप्पा, समिए गुत्ते य गुत्तिहिं॥

सरागे वीयरागे वा, उवसन्ते जिइन्दिए।
एयजोगसमाउत्तो, सुक्कलेसं तु परिणमे॥

–उत्त. अ. ३४, गा. २१-३२

५. दुग्गइसुगइगामिणी लेस्साओ–

तओ लेसाओ–दोग्गइगामिणीओ, संकिलिट्ठाओ, अमणुण्णाओ, अविसुद्धओ, अप्पसत्थाओ सीतलुक्खाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. कण्हलेसा, २. णीललेसा, ३. काउलेसा।

तओ लेसाओ–सोगइगामिणीओ, असंकिलिट्ठाओ, मणुण्णाओ, विसुद्धाओ, पसत्थाओ, णिद्धुण्हाओ, पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. तेउलेसा, २. पम्हलेसा, ३. सुक्कलेसा[1]।

–ठाणं अ. ३, उ. ४, सु. २२१

६. लेस्साणं गरुयत्तं लहुयत्तं–

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! किं गरुया, लहुया, गरुयलहुया अगरुयलहुया ?

उ. गोयमा ! णो गरुया, णो लहुया, गरुयलहुया वि, अगरुयलहुया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"कण्हलेस्सा णो गरुया, णो लहुया, गरुयलहुआ वि, अगरुयलहुया वि ?"

उ. गोयमा ! दव्वलेस्सं पडुच्च–ततियपदेणं (गरुयलहुया), भावलेस्सं पडुच्च–चउत्थ पदेणं (अगरुयलहुया)।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णो लहुया, णो गरुया, गरुयलहुया वि, अगरुयलहुया वि।"

३. जो मनुष्य वाणी से वक्र है, आचार से वक्र है, कपटी है, सरलता से रहित है, स्वदोषों को छिपाने वाला है, छल-छद्म का प्रयोग करने वाला है, मिथ्यादृष्टि है, अनार्य है।
जो मुँह में आया वैसा दुर्वचन बोलने वाला है, दुष्टवादी है, चोर है, ईर्ष्या करने वाला है, इन योगों से युक्त जीव कापोतलेश्या में परिणत होता है।

४. जो नम्र वृत्ति का है, अचपल है, माया से रहित है, अकुतूहली है, विनय करने में निपुण है, दान्त है, स्वाध्यायादि से समाधि-सम्पन्न है, शास्त्राध्ययन के समय विहित तपस्या का कर्त्ता है।
जो प्रियधर्मी है, दृढ़धर्मी है, पापभीरु है, हितैषी है इन योगों से युक्त जीव तेजोलेश्या में परिणत होता है।

५. जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ अत्यन्त अल्प हैं, जो प्रशान्तचित्त है, आत्मा का दमन करता है, योगवान् तथा उपधानवान् है।
जो अल्पभाषी है, उपशान्त है और जितेन्द्रिय है इन योगों से युक्त जीव पद्मलेश्या में परिणत होता है।

६. जो आर्त्त और रौद्र ध्यानों का त्याग करके धर्म और शुक्लध्यान में लीन है, प्रशान्तचित्त और दान्त है, पाँच समितियों से समित और तीन गुप्तियों से गुप्त है।
सरागी (गृहस्थ) या वीतरागी (श्रमण) है। किन्तु उपशान्त और जितेन्द्रिय है इन योगों से युक्त जीव शुक्ललेश्या में परिणत होता है।

५. दुर्गतिसुगतिगामिनी लेश्याएँ–

तीन लेश्याएँ–दुर्गतिगामिनी, संक्लिष्ट, अमनोज्ञ, अविशुद्ध, अप्रशस्त और शीत-रुक्ष स्पर्श वाली कही गई हैं, यथा–

१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या।

तीन लेश्याएँ–सुगतिगामिनी, असंक्लिष्ट, मनोज्ञ, विशुद्ध, प्रशस्त और स्निग्ध-उष्ण स्पर्श वाली कही गई हैं, यथा–

१. तेजोलेश्या, २. पद्मलेश्या, ३. शुक्ललेश्या।

६. लेश्याओं का गुरुत्व लघुत्व–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या क्या गुरु है, लघु है, गुरुलघु है या अगुरुलघु है ?

उ. गौतम ! कृष्णलेश्या गुरु नहीं है, लघु नहीं है किन्तु गुरुलघु है और अगुरुलघु भी है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कृष्णलेश्या गुरु नहीं है, लघु नहीं है किन्तु गुरुलघु भी है और अगुरुलघु भी है।"

उ. गौतम ! द्रव्यलेश्या की अपेक्षा–तृतीय पद (गुरुलघु) है, भावलेश्या की अपेक्षा–चौथा पद (अगुरुलघु) है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"कृष्णलेश्या गुरु नहीं है, लघु नहीं है किन्तु गुरुलघु भी है और अगुरुलघु भी है।"

---

१. (क) पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२४१ (ख) उत्त. अ. ३४, गा. ५६-५७

एवं जाव सुक्कलेस्सा। –विया. स. १, उ. ९, सु. १० (१)

इसी प्रकार शुक्ललेश्या पर्यन्त जानना चाहिए।

७. सरुवी सकम्मलेस्स पुग्गलाणं ओभासणाइ–

७. सरूपी सकर्म लेश्याओं के पुद्गलों का अवभासन (प्रकाशित होना) आदि–

प. अत्थि णं भंते ! सरूवी सकम्मलेस्सा पोग्गला ओभासेंति, उज्जोएंति, तवेंति, पभासेंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कयरे णं भंते ! सरूवी सकम्मलेस्सा पोग्गला ओभासेंति **जाव** पभासेंति ?

उ. गोयमा ! जाओ इमाओ चंदिम सूरियाणं देवाणं विमाणेहिंतो लेस्साओ बहिया अभिनिस्सडाओ ओभासेंति **जाव** पभासेंति।

एएणं गोयमा ! ते सरूवी सकम्मलेस्सा पोग्गला ओभासेंति **जाव** पभासेंति। –विया. स. १४, उ. ९, सु. २-३

प्र. भन्ते ! क्या सरूपी (वर्णादियुक्त) सकर्म लेश्याओं के पुद्गल स्कन्ध होते हैं वे अवभाषित होते हैं, उद्योतित होते हैं, तपते हैं या प्रभासित होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे (अवभासित **यावत्** प्रभासित) होते हैं।

प्र. भंते ! वे सरूपी कर्मलेश्या के पुद्गल कौन से हैं जो अवभासित **यावत्** प्रभासित होते हैं ?

उ. गौतम ! चन्द्रमा और सूर्य देवों के विमानों से बाहर निकली हुई जो लेश्याएँ हैं वे अवभासित **यावत्** प्रभासित होती हैं।

हे गौतम ! ये ही वे चन्द्र, सूर्य निर्गत तेजोलेश्याएँ हैं, जिनसे सरूपी कर्मलेश्या के पुद्गल स्कंध अवभासित **यावत्** प्रभासित होते हैं।

८. लेस्साणं वण्णा–

८. लेश्याओं के वर्ण–

प. एयाओ णं भंते ! छल्लेसाओ कइसु वण्णेसु साहिज्जंति ?

उ. गोयमा ! पंचसु वण्णेसु साहिज्जंति, तं जहा–

१. कण्हलेस्सा कालएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

२. णीललेस्सा णीलएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

३. काउलेस्सा काल-लोहिएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

४. तेउलेस्सा लोहिएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

५. पम्हलेस्सा हालिद्दएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

६. सुक्कलेस्सा सुक्किलएणं वण्णेणं साहिज्जइ।

–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२३२

प्र. छः लेश्याएँ कितने वर्णों से वर्णित हैं ?

उ. गौतम! पाँच वर्णों से वर्णित हैं, यथा–

१. कृष्णलेश्या कृष्ण वर्ण से वर्णित है।

२. नीललेश्या नील वर्ण से वर्णित है।

३. कापोतलेश्या कृष्ण-रक्त मिश्रित वर्ण से वर्णित है।

४. तेजोलेश्या रक्त (लाल) वर्ण से वर्णित है।

५. पद्मलेश्या पीत वर्ण से वर्णित है।

६. शुक्ललेश्या श्वेत वर्ण से वर्णित है।

प. १. कण्हलेस्सा णं भंते ! वण्णेणं केरिसिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जे जहाणामए जीमूए इ वा, अंजणे इ वा, खंजणे इ वा, कज्जले इ वा, गवले इ वा, गवलवलए इ वा, जंबूफलए इ वा, अद्दारिट्ठाए इ वा, परपुट्ठे इ वा, भमरे इ वा, भमरावली इ वा, गयकलभे इ वा, किण्हकेसे इ वा, आगासथिग्गले इ वा, किण्हासोए इ वा, किण्हकणवीरए इ वा, किण्हबंधुजीवए इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

किण्हलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया चेव, अकंततरिया चेव, अप्पियतरिया चेव, अमणुण्णतरिया चेव, अमणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

प्र. १. भन्ते ! कृष्णलेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गौतम ! जीमूत (काली मेघमाला), अंजन (सुरमा), खंजन (गाड़ी की धुरी के भीतर लगा हुआ काला कीट), काजल, गवल (भैंस का सींग), गवल वलय, जामुन के फल, गीले अरीठे, परपुष्ट (कोयल), भ्रमर, भ्रमरों की पंक्ति, हाथी के बच्चे, काले केश, आकाश खंड, काले अशोक, काले कनेर, काले बन्धुजीवक जैसे वर्ण वाली कृष्णलेश्या है।

प्र. क्या कृष्णलेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।

कृष्णलेश्या इनसे भी अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और अमनोहर वर्ण वाली कही गई है।

प. २. णीललेस्सा णं भंते ! केरिसिया वण्णेणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए भिंगे इ वा, भिंगपत्ते इ वा, चासे इ वा, चासपिच्छे इ वा, सुए इ वा, सुयपिच्छे इ वा, सामा इ वा, वणराइ इ वा, उच्चंतए इ वा, पारेवयगीवा इ वा, मोरगीवा इ वा, हलधरवंसणे इ वा, अयसिकुसुमए इ वा, बाणकुसुमए इ वा, अंजण केसियाकुसुमए इ वा, णीलुप्पले इ वा, नीलासोए इ वा, णीलकणवीरए इ वा, णीलबंधुजीवए इ वा।

प्र. २. भन्ते ! नीललेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गौतम ! भृंग, भृंग की पांख (पत्र), नीलकंठ, नीलकंठ की पाँख, तोता, तोते की पाँख, श्यामा (सांवाधान्य विशेष), वनराजि, दन्तराग, कपोत ग्रीवा, मयूर ग्रीवा, बलदेव वस्त्र, अलसी पुष्प, बाण पुष्प, अंजनकेसरि पुष्प, नीलकमल, नीलअशोक, नीलकनेर, नीलबन्धुजीवक वृक्ष जैसे वर्ण वाली नीललेश्या है।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
नीललेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया **जाव** अमणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

प. ३. काउलेस्सा णं भंते ! केरिसिया वण्णेणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए खयरसारे इ वा, कयरसारे इ वा, धमाससारे इ वा, तंबे इ वा, तंबकरोडए इ वा, तंबच्छिवाडिया इ वा, वाइंगणि कुसुमए इ वा, कोइलच्छपकुसुमए इ वा, जवासा कुसुमे इ वा, कलकुसुमे इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
काउलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया **जाव** अमणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

प. ४. तेउलेस्सा णं भंते ! केरिसिया वण्णेणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए ससरुहिरे इ वा, उरब्भरुहिरे इ वा, वराहरुहिरे इ वा, संबररुहिरे इ वा, मणुस्सरुहिरे इ वा, बालिंदगोवे इ वा, बालदिवागरे इ वा, संझब्भरागे इ वा, गुंजद्धरागे इ वा, जाइहिंगुलुए इ वा, पवालंकुरे इ वा, लक्खारसे इ वा, लोहियक्खमणी इ वा, किमिरागकंबले इ वा, गयतालुए इ वा, चीणपिट्ठरासी इ वा, पालियायकुसुमे इ वा, जासुमणाकुसुमे इ वा, किंसुयपुप्फरासी इ वा, रत्तुप्पले इ वा, रत्तासोगे इ वा, रत्तकणवीरए इ वा, रत्तबंधुजीवए इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
तेउलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव, कंततरिया चेव, पियतरिया चेव, मणुण्णतरिया चेव मणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

प. ५. पम्हलेस्सा णं भन्ते ! केरिसिया वण्णेणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए चंपे इ वा, चंपयछल्ली इ वा, चंपयभेदे इ वा, हलिद्दा इ वा, हलिद्दगुलिया इ वा, हालिद्दाभेए इ वा, हरियाले इवा, हरियालगुलिया इ वा, हरियालभेए इ वा, चिउरे इ वा, चिउररागे इ वा, सुवण्णसिप्पी इ वा, वरकणगणिहसे इ वा, वरपुरिसवसणे इ वा, अल्लइकुसुमे इ वा, चंपयकुसुमे इ वा, कणियारकुसुमे इ वा, कुहंडियाकुसुमे इ वा, सुवण्णजूहिया इ वा, सुहिरण्णियाकुसुमे इ वा, कोरेंटमल्लदामे इ वा, पीयासोगे इ वा, पीयकणवीरए इ वा, पीयबन्धुजीवए इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! जो इणट्ठे समट्ठे।
पम्हलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव **जाव** मणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

प. ६. सुक्कलेस्सा णं भन्ते ! केरिसिया वण्णेणं पण्णत्ता ?

प्र. क्या नीललेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
नीललेश्या इनसे भी अधिक अनिष्ट **यावत्** अधिक अमनोहर वर्ण वाली कही गई है।

प्र. ३. भन्ते ! कापोतलेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गौतम ! कत्था, कैर, धमासा, ताम्बे, ताम्बे के कटोरे, ताम्बे के चम्मच, बैंगन पुष्प, कोकिलच्छद पुष्प, जवासा पुष्प, कलकुसुम जैसे वर्ण वाली कापोतलेश्या है।

प्र. क्या कापोतलेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
कापोतलेश्या इनसे भी अधिक अनिष्ट **यावत्** अधिक अमनोहर वर्ण वाली कही गई है।

प्र. ४. भन्ते ! तेजोलेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गौतम ! शशक रुधिर, मेष रुधिर, सूकर रुधिर, सांभर रुधिर, मनुष्य रुधिर, बाल-इन्द्रगोप, बालदिवाकर, संध्या लालिमा, गुंजार्ध लालिमा, उत्तम हींगलू, प्रवालांकुर, लाक्षारस, लोहिताक्षमणि, किरमिची रंग युक्त कम्बल, गज तालु, चीन पिष्ट राशि, पारिजात पुष्प, जपा पुष्प, किंशुक पुष्प, लाल कमल, लाल अशोक, लाल कनेर, लाल-बन्धुजीवक जैसे वर्ण वाली तेजोलेश्या है।

प्र. क्या तेजोलेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
तेजोलेश्या इनसे भी अधिक इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मनोहर वर्ण वाली कही गई है।

प्र. ५. भन्ते ! पद्मलेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गौतम ! चम्पक, चम्पक की छाल, चम्पक के टुकड़े, हल्दी, हल्दी की गुटिका, हल्दी के टुकड़े (खंड), हरताल की गुटिका, हरताल के टुकड़े, चिकुर, चिकुर का रंग, स्वर्णसीप, स्वर्ण-निकर्ष, वासुदेव वस्त्र (पीताम्बर), अल्लकी पुष्प, चम्पा पुष्प, कनेर पुष्प, कुष्माण्ड लतापुष्प, स्वर्ण जूही वृक्ष, सुहिरण्यिका पुष्प, कोरंट पुष्पमाला, पीले अशोक, पीले कनेर, पीले बन्धुजीवक जैसे वर्ण वाली पद्मलेश्या है।

प्र. क्या पद्मलेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
पद्मलेश्या इनसे भी अधिक इष्ट **यावत्** अधिक मनोहर वर्ण वाली कही गई है।

प्र. ६. भन्ते ! शुक्ललेश्या कैसे वर्ण वाली कही गई है ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए अंके इ वा, संखे इ वा, चंदे इ वा, कुंदे इ वा, दगे इ वा, दगरए इ वा, दही इ वा, दहिघणे इ वा, खीरे इ वा, खीरपूरे इ वा, सुक्कछिवाडिया इ वा, पेहुणमिंजिया इ वा, धंतधोयरुप्पपट्टे इ वा, सारइयबलाहए इ वा, कुमुद्दले इ वा, पोंडरियदले इ वा, सालिपिट्ठरासी इ वा, कुडगपुप्फरासी इ वा, सिंदुवारवरमल्लदामे इ वा, सेयासोए इ वा, सेयकणवीरे इ वा, सेयबंधुजीवए इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

सुक्कलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव **जाव** मणामतरिया चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

–पण्ण. प. १७ उ. ४, सु. १२२६-१२३१

१. जीमूयनिद्धसंकासा, गवलरिट्ठगसन्निभा।
खंजणंजण–नयणनिभा, किण्हलेसा उ वण्णओ॥

२. नीलाऽसोगसंकासा, चासपिच्छसमप्पभा।
वेरुलिय निद्धसंकासा, नीललेसा उ वण्णओ॥

३. अयसीपुप्फसंकासा, कोइलच्छदसन्निभा।
पारेवयगीवनिभा, काउलेसा उ वण्णओ॥

४. हिंगुलुयधायउसंकासा, तरुणाइच्चसन्निभा।
सुयतुण्ड-पईवनिभा, तेउलेसा उ वण्णओ॥

५. हरियालभेयसंकासा, हलिद्दाभेयसन्निभा।
सणासणकुसुमनिभा, पम्हलेसा उ वण्णओ॥

६. संखंककुन्दसंकासा, खीरपूरसमप्पभा।
रययहारसंकासा, सुक्कलेसा उ वण्णो॥

–उत्त. अ. ३४, गा. ४-९

९. **लेस्साणं गंधा–**

प. कइ णं भन्ते ! लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! तओ लेस्साओ दुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. किण्हलेस्सा, २. णीललेस्सा, ३. काउलेस्सा।

प. कइ णं भंते ! लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! तओ लेस्साओ सुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. तेउलेस्सा, २. पम्हलेस्सा, ३. सुक्कलेस्सा।[1]

–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२३९-१२४०

जह गोमडस्स गन्धो, सुणगमडगस्स व जहा अहिमडस्स।
एत्तो वि अणन्तगुणो, लेसाणं अप्पसत्थाणं॥

उ. गौतम ! अंकरत्न, शंख, चन्द्र, कुन्द पुष्प, उदक, जलकण, दधि, दधिपिंड, दुग्ध, दुग्धझाग, शुष्क फली, मयूरपिच्छमिंजीका, धात रजत पट्ट, शारदीय मेघ, कुमुदपत्र, पुण्डरीक पत्र, शालिपिष्ट राशि, कुटज पुष्प राशि, सिंदुवार पुष्प माला, श्वेत अशोक, श्वेत कनेर, श्वेत बन्धुजीवक जैसे वर्ण वाली शुक्ललेश्या है।

प्र. क्या शुक्ललेश्या ऐसे वर्ण वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।

शुक्ललेश्या इनसे भी अधिक इष्ट **यावत्** अधिक मनोहर वर्ण वाली कही गई है।

१. कृष्णलेश्या वर्ण की अपेक्षा से स्निग्ध काले मेघ के समान, भैंस के सींग एवं रिष्टक (अरीठे) के सदृश अथवा खंजन (गाड़ी के ओंघन), अंजन (काजल या सुरमा) एवं आँख के तारे (कीकी) के समान काली है।

२. नीललेश्या वर्ण की अपेक्षा से नीले अशोक वृक्ष के समान, चास-पक्षी की पाँख के समान या स्निग्ध वैडूर्यरत्न के समान अतिनील है।

३. कापोतलेश्या वर्ण की अपेक्षा से अलसी के फूल जैसी, कोयल की पाँख जैसी तथा कबूतर की गर्दन जैसी कुछ काली और कुछ लाल है।

४. तेजोलेश्या वर्ण की अपेक्षा से हींगलू तथा धातु-गेरु के समान, तरुण सूर्य के समान तथा तोते की चोंच या जलते हुए दीपक के समान लाल रंग की है।

५. पद्मलेश्या वर्ण की अपेक्षा से हरताल के टुकड़े जैसी, हल्दी के रंग जैसी तथा सण और असन के फूल जैसी पीली है।

६. शुक्ललेश्या वर्ण की अपेक्षा से शंख, अंकरत्न एवं कुन्द के फूल के समान है, दूध की धारा के समान तथा रजत और हार (मोती की माला) के समान सफेद है।

९. **लेश्याओं की गन्ध–**

प्र. भन्ते ! दुर्गन्ध वाली कितनी लेश्याएँ कही गई हैं ?

उ. गौतम ! तीन लेश्याएँ दुर्गन्ध वाली कही गई हैं, यथा–

१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या।

प्र. भंते ! कितनी लेश्याएँ सुगन्ध वाली कही गई हैं ?

उ. गौतम ! तीन लेश्याएँ सुगन्ध वाली कही गई हैं, यथा–

१. तेजोलेश्या, २. पद्मलेश्या, ३. शुक्ललेश्या।

मरी हुई गाय, मरे हुए कुत्ते और मरे हुए साँप की जैसी दुर्गन्ध होती है, उससे भी अनन्तगुणी अधिक दुर्गन्ध तीनों अप्रशस्त (कृष्ण, नील, कापोत) लेश्याओं की होती है।

१. ठाणं अ. ३, उ. ४, सु. २२१

जह सुरहिकुसुमगन्धे, गन्धवासाण पिस्समाणाणं।
एत्तो वि अणन्तगुणो, पसत्थलेसाण तिण्हं पि॥
—उत्त. अ. ३४, गा. १६-१७

सुगन्धित पुष्प और पीसे जा रहे सुवासित गन्धद्रव्यों की जैसी गन्ध होती है, उससे भी अनन्तगुणी अधिक सुगन्ध तीनों प्रशस्त (तेजो-पद्म-शुक्ल) लेश्याओं की होती है।

१०. लेसाणं रसा—

प. १. कण्हलेस्सा णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए णिंबे इ वा, णिंबसारे इ वा, णिंबछल्ली इ वा, कुडगफाणिए इ वा, णिंबफाणिए इ वा, कुडए इ वा, कुडगपत्ते इ वा, कडुगतुंबी इ वा, कडुगतुंबीफले इ वा, खारतउसी इ वा, खारतउसीफले इ वा, देवदाली इ वा, देवदालिपुप्फे इ वा, मियवालुंकी इ वा, मियवालुंकीफले इ वा, घोसाडिए इ वा, घोसाडइफले इ वा, कण्हकंदए इ वा, वज्जकंदए इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
कण्हलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया चेव **जाव** अमणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

प. २. णीललेस्साए णं भन्ते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए भंगी इ वा, भंगीरए इ वा, पाढा इ वा, चविता इ वा, चित्तामूलए इ वा, पिप्पलीमूलए इ वा, पिप्पली इ वा, पिप्पलीचुण्णे इ वा, मिरिए इ वा, मिरियचुण्णे इ वा, सिंगबेरे इ वा, सिंगबेरचुण्णे इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
णीललेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया चेव **जाव** अमणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

प. ३. काउलेस्साए णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए अंबाण वा, अंबाडगाण वा, माउलुंगाण वा, बिल्लाण वा, कविट्ठाण वा, भद्दाण वा, फणसाण वा, दालिमाण वा, पारेवयाण वा, अक्खोडाण वा, पोराण वा, बोराण वा, तेंदुयाण वा, अपक्काणं, अपरियागाणं, वण्णेणं अणुववेयाणं, गंधेणं अणुववेयाणं, फासेणं अणुववेयाणं।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
काउलेस्सा णं एत्तो अणिट्ठतरिया चेव **जाव** अमणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

प. ४. तेउलेस्सा णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए अंबाण वा **जाव** तेंदुयाण वा, पिक्काणं परियावण्णाणं वण्णेणं उववेयाणं, गंधेणं उववेयाणं, फासेणं उववेयाणं।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
तेउलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव **जाव** मणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

१०. लेश्याओं के रस—

प्र. १. भन्ते ! कृष्णलेश्या का आस्वाद (रस) कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! नीम, नीम-सार, नीम-छाल, नीम-क्वाथ, कुटज, कुटज-फल, कुटज-छाल, कुटज-क्वाथ, कटुक तुम्बी, कटुक तुम्बी फल, कड़वी ककड़ी, कड़वी ककड़ी फल, देवदाली, देवदाली पुष्प, मृगवालुंकी, मृगवालुंकी फल, घोषातिकी, घोषातिकी फल, कृष्णकन्द, वज्रकन्द जैसा कृष्णलेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या कृष्णलेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
कृष्णलेश्या आस्वाद में इनसे भी अनिष्ट **यावत्** अधिक अमनोहर रस वाली कही गई है।

प्र. २. भन्ते ! नीललेश्या का आस्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! भृंगी, भृंगी-कण, पाठा, चविता, चित्रमूलक, पिप्पलीमूल (पीपलामूल) पीपर, पीपरचूर्ण, मिर्च, मिर्चचूर्ण शृंगबेर, शृंगबेरचूर्ण जैसा नीललेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या नीललेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
नीललेश्या आस्वाद में इनसे भी अधिक अनिष्ट **यावत्** अधिक अमनोहर रस वाली कही गई है।

प्र. ३. भंते ! कापोतलेश्या का आस्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! आम्र, आम्राटक, बिजौरा, बिल्वफल, कपिट्ठ, द्राक्षाफल, कटहल, दाड़िम, पारावत, अखरोट, इक्षु, बेर, तेन्दुफल जो कि अपक्व हों, पूरे पके हुए न हों, वर्ण से रहित हों, गन्ध से रहित हों और स्पर्श से रहित हों ऐसा कापोतलेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या कापोतलेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
कापोतलेश्या आस्वाद में इनसे भी अधिक अनिष्ट **यावत्** अधिक अमनोहर रस वाली कही गई है।

प्र. ४. भंते ! तेजोलेश्या का आस्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! पक्व, परिपक्व, प्रशस्त वर्ण, गंध और स्पर्श से युक्त आम्र **यावत्** तिंदुकफल जैसा तेजोलेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या तेजोलेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।
तेजोलेश्या आस्वाद में इनसे भी अधिक इष्ट **यावत्** अधिक मनोहर रस वाली कही गई है।

प. ५. पम्हलेस्साए णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए चंदप्पभा इ वा, मणिसिलागा इ वा, वरसीधू इ वा, वरवारुणी इ वा, पत्तासवे इ वा, पुप्फासवे इ वा, फलासवे इ वा, चोयासवे इ वा, आसवे इ वा, मधू इ वा, मेरए इ वा, कविसाणए इ वा, खज्जुरसारए इ वा, मुद्दियासारए इ वा, सुपक्कखोयरसे इ वा, अट्ठपिट्ठणिट्ठिया इ वा, जंबूफलकालिया इ वा, वरपसण्णा इ वा, आसला मासला पेसला ईसी ओट्ठावलंबिणी ईसी वोच्छेयकडुई ईसी तंबच्छिकरणी उक्कोसमयपत्ता वण्णेणं उववेया **जाव** फासेणं उववेया आसायणिज्जा, वीसायणिज्जा, पीणणिज्जा, विहंणिज्जा, दीवणिज्जा, दप्पणिज्जा, मयणिज्जा, सव्विंदिय गायपल्हायणिज्जा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

पम्हलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव **जाव** मणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

प. ६. सुक्कलेस्सा णं भंते ! केरिसिया आसाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए गुले इ वा, खंडे इ वा, सक्करा इ वा, मच्छंडिया इ वा, पप्पडमोदए इ वा, भिसकंदे इ वा, पुप्फुत्तरा इ वा, पउमुत्तरा इ वा, आयंसिया इ वा, सिद्धत्थिया इ वा, आगासफालिओवमा इ वा, अणोवमा इ वा।

प. भवेयारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

सुक्कलेस्सा णं एत्तो इट्ठतरिया चेव **जाव** मणामतरिया चेव आसाएणं पण्णत्ता।

–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२३३-१२३८

१. जह कडुयतुम्बगरसो, निम्बरसो कडुयरोहिणिरसो वा।
एत्तो वि अणन्तगुणो, रसो उ किण्हाए नायव्वो॥

२. जह तिगडुयस्स य रसो, तिक्खो जह हत्थिपिप्पलीए वा।
एत्तो वि अणन्तगुणो, रसो उ नीलाए नायव्वो॥

३. जह तरुणअम्बगरसो, तुवरकविट्ठस्स वावि जारिसओ।
एत्तो वि अणन्तगुणो, रसो उ काऊए नायव्वो॥

४. जह परियणम्बगरसो, पक्ककविट्ठस्स वावि जारिसओ।
एत्तो वि अनन्तगुणो, रसो उ तेऊए नायव्वो॥

५. वरवारुणीए व रसो, विविहाण व आसवाण जारिसओ।
महु-मेरगस्स व रसो, एत्तो पम्हाए परएणं॥

प्र. ५. भंते ! पद्मलेश्या का आस्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! चन्द्रप्रभा मद्य, मणिशलाका मद्य, श्रेष्ठ सीधू मद्य, श्रेष्ठ वारुणी मद्य, पत्रासव, पुष्पासव, फलासव, चोयासव, आसव, मधु, मेर, कापिशायन, खर्जूरसार, द्राक्षासार, सुपक्व इक्षुरस, आठ पुटों से निर्मित मद्य, जामुन का सिरका, प्रसन्ना मदिरा जो आस्वादनीय, जो मुख माधुर्यकारिणी हो, जो पीने के बाद कुछ कटुक तीक्ष्ण हो, नेत्रों को लाल करने वाली उत्कृष्ट मादक प्रशस्त वर्ण **यावत्** स्पर्श से युक्त, आस्वाद करने योग्य विशेष रूप से आस्वादन करने योग्य, प्रणिनीय, वृद्धिकारक, उद्दीपक, दर्पजनक, मदजनक तथा सभी इन्द्रियों और शरीर को आह्लादजनक हो ऐसा पद्मलेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या पद्मलेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।

पद्मलेश्या आस्वाद में इनसे भी अधिक इष्ट **यावत्** अधिक मनोहर रस वाली कही गई है।

प्र. ६. भंते ! शुक्ललेश्या का आस्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! गुड़, खाँड़, शक्कर, मिश्री–मत्स्यण्डी, पर्पटमोदक, भिसकन्द, पुष्पोत्तरा, पद्मोत्तरा, आदर्शिका, सिद्धार्थिका, आकाशस्फटिकोपमा व अनुपमा नामक शर्करा जैसा शुक्ललेश्या का आस्वाद है।

प्र. क्या शुक्ललेश्या ऐसे आस्वाद वाली है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ शक्य नहीं है।

शुक्ललेश्या आस्वाद में इनसे भी अधिक इष्ट **यावत्** अधिक मनोहर रस वाली कही गई है।

१. जैसे कड़वे तुम्बे का रस, नीम का रस या कड़वी रोहिणी (रोहिड़ी) का रस कड़वा होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक कड़वा कृष्णलेश्या का रस जानना चाहिए।

२. त्रिकटुक (सौंठ, पिप्पल और काली मिर्च) का रस या गजपीपल का रस जितना तीखा होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक तीखा नीललेश्या का रस जानना चाहिए।

३. कच्चा आँवला और कच्चे कपित्थ फल का रस जैसा कसैला होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक (कसैला) कापोतलेश्या का रस जानना चाहिए।

४. पके हुए आम अथवा पके हुए कपित्थ के रस जैसा खटमीठा होता है, उससे भी अनन्तगुणा खटमीठा रस तेजोलेश्या का जानना चाहिए।

५. उत्तम मदिरा का रस, विविध आसवों का रस, मधु तथा मेरेयक सिरके का जैसा (कुछ खट्टा तथा कुछ कसैला) रस होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक (अम्ल-कसैला) रस पद्मलेश्या का जानना चाहिए।

६. खज्जूर-मुद्दियरसो, खीररसो खण्ड-सक्कररसो वा।
एत्तो वि अणन्तगुणो, रसो उ सुक्काए नायव्वो॥
–उत्त. अ. ३४, गा. १०-१५

११. लेस्साणं फासा–

जह करगयस्स फासो, गोजिब्भाए व सागपत्ताणं।
एत्तो वि अणन्तगुणो, लेसाणं अप्पसत्थाणं॥

जह बूरस्स व फासो, नवणीयस्स व सिरीसकुसुमाणं।
एत्तो वि अणन्तगुणो, पसत्थलेसाण तिण्हं पि॥
–उत्त. अ. ३४, गा. १८-१९

१२. लेस्साणं पएसा–

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! कइपएसिया पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! अणंतपएसिया पण्णत्ता।
एवं जाव सुक्कलेस्सा। *–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२४३*

१३. लेस्साणं पएसोगाढत्तं–

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! कइपएसोगाढा पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! असंखेज्जपएसोगाढा पण्णत्ता।
एवं जाव सुक्कलेस्सा। *–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२४४*

१४. लेस्साणं वग्गणा–

प. कण्हलेस्साए णं भंते ! केवइयाओ वग्गणाओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! अणंताओ वग्गणाओ पण्णत्ताओ।
एवं जाव सुक्कलेस्साए। *–पण्ण. प. १७, उ. ४, सु. १२४५*

१५. सलेस्स-अलेस्स जीवाणं आरंभाइ परूवणं–

प. सलेस्साणं भंते ! जीवा किं आयारंभा, परारंभा, तदुभयारंभा, अणारंभा ?
उ. गोयमा ! अत्थेगइया सलेसा जीवा आयारंभा वि, परारंभा वि, तदुभयारंभा वि, नो अणारंभा।
अत्थेगइया सलेसा जीवा नो आयारंभा, नो परारंभा, नो तदुभयारंभा, अणारंभा।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया सलेसा जीवा आयारंभा वि **जाव** अणारंभा वि"।
उ. गोयमा ! सलेसा जीवा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. संसारसमावन्नगा य, २. असंसारसमावन्नगा य।
१. तत्थ णं जे ते असंसार समावन्नगा ते णं सिद्धा, सिद्धा णं नो आयारंभा **जाव** अणारंभा।
२. तत्थ णं जे ते संसार समवन्नगा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. संजया य, २. असंजया य।
तत्थ णं जे ते संजया ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पमत्त संजया य, २. अपमत्त संजया य।

६. खजूर और द्राक्षा का रस, खीर का रस अथवा खाँड़ या शक्कर का रस जितना मधुर होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक मधुर शुक्ललेश्या का रस जानना चाहिए।

११. लेश्याओं के स्पर्श–

करवत (करौत), गाय की जीभ और शाक नामक वनस्पति के पत्तों का जैसा कर्कश स्पर्श होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक कर्कश स्पर्श तीनों अप्रशस्त (कृष्ण, नील, कापोत) लेश्याओं का होता है।

जैसे बूर नवनीत या शिरीष के पुष्पों का कोमल स्पर्श होता है, उससे भी अनन्तगुणा अधिक कोमल स्पर्श तीनों प्रशस्त (तेउ, पद्म, शुक्ल) लेश्याओं का होता है।

१२. लेश्याओं के प्रदेश–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या कितने प्रदेश वाली कही गई है ?
उ. गौतम ! अनन्त प्रदेशों वाली कही गई है।
इसी प्रकार शुक्ललेश्या तक कहना चाहिये।

१३. लेश्याओं का प्रदेशावगाढत्व–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या आकाश के कितने प्रदेशों में स्थित है ?
उ. गौतम ! असंख्यात आकाश प्रदेशों में स्थित है।
इसी प्रकार शुक्ललेश्या तक कहना चाहिये।

१४. लेश्याओं की वर्गणा–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या की कितनी वर्गणाएँ कही गई हैं ?
उ. गौतम ! अनन्त वर्गणाएँ कही गई हैं।
इसी प्रकार शुक्ललेश्या तक कहना चाहिए।

१५. सलेश्य-अलेश्य जीवों के आरंभादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! लेश्या वाले जीव आत्मारंभी हैं, परारम्भी हैं, तदुभयारंभी हैं या अनारम्भी हैं ?
उ. गौतम ! कितने ही सलेश्यी जीव आत्मारंभी भी हैं, परारंभी भी हैं और तदुभयारंभी भी हैं किन्तु अनारम्भी नहीं हैं।
कितने ही सलेश्यी जीव आत्मारम्भी नहीं हैं, परारम्भी नहीं हैं और तदुभयारम्भी भी नहीं हैं किन्तु अनारम्भी हैं।
प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सलेश्यी जीव आत्मारंभी भी हैं **यावत्** अनारम्भी भी हैं।"

उ. गौतम ! सलेश्यी जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. संसार समापन्नक, २. असंसार समापन्नक।
१. उनमें से जो असंसार समापन्नक हैं वे सिद्ध (मुक्त) हैं और सिद्ध भगवान आत्मारंभी नहीं हैं **यावत्** अनारंभी हैं।
२. उनमें से जो संसार समापन्नक हैं वे दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. संयत, २. असंयत।
उनमें से जो संयत हैं वे भी दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. प्रमत्त संयत, २. अप्रमत्त संयत।

१. तत्थ णं जे ते अपमत्त संजया ते णं नो आयारंभा **जाव** अणारंभा।

२. तत्थ णं जे ते पमत्तसंजया ते सुभं जोगं पडुच्च नो आयारंभा **जाव** अणारंभा।

असुभं जोगं पडुच्च आयारंभा वि **जाव** नो अणारंभा।

तत्थ णं जे ते असंजया ते अविरइं पडुच्च आयारंभा वि **जाव** नो अणारंभा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"अत्थेगइया सलेसा जीवा आयारंभा वि **जाव** अणारंभा वि।"

किण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काउलेस्सा जहा ओहिया जीवा।

णवरं–पमत्तअप्पमत्ता न भाणियव्वा।

तेउलेस्सा, पम्हलेस्सा, सुक्कलेस्सा जहा ओहिया जीवा।

णवरं–सिद्धा न भाणियव्वा। *–विया. स. १, उ. १, सु. ९*

१६. लेस्साकरणभेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! लेस्साकरणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! लेस्साकरणे छव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. कण्हलेस्साकरणे **जाव** ६. सुक्कलेस्साकरणे।

दं. १-२४. एए सव्वे नेरइयाइं दंडगा जाव वेमाणियाणं जस्स जं अत्थि तं तस्स सव्वं भाणियव्वं।

–विया. स. १९, उ. ९, सु. ८

१७. लेस्साणिव्वत्ती भेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! लेस्सानिव्वत्ती पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! छव्विहा लेस्सानिव्वत्ती पण्णत्ता, तं जहा–

१. कण्हलेस्सानिव्वत्ती **जाव** ६. सुक्कलेस्सानिव्वत्ती।

दं. १-२४. एवं नेरइयाणं जाव वेमाणियाणं जस्स जइ लेस्साओ तस्स तइ लेस्सानिव्वत्ती भाणियव्वाओ।

–विया. स. १९, उ. ८, सु. ३४-३५

१८. चउवीसदंडएसु लेस्सा-परूवणं–

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! कइ लेस्साओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! तिण्णि लेस्साओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. किण्हलेस्सा, २. नीललेस्सा, ३. काउलेस्सा[1]।

–पण्ण. प. १७, उ. २, सु. ११५७

प. दं. २-११. भवणवासीणं भंते ! कइ लेस्साओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! (असुरकुमारा **जाव** थणियकुमाराणं) चत्तारि लेस्साओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. कण्हलेस्सा **जाव** ४. तेउलेस्सा[2]।

–पण्ण. प. १७, उ. २, सु. ११६६ (१)

१. उनमें से जो अप्रमत्त संयत हैं वे आत्मारंभी नहीं हैं **यावत्** अनारम्भी हैं।

२. उनमें से जो प्रमत्त संयत हैं वे शुभ योग की अपेक्षा आत्मारंभी नहीं हैं **यावत्** अनारंभी हैं।

अशुभ योग की अपेक्षा वे आत्मारंभी हैं **यावत्** अनारम्भी नहीं हैं।

उनमें से जो असंयत हैं वे अविरति की अपेक्षा आत्मारम्भी हैं **यावत्** अनारम्भी नहीं हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कितने ही सलेश्यी जीव आत्मारम्भी भी हैं **यावत्** अनारम्भी भी हैं।"

कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या वाले जीवों के संबंध में (पूर्वोक्त) सामान्य जीवों के समान कहना चाहिए।

विशेष–प्रमत्त और अप्रमत्त यहाँ नहीं कहना चाहिए।

तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या वाले जीवों के विषय में भी सामान्य जीवों की तरह कहना चाहिए।

विशेष–सिद्धों का कथन यहाँ नहीं कहना चाहिये।

१६. लेश्याकरण के भेद और चौबीस दंडकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! लेश्याकरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! लेश्याकरण छः प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कृष्णलेश्याकरण **यावत्** ६. शुक्ललेश्याकरण।

दं. १-२४. नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त सभी दण्डकों में जिसके जितनी लेश्याएँ हैं, उसके उतने लेश्याकरण कहना चाहिए।

१७. लेश्यानिर्वृत्ति के भेद और चौबीस दंडकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! लेश्यानिर्वृत्ति कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! लेश्यानिर्वृत्ति छः प्रकार की कही गई है, यथा–

१. कृष्णलेश्यानिर्वृत्ति **यावत्** ६. शुक्ललेश्यानिर्वृत्ति।

इसी प्रकार अनेक पृथ्वीकायिकों से लेकर अनेक मनुष्यों पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार वैक्रिय शरीर के भी (एक वचन और बहुवचन की अपेक्षा) दो दण्डक कहने चाहिए।

विशेष–जिन जीवों के वैक्रिय शरीर होता है उनकी अपेक्षा जानना चाहिए।

इसी प्रकार कार्मणशरीर पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार श्रोत्रेन्द्रिय से लेकर स्पर्शेन्द्रिय पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार मनोयोग, वचनयोग और काययोग के विषय में जिसके जो हो उसके लिए कहना चाहिए।

इस प्रकार एकवचन बहुवचन की अपेक्षा कुल छब्बीस दण्डक होते हैं।

४३. जीव-चौवीस दंडकों में क्रियाओं द्वारा कर्मप्रकृतियों का बंध –

प्र. भंते ! एक जीव प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधता है ?

उ. गौतम ! सात या आठ कर्मप्रकृतियाँ बाँधता है।

दं. १-२४ इसी प्रकार नैरयिक से लेकर वैमानिक पर्यन्त कर्म प्रकृतियों का बन्ध कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अनेक जीव प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं ?

उ. गौतम ! सात या आठ कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं।

प्र. दं. १. भंते ! अनेक नारक प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं ?

उ. गौतम ! १. वे सब नारक सात कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं।
२. अथवा अनेक नारक सात कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले होते हैं और एक नारक आठ कर्म प्रकृतियों का बन्ध करने वाला होता है।
३. अथवा अनेक नारक सात कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले और अनेक नारक आठ कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले होते हैं।

दं. २-११ इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त कर्मप्रकृतियों के बन्ध कहना चाहिए।

दं. १२-१६. पुढवि-आउ-तेउ-वाउ-वणस्सइकाइया य एए सव्वे वि जहा ओहिया जीवा।
दं. १७-२४ अवसेसा जहा णेरइया।

एवं एए जीवेगिंदियवज्जा तिण्णि भंगा सव्वत्थ भाणियव्व त्ति
एवं मुसावाएणं जाव मिच्छादंसणसल्लेणं।

एवं एगत्त-पोहत्तिया छत्तीसं दंडगा होंति।
—पण्ण. प. २२, सु. १५८१-१५८४

दं. १२-१६ पृथ्वी-अप्-तेजो-वायु-वनस्पतिकायिक जीवों की कर्मप्रकृतियों का बन्ध सामान्य जीवों के समान कहना चाहिए।
दं. १७-२४. शेष जीवों का नैरयिकों के समान कथन करना चाहिए।
इस प्रकार एकेन्द्रिय जीवों को छोड़कर शेष दण्डकों में सर्वत्र तीन-तीन भंग कहने चाहिए।
इसी प्रकार मृषावाद से मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त कर्म बन्ध का भी कथन करना चाहिए।
इस प्रकार एक और अनेक की अपेक्षा से छत्तीस दण्डक होते हैं।

४४. जीव-चउवीसदंडएसु अट्ठकम्म बंधमाणे किरिया परूवणं–

४४. जीव-चौवीस दंडकों में आठ कर्म बाँधने पर क्रियाओं का प्ररूपण–

प. जीवे णं भंते ! णाणावरणिज्जं कम्मं बंधमाणे कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।
दं. १-२४ एवं णेरइए जाव वेमाणिए।

प. जीवा णं भंते ! णाणावरणिज्जं कम्मं बंधमाणा कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।

दं. १-२४ एवं णेरइया निरंतरं जाव वेमाणिया।

एवं दरिसणावरणिज्जं वेयणिज्जं मोहणिज्जं आउयं णामं गोयं अंतराइयं च कम्मपगडीओ भाणियव्वाओ।

एगत्त–पोहत्तिया सोलस दंडगा।
—पण्ण. प. २२, सु. १५८५-१५८७

प्र. भंते ! एक जीव ज्ञानावरणीय कर्म को बाँधता हुआ कितनी क्रियाओं वाला होता है ?

उ. गौतम ! (वह) कदाचित् तीन, चार और पाँच क्रियाओं वाला होता है।
दं. १-२४. इसी प्रकार एक नैरयिक से (एक) वैमानिक पर्यन्त आलापक कहना चाहिए।

प्र. भंते ! (अनेक) जीव ज्ञानावरणीय कर्म को बाँधते हुए कितनी क्रियाओं वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) कदाचित् तीन, चार और पाँच क्रियाओं वाले होते हैं।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त आलापक कहने चाहिए।
इसी प्रकार दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र और अन्तराय कर्मप्रकृतियों के बंधकों की क्रियाओं के आलापक कहने चाहिए।
एकत्व और पृथक्त्व की अपेक्षा कुल सोलह दण्डक होते हैं।

४५. वीयी-अवीयी-पंथेठियस्स संवुड अणगारस्स किरिया परूवणं–

४५. वीची-अवीची पथ (कषाय-अकषाय भाव) में स्थित संवृत अणगार की क्रिया का प्ररूपण–

प. संवुडस्स णं भंते ! अणगारस्स वीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स,
मग्गओ रूवाइं अवयक्खमाणस्स,
पासओ रूवाइं अवलोएमाणस्स,
उड्ढं रूवाइं आलोएमाणस्स,
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स–
तस्स णं भंते ! इरियावहिया किरिया कज्जइ ?
संपराइया किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! संवुडस्स णं अणगारस्स वीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स जाव
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स

प्र. भंते ! संवृत-अणगार कषाय भाव में स्थित होकर
सामने के रूपों को निहारते हुए,
पीछे के रूपों का प्रेक्षण करते हुए,
पार्श्ववर्ती रूपों का अवलोकन करते हुए,
ऊपर के रूपों को देखते हुए,
नीचे के रूपों को देखते हुए,
क्या उसे ईर्यापथिकी क्रिया लगती है,
या साम्परायिकी क्रिया लगती है ?

उ. गौतम ! संवृत अणगार कषाय भाव में स्थित होकर–
सामने के रूपों को निहारते हुए यावत्
नीचे के रूपों को देखते हुए

तस्स णं नो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"संवुडस्स णं अणगारस्स वीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स
तस्स णं नो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ ?"

उ. गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा वोच्छिन्ना भवंति,
तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ,
नो संपराइया किरिया कज्जइ,
जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा अवोच्छिन्ना भवंति,

तस्स णं संपराइया किरिया कज्जइ,
नो इरियावहिया किरिया कज्जइ,
अहासुत्तं रियं रीयमाणस्स इरियावहिया किरिया कज्जइ,

उस्सुत्तरीयमाणस्स संपराइया किरिया कज्जइ,

से णं उस्सुत्तमेव रीयइ।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"संवडुस्स णं अणगारस्स वीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स
तस्स णं नो इरियावहिया किरिया कज्जइ,
संपराइया किरिया कज्जइ।"

प. संवुडस्स णं भंते ! अणगारस्स अवीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स,
तस्स णं भंते ! किं इरियावहिया किरिया कज्जइ ?
संपराइया किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! संवुडस्स णं अणगारस्स अवीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स,
तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ,
नो संपराइया किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"संवुडस्स णं अणगारस्स अवीयीपंथे ठिच्चा–
पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**
अहे रूवाइं आलोएमाणस्स,
तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ,
नो संपराइया किरिया कज्जइ ?

उस को ईर्यापथिको क्रिया नहीं लगती, किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"संवृत अणगार कषायभाव में स्थित होकर
सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**
नीचे के रूपों को देखते हुए
उसको ईर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है, किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है ?"

उ. गौतम ! जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ नष्ट हो गये हैं।
उसी को ईर्यापथिकी क्रिया लगती है।
उसे साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।
किन्तु जिस जीव के क्रोध, मान, माया और लोभ नष्ट नहीं हुए हैं
उसको साम्परायिकी क्रिया लगती है।
ईर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है।
सूत्र के अनुसार प्रवृत्ति करने वाले को ईर्यापथिकी क्रिया लगती है।
सूत्र विरुद्ध प्रवृत्ति करने वाले को सांपरायिकी क्रिया लगती है।
क्योंकि वह सूत्र विरुद्ध आचरण करता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"संवृत अणगार कषाय भाव में स्थित होकर
सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**
नीचे के रूपों को देखते हुए
उसको ईर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है,
किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है।"

प्र. भंते ! संवृत अनगार अकषाय भाव में स्थित होकर–
सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**
नीचे के रूपों को देखते हुए,
भंते ! क्या उसे ईर्यापथिकी क्रिया लगती है ?
या साम्परायिकी क्रिया लगती है ?

उ. गौतम ! संवृत अनगार अकषाय भाव में स्थित होकर–
सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**
नीचे के रूपों को देखते हुए,
उसको ईर्यापथिकी क्रिया लगती है,
किन्तु साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"संवृत अनगार अकषाय भाव में स्थित होकर
सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**
नीचे के रूपों को देखते हुए
उसको ईर्यापथिकी क्रिया लगती है,
किन्तु साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती ?"

उ. गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा वोच्छिन्ना भवंति,

तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ,

नो संपराइया किरिया कज्जइ **जाव**

उस्सुत्तं रीयमाणस्स संपराइया किरिया कज्जइ।

से णं अहासुत्तमेवरीयइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

''संवुडस्स णं अणगारस्स अवीयीपंथे ठिच्चा पुरओ रूवाइं निज्झायमाणस्स **जाव**

अहे रूवाइं आलोएमाणस्स,

तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ, नो संपराइया किरिया कज्जइ।'' *–विया. स. १०, उ. २, सु. २-३*

४६. अणाउत्तं अणगारस्स किरिया परूवणं–

प. अणगारस्स णं भंते ! अणाउत्तं गच्छमाणस्स वा, चिट्ठमाणस्स वा, निसीयमाणस्स वा, तुयट्टमाणस्स वा, अणाउत्तं, वत्थं पडिग्गहं कंबलं पायपुंछणं गेण्हमाणस्स वा, निक्खिवमाणस्स वा,

तस्स णं भंते ! किं इरियावहिया किरिया कज्जइ? संपराइया किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! णो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

अणगारस्स णं अणाउत्तं गच्छमाणस्स वा **जाव** निक्खिवमाणस्स वा, नो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ।

उ. गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा वोच्छिन्ना भवंति तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ, नो संपराइया किरिया कज्जइ।

जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा अवोच्छिन्ना भवंति तस्स णं संपराइया किरिया कज्जइ, नो इरियावहिया किरिया कज्जइ।

अहासुत्तं रियं रीयमाणस्स इरियावहिया किरिया कज्जइ।

उस्सुत्तं रीयमाणस्स संपराइया किरिया कज्जइ,

से णं उस्सुत्तमेवरियाइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

''अणगारस्स णं अणाउत्तं गच्छमाणस्स वा **जाव** निक्खिवमाणस्स वा नो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ।'' *–विया. स. ७, उ. १, सु. १६*

उ. गौतम ! जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ नष्ट हो गये हों,

उसको ईर्यापथिकी क्रिया लगती है।

उसे साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है **यावत्**

सूत्र विरुद्ध प्रवृत्ति करने वाले को सांपरायिकी क्रिया लगती है

क्योंकि वह सूत्र विरुद्ध आचरण करता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

''संवृत अनगार अकषायभाव में स्थित होकर सामने के रूपों को निहारते हुए **यावत्**

नीचे के रूपों को देखते हुए

उसको ईर्यापथिकी क्रिया लगती है, किन्तु साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।''

४६. उपयोग रहित अनगार की क्रिया का प्ररूपण–

प्र. भंते ! उपयोगरहित गमन करते हुए, खड़े होते हुए, बैठते हुए या करवट बदलते हुए और इसी प्रकार बिना उपयोग के वस्त्र, पात्र, कम्बल और पादप्रोंछन ग्रहण करते हुए या रखते हुए अनगार को–

भंते ! ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है या साम्परायिकी क्रिया लगती है ?

उ. गौतम ! ऐसे अनगार को ऐर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

''उपयोगरहित अनगार को गमन करते हुए **यावत्** (उपकरण) रखते हुए ''ऐर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है ?''

उ. गौतम ! जिस जीव के क्रोध, मान, माया और लोभ व्युच्छिन्न (उपशांत) हो गए हैं, उसी को ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।

किन्तु जिस जीव के क्रोध, मान, माया और लोभ व्युच्छिन्न नहीं हुए हैं उसको साम्परायिकी क्रिया लगती है ऐर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है।

सूत्र के अनुसार प्रवृत्ति करने वाले अनगार को ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है।

उत्सूत्र प्रवृत्ति करने वाले अनगार को साम्परायिकी क्रिया लगती है।

क्योंकि पूर्वोक्त अनगार सूत्र विरुद्ध प्रवृत्ति करता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

''उपयोग रहित गमन करते हुए **यावत्** उपकरण रखते हुए अनगार को ऐर्यापथिकी क्रिया नहीं लगती है किन्तु साम्परायिकी क्रिया लगती है।''

४७. आउत्तं संवुड अणगारस्स किरिया परूवणं–

प. संवुडस्स णं भंते ! अणगारस्स आउत्तं गच्छमाणस्स **जाव** आउत्तं तुयट्टमाणस्स, आउत्तं वत्थं पडिग्गहं कंबलं पायपुंछणं गिण्हमाणस्स वा, निक्खिवमाणस्स वा, तस्स णं भंते ! किं इरियावहिया किरिया कज्जइ? संपराइया किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! संवुडस्स णं अणगारस्स आउत्तं गच्छमाणस्स **जाव** निक्खिवमाणस्स तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ, णो संपराइया किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"तस्स संवुडस्स णं अणगारस्स इरियावहिया किरिया कज्जइ, नो संपराइया किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा वोच्छिन्ना भवंति तस्स णं इरियावहिया किरिया कज्जइ,
तहेव **जाव** उस्सुत्तं रीयमाणस्स संपराइया किरिया कज्जइ, से णं अहासुत्तमेव रीयइ,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"तस्स संवुडस्स णं अणगारस्स इरियावहिया किरिया कज्जइ, नो संपराइया किरिया कज्जइ।"

–विया. स. ७, उ. ७, सु. १

४८. पच्चक्खाण किरियाया वित्थरओ परूवणं–

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं,
इह खलु पच्चक्खाण किरिया नामज्झयणे,
तस्स णं अयमट्ठे–आया अपच्चक्खाणी या वि भवइ,
आया अकिरियाकुसले या वि भवइ,

आया मिच्छासंठिए या वि भवइ,
आया एगंतदंडे या वि भवइ,

आया एगंतबाले या वि भवइ,
आया एगंतसुत्ते या वि भवइ,
आया अवियारमण-वयण-काय वक्के या वि भवइ,

आया अप्पडिहय पच्चक्खायपावकम्मे या वि भवइ,

एस खलु भगवया अक्खाए-असंजए-अविरए- अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते, से बाले अवियारमण-वयण-काय-वक्के सुविणम वि णं पस्सइ, पावे से कम्मे कज्जइ।

तत्थ चोयए पण्णवगं एवं वयासि–

४७. उपयोग सहित संवृत अनगार की क्रिया का प्ररूपण–

प्र. भंते ! उपयोग सहित चलते **यावत्** करवट बदलते तथा उपयोग सहित वस्त्र, पात्र, कम्बल, पादप्रोंछन आदि ग्रहण करते और रखते हुए संवृत अनगार को क्या ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है या साम्परायिकी क्रिया लगती है ?

उ. गौतम ! उपयोग सहित गमन करते हुए **यावत्** रखते हुए उस संवृत अनगार को ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है, किन्तु साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"उस संवृत अणगार को ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है, किन्तु साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है ?

उ. गौतम ! जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ व्युच्छिन्न हो गए हैं उसको ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है,
उसी प्रकार **यावत्** उत्सूत्र प्रवृत्ति करने वाले को साम्परायिकी क्रिया लगती है क्योंकि वह उत्सूत्र प्रवृत्ति करता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"उस संवृत अणगार को ऐर्यापथिकी क्रिया लगती है साम्परायिकी क्रिया नहीं लगती है।

४८. प्रत्याख्यान क्रिया का विस्तार से प्ररूपण–

हे आयुष्मन् ! उन भगवान् महावीर स्वामी ने ऐसा कहा, मैंने सुना।
इस निर्ग्रन्थ प्रवचन में प्रत्याख्यान क्रिया नामक अध्ययन है उसका यह आशय है–आत्मा (जीव) अप्रत्याख्यानी (सावधानी का त्याग न करने वाला) भी होता है, आत्मा अक्रियाकुशल (शुभक्रिया न करने में निपुण) भी होता है,
आत्मा मिथ्यात्व (के उदय) में संस्थित भी होता है,
आत्मा एकान्त रूप में (दूसरे प्राणियों को) दण्ड देने वाला भी होता है,
आत्मा एकान्तरूप से (सर्वथा बाल अज्ञानी) भी होता है,
आत्मा एकान्तरूप से सुषुप्त भी होता है,
आत्मा अपने मन, वचन, काया और वाक्य (की प्रवृत्ति) पर विचार करने वाला भी नहीं होता है।
आत्मा अपने पापकर्मों का प्रतिहत (घात) एवं प्रत्याख्यान करने वाला भी नहीं होता है।
इस जीव (आत्मा) को भगवान् ने असंयत (संयमहीन) अविरत हिंसा आदि से अनिवृत्त, पापकर्म का घात (नाश) और प्रत्याख्यान (त्याग) न किया हुआ, सक्रिय, असंवृत, प्राणियों को एकान्त (सर्वथा) दण्ड देने वाला, एकान्तबाल, एकान्तसुप्त कहा है और मन, वचन, काया तथा वाक्य (की प्रवृत्ति) के विचार से रहित वह अज्ञानी (हिंसा का) स्वप्न भी नहीं देखता है–(अव्यक्त चेतना वाला है) तो भी वह पापकर्म का बंध करता है।
इस पर प्रश्नकर्ता ने प्ररूपक से इस प्रकार पूछा–

असंतएणं मणेणं पावएणं, असंतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं, अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियारमण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणमवि अपस्सओ पावे कम्मे नो कज्जइ।

कस्स णं तं हेउं ?

चोयए एवं ब्रवीति–
अण्णयरेणं मणेणं पावएणं मणवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ,
अण्णयरीए वईए पावियाए वइवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ,
अण्णयरेणं काएणं पावएणं कायवत्तिए पावे कम्मे कज्जइ,
हणंतस्स समणक्खस्स सवियारमण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणमवि पासओ, एवं गुणजाईयस्स पावे कम्मे कज्जइ।

पुणरवि चोयए एवं ब्रवीति–
तत्थ णं जे ते एवमाहंसु–
असंतएणं मणेणं पावएणं असंतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियार-मण-वयण-काय वक्कस्स सुविणमवि अपस्सओ पावे कम्मे कज्जइ, जे ते एवमाहंसु, मिच्छा ते एवमाहंसु।

तत्थ पण्णवगे चोयगं एवं वयासी–

जं मए पुव्वुत्तं असंतएणं मणेणं पावएणं, असंतियाए वईए पावियाए, असंतएणं काएणं पावएणं, अहणंतस्स अमणक्खस्स अवियार-मण-वयण-काय-वक्कस्स सुविणम वि अपस्सओ पावे कम्मे कज्जइ तं सम्मं।

कस्स णं तं हेउं ?
आयरिय आह–'तत्थ खलु भगवया छज्जीवनिकाया हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–१. पुढविकाइया **जाव** ६. तसकाइया।

इच्चेएहिं छहिं जीवनिकाएहिं आया अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे निच्चं पसढविओवात चित्तदंडे, तं जहा–१. पाणाइवाए **जाव** ५ परिग्गहे, ६ कोहे **जाव** १८ मिच्छादंसणसल्ले,

आयरिय आह तत्थ खलु भगवया बहए दिट्ठंते पण्णत्ते,

से जहानामए वहए सिया गाहावइस्स वा, गाहावइपुत्तस्स वा, रण्णो वा, रायपुरिसस्स वा, खणं निदाए पविसिस्सामि खणं लद्धूणं वहिस्सामि पहारेमाणे,

पापयुक्त मन न होने पर, पापयुक्त वचन न होने पर तथा पापयुक्त काय न होने पर जो प्राणियों की हिंसा नहीं करता, जो अमनस्क है, जिसका मन, वचन, काय और वाक्य हिंसादि पापकर्म के विचार से रहित है, जो स्वप्न में भी पापकर्म करने की नहीं सोचता, ऐसे जीव के पापकर्म का बंध नहीं होता है।

(प्रश्नकर्ता से किसी ने पूछा) पापकर्म के बंध नहीं होने का क्या कारण है ?

उत्तर में प्रेरक (प्रश्नकर्ता) ने इस प्रकार कहा–
मन के पापयुक्त होने पर ही मानसिक पापकर्म किया जाता है,
पापयुक्त वचन होने पर ही वाचिक पापकर्म किया जाता है,
पापयुक्त शरीर होने पर ही कायिक पापकर्म किया जाता है,
जो प्राणी हिंसा करता है, हिंसायुक्त मनोव्यापार से युक्त है, जान बूझकर मन, वचन, काय और वाक्य का प्रयोग करता है और स्वप्न भी देखता है। इन विशेषताओं से युक्त जीव पापकर्म करता है।

प्रेरक (प्रश्नकर्ता) पुनः इस प्रकार कहता है–
इस विषय में जो यह कहते हैं–
मन भी पापयुक्त न हो, वचन भी पापयुक्त न हो, शरीर भी पापयुक्त न हो, किसी प्राणी का घात न करता हो, अमनस्क हो, मन, वचन, काय और वाक्य के द्वारा भी पाप प्रवृत्ति न करता हो और स्वप्न में भी (पाप) न देखता हो, तब भी (वह) पापकर्म करता है, तो वे मिथ्या कहते हैं।

इस पर प्रज्ञापक (उत्तरदाता) ने प्रेरक (प्रश्नकार) से इस प्रकार कहा–
जो मैंने पहले कहा था कि मन पाप युक्त न हो, वचन भी पापयुक्त न हो, काय भी पापयुक्त न हो, वह किसी प्राणी की हिंसा भी न करता हो, मनोविकल हो, मन, वचन, काय और वाक्य का समझ-बूझकर प्रयोग न करता हो और वैसा (पापकारी) स्वप्न भी न देखता हो तब भी ऐसा जीव पापकर्म करता है, यही सत्य है।

इस कथन का क्या हेतु है ?
आचार्य (प्रज्ञापक) ने कहा–इसके लिए भगवान् ने षड्जीव निकायों को कर्मबंध के कारण रूप में कहा है, यथा–१. पृथ्वीकाय **यावत्** ६. त्रसकाय।
इन छह जीव निकाय के जीवों की हिंसा से जघन्य पाप को जिस आत्मा ने तपश्चर्या आदि करके नष्ट नहीं किया, पापकर्म का प्रत्याख्यान नहीं किया और जो सदैव निष्ठुरतापूर्वक प्राणियों की घात में दत्तचित्त रहता है और उन्हें दण्ड देता है, यथा–१. प्राणातिपात **यावत्** ५. परिग्रह तथा ६. क्रोध **यावत्** १८. मिथ्यादर्शनशल्य (इन अठारह पापस्थानों से निवृत्त नहीं होता है वह पापकर्म का बंध करता है, वह सत्यहै।)

आचार्य (प्ररूपक) पुनः कहते हैं इस विषय में भगवान् ने एक बधक (हत्यारे) का दृष्टान्त दिया है–
जैसे कोई एक हत्यारा हो, वह गृहपति की अथवा गृहपति के पुत्र की अथवा राजा की या राजपुरुष की हत्या करना चाहता है और विचार करता है कि 'मैं अवसर पाकर घर में प्रवेश करूँगा तथा मौका मिलते ही उस पर प्रहार करके हत्या कर दूँगा'

से किं नु हु नाम से वहए तस्स वा गाहावइस्स, तस्स वा गाहावइपुत्तस्स, तस्स वा रण्णो, तस्स वा रायपुरिसस्स, खणं निदाए पविसिस्सामि, खणं लद्धूणं वहिस्सामित्ति पहारेमाणे दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए निच्चं पसढविओवातचित्तदंडे भवइ ?

वह हत्यारा उस गृहपति की, गृहपति पुत्र की अथवा राजा की या राजपुरुष की हत्या करने हेतु अवसर पाकर घर में प्रवेश करूँगा और अवसर पाते ही प्रहार करके हत्या कर दूँगा, इस प्रकार का संकल्प विकल्प करने वाला (वह बधक) दिन को या रात को, सोते या जागते प्रतिक्षण इसी उधेड़बुन में रहता है, वह उन सबका अमित्र (शत्रु) भूत है,उन सबसे मिथ्या (प्रतिकूल) व्यवहार करने में जुटा हुआ है, चित्तरूपी दण्ड में सदैव विविध प्रकार से निष्ठुरतापूर्वक घात का दुष्ट विचार रखता है, क्या ऐसा व्यक्ति उन पूर्वोक्त (व्यक्तियों) का हत्यारा कहा जा सकता है या नहीं ?

एवं वियागरेमाणे समियाए वियागरे ? चोयए हंता भवइ।

आचार्यश्री द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर प्रेरक (प्रश्नकर्ता) शिष्य समभाव के साथ कहता है–"हाँ पूज्यवर ! ऐसा पुरुष हत्यारा (हिंसक) ही है।"

आयरिय आह–जहा से वहए तस्स वा गाहावइस्स, तस्स वा गाहावइपुत्तस्स, तस्स वा रण्णो, तस्स वा रायपुरिसस्स खणं णिदाए पविसिस्सामि, खणं लद्धूणं वहिस्सामित्ति पहारेमाणे दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए निच्चं पसढविओवायचित्तदंडे,

आचार्य ने पुनः कहा–जैसे उस गृहपति या गृहपति के पुत्र को अथवा राजा या राजपुरुष को मारना चाहने वाला वह वधक पुरुष सोचता है कि अवसर पाकर इसके मकान (या नगर) में प्रवेश करूँगा और मौका मिलते ही प्रहार करके इस का वध कर दूँगा ऐसे दुर्विचार से वह दिन-रात सोते जागते हरदम घात लगाये रहता है, सदा उनका शत्रु (अमित्र) बना रहता है, मिथ्या (गलत) कुकृत्य करने के लिए तत्पर रहता है, विभिन्न प्रकार से उनके घात के लिए नित्य शठतापूर्वक हृदय में दुष्ट संकल्प विकल्प करता रहता है,

एवामेव बाले वि सव्वेसिं पाणाणं **जाव** सत्ताणं दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए निच्चं पसढविओवातचित्तदंडे, पाणाइवाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले।

इसी प्रकार (अप्रत्याख्यानी, बाल, अज्ञानी) जीव भी समस्त प्राणियों भूतों **यावत्** सत्वों का दिन-रात सोते-जागते सदा वैरी (अमित्र) बना रहता है, मिथ्याबुद्धि से ग्रस्त रहता है, उसको नित्य निरन्तर उन जीवों को शठतापूर्वक मारने के विचार उत्पन्न होते रहते हैं क्योंकि वह (अप्रत्याख्यानी बाल जीव) प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त अठारह ही पापस्थानों में ओतप्रोत रहता है।

एवं खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते या वि भवइ, से बाले अवियार-मण-वयण-काय-वक्के सुविणमवि ण पस्सइ, पावे य से कम्मे कज्जइ।

इसलिए भगवान् ने ऐसे जीव के लिए कहा है कि–वह असंयत, अविरत, पापकर्मों का (तप आदि से) नाश एवं प्रत्याख्यान न करने वाला, पाप क्रिया से युक्त संवररहित एकान्तरूप से प्राणियों को दण्ड देने वाला सर्वथा बाल (अज्ञानी) एवं सर्वथा सुप्त भी होता है। वह बाल अज्ञानी जीव मन, वचन, काय और वाक्य का विचारपूर्वक (पापकर्म में) प्रयोग न करता है, (पापकर्म करने का) स्वप्न भी न देखता हो तब भी वह (अप्रत्याख्यानी होने के कारण) पापकर्म का बंध करता है।

जहा से वहइ तस्स वा गाहावइस्स **जाव** तस्स वा रायपुरिसस्स पत्तेयं-पत्तेयं चित्त समादाए दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए णिच्चं पसढविओवातचित्तदंडे भवइ,

जैसे वध का विचार करने वाला घातक पुरुष उस गृहपति **यावत्** राजपुरुष की हत्या करने का दुर्विचार चित्त में लिए हुए रात-दिन सोते-जागते अमित्र होकर कुविचारों में डूबकर सदैव उनकी हत्या करने की धुन में रहता है।

एवामेव बाले सव्वेसिं पाणाणं **जाव** सव्वेसिं सत्ताणं पत्तेयं-पत्तेयं चित्तं समादए दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए **जाव** चित्तदंडे भवइ।

इसी प्रकार (अप्रत्याख्यानी भी) समस्त प्राणों **यावत्** सत्वों के प्रति हिंसा के भाव रखने वाला अज्ञानी जीव दिन-रात सोते-जागते सदैव उन प्राणियों का शत्रु और मिथ्या विचारों में स्थिर होकर **यावत्** मन में घात की बात सोचता रहता है।

णो इणट्ठे समट्ठे चोयगो।

प्रश्नकर्ता ने कहा–यह पूर्वोक्त बात मान्य नहीं हो सकती।

इह खलु बहवे पाणा जे इमेणं सरीरसमुस्सएणं णो दिट्ठा वा, नो सुया वा, नाभिमया वा, विण्णाया वा,

क्योंकि इस जगत् में बहुत से ऐसे प्राणी हैं जिनके शरीर को न कभी देखा है, न ही सुना है, वे प्राणी न अपने अभिमत (इष्ट) हैं और न वे ज्ञात हैं।

जेसिं णो पत्तेयं-पत्तेयं चित्त समादाए दिया वा राओ वा सुते वा जागरमाणे वा अमित्तभूए मिच्छासंठिए निच्चं पसढविओवातचित्तदंडे,
पाणाइवाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले।

इस कारण ऐसे प्राणियों में से प्रत्येक प्राणी के प्रति हिंसामय चित्त रखते हुए दिन-रात सोते-जागते उनका अमित्र (शत्रु) भाव बना रहना तथा उनके साथ मिथ्या व्यवहार करने में संलग्न रहना मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त के पापों में ऐसे प्राणियों का लिप्त रहना भी सम्भव नहीं है।

आयरिए आह तत्थ खलु भगवया दुवे दिट्ठंता पण्णत्ता, तं जहा–

१. सन्निदिट्ठंते य २. असण्णिदिट्ठंते य।

आचार्य ने उत्तर दिया इस विषय में भगवान् ने दो दृष्टान्त दिये हैं, यथा–

१. संज्ञीदृष्टान्त २. असंज्ञीदृष्टान्त।

प. १. से किं तं सण्णिदिट्ठंते ?

प्र. १. संज्ञी दृष्टान्त क्या है ?

उ. सण्णिदिट्ठंते जे इमे सण्णिपंचिंदिया पज्जत्तगा एएसि णं छज्जीवनिकाए पडुच्च, तं जहा–पुढविकायं **जाव** तसकायं, से एगइओ पुढविकाएणं किच्चं करेइ वि, कारवेइ वि, तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु अहं पुढविकाएणं किच्चं करेमि वि, कारवेमि वि, णो चेव णं से एवं भवइ इमेण वा-इमेण वा, से य तेणं पुढविकाएणं किच्चं करेइ वि, कारवेइ वि, से य ताओ पुढविकायाओ असंजय-अविरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे या वि भवइ।

उ. संज्ञी का दृष्टान्त इस प्रकार है–जो ये संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीव है, इनमें पृथ्वीकाय से त्रसकाय पर्यन्त षड्जीव निकाय के जीवों में यदि कोई पुरुष पृथ्वीकाय से ही अपना (आहारादि) कृत्य करता है या कराता है तो उसके मन में ऐसा विचार होता है कि–'मैं पृथ्वीकाय से अपना कार्य करता भी हूँ और कराता भी हूँ किन्तु उसे उस समय ऐसा विचार नहीं होता कि–इससे या इस (अमुक) पृथ्वी से ही कार्य करता हूँ या कराता हूँ इसलिए वह व्यक्ति पृथ्वीकाय का असंयमी, उससे अविरत तथा हिंसा का निरोधक और प्रत्याख्यान किया हुआ नहीं है।

एवं जाव तसकायाओ त्ति भाणियव्वं,
से एगइओ छहिं जीवनिकाएहिं किच्चं करेइ वि, कारवेइ वि, तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु छहिं जीवनिकाएहिं किच्चं करेमि वि, कारवेमि वि, णो चेव णं से एवं भवइ–इमेहिं वा,इमेहिं वा,से य तेहिं छहिं जीवनिकाएहिं किच्चं करेइ वि, कारवेइ वि, से य तेहिं छहिं जीवनिकाएहिं असंजय-अविरय-अपडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे पाणाइवाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले।

इसी प्रकार त्रसकाय तक के जीवों के विषय में कहना चाहिए।
यदि कोई व्यक्ति छह काय के जीवों से कार्य करता है और कराता भी है तो वह यही विचार करता है कि–मैं छह काय के जीवों से कार्य करता हूँ और कराता भी हूँ, उस व्यक्ति को ऐसा विचार नहीं होता कि वह इन या इन जीवों से ही कार्य करता है और कराता है (सबसे नहीं) क्योंकि वह सामान्य रूप से–उन छहों जीवनिकायों से कार्य करता है और कराता भी है। इस कारण वह प्राणी उन छहों जीवनिकायों के जीवों की हिंसा से असंयत अविरत और उनकी हिंसा आदि से जनित पापकर्मों का प्रतिघात और प्रत्याख्यान किया हुआ नहीं है। इस कारण वह प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य तक के सभी पापों का सेवन करता है।

एस खलु भगवया अक्खाए असंजए अविरए-अपडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे, सुविणमवि अपस्सओ पावे य कम्मे से कज्जइ, **से त्तं सण्णिदिट्ठंते।**

भगवान् ने ऐसे प्राणी को असंयत, अविरत, पापकर्मों का (तपआदि से) नाश तथा प्रत्याख्यान से निरोध न करने वाला कहा है, चाहे वह प्राणी स्वप्न भी न देखता हो तो भी वह पापकर्म का (बंध करता है)। **यह संज्ञी का दृष्टान्त है।**

प. से किं तं असण्णिदिट्ठंते ?

प्र. असंज्ञीदृष्टान्त क्या है ?

उ. असण्णिदिट्ठंते जे इमे असण्णिओ पाणा, पुढविकाइया **जाव** वणस्सइकाइया छट्ठा वेगइया तसा पाणा, जेसिं णो तक्का इ वा, सण्णा इ वा, पण्णा इ वा, मणे इ वा, वई इ वा, सयं वा करणाए, अण्णेहिं वा कारवेत्तए, करेंतं वा समणुजाणित्तए, ते वि णं बाला सव्वेसिं पाणाणं **जाव** सव्वेसिं सत्ताणं दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूया मिच्छासंठिया निच्चं पसढविओवात-चित्तदंडा, पाणाइवाए **जाव** मिच्छादंसणसल्ले।

उ. असंज्ञी का दृष्टान्त इस प्रकार है–पृथ्वीकायिक जीवों से वनस्पतिकायिक जीवों एवं छठे जो त्रस संज्ञक अमनस्क जीव हैं वे असंज्ञी हैं, जिनमें न तर्क है, न संज्ञा है, न प्रज्ञा (बुद्धि) है, न मन है, न वाणी है और जो न स्वयं कर सकते हैं, न ही दूसरों से करा सकते हैं और न करते हुए को अच्छा समझ सकते हैं, तथापि वे अज्ञानी प्राणी समस्त प्राणियों यावत् सत्वों के दिन-रात सोते या जागते हर समय शत्रुभूत होकर मिथ्या व्यवहार करने वाले होते हैं। उनके प्रति सदैव हिंसात्मक चित्तवृत्ति रखते हैं, इसी कारण वे प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त अठारह ही पापस्थानों में सदा लिप्त रहते हैं।

इच्चेवं जाणे, णो चेव मणो, णो चेव वई पाणाणं **जाव** सत्ताणं दुक्खणयाए सोयणयाए जूरणयाए तिप्पणयाए पिट्ठणयाए परितप्पणयाए ते दुक्खण-सोयण **जाव** परितप्पण-वह बंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति।

इस प्रकार यद्यपि असंज्ञी जीवों के मन नहीं होता और न ही वाणी होती है तथापि वे (अप्रत्याख्यानी होने से) समस्त प्राणियों **यावत्** सत्वों को दुःख देने, शोक उत्पन्न करने, विलाप कराने, रुलाने, पीड़ा देने, वध करने तथा परिताप देने, उन्हें एक साथ दुःख शोक **यावत्** संताप वध-बन्धन परिक्लेश आदि करने से विरत नहीं होते (अपितु पापकर्म में सदा रत रहते हैं) इस प्रकार वे प्राणी असंज्ञी होते हुए भी अहर्निश प्राणातिपात **यावत्** परिग्रह में तथा मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त के समस्त पापस्थानों में प्रवृत्त कहे जाते हैं, यह असंज्ञी का दृष्टान्त है।

इइ खलु ते असण्णिणो वि संता अहोनिसं पाणाइवाए उवक्खाइज्जंति **जाव** अहोनिसं परिग्गहे उवक्खाइज्जंति **जाव** मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति। **से त्त असण्णिदिट्ठंते।**

सभी योनियों के प्राणी निश्चितरूप से संज्ञी-असंज्ञी पर्याय में उत्पन्न हो जाते हैं तथा असंज्ञी होकर संज्ञी (पर्याय में उत्पन्न) हो जाते हैं।

सव्वजोणिया वि खलु सत्ता सण्णिणो होच्चा असण्णिणो होंति, असिण्णणो होच्चा सण्णिणो होंति,

होच्चा सण्णी अदुवा असण्णी, तत्थ से अविविचिया अविधूणिया असमुच्छिया अणणुताविया

वे संज्ञी या असंज्ञी होकर यहाँ पापकर्मों को अपने से अलग न करके (तप आदि से) उनकी निर्जरा न करके (प्रायश्चित्त आदि से) उनका उच्छेद न करके, उनकी आलोचना आदि न करके–

१. सण्णिकायाओ वा सण्णिकायं संकमंति,
२. सण्णिकायाओ वा असण्णिकायं संकमंति,
३. असण्णिकायाओ वा सण्णिकायं संकमंति,
४. असण्णिकायाओ वा असण्णिकायं संकमंति।

१. संज्ञी के शरीर से संज्ञी के शरीर में संक्रमण करते हैं,
२. संज्ञी के शरीर से असंज्ञी के शरीर में संक्रमण करते हैं,
३. असंज्ञी से संज्ञीकाय में संक्रमण करते हैं,
४. असंज्ञीकाय से असंज्ञीकाय में संक्रमण करते हैं।

जे एए सण्णी वा, असण्णी वा सव्वे ते मिच्छायारा निच्चं पसढविओवातचित्तदंडा, तं जहा–

जो ये संज्ञी या असंज्ञी प्राणी हैं, वे सब मिथ्याचारी हैं और सदैव शठतापूर्ण हिंसात्मक चित्तवृत्ति वाले हैं।

१. पाणाइवाए **जाव** १८ मिच्छादंसणसल्ले।

अतएव वे प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त अठारह ही पापस्थानों का सेवन करने वाले हैं।

एवं खलु भगवया अक्खाए असंजए-अविरए-अप्पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते,

इसी कारण से भगवान् ने इन्हें असंयत, अविरत, पापों का प्रतिघात (नाश) और प्रत्याख्यान न करने वाले अशुभक्रियायुक्त संवररहित, एकान्तहिंसक, एकान्तबाल (अज्ञानी) और एकान्त (भावनिद्रा) में सुप्त कहा है।

से बाले अवियार-मण-वयण-काय-वक्के, सुविणमवि अपासओ पावे य से कम्मे कज्जइ।

वह अज्ञानी (अप्रत्याख्यानी) जीव भले ही मन, वचन,काय और वाक्य का प्रयोग विचारपूर्वक न करता हो तथा (हिंसा का) स्वप्न भी न देखता हो, फिर भी पापकर्म (का बंध) करता है।

चोयग–से-किं-कुव्वं-किं-कारवं-कहं संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे भवइ ?

(इस स्पष्टीकरण को सुनकर प्रश्नकर्ता ने) जिज्ञासा बताई तब मनुष्य क्या करता हुआ, क्या कराता हुआ तथा कैसे संयत, विरत तथा पापकर्म का निरोधक और प्रत्याख्यान करने वाला होता है ?

आयरिय आह–तत्थ खलु भगवया छज्जीवणिकाया हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–

आचार्य ने कहा–इस विषय में भगवान् ने पृथ्वीकाय से त्रसकाय पर्यन्त षड्जीव निकायों को (संयत अनुष्ठान का) कारण बताया है।

१. पुढविकाइया **जाव** ६. तसकाइया,

से जहानामए मम अस्सायं दंडेण वा, अट्ठीण वा, मुट्ठीण वा, लेलूण वा, कवालेण वा, आतोडिज्जमाणस्स वा, हम्ममाणस्स वा, तज्जिज्जमाणस्स वा, ताडिज्जमाणस्स वा **जाव** उद्दविज्जमाणस्स वा **जाव** लोमुक्खणमायमवि विहिंसक्कारं दुक्खं भयं पडिसंवेदेमि, इच्चेवं जाण सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता दंडेण वा **जाव** कवालेण

जैसे कि मैं किसी व्यक्ति द्वारा डंडे से मारा जाऊँ, तर्जित किया जाऊँ, ताड़ित किया जाऊँ **यावत्** हड्डियों से, मुक्कों से, ढेले से या ठीकरे से पीड़ित किया जाऊँ **यावत्** मेरा एक रोम उखाड़ा जाए तो मैं हिंसाजनित दुःख भय और असाता का अनुभव करता हूँ इसी तरह ऐसा जानो कि समस्त पीड़ित प्राणी **यावत्** सभी सत्व भी डंडे **यावत्** ठीकरे से मारे जाने पर

वा, आलोडिज्जमाणा वा **जाव** उद्दविज्जमाणा वा **जाव** लोमुक्खमाणमायमवि विहिंसक्कारं दुक्खं भयं पडिसंवेदेंति,

एवं णच्चा सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता ण हंतव्वा **जाव** ण उद्दवेयव्वा, एस धम्मे धुवे णिइए सासए समेच्च लोगं खेत्तण्णेहिं पवेदिते।

एवं से भिक्खू विरए पाणाइवायाओ **जाव** मिच्छादंसणसल्लाओ।

से भिक्खू णो दंतपक्खालणेणं दंते पक्खालेज्जा, नो अंजणं, णो वमणं, णो धूवणित्तिं पि आइए।

से भिक्खू अकिरिए अलूसए अकोहे अमाणे अमाया अलोभे उवसंते परिनिव्वुडे।

एस खलु भगवया अक्खाए संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे अकिरिए संवुडे एगंतपंडिए या वि भवइ। *–सूय. सु. २, अ. ४, सु. ७४७-७५३*

यावत् पीड़ित किये जाने पर **यावत्** एक रोम उखाड़े जाने पर हिंसाजनित दुःख और भय का अनुभव करते हैं,

ऐसा जानकर समस्त प्राणियों **यावत्** सभी सत्वों को नहीं मारना चाहिए **यावत्** उन्हें पीड़ित नहीं करना चाहिए। यह (अहिंसा) धर्म ही ध्रुव है, नित्य है, शाश्वत है तथा लोक के स्वरूप को जानने वालों के द्वारा प्रतिपादित है।

यह जानकर साधु प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य इन अठारह ही पापस्थानों से विरत होता है।

यह साधु दांत साफ करने वाले काष्ठ आदि से दांत साफ न करे, नेत्रों में अंजन (काजल) न लगाए, औषधि लेकर वमन न करे और धूप के द्वारा अपने वस्त्रों या केशों को सुवासित न करे।

वह साधु सावद्यक्रियारहित, हिंसारहित, क्रोध, मान, माया और लोभ से रहित उपशान्त एवं पाप से निवृत्त होकर रहे।

ऐसे साधु को भगवान् ने संयत विरत एवं पापकर्म का निरोधक, प्रत्याख्यान करने वाला अक्रिय (सावद्य क्रिया से रहित) (संवृत) संवरयुक्त और एकान्तपंडित होता है, ऐसा कहा है।

४९. समण-णिग्गंथेसु किरिया परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! समणाणं णिग्गंथाणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, मंडियपुत्ता ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! समणाणं णिग्गंथाणं किरिया कज्जइ ?

उ. मंडियपुत्ता ! पमायपच्चया, जोगनिमित्तं च।

एवं खलु समणाणं णिग्गंथाणं किरिया कज्जइ।

–विया. स. ३, उ. ३, सु. ९-१०

४९. श्रमण निर्ग्रन्थों में क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या श्रमण निर्ग्रन्थ क्रिया करते हैं ?

उ. हां, मण्डितपुत्र ! क्रिया करते हैं।

प्र. भंते ! श्रमण निर्ग्रन्थ क्रिया कैसे करते हैं ?

उ. हे मण्डितपुत्र ! प्रमाद से और योगों के निमित्त से क्रिया करते हैं।

इस प्रकार निश्चय रूप में श्रमण निर्ग्रन्थ क्रिया करते हैं।

५०. एगसमए एगकिरिया परूवणं–

प. अण्णउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति–

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ, तं जहा–

१. सम्मत्तकिरियं च, २. मिच्छत्तकिरियं च,

१. जं समयं सम्मत्तकिरियं पकरेइ, तं समयं मिच्छत्तकिरियं पकरेइ,

२. जं समयं मिच्छत्तकिरियं पकरेइ, तं समयं सम्मत्तकिरियं पकरेइ,

सम्मत्तकिरियापकरणयाए मिच्छत्तकिरियं पकरेइ,

मिच्छत्तकिरियापकरणयाए सम्मत्तकिरियं पकरेइ,

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ, तं जहा–

१. सम्मत्तकिरियं च, २. मिच्छत्तकिरियं च।

५०. एक समय में एक क्रिया का प्ररूपण–

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं यावत् इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं कि–

"एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है, यथा–

१. सम्यक्त्व क्रिया और २. मिथ्यात्वक्रिया।

१. जिस समय सम्यक्त्वक्रिया करता है उसी समय मिथ्यात्वक्रिया भी करता है,

२. जिस समय मिथ्यात्वक्रिया करता है उसी समय सम्यक्त्वक्रिया भी करता है।

सम्यक्त्वक्रिया करते हुए मिथ्यात्वक्रिया करता है,

मिथ्यात्वक्रिया करते हुए सम्यक्त्व क्रिया करता है।

इस प्रकार एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है, यथा–

१. सम्यक्त्वक्रिया और २. मिथ्यात्वक्रिया।

से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जन्नं से अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति–

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ, **तहेव जाव** सम्मत्तकिरियं च, मिच्छत्तकिरियं च।

जे ते एवमाहंसु तं णं मिच्छा।

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि–

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं किरियं पकरेइ, तं जहा–

१. समत्तकिरियं वा, २. मिच्छत्तकिरियं वा।

१. **जं** समयं सम्मत्तकिरियं पकरेइ नो तं समयं मिच्छत्तकिरियं पकरेइ,

२. जं समयं मिच्छत्तकिरियं पकरेइ, नो तं समयं सम्मत्तकिरियं पकरेइ,

सम्मत्तकिरिया पकरणयाए, नो मिच्छत्तकिरियं पकरेइ,

मिच्छत्तकिरिया पकरणयाए, नो सम्मत्तकिरियं पकरेइ,

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं किरियं पकरेइ, तं जहा–

सम्मत्तकिरियं वा, मिच्छत्तकिरियं वा[1]।

–जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. १०४

प. अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति ?

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ तं जहा–

१. इरियावहियं च, २. संपराइयं च।

१. जं समयं इरियावहियं पकरेइ, तं समयं संपराइयं पकरेइ,

२. जं समयं संपराइयं पकरेइ, तं समयं इरियावहियं पकरेइ,

इरियावहियाए पकरणयाए संपराइयं पकरेइ,

संपराइयाए पकरणयाए इरियावहियं पकरेइ,

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ, तं जहा–

१. इरियावहियं च, २. संपराइयं च।

से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अण्णउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेइ, तं जहा–

१. इरियावहियं च, २. संपराइयं च।

जे ते एवमाहंसु तं णं मिच्छा।

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि–

भंते ! उनका यह कथन कैसा है ?

उ. गौतम ! जो अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं कि–

एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है उसी प्रकार **यावत्** सम्यक्त्वक्रिया और मिथ्यात्वक्रिया।

जो वे इस प्रकार कहते हैं वह मिथ्या है।

गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करता हूँ कि–

"एक जीव एक समय में एक क्रिया करता है, यथा–

१. सम्यक्त्वक्रिया या, २. मिथ्यात्वक्रिया।

१. जिस समय सम्यक्त्व क्रिया करता है उस समय मिथ्यात्वक्रिया नहीं करता।

२. जिस समय मिथ्यात्वक्रिया करता है उस समय सम्यक्त्व क्रिया नहीं करता।

सम्यक्त्वक्रिया करते हुए मिथ्यात्वक्रिया नहीं करता,

मिथ्यात्वक्रिया करते हुए सम्यक्त्वक्रिया नहीं करता।

इस प्रकार एक जीव एक समय में एक ही क्रिया करता है, यथा–

सम्यक्त्वक्रिया या मिथ्यात्वक्रिया।

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं कि–

एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है, यथा–

१. ईर्यापथिक और २. साम्परायिक।

१. जिस समय ईर्यापथिक क्रिया करता है, उसी समय साम्परायिक क्रिया भी करता है।

२. जिस समय साम्परायिक क्रिया करता है, उसी समय ईर्यापथिक क्रिया भी करता है।

ईर्यापथिक क्रिया करते हुए साम्परायिक क्रिया करता है।

साम्परायिक क्रिया करते हुए ईर्यापथिक क्रिया करता है।

इस प्रकार एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है, यथा–

१. ईर्यापथिक और २. साम्परायिक।

भंते ! उनका यह कथन कैसा है ?

उ. गौतम ! जो अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं कि–एक जीव एक समय में दो क्रियाएँ करता है, यथा–

१. ईर्यापथिक और २. साम्परायिक।

जो वे इस प्रकार कहते हैं वह मिथ्या है।

गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करता हूँ कि–

१. विया. स. ७, उ. ४, सु. १

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं किरियं पकरेइ, तं जहा–

१. इरियावहियं वा २. संपराइयं वा।

जं समयं इरियावहियं पकरेइ, नो तं समयं संपराइयं पकरेइ,

जं समयं सपंराइयं पकरेइ, नो तं समयं इरियावहियं पकरेइ।

इरियावहियाए पकरणयाए नो संपराइयं पकरेइ,

संपराइयाए पकरणयाए नो इरियावहियं पकरेइ,

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं किरियं पकरेइ, तं जहा–

१. इरियावहियं वा २. संपराइयं वा।

–विया. स. १, उ. १०, सु. २

"एक जीव एक समय में एक क्रिया करता है", यथा–

१. ईर्यापथिक या २. साम्परायिक।

जिस समय ईर्यापथिक क्रिया करता है उस समय साम्परायिक क्रिया नहीं करता,

जिस समय साम्परायिक क्रिया करता है उस समय ईर्यापथिक क्रिया नहीं करता।

ईर्यापथिक क्रिया करते हुए साम्परायिक क्रिया नहीं करता,

साम्परायिक क्रिया करते हुए ईर्यापथिक क्रिया नहीं करता,

इस प्रकार एक जीव एक समय में एक ही क्रिया करता है, यथा–

१. ईर्यापथिक या २. साम्परायिक।

५१. कज्जमाणी दुक्ख निमित्ता किरिया–

प. अण्णउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति,

"पुव्विं किरिया दुक्खा,

कज्जमाणी किरिया अदुक्खा,

किरिया समय विइक्कंतं च णं कडा किरिया दुक्खा,"

जा सा पुव्विं किरिया दुक्खा, कज्जमाणी किरिया अदुक्खा, किरियासमयविइक्कंतं च णं कडा किरिया दुक्खा, सा किं करणओ दुक्खा अकरणओ दुक्खा ?

अकरणओ णं सा दुक्खा, णो खलु सा करणओ दुक्खा, सेवं वत्तव्वं सिया।

अकिच्चं दुक्खं, अफुसं दुक्खं, अकज्जमाणकडं दुक्खं अकट्टु पाण-भूय-जीव-सत्ता वेयणं वेदेंतीति वत्तव्वं-सिया।

से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** वेयणं वेदेंतीति वत्तव्वं सिया।

जे ते एवमाहंसु ते मिच्छा।

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि–

'पुव्विं किरिया अदुक्खा,

कज्जमाणी किरिया दुक्खा,

किरियासमयविइक्कंतं च णं कज्जमाणी किरिया अदुक्खा।

जा सा पुव्विं किरिया अदुक्खा,

कज्जमाणी किरिया दुक्खा,

किरियासमयविइक्कंतं च णं कज्जमाणी किरिया अदुक्खा।

सा किं करणओ दुक्खा, अकरणओ दुक्खा ?

करणओ णं सा दुक्खा नो खलु सा अकरणओ दुक्खा-सेवं वत्तव्वं सिया।

किच्चं दुक्खं, फुसं दुक्खं, कज्जमाणकडं दुक्खं कट्टु पाण-भूय-जीव-सत्ता वेयणं वेदेंती ति वत्तव्वं सिया[1]।

–विया. स. १, उ. १०, सु. १

५१. क्रियमाण क्रिया दुःख का निमित्त–

प्र. भंते। अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते है **यावत्** प्ररुपणा करते हैं कि–"करने से पूर्व की गई क्रिया दुःखरूप है,

की जाती हुई क्रिया दुःखरूप नहीं है,

करने का समय बीत जाने के बाद की कृत क्रिया दुःखरूप है।"

वह जो पूर्व की क्रिया है, वह दुःख रूप है, की जाती हुई क्रिया दुःखरूप नहीं है और करने के बाद की कृत क्रिया दुःखरूप है, तो क्या वह करने से दुःखरूप है या न करने से दुःखरूप है ?

न करने से वह क्रिया दुःखरूप है और करने से दुःखरूप नहीं है ऐसा कहना चाहिए।

अकृत्य दुःख है, अस्पृष्य दुःख है और अक्रियमाणकृत दुःख है ऐसा न कहकर प्राण, भूत, जीव और सत्व वेदना भोगते हैं ऐसा कहना चाहिए।

तो भंते ! क्या अन्यतीर्थिकों का यह मत सत्य है ?

उ. गौतम ! जो वे अन्यतीर्थिक ऐसा कहते हैं **यावत्** (प्राणादि) वेदना वेदते हैं ऐसा कहना चाहिए।

जो ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं,

गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररुपणा करता हूँ कि–

"पूर्व की क्रिया दुःखमय नहीं है,

की जाती हुई क्रिया दुःखरूप है,

करने का समय बीत जाने के बाद की कृत क्रिया दुःखरूप नहीं है।

वह जो पूर्व की क्रिया है वह दुःखरूप नहीं है,

की जाती हुई क्रिया दुःखरूप है और

करने के बाद की कृत क्रिया दुःखरूप नहीं है।

वह करने से दुःखरूप है या नहीं करने से दुःखरूप है ?

वह करने से दुःखरूप है, नहीं करने से दुःखरूप नहीं है ऐसा कहना चाहिए।

कृत्य दुःख है, स्पृष्य दुःख है, क्रियमाण कृत दुःख है और (क्रियाएँ आदि) करके प्राण, भूत, जीव और सत्व वेदना भोगते हैं, ऐसा कहना चाहिए।

---

१. ठाणं अ. ३, उ. ३, सु. १७५

५२. किरिया वेयणासु पुव्वावरत्त परूवणं–

प. पुव्विं भंते ! किरिया पच्छा वेयणा ?
पुव्विं वेयणा पच्छा किरिया ?

उ. मंडियपुत्ता ! पुव्विं किरिया पच्छा वेयणा,
णो पुव्विं वेयणा पच्छा किरिया। *–विया. स. ३, उ. ३, सु. ८*

५३. जीव-चउवीसदंडएसु अट्ठारस पावट्ठाणेहिं पावकिरिया परूवणं–

प. १. अत्थि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाए णं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाए णं किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! छसु जीवणिकाएसु।

प. अत्थि णं भंते ! णेरइयाणं पाणाइवाए णं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! **एवं चेव।**
एव णिरंतरं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. २. अत्थि णं भंते ! जीवाणं मुसावाएणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं मुसावाएणं किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! सव्वदव्वेसु।
एवं णिरंतरं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ३. अत्थि णं भंते ! जीवाणं अदिण्णादाणेणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं अदिण्णादाणेणं किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! गहणधारणिज्जेसु दव्वेसु।

एवं णिरंतरं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ४. अत्थि णं भंते ! जीवाणं मेहुणेणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं मेहुणेणं किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! रूवेसु वा, रूवसहगेसु वा दव्वेसु।

एवं णिरंतरं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ५. अत्थि णं भंते ! जीवाणं परिग्गहेणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं परिग्गहेणं किरिया कज्जइ ?

उ. गोयमा ! सव्वदव्वेसु।

५२. क्रिया वेदना में पूर्वापरत्व का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या पहले क्रिया होती है और पीछे वेदना होती है ?
अथवा पहले वेदना होती है और पीछे क्रिया होती है ?

उ. मंडितपुत्र ! पहले क्रिया होती है और बाद में वेदना होती है
परन्तु पहले वेदना हो और पीछे क्रिया हो ऐसा संभव नहीं है।

५३. जीव-चौवीस दंडकों में अठारह पाप स्थानों द्वारा क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! क्या जीवों द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! किस विषय में जीवों द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है ?

उ. गौतम ! छह जीव निकायों के विषय में की जाती है।

प्र. भंते ! नारकों द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! **इसी प्रकार की जाती है।**
इसी प्रकार निरन्तर नैरयिकों वैमानिकों पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. २. भंते ! क्या जीवों द्वारा मृषावाद क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! किस विषय में जीवों द्वारा मृषावाद क्रिया की जाती है ?

उ. गौतम ! सर्वद्रव्यों के विषय में क्रिया की जाती है।
इसी प्रकार निरन्तर नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. ३. भंते ! क्या जीवों द्वारा अदत्तादान क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! किस विषय में जीवों द्वारा अदत्तादान क्रिया की जाती है ?

उ. गौतम ! ग्रहण करने और धारण करने योग्य द्रव्यों के विषय में यह क्रिया की जाती है।
इसी प्रकार निरन्तर नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. ४. भंते ! क्या जीवों द्वारा मैथुन क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! किस विषय में जीवों द्वारा मैथुन क्रिया की जाती है ?

उ. गौतम ! अनेक रूपों में या रूपसहगत द्रव्यों के विषय में यह क्रिया की जाती है।
इसी प्रकार निरन्तर नैरयिकों से वैमानिक पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. ५. भंते ! क्या जीवों द्वारा परिग्रह क्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! किस विषय में जीवों द्वारा परिग्रह क्रिया की जाती है ?

उ. गौतम ! समस्त द्रव्यों के विषय में (परिग्रह) क्रिया की जाती है।

एवं णेरइयाणं णिरंतर जाव वेमाणियाण।

एवं ६. कोहेणं, ७. माणेणं, ८. मायाए, ९. लोभेणं, १०. पेज्जेणं, ११. दोसेणं, १२. कलहेणं, १३. अब्भक्खाणेणं, १४. पेसुण्णेणं, १५. परपरिवाएणं, १६. अरइरईए, १७. मायामोसेणं, १८. मिच्छादंसण-सल्लेणं, सव्वेसु जीव णेरइयभेदेसु भाणियव्वं णिरंतरं जाव वेमाणियाणं ति। एवं अट्ठारस एए दंडगा।

–पण्ण. प. २२, सु. १५७४-१५८०

प. अत्थि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! पुट्ठा कज्जइ, नो अपुट्ठा कज्जइ **जाव** निव्वाघाएणं छद्दिसिं, वाघायं पडुच्च सिय तिदिसिं, *सिय चउदिसिं, सिय पंचदिसिं।*

प. सा भंते ! किं कडा कज्जइ, अकडा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! कडा कज्जइ, नो अकडा कज्जइ।

प. सा भंते ! किं अत्तकडा कज्जइ, परकडा कज्जइ, तदुभयकडा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! अत्तकडा कज्जइ, नो परकडा कज्जइ, नो तदुभयकडा कज्जइ।

प. सा भंते ! किं आणुपुव्वि कडा कज्जइ, अणाणुपुव्विं कडा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! आणुपुव्वि कडा कज्जइ, णो अणाणुपुव्विं कडा कज्जइ, जा य कडा, जा य कज्जइ, जा य कज्जिस्सइ, सव्वा सा आणुपुव्विकडा, नो अणाणुपुव्वि कडत्ति वत्तव्वयं सिया।

प. अत्थि णं भंते ! नेरइयाणं पाणाइवायकिरिया कज्जइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! **जाव** नियमा छद्दिसिं कज्जइ।

प. सा भंते ! किं कडा कज्जइ, अकडा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! कडा कज्जइ, नो अकडा कज्जइ **तं चेव जाव** नो अणाणुपुव्विं कडत्ति वत्तव्वं सिया।

जहा नेरइया तहा एगिंदियवज्जा भाणियव्वा जाव **वेमाणिया,**

इसी प्रकार निरन्तर नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कथन करना चाहिए।

इसी प्रकार ६. क्रोध से ७. मान से, ८. माया से, ९. लोभ से, १०. राग से, ११. द्वेष से, १२. कलह से, १३. अभ्याख्यान से, १४. पैशुन्य से, १५. परपरिवाद से, १६. अरति-रति से, १७. मायामृषा से एवं १८. मिथ्यादर्शनशल्य से समस्त जीवों तथा नारकों के भेदों में निरन्तर वैमानिक पर्यन्त आलापक कहने चाहिए।

इस प्रकार ये अठारह दंडक हुए।

प्र. भंते ! क्या जीवों द्वारा प्राणातिपातक्रिया की जाती है ?

उ. हाँ, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! क्या वह (प्राणातिपातक्रिया) स्पर्श करके की जाती है *या बिना स्पर्श किये जाती है ?*

उ. गौतम ! स्पर्श करके की जाती है स्पर्श किये बिना नहीं की जाती है (स्पर्श किये जाने पर) **यावत्** व्याघात न हो तो छहों *दिशाओं को और व्याघात हो तो कदाचित् तीन दिशाओं को, कदाचित् चार दिशाओं को और कदाचित् पाँच दिशाओं को स्पर्श करके (प्राणातिपात क्रिया) की जाती है ?*

प्र. भंते ! क्या वह (प्राणातिपात) कृत (क्रिया करके) की जाती है या अकृत (बिना क्रिया किये) की जाती है ?

उ. गौतम ! प्राणातिपात क्रिया कृत (क्रिया करके) की जाती है अकृत (बिना क्रिया किये) नहीं की जाती है।

प्र. भंते ! क्या वह प्राणातिपात क्रिया स्वयं द्वारा की जाती है, पर द्वारा की जाती है या उभय द्वारा की जाती है ?

उ. गौतम ! वह क्रिया स्वयं द्वारा की जाती है, न अन्य द्वारा की जाती है और न उभय द्वारा की जाती है।

प्र. भंते ! क्या वह (प्राणातिपात क्रिया) अनुक्रम से की जाती है या बिना अनुक्रम से की जाती है ?

उ. गौतम ! वह क्रिया अनुक्रम से की जाती है, बिना अनुक्रम के नहीं की जाती है। जो क्रिया की गई है, जो क्रिया की जा रही है और जो क्रिया की जाएगी वह सब अनुक्रम से की गई है, किन्तु बिना क्रम के नहीं की गई है ऐसा कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या नैरयिकों द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है ?

उ. हां, गौतम ! की जाती है।

प्र. भंते ! जो क्रिया की जाती है वह (नैरयिकों द्वारा) क्या स्पर्श करके की जाती है या बिना स्पर्श किये की जाती है ?

उ. गौतम ! वह क्रिया **यावत्** नियम से छहों दिशाओं को स्पर्श करके की जाती है।

प्र. भंते ! जो क्रिया की जाती है क्या वह (नैरयिकों द्वारा) क्रिया करके की जाती है या बिना क्रिया किये की जाती है ?

उ. गौतम ! वह क्रिया करके की जाती है बिना क्रिया किये नहीं की जाती है उसी प्रकार (पूर्ववत्) बिना क्रम के नहीं की जाती है–पर्यन्त कहना चाहिए।

एकेन्द्रिय को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त नैरयिकों के समान कहना चाहिए।

एगिंदिया जहा जीवा तहा भाणियव्वा,
जहा पाणाइवाए तहा जाव **मिच्छादंसणल्ले। एवं एए**
अट्ठारस पावट्ठाणे चउ वीसं दंडगा भाणियव्वा।
–विया. स. १, उ. ६, सु. ७-११

५४. जीव-चउवीसदंडएसु पावकिरिया विरमण परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवायवेरमणे कज्जइ ?
उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवायवेरमणे कज्जइ ?

उ. गोयमा ! छसु जीवणिकाएसु।

प. दं. १. अत्थि णं णेरइयाणं पाणाइवायवेरमणे कज्जइ ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
दं. २-२४ एवं जाव **वेमाणियाणं।**
णवरं-मणूसाणं जहा जीवाणं।

एवं मुसावाएणं जाव **मायामोसेणं जीवस्स य मणूसस्स य,**

सेसाणं णो इणट्ठे समट्ठे।
णवरं–अदिण्णादाणे गहण-धारणिज्जेसु दव्वेसु,

मेहुणे रूवेसु वा, रूवसहगएसु वा दव्वेसु,

सेसाणं सव्वदव्वेसु।
प. अत्थि णं भंते ! जीवाणं मिच्छादंसणसल्लवेरमणे कज्जइ ?
उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
प. कम्हि णं भंते ! जीवाणं मिच्छादंसणसल्लवेरमणे कज्जइ ?

उ. गोयमा ! सव्वदव्वेसु।
एवं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

णवरं–एगिंदिय-विगलिंदियाणं णो इणट्ठे समट्ठे।
–पण्ण. प. २२, सु. १६३७-१६४१

५५. किरिया ठाणस्स दुविहा पक्खा–

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं–
इह खलु किरियाठाणे णामऽज्झयणे तस्स णं अयमट्ठे–
इह खलु संजूहेणं दुवे ठाणा एवमाहिज्जंति, तं जहा–
१. धम्मे चेव, २. अधम्मे चेव,
१. उवसंते चेव, २. अणुवसंते चेव।
–सूय. सु. २, अ. २, सु. ६९४

एकेन्द्रियों के विषय में सामान्य जीवों के समान कहना चाहिए।
प्राणातिपात क्रिया के समान मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त इन अठारह पापस्थानों के विषय में चौबीस दण्डक कहने चाहिए।

५४. सामान्य जीव और चौबीस दण्डकों में पाप क्रियाओं का विरमण प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या जीवों द्वारा प्राणातिपात विरमण किया जाता है ?
उ. हाँ, गौतम ! किया जाता है।
प्र. भंते ! किस विषय में जीवों का प्राणातिपात विमरण किया जाता है ?
उ. गौतम ! छह जीव निकायों के विषय में (प्राणातिपात विरमण) किया जाता है।
प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिकों द्वारा प्राणातिपात विरमण किया जाता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।
विशेष:–मनुष्यों में (प्राणातिपात विरमण) सामान्य जीवों के समान कहना चाहिए।
इसी प्रकार मृषावाद से मायामृषावाद पर्यन्त सामान्य जीव और मनुष्य का विरमण कहना चाहिए।
शेष दण्डकों में (प्राणातिपात विरमण) नहीं किया जाता।
विशेष:–अदत्तादान विरमण ग्रहण और धारण करने योग्य द्रव्यों के विषय में होता है।
मैथुन-विरमण अनेक रूपों में या रूपसहगत द्रव्यों के विषय में होता है।
शेष पापस्थानों से विरमण सर्वद्रव्यों में होता है।
प्र. भंते ! क्या जीवों द्वारा मिथ्यादर्शनशल्य से विरमण किया जाता है ?
उ. हाँ, गौतम ! किया जाता है।
प्र. भंते ! किस विषय में जीवों का मिथ्यादर्शनशल्य से विरमण किया जाता है ?
उ. गौतम ! सर्वद्रव्यों के विषय में होता है।
इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिक पर्यन्त (मिथ्यादर्शनशल्य से विरमण) का कथन करना चाहिए।
विशेष:–एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियों में यह नहीं होता है।

५५. क्रिया स्थान के दो पक्ष–

हे आयुष्मन् ! मैंने सुना उन भगवान् ने इस प्रकार कहा कि–
यहाँ "क्रिया स्थान" नामक अध्ययन है उसका अर्थ यह है–
इस लोक में संक्षेप में दो स्थान इस प्रकार कहे जाते हैं, यथा–
१. धर्म स्थान २. अधर्म स्थान,
अथवा–१. उपशान्त स्थान २. अनुपशान्त स्थान।

५६. तेरस किरियाठाणणामाणि

तत्थ णं जे से पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे तस्स णं अयमट्ठे–

इह खलु पाईणं वा **जाव** दाहिणं वा संतेगइया मणुस्सा भवंति, तं जहा–

आरिया वेगे, अणारिया वेगे,

उच्चागोया वेगे, णीयागोया वेगे,

कायमंता वेगे, हस्समंतावेगे,

सुवण्णा वेगे, दुवण्णा वेगे,

सुरूवा वेगे, दुरूवा वेगे।

तेसिं च णं इमं एयारूवं दंड समायाणं संपेहाए, तं जहा–

णेरइएसु, तिरिक्खजोणिएसु, माणुसेसु, देवेसु,

जे यावन्ने तहप्पगारा पाणा विण्णू वेयणं वेदेंति

तेसिं पि य णं इमाइं तेरस किरियाठाणाइं भवंतीति मक्खायाइं, तं जहा–

१. अट्ठादंडे, २. अणट्ठादंडे, ३. हिंसादंडे, ४. अकम्हादंडे, ५. दिट्ठिविपरियासियादंडे, ६. मोसवत्तिए, ७. अदिन्नादाणवत्तिए, ८. अज्झत्थिए, ९. माणवत्तिए, १०. मित्तदोसवत्तिए, ११. मायावत्तिए, १२. लोभवत्तिए, १३. इरियावहिए[1]। –सूय. सु. २, अ. २, सु. ६९४

५६. तेरह क्रिया स्थानों के नाम–

इन दो स्थानों में से प्रथम स्थान अधर्मपक्ष का जो विकल्प है उसका यह अर्थ है कि–

"इस लोक में पूर्व यावत् दक्षिण दिशा में कुछ मनुष्य होते हैं, यथा–

कई आर्य होते हैं और कई अनार्य होते हैं।

कई उच्चगोत्रीय होते हैं और कई नीचगोत्रीय होते हैं।

कई लम्बे कद के होते हैं और कई छोटे कद के होते हैं।

कई सुन्दर वर्ण के होते हैं और कई बुरे वर्ण के होते हैं।

कई सुरूप होते हैं और कई कुरूप होते हैं।

उन आर्य आदि मनुष्यों में इस प्रकार का दण्ड समादान (हिंसात्मक आचरण) देखा जाता है, यथा–

नारकों में, तिर्यञ्चयोनिकों में, मनुष्यों में और देवों में,

जो इसी प्रकार के समझदार प्राणी हैं, वे सुख-दुख का वेदन करते हैं,

उनमें ये तेरह प्रकार के क्रिया स्थान हैं, वे इस प्रकार कहे गये हैं, यथा–

(१) अर्थदण्ड (सप्रयोजन हिंसा) (२) अनर्थदण्ड (निष्प्रयोजन हिंसा) (३) हिंसादण्ड (हिंसा के प्रति हिंसा) (४) अकस्मात् दण्ड (अकस्मात् की जाने वाली हिंसा) (५) दृष्टि विपर्यासदण्ड (मतिभ्रम से होने वाली हिंसा) (६) मृषाप्रत्ययिक (झूठ से होने वाली क्रिया) (७) अदत्तादानप्रत्ययिक (चोरी से होने वाली क्रिया) (८) अध्यात्मप्रत्ययिक (दुश्चिन्तन से होने वाली क्रिया) (९) मान प्रत्ययिक (अभिमान से होने वाली क्रिया) (१०) मित्रद्वेषप्रत्ययिक (मित्र से द्वेष होने पर होने वाली क्रिया) (११) माया प्रत्ययिक, (माया से होने वाली क्रिया) (१२) लोभ-प्रत्ययिक (लोभ से होने वाली क्रिया) (१३) ईर्यापथिक (केवल गमनागमन के निमित्त से होने वाली क्रिया)।

५७. अधम्मपक्खस्स किरियाठाणाण सरूव परूवणं–

१–पढमे दंडसमादाणे अट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

से जहाणामए केइ पुरिसे–

आयहेउं वा, णाइहेउं वा, अगारहेउं वा, परिवारहेउं वा, मित्तहेउं वा, णागहेउं वा, भूतहेउं वा, जक्खहेउं वा,

तं दंडं तस-थावरेहिं पाणेहिं सयमेव णिसिरइ,

अण्णेण वि णिसिरावेइ,

अण्णं पि णिसिरंतं समणुजाणइ,

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं "सावज्जे" ति आहिज्जइ,

पढमे दंडसमादाणे अट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिए।

२–अहावरे दोच्चे दंडसमादाणे अणट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

(१) से जहाणामए केइ पुरिसे जे इमे तसा पाणा भवंति ,

५७. अधर्म पक्ष के क्रिया स्थानों के स्वरूप का प्ररूपण–

१–पहला दण्ड समादान अर्थदण्ड प्रत्ययिक कहा जाता है–

जैसे कोई पुरुष–

अपने लिए, जाति के लिए, घर के लिए, परिवार के लिए, मित्र के लिए अथवा नाग, भूत और यक्ष के लिए,

त्रस और स्थावर जीवों को स्वयं दण्ड देता है।

दूसरों से दण्ड दिलवाता है,

दण्ड देते हुए का अनुमोदन करता है।

उस पुरुष को उस दण्ड के निमित्त से सावद्य क्रिया लगती है।

यह पहला अर्थदण्ड प्रत्ययिक दण्डसमादान कहा गया है।

२–अब दूसरा अनर्थदण्ड प्रत्ययिक दण्डसमादान कहा जाता है–

(१) जैसे कोई पुरुष जो ये त्रसप्राणी हैं

१. (क) सम. सम. १३, सु. १५-२४ (ख) आ. अ. ४, सु. २६

ते णो अच्चाए, णो अजिणाए, णो मंसाए, णो सोणियाए, एवं हिययाए, पित्ताए, वसाए, पिच्छाए, पुच्छाए, बालाए, सिंगाए, विसाणाए, दंताए, दाढाए, णहाए, ण्हारुणीए, अट्ठीए अट्ठिमिंजाए,

णो हिंसिंसु मे त्ति, णो हिंसंति मे त्ति, णो हिंसिस्संति मे त्ति,

णो पुत्तपोसणयाए, णो पसुपोसणयाए, णो अगारपरिवूहणयाए,
णो समणमाहणवत्तिणाहेउं,
णो तस्स सरीरगस्स किंचि विपरियाइत्ता भवइ,

से हंता, छेत्ता, भेत्ता, लुंपइत्ता, विलुंपइत्ता, उद्दवइत्ता उज्झिउं, बाले वेरस्स आभागी भवइ, अणट्ठादंडे।

(२) से जहाणामए केइ पुरिसे–
जे इमे थावरा पाणा भवंति, तं जहा–
इक्कडा इ वा, कडिणा इ वा, जंतुगा इ वा, परगा इ वा,
मोरका इ वा, तणा इ वा, कुसा इ वा, कुच्चका इ वा, पव्वगा इ वा, पलालए इ वा, ते णो पुत्तपोसणयाए, णो पसुपोसणयाए,
णो अगारपोसणयाए, णो समणमाहणपोसणयाए,
णो तस्स सरीरगस्स किंचि विपरियाइत्ता भवइ,
से हंता, छेत्ता, भेत्ता, लुंपइत्ता, विलुंपइत्ता, उद्दवइत्ता, उज्झिउं बाले वेरस्स आभागी भवइ अणट्ठादंडे।

(३) से जहाणामए केइ पुरिसे–
कच्छंसि वा, दहंसि वा, दगंसि वा, दवियंसि वा, वलयंसि वा, णूमंसि वा, गहणंसि वा, गहणविदुग्गंसि वा, वणंसि वा, वणविदुग्गंसि वा, पव्वयंसि वा, पव्वयविदुग्गंसि वा, तणाइं ऊसविय ऊसविय,
सयमेव अगणिकायं णिसिरइ,
अण्णेण वि अगणिकायं णिसिरावेइ,
अण्णं पि अगणिकायं णिसिरंतं समणुजाणइ, अणट्ठादंडे।
एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।
दोच्चे दंडसमादाणे अणट्ठादंडवत्तिए त्ति आहिए।

३–अहावरे तच्चे दंडसमादाणे हिंसादंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

से जहाणामए केइ पुरिसे–
ममं वा, ममियं वा, अन्नं वा, अन्नियं वा, हिंसिंसु वा, हिंसइ वा, हिंसिस्सइ वा,
तं दंडं तस–थावरेहिं पाणेहिं सयमेव णिसिरइ,
अण्णेण वि णिसिरावेइ,
अन्नं पि णिसिरंतं समणुजाणइ, हिंसादंडे।

उनको वह अपने शरीर की रक्षा के लिए, चमड़े के लिए, माँस के लिए, रक्त के लिए,इसी प्रकार, हृदय के लिए, पित्त के लिए, चर्बी के लिए, पंख के लिए, पूँछ के लिए, बाल के लिए, सींग के लिए, विषाण के लिए, दाँत के लिए, दाढ के लिए, नख के लिए, आँतों के लिए, हड्डी के लिए और हड्डी की मज्जा के लिए नहीं मारता है।

इसने मुझे मारा है, मार रहा है या मारेगा, इसलिए भी नहीं मारता है।

पुत्रपोषण के लिए, पशुपोषण के लिए तथा अपने घर को सजाने के लिए भी नहीं मारता है।

श्रमण और ब्राह्मण के जीवन निर्वाह के लिए,

एवं उन के शरीर पर कुछ भी विपत्ति आये उससे बचाने के लिए भी नहीं मारता।

(किन्तु बिना प्रयोजन ही) वह अज्ञानी उनके प्राणों का हनन, अंगों का छेदन, भेदन, लुंपन, विलुंपन, प्राण हरण करके व्यर्थ ही वैर का भागी होता है।

(२) जैसे कोई पुरुष–

जो ये स्थावर प्राणी हैं, यथा–

इक्कड़, ढिण, जन्तुक, परक, मोरक, तृण, कुश, कुच्छक, पर्वक और पलाल उन वनस्पतियों को पुत्र पोषण के लिए, पशु पोषण के लिए तथा अपने घर को सजाने के लिए, श्रमण एवं ब्राह्मण के जीवन निर्वाह के लिए एवं उनके शरीर पर आई हुई विपत्ति से बचाने के लिए भी नहीं मारता है,

किन्तु बिना प्रयोजन ही वह अज्ञानी उन स्थावर प्राणियों का हनन, छेदन, भेदन लुंपन विलुंपन प्राण हरण करके व्यर्थ में वैर का भागी होता है।

(३) जैसे कोई पुरुष–

कच्छ में, द्रह में, जलाशय में तथा नदीं आदि द्वारा घिरे हुए स्थान में, अन्धकारपूर्ण स्थान में, किसी गहन स्थान में, किसी दुर्गम गहन स्थान में, वन में या घोर वन में, पर्वत पर या पर्वत के किसी दुर्गम स्थान में, तृण या घास को फैला-फैला कर

स्वयं उसमें आग लगाता है, दूसरों से आग लगवाता है,

आग लगाने वाले का अनुमोदन करता है,

वह पुरुष निष्प्रयोजन प्राणियों को दण्ड देता है।

इस प्रकार उस पुरुष को व्यर्थ ही प्राणियों की घात के कारण सावद्य कर्म का बन्ध होता है, यह दूसरा अनर्थ दण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

३–अब तीसरा हिंसादण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

जैसे किसी पुरुष ने–

मुझको या मेरे सम्बन्धी को तथा दूसरे को या दूसरे के सम्बन्धी को मारा था, मार रहा है या मारेगा.

ऐसा सोचकर कोई स्वयं त्रस एवं स्थावर प्राणियों को दंड देता है,

दूसरे से दण्ड दिलाता है

दण्ड देने वाले का अनुमोदन करता है. ऐसा व्यक्ति प्राणियों को (हिंसा रूप) दण्ड देता है।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जं त्ति आहिज्जइ।

तच्चे दंड समादाणे हिंसादंड वत्तिए त्ति आहिए।

४–अहावरे चउत्थे दंडसमादाणे अकम्हा दंडवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

(१) से जहाणामए केइ पुरिसे–

कच्छंसि वा **जाव** वणविदुग्गंसि वा, मियवित्तिए, मियसंकप्पे, मियपणिहाणे, मियवहाए गंता,

एए "मिय त्ति" काउं अन्नयरस्स मियस्स वहाए उसुं आयामेत्ता णं णिसिरेज्जा, से मियं वहिस्सामि त्ति कट्टु तित्तिरं वा, वट्टगं वा, चडगं वा, लावगं वा, कवोतगं वा, कविं वा, कविंजलं वा विंधित्ता भवइ।

इइ खलु से अण्णस्स अट्ठाए अण्णं फुसइ अकम्हादंडे।

(२) से जहाणामए केइ पुरिसे–

सालीणि वा, वीहिणि वा, कोद्दवाणि वा,

कंगूणि वा, परगाणि वा, रालाणि वा, णिलिज्जमाणे,

अन्नयरस्स तणस्स वहाए सत्थं णिसिरेज्जा,

से सामगं, तणगं, कुमुदगं विहिऊसियं कालेसुयं तणं छिंदिस्सामि त्ति कट्टु, सालिं वा, वीहिं वा, कोद्दवं वा, कंगुं वा, परगं वा, रालयं वा छिंदित्ता भवइ।

इइ खलु से अन्नस्स अट्ठाए अन्नं फुसइ, अकम्हा दंडे।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

चउत्थे दंडसमादाणे अकम्हा दंडवत्तिए त्ति आहिए।

५–अहावरे पंचमे दंडसमादाणे दिट्ठिविप्परियासियादंडे त्ति आहिज्जइ,

(१) से जहाणामए केइ पुरिसे–

माईहिं वा, पिईहिं वा, भाईहिं वा, भगिणीहिं वा, भज्जाहिं वा, पुत्तेहिं वा, धूयाहिं वा, सुण्हाहिं वा सद्धिं संवसमाणे मित्तं अमित्तमिति मन्नमाणे मित्ते हयपुव्वे भवइ, दिट्ठी विप्परियासियादंडे।

(२) से जहाणामए केइ पुरिसे–

गामघायंसि वा, णगरघायंसि वा, खेडघायंसि वा,

कब्बडघायंसि वा, मडंबघायंसि वा, दोणमुहघायंसि वा,

पट्टणघायंसि वा, आसमघायंसि वा, सन्निवेसघायंसि वा,

निगमघायंसि वा, रायहाणिघायंसि वा अतेणं तेणमिति मन्नमाणे अतेणे हयपुव्वे भवइ, दिट्ठीविपरियासियादंडे।

इस प्रकार प्राणियों की घात के कारण उस पुरुष को सावद्यकर्म का बन्ध होता है।

यह तीसरा हिंसा दण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

४–अब चौथा अकस्मात् दण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

(१) जैसे कोई पुरुष–

कच्छ में **यावत्** किसी घोर वन में जाकर मृग को मारने की प्रवृत्ति करता है, मृग को मारने का संकल्प करता है, मृग का ही ध्यान रखता है और मृग का वध करने के लिए जाता है,

"यह मृग है" यों जान कर किसी एक मृग को मारने के लिए वह अपने धनुष पर बाण को खींच कर चलाता है और "उस मृग को मारूंगा" ऐसा सोचकर बाण फेंकता है किन्तु उससे तीतर, बतक, चिड़िया, लावक, कबूतर, बन्दर या कपिंजल पक्षी को बींध डालता है,

इस प्रकार वह दूसरे को मारने के लिए बाण फैंकता है किन्तु अन्य का घात हो जाता है, यह अकस्मात् दण्ड है।

(२) जैसे कोई पुरुष–

शालि (चांवल,) व्रीहि (गेहूँ) कोद्रव,

कंगू, परक और राल नामक धान्यों के पौधों को साफ करता हुआ किसी तृण (घास) को काटने के लिए शस्त्र निकाले और यह सोचे कि–

"मैं श्यामक तृण कुमुद और व्रीही पर छाये हुए कलेसुक (समरूप) तृण को काटूंगा" किन्तु शाली, व्रीहि, कोद्रव, कंगू, परक और राल के पौधों का छेदन कर देता है।

इस प्रकार वह जिसको लक्ष्य रखकर शस्त्र प्रयोग करता है किन्तु अन्य को काट डालता है वह अकस्मात् दण्ड है।

इस प्रकार उस पुरुष को सहसा ही उन प्राणियों के घात के कारण सावद्यकर्म का बन्ध होता है।

यह चतुर्थ अकस्मात् दण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

५–अब पांचवां दृष्टि विपर्यास दण्ड प्रत्ययिक दण्डसमादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है

(१) जैसे कोई पुरुष–

अपने माता, पिता, भाई, बहन, स्त्री, पुत्र, पुत्री या पुत्रवधु के साथ मित्र को शत्रु समझ कर मार देता है तो दृष्टि विपर्यास दण्ड (दृष्टि भ्रम वश) कहलाता है।

(२) जैसे कोई पुरुष–

ग्राम, नगर, खेड, कब्बड, मडंब, द्रोणमुख, पत्तन, आश्रम, सन्निवेश, निगम या राजधानी पर घात के समय किसी चोर से भिन्न अचोर को चोर समझ कर मार डाले तो वह दृष्टि विपर्यास दण्ड कहलाता है।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

पंचमे दंड समादाणे दिट्ठीविप्परियासियादंडे त्ति आहिए।

६–अहावरे छट्ठे किरियाठाणे मोसवत्तिए त्ति आहिज्जइ।

से जहाणामए केइ पुरिसे–
आयहेउं वा, नायहेउं वा, अगारहेउं वा, परिवारहेउं वा,
सयमेव मुसं वयइ,
अण्णेण वि मुसं वयावेइ,
मुसं वयंतं पि अण्णं समणुजाणइ।
एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

छट्ठे किरियाठाणे मोसवत्तिए त्ति आहिए।

७–अहावरे सत्तमे किरियाठाणे अदिण्णादाणवत्तिए त्ति आहिज्जइ।
से जहाणामे केइ पुरिसे–
आयहेउं वा, नायहेउं वा, अगार हेउं वा, परिवारहेउं वा
सयमेव अदिण्णं आदियइ,
अण्णेण वि अदिण्णं आदियावेइ
अदिण्णं आदियंतं वि अण्णं समणुजाणइ।
एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

सत्तमे किरियाठाणे अदिण्णादाणवत्तिए त्ति आहिए।

८–अहावरे अट्ठमे किरियाठाणे अज्झत्थवत्तिए त्ति आहिज्जइ–.
से जहाणामए केइ पुरिसे–
से णत्थि णं केइ किंचि विसंवादेइ सयमेव हीणे, दीणे, दुट्ठे, दुम्मणे, ओहयमणसंकप्पे, चिंतासोगसागर संपविट्ठे, करयलपल्हत्थमुहे, अट्टज्झाणोवगए भूमिगयदिट्ठीए झियाइ।
तस्स णं अज्झत्थिया असंसइया चत्तारि ठाणा एवमाहिज्जंति तं जहा–
१. कोहे, २. माणे, ३. माया, ४. लोभे।
अज्झत्थमेव कोह-माण-माया-लोहा।
एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

अट्ठमे किरियाठाणे अज्झत्थिए त्ति आहिए।

९–अहावरे णवमे किरियाठाणे माणवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

से जहाणामए केइ पुरिसे–

इस प्रकार उस पुरुष को दृष्टि विपर्यास से किये गए दण्ड के कारण सावद्य कर्म का बन्ध होता है।

यह पांचवां दृष्टि विपर्यास दण्ड प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

६–अब छठा मृषाप्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

जैसे कोई पुरुष–

अपने लिए, ज्ञातिवर्ग के लिए, घर के अथवा परिवार के लिए स्वयं असत्य बोलता है,

दूसरों से असत्य बुलवाता है,

असत्य बोलने वाले का अनुमोदन करता है,

इस प्रकार उस पुरुष को असत्य प्रवृत्ति-निमित्त से सावद्य पापकर्म का बन्ध होता है।

यह छठा मृषावाद प्रत्ययिक दण्डसमादान (क्रियास्थान) कहा गया है।

७–अब सातवां अदत्तादान प्रत्ययिक दण्डसमादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है।

जैसे कोई पुरुष–

अपने लिए, ज्ञाति के लिए, घर के लिए और परिवार के लिए अदत्त-बिना दी हुई वस्तु को स्वयं ग्रहण करता है,

दूसरे से अदत्त ग्रहण करवाता है,

अदत्त ग्रहण करने वाले का अनुमोदन करता है,

इस प्रकार उस पुरुष को अदत्तादान-सम्बन्धित सावद्य (पाप) कर्म का बन्ध होता है।

यह सातवां अदत्तादान प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

८–अब आठवां दण्ड समादान (क्रिया स्थान) अध्यात्मप्रत्ययिक कहा जाता है–

जैसे कोई पुरुष–

किसी विसंवाद (तिरस्कार या क्लेश) के बिना स्वयमेव हीन, दीन, दुष्ट, दुर्मनस्क और उदास होकर मन में बुरा संकल्प कर चिन्ता या शोक सागर में डूबकर हथेली पर मुँह रखकर पृथ्वी पर दृष्टि किये हुए आर्त्तध्यान करता रहता है।

निःसन्देह उसके हृदय में ये चार आध्यात्मिक कारण कहे जाते हैं, यथा–

१. क्रोध, २. मान, ३. माया, ४. लोभ।

क्योंकि क्रोध, मान, माया और लोभ आन्तरिक कारण है।

इस प्रकार उस पुरुष को अध्यात्म प्रत्ययिक सावद्यकर्म का बन्ध होता है।

यह आठवां अध्यात्मप्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

९–अब नौवां मानप्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

जैसे कोई पुरुष–

(१) जातिमएण वा, (२) कुलमएण वा, (३) बलमएण वा, (४) रूवमएण वा, (५) तवमएण वा, (६) सुयमएण वा, (७) लाभमएण वा, (८) इस्सरियमएण वा, (९) पण्णामएण वा।

अन्नयरेण वा मयट्ठाणेणं मत्ते समाणे परं हीलेइ, निंदेइ, खिंसइ, गरहइ, परिभवइ, अवमण्णेइ,

इत्तरिए अयं अहमंसि पुण विसिट्ठजाइकुल बलाइ गुणोववेए,

एवं अप्पाणं समुक्कसे देहा चुए कम्मबिइए अवसे पयाइ, तं जहा–

गब्भाओ गब्भं, जम्माओ जम्मं,

माराओ मारं, णरगाओ णरगं,

चंडे, थद्धे, चवले, माणी या वि भवइ।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

णवमे किरियाठाणे माणवत्तिए त्ति आहिए।

१०–अहावरे दसमे किरियाठाणे मित्तदोसवत्तिए त्ति आहिज्जइ,

से जहाणामए केइ पुरिसे–

माईहिं वा, पिईहिं वा, भाईहिं वा, भगिणीहिं वा, भज्जाहिं वा, धूयाहिं वा, पुत्तेहिं वा, सुण्हाहिं वा सद्धिं संवसमाणे तेसिं अन्नयरंसि अहालहुगंसि अवराहंसि सयमेव गरुयं दंडं निवत्तेइ, तं जहा–

सीओदगवियडंसि वा कायं ओबोलित्ता भवइ,

उसिणोदगवियडेण वा कायं ओसिंचित्ता भवइ,

अगणिकाएण वा कायं उडुहित्ता भवइ,

जोत्तेण वा, वेत्तेण वा, णेत्तेण वा, तया वा, कसेण वा, छियाए वा, लयाए वा, अन्नयरेण वा दवरेण पासाइं उद्दालेत्ता भवइ।

दंडेण वा, अट्ठीण वा, मुट्ठीण वा, लेलूण वा, कवालेण वा कायं आउट्टित्ता भवइ।

तहप्पगारे पुरिसजाए संवसमाणे दुम्मणा भवंति, पवसमाणे सुमणा भवंति।

तहप्पगारे पुरिसजाए दंडपासी दंडगरुए दंडपुरक्खडे अहिए इमंसि लोगंसि, अहिए परंसि लोगंसि।

संजलणे कोहणे पिट्ठिमंसि या वि भवइ।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

दसमे किरियाठाणे मित्तदोसवत्तिए त्ति आहिए।

११–अहावरे एक्कारसमे किरियाठाणे मायावत्तिए त्ति आहिज्जइ,

(१) जातिमद, (२) कुलमद, (३) बलमद, (४) रूपमद, (५) तपमद, (६) श्रुतमद, (७) लाभमद, (८) ऐश्वर्यमद, (९) प्रज्ञामद।

इन मद स्थानों में से किसी एक मद-स्थान से मत्त होकर दूसरे व्यक्ति की अवहेलना करता है, निन्दा करता है, झिड़कता है, गर्हा करता है, तिरस्कार करता है, अपमान करता है।

यह व्यक्ति हीन है और मैं विशिष्ट जाति, कुल, बल आदि गुणों से से युक्त हूँ।

इस प्रकार वह अपने आपको उत्कृष्ट मानता है ऐसा व्यक्ति शरीर छोड़कर कर्मों को साथ लेकर विवशतापूर्वक परलोक प्रयाण करता है, यथा–

एक गर्भ से दूसरे गर्भ को, एक जन्म से दूसरे जन्म को,

एक मरण से दूसरे मरण को, एक नरक से दूसरे नरक को प्राप्त करता है।

वह क्रोधी, अविनयी, चंचल और अभिमानी होता है।

इस प्रकार उस पुरुष को अभिमान की क्रिया के कारण सावद्यकर्म का बन्ध होता है।

यह नौवां मानप्रत्ययिक दण्डसमादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

१०–अब दसवां मित्र दोष प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

जैसे कोई पुरुष–

माता, पिता, भाई, बहन, भार्या, पुत्री, पुत्र और पुत्रवधुओं के साथ निवास करता हुआ उनके किसी छोटे से अपराध पर स्वयं भारी दण्ड देता है, यथा–

सर्दी के दिनों में अत्यन्त ठण्डे पानी में उनके शरीर को डुबोता है,

गर्मी के दिनों में उनके शरीर पर उबलता हुआ पानी छिड़कता है,

आग से उनके शरीर को डाम देता है,

तथा जोत, बेंत, छड़ी, चमड़ा, कसा, चाबुक, लकड़ी, लता, चाबुक या अन्य किसी प्रकार की रस्सी से प्रहार करके उसके बगल की चमड़ी उधेड़ देता है,

एवं डंडे, हड्डी, मुट्ठी, ढेले, ठीकरे या खप्पर से मार-मार कर उसके शरीर को लोहूलुहान कर देता है।

ऐसे पुरुष के घर में रहने पर परिवार वाले दुःखी होते हैं और परदेश जाने पर सुखी होते हैं,

ऐसा डंडा पास में रखने वाला, भारी दण्ड देने वाला और दण्ड को आगे रखने वाला पुरुष इस लोक में तो अपना अहित करता ही है, परलोक में भी अपना अहित करता है।

वह क्रोध से जलता रहता है और पीठ पीछे चुगली करता है।

इस प्रकार उस पुरुष को मित्रों से द्वेष करने के कारण सावद्य पापकर्म का बन्ध होता है।

यह मित्र दोषप्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रियास्थान) कहा गया है।

११–अब ग्यारहवां माया प्रत्ययिक दण्डसमादान (क्रिया स्थान) कहा जाता है–

जे इमे भवंति-गूढायारा, तमोकासिया, उलूगपत्तलहुया, पव्वयगुरुया, ते आरिया वि संता अणारियाओ भासाओ विउज्जंति।

जो पुरुष गूढ आचार वाले, अंधेरे में दुराचार करने वाले, उल्लू के पंख के समान हल्के होते हुए भी अपने आपको पर्वत के समान भारी मानने वाले ऐसे वे आर्य होते हुए भी अनार्य भाषाओं का प्रयोग करते हैं।

अन्नहा संतं अप्पाणं अन्नहा मन्नंति,
अन्नं पुट्ठा अन्नं वागरेंति,
अन्नं आइक्खियव्वं अन्नं आइक्खंति।

वे अन्य रूप में होते हुए भी स्वयं को अन्य रूप में मानते हैं।
वे अन्य बात पूछने पर अन्य बात की व्याख्या करते हैं,
उन्हें कहना तो कुछ और चाहिए किन्तु कहते कुछ ओर ही हैं।

से जहाणामए केइ पुरिसे अंतोसल्ले तं सल्लं णो सयं णीहरइ, णो अन्नेण णीहरावेइ, णो पडिविद्धंसेइ, एवामेव निण्हवेइ, अविउट्टमाणे अंतो-अंतो रियाइ,

जैसे कोई (अन्दर के शल्य वाला) पुरुष उस शल्य को स्वयं नहीं निकालता है, न किसी दूसरे से निकलवाता है, न उसको नष्ट करता है किन्तु निष्प्रयोजन ही उसे छिपाता है और न निकालने पर वह शल्य अन्दर ही अन्दर गहरा चला जाता है,

एवामेव माई मायं कट्टु णो आलोएइ, णो पडिक्कमेइ, णो णिंदइ, णो गरहइ, णो विउट्टइ, णो विसोहेइ, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेइ, णो अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जइ,

इसी प्रकार मायावी माया करके उसकी आलोचना नहीं करता, प्रतिक्रमण नहीं करता, निन्दा नहीं करता, गर्हा नहीं करता, उसका त्याग नहीं करता, उसका विशोधन नहीं करता, पुनः करने के लिए उद्यत नहीं होता और यथायोग्य तपकर्मरूप प्रायश्चित्त स्वीकार नहीं करता है।

मायी अस्सिं लोए पच्चायाइ, मायी परंसि लोए पुणो-पुणो पच्चायाइ, निंदं गहाय पसंसए णिच्चरइ, ण नियट्टइ णिसिरिय दंडं छाएइ,

ऐसा मायावी इस लोक में जन्म लेता है और परलोक में भी पुनः पुनः जन्म लेता है। वह दूसरे की निन्दा करता है, दूसरे से घृणा करता है, अपनी प्रशंसा करता है, बुरे कार्यों में प्रवृत्त होता है, असत् कार्यों से निवृत्त नहीं होता है और दण्ड देकर भी उसे छिपाता है।

मायी असमाहडसुहलेसे या वि भवइ।
एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

ऐसा मायावी अशुभ लेश्याओं से युक्त होता है।
इस प्रकार उस पुरुष को माया युक्त क्रियाओं के कारण सावद्य पाप कर्म का बन्ध होता है।

एक्कारसमे किरियाठाणे मायावत्तिए त्ति आहिए।

यह ग्यारहवां माया प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।)

१२–अहावरे बारसमे किरियाठाणे लोभवत्तिए त्ति आहिज्जइ,
जे इमे भवंति आरण्णिया, आवसहिया, गामंतिया, कण्हुईरहस्सिया,

१२–अब बारहवां क्रियास्थान लोभप्रत्ययिक कहा जाता है–

जो ये वन में निवास करने वाले, कुटी बनाकर रहने वाले, ग्राम के निकट डेरा डालकर रहने वाले, किसी गुप्त साधना को करने वाले–

णो बहुसंजया, णो बहुपडिविरया, सव्वपाण-भूय-जीव-सत्तेहिं

वे सर्वथा संयमी नहीं हैं समस्त प्राण, भूत, जीव और सत्वों की हिंसा से स्वयं विरत भी नहीं हैं,

ते अप्पणा सच्चामोसाइं एवं विउंजंति
अहं ण हंतव्वो, अन्ने हंतव्वा,
अहं ण अज्जावेयव्वो, अन्ने अज्जावेयव्वा,
अहं ण परिघेत्तव्वो, अन्ने परिघेत्तव्वा,
अहं ण परितावेयव्वो, अन्ने परितावेयव्वा,
अहं ण उद्दवेयव्वो, अन्ने उद्दवेयव्वा,

वे स्वयं कुछ सत्य और कुछ मिथ्या वाक्यों का प्रयोग करते हैं कि
"मैं मारे जाने योग्य नहीं हूँ, अन्य मारे जाने योग्य हैं,
मैं आज्ञा देने योग्य नहीं हूँ, अन्य आज्ञा देने योग्य हैं,
मैं दास होने योग्य नहीं हूँ, अन्य दास होने योग्य हैं,
मैं सन्ताप देने योग्य नहीं हूँ, अन्य सन्ताप देने योग्य हैं,
मैं पीड़ा देने योग्य नहीं हूँ, अन्य पीड़ा देने योग्य हैं।

एवामेव ते इत्थिकामेहिं मुच्छिया, गिद्धा, गढिया, गरहिया, अज्झोववण्णा **जाव** वासाइं चउ–पंचमाइं छद्दसमाइं अप्पयरो वा, भुज्जयरो वा भुंजित्तु भोगभोगाइं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु आसुरिएसु किब्बिसिएसु ठाणेसु उववत्तारो भवंति।

इसी प्रकार वे स्त्री भोगों में मूर्च्छित, गृद्ध, ग्रस्त, गर्हित, आसक्त होकर चार, पांच, छह या दस वर्ष तक थोड़े या अधिक काम-भोगों का उपभोग करके मृत्यु के समय मरकर असुरों में या किल्विषिक स्थानों में उत्पन्न होते हैं।

तओ विप्पमुच्चमाणा भुज्जो-भुज्जो एलमूयत्ताए तमूयत्ताए जाइमूयत्ताए पच्चायंति।

वे वहाँ से मरकर पुनः पुनः बकरे की तरह गूंगे, अंधे एवं जन्म से गूंगे-अंधे होते हैं।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं सावज्जे त्ति आहिज्जइ।

दुवालसमे किरियाठाणे लोभवत्तिए त्ति आहिए।

इच्चेयाइं दुवालस किरियाठाणाइं दविएणं समणेण वा, माहणेण वा सम्मं सुपरिजाणियव्वाइं भवंति।

–सूय. सु. २, अ. २, सु. ६९५-७०६

५८. अधम्म बहुल मिस्सठाणस्स सरूव परूवणं–

अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ–

जे इमे भवंति–आरण्णिया **जाव** अन्नयरेसु आसुरिएसु किब्बिसिएसु ठाणेसु उववत्तारो भवंति।

तओ विप्पमुच्चमाणा भुज्जो एलमूयत्ताए तमूयत्ताए पच्चायंति।

एस ठाणे अणारिए **जाव** असव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहू।

एस खलु तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवमाहिए।

–सूय. सु. २, अ. २, सु. ७१२

इच्चेएहिं बारसएहिं किरिया ठाणेहिं वट्टमाणा जीवा नो सिज्झिंसु **जाव** नो सव्वदुक्खाणमंतं करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा। –सूय. सु. २, अ. २, सु. ७२१ (१)

५९. अधम्म पक्खे पावादुयाणं समाहरणं–

एवामेव समणुगम्ममाणा इमेहिं चेव दोहिं ठाणेहिं समोयरंति, तं जहा–

धम्मे चेव, अधम्मे चेव, उवसंते चेव, अणुवसंते चेव।

तत्थ णं जे से पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए।

तस्स णं इमाइं तिण्णि तेवट्ठाइं पावाउयसयाइं भवंतीतिमक्खायाइं, तं जहा–

१. किरियावाईणं, २. अकिरियावाईणं,
३. अण्णाणियवाईणं, ४. वेणइयवाईणं,

ते वि निव्वाणमाहंसु, ते वि पलिमोक्खमाहंसु,

ते वि लवंति सावगा, ते वि लवंति सावइत्तारो।

–सुय. सु.२, अ. २, सु. ७१७

६०. अधम्म पक्खीय पुरिसाणं पवित्ति परिणामो य–

से एगइओ आयहेउं वा, णायहेउं वा, सयणहेउं वा, अगारहेउं वा, परिवार हेउं वा, नायगं वा, सहवासियं वा णिस्साए–

१. अणुगामिए, २. अदुवा उवचरए, ३. अदुवा पाडिपहिए, ४. अदुवा संधिच्छेयए, ५. अदुवा गंठिच्छेयए, ६. अदुवा ओरब्भिए, ७. अदुवा सोयरिए,

इस प्रकार विषय–लोलुपता के कारण उस पुरुष को लोभप्रत्ययिक सावद्य पाप कर्म का बन्ध होता है।

यह बारहवां लोभ प्रत्ययिक दण्ड समादान (क्रिया स्थान) कहा गया है।

ये बारह क्रियास्थान राग -द्वेष से मुक्त श्रमण, बाह्मण को सम्यक् प्रकार से जान लेना चाहिए।

५८. अधर्म युक्त मिश्र स्थान के स्वरूप का प्ररूपण–

अब तीसरे स्थान मिश्र का विकल्प इस प्रकार कहा जाता है–

जो ये आरण्यक (अरण्यवासी तपस्वी) आदि होते हैं **यावत्** वे मरकर-असुरों में या किल्विषिक स्थानों में उत्पन्न होते हैं।

वे वहाँ से मरकर पुनः मेमने की भाँति गूंगे और अंधे रूप में जन्म लेते हैं।

यह स्थान अनार्य **यावत्** सब दुःखों के क्षय का अमार्ग, एकान्त मिथ्या और बुरा है।

यह तीसरे स्थान मिश्र पक्ष का विकल्प इस प्रकार कहा गया है।

इन (पूर्वोक्त) बारह क्रिया स्थानों में वर्तमान जीव न सिद्ध हुए हैं, न होते हैं और न होंगे **यावत्** न दुःखों का अन्त किया है, न करते हैं और न करेंगे।

५९. अधर्म पक्ष में प्रावादुकों का समाहरण–

इस प्रकार पूर्व प्रतिपादित तीन पक्ष इन दो स्थानों में समवतरित हो जाते हैं, जैसे–

धर्म में और अधर्म में, उपशांत में और अनुपशांत में।

वहाँ जो प्रथम स्थान अधर्मपक्ष का है उसका विभंग इस प्रकार कहा गया है,

उसमें ये तीन सौ तिरेसठ प्रावदुक अर्थात् दार्शनिक कहे गये हैं, जैसे–

१. क्रियावादी, २. अक्रियावादी,
३. अज्ञानवादी, ४. विनयवादी।

उन्होंने निर्वाण का कथन किया है, उन्होंने मोक्ष का भी कथन किया हैं,

वे श्रावकों का कथन भी करते हैं और वे धर्म गुरुओं का कथन भी करते हैं।

६०. अधर्म पक्ष में पुरुषों की प्रवृत्ति और परिणाम–

कोई प्राणी मनुष्य अपने लिए, ज्ञातिजनों के लिए, शयन सामग्री के लिए, घर बनाने के लिए, परिवार के लिए, परिचितजन या पड़ोसी के लिए निम्नोक्त पापकर्म का आचरण करता है–

१. आनुगामिक (सहगामी) बनकर, २. अथवा उपचरक (सेवक) बनकर, ३. अथवा प्रातिपथिक (मार्ग में लुटने वाला) बनकर, ४. अथवा संधिच्छेदक (सेंध लगाने वाला) बनकर, ५. अथवा ग्रन्थिच्छेदक (गांठ काटने वाला) बनकर, ६. अथवा औरभ्रिक (भेड़ का वध करने वाला) बनकर, ७. अथवा सौकरिक (सूअर का वध करने वाला) बनकर,

८. अदुवा वागुरिए, ९. अदुवा साउणिए, १०. अदुवा मच्छिए, ११. अदुवा गोपालए, १२. अदुवा गोघायए, १३. अदुवा सोवणिए, १४. अदुवा सोवणियं तिए।

८. अथवा वागुरिक (मृगों को पकड़ने वाला) बनकर, ९. अथवा शाकुनिक (पक्षियों को जाल में फंसाने वाला) बनकर, १०. अथवा मात्स्यिक (मच्छीमार) बनकर, ११. अथवा गोपालक बनकर, १२. अथवा गौघातक (कसाई) बनकर, १३. अथवा श्वपालक (कुत्तों को पालने वाला) बनकर, १४. अथवा शौवनिकान्तिक (कुत्तों से शिकार करवाने वाला) बनकर

१. से एगइओ अणुगामियभावं पंडिसंधाय तमेव अणुगमियाणुगमिय हंता छेत्ता भेत्ता लुंपइत्ता विलुंपइत्ता उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१. कोई पापी पुरुष ग्रामान्तर जाते हुए किसी धनिक के पीछे-पीछे जाकर उसे डंडे से मारता है, (तलवार आदि से) छेदन करता है, (भाले आदि से) भेदन करता है, (केश आदि पकड़कर) घसीटता है, *(चाबुक आदि से मारकर) उसे जीवन रहित कर* उसके धन को लूट कर आजीविका करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण महापापी के नाम से अपने आपको जगत् में प्रख्यात कर लेता है।

२. से एगइओ उवचरगभावं पडिसंधाय तमेव उवचरइ हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

२. कोई पापी पुरुष किसी धनवान का सेवक होकर उसका पीछा करता हुआ उसको डंडे आदि से मारकर **यावत्** जीवन रहित कर धन छीन कर आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों से महापापी के रूप में अपने आपको जगत् में प्रख्यात कर लेता है।

३. से एगइओ पाडिपहियभावं पडिसंधाय तमेव पडिपहे ठिच्चा हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

३. कोई पापी पुरुष लुटेरे का भाव बनाकर ग्राम से आते हुए किसी धनाढ्य पुरुष का मार्ग रोक कर उसे डंडे आदि से मारकर **यावत्** जीवन रहित कर धन छीन कर आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों से अपने आपको महापापी के रूप में जगत् में प्रसिद्ध करता है।

४. से एगइओ संधिच्छेदगभावं पडिसंधाय तमेव संधिं छेत्ता भेत्ता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

४. कोई पापी पुरुष धनिकों के घरों में सेंध लगाकर, प्राणियों का छेदन, भेदन कर **यावत्** उन्हें जीवन रहित कर उनका धन छीनकर आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों से स्वयं को महापापी के नाम से जगत् में प्रसिद्ध करता है।

५. से एगइओ गंठिच्छेदगभावं पडिसंधाय तमेव गंठिं छेत्ता भेत्ता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

५. कोई पापी पुरुष धनाढ्यों के धन की गांठ काटने का धन्धा अपना कर उसके स्वामी का छेदन-भेदन कर **यावत्** उन्हें जीवन रहित कर उनका धन छीनकर आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण वह स्वयं को महापापी के रूप में जगत् में विख्यात कर लेता है।

६. से एगइओ उरब्भियभावं पडिसंधाय उरब्भं वा, अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

६. कोई पापी पुरुष भेड़ों का चरवाहा बनकर उन भेड़ों में से किसी को या अन्य किसी भी त्रस प्राणी को मार-पीटकर **यावत्** उन्हें जीवन रहित कर उनका मांस खाता है या उनका मांस बेचकर आजीविका चलाता है।

इस प्रकार वह महान पापकर्मों के कारण जगत् में स्वयं को महापापी के नाम से प्रसिद्ध कर लेता है।

७. से एगइओ सोयरियभावं पडिसंधाय महिसं वा। अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

७. कोई पापी पुरुष सुअरों को पालने का या कसाई का धन्धा अपना कर भैंसे, सुअर या दूसरे त्रस प्राणी को मार-पीट कर **यावत्** उन्हें जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप-कर्मों के कारण संसार में अपने आपको महापापी के नाम से प्रसिद्ध कर लेता है।

८. से एगइओ वागुरियभावं पडिसंधाय मिगं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

९. से एगइओ साउणियभावं पडिसंधाय सउणिं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१०. से एगइओ मच्छियभावं पडिसंधाय मच्छं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

११. से एगइओ गोपालगभावं पडिसंधाय तमेव गोणं वा परिजविय परिजविय हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१२. से एगइओ गोघातगभावं पडिसंधाय गोणं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१३. से एगइओ सोवणियभावं पडिसंधाय सुणगं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१४. से एगइओ सोवणियंतियभावं पडिसंधाय मणुस्सं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१. से एगइओ परिसामज्झाओ उट्ठित्ता अहमेयं हणामि त्ति कट्टु

तित्तिरं वा, वट्टगं वा, चडगं वा, लावगं वा, कवोयगं वा, कविं वा, कविंजलं वा अण्णयरं वा तसं पाणं हंता **जाव** उद्दवइत्ता आहारं आहारेइ।

इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

२. से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे

८. कोई पापी मनुष्य शिकारी का धन्धा अपनाकर मृग या अन्य किसी त्रस प्राणी को मार-पीट कर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में वह स्वयं को महापापी के नाम से प्रसिद्ध कर लेता है।

९. कोई पापी मनुष्य बहेलिया बनकर पक्षियों को या अन्य किसी त्रस प्राणी को मारकर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में स्वयं को महापापी के नाम से प्रख्यात कर लेता है।

१०. कोई पापी मनुष्य मछुआ बनकर मछली या अन्य त्रस जलजन्तुओं को मारकर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में स्वयं को महापापी के नाम से प्रसिद्ध कर लेता है।

११. कोई पापी मनुष्य गो पालन का धन्धा स्वीकार करके (कुपित होकर) उन्हीं गायों या उनके बछड़ों को टोले से पृथक् निकाल-निकाल कर बार-बार उन्हें मारता-पीटता है **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।

१२. कोई पापी मनुष्य गोवंशघातक (कसाई) का धन्धा अपना कर गाय, बैल या अन्य किसी भी त्रस प्राणी को मारकर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में अपने आपको महापापी के रूप में प्रसिद्ध कर लेता है।

१३. कोई पापी मनुष्य कुत्ते पालने का धन्धा अपना कर उनमें किसी कुत्ते को या अन्य किसी त्रस प्राणी को मारकर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में स्वयं को महापापी के रूप में प्रसिद्ध कर लेता है।

१४. कोई पापी मनुष्य शिकारी कुत्तों से शिकार करवाने का व्यवसाय अपनाकर मनुष्य या अन्य प्राणी को मारकर **यावत्** जीवन रहित कर अपनी आजीविका का उपार्जन करता है।

इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है।

१. कोई पापी पुरुष परिषद् के बीच में उठकर कहता है कि–"मैं इस प्राणी को मारता हूँ।"

तत्पश्चात् वह तीतर, बतख, चिड़ी, लावक, कबूतर, कपि, पपीहा या अन्य किसी त्रसजीव को मारता है **यावत्** प्राणरहित करके उसका आहार करता है।

इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।

२. कोई पापी पुरुष किसी से विरुद्ध होने पर कोई कारण से

अदुवा खलदाणेणं, अदुवा सुराथालएणं गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा सयमेव अगणिकाएणं सस्साइं झामेइ,

अण्णेण वि अगणिकाएणं सस्साइं झामावेइ,
अगणिकाएणं सस्साइं झामंतं पि अण्णं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

३. से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे
अदुवा खलदाणेणं, अदुवा सुराथालएणं गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा,
उट्टाण वा, गोणाण वा, घोडगाण वा, गद्दभाण वा सयमेव घूराओ कप्पेइ,
अण्णेण वि कप्पावेइ,
कप्पंत्तं पि अण्णं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

४. से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्ध समाणे
अदुवा खलदाणेणं, अदुवा सुराथालएणं गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा,
उट्टसालाओ वा, गोणसालाओ वा, घोडगसालाओ वा, गद्दभसालाओ वा,
कंटगबोंदियाए पडिपेहित्ता, सयमेव अगणिकाएणं झामेइ,
अण्णेण वि झामावेइ,
झांमंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

५. से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे,
अदुवा खलदाणेणं, अदुवा सुराथालएणं गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा,
कुंडलं वा, मणिं वा, मोत्तियं वा सयमेव अवहरइ,
अन्नेण वि अवहरावेइ,
अवहरंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

६. से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे
समणाणं वा, माहणाणं वा, छत्तगं वा, दंडगं वा, भंडगं वा, मत्तगं वा, लट्ठिगं वा, भिसिंग वा, चेलगं वा, चिलिमिलिगं वा, चम्मगं वा, चम्मच्छेदणगं वा, चम्मकोसं वा–
सयमेव अवहरइ,
अन्नेण वि अवहरावेइ,
अवहरंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से मइया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

७. से एगइओ णो वितिगिंछइ गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा,

अथवा खराब अन्नादि दे देने से सुरापात्र का अभीष्ट लाभ न होने देने से नाराज या कुपित होकर उस गृहपति के या गृहपति के पुत्रों के धान्यों को स्वयं आग लगाकर जला देता है,
दूसरों से जलवा देता है,
जलाने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
३. कोई पापी पुरुष किसी कारण से विरुद्ध होने पर
अथवा खराब अन्नादि दे देने से या सुरापात्र का अभीष्ट लाभ न होने देने से उस गृहपति के या गृहपति पुत्रों के
ऊँट, बैल, घोड़े और गधे के अंगों को स्वयं काटता है।

दूसरों से कटवाता है
काटने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है।
४. कोई पापी पुरुष किसी कारण से विरुद्ध होने पर
अथवा खराब अन्न आदि दे देने से या सुरापात्र का अभीष्ट लाभ न होने देने से उस गृहपति की या गृहपति के पुत्रों की
उष्ट्रशाला, गौशाला, अश्वशाला या गर्दभशाला को

काँटों से ढक कर स्वयं आग लगा कर जला देता है,
दूसरों से जलवा देता है
जलाने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
५. कोई पापी पुरुष किसी कारण से विरुद्ध होने पर
अथवा खराब अन्न आदि दे देने से या सुरापात्र का अभिष्ट लाभ न होने देने से उस गृहपति के या गृहपति पुत्रों के
कुण्डल, मणि या मोती का स्वयं अपहरण करता है,
दूसरे से अपहरण कराता है,
अपहरण करने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
६. कोई पापी पुरुष किसी कारण से विरुद्ध होने पर,
श्रमणों या माहनों के छत्र, दण्ड, उपकरण, पात्र, लाठी, आसन, वस्त्र, पर्दा (मच्छरदानी), चर्म, चर्म-छेदनक (चाकु) या चर्मकोश (चमड़े की थैली) का–
स्वयं अपहरण कर लेता है,
दूसरे से अपहरण करवाता है,
अपहरण करने वाले को अच्छा जानता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
७. कोई पापी पुरुष बिना विचारे किसी गृहपति के या गृहपति-पुत्रों के धान्यों को,

सयमेव अगणिकाएणं ओसहीओ झामेइ,
अण्णेण वि झामावेइ,
झामंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

८. से एगइओ णो वितिगिंछइ गाहावईण वा, गाहवइपुत्ताण वा, उट्टाण वा, गोणाण वा, घोडगाण वा, गद्दभाण वा, सयमेव घुराओ कप्पेइ,
अण्णेण वि कप्पावेइ,
अण्णं पि कप्पंतं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

९. से एगइओ णो वितिगिंछइ गाहावईण वा, गाहावइपुत्ताण वा, उट्टसालाओ वा, गोणसालाओ वा, घोडगसालाओ वा, गद्दभसालाओ वा, कंटगबोंदियाए पडिपेहित्ता, सयमेव अगणिकाएणं झामेइ,
अण्णेण वि झामावेइ,
झामंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१०. से एगइओ णो वितिगिंछइ गाहावईण वा, गाहावइ-पुत्ताण वा, कुंडलं वा, मणिं वा, मोत्तियं वा सयमेव अवहरइ,
अन्नेण वि अवहरावेइ,
अवहरंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

११. से एगइओ णो वितिगिंछइ, समणाण वा, माहणाण वा, छत्तगं वा, दंडगं वा, भंडगं वा, मत्तगं वा, लट्ठिगं वा, भिसिगं वा, चेलगं वा, चिलिमिलिगं वा, चम्मगं वा, चम्मच्छेदणगं वा, चम्मकोसियं वा–सयमेवअवहरइ
अण्णेण वि अवहरावेइ,
अवहरंतं पि अन्नं समणुजाणइ।
इइ से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।

१२. से एगइओ समणं वा, माहणं वा, दिस्सा णाणाविहेहिं पावकम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ।
अदुवा णं अच्छराए आफालेत्ता भवइ,
अदुवा णं फरुसं वदित्ता भवइ,
कालेण वि से अणुपविट्ठस्स असणं वा **जाव** साइमं वा णो दव्वावेत्ता भवइ।
जे इमे भवंति-वोण्णमंता भारोक्कंता अलसगा वसलगा किमणगा समणगा पव्वयंती ते इणमेव जीवियं धिज्जीवियं संपडिबूहेति।

स्वयं आग लगाकर जला देता है,
दूसरों से जलवा देता है
जलाने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
८. कोई पापी पुरुष बिना विचारे किसी गृहपति के या गृहपति पुत्रों के ऊँट, बैल, घोड़े और गधों के अंगों को स्वयं काटता है,

दूसरों से कटवाता है,
काटने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
९. कोई पापी पुरुष बिना विचारे किसी गृहपति की या गृहपति के पुत्रों की उष्ट्रशाला, गौशाला, अश्वशाला या गर्दभशालाओं को कांटो से ढक कर स्वयं आग लगाकर जला देता है।

दूसरों से जलवा देता है
जलाने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
१०. कोई पापी पुरुष बिना विचारे गृहपति या गृहपतिपुत्रों के कुण्डल मणि या मोती का स्वयं अपहरण करता है,
दूसरों से अपहरण करवाता है
अपहरण करने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पापकर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
११. कोई पापी पुरुष बिना विचारे श्रमणों या माहनों के छत्र, दण्ड, उपकरण, पात्र, लाठी, आसन, वस्त्र, पर्दा, चर्म, चर्मछेदनक या चर्मकोश का स्वयं अपहरण करता है।

दूसरों से अपहरण करवाता है,
अपहरण करने वाले को अच्छा समझता है।
इस प्रकार वह महान् पाप कर्मों के कारण जगत् में महापापी के नाम से प्रसिद्ध हो जाता है।
१२. कोई पुरुष श्रमण या ब्राह्मण को देखकर नाना प्रकार के पापकर्म करने वाले के रूप में अपने आपको प्रख्यात करता है,
अथवा चुटकियां बजाता है,
अथवा कठोर वचन बोलता है,
समय पर घर आए हुए को अशन **यावत्** स्वाद्य नहीं देने देता है,

वह कहता है–"जो ये होते हैं लकड़हारे, भार ढोने वाले, आलसी, शूद्र, नपुसंक याचक वे इस धिक्कारपूर्ण जीविका वाले जीवन को चलाते हैं।

नाइं ते पारलोइयस्स अट्ठस्स किंचि वि सिलिस्संति ते दुक्खंति, ते सोयंति, ते जूरंति, ते तिप्पंति, ते पिट्टंति, ते परितप्पंति, ते दुक्खण-सोयण-जूरण-तिप्पण-पिट्टण-परितप्पणं- वह- बंधणपरिकिलेसाओ अपडिविरया भवंति।

ते महया आरंभेणं, ते महया समारंभेणं, ते महया आरंभ समारंभेणं विरूवरूवेहिं पावकम्मकिच्चेहिं उरालाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं भुंजित्तारो भवंति, तं जहा–

अन्नं अन्नकाले, पाणं पाणकाले, वत्थं वत्थकाले, लेणं लेणकाले, सयणं सयणकाले,

सपुव्वावरं च णं ण्हाए कयबलिकम्मे कयकोउयमंगलपायच्छित्ते सिरसाण्हाए कंठे मालकडे आविद्धमणिसुवण्णे कप्पियमालामउली पडिबद्धसरीरे वग्घारियसोणिसुत्तग-मल्ल-दामकलावे अहयवत्थपरिहिए चंदणोक्खित्तगाय-सरीरे–

महइमहालियाए कूडारगारसालाए,

महइमहालयंसि सीहासणंसि इत्थीगुम्मसंपरिवुडे,

सव्वराइएणं जोइणा झियायमाणेणं,

महयाहयनट्ट गीय-वाइय-तंती-तल-ताल-तुडिय-घण-मुइंगपडुप्पवाइयरवेणं, उरालाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स **जाव** चत्तारि पंच जणा अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति

भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो ? किं आहरेमो ? किं उवणेमो ?

किं उवट्ठावेमो ? किं भे हियइच्छियं ? किं भे आसगस्स सयइ ?

तमेव पासित्ता अणारिया एवं वयंति–

'देवे खलु अयं पुरिसे, देवसिणाए खलु अयं पुरिसे, देवजीवणिज्जे खलु अयं पुरिसे।'

अण्णे वि णं उवजीवंति।

तमेव पासित्ता आरिया वदंति–

अभिक्कंतकूरकम्मे खलु अयं पुरिसे अइधुए, अइआयरक्खे दाहिणगामिए नेरइए कण्हपक्खिए आगमिस्साणं दुल्लभबोहिए या वि भविस्सइ।

इच्चेयस्स ठाणस्स उट्ठित्ता वेगे अभिगिज्झंति,

अणुट्ठित्ता वेगे अभिगिज्झंति,

अभिझंझाउरा अभिगिज्झंति।

एस ठाणे अणारिए अकेवले अप्पडिपुण्णे अणेआउए असंसुद्धे असल्लगत्तणे असिद्धिमग्गे अमुत्तिमग्गे अनिव्वाणमग्गे अणिज्जाणमग्गे असव्वदुक्खप्प हीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहु।

एस खलु पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए।

–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७०९-७१०

अहावरे पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ–

वे कुछ भी पारलौकिक अर्थ की साधना नहीं कर पाते। वे दुःखी होते हैं, शोक करते हैं, खिन्न होते हैं, आंसू बहाते हैं, पीटे जाते हैं और परितप्त होते हैं। वे दुःख, शोक, खेद, अश्रु-विमोचन, पीड़ा, परिताप, बन्ध और परिक्लेश से विरत नहीं होते हैं।

वे महान् आरम्भ, समारंभ, महान् आरम्भ-समारंभ, नाना प्रकार के पापकारी कृत्यों से उदार मानुषिक भोगों को भोगने वाले होते हैं, जैसे–

भोजन के समय भोजन, पानी के समय पानी, वस्त्र के समय वस्त्र, आवास के समय आवास और शयन के समय शयन।

वह सायं-प्रातः हाथ-मुँह धो, कुल देवता की पूजा कर, कौतुक-मंगल और प्रायश्चित्त कर, सिर से पैर तक नहा कर, गले में माला पहन कर, मणिजटित सुवर्णमय चूडामणी पहनकर मालायुक्त मुकुट धारण कर, कमरपट्टा बांधकर पुष्पमाला युक्त प्रलम्बमान करधनी को धारण कर, नए वस्त्र पहन कर शरीर और उसके अवयवों पर चन्दन का उपलेप कर,

अति विशाल कूटागारशाला में

अति विशाल सिंहासन पर बैठ, स्त्री-समूह से परिवृत हो,

पूरी रात दीपक के जलते,

महान् प्रयत्न से आहत, नाट्य, गीत, वाद्य, वीणा, तल, ताल, तुर्य, घंटा और मृदंग के कुशलवादकों द्वारा बजाए जाते हुए स्वर के साथ उदार मानुषिक भोगों को भोगता हुआ रहता है।

वह एक को आज्ञा देता है तब बिना बुलाए चार-पाँच मनुष्य उठ खड़े होते हैं। (वे कहते हैं)

'कहें देवानुप्रिय ! हम क्या करें ? क्या लाएं ? क्या भेंट करें ?

क्या उपस्थित करें ? आपका दिल क्या चाहता है ? आपके मुख को क्या स्वादिष्ट लगता है ?'

उस पुरुष को देख अनार्य इस प्रकार कहते हैं–

'यह पुरुष देवता है, यह पुरुष देव-स्नातक हैं, यह पुरुष देवता का जीवन जीने वाला है।'

इसके सहारे दूसरे भी जीते हैं।

उसी पुरुष को देख आर्य कहते हैं–

यह क्रूरकर्म में प्रवृत्त, भारी कर्म वाला, अति स्वार्थी, दक्षिण दिशा में जाने वाला, नरक में उत्पन्न होने वाला, कृष्णपाक्षिक और भविष्यकाल में दुर्लभबोधिक होगा।

इस (भोगी) पुरुष जैसे स्थान को कुछ प्रव्रजित पुरुष भी चाहते हैं,

कुछ गृहस्थ भी चाहते हैं।

जो तृष्णा से आतुर हैं (वे सब) चाहते हैं।

यह स्थान अनार्य, द्वन्द्व सहित, अप्रतिपूर्ण, न्याय रहित, अशुद्ध, शल्यों को नहीं काटने वाला, सिद्धि का अमार्ग, निर्वाण का अमार्ग, निर्याण का अमार्ग, सब दुःखों के क्षय का अमार्ग, एकांत मिथ्या और बुरा है।

यह प्रथम स्थान अधर्म पक्ष का विकल्प इस प्रकार निरूपित है।

अब प्रथम स्थान अधर्मपक्ष का विकल्प (पुनः) इस प्रकार कहा जाता है–

इह खलु पाईणं वा **जाव** दाहिणं वा संतेगइया मणुस्सा भवंति, महिच्छा महारंभा महापरिग्गहा अधम्मिया अधम्माणुया अधम्मिट्ठाअधम्मक्खाइअधम्मपायजीविणो अधम्मपलोइणो अधम्मपलज्जणा अधम्मसीलसमुदायारा अधम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति।

हण छिंद भिंद विगत्तगा लोहितपाणी चंडा, रुद्दा, खुद्दा, साहस्सिया उक्कंचण-वंचण-माया-णियडि-कूड-कवड-साति संपओग बहुला,

दुस्सीला दुव्वया दुप्पडियाणंदा असाहू, सव्वाओ पाणाइवायाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए **जाव** मिच्छांदसणसल्लाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ ण्हाणुम्मद्दण-वण्णग-विलेवण-सद्द-फरिस-रस-रूव-गंध-मल्लालंकाराओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ सगड-रह-जाण-जुग्ग-गिल्लि-थिल्लि-सीय-संदमाणिया, सयणाऽऽसण-जाण-वाहण-भोग-भोयण-पवित्थरविहीओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ कय-विक्कय-मास-ऽद्धमास-रुवग-संववहाराओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ हिरण्ण-सुवण्ण-धण-धण्ण-मणि-मोत्तिय-संख-सिलप्पवालाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ कूडतुल-कूडमाणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ आरंभसमारंभाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ करण-कारावणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ पयण-पयावणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए,

सव्वाओ कुट्टण-पिट्टण-तज्जण-तालण-वह- बंधपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए।

जे यावण्णे तहप्पगारा सावज्जा अबोहिया कम्मंता परपाणपरितावणकरा, जे अणारिएहिं कज्जंति तओ वि अप्पडिविरया जावज्जीवाए।

से जहाणामए केइ पुरिसे कलम-मसूर-तिल-मुग्ग-मास-णिप्फाव-कुलत्थ-आलिसंदग-पलिमंथगमादिएहिं अयए कूरे मिच्छादंडं पउंजइ,

एवमेव तहप्पगारे पुरिसजाए तित्तिए-वट्टग-लावग- कवोय-कविंजल-मिय-महिस-वराह-गाह-गोह-कुम्म-सिरीसिव-माहिएहिं अयए कूरे मिच्छादंडं पउंजइ।

जा वि य से बाहिरिया परिसा भवइ, तं जहा–

दासे इ वा, पेसे इ वा, भयए इ वा, भाइल्ले इ वा, कम्मकरे इ वा, भोगपुरिसेइ वा तेसिं पि य णं अन्नयरंसि अहालहुसगंतिसि सयमेव गरुयं दंडं निव्वत्तेइ, तं जहा–

इमं दंडेह, इम मुंडेह, इमं तालेह, इमं ताडेह, इमं अदुयबंधणं करेह, इमं णियलबंधणं करेह, इमं हडिबंधणं करेह, इमं चारगबंधणं करेह, इमं नियल-जुयल-संकोडिय-मोडियं करेह,

पूर्व **यावत्** दक्षिण दिशाओं में कई मनुष्य होते हैं, जो महान् इच्छा वाले, महाआरंभी, महापरिग्रही, अधार्मिक, अधर्मानुयायी, अधर्मिष्ठ, अधर्मवादी, अधर्म-प्रायः जीवन जीने वाले, अधर्म में अनुरक्त, अधर्ममय स्वभाव और आचरणवाले और अधर्म के द्वारा आजीविका करने वाले होते हैं।

मारो, छेदो, काटो (यह कहकर) चमड़ी को उधेड़ने वाले, रक्त से सने हाथ वाले, चण्ड, रुद्र, क्षुद्र, साहसिक (बिना विचारे काम करने वाले), ठगी, वंचना, माया, बक्रवृत्ति, कूट (झूठा तोल-माप) कपट सदृश–प्रयोग देश वेष और भाषा को बदलकर अनेक बार धोखा देने वाले,

दुःशील, दुर्व्रत, दुष्प्रत्यानन्द (उपकारी का भी प्रत्युपकार न करने वाले) असाधु, यावज्जीवन सर्व प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य पर्यन्त अविरत,

यावज्जीवन सब स्नान, उन्मर्दन, वर्णक, विलेपन, शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गंध, माल्य और अलंकारकों से अविरत,

यावज्जीवन सब शकटयान, रथयान, वाहन, डोली, दो खच्चरों की बग्घी, शिविका, स्यंदमानिका, शयन, आसन, यान, वाहन, भोग, भोजन की विस्तीर्ण विधियों से अविरत,

यावज्जीवन सब प्रकार के क्रय-विक्रय, माषक, अर्धमाषक, रूपक से होने वाले विनिमय से अविरत,

यावज्जीवन सब प्रकार के हिरण्य, स्वर्ण, धन, धान्य, मणि, मौक्तिक , शंख, शिला, मूंगा आदि पदार्थों से अविरत,

यावज्जीवन सब कुट-तोल, कूट-माप से अविरत,

यावज्जीवन सब आरम्भ-समारम्भ से अविरत,

यावज्जीवन सब प्रकार के करने कराने से अविरत,

यावज्जीवन सब प्रकार के पचन-पाचन से अविरत,

यावज्जीवन सब कुट्टन, पीडन, तर्जन, ताडन, वध, बंध परिक्लेश से अविरत होते हैं।

जो इस प्रकार के अन्य सावद्य, अबोधि देने वाले और दूसरे प्राणियों को परिताप देने वाले कर्म करते हैं। वे यावज्जीवन अनार्यों से किये जाने वाले कर्मों से अविरत हैं।

जैसे कोई पुरुष चांवल, मसूर, तिल, मूंग, उड़द, राजमा, कुलथी, चंवला, काला चना आदि धान्यों के प्रति अत्यन्त क्रूर होकर मिथ्यादंड का प्रयोग करता है।

इसी प्रकार वैसा पुरुष तीतर, बटेर, लावक, कबूतर, मृग, चातक, भैंसा, सुअर, मगर, गोह, कछुआ, सांप आदि प्राणियों के प्रति अत्यन्त क्रूर होकर मिथ्यादंड का प्रयोग करता है।

जो उसकी बाह्य परिषद् है, यथा–

दास, प्रेष्य, भृतक, भागीदार, कर्मकर अथवा भोगपुरुष–उनके द्वारा किसी प्रकार का छोटा-सा अपराध होने पर स्वयं भारी दंड का प्रयोग करता है, यथा–

जैसे (वह कहता है) इसे दंडित करें, इसे मुंडित करें, इसे तर्जना दें, इसे ताडना दें, इसे सांकल से बांध दें, इसे बेड़ी से बांध दें, इसे खोड़े में डाल दें, इसे बन्दी बना कर जेल में डाल दें, इसे दो जंजीरों से सिकोड़ कर लुढ़का दें,

इमं हत्थच्छिण्णयं करेह,
इमं पायच्छिण्णयं करेह,
इमं कण्णच्छिण्णयं करेह,
इम नक्कओट्ठ-सीसमुहच्छिण्णयं करेह,
इमं वेयच्छिण्णयं करेह,
इमं अंगछिण्णयं करेह,
इमं हिययुप्पाडिययं करेह
इमं णयणुप्पाडिययं करेह,
इमं दंसणुप्पाडिययं करेह,
इमं वसणुप्पाडिययं करेह,
इमं जिब्भुप्पाडिययं करेह,
इमं उल्लंबिययं करेह,
इमं धंसियं करेह,
इमं घोलियं करेह,
इमं सूलाइयं करेह,
इमं सूलाभिण्णयं करेह,
इमं खारवत्तियं करेह,
इमं वज्झवत्तियं करेह,
इमं सीहपुच्छियगं करेह,
इमं वसहपुच्छियगं करेह,
इमं कडग्गिदड्ढयगं करेह,
इमं कागणिमंसखावियगं करेह,
इमं भत्तपाणनिरुद्धयं करेह,
इमं जावज्जीवं वहबंधणं करेह,
इमं अण्णयरेणं असुभेणं कुमारेणं मारेह।

इसके हाथ काट दें,
इसके पैर काट दें,
इसके कान काट दें,
इसका नाक, होठ, मस्तक और मुंह काट दें,
इसे नपुंसक कर दें,
इसके अंग काट दें,
इसका हृदय उखाड़ दें,
इसकी आँखें निकाल दें,
इसके दांत निकाल दें,
इसके अंडकोश निकाल दें,
इसकी जीभ खींच लें,
इसे कुए में लटका दें,
इसे घसीटें,
इसे पानी में डुबो दें,
इसे शूली पर लटका दें,
इसे शूली में पिरोकर टुकड़े-टुकड़े कर दें,
इस पर नमक छिड़क दें,
इस पर चमड़ा बाँध दें,
इसकी जननेन्द्रिय को काट दें,
इसके अंडकोशों को तोड़कर इसके मुंह में डाल दें,
इसे चटाई में लपेट कर आग में जला दें,
इसके मांस के छोटे-छोटे टुकड़े कर इसे खिलाएँ,
इसका भोजन-पानी बन्द कर दें,
इसको जीवन भर पीटें और बांधे रखें,
इसे दूसरे किसी प्रकार के अशुभ और बुरी मार से मारें।

जा वि य से अब्भिंतरिया परिसा भवइ, तं जहा–
माया इ वा, पिया इ वा, भाया इ वा, भगिणी इ वा, भज्जा इ वा, पुत्ता इ वा, धूया इ वा, सुण्हा इ वा,
तेसिं पि य णं अण्णयरंसि अहालहुसगंसि अवराहंसि–सयमेव गरुयं दंडं णिव्वत्तेइ, तं जहा–
सीओदगवियडंसि ओबोलेत्ता भवइ **जहा मित्तदोसवित्तए** जाव अहिए परंसि लोगंसि,

जो उसकी आन्तरिक परिषद् होती है, यथा–
माता-पिता, भाई, बहिन, पत्नी, पुत्र, पुत्री अथवा पुत्रवधू,

उनके द्वारा किसी प्रकार का छोटा-सा अपराध होने पर स्वयं भारी दंड का प्रयोग करता है, यथा–
ठंडे पानी में उसके शरीर को डुबोता है **यावत् जिस प्रकार मित्रद्वेष प्रत्ययिक क्रियास्थान में दण्ड कहे गये हैं वैसे ही दण्ड देते हैं और वे परलोक में अपना अहित करते हैं।**

ते दुक्खंति सोयंति जूरंति तिप्पंति पिट्टंति परितप्पंति।

वे दुःखी होते हैं, शोक करते हैं, खिन्न होते हैं, आँसू बहाते हैं, पीटे जाते हैं और परितप्त होते हैं।

ते दुक्खण-सोयण-जूरण-तिप्पण-पिट्टण-परितप्पण-वह-बंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति।

वे दुःख, शोक, खेद, अश्रुविमोचन, पीड़ा, परिताप, वध, बन्धन और परिक्लेश से विरत नहीं होते हैं।

एवामेव ते इत्थिकामेहिं मुच्छिया गिद्धा गढिया अज्झववन्ना जाव वासाइं चउपंचमाइं छद्दसमाइं वा अप्पयरो वा भुज्जयरो वा कालं भुंजित्तु भोगभोगाइं पसवित्ता वेरायतणाइं संचिणित्ता बहूणि कूराणि कम्माइं उस्सण्णं संभारकडेण कम्मुणा।

इसी प्रकार वे स्त्री-कामों में मूर्च्छित, गृद्ध, ग्रथित, आसक्त होकर, चार-पांच छह-या दस वर्षों तक, कम या अधिक काल तक भोगों को भोग कर वैर के आयतनों को जन्म देकर, अनेक बार बहुत क्रूर कर्मों का संचय कर, प्रचुर मात्रा में किए गए कर्मों के कारण दब जाते हैं।

से जहाणामए–अयगोले इ वा, सेलगोले इ वा, उदगंसि पक्खित्ते समाणे उदगतलमइवइत्ता अहे धरणितल-पइट्ठाणे भवइ।

जैसे–लोहे का गोला अथवा पत्थर का गोला जल में डालने पर, जल के तल को पार कर धरती के तल पर जाकर टिकता है,

एवामेव तहप्पगारे पुरिसजाए वज्जबहुले धूयबहुले पंकबहुले वेरबहुले अप्पत्तियबहुले दंभबहुले णियडिबहुले साइबहुले अयसबहुले उस्सण्णं तसपाणघाति कालमासे कालं किच्चा धरणितलमइवइत्ता अहे णरगतलपइट्ठाणे भवइ।

ते णं णरगा अंतो वट्टा बाहिं चउरंसा अहे खुरप्पसंठाणसंठिया, णिच्चंधकारतमसा ववगयगह-चंद-सूर-नक्खत्त-जोइसप्पहा, मेद-वसा-मंस-रुहिर- पूयपडल-चिक्खल्ल लित्ताणुलेवणतला, असुई वीसा परमदुब्भिगंधा, काऊअगणिवण्णाभा, कक्खडफासा, दुरहियासा असुभा णरगा, असुभा णरएसु वेदणाओ।

नो चेव णं नरएसु नेरइया णिद्दायंति वा, पयलायंति वा, सायं वा, रतिं वा, धितिं वा, मतिं वा उवलभंति।

ते णं तत्थ उज्जलं विपुलं पगाढं कडुयं कक्कसं चंडं दुक्खं दुग्गं तिव्वं दुरहियासं णिरयवेदणं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

से जहाणामए–रुक्खे सिया पव्वयग्गे जाए, मूले छिन्ने, अग्गे गरुए, जओ निन्नं, जओ विसमं जओ दुग्गं तओ पवडइ।

एवामेव तहप्पगारे पुरिसजाए गब्भाओ गब्भं, जम्माओ जम्मं, माराओ मारं, णरगाओ णरगं दुक्खाओ दुक्खं,

दाहिणगामिए णेरइए कण्हपक्खिए आगमिस्साणं दुल्लभबोहिए या वि भवइ।

एस ठाणे अणारिए अकेवले **जाव** असव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहू।

पढमस्स ठाणस्स अधम्म पक्खस्स विभंगे एवमाहिए।

–सूय. सु. २, अ. २, सु. ७१३

इसी प्रकार वैसा पुरुष जो कर्मबहुल, धूतबहुल, पंकबहुल, वेरबहुल अविश्वासबहुल, दंभबहुल, निकृतिबहुल, कपटताबहुल, अयशबहुल तथा बहुलतया त्रस प्राणियों की घात करने वाला, काल मास में मरकर, धरती के तल को पार कर, नीचे नरकतल में जा टिकता है।

वे नरकावास अन्दर से गोल बाहर से चतुष्कोण और नीचे खुरपे की आकृति वाले हैं। वे निरन्तर अन्धकार में तमोमय, ग्रह, चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र और ज्योतिष की प्रभा से शून्य, मेद-चर्बी, पीब, लोही और मांस के कीचड़ से पंकित तलवाले, अशुचि, अपक्वगंध से युक्त उत्कृष्ट दुर्गन्ध वाले, कृष्ण (कापोत) अग्निवर्ण की आभावाले, कर्कश-स्पर्श से युक्त और असह्य वेदना वाले होते हैं। वे नरकावास अशुभ हैं और उनमें अशुभ वेदनाएँ हैं।

उन नरकावासों में नैरयिक न सोकर नींद ले सकते हैं, न बैठे-बैठे नींद ले सकते हैं। उनमें न स्मृति होती है, न आनन्द होता है, न धैर्य और मति होती है।

वे वहाँ उत्कृष्ट, विपुल, प्रगाढ़, कटुक, कर्कश, चण्ड, दुःखबहुल, विषम, तीव्र और दुःसह्य नैरयिक वेदना का अनुभव करते हुए जीवन बिताते हैं।

जैसे कोई वृक्ष पर्वत के शिखर पर उत्पन्न हो, जिसकी जड़ कट गई हो, जो ऊपर से भारी हो, वह जिधर से नीचा, जिधर से विषम और जिधर से दुर्गम हो उधर ही गिरता है।

इसी प्रकार वैसा पुरुष एक गर्भ से दूसरे गर्भ में, एक जन्म से दूसरे जन्म में, एक मृत्यु से दूसरी मृत्यु में, एक नरक से दूसरी नरक में और एक दुःख से दूसरे दुःख में जाता है।

वह दक्षिण दिशा के नरक में उत्पन्न होने वाला, कृष्ण-पाक्षिक और भविष्यकाल में दुर्लभबोधिक होता है।

यह स्थान अनार्य, अकेवल **यावत्** सब दुखों के क्षय का अमार्ग, एकान्त मिथ्या और बुरा है।

यह प्रथम स्थान अर्धमपक्ष का विकल्प इस प्रकार कहा गया है।

६१. अधम्म पक्खीय पुरिसाणं परीक्खणं–

ते सव्वे पावाउया आइगरा धम्माणं नाणापण्णा नाणाछंदा नाणासीला नाणादिट्ठी नाणारुई नाणारंभा नाणाज्झवसाणसंजुत्ता एगं महं मंडलिबंधं किच्चा सव्वे एगओ चिट्ठंति।

पुरिसे य सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुण्णं अयोमएणं संडासएणं गहाय ते सव्वे पावाउए आइगरे धम्माणं नाणापण्णे **जाव** नाणाज्झवसाणसंजुत्ते एवं वयासी–हंभो पावाउया ! आइगरा ! धम्माणं णाणापण्णा **जाव** नाणाज्झवसाणसंजुत्ता। इमं ताव तुब्भे सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुण्णं गहाय मुहुत्तगं-मुहुत्तगं पाणिणा धरेह,

णो य हु संडासगं संसारियं कुज्जा,

णो य हु अग्गिथंभणियं कुज्जा

णो य हु साहम्मिय-वेयावडियं कुज्जा,

णो य हु परधम्मिय-वेयावडियं कुज्जा।

६१. अधर्मपक्षीय पुरुषों का परीक्षण–

वे दार्शनिक धर्म के आदिकर्ता, नाना प्रज्ञावाले, नाना अभिप्रायवाले, नाना स्वभाव वाले, नाना दृष्टि वाले, नाना रुचि वाले, नाना आरम्भ वाले, नाना अध्यवसाय से युक्त एक बड़ी मंडली बनाकर सब एक स्थान पर बैठते हैं।

उस समय कोई पुरुष जलते हुए अंगारों से भरे हुए पात्र को लोहे की संडासी से पकड़ कर धर्म के आदिकर्ता ! नानाप्रज्ञावाले ! **यावत्** नाना अध्यवसाय से युक्त दार्शनिकों से बोले–"हे धर्म के आदिकर्ता ! नानाप्रज्ञावाले ! **यावत्** नानाअध्यवसाय से युक्त दार्शनिकों ! तुम सब जलते हुए अंगारों से भरे हुए इस पात्र को मुहूर्त-मुहूर्तभर हाथों में पकड़कर रखो।

न इसे संडासी से पकड़ कर दूसरे के हाथ में दो।

न अग्नि-स्तंभनी विद्या का प्रयोग करो।

न साधर्मिक के लिए अग्नि-स्तंभन करो।

न परधर्म वालों के लिए अग्नि-स्तंभन करो।

उज्जुया णियागपडिवन्ना अमायं कुव्वमाणा पाणिं पसारेह,

इइ वुच्चा से पुरिसे तेसिं पावाउयाणं तं सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुण्णं अओमय संडासएणं गहाय पाणिंसु णिसिरइ,

तए णं ते पावाउया आइगरा धम्माणं नाणापन्ना **जाव** नाणाज्झवसाणसंजुत्ता पाणिं पडिसाहरेंति,

तए णं से पुरिसे ते सव्वे पावाउए आइगरे धम्माणं नाणापन्ने **जाव** नाणाज्झवसाणसंजुत्ते एवं वयासी–

'हं भो पावाउया ! आइगरा धम्माणं नाणापन्ना **जाव** नाणाज्झवसाणसंजुता ! कम्हा णं तुब्भे पाणिं पडिसाहरह ?

पाणी नो डज्झेज्जा ?

दड्ढे किं भविस्सइ ?

दुक्खं, दुक्खं ति मण्णमाणा पडिसाहरह।

एस तुला, एस पमाणे, एस समोसरणे

पत्तेयं तुला, पत्तेयं पमाणे, पत्तेयं समोसरणे।

तत्थं णं जे ते समणा माहणा एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति–

सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता हंतव्वा, अज्जावेयव्वा, परिघेत्तव्वा, परितावेयव्वा, किलामेयव्वा, उद्दवेयव्वा।

ते आगंतु छेयाए ते आगंतु भेयाए,

ते आगंतुं जाइ-जरा-मरण-जोणिजम्मणं-संसार-पुणब्भव-गब्भवास- भवपवंच- कलंकली भागिणो भविस्संति।

ते बहूणं दंडणाणं मुंडणाणं तज्जणाणं अंदुबंधणाणं घोलणाणं माइमरणाणं पिइमरणाणं भाइमरणाणं भगिणीमरणाणं भज्जामरणाणं पुत्तमरणाणं धूयमरणाणं सुण्हामरणाणं, दारिद्दाणं दोहग्गाणं अप्पियसंवासाणं पियविप्पओगाणं बहूणं दुक्खदोमणसाणं आभागिणो भविस्संति,

अणाइयं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं भुज्जो-भुज्जो अणुपरियट्टिस्संति,

ते नो सिज्झिस्संति **जाव** नो सव्वदुक्खाणं अंतं करिस्संति,

एस तुला, एस पमाणे, एस समोसरणे,

पत्तेयं तुला, पत्तेयं पमाणे, पत्तेयं समोसरणे।

–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७१८-७१९

सीधे पंक्ति में बैठ, शपथपूर्वक माया का प्रयोग न करते हुए हाथ को पसारो,

यह कह कर वह पुरुष उन दार्शनिकों के सामने जलते अंगारे से भरे हुए पात्र को लोहे की संड़ासी से पकड़ कर उनके हाथों की ओर आगे बढ़ाता है।

तब वे धर्म के आदिकर्ता, नानाप्रज्ञावाले **यावत्** नानाअध्यवसाय से युक्त दार्शनिक अपना हाथ खींच लेते हैं।

तब उस पुरुष ने धर्म के आदिकर्ता, नानाप्रज्ञावाले **यावत्** नानाअध्यवसाय से युक्त उन सब से इस प्रकार कहा–

'हे धर्म के आदिकर्ता ! नानाप्रज्ञावाले ! **यावत्** नानाअध्यवसाय से युक्त दार्शनिक प्रावादुकों ! तुम किसलिए हाथ को पीछे खींच रहे हो ?

क्या हाथ नहीं जलेंगे ?

हाथ जलने से क्या होगा ?

'दुःख होगा-दुःख-होगा'–यह मानकर तुम हाथ हटा लेते हो।

यह तुला (निश्चित) है, यह प्रमाण है और यह समवसरण है।

प्रत्येक के लिए तुला है, प्रत्येक के लिए प्रमाण है और प्रत्येक के लिए समवसरण है।

जो ये श्रमण–ब्राह्मण ऐसा आख्यान **यावत्** ऐसा प्ररूपण करते हैं कि–

सब प्राण **यावत्** सब सत्वों का हनन किया जा सकता है, अधीन बनाया जा सकता है, दास बनाया जा सकता है, परिताप दिया जा सकता है, क्लान्त किया जा सकता है और प्राणों से वियोजित किया जा सकता है।

वे भविष्य में शरीर के छेदन भेदन को प्राप्त होंगे।

वे भविष्य में जन्म, जरा, मरण योनिजन्म संसार में बारबार उत्पत्ति, गर्भवास, भव-प्रपंच में व्याकुल चित्त वाले होंगे।

वे बहुत दंड, मुंडन, तर्जन, ताडन, सांकल से बँधना, घुमाना तथा मातृमरण, पितृमरण, भ्रातृमरण, भगिनीमरण, भार्यामरण, पुत्रमरण, पुत्री मरण, पुत्रवधुमरण एवं दरिद्रता, दौर्भाग्य, अप्रिय-संयोग, प्रिय-वियोग और अनेक दुःख व वैमनस्य के भागी होंगे।

वे अनादि-अनन्त, लम्बे मार्गवाले, चतुर्गतिक संसाररूपी अरण्य में बार-बार परिभ्रमण करेंगे।

वे सिद्ध नहीं होंगे **यावत्** सब दुःखों का अन्त नहीं करेंगे।

यह तुला है, यह प्रमाण है और यह समवसरण है।

प्रत्येक के लिए तुला है, प्रत्येक के लिए प्रमाण है और प्रत्येक के लिए समवसरण है।

६२. धम्मपक्खीय किरिया ठाणं–

अहावरे तेरसमे किरियाठाणे इरियावहिए त्ति आहिज्जइ,

इह खलु अत्तत्ताए संवुडस्स अणगारस्स–

१. इरियासमियस्स,

२. भासासमियस्स,

६२. धर्मपक्षीय क्रियास्थान–

अब तेरहवाँ ईर्यापथिक क्रियास्थान कहा जाता है–

इस जगत् में इस क्रिया स्थान में आत्म कल्याण के लिए संवृत अणगार–

१. ईर्या-समिति से युक्त,

२. भाषा-समिति से युक्त,

३. एसणासमियस्स,
४. आयाणभंडमत्तणिक्खेवणासमियस्स,

५. उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाणजल्लपारिट्ठावणिया-समियस्स।
१. मणसमियस्स, २. वइसमियस्स, ३. कायसमियस्स
१. मणगुत्तस्स, २. वइगुत्तस्स, ३. कायगुत्तस्स,
गुत्तस्स गुत्तिंदियस्स गुत्तबंभचारिस्स आउत्तं गच्छमाणस्स, आउत्तं चिट्ठमाणस्स, आउत्तं णिसीयमाणस्स, आउत्तं तुयट्टमाणस्स आउत्तं भुंजमाणस्स, आउत्तं भासमाणस्स आउत्तं वत्थं पडिग्गहं कंबलं पायपुंछणं गेण्हमाणस्स वा, णिक्खिवमाणस्स वा **जाव** चक्खुपम्हणिवायमवि अत्थि वेमाया सुहुमा किरिया इरियावहिया नामं कज्जइ।

सा पढमसमए बद्धपुट्ठा।
बिइयसमए वेइया,
तइयसमए णिज्जिण्णा,
सा बद्धा पुट्ठा उदीरिया वेइया णिज्जिण्णा सेयकाले अकम्मं याऽ वि भवइ।

एवं खलु तस्स तप्पत्तियं असावज्जे त्ति आहिज्जइ।

तेरसमे किरियाठाणे इरियावहिए त्ति आहिए।
से बेमि–जे य अतीता, जे य पडुप्पन्ना, जे य आगमिस्सा अरहंता भगवंता सव्वे ते एयाइं चेव तेरस किरियाठाणाइं–भासिंसु वा, भासंति वा, भासिस्संति वा,

पण्णविंसु वा, पण्णवेंति वा, पण्णविस्संति वा।
एवं चेव तेरसमं किरियाठाणं सेविंसु वा, सेवंति वा, सेविस्संति वा। *–सूय. सु. २, अ. २, सु. ७०७*
एयंसि चेव तेरसमे किरियाठाणे वट्टमाणा जीवा सिज्झिंसु **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा।
एवं से भिक्खू आयट्ठी आयहिए आयगुत्ते आयजोगी आयपरक्कमे आयरक्खिए आयाणुकंपए आयनिप्फेडए आयाणमेव पडिसाहरेज्जासि त्ति बेमि।
–सूय. सु.२, अ. २, सु. ७२१

६३. धम्म पक्खीय पुरिसस्स विसिट्ठत्तं–

अहावरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ–
इह खलु पाईणं वा **जाव** दाहिणं वा, संतेगइया मणुस्सा भवंति, तं जहा–
आरिया वेगे, अणारिया वेगे,
उच्चागोया वेगे, णीयागोया वेगे,
कायमंता वेगे, हस्समंता वेगे,

३. एषणासमिति से युक्त,
४. पात्र, उपकरण आदि के ग्रहण करने और रखने की समिति से युक्त,
५. मल-मूत्र कफ, श्लेष्म और मैल की परिष्ठापना समिति से युक्त,
१. मनसमिति, २. वचनसमिति, ३. कायसमिति से युक्त
१. मनोगुप्ति, २. वचनगुप्ति, ३. कायगुप्ति से गुप्त,
जिसकी इन्द्रियां ब्रह्मचर्य की नौ गुप्तियों से गुप्त हैं,जो साधक उपयोग सहित गमन करता है, खड़ा होता है, बैठता है, करवट बदलता है, भोजन करता है, बोलता है,

वस्त्र, पात्र, कम्बल, पादप्रोंछन आदि को ग्रहण करता है और उपयोग पूर्वक ही इन्हें रखता-उठाता है **यावत्** आँखों की पलकें भी उपयोगसहित झपकाता है ऐसे साधु में विविध मात्रा वाली सूक्ष्म ईयापथिकी क्रिया होती है।
वह प्रथम समय में बद्ध स्पृष्ट होती है,
द्वितीय समय में उसका अनुभव होता है,
तृतीय समय में उसकी निर्जरा होती है।
इस प्रकार वह ईर्यापथिकी क्रिया क्रमशः बद्ध स्पृष्ट, उदीरित, वेदित और निर्जीर्ण होती है और आगामी काल में वह अकर्मभाव को प्राप्त होती है।
इस प्रकार उस संवृत अणगार की ऐर्यापथिक क्रिया असावद्य कही जाती है।
यह तेरहवाँ क्रिया स्थान ईर्यापथिक कहा गया है।
(श्री सुधर्मास्वामी जम्बूस्वामी से कहते हैं–) "मैं कहता हूँ कि भूतकाल में जितने तीर्थङ्कर हुए हैं, वर्तमान काल में जितने तीर्थङ्कर हैं और भविष्य में जितने भी तीर्थङ्कर होंगे, उन सभी ने इन तेरह क्रियास्थानों का कथन किया है, करते हैं तथा करेंगे,
इसी प्रकार प्ररूपणा की है, प्ररूपणा करते हैं तथा प्ररूपणा करेंगे।
इसी प्रकार उन्होंने तेरहवें क्रिया स्थान का सेवन किया है, सेवन करते हैं और सेवन करेंगे।
इनमें से तेरहवें क्रियास्थान में वर्तमान जीव सिद्ध हुए हैं, होते हैं और होंगे **यावत्** सब दुःखों का अन्त किया है, करते हैं और करेंगे।
इस प्रकार वह आत्मार्थी, आत्मा का हित करने वाला, आत्मगुप्त, आत्मयोगी, आत्मा के लिए पराक्रम करने वाला, आत्मा की रक्षा करने वाला, आत्मा की अनुकम्पा करने वाला, आत्मा का जगत् से उद्धार करने वाला भिक्षु अपनी आत्मा को समस्त पापों से निवृत्त करे।

६३. धर्मपक्षीय पुरुष का वैशिष्ट्य–

अब दूसरे स्थान धर्मपक्ष का विकल्प इस प्रकार कहा जाता है–
पूर्व **यावत्** दक्षिण दिशा में कुछ मनुष्य होते हैं, यथा–

कुछ आर्य होते हैं और कुछ अनार्य,
कुछ उच्च गोत्र वाले होते हैं और कुछ नीच गोत्र वाले होते हैं,
कुछ लंबे होते हैं और कुछ नाटे,

सुवण्णा वेगे, दुव्वण्णा वेगे,
सुरूवा वेगे, दुरूवा वेगे,
तेसिं च णं खेत्तवत्थूणि परिग्गहियाणि भवंति।
एसो आलावगो तहा णेयव्वो जहा पोंडरीए जाव **सव्वोवसंता सव्वयाए परिनिव्वुडे त्ति बेमि।**

एस ठाणे आरिए केवले **जाव** सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतसम्मे साहू।
दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए।
–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७११

तत्थ णं जे ते समण-माहणा एवं आइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति–
"सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता ण हंतव्वा, ण अज्जावेयव्वा, ण परिघेत्तव्वा, ण परितावेयव्वा, ण किलामेयव्वा, ण उद्देवेयव्वा

ते णो आगंतु छेयाए, ते णो आगंतु भेयाए,
ते णो आगंतुं जाइ जरा-मरण-जोणि-जम्मण-संसार-पुणब्भवगब्भवास-भवपवंच कलंकलीभागिणो भविस्संति।
ते णो बहूणं दंडणाणं **जाव** णो बहूणं दुक्खदोमणसाणं आभागिणो भविस्संति।
अणादियं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं भुज्जो-भुज्जो णो अणुपरियट्टिस्संति।
ते सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करिस्संति।
–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७२०

कुछ गोरे होते हैं और कुछ काले,
कुछ सुडौल होते हैं और कुछ कुडौल
उनके भूमि और घर परिगृहीत होते हैं,
ये आलापक पोंडरीक के समान जानना चाहिए यावत् **जो समस्त कषायों से उपशान्त हैं और समस्त भोगों से निवृत्त हैं (वे धर्मपक्षीय हैं) ऐसा मैं कहता हूँ।**
यह स्थान आर्य, द्वन्द्वरहित **यावत्** सब दुःखों के क्षय का मार्ग, एकान्त सम्यक् और श्रेष्ठ है।
इस प्रकार दूसरे स्थान धर्मपक्ष का विकल्प निरूपित है।

जो ये श्रमण-ब्राह्मण ऐसा आख्यान **यावत्** ऐसा प्ररूपण करते हैं कि–
"सब प्राण **यावत्** सब सत्वों का हनन नहीं करना चाहिए, अधीन नहीं बनाना चाहिए, दास नहीं बनाना चाहिए, परिताप नहीं देना चाहिए, क्लान्त नहीं करना चाहिए और प्राणों से वियोजित नहीं करना चाहिए।
वे भविष्य में शरीर के छेदन भेदन को प्राप्त नहीं होंगे।
वे भविष्य में जन्म, जरा, मरण, योनिजन्म, संसार में बार-बार उत्पन्न, गर्भवास, भवप्रपंच में व्याकुलचित्त वाले नहीं होंगे।
वे बहुत दंड **यावत्** अनेक दुःख व वैमनस्य के भागी नहीं होंगे।

वे अनादि-अनन्त लंबे मार्ग वाले, चातुर्गतिक संसाररूपी अरण्य में बार-बार परिभ्रमण नहीं करेंगे।
वे सिद्ध होंगे **यावत्** सब दुःखों का अन्त करेंगे।

६४. धम्मबहुल मिस्सठाणस्स सरूव परूवणं–

अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ–
इह खलु पाईणं वा **जाव** दाहिणं वा संतेगइया मणुस्सा भवंति, तं जहा–
अप्पिच्छा, अप्पारंभा, अप्पपरिग्गहा, धम्मिया धम्माणुया **जाव** धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति,

सुसीला सुव्वया सुप्पडियाणंदा सुसाहू।
एगच्चाओ पाणाइवायाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अप्पडिविरया **जाव** एगच्चाओ कुट्टण-पिट्टण-तज्जण-ताडण-वह-बंधपरिकिलेसाओ पडिविरया जावज्जीवाए एगच्चाओ अप्पडिविरया।
जे यावऽण्णे तहप्पगारा सावज्जा अबोहिया कम्मंता परपाणपरितावणकरा कज्जंति, तओ वि एगच्चाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अप्पडिविरया।
से जहाणामए समणोवासगा भवंति–अभिगयजीवाऽजीवा, उवलद्धपुण्णपावा, आसव-संवर-वेयण-णिज्जर-किरिया-ऽहिकरण-बंध-मोक्खकुसला,

६४. धर्म बहुल मिश्र स्थान के स्वरूप का प्ररूपण–

अब तीसरे स्थान मिश्रकपक्ष का विकल्प इस प्रकार कहा जाता है–
पूर्व **यावत्** दक्षिण दिशा में कई मनुष्य ऐसे होते हैं, यथा–

वे अल्प इच्छा वाले, अल्प आरम्भ वाले, अल्प परिग्रह वाले, धार्मिक, धर्म का अनुगमन करने वाले **यावत्** धर्म के द्वारा आजीविका करने वाले होते हैं।
वे सुशील, सुव्रत, सुप्रत्यानन्द सुसाधु हैं।
वे यावज्जीवन कुछ प्राणातिपात से विरत हैं और कुछ से अविरत हैं **यावत्** यावज्जीवन कुछ कुट्टन, पीडन, तर्जन, ताडन, वध, बंध परिक्लेश से विरत और कुछ से अविरत हैं।

जो इस प्रकार के अन्य सावद्य, अबोधि करने वाले, दूसरे प्राणियों को परितप्त करने वाले कर्म-व्यवहार किए जाते हैं। उनमें से भी कुछ से यावज्जीवन विरत होते हैं और कुछ से अविरत होते हैं।
कुछ ऐसे श्रमणोपासक होते हैं–जो जीव-अजीव को जानने वाले, पुण्य-पाप के मर्म को समझने वाले, आस्रव, संवर, वेदना, निर्जरा, क्रिया, अधिकरण, बन्ध और मोक्ष के विषय में कुशल होते हैं।

असहेज्जादेवासुर-नाग-सुवण्ण-जक्ख-रक्खस-किन्नर-किंपुरिस-गरुल-गंधव्व-महोरगादीएहिं देवगणेहिं निग्गंथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जा,
इणमेव निग्गंथे पावयणे निस्संकिया निक्कंखिया निव्वितिगिच्छा लद्धट्ठा गहियट्ठा पुच्छियट्ठा विणिच्छियट्ठा अभिगयट्ठा अट्ठिमिंजपेम्माणुरागरत्ता,

अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अट्ठे, अयं परमट्ठे, सेसे अणट्ठे,
ऊसियफलिहा अवंगुयदुवारा चियत्तंतेउरपरघरपवेसा चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठ पुण्णमासिणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपालेमाणा।

समणे निग्गंथे फासुएसणिज्जेणं असण- पाण-खाइम-साइमेणं वत्थ-पडिग्गह-कंबल-पायपुंछणेणं, ओसहभेसज्जेणं, पीढ-फलग-सेज्जासंथारएणं पडिलाभेमाणा,
बहूहिं सीलव्वय-गुण-वेरमण-पच्चक्खाण-पोसहोववासेहिं अहापरिग्गहिएहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणा विहरंति।

ते णं एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणा–
बहूइं वासाइं समणोवासगपरियागं पाउणंति,
पाउणित्ता आबाहंसि उप्पण्णंसि वा, अणुप्पण्णंसि वा, बहूइं भत्ताइं पच्चक्खाइंति, पच्चक्खाइत्ता, बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति,
छेदेत्ता, आलोइयपडिक्कंता समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा अण्णयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा–
महिड्ढिएसु महज्जुइएसु **जाव** महासोक्खेसु।

सेसं तहेव जाव–
एस ठाणे आरिए सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे **जाव** एगंतसम्मे साहू।

तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स विभंगे एवमाहिए।
–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७१५

६५. **धम्मपक्खीयाणं पुरिसाणं पवित्ति परिणाम य–**
अहावरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ-
इह-खलु पाईणं वा **जाव** दाहिणं वा संतेगइया मणुस्सा भवंति, तं जहा–
अणारंभा अपरिग्गहा धम्मिया धम्माणुगा धम्मिट्ठा **जाव** धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति।
सुसीला सुव्वया सुप्पडियाणंदा सुसाहू–

सव्वाओ पाणाइवायाओ पडिविरया जावज्जीवाए **जाव**
सव्वाओ कुट्टण-पिट्टण-तज्जण-ताडण-वह-बंधपरिकिलेसाओ पडिविरया जावज्जीवाए,

सत्य के प्रति स्वयं निश्चल, देव, असुर, नाग, सुपर्ण, यक्ष, राक्षस, किन्नर, किंपुरुष, गरुड़, गंधर्व, महोरग आदि देवगणों के द्वारा निर्ग्रन्थ प्रवचन से विचलित नहीं होते हैं।

इस निर्ग्रन्थ प्रवचन में शंका रहित, कांक्षा रहित, विचिकित्सा रहित, यथार्थ को सुनने वाले, ग्रहण करने वाले, उस विषय में प्रश्न करने वाले, उसका विनिश्चय करने वाले, उसे जानने वाले और प्रेमानुराग से अनुरक्त अस्थि-मज्जा वाले होते हैं।
हे आयुष्मन् ! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन यथार्थ है, यह परमार्थ है, शेष अनर्थ है, (ऐसा मानने वाले)

वे अर्गला को ऊंचा और दरवाजे को खुला रखने वाले, अन्तःपुर और दूसरों के घर में बिना किसी रुकावट के प्रवेश करने वाले, चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा को प्रतिपूर्ण पौषध का सम्यक् अनुपालन करने वाले हैं।
वे श्रमण-निर्ग्रन्थों को प्रासुक और एषणीय अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंछन, औषध, भैषज, पीठ-फलक शय्या और संस्तारक का दान देने वाले,

बहुल शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास के द्वारा तथा यथापरिग्रहीत तपःकर्म के द्वारा आत्मा को भावित करते हुए रहते हैं।

वे इस प्रकार के विहार से विचरण करते हुए
बहुत वर्षों तक श्रमणोपासक पर्याय का पालन करते हैं,
पालनकर रोगादि की बाधा के उत्पन्न होने पर या न होने पर अनेक दिनों तक भोजन का प्रत्याख्यान करते हैं, प्रत्याख्यान करके अनेक दिनों तक भोजन का अनशन के द्वारा विच्छेद करते हैं,
विच्छेद कर आलोचना और प्रतिक्रमण कर समाधि पूर्वक, कालमास में काल करके किन्हीं देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

वे देवलोक महान् ऋद्धि, महान् द्युति **यावत्** महान् सुख वाले होते हैं।
शेष कथन पूर्ववत् जानना चाहिए यावत्
यह स्थान आर्य **यावत्** सब दुःखों के क्षय का मार्ग, एकान्त सम्यक् और सुसाधु है।
यह तीसरे स्थान मिश्रपक्ष का विकल्प इस प्रकार कहा गया है।

६५. **धर्मपक्षीय पुरुषों की प्रवृत्ति एवं परिणाम–**
अब दूसरे स्थान धर्म का विकल्प इस प्रकार कहा जाता है–
पूर्व **यावत्** दक्षिण दिशाओं में कई मनुष्य होते हैं, यथा–

अनारंभी, अपरिग्रही, धार्मिक, धर्म का अनुगमन करने वाले, धर्मिष्ठ **यावत्** धर्म के द्वारा आजीविका करते हुए रहते हैं।
वे सुशील, सुव्रत, सुप्रत्यानन्द अर्थात् उपकारी का उपकार मानने वाले सुसाधु हैं।
वे यावज्जीवन सर्वप्राणातिपात से विरत **यावत्** वे यावज्जीवन सब कुट्टन, पीडन, तर्जन, ताडन, वध, बन्ध, परिक्लेश से विरत होते हैं।

जे यावऽण्णे तहप्पगारा सावज्जा अबोहिया कम्मंता परपाणपरितावणकरा कज्जंति त ओ वि पडिविरया जावज्जीवाए।

से जहाणामए अणगारा भगवंतो–

१. इरियासमिया,
२. भासासमिया,
३. एसणासमिया,
४. आयाण-भंड-मत्त-णिक्खेवणासमिया,
५. उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण- जल्लपारिट्ठावणियासमिया–
१. मणसमिया, २. वइसमिया, ३. कायसमिया,
१. मणगुत्ता, २. वइगुत्ता, ३. कायगुत्ता,
गुत्ता, गुत्तिंदिया, गुत्तबंभयारी, अकोहा अमाणा अमाया अलोभा संता पसंता उवसंता परिणिव्वुडा,
अणासवा अगंथा छिन्नसोया निरुवलेवा–
१. कंसपाई व मुक्कतोया,
२. संखो इव णिरंगणा,
३. जीवो इव अप्पडिहयगई,
४. गगणतलं पि व निरालंबणा,
५. वायुरिव अपडिबद्धा,
६. सारदसलिलं व सुद्धहियया,
७. पुक्खपत्तं व निरुवलेवा,
८. कुम्मो इव गुत्तिंदिया,
९. विहग इव विप्पमुक्का,
१०. खग्गविसाणं व एगजाया,
११. भारंडपक्खी व अप्पमत्ता,
१२. कुंजरा इव सोंडीरा,
१३. वसभो इव जायत्थामा,
१४. सीहो इव दुद्धरिसा,
१५. मंदरो इव अप्पकंपा,
१६. सागरो इव गंभीरा,
१७. चंदो इव सोमलेसा,
१८. सुरो इव दित्ततेया,
१९. जच्चकणगं व जातरूवा,
२०. वसुंधरा इव सव्वफासविसहा,
२१. सुहुतहुयासणो विव तेयसा जलंता।

णत्थि णं तेसिं भगवंताणं कत्थवि पडिबंधे भवइ,
से य पडिबंधे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अंडए इ वा, २. पोयए इ वा,
३. उग्गहे इ वा, ४. पग्गहे इ वा,
जण्णं जण्णं दिसं इच्छंति तण्णं तण्णं दिसं अप्पडिबद्धा सुइब्भूया लहुब्भूया अप्पग्गंथा संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणा विहरंति।

जो इस प्रकार के अन्य सावद्य, अबोधि करने वाले, दूसरे प्राणियों को परितप्त करने वाले कर्म-व्यवहार किए जाते हैं उनसे भी वे यावज्जीवन प्रतिविरत होते हैं।

जैसे अनगार भगवन्त–

१. चलने में समित
२. बोलने में समित,
३. आहार की एषणा में समित,
४. वस्त्र-पात्र लेने और रखने में समित,
५. उच्चार-प्रस्रवण-कफ श्लेष्म-मैल के उत्सर्ग में समित,
१. मन से समित, २. वचन से समित, ३. शरीर से समित
१. मन से गुप्त, २. वाणी से गुप्त, ३. शरीर से गुप्त,
गुप्त, गुप्तेन्द्रिय वाले, गुप्त ब्रह्मचर्य वाले, क्रोध-मान-माया और लोभ से मुक्त, शान्त, प्रशान्त-उपशान्त, परिनिर्वाण को प्राप्त।
आश्रव से रहित, ग्रन्थि से रहित, शोक रहित और लेप रहित।
१. अलिप्त कांसे की कटोरी की भांति स्नेहमुक्त,
२. शंख की भांति रंगरहित,
३. जीव की भांति अप्रतिहत गति वाले,
४. गगन की भांति आलंबन रहित,
५. वायु की भांति स्वतंत्र,
६. शरद् ऋतु के जल की भांति शुद्ध हृदय वाले,
७. कमलपत्र की भांति निर्लेप,
८. कछुए की भांति गुप्त इन्द्रिय वाले,
९. पक्षी की भांति स्वतन्त्र विहारी,
१०. गेंडे के सींग की भांति अकेले,
११. भारण्ड पक्षी की भांति अप्रमत्त,
१२. हाथी की भांति पराक्रमी,
१३. बैल की भांति भार के निर्वाह में समर्थ,
१४. सिंह की भांति अपराजेय,
१५. मंदर पर्वत की भांति अप्रकंप,
१६. सागर की भांति गंभीर
१७. चन्द्र की भांति सौम्य मनोवृत्ति वाले,
१८. सूर्य की भांति दीप्ति तेजस्वी
१९. शुद्ध स्वर्ण की भांति सहज सुन्दर,
२०. पृथ्वी की भांति सब स्पर्शों को सहने वाले
२१. धृत सिक्त अग्नि की भांति तेज से देदीप्यमान होते हैं

उन भगवन्तों के कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है।

वह प्रतिबन्ध चार प्रकार का कहा गया है, जैसे–
१. अंडज, २. पोतज,
३. अवग्रह, ४. प्रग्रह।

वे जिस-जिस दिशा में जाना चाहते हैं, उस-उस दिशा में अप्रतिबद्ध, शुचिभूत, धन-धान्य से रहित, अल्प उपधि वाले, अपरिग्रही रहते हुए, संयम और तप के द्वारा आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते हैं।

तेसिं णं भगवंताणं इमा एयारूवा जायामायावित्ती होत्था, तं जहा–

चउत्थे भत्ते, छट्ठे भत्ते, अट्ठमे भत्ते, दसमे भत्ते, दुवालसमे भत्ते, चोद्दसमे भत्ते, अद्धमासिए भत्ते, मासिए भत्ते, दोमासिए भत्ते, तेमासिए भत्ते, चउम्मासिए भत्ते, पंचमासिए भत्ते, छम्मासिए भत्ते। अदुत्तरं च णं

१. उक्खित्तचरगा,
२. णिक्खित्तचरगा,
३. उक्खित्तणिक्खित्तचरगा,
४. अंतचरगा,
५. पंतचरगा,
६. लूहचरगा,
७. समुदाणचरगा,
८. संसट्ठचरगा,
९. असंसट्ठचरगा,
१०. तज्जायसंसट्ठचरगा,
११. दिट्ठलाभिया,
१२. अदिट्ठलाभिया,
१३. पुट्ठलाभिया,
१४. अपुट्ठलाभिया,
१५. भिक्खलाभिया,
१६. अभिक्खलाभिया,
१७. अण्णायचरगा,
१८. अन्नगिलायचरगा,
१९. ओवणिहिया,
२०. संखादत्तिया,
२१. परिमियपिंडवाइया,
२२. सुद्धेसणिया,
२३. अंताहारा,
२४. पंताहारा,
२५. अरसाहारा,
२६. विरसाहारा,
२७. लूहाहारा,
२८. तुच्छाहारा,
२९. अंतजीवी,
३०. पंतजीवी,
३१. पुरिमड्ढिया,
३२. आयंबिलिया,
३३. निव्विगइया,
३४. अमज्ज-मंसा सिणो,
३५. णो णियामरसभोई,
३६. ठाणाईया,
३७. पडिमट्ठाईया,

उन भगवन्तों की इस प्रकार की संयमी जीवन चलाने वाली प्रवृत्ति होती है, यथा–

वे एक दिन का उपवास, दो दिन का उपवास, तीन दिन का उपवास, चार दिन का उपवास, पांच दिन का उपवास, छह दिन का उपवास, एक पक्ष का उपवास, एक मास का उपवास, दो मास का उपवास, तीन मास का उपवास, चार मास का उपवास, पांच मास का उपवास, छह मास का उपवास, यथा–

१. पाक-भोजन से बाहर निकाले हुए भोजन को लेने वाले।
२. पाक-भोजन में रखे भोजन को लेने वाले।
३. पाक-भोजन से बाहर निकाले तथा रखे भोजन को लेने वाले।
४. निरस भोजन लेने वाले।
५. बासी भोजन लेने वाले।
६. रूखा भोजन लेने वाले।
७. अनेक घरों से भिक्षा लेने वाले।
८. लिप्त हाथ या कड़छी से भिक्षा लेने वाले।
९. अलिप्त हाथ या कड़छी से भिक्षा लेने वाले।
१०. देय द्रव्य से लिप्त हाथ या कड़छी से भिक्षा लेने वाले।
११. सामने दीखने वाले आहार आदि को लेने वाले।
१२. सामने नहीं दीखने वाले आहार आदि को लेने वाले।
१३. "क्या भिक्षा लोगे?" यह पूछे जाने पर ही भिक्षा लेने वाले।
१४. "क्या भिक्षा लोगे"–यह प्रश्न पूछे बिना भी भिक्षा देने वाले।
१५. स्वयं भिक्षा लाकर भोजन करने वाले।
१६. दूसरे श्रमणों द्वारा लाई हुई भिक्षा का भोजन लेने वाले।
१७. परिचय दिए बिना भोजन लेने वाले।
१८. आहार के बिना ग्लान होने पर ही भिक्षा लेने वाले।
१९. पास में रखा हुआ भोजन लेने वाले।
२०. परिमित दत्तियों का भोजन लेने वाले।
२१. परिमित द्रव्यों की भिक्षा लेने वाले।
२२. निर्दोष या व्यंजन रहित भोजन लेने वाले।
२३. बचा-खुचा भोजन करने वाले।
२४. बासी भोजन करने वाले।
२५. हींग आदि के बघार से रहित भोजन करने वाले।
२६. पुराने धान्यों का भोजन करने वाले।
२७. रूखा आहार करने वाले।
२८. तुच्छ भोजन करने वाले।
२९. बचे-खुचे भोजन से जीवन चलाने वाले।
३०. बासी भोजन से जीवन चलाने वाले।
३१. दिन के पूर्वार्ध में भोजन नहीं करने वाले।
३२. आयंबिल तप करने वाले।
३३. घृत आदि विकृतियों को न खाने वाले।
३४. मद्य-मांस न खाने वाले।
३५. अधिक रसों का भोजन नहीं करने वाले।
३६. कायोत्सर्ग-मुद्रा में खड़े रहने वाले।
३७. प्रतिमाकाल में कायोत्सर्ग मुद्रा में अवस्थित।

३८. णेसज्जिया,
३९. वीरासणिया,
४०. दंडायतिया,
४१. लगंडसाइणो,
४२. आयावगा,
४३. अवाउडा,
४४. अगत्तया,
४५. अकंडुया,
४६. अणिट्ठुहा,
४७. धुयकेस-मंसु-रोम-नहा,
४८. सव्वगायपडिकम्म विप्पमुक्का चिट्ठंति।

३८. विशेष प्रकार से बैठने वाले।
३९. वीरासन की मुद्रा में अवस्थित।
४०. पैरों को पसार कर बैठने वाले।
४१. लक्कड़ की तरह टेड़े होकर सोने वाले।
४२. आतापना लेने वाले।
४३. वस्त्र त्याग करने वाले।
४४. शरीर से निर्मोही रहने वाले।
४५. खुजली नहीं करने वाले।
४६. नहीं थूकने वाले।
४७. केश, श्मश्रु, रोम और नखों को न सजाने वाले।
४८. समस्त शरीर को सजाने संवारने से मुक्त रहने वाले होते हैं।

ते णं एएणं विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति,

वे इस प्रकार से विचरण करते हुए बहुत वर्षों तक श्रामण्य-पर्याय का पालन करते हैं।

पाउणित्ता, आबाहंसि, उप्पण्णंसि वा, अणुप्पण्णंसि वा बहूइं भत्ताइं पच्चक्खाइंति

पालन करने में बाधा उत्पन्न होने पर या न होने पर, अनेक दिनों तक भोजन का प्रत्याख्यान करते हैं।

पच्चक्खित्ता बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति,

प्रत्याख्यान कर अनेक दिनों तक भोजन का त्याग करते हैं।

छेदेत्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे मुंडभावे अण्हाणगे अदंतवणगे अछत्तए अणोवाहणए भूमिसेज्जा फलगसेज्जा कट्ठसेज्जा केसलोए बंभचेरवासे परघरपवेसे लद्धावलद्धं-माणावमाणणाओ हीलणाओ निंदणाओ खिंसणाओ गरहणाओ–तज्जणाओ–तालणाओ, उच्चावया गामकंटगा बावीसं परीसहोवसग्गा अहियासिज्जंति, अहियासिज्झित्ता तमट्ठं आराहेंति, आराहित्ता,

त्याग करके जिस प्रयोजन के लिए नग्न-भाव, मुंडभाव, स्नान का निषेध, दतौन का निषेध, छत्र का निषेध, जूतों का निषेध, भूमि-शय्या, फलकशय्या, काष्ठशय्या, केशलोच, ब्रह्मचर्यवास भिक्षार्थ परघरप्रवेश होने पर आहार प्राप्त में लाभ, अलाभ, मान, अपमान, अवहेलना, निन्दा, भर्त्सना, गर्हा, तर्जना, ताड़ना, नाना प्रकार के ग्राम्यकंटक (चुभने वाले शब्द) आदि बाईस परीषह और उपसर्ग सहे जाते हैं, सहकर साधु धर्म की आराधना करते हैं।

चरमेहिं उस्सासनिस्सासेहिं अणंतं अणुत्तरं णिव्वाघायं निरावरणं कसिणं पडिपुण्णं केवलवरणाण-दंसणं समुप्पाडेंति,

आराधना करके अन्तिम उच्छ्वास-निःश्वासों में से अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, पूर्ण, प्रतिपूर्ण, केवलज्ञानदर्शन प्राप्त करते हैं।

समुप्पाडित्ता तओ पच्छा सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिनिव्वायंति, सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति,

प्राप्त करके वे सिद्ध, बुद्ध, मुक्त और परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं तथा सब दुःखों का अन्त करते हैं।

एगच्चा पुण एगे भयंतारो भवंति।

कुछ अनगार एक भव करके मुक्त होते हैं।

अवरे पुण पुव्वकम्मावसेसेणं कालमासे कालं किच्चा अण्णयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा–

कुछ दिन पूर्व कर्म के अवशेष रहने पर कालमास में काल करके किन्हीं देवलोकों में देव रूप में उत्पन्न होते हैं, यथा–

महिड्ढीएसु महज्जुइएसु महापरक्कमेसु महाजसेसु महब्बलेसु महाणुभावेसु महासोक्खेसु, ते णं तत्थ देवा भवंति महिड्ढिया **जाव** महासुक्खा हारविराइयवच्छा कडग-तुडिय-थंभियभुया अंगय-कुंडलमट्ठगंड तलकण्ण पीढधारी विचित्तहत्थाभरणा विचित्तमाला - मउलि - मउडा कल्लाणगगंध- पवर-वत्थ-परिहिया कल्लाणग-पवर-मल्लाणुलेवणधरा भासुरबोंदी पलंबवणमालधरा,

वे देवलोक महान् ऋद्धि, महान् द्युति, महान् पराक्रम, महान् यश, महान् बल, महान सामर्थ्य और महान् सुख वाले होते हैं। उन देवलोकों में महान् ऋद्धि वाले **यावत्** महान् सुख वाले देव होते हैं। वे हार से सुशोभित वक्ष स्थल वाले, भुजाओं में कड़े और भुजरक्षक पहनने वाले, बाजूबन्ध, कुंडल, कपोल-आलेखन और कर्णफूल को धारण करने वाले, विचित्र हस्ताभरण वाले, मस्तक पर विचित्र माला और मुकुट धारण करने वाले, कल्याणकारी सुगंधित उत्तम वस्त्र पहनने वाले, कल्याणकारी श्रेष्ठ माला और अनुलेपन धारण करने वाले, प्रभायुक्त शरीर वाले, लंबी वनमालाओं को धारण करने वाले,

दिव्वेणं रूवेणं, दिव्वेणं वण्णेणं, दिव्वेणं गंधेणं, दिव्वेणं फासेणं, दिव्वेणं संघाएणं, दिव्वेणं संठाणेणं, दिव्वाए इड्ढीए, दिव्वाए जुईए, दिव्वाए पभाए, दिव्वाए छायाए, दिव्वाए अच्चीए, दिव्वेणं तेएणं, दिव्वाए लेसाए दस दिसाओ उज्जोवेमाणा, पभासेमाणा, गइकल्लाणा, ठिइकल्लाणा, आगमेस्सभद्दया वि भवंति,

दिव्य रूप, दिव्य वर्ण, दिव्य गंध, दिव्य स्पर्श, दिव्य संघात, दिव्य संस्थान, दिव्य ऋद्धि, दिव्यद्युति, दिव्यप्रभा, दिव्य छाया, दिव्यअर्चा, दिव्य तेज, दिव्य लेश्या से दशों दिशाओं को उद्योतित और प्रभासित करने वाले, कल्याणकारी गति वाले, कल्याणकारी स्थिति वाले और कल्याणकारी भविष्य वाले होते हैं।

एस ठाणे आरिए **जाव** सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एंगतसम्मे साहू।

दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए।

–सुय. सु. २, अ. २, सु. ७१४

यह स्थान आर्य **यावत्** सब दुःखों के क्षय का मार्ग, एकांत सम्यक् और सुसाधु है।

यह दूसरे स्थान धर्मपक्ष का विकल्प कहा गया है।

६६. ओहेण अकिरिया–

एगा अकिरिया *–सम. सम. १, सु. ६*

६६. सामान्य रूप से अक्रिया–

अक्रिया एक है।

६७. अकिरिया फलं–

प. से णं भंते ! अकिरिया किं फला ?

उ. गोयमा ! सिद्धिपज्जवसाणफला पण्णत्ता[1],

–विया. स. २, उ. ५, सु. २६

६७. अक्रिया का फल–

प्र. भंते ! अक्रिया का क्या फल है ?

उ. गौतम ! उसका अंतिम फल सिद्धि प्राप्त करना कहा है।

६८. सुत्त-जागर-बलियत्त-दुब्बलियत्त-दक्खत्तआलसियत्ताइं पडुच्च साहु-असाहु परूवणं–

प. सुत्तत्तं भंते ! साहू, जागरियत्तं साहू ?

उ. जयंति ! अत्थेगइयाणं जीवाणं सुत्तत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं जागरियत्तं साहू।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

''अत्थेगइयाणं जीवाणं सुत्तत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं जागरियत्तं साहू ?''

उ. जयंती ! जे इमे जीवा अहम्मिया, अहम्माणुया, अहम्मिट्ठा, अहम्मक्खाई, अहम्मपलोई अहम्मपलज्जणा, अहम्मसमुदायारा अहम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति,

एएसि णं जीवाणं सुत्तत्तं साहू।

एए णं जीवा सुत्ता समाणा नो बहूणं पाणाणं, भूयाणं, जीवाणं, सत्ताणं दुक्खणयाए सोयणयाए **जाव** परियावणयाए वट्टंति।

एए णं जीवा सुत्ता समाणा अप्पाणं वा परं वा तदुभयं वा नो बहूहिं अहम्मियाहिं संजोयणाहिं संजोएत्तारो भवंति।

एएसि णं जीवाणं सुत्तत्तं साहू।

जयंती ! जे इमे जीवा धम्मिया धम्माणुया **जाव** धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति,

एएसि णं जीवाणं जागरियत्तं साहू।

एए णं जीवा जागरा समाणा बहूणं पाणाणं **जाव** सत्ताणं अदुक्खणयाए **जाव** अपरियावणयाए वट्टंति।

एए णं जीवा जागरमाणा अप्पाणं वा, परं वा, तदुभयं वा बहूहिं धम्मियाहिं संजोयणाहिं संजोएत्तारो भवंति।

एए णं जीवा जागरमाणा धम्मजागरियाए अप्पाणं जागरइत्तारो भवंति।

एएसि णं जीवाणं जागरियत्तं साहू।

६८. सुप्त-जागृत-सबलत्व-दुर्बलत्व-दक्षत्व-आलसित्व की अपेक्षा साधु-असाधुपने का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जीवों का सुप्त रहना अच्छा है या जागृत रहना अच्छा है ?

उ. जयन्ती ! कुछ जीवों का सुप्त रहना अच्छा है और कुछ जीवों का जागृत रहना अच्छा है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

''कुछ जीवों का सुप्त रहना अच्छा है और कुछ जीवों का जागृत रहना अच्छा है ?''

उ. जयन्ती ! जो ये अधार्मिक, अधर्मानुसरणकर्ता, अधर्मिष्ठ, अधर्म का कथन करने वाले, अधर्मावलोकनकर्ता, अधर्म में आसक्त, अधर्माचरण करने वाले और अधर्म से ही आजीविका करने वाले हैं।

उन जीवों का सुप्त रहना अच्छा है,

क्योंकि ये जीव सुप्त रहते हैं तो अनेक प्राणों, भूतों, जीवों और सत्त्वों को दुःख शोक **यावत्** परिताप देने में प्रवृत्त नहीं होते।

सोये रहने पर ये जीव स्वयं को, दूसरे को और स्व-पर को अनेक अधार्मिक क्रियाओं (प्रपंचों) में संयोजित नहीं करते।

इसलिए इन जीवों का सुप्त रहना अच्छा है।

जयन्ती ! जो ये धार्मिक, धर्मानुसारी **यावत्** धर्म से ही अपनी आजीविका करने वाले हैं,

उन जीवों का जागृत रहना अच्छा है,

क्योंकि ये जीव जागृत हों तो बहुत से प्राणों **यावत्** सत्त्वों को दुःख **यावत्** परिताप देने में प्रवृत्त नहीं होते।

ऐसे (धर्मिष्ठ) जीव जागृत रहते हुए स्वयं को, दूसरे को और स्व-पर को अनेक धार्मिक प्रवृत्तियों में संयोजित करते रहते हैं।

ऐसे जीव जागृत रहते हुए धर्मजागरणा से अपने आपको जागृत करने वाले होते हैं।

अतः इन जीवों का जागृत रहना अच्छा है।

---

१. (क) प. सा णं भंते ! अकिरिया किं फला ?
उ. निव्वाणफला, *–उत्त. अ. २९, सु. २९*

प. से णं भंते ! निव्वाणे किं फले ?
उ. सिद्धगइगमणपज्जवसाणफले पण्णत्ते, समणाउसो ! *–ठाणं अ. ३, सु. १९५*

से तेणट्ठेणं जयंति ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइयाणं जीवाणं सुत्तत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं जागरियत्तं साहू।''

प. बलियत्तं भंते ! साहू, दुब्बलियत्तं साहू ?

उ. जयंति ! अत्थेगइयाणं जीवाणं बलियत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं दुब्बलियत्तं साहू।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

''अत्थेगइयाणं जीवाणं बलियत्तं साहू अत्थेगइयाणं जीवाणं दुब्बलियत्तं साहू ?''

उ. जयंति ! जे इमे जीवा अहम्मिया **जाव** अहम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति एएसि णं जीवाणं दुब्बलियत्तं साहू।

एएणं जीवा एवं जहा सुत्तस्स तहा दुब्बलियस्स वत्तव्वया भाणियव्वा।

बलियस्स जहा जागरस्स तहा भाणियव्वं जाव **संजोएत्तारो भवंति,**

एएसि णं जीवाणं बलियत्तं साहू।

से तेणट्ठेणं जयंति ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइयाणं जीवाणं बलियत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं दुब्बलियत्तं साहू।'

प. दक्खत्तं भंते ! साहू, आलसियत्तं साहू ?

उ. जयंति ! अत्थेगइयाणं जीवाणं दक्खत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं आलसियत्तं साहू।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

''अत्थेगइयाणं जीवाणं दक्खत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं आलसियत्तं साहू'' ?

उ. जयंति ! जे इमे जीवा अहम्मिया **जाव** अहम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति,

एएसि णं जीवाणं आलसियत्तं साहू, एए णं जीवा अलसा समाणा नो बहूणं **जहा सुत्ता तहा अलसा भाणियव्वा।**

जहा जागरा तहा दक्खा भाणियव्वा जाव **संजोएत्तारो भवंति।**

एए णं जीवा दक्खा समाणा बहूहिं–

१. आयरियवेयावच्चेहिं, २. उवज्झायवेयावच्चेहिं,
३. थेरवेयावच्चेहिं, ४. तवस्सीवेयावच्चेहिं,
५. गिलाणवेयावच्चेहिं, ६. सेहवेयावच्चेहिं,
७. कुलवेयावच्चेहिं, ८. गणवेयावच्चेहिं,
९. संघवेयावच्चेहिं, १०. साहम्मियवेयावच्चेहिं,

अत्ताणं संजोएत्तारो भवंति।

एएसि णं जीवाणं दक्खत्तं साहू।

से तेणट्ठेणं जयंति ! एवं वुच्चइ–

''अत्थेगइयाणं जीवाणं दक्खत्तं साहू, अत्थेगइयाणं जीवाणं आलसियत्तं साहू।''–*विया. स. १२, उ. २, सु. १८-२०*

इस कारण से जयन्ती ! ऐसा कहा जाता है कि–

''कई जीवों का सुप्त रहना अच्छा है और कई जीवों का जाग्रत रहना अच्छा है।''

प्र. भंते ! जीवों की सबलता अच्छी है या दुर्बलता अच्छी है ?

उ. जयन्ती ! कुछ जीवों की सबलता अच्छी है और कुछ जीवों की दुर्बलता अच्छी है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

''कुछ जीवों की सबलता अच्छी है और कुछ जीवों की दुर्बलता अच्छी है ?''

उ. जयन्ती ! जो जीव अधार्मिक **यावत्** अधर्म से ही आजीविका करते हैं, उन जीवों की दुर्बलता अच्छी है।

जिस प्रकार जीवों के सुप्तपन का कथन किया है उसी प्रकार दुर्बलता का भी कथन करना चाहिए।

जाग्रत के समान सबलता का कथन धार्मिक संयोजनाओं में संयोजित करते हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

ऐसे (धार्मिक) जीवों की सबलता अच्छी है।

इस कारण से जयन्ती ! ऐसा कहा जाता है कि–

''कुछ जीवों की सबलता अच्छी है और कुछ जीवों की निर्बलता अच्छी है।''

प्र. भंते ! जीवों का दक्षत्व अच्छा है या आलसीपना अच्छा है ?

उ. जयंती ! कुछ जीवों का दक्षत्व अच्छा है और कुछ जीवों का आलसीपना अच्छा है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

''कुछ जीवों का दक्षपना अच्छा है और कुछ जीवों का आलसीपना अच्छा है ?''

उ. जयन्ती ! जो जीव अधार्मिक **यावत्** अधर्म से ही आजीविका करते हैं उन जीवों का आलसीपन अच्छा है।

इन जीवों के आलसी होने पर सुप्त के समान आलसीपने का कथन करना चाहिए।

जागृत के कथन के समान दक्षता का धर्म के साथ संयोजित करने वाले होते हैं पर्यन्त कथन कहना चाहिए।

ये जीव दक्ष हों तो

१. आचार्य वैयावृत्य, २. उपाध्याय वैयावृत्य,
३. स्थविर वैयावृत्य, ४. तपस्वी वैयावृत्य,
५. ग्लान (रुग्ण) वैयावृत्य, ६. शैक्ष (नवदीक्षित) वैयावृत्य,
७. कुल वैयावृत्य, ८. गण वैयावृत्य,
९. संघ वैयावृत्य और १०. साधर्मिक वैयावृत्य (सेवा)

से अपने आपको संयोजित (संलग्न) करने वाले होते हैं।

इसलिए इन जीवों की दक्षता अच्छी है।

इस कारण से जयन्ती ! ऐसा कहा जाता है कि–

''कुछ जीवों का दक्षत्व (उद्यमीपन) अच्छा है और कुछ जीवों का आलसीपन अच्छा है।''

६९. चउव्विहाओ अंतकिरियाओ–

चत्तारि अंतकिरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. तत्थ खलु इमा पढमा अंतकिरिया–

अप्पकम्मपच्चायाए या वि भवइ, से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए, संजमबहुले, संवरबहुले, समाहिबहुले, लूहे, तीरट्ठी उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी।

तस्स णं णो तहप्पगारे तवे भवइ, णो तहप्पगारा-वेयणा भवइ,

तहप्पगारे पुरिसजाए दीहेणं परियाएणं सिज्झइ, बुज्झइ, मुच्चइ, परिणिव्वायइ सव्वदुक्खाणमंतं करेइ,

जहा-से भरहे राया चाउरंतचक्कवट्टी, पढमा अंतकिरिया।

२. अहावरा दोच्चा अंतकिरिया,

महाकम्मे पच्चायाए या वि भवइ, से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए, संजमबहुले **जाव** उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी,

तस्स णं तहप्पगारे तवे भवइ

तहप्पगारा वेयणा भवइ,

तहप्पगारे पुरिसजाए निरुद्धेणं परियाएणं सिज्झइ **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेइ,

जहा से गयसुहमाले अणगारे, दोच्चा अंतकिरिया।

३. अहावरा तच्चा अंतकिरिया,

महाकम्मे पच्चायाए या वि भवइ, से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए, संजम बहुले **जाव** उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी,

तस्स णं तहप्पगारे तवे भवइ,

तहप्पगारा वेयणा भवइ,

तहप्पगारे पुरिसजाए दीहेणं परियाएणं सिज्झइ **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेइ

जहा से सणंकुमारे राया चाउरंतचक्कवट्टी, तच्चा अंतकिरिया।

४. अहावरा चउत्था अंतकिरिया–

अप्पकम्म पच्चायाए या वि भवइ, से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए; संजमबहुले **जाव** उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी,

तस्स णं णो तहप्पगारे तवे भवइ,

णो तहप्पगारा वेयणा भवइ,

तहप्पगारे पुरिसजाए निरुद्धेणं परियाएणं सिज्झइ **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेइ,

जहा सा मरूदेवा भगवई, चउत्था अंतकिरिया।

–ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २३५

६९. चार प्रकार की अन्तक्रियाएं–

अन्तक्रिया चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. उनमें यह प्रथम अन्तक्रिया है–

कोई पुरुष अल्प कर्मों के साथ मनुष्य जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्डित होकर गृहस्थ से अनगार धर्म में प्रव्रजित हो संयम, संवर और समाधि-युक्त होकर रूक्षभोजी, संसार सागर को पार करने का इच्छुक, उपधान करने वाला, दुःख को खपाने वाला तपस्वी होता है।

उसके न तो उस प्रकार का उत्कृष्ट तप होता है, न उस प्रकार की उत्कृष्ट वेदना होती है।

इस प्रकार का पुरुष दीर्घ पर्याय के द्वारा सिद्ध बुद्ध, मुक्त परिनिवृत्त हो सब दुःखों का अन्त करता है।

जैसे–चातुरन्त चक्रवर्ती भरत राजा, यह प्रथम अन्तक्रिया है।

२. दूसरी अन्तक्रिया इस प्रकार है–

कोई पुरुष बहुत कर्मों के साथ मनुष्य जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्डित होकर गृहस्थ से अनगार धर्म में प्रव्रजित हो, संयमयुक्त **यावत्** उपधान करने वाला, दुःख को खपाने वाला तपस्वी होता है।

उसके उत्कृष्ट तप होता है।

उत्कृष्ट वेदना होती है।

इस प्रकार का पुरुष अल्पकालिक साधु-पर्याय के द्वारा सिद्ध होता है **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करता है।

जैसे–गजसुकुमाल अनगार, यह दूसरी अन्तक्रिया है।

३. तीसरी अन्तक्रिया इस प्रकार है–

कोई पुरुष बहुत कर्मों के साथ मनुष्य-जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्डित होकर गृहस्थ से अनगार धर्म में प्रव्रजित हो संयमयुक्त **यावत्** उपधान करने वाला, दुःख को खपाने वाला तपस्वी होता है।

उसके उत्कृष्ट तप होता है,

उत्कृष्ट वेदना होती है।

इस प्रकार का पुरुष दीर्घ-कालिक साधु-पर्याय के द्वारा सिद्ध होता है **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करता है।

जैसे–चातुरन्त चक्रवर्ती सनत्कुमार राजा, यह तीसरी अन्तक्रिया है।

४. चौथी अन्तक्रिया इस प्रकार है–

कोई पुरुष अल्प कर्मों के साथ मनुष्य जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्डित होकर गृहस्थ से अनगार धर्म में प्रव्रजित हो संयमयुक्त **यावत्** उपधान करने वाला दुःख को खपाने वाला तपस्वी होता है।

उसके न तो उत्कृष्ट तप होता है

न उत्कृष्ट वेदना होती है।

इस प्रकार का पुरुष अल्पकालिक साधु-पर्याय के द्वारा सिद्ध होता है **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करता है।

जैसे भगवती मरुदेवी! यह चौथी अन्तक्रिया है।

७०. जीव-चउवीसदंडएसु अंतकिरिया भावाभाव परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! अंतकिरियं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए करेज्जा, अत्थेगइए नो करेज्जा।[1]

दं. १-२४. एवं नेरइए जाव वेमाणिए।

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएसु अंतकिरियं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. दं. २. नेरइए णं भंते ! असुरकुमारेसु अंतकिरियं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

दं. ३-२४. एवं जाव वेमाणिएसु, णवरं–

प. नेरइए णं भंते ! मणूसेसु अंतकिरियं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए करेज्जा, अत्थेगइए नो करेज्जा।

एवं असुरकुमारे जाव वेमाणिए।

एवमेव चउवीसं-चउवीसं दंडगा भवंति।

–पण्ण. प. २०, सु. १४०७-१४०९

७१. अणंतरागयाईणं चउवीसदंडएसु अंतकिरिया परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं अणंतरागया अंतकिरियं करेंति, परंपरागया अंतकिरियं करेंति ?

उ. गोयमा ! अणंतरागया वि, अंतकिरियं करेंति, परंपरागया वि अंतकिरियं करेंति।

एवं रयणप्पभापुढवी नेरइया वि जाव पंकप्पभापुढवी नेरइया।

प. धूमप्पभापुढवीनेरइया णं भंते ! किं अणंतरागया अंतकिरियं करेंति, परंपरागया अंतकिरियं करेंति ?

उ. गोयमा ! णो अणंतरागया अंतकिरियं करेंति, परंपरागया अंतकिरियं करेंति

एवं जाव अहेसत्तमापुढवीनेरइया।

दं. २-१३, १६. असुरकुमारा **जाव** थणियकुमारा पुढवी-आउ-वणस्सइकाइया य अणंतरागया वि अंतकिरियं करेंति, परंपरागया वि अंतकिरियं करेंति।

दं. १४-१५-१७-१९. तेउ-वाउ-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिया णो अणंतरागया अंतकिरियं करेंति, परंपरागया अंतकिरियं करेंति।

दं. २०-२४. सेसा अणंतरागया वि अंतकिरियं करेंति, परंपरागया वि अंतकिरियं करेंति।

–पण्ण. प. २०, सु. १४१०-१४१३

७०. जीव-चौवीस दण्डकों में अन्तक्रिया के भावाभाव का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या जीव अन्तक्रिया करता है ?

उ. हां, गौतम ! कोई जीव अन्तक्रिया करता है और कोई जीव नहीं करता है।

दं १-२४. इसी प्रकार नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त की अन्तक्रिया के लिए जानना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! क्या नारक नारकों में रहता हुआ अन्तक्रिया करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. दं. २. भंते ! क्या नारक असुरकुमारों में अन्तक्रिया करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

दं. ३-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त अन्तक्रिया की असमर्थता जाननी चाहिए, विशेष–

प्र. भंते ! क्या नारक मनुष्यों में आकर अन्तक्रिया करता है ?

उ. गौतम ! कोई (अन्तक्रिया) करता है और कोई नहीं करता है।

इसी प्रकार असुरकुमार से वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी तरह चौबीस दण्डकों की चौबीस दण्डकों में अन्तक्रिया कहना चाहिए।

(ये सब मिलाकर २४X२४=५७६ प्रश्नोत्तर होते हैं।)

७१. चौवीसदंडकों में अनन्तरागतादि की अन्तक्रिया का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! क्या अनन्तरागत नैरयिक अन्तक्रिया करते हैं या परम्परागत अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! अनन्तरागत भी अन्तक्रिया करते हैं और परम्परागत भी अन्तक्रिया करते हैं।

इसी प्रकार रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों से पंकप्रभा पृथ्वी के नैरयिक पर्यन्त अन्तक्रिया के लिए जानना चाहिए।

प्र. भंते ! धूमप्रभापृथ्वी के अनन्तरागत नैरयिक अन्तक्रिया करते हैं या परम्परागत अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! अनन्तरागत अन्तक्रिया नहीं करते, किन्तु परम्परागत अन्तक्रिया करते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तमपृथ्वी पर्यन्त के नैरयिकों की अन्तक्रिया कहनी चाहिए।

दं. २-१३, १६. असुरकुमार से स्तनितकुमार पर्यन्त भवनपति देव तथा पृथ्वीकायिक, अप्कायिक और वनस्पतिकायिक अनन्तरागत जीव भी अन्तक्रिया करते हैं और परम्परागत भी अन्तक्रिया करते हैं।

दं. १४, १५, १७, १९. तेजस्कायिक, वायुकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय अनन्तरागत जीव अन्तक्रिया नहीं करते, किन्तु परम्परागत अन्तक्रिया करते हैं।

दं. २०-२४. शेष सभी अनन्तरागत अन्तक्रिया भी करते हैं और परम्परागत अन्तक्रिया भी करते हैं।

१. विया. स. १, उ. २, सु. १८

७२. अणंतरागयाणं चउवीसदंडएसु एगसमए अंतकिरिया परूवणं–

प. दं. १. अणंतरागया णं भंते ! नेरइया एगसमए णं केवइया अंतकिरियं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगो वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं दस।

रयणप्पभापुढवीनेरइया वि एवं चेव जाव **वालुयप्पभापुढवीनेरइया।**

प. अणंतरागया णं भंते ! पंकप्पभापुढवीनेरइया एगसमएणं केवइया अंतकिरियं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं चत्तारि।

प. दं. २-११. अणंतरागया णं भंते ! असुरकुमारा एगसमएणं केवइया अंतकिरियं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्का वा, दो वा; तिण्णि वा, उक्कोसेणं पंच।

प. अणंतरागयाओ णं भंते! असुरकुमारीओ एगसमए णं केवइयाओ अंतकिरियं पकरेंति ?

उ. गोयमा! जहण्णेणं एक्का वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं पंच।

एवं जहा असुरकुमारा सदेवीया तहा जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. अणंतरागया णं भंते ! पुढवीकाइया एगसमएणं केवइया अंतकिरियं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं चत्तारि।

दं. १३. एवं आउक्काइया वि चत्तारि,

दं. १६. वणस्सइकाइया छ,

दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया दस, तिरिक्ख-जोणिणीओ दस,

दं. २१. मणुस्सा दस, मणुस्सीओ वीसं,

दं. २२. वाणमंतरा दस, वाणमंतरीओ पंच,

दं. २३. जोइसिया दस, जोइसिणीओ वीसं,

दं. २४. वेमाणिया अट्ठसयं, वेमाणिणीओ वीसं।

–पण्ण. प. २०, सु. १४१४-१४१६

७३. चउवीसदंडएसु उवट्टणानंतरं अंतकिरिया परूवणं–

प. (क) णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता णेरइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता असुरकुमारेसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

७२. एक समय में अनन्तरागत चौबीस दंडकों में अंतक्रिया का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! अनन्तरागत नारक एक समय में कितने अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! एक समय में वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट दस अन्तक्रिया करते हैं।

रत्नप्रभापृथ्वी के यावत् **वालुकाप्रभापृथ्वी के अनन्तरागत नारक भी इसी संख्या में अन्तक्रिया करते हैं।**

प्र. भंते ! पंकप्रभापृथ्वी के अनन्तरागत नारक एक समय में कितने अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! एक समय में वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट चार अन्तक्रिया करते हैं।

प्र. दं. २-११. भंते ! अनन्तरागत असुरकुमार एक समय में कितने अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! एक समय में वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पाँच अन्तक्रिया करते हैं।

प्र. भंते ! अनन्तरागत असुरकुमारियाँ एक समय में कितनी अन्तक्रिया करती हैं ?

उ. गौतम ! वे एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पांच अन्तक्रिया करती हैं।

इसी प्रकार जैसे अनन्तरागत देवियों सहित असुरकुमारों की संख्या कही वैसे ही स्तनितकुमारों पर्यन्त की संख्या कहनी चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! अनन्तरागत पृथ्वीकायिक एक समय में कितने अन्तक्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! एक समय में वे जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट चार अन्तक्रिया करते हैं।

दं. १३. इसी प्रकार अप्कायिक भी उत्कृष्ट से चार

दं. १६. वनस्पतिकायिक छह,

दं. २०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक दस, पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक स्त्रियां दस,

दं. २१. मनुष्य दस, मनुष्यनियां बीस,

दं. २२. वाणव्यन्तर देव दस, वाणव्यन्तर देवियां पांच,

दं. २३. ज्योतिष्क देव दस, ज्योतिष्क देवियां बीस,

दं. २४. वैमानिक देव एक सौ आठ, वैमानिक देवियां बीस अन्तक्रिया करती हैं।

दं. १४-१५. अनन्तरागत तेजस्कायिक और वायुकायिक अन्तक्रिया नहीं करते हैं।

७३. चौवीस दंडकों में उद्वर्तनानन्तर अन्तक्रिया का प्ररूपण–

प्र. (क) भंते ! नारक जीव नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) नारकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! नारक जीव नारकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) असुरकुमारों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता नागकुमारेसु **जाव** चउरिंदिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

प. जे णं भंते ! केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए से णं केवलं बोहिं बुज्झेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए बुज्झेज्जा अत्थेगइए णो बुज्झेज्जा।

प. जे णं भंते ! केवलं बोहिं बुज्झेज्जा, से णं सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा।

प. जे णं भंते ! सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा से णं आभिणिबोहियणाण-सुयणाणाइं उप्पाडेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! उप्पाडेज्जा।

प. जे णं भंते ! आभिणिबोहियणाण-सुयणाणाइं उप्पाडेज्जा से णं संचाएज्जा सीलं वा वयं वा गुणं वा वेरमणं वा पच्चक्खाणं वा पोसहोववासं वा पडिवज्जित्तए ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए संचाएज्जा, अत्थेगइए णो संचाएज्जा।

प. जे णं भंते ! संचाएज्जा सीलं वा **जाव** पोसहोववासं वा पडिवज्जित्तए से णं ओहिणाणं उप्पाडेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए णो उप्पाडेज्जा।

प. जे णं भंते ! ओहिणाणं उप्पाडेज्जा, से णं संचाएज्जा मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता मणूसेसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

जहा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु तहा मणुस्सेसु जाव–

प्र. भंते ! नारक जीव नारकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) नागकुमारों में **यावत्** चतुरिन्द्रियों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! नारक जीव नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई उत्पन्न नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो नारक नरकों में से निकल कर अनन्तर (सीधा) पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक जीवों में उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलिप्ररूपित धर्म श्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! जो केवलि-प्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है क्या वह केवलबोधि को प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई केवलबोधि को प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! जो केवल-बोधि को प्राप्त करता है तो क्या वह उस पर श्रद्धा प्रतीति रुचि करता है ?

उ. हां, गौतम ! वह उस पर श्रद्धा प्रतीति रुचि करता है।

प्र. भंते ! जो श्रद्धा, प्रतीति रुचि करता है क्या वह आभिनिबोधिकज्ञान और श्रुतज्ञान उपार्जित करता है ?

उ. हां, गौतम ! वह उपार्जित करता है।

प्र. भंते ! जो आभिनिबोधिकज्ञान और श्रुतज्ञान का उपार्जन करता है, क्या वह शील, व्रत, गुण, विरमण, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास अंगीकार करने में समर्थ होता है ?

उ. गौतम ! कोई अंगीकार करने में समर्थ होता है और कोई नहीं होता।

प्र. भंते ! जो शील **यावत्** पौषधोपवास अंगीकार करने में समर्थ होता है क्या वह अवधिज्ञान उपार्जित करता है ?

उ. गौतम ! कोई उपार्जित करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! जो अवधिज्ञान उपार्जित करता है तो क्या वह मुण्डित होकर गृह त्यागकर अनगार धर्म में प्रव्रजित होने में समर्थ होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! नारक जीव नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) मनुष्यों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई उत्पन्न नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो उत्पन्न होता है, क्या वह केवलिप्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई लाभ प्राप्त करता है और कोई नहीं करता।

जैसे पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों के विषय में कहा उसी प्रकार मनुष्यों के लिए भी कहना चाहिए यावत्–

प. जे णं भंते ! ओहिणाणं उप्पाडेज्जा से णं संचाएज्जा मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए संचाएज्जा, अत्थेगइए णो संचाएज्जा।

प. जे णं भंते ! संचाएज्जा मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए से णं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए णो उप्पाडेज्जा।

प. जे णं भंते ! मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा, से णं केवलणाणं उप्पाडेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए णो उप्पाडेज्जा।

प. जे णं भंते ! केवलनाणं उप्पाडेज्जा से णं सिज्झेज्जा **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेज्जा ?

उ. गोयमा ! सिज्झेज्जा **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेज्जा।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (ख) असुरकुमारे णं भंते ! असुरकुमारेहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता णेरइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. असुरकुमारे णं भंते ! असुरकुमारेहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता असुरकुमारेसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं जाव थणियकुमारेसु।

प. असुरकुमारे णं भंते ! असुरकुमारेहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता पुढविक्काइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए नो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं आउ-वणप्फईसु वि।

प. असुरकुमारे णं भंते ! असुरकुमारेहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तेउ-वाउ-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

अवसेसेसु पंचसु पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियादिसु असुरकुमारे जहा णेरइए।

प्र. भंते ! जो अवधिज्ञान उपार्जित करता है तो क्या वह मुण्डित होकर गृह त्याग कर अनगार धर्म में प्रव्रजित होने में समर्थ होता है ?

उ. गौतम ! कोई समर्थ होता है और कोई नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो मुण्डित होकर गृह त्याग कर अनगारधर्म में प्रव्रजित होने में समर्थ होता है तो क्या वह मनःपर्यवज्ञान उपार्जित करता है ?

उ. गौतम ! कोई उपार्जित करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भते ! जो मनः पर्यवज्ञान उपार्जित करता है तो क्या वह केवलज्ञान उपार्जित करता है ?

उ. गौतम ! कोई उपार्जित करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! जो केवलज्ञान उपार्जित करता है तो क्या वह सिद्ध होता है **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है ?

उ. गौतम ! वह सिद्ध होता है **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

प्र. भंते ! नारक जीव, नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क या वैमानिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. **(ख)** भंते ! असुरकुमार असुरकुमारों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) नैरयिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! असुरकुमार असुरकुमारों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) असुरकुमारों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! असुरकुमार असुरकुमारों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलि प्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार अप्कायिक और वनस्पतिकायिक जीवों के विषय में समझ लेना चाहिए।

प्र. भंते ! असुरकुमार, असुरकुमारों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) तेजस्कायिक, वायुकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

अवशिष्ट पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक इन पांचों में असुरकुमार की उत्पत्ति आदि का कथन नैरयिकों के अनुसार समझना चाहिए।

एवं जाव **थणियकुमारे।**

प. (ग) पुढविक्काइए णं भंते ! पुढविक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता [redacted]इएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं असुरकुमारेसु वि जाव **थणियकुमारेसु वि।**

प. पुढविक्काइए णं भंते ! पुढविक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता पुढविक्काइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं आउक्काइयादीसु णिरंतरं भाणियव्वं जाव **चउरिंदिएसु।**

पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-मणूसेसु जहा णेरइए।

वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु पडिसेहो।

एवं जहा पुढविक्काइओ भणिओ तहेव आउक्काइओ वि वणप्फइकाइओ वि भाणियव्वो।

प. (घ) तेउक्काइए णं भंते ! तेउक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता णेरइएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं असुरकुमारेसु वि जाव **थणियकुमारेसु वि।**

पुढविक्काइय-आउ-तेउ-वाउ-वणस्सइ-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिएसु अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. तेउक्काइए णं भंते ! तेउक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।

प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

प. जे णं भंते ! केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए से णं केवलं बोहिं बुज्झेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. (ग) भंते पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) नैरयिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त उत्पत्ति का निषेध जानना चाहिए।

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलिप्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार अप्कायिक से चतुरिन्द्रिय पर्यन्त जीवों की निरन्तर उत्पत्ति के लिए कहना चाहिए।

पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों और मनुष्यों में उत्पत्ति नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों में पृथ्वीकायिक की उत्पत्ति का निषेध समझना चाहिए।

इसी प्रकार जैसे पृथ्वीकायिक की उत्पत्ति के विषय में कहा है उसी प्रकार अप्कायिक एवं वनस्पतिकायिक के विषय में भी कहना चाहिए।

प्र. (घ) भंते ! तेजस्कायिक जीव, तेजस्कायिकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) नारकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार तेजस्कायिक जीव की असुरकुमारों से स्तनित-कुमारों पर्यन्त उत्पत्ति का निषेध समझना चाहिए।

पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियों में कोई उत्पन्न होता है और कोई उत्पन्न नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलि प्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! तेजस्कायिक जीव, तेजस्कायिकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो (पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक में) उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलि-प्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई लाभ प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! जो केवलिप्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है तो क्या वह केवलबोधि को प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. तेउक्काइए णं भंते ! तेउक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता मणूस-वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
एवं जहेव तेउक्काइए णिरंतरं एवं वाउक्काइए वि।

प. (ङ) बेइंदिए णं भंते ! बेइंदिएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता णेरइएसु उववज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! **जहा पुढविक्काइए।**

णवरं–मणूसेसु **जाव** मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा।

एवं तेइंदिय-चउरिंदिया वि जाव **मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा।**
प. जे णं भंते ! मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा से णं केवलणाणं उप्पाडेज्जा ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
प. (च) पंचेंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता णेरइएसु उववज्जेज्जा ?
उ. गोयमा ! अत्थेगइए उववज्जेज्जा, अत्थेगइए णो उववज्जेज्जा।
प. जे णं भंते ! उववज्जेज्जा से णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए ?
उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।
प. जे णं केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए से णं केवलं बोहिं बुज्झेज्जा ?
उ. गोयमा ! अत्थेगइए बुज्झेज्जा, अत्थेगइए नो बुज्झेज्जा।

प. जे णं भंते ! केवलं बोहिं बुज्झेज्जा से णं सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा ?
उ. हंता, गोयमा ! सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा।
प. जे णं भंते ! सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा से णं आभिणिबोहियणाण-सुयणाण-ओहिणाणाइं उप्पाडेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! उप्पाडेज्जा।
प. जे णं भंते ! आभिणिबोहियणाण-सुयणाण-ओहिणाणाइं उप्पाडेज्जा से णं संचाएज्जा सीलं वा **जाव** पोसहोववासं वा पडिवज्जित्तए ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
एवं असुरकुमारेसु वि जाव **थणियकुमारेसु।**

एगिंदिय-विगलिंदिएसु जहा पुढविकाइए।

पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु मणूसेसु य जहा णेरइए।

प्र. भंते ! तेजस्कायिक जीव तेजस्कायिकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) मनुष्य वाणव्यन्तर-ज्योतिष्क-वैमानिकों में उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
इसी प्रकार जैसे तेजस्कायिक जीव की निरन्तर उत्पत्ति आदि के लिए कहा उसी प्रकार वायुकायिक के विषय में भी समझ लेना चाहिए।
प्र. (ङ) भंते ! द्वीन्द्रिय जीव, द्वीन्द्रिय जीवों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) नारकों में उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! **जैसे पृथ्वीकायिक जीवों के विषय में कहा है, वैसा ही कहना चाहिए।**
विशेष–मनुष्यों में उत्पन्न होकर मनःपर्यायज्ञान पर्यन्त ज्ञान प्राप्त कर सकता है।
इसी प्रकार त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय जीव भी यावत् **मनः पर्यायज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।**
प्र. भंते ! जो मनःपर्यायज्ञान प्राप्त करता है तो क्या वह केवलज्ञान प्राप्त करता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
प्र. (च) भंते ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) नारकों में उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होता है और कोई नहीं होता है।

प्र. भंते ! जो उत्पन्न होता है तो क्या वह केवलिप्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है ?
उ. गौतम ! कोई लाभ प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।
प्र. भंते ! जो केवलि प्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त करता है तो क्या वह केवलबोधि को प्राप्त करता है ?
उ. गौतम ! कोई केवलबोधि को प्राप्त करता है और कोई नहीं करता।
प्र. भंते ! जो केवलबोधि को प्राप्त करता है तो क्या वह उस पर श्रद्धा, प्रतीति रुचि करता है ?
उ. हां, गौतम ! वह उस पर श्रद्धा, प्रतीति, रुचि करता है।
प्र. भंते ! जो श्रद्धा-प्रतीति-रुचि करता है तो क्या वह आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान उपार्जित करता है ?
उ. हां, गौतम ! वह उपार्जित करता है।
प्र. भंते ! जो आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान उपार्जित करता है तो क्या वह शील व्रत यावत् पोषधोपवास अंगीकार करने में समर्थ होता है ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
इसी प्रकार पंचेन्द्रियतिर्यञ्चों में से निकलकर असुरकुमारों में यावत् **स्तनितकुमारों में उत्पत्ति के विषय में जानना चाहिए।**
एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीवों में उत्पत्ति का कथन पृथ्वीकायिक जीवों के समान जानना चाहिए।
पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्यों में उत्पत्ति का कथन नैरयिक के समान जानना चाहिये।

वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु जहा णेरइएसु।

एवं मणूसे वि।

वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिए जहा असुरकुमारे।

–पण्ण. प. २०, सु. १४१७-१४४३

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों में उत्पत्ति का कथन नैरयिकों के समान है।

इसी प्रकार मनुष्य की भी उत्पत्ति का कथन जानना चाहिए।

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक की उत्पत्ति का कथन असुरकुमारों के समान है।

७४. कण्ह-नील-काउलेस्सेसु पुढवी-आउ वणस्सइकाइयाणं अंतकिरिया परूवणं–

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स **जाव** अंतेवासी मागंदियपुत्ते नामं अणगारे पगइभद्दए जहा मंडियपुत्ते **जाव** पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

प. से नूणं भंते ! काऊलेस्से पुढविकाइए काउलेस्सेहिंतो पुढविकाइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता माणुसं विग्गहं लब्भइ, केवलं बोहिं बुज्झइ, केवलं बोहिं बुज्झित्ता तओ पच्छा सिज्झइ **जाव** अंतं करेइ ?

उ. हंता, मागंदियपुत्ता ! काऊलेस्से पुढविकाइए **जाव** अंतं करेइ।

प. से नूणं भंते ! काऊलेस्से आउकाइए काऊलेस्सेहिंतो आउकाइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता माणुसं विग्गहं लब्भइ माणुसं विग्गहं लभित्ता केवलं बोहिं बुज्झइ **जाव** अंतं करेइ ?

उ. हंता मागंदियपुत्ता ! काऊलेस्से आउकाइए **जाव** अंतं करेइ।

प. से नूणं भंते ! काऊलेस्से वणस्सइकाइए **जाव** अंतं करेइ।

उ. हंता, मागंदियपुत्ता ! **एवं चेव** जाव **अंतं करेइ।**

प. सेवं भंते ! सेवं भते त्ति मागंदियपुत्ते अणगारे समणं भगवं महावीरं **जाव** वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव समणे निग्गंथे तेणेव उवागच्छइ तेणेव उवागच्छित्ता समणे निग्गंथे एवं वयासी–

"एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से पुढविकाइए तहेव **जाव** अंतं करेइ,

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से आउकाइए **जाव** अंतं करेइ,

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से वणस्सइकाइए **जाव** अंतं करेइ,

तए णं ते समणा निग्गंथा मागंदियपुत्तस्स अणगारस्स एवं माइक्खमाणस्स **जाव** एवं परूवेमाणस्स एयमट्ठं णो सद्दहंति, पत्तियंति, रोयंति, एयमट्ठं असद्दहमाणा अपत्तिएमाणा अरोएमाणा जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदंति नमसंति वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

७४. कृष्ण-नील-कापोतलेश्यी पृथ्वी-अप्-वनस्पतिकायिकों में अन्तःक्रिया का प्ररूपण–

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर के अन्तेवासी **यावत्** प्रकृतिभद्र माकन्दिकपुत्र नामक अनगार ने मण्डितपुत्र अनगार के समान **यावत्** पर्युपासना करते हुए इस प्रकार पूछा–

प्र. 'भंते ! क्या कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक जीव, कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिकजीवों में से मरकर सीधा मनुष्य शरीर को प्राप्त करता है फिर केवलज्ञान उपार्जित करता है, केवलज्ञान उपार्जित करके तत्पश्चात् सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होता है **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करता है ?

उ. हां, माकन्दिकपुत्र ! वह कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक जीव **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

प्र. भंते ! क्या कापोतलेश्यी अप्कायिक जीव, कापोतलेश्यी अप्कायिक जीवों में से मरकर सीधा मनुष्य शरीर को प्राप्त करता है और मनुष्य शरीर प्राप्त करके केवलज्ञान प्राप्त करता है, केवलज्ञान प्राप्त करके **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है ?

उ. हां, माकन्दिकपुत्र ! कापोतलेश्यी अप्कायिक जीव **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

प्र. भंते ! कापोतलेश्यी वनस्पतिकायिक जीव **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है ?

उ. हां, माकन्दिकपुत्र ! **वह भी इसी प्रकार (पूर्ववत्)** यावत् **सब दुःखों का अन्त करता है।**

प्र. 'भंते !' यह इसी प्रकार है, 'भंते !' यह इसी प्रकार है, यों कहकर माकन्दिकपुत्र अनगार श्रमण भगवान् महावीर को **यावत्** वन्दना-नमस्कार करके जहां श्रमण निर्ग्रन्थ थे, वहां आए और उनसे इस प्रकार कहा–

'हे आर्यों ! कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक जीव पूर्वोक्त प्रकार से **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

हे आर्यों ! कापोतलेश्यी अप्कायिक जीव **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

हे आर्यों ! कापोतलेश्यी वनस्पतिकायिक जीव **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।'

तदनन्तर उन श्रमण निर्ग्रन्थों ने माकन्दिकपुत्र अनगार के इस प्रकार कहने **यावत्** प्ररूपणा करने पर इस मान्यता पर श्रद्धा, प्रतीति, रुचि नहीं की और इस पर अश्रद्धा अप्रतीति अरुचि बताते हुए जहां श्रमण भगवान् महावीर स्वामी थे वहां आये और वहां आकर उन्होंने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वंदन नमस्कार किया और वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–

एवं खलु भंते ! मागंदियपुत्ते अणगारे अम्हं एवमाइक्खइ **जाव** एवं परूवेइ–

"एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से पुढविकाइए **जाव** अंतं करेइ।

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से आउकाइए **जाव** अंतं करेइ

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से वणस्सइकाइए **जाव** अंतं करेइ।

से कहमेयं भंते ! एवं ?

अज्जो ! त्ति समणे भगवं महावीरे ते समणे निग्गंथा आमंतित्ता एवं वयासी–

जं णं अज्जो ! मागंदियपुत्ते अणगारे तुब्भे एवमाइक्खइ **जाव** परूवेइ–

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से पुढविकाइए **जाव** अंतं करेइ,

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से आउकाइए **जाव** अंतं करेइ,

एवं खलु अज्जो ! काउलेस्से वणस्सइकाइए **जाव** अंतं करेइ,

सच्चे णं एसमट्ठे, अहं पि णं अज्जो ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि।

एवं खलु अज्जो ! कण्हलेस्से पुढविकाइए कण्हलेस्सेहिंतो पुढविकाइएहिंतो **जाव** अंतं करेइ।

एवं खलु अज्जो ! नीललेस्से पुढविकाइए **जाव** अंतं करेइ,

एवं काउलेस्से वि,

जहा पुढविकाइए एवं आउकाइए वि, एवं वणस्सइकाइए वि, सच्चे णं एसमट्ठे।

सेवं भंते ! सेवं भंते त्ति समणा निग्गंथा समणं महावीरं वंदंति नमंसंति वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव मांगदियपुत्ते अणगारे तेणेव उवागच्छंति उवागच्छित्ता मागंदियपुत्तं अणगारं वंदंति नमंसंति वंदित्ता नमंसित्ता एयमट्ठं सम्मं विणएणं भुज्जो-भुज्जो खामेंति।

–विया. स. १८, उ. ३, सु. २-७

७५. चउवीसदंडएसु तित्थगरत्तं अंतकिरिया य परूवणं–

प. दं. १. रयणप्पभापुढविनेरइए णं भंते ! रयणप्पभा-पुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

'भंते ! माकन्दिकपुत्र अनगार ने हमसे इस प्रकार कहा **यावत्** प्ररूपण किया कि–

'हे आर्यों ! कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

'हे आर्यों ! कापोतलेश्यी अप्कायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

हे आर्यों ! कापोतलेश्यी वनस्पतिकायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

भंते ! ऐसा कैसे हो सकता है ?

हे आर्यों ! इस प्रकार सम्बोधित करके, श्रमण भगवान् महावीर ने उन श्रमण निर्ग्रन्थों से इस प्रकार कहा–

"हे आर्यों ! माकन्दिकपुत्र अनगार ने जो तुमसे कहा है **यावत्** प्ररूपणा की है–

"हे आर्यों ! कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

हे आर्यों ! कापोतलेश्यी अप्कायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

हे आर्यों ! कापोतलेश्यी वनस्पतिकायिक **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

उनका यह कथन सत्य है। 'हे आर्यों ! मैं भी इसी प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि–

'हे आर्यों ! कृष्णलेश्यी पृथ्वीकायिक जीव कृष्णलेश्यी पृथ्वीकायिकों में से निकलकर **यावत्** सब दुखों का अन्त करता है।

हे आर्यों ! नीललेश्यी पृथ्वीकायिक भी **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है,

इसी प्रकार कापोतलेश्यी पृथ्वीकायिक भी यावत् **सब दुःखों का अन्त करता है।**

जिस प्रकार पृथ्वीकायिक के विषय में कहा है, उसी प्रकार अप्कायिक और वनस्पतिकायिक यावत् **सब दुःखों का अन्त करता है यह कथन सत्य है पर्यन्त कहना चाहिए।**

'भंते ! यह इसी प्रकार है, भंते ! यह इसी प्रकार है यों कहकर उन श्रमण-निर्ग्रन्थों ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दन नमस्कार किया और वंदना नमस्कार करके जहाँ माकन्दिक-पुत्र अनगार थे, वहाँ आए, वहाँ आकर वन्दन नमस्कार किया वंदन नमस्कार करके फिर उन्होंने (उनके कथन की अवज्ञा के लिए) उनसे विनयपूर्वक बार-बार क्षमायाचना की।

७५. चौवीसदंडकों में तीर्थंकरत्व और अंतक्रिया का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! रत्नप्रभा पृथ्वी का नैरयिक जीव रत्नप्रभा-पृथ्वी के नैरयिकों से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई तीर्थंकर पद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा ?"

उ. गोयमा ! जस्स णं रयणप्पभापुढविनेरइयस्स तित्थगरणाम–गोयाइं कम्माइं बद्धाइं पुट्ठाइं निधत्ताइं कडाइं पट्ठवियाइं णिविट्ठाइं अभिनिविट्ठाइं अभिसमण्णागयाइं उदिण्णाइं, णो उवसंताइं भवंति,

से णं रयणप्पभापुढविनेरइए रयणप्पभापुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा,
जस्स णं रयणप्पभापुढविनेरइयस्स तित्थगरणाम-गोयाइं णो बद्धाइं **जाव** णो उदिण्णाइं उवसंताइं भवंति,
से णं रयणप्पभापुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं णो लभेज्जा,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।"

एवं जाव **वालुयप्पभापुढविनेरइएहिंतो तित्थगरत्तं लभेज्जा।**

प. पंकप्पभापुढविनेरइए णं भंते ! पंकप्पभापुढवि नेरइएहिंतो अणंतर उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, **अंतकिरियं** पुण करेज्जा।

प. धूमप्पभापुढविनेरइए णं भंते ! धूमप्पभापुढवि नेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, **विरइं** पुण लभेज्जा।

प. तमापुढविनेरइए णं भंते ! तमापुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, **विरयाविरयं** पुण लभेज्जा।

प. अहेसत्तमा पुढविनेरइए णं भंते ! अहेसत्तमा पुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, **सम्मत्तं** पुण लभेज्जा।

प. दं. २-१३ असुरकुमारे णं भंते ! असुरकुमारेहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, **अंतकिरियं** पुण करेज्जा।

एवं निरन्तरं जाव **आउक्काइए**

प. दं. १४ तेउक्काइए णं भंते ! तेउक्काइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'कोई तीर्थंकर पद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है" ?

उ. गौतम ! जिस रत्नप्रभापृथ्वी के नारक ने तीर्थंकर नाम-गोत्र कर्म बद्ध (बाँधा) स्पृष्ट (छुआ) निधत्त (सुदृढ़ बाँधा) कृतनिकाचित किया, प्रस्थापित किया, निविष्ट (स्थित किया) अभिनिविष्ट विशेषरूप से स्थित किया, अभिसमन्वागत किया और उदीर्ण (उदय में आया है) किन्तु उपशान्त नहीं हुआ है।

वह रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों में से निकलकर अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद को प्राप्त करता है,

किन्तु जिस रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक ने तीर्थंकर नामगोत्र कर्म नहीं बांधा **यावत्** उदय में नहीं आया और उपशान्त है,

वह रत्नप्रभापृथ्वी का नैरयिक रत्नप्रभापृथ्वी से निकलकर सीधा तीर्थंकर पद प्राप्त नहीं करता है।

इसलिए गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कोई नैरयिक तीर्थंकर पद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।"

इसी प्रकार वालुकाप्रभापृथ्वी पर्यन्त के नैरयिकों में से निकल कर सीधा तीर्थंकर पद प्राप्त करता है (और कोई नहीं करता है)

प्र. भंते ! पंकप्रभापृथ्वी का नारक पंकप्रभापृथ्वी के नैरयिकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह **अन्तक्रिया** कर सकता है।

प्र. भंते ! धूमप्रभापृथ्वी का नारक धूमप्रभापृथ्वी के नारकों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह **विरति** प्राप्त कर सकता है।

प्र. भंते ! तमापृथ्वी का नारक तमापृथ्वी के नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह **विरताविरति** (देश विरति) को प्राप्त कर सकता है।

प्र. भंते ! अधःसप्तमपृथ्वी का नारक अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह **सम्यक्त्व** प्राप्त कर सकता है।

प्र. दं. २-१३ भंते ! असुरकुमार देव असुरकुमारों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह **अन्तक्रिया** कर सकता है।

इसी प्रकार निरन्तर अप्कायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. १४ भंते ! तेजस्कायिक जीव तेजस्कायिकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए।

एवं वाउक्काइए वि।

प. दं. १५-१६ वणप्फइकाइए णं भंते ! वणप्फइकाइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, अंतकिरियं पुण करेज्जा।

प. दं. १७-१९ बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिएणं भंते ! बेइंदिय तेइंदिय चउरिंदिएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठेसमट्ठे, मणप्पज्जवणाणं पुण उप्पाडेज्जा।

प. २०-२३ पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-मणूस-वाणमंतर-जोइसिए णं भंते ! पंचेदियतिरिक्खजोणिय मणूस वाणमंतर जोइसिएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, अंतकिरियं पुण करेज्जा।

प. दं. २४ सोहम्मगदेवे णं भंते ! अणंतरं चइं चइत्ता तित्थगरत्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा,

एवं जहा रयणप्पभापुढविनेरइए।

एवं जाव **सव्वट्ठसिद्धगदेवे।**

–पण्ण. प. २०, सु. १४४४-१४५८

७६. चउवीसदंडएसु चक्कवट्टिआईणं परूवणं–

प. रयणप्पभापुढविनेरइए णं भंते ! रयणप्पभापुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता चक्कवट्टित्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा ?'

उ. गोयमा ! **जहा रयणप्पभापुढवी नेरइयस्स तित्थगरत्ते।**

प. सक्करप्पभापुढविनेरइए णं भंते ! सक्करप्पभापुढविनेरइएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता चक्कवट्टित्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं जाव **अहेसत्तमापुढविनेरइए।**

प. तिरिय-मणुए णं भंते ! तिरिय-मणुएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता चक्कवट्टित्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह केवलिप्ररूपित धर्म श्रवण प्राप्त कर सकता है।

इसी प्रकार वायुकायिक के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

प्र. दं. १५-१६ भंते ! वनस्पतिकायिक जीव वनस्पतिकायिकों में से निकलकर कर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु वह अन्तक्रिया कर सकता है।

प्र. दं. १७-१९ भंते ! द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय जीव द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जीवों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु मनःपर्यवज्ञान का उपार्जन कर सकता है।

प्र. दं. २०-२३ भंते ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य, वाणव्यन्तर और ज्योतिष्क देव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य, वाणव्यन्तर और ज्योतिष्क देवों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, किन्तु अन्तक्रिया कर सकता है।

प्र. दं. २४ भंते ! सौधर्मकल्प का देव, अपने भव से च्यवन करके क्या अनन्तर (सीधा) तीर्थंकर पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

शेष कथन रत्नप्रभापृथ्वी के नारक के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार सर्वार्थसिद्ध विमान के देव पर्यन्त जानना चाहिए।

७६. चौवीसदंडकों में चक्रवर्त्तित्व आदि की प्ररूपणा–

प्र. भंते ! रत्नप्रभापृथ्वी का नारक रत्नप्रभापृथ्वी के नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'कोई चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है ?'

उ. गौतम ! **जैसे रत्नप्रभापृथ्वी के नारक को तीर्थंकर पद की प्राप्ति के सम्बन्ध में कहा है उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए।**

प्र. भंते ! शर्कराप्रभा पृथ्वी का नारक शर्कराप्रभा पृथ्वी के नारकों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार अधःसप्तमपृथ्वी के नारक पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्य तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्यों में से निकल कर क्या अनन्तर (सीधा) चक्रवर्तीपद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. भवणवइ-वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिए णं भंते ! भवणवइ-वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता चक्कवट्टित्तं लभेज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

एवं बलदेवत्तं पि।

णवरं–सक्करप्पभापुढविनेरइए वि लभेज्जा।

एवं वासुदेवत्तं दोहिंतो पुढवीहिंतो वेमाणिएहिंतो य अणुत्तरोववाइयवज्जेहिंतो, सेसेसु णो इणट्ठे समट्ठे।

मंडलियत्तं-अहेसत्तमा-तेउ-वाउवज्जेहिंतो।

–पण्ण. प. २०, सु. १४५९-१४६६

७७. चउवीसदंडएसु चक्कवट्टि रयणाणमुववाओ–

१. सेणावइरयणत्तं, २. गाहावइरयणत्तं, ३. वड्ढइरयणत्तं, ४. पुरोहियरयणत्तं, ५. इत्थिरयणत्तं च एवं चेव,

णवरं–अणुत्तरोववाइयवज्जेहिंतो।

आसरयणत्तं हत्थिरयणत्तं च रयणप्पभाओ णिरंतरं **जाव** सहस्सारो अत्थेगइए लभेज्जा, अत्थेगइए णो लभेज्जा।

चक्करयणत्तं छत्तरयणत्तं चम्मरयणत्तं दंडरयणत्तं असिरयणत्तं मणिरयणत्तं कागिणिरयणत्तं एएसि णं असुरकुमारेहिंतो आरद्धं णिरंतरं **जाव** ईसाणेहिंतो उववाओ, **सेसेहिंतो णो इणट्ठे समट्ठे।** *–पण्ण. प. २०, दा. ४, सु. १४६७-१४६९*

७८. भवसिद्धियाणं अंतकिरियाकाल परूवणं–

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा, जे एगेणं भवग्गहणेणं सिज्झिस्संति, बुज्झिस्संति, मुच्चिस्संति, परिनिव्वाइस्संति, सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति। *–सम. सम. १, सु. ४६*

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे दोहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २, सु. २३

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तिहिं भवग्गहणेहिं सिज्झस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ३, सु. २४

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे चउहिं भवग्गहणेहिं सिज्झस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ४, सु. १८

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे पंचहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ५, सु. २२

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे छहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ६, सु. १७

प्र. भंते ! भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों में से निकलकर क्या अनन्तर (सीधा) चक्रवर्ती पद प्राप्त करता है ?

उ. गौतम ! कोई चक्रवर्ती प्राप्त करता है और नहीं करता है।

इसी प्रकार बलदेवत्व के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

विशेष–शर्कराप्रभा पृथ्वी का नैरयिक भी बलदेव पद प्राप्त कर सकता है।

इसी प्रकार वासुदेवत्व दो पृथ्वियों (रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा) से तथा अनुत्तरोपपातिक देवों को छोड़कर शेष वैमानिकों से प्राप्त कर सकता है, किन्तु शेष जीवों में यह अर्थ समर्थ नहीं है।

अधःसप्तमपृथ्वी के नारकों तथा तेजस्कायिक, वायुकायिक जीवों को छोड़कर शेष जीवों में से निकलकर अनन्तर (सीधा) मनुष्यभव में उत्पन्न जीव मांडलिक (जागीरदार) पद प्राप्त करता है।

७७. चौवीस दंडकों में चक्रवर्ती रत्नों का उपपात–

१. सेनापति रत्नपद, २. गाथापति (भंडारी) रत्नपद, ३. वर्धकि (सुथार) रत्नपद, ४. पुरोहित रत्नपद और ५. स्त्री रत्नपद की प्राप्ति के सम्बन्ध में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

विशेष–अनुत्तरोपपातिक देवों को छोड़कर सेनापतिरत्न आदि पद प्राप्त होते हैं।

रत्नप्रभापृथ्वी से लेकर निरन्तर सहस्रार देवलोक के देव पर्यन्त कोई जीव अश्वरत्न एवं हस्तिरत्न पद प्राप्त करता है और कोई नहीं करता है।

असुरकुमारों से लेकर निरन्तर ईशानकल्प पर्यन्त में से चक्ररत्न, छत्ररत्न, चर्मरत्न, दण्डरत्न, असिरत्न, मणिरत्न एवं काकिणीरत्न की उत्पत्ति होती है।

शेष जीवों में से नहीं होती।

७८. भवसिद्धिकों की अंतःक्रिया का काल प्ररूपण–

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो एक मनुष्य भव ग्रहण करके सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिवृत होंगे और सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो दो भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो तीन भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो चार भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो पांच भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो छह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सत्तहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ७, सु. २३

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ८, सु. १८

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे नवहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ९, सु. २०

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे दसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १०, सु. २५

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे एक्कारसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ११, सु. १६

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे बारसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १२, सु. २०

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तेरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १३, सु. १७

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे चउद्दसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १४, सु. १८

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे पण्णरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १५, सु. १६

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सोलसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १६, सु. १६

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सत्तरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १७, सु. २१

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठारसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १८, सु. १८

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे एगूणवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. १९, सु. १५

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २०, सु. १७

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे एक्कवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २१, सु. १४

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो सात भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो आठ भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो नौ भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो दश भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो ग्यारह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो बारह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो तेरह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो चौदह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो पन्द्रह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो सोलह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो सत्तरह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो अठारह भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो उन्नीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो बीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो इक्कीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे बावीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २२, सु. १४

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो बाईस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तेवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २३, सु. १३

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो तेईस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे चउवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २४, सु. १५

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो चौवीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे पणवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २५, सु. १८

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो पच्चीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे छव्वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम.२६, सु. ११

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो छब्बीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सत्तावीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २७, सु. १५

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो सत्ताईस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठावीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २८, सु. १५

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो अट्ठाईस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे एगूणतीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. २९, सु. १५

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो उनतीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ३०, सु. १६

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो तीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे इक्कतीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ३१, सु. १४

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो इकत्तीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे बत्तीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ३२, सु. १४

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो बत्तीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तेत्तीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

–सम. सम. ३३, सु. १४

कितनेक भवसिद्धिक जीव ऐसे हैं जो तेतीस भव ग्रहण करके सिद्ध होंगे **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करेंगे।

७९. बंध-विमोक्ख विदु अन्तकडे त्ति भवई–

जमाहु ओहं सलिलं अपारगं,
महासमुद्दं व भुयाहिं दुत्तरं।
अहे व णं परिजाणाहि पंडिए,
से हु मुणी अंतकडे त्ति वुच्चई॥

७९. बंध और मोक्ष का ज्ञाता अंत करने वाला होता है–

तीर्थंकर गणधर आदि ने कहा है कि अपार सलिल-प्रवाह वाले समुद्र को भुजाओं से पार करना दुस्तर है, वैसे ही संसाररूपी महासमुद्र को भी पार करना दुस्तर है। अतः इस संसार समुद्र के स्वरूप को (ज्ञ-परिज्ञा से) जानकर (प्रत्याख्यान-परिज्ञा से) उसका परित्याग कर दे। इस प्रकार का त्याग करने वाला पण्डित मुनि कर्मों का अन्त करने वाला कहलाता है।

जहा य बद्धं इह माणवेहिं,
जहा य तेसिं तु विमोक्ख आहिए।
अहा तहा बंधविमोक्ख जे विदू,
से हु मुणी अंतकडे त्ति वुच्चई॥

इमम्मि लोए परए च दोसु वि,
ण विज्जई बंधणं जस्स किंचि वि।
से हू णिरालंबणमप्पतिट्ठिओ,
कलंकली भावपवंच विमुच्चई॥

–आ. सु. २, अ. १६, सु. ८०२-८०४

८०. किरियावाइआइ समोसरणस्स भेयचउक्कं–

प. कइ णं भंते ! समोसरणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि समोसरणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. किरियावाई, २. अकिरियावाई, ३. अन्नाणियवाई, ४. वेणइयवाई।[1] *–विया. स. ३०, उ. १, सु. १*

८१. अकिरियावाईणं अट्ठ पगारा–

अट्ठ अकिरियावाई पण्णत्ता, तं जहा–

१. एगावाई,
२. अणेगावाई,
३. मित्तवाई,
४. णिम्मित्तवाई,
५. सायवाई,
६. समुच्छेयवाई,
७. णियावाई,
८. णसंतिपरलोगवाई। *–ठाणं. अ. ८, सु. ६०७*

८२. चउवीसदंडएसु वादि समवसरणा–

दं. १. णेरइयाणं चत्तारि वादि समोसरणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. किरियावाई, २. अकिरियावाई, ३. अण्णाणियावाई, ४. वेणइयावाई।

दं. २-११. एवं असुरकुमाराण वि जाव **थणियकुमाराणं,**

दं. १२-२४. एवं विगलिंदियवज्जं जाव **वेमाणियाणं।**

–ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३४५

८३. जीवेसु एक्कारसठाणेहिं किरियावाइआइ समोसरणपरूवणं–

१.प. जीवा णं भंते ! किं किरियावाई, अकिरियावाई, अन्नाणियवाई, वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! जीवा किरियावाई वि, अकिरियावाई वि, अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।

२.प. सलेस्सा णं भंते ! जीवा किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

मनुष्यों ने इस संसार में मिथ्यात्व आदि के द्वारा जिस रूप से कर्म बांधे हैं, उसी प्रकार सम्यग्दर्शन-आदि द्वारा उन कर्मों का विमोक्ष होता है यह भी बताया है। इस प्रकार बन्ध और मोक्ष के कारणों का विज्ञाता मुनि अवश्य ही संसार का या कर्मों का अन्त करने वाला कहलाता है।

इस लोक, परलोक का दोनों लोकों में जिसका किंचित्मात्र भी रागादि बन्धन नहीं है तथा साधक निरालम्ब-इहलौकिक-पारलौकिक स्पृहाओं से रहित है एवं जो कहीं भी प्रतिबद्ध नहीं है, वह साधु निश्चय ही इस संसार में जन्म मरण के प्रपंच से विमुक्त हो जाता है।

८०. क्रियावादी आदि समवसरण के चार भेद–

प्र. भंते ! समवसरण कितने कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! समवसरण (विभिन्न मतों के विचार) चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. क्रियावादी, २. अक्रियावादी, ३. अज्ञानवादी, ४. विनयवादी।

८१. अक्रियावादियों के आठ प्रकार–

अक्रियावादी आठ प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. एकवादी–एक ही तत्व को स्वीकार करने वाले,
२. अनेकवादी–एकत्व को सर्वथा अस्वीकार करने वाले,
३. मितवादी–जीवों को परिमित मानने वाले,
४. निर्मितवादी–जगतकर्त्तत्व को मानने वाले,
५. सातवादी–सुख से ही सुख की प्राप्ति मानने वाले,
६. समुच्छेदवादी–क्षणिकवादी,
७. नित्यवादी–लोक को एकान्त नित्य मानने वाले,
८. असत् पर लोकवादी–परलोक में विश्वास नहीं करने वाले।

८२. चौबीस दंडकों में वादि समवसरण–

दं. १. नैरयिकों के चार वादि समवसरण कहे गये हैं, यथा–

१. क्रियावादी, २. अक्रियावादी, ३. अज्ञानवादी, ४. विनयवादी

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त चार-चार वादि-समवसरण जानना चाहिए।

दं. १२-२४. इसी प्रकार विकलेन्द्रियों को छोड़कर वैमानिकों पर्यन्त चार-चार वादि समवसरण कहने चाहिए।

८३. जीवों में ग्यारह स्थानों द्वारा क्रियावादी आदि समवसरणों का प्ररूपण–

१.प्र. भंते ! क्या जीव क्रियावादी हैं, अक्रियावादी हैं, अज्ञानवादी हैं या विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! जीव क्रियावादी भी हैं, अक्रियावादी भी हैं, अज्ञानवादी भी हैं और विनयवादी भी हैं।

२.प्र. भंते ! सलेश्य जीव क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

---

१. (क) उत्त. अ. १८, गा. २३ (ख) ठाणं. अ. ४, सु. ३४५ (ग) सूय. सु. १, अ. ६, गा. २७ (घ) सूय. सु. १, अ. १२, गा. १

उ. गोयमा ! किरियावाई वि **जाव** वेणइयवाई वि।
एवं जाव **सुक्कलेस्सा।**

प. अलेस्सा णं भंते ! जीवा किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! किरियावाई, नो अकिरियावाई, नो अन्नाणियवाई, नो वेणइयवाई।

३. प्र. कण्हपक्खिया णं भंते ! जीवा किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! नो किरियावाई, अकिरियावाई वि, अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।
सुक्कपक्खिया जहा सलेस्सा।

४. **सम्मद्दिट्ठि जहा अलेस्सा।**
मिच्छद्दिट्ठि जहा कण्हपक्खिया।

प. सम्ममिच्छद्दिट्ठीणं भंते ! जीवा किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! नो किरियावाई, नो अकिरियावाई, अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।

५. **णाणी** जाव **केवलनाणी जहा अलेस्सा।**

६. **अन्नाणी** जाव **विभंगनाणी जहा कण्हपक्खिया।**

७. **आहारसन्नोवउत्ता** जाव **परिग्गहसन्नोवउत्ता जहा सलेस्सा।**
नो सन्नोउवत्ता जहा अलेस्सा।

८. **सवेयगा** जाव **नपुंसगवेयगा जहा सलेस्सा।**
अवेयगा जहा अलेस्सा।

९. **सकसायी** जाव **लोभकसायी जहा सलेस्सा।**

अकसायी जहा अलेस्सा।

१०. **सजोगी** जाव **कायजोगी जहा सलेस्सा।**
अजोगी जहा अलेस्सा।

११. **सागारोवउत्ता अणागारोवउत्ता य जहा सलेस्सा।**

–विया. स. ३०, उ. १, सु. २-२१

८४. चउवीसदंडएसु एक्कारसठाणेहिं किरियावाईआइ समोसरण परूवणं–

प. **दं. १.** नेरइया णं भंते ! किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! किरियावाई वि **जाव** वेणइयवाई वि।

प. सलेस्सा णं भंते ! नेरइया किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! किरियावाई वि **जाव** वेणइयवाई वि।

एवं जाव **काउलेस्सा।**
कण्हपक्खिया किरियाविवज्जिया।

उ. गौतम ! क्रियावादी भी है **यावत्** विनयवादी भी है।
इसी प्रकार शुक्ललेश्या पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या अलेश्य जीव क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी हैं, किन्तु अक्रियावादी, अज्ञानवादी या विनयवादी नहीं हैं।

३. प्र. भंते ! क्या कृष्णपाक्षिक जीव क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! क्रियावादी नहीं हैं, किन्तु अक्रियावादी, अज्ञानवादी और विनयवादी हैं।
शुक्लपाक्षिक जीवों का कथन सलेश्य जीवों के समान है।

४. **सम्यग्दृष्टि जीव अलेश्य जीवों के समान हैं।**
मिथ्यादृष्टि जीव कृष्णपाक्षिक जीवों के समान हैं।

प्र. भंते ! क्या सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव क्रियावादी हैं यावत् विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी और अक्रियावादी नहीं हैं, किन्तु वे अज्ञानवादी और विनयवादी हैं।

५. **ज्ञानी से केवलज्ञानी पर्यन्त अलेश्य जीवों के समान हैं।**

६. **अज्ञानी से विभंगज्ञानी पर्यन्त कृष्णपाक्षिक जीवों के समान हैं।**

७. **आहारसंज्ञोपयुक्त** यावत् **परिग्रहसंज्ञोपयुक्त जीव सलेश्य जीवों के समान हैं।**
नो संज्ञोपयुक्त जीव अलेश्य जीवों के समान हैं।

८. **सवेदी से नपुसंकवेदी पर्यन्त जीव सलेश्य जीवों के समान हैं।**
अवेदी जीव अलेश्यी जीवों के समान हैं।

९. **सकषायी से लोभकषायी पर्यन्त जीवों का कथन सलेश्य जीवों के समान हैं।**
अकषायी जीव अलेश्य जीवों के समान हैं।

१०. **सयोगी से काययोगी पर्यन्त जीव सलेश्य जीवों के समान हैं।**
अयोगी जीव अलेश्यी जीवों के समान हैं।

११. **साकारोपयुक्त और अनाकारोपयुक्त जीव सलेश्य जीवों के समान हैं।**

८४. चौबीस दंडकों में ग्यारह स्थानों द्वारा क्रियावादी आदि समवसरणों का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भंते ! क्या नैरयिक क्रियावादी होते हैं यावत् विनयवादी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी भी होते हैं यावत् विनयवादी भी होते हैं।

प्र. भंते ! क्या सलेश्यी नैरयिक क्रियावादी होते हैं यावत् विनयवादी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी भी होते हैं यावत् विनयवादी भी होते हैं।
इसी प्रकार कापोतलेश्यी नैरयिक पर्यन्त जानना चाहिए।
कृष्णपाक्षिक नैरयिक क्रियावादी नहीं है।

एवं एएणं कमेणं जहेव जच्चेव जीवाणं वत्तव्वया सच्चेव नेरइयाण वि जाव **अणागारोवउत्ता।**

णवरं–जं अत्थि तं भाणियव्वं, सेसं न भण्णइ।

दं. २-११. जहा नेरइया एवं जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! जीवा किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! नो किरियावाई, अकिरियावाई वि, अन्नाणियवाई वि, नो वेणइयवाई।

एवं पुढविकाइयाणं जं अत्थि तत्थ सव्वत्थ वि एयाइं दो मज्झिल्लाइं समोसरणाइं जाव **अणागारोवउत्त त्ति।**

दं. १३-१९. एवं जाव **चउरिंदियाणं, सव्वट्ठाणेसु एयाइं चेव मज्झिल्लगाइं दो समोसरणाइं।**

णवरं–सम्मत्तनाणेहि वि एयाणि चेव मज्झिल्लगाइं दो समोसरणाइं।

दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया जहा जीवा।

णवरं–जं अत्थि तं भाणियव्वं।

दं. २१. मणुस्सा जहा जीवा तहेव निरवसेसं।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा असुरकुमारा। *–विया. स. ३०, उ. १, सु. २२-३२*

८५. किरियावाईआइ जीव-चउवीसदंडएसु भवसिद्धियत्त-अभवसिद्धियत्त परूवणं–

प. १. किरियावाई णं भंते ! जीवा किं भवसिद्धिया अभवसिद्धिया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धिया, नो अभवसिद्धिया।

प. अकिरियावाई णं भंते ! जीवा किं भवसिद्धिया अभवसिद्धिया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धिया वि, अभवसिद्धिया वि।

एवं अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।

प. २. सलेस्सा णं भंते ! जीवा किरियावाई किं भवसिद्धिया अभवसिद्धिया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धिया, नो अभवसिद्धिया।

प. सलेस्सा णं भंते ! जीवा अकिरियावाई किं भवसिद्धिया अभवसिद्धिया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धिया वि, अभवसिद्धिया वि।

एवं अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।

एवं जाव **सुक्कलेस्सा जहा सलेस्सा।**

जिस प्रकार जिस क्रम से सामान्य जीवों के सम्बन्ध में कहा है उसी प्रकार और उसी क्रम से नैरयिकों के भी (ग्यारह स्थान) अनाकारोपयुक्त पर्यन्त कहने चाहिए।

विशेष–जिसके जो हो वही कहना चाहिए, शेष नहीं कहना चाहिए।

दं. २-११. जिस प्रकार नैरयिकों का कथन है, उसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! क्या पृथ्वीकायिक जीव क्रियावादी होते हैं यावत् विनयवादी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी और विनयवादी नहीं होते हैं किन्तु अक्रियावादी और अज्ञानवादी होते हैं।

इसी प्रकार पृथ्वीकायिकों में जो पद संभव हों, उन सभी में अनाकारोपयुक्त पर्यन्त मध्य के दो समवसरण (अक्रियावादी और अज्ञानवादी) कहने चाहिए।

दं. १३-१९. इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय पर्यन्त सभी स्थानों में मध्य के दो समवसरण कहने चाहिए।

विशेष–सम्यक्त्व और ज्ञान में भी ये ही दो मध्य के समवसरण जानने चाहिए।

दं. २०. पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीवों का कथन सामान्य जीवों के समान है,

विशेष–इनमें भी जिनके जो स्थान हों, वे कहने चाहिए।

दं. २१. मनुष्यों का समग्र कथन सामान्य जीवों के समान कहना चाहिए।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का कथन असुरकुमारों के समान जानना चाहिए।

८५. क्रियावादी आदि जीव चौबीस दंडकों में भवसिद्धिकत्व और अभवसिद्धिकत्व की प्ररूपणा–

प. १. भंते ! क्रियावादी जीव क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।

प्र. भंते ! अक्रियावादी जीव क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! वे भवसिद्धिक भी हैं और अभवसिद्धिक भी हैं।

इसी प्रकार अज्ञानवादी और विनयवादी जीवों के विषय में भी समझना चाहिए।

प. २. भंते ! सलेश्य क्रियावादी जीव क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! वे भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।

प्र. भंते ! सलेश्य अक्रियावादी जीव क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! वे भवसिद्धिक भी हैं और अभवसिद्धिक भी हैं।

इसी प्रकार अज्ञानवादी और विनयवादी भी सलेश्य के समान हैं।

इसी प्रकार (कृष्णलेश्यी से) शुक्ललेश्यी पर्यन्त सलेश्य के समान जानना चाहिए।

प. अलेस्सा णं भंते ! जीवा किरियावाई किं भवसिद्धिया अभवसिद्धया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धिया, नो अभवसिद्धिया।

३. एवं एएणं अभिलावेणं कण्हपक्खिया तिसु वि समोसरणेसु भयणाए।
सुक्कपक्खिया चउसु वि समोसरणेसु भवसिद्धीया, नो अभवसिद्धीया।

४. सम्मद्दिट्ठी जहा अलेस्सा।
मिच्छद्दिट्ठी जहा कण्हपक्खिया।
सम्ममिच्छद्दिट्ठी दोसु वि समोसरणेसु जहा अलेस्सा।

५. नाणी जाव केवलनाणी भवसिद्धीया, नो अभवसिद्धीया।

६. अन्नाणी जाव विभंगनाणी जहा कण्हपक्खिया।

७. सण्णासु चउसु वि जहा सलेस्सा।
नो सण्णोवउत्ता जहा सम्मद्दिट्ठी।

८. सवेयगा जाव नपुंसगवेयगा जहा सलेस्सा।

अवेयगा जहा सम्मद्दिट्ठी।

९. सकसायी जाव लोभकसायी जहा सलेस्सा।
अकसायी जहा सम्मद्दिट्ठी।

१०. सजोगी जाव कायजोगी जहा सलेस्सा।
अजोगी जहा सम्मद्दिट्ठी।

११. सागारोवउत्ता अणागारोवउत्ता जहा सलेस्सा।

दं. १. एवं नेरइया वि भाणियव्वा,
णवरं–णायव्वं जं अत्थि।

दं. २-११. एवं असुरकुमारा वि जाव थणियकुमारा।

दं. १२. पुढविकाइया सव्वट्ठाणेसु वि मज्झिल्लेसु दोसु वि समोसरणेसु भवसिद्धीया वि, अभवसिद्धीया वि।

दं. १३-१६. एवं जाव वणस्सइकाइय त्ति।

दं. १७-१९. बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिया एवं चेव,

णवरं–सम्मत्ते, ओहिए नाणे, आभिणिबोहियनाणे, सुयनाणे, एएसु चेव दोसु मज्झिमेसु समोसरणेसु भवसिद्धीया, नो अभवसिद्धीया।
सेसं तं चेव।

दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया जहा नेरइया,
णवरं–णायव्वं जं अत्थि।

दं. २१. मणुस्सा जहा ओहिया जीवा।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा असुरकुमारा। *–विया. स. ३०, उ. १, सु. १४-१२५*

प्र. भंते ! अलेश्य क्रियावादी जीव क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! वे भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।

३. इसी प्रकार इस अभिलाप से कृष्णपाक्षिक तीनों समवसरणों में विकल्प से भवसिद्धिक हैं।
शुक्लपाक्षिक जीव चारों समवसरणों में भवसिद्धिक हैं अभवसिद्धिक नहीं हैं।

४. सम्यग्दृष्टि अलेश्य जीवों के समान हैं।
मिथ्यादृष्टि कृष्णपाक्षिक के समान हैं।
सम्यग्मिथ्यादृष्टि अज्ञानवादी और विनयवादी इन दोनों समवसरणों में अलेश्यी के समान हैं।

५. ज्ञानी से केवलज्ञानी पर्यन्त भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।

६. अज्ञानी से विभंगज्ञानी पर्यन्त कृष्णपाक्षिकों के समान हैं।

७. चारों संज्ञाओं में भी सलेश्यी जीवों के समान हैं।
नो संज्ञोपयुक्त जीव सम्यग्दृष्टि के समान हैं।

८. सवेदी से नपुंसकवेदी पर्यन्त का कथन सलेश्यी जीवों के समान हैं।
अवेदी जीव का कथन सम्यग्दृष्टि के समान है।

९. सकषायी से लोभकषायी पर्यन्त सलेश्यी के समान हैं।
अकषायी जीव सम्यग्दृष्टि के समान हैं।

१०. सयोगी से काययोगी पर्यन्त सलेश्यी के समान हैं।
अयोगी जीव सम्यग्दृष्टि के समान हैं।

११. साकारोपयुक्त और अनाकारोपयुक्त जीव सलेश्यी के समान हैं।

दं. १. इसी प्रकार नैरयिकों के विषय में कहना चाहिए,
विशेष–उनमें जो स्थान हैं वे कहने चाहिए।

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १२. पृथ्वीकायिक जीव सभी स्थानों में और मध्य के दोनों समवसरणों में भवसिद्धिक भी होते हैं और अभवसिद्धिक भी होते हैं।

दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १७-१९. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीव भी इसी प्रकार हैं।

विशेष–सम्यक्त्व, अवधिज्ञान, आभिनिबोधिक ज्ञान और श्रुतज्ञान इनके मध्य के दोनों समवसरणों में भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।
शेष सब पूर्ववत् जानना चाहिए।

दं. २०. पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव नैरयिकों के समान हैं।
विशेष–उनमें जो स्थान हैं वे सब कहने चाहिए।

दं. २१. मनुष्यों का कथन सामान्य जीवों के समान हैं।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का कथन असुरकुमारों के समान हैं।

८६. अणंतरोवन्नग चउवीसदंडएसु चउसमवसरण परूवणं–

प. अणंतरोववन्नगा णं भंते ! नेरइया किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! किरियावाई वि **जाव** वेणइयवाई वि।

प. सलेस्सा णं भंते ! अणंतरोववन्नगा नेरइया किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव,**

एवं जहेव पढमुद्देसे नेरइयाणं वत्तव्वया तहेव इह वि भाणियव्वा।

णवरं–जं जस्स अत्थि अणंतरोववन्नगाणं नेरइयाणं तं तस्स भाणियव्वं।

एवं सव्व जीवाणं जाव **वेमाणियाणं।**

णवरं–अणंतरोववन्नगाणं जहिं जं अत्थि तहिं तं भाणियव्वं। *–विया. स. ३०, उ. २, सु. १-४*

८६. अनन्तरोपपन्नक-चौबीस दंडकों में चार समवसरण का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या अनन्तरोपपन्नक नैरयिक क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! वे क्रियावादी भी हैं **यावत्** विनयवादी भी हैं।

प्र. भंते ! क्या सलेश्यी अनन्तरोपपन्नक नैरयिक क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् जानना चाहिए।**

जिस प्रकार प्रथम उद्देशक में नैरयिकों का कथन किया है, उसी प्रकार यहां भी कहना चाहिए।

विशेष–अनन्तरोपपन्नक नैरयिकों के जो दो स्थान हैं वे ही कहने चाहिए।

इसी प्रकार सब जीवों का वैमानिकों पर्यन्त कथन करना चाहिए।

विशेष–अनन्तरोपपन्नक जीवों में जहां जो सम्भव हो वहां वह कहना चाहिए।

८७. किरियावाईआइ अणंतरोववन्नगचउवीसदंडएसु भवसिद्धियत्त-अभवसिद्धियत्त परूवणं–

प. किरियावाई णं भंते ! अणंतरोववन्नगा नेरइया किं भवसिद्धीया अभवसिद्धीया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धीया, नो अभवसिद्धीया।

प. अकिरियावाई णं भंते ! अणंतरोववन्नगा नेरइया किं भवसिद्धीया अभवसिद्धीया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धीया वि, अभवसिद्धीया वि।

एवं अन्नाणियवाई वि, वेणइयवाई वि।

प. सलेस्सा णं भंते ! किरियावाई अणंतरोववन्नगा नेरइया किं भवसिद्धीया अभवसिद्धीया ?

उ. गोयमा ! भवसिद्धीया, नो अभवसिद्धीया।

एवं एएणं अभिलावेणं जहेव ओहिए उद्देसए नेरइयाणं वत्तव्वया भणिया।

तहेव इह वि भाणियव्वा जाव **अणागारोवउत्त त्ति।**

एवं जाव **वेमाणियाणं,**

णवरं–जं जस्स अत्थि तं तस्स सव्वं भाणियव्वं।

इमं से लक्खणं–जे किरियावाई सुक्कपक्खिया सम्मामिच्छदिट्ठी य एए सव्वे भवसिद्धीया, णो अभवसिद्धीया।

सेसा सव्वे भवसिद्धीया वि, अभवसिद्धीया वि।

–विया. स. ३०, उ. २, सु. ११-१६

८७. क्रियावादी आदि अनन्तरोपपन्नक चौबीसदंडकों में भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक का प्ररूपण–

प्र. भंते ! अनन्तरोपपन्नक नैरयिक क्रियावादी क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! भवसिद्धिक हैं किन्तु अभवसिद्धिक नहीं हैं।

प्र. भंते ! अनन्तरोपपन्नक नैरयिक अक्रियावादी क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! भवसिद्धिक भी हैं और अभवसिद्धिक भी हैं।

इसी प्रकार अज्ञानवादी और विनयवादी भी जानना चाहिए।

प्र. भंते ! सलेश्य अनन्तरोपपन्नक नैरयिक क्रियावादी क्या भवसिद्धिक हैं या अभवसिद्धिक हैं ?

उ. गौतम ! भवसिद्धिक हैं किन्तु अभवसिद्धिक नहीं हैं।

इसी प्रकार इस अभिलाप से जिस प्रकार औधिक उद्देशक में नैरयिकों का कथन किया है।

उसी प्रकार यहां भी अनाकारोपयुक्त पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–उनमें जिसके जो स्थान हैं उसके वे सभी स्थान कहने चाहिए।

उनके ये लक्षण हैं– जो क्रियावादी शुक्लपाक्षिक और सम्यग्मिथ्यादृष्टि हैं वे सब भवसिद्धिक हैं, अभवसिद्धिक नहीं हैं।

शेष सब भवसिद्धिक भी हैं और अभवसिद्धिक भी हैं।

८८. परंपरोववन्नगचउवीसदंडएसु चउसमवसरणाइ परूवणं–

प. परंपरोववन्नगा णं भंते ! नेरइया किं किरियावाई **जाव** वेणइयवाई ?

८८. परंपरोपपन्नक चौबीस दंडकों में चार समवसरणादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! परम्परोपपन्नक नैरयिक क्रियावादी हैं **यावत्** विनयवादी हैं ?

उ. गोयमा ! एवं जहेव ओहिओ उद्देसओ तहेव परंपरोववन्नएसु वि नेरइयाइओ तहेव निरवसेसं भाणियव्वं।

तहेव तियदंडगसंगहिओ। –विया. स. ३०, उ. ३, सु. १

८९. अणंतरोववगाढाइसु समोसरणाइ परूवणं–

एवं एएणं कमेणं जच्चेव बंधिसए उद्देसगाणं परिवाडी सच्चेव इहं पि जाव अचरिमो उद्देसो।

णवरं–अणंतरा चत्तारि वि एक्कगमगा,
परंपरा चत्तारि वि एक्कगमएणं।
एवं चरिमा वि, अचरिमा वि एवं चेव।
णवरं–अलेस्सी केवली अजोगी न भण्णइ,

सेसं तहेव। –विया. स. ३०, उ. ४-११

उ. गौतम ! जिस प्रकार सामान्य जीवों का उद्देशक कहा उसी प्रकार परम्परोपपन्नक नैरयिकादिकों के सभी स्थान सम्पूर्ण कहने चाहिये।

उसी प्रकार तीनों दण्डकों सहित भी कहना चाहिए।

८९. अनन्तरावगाढादि में समवसरणादि का प्ररूपण–

इसी प्रकार इस क्रम से बन्धी शतक (२६ वें) में उद्देशकों की जो परिपाटी है, वही चारों समवसरणों की परिपाटी यहाँ भी अचरम उद्देशक पर्यन्त कहनी चाहिए।

विशेष–अनन्तरोपपन्नकों के चार उद्देशक एक समान हैं।

परम्परोपपन्नकों के भी चार उद्देशक एक समान हैं।

इसी प्रकार चरम और अचरम के आलापक भी हैं।

विशेष–अलेश्यी, केवली और अयोगी का कथन यहां नहीं कहना चाहिए।

शेष सब पूर्ववत् हैं।

□ □

आश्रव अध्ययन : आमुख

कर्मों के आगमन को आश्रव कहते हैं। नव तत्त्वों में आश्रव भी एक तत्त्व है। आश्रव के बिना कर्मों का बंध नहीं होता है। कर्मबंध पर यदि अंकुश लगाना हो तो आश्रव पर अंकुश लगाना आवश्यक है। आश्रव के पाँच द्वार हैं–१. मिथ्यात्व, २. अविरति, ३. प्रमाद, ४. कषाय और ५. योग। आश्रव के इन पाँच द्वारों का उल्लेख स्थानांग सूत्र में हुआ है। तत्त्वार्थसूत्र में इन पाँचों को बंध का हेतु कहा है। कर्मग्रन्थों में भी ये बन्धहेतुओं के रूप में गिने गए हैं। ५७ बंधहेतुओं में मिथ्यात्व के ५, अविरति के १२, कषाय के २५ एवं योग के १५ भेदों की गणना होती है। आश्रव के द्वार ही एक प्रकार से बंध के हेतु होते हैं क्योंकि आश्रव के बिना बंध नहीं होता है।

आश्रव के २० भेद भी माने गए हैं। वे सब आश्रव के द्वार अथवा कारण होते हैं। २० भेदों में मिथ्यात्व आदि पाँच के अतिरिक्त, प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, अब्रह्म एवं परिग्रह का, श्रोत्रेन्द्रिय आदि पाँच इन्द्रियों से विषय सेवन का, मन, वचन एवं काया को नियन्त्रित न रखने का तथा भंडोपकरण एवं सुई कुशाग्र आदि को अयतना से लेने व रखने का भी समावेश होता है। इस प्रकार आश्रव एक व्यापक तत्त्व है। इसमें उन सभी कारणों का समावेश हो जाता है जिनसे कर्मों का आगमन होता है।

प्रस्तुत अध्ययन में आश्रव के भेदों का निरूपण प्रश्नव्याकरण सूत्र के अनुसार हुआ है। प्रश्नव्याकरण सूत्र में आश्रव के जो पाँच भेद निरूपित हैं, वे हैं–१. हिंसा, २. मृषा, ३. अदत्तादान, ४. अब्रह्म और ५. परिग्रह। संयम अथवा संवर की साधना में आने के लिए इन पाँचों आश्रवों का त्याग करना होता है।

हिंसादि पाँच आश्रवों का इस अध्ययन में विस्तार से निरूपण है किन्तु इस निरूपण में यह नहीं समझाया गया कि हिंसा आदि के कारण कर्माश्रव किस प्रकार एवं क्यों होता है। हिंसा को प्राणवध के रूप में प्ररूपित किया गया है। इससे ज्ञात होता है कि इस सम्पूर्ण अध्ययन में हिंसादि के द्रव्य-पक्ष को अधिक स्पष्ट किया गया है, भाव-पक्ष को कम।

प्रत्येक आश्रव का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उनके तीस-तीस पर्यायवाची नाम दिए गए हैं। वे पर्यायवाची नाम उन आश्रवों के विविध पक्षों को प्रकट करते हुए उनकी द्रव्य एवं भाव सहित सर्वविध व्याख्या कर देते हैं। यथा–हिंसा के पर्यायवाची नामों में अविश्वास, असंयम आदि शब्द हिंसा के भाव-पक्ष को प्रकट करते हैं तो प्राणवध, शरीर से प्राणों का उन्मूलन, मारण आदि शब्द हिंसा के द्रव्य-पक्ष को प्रस्तुत करते हैं। इसी प्रकार प्राणवध का स्वरूप बतलाते हुए उसे पाप, चण्ड, नृशंस, भयोत्पादक आदि शब्दों से प्रकट किया गया है। ये शब्द हिंसा के विविध पक्षों को प्रकट करते हैं।

मृषावाद के पर्यायार्थक जो तीस नाम दिए गए हैं, वे मृषावाद के विभिन्न पक्षों को प्रकट करते हैं यथा–अन्याय, शठ, वंचना आदि शब्द मृषावाद घटित तथ्यों को प्रकट करते हैं। मृषावादी व्यक्ति छली, मायाचारी एवं वक्रता आदि दुर्गुणों से युक्त होता है। मृषावाद के स्वरूप का निरूपण करते हुए प्रतिपादित किया गया है कि यह अलीकवचन या मिथ्या-भाषण दुःखदायक, भयोत्पादक, अपयश एवं वैर उत्पन्न करने वाला होता है। नीच जन मिथ्या-भाषण का प्रयोग करते हैं। यह विश्वासघातक, परपीड़ाकारक, रति, अरति, राग-द्वेष एवं मानसिक क्लेश का जनक होता है। इसका फल अशुभ है।

बिना आज्ञा के किसी दूसरे की वस्तु लेना अदत्तादान कहलाता है। दूसरे के धन आदि में मूर्च्छा या लोभ होना ही इसका कारण है। अदत्तादान अपयश का कारण है तथा इससे अधोगति प्राप्त होती है। इसके तीस पर्यायवाची गुण-निष्पन्न नामों में चौरिक्य, पापकर्म, क्षेप, तृष्णा आदि पद हैं जो चौर्य के ही विभिन्न रूप की व्याख्या करते हैं।

अब्रह्मचर्य को मैथुन, मोह, कामगुण, बहुमान आदि नामों से पुकारा गया है किन्तु ये सब नाम अब्रह्मचर्य की विभिन्न अवस्थाओं एवं परिणामों को व्यक्त करते हैं, एकदम पर्यायवाची नहीं हैं। अब्रह्मचर्य देवों, मनुष्यों और असुरों सहित समस्त लोक के प्राणियों द्वारा काम्य है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद इसके चिह्न हैं। यह तप, संयम और ब्रह्मचर्य के लिए विघ्न रूप है।

तत्त्वार्थसूत्र में मूर्च्छा को परिग्रह कहा गया है किन्तु इस अध्ययन में परिग्रह के चय, संचय, सम्भार, संरक्षण आदि बाह्य परिग्रह के द्योतक शब्द भी दिए गये हैं और महेच्छा, लोभात्मा, तृष्णा, आसक्ति जैसे आन्तरिक परिग्रह के द्योतक शब्द भी उपलब्ध हैं। ये सब शब्द मिलकर आन्तरिक एवं बाह्य परिग्रह का स्वरूप व्यक्त कर देते हैं।

इन पाँच आश्रवों के जो तीस-तीस नाम दिए गए हैं, उनके अन्त में शास्त्रकार ने लिखा है कि ऐसे और भी नाम हो सकते हैं। इसका अभिप्राय है कि ये तीस नाम उस आश्रव के विभिन्न रूपों को अभिव्यक्त मात्र करते हैं, कुछ छूटे हुए रूपों को अन्य नामों से व्यक्त किया जा सकता है। इन नामों में कुछ ऐसे भी नाम हैं जो एक से अधिक आश्रवों में प्रयुक्त हुए हैं। यथा–असंयम शब्द हिंसा या प्राणवध के पर्यायनामों में भी है तो अदत्तादान के पर्याय नामों में भी है।

प्राणवध या हिंसा आश्रव के प्रसंग में यह प्रश्न किया गया कि पापी, असंयत, अविरत, अनुपशान्त परिणाम वाले तथा दूसरों को दुःख देने में तत्पर रहने वाले जीव किनकी हिंसा करते हैं। इस प्रश्न के उत्तर में जलचर, स्थलचर, उरपरिसर्प, भुजपरिसर्प और खेचर जीवों के वध का उल्लेख

करते हुए द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय एवं एकेन्द्रिय जीवों के वध का भी निरूपण किया है। जलचर, स्थलचर, उरपरिसर्प, भुजपरिसर्प और खेचर जीवों का विवरण देते हुए अनेक नामों का उल्लेख किया गया है। इनमें से बहुत से जीव अभी भी उपलब्ध होते हैं और उनके नाम भी वे ही प्रचलित हैं किन्तु कुछ जीव ऐसे भी हैं जिनके नाम बदल गए हैं अथवा उनकी जाति लुप्त हो गई है। जीव-वैज्ञानिकों के लिए जीवों का यह विवरण उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

प्राणियों का वध अनेक कारणों से किया जाता है। उनमें से चमड़ा, चर्बी, मांस, दांत, हड्डी, सींग, विष, बाल आदि की प्राप्ति भी एक कारण है। शरीर एवं उपकरणों को शृंगारित व संस्कारित करने के लिए भी जीवों का वध किया जाता है। पृथ्वीकायिक जीवों की हिंसा कृषि, कूप, तालाब, खाई, प्रासाद आदि के निमित्त से की जाती है। जलकायिक जीवों की हिंसा स्नान, पान, भोजन, वस्त्र धोने आदि के लिए की जाती है। भोजनादि पकाने, दीपक जलाने, प्रकाश करने आदि से अग्निकायिक जीवों की हिंसा होती है। पंखा, सूप, तालवृन्त, मयूरपंख आदि से हवा करने के कारण वायुकायिक जीवों की हिंसा की जाती है। वनस्पतिकायिक की हिंसा के आगम में अनेक प्रयोजन वर्णित हैं जिनमें प्रमुख हैं–घर, भोजन, शय्या, आसन, वाहन, नौका, खम्भा, सभागार, वस्त्र, हल, गाड़ी आदि बनाना।

कुछ सप्रयोजन हिंसा करते हैं तो कुछ निष्प्रयोजन भी हिंसा करते रहते हैं। कुछ ऐसे भी पापी जीव हैं जो हास्य-विनोद के लिए, वैर के कारण अथवा भोगासक्ति से प्रेरित होकर हिंसा करते हैं। कुछ जीव क्रुद्ध होकर हनन करते हैं, कुछ लोभ के वशीभूत होकर हिंसा करते हैं तो कुछ अज्ञान के कारण हिंसा करते हैं। कुछ अर्थ, धर्म या काम के लिए हिंसा करते हैं।

प्राचीनयुग में हिंसा का कार्य करने वालों का समुदाय विशेष हुआ करता था। जैसे–सूअरों का शिकार करने वालों को शौकरिक, मछली पकड़ने वालों को मत्स्यबन्धक, पक्षियों को मारने वालों को शाकुनिक कहा जाता था। हिंसा करने वालों की फिर जातियां बन गई यथा–शक, यवन, शबर, बब्बर आदि। ऐसी अनेक जाति के लोग हिंसाकर्म किया करते थे। आजीविका चलाने के लिए भी हिंसा की जाती रही है। राजा लोग अपने आनन्द के लिए हिंसा करते रहे हैं।

हिंसक मनुष्य हिंसाकार्य के कारण नरकवासी बन जाते हैं। वे मरकर नरक के दुःखों को विवश होकर भोगते हैं। नरकभूमियों, नरकावास एवं उनमें भोगी जाने वाली वेदनाओं का इस अध्ययन में रोंगटे खड़े कर देने वाला चित्रण किया गया है। इसी प्रकार जो हिंसक प्राणी नरक से निकलकर तिर्यञ्च योनि में जाते हैं उन्हें किस प्रकार के दुःखों का अनुभव होता है उसका भी इस अध्ययन में अच्छा चित्रण किया गया है। इन दुःखों एवं वेदनाओं का वर्णन पढ़ने के पश्चात् दिल दहल उठता है तथा पढ़ने वाला हिंसा के लिए कभी प्रवृत्त नहीं हो सकता। कुछ जीव नरक से निकलकर मनुष्य पर्याय में आ जाते हैं किन्तु वे यहाँ विकृत एवं अपरिपूर्ण शरीर प्राप्त कर अवशिष्ट पापकर्म भोगते रहते हैं। वे टेढ़े मेढ़े शरीर वाले, बहरे, अंधे, लंगड़े आदि होते हैं।

मृषावाद का वर्णन करते हुए आगम में अनेक मिथ्यामतों का उल्लेख किया गया है, उनमें चार्वाक, बौद्ध एवं अन्य नास्तिक विचारधारा के मतावलम्बी सम्मिलित हैं। वामलोकवादी मत के अनुसार यह जगत् शून्य है, जीव का अस्तित्व नहीं है, किए हुए शुभ-अशुभ कर्मों का फल भी नहीं मिलता है। यह शरीर उनके मत में पाँच भूतों से बना हुआ है और वायु के निमित्त से सब क्रियाएँ करता है।

बौद्ध आत्मा को रूप, वेदना, विज्ञान, संज्ञा और संस्कार इन पाँच स्कन्धों से पृथक् नहीं मानते। कोई बौद्ध इन पांच स्कन्धों के अतिरिक्त मन को भी स्कन्ध मानते हैं। कोई मनोजीववादी अर्थात् मन को ही जीव कहते हैं। कोई वायु को ही जीव स्वीकार करते हैं। कोई जगत् को सादि एवं सान्त मानते हैं तथा पुनर्जन्म को स्वीकार नहीं करते हैं। उनके अनुसार पुण्यकार्य एवं पापकार्य का कोई फल नहीं मिलता। स्वर्ग, नरक एवं मोक्ष कुछ भी नहीं है।

कुछ मिथ्यावादी लोक को अंडे से उत्पन्न मानते हैं तथा स्वयम्भू को इसका निर्माता मानते हैं। कुछ कहते हैं कि यह जगत् प्रजापति ने बनाया है। किसी के अनुसार यह समस्त जगत् विष्णुमय है। किसी के अनुसार आत्मा एक एवं अकर्ता है। वह नित्य, निष्क्रिय, निर्गुण और निर्लेप है। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन में विभिन्न जैनेतर मान्यताओं को मृषावादी या मिथ्यावादी कहकर प्रस्तुत किया गया है। इनमें कुछ मान्यताएँ वैदिक मान्यताएँ हैं।

कुछ लोग परधन का हरण करने के लिए मृषा बोलते हैं, कुछ राज्यविरुद्ध मिथ्याभाषण करते हैं, अच्छे को बुरा एवं बुरे को अच्छा कार्य बतलाते हैं, सज्जनों को दुष्ट एवं दुष्टों को सज्जन बतलाते हैं। कुछ लोग बिना विचार किए ही असत्य भाषण करते हैं तथा कुछ पाप परामर्शक झूठ बोलते हैं। इस प्रकार अनेक प्रकार के मृषावादी हैं।

मृषावाद का भयंकर फल बताया गया है। मृषावादी जीव नरक एवं तिर्यञ्च योनि की वृद्धि कर अनेक वेदनाओं को भोगते हैं। मृषावाद का फल इहलोक में भी अपयश, वैर, द्वेष आदि के रूप में मिलता है।

अदत्तादान की प्रवृत्ति भी बड़ी घातक है। दूसरों का धन हरण करने की प्रवृत्ति चोरों एवं डाकुओं में ही नहीं राजाओं में भी पायी जाती है। एक राजा दूसरे राजा के धनादि के प्रति आकृष्ट होकर आक्रमण करते रहे हैं। इस प्रकार अदत्तादान के लिए हिंसा का भी सहारा लेना पड़ता है, झूठ का भी सहारा लेना पड़ता है। राजाओं में परस्पर किस प्रकार का बीभत्स युद्ध होता रहा है इसका प्रस्तुत प्रसंग में सुन्दर वर्णन किया गया है। सामुद्रिक व्यापार का वर्णन करने के साथ समुद्र में होने वाली तस्करी का भी चित्र खींचा गया है। ग्राम, नगर आदि में बने घरों में सेंध लगाकर की जाने वाली चोरी का भी इसमें वर्णन हुआ है। चोरों की प्रवृत्तियों का भी वर्णन किया गया है।

अदत्तादान आश्रव से गाढ़ कर्मों का बन्धन तो होता ही है, किन्तु इस लोक में भी उसका दुष्परिणाम भोगना पड़ता है। राज्य की दण्ड व्यवस्था के अनुसार कारागार में कैद कर ताड़न, अंगच्छेदन एवं तीव्र प्रहारों की वेदना दी जाती है। प्राचीन युग में राज्य-व्यवस्था के अनुसार चोरों को किस प्रकार दण्डित किया जाता था इसका प्रस्तुत अध्ययन में अच्छा निरूपण हुआ है।

अब्रह्मचर्य का सेवन प्रायः दस भवनपति, दस व्यन्तर जाति के देव, आठ मुख्य व्यन्तर देव, ज्योतिष्क एवं वैमानिक देव, मनुष्य तथा पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च जीव करते हैं। अब्रह्म का सेवन मोह के उदय से होता है। यह स्त्री-पुरुष के मिथुन से होने के कारण मैथुन कहा जाता है। अब्रह्म सेवन का सम्बन्ध बाह्य ऐश्वर्य से एवं शारीरिक गठन से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए इसके साथ ही चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव एवं मांडलिक राजाओं के विपुल ऐश्वर्य का वर्णन कर अन्त में कहा गया है कि अनेक प्रकार की उत्तम भार्याओं के साथ कामभोग भोगते हुए भी ये चक्रवर्ती आदि कभी तृप्त नहीं हुए। तृप्त हुए बिना ही वे मृत्यु को प्राप्त हो गए। इसलिए अब्रह्म सेवन का अन्त करना अत्यधिक कठिन है।

अकर्मभूमि के स्त्री पुरुष सर्वांग सुन्दर अंगों से सम्पन्न होते हैं। पुरुष वज्रऋषभनाराच एवं समचतुरस्र संस्थान युक्त होते हैं। उनके प्रत्येक अंग कांति से दैदीप्यमान रहते हैं तथापि वे तीन पल्योपम की आयु तक कामभोगों को भोग कर भी अतृप्त ही रह जाते हैं। युगलिक पुरुषों एवं स्त्रियों के पैर, नख, नाभि, वक्षस्थल, हस्त, स्कन्ध आदि प्रत्येक अंग का इस अध्ययन में सौन्दर्य वर्णित है। स्त्रियां सर्वांग सुन्दर होने के साथ छत्र, ध्वजा आदि ३२ लक्षणों से भी युक्त होती है। वे मानवी अप्सराएँ कही जा सकती हैं। किन्तु परस्पर मैथुन सेवन इन्हें भी तृप्ति नहीं देता और मृत्यु हो जाती है।

कर्मभूमि के मनुष्य मैथुन की वासना के कारण अनेक प्रकार का अनर्थ कर देते हैं। परस्त्री-सेवन के प्रति भी प्रवृत्त हो जाते हैं। किन्तु अब्रह्म का सेवन करने वाले इहलोक में नष्ट होते हैं तथा परलोक में भी नष्ट होते हैं। अब्रह्म के कारण सीता, द्रौपदी, रुक्मिणी आदि के लिए संग्राम भी हुए।

परिग्रह को एक ऐसे वृक्ष की उपमा दी गई है जिसकी जड़ अनन्त तृष्णा है, जिसका तना लोभ, कलह, क्रोधादि कषाय हैं, जिसकी शाखाएँ चिन्ता, मानसिक सन्ताप आदि हैं, जिसकी शाखा के अग्रभाग ऋद्धि, रस और साता रूप गारव है, दूसरों को ठगने रूप निकृति जिसकी कोपलें हैं तथा कामभोग ही जिसके पुष्प और फल हैं। यह परिग्रह अधिकतर लोगों को हृदय से प्यारा लगता है किन्तु निर्लोभता रूप मोक्षोपाय की यह अर्गला है।

चारों प्रकार के देवों में परिग्रह की प्रचुरता होने पर भी वे कभी इससे तृप्त नहीं होते। इन देवों के ऐश्वर्य का इस अध्ययन में निरूपण हुआ है। इसी प्रकार अकर्मभूमि के मनुष्य एवं कर्मभूमियों में चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, माण्डलिक राजा, युवराज, ऐश्वर्यशाली लोग, सेनापति, श्रेष्ठी, राजमान्य अधिकारी, सार्थवाह आदि अनेक मनुष्य परिग्रहधारी होते हैं। परिग्रह के संचय हेतु लोग अनेक प्रकार की विद्याएँ सीखते हैं, हिंसा के कृत्य में प्रवृत्त होते हैं, झूठ बोलते हैं, दूसरों को ठगते हैं, मिलावट करते हैं, वैर-विरोध करते हैं फिर भी इच्छाओं की तृप्ति नहीं होती।

आश्रव के इस प्रकरण में हिंसा, मृषावाद, अदत्तादान, अब्रह्म एवं परिग्रह रूप पापों का वर्णन करके मुमुक्षुओं को इनसे बचने की शिक्षा दी गई है क्योंकि प्राणी इन आश्रवों के कारण कर्मबन्धन कर संसार में भ्रमण करता रहता है। जो इन्हें त्याग कर अहिंसा आदि संवरों का आचरण करता है वह मुक्ति को प्राप्त कर लेता है।

□

२८. आसवऽज्झयणं

सूत्र

१. पंच आसवस्स हेउ परूवणं –

पंच आसवदारा पण्णत्ता, तं जहा–

१. मिच्छत्तं,
२. अविरई,
३. पमादो,
४. कसाया,
५. जोगा। *–ठाणं. अ. ५, उ. १, स. ४१८*

२. आसवस्स पंच पगारा –

पंचविहो पण्णत्तो जिणेहिं इह अण्हओ अणाइओ।

हिंसामोसमदत्तं, अब्बंभ परिग्गहं चेव ॥

–पण्ह. सु. १, आ. १, सु. १, गा. २

३. पाणवह परूवणस्स णिद्देसो –

१. जारिसओ,
२. जं नामा,
३. जह य कओ,
४. जारिसं फलं देंति,
५. जे वि य करेंति पावा, पाणवहं तं निसामेह॥

–पण्ह.सु. १, आ. १, सु. १, गा. ३

४. पाणवह सरूवं –

पाणवहो नामेस निच्चं जिणेहिं भणिओ, तं जहा–

१.पावो, २.चंडो, ३.रुद्दो, ४.खुद्दो, ५.साहसिओ, ६.अणारिओ, ७.णिग्घिणो, ८.णिस्संसो, ९,महब्भओ, १०.पइभओ, ११.अइभओ, १२.बीहणओ, १३.तासणओ, १४.अणज्जो, १५.उव्वेयणओय, १६.णिरवयक्खो, १७.णिद्धम्मो, १८.णिप्पिवासो, १९.णिक्कलुणो, २०.णिरयवासगमणनिघणो, २१.मोहमहब्भयपयट्टओ, २२.मरणवेमणस्सो॥

एस पढमं अधम्मदारं॥ *–पण्ह. सु. १, आ. १, सु. २*

५. पाणवहस्स पज्जव णामाणि–

तस्स (पाणवहस्स) य नामाणि इमाणि गोण्णाणि होंति तीसं, तं जहा–

१. पाणवहं, २. उम्मूलणा सरीराओ, ३. अवीसंभो, ४. हिंसविहिंसा तहा, ५. अकिच्चं च, ६. घायणा य, ७.मारणा य, ८.वहणा, ९.उद्दवणा, १०. तिवायणा य ११.आरंभसमारंभो, १२. आउयकम्मस्सुवद्दवो भेयणिट्ठवण गालणा य संवट्टगसंखेवो, १३. मच्चू, १४. असंजमो, १५.कडगमद्दणं,

२८. आश्रव अध्ययन

सूत्र

१. आश्रव के पाँच हेतुओं का प्ररूपण –

आश्रव के पाँच हेतु कहे गए हैं, यथा–

१. मिथ्यात्व–विपरीत तत्वश्रद्धा,
२. अविरति–अत्यागवृत्ति,
३. प्रमाद–आत्मिक अनुत्साह,
४. कषाय–आत्मा का राग-द्वेषात्मक उत्ताप,
५. योग–मन, वचन और काया का व्यापार।

२. आश्रव के पाँच प्रकार –

जिनेन्द्र भगवान ने इस जगत में अनादि (कर्म) आश्रव पाँच प्रकार का कहा है, यथा–

१. हिंसा, २, मृषा, ३. अदत्तादान, ४. अब्रह्म, ५, परिग्रह।

३. प्राणवध प्ररूपण का निर्देश –

१. प्राणवध (हिंसा) रूप प्रथम आश्रव जैसा है,
२. उसके जितने नाम हैं,
३. जिन पापी प्राणियों द्वारा वह किया जाता है,
४. जैसा (घोर दुःखमय) फल प्रदान करता है,
५. जिस प्रकार किया जाता है उसे तुम सुनो।

४. प्राणवध का स्वरूप –

जिनेश्वर भगवान् ने प्राणवध (का स्वरूप) इस प्रकार कहा है, यथा–

१.पाप, २.चण्ड, ३.रुद्र, ४.क्षुद्र, ५.साहसिक, ६.अनार्य, ७.निर्घृण, ८.नृशंस, ९.महाभय, १०.प्रतिभय, ११.अतिभय, १२.भयोत्पादक, १३.त्रासनक, १४.अनार्य, १५.उद्वेगजनक, १६. निरपेक्ष, १७. निर्धर्म (धर्मविरुद्ध), १८. निष्पिपास (क्रूरपरिणाम), १९. निष्करुण, २०. नरकवास-गमन-निधन (नरक प्राप्ति का हेतु), २१. मोहमहाभय प्रवर्त्तक, २२.मरणवैमनस्य।

यह प्रथम अधर्मद्वार है।

५. प्राणवध के पर्यायवाची नाम –

प्राणवधरूप हिंसा के विविध अर्थों के प्रतिपादक गुण निष्पन्न ये तीस नाम हैं, यथा–

१.प्राणवध, २. शरीर से (प्राणों का) उन्मूलन, ३.अविश्वास, ४. हिंस्य विहिंसा-बध योग्य माने गए जीवों की हिंसा करना, ५. अकृत्य, ६. घात, ७.मारण, ८. वहन करना, ९.उपद्रव, १०. प्राणों का अतिपात-घात हनन, ११. आरम्भ-समारम्भ, १२.आयुकर्म का उपद्रव भेदन निष्ठापन (आयु को समाप्त करना) गालन संवर्तक संक्षेप-श्वासोच्छ्वास को रोकना, दम तोड़ देना, १३.मृत्यु, १४.असंयम, १५.कटक-सैन्य मर्दन,

१६.वोरमणं, १७.परभवसंकामकारओ, १८.दुग्गइप्पवाओ, १९. पावकोवो य, २०. पावलोभो, २१. छविच्छेओ, २२. जीवियंतकरणो, २३. भयंकरो, २४. अणकरो य, २५. वज्जो, २६. परितावणअण्हओ, २७. विणासो, २८. निज्जवणा, २९. लुंपणा, ३०. गुणाणं विराहण त्ति

विय तस्स एवमाईणि णामधेज्जाणि होंति तीसं, पाणवहस्स कलुसस्स कडुयफल-देसगाइं ॥ *–पण्ह. सु. १, आ. १, सु. ३*

१६. व्युपरमण–प्राण वियोग, १७. परभवसंक्रमणकारक, १८. दुर्गतिप्रपात–दुर्गति की प्राप्ति का हेतु, १९. पापकोप, २०. पापलोभ, २१. छविच्छेद–अंगोपांग छेदन, २२. जीवित-अंतकरण–जीवन का अंत-कारक, २३. भयंकर, २४. ऋणकर-पापकर्म रूप ऋण का कर्ता, २५. वज्र, २६. परितापन आश्रव, २७. विनाश, २८. निर्यापन-नष्ट करना, २९. लुंपन–लुप्त करना, ३०. गुणों का विराधक

इत्यादि प्राणवध-रूप कलुष के कटुक फल निर्देशक ये तीस नाम हैं।

६. पाणवह कारगा–

तं च पुण करेंति केइ पावा, असंजया, अविरया, अणिहुयपरिणामदुप्पओगा, पाणवहं, भयंकरं बहुविहं, बहुप्पगारं, परदुक्खुप्पायणपसत्ता इमेहिं तस-थावरेहि जीवेहिं पडिनिविट्ठा। *–पण्ह. आ. १, सु. ४*

६. प्राणवध करने वाले –

कितने ही पातकी–पापी, असंयत, अविरत, अनुपशान्त परिणाम वाले एवं जिनके मन, वचन और काय के व्यापार दुष्प्रयुक्त हैं, जो दूसरों को दुःख देने में तत्पर रहते हैं तथा त्रस और स्थावर जीवों के प्रति द्वेषभाव रखते हैं, वे अनेक रूपों में विविध भेद-प्रभेदों से भयंकर प्राणवध-हिंसा किया करते हैं।

७. जलयर जीववग्गो–

प. किं ते ?

उ. पाठीण-तिमि-तिमिंगल-अणेगझस-विविहजातिमंडुक्क दुविह कच्छभ-णक्क-मगरदुविह-मुसंढ-विविहगाह-दिलिवेढय मंडुय-सीमागार-पुलक-सुंसुमार बहुप्पगारा जलयर विहाणा-कए य एवमादी।

–पण्ह. आ. १, सु. ५

७. जलचर-जीवों का वर्ग –

प्र. वे किनकी हिंसा करते हैं ?

उ. पाठीन एक विशेष प्रकार की मछली, तिमि बड़े मत्स्य, तिमिंगल-महामत्स्य, अनेक प्रकार की मछलियाँ, विविध जाति के मेंढक, दो प्रकार के कच्छप-अस्थिकच्छप और माँसकच्छप, सुंडामगर एवं मत्स्यमगर के भेद से दो प्रकार के मगर, मूढसढ-मत्स्य विशेष, विविध प्रकार के ग्राह, दिन्निवेष्ट-पूँछ से लपेटने वाला जलीय जन्तु, मंडूक, सीमाकार, पुलक आदि ग्राह के प्रकार, सुंसुमार इत्यादि अनेकानेक प्रकार के जलचर जीवों की घात करते हैं।

८. थलयर जीव वग्गो–

कुरंग-रूरू-सरह-चमर-संबह-उरब्भ-ससय–पसय-गोण-रोहिय-हय-गय-खर-करभ-खग्गी-वानर-गवय-विग-सियाल-कोल-मज्जार-कोलसुणग-सिरियंदलगावत्त-कोकंतिय-गोकन्न-मिय-महिस-वियग्घ-छगल-दीविय-साण-तरच्छ-अच्छ-भल्ल-सद्दूल-सीह-चिल्लल-चउप्पयविहाणाकए य एवमादी।

–पण्ह. आ. १, सु. ६

८. स्थलचर जीवों का वर्ग –

कुरंग और रुरु जाति के हिरण, सरभ-अष्टापद, चमर-नील गाय, संबर-सांभर, उरभ्र-मेंढा, शशक-खरगोश, पसय-प्रशय-वन्य पशु विशेष, गोण-बैल, रोहित-पशुविशेष, घोड़ा, हाथी, गधा, करभ-ऊँट, खड्ग-गेंडा, वानर, गवय, रोझ, वृक-भेड़िया, शृगाल-सियार, कोल-शूकर, मार्जार-बिल्ली, कोलशुनक-जंगली शूकर, श्रीकंदलक एवं आवर्त्त नामक खुर वाले पशु, कोकन्तिक-लोमड़ी, गोकर्ण-दो खुर वाला विशिष्ट जानवर, मृग, भैंसा, व्याघ्र, बकरा, द्वीपिक-तेंदुआ श्वान-जंगली कुत्ता, तरक्ष-जरख, रींछ-भालू, शार्दूल सिंह, सिंह-केसरीसिंह, चित्तल अथवा हिरण की आकृति वाला पशुविशेष इत्यादि चतुष्पाद प्राणियों की पूर्वोक्त पापी मनुष्य हिंसा करते हैं।

(क) उरपरिसप्पवग्गो–

अयगर-गोणस-वराहि-मउलि-काओदर-दब्भपुप्फ-आसालिय-महोरगोरगविहाणाकए य एवमादी। *–पण्ह. आ. १, सु. ७*

(क) उरपरिसर्प जीवों का वर्ग–

अजगर, गोणस–बिना फन का सर्पविशेष, वराहि-दृष्टिविष-सर्प, मुकुली–फनवाला सांप, काउदर-काकोदर, दब्भपुप्फ-दर्वीकर सर्प, आसालिक, महोरग–विशालकाय सर्प, इन सब और इस प्रकार के अन्य उरपरिसर्प जीवों का पापी जन वध करते हैं।

(ख) भुज-परिसप्पवग्गो–

छीरल-सरंब-सेह-सेल्लग-गोधा-उंदर-णउल-सरड-जाहग-

(ख) भुजपरिसर्प जीवों का वर्ग –

क्षीरल–भुजाओं के सहारे चलने वाला प्राणी, शरम्ब, सेह-सेही-बड़े-बड़े काले सफेद रंग के काँटों वाले शरीरधारी प्राणी, शल्यक, गोह, उन्दर-चूहा, नकुल-नेवला, शरट–गिरगिट, जाहक-कांटों से ढंका

मंगुस-खाडहिल-चाउप्पाइया-घिरोलिया-सिरीसिवगणे य एवमादी। –पण्ह. १, सु. ८

जीव, मंगुस-गिलहरी, खाड़हिल–छुछुन्दर चातुष्पदिक घिरोलिका छिपकली इत्यादि अनेक प्रकार के भुजपरिसर्प जीवों का वध करते हैं।

९. खयहर जीववग्गो–

कादंबक-बक-बलाका-सारस-आडा-सेतीय-कुलल-वंजुल-पारिप्पव-कोर-सउण-दीविय-हंस-धत्तरिट्ठग-भास-कुलीकोस-कोंच-दगतुंड-ढेणियालग-सूयीमुह-कविल-पिंगलक्खग-कारंडग-चक्कवाग-उक्कोस-गरुल-पिंगुल-सुय-वरहिण-मयणसालनंदीमुह-नंदमाणग-कोंरंग-भिंगारग-कोणालग-जीवजीवग-तित्तिर-वट्टग-लावग-कपिंजलक-कवोतक-पारेवयग-चडग-ढिंक-कुक्कुड-मसर-मयूरग-चउरग-हय-पोंडरिय-करक-चीरल्ल-सेण-वायस-विहग-भिणासि-चास-वग्गुलिचम्मट्ठिल-विततपक्खी-समुग्गपक्खी खयहरविहाणाकए य एवमादी।

–पण्ह. आ. १, सु.९

९. खेचर जीवों का वर्ग–

कादम्बक–विशेष प्रकार का हंस, बक-बगुला, बलाका, सारस, आडी, सेतीक-जलपक्षी विशेष, कुलल-हंस विशेष, वजुल-खंजन पक्षी, पारिप्लव, कीर-तोता, शकुन-तीतर दीपिका–एक प्रकार की काली चिड़िया, हंस-श्वेत हंस, धार्तराष्ट्र–काले मुख एवं पैरों वाला हंसविशेष, भास-बासक, कुटीकोश, क्रोंच, दगतुंडक-जलकूकड़ी, ढेणिकालग-जलचर पक्षी, शूचीमुख-सुधरी, कपिल, पिंगलाक्ष, कारंडक, चक्रवाक-चकवा, उक्कोस-गरुड़, पिंगुल-लाल रंग का तोता, शुक-तोता, वरहिन मयूर, मदनशालिका-मैना, नन्दीमुख, नन्दमानक-पक्षी विशेष, कोरंग, भृंगारक-भिंगोड़ी, कुणालक, जीवजीवक-चातक, तीतर, वर्त्तक-बतख, लावक, कपिंजल, कपोत-कबूतर, पारावत-विशिष्ट प्रकार का कपोत, परेवा, चटक-चिड़िया, ढिंग, कुक्कुट-मुर्गा, वेसर, मयूरक–मयूर, चतुर्ग-चकोर, हदपुण्डरीक-जलीय पक्षी, करक, चीरल्ल-चील, श्येन-बाज, वायस-काक, विहग-एक विशिष्ट जाति का पक्षी, श्वेत चास, वल्गुली, चमगादड़ विततपक्षी और समुद्गपक्षी-अढाई द्वीप से बाहर के पक्षी विशेष इत्यादि पक्षियों की अनेकानेक जातियों की हिंसक जीव हिंसा करते हैं।

१०. एगिंदयाइ पंचेंदिय पज्जंत तिरिक्खाणं वह कारणाणि–

जल-थल-खगचारिणो उ पंचेंदिए पसुगणे बिय-तिय-चउरिंदिए विविहे जीवे पियजीविए मरणदुक्खपडिकूले वराए हणंति बहुसंकिलिट्ठ-कम्मा इमेहिं विविहेहिं कारणेहिं।

१०. एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय पर्यन्त तिर्यञ्च जीवों के वध के कारण–

इस प्रकार, जल, स्थल और आकाश में विचरण करने वाले पंचेन्द्रिय तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तिर्यञ्च प्राणी जो अनेकानेक प्रकार के हैं उन सभी को जीवन प्रिय है, मरण व दुःख प्रतिकूल है फिर भी अत्यन्त संक्लिष्टकर्मा-क्लेश उत्पन्न करने की प्रवृत्ति वाले पापी पुरुष, इन बेचारे दीन-हीन प्राणियों का इन विविध प्रयोजनों से वध करते हैं।

प. किं ते ?

उ. चम्म-वसा-मंस-मेय-सोणिय-जग-फिप्फिस-मत्थुलुंग-हिय-यंत-पित्त-फोफस दंतट्ठा अट्ठि-मिंज-नह-नयण-कण्ण-ण्हारूणि-नक्कधमणि-सिंग-दाढि-पिच्छ विस-विसाण-वालहेऊं हिंसंति य।

भमर-मधुकरिगणे रसेसु गिद्धा।

तहेव तेइंदिए सरीरोवकरणट्ठयाए किवणे।

बेइंदिए बहवे वत्थोहर परिमंडणट्ठा।

अण्णेहिं य एवमाइएहिं बहूहिं कारणसएहिं अबुहा इह हिंसंति तसे पाणे इमे य एगिंदिए बहवे वराए तस्से य अण्णे तदस्सिए चेव तणुसरीरे समारंभंति।

प्र. वे प्रयोजन क्या हैं ?

उ. चमड़ा, चर्बी, माँस, मेद, रक्त, यकृत, फेफड़ा, हृदय, आंत, पित्ताशय, फोफस शरीर का एक अवयव, दाँत, अस्थि, हड्डी, मज्जा, नाखून, नेत्र, कान, स्नायु नाक, धमनी, सींग, दाढ, पिच्छ, विष, विषाण-हाथी दाँत तथा शूकरदंत और बालों के लिए हिंसक जन जीवों की हिंसा करते हैं।

रसासक्त मनुष्य मधु के लिए भ्रमर-मधुमक्खियों का हनन करते हैं।

शारीरिक सुख अथवा शरीर एवं उपकरणों को शृंगारित व संस्कारित करने के लिए तुच्छ त्रीन्द्रिय-दयनीय खटमल आदि त्रीन्द्रिय जीवों का वध करते हैं।

वस्त्रादि का प्रसाधन करने व गृहादि को सुशोभित करने के लिए अनेक द्वीन्द्रिय कीड़ों आदि का घात करते हैं।

इसी प्रकार के पूर्वोक्त तथा अन्य अनेकानेक प्रयोजनों से बुद्धिहीन अज्ञानी पापी जन त्रस जीवों का घात करते हैं तथा बहुत-से एकेन्द्रिय जीवों का व उनके आश्रय में रहे हुए अन्य सूक्ष्म शरीर वाले त्रस जीवों का समारम्भ करते हैं।

अत्ताणे, असरणे, अणाहे, अबंधवे कम्मनिगलबद्धे अकुसल-परिणाम-मंदबुद्धिजण-दुव्विजाणए पुढविमए पुढविसंसिए, जलमए जलगए अणलाणिल तणवणस्सइगणनिस्सिए य तम्मयतज्जिए चेव तदाहारे तप्परिणय वण्ण गंध-रस-फास बोंदरूवे।

ये प्राणी त्राणरहित हैं–अपनी रक्षा के साधनहीन हैं, वे अशरण हैं, वे अनाथ हैं, बन्धु-बान्धवों से रहित हैं और बेचारे अपने कृत कर्मों की बेड़ियों से जकड़े हुए हैं। जिनके परिणाम-वृत्तियाँ, अकुशल-अशुभ हैं, मन्दबुद्धि वाले हैं, वे इन प्राणियों को नहीं जानते। वे न पृथ्वीकाय को जानते हैं, न पृथ्वीकाय के आश्रित रहे अन्य स्थावरों एवं त्रस जीवों को जानते हैं उन्हें जलकायिक तथा जल में रहने वाले अन्य त्रस स्थावर जीवों का ज्ञान नहीं है। उन्हें अग्निकाय, वायुकाय, तृण तथा अन्य वनस्पतिकाय के एवं इनके आधार पर रहे हुए अन्य जीवों का परिज्ञान नहीं है। ये प्राणी उन्हीं पृथ्वीकाय आदि के स्वरूप वाले, उन्हीं के आधार से जीवित रहने वाले, और उन्हीं का आहार करने वाले हैं उन जीवों का वर्ण, गंध, रस, स्पर्श और शरीर अपने आश्रयभूत पृथ्वी जल आदि सदृश होता है।

अचक्खुसे चक्खुसे य, तसकाइए असंखे, थावरकाए य सुहुम-बायर-पत्तेयसरीरनाम-साधारणे अणंते हणंति अविजाणओ य परिजाणओ य जीवे। इमेहिं विविहेहिं कारणेहिं–

उनमें से कई जीव नेत्रों से दिखाई नहीं देते हैं और कोई दिखाई देते हैं। ऐसे असंख्य त्रसकायिक जीवों की तथा अनन्त सूक्ष्म, बादर, प्रत्येक शरीर और साधारण शरीर वाले स्थावरकाय के जीवों की जान-बूझकर या अनजाने इन (आगे कहे जाने वाले) कारणों से हिंसा करते हैं–

११. पुढविकाइयाईणं जीवाणं हिंसा कारणानि–

प. किं ते?

उ. करिसण - पोक्खरिणी - वावि - वप्पिणि - कूव-सर-तलाग-भितिवेदिया-खातिया आराम-विहार-थूभ-पागार-दार-गाउर - अट्टालग - चरिया - सेउ-संकम-पासाय विकप्प-भवण - घर - सरण - लयण - आवण - चेइय - देवकुल-चित्तसभा-पवा-आयतणावसह-भूमिघर-मंडवाण य कए, भायण-भंडोवगरणस्स विविहस्स अट्ठाए पुढविं-हिंसंति मंदबुद्धिया।

११. पृथ्वीकायिकादि जीवों की हिंसा के कारण –

प्र. वे कारण कौन-से है?

उ. कृषि, पुष्करिणी, बावड़ी, क्यारी, कूप, सर, तालाब, भित्ति, वेदिका, खाई, आराम, विहार-बौद्धभिक्षुओं के ठहरने का स्थान, स्तम्भ, थंभा, प्राकार, द्वार, गोपुर-नगरद्वार, अटारी, चरिका–विशेष मार्ग, सेतु-पुल, संक्रम-उबड़-खाबड़ भूमि को पार करने का मार्ग, प्रासाद, विकल्प, भवन, गृह, सरण–झौंपड़ी, लयन-गुफा, आपण-दुकान, चैत्य-चबूतरा छतरी और स्मारक, देवकुल-देवालय, चित्रसभा, प्याऊ, आयतन-देवस्थान, आवसथ-तापसों का स्थान, भूमिगृह, भौंयरा-तलघर और मंडप आदि के लिए तथा नाना प्रकार के भाजन-मात्र भाण्ड-बर्तन आदि एवं उपकरणों के लिए मन्दबुद्धिजन पृथ्वीकाय के जीवों की हिंसा करते हैं।

जलं च मज्जणय-पाण-भोयण-वत्थधोवण-सोयमादिएहिं।

मज्जन-स्नान, पान-पीने, भोजन, वस्त्र धोने एवं शौच-स्वच्छता इत्यादि कार्यों के लिए जलकायिक जीवों की हिंसा की जाती है।

पयण-पयावण-जलावण-विदंसणेहिं अगणिं।

भोजनादि पकाने, पकवाने, दीपक आदि जलाने तथा प्रकाश करने के लिए अग्निकाय के जीवों की हिंसा की जाती है।

सुप्प-वियण-तालयंट परिथुणक पेहुणमुह-करयल-सग्ग-पत्त-वत्थ एवमादिएहिं अणिलं।

सूर्प-सूपड़ा, व्यजन-पंखा, तालवृन्त-ताड़ का पंखा, मयूरपंख आदि, मुख, हथेलियों, सागवान आदि के पत्ते तथा वस्त्र खण्ड आदि से वायुकाय के जीवों की हिंसा की जाती है।

अगार-परियार-भक्ख-भोयण-सयणासण-फलक-मुसल-उखल-तत-विततातोज्ज वहण-वाहण-मंडव-

अगार-गृह, परिचार-तलवार की म्यान आदि, भक्ष्य-मोदक आदि, भोजन-रोटी वगैरह, शयन-शय्या आदि, आसन-बिस्तर आदि, फलक-पाट-पाटिया, मूसल, ओखली, तत-वीणा, वितत-ढोल आदि, आतोद्य अनेक प्रकार के वाद्य, वहन-नौका आदि वाहन-रथ गाड़ी आदि, मण्डप अनेक

विविहभवण-तोरण-विडंग-देव-कुल-जालयद्धचंद-निज्जूहग-चंदसालिय-वेतिय-णिस्सेणि दोणिचंगेरी खील-मंडव सभा-पवा-वसह-गंध-मल्लाणुलेवणंबर-जुय-नंगल-मइय-कुलिय-संदण-सोया-रह सगड-जाण-जोग्ग- अट्टालग-चरिअ-दार-गोपुर-फलिह-जंतसूलिय-लउड- मुसंढि-सयग्घी-बहुपहरणा-वरणुवक्खराणकए अण्णेहिं य एवमाइएहिं बहुहिं कारणसएहिं हिंसंति ते तरूगणे भणिया अभणिया एवमादी।

–पण्ह. आ. १, सु. १०–१७

प्रकार के भवन, तोरण, निर्यूहक-द्वारशाखा-छज्जा, वेदी, निःसरणी-नसैनी, द्रोणी-छोटी नौका, चंगेरी बड़ी नौका या फूलों की डलिया (छावड़ी), खूँटा-खूँटी, स्तंभ-खम्भा, सभागार, प्याऊ, आवसाथ, आश्रम, मठ, गंध, माला, विलेपन, वस्त्र, युग-जूवा, लांगल-हल, मतिक-हल से जोती भूमि जिससे समतल की जाती है, कुलिक-विशेष प्रकार का हल, बखर, स्यन्दन-युद्ध-रथ, शिविका-पालकी, रथ, शकट-छकड़ा-गाड़ीयान, युग्य, अट्टालिका, चरिका, द्वार, गोपुर-परिघा, यंत्र-आगल, अरहट आदि शूली, लकुट-लकड़ी-मुसंढी, शतघ्नी-सैकड़ों का हनन हो सके ऐसी तोप या महाशिला तथा अनेकानेक प्रकार के शस्त्र, ढक्कन एवं अन्य उपकरण बनाने के लिए और इसी प्रकार के ऊपर कहे गए तथा नहीं कहे गए ऐसे बहुत से सैकड़ों कारणों से अज्ञानी जन वनस्पतिकाय की हिंसा करते हैं।

१२. पाणवहगाणं मणोवित्ति–

सत्ते सत्तपरिवज्जिया उवहणंति दढमूढा दारुणमती कोहा माणा-माया-लोभा-हासा, रती, अरती, सोय, वेदत्थी, जीव जोयधम्मत्थ-कामहेउ सवसा अवसा अट्ठाए अणट्ठाए य तसपाणे थावरे य हिंसंति।

मंदबुद्धी सवसा हणंति, अवसा हणंति, सवसा-अवसा हणंति।

अट्ठा-हणंति, अणट्ठा हणंति, अट्ठा-अणट्ठा दुहओ हणंति।

हस्सा हणंति, वेरा हणंति, रती हणंति, हस्सा-वेरा-रती-हणंति।

कुद्धा हणंति, लुद्धा हणंति, मुद्धा हणंति, कुद्धा-लुद्धा-मुद्धा हणंति।

अत्था हणंति, धम्मा हणंति, कामा हणंति, अत्था धम्मा कामा हणंति।

–पण्ह. आ. १, सु. १८

१२. प्राणवधकों की मनोवृत्ति –

दृढमूढ-हिताहित के विवेक से सर्वथा शून्य क्रूर अज्ञानी, दारुण मति वाले मंदबुद्धि पुरुष क्रोध से प्रेरित होकर, क्रोध, मान, माया और लोभ के वशीभूत होकर तथा हंसी विनोद के लिए, रति, अरति एवं शोक के अधीन होकर, वेदानुष्ठान के अर्थी होकर, वंशानुगत धर्म, अर्थ एवं काम के लिए कभी स्ववश–अपनी इच्छा से और कभी परवश–पराधीन होकर, कभी प्रयोजन से और कभी बिना प्रयोजन ही अशक्त शक्तिहीन त्रस तथा स्थावर जीवों का घात करते हैं।

वे बुद्धिहीन क्रूर प्राणी कई स्ववश स्वतंत्र होकर घात करते हैं, कई विवश होकर घात करते हैं, कई स्ववश विवश दोनों प्रकार से घात करते हैं।

कई सप्रयोजन घात करते हैं, कई निष्प्रयोजन घात करते हैं, कई सप्रयोजन और निष्प्रयोजन दोनों प्रकार से घात करते हैं।

कई पापी जीव हास्य विनोदवश, कई वैर के कारण और कई भोगासक्ति से प्रेरित होकर और कई हास्य वैर और भोगासक्ति रूप तीनों कारणों से हिंसा करते हैं।

कई क्रुद्ध होकर हनन करते हैं, कई लुब्ध होकर हनन करते हैं, कई मुग्ध होकर हनन करते हैं, कई क्रुद्ध-लुब्ध और मुग्ध तीनों के लिए हनन करते हैं।

कई अर्थ के लिए घात करते हैं, कई धर्म के लिए घात करते हैं, कई काम-भोग के लिए घात करते हैं तथा कई अर्थ-धर्म-कामभोग तीनों के लिए घात करते हैं।

१३. हिंसगजणाणं परिययो–

प. कयरे ते ?

उ. जे ते सोयरिया, मच्छबंधा, साउणिया, वाहा, कूरकम्मा, वाउरिया,

१३. हिंसकजनों का परिचय –

प्र. वे हिंसकजन कौन हैं ?

उ. **शौकरिक**–शूकरों का शिकार करने वाले, **मत्स्यबन्धक**-मछलियों को जाल में फंसाकर मारने वाले, **शाकुनिक**–जाल में फंसाकर पक्षियों का घात करने वाले, **व्याध**–मृगों को जाल में फंसाकर मारने वाले, क्रूरकर्मा, **वागुरिक**–जाल में मृग आदि को फंसाने के लिए घूमने वाले,

दीवित बंधणप्पओग-तप्प-गल-जाल- वीरल्लगायसीदब्भ वाग्गुरा कूडछेलिया, हत्था, हरिएसा, साउणिया य वीदंसग पासहत्था वणचरगा, लुद्धगा,

द्वीपिक–बंधन प्रयोग चीतों को साथ रखकर मृगादिकों को मारने व बाँधने का प्रयोग करने वाले, **तप्र**–मछलियाँ पकड़ने के लिए छोटी नौका में घूमने वाले, **गल**–काँटे पर आटा या माँस लगाकर मछलियाँ पकड़ने वाले, **जाल, वीरल्लक**–बाज पक्षी, अयसीदर्भवागुरा-लोहे या दर्भनिर्मित जाल बिछाने वाले, **कूटपाश**–चीता आदि को पकड़ने के लिए पिंजरे आदि में रखी हुई बकरी को साथ में लेकर फिरने वाले और इन साधनों का प्रयोग करने वाले, **हरिकेश**–चाण्डल, **शाकुनिक** चिड़ीमार बाज पक्षी तथा जाल को रखने वाले, **वनचर**–भील आदि वनवासी, लुब्धक-मांसलोलुपी,

महुघाया, पोतघाया, एणीयारा, पएणीयारा, सर-दह-दोहिअ-तलाग-पल्लल-परिगालण-मलण-सोत्तबंधण-सलिलासयसोसगा,

मधुघातक–मधु-मुक्खियों का घात करने वाले, **पोतघातक**–पक्षियों के बच्चों का घात करने वाले, **एणीयार**–मृगों को आकर्षित करने के लिए हरिणियों का पालन करने वाले, **पएणीयार**–हरिणियों को साथ लेकर घूमने वाले, मत्स्य, शंख आदि प्राप्त करने के लिए सरोवर द्रह वापी, तालाब, पल्वल क्षुद्र जलाशय को खाली करने वाले, पानी निकालकर जल के आगमन का मार्ग रोककर तथा जलाशय को किसी उपाय से सुखाने वाले,

विसगललस्स य दायगा, उत्तणवल्लर दवग्गि-णिद्दया पलीवगा कूरकम्मकारी।

विष अथवा गरल–अन्य वस्तु में मिले विष को खिलाने वाले, उगे हुए तृण-घास एवं खेत को निर्दयतापूर्वक जलाने वाले ये सब क्रूरकर्मकारी हैं, (जो अनेक प्रकार के प्राणियों का घात करते हैं)

इमे य बहवे मिलक्खु जातीया।

इसी प्रकार की और भी बहुत-सी हिंसक म्लेच्छ जातियाँ हैं।

प्र. के ते ?

प्र. वे जातियाँ कौन-सी हैं?

उ. सक-जवण-सबर-बब्बर-गाय-मुरुंडोद-भडग-तित्तिय-पक्कणिय-कुलक्ख-गोड-सींहल पारस-कोंच-अंध-दविल-विल्लल-पुलिंद-अरोस-डोंब-पोक्कण-गंधहारग-बहलीय-जल्ल-रोम-मास-बउस-मलया-चुंचुया य चूलिया कोंकणगा सेय मेता पण्हव-मालव-महुअर-आभासिय-अणक्ख-चोण-ल्हासिय-खस-खासिया-नेहुर-मर-हट्ठमुट्ठिअ-आरब-डोंबिलग कुहण केकय हूण-रोमग-रूरू-मरुया चिलाय विसयवासी य पावमतिणो।

उ. शक, यवन, शबर, बब्बर, काय, मुरुंड, उद्र, भडक, तित्तिक, पक्कीणक, कुलाक्ष, गौड, सिंहल, पारस, क्रौंच, आन्ध्र, द्रविड़, विल्लव, पुलिंद, आरोष, डौंब, पोक्कण, गान्धार, बहुलीक, जल्ल, रोम, मास, बकुश, मलय, चुंचुक, चूलिक, कोंकण, सेत, मेद, पण्हव, मालव, मधुकर आभाषिक, अणक्कत, चोन, ल्हासिक, खव, खासिक, नेहुर, महाराष्ट्र मौष्ट्रिक, आरब, डोंबलिक, कुहण, कैकय, हूण, रोमक, रुरु, मरुक, चिलात, इन देशों के पाप बुद्धि वाले निवासी हिंसा में प्रवृत्त रहते हैं।

जलयर-थलयर-सणप्पयोरग-खहचर-संडासतोंड-जीवोवघायजीवी। सण्णीणो य असण्णिणो य पज्जत्ते अपज्जत्ते य अशुभ लेस-परिणामे एए अण्णे य एवमाई करेंति पाणाइवायकरणं।

(पूर्वोक्त विविध देशों और जातियों के लोगों के अतिरिक्त) अन्य जातीय और अन्य देशीय लोग भी जो अशुभ लेश्या-परिणाम वाले होते हैं, वे जलचर, स्थलचर, सनखपद-सिंह आदि उरग नभश्चर, संडासी जैसी चोंच वाले आदि जीवों का घात करके अपनी आजीविका चलाते हैं। वे संज्ञी, असंज्ञी, पर्याप्त और अपर्याप्त जीवों का प्राणातिपात-हनन करते हैं।

पावा, पावाभिगमा, पावरुई, पाणवहकयरई, पाणवहरूवाणुट्ठाणा पाणवहकहासु अभिरमंता तुट्ठा, पावं करेत्तु होंति य बहुप्पगारं।

–पण्ह. आ. १, सु. १९-२१

वे पापी जन पाप को ही उपादेय मानते हैं, पाप में ही उनकी बुद्धि रत रहती है, पाप में ही उनकी रुचि-प्रीति होती है, वे प्राणियों का घात करके प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। उनका अनुष्ठान-कर्त्तव्य प्राणवध करना ही होता है, प्राण वध करना ही उनका एक मात्र कार्य है, प्राणियों की हिंसा की कथा-वार्ताओं में ही वे आनन्द मानते हैं। वे अनेक प्रकार के पापों का आचरण करके संतोष अनुभव करते हैं।

१४. पाणवह फलं–

तस्स य पावस्स फलविवागं अयाणमाणा वड्ढंति महब्भयं अविस्सामवेयणं दीहकालबहुदुक्खसंकडं नरय–तिरिक्खजोणिं।

इओ आउक्खए चुया-असुभकम्मबहुला उववज्जंति नरएसु हुलियं महालएसु। *–पण्ह. आ. १, सु. २२*

१४. प्राणवध का फल–

पूर्वोक्त मूढ हिंसक लोक हिंसा के फल-विपाक को नहीं जानते हुए अत्यन्त भयानक एवं दीर्घकाल पर्यन्त बहुत से दुःखों से व्याप्त परिपूर्ण एवं अविश्रान्त निरन्तर दुःख रूप वेदना वाली नरकयोनि और तिर्यञ्चयोनि को बढ़ाते हैं।

पूर्ववर्णित हिंसक जन यहाँ–मनुष्यभव का आयुक्षय होने पर मरकर के अशुभ कर्मों की बहुलता के कारण तत्काल विशाल नरकों में उत्पन्न होते हैं।

१५. नरगाणं परियओ–

तेसु नरगेसु वयरामय-कुड्ड-रुद्द-निस्संधि-दार-विरहिय-निमद्दव-भूमितल-खरामरिस-विसम णिरय-घरचारएसु, महोसिण-सयापतत्त दुग्गंध-विस्स-उव्वेयजणगेसु,

बीभच्छ-दरिसणिज्जेसु, निच्चं हिमपडलसीयलेसु, कालोभासेसु य, भीम-गंभीर-लोम-हरिसणेसु णिरभिरामेसु, निप्पडियार-वाहि-रोग-जरापीलिएसु, अईव-निच्चंधकार तिमिस्सेसु पइभएसु ववग्गय-गह-चंद-सूर-णक्खत्त-जोइसेसु, मेय-वसा-मंस-पडल-पोच्चड-पूयरुहिरुक्किण्ण-विलीण-चिक्कण-रसिया-वावण्ण-कुहिय-चिक्खल कद्दमेसु,

कुकूलानल-पलित्त-जाल-मुम्मुर-असि-क्खुर-करवत्तधारासु निसिय-विच्छुयडंक-निवायोवम्म-फरिस-अइदुस्सहेसु य, अत्ताणा असरणा कडुय-परितावणेसु, अणुबद्ध निरंतर-वेयणेसु, जमपुरिस-संकुलेसु।

तत्थ य अंतोमुहुत्तलद्धिभवपच्चएणं निव्वत्तेंति उ ते सरीरं हुंडं बीभच्छ-दरिसणिज्जं बाहणगं अट्ठि-ण्हारु-णह-रोम-वज्जियं असुभगं दुक्खविसहं।

तओ य पज्जत्तिमुवगया इंदिएहिं पंचहिं वेएंति असुहाए वेयणाए उज्जल-बलविउल-कक्खड-खर-फरुस-पयंड-घोर-बीहणग-दारुणाए। *–पण्ह. आ. १, सु. २३-२४*

१५. नरकों का परिचय –

उन नरकों की भित्तियाँ वज्रमय हैं, उन भित्तियों में सन्धि-छिद्र और बाहर निकलने के लिए कोई द्वार नहीं है, वहाँ की भूमि कठोर है, उनका स्पर्श खुरदरा है, वे नरक रूपी कारागार विषम हैं। वे नारकावास अत्यन्त उष्ण है एवं सदा तप्त रहते हैं (उनमें रहने वाले) जीव वहाँ दुर्गन्ध के कारण सदैव उद्विग्न रहते हैं।

वहाँ का दृश्य अत्यन्त बीभत्स है, शीत प्रधान क्षेत्र होने से सदैव हिम-पटल के सदृश शीतल है। उनकी आभा काली है। वे नरक भयंकर गम्भीर एवं रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। अरमणीय (घृणास्पद) हैं। असाध्य कुष्ठ आदि व्याधियों, रोगों एवं जरा से पीड़ा पहुँचाने वाले हैं। सदा अन्धकार रहने के कारण वे नरकावास अत्यन्त भयानक प्रतीत होते हैं। वहाँ ग्रह, चन्द्रमा, सूर्य, नक्षत्र आदि के प्रकाश का अभाव है। मेद, चर्बी, माँस के ढेरों से व्याप्त होने से वह स्थान अत्यन्त घृणाजनक है। पीव और रुधिर बहने से वहाँ की भूमि गीली और चिकनी रहती है और कीचड़-सी बनी रहती है।

उष्णता प्रधान क्षेत्र का स्पर्श दहकती हुई करीष की अग्नि का या खैर की अग्नि के समान उष्ण तथा तलवार उस्तरा या करवत की धार के समान तीक्ष्ण है। वहाँ का स्पर्श बिच्छू के डंक से भी अधिक वेदना उत्पन्न करने वाला है। वहाँ के नारक जीव त्राण और शरण से विहीन हैं। वे नरक कटुक दुःखों के कारण घोर परिताप-संक्लेश उत्पन्न करने वाले हैं। वहाँ लगातार दुःखरूप वेदना का अनुभव होता रहता है। तथा परमाधार्मिक (असुरकुमार) यमपुरुषों से व्याप्त हैं।

वहाँ उत्पन्न होते ही भवप्रत्ययिक वैक्रिय लब्धि से अन्तर्मुहूर्त में अपने शरीर का निर्माण कर लेते हैं। वह शरीर हुंडक संस्थान बेडौल आकृति वाला, देखने में बीभत्स, घृणित, भयानक, अस्थियों, नसों, नाखूनों और रोमों से रहित अशुभ और दुःखों को सहन करने में समर्थ होता है।

शरीर निर्माण हो जाने के बाद पर्याप्तियों को प्राप्त करके पाँचों इन्द्रियों से उज्ज्वल, बलवती, विपुल उत्कट, प्रखर, परुष, प्रचण्ड, घोर, डरावनी और दारुण अशुभ वेदना का वेदन करते हैं।

१६. वेयणाणं सरूवं–

प. किं ते?

उ. कंदु महाकुंभिए पयण-पउलण-तवण-तलण-भट्टभज्जणाणि य, लोहकडाहुक्कड्ढणाणि य,

१६. वेदनाओं का स्वरूप –

प्र. वे वेदनाएँ कैसी होती है?

उ. नारक जीवों को कटु-कड़ाह और महाकुंभी-संकड़े मुख वाले घड़े जैसे महापात्र में पकाया और उबाला जाता है, तवे पर रोटी की तरह सेका जाता है, पूड़ी आदि की तरह तला जाता है–चनों की भांति भाड़ में भूंजा जाता है, लोहे की कढ़ाई में ईख के रस के समान ओटाया जाता है।

कोट्ट-बलिकरण-कोट्टणाणि य, सामलि-तिक्खग्ग-लोहटकंटक-अभिसरणापसारणाणि, फालण-विदारणाणि य, अवकोडगबंधणाणि, लट्ठि-सयतालणाणि य गलगंबलुल्लंबणाणि, सूलग्गभेयणाणि य आएसपवंचणाणि खिंसण-विमाणणाणि विघुट्ठ-पणिज्जणाणि वज्जवज्झसयमाईकाणि य।

देवी के सामने बकरे की बलि के समान उनकी बलि चढ़ाई जाती है, उनके शरीर के खण्ड-खण्ड कर दिए जाते हैं, लोहे के तीखे शूल के समान तीक्ष्ण काँटों वाले शाल्मलिवृक्षों पर उन्हें इधर-उधर घसीटा जाता है, काष्ठ के समान उनकी चीर-फाड़ की जाती है उनके हाथ पैर बाँध दिए जाते हैं। सैकड़ों लाठियों से उन पर प्रहार किए जाते हैं, गले में फंदा डाल कर लटका दिया जाता है। उनके शरीर को शूली के अग्रभाग से भेदा जाता है, झांसा देकर उन्हें ठगा जाता है, उनकी भर्त्सना करके अपमानित किया जाता है।

एवं ते पुव्वकम्मकयसंचओवत्तता-निरयग्गिमहग्गि-संपलित्ता गाढदुक्खं महब्भयं कक्कसं असायं सारीरं माणसं च तिव्वं दुविहं वेएंति।

पूर्वकृत पापों की याद दिलाकर उन्हें वधभूमि में घसीट कर ले जाया जाता है, वध्य जीवों के समान सैकड़ों प्रकार के दुःख उन्हें दिए जाते हैं। इस प्रकार वे नारक जीव पूर्व जन्म में किए हुए कर्मों के संचय से सन्तप्त रहते हैं। जाज्वल्यमान अग्नि के समान नरक की तीव्र अग्नि में जलते रहते हैं। वे पापकृत्य करने वाले जीव प्रगाढ़ दुःखमय, घोर भय उत्पन्न करने वाला, अतिशय कर्कश एवं उग्र अशाता रूप शारीरिक तथा मानसिक दोनों प्रकार की तीव्र वेदना का अनुभव करते हुए रहते हैं।

वेयणं पावकम्मकारी बहूणि पलिओवम-सागरोवमाणि-कलुणं पालेंति ते अहाउयं जमकाइयतासिया य सद्दं करेंति भीया॥

वे पापकारी वेदना को हीन जैसे होकर बहुत पल्योपम और सागरोपम तक सहन करते रहते हैं, वे अपनी आयु पर्यन्त यमकायिक देवों द्वारा त्रास को प्राप्त होते हैं और भयभीत होकर आर्तनाद करते हुए रोते-चिल्लाते हैं।

प. किं ते?

प्र. नारक जीव किस प्रकार आर्तनाद करते हैं?

उ. अविभाय सामि ! भाय ! बप्प ! ताय ! जितवं! मुय मे, मरामि दुब्बलो, वाहिपीलिओ अहं किं दाणिऽसि एवं दारुणो निद्दयः! मा देहि मे पहारं।

उ. हे अज्ञात बन्धु ! हे स्वामिन् ! हे भ्राता ! अरे बाप ! हे तात ! हे विजेता ! मुझे छोड़ दो, मै मर रहा हूँ, मैं दुर्बल हूँ, मैं व्याधि से पीड़ित हूँ, आप इस समय क्यों ऐसे दारुण एवं निर्दय हो रहे हैं? मेरे ऊपर प्रहार मत करो।

उस्सासेयं मुहुत्तयं मे देहि, पसायं करेह, मा रुस वीसमामि। गेविज्जं मुयह मे मरामि।

मुहूर्त्त भर तो सांस लेने दीजिए, दया कीजिए, रोष न कीजिए, मै जरा विश्राम ले लूँ, मेरी गर्दन छोड़ दीजिए, मै मरा जा रहा हूँ।

गाढं तण्हइओ अहं देहि पाणियं।
हंता ! पिय इमं जलं विमलं सीयलं ति।
घेत्तूण य नरयपाला-तवियं तउयं से देंति कलसेण अंजलीसु।

मैं प्यास से पीड़ित हूँ मुझे पानी दीजिए।
अच्छा ठीक है, लो यह निर्मल और शीतल जल पीओ।
इस प्रकार कहकर नरकपाल (परमाधामी असुर) नारकों को पकड़कर उकला हुआ सीसा कलश द्वारा उनकी अंजुली में उंड़ेल देते हैं।

दट्ठूण य तं पवेवियंगोवंगा, अंसुपगलंत-पप्पुयच्छा छिण्णा तण्हाइयम्ह कलुणाणि जंपमाणा विप्पेक्खंता दिसोदिसिं।

उसे देखते ही उनके अंगोपांग कांपने लगते हैं, उनके नेत्रों से आंसू टपकने लगते हैं और वे कहते हैं–हमारी प्यास शान्त हो गई है। इस प्रकार करुणापूर्ण वचन बोलते हुए भागने के लिए वे इधर-उधर मौका देखते हैं।

अत्ताणा, असरणा, अणाहा, अबंधवा, बंधुविप्पहीणा विपलायंति य मिगा इव वेगेण भयुव्विग्गा।

अन्ततः वे त्राणहीन, शरणहीन, अनाथ, बन्धु विहीन बन्धुओं से वंचित एवं भयभीत हो करके मृग की तरह बड़े वेग से भागते हैं।

घेत्तूण बला पलायमाणाणं निरणुकंपा मुहं विहाडेत्तुं लोहडंडेहिं कलकलंण्हं वयणंसि छुब्भंति, केइ जमकाइया हसंता।

कोई-कोई निर्दयी यमकायिक उपहास करते हुए इधर-उधर भागते हुए उन नारक जीवों को जबर्दस्ती पकड़कर लोहे के डंडे से उनका मुख फाड़कर उसमें उबलता हुआ शीशा डाल देते हैं और उनको क्षुभित देखकर कई यमकायिक अट्टहास करते हैं।

तेण दड्ढा संतो रसंति भीमाइं विस्सराइं रुदंति य, कलुणगाइं पारेवयगा इव।

उबलते शीशे से दग्ध होकर वे नारक बुरी तरह चिल्लाते हैं। वे कबूतर की तरह करुणाजनक फड़फड़ाहट करते हुए खूब रुदन करते हैं–चीत्कार करते हुए आंसू बहाते हैं।

एवं पलवित-विलाव-कलुणाकंदिय-बहुरुन्न-रुदियद्दो-परिदेविय-रुद्ध-बद्धय-नारकारवसंकुलो णीसिट्ठो। रसिय-भणिय-कुविय-उक्कइय-निरयपालतज्जिय। गेण्ह, कम, पहर, छिंद, भिंद उप्पाडेहुक्खणाहि कत्ताहि विकत्ताहि य भुज्जो। भंज हण विहण विच्छुभोच्छुभ आकड्ढं विकड्ढ।

विलाप करते हैं, नरकपाल उन्हें रोक लेते हैं, बाँध देते हैं। जब नारक आर्त्तनाद करते हैं, हाहाकार करते हैं, बड़बड़ाते हैं, तब नरकपाल कुपित होकर उच्च ध्वनि से उन्हें धमकाते हैं और कहते हैं–इसे पकड़ो,मारो, प्रहार करो, छेद डालो, भेद डालो, मारो पीटो, बार बार मारो पीटो, इसके मुख में गर्मागर्म शीशा उंड़ेल दो, इसे उठाकर पटक दो, उलटा सीधा घसीटो।

किंण जंपसि ?

नरकपाल फिर फटकारते हुए कहते हैं–बोलता क्यों नहीं ?

सराहि पावकम्माइं दुक्कयाइं।

अपने कृत पापकर्मों और कुकर्मों का स्मरण कर!

एवं वयणमहप्पगब्भो पडिसुयासद्दसंकुलो तासओ सया निरयगोयराणं-महाणगर-डज्झमाण-सरिसो-निग्घोसो सुच्चए अणिट्ठो तहिं नेरइया जाइज्जंताणं जायणाहिं।

इस प्रकार अत्यन्त कर्कश नरकपालों के बोलाचाल की प्रतिध्वनि होती रहती है। जो उन नारक जीवों के लिए सदैव त्रासजनक होती है। जैसे किसी महानगर में आग लगने पर घोर कोलाहल होता है, उसी प्रकार निरन्तर यातनाएँ भोगने वाले नारकों का अनिष्ट निर्घोष वहाँ सुना जाता है।

प. किं ते ?

प्र. वे यातनाएं कैसी होती हैं ?

उ. असिवण-दब्भवण-जंतपत्थर-सूइतल-क्खारवावि कलकलंत वेयरणि

उ. नारकों को असि-वन तलवार की धार के समान पत्तों वाले वृक्षों के वन में चलने को बाध्य किया जाता है, तीखी नोंक वाले डाभ के वन में चलाया जाता है, उन्हें कोल्हू में डाल कर पेरा जाता है, सूई की नोक के समान अतीव तीक्ष्ण कण्टकों के सदृश स्पर्श वाली भूमि पर चलाया जाता है, क्षारवापी–क्षारयुक्त पानी वाली वापिका-बावड़ी में पटक दिया जाता है, उकलते हुए सीसे आदि से भरी वैतरणी नदी में बहाया जाता है।

कलंब वालुया-जलियगुहनिरुभणं उसिणोसिण-कंटइल्ल-दुग्गमरहजोयण-तत्तलोह-मग्गगमण-वाहणाणि।

कदम्बपुष्प के समान-अत्यन्त तप्त लाल हुई रेत पर चलाया जाता है, जलती हुई गुफा में बंद कर दिया जाता है, अत्यन्त उष्ण एवं कण्टकाकीर्ण दुर्गम मार्ग में रथ में जोत कर चलाया जाता है, लोहमय उष्ण मार्ग में चलाया जाता है और भारी भार वहन कराया जाता है।

इमेहिं विविहेहिं आयुहेहिं।

इसके अतिरिक्त जन्मजात वैर के कारण विविध प्रकार के शस्त्रों से परस्पर एक-दूसरे को वेदना उत्पन्न करते रहते हैं।

प. किं ते ?

प्र. वे शस्त्र कौन से हैं ?

उ. मोग्गर-मुसुंढि-करकय-सत्ति-हल-गय-मुसल-चक्क-कोंत तोमर-सूल-लउल-भिंडिमाल-सबल-पट्टिस-चम्मेट्ठ-दुहण-मुट्ठिय-असिखेडग-खग्ग-चाव-नाराय-कणग-कप्पिणि-वासि-परसु टंक- तिक्ख निम्मल।

उ. वे शस्त्र हैं–मुद्गर, मुसुंढि, करवत, शक्ति-त्रिशूल, हल, गदा मूसल, चक्र, भाला तोमर-बाण, शूल, लाठी, भिंडिमाल-गोफन, सद्धल-विशिष्ट भाला, पट्टिस-शस्त्रविशेष, चम्मेट्ठ-चमड़े से लपेटा पत्थर का हथौड़ा, दुघण-वृक्षों को भी गिरा देने वाला शस्त्रविशेष, मौष्टिक-मुष्टिप्रमाण पाषाण, असिखेटक-दुधारी तलवार, खड्ग-तलवार, धनुष, बाण, कनक–विशिष्ट बाण, कप्पिणी-कैंची, वसूला–लकड़ी छीलने का औजार, परशु-फरसा और टंक छेनी। ये सभी अस्त्र-शस्त्र तीक्ष्ण और शाण पर चढ़े जैसे चमकदार होते हैं।

अण्णेहि य एवमाइएहिं असुभेहिं वेउव्विएहिं पहरणसएहिं अणुबद्धतिव्ववेरा परोप्परवेयणं उदीरेंति अभिहणंता।

इनसे तथा इसी प्रकार के अशुभ विक्रिया से निर्मित शस्त्रों से भी वे नारक परस्पर एक-दूसरे को वेदना की उदीरणा करते रहते हैं।

तत्थ य मोग्गरपहारचुण्णियमुसुंढिसंभग्गमहियदेहा जंतोव-पीलणफुरंतकप्पिया के इत्थ सचम्मका विग्गत्ता णिम्मूलुलूण कण्णोट्ठणासिका छिण्णहत्थ पाया।

नरकों में मुद्गर के प्रहारों से नारकों का शरीर चूर-चूर कर दिया जाता है, मुसुंढी से संभिन्न कर दिया जाता है, मथ दिया जाता है, कोल्हू आदि यंत्रों में पीलने के कारण फड़फड़ाते हुए उनके शरीर के अंग-अंग कुचल दिये जाते हैं। कईयों को चमड़ी सहित विकृत कर दिया जाता है, कान-ओठ-नाक समूल काट लिए जाते हैं, और हाथ पैर छिन्न-भिन्न कर दिये जाते हैं।

असि करवय-तिक्ख-कोंत-परसुप्पहार-फालिय-वासी-संतच्छि-तंगमंगा, कलकलमाणखार परिसित्तगाढ-डज्झंत-गत्त-कुंतग्गभिण्ण जज्जरिय-सव्वदेहा विलोलंति महीतले विसूणियंगमंगा।

तलवार,करवत, तीखे भाले एवं फरसे से शरीर फाड़ दिये जाते हैं, वसूलों से छील दिये जाते हैं। शरीर पर उबलता खारा जल सींचा जाता है, जिससे शरीर जल जाता है, फिर भालें की नोक से उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये जाते हैं, इस प्रकार उनके समग्र शरीर को जर्जरित कर दिया जाता है उनका शरीर सूज जाता है और वे पृथ्वी पर लोटने लगते हैं।

तत्थ य विग सुणग सियाल-काक-मज्जार-सरभ-दीविय - वियग्घ - सद्दूलसीह - दप्पिय - खुहाभिभूएहिं णिच्चकालमणसिएहिं घोरा सद्दायमाणा भीमरूवेहिं अक्कमित्ता दढदाढागाढडक्क-कड्ढिय-सुतिक्ख-नह-फालियउद्धदेहा विच्छिप्पंते समंतओ विमुक्क संधिबंधणा वियंगमंगा।

नरक में दर्पयुक्त सदैव भूख से पीड़ित जैसे जिन्हें कि कभी भोजन न मिला हो, भयावह, घोर गर्जना करते हुए भयंकर रूप वाले भेड़िया, शिकारी कुत्ते, गीदड, कौवे, बिलाव, अष्टापद चीते, व्याघ्र, केसरी सिंह और सिंह नारकों पर आक्रमण कर देते हैं, झपट पड़ते हैं और अपनी मजबूत दाढों से नारकों के शरीर को काटते हैं, खींचते हैं, अत्यन्त पैने नोकदार नाखूनों से फाड़ते हैं और फिर इधर-उधर चारों ओर बिखेर देते हैं जिससे उनके शरीर के बंधन ढीले पड़ जाते हैं, उनके अंगोपांग विकृत और पृथक् हो जाते हैं

कंक-कुरर-गिद्ध-घोरकट्ठवायसगणेहि य पुणो खर-थिर-दढ-णक्ख-लोहतुंडेहिं ओवइत्ता पक्खाहय-तिक्ख-णक्ख-विकिन्न-जिब्भंछिय-नयण-निद्द-ओलुग्ग-विगयवयणा उक्कोसंता य उप्पयंता निपतंता भमंता।

–पण्ह. आ.१, सु. २५-३२

तत्पश्चात् दृढ एवं तीक्ष्ण दाढों, नखों और लोहे के समान नुकीली चोंच वाले, कंक, कुरर और गिद्ध आदि पक्षी तथा घोर कष्ट देने वाले काक पक्षियों के झुंड कठोर दृढ़ तथा स्थिर लोहमय चोंचों से नारकों पर टूट पड़ते हैं। उन्हें अपने पंखों से आघात पहुंचाते हैं, तीखे नाखूनों से उनकी जीभ बाहर खींच लेते हैं और आँखें बाहर निकाल लेते हैं, निर्दयतापूर्वक उनके मुख को विकृत कर देते हैं, इस प्रकार की यातना से पीड़ित वे नारक जीव रुदन करते हैं, बचने के लिये उछलते हैं किन्तु नीचे आ गिरते हैं, चक्कर काटते हैं।

१७. तिरिक्खजोणियाणं दुक्ख वण्णणं–

पुव्वकम्मोदयोवगया पच्छाणुसएण डज्झमाणा णिंदंता पुरेकडाइं कम्माइं पावगाइं तहिं तहिं तारिसाणि ओसण्णचिक्कणाइं दुक्खाइं अणुभवित्ता तओ य आउक्खएणं उव्वट्टिया समाणा बहवे गच्छंति तिरियवसहिं,

दुक्खुत्तरं सुदारुणं जम्म-मरण-जरा-वाहि परियट्टणारहट्ट-जल-थल-खहयर परोप्पर-विहिंसण पवंचं।

इमं च जगपागडं वरागा दुक्खं पावेंति दीहकालं।

प. किं ते ?

उ. सीउण्ह-तण्हा-खुह-वेयण-अप्पईकार-अडविजम्मण-णिच्च भउव्विग्गवास-जग्गण-वह बंधण-ताडण-अंकण-णिवायण-अट्ठिभंजण-नासाभेय-प्पहार-दूमण-

१७. तिर्यञ्चयोनिकों के दुःखों का वर्णन–

पूर्वोपार्जित पाप कर्मों के निमित्त से पश्चात्ताप की आग से जलते हुए और उस-उस प्रकार के पूर्वकृत कर्मों की निन्दा करके अत्यन्त चिकने निकाचित दुःखों का अनुभव कर उसके बाद आयु का क्षय होने पर नरकभूमियों में से निकल कर बहुत से जीव तिर्यञ्चयोनि में उत्पन्न होते हैं।

किन्तु उनके लिये वह अतिशय दुःखों से परिपूर्ण होती है, दारुण कष्टों वाली होती है, जन्म-मरण जरा-व्याधि का अरहट उसमें घूमता रहता है। जलचर, स्थलचर और खेचरों में परस्पर घात-प्रत्याघात का प्रपंच चलता रहता है।

यह प्रत्यक्ष दिखाई देता है कि वे बेचारे जीव दीर्घ काल तक दुःखों को प्राप्त करते हैं।

प्र. वे दुःख कौन से हैं ?

उ. शीत-उष्ण-तृषा-क्षुधा आदि की अप्रतीकार वेदना का अनुभव करते हैं, वन में जन्म लेना, निरन्तर भय से उद्विग्न रहना, जागरण, वध-बंधन-ताड़न दागना-डामना, गड्ढे आदि में गिराना, हड्डियाँ तोड़ देना, नाक छेदना, चाबुक लकड़ी आदि

छविच्छेयण अभिओग-पावण-कसंकुसार निवाय-दमणाणि, वाहणाणि य।

के प्रहार सहन करना, अंगोपांगों को छेद देना, जबर्दस्ती भारवहन आदि कामों में लगाना, चाबुक अंकुश और आर से दमन किया जाना, भार वहन करना आदि दुःखों को सहन करते हैं।

माया-पिइ-विप्पयोग-सोयपरिपीलणाणि य, सत्थऽग्गि-विसाभिघाय-गल-गवलावण-मारणाणिय, गलजालुच्छिप्पणाणि य, पउलण-विकप्पणाणि य, जावज्जीविग-बंधणाणि य, पंजरनिरोहणाणि य, सयूहनिघाडणाणि य, धमणाणि य, दोहणाणि य, कुदंड-गलबंधणाणि य, वाडगपरिवारणाणि य, पंकजलनिमज्जणाणि य, वारिप्पवेसणाणि य, ओवय-णिभंग- विसम-णिवडण- दवग्गि-जाल-दहणाणि य।

(इनके अतिरिक्त इन दुःखों को भी सहन करना पड़ता है) माता-पिता के वियोग शोक से अत्यन्त पीड़ित होना या कान नासिका आदि के छेदन से पीड़ित होना, शस्त्र अग्नि और विष से आघात पहुँचना, गले एवं सींगों का मोड़ा जाना, मारा जाना, मछली आदि को गल-काँटे में या जाल में फंसाकर जल से बाहर निकालना, पकाना, काटा जाना, जीवन पर्यन्त बन्धन में रहना, पींजरे में बन्द रखना, अपने समूह से पृथक् किया जाना, अधिक दूध लेने के लिए भैंस आदि को फूंका वायु लगाकर दुहना गले में डंडा बांध देना, जिससे वह भाग न सके, वाड़े में घेर कर रखना, कीचड़ युक्त पानी में डुबोना, जबरन जल में घुसेड़ना, गड्ढे में गिरने से अंग-भंग हो जाना, विषम ऊबड़-खाबड़ मार्ग में गिर पड़ना, दावानल की ज्वालाओं में जल मरना आदि दुःखों को सहन करते हैं।

एवं ते दुक्खसयसंपलित्ता नरगाओ आगया इहं सावसेसकम्मा तिरिक्खपंचेंदिएसु पावंति पावकारी कम्माणि पमाय-राग-दोस-बहुसंचियाइं अईव-अस्सायकक्कसाइं।

इस प्रकार वे हिंसक जीव सैकड़ों दुःखों से पीड़ित होकर नरकों से आए हुए पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि को प्राप्त कर प्रमाद राग और द्वेष के कारण बहुत संचित और भोगने से शेष रहे कर्मों के उदय से अत्यन्त, कर्कश असाता वेदनीय कर्मभोग के पात्र बनते हैं।

भमर-मसग-मच्छिमाइएसु य जाइकुलकोडिसयसहस्सेहिं नवहिं अणूणएहिं चउरिंदियाणं तहिं तहिं चेव जम्मण-मरणाणि अणुहवंता कालं संखेज्जं भमंति नेरइयसमाण-तिव्वदुक्खा फरिस रसण-घाणचक्खु-सहिया।

(इनके अतिरिक्त) भ्रमर, मशक-मच्छर मक्खी आदि चतुरिन्द्रियों की पूरी नौ लाख जाति-कुलकोटियों में वारंवार जन्म मरण के दुःखों का अनुभव करते हुए नारकों के समान तीव्र दुःख भोगते हुए स्पर्शन, रसन, घ्राण और चक्षु इन्द्रियों से युक्त होकर वे पापी जीव संख्यात काल तक भ्रमण करते रहते हैं।

तहेव तेइंदिएसु कुंथु-पिप्पीलिया-अंधिकादिकेसु यजाइकुल-कोडिसयसहस्सेहिं अट्ठहिं अणूणएहिं तेइंदियाणं तहिं-तहिं चेव जम्मण-मरणाणि अणूहवंता कालं संखिज्जं भमंति नेरइयसमाण-तिव्वदुक्खा फरिस-रसण- घाणसंपउत्ता।

इसी प्रकार कुंथु पिपीलिका-चींटी, अंधिका-दीमक आदि त्रीन्द्रिय जीवों की पूरी आठ लाख कुलकोटियों में पुनः पुनः जन्म मरण करते हुए स्पर्शन रसन और घ्राण इन तीन इन्द्रियों से युक्त होकर नारकों के समान संख्यात काल तक तीव्र दुःख भोगते हैं।

गंडूलय-जलूय-किमिय-चंदणगमाइएसु य जाइकुलकोडि सयसहस्सेहिं सत्तहिं अणुणएहिं बेइंदियाणं तहिं तहिं चेव जम्मण-मरणाणि अणुहवंता कालं संखिज्जं भमंति नेरइयसमाण-तिव्वदुक्खा फरिस-रसणसंपउत्ता।

गंडूलक-गिंडोला, जलौक-जोंक कृमि चन्दनक आदि द्वीन्द्रिय जीवों की उन-उन पूरी सात लाख कुलकोटियों में जन्म मरण करते हुए स्पर्शन और रसना इन दो इन्द्रियों से युक्त होकर नारकों के समान संख्यात काल तक तीव्र दुःख भोगते हैं।

पत्ता एगिंदियत्तणं पि य पुढवि जल-जलण-मारूय-वणप्फइ-सुहुम-बायरं च पज्जत्तमपज्जत्तं पत्तेयसरीरणाम-साहारणं च पत्तेय-सरीरजीविएसु य तत्थ वि कालमसंखिज्जं भमंति अणंतकालं च अणंतकाए फासिंदियभावसंपउत्ता-दुक्ख-समुदयं इमं अणिट्ठं पावंति पुणो-पुणो तहिं-तहिं चेव परभवतरुगणगहणे।

एकेन्द्रियों में उत्पन्न होने पर सूक्ष्म बादर और उनके पर्याप्त-अपर्याप्त भेद वाले पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और प्रत्येक शरीर व साधारण शरीरी वनस्पतिकायिक जीव एक मात्र स्पर्शनेन्द्रिय वाले होकर प्रत्येकशरीरी तो असंख्यात काल तक और अनन्तकायिक (साधारण शरीरी) अनन्तकाल तक अनिष्ट दुःखों को भोगते हैं और परभव में पुनः पुनः वहीं वनस्पतिकाय में जन्म लेते हैं।

कोद्दाल-कुलिय-दालण-सलिल-मलण-खुंभण-रुंभण-अणलाणिल-विविहसत्थघट्टण परोप्पराभिहणण मारण-विराहणाणि य अकामकाइं परप्पओगोदी-रणाहि य

कुदाल और हल से पृथ्वी का विदारण किया जाना, जल का मथा जाना और निरोध किया जाना, अग्नि तथा वायु का विविध प्रकार के शस्त्रों से घर्षण होना, पारस्परिक आघातों से आहत होना, मारना, निष्प्रयोजन और प्रयोजन से विराधना

कज्जप्पओयणेहिं य पेस्सपसुनिमित्तं ओसहाहारमाइएहिं उक्खणण-उक्कत्थण-पयण-कोट्टण-पीसण-पिट्टण-भज्जण-गालण-आमोडण-सडण-फुडण-भंजण-छेयण-तच्छण-विलुंचण-पत्तज्झोडण अग्गिदहणाइयाइं, एवं ते भवपरंपरादुक्खसमणुबद्धा अडंति संसारबीहणकरे जीवा पाणाइवायनिरया अणंतकालं।

–पण्ह. आ. १, सु. ३३-४१

करना, नौकर-चाकरों तथा गाय-भैंस-बैल आदि पशुओं की दवा और आहार आदि के लिए खोदना, छानना, मोड़ना, सड़ जाना, स्वयं टूट जाना, मसलना, छेदन करना, छीलना, रोमों का उखाड़ना, पत्ते आदि तोड़ना, अग्नि से जलाना, इस प्रकार भवपरम्परा में दुःखों से अनुबद्ध हिंसाकारी पापी जीव भयंकर संसार में अनन्त काल तक परिभ्रमण करते रहते हैं।

१८. कुमाणुसाणं दुक्ख वण्णणं–

जे वि य इह माणुसत्तणं आगया कहिं वि णरगा उव्वट्टिया अधन्ना ते वि य दीसंति पायसो विकय-विगलरूवा खुज्जा वडभा य, वामणा य, बहिरा, काणा, कुंटा, पंगुला विगला य, मूका य, ममणा य, अंधयगा एगचक्खू विणिहय-संचिल्लया वाहिरोगपीलिय-अप्पाउय-सत्थबज्झबाला कुलक्खणुक्किन्नदेहा दुब्बल-कुसंघयण-कुप्पमाण-कुसंठिया कुरूवा किविणा य हीणा हीणसत्ता णिच्चं सोक्खपरिवज्जिया असुहदुक्खभागी णरगाओ इहं सावसेसकम्मा उव्वट्टिया समाणा।

–पण्ह. आ.१, सु. ४२

१८. कुमनुष्यों के दुःखों का वर्णन–

जो अधन्य दुर्भागी पापी जीव नरक से निकल कर यदि किसी भी प्रकार से मनुष्य पर्याय में उत्पन्न होते हैं तो जिनके पापकर्म भोगने से शेष रह जाते हैं, वे भी प्रायः विकृत एवं अपरिपूर्ण आकृति वाले, कुबड़े, टेढ़े-मेढ़े शरीर वाले, बौने, बहरे, काने, टूटे हाथ वाले, लंगडे, अंगहीन, गूँगे-अस्पष्ट उच्चारण करने वाले, अंधे, काणे या व्याधि और रोगों से ग्रस्त, अल्पायुष्क शस्त्र से वध किए जाने योग्य, अशुभ लक्षण वाले, दुर्बल, अप्रशस्त संहनन वाले, बेड़ौल अंगोपांगों वाले, खराब संस्थान वाले, कुरूप, दीन, हीन, सत्वविहीन सुख से सदा वंचित रहने वाले और अशुभ दुःखों के भागी होते हैं।

१९. पाणवह वण्णणस्स उवसंहारो–

एवं णरगं तिरिक्खजोणिं कुमाणुसत्तं च हिंडमाणा पावंति अणंताइं दुक्खाइं पावकारी।

एसो सो पाणवहस्स फलविवागो, इहलोइओ पारलोइओ अप्पसुहो बहुदुक्खो महब्भयो बहुरयप्पगाढो दारुणो कक्कसो असाओ वाससहस्सेहिं मुंचई न य अवेदयित्ता अत्थि हु मोक्खोत्ति। एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणो उ वीरवरनामधेज्जो कहेसि य पाणवहस्स फलविवागं।

एसो सो पाणवहो चंडो रुद्दो खुद्दो, अणारिओ निग्घिणो निसंसो महब्भओ, बीहणओ तासणओ अणज्जो अणज्जाओ उव्वेयणओ य णिरवयक्खो णिद्धम्मो निप्पिवासो निक्कलुणो निरयवासगमण-निधणोमोहमहब्भयपवड्ढओ मरणवेमणसो।

पढमं अहम्मद्दारं सम्मत्तं, त्ति बेमि।

–पण्ह. आ. १, सु. ४३

१९. प्राणवध वर्णन का उपसंहार–

इसी प्रकार हिंसारूप पापकर्म करने वाले प्राणी नरक और तिर्यञ्चयोनि में तथा कुमानुष-अवस्था में भटकते हुए अनन्त दुःख प्राप्त करते हैं।

यह–पूर्वोक्त प्राणवध हिंसा का फलविपाक है, जो इहलोक-मनुष्यभव और परलोक-नारकादि भव में भोगना पड़ता है। यह फलविपाक अल्प सुख किन्तु भव-भवान्तर में अत्यधिक दुःख देने वाला है। महान् भय का जनक है और अतीव गाढ़ कर्मरूपी रज से युक्त है। अत्यन्त दारुण है, अत्यन्त कठोर है और असाता को उत्पन्न करने वाला है। हजारों वर्षों (सुदीर्घ काल) में इससे छुटकारा मिलता है, किन्तु इसे भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता। हिंसा का यह फलविपाक ज्ञातकुल-नन्दन महात्मा महावीर नामक जिनेन्द्र देव ने कहा है।

यह प्राणवध चण्ड, रौद्र, क्षुद्र और अनार्य जनों द्वारा आचरणीय है। यह घृणारहित, नृशंस, महाभयों का कारण, भयानक, त्रासजनक, अन्यायरूप और ऋजुता से रहित है, यह उद्वेगजनक दूसरे के प्राणों की परवाह न करने वाला, धर्महीन, स्नेह पिपासा से शून्य, करुणाहीन है। इसका अन्तिम परिणाम नरक प्राप्त करना है अर्थात् यह नरकगति आयु बंध का कारण है। मोहरूपी महाभय को बढ़ाने वाला और मरणजन्य दीनता का जनक है।

इस प्रकार यह प्राणवधरूप पहला अधर्मद्वार का वर्णन है, ऐसा मैं कहता हूँ।

२०. मुसावाय सरूवं –

इह खलु जंबू ! बिइयं च अलियवयणं, लहुसग-लहुचवलभणियं, भयंकरं, दुहकरं, अयसकरं, वेरकारगं, अरइ-रइ-राग-दोस-मणसंकिलेस-वियरणं अलियं

२०. मृषावाद का स्वरुप–

जम्बू ! दूसरा आश्रवद्वार अलीकवचन-मिथ्याभाषण है। यह गुणों से रहित हीन उतावले और चंचल लोगों द्वारा बोला जाता है, यह भय उत्पन्न करने वाला, दुखदायक, अपयश एवं वैर उत्पन्न करने वाला है। यह अरति, रति, राग, द्वेष और मानसिक संक्लेश का कारण है, शुभ फल से रहित है।

नियडि-साइजोयबहुलं, नीयजणनिसेवियं, निस्संसं अपच्चयकारगं परमसाहुगरहणिज्जं परपीलाकारगं परमकण्हलेस्ससेवियं दुग्गइ-विणिवायविवड्ढणं भवपुणब्भवकरं चिरपरिचियमणुगयं दुरंतं कित्तियं बिइयं अहम्मदारं। –पण्ह. सु. १, आ. २, सु. ४४

२१. मुसावायस्स पज्जवणामाणि–

तस्स (मुसावायस्स) य नामाणि गोण्णाणि होंति तीसं, तं जहा–

१. अलियं,	२. सढं,
२. अणज्जं,	४. मायामोसो,
५. असंतकं,	६. कूडकवडमवत्थुगं च,
७. निरत्थयमवत्थयं च,	८. विद्वेसगरहणिज्जं,
९. अणुज्जुगं,	१०. कक्कणा य,
११. वंचणा य,	१२. मिच्छापच्छाकडं च,
१३. साईउ,	१४. उच्छन्न,
१५. उक्कूलं च,	१६. अट्टं,
१७. अब्भक्खाणं,	१८. किव्विसं,
१९. वलयं,	२०. गहणं च,
२१. मम्मणं च,	२२. नूमं,
२३. नियडी,	२४. अपच्चओ,
२५. असमओ,	२६. असच्चसंधत्तणं,
२७. विवक्खो,	२८. अवहीयं,
२९. उवहिअसुद्धं,	३०. अवलोवोत्ति।

अवि य तस्स एयाणि एवमादीणि णामधेज्जाणि होंति तीसं सावज्जस्स अलियस्स वइजोगस्स अणेगाइं। –पण्ह. आ. २, सु. ४५

२२. मुसावायगा–

तं–मुसावयं च पुण वदंति केइ अलियं पावा असंजया, अविरया, कवड-कुटिल-कडुय-चडुलभावा कुद्धा लुद्धा भया य, हस्सट्ठिया य सक्खी चोरा चारभडा खंडरक्खा जियजूयकरा य, गहियगहणा कक्ककुरुगकारगा कुलिंगी उवहिया वाणियगा य कूडतूल-कूडमाणी कूडकाहावणोपजीविया पडकारगा कलाया-कारुइज्जा वंचणपरा चारिय-चाडुयार-नगरगोत्तिय-परियारगा दुट्ठवायि-सूयग-अणबल-भणिया य पुव्वकालियवयणदच्छा साहसिका धूर्त्तता एवं अविश्वसनीय वचनों की प्रचुरता वाला है, नीच जन इसका प्रयोग करते हैं, यह नृशंस क्रूर है, अप्रतीतिकारक विश्वास का विघातक है, श्रेष्ठ साधुजनों द्वारा निन्दित है, दूसरों को पीड़ा उत्पन्न करने वाला है, उत्कृष्ट कृष्णलेश्या वाले जनों द्वारा प्रयोग किया जाता है। यह बारंबार दुर्गतियों में ले जाने वाला है। यह पुनः-पुनः जन्म-मरण कराने वाला है, यह चिरपरिचित है–अनादि काल से जीव इसे जानते हैं, निरन्तर साथ रहने वाला है और बड़ी कठिनाई से अन्त होने योग्य है अथवा अतीव अनिष्ट फल वाला है। यद द्वितीय अधर्मद्वार है।

२१. मृषावाद के पर्यायवाची नाम–

उस मृषावाद के गुणनिष्पन्न-सार्थक तीस नाम हैं,
यथा–

१. अलीक–मिथ्या वचन, २. शठ–मायावी जनों द्वारा आचरित, ३. अन्याय्य-अनार्य-अन्याय युक्त या अनार्यों का वचन, ४. माया-मृषा-मायाकषाय युक्त असत्य वचन, ५. असत्क–असतू वस्तु का वाचक, ६. कूट-कपट-अवस्तुक दूसरे को धोखा देने के लिये कपट सहित असत् प्रलाप करना, ७. निरर्थक-अपार्थक-प्रयोजन व सत्यरहित, ८. विद्वेष-गर्हणीय विद्वेष व निन्दा का कारण, ९. अनृजुक–वक्रता युक्त, १०. कल्कना-मायाचारमय, ११. वंचना, १२. मिथ्यापश्चात्कृत–झूठा होने से शिष्ट जनों द्वारा त्याज्य, १३. साति-विश्वास के अयोग्य, १४. उच्छन्न–स्वदोष-परगुण आच्छादक, १५. उत्कूल–सन्मार्ग मर्यादा का विघातक, १६. आर्त्त-पापियों का वचन, १७. अभ्याख्यान-मिथ्यादोषारोपण, १८. किल्विष-पापजनक, १९. वलय–गोल-मोल वचन, २०. गहन-कपट युक्त समझ में आने वाला वचन, २१. मम्मन-अस्पष्ट वचन, २२. नूम-सत्य आच्छादक, २३. निकृति-कृत मायाचार को छिपाने वाला वचन, २४. अप्रत्यत–अप्रतीतिकर वचन, २६. असमय–सिद्धान्त व शिष्टाचार विरुद्ध वचन, २६. असत्यसंधत्व–असत्य अभिप्राय वाला वचन, २७. विपक्ष–धर्मविरुद्ध वचन, २८. अपधीक- निन्दित बुद्धि जन्य वचन, २९. उपधि-अशुद्ध–कपट युक्त सावद्य वचन, ३०. अपलोप-सद्वस्तु का अपलापक वचन।

सावद्य पापयुक्त अलीक वचनयोग के उपर्युक्त तीस नामों के अतिरिक्त इसी प्रकार के अन्य भी अनेक नाम हैं।

२२. मृषावादी–

यह असत्य कितने पापी, असंयत, अविरत, कपट के कारण कुटिल, कटुक और चंचल चित्त वाले, क्रोधी, लोभी, स्वयं भयभीत और अन्य को भय उत्पन्न करने वाले, हंसी-मजाक करने वाले, झूंठी गवाही देने वाले,चोर, गुप्तचर-जासूस, खण्डरक्ष-राजकर लेने वाले अर्थात् चुंगी वसूल करने वाले, जुआ में हारे हुए गिरवी के माल को हजम करने वाले, कपट से किसी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहने वाले, मिथ्या मत वाले, कुलिंगी-वेषधारी, छल करने वाले, बनिया-वणिक्, खोटा नाप तोल करने वाले, नकली सिक्कों से आजीविका चलाने वाले, जुलाहे, सुनार, कारीगर, दूसरों को ठगने वाले दलाल, चाटुकार खुशामदी, नगररक्षक, मैथुनसेवी-स्त्रियों को बहकाने वाले, खोटा पक्ष लेने वाले, चुगलखोर, जबरन धन वसूल करने वाले, रिश्वतखोर, किसी के बोलने से पूर्व ही उसके अभिप्राय को ताड़ लेने वाले, साहसिक सोच-विचार किए

लहुस्सगा असच्चा गारविया असच्चठवणाहिचित्ता उच्चच्छंदा अणिग्गहा अणियत्ता छंदेण मुक्कवाया भवंति अलियाहिं जे अविरया।

बिना ही प्रवृत्ति करने वाले, निस्सत्व–अधम हीन, सत्पुरुषों का अहित करने वाले-दुष्ट जन, अहंकारी असत्य की स्थापना में चित्त को लगाए रखने वाले, अपने को उत्कृष्ट बताने वाले, निरंकुश, नियमहीन और बिना विचारे यदा-तदा बोलने वाले लोग जो असत्य से विरत नहीं हैं, वे असत्य बोलते हैं।

अवरे नत्थिकवाइणो वामलोकवाई भणंति–!''सुण्ण'' त्ति।

इनके अतिरिक्त दूसरे नास्तिकवादी लोक में विद्यमान वस्तुओं को ही अवास्तविक कहने वाले तथा लोकविरुद्ध मान्यता वाले ''वामलोकवादी'' इस प्रकार कहते हैं, यह जगत् शून्य (सर्वथा असत्) है।

''नत्थि जीवो।
''न जाइ इह परे वा लोए।
''न य किंचि वि फुसइ पुण्ण पावं।
''नत्थि फलं सुकय-दुक्कयाणं।
''पंचमहाभूतियं सरीरं भासंति हे वातजोगजुत्तं।

जीव का अस्तित्व नहीं है।
वह मनुष्यादि इह भव में या देवादि (परभव) में नहीं जाता।
वह पुण्य पाप का लेश मात्र भी स्पर्श नहीं करता।
सुकृत-दुष्कृत शुभ-अशुभ कर्म का सुख-दुःख रूप फल भी नहीं है।
यह शरीर पाँच भूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) से बना हुआ है और वायु के निमित्त से सब क्रियाएँ करता है,

''पंच य खंधे भणंति केई''

कोई बौद्ध आत्मा को पाँच स्कन्धों (रूप, वेदना, विज्ञान, संज्ञा और संस्कार) रूप कहते हैं।
कोई रूप आदि पाँच स्कन्धों के अतिरिक्त छठे मन को भी मानते हैं,

''मणं च मणजीविका वदंति,
''वाउ'' जीवोत्ति एवमाहंसु, ''सरीरं सादियं सनिधणं इहभवे एगभवे तस्स विप्पणासंमि सव्वनासो त्ति एवं जंपंति मुसावादी।

कोई मन को ही जीव (आत्मा) मानते हैं,
कोई वायु को ही जीव के रूप में स्वीकार करते हैं, किन्हीं मृषावादी का मन्तव्य है कि शरीर सादि और सान्त है। यह भव ही एक मात्र भव है, इस भव का समूल नाश होने पर सर्वनाश हो जाता है अर्थात् आत्मा जैसी कोई वस्तु शेष नहीं रहती,

''तम्हा दाण-वय-पोसहाणं तव संजम-बंभचेर-कल्लाण-माइयाण य नत्थि फलं।

इस कारण दान देना, व्रतों का आचरण करना, पौषध की आराधना करना, तपस्या करना, संयम का आचरण करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना आदि कल्याणकारी अनुष्ठानों का कुछ भी फल नहीं होता,

''न वि य पाणवहे अलियवयणं।
''न चेव चोरिक्ककरणं परदारसेवणं वा।
''सपरिग्गहपावकम्मकरणं पि नत्थि किंचि।
''न नेरइय-तिरिय-मणुयाणजोणी।
''न देवलोको वा अत्थि।
''न य अत्थि सिद्धिगमणं।
''अम्मा-पियरो नत्थि।
''न वि अत्थि पुरिसकारो।

प्राणवध और असत्य भाषण भी अशुभ फलदायक नहीं है।
चोरी और परस्त्रीसेवन भी कोई पाप नहीं है।
परिग्रह और अन्य पापकर्मों का भी कोई अशुभ फल नहीं है।
नरक तिर्यञ्च और मनुष्य योनियाँ नहीं है,
देवलोक भी नहीं है।
मोक्ष गमन या मुक्ति भी नहीं है।
माता-पिता भी नहीं हैं।
पुरुषार्थ भी नहीं है अर्थात् पुरुषार्थ कार्य भी सिद्धि में कारण नहीं है,

''पच्चक्खाणमवि नत्थि।
''न वि अत्थि काल-मच्चू य।
''अरहंता चक्कवट्टी बलदेवा वासुदेवा नत्थि।
''नेवत्थि केइ रिसओ। ''धम्माधम्मफलं च नवि अत्थि किंचि बहूयं च थोवगं वा,
तम्हा एवं विजाणिऊण जहा सुबहु ''इंदियाणुकूलेसु सव्व-विसएसु वट्टह।

प्रत्याख्यान त्याग भी नहीं है,
भूतकाल, वर्तमानकाल और भविष्यकाल नहीं है और न मृत्यु है।
अरिहन्त, चक्रवर्ती, बलदेव और वासुदेव भी नहीं है।
न कोई ऋषि है, न कोई मुनि है, धर्म और अधर्म का अल्प या अधिक किंचित् भी फल नहीं होता,
इसलिए ऐसा जानकर इन्द्रियों के अनुकूल रुचिकर सभी विषयों में प्रवृत्ति करो किसी भी प्रकार के भोग भोगने में परहेज मत करो,

''नत्थि काइ किरिया वा अकिरिया वा,
''एवं भणंति नत्थिकवादिणो वामलोगवादी।
–पण्ह. आ. २, सु. ४६-४७

२३. असब्भाववाईणो मुसावाई–

इमं पि बिईयं कुदंसणं असब्भाववाइणो पण्णवेंति मूढा

'संभूओ अंडग्गा लोगो।'
'सयंभुणा सयं च निम्मिओ
एवं एयं अलियं पयंपंति।
''पयावइणा इस्सरेण य कयं'' ति केई।

''एवं विण्हुमयं कसिणमेव य जगं'' ति केई।
एवमेगे वदंति मोसं–''एगे आया'' अकारको वेदको य सुकयस्स दुक्कयस्स य करणाणि कारणाणि सव्वहा सव्वहिं च निच्चो य निक्किओ निग्गुणो य अणुवलेवओ त्ति वि य।

एवमाहंसु असब्भावं–
जं पि इहं किंचि जीवलोके दीसइ सुकयं वा, दुकयं वा, एयं जदिच्छाए वा, सहावेण वावि दइवतप्पभावओ वावि भवइ, नत्थेत्थ किंचि कयकं तत्तं लक्खणविहाणं नियत्तीए कारियं।

''एवं केइ जंपंति इड्ढि-रस-साया-गारवपरा बहवे करणालसा परूवेंति धम्मवीमंसएणं मोसं।''
–पण्ह. आ. २, सु. ४८-५०

२४. रायविरुद्ध अब्भक्खाण वाई–

अवरे अहम्मओ रायदुट्ठं अब्भक्खाणं भणंति।
अलियं–''चोरो'' त्ति अचोरयं करेंतं।
''डामरिउ'' त्ति वि य एमेव उदासीणं।

''दुस्सीलो'' त्ति य परदारं गच्छइ त्ति।
''मइलि'' त्ति सीलकलियं अयं पि गुरुतप्पओ त्ति।

अण्णे एमेव भणंति–

''उवाहणंता, मित्त कलत्ताइं सेवंति'' ''अयं पि लुत्तधम्मो'' ''इमो वि विस्संभवाइओ पावकम्मकारी, अकम्मकारी, अगम्मगामी'' ''अयं दुरप्पा बहुएसु य पावगेसु जुत्तो'' त्ति।
एवं जंपंति मच्छरी।

न कोई शुभ क्रिया है और न कोई अशुभ क्रिया है।
नास्तिक विचारधारा का अनुसरण करते हुए लोक-विपरीत मान्यता वाले कथन करते हैं।

२३. असद्भाववादक मृषावादी–

(वामलोकवादी नास्तिकों के अतिरिक्त) कोई-कोई असद्भाववादी-मिथ्यावादी मूढ जन दूसरा कुदर्शन-मिथ्यामत इस प्रकार कहते हैं–
'यह लोक अंडे से उद्भूत प्रकट हुआ है।'
'इस लोक का निर्माण स्वयंभू ने किया है।'
इस प्रकार वे मिथ्या प्रलाप करते हैं।
कोई-कोई कहते हैं कि–'यह जगत् प्रजापति या महेश्वर ने बनाया है।'
किसी का कहना है कि–'यह समस्त जगत् विष्णुमय है।'
किसी की यह मिथ्या मान्यता है कि–'आत्मा एक है एवं अकर्त्ता है किन्तु उपचार से पुण्य और पाप के फल को भोगता है। सर्व प्रकार से तथा देश-काल में इन्द्रियां ही कारण है। आत्मा (एकान्त) नित्य है, निष्क्रिय है, निर्गुण है और निर्लेप है।
असद्भाववादी इस प्रकार भी प्ररूपणा करते हैं–
''इस जीवलोक में जो कुछ भी सुकृत या दुष्कृत दृष्टिगोचर होता है, वह सब यदृच्छा के स्वभाव से अथवा दैवप्रभाव-विधि के प्रभाव से ही होता है। इस लोक में कुछ भी ऐसा नहीं है जो पुरुषार्थ से किया गया तथ्य (सत्य) हो। लक्षण (वस्तुस्वरूप) और विधान भेद को करने वाली नियति ही है।''
कोई-कोई ऋद्धि रस और साता के गारव (अहंकार) से लिप्त या इनमें अनुरक्त बने हुए और क्रिया करने में आलसी बहुत से वादी धर्म की मीमांसा (विचारणा) करते हुए ऐसी मिथ्या प्ररूपणा करते हैं।

२४. राज्य विरुद्ध अभ्याख्यानवादी–

कोई-कोई (दूसरे लोग) राज्य विरुद्ध मिथ्या दोषारोपण करते हैं,
चोरी न करने वाले को 'चोर' कहते हैं।
जो उदासीन है–लड़ाई झगड़ा नहीं करता, उसे 'लड़ाईखोर या झगड़ालू' कहते हैं।
जो सुशील है–शीलवान् है, उसे दुःशील-व्यभिचारी कहते हैं,
यह परस्त्रीगामी है किसी पर ऐसा आरोप लगाते हैं कि यह तो गुरुपत्नी के साथ अनुचित सम्बन्ध रखता है ऐसा कहकर उसे अधिक बदनाम करते हैं,
कोई-कोई किसी की कीर्ति अथवा आजीविका को नष्ट करने के लिए इस प्रकार मिथ्यादोषारोपण करते हैं कि–
यह अपने मित्र की पत्नियों का सेवन करता है, यह अधार्मिक है, विश्वासघाती है, पाप कर्म करता है, नहीं करने योग्य कृत्य करता है,यह अगम्यगामी है, अर्थात् भगिनी पुत्रवधु आदि अगम्य स्त्रियों के साथ सहवास करता है, यह दुष्टात्मा है, बहुत से पाप कर्मों को करने वाला है, इस प्रकार ईर्ष्यालु लोग मिथ्या प्रलाप करते हैं।

भद्दगे वा गुण-कित्ति-नेह-परलोग-निप्पिवासा।
एवं ते अलियवयणदच्छा परदोसुप्पायणपसत्ता वेढेंति अक्खाइयबीएणं अप्पाणं कम्मबंधणेण।''
मुहरी असमिक्खियप्पलावी। —पण्ह. आ. २, सु. ५१

भद्र पुरुष के परोपकार, क्षमा आदि गुणों को तथा कीर्ति स्नेह एवं परभव की लेशमात्र परवाह न करने वाले वे असत्यवादी, असत्य भाषण करने में कुशल दूसरों के दोषों को (मन से घड़कर) बताने में निरत रहते हैं। इस प्रकार वे विचार किए बिना बोलने वाले, अक्षय दुःख के कारणभूत अत्यन्त दृढ़ कर्मबन्धनों से अपनी आत्मा को वेष्टित (बद्ध) करते हैं।

२५. परत्थावहारगा मुसावाई–

''निक्खेवे अवहरंति परस्स अत्थंमि गढियगिद्धा।''

''अभिजुंजंति य परं असंतएहिं।''
''लुद्धा य करेंति कूडसक्खित्तणं।''
''असच्चा अत्थालियं च कन्नालियं च भोमालियं च तह गवालियं च गरुयं भणंति अहरगइगमणं।''

अन्नं पि य जाइ-रूव-कुल-सीलपच्चयं मायाणिउणं चवलपिसुणं परमट्ठभेदगमसंतगं विद्देसमणत्थकारकं पापकम्ममूलं दुद्दिट्ठं दुस्सुयं अमुणियं णिल्लज्जं लोयगरहणिज्जं, वह-बंध-परिकिलेस-बहुल-जरा-मरण-दुक्ख-सोय-निम्मं असुद्धपरिणामसंकिलिट्ठं भणंति।

अलियाहिसंधिसण्णिविट्ठा असंतगुणुदीरगा य संतगुणनासगा य हिंसा-भूतोवघाइयं-अलियसंपउत्ता वयणं सावज्जमकुसलं साहुगर-हणिज्जं अधम्मजणणं भणंति अणभिगयपुण्णपावा।

पुणो वि अहिकरणकिरियापवत्तका बहुविहं अणत्थं अवमद्दं अप्पणो परस्स य करेंति। —पण्ह. आ. २, सु. ५२-५३

२५. परधनापहारक मृषावादी

''पराये धन में अत्यन्त आसक्त वे (मृषावादी लोभी) निक्षेप धरोहर को हड़प जाते हैं।''
''दूसरों को अविद्यमान दोषों से दूषित करते हैं।''
''धन के लोभी झूंठी साक्षी देते हैं।''
वे असत्यभाषी धन के लिए, कन्या के लिए, भूमि के लिए तथा गाय-बैल आदि पशुओं के निमित्त अधोगति में ले जाने वाला असत्यभाषण करते हैं।''

इसके अतिरिक्त मिथ्या षड्यन्त्र रचने में कुशल, परकीय असद्गुणों के प्रकाशक और सद्गुणों के विनाशक, पुण्य-पाप के स्वरूप से अनभिज्ञ, असत्याचरणपरायण वे मृषावादी लोग जाति कुल रूप एवं शील के विषय में अन्यान्य प्रकार से भी असत्य बोलते हैं। वह असत्य माया के कारण गुणहीन है, चपलता से युक्त है, चुगलखोरी-पैशुन्य से परिपूर्ण है, परमार्थ को नष्ट करने वाला है, असत्य अर्थवाला अथवा सत्य से हीन, द्वेषमय, अप्रिय, अनर्थकारी, पापकर्मों का मूल एवं मिथ्यादर्शन से युक्त है। वह कर्णकटु सम्यग्ज्ञानशून्य, लज्जाहीन, लोकगर्हित, वध-बन्धन आदि रूप क्लेशों से परिपूर्ण, जरा, मृत्यु दुःख और शोक का कारण है, अशुद्ध परिणामों के कारण संक्लेश से युक्त है।
जो लोग मिथ्या अभिप्राय में निरत है, स्वयं में अविद्यमान गुणों की उदीरणा करने वाले और दूसरों में विद्यमान गुणों के नाशक हैं। वे हिंसा करके प्राणियों का उपघात करते हैं, असत्य भाषण करने में प्रवृत्त हैं ऐसे लोग सावद्य-पापमय, अकुशल, अहितकर सत्पुरुषों द्वारा गर्हित और अधर्मजनक वचनों का प्रयोग करते हैं। ऐसे मनुष्य पुण्य और पाप के स्वरूप से अनभिज्ञ होते हैं।
वे पुनः अधिकरणों पाप के साधनों को बनाने, जुटाने, जोड़ने आदि की क्रिया में प्रवृत्ति करने वाले हैं, वे अपना और दूसरों का अनेक प्रकार से अनर्थ और विनाश करते हैं।

२६. पावपरामरिसग मुसावाई–

''एमेव जंपमाणा-महिस-सूकरे य साहिंति घायगाणं।''

''ससय-पसय-रोहिए य साहिंति वागुराणं।''

''तित्तिर-वट्टग-लावके य कविंजल-कवोयगे य साहिंति साउणीणं।''
''झस-मगर-कच्छभे य साहिंति मच्छियाणं।''
''संखंके खुल्लए य साहिंति मगराणं।''

''अयगर-गोणस-मंडलि-दव्वीकरे मउली य साहिंति वालवीणं।''

२६. पाप का परामर्श देने वाले मृषावादी–

इसी प्रकार 'स्व-पर का अहित करने वाले मृषावादी जन घातकों को भैंसा और शूकर बतलाते हैं।'
'वागुरिकों–व्याधों को शशक-खरगोश, पसय-मृगविशेष या मृगशिशु और रोहित बतलाते हैं।'
''शाकुनिकों–चिड़ीमारों को तीतर, बतक और लावक तथा कपिंजल और कपोत-कबूतर बतलाते हैं।''
''मच्छीमारों को–झष–मछलियाँ, मगर और कछुआ बतलाते हैं।''
''धीवरों को शंख द्वीन्द्रिय जीव, अंक–जल-जन्तु विशेष और खुल्लक-कौड़ी के जीव बतलाते हैं।''
''सपेरों को अजगर, गोणस, मण्डली एवं दर्वीकर जाति के सर्पों को तथा मुकुली बिना फन के सर्प बतलाते हैं।

''गोहा-सेहग-सल्लग-सरडगे य साहिंति लुद्धगाणं।''
''गयकुल-वानरकुले य साहिंति पासियाणं।''

''सुक-बरहिण-मयणसाल-कोइल-हंसकुले सारसे य साहिंति पोसगाणं।''
''वह-बंध-जायणं च साहिंति गोम्मियाणं।''

''धण-धन्न-गवेलए य साहिंति तक्कराणं।''

''गामागर-नगर-पट्टणे य साहिंति चारियाणं।''

''पारघाइय-पंथघाइयाओ य साहिंति गंठिभेयाणं।''

''कयं च चोरियं साहिंति नगरगोत्तियाणं।''

''लंछण-निल्लंछण-धमण-दूहण-पोसण-वणण-दवण-वाहणाइयाइं साहिंति बहूणि गोमियाणं।''

''धातु-मणि-सिल-प्पवाल-रयणागरे य साहिंति आगरीणं।''

''पुप्फविहिं फलविहिं च साहिंति मालियाणं।''
''अग्घमहुकोसए य साहिंति वणचराणं।''

जंताइं विसाइं मूलकम्मं आहेवण-आविंधण-आभिओग-मंतोसहिप्पओगे चोरिय-परदारगमण-बहुपावकम्मकरणं उक्खंधे गामघाइयाओ वणदहण-तलागभेयणाणि बुद्धिविसविणासणाणि वसीकरण-माइयाइं भय-मरण-किलेस-दोस-जणणाणि भावबहुसंकिलिट्ठमलिणाणि भूयघाओवघाइयाइं सच्चाइं वि ताइं हिंसकाइं वयणाइं उदाहरंति। –पण्ह. आ. २, सु. ५४-५५

''लुब्धकों को गोधा, सेह, शल्लकी और सरट गिरगिट बतलाते हैं।''
''पाशिकों को गजकुल और वानरकुल अर्थात् हाथियों और बन्दरों के झुण्ड बतलाते हैं।''
''पक्षी पालकों को तोता, मोर, मैना, कोकिला और हंस के कुल तथा सारस पक्षी बतलाते हैं।''
''पशुपालकों को वध, बन्ध और यातना देने के उपाय बतलाते हैं।''
''चोरों को धन, धान्य और गाय-बैल आदि पशु बतला कर चोरी करने की प्रेरणा करते हैं।''
''गुप्तचरों को ग्राम, नगर, आकर और पत्तन आदि बस्तियाँ एवं उनके गुप्त रहस्य बतलाते हैं।''
''ग्रन्थिभेदकों-गांठ काटने वालों (जेबकतरों) को रास्ते के अन्त में अथवा बीच में मारने-लूटने गांठ काटने आदि की सीख देते हैं।''
''नगररक्षकों-कोतवाल आदि पुलिसकर्मियों को की हुई चोरी का भेद बतलाते हैं।''
गोपालकों को लांछन–कान आदि काटना या निशान बनाना, नपुंसक–वधिया करना, धमण-भैंस आदि के शरीर में हवा भरना, (जिससे वह दूध अधिक दे) दुहना, पोषना जौ आदि खिला कर पुष्ट करना, बछड़े को अपना समझकर स्तन-पान कराए, ऐसी भ्रान्ति में डालना, पीड़ा पहुँचाना, वाहन गाड़ी आदि में जोतना इत्यादि अनेकानेक पाप-पूर्ण कार्य कहते या सिखलाते हैं।''
''खान वालों को गैरिक आदि धातुएँ चन्द्रकान्त आदि मणियां. शिलाप्रवाल मूंगा और अन्य रत्न बतलाते हैं।''
''मालियों को पुष्पों और फलों के प्रकार बतलाते हैं।''
''वनचरों भील आदि वनवासी जनों को मधु का मूल्य और मधु के छत्ते बतलाते हैं।''
मारण, मोहन, उच्चाटन आदि के लिए-लिखित यन्त्रों या पशु-पक्षियों को पकड़ने वाले यन्त्रों, संखिया आदि विषों, गर्भपात आदि के लिए जड़ी-बूटियों के प्रयोग, मन्त्र आदि द्वारा नगर में क्षोभ या विद्वेष उत्पन्न कर देने अथवा मन्त्रबल से धनादि खींचने, द्रव्य और भाव से वशीकरण मन्त्रों एवं औषधियों के प्रयोग करने, चोरी, पर-स्त्रीगमन करने आदि के बहुत से पापकर्मों के उपदेश तथा छल से शत्रुसेना की शक्ति को नष्ट करने अथवा उसे कुचल देने, ग्रामघात गांव को नष्ट कर देने, जंगल में आग लगा देने, तालाब आदि जलाशयों को सुखा देने, बुद्धि के विषय-भूत विज्ञान अथवा बुद्धि एवं स्पर्श रस आदि विषयों के विनाश वशीकरण आदि के भय, मरण क्लेश और दुःख उत्पन्न करने वाले, अतीव संक्लेश होने के कारण मलिन, जीवों का घात और उपघात करने वाले वचन तथ्य यथार्थ होने पर भी प्राणियों का घात करने वाले होने से मृषावादी बोलते हैं।

२७. असमिक्खिय भासी मुसावाई–

पुट्ठा वा अपुट्ठा वा परतत्तियवावडा य असमिक्खिय-भासिणो उवदिसंति सहसा

''उट्टा गोणा गवया दमंतु।''

२७. अविचारितभाषी मृषावादी–

अन्य प्राणियों को सन्ताप-पीड़ा प्रदान करने में प्रवृत्त, अविचारपूर्वक भाषण करने वाले लोग किसी के पूछने पर और न पूछने पर भी सहसा दूसरों को इस प्रकार का उपदेश देते हैं–
''ऊँटों, बैलों और गवयों-रोझों का दमन करो।''

''परिणयवया अस्सा-हत्थी-गवेलग-कुक्कडा य किज्जंतु-किणावेह य विक्केह।''

''परिणत आयु वाले इन अश्वों, हाथियों, भेड़, बकरियों, मुर्गों को खरीदो, खरीदवाओ और इन्हें बेच दो।''

''पयह य सयणस्स देह पिय य दासि-दास भयग-भाइल्लगा य सिस्सा य पेसकजणो-कम्मकरा य किंकरा य एए सयण परिजणो य कीसं अच्छंति।''

''पकाने योग्य वस्तुओं को पकाओ, स्वजनों को दे दो, पेय मदिरा आदि पीने योग्य पदार्थों का पान करो, दास दासी भृतक भागीदार, शिष्य प्रेष्यजन संदेशवाहक कर्मकर-कर्म करने वाले किंकर क्या करूँ? इस प्रकार पूछ कर कार्य करने वाले, ये सब प्रकार के कर्मचारी तथा ये स्वजन और परिजन क्यों कैसे बैठे हुए हैं?''

''भारिया भे करेत्तु कम्मं।''

''ये भरण-पोषण करने योग्य हैं और अपना काम करें।''

''गहणाइं वणाइं खेत्त-खिल-भूमि-वल्लराइं उत्तणगण-संकडाइं डज्झंतु सूडिज्जंतु य रुक्खा।''

ये सघन वन, खेत, बिना जोती हुई भूमि, बल्लर-विशिष्ट खेत जो उगे हुए घास-फूस से भरे हैं इन्हें जला डालो, घास कटवाओ या उखड़वा डालो।''

''भिज्जंतु जंतभंडाइयस्स उवहिस्स कारणाए बहुविहस्स य अट्ठाए।''

''यन्त्रों-घानी गाड़ी आदि भांड-कुंडे आदि उपकरणों के लिए हल आदि साधनों और नाना प्रकार के प्रयोजनों के लिए वृक्षों को कटवाओ।''

''उच्छू दुज्जंतु।''

''इक्षु-ईख-गन्नों को उखाड़ डालो।''

''पीलिज्जंतु य तिला।''

''तिलों को पेलो इनका तेल निकालो।''

''पयावेह य इट्टकाउ मम घरट्ठयाए।''

''मेरा घर बनाने के लिए ईंटों को पकाओ,

''खेत्ताइं कषह कसावेह य।''

खेतों को जोतो और जुतवाओ।''

''लहुं गाम आगर-नगर-खेड-कव्वडे निवेसेह अडवीदेसेसु विपुलसीमे।''

''विस्तृत सीमा वाले अटवी प्रदेश में शीघ्र ही ग्राम, आकर, नगर, खेड़ और कर्बट कुनगर आदि को बसाओ।

''पुप्फाणि य फलाणि य कंद मूलाइं काल पत्ताइं गेण्हेह।''

''पुष्प फल और कन्दमूल जो पक चुके हैं उन्हें तोड़ लो।''

''करेह संचयं परिजणट्ठयाए।''

''अपने परिजनों के लिए इनका संचय करो।''

''साली-वीही-जवा य लुच्चंतु मलिज्जंतु उप्पणिज्जंतु य लहुं च पविसंतु य कोट्ठागारं।''

''शाली-धान-व्रीहि-अनाज आदि और जौ को काट लो और मसलो, दानों को भूसे से पृथक् करके शीघ्र कोठार में भर लो।

''अप्प-मह-उक्कोसगा य हंमंतु पोयसत्था।''

छोटे मध्यम और बड़े नौकायात्रियों के समूह को नष्ट कर दो।''

''सेणा णिज्जाउ।''

''सेना युद्धादि के लिए प्रयाण करे।''

''जाउ डमरं।''

''संग्रामभूमि में जाए,''

''घोरा वट्टंतु य संगामा।''

''घोर युद्ध प्रारम्भ हो,''

''पवहंतु य सगडवाहणाइं।''

''गाड़ी और नौका आदि वाहन चलें,''

''उवाणयणं चोलगं विवाहो जन्नो अमुगम्मि उ होउ दिवसेसु करणेसु मुहुत्तेसु नक्खत्तेसु तिहिसु य।''

''उपनयन-यज्ञोपवीत संस्कार, चोलक–शिशु का मुण्डनसंस्कार, विवाहसंस्कार, यज्ञ ये सब कार्य अमुक दिनों में वालव आदि करणों में, अमृतसिद्धि आदि मुहूर्तों में, अश्विनी पुष्य आदि नक्षत्रों में और नन्दा आदि तिथियों में होने चाहिए।''

''अज्ज होउ ण्हवणं मुदितं बहुखज्ज–पिज्ज-कलियं कोतुकं विण्हावणगं।''

''आज स्नपन-सौभाग्य के लिए स्नान करना चाहिए अथवा सौभाग्य एवं समृद्धि के लिए प्रमोद स्नान कराना चाहिए–आज प्रमोदपूर्वक बहुत विपुल मात्रा में खाद्य पदार्थों एवं मदिरा आदि पेय पदार्थों के भोज के साथ सौभाग्यवृद्धि अथवा पुत्रादि की प्राप्ति के लिए वधू आदि को स्नान कराओ तथा डोरा बांधना आदि कौतुक करो।''

''संति कम्माणि कुणह''''ससि-रवि-गहोवराग-विसमेसु।''

''सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण और अशुभ स्वप्न के फल को निवारण करने के लिए विविध मंत्रादि से संस्कारित जल से स्नान और शान्तिकर्म करो।''

''सज्जण-परियणस्स य नियगस्स य जीवियस्स परिरक्खणट्ठयाए पडिसीसगाइं च देह।''

''अपने कुटुम्बजनों की अथवा अपने जीवन की रक्षा के लिए कृत्रिम-आटे आदि से बकरे आदि के प्रतिशीर्षकों सिरों को बनाकर चण्डी आदि देवियों को भेंट चढ़ाओ।''

देह य सीसोवहारे "विविहोसहि-मज्ज-मंस-भक्खऽन्न पाण-मल्लाणुलेवण-पईव-जलि-उज्जल-सुगंधि-धूवावकार पुप्फ फलसमिद्धे।"

"अनेक प्रकार की औषधियों, मद्य, मांस, मिष्ठान, अन्न, पान, पुष्पमाला, चन्दन, लेपन, उबटन, दीपक, सुगन्धित धूप, पुष्पों तथा फलों से परिपूर्ण विधिपूर्वक बकरा आदि पशुओं के सिरों की बलि दो।"

"पायच्छित्तं करेह, पाणाइवायकरणेणं बहुविहेणं विवरीउप्पाय-दुस्सुमिण-पाव-सउण-असोमग्गह-चरिय-अमंगल निमित्त पडिघायहेउं।"

"विविध प्रकार की हिंसा करके अशुभ सूचक उत्पात, प्रकृतिविकार, दुःस्वप्न अपशकुन क्रूरग्रहों के प्रकोप, अमंगल सूचक अंगस्फुरण-भुजा आदि अवयवों के फड़कने आदि के फल को नष्ट करने के लिए प्रायश्चित्त करो।"

"वित्तिच्छेयं करेह।"

"अमुक की आजीविका नष्ट कर दो।"

"मा देह किंचि दाणं।"

"किसी को कुछ भी दान मत दो।"

"सुट्ठु-हओ सुट्ठु हओ सुट्ठु छिन्नो भिन्नत्ति उवदिसंत्ता एवं विहं करेंति अलियं।"

"वह मारा गया, यह अच्छा हुआ, उसे काट डाला गया यह ठीक हुआ, उसके टुकड़े कर डाले गये यह अच्छा हुआ।"

मणेण वायाए कम्मुणा य अकुसला अणज्जा अलियाणा अलिय-धम्मनिरया अलियासु-कहासु अभिरमंता तुट्ठा अलियं करेत्तु होइ य बहुप्पगारं। *–पण्ह. आ. २, सु. ५६-५७*

इस प्रकार किसी के न पूछने पर भी आदेश-उपदेश अथवा कथन करते हुए, मन-वचन-काया से मिथ्या आचरण करने वाले अनार्य अकुशल, मिथ्यामतों का अनुसरण करने वाले मिथ्याधर्म में निरत लोग मिथ्या कथाओं में रमण करते हुए मिथ्या भाषण करते हैं तथा नाना प्रकार से असत्य का सेवन करके सन्तोष का अनुभव करते हैं।

२८. मुसावायस्स फलं –

२८. मृषावाद का फल–

तस्स य अलियस्स फलविवागं अयाणमाणा वड्ढेंति, महब्भयं अविस्सामवेयणं दीहकालं बहुदुक्खसंकडं नरय-तिरिय-जोणिं।

पूर्वोक्त मिथ्याभाषण के फल-विपाक से अनजान वे मृषावादीजन अत्यन्त भयंकर दीर्घ काल तक निरन्तर वेदना और बहुत दुःखों से परिपूर्ण नरक और तिर्यञ्च योनि की वृद्धि करते हैं।

तेण य अलिएण समणुबद्धा आइद्धा पुणब्भवंधकारे भमंति भीमे दुग्गतिवसहिमुवगया।

नरक और तिर्यञ्चयोनियों में लम्बे समय तक घोर दुःखों का अनुभव करके शेष रहे कर्मों को भोगने के लिए वे मृषावाद में निरत-नर भयंकर पुनर्भव के अन्धकार में भटकते हैं।

ते य दीसंति इह दुग्गया दुरंता परवसा अत्थ-भोगपरिवज्जिया असुहिया फुडियच्छवि बीभच्छविवन्ना खर-फरूसविरत्त-ज्झामज्झूसिरा, निच्छाया लल्लविफलवाया असक्कयमसक्कया अगंधा अचेयणा दुभगा अकंता

उस पुनर्भव में भी दुर्गति प्राप्त करते हैं, जिसका अन्त बड़ी कठिनाई से होता है। वे मृषावादी मनुष्य पुनर्भव (इस भव) में भी पराधीन होकर जीवनयापन करते हैं, उन्हें न तो भोगोपभोग का साधन अर्थ-धन प्राप्त होता है और न वे मनोज्ञ भोगोपभोग ही प्राप्त करते हैं। वे सदा दुःखी रहते हैं। उनकी चमड़ी बिवाई, दाद, खुजली आदि से फटी रहती है, वे भयानक दिखाई देते हैं और विवर्ण कुरूप होते हैं, कठोर स्पर्श वाले, रतिविहीन, बेचैन, मलीन एवं सारहीन शरीर वाले होते हैं। शोभाकान्ति से रहित होते हैं।

काकस्सरा हीण-भिन्नघोसा, विहिंसा जडबहिरंधया मूया य मम्मणा अकंतविकयकरणा

वे अस्पष्ट और विफल वचन बोलने वाले होते हैं। वे संस्काररहित और सत्कार से रहित होते हैं, वे दुर्गन्ध से व्याप्त, विशिष्ट चेतना से विहीन, अभागे, अकान्त-अनिच्छनीय काक के समान अनिष्ट स्वर वाले, धीमी और फटी हुई आवाज वाले, विहिंस्य दूसरों के द्वारा विशेष रूप से सताये जाने वाले जड़ वधिर, अंधे, गूंगे और अस्पष्ट उच्चारण करने वाले तोतली बोली बोलने वाले, अमनोज्ञ तथा इन्द्रियों वाले वे नीच कुलोत्पन्न होते हैं।

णीया णीयजण-निसेविणो लोगगरहणिज्जा भिच्चा असरिसजणस्स पेस्सा दुम्मेहा लोक-वेद-अज्झप्पसमय-सुइवज्जिया नरा धम्मबुद्धिवियला।

उन्हें नीच लोगों का सेवक बनना पड़ता है। वे लोक में निन्दा के पात्र होते हैं। वे भृत्य-चाकर होते हैं और असदृश असमान-विरुद्ध आचार-विचार वाले लोगों के आज्ञापालक या द्वेषपात्र होते हैं, वे दुर्बुद्धि होते हैं, अतः लौकिक शास्त्र-महाभारत, रामायण आदि, वेद-ऋग्वेद आदि, आध्यात्मिक शास्त्र कर्मग्रन्थ तथा समय आगमों या सिद्धान्तों के श्रवण एवं ज्ञान से रहित होते हैं, वे धर्मबुद्धि से रहित होते हैं।

अलिएण य तेणं पडज्झमाणा असंतएण य अवमाणण–पिट्ठिमंसाहिक्खेव पिसुण-भेयण-गुरु-बंधव-सयण-मित्त-

उस अशुभ या अनुपशान्त असत्य की अग्नि से जलते हुए वे मृषावादी, पीठ पीछे होने वाली निन्दा, आक्षेप-दोषारोपण, चुगली, परस्पर की फूट अथवा प्रेमसम्बन्धों का भंग आदि की स्थिति प्राप्त करते हैं। गुरुजनों, बन्धु-बान्धवों, स्वजनों तथा मित्रजनों के तीक्ष्ण

वक्खारणाइयाइं अब्भक्खाणाइं बहुविहाइं पावेंति, अमणोरमाइं हिययमणदूमगाइं जावज्जीवं दुद्धराइं।

अनिष्ट, अप्रिय, तीक्ष्ण, कठोर और मर्मभेदी वचनों से अनादर पाते हैं। अमनोरम हृदय और मन को सन्ताप देने वाले तथा जीवनपर्यन्त कठिनाई से मिटने वाले ऐसे अनेक प्रकार के मिथ्या आरोपों को वे प्राप्त करते हैं।

अणिट्ठ-खर-फरुसवयण-तज्जण-निब्भच्छण दीणवदण-विमला-कुभोयणा कुवाससा कुवसहीसु किलिस्संता नेव सुहं नेव निव्वुइं उवलभंति अच्चंत-विपुल-दुक्खसयसंपलित्ता।

अनिष्ट, अप्रिय, तीक्ष्ण, कठोर और मर्मभेदी वचनों से तर्जना, झिडकियों और धिक्कार-तिरस्कार के कारण दीन मुख एवं खिन्न चित्त वाले होते हैं, मृषावाद के परिणामस्वरूप वे खराब भोजन और मैले कुचैले तथा फटे वस्त्रों वाले होते हैं, उन्हें निकृष्ट बस्ती में क्लेश पाते हुए अत्यन्त एवं विपुल दुःखों की अग्नि में जलना पड़ता है। उन्हें न तो शारीरिक सुख प्राप्त होता है और न मानसिक शान्ति ही मिलती है।

एसो सो अलियवयणस्स फलविवाओ इहलोइओ परलोइओ अप्पसुहो बहुदुक्खो महब्भओ बहुरयप्पगाढो दारुणो कक्कसो असाओ वाससहस्सेहिं मुच्चइ न अवेदयित्ता अत्थि हु मोक्खो त्ति।

मृषावाद का यह (पूर्वोक्त) इस लोक और परलोक सम्बन्धी फल-विपाक है। इस फल-विपाक में सुख का अभाव है और दुःखों की ही बहुलता है। यह अत्यन्त भयानक है और प्रगाढ़ कर्म-रज के बन्ध का कारण है, यह दारुण है, कर्कश है और असातारूप है, सहस्रों वर्षों में इससे छुटकारा मिलता है, फल को भोगे बिना इस पाप से मुक्ति नहीं मिलती है।

एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणो उ वीरवरनामधेज्जो कहेसी य अलियवयणस्स फलविवागं। *–पण्ह. आ. २, सु. ५८*

ज्ञातकुलनन्दन, महान् आत्मा वीरवर महावीर नामक जिनेश्वरदेव ने मृषावाद का यह फल प्रतिपादित किया है।

२९. मुसावाय वण्णणस्स उवसंहारो–

२९. मृषावाद वर्णन का उपसंहार–

एयं तं बिईयं पि अलियवयणं लहुसग-लहु-चवल-भणियं, भयंकरं, दुहकरं, अयसकरं, वेरकरगं,

यह दूसरा अधर्मद्वार-मृषावाद है। छोटे-तुच्छ और चंचल प्रकृति के लोग इसका प्रयोग करते-बोलते हैं। (महान एवं गम्भीर स्वभाव वाले मृषावाद का सेवन नहीं करते) यह मृषावाद भयंकर है, दुःखकर है, अपयशकर है, वैरकर-वैर का कारण-जनक है।

अरइ-रइ- राग-दोस-मणसंकिलेस-वियरण अलियं-णियडि-साइजोगबहुलं णीयजणणिसेवियं णिस्संसं अप्पच्चयकारगं

अरति,रति, राग-द्वेष एवं मानसिक संक्लेश को उत्पन्न करने वाला है। यह झूठ, निष्फल, कपट और अविश्वास की बहुलता वाला है। नीच जन इसका सेवन करते हैं। यह नृशंस-निर्दय एवं निर्घृण है। अविश्वासकारक है–मृषावादी के कथन का कोई विश्वास नहीं करता।

परम-साहुगरहणिज्जं परपीलाकारगं परमकण्हलेस्ससहियं दुग्गइ विणिवाय वड्ढणं पुणब्भवकरं चिरपरिचियमणुगयं दुरंतं।

परम साधुजनों श्रेष्ठ सत्पुरुषों द्वारा निन्दनीय है। दूसरों को पीड़ा करने वाला और परम कृष्णलेश्या से संयुक्त है। दुर्गति अधोगति में पतन का कारण है, पुनः पुनः भव-भवान्तर का परिवर्तन करने वाला है। चिरकाल से परिचित है–अनादि काल से लोग इसका प्रयोग कर रहे हैं, अतएव अनुगत है–अर्थात् उनके साथ चिपटा हुआ है। इसका अन्त कठिनता से होता है अथवा इसका परिणाम दुःखमय ही होता है।

बिइयं अहम्मदारं समत्तं, त्तिबेमि।

–पण्ह. आ. २, सु. ५८-५९

इस प्रकार यह दूसरे अधर्मद्वार मृषावाद का वर्णन है, ऐसा मैं कहता हूँ।

३०. अदिण्णादाणस्स सरूवं–

३०. अदत्तादान का स्वरूप–

(श्री सुधर्मा स्वामी ने अपने शिष्य जम्बू स्वामी से कहा–)

जंबू ! तइयं च अदिण्णादाणं।

हे जम्बू ! तीसरा अधर्मद्वार अदत्तादान है, अर्थात् बिना आज्ञा के किसी दूसरे की वस्तु को लेना।

हर-दह-मरणभय-कलुस-तासण-परसंतिगऽभिज्जलोभमूलं,

यह अदत्तादान दूसरे के पदार्थ का हरण रूप है। हृदय को जलाने वाला है, मरण और भय रूप अथवा मरण भय रूप है, पापमय होने से कलुषित है, त्रास पैदा करने वाला है, दूसरे के धनादि में मूर्च्छा-लोभ ही इसका मूल है।

कालविसमसंसियं

विषमकाल-आधी रात्रि आदि और विषम स्थान-पर्वत, सघन वन आदि स्थानों पर आश्रित है अर्थात् चोरी करने वाले विषम काल और विषम स्थान की तलाश में रहते हैं।

अहोऽच्छिन्न-तण्ह-पत्थाण-पत्थोइमइयं, अकित्तिकरणं अणज्जं,

यह अदत्तादान निरन्तर तृष्णाग्रस्त जीवों को अधोगति की ओर ले जाने वाली बुद्धि वाला है, अदत्तादान अपयश का कारण है, अनार्य पुरुषों द्वारा आचरित है।

छिद्दिमंतर-विहुर-वसण-मग्गण उस्सव-मत्त-प्पमत्त''–पसुत्त वचण क्खिवण-घायण-परं अणिहुय-परिणामं-तक्करजण-बहुमयं अकलुणं रायपुरिसरक्खियं।

यह छिद्र-प्रवेशद्वार, अन्तर-अवसर, विधुर-अपाय एवं व्यसन-राजा आदि द्वारा दिये जाने वाले दंड आदि का कारण है। उत्सवों, के अवसर पर मदिरा आदि के नशे में बेभान, असावधान तथा सोये हुए मनुष्यों को ठगने वाला, चित्त में व्याकुलता उत्पन्न करने और घात करने में तत्पर है तथा अशान्त परिणाम वाले चोरों द्वारा अत्यन्त मान्य है। यह करुणाहीन कृत्य-निर्दयता से परिपूर्ण कार्य है, राजपुरुषों-चौकीदार, कोतवाल आदि द्वारा इसे रोका जाता है।

सया साहुगरहणिज्जं पियजण- मित्तजण-भेय विप्पिइ कारकं, राग-दोसबहुलं, पुणो य उप्पूर-समर-संगाम-डमर-कलि-कलह-वेह-करणं, दुग्गइविणिवाय वड्ढणं, भवपुणब्भवकरं,

सदैव साधुजनों-सत्पुरुषों द्वारा निन्दित है, प्रियजनों तथा मित्रजनों में फूट और अप्रीति उत्पन्न करने वाला है, राग और द्वेष की बहुलता वाला है, यह बहुतायत से मनुष्यों को मारने वाले संग्रामों स्वचक्र-पराचक्र सम्बन्धी डमरों-विप्लवों, लड़ाई-झगड़ों, तकरारों एवं पश्चात्ताप का कारण है। दुर्गति पतन में वृद्धि करने वाला, भव-पुनर्भव बारंबार जन्म मरण कराने वाला है।

चिरपरिचिय मणुगयं दुरंतं।

चिरकाल-सदाकाल से परिचित, आत्मा के साथ लगा हुआ-जीवों का पीछा करने वाला और परिणाम में-अन्त में दुःखदायी है।

तइयं अहम्मदारं। –पण्ह. आ. ३, सु. ६०

यह तीसरा अधर्मद्वार अदत्तादान है।

३१. अदिण्णादाणस्स पज्जवणामाणि–

३१. अदत्तादान के पर्यावाची नाम–

तस्स य णामाणि गोण्णाणि होंति तीसं, तं जहा–

पूर्वोक्त स्वरूप वाले अदत्तादान के गुणनिष्पन्न यथार्थ तीस नाम हैं, यथा–

१. चोरिक्कं, २. परहडं, ३. अदत्तं,
४. कूरिकडं, ५. परलाभो, ६. असंजमो,
७. परधणम्मि गेही, ८. लोलिक्कं, ९. तक्करत्तणंति य,
१०. अवहारो, ११. हत्थलहुत्तणं, १२. पावकम्मकरणं,

१. चौरिक्य-चौरी, २. परहृत-दूसरे के धन का अपहरण, ३. अदत्त-बिना आज्ञा लेना, ४. क्रूरकृत-क्रूरजनों द्वारा किया जाने वाला, ५. परलाभ-दूसरे की उपार्जित वस्तु लेना, ६. असंयम-संयम विनाश का हेतु, ७. परधनगृद्धि-दूसरे के धन में आसक्ति, ८. लौल्य-लंपटता, ९. तस्करत्व-चौरों का कार्य, १०. अपहार-अपहरण, ११. हस्तलघुत्व हस्तलाघव-हाथ की चालाकी, १२. पापकर्म करण-पाप कर्मों का कारण,

१३. तेणिक्कं, १४. हरणविप्पणासो, १५. आदियणा,
१६. लुंपणा धणाणं, १७. अपच्चओ, १८. अवीलो,
१९. अक्खेवो, २०. खेवो, २१. विक्खेवो,
२२. कूडया, २३. कुलमसी य, २४. कंखा,
२५. लालप्पणपत्थणा य,

१३. स्तेनिका-चौरी का कार्य, १४. हरणविप्रनाश दूसरे की वस्तु नष्ट करना, १५. आदान-बिना दिए लेना, १६. धनलुम्पता- दूसरे के धन को गायब करना, १७. अप्रत्यय-अविश्वास का कारण, १८. अवपीड-दूसरे को पीड़ा देने वाला, १९. आक्षेप-दूसरे की वस्तु झपटना, २०. क्षेप-दूसरे की वस्तु छीनना, २१. विक्षेप-दूसरे की वस्तु में हेरा-फेरी करना, २२. कूटता-नाप तोल में बेईमानी करना, २३. कुलमषि-कुल को मलीन करने वाली, २४. कांक्षा-दूसरे के द्रव्य की अभिलाषा करना, २५. लालपन- प्रार्थना-दूसरे की चीज लेने के लिए प्रार्थना करना,

२६. आससणा य वसणं, २७. इच्छा-मुच्छा य,
२८. तण्हागेही, २९. नियडिकम्मं, ३०. अपरच्छं ति वि य।

२६. आससनाय व्यसन-दूसरे की वस्तु नष्ट करने की आदत, २७. इच्छामूर्च्छा-दूसरे के धन के लिए इच्छा व ममत्वभाव रखना, २८. तृष्णा-गृद्धि-प्राप्त द्रव्य में आसक्ति व अप्राप्त की आकांक्षा २९. निकृतिकर्म–छल कपट करना, ३०. अपरोक्ष-परोक्ष में किया जाने वाला कार्य।

तस्स एयाणि एवमाईणि नामधेज्जाणि होंति, तीसं अदिन्नादाणस्स पावकलिकलुसकम्मबहुलस्स अणेगाइं।

–पण्ह. आ. ३, सु. ६१

इस प्रकार पापकर्म और कलह से मलीन कार्यों की बहुलता वाले इस अदत्तादान आश्रव के ये सार्थक तीस नाम हैं और इसी प्रकार के अन्य भी अनेक नाम हो सकते हैं।

३२. अदिण्णदाणगा–

तं पुण करेंति चोरियं तक्करा, परदव्वहरा छेया कयकरण-लद्धलक्खा साहसिया लहुस्सगा अतिमहिच्छ-लोभगच्छा दद्दरओवीलका य गेहिया अहिमरा।

३२. अदत्तादानी–

उस पूर्वोक्त चोरी को वे चोर-लोग करते हैं जो दूसरे के द्रव्य को हरण करने वाले हैं, चोरी करने में कुशल हैं, अनेकों बार चोरी कर चुके हैं, चोरी करने में अभ्यस्त हैं और चोरी के अवसर को जानने वाले हैं, साहसी हैं, तुच्छ हृदय वाले हैं, अत्यन्त महती इच्छा वाले एवं लोभ से ग्रस्त हैं, जो वचनों और आडम्बर से अपनी असलियत को छिपाने वाले हैं, दूसरों के धनादि में गृद्ध आसक्त हैं, सामने से सीधा प्रहार करने वाले हैं।

अणभंजका भग्गसंधिया, रायदुट्ठकारी य, विसयनिच्छूढ लोकबज्झा उद्दोहक-गामघायक-पुरघायक-पंथघायक-आलीवग - तित्थभेया, लहुहत्थसंपउत्ता जुइकरा, खंडरक्ख - इत्थीचोर - पुरिसचोर - संधिच्छेया य, गंठि भेदग-परधणहरण-लोमावहारा, अक्खेवी हडकारका, निम्मदग-गूढचोरक-गोचोरक-अस्सचोरक-दासिचोरा य, एकचोरा उकड्ढक संपदायक-उच्छिंपक-सत्थघायक- बिलचोरीकारका य, निग्गाहविप्पलुंपगा, बहुविह– तेणिक्कहरण बुद्धी एए अन्ने य एवमाई परस्स दव्वाहिं जे अविरया।

–पण्ह. आ. ३, सु. ६२

जो लिए हुए ऋण को नहीं चुकाने वाले हैं, जो की हुई सन्धि शर्त शपथ को भंग करने वाले हैं, जो राजकोष आदि को लूट कर या अन्य प्रकार से राजा का अनिष्ट करने वाले हैं, देश निकाला दिए जाने के कारण जो जनता द्वारा बहिष्कृत हैं, घातक हैं या उपद्रव दंगा फसाद आदि करने वाले हैं, ग्रामघातक, नगरघातक, मार्ग में पथिकों को लूटने वाले या मार डालने वाले हैं, आग लगाने वाले हैं और तीर्थ यात्रियों से लूट खसोट करने वाले हैं, जो हाथ की सफाई दिखाने वाले हैं, सेंध खात खोदने वाले हैं, गांठ काटने वाले हैं, जो दूसरे के धन का हरण करने वाले हैं, निर्दयता पूर्वक मारने वाले अथवा आतंक फैलाने वाले हैं, वशीकरण आदि का प्रयोग करके धनादि का अपहरण करने वाले हैं, सदा दूसरों के उपमर्दक, गुप्तचोर, गौ-चोर, अश्व-चोर एवं दासी को चुराने वाले हैं, अकेले चोरी करने वाले, घर में से द्रव्य निकाल लेने वाले, चोरों को बुलाकर दूसरे के घर में चोरी करवाने वाले, चोरों की सहायता करने वाले, चोरों को भोजनादि देने वाले, उच्छिपक-छिपकर चोरी करने वाले, सार्थ-समूह को लूटने वाले, दूसरों को धोखा देने के लिए बनावटी आवाज में बोलने वाले, राजा द्वारा निगृहीत-दंडित एवं छलपूर्वक राजाज्ञा का उल्लंघन करने वाले, अनेकानेक प्रकार से चोरी करके दूसरे के द्रव्य हरण करने की बुद्धि वाले, ये सभी लोग और इन्हीं जैसे दूसरे के द्रव्य को ग्रहण करने के इच्छुक एवं परधन के लोलुपी, लालची और अन्यान्य लोग चौर्य कर्म में प्रवृत्त होते हैं।

३३. परधणगिद्धा रायाणं पवित्ति–

विपुलबलपरिग्गहा य बहवे रायाणो परधणम्मिगिद्धा सए य दव्वे असंतुट्ठा परविसए अभिहणंति, ते लुद्धा परधणस्सकज्जे चउरंगविभत्तबलसमग्गा, निच्छिय-वरजोह-जुद्ध सद्धिय-अहमहमिति-दप्पिएहिं सेन्नेहिं संपरिवुडा,

३३. परधन में आसक्त राजाओं की प्रवृत्ति–

इनके अतिरिक्त जो पराये धन में गृद्ध-आसक्त हैं और अपने द्रव्य से जिन्हें सन्तोष नहीं है ऐसे विपुल बल-सेना और परिग्रह-धनादि सम्पत्ति या परिवार वाले बहुत से राजा भी दूसरे-राजाओं के देश-प्रदेश पर आक्रमण करते हैं, वे लोभी राजा दूसरे के धनादि को हथियाने के उद्देश्य से रथसेना, गजसेना, अश्वसेना और पैदलसेना, इस प्रकार चतुरंगिणी सेना के साथ अभियान करते हैं, वे दृढ़ निश्चय वाले, श्रेष्ठ योद्धाओं के साथ युद्ध करने में विश्वास रखने वाले, "मैं पहले जूझूंगा", इस प्रकार के दर्प से परिपूर्ण सैनिकों से संपरिवृत-घिरे हुए होते हैं।

पउमपत्तसगड-सूइ-चक्क-सागर-गरुलबूहाइएहिं अणिएहिं उत्थरंता, अभिभूय हरंति परधणाइं।

वे कमलपत्र के आकार के पद्मपत्र व्यूह, बैलगाड़ी के आकार के शकटव्यूह, सूई के आकार के शूचीव्यूह, चक्र के आकार के चक्रव्यूह, समुद्र के आकार के सागरव्यूह और गरुड़ के आकार के गरुड़व्यूह जैसे नाना प्रकार के व्यूहों-मोर्चों की रचना करते हैं, इस

तरह नाना प्रकार की व्यूहरचना वाली सेना दूसरे विरोधी राजा की सेना को आक्रान्त करते हैं और पराजित करके दूसरे की धन सम्पत्ति को हरण कर लेते हैं।

अवरे रणसीसलद्धलक्खा संगामंमि अइवयंति, सन्नद्ध-बद्ध-परियर-उप्पोलिय चिंधपट्टगहियाउहपहरणा, माढिवरवम्मगुंडिया आविद्धलालिका कवयकंकडइया।

दूसरे कोई-कोई नृपतिगण युद्धभूमि में अग्रिम पंक्ति में लड़कर लक्ष्य विजय प्राप्त करने वाले कमर कसे हुए और विशेष प्रकार के परिचयसूचक चिन्हपट्ट मस्तक पर बांधे हुए, अस्त्र-शस्त्रों को धारण किए हुए, प्रतिपक्ष के प्रहार से बचने के लिए ढाल से और उत्तम कवच से शरीर को वेष्टित किए हुए, लोहे की जाली पहने हुए, कवच पर लोहे के कांटे लगाए हुए,

उर-सिर-मुहबद्ध-कंठ-तोण-माइत-वर-फलगरचीय-पहकर-सरह-सरवर-चावकर-करंछिय-सुनिसिय-सरवरिस-चडकर-मुयंत-घण-चंड-वेग-धारानिवाय- मग्गे।

वक्ष स्थल के साथ ऊर्ध्वमुखी बाणों की तुणीर–बाणों की थैली कंठ में बांधे हुए, हाथों में पाश-तलवार आदि शस्त्र और ढाल लिए हुए, सैन्यदल की रणोचित रचना किए हुए, कठोर धनुष को हाथों में पकड़े हुए, हर्षयुक्त हाथों से-बाणों को खींचकर की जाने वाली प्रचण्ड वेग से बरसती हुई मूसलाधार वर्षा के गिरने से जहां मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

अणेगधणु-मंडलग्ग-संधित-उच्छलिय-सत्ति-सूल-कणग-वामकर-गहिय-खेडग-निम्मल-निकिट्ठ खग्ग-पहरंत कोंत-तोमर-चक्क-गया-परसु-मूसल-लंगल-सूल-लउल-भिंडिमाल-सब्बल-पट्टिस-चम्मेट्ठ-दुघण-मोट्ठिय मोग्गर-वरफलिह-जंत-पत्थर-दुहण-तोण-कुवेणी-पीढकलिय-ईली-पहरण मिलिमिलिमिलंत-खिप्पंत विज्जुज्जल-विरचियं-समप्पहा-णभतले।

ऐसे युद्ध में अनेक धनुषों, दुधारी तलवारों, फेंकने के लिए निकाले गए त्रिशूलों, बाणों, बाएं हाथों में पकड़ी हुई ढालों, म्यान से निकाली हुई चमकती तलवारों, प्रहार करते हुए भालों, तोमर नामक शस्त्रों, चक्रों, गदाओं, कुल्हाड़ियों, मूसलों, हलों, शूलों, लाठियों, भिंडमालों, शब्बलों-लोहे के वल्लमों, पट्टिस नामक शस्त्रों, पत्थरों, हथौड़ों, दुघणों-विशेष प्रकार के भालों, मौष्ठिकों-मुट्ठी में आ सकने वाले एक प्रकार के शस्त्रों, मुद्गरों, प्रबल आगलों, गोफणों, दुहणो (कर्करों) बाणों के तुणीरों, कुवेणियों-नालदार बाणों एवं आसन नामक शस्त्रों से सज्जित तथा दुधारी तलवारों और चमचमाते शस्त्रों को आकाश में फेंकने से आकाशतल बिजली के समान उज्ज्वल प्रभा वाला हो जाता है।

फुडपहरणे, महारण-संख-भेरि-दुंदुभि-वर-तूर-पउर-पडु-पडहाहय - णिणाय - गंभीर णंदित्त- पक्खुभिय- विपुलघोसे।

उस संग्राम में प्रकट रूप से शस्त्र प्रहार होता है, महायुद्ध में बजाये जाने वाले शंखों-भेरियों उत्तम वाद्यों अत्यन्त स्पष्ट ध्वनि वाले ढोलों के बजने के गंभीर आघोष से वीर पुरुष हर्षित होते हैं और कायर पुरुषों को क्षोभ-घबराहट होती है, भय से पीड़ित होकर कांपने लगते हैं, इस कारण युद्धभूमि में होहल्ला होता है।

हय-गय-रह-जोह-तुरिय पसरिय रहुद्ध तवमंधकार बहुले, कायर-नर-णयण हियय वाउलकरे।

–पण्ह. आ. ३, सु. ६३-६४

घोड़े, हाथी, रथ और पैदल सेनाओं के शीघ्रतापूर्वक चलने से चारों ओर फैली उड़ी हुई धूल के कारण वहां सघन अंधकार व्याप्त रहता है जो कायर नरों के नेत्रों एवं हृदयों को आकुल-व्याकुल बना देता है।

३४. जुद्धखेत्तस्स बीभच्छत्ता–

विलुलिय-उक्कड-वरमउड-तिरीड-कुंडलोड्डदामा-डोविया-पागड-पडाग-उसियज्झय-वेजयंति-चामर-चलंत-छत्तंधकार-गंभीरे।

३४. युद्ध क्षेत्र की बीभत्सता–

ढीले होने के कारण चंचल एवं उन्नत मुकुटों, कुण्डलों तथा नक्षत्र नामक आभूषणों की उस युद्ध में जगमगाहट होती है। स्पष्ट दिखाई देने वाली पताकाओं–ऊपर फहराती हुई ध्वजाओं, विजय को सूचित करने वाली वैजयन्ती पताकाओं तथा चंचल हिलते-डुलते चामरों और छत्रों से होने वाले अन्धकार के कारण वह गंभीर प्रतीत होता है।

हयहेसिय-हत्थिगुलुगुलाइय-रहघणघणाइय-पाइक्क-हरहराइय-अप्फोडिय-सीहनाय-छेलिय-विघुट्ट-उक्किट्ठ-कंठ गयसद्द-भीम-गज्जिए।

अश्वों की हिनहिनाहट से, हाथियों की चिंघाड़ से, रथों की घनघनाहट से, पैदल सैनिकों की हर-हराहट से, तालियों की गड़गड़ाहट से, सिंहनाद की ध्वनियों से, सीटी बजाने जैसी आवाजों से, जोर जोर की चिल्लाहट और किलकारियों से तथा एक साथ उत्पन्न होने वाली हजारों कंठों की ध्वनि से वहां भयंकर गर्जनाएं होती हैं।

सयराह-हसंत-रूसंत-कलकलारवे, आसुणियवयणरुद्दे, भीम दसणाधरोट्ठ-गाढदट्ठे, सप्पहरणुज्जयकरे।

उसमें एक साथ हंसने रोने और कराहने के कारण कलकल ध्वनि होती रहती है, मुंह फुलाकर आंसू बहाते हुए बोलने के कारण वह रौद्र होता है, उस युद्ध में भयानक दांतों से होठों को जोर से काटने वाले योद्धाओं के हाथ अचूक प्रहार करने के लिए उद्यत रहते हैं।

अमरिसवस-तिव्वरत्त निद्दारितच्छे, वेरदिट्ठिकुद्ध-चिट्ठिय- तिवलीकुडिल-भिउडिकय- निलाडे।

क्रोध की तीव्रता के कारण योद्धाओं के नेत्र रक्तवर्ण और तरेरते हुए होते हैं, वैरमय दृष्टि के कारण क्रोधपरिपूर्ण चेष्टाओं से उनकी भौंहें तनी रहती हैं और इस कारण उनके ललाट पर तीन सल पड़े हुए होते हैं।

वह-परिणय-नरसहस्स-विक्कमे वियंभियबले, वग्गंत-तुरग-रह-पहाविय-समरभडा आवडिय-छेय-लाघव-पहार-पसाधिय-समुस्सिय-बाहु-जुयल-मुक्कट्टहास-पुक्कंतबोलबहुले।

उस युद्ध में मार-काट करते हुए हजारों योद्धाओं के पराक्रम को देख कर सैनिकों के पौरुष-पराक्रम की वृद्धि हो जाती है। हिनहिनाते हुए अश्व और रथों द्वारा इधर-उधर भागते हुए युद्धवीरों तथा शस्त्र चलाने में कुशल और सधे हुए हाथों वाले सैनिक हर्ष-विभोर होकर दोनों भुजाएं ऊपर उठाकर खिलखिलाकर किलकारियां मारते हैं।

फुरफलगावरण-गहिय-गयवर-पत्थित दरिय- भड-खल-परोप्पर-पलग्ग-जुद्ध-गव्विय-विउसित-वरासि-रोस-तुरिय-अभिमुह-पहरंत-छिन्न-करिकर-विभंगियकरे।

चमकती हुई ढालें एवं कवच धारण किए हुए मदोन्मत्त हाथियों पर आरूढ़ प्रस्थान करते हुए योद्धा शत्रुयोद्धाओं के साथ परस्पर जूझते हैं तथा युद्धकला में कुशलता के कारण अहंकारी योद्धा अपनी-अपनी तलवारें म्यानों में से निकालकर फुर्ती के साथ रोषपूर्वक परस्पर एक दूसरे पर प्रहार करते हैं, हाथियों की सूड़ें काट रहे होते हैं, जिससे उनके भी हाथ कट जाते हैं।

अवइद्ध-निसुद्ध-भिन्न फालिय-पगलिय-रुहिरकय-भूमि-कद्दम-चिलिचिल्लपहे।

ऐसे भयावह युद्ध में मुद्गर आदि द्वारा मारे गए, काटे गए या फाड़े गए हाथी आदि पशुओं और मनुष्यों के बहते हुए रुधिर के कीचड़ से युद्धभूमि मार्ग लथपथ हो रहे होते हैं।

कुच्छि-दालिय-गलिय-रुलंत-निब्भेलितंत-फुरफुरंत अविगल-मम्माहय-विकय-गाढदिन्नपहारमुच्छित-लुठंत बेंभल-विलाव-कलुणे।

कूंख के फट जाने से भूमि पर बिखरी हुई एवं बाहर निकली हुई आंतों से रक्त प्रवाहित होता रहता है तथा तड़फड़ाते हुए विकल, मर्माहत बुरी तरह से कटे हुए प्रगाढ़ प्रहार से बेहोश हुए इधर-उधर लुढकते हुए विह्वल मनुष्यों के विलाप के कारण वह युद्ध बड़ा ही करुणाजनक होता है।

हयजोह-भमंत-तुरग-उद्दाम-मत्तकुंजर-परिसंकित-जण-निब्बुक्क छिन्नधय-भग्गरहवर-नट्ठसिर-करिक-लेवराकिन्न-पतितपहरण-विकिन्नाभरण-भूमिभागे।
नच्चंत-कबंध-पउर-भयंकर-वायस-परिलेंत-गिद्धमंडल-भमंत-छायंधकारगंभीरे।

उस युद्ध में मारे गए योद्धाओं के इधर-उधर भटकते घोड़े मदोन्मत्त हाथी और भयभीत मनुष्य मूल से कटी हुई ध्वजाओं वाले टूटे-फूटे रथ, मस्तक कटे हुए हाथियों के धड़ कलेवर, विनष्ट हुए शस्त्रास्त्र और बिखरे हुए आभूषण इधर-उधर बिखरे हुए होते हैं, नाचते हुए बहुसंख्यक धड़ों सिर रहित कलेवरों-पर काक और गीध मंडराते रहते हैं, इन काकों और गिद्धों के जब झुंड के झुंड घूमते हैं तब उनकी छाया के अन्धकार के कारण वह युद्ध भूमि गम्भीर बन जाती है।

वसुवसुहाविकंपितव्व पच्चक्खपिउवणं परमरुद्द बीहणगं दुप्पवेसतरंगं अभिवयंति संगामसंकडं परधणं महंता।

ऐसे भयावह-घोरातिघोर संग्राम में नृपतिगण स्वयं प्रवेश करते हैं– केवल सेना को ही युद्ध में नहीं झोंकते, देव-देवलोक और पृथ्वी को विकसित करते कंपाते हुए, दूसरे के धन की कामना करने वाले वे राजा साक्षात् श्मशान के समान अतीव रौद्र होने के कारण भयानक और जिसमें प्रवेश करना अत्यन्त कठिन है ऐसे संग्राम रूप संकट में चल कर अथवा आगे होकर प्रवेश करते हैं।

अवरे पाइक्कचोरसंधा सेणावइ चोरवंदपागड्ढिका य अडवीदेसदुग्गवासी काल-हरित-रत्त पीत-सुक्किल्ल-अणेगसय-चिंधपट्टबद्धा परविसये अभिहणंति, लुद्धा धणस्स कज्जे। –पण्ह. आ. ३, सु. ६५-६६

इनके अतिरिक्त भी पैदल चल कर चोरी करने वाले चोरों के समूह होते हैं, कई ऐसे चोर सेनापति भी होते हैं जो चोरों को प्रोत्साहित करते हैं, चोरों के समूह दुर्गम अटवी-प्रदेश में रहते हैं, उनके काले, हरे, लाल, पीले और श्वेत रंग के सैकड़ों चिन्ह होते हैं, जिन्हें वे अपने मस्तक पर लगाते हैं। पराये धन के लोभी वे चोर दूसरे प्रदेश में जाकर धन का अपहरण करने के लिए मनुष्यों का घात करते हैं।

३५. सामुद्दिय तक्करा–

रयणागरसागरं उम्मीसहस्समालाउलाकुल-वितोयपोत-कलकलेंतकलियं पायालसहस्स-वायवसवेग- सलिल-उद्धममाण दगरय-रयंधकारं।

३५. सामुद्रिक तस्कर–

(इन चोरों के सिवाय कुछ अन्य प्रकार के लुटेरे भी होते हैं, जो धन के लालच में फंसकर समुद्र में लूटमार करते हैं) वे लुटेरे रत्नों के आकर-खान, समुद्र में चढ़ाई करते हैं, जो सहस्रों तरंग-मालाओं से व्याप्त होता है, पेय जल के अभाव में जहाज के आकुल-व्याकुल मनुष्यों की कल-कल-ध्वनि से युक्त होता है, सहस्रों पाताल-कलशों की वायु के क्षुब्ध हो जाने से तेजी से ऊपर उछलते हुए जलकणों की रज से अंधकारमय बना हुआ होता है।

वरफेणपउरधवल-पुलंपुलसमुट्ठियट्ट हासं, मारुय-विच्छभमाणपाणियं जलमालुप्पीलहुलियं।

निरन्तर प्रचुर मात्रा में उठने वाले श्वेतवर्ण के फेन ही मानों उसका अट्टहास है। वहां पवन के प्रबल थपेड़ों से जल क्षुब्ध होता-रहता है। वहां जल की तरंग मालाएं तीव्र वेग के साथ तरंगित होती हैं,

अवि य समंतओ खुभिय-लोलिय-खोखुब्भमाण-पक्खलिय-चलिय-विउलजल-चक्कवाल-महानईवेगतुरियं आपूरमाणा-गंभीर-विपुल-आवत्त-चवल-भममाण-गुप्पमाणुच्छलंत-पच्चोणियत्त-पाणिय-पधाविय-खर-फरुस-पयंड-वाउलिय-सलिल-फुट्टंत-वीतिकल्लोल- संकुलं।

इसके अतिरिक्त चारों और तूफानी हवाएं उसे क्षुभित करती-रहती हैं, जो तट के साथ टकराते हुए जल-समूह तथा मगर-मच्छ आदि जलीय जन्तुओं के कारण अत्यन्त चंचल रहता है। बीच-बीच में उभरे हुए पर्वतों के साथ टकराने वाले एवं बहते हुए अथाह जल-समूह से युक्त है, गंगा आदि महानदियों के वेग से जो शीघ्र ही लबालब भर जाने वाला है, जिसके गंभीर एवं अथाह भंवरों में जलजन्तु अथवा जलसमूह चपलतापूर्वक भ्रमण करते हुए व्याकुल होकर ऊपर-नीचे उछलते हैं और जो वेगवान् अत्यन्त प्रचण्ड क्षुब्ध हुए जल में से उठने वाली लहरों से व्याप्त है,

महामगर मच्छ-कच्छभोहार-गाह-तिमि-सुंसुमार-सावय-समाहय-समुद्धायमाणकपूर घोरपउरं,

महाकाय मगर-मच्छों, कच्छपों, ओहार नामक जल जन्तुओं, घड़ियालों बड़ी मछलियों सुंसुमारों एवं श्वापद नामक जलीय जीवों के परस्पर टकराने तथा एक दूसरे को निगल जाने के लिए दौड़ने से वह समुद्र अत्यन्त घोर-भयावह होता है,

कायरजण-हिययकंपणं, घोरमारसंतं, महब्भयं, भयंकरं-पइभयं, उत्तासणगं, अणोरपारं आगासं चेव निरवलंबं,

जिसे देखते ही कायर-जनों का हृदय कांप उठता है, अतीव भयानक और प्रतिक्षण भय उत्पन्न करने वाला है, अतिशय उद्वेग का जनक है जिसका आर-पार कहीं दिखाई नहीं देता है, जो आकाश के सदृश आलंबनहीन है अर्थात् समुद्र में जिसका कोई सहारा नहीं है।

उप्पायण-पवण-धणिय-नोल्लिय-उवरूवरी-तरंग-दरिय-अइवेयवेगचक्खु पहमुच्छरंतं।

उत्पात से उत्पन्न होने वाले पवन से प्रेरित और ऊपराऊपरी एक के बाद दूसरी गर्व से इठलाती हुई लहरों के वेग से जो नेत्रपथ-नजर को आच्छादित कर देता है।

कत्थइ गंभीर-विपुलगज्जिय-गुंजिय-निग्घाय-गरुय- निवतित-सुदीह-नीहारि-दूरसुव्वंत-गंभीर-धुगधुगंत-सद्दं,

उस समुद्र में कहीं कहीं गंभीर मेघगर्जना के समान गूंजती हुई, व्यन्तर देवकृत घोर ध्वनि के सदृश तथा उस ध्वनि से उत्पन्न होकर दूर दूर तक सुनाई देने वाली प्रतिध्वनि के समान गम्भीर और धुक् धुक् करती ध्वनि सुनाई पड़ती है।

पडिपह रुंभंत,-जक्ख-रक्खस-कुहंड-पिसाय-रूसिय-तज्जाय- उवसग्ग-सहस्स-संकुलं।

प्रतिपथ प्रत्येक प्रसंग में रुकावट डालने वाले यक्ष, राक्षस, कूष्माण्ड एवं पिशाच जाति के कुपित व्यन्तर देवों के द्वारा उत्पन्न किए जाने वाले हजारों उपद्रवों से परिपूर्ण है।

बहुप्पाइयभूयं विरचिय बलि-होम-धूम-उपचार दिन्न-रुधिर-च्चणाकरण-पयतजोग-पययचरियं,

जो बलि, होम और धूप देकर की जाने वाली देवता की पूजा और रुधिर देकर की जाने वाली अर्चना में प्रयत्नशील एवं सामुद्रिक व्यापार में निरत नौका-वणिकों द्वारा सेवित है।

परियंत जुगंत-काल-कप्पोवमं-दूरंतं-महानई-नईवइ महाभीम-दरिसणिज्जं, दुरणुच्चरं, विसमप्पदेसं, दुक्खुत्तारु, दुरासयं, लवणसलिलपुण्णं,

जो कलिकाल-अन्तिम युग अर्थात् प्रलयकाल के कल्प के समान जिसका पार पाना कठिन है, जो गंगा आदि महानदियों का अधिपति है और देखने में अत्यन्त भयानक है जिसका पार करना बहुत ही कठिन है या जिसमें यात्रा करना अनेक संकटों से परिपूर्ण

असिय–सिय-समुसियगेहिं दच्छत्तरेहिं वाहणेहिं अइवइत्ता समुद्दमज्झे हणंति, गंतूण-जणस्स पोते परदव्वहरा नरा।

–पण्ह. आ. ३, सु. ६७

है, जिसमें प्रवेश पाना भी कठिन है, जिसके किनारे पहुंचना भी कठिन है, जिसका आश्रय लेना भी दुःखमय है और खारे पानी से परिपूर्ण होता है,

ऐसे समुद्र में अन्य के द्रव्य के अपहारक-डाकू ऊंचे किए हुए काले और श्वेत पालों वाले अति-वेगपूर्वक चलने वाले, पतवारों से सज्जित जहाजों द्वारा आक्रमण करके समुद्र के मध्य में जाकर सामुद्रिक व्यापारियों के जहाजों को नष्ट कर देते हैं।

३६. गामाइजणं अवहारगाणां चरिया–

णिरणुकंपा निक्कंखा गामागर-नगर-खेड-कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासम-णिगम जणवए ते य धणसमिद्धे हणंति।

थिरहियया य छिन्नलज्जा बंदिग्गह-गोग्गहे य गिण्हंति, दारुणमई निक्किवा निक्किया णियं हणंति, छिंदंति गेहसंधि।

निक्खित्ताणि य हरंति, धण-धन्न-दव्वजाय-जणवयकुलाणं णिग्घिणमई परस्स दव्वाहिं जे अविरया।

तहेव केइ अदिन्नादाणं गवेसमाणा कालाकालेसु संचरंता चियकापज्जलिय-सरस-दरदड्ढ-कड्ढिय-कलेवरे,

रुहिरलित्त वयण-अक्खय खात्तिय-पीत-डाइणि-भमंत-भयंकरे,

जंबुयक्खिक्खियंते,
घूयकयघोर सद्दे,
वेयालुट्ठिय निसुद्ध-कहकहिय-पहसिय-बीहणक-निरभिरामे, अतिदुब्भिगंध-बीभच्छ-दरिसणिज्जे,

"सुसाण-वण-सुन्नघर-लेण-अंतरावण गिरिकंदर- विसम-सावयकुलासु वसहीसु किलिस्संता,

सीयातव-सोसिय–सरीरा, दड्ढच्छवी,

निरय- तिरियभव- संकड-दुक्खसंभार-वेयणिज्जाणि, पावकम्माणि संचिणंता,

दुल्लह-भक्खऽन्न पाण-भोयणा,

पिवासिया, झुंझिया किलंता, मंस-कुणिम-कंद-मूलजं, किंचिकयाहारा,

३६. ग्रामादिजनों के अपहारकों की चर्या–

जिनका हृदय अनुकम्पा-दया से शून्य है, जो परलोक की परवाह नहीं करते, ऐसे लोग धन से समृद्ध ग्रामों, आकरों, नगरों, खेटों, कर्बटों, मडम्बों, पत्तनों, द्रोणमुखों, आश्रमों, निगमों एवं देशों को नष्ट कर देते हैं।

वे कठोर हृदय वाले या निहित स्वार्थ वाले निर्लज्ज लोग मानवों को बन्दी बनाकर अथवा गायों आदि को बांध कर ले जाते हैं, दारुण मति वाले निर्दय या निकम्मे अपने आत्मीय जनों का भी घात करते हैं, वे गृहों की सन्धि को छेदते हैं अर्थात् सेंध लगाते हैं।

जो दूसरे के द्रव्यों से विरत-निवृत्त नहीं है, ऐसे निर्दय बुद्धि वाले-वे चोर लोगों के घरों में रखे हुए धन, धान्य एवं अन्य प्रकार के द्रव्य के समूहों को हर लेते हैं।

इसी प्रकार कितने ही चोर अदत्तादान की गवेषणा-खोज करते हुए काल और अकाल में इधर उधर भटकते हुए ऐसे श्मशान में फिरते हैं।

जहां चिताओं में जलती हुई रुधिर आदि से युक्त, अधजली एवं खींच ली गई लाशें पड़ी हैं, रक्त से लथपथ मृत शरीरों को पूरा खा लेने और रुधिर पी लेने के पश्चात् इधर उधर फिरती हुई डाकिनों के कारण जो अत्यन्त भयावह जान पड़ता है।

जहां जम्बुक गीदड़ खीं-खीं ध्वनि कर रहे हैं,

उल्लुओं की डरावनी आवाज आ रही है।

भयोत्पादक एवं विद्रूप पिशाचों द्वारा ठहाका मार कर हंसने से जो अतिशय भयावना एवं अरमणीय हो रहा है और तीव्र दुर्गन्ध से व्याप्त एवं घिनौना होने के कारण देखने में जो भीषण जान पड़ता है।

ऐसे श्मशानों, वनों, सूने घरों, लयनों-शिलामय गृहों, बनी हुई दुकानों, पर्वतों की गुफाओं, विषम-ऊबड़ खाबड़ स्थानों और सिंह बाघ आदि हिंस्र प्राणियों से व्याप्त स्थानों में क्लेश भोगते हुए इधर-उधर मारे-मारे भटकते हैं।

उनके शरीर की चमड़ी शीत और उष्ण से शुष्क हो जाती है। सर्दी गर्मी की तीव्रता को सहन करने के कारण उनकी चमड़ी कड़ी हो जाती है या चेहरे की कान्ति मन्द पड़ जाती है।

वे नरकभव और तिर्यञ्च भव रूपी गहन वन में होने वाले निरन्तर दुःखों की अधिकता द्वारा भोगने योग्य पापकर्मों का संचय करते हैं।

जंगल में इधर-उधर भटकते छिपते रहने के कारण उन्हें खाने योग्य अन्न और जल भी दुर्लभ होता है।

कभी प्यास से पीड़ित रहते हैं, भूखे रहते हैं, थके रहते हैं और कभी कभी मांस शव-मुर्दा, कभी कन्दमूल आदि जो कुछ भी मिल जाता है उसी को खा लेते हैं।

उव्विग्गा, उप्पुया उस्सुया असरणा अडवी वासं उवेंति बालसयसंकणिज्जं,

वे निरन्तर उद्विग्न-चिन्तित-घबराए हुए रहते हैं, इधर उधर सदैव भागते-रहते हैं, सदैव उत्कंठित रहते हैं, उनका कोई शरण रक्षक नहीं होता, एक स्थान पर नहीं टिकने के कारण सैकड़ों सर्पों-अजगरों, भेड़ियों, सिंह, व्याघ्र आदि के भय से व्याप्त जंगलों में रहते हैं।

अयसकरा तक्करा भयंकरा ''कस्स हरामो'' त्ति अज्जदव्वं इइ सामत्थं करेंति गुज्झं,
बहुयस्स जणस्स कज्जकरणेसु विग्घकरा,
मत्त-पमत्त-पसुत्त-वीसत्थ-छिद्दघाई,

वे अकीर्त्तिकर भयंकर तस्कर ऐसी गुप्त मंत्रणा करते रहते हैं कि 'आज किसके द्रव्य का अपहरण करें।'
वे बहुत-से मनुष्यों के कार्य करने में विघ्नकारी होते हैं।
वे मत्त-नशा के कारण बेभान, प्रमत्त, बेसुध सोए हुए और विश्वास रखने वाले लोगों का अवसर देखकर घात कर देते हैं।

वसणब्भुदएसु हरणबुद्धी,

वे व्यसन-संकट-विपत्ति और अभ्युदय-हर्ष आदि के प्रसंगों में चोरी करने की बुद्धि वाले होते हैं।

विगव्व रुहिरमहिया परंति,

वृक-भेड़ियों की तरह रुधिर पिपासु होकर इधर-उधर भटकते रहते हैं।

नरवइमज्जायमइक्कंता सज्जण-जण-दुगंछिया, सकम्मेहिं पावकम्मकारी असुभपरिणया य दुक्ख-भागी,

वे राजाओं-राज्यशासन की मर्यादाओं का अतिक्रमण करने वाले, सज्जन पुरुषों द्वारा निन्दित एवं पापकर्म करने वाले-चोर अपनी ही करतूतों के कारण अशुभ परिणाम वाले और दुःख के भागी होते हैं।

निच्चाविल-दुहमनिव्वुइमणा इह लोगे चेव किलिस्संता परदव्वहरा नरा वसणसयसमावन्ना।

–पण्ह. आ. ३, सु. ६८-७०

वे सदैव मलिन, दुःखमय अशान्तियुक्त चित्त वाले, दूसरे के द्रव्य को हरण करने वाले, इसी भव में सैकड़ों कष्टों से घिर कर क्लेश पाते हैं।

३७. अदिण्णादाणस्स दुपरिणामं–

३७. अदत्तादान के दुष्परिणाम–

तहेव केइ परस्स दव्वं गवेसमाणा गहिया य हया य बद्धरुद्धा य तुरियं अइ घाडिया, पुरवरं समप्पिया,

इसी प्रकार दूसरे के धन की खोज में फिरते हुए कई चोर (आरक्षकों द्वारा) पकड़े जाते हैं और उन्हें मारा-पीटा जाता है, बन्धनों से बांधा जाता है और कारागार में कैद किया जाता है। उन्हें तेजी से खूब घुमाया जाता है, बड़े नगरों में पहुंचा कर उन्हें रक्षक आदि अधिकारियों को सौंप दिया जाता है।

चोरग्गह-चार-भड-चाडुकराणं तेहि य कप्पडप्पहार- निद्दय-आरक्खिय-खर-फरुस-वयण तज्जण- गलच्छल्लुछल्लणाहिं विमणा,

तत्पश्चात् चोरों को पकड़ने वाले, चौकीदार, गुप्तचर चाटुकार-उन्हें कारागार में ठूंस देते हैं। कपड़े के चाबुकों के प्रहारों से, निर्दयी आरक्षकों के तीक्ष्ण एवं कठोर वचनों से तथा गर्दन पकड़कर धक्के देने से उनका चित्त खेदखिन्न होता है।

चारगवसहिं पवेसिया निरय वसहि सरिसं।

उन चोरों को नरकावास के समान कारागार में जबर्दस्ती घुसेड़ दिया जाता है।

तत्थवि गोमिय-प्पहार-दूमण-निब्भच्छण-कडुयवयण- भेसणग भयाभिभूया, अक्खित्तनियंसणा मलिण डंडिखंड-वसणा, उक्कोडा,

वहां भी वे कारागार के अधिकारियों द्वारा विविध प्रकार के प्रहारों, अनेक प्रकार की यातनाओं, तर्जनाओं, कटुवचनों एवं भयोत्पादक वचनों से भयभीत होकर दुखी बने रहते हैं। उनके पहनने-ओढ़ने के वस्त्र छीन लिये जाते हैं। वहां उनको मैले-कुचैले फटे वस्त्र पहनने को मिलते हैं।

लंच-पास-मग्गण परायणेहिं दुक्खसमुदीरणेहिं गोम्मियभडेहिं विविहेहिं बंधणेहिं बज्झंति।

बारंबार उन कैदियों (चोरों) से लांच-रिश्वत मांगने में तत्पर कारागार के रक्षकों द्वारा अनेक प्रकार के दुःखोत्पादक बन्धनों में बांध दिये जाते हैं।

प. किं ते ?

प्र. वे बंधन कौन से हैं ?

उ. हडि-निगड-बालरज्जुय-कुदंडग-वरत्त लोहसंकल-हत्थंदुय-बज्झपट्ट-दामक-निक्कोडणेहिं

उ. (वे बंधन इस प्रकार के हैं–) हडि खोड़ा या काष्ठमय बेड़ी, जिसमें चोर का एक पांव फंसा दिया जाता है, लोहमय बेड़ी, बालों से बनी हुई रस्सी, जिसके किनारे पर रस्सी का फंदा बांधा जाता है ऐसा एक विशेष प्रकार का काष्ठ, चर्मनिर्मित मोटे रस्से, लोहे की सांकल, हथकड़ी, चमड़े का पट्टा, पैर

अन्नेहि य एवमाइएहिं गोम्मिय भंडोवकरणेहिं दुक्खसमुदीरणेहिं संकोडण-मोडणेहिं बज्झंति मंदपुन्ना।

बांधने की रस्सी तथा निष्कोडन-एक विशेष प्रकार का बन्धन, इन सब तथा इसी प्रकार के दुःखों को समुत्पन्न करने वाले कारागार रक्षक दुःखजनक साधनों द्वारा मंदभागी पापी चोरों को बांध कर पीड़ा पहुंचाते हैं और उन पापहीन पापी चोर कैदियों के शरीर को सिकोड़ कर और मोड़ कर जकड़ दिया जाता है।

संपुड-कवाड-लोहपंजर भूमिघरनिरोह-कूव-चारग-कीलग-जूय-चक्क-वितत-बंधण खंभालण-उद्धचलण बंधण विहम्मणाहि य विहेड-यंता।

कैद की कोठरी (काल-कोठड़ी) में डालकर किवाड़ बन्द कर देना, लोहे के पिंजरे में डाल देना, भूमिगृह-भोंयरे तलघर में बंद कर देना, कूप में उतारना, बंदीघर के सींखचों से बांध देना, अंगों में कीलें ठोक देना, (बैलों के कंधों पर रक्खा जाने वाला) जूवा उनके कंधे पर रख देना अर्थात् बैलों के स्थान पर उन्हें गाड़ी में जोत देना, गाड़ी के पहिये के साथ बांध देना, बाहों जांघों और सिर को कसकर बांध देना, खंभे से चिपटा देना, उल्टे पैर करके बांध देना इत्यादि बन्धनों से अधर्मी जेल-अधिकारियों द्वारा चोर बांधे जाते हैं और पीड़ित किये जाते हैं।

अवकोडग-गाढ उर-सिर-बद्ध-उद्धपूरित-फुरंत-उर कडगमोडणा मेडणाहिं बद्धा य नीससंता।

इसके साथ ही उन चोरी करने वालों की गर्दन नीची करके, छाती और सिर कस कर बांध दिया जाता है तब वे निश्वास छोड़ते हैं, उनकी छाती धक् धक् करती है, उनके अंग मोड़े जाते हैं, वे बारंबार उल्टे किये जाते हैं, वे अशुभ विचारों में डूबे रहते हैं और ठंडी श्वासें छोड़ते हैं।

सीसावेढ-उरू-यावल-चप्पडग-संधि-बंधण-तत्तस लागसूइय-कोडणाणि तच्छणविमाणणाणि य, खार कडुय-तित्त-नावण-जायणा।

कारागार के अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारी चमड़े की रस्सी से उनके मस्तक (कस कर) बांध देते हैं, दोनों जंघाओं को चीर देते हैं या मोड़ देते हैं। घुटने, कोहनी, कलाई आदि जोड़ों को काष्ठमय यन्त्र से बांध देते हैं। तपाई हुई लोहे की सलाइयों एवं सूईयां शरीर में चुभो देते हैं। वसूले से लकड़ी की भांति उनका शरीर छीलते हैं, मर्मस्थलों को पीड़ित करते हैं, लवण आदि क्षार पदार्थ नीम आदि कटुक पदार्थ और लाल मिर्च आदि तीखे पदार्थ उनके कोमल अंगों पर छिड़क देते हैं।

कारणसयाणि बहुयाणि पावियंता, उरक्खोडि-दिन्नगाढ-पेल्लण-अट्ठिक संभग्ग सुपंसुलिगा, गल-काल-कलोहदंड-उर-उदर-वत्थि-परिपीलिया, मच्छंत-हियय-संचुण्णियंगमंगा, आणत्तिकिंकरेहिं।

इस प्रकार वे पीड़ा पहुँचाने के सैकड़ों कारणों द्वारा बहुत-सी यातनाएं भोगते हैं तथा छाती पर काष्ठ रखकर जोर से दबाने अथवा मारने से उनकी हड्डियां भग्न हो जाती हैं, पसली-पसली ढीली पड़ जाती है। मछली पकड़ने के काँटे के समान घातक काले लोहे के नोकदार डंडे छाती, पेट, गुदा और पीठ में भौंक देने से वे अत्यन्त पीड़ा का अनुभव करते हैं। ऐसी-ऐसी यातनाएं पहुंचाने के कारण चोरी करने वालों का हृदय मथ दिया जाता है और उनके अंग-प्रत्यंग चूर-चूर हो जाते हैं।

केइ अविराहियवेरिएहिं जमपुरिससन्निहेहिं पहया।

कितने ही अपराध किये बिना ही वैरी बने हुए यमदूतों जैसे सिपाहियों या कारागार के कर्मचारियों द्वारा मारे पीटे जाते हैं।

ते तत्थ मंदपुण्णा चडवेला-वज्झपट्ट-पाराइं, छिव-कस-लत्त वरत्त नेत्तप्पहारसयतालियंगमंगा किवणा लंबंत-चम्म वण-वेयण-विमुहियमणा, घण कोट्टिम-नियल-जुयल-संकोडिय-मोडिया य कीरंति निरुच्चारा असंचरणा।

इस प्रकार वे अभागे मन्दपुण्य चोर वहां कारागार में थप्पड़ों मुक्कों, चर्मपट्टों, लोहे के कुशों, लोहमय तीक्ष्ण शस्त्रों, चाबुकों, लातों, मोटे रस्सों और बेतों के सैकड़ों प्रहारों से अंग-अंग को ताड़ना देकर पीड़ित किये जाते हैं। लटकती हुई चमड़ी पर हुए घावों की वेदना से उन बेचारे चोरों का मन उदास हो जाता है। लोहे के घनों से कूट-कूट कर बनायी हुई दोनों बेड़ियों को पहनाये रखने के कारण उनके अंग सिकुड़ जाते हैं, मुड़ जाते हैं और शिथिल पड़ जाते हैं, उनका मल-मूत्रत्याग भी रोक दिया जाता है, वे चल-फिर भी नहीं सकते।

एया अन्ना य एवमाइओ वेयणाओ पावा पावेंति।

–पण्ह. आ. ३, सु. ७१-७२

ये और इसी प्रकार की अन्यान्य वेदनाएं, वे चोरी करने वाले पापी लोग भोगते हैं।

३८. तक्कराणं दंडविही–

अदंतिदिया वसट्टा, बहुमोहमोहिया परधणंमि लुद्धा, फासिंदिय-विसयतिव्वगिद्धा, इत्थिगय-रूव-सद्द-रस-गंध-इट्ठ-रइ-महिय-भोगतण्हाइया य धणतोसगा गहिया य जे नरगणा

३८. तस्करों की दण्डविधि–

इनके अलावा जिन्होंने अपनी इन्द्रियों का दमन नहीं किया है, इन्द्रिय विषयों के वशीभूत हो रहे हैं, तीव्र आसक्ति के कारण हिताहित के विवेक से रहित बन गए हैं, परकीय धन में लुब्ध हैं, स्पर्शनेन्द्रिय के विषय में तीव्र रूप से गृद्ध आसक्त हैं, स्त्रियों के रूप, शब्द, रस और गंध में मनोनुकूल रति तथा भोग की तृष्णा से व्याकुल बने हुए हैं तथा केवल धन की प्राप्ति में ही सन्तोष मानने वाले हैं,

पुणरवि ते कम्मदुव्वियद्धा उवणीया रायकिंकराणं तेसिं वहसत्थगपाढयाणं विलउलीकारगाणं लंचसय-गेण्हकाणं, कूड - कवड - माया - नियडि - आयरण - पणिहि - वंचण-विसारयाणं, बहुविह अलियसयजंपकाणं, परलोकपरंमुहाणं, निरयगइगामियाणं।

ऐसे मनुष्यगण-चोर राजकीय पुरुषों द्वारा पकड़ लिए जाते हैं और फिर पाप कर्म के परिणाम को नहीं जानने वाले, वध की विधियों को गहराई से समझने वाले, अन्याययुक्त कर्म करने वाले या चोरों को गिरफ्तार करने में चतुर, चोर अथवा लम्पट को तत्काल पहचानने वाले, सैकड़ों बार लांच-रिश्वत लेने वाले, झूठ, कपट, माया, निकृति वेष परिवर्तन आदि करके चोर को पकड़ने तथा उससे अपराध स्वीकार कराने में अत्यन्त कुशल नरकगतिगामी, परलोक से विमुख एवं अनेक प्रकार से सैकड़ों असत्य भाषण करने वाले राज किंकरों-सरकारी कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित कर दिये जाते हैं।

तेहिय आणत्तजियदंडा तुरियं उग्घाडिया पुरवरे सिंघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह महापह पहेसु।

उन राजकीय पुरुषों द्वारा जिनको प्राणदण्ड की सजा दी गई है, उन चोरों को नगर में शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख, महापथ और पथ आदि स्थानों में जनसाधारण के सामने-प्रकट रूप में लाया जाता है।

वेत्त-दंड-लउड-कट्ठ-लेट्ठु-पत्थर-पणालि-पणोल्लि-मुट्ठि-लया-पादपण्हि-जाणु कोप्पर-पहार-संभग्गं- महियगत्ता।

तत्पश्चात् बेतों से, डंडों से, लाठियों से, लकड़ियों से, ढेलों से, पत्थरों से, लम्बे लट्ठों से, पणोल्लि-एक विशेष प्रकार की लाठी से, मुक्कों से, लताओं से, लातों से, घुटनों से, कोहनियों से मार-मार कर उनके अंग-भंग कर दिए जाते हैं और उनके शरीर को मथ दिया जाता है।

अट्ठारस-कम्म-कारणा जाइयंगमंगा कलुणा, सुक्कोट्ठ-कंठ-गलक-तालु जीहा जायंता पाणीयं विगयजीवियासा तण्हाइया, वरागा तं पि य ण लभंति वज्झपुरिसेहिं घाडियंता।

अठारह प्रकार के चोरों एवं चोरी के प्रकारों के कारण उनके अंग-भंग पीड़ित कर दिये जाते हैं, उनकी दशा अत्यन्त करुणाजनक होती है। उनके ओष्ठ, कण्ठ, गला, तालु और जीभ सूख जाती है, जीवन की आशा नष्ट हो जाती है। वे बेचारे प्यास से पीड़ित होकर पानी मांगते हैं तो वह भी उन्हें नहीं मिलता, वहां कारागार में वध के लिए नियुक्त पुरुष उन्हें धकेल कर या घसीट कर ले जाते हैं।

तत्थ य खर-फरुस-पडह-घट्टिय-कूडग्गह-गाढ-रुट्ठ-निसट्ठ-परामुट्ठा, वज्झकरकुडिजुयनिवसिया, सुरत्त-कणवीर-गहिय-विमुकुल-कंठेगुण-वज्झदूय-आविद्धमल्ल-दामा, मरणभयुप्पण्ण-सेद-आयत्तणे, उत्तुपिय-किलिन्नगत्ता, चुण्ण गुंडिय-सरीर रयरेणु भरियकेसा कुसुंभ-गोकिन्न-मुद्धया, छिन्न जीवियासा घुन्नंता वज्झपाणिप्पाया।

अत्यन्त कर्कश पटह-ढोल बजाते हुए, राजकर्मचारियों द्वारा धकियाए जाते हुए तथा तीव्र क्रोध से भरे हुए राजपुरुषों के द्वारा फांसी या शूली पर चढ़ाने के लिए दृढ़तापूर्वक पकड़े हुए वे अत्यन्त ही अपमानित होते हैं, उन्हें प्राणदण्डप्राप्त मनुष्य के योग्य दो वस्त्र पहनाए जाते हैं, वध्यदूत सी प्रतीत होने वाली, शीघ्र ही मृत्यु दंड की सूचना देने वाली, गहरी लाल कनेर की माला उनके गले में पहनाई जाती है। मरण की भीति के कारण उनके शरीर से पसीना छूटता है, उस पसीने की चिकनाई से उनके अंग भीग जाते हैं, कोयले आदि के दुर्वर्ण चूर्ण से उनका शरीर पोत दिया जाता है। हवा से उड़कर चिपटी हुई धूलि से उनके केश रूखे एवं धूलभरे हो जाते हैं, उनके मस्तक के केशों को लाल रंग से रंग दिया जाता है, उनके जीने की आशा नष्ट हो जाती है, अतीव भयभीत होने के कारण वे डगमगाते हुए चलते हैं।

तिलं तिलं चेव छिज्जमाणा सरीरविक्किंत-लोहिओवलित्ता कागणि-मंसाणि-खावियंता।

उनके शरीर के तिल-तिल जितने छोटे-छोटे टुकड़े कर दिये जाते हैं, उन्हीं के शरीर में से काटे हुए और रुधिर से लिप्त मांस के छोटे-छोटे टुकड़े उन्हें खिलाए जाते हैं।

पावा खर-करसएहिं तालिज्जमाणदेहा, वातिकरनरना-रीसंपरिवुडा पेच्छिज्जंता य नगरजणेण वज्झनेवत्थिया पणिज्जंति नयरमज्झेण किवण-कलुणा, अत्ताणा असरणा अणाहा अबंधवा बंधु-विप्पहीणा विपिक्खिता, दिसोदिसिं

कठोर एवं कर्कश स्पर्श वाले पत्थर आदि से उन्हें पीटा जाता है। इस भयावह दृश्य को देखने के लिए उत्कंठित नर-नारियों की भीड़ से वे घिर जाते हैं। नागरिकजन उन्हें इस अवस्था में देखते हैं, मृत्युदण्ड प्राप्त कैदी की पोशाक उन्हें पहनाई जाती है और उन्हें नगर के बीचों-बीच से होकर ले जाया जाता है उस समय वे चोर अत्यन्त दयनीय दिखाई देते हैं। त्राणरहित, अशरण, अनाथ, बन्धु-बान्धवविहीन, भाई बंधुओं द्वारा परित्यक्त वे इधर-उधर दिशाओं में नजर डालते हैं।

मरणभयुव्विग्गा, आघायण-पडिदुवार-संपाविया अधन्ना सूलग्ग-विलग्ग-भिन्नदेहा।

और सामने उपस्थित मौत के भय से अत्यन्त घबराए हुए होते हैं। तत्पश्चात् उन्हें वधस्थल पर पहुंचा दिया जाता है और उन अभागों को शूली पर चढ़ा दिया जाता है, जिससे उनका शरीर चिर जाता है।

ते य तत्थ कीरंति परिकप्पिअंगमंगा।

वहां वध्यभूमि में उनके (किन्हीं-किन्हीं चोरों के) अंग-प्रत्यंग काट डाले जाते हैं–टुकड़े कर दिये जाते हैं।

उल्लविज्जंति रुक्खसालासु केइ कलुणाइं विलवमाणा।
अवरे चउरंगधणिय बद्धा।

किसी किसी को वृक्ष की शाखाओं पर टांग दिया जाता है, दीनता से विलाप करते हुए उनके चार अंगों अर्थात् दोनों हाथों और दोनों पैरों को कस कर बांध दिया जाता है।

पव्वयकडा पमुच्चंते दूरपाय-बहुविसमपत्थरसहा।

किन्हीं को पर्वत की चोटी से नीचे गिरा दिया जाता है, बहुत ऊंचाई से गिराये जाने के कारण उन्हें विषम-नुकीले पत्थरों की चोट सहन करनी पड़ती है।

अन्ने य गयचलण-मलण-निम्मद्दिया कीरंति।

किसी-किसी को हाथी के पैर के नीच कुचल कर कचूमर बना दिया जाता है।

पावकारी अट्ठारसखंडिया य कीरंति मुंडपरसुहिं।

उन चोरी करने वालों को कुंठित धार वाले कुल्हाड़ों आदि से अठारह स्थानों में खण्डित किया जाता है।

केइ उक्कत्त कन्नोट्ठ-नासा उप्पाडिय-नयण-दसण-वसणा।

कईयों के कान, आंख और नाक काट दिये जाते हैं तथा नेत्र दांत और वृषण-अंडकोश उखाड़ लिये जाते हैं।

जिब्भिंदियच्छिया।

जीभ खींच कर बाहर निकाल ली जाती है।

छिन्न कन्न सिरा पणिज्जंते छिज्जंते य असिणा निव्विसया छिन्न-हत्थ-पाया।

कान काट लिए जाते हैं, शिराएं काट दी जाती हैं फिर उन्हें वधभूमि में ले जाया जाता है, वहां तलवार से काट दिया जाता है, किन्हीं-किन्हीं चोरों के हाथ और पैर काट कर निर्वासित कर दिया जाता है।

पमुच्चंते य जावज्जीवबंधणा य कीरंति।

कई चोरों को आजीवन-मृत्युपर्यन्त कारागार में रखा जाता है।

केइ परदव्वहरणलुद्धा कारग्गल नियल-जुवल रुद्धा चारगाए हयसारा।

दूसरे के द्रव्य का अपहरण करने में लुब्ध कई चोरों को कारागार में सांकल बांध कर एवं दोनों पैरों में बेड़ियां डाल कर बन्द कर दिया जाता है, कारागार में बन्दी बनाकर उनका धन छीन लिया जाता है।

सयणविप्पमुक्का मित्तजणनिरक्खिया निरासा बहुजणधिक्कारसद्दलज्जाविया अलज्जा अणुबद्धखुहा पारद्धा सीउण्ह-तण्ह-वेयण-दुग्घट्ट-घट्ठिया विवन्नमुह-विच्छविया,

राजकीय भय के कारण कोई स्वजन उन चोरों से सम्बन्ध नहीं रखते, मित्रजन उनकी रक्षा नहीं करते, सभी के द्वारा वे तिरस्कृत होते हैं, अतएव वे सभी ओर से निराश हो जाते हैं। बहुत से लोग "धिक्कार है तुम्हें" इस प्रकार कहते हैं तो वे लज्जित होते हैं अथवा अपनी काली करतूत के कारण अपने परिवार को लज्जित करते हैं, उन लज्जाहीन मनुष्यों को निरन्तर भूखा मरना पड़ता है, चोरी के वे अपराधी सर्दी गर्मी और प्यास की पीड़ा से कराहते-चिल्लाते रहते हैं, उनका चेहरा सहमा हुआ और क्रान्तिहीन हो जाता है।

विहल-मलिन-दुब्बला किलंता कासंता वाहिया य आमाभिभूयगत्ता परुढ-नह-केस-मंसुरोमा छगमुत्तंमि णियगंमि खुत्ता।

तत्थेव मया अकामका बंधिऊण पादेसु कड्ढिया खाइआए छूढा।

तत्थ य विग-सुणग-सियाल-कोल-मज्जार वंद-संदंसग-तुंडपक्खिगण-विविहमुहसयल-विलुत्तगत्ता कय विहंगा।

केइ किमिणा य कुहियदेहा।

अणिट्ठवयणेहिं सप्पमाणा "सुट्ठ कयं जं मउत्ति पावो" तुट्ठेणं जणेणं हम्ममाणा लज्जावणका च होंति सयणस्स वि य दीहकालं। –पण्ह. आ. ३, सु. ७३-७५

वे सदा विह्वल या विफल, मलिन और दुर्बल बने रहते हैं। थके हारे या मुर्झाए रहते हैं, कोई-कोई खांसते हैं और अनेक रोगों व अजीर्ण से ग्रस्त रहते हैं। उनके नख, केश और दाढ़ी-मूंछों के बाल तथा रोम बढ़ जाते हैं, वे कारागार में अपने ही मल-मूत्र में लिप्त रहते हैं।

जब इस प्रकार की दुस्सह वेदनाएं भोगते-भोगते वे मरने की इच्छा न होने पर भी मर जाते हैं (तब भी उनकी दुर्दशा का अन्त नहीं होता) उनके शव के पैरों में रस्सी बांध कर कारागार से बाहर निकाला जाता है और किसी खाई गड्ढे में फैंक दिया जाता है।

तत्पश्चात् भेड़िया, कुत्ते, सियार, शूकर तथा संडासी के समान मुख वाले अन्य पक्षी अपने मुखों से उनके शव को नोच डालते हैं। कई शवों को पक्षी, गीध आदि खा जाते हैं।

कई चोरों के मृत कलेवर में कीड़े पड़ जाते हैं, उनके शरीर सड़ गल जाते हैं।

उसके बाद भी अनिष्ट वचनों से उनकी निन्दा की जाती है, उन्हें धिक्कारा जाता है कि–'अच्छा हुआ जो पापी मर गया अथवा मारा गया।' उसकी मृत्यु से सन्तुष्ट हुए लोग उसकी निन्दा करते हैं। इस प्रकार वे पापी चोर अपनी मृत्यु के पश्चात् भी दीर्घकाल तक अपने स्वजनों को लज्जित करते रहते हैं।

३९. तक्कराणं दुग्गइ परंपरा–

मयासंता पुणो परलोगसमावन्ना नरए गच्छंति, निरभिरामे अंगारपलित्तक-कप्प-अच्चत्थ सीयवेदन-अस्साउदिन्न सय य दुक्ख सय समभिहुए।

तओ वि उव्वट्टिया समाणा, पुणो वि पवज्जंति, तिरियजोणिं तहिं पि निरयोवमं अणुहवेंति वेयणं,

ते अणंतकालेणं जइ नाम कहिं वि मणुयभावं लभंति, णेगेहिं णिरयगइगमणतिरिय-भवसयसहस्स-परियट्टेहिं, तत्थ वि य भमंतऽणारिया नीचकुलसमुप्पण्णा, आरियजणेवि लोकबज्झा, तिरिक्खभूया य अकुसला-काम-भोगतिसिया, जहिं निबंधंति निरयवत्तणि-भवप्पवंच-करण पणोल्लि पुणो वि संसारावत्त-णेम-मूले।

धम्म-सुइ-विवज्जिया अणज्जा कूरा मिच्छत्त-सुइपवन्ना य होंति, एगंतदंडरुइणो,

वेढेंता कोसीकाकारकीडोव्व अप्पगं अट्ठ कम्मतंतुघण-बंधणेणं। –पण्ह. आ. ३, सु. ७६

३९. तस्करों की दुर्गति परंपरा–

(जीवन का अन्त होने पर) चोर परलोक को प्राप्त होकर नरक में उत्पन्न होते हैं। वे नरक निरभिराम हैं अर्थात् वहां कोई भी अच्छाई नहीं है और आग से जलते हुए घर के समान अतीव उष्ण वेदना वाले या अत्यन्त शीत वेदना वाले और (तीव्र) असातावेदनीय कर्म की उदीरणा के कारण सदैव सैकड़ों दुःखों से व्याप्त होते हैं।

(आयु पूरी करने के पश्चात्) नरक से उद्वर्तन करके अर्थात् निकल कर फिर तिर्यञ्चयोनि में जन्म लेते हैं। वहां भी वे नरक जैसी असातावेदना का अनुभव करते हैं।

उस तिर्यञ्चयोनिक में अनन्त काल भटकने के पश्चात् अनेक बार नरकगति और लाखों बार तिर्यञ्चगति में जन्म-मरण करते-करते यदि मनुष्यभव पा लेते हैं तो वहां पर वे अनार्यों और नीच कुल में उत्पन्न होते हैं कदाचित् आर्यकुल में जन्म मिल गया तो वहां भी लोकबाह्य-बहिष्कृत होते हैं। पशुओं जैसा जीवन-यापन करते हैं, कुशलता से रहित होते हैं अर्थात् विवेकहीन होते हैं, अत्यधिक कामभोगों की तृष्णा वाले और अनेकों बार नरक-भवों में पहले उत्पन्न होने के कुसंस्कारों के कारण नरकगति में उत्पन्न होने योग्य पापकर्म करने की प्रवृत्ति वाले होते हैं। जिससे संसारचक्र में परिभ्रमण कराने वाले अशुभ कर्मों का बन्ध करते हैं।

वे धर्मशास्त्र के श्रवण से वंचित रहते हैं, वे अनार्य-शिष्टजनोंचित आचार-विचार से रहित क्रूर नृशंस-निर्दय मिथ्यात्व के पोषक शास्त्रों को अंगीकार करते हैं। एकान्ततः हिंसा में ही उनकी रुचि होती है।

इस प्रकार रेशम के कीड़े के समान वे अष्टकर्म रूपी तन्तुओं से अपनी आत्मा को प्रगाढ़ बन्धनों से जकड़ लेते हैं और अनन्त काल तक इस प्रकार के संसार सागर में ही परिभ्रमण करते रहते हैं।

४०. संसार सागरस्स सरूवं–

एवं नरग-तिरिय-नर-अमर-गमण-पेरंत-चक्कवालं,

जम्म-जरा-मरण-करण-गंभीर-दुक्ख पक्खुभिय-पउर-सलिलं, संजोग-विओग-वीची,

चिंता-पसंग-पसरिय,
वह-बंध-महल्ल-विपुलकल्लोलं,
कलुण-विलविय लोभ-कल-कलिंत-बोल-बहुलं

अवमाणण फेणं।

तिव्व-खिंसण-पुलंपुल-प्पभूय-रोग-वेयण-पराभव-विणिवाय-फरुस धरिसण-समावडिय कठिणकम्म- पत्थरतरंग रंगंत-निच्चमच्चुभय-तोयपट्ठं

कसाय-पायाल-कलस-संकुलं,
भवसयसहस्स जलसंचयं,
अणंतं उव्वेयणयं अणोरपारं महब्भयं भयंकरं पइभयं,

अपरिमिय-महिच्छ-कलुसमइ-वाउवेग-उद्धम्ममाणं आसापिवास-पायाल-कामरइ-राग-दोस बंधण-बहुविह-संकप्प-विपुल-दगरथ रयंधकारं।

मोहमहावत्त-भोगभममाण-गुप्पमाणुच्छलंत-बहुगब्भवास-पच्चोणियत्त-पाणियं, पधाविय-वसण-समावन्न-रुन्न-चंड-मारुय-समाहया-ऽमणुन्नवीची वाकुलिय-भग्ग-फुट्टंत-निट्ट-कल्लोल संकुलजलं,

पमाद-बहुचंड-दुट्ठसावय-समाहय-उद्धायमाणग-पूर-घोर विद्धंसणत्थ-बहुलं,

अण्णाण-भमंत-मच्छपरिहत्थं,
अनिहुतिंदिय-महामगर-तुरिय-चरिय-खोखुब्भमाण-संताव-निचय-चलंत-चवलचंचल-अत्ताण-असरण पुव्वकयकम्म-संचयोदिन्नवज्ज-वेइज्जमाण-दुहसय-विपाक-धुन्नंत-जल-समूहं,

४०. संसार सागर का स्वरूप–

इस प्रकार नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव गति में गमनागमन करना जिसकी बाह्य परिधि है।

जन्म, जरा और मरण के कारण होने वाला गंभीर दुःख ही उसका अत्यन्त क्षुब्ध जल है। उसमें संयोग और वियोग रूपी लहरें उठती रहती हैं।

सतत-निरन्तर चिन्ता ही उसका प्रसार-फैलाव है।

वध और बन्धन ही उसमें लम्बी लम्बी ऊंची एवं विस्तीर्ण तरंगें हैं।

उसमें करुणाजनक विलाप तथा लोभ की कलकलाहट की ध्वनि की प्रचुरता है।

अवमानना या तिरस्कार रूपी फेन से व्याप्त है।

तीव्र निन्दा, पुनः पुनः उत्पन्न होने वाले रोग, वेदना तिरस्कार, पराभव, अधःपतन, कठोर झिड़कियां जिसके कारण प्राप्त होती है, ऐसे कठोर ज्ञानावरणीय आदि कर्म-रूपी पाषाणों से उठी हुई चंचल तरंगों के समान सदैव बना रहने वाला मृत्यु का भय उस संसार समुद्र के जल का तल है।

कषायरूपी पाताल-कलशों से व्याप्त है।

लाखों भवों की परम्परा ही उसकी विशाल जलराशि है।

वह अनन्त है, उसका कहीं ओर-छोर दृष्टिगोचर नहीं होता है वह उद्वेग उत्पन्न करने वाला और तटरहित होने से अपार है। दुस्तर होने के कारण महान् भय रूप है, भय उत्पन्न करने वाला है, उसमें प्रत्येक प्राणी को एक दूसरे के द्वारा उत्पन्न होने वाला भय बना रहता है।

जिनकी कहीं कोई सीमा नहीं है, ऐसी विपुल कामनाओं और कलुषित बुद्धि रूपी पवन आंधी के प्रचण्ड वेग के कारण उत्पन्न तथा आशा और पिपासा रूप पाताल समुद्रतल से काम, रति, राग और द्वेष के बंधन के कारण उत्पन्न विविध प्रकार के संकल्परूपी जल कणों की प्रचूरता से वह अंधकारमय हो रहा है।

संसार सागर के जल में प्राणी मोहरूपी भंवरों में भोगरूपी गोलाकार चक्कर लगा रहे हैं, व्याकुल होकर उछल रहे हैं तथा बहुत से गर्भ भीतर के हिस्से में फंसने के कारण ऊपर उछल कर नीचे गिर रहे हैं। इस संसार सागर में इधर-उधर दौड़धाम करते हुए, व्यसनों से ग्रस्त प्राणियों के रुदनरूपी प्रचण्ड पवन से परस्पर टकराती हुई, अमनोज्ञ लहरों से व्याकुल तथा तरंगों से फूटता हुआ एवं चंचल कल्लोलों से व्याप्त जल है।

वह प्रमाद रूपी अत्यन्त प्रचण्ड एवं दुष्ट श्वापदों हिंसक जन्तुओं द्वारा सताये गये इधर-उधर घूमते हुए प्राणियों के समूह का विध्वंस करने वाले घोर अनर्थों से परिपूर्ण है।

उनमें अज्ञान रूपी भयंकर मच्छ घूमते रहते हैं।

अनुपशान्त इन्द्रियों वाले, जीवरूप महामगरों की नयी-नयी उत्पन्न होने वाली चेष्टाओं से वह अत्यन्त क्षुब्ध हो रहा है, उसमें नाना प्रकार के सन्ताप विद्यमान हैं, ऐसा प्राणियों के द्वारा पूर्वसंचित एवं पापकर्मों के उदय से प्राप्त होने वाला तथा भोगा जाने वाला फल रूपी घूमता हुआ चक्कर खाता हुआ जल-समूह है, जो बिजली के समान अत्यन्त चंचल बना रहता है तथा त्राण एवं शरण से रहित है।

इड्ढि-रस-सायगारवोहारगहिय-कम्मपडिबद्ध-सत्त-कड्ढिज्जमाण-निरयतल-हुत्तसन्न-विसन्नबहुलं,

संसार-सागर में ऋद्धिगारव रसगारव और सातागारव रूपी अपहार-जलचर जन्तुविशेष द्वारा पकड़े हुए एवं कर्मबन्ध से जकड़े हुए प्राणी जब नरक रूप पाताल के सम्मुख पहुंचते हैं तो अवसन्न खेदखिन्न और विषण्ण-विषादयुक्त होते हैं ऐसे प्राणियों की बहुलता वाला है।

अरइ-रइ-भय-विसाय-सोग-मिच्छत्त-सेलसंकडं,

वह अरति, रति, भय, दीनता, शोक तथा मिथ्यात्व रूपी पर्वतों से व्याप्त है।

अणाइ-संताण-कम्मबंधण-किलेस-चिक्खिल्ल-सुदुत्तारं,

अनादि सन्तान-परम्परा वाले कर्मबंधन एवं राग द्वेष आदि क्लेश रूपी कीचड़ के कारण उस संसार सागर को पार करना अत्यन्त कठिन है।

अमर-नर-तिरिय-निरयगइगमण-कुडिल-परियत्तविपुल वेलं,

जैसे-समुद्र में ज्वार आते हैं उसी प्रकार संसार समुद्र में देवगति, मनुष्यगति, तिर्यञ्चगति और नरकगति में गमनागमन रूप कुटिल परिवर्तनों से युक्त विस्तीर्ण वेला-ज्वार आते रहते हैं।

हिंसालिय-अदत्तादाण-मेहुण-परिग्गहारंभ-करण-कारावणाणुमोदण-अट्ठविह-अणिट्ठ-कम्म पिंडित-गुरुभारक्कंत-दुग्गजलोघदूर-निब्बोलिज्जमाण- उम्मग्ग-निमग्ग-दुल्लभतलं,

हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह रूप आरम्भ के करने, कराने और अनुमोदना करने से संचित ज्ञानावरण आदि आठ कर्मों के गुरुतर भार से दबे हुए तथा व्यसन रूपी जलप्रवाह द्वारा दूर फैंके गये प्राणियों के लिए इस संसार सागर का तल पाना अत्यन्त कठिन है।

सारीर-मणोमयाणि दुक्खाणि उप्पियंता सायस्स य परितावणमयं, उब्बुड-निब्बुडं करेंता,
चउरंत महंतमणवयग्गं, रूद्द संसार सागरं

इसमें प्राणी शारीरिक और मानसिक दुःखों का अनुभव करते-रहते हैं। संसार सम्बन्धी सुख-दुख से उत्पन्न होने वाले परिताप के कारण वे कभी ऊपर उठने और कभी डूबने का प्रयत्न करते रहते हैं अर्थात् आन्तरिक सन्ताप से प्रेरित होकर प्राणी ऊर्ध्व अधोगति में आने-जाने की चेष्टाओं में संलग्न रहते हैं। समुद्र के चारों दिशाओं में विस्तृत होने के समान यह संसार सागर चार दिशा रूप चार गतियों के कारण विशाल है। यह अन्तहीन और विस्तृत है।

अट्ठियं अणालंबणम-पइट्ठाणमप्पमेयचुलसीइ जोणिसयसहस्स गुविलं, अणालोकमंधकारं अणंतकालं निच्चं, उत्तत्थ-सुण्ण भव-सण्णसंपउत्ता संसारसागरं वसंति उव्विग्गवासवसहिं

जो जीव असंयमी है, उनके लिए यहां कोई आलम्बन नहीं है, कोई आधार नहीं है, यह अप्रमेय है-छद्मस्थ जीवों के ज्ञान से अगोचर है, उसे मापा नहीं जा सकता। चौरासी लाख जीवयोनियों से व्याप्त है। यहां अज्ञानान्धकार छाया रहता है और यह अनन्तकाल तक स्थायी है। यह संसार सागर त्रस्त, अज्ञानी और भयग्रस्त उद्वेगप्राप्त-घबराये हुए दुखी प्राणियों का निवास स्थान है।

जहिं आउयं निबंधंति पावकम्मकारी बंधवजण-सयण-मित्तपरिवज्जिया अणिट्ठा भवंति,

इस संसार में पापकर्मकारी प्राणी जहां जिस ग्राम कुल आदि की आयु बांधते हैं वहीं पर वे बन्धु-बान्धवों-स्वजनों और मित्रजनों से परिवर्जित–रहित होते हैं, वे सभी के लिए अनिष्टकारी होते हैं।

अणादेज्ज-दुव्विणीया-कुठाणासण कुसेज्ज कुभोयणा असुइणो कुसंघयण-कुप्पमाण कुसंठिया कुरूवा।

उनके वचनों को कोई ग्राह्य आदेय नहीं मानता और वे दुर्विनीत दुराचारी होते हैं। उन्हें रहने को खराब स्थान, बैठने को खराब आसन, सोने को खराब शय्या और खाने को खराब भोजन मिलता है। वे अशुचि अपवित्र या गंदे रहते हैं अथवा अश्रुति-शास्त्रज्ञान से विहीन होते हैं। उनका संहनन खराब होता है, शरीर प्रमाणोपेत नहीं होता-शरीर का कोई भाग उचित से अधिक छोटा अथवा बड़ा होता है। उनके शरीर की आकृति बेडौल होती है, वे कुरूप होते हैं।

बहुकोह-माण-माया-लोभ-बहुमोहा,

उनमें क्रोध, मान, माया और लोभ तीव्र होता है और मोह-आसक्ति की तीव्रता होती है।

धम्मसन्न-सम्मत्त-परिब्भट्ठा,

उनमें धर्मसंज्ञा-धार्मिक समझ-बूझ नहीं होती है। वे सम्यग्दर्शन से रहित होते हैं।

दारिद्दोवद्दवाभिभूया,

उन्हें दरिद्रता का कष्ट सदा सताता रहता है।

निच्चं परकम्मकारिणो,

वे सदा परकर्मकारी-दूसरों के अधीन रह कर काम करते हैं।

जीवणत्थरहिया किविणा परपिंडतक्कगा दुक्खलद्धाहारा, अरस-विरस-तुच्छकय कुच्छिपूरा,

साधारण जीवन बिताने योग्य साधनों से भी रहित होते हैं। कृपण-रंक-दीन-दरिद्र रहते हैं। दूसरों के द्वारा दिये जाने वाले पिण्ड-आहार की तलाश में रहते हैं। कठिनाई से दुःखपूर्वक आहार प्राप्त करते हैं। किसी प्रकार रूखे-सूखे नीरस एवं निस्सार भोजन से पेट भरते हैं।

परस्स पेच्छंता रिद्धि-सक्कार-भोयण-विसेससमुदय विधिं निंदंता अप्पकं कयंतं च परिवयंता।

दूसरों का वैभव, सत्कार, सम्मान, भोजन, वस्त्र आदि समुदय-अभ्युदय देखकर वे अपनी निन्दा करते हैं—अपने दुर्भाग्य को कोसते रहते हैं। अपनी तकदीर को रोते हैं।

इह य पुरेकडाइं कम्माइं पावगाइं विमणसो सोएण डज्झमाणा परिभूया होंति।

इस भव में या पूर्वभव में किये पाप-कर्मों की निन्दा करते हैं। उदास मन रह कर शोक की आग में जलते हुए लज्जित-तिरस्कृत होते हैं।

सत्तपरिवज्जिया य छोभा सिप्पकला-समयसत्थ परिवज्जिया,

साथ ही वे सत्वहीन क्षोभग्रस्त तथा चित्रकला आदि शिल्प के ज्ञान से रहित, विद्याओं से शून्य एवं सिद्धान्त शास्त्र के ज्ञान से शून्य होते हैं।

जहा जायपसुभूया अवियत्ता,

यथाजात अज्ञान पशु के समान जड़ बुद्धि वाले अविश्वसनीय या अप्रतीति उत्पन्न करने वाले होते हैं।

णिच्चं नीयकम्मोपजीविणो, लोय कुच्छणिज्जा, मोघमणोरहा निरासबहुला,

सदा नीच कृत्य करके अपनी आजीविका चलाते हैं, लोकनिन्दित, असफल मनोरथ वाले, निराशा से ग्रस्त होते हैं।

आसापासपडिबद्धपाणा, अत्थोपायाण-कामसोक्खे य लोयसारे होंति अफलवंतका य।

अदत्तादान का पाप करने वालों के प्राण सदैव अनेक प्रकार की आशाओं-कामनाओं-तृष्णाओं के पाश में बंधे रहते हैं, लोक में सारभूत अनुभव किये जाने वाले अथवा माने जाने वाले अर्थोपार्जन एवं कामभोगों सम्बन्धी सुख के लिए अनुकूल या प्रबल प्रयत्न करने पर भी उन्हें सफलता प्राप्त नहीं होती।

सुट्ठा वि य उज्जमंता तद्दिवसुज्जुत्त-कम्मकय-दुक्खसंठविय-सित्थपिंडसंचयपरा,

प्रतिदिन उद्यम करने पर भी, कड़ा श्रम करने पर भी उन्हें बड़ी कठिनाई से सिक्थपिण्ड-इधर-उधर बिखरा फेंका झूठा भोजन ही नसीब होता है।

पक्खीण-दव्वसारा,

वे प्रक्षीणद्रव्यसार होते हैं अर्थात् कदाचित् कोई उत्तम द्रव्य मिल जाए तो वह भी नष्ट हो जाता है।

निच्चं अधुवधण-धन्न कोस परिभोग-विवज्जिया,

अस्थिर, धन, धान्य और कोश के परिभोग से वे सदैव वंचित रहते हैं।

रहिय-काम-भोग-परिभोग-सव्वसोक्खा,

काम शब्द और रूप तथा भोग गन्ध स्पर्श और रस के भोगोपभोग के सेवन से—उनसे प्राप्त होने वाले समस्त सुख से भी वंचित रहते हैं।

परसिरि भोगोवभोगनिस्साण-मग्गण-परायणा वरागा अकामिकाए विणेंति दुक्खं,

परायी लक्ष्मी के भोगोपभोग को अपने अधीन बनाने के प्रयास में तत्पर रहते हुए भी वे बेचारे दरिद्र न चाहते हुए भी केवल दुख के ही भागी होते हैं।

णेव सुहं णेव निब्बुइं उवलभंति, अच्चंत विपुल दुक्खसय-संपलित्ता, परस्स दव्वेहिं जे अविरया।

उन्हें न तो सुख नसीब होता है, न शान्ति, मानसिक स्वस्थता या सन्तुष्टि मिलती है। इस प्रकार जो पराये द्रव्यों पदार्थों से विरत नहीं हुए हैं अर्थात् जिन्होंने अदत्तादान का परित्याग नहीं किया है, वे अत्यन्त एवं विपुल सैकड़ों दुखों की आग में जलते रहते हैं।

—पण्ह. आ. ३, सु. ७७-७८ (क)

४१. अदिण्णादाण फलं–

एसो सो अदिण्णादाणस्स फलविवागो इहलोइओ परलोइओ अप्पसुहो-बहुदुक्खो महब्भओ बहुरयप्पगाढो दारुणो कक्कसो असाओ वाससहस्सेहिं मुच्चइ, नय य अवेदयित्ता अत्थि उ मोक्खोत्ति,

एवमाहंसु णायकुलणंदणो महप्पा जिणो उ वीरवरनामधेज्जो कहेसी य अदिन्नादाणस्स फलविवागं,

–पण्ह. आ. ३, सु. ७८ (ख) ७९ (क)

४१. अदत्तादान का फल–

अदत्तादान का यह फलविपाक है अर्थात् अदत्तादान रूप पापकृत्य का उदय में आया विपाक परिणाम है। यह इहलोक-परलोक में सुख से रहित है और दुःखों की प्रचुरता वाला है। अत्यन्त भयानक है। अतीव प्रगाढ़ कर्मरूपी रज वाला है। बड़ा ही दारुण है, कर्कश कठोर है, असातामय है और हजारों वर्षों में इससे पिण्ड छूटता है, किन्तु इसे भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता।

इस प्रकार ज्ञातकुलनन्दन, महान्-आत्मा वीरवर (महावीर) नामक जिनेश्वर ने अदत्तादान नामक इस तीसरे (आश्रव द्वार के) फलविपाक का प्रतिपादन किया है।

४२. अदिण्णादाणस्स उवसंहारो–

एयं तं तइयं पि अदिन्नादाणं हर-दह-मरण-भय-कलुस-तासण-परसंतिक-भेज्ज-लोभ-मूलं एवं **जाव** चिरपरिगयमणुगयं दुरंतं।

तइयं अहम्मदारं समत्तं, त्ति बेमि। *–पण्ह. आ. ३, सु. ७९ (ख)*

४२. अदत्तादान का उपसंहार–

यह अदत्तादान परधन, अपहरण, दहन, मृत्यु भय, मलिनता, त्रास, रौद्रध्यान एवं लोभ का मूल है, इस प्रकार यह **यावत्** चिरकाल से प्राणियों के साथ लगा हुआ है, इसका अन्त कठिनाई से होता है।

इस प्रकार यह तीसरे अधर्म द्वार अदत्तादान का वर्णन है, ऐसा मैं कहता हूँ।

४३. अबंभ सरूवं–

जंबू ! अबंभं च चउत्थं,

स देव-मणुयासुरस्स लोयस्स पत्थणिज्जं पंक-पणय-पास-जालभूयं,

थी-पुरिस-नपुंसगवेयचिंधं,

तव-संजम-बंभचेरविग्घं,

भेदायतण-बहुपमायमूलं,

कायर-कापुरिस सेवियं,

सुयणजणवज्जणिज्जं,

उड्ढ नरय-तिरिय-तिलोक्क पइट्ठाणं,

जरा-मरण-रोग-सोगबहुलं,

वह-बंध-विघाय दुव्विघायं,

दंसण-चरित्तमोहस्स हेउभूयं,

चिरपरिचियमणुगयं दुरंतं, **चउत्थं अहम्मदारं।**

–पण्ह. आ. ४, सु. ८०

४३. अब्रह्मचर्य का स्वरूप–

हे जम्बू ! चौथा आश्रवद्वार अब्रह्मचर्य है।

यह अब्रह्मचर्य देवों, मानवों और असुरों सहित समस्त लोक के प्राणियों द्वारा प्रार्थनीय है–संसार के समग्र प्राणी इसकी अभिलाषा करते हैं। यह प्राणियों को फंसाने वाले दल-दल के समान है, इसके सम्पर्क से जीव उसी प्रकार फिसल जाते हैं जैसे काई के संसर्ग से फिसल जाते हैं। यह संसार के प्राणियों को बांधने के लिये पाश के समान है और फंसाने के लिए जाल के सदृश है।

स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसक वेद इसका चिन्ह है।

यह तप, संयम और ब्रह्मचर्य के लिए विघ्नरूप है।

यह सदाचार-सम्यक्चारित्र का विनाशक और प्रमाद का मूल है।

कायरों-सत्वहीन प्राणियों और कापुरुषों-निन्दित-निम्नवर्ग के पुरुषों (जीवों) द्वारा इसका सेवन किया जाता है।

यह सज्जनों और संयमीजनों द्वारा वर्जनीय है।

ऊर्ध्व, अधो व तिर्यक्लोक इस प्रकार तीनों लोकों में इसकी अवस्थिति है।

जरा, मरण, रोग और शोक का कारण है।

वध, बन्ध और प्राणनाश होने पर भी इसका अन्त नहीं आता है।

यह दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय का मूल कारण है।

अनादिकाल से परिचित है और सदा से प्राणियों के [illegible]ा हुआ है, यह दुरन्त है अर्थात् कठिन साधना से ही इसका अन्त आता है। **यह चौथा अधर्मद्वार है।**

४४. अबंभपज्जव-णामाणि–

तस्स य णामाणि गोण्णाणि इमाणि होंति तीसं, तं जहा–

४४. अब्रह्मचर्य के पर्यायवाची नाम–

पूर्व प्ररूपित उस अब्रह्मचर्य के गुणनिष्पन्न सार्थक ये तीस नाम हैं, यथा–

१. अबंभं, २. मेहुणं, ३. चरंतं, ४. संसग्गि, ५. सेवणाहिगारो, ६. संकप्पो, ७. बाहणापयाणं, ८. दप्पो, ९. मोहो, १०. मणसंखोभो, ११. अणिग्गहो, १२. विग्गहो, १३. विघाओ, १४. विभंणो, १५. विब्भमो, १६. अहम्मो, १७. असीलया, १८. गामधम्मतित्ती, १९. रई, २०. रागचिंत्ता, २१. काम-भोग-मारो, २२. वेरं, २३. रहस्सं, २४. गुज्झं, २५. बहुमाणो, २६. बंभेचरविग्घो, २७. वावत्ति, २८. विराहणा, २९. पसंगो, ३०. कामगुणो त्ति वि य।

१. अब्रह्म-निन्दित प्रवृत्ति या अशुभ आचरण, २. मैथुन-स्त्री-पुरुष संयोगज कृत्य, ३. चरंत-समस्त संसारी प्राणियों में व्याप्त, ४. संसर्गि-स्त्री पुरुष के संसर्ग से होने वाला, ५. सेवना-धिकार-चोरी आादि पापकर्मों के सेवन में लगाने वाला, ६. संकल्पी-कुसंकल्प विकल्पों का कारण, ७. पद-बाधक-संयम का बाधक, ८. दर्प-उन्मत्तत्ता का निमित्त, ९. मोह-हिताहित के विवेक का नाशक और मूढ़ता अज्ञान का कारण, १०. मन संक्षोभ-मन में क्षोभ उद्वेग का उत्पादक, ११. अनिग्रह–स्वच्छंद वृत्ति-प्रवृत्ति से उत्पन्न, १२. विग्रह-कलह-क्लेश का उत्पादक, १३. विघात-आत्मगुणों और विश्वास का घातक, १४. विभंग-संयम को भंग करने वाला, १५. विभ्रम-भ्रांति मिथ्या धारणा का जनक, १६. अधर्म-पाप का कारण, १७. अशीलता-सदाचार विरोधी, १८. ग्रामधर्मतृप्ति-इन्द्रियों के विषयों की गवेषणा करने वाला, १९. रति-सुरत-संभोग का कारण, २०. रागचिन्ता-स्त्री शृंगार, हाव-भाव का अभिलाषी, २१. कामभोगमार-कामभोग जन्य मृत्यु का कारण, २२. वैर-विरोध का हेतु, २३. रहस्य-एकान्त में किया जाने वाला कृत्य, २४. गुह्य–लुक-छिपकर किया जाने वाला कार्य, २५ बहुमान-- कामीजनों द्वारा सम्मानित, २६. ब्रह्मचर्यविघ्न–ब्रह्मचर्य पालन में विघ्नकारी, २७. व्यापत्ति-आत्म गुणों का घातक, २८. विराधना-सम्यक्चारित्र का विघातक, २९. प्रसंग-आसक्ति का अवसर, ३०. कामगुण-कामवासना का कर्म।

तस्स एयाणि एवमादीणि नामधेज्जाणि होंति तीसं।

–पण्ह. आ. ४, सु. ८१

अब्रह्मचर्य के इन तीस नामों के अलावा इसी प्रकार के और दूसरे भी नाम होते हैं।

४५. अबंभसेवगा देव-मणुय-तिरिक्खा–

४५. अब्रह्मचर्य का सेवन करने वाले देव, मनुष्य और तिर्यञ्च–

तं च पुण निसेवंति सुरगणा स-अच्छरा मोहमोहियमई–

उस अब्रह्म नामक पापाश्रव का मोह के उदय से मोहित मति वाले–

१. असुर, २. भुयग,३. गरुल, ४. विज्जु, ५. जलण, ६. दीव, ७. उदही, ८. दिसि, ९. पवण, १०. थणिया,

१. असुरकुमार, २. भुजग-नागकुमार, ३. गरुड़कुमार–सुपर्णकुमार, ४. विद्युत्कुमार ५. जलन-अग्निकुमार ६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. दिशाकुमार, ९. पवनकुमार तथा १०. स्तनित कुमार, ये दस प्रकार के भवनवासी देव–

१. अणवंनि, २. पणवंनि य, ३. इसिवाई य, ४. भूयवाइ य, ५. कंदि य, ६. महाकंदि य, ७. कूहंड, ८. पयंगदेवा।

१. अणपन्निक २. पणपन्निक, ३ ऋषिवादिक, ४. भूतवादिक, ५. क्रन्दित, ६. महाक्रन्दित, ७. कूष्माण्ड और ८. पतंग देव, ये आठ व्यन्तर जाति के देव तथा–

१. पिसाय, २. भूय, ३. जक्ख, ४. रक्खस, ५. किन्नर, ६. किंपुरिस, ७. महोरग, ८. गंधव्वा।

१. पिशाच, २. भूत, ३. यक्ष, ४. राक्षस, ५. किन्नर, ६. किम्पुरुष, ७. महोरग और ८. गन्धर्व। ये आठ प्रकार के मुख्य व्यन्तर देव अपनी अप्सराओं, देवांगनाओं के साथ एवं

तिरिय-जोइय-विमाणवासि-मणुयगणा।

इनके अतिरिक्त मध्य लोक में निवास करने वाले ज्योतिष्क देव, तथा विमानवासी वैमानिकदेव एवं मनुष्यगण,

जलयर-थलयर-खहयरा य।

तथा जलचर, स्थलचर एवं खेचर (पक्षी) ये अब्रह्म का सेवन करते हैं।

मोहपडिबद्धचित्ता, अवितण्हा काम-भोगतिसिया, तण्हाए बलवईए महईए समभिभूया गढिया य अइमुच्छिया य अबंभे उस्सण्णा, तामसेण भावेण अणुम्मुक्का,

जिनका चित्त मोह से ग्रस्त हो गया है, जिनकी प्राप्त कामभोग सम्बन्धी तृष्णा का अन्त नहीं हुआ है, जो अप्राप्त कामभोगों के लिए आतुर हैं, तीव्र एवं बलवती तृष्णा ने जिनके मानस को प्रबल काम-लालसा से पराजित कर दिया है, जो विषयों में गृद्ध अत्यन्त आसक्त एवं अतीव मूर्च्छित हैं। जो अब्रह्म के कीचड़ में फंसे हुए हैं और जो तामसभाव-अज्ञान रूप जड़ता से मुक्त नहीं हुए हैं, ऐसे देव, मनुष्य, और तिर्यञ्च अन्योन्य परस्पर नर-नारी के रूप में

दंसण-चरित्तमोहस्स पंजरमिव करेंति अन्नोऽन्नं सेवमाणा।

–पण्ह. आ. ४, सु. ८२

अब्रह्म (मैथुन) का सेवन करते हुए अपनी आत्मा को दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय कर्म के पिंजरे में डालते हैं अर्थात् अपने आप को मोहनीय कर्म के बन्धन से ग्रस्त करते हैं।

४६. चक्कवट्टिस्स भोगाभिलासा–

४६. चक्रवर्ती की भोगाभिलाषा–

भुज्जो असुर-सुर-तिरिय-मणुअ-भोग-रइ-विहर-संपउत्ता य चक्कवट्टी सुर-नरवइ सक्कया सुरवरुव्व देवलोए, भरह-णग-णगर-णिगम-जणवय-पुरवर-दोणमुह-खेड-कब्बड-मडंब-संबाह-पट्टणसहस्समंडियं थिमियमेयणीयं एगच्छत्तं ससागरं भुंजिऊण वसुहं, नरसीहा नरवई नरिंदा नरवसभा मरुयवसभकप्पा अब्भहियं रायतेयलच्छीए दिप्पमाणा सोमा रायवंसतिलका।

इसके अतिरिक्त असुरों, सुरों, तिर्यञ्चों और मनुष्यों सम्बन्धी भोगों में रतिपूर्वक विविध प्रकार की कामक्रीड़ाओं में प्रवृत्त, सुरेन्द्रों और नरेन्द्रों द्वारा सम्मानित, देवलोक में देवेन्द्र समान तथा भरत क्षेत्र में सहस्रों पर्वतों, नगरों, निगमों, जनपदों श्रेष्ठ नगरों, द्रोणमुखों (जहां जल और स्थलमार्ग-दोनों से जाया जा सके ऐसे स्थानों), खेटों–(धूल के प्राकार वाली बस्तियों) कर्बटों-कस्बों, मंडबों-(जिन के आस-पास दूर तक कोई बस्ती न हो ऐसे स्थानों) संबाहों (छावनियों) पत्तनों–(व्यापार प्रधान नगरियों) से सुशोभित एवं सुरक्षित होने के कारण स्थिर लोगों के निवास योग्य एकच्छत्र-(एक के आधिपत्य) वाले एवं समुद्र पर्यन्त पृथ्वी का उपभोग करने वाले, मनुष्यों में सिंह के समान शूरवीर, नरपति, नरेन्द्र-मनुष्यों में सर्वाधिक ऐश्वर्यशाली नर-वृषभ (स्वीकार किये उत्तरदायित्व को निभाने में समर्थ) नाग यक्ष आदि देवों से भी सामर्थ्यवान्, वृषभ के समान सामर्थ्यवान्, अत्यधिक राज-तेज रूपी लक्ष्मी वैभव से दैदीप्यमान सान्त एवं नीरोग राजवंशों में तिलक के समान श्रेष्ठ हैं।

रवि-ससि-संखवर-चक्क-सोत्थिय-पडाग-जव-मच्छ-कुम्म-रहवर-भग-भवण-विमाण-तुरय-तोरण-गोपुर-मणि-रयण-नंदियावत्त-मुसल-णंगल-सुरइयवरकप्परूक्ख मिगवइ-भद्दासणं-सुरुचि-थूभ वरमउड-सरियं-कुंडल-कुंजर-वरवसभ-दीव-मंदर गरुल-ज्झय-इंदकेउ-दप्पण-अट्ठावय-चाव-बाण-नक्खत्त-मेह-मेहल-वीणा-जुग-छत्त-दाम-दामिणी-कमंडलु-कमल-घंटा-वरपोत-सूइ-सागर कुमुदागर-मगर-हार-गागर-नेउर-णग-णगरवइर-किन्नर-मयूर-वररायहंस-सारस-चकोर चक्कवागमिहूण-चामर-खेडग-पव्वीसग-विपंचि-वरतालियंट-सिरियाभिसेय मेइणि खग्गंकुस-विमलकलस-भिंगार-बद्धमाणग-पसत्थ-उत्तमविभत्त-वरपुरिस-लक्खणधरा।

जो सूर्य, चन्द्र, शंख, चक्र, स्वस्तिक, पताका, यव, मत्स्य, कछुवा, उत्तम रथ, भग, भवन, विमान, अश्व, तोरण, नगरद्वार, मणि रत्न नंदावर्त्त स्वस्तिक, मूसल, हल, सुन्दर कल्पवृक्ष, सिंह की आकृति वाला भद्रासन, सुरुचि (आभूषण) स्तूप, सुन्दर मुकुट, मुक्तावली हार, कुंडल, हाथी, उत्तम बैल, द्वीप मेरु पर्वत गरुड़ के चिह्न वाली ध्वजा, इन्द्रकेतु-इन्द्रमहोत्सव में गाड़ा जाने वाला स्तम्भ, दर्पण, अष्टापद फलक या पट जिस पर चौपड़ आदि खेली जाती है या कैलाश पर्वत, धनुष, बाण, नक्षत्र, मेघ, मेखला-करधनी, वीणा, गाड़ी का जुआ, छत्र, दाम-माला, दामिनी, पैरों तक लटकती माला, कमण्डलु, कमल, घंटा, उत्तम पोत-जहाज, सुई (कर्ण) सागर, कुमुदवन, अथवा कुमुदों से व्याप्त तालाब, मगर, हार, जल कलश, नूपुर-पाजेब, पर्वत, नगर, व्रज्र, किन्नर–देवविशेष या वाद्यविशेष मयूर, उत्तम, राजहंस, सारस, चकोर, चक्रवाक–युगल, चंवर, ढाल, पव्वीसक–एक प्रकार का बाजा, विपंची-सात तारों वाली वीणा, श्रेष्ठ पंखा, लक्ष्मी का अभिषेक, पृथ्वी, तलवार, अंकुश, निर्मल कलश, भृंगार-झारी और वर्धमानक-सिकोरा अथवा प्याला, इन सब श्रेष्ठ पुरुषों के मांगलिक एवं विभिन्न लक्षणों को धारण करने वाले होते हैं।

बत्तीस-वररायसहस्साणुजायमग्गा।

इसके अलावा बत्तीस हजार श्रेष्ठ मुकुटबद्ध राजाओं द्वारा अनुगत–

चउसट्ठिसहस्स-पवर-जुवतीण णयणकंता।

बत्तीस हजार श्रेष्ठ युवतियों-महारानियों के चौसठ हजार नेत्रों के लिए प्रिय होते हैं।

रत्ताभा पउम-पम्ह-कोरंटग-दाम-चंपक-सुययवरकणक-निहसवन्ना सुवण्णा,

वे रक्तवर्ण की शारीरिक कांति वाले, कमल के गर्भ-मध्यभाग, चम्पा के फूलों, कोरंट की माला और कसौटी पर खींची हुई तप्त सुवर्ण की रेखा के समान गौर वर्ण वाले,

सुजाय-सव्वंग सुंदरंगा महग्घ वर-पट्टणुग्गय-विचित्तराग-एणि-पेणि-णिम्मिय-दुगुल्लवर-वीणपट्ट-कोसेज्ज सोणी सुत्तक-विभूसियंगा।

अत्यन्त सुन्दर और सुडौल सभी अंगोपांग वाले, बड़े-बड़े पत्तनों में बने हुए विविध रंगों व हिरनी तथा विशिष्ट जाति की हिरनी के चर्म के समान कोमल और बहुमूल्य वल्कल से बने वस्त्रों तथा चीनांशुकों चीन में बने वस्त्रों रेशमी वस्त्रों से तथा कटिसूत्र-करधनी से सुशोभित शरीर वाले होते हैं।

वर-सुरभि-गंधवर चुण्णवास-वरकुसुम-भरिय-सिरया,

वे सुरभिगंध वाले सुन्दर चूर्ण के गंध और उत्तम कुसुमों से युक्त मस्तक वाले,

कप्पिय-छेयायरिय-सुकय-रइयमाल-कडगंगय तुडिय-पवर-भूसण-पिणद्धदेहा,

कुशल कलाचार्यों शिल्पियों द्वारा निपुणतापूर्वक बनाई हुई सुखकर माला, कड़े, अंगद-बाजूबंद तुटिक-अनन्त तथा अन्य उत्तम आभूषणों से विभूषित अंगोपांग वाले होते हैं।

एकावलि-कंठ-सुरइयवच्छा पालंब-पलंब-माण-सुकय-पडउतरिज्ज-मुद्दिया, पिंगलंगुलिया, उज्जल-नेवत्थ-रइय-चेल्लग-विरायमाणा, तेएण दिवाकरोव्व दित्ता सारय-नवत्थणिय-महुर-गंभीर-निद्धघोसा,

वे एकावली हार से सुशोभित कण्ठ वाले, लम्बी लटकती धोती एवं उत्तरीय वस्त्र दुपट्टा पहनने वाले, अंगूठियों से पीली हो रही उंगलियों वाले, उज्ज्वल एवं सुखप्रद वेष-पोशाक से अत्यन्त शोभायमान अपनी तेजस्विता से सूर्य के समान दमकने वाले, शरद् ऋतु के नये मेघ की ध्वनि के समान मधुर गम्भीर एवं स्निग्ध घोष आवाज वाले होते हैं।

उप्पण्ण-समत्त-रयण-चक्करयणप्पहाणा, नव निहिवइणो, समिद्धकोसा चाउरंता,

वे उत्पन्न चौदह रत्नों-जिनमें चक्ररत्न प्रधान है और नौ निधियों के अधिपति, समृद्ध कोषागार चातुरन्त-तीन दिशाओं में समुद्र और एक दिशा में हिमवान् पर्वत पर्यन्त राज्य सीमा वाले,

चाउराहिं सेणाहिं समणुजाइज्जमाणमग्गा, तुरगवई, रहवई, नरवई, विपुलकुल वीसुयजसा, सारय-ससि-सकल-सोमवयणा, सूरा तेलोक्क-निग्गय-पभावलद्ध-सद्दा, समत्तभरहाहिवा नरिंदा, ससेल-वण-काणणं च हिमवंत सागरंतं धीरा, भुत्तूण भरहवासं जियसत्तू, पवर-राय-सीहा, पुव्वकयतवप्पभावा, निविट्ठसंचिय सुहा अणेगवाससयमायुवंतो भज्जाहि य जणवयप्पहाणहिं लालियंता, अतुल सद्द-फरिस-रस-रूवं गंधे य अणुभवेत्ता तेवि उवणमंति विवित्ता कामाणं। *–पण्ह. आ. ४, सु. ८३-८५*

अनुगमन करती चतुरंगिणी सेना-गजसेना, अश्वसेना, रथसेना, एवं पदाति सेना तथा अश्वों, हाथियों, रथों एवं मनुष्यों के अधिपति, उच्च कुल वंशवान् तथा विश्रुत दूर-दूर तक फैले यश वाले शरद् ऋतु के पूर्ण चन्द्रमा के समान मुख वाले, शूरवीर, तीनों लोकों में विश्रुत प्रभाव एवं जय जयकार किये जाते, सम्पूर्ण-छह खण्ड वाले, भरत क्षेत्र के अधिपति, धीर, समस्त शत्रुओं के विजेता, बड़े-बड़े राजाओं में सिंह के समान, पूर्वकाल में किए तप के प्रभाव से सम्पन्न, संचित पुष्ट सुख को भोगने वाले, सैकड़ों वर्षों के आयुष्य वाले एवं नरों में इन्द्र के समान चक्रवर्ती भी पर्वतों, वनों और काननों सहित उत्तर दिशा में हिमवान् नामक वर्षधर पर्वत और शेष तीन दिशाओं में लवणसमुद्र पर्यन्त भरत क्षेत्र के राज्यशासन का उपभोग करके, (विभिन्न) जनपदों में जन्म लेने वाली, उत्तम भार्याओं के साथ अनुपम शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध सम्बन्धी काम भोगों का भोगोपभोग करते हुए भी वे काम-भोगों से तृप्त हुए बिना ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

४७. बलदेव-वासुदेवाणं भोग-गिद्धि–

भुज्जो-भुज्जो बलदेव-वासुदेवा ये पवरपुरिसा महाबल-परक्कमा महाधणुवियट्टका महासत्तसागरा दुद्धरा धणुद्धरा नरवसभा राम-केसवा भायरो सपरिसा।

४७. बलदेव-वासुदेवों की भोग-गृद्धि–

इसके अलावा पुरुषों में अत्यन्त श्रेष्ठ महान् बलशाली और महान् पराक्रमी बड़े-बड़े सारंग आदि धनुषों को चढ़ाने वाले, महासत्व के सागर, शत्रुओं द्वारा अपराजेय, धनुर्धारी, मनुष्यों में अग्रगण्य, वृषभ के समान सफलतापूर्वक भार का निर्वाह करने वाले, राम-बलराम और केशव-श्रीकृष्ण-दोनों भाई-भाई अथवा भाइयों सहित एवं विशाल परिवार समेत बलदेव तथा वासुदेव जैसे विशिष्ट ऐश्वर्यशाली भोग भोगने पर भी तृप्त नहीं हो पाते।

वसुदेव-समुद्दविजयमादियदसाराणं पज्जुन्न-पतिव-संब-अनिरुद्ध-निसह-उम्मुय सारणगय-सुमुह-दुम्मुहादीण- जाव-याणं, अद्धुट्ठाणा वि कुमारकोडीणं हिययदयिया,

वे वसुदेव तथा समुद्रविजय आदि दशार्ह-माननीय पुरुषों के तथा प्रद्युम्न प्रति शम्ब, अनिरुद्ध निषध, उल्मुक, सारण, गज, सुमुख, दुर्मुख आदि यादवों और साढ़े तीन करोड़ कुमारों के हृदयों को दयित-प्रिय होते हैं।

देवीए रोहिणीए, देवीए देवकीए य आणंदहिययभावणंदणकरा,

वे देवी-महारानी रोहिणी के तथा महारानी देवकी के हृदय में आनन्द उत्पन्न करने वाले होते हैं।

सोलस-रायवर-सहस्साणुजायमग्गा,

सोलह हजार मुकुट बद्ध राजा उनके मार्ग का अनुगमन करते हैं।

सोलस-देवीसहस्स-वर-णयण-हिययदइया,

वे सोलह हजार सुनयना महारानियों के हृदय के वल्लभ होते हैं।

णाणामणि कणग - रयण - मोत्तिय - पवाल - धण - धन्न-संचय-रिध्दि-समिद्धकोसा,

उनके भण्डार विविध प्रकार की मणियों, स्वर्ण, रत्न, मोती, मूंगा, धन और धान्य के संचय रूप ऋद्धि से सदा भरपूर रहते हैं।

हय-गय-रह-सहस्ससामी,

वे सहस्रों हाथियों, घोड़ों एवं रथों के अधिपति होते हैं।

गामागर-नगर-खेड-कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासम-संबाह-सहस्स-थिमिय-णिव्वुय पमुदियजण-विविहसास-निप्फज्जमाण - मेइणि - सर - सरिय - तलाग - सेल - काणण-आरामुज्जाण मणाभिराम परिमंडियस्स दाहिणड्ढ वेयड्ढगिरि विभत्तस्स लवणजलहि-परिगयस्स छव्विहकाल-गुण कामजुत्तस्स अद्धभरहस्स सामिका।

सहस्रों ग्रामों, आकरों, नगरों, खेटों, कर्बटों, मडम्बों, द्रोणमुखों, पट्टनों, आश्रमों, संवाहों सुरक्षा के लिए निर्मित किलों में निवास करने वाले, स्वस्थ, स्थिर, शान्त और प्रमुदित जनों तथा विविध प्रकार के धान्य उपजाने वाली भूमि, बड़े-बड़े सरोवरों, नदियों, छोटे-छोटे तालाबों, पर्वतों, वनों, आरामों, उद्यानों से परिमंडित तथा दक्षिण दिशा की ओर का आधा भाग वैताढ्य नामक पर्वत के कारण विभक्त और तीन तरफ लवणसमुद्र से घिरे हुए दक्षिणार्ध भरत के स्वामी होते हैं। वह दक्षिणार्ध भरत-बलदेव-वासुदेव के समय में छहों प्रकार के कालों अर्थात् छहों ऋतुओं में होने वाले अत्यन्त सुख से युक्त होता है।

धीर-कित्ति-पुरिसा, ओहबला, अइबला, अनिहया, अपराजिय-सत्तु मद्दण-रिपुसहस्स माण-महणा, साणुक्कोसा, अमच्छरी, अचवला, अचंडा मिय-मंजुल-पलावा, हसिय गंभीर-महुर-भणिया, अब्भुवगयवच्छला सरण्णा लक्खण,

वे (बलदेव और वासुदेव) धैर्यवान् और कीर्तिमान होते हैं। ओघबली होते हैं, अतिबलशाली होते हैं, उन्हें कोई आहत-पीड़ित नहीं कर सकता है, वे कभी शत्रुओं द्वारा पराजित नहीं होते, अपितु सहस्रों शत्रुओं का मान-मर्दन करने वाले होते हैं, वे दयालु, मत्सरता से रहित, गुणग्राही, चपलता से रहित, बिना कारण कोप न करने वाले, परिमित और मिष्ट भाषण करने वाले, मुस्कान के साथ गंभीर और मधुर वाणी का प्रयोग करने वाले, अभ्युपगत-समक्ष आए व्यक्ति के प्रति वत्सलता रखने वाले तथा शरणागत की रक्षा करने वाले होते हैं।

वंजणगुणोववेया,

उनका समस्त शरीर लक्षणों से, चिन्हों से, तिल मसा आदि व्यंजनों से सम्पन्न होता है।

माणुम्माणपमाण-पडिपुण्ण-सुजाय-सव्वंग-सुदरंगा,

मान और उन्मान से प्रमाणोपेत तथा इन्द्रियों एवं अवयवों से प्रतिपूर्ण होने के कारण उनके शरीर के सभी अंगोपांग सुडौल-सुन्दर होते हैं।

ससि सोमागार कंत पियदंसणा,

उनकी आकृति चन्द्रमा के समान सौम्य होती है और वे देखने में अत्यन्त प्रिय एवं मनोहर होते हैं।

अमरिसणा

वे अपराध को सहन नहीं करते अथवा अपने कर्तव्यपालन में प्रमाद नहीं करते।

पयंड-डंडप्पयार-गंभीरदरिसणिज्जा,

वे प्रचण्ड -उग्र दंड का विधान करने वाले अथवा प्रचण्ड सेना के विस्तार वाले एवं देखने में गंभीर मुद्रा वाले होते हैं।

तालद्ध-उव्विद्ध- गरुलकेऊ,

बलदेव की ऊँची ध्वजा ताड़ वृक्ष के चिन्ह से और वासुदेव की ध्वजा गरुड़ के चिन्ह से अंकित होती है।

बलवग-गज्जंत-दरिय-दप्पिय-मुट्ठिय-चाणूर-मूरगा, रिट्ठ-वसभ-घाइणो, केसरिमुहविप्फाडगा, दरिय-नाग- दप्प-मद्दणा, जमलज्जुण भंजगा, महासउणि-पूतणारिवु कंसमउड-तोडगा, जरासंध माणमहणा।

गर्जते हुए अभिमानियों से भी अभिमानी, मौष्टिक और चाणूर नामक पहलवानों के दर्प को जिन्होंने चूर-चूर कर दिया था, रिष्ट नामक सांड का घात करने वाले, केसरी सिंह के मुख को फाड़ने वाले, अभिमानी (कालीय) नाग के दर्प का मथन करने वाले, यमल अर्जुन को नष्ट करने वाले, महाशकुनि और पूतना नामक विद्याधरियों के शत्रु, कंस के मुकुट को तोड़ देने वाले और जरासंध जैसे प्रतापशाली राजा का मान-मर्दन करने वाले थे।

तेहि य अविरल-सम-सहिय-चंदमंडल-समप्पभेहिं सूरमिरीयकवयं विणिम्मुयंतेहिं सपइडंडेहिं आयवत्तेहिं धरिज्जंतेहिं विरायंता।

वे सघन, एक-सरीखी एवं ऊँची शलाकाओं-ताडियों से निर्मित तथा चन्द्रमण्डल के समान प्रभा-कान्ति वाले, सूर्य की किरणों के समान, किरणों रूपी कवच (समूह) को बिखेरने तथा अनेक प्रतिदंडों से युक्त छत्रों को धारण करने से अतीव शोभायमान होते हैं।

ताहि य पवर-गिर-कुहर-विहरण-समुट्ठियाहिं, निरुवहय-चमर-पच्छिम-सरीर-संजाताहिं अमइल-सेयकमल-विमुकुलुज्जलित-रयतगिरिसिहर-विमल-ससि-कीरण-सरिस-कलहो य निम्मलाहिं, पवणाहय-चवल-चलिय-सललिय-पणच्चिय-वीइ-पसरिय-खीरोदग-पवर-सागरुप्पूरचंचलाहिं माणस-सर-पसर-परिचियावास-विसदवेसाहिं कणग-गिरि-सिहर-संसिताहिं अववायु-प्पाय-चवल-जणिय- सिग्घ वेगाहिं, हंसवधूयाहिं चेव कलिया, नाणा-मणि-कणग महरिह-तवणिज्जुज्जल विचित्तडंडाहिं, सललियाहिं नरवइ-सिरि-समुदयप्पगासण-करीहिं, वरपट्टणुग्गयाहिं समिद्ध रायकुल सेवियाहिं कालागुरु-पवर-कुंदुरुक्क-तुरुक्क-धूव-वस-वास-विसद-गंधुद्धुयाभिरामाहिं चिल्लिकाहिं उभओ पासं पि चामराहिं उक्खिप्पमाणाहिं सुहसीतल-वाय वीइयंगा।

श्रेष्ठ पर्वतों की गुफाओं में विचरण करने वाली चमरी गायों से प्राप्त, नीरोग चमरी गायों के पृष्ठभाग-पूंछ से उत्पन्न, अम्लान-ताजा श्वेत कमल, उज्ज्वल, स्वच्छ रजतगिरि के शिखर एवं निर्मल चन्द्रमा की किरणों के सदृश वर्ण वाले तथा चांदी के समान निर्मल हवा से हिलते हुए, चपलता से चलने वाले, लीलापूर्वक नाचते हुए एवं लहरों के प्रसार तथा सुन्दर क्षीर-सागर के सलिल प्रवाह के समान चंचल, मानसरोवर के विस्तार में परिचित आवास वाली, श्वेत वर्ण वाली, स्वर्णगिरि पर स्थित तथा ऊपर नीचे गमन करने में अन्य चंचल पक्षियों को मात देने वाले वेग से युक्त हंसनियों के समान विविध प्रकार की मणियों के तथा पीतवर्ण तपनीय स्वर्ण तपनीय, स्वर्ण के बने विचित्र दंडों वाले, लालित्य से युक्त और नरपतियों की लक्ष्मी के अभ्युदय को प्रकाशित करने वाले, श्रेष्ठ नगरों में निर्मित और समृद्धिशाली राजकुलों में उपयोग किये जाने वाले तथा काले अगर, उत्तम कुंदरुक्क-चीड़ की लकड़ी एवं तुरुष्क-लोभान की धूप के कारण उत्पन्न होने वाली सुगंध के समूह से सुंगधित, चामरों को जिनके पार्श्व भाग में ढुलाये जाकर सुखद शीतल पवन किया जाता है।

अजिता अजितरहा हल-मूसल-कणग-पाणी, संख-चक्क-गय-सत्ति णंदगधरा,

वे (बलदेव और वासुदेव) अपराजय होते हैं, उनके रथ अपराजित होते हैं तथा बलदेव हाथों में हल, मूसल और बाण धारण करते हैं और वासुदेव पांचजन्य शंख, सुदर्शन चक्र, कौमुदी गदा, शक्ति शस्त्र विशेष और नन्दक नामक खड्ग धारण करते हैं।

पवरुज्जल-सुकय-विमल-कोथूभ-तिरीडधारी,

अतीव उज्ज्वल एवं सुनिर्मित कौस्तुभ मणि और मुकुट को धारण करते हैं।

कुंडल-उज्जोवियाणणा,

कुंडलों की दीप्ति से उनका मुखमण्डल प्रकाशित होता रहता है।

पुंडरीय-णयणा,

उनके नेत्र पुण्डरीक-श्वेत कमल के समान विकसित होते हैं।

एगावलीकंठरइयवच्छा,

उनके स्कन्ध और वक्षस्थल पर एकावली हार शोभित रहता है।

सिरिवच्छसुलंछणा वरजसा,

उनके वक्षस्थल में श्रीवत्स का सुन्दर चिन्ह बना होता है, वे उत्तम यशस्वी होते हैं।

सव्वोउय-सुरभि कुसुम-सुरइय-पलंब सोहंत-वियसंत-चित्तवणमाल-रइयवच्छा,

सर्व ऋतुओं के सौरभमय सुमनों से ग्रथित लम्बी शोभायुक्त एवं विकसित वनमाला से उनका वक्षस्थल शोभायमान रहता है।

अट्ठसयविभत्त-लक्खण-पसत्थ-सुंदर-विराइयंगमंगा,

उनके अंग-उपांग एक सौ आठ मांगलिक तथा सुन्दर लक्षणों-चिन्हों से सुशोभित होते हैं।

मत्त गय वरिंद-ललिय-विक्कम-विलसियगई,

उनकी गति चाल मदोन्मत्त उत्तम गजराज की गति के समान ललित और विलासमय होती है।

कडिसुत्तग नील-पीत-कोसिज्जं-वससा,

उनकी कमर कटिसूत्र-करधनी से शोभित होती है और वे नीले तथा पीले वस्त्रों को धारण करते हैं (बलदेव नीले वर्ण के और वासुदेव पीले वर्ण के वस्त्र पहनते हैं)

पवरदित्त तेया,

उनका शरीर प्रखर तथा दैदीप्यमान तेज से दीप्त होता है।

सारय-नवत्थणिय-महुर-गंभीर-णिद्धघोसा,

उनका घोष-आवाज शरत्काल के नवीन मेघ की गर्जना के समान मधुर, गंभीर और स्निग्ध होता है।

नरसीहा सीहविक्कमगई,

अत्थमिय-पवर-रायसीहा, सोमा बारवइ पुण्ण चंदा पुव्वकयतवप्पभावा, निविट्ठसंचियसुहा अणेग-वाससयमाउवंता,

भज्जाहि य जणवयप्पहाणाहिं लालियंता अतुल-सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधे अणुभवेत्ता तेवि उवणमंति मरणधम्म अवित्तिया कामाणं। –पण्ह. आ. ४, सु. ८६

वे नरों में सिंह के समान प्रचण्ड पराक्रम के धनी होते हैं। उनकी गति सिंह के समान पराक्रमपूर्ण होती है।

वे बड़े-बड़े राज-सिंहों को समाप्त कर देने वाले अथवा युद्ध में उनकी जीवन लीला को समाप्त कर देते हैं। फिर भी प्रकृति से सौम्य-शान्त-सात्त्विक होते हैं। वे द्वारवती-द्वारका नगरी में पूर्ण चन्द्रमा के समान प्रिय एवं पूर्वजन्म में किये तपश्चरण के प्रभाव वाले होते हैं। पूर्वसंचित इन्द्रियसुखों के उपभोक्ता और अनेक सौ वर्षों की आयु वाले होते हैं।

विविध देशोत्पन्न उत्तम पत्नियों के साथ भोग-विलास करते हैं, अनुपम शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्धरूप इन्द्रियविषयों का अनुभव-भोगोपभोग करते हैं, फिर भी वे बलदेव वासुदेव कामभोगों से तृप्त हुए बिना ही कालधर्म को प्राप्त होते हैं।

४८. मंडलीय रायाणं भोगासत्ति–

भुज्जो मंडलियनरवरेंदा सबला सअंतेउरा सपरिसा सपुरोहियाऽऽमच्च-दंडनायक-सेणावइ-मंतनीतिकुसला, नाणामणि-रयण-विपुल-धण-धन्न-संचय-निही समिद्धकोसा, रज्जसिरिं विपुलमणुभवित्ता विक्कोसंता बलेणमत्ता ते वि उवणमंति मरणधम्मं, अवितत्ता कामाणं।

–पण्ह. आ. ४, सु. ८७

४८. मांडलिक राजाओं की भोगासक्ति–

बलदेव और वासुदेव के अतिरिक्त सबल और सैन्यसम्पन्न विशाल अनन्त परिवार एवं परिषदों से संपन्न शान्तिकर्म करने वाले पुरोहितों अमात्यों-मंत्रियों दंडाधिकरियों-दंडनायकों, सेनापतियों, गुप्त मंत्रणा करने वाले एवं नीति में निपुण व्यक्तियों के स्वामी अनेक प्रकार की मणियों रत्नों विपुल धन और धान्य से समृद्ध अपनी विपुल राज्य लक्ष्मी का भोगोपभोग करके, शत्रुओं का पराभव करके अथवा भण्डार के स्वामी होकर अपने बल शक्ति से उन्मत्त रहने वाले माण्डलिक राजा भी कामभोगों से तृप्त नहीं हुए, वे भी अतृप्त रहकर ही कालधर्म मृत्यु को प्राप्त हो गए।

४९. अकम्मभूमि इत्थी-पुरिसाणं भोगासत्ति–

भुज्जो उत्तरकुरु-देवकुरु वणविवर-पादचारिणो नरगणा भोगुत्तमा भोगलक्खणधरा भोगसस्सिरिया पसत्थ-सोम-पडिपुण्णरूवदरिसणिज्जा सुजाय सव्वंग सुंदरंगा,

रत्तु प्पलपत्त-कंतकरचरणकोमलतला,

सुपइट्ठिय-कुम्मचारु चलणा,
अणुपुव्व सुसंह यंगुलीया,

उन्नय-तणु-तंब-निद्ध नखा,

संठित-सुसिलिट्ठ-गूढगुंफा,

एणीकुरु विंद-वत्त-वट्टाणुपुव्वी जंघा,

समुग्ग-निसग्ग-गूढजाणू
वर-वारण-मत्त-तुल्ल विक्कम-विलसिय गई,
वरतुरग-सुजाय-गुज्झदेसा,

आइन्न-हयव्व-निरूवलेवा,

४९. अकर्मभूमि के स्त्री पुरुषों की भोगासक्ति–

इसी प्रकार देवकुरु और उत्तरकुरु क्षेत्रों में वनों में और गुफाओं में पैदल विचरण करने वाले उत्तम भोगसाधनों से सम्पन्न प्रशस्त शारीरिक लक्षणों (स्वस्तिक आदि) युक्त भोग लक्ष्मी से युक्त प्रशस्त मंगलमय सौम्य एवं रूपसम्पन्न होने के कारण दर्शनीय सामुद्रिक शास्त्र के अनुरूप निर्मित सर्वांग सुन्दर अंगों वाले होते हैं।

तलुवे–हथेलियों और पैरों के तलभाग लाल कमल के पत्तों की भांति लालिमायुक्त और कोमल होते हैं।

पैर–कछुए की पीठ के समान ऊपर उठे हुए सुप्रतिष्ठित होते हैं।

अंगुलियां–अनुक्रम से बड़ी-छोटी, सुसंहत-सघन-छिद्ररहित वाली होती हैं।

नख–उन्नत उभरे हुए, पतले, रक्तवर्ण और चिकने-चमकदार होते हैं।

पैरों के गुल्फ टखने–सुस्थित, सुघड और मांसल होने के कारण दिखाई नहीं देते हैं।

पिण्डलियां–हिरणी की जंघा, कुरुविन्द नामक तृण और वृत्त-सूत कातने की तकली के समान क्रमशः वर्तुल एवं स्थूल होती हैं।

घुटने–डिब्बे एवं उसके ढक्कन की संधि के समान गूढ होते हैं।

गति–उत्तम हस्ती के समान मस्त एवं धीर गंभीर होती है।

गुह्यदेश–गुप्तांग-जननेन्द्रिय-उत्तम जाति के घोड़े के गुप्तांग के समान सुनिर्मित एवं गुप्त होता है।

गुदाभाग–उत्तम जाति के अश्व के गुदाभाग की तरह मलमूत्र से निर्लेप होता है।

पमुइय-वरतुरग-सीह अइरेग-वट्टिय-**कडी**,

गंगावत्त-दाहिणावत्त-तरंग-भंगुर-रविकिरण-विकोसायंत-पम्हगंभीर-वियड-**नाभी**,

संहित - सोणंद - मुसल - दप्पण - निगरिय - वर - **कणगच्छरू**-सरिस-वर-वइर-**वलिय-मज्झा**,

उज्जुग - सम - सहिय - जच्च - तणु - कसिण - णिद्ध - आदेज्ज-लउह-सूमाल-मउय-**रोमराई**,

झस-विहग-सुजात-**पीणकुच्छी**,

झसोयरा,

पम्हविगड **नाभि**,

सन्नय पासा, संगय-पासा, सुंदर-पासा, सुजात-पासा, मित-माइय-पीण-रइय **पासा**,

अकरंडुय-कमग-रूयग-निम्मल-सुजाय-निरुवहय **देहधारी**,

कणग-सिलातल-पसत्थ-समतलउवइय-विच्छिन्न-पिहुल **वच्छा**,

जुय-संनिभ-पीण-रइय-पीवर-पउट्ठ-संठिय-सुसिलिट्ठ-

विसिट्ठ-लट्ठ-सुनिचित-घण-थिर-सुबद्ध-**संधी**,

पुरवर फलिय-बट्टिय-**भुया**,

भूय ईसर-विपुल-भोग-आयाण-फलि-उच्छूढ दीह-**बाहू**,

रत्त - तलोवइय - मउय - मंसल - सुजाय - लक्खण - पसत्थ अच्छिद्दजाल-**पाणी**,

पीवर-सुजाय कोमल-**वरंगुली**,

तंब-तलिण-सुइ-रुइल-निद्ध-**नखा**,

णिद्ध-पाणिलेहा, रवि-ससि-संखवर-चक्क-दिसासोवत्थिय-विभत्त-सुविरइय-**पाणिलेहा**,

वरमहिस - वराह - सीह - सद्दूलरिसह - नागरवर - पडिपुन्न-विउल**खंधा**,

चउरंगुल-सुप्पमाण-कंबूवर-सरिसग्ग**गीवा**,

अवट्टिय-सुविभत्त-चित्त-**मंसू**,

उवचिय-मंसल-पसत्थ-सद्दूल-विपुल-**हणुया**,

कटिभाग–कमर का भाग, हृष्ट-पुष्ट एवं श्रेष्ठ अश्व और सिंह की कमर के समान गोल होता हैं।

नाभि–गंगा नदी के आवर्त्त-भंवर दक्षिणावर्त्त तरंगों के समूह के समान चक्करदार तथा सूर्य की किरणों से विकसित कमल की तरह गंभीर और विशाल होती है।

शरीर का मध्यभाग–त्रिकाष्ठिका-तिपाई, मूसल, दर्पण के हत्थे, शुद्ध किए हुए उत्तम स्वर्ण से निर्मित खड्ग की मूठ एवं श्रेष्ठ वज्र के समान कृश-पतला व गोल होता है।

रोमराजि–सीधी, समान, परस्पर सटी हुई स्वभावतः बारीक, कृष्णवर्ण, चिकनी, प्रशस्त-सौभाग्यशाली, पुरुषों के योग्य सुकुमार और सुकोमल होती है।

कुक्षि पार्श्वभाग–मत्स्य और विहग-पक्षी जैसी उत्तम रचना वाली और पुष्ट होती हैं।

पेट–झषोदर मत्स्य जैसा होता है।

नाभि–कमल के समान गंभीर होती है।

पार्श्वभाग–नीचे की ओर झुके हुए होते हैं, अतएव संगत, सुन्दर और सुजात-अपने योग्य गुणों से सम्पन्न होते हैं। वे पार्श्व-प्रमाणोपेत एवं परिपुष्ट होते हैं।

पीठ और बगल की हड्डियां–मांसयुक्त व स्वर्ण के आभूषण के समान निर्मल कान्तियुक्त सुन्दर बनावट वाली और निरुपहत-रोगादि के उपद्रव से रहित होती हैं।

वक्षस्थल–सोने की शिला के तल के समान प्रशस्त, समतल, उपचित-पुष्ट विस्तीर्ण और विशाल होता है।

कलाइयां–गाड़ी के जुए के समान पुष्ट मोटी एवं रमणीय होती हैं, तथा–

अस्थिसन्धियां–अत्यन्त सुडौल, सुगठित, सुन्दर मांसल और नसों से दृढ़ बनी होती हैं।

भुजाएँ–नगर के द्वार की आगल के समान लम्बी और गोलाकार होती हैं।

बाहू–भुजगेश्वर-शेषनाग के विशाल शरीर के समान और अपने स्थान से पृथक् की हुई आगल के समान लम्बे होते हैं।

हाथ–लाल-लाल हथेलियों वाले, परिपुष्ट कोमल, मांसल, सुन्दर बनावट वाले शुभ लक्षणों से युक्त और निश्छिद्र-छेद रहित होते हैं।

अंगुलियां–आपस में सटी हुई श्रेष्ठ कोमल होती हैं।

नख–ताम्रवर्ण-तांबे जैसे वर्ण के लालिमा युक्त पतले स्वच्छ सुन्दर और चिकने होते हैं।

हस्तरेखा–सूर्य, चन्द्र, शंख, उत्तम चक्र, दक्षिणावर्त स्वस्तिक आदि शुभ चिन्हों से सुविरचित और चिकनी होती हैं।

कंधे–उत्तम महिष, शूकर, सिंह, व्याघ्र, सांड और गजराज के कंधे के समान परिपूर्ण-पुष्ट होते हैं।

ग्रीवा–गर्दन चार अंगुल परिमित ऊँची एवं शंख जैसी होती है।

दाढी–मूछें–अवस्थित न घटने वाली और न बढ़ने वाली सदा एक सरीखी तथा सुविभक्त होती है।

ठुड्डी–पुष्ट मांसयुक्त सुन्दर तथा व्याघ्र के समान विस्तीर्ण होती है।

ओय-वियसिय-सिलप्पवाल-बिंबफल-संनिभा**धंरोट्ठा**,

पंडुर-ससि-सकल-विमल-संख-गोखीर-फेण-कुंद-दगरय-मुणालिया-धवल-**दंतसेढी**,

अखंड-दंता, अप्फुडिय-दंता, अविरल-दंता, सुणिद्ध-दंता, सुजाय-दंता, एगदंत-सेढिव्व अणेग **दंता**,

हुयवह-निद्धंत-धोय-तत्त तवणिज्ज, रत्ततला-**तालुजीहा**,

गरुलायत-उज्जुतंग**नासा**,
अवदालिय-पोंडरिय-**नयणा**, कोकासिय-धवल-पत्तलच्छा,

आणामिय-चाव-रुइल-किण्हब्भराजि-संठिय-संगयायय-सुजाय-**भुमगा**,

अल्लीण पमाणुजुत्त-सवणा **सुसवणा**,

पीण-मंसल-**कवोल**-देसभागा,

अचिरुग्गय-बालचंद-संठिय महा**निलाडा**,

उडुवइरिव-पडिपुण्ण **सोमवयणा**,
छत्तागारुत्त**मंगदेसा**,
घण-निचिय-सुबद्ध लक्खणुन्नय-कूडागार-निभ-पिंडियग्ग**सिरा**,

हुयवह-निद्धंत-धोय-तत्त-तवणिज्ज-रत्त-केसंत-**केसभूमी**,

सामलीपोंड-घण-निचिय छोडिय-मिउविसय-पसत्थ-सुहुम-लक्खण-सुगंधि-सुंदर-भुयमोयग-भिंग-नील-कज्जल-पहट्ठ-भमरगण-निद्ध-निगुरूंब-निचिय-कुंचिय-
पयाहिवत्तमुद्धसिरया,

सुजाय सुविभत्त **संगयंगा**,
लक्खण-वंजण-गुणोववेया,

पसत्थ-बत्तीसलक्खणधरा,
हंससस्सरा कुंचस्सरा दुंदुभिस्सरा, सीहस्सरा, ओघस्सरा, मेघस्सरा, सुस्सरा, सुस्सरनिग्घोसा,

वज्जरिसहनाराय-संघयणा, समचउरंससंठाण-संठिया, छाया-उज्जोवियंगमंगा, पसत्थच्छवी निरांतका कंकग्गहणी

अधरोष्ठ–संशुद्ध मुंगे और विम्बफल के सदृश लालिमायुक्त होते हैं।

दांतों की पंक्ति–चन्द्रमा के टुकड़े, निर्मल शंख, गाय के दूध के फेन, कुन्दपुष्प, जलकण तथा कमल की नाल के समान धवल-श्वेत होती है।

दांत–अखण्ड अविरल-एक दूसरे से सटे हुए अतीव स्निग्ध चिकने सुजात-सुरचित तथा वे अनेक दांत (बत्तीस दांत) एक दंत पंक्ति जैसे दिखते हैं।

तालु और जिह्वा–अग्नि में तपाकर धोये हुए स्वच्छ स्वर्ण के सदृश लाल तल वाली होती है।

नासिका–गरुड़ के समान लम्बी सीधी और ऊँची होती है।

नेत्र–विकसित पुण्डरीक-श्वेत कमल के समान विकसित एवं धवल होते हैं।

भ्रू–भौंहें–किंचित् नीचे झुकाए धनुष के समान मनोरम, कृष्ण अभ्रराजि-मेघों की रेखा के समान काली, उचित मात्रा में लम्बी एवं सुन्दर होती हैं।

कान–अलीन-किंचित् शरीर से चिपके हुए से और उचित प्रमाण वाले सुन्दर या सुनने की शक्ति से युक्त होते हैं।

कपोलभाग–गाल तथा उनके आसपास के भाग परिपुष्ट तथा मांसल होते हैं।

ललाट–अचिर उद्गत–जिसे उगे अधिक समय नहीं हुआ है, ऐसे बाल-चन्द्रमा के आकार जैसा तथा विशाल होता है।

मुखमण्डल–पूर्ण चन्द्र के सदृश सौम्य होता है।

मस्तक–छत्र के आकार का उभरा हुआ होता है।

सिर का अग्रभाग–मुद्गर के समान सुदृढ़ नसों से आबद्ध प्रशस्त लक्षणों-चिह्नों से सुशोभित-उभरा हुआ शिखरयुक्त भवन के समान गोलाकार पिण्ड जैसा होता है।

मस्तक की चमड़ी–टाट-अग्नि में तपाकर धोये हुए सोने के समान लालिमायुक्त एवं केशों वाली होती है।

मस्तक के केश–शाल्मली-सेमल वृक्ष के फल के समान सघन, घिसे हुए, बारीक, सुस्पष्ट मांगलिक, स्निग्ध, उत्तम लक्षणों से युक्त, सुवासित, सुन्दर, भुजमोचक रत्न, नीलमणि और काजल तथा हर्षित भ्रमरों के झुंड की तरह काली कान्ति वाले, स्निग्ध, गुच्छ रूप, किंचित् घुंघराले दक्षिणावर्त्त-(दाहिनी ओर मुड़े हुए) होते हैं।

अंग–सुडौल, सुविभक्त-यथास्थान और सुन्दर होते हैं।

वे यौगलिक उत्तम लक्षणों, तिल आदि व्यंजनों तथा गुणों और व्यंजनों के गुणों से सम्पन्न होते हैं।

प्रशस्त–शुभ-मांगलिक **बत्तीस लक्षणों**–के धारक होते हैं,

हंस क्रोंच पक्षी, दुन्दुभि एवं सिंह के समान स्वर-आवाज वाले होते हैं। उनका स्वर ओघ होता है–अविच्छिन्न और अत्रुटित होता है। उनकी ध्वनि मेघ की गर्जना जैसी होती है, अतएव कानों को प्रिय लगती है।

उनका स्वर और निर्घोष दोनों ही सुन्दर होते हैं।

वे वज्रऋषभनाराचसहंनन और समचतुरस्रसंस्थान के धारक होते हैं। अंग प्रत्यंग कान्ति से दैदीप्यमान रहते हैं। शरीर की त्वचा

कवोतपरिणामा, सउणि-पोस-पिट्ठंतरोरूपरिणया, पउमुप्पल-सरिस-गंधुस्सास सुरभिवयणा, अणुलोमवाउवेगा, अवदायनिद्ध-काला अमयरस-फलाहारा, ति-गाउयसमुसिया, ति-पलिओवमट्ठितीया, तिन्नि य पलिओवमाइं परमाउं पालयित्ता तेवि उवणमंति मरणधम्मं अवितित्ता कामाणं।

प्रशस्त होती है। वे निरोग होते हैं और कंक नामक पक्षी के समान अल्प आहार करते हैं तथा आहार को परिणत करने-पचाने की शक्ति कबूतर जैसी होती है, मल-द्वार पक्षी जैसा होने के कारण मल-त्याग के पश्चात् भी वह मल-लिप्त नहीं होता है, पीठ, पार्श्वभाग और जंघाएं सुन्दर सुपरिमित होती हैं पद्म-कमल और उत्पल-नील कमल की सुगन्ध के सदृश मनोहर गन्ध से उनका श्वास एवं मुख सुगन्धित रहता है। सिर पर चिकने और काले बाल होते हैं। उनका उदर शरीर के अनुरूप उन्नत होता है। वे अमृत के समान रस वाले फलों का आहार करते हैं। शरीर की ऊँचाई तीन गव्यूति की और आयु तीन पल्योपम की होती है। किन्तु तीन पल्योपम की आयु को भोग कर भी वे अकर्मभूमि भोगभूमि के मनुष्य-अन्त तक कामभोगों से अतृप्त रहकर ही मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

पमया वि य तेसिं होंति सोम्मा सुजायसव्वंग सुंदरीओ पहाण महिलागुणेहिं जुत्ता,

उन युगलिकों की स्त्रियां भी सौम्य अर्थात् शान्त एवं सात्विक स्वभाव वाली होती हैं। प्रशस्त जन्म वाली और सर्वांग सुन्दर होती हैं। महिलाओं के सब श्रेष्ठ गुणों से युक्त होती हैं।

अइकंत-विसप्पमाणा-मउय-सुकुमाल-कुम्म-संठिय-सिलिट्ठ-**चलणा**

चरण–पैर अत्यन्त रमणीय शरीर के अनुपात में उचित प्रमाण वाले, कोमल सुकुमाल कछुवे की पीठ के समान उन्नत स्निग्ध और मनोज्ञ होते हैं।

उज्जुमउय-पीवर-सुसाहयं**गुलीओ**

पैर की अंगुलियां–सीधी, कोमल, पुष्ट और निश्छिद्र-एक दूसरे से सटी हुई होती हैं।

अब्भुन्नय-रइय-तलिण तंब-सुइनिद्ध**नखा**

नाखून–उन्नत, प्रसन्नताजनक, पतले, निर्मल और चमकदार होते हैं।

रोमरहिय-वट्ट-संठिय-अजहन्न-पसत्थ-लक्खण-अकोप्प-जंघ-**जुयला**,
सुणिम्मिय-सुनिगूढ-**जाणू**

दोनों पिंडलियां–रोमों से रहित, गोलाकार, श्रेष्ठ मांगलिक लक्षणों से सम्पन्न और रमणीय होती हैं।
जानु-घुटने–सुन्दर रूप से निर्मित तथा मांसयुक्त होने के कारण निगूढ होते हैं।

मंसल-पसत्थ-सुबद्ध **संधी**

सन्धियां–मांसल प्रशस्त तथा नसों से सुबद्ध होती हैं।

कयलीखंभातिरेक-संठिय-निव्वण-सुकुमाल-मउय-कोमल-अविरल-समसहित-सुजाय-वट्ट पीवर-**निरंतरोरू**,

उरू–ऊपरी जंघाएं-सांथल कदली-स्तम्भ से भी अधिक सुन्दर आकार की, घाव आदि से रहित, सुकुमार, कोमल, अन्तररहित, समान प्रमाण वाली, सुन्दर लक्षणों से युक्त, सुजात, गोलाकार और पुष्ट होती हैं।

अट्ठावय-वीइपट्ठ-संठिय-पसत्थ-विच्छिन्न-**पिहुलसोणी**,

श्रोणि-नितम्ब–अष्टापद जुआ खेलने के पट्ट के समान लहरदार आकार वाली, श्रेष्ठ और विस्तीर्ण होती हैं।

वयणायामप्पमाण-दुगुणिय-विसाल-मंसल-सुबद्ध **जघण वरधारिणीओ**

नितम्ब भाग–मुख की लम्बाई के प्रमाण से अर्थात् बारह अंगुल से दुगुने चौबीस अंगुल जितना विशाल, मांसल पुष्ट होता है।

वज्ज-विराइय-पसत्थ-लक्खण-**निरोदरीओ**

उदर–वज्र के समान-मध्य में पतला शोभायमान, शुभ लक्षणों से सम्पन्न एवं कृश होता है।

तिवलि-वलिय-सणु-नमिय-**मज्झियाओ**

शरीर का मध्यभाग-त्रिवलि–तीन रेखाओं से युक्त, कृश और नमित-झुका होता है।

उज्जुय-समसहिय-च जच्च-तणु कसिण निद्ध आदेज्ज लउह-सुकुमाल-मउय-सुविभत्त **रोमराजीओ**,

रोमराजि–सीधी एक-सी, परस्पर मिली हुई, स्वाभाविक बारीक, काली, मुलायम, प्रशस्त, ललित, सुकुमार, कोमल और सुविभक्त-यथास्थानवर्ती होती है।

गंगावत्तग-पदाहिणावत्त-तरंगभंग-रविकिरण तरुणबोहिय-आकोसायंत-पउमगंभीर-**विगडनाभी**,

नाभि–गंगा नदी के भंवरों के समान दक्षिणावर्त्त चक्कर वाली तरंगमाला जैसी, सूर्य की किरणों से ताजा खिले हुए और नहीं कुम्हलाए हुए कमल के समान गंभीर एवं विशाल होती है।

अणुब्भड-पसत्थ-सुजाय-**पीणकुच्छी**,
सन्नय पासा, संगतपासा, सुंदरपासा, सुजातपासा, मितमाइय-पीण-रइय-**पासा**,

अकुरंडुय-कणग-रूयग निम्मल-सुजाय-निरुवहय-**गायलट्ठी**,
कंचणकलस - पमाण - समसंहिय - लट्ठ - चूचुय - आमेलग-जमल-जुयल-वट्टिय **पयोहराओ**

भुयंग - अणुपुव्व - तणुय - गोपुच्छ - वट्ट - सम - संहिय-नमिय-आदेज्ज-लडह**बाहा**,

तंब **नहा**,
मंसलग्ग**हत्था**,
कोमल-पीवर-**वरंगुलीया**
निद्धपाणिलेहा, ससि - सूर - संख - चक्क-वरसोत्थिय-विभक्त-सुविरइय-**पाणिलेहा**
पीणुण्णय-**कक्ख वत्थिपदेश**
पडिपुण्ण-**गलकवोला**,
चउरंगुल सुप्पमाण-कंबुवर-सरिस**गीवा**
मंसल-संठिय-पसत्थ-**हणुया**,
दलिमपुप्फगास-पीवर-पलंब-कुंचित-वराधरा,
सुंदरोत्तरो**ट्ठा**,

दधि-दगरय-कुंद-चंद-वासंति-मउल-अच्छिद्द विमल-**दसणा**,

रत्तुप्पल पउम पत्त-सुकुमाल-**तालु-जीहा**,

कणवीर-मउलऽकुडिल अब्भुन्नय उज्जुतुंग-**नासा**,

सारद-नवकमल-कुमुद-कुवलय-दल-निगर-सरिस-लक्खण-पसत्थ-अजिम्ह-**कंतनयणा**

आनामिय - चाव - रुइल - किण्हब्भराइ - संगय - सुजाय-तणुकसिण-निद्ध-**भुमगा**,

अल्लीण-पमाण-जुत्तसवणा-**सुस्सवणा**,

पीणमट्ठ-**गंडलेहा**,
चउरंगुल-विसाल-सम-**निडाला**,
कोमुदि-रयणिकर-विमल-पडिपुन्न-**सोमवदणा**,

छत्तुन्नय-**उत्तमंगा**

कुक्षि–नहीं उभरी हुई प्रशस्त, सुन्दर और पुष्ट होती हैं।

पार्श्वभाग–उचित प्रमाण में नीचे झुका, सुगठित संगत आकर्षक प्रमाणोपेत-उचित मात्रा में रचित, पुष्ट और रतिद कामोत्तेजक होता है।

गात्रयष्टि-मेरु दंड–उभरी हुई अस्थि से रहित, शुद्ध स्वर्ण से निर्मित रूचक नामक आभूषण के समान सुगठित तथा नीरोग होती है।

दोनों पयोधर-स्तन–स्वर्ण के दो कलसों के सदृश, प्रमाणयुक्त, उन्नत-उभरे हुए, कठोर तथा मनोहर चूचक (स्तनाग्रभाग) वाले तथा गोलाकार होते हैं।

भुजाएं–सर्प की आकृति सरीखी क्रमशः पतली गाय की पूंछ के समान गोलाकार, एक सी शिथिलता से रहित, सुनमित प्रमाणोपपेत एवं ललित होती हैं।

हाथों के नाखून–ताम्रवर्ण-लालिमायुक्त होते हैं।

अग्रहस्त–कलाई मांसल-पुष्ट होते हैं।

हाथ की अंगुलियां–कोमल और पुष्ट होती हैं।

हथेलियों की रेखाएं–स्निग्ध-चिकनी तथा चन्द्र, सूर्य, शंख, चक्र एवं स्वस्तिक के चिह्नों से अंकित एवं सुनिर्मित होती हैं।

कोख और मलोत्सर्गस्थान–पुष्ट तथा उन्नत होते हैं।

कपोल–परिपूर्ण तथा गोलाकार होते हैं।

ग्रीवा–चार अंगुल प्रमाण ऊँची उत्तम शंख जैसी होती हैं।

ठुड्डी–मांस से पुष्ट, सुस्थिर तथा प्रशस्त होती हैं।

अधरोष्ठ–उत्तरोष्ठ नीचे ऊपर के होठ अनार के खिले फूल जैसे लाल, कान्तिमय-पुष्ट कुछ लम्बे, कुंचित-सिकुड़े हुए और उत्तम होते हैं।

दांत–दही, पत्ते पर पड़ी बूंद, कुन्द के फूल, चन्द्रमा एवं चमेली की कली के समान श्वेत वर्ण, अन्तररहित-एक दूसरे से सटे हुए और उज्ज्वल होते हैं।

तालु और जिह्वा–रक्तोत्पल के समान लाल तथा कमल पत्र के सदृश कोमल होती हैं।

नासिका–कनेर–की कली के समान, वक्रता से रहित, आगे से ऊपर उठी हुई सीधी और ऊँची होती हैं।

नेत्र–शरदृऋतु के सूर्यविकासी नवीन कमल, चन्द्रविकासी कुमुद तथा कुवलय-नील कमल के समूह के समान शुभ लक्षणों युक्त प्रशस्त, कुटिलता तिरछेपन से रहित और कमनीय होते हैं।

भौंहे–किंचित् नमाये हुए धनुष के समान मनोहर, काली अभ्रराजि-मेघमाला के समान सुन्दर पतली, कृष्णवर्णी और चिकनी होती है।

कान–सटे हुए और समुचित प्रमाण वाले होते हैं तथा श्रवणशक्ति युक्त होते हैं।

कपोलरेखा–पुष्ट और चिकनी होती है।

ललाट–चार अंगुल विस्तीर्ण और सम होता है।

मुख–चन्द्रिकायुक्त निर्मल एवं परिपूर्ण चन्द्रमा के समान गोलाकार एवं सौम्य होता है।

मस्तक–छत्र के सदृश उन्नत-उभरा हुआ होता है।

अकविल-सुसिणिद्ध-दीहसिरया,

१. छत्त, २. ज्झय, ३. जूव, ४. थूभ, ५. दामिणी, ६. कमंडल, ७. कलस, ८. वावि, ९. सोत्थिय, १०. पडाग, ११. जव, १२. मच्छ, १३. कम्मा, १४. रहवर, १५. मकरज्झय, १६. वज्ज, १७. थाल, १८. अंकुस, १९. अट्ठावय, २०. सुपइट्ठ, २१. अमर, २२. सिरियाभिसेय, २३. तोरण, २४. मेइणि, २५. उदधिवर, २६. पवरभवण, २७. गिरिवर, २८. वरायंस, २९. सुललियगय, ३०. उसभ, ३१. सीह, ३२. चामर,

पसत्थ-बत्तीस-लक्खणधरीओ।

हंस-सरिस-गईओ-कोइल-महुर गिराओ,

कंता सव्वस्स अणुमयाओ,

ववगय–वलि-पलिय-वंग-दुव्वन्नवाहि-दोहग्ग-सोयमुक्काओ

उच्चत्तेण य नराण थोवूणमूसियाओ,

सिंगारागार- चारुवेसाओ,

सुंदर-थण-जहण-वयण-कर चरणणयणा,

लावण्ण-रूव-जोव्वण गुणोववेया,

नंदणवण-विवरचारिणीओ अच्छराओव्व, उत्तरकुरुमाणु-सच्छराओ,

अच्छेरग-पेच्छणिज्जियाओ,

तिन्नि य पलिओवमाइं परमाउं, पालयि त्ता ताओ वि उवणमंति मरणधम्मं अवितित्ता कामाणं।

–पण्ह. आ. ४, सु. ८८-८९

मस्तक के केश–काले, चिकने और लम्बे-लम्बे होते हैं।

इनके सिवाय वे निम्नलिखित उत्तम बत्तीस लक्षणों से युक्त होती हैं।

१. छत्र, २. ध्वजा, ३. यज्ञस्तम्भ, ४. जुव-स्तूप, ५. दामिनी-माला, ६. कमण्डलु, ७. कलश, ८. वापी, ९. स्वस्तिक, १०. पताका, ११. यव, १२. मत्स्य, १३. कूर्म कच्छप, १४. प्रधान रथ, १५. मकरध्वज-कामदेव, १६. वज्र, १७. थाल, १८. अंकुश, १९. अष्टापद, –जुआ खेलने का पट्ट या वस्त्र, २०. स्थापनिका-ठवणी या ऊँचे पैंदे वाला प्याला, २१. देव, २२. लक्ष्मी का अभिषेक, २३ तोरण, २४. मेदिनी-पृथ्वी, २५. समुद्र, २६. श्रेष्ठ भवन, २७. श्रेष्ठ पर्वत, २८. उत्तम दर्पण, २९. क्रीड़ा करता हुआ हाथी, ३०. वृषभ, ३१. सिंह, ३२. चमर।

उनकी चाल हंस जैसी और वाणी कोकिल के स्वर की तरह मधुर होती हैं।

अपनी कमनीय कान्ति से सभी के लिए प्रिय होती हैं।

शरीर पर न झुर्रियां पड़ती हैं, न बाल सफेद होते हैं, न अंगहीनता होती है, न कुरूपता होती है। वे व्याधि, दुर्भाग्य, सुहाग-हीनता एवं शोक चिन्ता से आजीवन मुक्त रहती हैं।

ऊँचाई में पुरुषों से कुछ कम ऊँची होती हैं।

शृंगार के आगार के समान और सुन्दर वेश भूषा से सुशोभित होती हैं।

उनके स्तन, जघन, मुख, चेहरा, हाथ, पांव और नेत्र–सभी कुछ अत्यन्त सुन्दर होते हैं।

लावण्य-सौन्दर्य, रूप और यौवन के गुणों से सम्पन्न होती हैं।

नन्दन वन में विहार करने वाली अप्सराओं सरीखी उत्तरकुरु क्षेत्र की मानवी अप्सराएं होती हैं।

वे आश्चर्यपूर्वक दर्शनीय होती हैं।

वे तीन पल्योपम की उत्कृष्ट मनुष्यायु को भोग कर भी उत्कृष्ट मानवीय भोगोपभोगों का उपभोग करके भी कामभोगों से तृप्त नहीं हो पातीं और अतृप्त रहकर ही कालधर्म मृत्यु को प्राप्त होती हैं।

५०. मेहुणसन्ना संपरिगिद्धाणं दुग्गइ–

मेहुणसन्ना-संपरिगिद्धा य मोहभरिया सत्थेहिं हणंति एक्क-मेक्कं,

विसय-विसस्स उदीरएसु अवरे परदारेहिं हम्मंति, विसुणिया धणनासं सयणविप्पणासं च पाउणंति,

परस्स दाराओ जे अविरया मेहुणसन्ना संपरिगिद्धा य मोहभरिया अस्सा, हत्थी, गवा य, महिसा, मिग्गा य मारेंति एक्कमेक्कं,

५०. मैथुन संज्ञा में ग्रस्तों की दुर्गति–

जो मनुष्य मैथुन सेवन की वासना में अत्यन्त आसक्त और मोहभृत-कामवासना से भरे हुए हैं, वे आपस में एक दूसरे का शस्त्रों से घात करते हैं।

विषयरूपी विष की उदीरणा होने पर कोई-कोई स्त्रियों में प्रवृत्त होकर अथवा विषय-विष के वशीभूत होकर पर-स्त्रियों में प्रवृत्त होने पर दूसरों के द्वारा मारे जाते हैं। परस्त्रीलम्पटता प्रकट हो जाने पर धन के और स्वजनों के विनाश के निमित्त बनते हैं अर्थात् उनकी सम्पत्ति और कुटुम्ब का नाश हो जाता है।

जो परस्त्रियों से विरत नहीं हैं और मैथुनसेवन की वासना में अतीव आसक्त और मोह से ग्रस्त हैं उन्हें और ऐसे ही घोड़े, हाथी, बैल, भैंसे और मृग-वन्य पशु परस्पर लड़ कर एक दूसरे को मार डालते हैं।

मणुयगणा वानरा य पक्खी य विरुज्झंति,

मित्ताणि खिप्पं भवंति सत्तू।
समये धम्मे गणे य भिंदंति पारदारी।

धम्मगुणरया य बंभयारी खणेणं उल्लोट्ठए चरित्ताओ।

जसमंतो सुव्वया य पावेंति अयसकित्तिं।

रोगत्ता बाहिया पवड्ढिंति रोगवाही।

दुवे य लोया दुआराहगा भवंति,इहलोए चेव परलोए परस्स दाराओ जे अविरया।
तहेव केइ परस्सदारं गवेसमाणा गहिया य, हया य, बद्धरुद्धा य एवं **जाव** गच्छंति विपुलमोहाभिभूयसन्ना।

–पण्ह. आ. ४,सु. १०

मनुष्यगण, बन्दर और पक्षीगण भी मैथुन संज्ञा के कारण परस्पर विरोधी बन जाते हैं।

मित्र शीघ्र ही शत्रु बन जाते हैं।

परस्त्रीगामी पुरुष, समय सिद्धान्तों आचार, मर्यादाओं और सामाजिक व्यवस्था को भंग कर देते हैं।

धर्म और संयमादि गुणों में निरत ब्रह्मचारी पुरुष भी मैथुनसंज्ञा के वशीभूत होकर क्षण भर में चारित्र-संयम से भ्रष्ट हो जाते हैं।

बड़े-बड़े यशस्वी और व्रतों का समीचीन रूप से पालन करने वाले भी अपयश और अपकीर्ति के भागी बन जाते हैं।

ज्वर आदि रोगों से ग्रस्त तथा कोढ आदि व्याधियों से पीड़ित प्राणी भी मैथुनसंज्ञा की तीव्रता के कारण अपने रोग व्याधि की भी वृद्धि कर लेते हैं।

जो मनुष्य परस्त्री से विरत नहीं हैं, उनके लिए इहलोक और परलोक दोनों लोकों में भी आराधना करना कठिन है।

इसी प्रकार परस्त्री की तलाश में रहने वाले कोई-कोई मनुष्य जब पकड़े जाते हैं तो पीटे जाते हैं, बन्धन बद्ध किये जाते हैं, कारागार में बंद कर दिए जाते हैं और जिनकी बुद्धि तीव्र मोह से ग्रस्त हो जाती है वे **यावत्** अधोगति को प्राप्त होते हैं।

५१. अबंभयारण फलं–

मेहुणमूलं च सुव्वए तत्थ-तत्थ वत्तपुव्वा संगामा जमक्खयकरा "सीयाए दोवईए कए रुप्पिणीए पउमावईए ताराए कंचणाए रत्तसुभद्दाए अहिन्नियाए सुवन्नगुलियाए किन्नरीए, सुरूवविज्जुमईए य, रोहिए य, अन्नेसु य एवमाइएसु बहवे महिलाकएसु सुव्वंति अइक्कंता संगामा गामधम्म मूला।

अबंभसेविणो इहलोए ताव नट्ठा परलोए वि य नट्ठा।

महया मोहतिमिरंधयारे घोरे तस-थावर-सुहुम-बायरेसु पज्जत्तमपज्जत्त साहारणसरीर-पत्तेयसरीरेसु य।
अंडज - पोतज - जराउय - रसज - संसेइम - संमुच्छिम-उब्भिय-उववाइएसु य,
नरग-तिरिय-देव-माणुसेसु,
जरामरण-रोग-सोग-बहुले, पलिओवम-सागरोवमाइं अणाईयं अणवदग्गं दीहमद्धं, चाउरंतसंसारकंतारं अणुपरियट्टंति जीवा मोहवससंनिविट्ठा।

एसो सो अबंभस्स फलविवागो इहलोइओ पारलोइओ य अप्पसुहो बहुदुक्खो महब्भओ बहुरयप्पगाढो-दारुणो कक्कसो असाओ वाससहस्सेहिं न मुच्चइ। न य अवेदयित्ता अत्थिहु मोक्खोत्ति।

एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणे उ वीरवरनामधेज्जो कहेसी य अबंभस्स फलविवागं। *–पण्ह. आ. ४, सु. ९१-९२ (क)*

५१. अब्रह्मचर्य का फल–

"सीता, द्रौपदी, रुक्मिणी, पद्मावती, तारा, कांचना, रक्तसुभद्रा, अहिल्या, स्वर्णगुटिका, किन्नरी, सुरूपविद्युत्मती और रोहिणी" के लिए पूर्वकाल में मनुष्यों का संहार करने वाले विभिन्न ग्रन्थों में वर्णित जो संग्राम हुए सुने जाते हैं, उनका मूल कारण मैथुन ही था–मैथुन सम्बन्धी वासना के कारण ये सब महायुद्ध हुए हैं, इनके अतिरिक्त अन्य महिलाओं के निमित्त से जो भी संग्राम हुए हैं उनका भी मूल कारण अब्रह्म था।

अब्रह्म का सेवन करने वाले इस लोक में तो नष्ट होते ही हैं वे परलोक में भी नष्ट होते हैं।

मोहवशीभूत प्राणी त्रस और स्थावर, सूक्ष्म और बादर, पर्याप्त और अपर्याप्त, साधारण और प्रत्येकशरीरी जीवों में,

अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदिम, सम्मूर्च्छिम, उद्भिज्ज और औपपातिक जीवों में,

नरक, तिर्यञ्च, देव और मनुष्यगति के जीवों में

जरा, मरण, रोग और शोक की बहुलता वाले, महामोहरूपी अंधकार से व्याप्त एवं घोर परलोक में अनेक पल्योपमों एवं सागरोपमों जितने सुदीर्घ काल पर्यन्त नष्ट-विनष्ट होते रहते हैं। दारुण दुख भोगते हैं तथा अनादि अनंत दीर्घ मार्ग वाले चातुर्गतिक संसार रूपी अटवी में बार-बार परिभ्रमण करते रहते हैं।

अब्रह्म रूप अधर्म का यह इहलोक और परलोक सम्बन्धी फल-विपाक है। यह अल्पसुख किन्तु बहुत दुःखों वाला है। यह फल-विपाक अत्यन्त भयंकर है और अत्यधिक पाप-रज से संयुक्त है। बड़ा ही दारुण और कठोर है। असाता का जनक है, हजारों वर्षों में अर्थात् बहुत दीर्घकाल के पश्चात् इससे छुटकारा मिलता है, भोगे बिना इससे छुटकारा नहीं मिलता।

ऐसा ज्ञातकुल नन्दन वीरवर-महावीर नामक महात्मा जिनेन्द्र-तीर्थंकर ने अब्रह्म का फल विपाक प्रतिपादित किया है।

५२. **अबंभस्स उवसंहारो–**

एयं तं अबंभं पि चउत्थे सदेव-मणुयासुरस्स लोगस्स पत्थणिज्जं।

एवं चिरपरिचियमणुगयं दुरंतं।

चउत्थं अहम्मद्दारं समत्तं, त्ति बेमि। *–पण्ह. आ. ४, सु. ९२ (ख)*

५३. **मेहुण सेवणाए असंजमस्सोदाहरण परूवणं–**

प. मेहुणं भन्ते ! सेवमाणस्स केरिसए असंजमे कज्जइ ?

उ. गोयमा ! से जहानामए पुरिसे रूवनालियं वा, बूरनालियं वा, तत्तेणं कणएण समभिधंसेज्जा-एरिसए णं गोयमा ! मेहुणं सेवमाणस्स असंजमे कज्जइ।

–विया. स. २, उ. ५, सु. ९

५४. **परिग्गह सरूवं–**

जंबू ! इत्तो परिग्गहो पंचमो,

उ नियमा णाणामणि कणग-रयण महरिहपरिमल,

सपुत्तदार-परिजण-दासी-दास-भयग-पेस,

हय-गय-गो-महिस-उट्ट-खर-अय-गवेलग,

सीया-सगड-रह-जाण-जुग्ग-संदण-सयणासण-वाहण,

कुविय-धण-धन्न-पाणभोयणाच्छायण,

गंध-मल्ल-भायण-भवणविहिं चेव,

बहुविहीयं भरहं णग-णगर-णिगम-जणवय-पुरवर- दोणमुह-खेड - कब्बड - मडंब - संबाह - पट्टण - सहस्स - परिमंडिय-थिमिय-मेइणीयं, एगछत्तं ससागरं भंजिऊण वसुहं।

–पण्ह. आ. ५, सु. ९३ (क)

५५. **परिग्गहस्स रुक्खोवमा–**

अपरिमियमणंत-तण्हमणुगयमहिच्छसार-**निरयमूलो**,

लोह-कलि-कसाय-**महक्खंधो**,

चिंता-सय-निचिय-**विउलसालो**,

गारवपविरल्लियग्ग-**विडवो**,

नियडि-**तया-पत्त-पल्लवधरो**,

५२. **अब्रह्म का उपसंहार–**

यह चौथा आश्रव अब्रह्म भी देवता, मनुष्य और असुर सहित समस्त लोक के प्राणियों द्वारा प्रार्थनीय अभीप्सित है।

यह चिरकाल से परिचित अभ्यस्त, अनुगत और दुरन्त है–दुखप्रद है अथवा बड़ी कठिनाई से इसका अन्त आता है।

इस प्रकार यह चौथा अधर्म द्वार अब्रह्म का वर्णन है, ऐसा मैं कहता हूँ।

५३. **उदाहरण सहित मैथुन सेवन के असंयम का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! मैथुनसेवन करते हुए जीव के किस प्रकार का असंयम होता है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई पुरुष तपी हुई सोने की (या लोहे की) सलाई (डालकर उस) से बांस की रूई से भरी हुई नली या बूर नामक वनस्पति से भरी नली को जला डालता है, उसी प्रकार हे गौतम ! मैथुन सेवन करते हुए जीव को असंयम होता है।

५४. **परिग्रह का स्वरूप–**

जम्बू ! यह पांचवां परिग्रह-आश्रव है, जो इस प्रकार है–

अनेक मणियों, स्वर्ण, कर्केतन आदि रत्नों, बहुमूल्य सुगंधमय पदार्थ,

पुत्र, पत्नी, परिवार, दासी, दास, भृतक, प्रेष्य, संदेश वाहक,

हाथी, घोड़े, गाय, भैंस, ऊंट, गधा, बकरा और गवेलक-भेड़,

शिविका-पालकी, शकट-गाड़ी-छकड़ा रथ, यान, युग्य-विशेष प्रकार की गाड़ी, स्यन्दन-क्रीडारथ, शयन, आसन, वाहन तथा कुप्य-गृहस्थी के उपयोग में आने वाला विविध प्रकार का सामान, धन, धान्य, गेहूं, चावल आदि पेय पदार्थ, भोजन-भोज्य वस्तु, आच्छादन-पहनने ओढने के वस्त्र,

गन्ध-कपूर आदि फूलों की माला, बर्तन-भांडे तथा भवन आदि को अनेक प्रकार के विधानों द्वारा भोग लेने पर भी–

हजारों पर्वतों, नगरों, निगमों, जनपदों, महानगरों, द्रोणमुखों, खेटों, कर्बटों, कस्बों, मडंबों, संबाहों तथा पत्तनों से सुशोभित भरतक्षेत्र तथा जहां के निवासी निर्भय होकर निवास करते हैं, ऐसे सागरपर्यन्त पृथ्वी का एकछत्र अखण्ड राज्य कर लेने पर भी-परिग्रह से तृप्ति नहीं होती।

५५. **परिग्रह को वृक्ष की उपमा–**

(परिग्रह वृक्ष के समान है, जिसका वर्णन इस प्रकार है–)

कभी और कहीं भी जिसका अन्त नहीं आता ऐसी अपरिमित एवं अनन्त तृष्णा रूपी महती इच्छाओं में ही अक्षय एवं अशुभ फल वाले इस वृक्ष की (जड़) **मूल** है।

लोभ, कलह-लड़ाई-झगड़ा और क्रोधादि कषाय इसके **महास्कन्ध** हैं।

चिन्ता, मानसिक सन्ताप आदि की अधिकता से अथवा निरन्तर उत्पन्न होने वाली सैकड़ों चिन्तायें इसकी विस्तीर्ण **शाखाएं** हैं।

ऋद्धि, रस और साता रूप गारव ही इसके विस्तीर्ण **शाखाग्र** हैं।

निकृति–दूसरों को ठगने के लिए की जाने वाली वंचना–ठगाई या कपट ही इस वृक्ष की त्वचा, छाल और पल्लव **कोपलें** हैं।

पुप्फफलं जस्स कामभोगा
आयास-विसूरणा-कलह-**पकंपियग्गसिहरो,**

नरवइ संपूजिओ बहुजणस्स हिययदइओ इमस्स मोक्खवर-मोत्तिमग्गस्स फलिहभूओ चरिमं अहम्मदारं।

–पण्ह. आ. ५, सु. ९३ (ख)

५६. परिग्गहस्स पज्जवणामाणि–

तस्स य नामाणि इमाणि गोण्णाणि होंति तीसं, तं जहा–

१. परिग्गहो, २. संचयो, ३. चयो, ४. उवचओ, ५. निहाणं, ६. संभारो, ७. संकरो, ८. आयरो, ९. पिंडो, १०. दव्वसारो, ११. तहा-महिच्छा, १२. पडिबंधो, १३. लोहप्पा, १४. महिड्ढिया, १५. उवकरणं, १६. संरक्खणा य, १७. भारो, १८. संपाउप्पायओ, १९. कलिकरंडो, २०. पवित्थरो, २१. अणत्थो, २२. संथवो, २३. अगुत्ति (अकित्ति), २४. आयासो, २५. अविओगो, २६. अमुत्ती, २७. तण्हा, २८. अणत्थओ, २९. आसत्ती, ३०. असंतोसो त्ति वि य।

तस्स एयाणि एवमादीणि नामधेज्जाणि होंति तीसं।

–पण्ह. आ. ५, सु. ९४

५७. लोभघत्था देव-मणुया–

तं च पुण परिग्गहं ममायंति, लोभघत्था भवणवइ **जाव** विमाणवासिणो परिग्गहरुई परिग्गहे विविहकरणबद्धी देवनिकाया य।

१. असुर, २. भुयग, ३. सुवण्ण, ४. विज्जु, ५. जलण, ६. दीव, ७. उदहि, ८. दिसि, ९. पवण, १०. थणिय,

१. अणवन्निय, २. पणवन्निय, ३. इसिवाइय, ४. भूयवाइय, ५. कंदिय, ६. महाकंदिय, ७. कुहंड, ८. पतंगदेवा, ९. पिसाय, १०. भूय, ११. जक्ख, १२. रक्खस, १३. किंनर, १४. किंपुरिस, १५. महोरग, १६. गंधव्वा य तिरियवासी।

काम भोग ही इस वृक्ष के **पुष्प और फल** हैं।

शारीरिक श्रम, मानसिक खेद और कलह ही इसका कम्पायमान **अग्रशिखर** हैं।

यह अन्तिम अधर्मद्वार राजा-महाराजाओं द्वारा सम्मानित अधिकांश लोगों को हृदय-प्रिय और मोक्ष प्राप्ति के उपाय निर्लोभता रूप मार्ग के लिए अर्गला के समान है।

५६. परिग्रह के पर्यायवाची नाम–

उस परिग्रह के गुणनिष्पन्न अर्थात् वास्तविक अर्थ को प्रकट करने वाले ये तीस नाम हैं, यथा–

१. परिग्रह–पदार्थों के प्रति मूर्च्छा ममत्व भाव, २. संचय–अनावश्यक वस्तुओं को इकट्ठा करना, ३. चय–संग्रह करना, ४. उपचय–प्राप्त वस्तुओं के परिमाण में वृद्धि करना, ५. निधान–धन को भूमि आदि में दबाकर रखना, ६. सम्भार–वस्तुओं को एकत्रित करने को लालसा बढ़ाना, ७. संकर–मिलावट करना, ८. आदर–पर पदार्थों की सार-संभाल करते रहना, ९. पिण्ड–ढेर करना, १०. द्रव्यसार–धन को प्राणों से भी अधिक प्रिय समझना, ११. महेच्छा–असीम इच्छा, १२. प्रतिबन्ध–लोभ में फंस जाना, १३. लोभात्मा–लोभ वृत्ति-कृपणता, १४. महद्दिका–महर्धिका बड़े-बड़े मनसूबे बांधना या याचना करना, १५. उपकरण–अमर्यादित साधन सामग्री एकत्रित करना, १६. संरक्षणा–प्राप्त वस्तुओं की आसक्ति पूर्वक रक्षा करना, १७. भार–जीवन को भार रूप, १८. संपातोत्पादक–संकल्प विकल्पों का उत्पादक, १९. कलिकरण्ड–वैर विरोध का पिटारा, २०. प्रविस्तर–अपनी क्षमता से अधिक व्यापार धन्धे का विस्तार, २१. अनर्थ–यातनाओं का कारण, २२. संस्तव–मोह आसक्ति का जनक, २३. अगुप्ति या अकीर्ति-कामना की स्वच्छंदता अपकीर्ति का कारण, २४. आयास–मानसिक-शारीरिक खेद, थकावट का उत्पादक २५. अवियोग–पर पदार्थों को अलग न होने देना, २६. अमुक्ति–लोभ वृत्ति, २७. तृष्णा–लालसा, २८. अनर्थक–परमार्थ में अनुपयोगी, २९. आसक्ति–गृद्धि, ३०. असन्तोष–संतुष्टि नहीं होना।

ये सार्थक तीस नाम हैं इसी प्रकार के और भी उसके सार्थक नाम हो सकते हैं।

५७. लोभग्रस्त देव-मनुष्य–

उस पूर्वोक्त स्वरूप वाले परिग्रह के लोभ से ग्रस्त, परिग्रह के प्रति रुचि रखने वाले, नाना प्रकार से परिग्रह को संचित करने की बुद्धि वाले, उत्तम भवनों **यावत्** विमानों में निवास करने वाले देवों के निकाय-समूह हैं, यथा–

१. असुरकुमार, २. नागकुमार, ३. सुपर्णकुमार, ४. विद्युत्कुमार, ५. ज्वलन–अग्नि कुमार, ६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. दिशाकुमार, ९. पवनकुमार, १०. स्तनितकुमार, ये दस प्रकार के भवनवासी देव तथा–

१. अणपन्निक, २. पणपन्निक, ३. ऋषिवादिक, ४. भूतवादिक, ५. क्रन्दित, ६. महाक्रन्दित, ७. कूष्माण्ड, ८. पतंग, ९. पिशाच, १०. भूत, ११. यक्ष, १२. राक्षस, १३. किन्नर, १४. किम्पुरुष, १५. महोरग एवं १६. गन्धर्व, तिर्यक्लोक में निवास करने वाले, ये महर्द्धिक व्यन्तर देव।

पंचविहा जोइसिया य देवा–
१. चंद, २. सूर,
१. बहस्सइ, २. सुक्क, ३. सणिच्छरा, ४. बुधा, ५. अंगारका, ६. राहु, ७. धुमकेउ, य तत्त-तवणिज्ज-कणयवण्णा जे य गहा जोइसम्मि चारं चरंति केऊ य गइ रईया

अट्ठावीसइ विहा य नक्खत्तदेवगणा नाणासंठाण-संठियाओ य–तारगाओ ठियलेस्सा चारिणो य अविस्साममंडलगई उवरिचरा।

उड्ढलोगवासी दुविहा वेमाणिया य देवा, तं जहा–
१. कप्पोपन्ना, २. कप्पातीया
१-२. सोहम्मीसाण, ३. सणंकुमार, ४. माहिंद, ५. बंभलोग, ६. लंतक, ७. महासुक्क, ८. सहस्सार, ९. आणय, १०. पाणय, ११. आरण, १२. अच्चुया,
कप्पवरविमाणवासिणो सुरगणा,

गेवेज्जा अणुत्तरा दुविहा-कप्पातीया, विमाणवासी महिड्ढिया उत्तमा सुरवरा।

एवं च ते चउव्विहा सपरिस्सावि देवा ममायंति।

भवण–वाहण-जाण-विमाण-सयणासणाणि य,
नाणाविहवत्थ भूसणा, पवर–पहरणाणि य,
नाणामणि पंचवण्ण–दिव्वं च भायणविहिं
नाणाविहकामरूवे वेउव्विय-अच्छरगणसंघाए,

दीव-समुद्दे दिसाओ विदिसाओ चेइयाणि वणसंडे पव्वए य,

गामनगराणि य आरामुज्जाण-काणणाणि य,
कूव - सर - तलाग - वावि - दीविय - देवकुल - सभ - प्पव-वसहिमाइयाहिं बहुकाइं कित्तणाणि य–
परिगेण्हित्ता परिग्गहं विपुलदव्वसारं देवावि सइंदगा न तित्तिं न तुट्ठिं उवलभंति।

अच्चंत-विपुल-लोभाभिभूयसन्ना,
वासहर-इक्खुगार-वट्ट-पव्वय-कुंडल - रूयगवर- माणुसोत्तर - कालोदधि-लवणसलिल-दहपति-रतिकर अंजणकसेल-दहिमुह ओवाउप्पाय कंचणक-चित्त-विचित्त-जमकवर सिहरी कूडवासी,

पांच प्रकार के ज्योतिष्क देव–
१. चन्द्र, २. सूर्य
१. वृहस्पति, २. शुक्र, ३. शनैश्चर, ४. बुध, ५. अंगारक-मंगल, ६. राहू, ७. केतु और तपाये हुए स्वर्ण जैसे वर्ण वाले अन्य ग्रह ज्योतिष्कचक्र में संचरणशील गति में प्रसन्नता का अनुभव करने वाले केतु आदि।

अट्ठाईस प्रकार के नक्षत्र देवगण, नाना प्रकार के संस्थान वाले तारागण, स्थिर कान्ति वाले, मनुष्य क्षेत्र, अढाई द्वीप से बाहर के स्थिर और मनुष्य क्षेत्र के भीतर संचार करने वाले तथा अविश्रान्त लगातार बिना रुके वर्तुलाकार गति करने वाले, ज्योतिष्क देव ममत्वपूर्वक परिग्रह को ग्रहण करते हैं।

उर्ध्वलोक में निवास करने वाले दो प्रकार के वैमानिक देव, यथा–
१. कल्पोपपन्न, २. कल्पातीत।
१, सौधर्म, २. ईशान, ३. सानत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्मलोक, ६. लान्तक, ७. महाशुक्र, ८. सहस्रार, ९. आनत, १०. प्राणत, ११. आरण, १२. अच्युत।

ये बारह उत्तम कल्प विमानों में वास करने वाले कल्पोपपन्न देव हैं।

(नौ) ग्रैवेयकों और (पांच) अनुत्तर विमानों में रहने वाले दो प्रकार के कल्पातीत देव हैं। ये विमानवासी वैमानिक देव महान् ऋद्धि के धारक श्रेष्ठ देव हैं।

ये चारों निकायों के देव अपनी-अपनी परिषद् सहित परिग्रह को ग्रहण करते हैं, उसमें मूर्च्छाभाव रखते हैं।

ये सभी देव, भवन, वाहन, यान, विमान, शय्या, भद्रासन,

विविध प्रकार के वस्त्र एवं श्रेष्ठ आभूषण-शस्त्रास्त्रों को,

अनेक प्रकार की पंचरंगी मणियों, दिव्य पात्रों को,

विक्रियालब्धि से इच्छानुसार रूप बनाने वाली कामरूपा अप्सराओं के समूह को,

द्वीपों, समुद्रों, दिशाओं, विदिशाओं, चैत्यों, वनखण्डों और पर्वतों को,

ग्राम, नगर, आराम, उद्यान और काननों को,

कूप, सरोवर, तालाब, बावड़ी, दीर्घिका, देवकुल-देवालय, सभा, प्रपा (प्याऊ) बस्ती और बहुत से कीर्त्तनीय-स्तुतियोग्य धर्मस्थानों को ममत्वपूर्वक ग्रहण करते हैं और इस प्रकार के विपुल द्रव्य वाले परिग्रह को ग्रहण करके इन्द्रों सहित देवगण भी न तृप्ति का और न सन्तुष्टि का अनुभव कर पाते हैं।

ये सब देव अत्यन्त तीव्र लोभ से अभिभूत संज्ञा वाले हैं।

अतः वर्षधर पर्वतों, इषुकारपर्वतों, वृत्त वैताढ्य पर्वतों, कुण्डल पर्वतों, रूचकवर पर्वतों, मानुषोत्तर पर्वतों, कालोदधि समुद्र, लवणसमुद्र, सलिला (गंगा आदि महा-नदियां) द्रहपति सरोवर, रतिकर पर्वतों, अंजनक पर्वतों, दधिमुखपर्वतों, अवपात पर्वतों, उत्पात पर्वतों, कांचनक पर्वतों, चित्र-विचित्रपर्वतों, यमकवर पर्वतों और शिखरी कूट आदि में रहने वाले ये देव भी तृप्त नहीं हो पाते तो फिर अन्य प्राणियों का तो कहना ही क्या?

वक्खारअकम्मभूमिसु सुविभत्तभागदेसासु कम्मभूमिसु जे वि य नरा चाउरंत - चक्कवट्टी बलदेवा - वासुदेवा मंडलीया इस्सरा तलवरा सेणावई इब्भा सेट्ठी-रट्ठिया-पुरोहिया कुमारा दंडणायगा गणनायगा माडंबिया सत्थवाहा कोडुंबिया अमच्चा एए अन्ने य एवाई परिग्गहं संचिणंति।

वक्षस्कारों तथा अकर्मभूमियों में तथा सुविभक्त-भलीभांति विभागवाली भरत, ऐरवत आदि पन्द्रह कर्मभूमियों में निवास करने वाले, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, माण्डलिक, राजा, ईश्वर, युवराज ऐश्वर्यशाली लोग, तलवर-राजमान्य अधिकारी, सेनापति, इभ्य, श्रेष्ठी, राष्ट्रिक, पुरोहित कुमार, राजपुत्र, दण्डनायक-कोतवाल माडम्बिक, सार्थवाह, कौटुम्बिक और अमात्य-मंत्री ये और इनके अतिरिक्त अन्य मनुष्य परिग्रह का संचय करते हैं।

अणंत-असरणं दुरंतं अधुवमणिच्चं असासयं,

वह परिग्रह अनन्त परिणामशून्य है, अशरण है, दुःखमय अन्त वाला है, अध्रुव है, अनित्य है एवं प्रतिक्षण विनाशशील होने से अशाश्वत है।

पावकम्मं नेमं अवकिरियव्वं, विणासमूलं-वह-बंध-परिकिलेसबहुलं अणंत - संकिलेस- कारणं,
ते तं धण-कणग-रयण-निचयं, पिंडी या चेव लोभघत्था संसारं अइवयंति सव्वदुक्खसन्निलयणं। –पण्ह. आ. ५, सु. ९५

पापकर्मों का मूल है, ज्ञानीजनों के लिए त्याज्य है, विनाश का मूल कारण है, अन्य प्राणियों के वध, बन्धन और क्लेश का कारण है और स्वयं के लिए अनन्त संक्लेश उत्पन्न करने वाला है। पूर्वोक्त देव आदि इस प्रकार के धन, कनक, रत्नों आदि का संचय करते हुए लोभ से ग्रस्त होते हैं और समस्त प्रकार के दुःखों के स्थान रूप इस संसार में परिभ्रमण करते हैं।

५८. परिग्गहट्ठाए पयत्ताणि–

५८. परिग्रह के लिए प्रयत्न–

परिग्गहस्स य अट्ठाए सिप्पसयं सिक्खए बहुजणो कलाओ य बावत्तरिं सुनिपुणाओ लेहाइयाओ सउणरूयावसाणाओ गणियप्पहाणाओ।

परिग्रह के लिए बहुत से लोग सैकड़ों शिल्प या हुनर तथा उच्च श्रेणी की निपुणता उत्पन्न करने वाली, गणित की प्रधानता वाली, लेखन से शकुनिरुत-पक्षियों की बोली पर्यन्त की बहत्तर कलाएं सीखते हैं।

चउसट्ठिं च महिलागुणे रइजणणे सिप्पसेवं-असि-मसि-किसि-वाणिज्जं-ववहारं अत्थसत्थ- ईसत्थच्छरूप्पगयं, विविहाओ य जोग-जुंजणाओ,

रति उत्पन्न करने वाली नारियां चौसठ महिलागुणों को सीखती हैं, कोई शिल्प द्वारा सेवा करते हैं। कोई असि-तलवार आदि शस्त्रों को चलाने का अभ्यास करते हैं, कोई मसि कर्म-लिपि आदि लिखने की शिक्षा लेते हैं, कोई कृषि-खेती करते हैं, कोई वाणिज्य-व्यापार सीखते हैं, कोई व्यवहार अर्थात् विवाद के निपटारे की शिक्षा लेते हैं। कोई अर्थशास्त्र-राजनीति तथा धनुर्वेद आदि शास्त्रों का अध्ययन करते हैं। कोई छुरी-तलवार आदि शस्त्रों को पकड़ने-चलाने की, कोई अनेक प्रकार के यंत्र, मंत्र, मारण, संमोहन, उच्चाटन, वशीकरण आदि योगों की शिक्षा ग्रहण करते हैं।

अन्नेसु य एवमाइएसु बहुसु कारणसएसु जावज्जीवं नडिज्जए संचिणंति मंदबुद्धी।

इसी प्रकार के और दूसरे मंदबुद्धि वाले व्यक्ति सैकड़ों कारणों से परिग्रह के लिए प्रवृत्ति करते हुए जीवनपर्यन्त भटकते रहते हैं और परिग्रह का संचय करते हैं।

परिग्गहस्सेव य अट्ठाए करंति पाणाण-वहकरणं।

परिग्रह के लिए लोग प्राणियों की हिंसा के कृत्य में प्रवृत्त होते हैं।

अलिय-नियडि-साइ-संपओगे।

झूठ बोलते हैं, दूसरों को ठगते हैं, निकृष्ट वस्तु को मिलावट करके उत्कृष्ट दिखलाते हैं।

परदव्वाभिज्जा।

दूसरे के द्रव्य में लालच करते हैं।

स-परदार-अभिगमणासेवणाए आयसविसूरणं।

स्वदार-गमन में शारीरिक एवं मानसिक खेद तथा परस्त्री की प्राप्ति न होने पर मानसिक पीड़ा का अनुभव करते हैं।

कलहभंडण-वेराणि य अवमाणण-विमाणणाओ।

कलह-विवाद-झगड़ा लड़ाई तथा वैर विरोध करते हैं अपमान तथा यातनाएं सहन करते हैं।

इच्छा-महिच्छ-प्पिवास-सययतिसिया तण्हगेहिलोभघत्था अत्ताणा अणिग्गहिया करेंति कोह-माण-माया-लोभे।

इच्छाओं और महेच्छाओं रूपी पिपासा के निरन्तर प्यासे बने रहते हैं। तृष्णा गृद्धि और लोभ में ग्रस्त-आसक्त रहते हैं, वे त्राणहीन एवं इन्द्रियों तथा मन के निग्रह से रहित होकर क्रोध, मान, माया और लोभ का सेवन करते हैं।

अकित्तणिज्जे परिग्गहे चेव होंति नियमा सल्ला-दंडा य गारवा य कसाया सन्ना य कामगुण - अण्हगा य इंदियलेस्साओ सयणसंपओगा सचित्ताचित्त- मीसगाइं दव्वाइं अणंतगाइं इच्छंति परिघेत्तुं।

सदेव-मणुयासुरंमि लोए लोभ परिग्गहो जिणवरेहिं भणिओ नत्थि एरिसो पासो पडिबंधो अत्थि सव्वजीवाणं सव्वलोए।

–पण्ह. आ. ५, सु. ९६

इस निन्दनीय परिग्रह में ही नियम से शल्य, दण्ड, गारव, कषाय, संज्ञा, कामगुण इन्द्रियविकार और अशुभलेश्याएं होती हैं। स्वजनों के साथ संयोग होते हैं और परिग्रहवान् असीम-अनन्त सचित्त, अचित्त एवं मिश्र द्रव्यों को ग्रहण करने की इच्छा करते हैं। देवों, मनुष्यों और असुरों सहित इस त्रस स्थावररूप लोक जगत् में जिनेन्द्र भगवन्तों ने इस लोभ परिग्रह का प्रतिपादन किया है। वास्तव में इस लोक में सर्व जीवों के लिए परिग्रह के समान अन्य कोई पाश फंदा बन्धन नहीं है।

५९. परिग्गह फलं–

परलोगंमि य नट्ठा तमं पविट्ठा महयामोहमोहियमई तिमिसंधकारे तस-थावर सुहुम-बायरेसु पज्जत्तम पज्जत्तग एवं **जाव** परियट्टंति दीहमद्धं जीवा लोभवस-सन्निविट्ठा।

एसो सो परिग्गहस्स फलविवाओ इहलोइओ पारलोइओ अप्पसुहो बहुदुक्खो महब्भओ बहुरयप्पगाढो दारुणो, कक्कसो असाओ वाससहस्सेहिं मुच्चइ न अवेयइत्ता अत्थि हु मोक्खोत्ति।

एवमाहंसु नायकुलनंदणो महप्पा जिणो उ वीरवर-नामधेज्जो कहेसी य परिग्गहस्स फलविवागं। *–पण्ण. आ. ५, सु. ९७(क)*

५९. परिग्रह के फल–

परिग्रह में आसक्त प्राणी परलोक में और इस लोक में नष्ट भ्रष्ट होते हैं, अज्ञानान्धकार में प्रविष्ट होते हैं, तीव्र मोहनीयकर्म के उदय से मोहित मति वाले, लोभ के वश में पड़े हुए जीव त्रस, स्थावर, सूक्ष्म और बादर पर्याप्तक और अपर्याप्तक अवस्थाओं में **यावत्** चार गति वाले संसार कानन में परिभ्रमण करते हैं।

परिग्रह का यह इस लोक सम्बन्धी और परलोक सम्बन्धी फल-विपाक अल्प सुख और अत्यन्त दुःख वाला है। महान् भय से परिपूर्ण है, अत्यन्त कर्म-रज से प्रगाढ है, दारुण है, कठोर है और असाता का हेतु है। हजारों वर्षों में अर्थात् बहुत दीर्घ काल में इससे छुटकारा मिलता है। किन्तु इसके फल को भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता।

इस प्रकार ज्ञातकुलनन्दन महात्मा वीरवर (महावीर) जिनेश्वर देव ने परिग्रह नामक इस पंचम (आश्रव द्वार के) फल विपाक का प्रतिपादन किया है।

६०. परिग्गहस्स उवसंहारो–

एसो सो परिग्गहो पंचमो उ नियमा नाना-मणि-कणग-रयणमहरिह एवं **जाव** इमस्स मोक्खवरमोत्तिमग्गस्स फलिहभूयो।

चरिमं अहम्मदारं समत्तं, त्ति बेमि।

–पण्ण. आ. ५, सु. ९७(ख)

६०. परिग्रह का उपसंहार–

अनेक प्रकार की चन्द्रकान्त आदि मणियों, स्वर्ण कर्केतन आदि रत्नों तथा बहुमूल्य अन्य द्रव्य यह पांचवां आश्रवद्वार परिग्रह मोक्ष के मार्गरूप मुक्ति-निर्लोभता के लिए अर्गला के समान है।

इस प्रकार यह अन्तिम परिग्रह आस्रवद्वार का वर्णन हुआ, ऐसा मैं कहता हूँ।

६१. आसवाज्झयणस्स उवसंहारो–

एएहिं पंचहिं आसवेहिं, रयमाइणित्तु अणुसमयं।
चउव्विहगइपेरंतं, अणुपरियट्टंति संसारे॥

सव्वगइपक्खंदे, काहिंति अणंतए अकयपुण्णा।
जे य ण सुणंति धम्मं, सोऊण य जे पमायंति॥

अणुसिट्ठं वि बहुविहं, मिच्छदिट्ठिया जे णरा अहम्मा।
बद्धणिकाइयकम्मा, सुणंति धम्मं ण य करेंति॥

किं सक्का काउं जे, णेच्छइ ओसहं मुहा पाउं।
जिणवयणं गुणमहुरं, विरेयणं सव्वदुक्खाणं॥

पंचेव य उज्झिऊणं, पंचेव य रक्खिऊणं भावेणं।
कम्मरय-विप्पमुक्कं, सिद्धिवरमणुत्तरं जंति॥

–पण्ण. सु. १ अंतिम

६१. आश्रव अध्ययन का उपसंहार–

इन पूर्वोक्त पांच आश्रवद्वारों के निमित्त से जीव प्रतिसमय कर्मरूपी रज का संचय करके चार गतिरूप संसार में परिभ्रमण करते रहते हैं।

जो पुण्यहीन प्राणी धर्म को श्रवण नहीं करते और श्रवण करके भी उसका आचरण करने में प्रमाद करते हैं, वे अनन्त काल तक चार गतियों में गमनागमन (जन्म-मरण) करते रहेंगे।

जो पुरुष मिथ्यादृष्टि हैं, अधार्मिक हैं, जिन्होंने निकाचित कर्मों का बन्ध किया है, वे अनेक प्रकार से शिक्षा पाने पर भी धर्म का श्रवण तो करते हैं किन्तु उसका आचरण नहीं करते हैं।

जिन भगवान् के वचन समस्त दुःखों का नाश करने के गुणयुक्त मधुर विरेचन औषध हैं, किन्तु निःस्वार्थ भाव से दी जाने वाली इस औषध को जो पीना ही नहीं चाहते, उनके लिए क्या कहा जा सकता है?

जो प्राणी पांच हिंसा आदि आस्रवों को त्याग कर और पांच (अहिंसा आदि संवरों) की भावपूर्वक रक्षा करते हैं, वे कर्म-रज से सर्वथा मुक्त होकर सर्वोत्तम सिद्धि मुक्ति को प्राप्त करते हैं।

वेद अध्ययन : आमुख

काम वासना का अनुभव वेद है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद एवं नपुंसकवेद के भेद से यह तीन प्रकार का होता है। यहाँ वेद शब्द स्त्री, पुरुष आदि के बाह्यलिंग का द्योतक नहीं है। बाह्यलिंग तो शरीर नाम कर्म का फल है। वेद मोह कर्म के उदय का परिणाम है। हाँ, यह अवश्य है कि बाह्यलिंग से स्त्री, पुरुष एवं नपुंसक की पहचान होती है तथा वेद से उनका गहरा सम्बन्ध है। प्रायः स्त्री में स्त्रीवेद, पुरुष में पुरुषवेद एवं नपुंसक में नपुंसक वेद पाया जाता है। वेद की पूर्ति का साधन लिंग है। नवें गुणस्थान के बाद तीन वेदों में से किसी का भी उदय नहीं रहता। वीतरागी आत्मा के सत्ता से भी वेद का क्षय हो जाता है किन्तु शरीर के साथ लिंग बना रहता है। तीन लिंगों में से किसी के भी रहते हुए वीतराग अवस्था प्राप्त हो सकती है जैसा कि चौदह प्रकार के सिद्धों में स्त्रीलिंग सिद्ध, पुरुषलिंग सिद्ध एवं नपुंसक लिंग सिद्धों की गणना इसकी साक्षी है।

पृथ्वीकाय, अप्काय, तेउकाय, वायुकाय एवं वनस्पतिकाय में जो कामवासना है वह नपुंसक वेद के रूप में है। इसी प्रकार तीन विकलेन्द्रियों, सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम मनुष्य एवं समस्त नैरयिक जीवों में भी नपुंसक वेद होता है। यह वेद महानगर के दाह के समान कष्टदायी है। देवों में दो वेद होते हैं–स्त्रीवेद एवं पुरुषवेद। इनमें नपुंसकवेद नहीं होता। नैरयिकों में नपुंसक के अलावा दोनों वेद नहीं होते। गर्भ से पैदा होने वाले तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय और मनुष्यों में तीनों वेद होते हैं। चार गतियों के चौबीस दण्डकों में मनुष्य का ही एक दण्डक ऐसा है जो अवेदी भी हो सकता है, अर्थात् काम-वासना का नाश मात्र मनुष्यों में ही संभव है। कोई भी जीव एक समय में एक से अधिक वेदों का अनुभव नहीं करता। स्त्रीवेद का उदय होने पर स्त्री पुरुष की अभिलाषा करती है तथा पुरुषवेद का उदय होने पर पुरुष स्त्री की अभिलाषा करता है। स्त्रीवेद कंडे की अग्नि के समान एवं पुरुषवेद दावाग्नि की ज्वाला के समान माना गया है।

सवेदक जीव तीन प्रकार के होते हैं–१. अनादि अपर्यवसित, २. अनादि सपर्यवसित और ३. सादि सपर्यवसित। जिन जीवों में अनादिकाल से सवेदकता चली आ रही है एवं कभी समाप्त नहीं होती वे अनादि अपर्यवसित भेद में आते हैं। जिनमें समाप्त हो जाती है उन्हें अनादि सपर्यवसित सवेदक माना जाएगा। अंतिम भेद उन जीवों में होता है जो एक बार अवेदी होकर (ग्यारहवें गुणस्थान से गिरकर) पुनः सवेदी हो जाता है। ऐसे जीव पुनः अवेदी हो सकते हैं। अवेदक जीव दो प्रकार के होते हैं–१. सादि अपर्यवसित एवं २. सादि सपर्यवसित। जो जीव एक बार अवेदक होने के बाद पुनः सवेदक नहीं होते वे प्रथम प्रकार में तथा पुनः सवेदक होने वाले द्वितीय प्रकार में आते हैं। सादि सपर्यवसित जीवों की अवेदकता जघन्य एक समय एवं उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त रहती है।

स्त्री, पुरुष एवं नपुंसक की कायस्थिति का चौबीस दण्डकों में प्रस्तुत अध्ययन में विशद निरूपण है। उसके पश्चात् सवेदक एवं अवेदक जीवों के अन्तरकाल का प्ररूपण है।

अल्प-बहुत्व की चर्चा महत्त्वपूर्ण है। सवेदक, स्त्रीवेदक, पुरषवेदक, नपुंसकवेदक और अवेदक जीवों में पुरुषवेदक सबसे अल्प हैं। उनसे स्त्रीवेदक जीव संख्यातगुणे हैं। उनसे अवेदक अनन्तगुणे हैं। उनसे नपुंसकवेदक अनन्तगुणे हैं। उनसे सवेदक विशेषाधिक हैं। स्त्री, पुरुष एवं नपुंसकों के विभिन्न दण्डकों में प्रदत्त पृथक् अल्प-बहुत्व के आधार पर यह कहा जा सकता है कि समस्त स्त्रियों में मनुष्य स्त्रियाँ, समस्त पुरुषों में मनुष्य पुरुष एवं समस्त नपुंसकों में मनुष्य नपुंसक सबसे अल्प हैं। स्त्रियों में देव स्त्रियां, पुरुषों में देव पुरुष एवं नपुंसकों में तिर्यक् नपुंसक सर्वाधिक हैं। स्त्री, पुरुष एवं नपुंसकों में पुरुष सबसे अल्प हैं, स्त्रियाँ उनसे संख्यातगुणी हैं, नपुंसक उनसे अनंतगुणे हैं।

मैथुन तीन प्रकार का है–दिव्य, मानुष्य एवं तिर्यक्योनिक। नैरयिक मिथुन भाव को प्राप्त नहीं होते क्योंकि वे नपुंसक होते हैं। नपुंसक जीव भी अब्रह्म (मैथुन) का सेवन करते हैं किन्तु मिथुन भाव से रहित होकर। मैथुन प्रवृत्ति (परिचारणा) पाँच प्रकार की कही गई है–१. काय परिचारणा, २. स्पर्श परिचारणा, ३. रूप परिचारणा, ४. शब्द परिचारणा एवं ५. मनः परिचारणा। देवों में पाँचों प्रकार की परिचारणा मिलती है। भवनपति से लेकर ईशानकल्प के देव काय परिचारक होते हैं। सनत् कुमार और माहेन्द्र कल्प के देव स्पर्श परिचारक, ब्रह्मलोक एवं लान्तक के देव रूप परिचारक, महाशुक्र एवं सहस्रार कल्प के देव शब्द परिचारक तथा आनत, प्राणत, आरण व अच्युतकल्पों के देव मनः परिचारक होते हैं। नौ ग्रैवेयक एवं पाँच अनुत्तर विमान के देव मैथुन प्रवृत्ति से रहित होते हैं। संवास के विविध रूपों का निरूपण करने के अनन्तर इस अध्ययन में काम के चार प्रकार प्रतिपादित हैं–१. शृंगार, २. करुण, ३. बीभत्स और ४. रौद्र। देवों में काम शृंगार प्रधान, मनुष्यों में करुण प्रधान, तिर्यञ्चों में बीभत्स प्रधान एवं नैरयिकों में रौद्र रस प्रधान होता है। इस प्रकार इस अध्ययन में वेद पर सर्वाङ्गीण सामग्री उपलब्ध है।

□

२९. वेयऽज्झयणं

सूत्र

१. वेयस्स तिविहा भेया–

प. . कइविहे णं भंते ! वेए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! तिविहे वेए पण्णत्ते, तं जहा–

१. इत्थिवेए, २. पुरिसवेए, ३. नपुंसगवेए।

–सम. सु. १५६

वेयस्स-सरूवं–

प. इत्थिवेए णं भंते ! किं पगारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! फुंफुअग्गिसमाणे पण्णत्ते।

–जीवा. पडि. २, सु. ५१ (२)

प. पुरिसवेए णं भंते ! किं पगारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! वणदवग्गिजालसमाणे पण्णत्ते।

प. नपुंसगवेए णं भंते ! किं पगारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! महाणगरदाहसमाणे पण्णत्ते समणाउसो।

–जीवा. पडि. २, सु. ६१(२)

२. चउवीस दंडएसु वेय बंध परूवणं–

प. इत्थिवेयस्स णं भंते ! कइविहे बंधे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! तिविहे बंधे पण्णत्ते, तं जहा–

१. जीवप्पयोग बंधे, २. अणंतरबंधे, ३. परंपरबंधे,

प. असुरकुमाराणं भंते ! इत्थिवेयस्स कइविहे बंधे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं जाव वेमाणियाणं,

णवरं–जस्स इत्थिवेदो अत्थि।

एवं पुरिसवेदस्स वि नपुंसगवेदस्स वि जाव (१-२४) वेमाणियाणं,

णवरं–जस्स जोअत्थि वेदो।

–विया. स. २०, उ. ७, सु. १२-१५

३. वेयकरणभेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहे णं भंते ! वेयकरणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! तिविहे वेयकरणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. इत्थिवेयकरणे, २. पुरिसवेयकरणे,

३. नपुंसगवेयकरणे।

दं. १-२४ एए सव्वे नेरइयाई दंडगा जाव वेमाणियाणं, जस्स जं अत्थि तं तस्स सव्वं भाणियव्वं।

–विया. स. १९, उ. ९, सु. ८

४. चउवीसदंडएसु वेय परूवणं–

प. दं. १ नेरइया णं भंते ! किं इत्थिवेया, पुरिसवेया, नपुंसगवेया पण्णत्ता।

२९. वेद-अध्ययन

सूत्र

१. वेद के तीन भेद–

प्र. भंते ! वेद कितने प्रकार के कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! वेद तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद, ३. नपुंसकवेद।

वेद का स्वरूप–

प्र. भंते ! स्त्री वेद किस प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! फुंफु–अग्नि अर्थात् कंडे की अग्नि के समान कहा गया है।

प्र. भंते ! पुरुषवेद किस प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वन (तृण) दावाग्नि की ज्वाला के समान कहा गया है।

प्र. भंते ! नपुंसकवेद किस प्रकार का कहा गया है ?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण गौतम ! महानगर के, दाह के समान कहा गया है।

२. चौबीस दण्डकों में वेद बंध का प्ररूपण–

प्र. भंते ! स्त्रीवेद का बन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! तीन प्रकार का बन्ध कहा गया है, यथा–

१. जीवप्रयोगबन्ध, २. अनंतरबंध, ३. परंपरबन्ध,

प्र. भंते ! असुरकुमारों के स्त्रीवेद का बन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत्** (तीन प्रकार का है।)

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–जिसके स्त्रीवेद है, (उसके लिए ही यह जानना चाहिए)

इसी प्रकार पुरुषवेद एवं नपुंसकवेद (बन्ध) के विषय में भी वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–जिसके जो वेद हो, वही कहना चाहिए।

३. वेदकरण के भेद और चौबीस दण्डकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! वेदकरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वेदकरण तीन प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. स्त्रीवेदकरण , २. पुरुषवेदकरण,

३. नपुंसक वेदकरण।

दं. १-२४ नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त सभी दण्डकों में वेदकरण जानने चाहिए। किन्तु जिसके जो वेद हों, उसके वे सब वेदकरण कहने चाहिए।

४. चौबीस दंडकों में वेद का प्ररूपण–

प्र. दं. १ भंते ! क्या नैरयिक स्त्रीवेदक, पुरुषवेदक या नपुंसकवेदक कहे गये हैं ?

उ. गोयमा ! णो इत्थिवेया, णो पुरिसवेया, नपुंसगवेया पण्णत्ता।

प. दं. २ असुरकुमारा णं भंते! किं इत्थिवेया, पुरिसवेया, नपुंसगवेया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! इत्थिवेया, पुरिसवेया, णो नपुंसगवेया पण्णत्ता ?

दं. ३-११ एवं जाव थणियकुमारा।

दं. १२-२१ पुढवी-आऊ-तेऊ-वाऊ-वणस्सई बि-ति-चउरिंदिय-सम्मुच्छिम-पंचेंदियतिरिक्ख-सम्मुच्छिम-मणुस्सा नपुंसगवेया,

गब्भवक्कंतियमणुस्सा पंचिंदियतिरिक्खया य तिवेया।

दं. २२-२४ जहा असुरकुमारा तहा वाणमंतरा जोइसिया-वेमाणिया वि। *–सम. सु. १५६*

५. चउगइसु वेय परूवणं–

१. नेरइयाणं-नपुंसगवेया, *–जीवा. पडि. १, सु. ३२*

२. तिरिक्खजोणिएसु–एगिंदिया

प. सुहुमपुढविकाइयाणं भंते ! जीवा किं इत्थिवेया, पुरिसवेया, नपुंसगवेया ?

उ. गोयमा ! नो इत्थिवेया, नो पुरिसवेया, नपुंसगवेया। *–जीवा. पडि. १, सु. १३ (११)*

बायरपुढविकाइया-जहा सुहुमपुढविकाइयाणं। *–जीवा. पडि. १, सु. १५*

सुहुम-बायर आउकाइया-जहा सुहुमपुढविकाइयाणं *–जीवा. पडि. १, सु. १६-१७*

सुहुम-बायर तेउकाइया जहा सुहुमपुढविकाइयाणं। *–जीवा. पडि.१, सु. २४-२५*

सुहुम-बायर वाउकाइया जहा सुहुमपुढविकाइयाणं। *–जीवा. पडि. १, सु. २६*

सुहुम-बायर-साहारण-पत्तेय सरीर वणस्सइकाइया-जहा सुहुमपुढविकाइयाणं। *–जीवा. पडि. १, सु. २०-२१*

(ख) बेइंदिया– नपुंसगवेया *–जीवा. पडि. १, सु. २८*

(ग) तेइंदिया– जहा बेइंदियाणं *–जीवा पडि. १, सु. २९*

(घ) चउरिंदिया– जहा तेइंदियाणं, *–जीवा. पडि. १, सु. ३०*

(ङ) सम्मुच्छिमपंचेंदियतिरिक्खजोणिया–

जलयरा–नपुंसगवेया *–जीवा. पडि. १, सु. ३५*

थलयरा–जहा जलयराणं[1] *–जीवा. पडि. १, सु. ३६*

खहयरा– जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ३६*

(च) गब्भवक्कंतियपंचेंदिय तिरिक्खजोणिया–

जलयरा– तिविहवेया– *–जीवा. पडि. १, सु. ३८*

थलयरा– जहा जलयराणं[2] *–जीवा. पडि. १, सु. ३९*

खहयरा– जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ४०*

उ. गौतम ! नैरयिक न स्त्रीवेदक हैं, न पुरुषवेदक हैं किन्तु नपुंसकवेदक कहे गये हैं ?

प्र. दं. २ भंते ! क्या असुरकुमार स्त्रीवेदक, पुरुषवेदक या नपुंसकवेदक कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! स्त्रीवेदवाले हैं, पुरुषवेद वाले हैं, किन्तु नपुंसकवेद वाले नहीं हैं।

दं. ३-११ इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १२-२१ पृथ्वी, अप्, तेजस् वायु, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रियतिर्यञ्च और सम्मूर्च्छिम मनुष्य नपुंसक वेद वाले हैं।

गर्भव्युत्क्रान्तिक मनुष्य और पंचेन्द्रियतिर्यञ्च तीनों वेद वाले हैं।

दं. २२-२४ वाणव्यन्तरों, ज्योतिष्कों और वैमानिकों का कथन असुरकुमारों के समान करना चाहिए।

५. चार गतियों में वेद का प्ररूपण–

१. नैरयिक– नपुंसकवेद वाले हैं।

२. तिर्यञ्चयोनिक– एकेन्द्रिय

प्र. भंते ! सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीव क्या स्त्रीवेद वाले हैं, पुरुषवेद वाले हैं या नपुंसकवेद वाले हैं ?

उ. गौतम ! न स्त्रीवेद वाले हैं, न पुरुषवेद वाले हैं, किन्तु नपुंसकवेद वाले हैं।

बादर पृथ्वीकायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

सूक्ष्म-बादर अप्कायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

सूक्ष्म-बादर तेजस्कायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

सूक्ष्म-बादर वायुकायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

सूक्ष्म-बादर-साधारण, प्रत्येक वनस्पतिकायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

(ख) द्वीन्द्रिय-नपुंसकवेद वाले हैं।

(ग) त्रीन्द्रिय का कथन उसी प्रकार (द्वीन्द्रियों के समान) है।

(घ) चतुरिन्द्रिय का कथन उसी प्रकार (त्रीन्द्रियों के समान) है।

(ङ) सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक–

जलचर–नपुंसकवेद वाले हैं।

स्थलचर–जलचरों के समान (नपुंसक वेद वाले) हैं।

खेचर–जलचरों के समान (नपुंसक वेद वाले) हैं।

(च) गर्भव्युत्क्रांतिक पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक–

जलचर–तीनों वेद वाले हैं।

स्थलचर–जलचरों के समान (तीनों वेद वाले) हैं।

खेचर– जलचरों के समान (तीनों वेद वाले) हैं।

१-२. जीवा. पडि. ३, उ. १, सु. ९७ (२)

३. मणुस्सा–

सम्मुच्छिममणुस्सा– नपुंसगवेया –जीवा. पडि. १, सु. ४१

गब्भवक्कंतियमणुस्सा–इत्थिवेया वि, पुरिसवेया वि, नपुंसगवेया वि, अवेया वि– –जीवा. पडि. १, सु. ४१

४. देवा–

इत्थिवेया वि, पुरिसवेया वि, नो नपुंसगवेया।

–जीवा. पडि.१, सु. ४२

६. एगसमए एगवेय वेयण-परूवणं–

प. अण्णउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति भासंति पण्णवेंति परूवेंति एवं खलु नियंठे कालगे समाणे देवब्भूएणं अप्पाणेणं–

१. से णं तत्थ नो अन्ने देवे नो अन्नेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय-परियारेइ।

२. णो अप्पणिच्चियाओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ।

३. अप्पणामेव अप्पाणं विउव्विय-विउव्विय परियारेइ

एगे वि य णं जीवे एगेणं समएणं दो वेए वेएइ, तं जहा–

१. इत्थिवेयं वा, २. पुरिसवेयं वा।

१. जं समयं इत्थिवेयं वेएइ तं समयं पुरिसवेयं वेएइ,

२. जं समयं पुरिसवेयं वेएइ तं समयं इत्थिवेयं वेएइ,

इत्थिवेयस्स वेयणाए पुरिसवेयं वेएइ,

पुरिसवेयस्स वेयणाए इत्थिवेयं वेएइ,

एवं खलु एगे वि य णं जीवे एगेणं समएणं दो वेयं वेएइ, तं जहा–

१. इत्थिवेयं वा, २. पुरिसवेयं वा।

से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** इत्थिवेयं वा पुरिसवेयं वा। जे ते एवमहंसु मिच्छं ते एवमाहंसु,

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि–

एवं खलु नियंठे कालगए समाणे अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति महिड्ढिएसु **जाव** महाणुभागेसु दूरगइसु चिरट्ठिइएसु।

से णं तत्थ देवे भवइ महिड्ढिए **जाव** दस दिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे **जाव** पडिरूवे।

३. मनुष्य–

सम्मूर्च्छिम मनुष्य– नपुंसकवेद वाले हैं।

गर्भव्युक्रान्तिक मनुष्य– स्त्रीवेद वाले भी हैं, पुरुषवेद वाले भी हैं, नपुंसकवेद वाले भी हैं और अवेदी भी हैं।

४. देव–

स्त्री वेद वाले भी हैं और पुरुष वेद वाले भी हैं, किन्तु नपुंसकवेद वाले नहीं हैं।

६. एक समय में एक वेद-वेदन का प्ररूपण–

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं, बताते हैं, प्रज्ञापना करते हैं और प्ररूपणा करते हैं कि कोई भी निर्ग्रन्थ (मुनि) मरने पर देव होता हुआ स्वयं–

१. वह वहाँ (देवलोक में) दूसरे देवों की देवियों के साथ, उन्हें वश में करके या उनका आलिंगन करके परिचारणा (मैथुन-सेवन) नहीं करता,

२. अपनी देवियों को वश में करके या आलिंगन करके उनके साथ भी परिचारणा नहीं करता।

३. परन्तु वह देव वैक्रिय से स्वयं ही देवी का रूप बनाकर उसके साथ परिचारणा करता है।

इस प्रकार एक जीव एक ही समय में दो वेदों का अनुभव (वेदन) करता है, यथा–

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद।

१. जिस समय स्त्रीवेद को वेदता (अनुभव करता) है, तब पुरुषवेद को भी वेदता है।

२. जिस समय पुरुषवेद को वेदता है, उस समय वह स्त्रीवेद को भी वेदता है।

स्त्रीवेद का वेदन करता हुआ पुरुषवेद को भी वेदता है,

पुरुषवेद का वेदन करता हुआ स्त्रीवेद को भी वेदता है।

अतः एक ही जीव एक समय में दोनों वेदों को वेदता है, यथा–

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद

भन्ते ! क्या यह (अन्यतीर्थिकों का) कथन सत्य है ?

उ. हे गौतम ! वे अन्यतीर्थिक जो यह कहते हैं **यावत्** स्त्रीवेद पुरुषवेद का वेदन एक साथ करते हैं, उनका वह कथन मिथ्या है।

हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि–

कोई निर्ग्रन्थ मरकर, किन्हीं महर्द्धिक **यावत्** महाप्रभावयुक्त, दूरगमन करने की शक्ति से सम्पन्न, दीर्घकाल की स्थिति (आयु) वाले देवलोकों में से किसी एक देवलोक में देवरूप से उत्पन्न होता है,

वहाँ वह महती ऋद्धि से युक्त होता है **यावत्** दशों दिशाओं में उद्योत करता है, विशिष्ट कान्ति से शोभायमान होता है **यावत्** अत्यन्त रूपवान् देव होता है।

१. से णं तत्थ अन्ने देवे अन्नेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ।
२. अप्पणिच्चियाओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ।
३. नो अप्पणामेव अप्पाणं विउव्विय-विउव्विय परियारेइ,

एगे वि य णं जीवे एगेणं समएणं एगं वेयं वेएइ, तं जहा–

१. इत्थिवेयं वा, २. पुरिसवेयं वा।

१. जं समयं इत्थिवेयं वेएइ, नो तं समयं पुरिसवेयं वेएइ।
२. जं समयं पुरिसवेयं वेएइ, नो तं समयं इत्थिवेयं वेएइ।

इत्थिवेयस्स उदएणं नो पुरिसवेयं वेएइ,
पुरिसवेयस्स उदएणं नो इत्थिवेयं वेएइ।
एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं वेयं वेएइ, तं जहा–

१. इत्थिवेयं वा, २. पुरिसवेयं वा।

इत्थी इत्थिवेएणं उदिण्णेणं पुरिसं पत्थेइ।

पुरिसो पुरिसवेएणं उदिण्णेणं इत्थिं पत्थेइ।

दो वि ते अण्णमण्णं पत्थेंति, तं जहा–

१. इत्थी वा पुरिसं, २. पुरिसे वा इत्थिं।

–विया. स. २, उ. ५, सु.१

१. वह देव वहाँ दूसरे देवों की देवियों को वश में करके उनके साथ परिचारणा करता है,
२. अपनी देवियों को ग्रहण करके उनके साथ भी परिचारणा करता है,
३. किन्तु स्वयं वैक्रिय करके अपने विकुर्वित रूप के साथ परिचारणा नहीं करता,

अतः एक जीव एक समय में दोनों वेदों में से किसी एक वेद का ही अनुभव करता है, यथा–

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद।

१. जब स्त्रीवेद को वेदता (अनुभव करता) है, तब पुरुषवेद को नहीं वेदता,
२. जिस समय पुरुषवेद को वेदता है, उस समय स्त्रीवेद को नहीं वेदता।

स्त्रीवेद का उदय होने से पुरुषवेद को नहीं वेदता,
पुरुषवेद का उदय होने से स्त्रीवेद को नहीं वेदता।
अतः एक जीव एक समय में दोनों वेदों में से किसी एक को ही वेदता है, यथा–

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद।

जब स्त्रीवेद का उदय होता है, तब स्त्री पुरुष की अभिलाषा करती है।

जब पुरुषवेद का उदय होता है, तब पुरुष स्त्री की अभिलाषा करता है।

अर्थात् दोनों परस्पर एक दूसरे की इच्छा करते हैं, यथा–

१. स्त्री पुरुष की, २. पुरुष स्त्री की।

७. सवेयग-अवेयगजीवाणं कायट्ठिई–

प. सवेयए णं भंते ! सवेयए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! सवेयए तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अणाईए वा अपज्जवसिए।
२. अणाईए वा सपज्जवसिए।
३. साईए वा सपज्जवसिए।

तत्थ णं जं से साईए सपज्जवसिए से जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतंकालं, अणंताओ उस्सप्पिणि- ओसप्पिणीओ कालओ, खेत्तओ अवड्ढं पोग्गलपरियट्टं देसूणं।[1]

प. इत्थिवेए णं भंते ! इत्थिवेए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! १. एगेणं आएसेणं जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं दसुत्तरं पलिओवमसयं पुव्वकोडिपुहुत्त-मब्भहियं।

७. सवेदक-अवेदक जीवों की कायस्थिति–

प्र. भंते ! सवेदक वाला जीव सवेदक के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! सवेदक तीन प्रकार के कहे गये हैं,यथा–

१. अनादि-अपर्यवसित
२. अनादि-सपर्यवसित
३. सादि-सपर्यवसित

उनमें से जो सादि-सपर्यवसित हैं, वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल तक, अर्थात् काल से अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी तक और क्षेत्र से देशोन अपार्ध पुद्गल परावर्तन पर्यन्त (जीव सवेदक रहता है)

प्र. भंते ! स्त्री वेद वाला जीव स्त्रीवेदक के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! १. एक मान्यता (अपेक्षा) से जघन्य एक समय और उत्कृष्ट साधिक पूर्वकोटिपृथक्त्व एक सौ दस पल्योपम तक रहता है।

---

१. जीवा. पडि. ९, सु. २३२

२. एगेणं आएसेणं जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं अट्ठारस पलिओवमाइं पुव्वकोडि पुहुत्तमब्भइयाइं

३. एगेणं आएसेणं जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं चोद्दस पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भइयाइं

४. एगेणं आएसेणं जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं पलिओवमसयं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भइयां

५. एगेणं आएसेणं जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं पलिओवमपुहुत्त पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भइयं

प. पुरिसवेए णं भंते ! पुरिसवेए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहत्तं साइरेगं।

प. नपुंसगवेए णं भंते ! नपुंसगवेए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं वणप्फइकालो।

प. अवेयए णं भंते ! अवेयए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! अवेयए दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. साईए वा अपज्जवसिए, २. साईए वा सपज्जवसिए।

तत्थ णं जे से साईए सपज्जवसिए से जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं[1]

–पण्ण. प. १८, सु. १३२६-१३३०

८. इत्थी-पुरिस नपुंसगाणं कायट्ठिई परूवणं–

प. इत्थीणं भंते ! इत्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! १. एक्केणादेसेणं जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं दसुत्तरं पलिओवमसयं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियं।

२. एक्केणादेसेणं जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अट्ठारस पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियं।

३. एक्केणादेसेणं जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं चउदस पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियं।

४. एक्केणादेसेणं जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं पलिओवमसयं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियं।

५. एक्केणादेसेणं जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं पलिओवमपुहुत्तं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियं।

प. तिरिक्खजोणित्थी णं भंते ! तिरिक्खजोणित्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं-पुढविक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, आउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं **जाव** वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं-जलयराणं, थलयराणं, खहयराणं,
मणुस्सित्थीणं-कम्मभूमियाणं, अकम्मभूमियाणं, अंतरदीवियाणं,
मणुस्सपुरिसाणं-कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाणं,
मणुस्स-नपुंसगाणं-कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाणं,
देवित्थीणं-भवणवासिणीणं, वाणमंतरीणं, जोइसिणीणं, वेमाणिणीणं,
देवपुरिसाणं-भवणवासीणं, वाणमंतराणं, जोइसियाणं, वेमाणियाणं, सोहम्मगाणं **जाव** गेवेज्जगाणं, अणुत्तरोववाइयाणं
नेरइय-नपुंसगाणं-रयण्णप्पभा-पुढवि-नेरइय-नपुंसगाणं **जाव** अहेसत्तमपुढवि-नेरइय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

पंचेन्द्रिय-तिर्यग्योनिक जलचर, स्थलचर, खेचर पुरुषों,
पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जलचर, स्थलचर, खेचर नपुंसकों,
एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों, अप्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों **यावत्** वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के जलचरों, स्थलचरों, खेचरों,
कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक, अन्तर्द्वीपज मनुष्य स्त्रियों,
कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक, अन्तर्द्वीपज मनुष्य पुरुषों,
कर्मभूमिक अकर्मभूमिक अन्तर्द्वीपज मनुष्य नपुंसकों,
भवनवासिनी, वाणव्यंतरी, ज्योतिष्की, वैमानिकी देव स्त्रियों,
भवनवासी, वाणव्यंतर, ज्योतिष्क, वैमानिकों के सौधर्म कल्प **यावत्** ग्रैवेयक एवं अनुत्तरोपपातिक देवपुरुषों,
नैरयिक नपुंसकों के रत्नप्रभा पृथ्वी नैरयिक नपुंसकों **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी नैरयिक नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गोयमा !

१-२. अंतरदीवग-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थीओ मणुस्स-पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला सव्वत्थोवा,
३-६. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
७-१०. हरिवास-रम्मगवास-अकम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
११-१४. हेमवय-हेरण्णवय, अकम्मभूमग मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
१५-१६. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,
१७-१८. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ दोवि संखेज्जगुणाओ,
१९-२०. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,

उ. गौतम !

१-२. अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और सबसे अल्प हैं,
३-६. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यात-गुणे हैं,
७-१०. (उनसे) हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,
११-१४. (उनसे) हेमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणा हैं,
१५-१६. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य पुरुष ये दोनों संख्यातगुणा हैं,
१७-१८. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां दोनों संख्यातगुणा हैं,
१९-२०. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य पुरुष ये दोनों संख्यातगुणा हैं,

२१-२२. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,
२३. अणुत्तरोववाइय-देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
२४-३०. उवरिमगेवेज्जा देवपुरिसा संखेज्जगुणा **जाव** आणएकप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,
३१. अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
३२. छट्ठीए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
३३. सहस्सारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
३४. महासुक्के कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
३५. पंचमाए पुढवीए-नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

३६. लंतए कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
३७. चउत्थीए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

३८. बंभलोए कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
३९. तच्चाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

४०. माहिंदे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
४१. सणंकुमारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
४२. दोच्चाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

४३. अंतरदीवग-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
४४-४५. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा,
४६-५३. **एवं जाव विदेहत्ति,**
५४. ईसाणे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
५५. ईसाणे कप्पे देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
५६. सोहम्मे कप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,
५७. सोहम्मे कप्पे देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
५८. भवणवासिदेवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
५९. भवणवासिदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
६०. इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
६१. खहयर-तिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,
६२. खहयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
६३. थलयर-तिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,
६४. थलयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
६५. जलयर-तिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,
६६. जलयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
६७. वाणमंतरदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,
६८. वाणमंतरदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

२१-२२. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां ये दोनों संख्यातगुणा हैं,
२३.(उनसे) अनुत्तरोपातिक देवपुरुष असंख्यातगुणा हैं,
२४-३०. (उनसे) उपरिम ग्रैवेयक देवपुरुष संख्यातगुणा हैं यावत् आनत कल्प के देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
३१.(उनसे) अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
३२.(उनसे) छठी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
३३.(उनसे) सहस्रार कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
३४.(उनसे) महाशुक्र कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
३५.(उनसे) पांचवी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
३६.(उनसे) लांतक कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
३७.(उनसे) चौथी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
३८.(उनसे) ब्रह्मलोक कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
३९.(उनसे) तीसरी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
४०. (उनसे) माहेन्द्र कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
४१.(उनसे) सनतकुमार कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
४२. (उनसे) दूसरी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
४३. (उनसे) अन्तर्द्वीपज-अकर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
४४-४५. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु के अकर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,
४६-५३. **(उनसे) इसी प्रकार विदेह तक संख्यातगुणे हैं,**
५४. (उनसे) ईशान कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
५५. (उनसे) ईशान कल्प की देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
५६. (उनसे) सौधर्म कल्प के देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
५७. (उनसे) सौधर्म कल्प की देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
५८.(उनसे) भवनवासी देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
५९.(उनसे) भवनवासी देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
६०. (उनसे) इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
६१.(उनसे) खेचर तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,
६२.(उनसे) खेचर तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
६३.(उनसे) स्थलचर तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,
६४.(उनसे) स्थलचर तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
६५. (उनसे) जलचर तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,
६६.(उनसे) जलचर तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
६७.(उनसे) वाणव्यंतर देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
६८.(उनसे) वाणव्यंतर देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

६९. जोइसियदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,
७०. जोइसियदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
७१. खहयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
७२. थलयर-पंचेंदिय तिरिक्खजोणिय नपुंसगा संखेज्जगुणा,
७३. जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा संखेज्जगुणा,
७४. चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
७५. तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
७६. बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
७७. तेउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
७८. पुढविक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
७९. आउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
८०. वाउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
८१. वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा। *–जीवा. प. २, सु. ६२ (१-९)*

मेहुण-परियारणा-संवास परूवणं

११. मेहुणस्स भेय परूवणं–

एगे मेहुणे *–ठाण. अ. १, सु. ३९ (१)*
तिविहे मेहुणे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दिव्वे, २. माणुस्सए, ३. तिरिक्खजोणिए।
तओ मेहुणं गच्छंति, तं जहा–
१. देवा, २. मणुस्सा, ३. तिरिक्खजोणिया।
तओ मेहुणं सेवंति, तं जहा–
१. इत्थी, २. पुरिसा, ३. नपुंसगा।
–ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १३१

१२. देवेसु परियारणा परूवणं–

प. देवा णं भंते ! १. किं सदेवीया सपरियारा,
२. सदेवीया अपरियारा,
३. अदेविया सपरियारा,
४. अदेवीया अपरियारा ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइया देवा सदेवीया सपरियारा,
२. अत्थेगइया देवा अदेवीया सपरियारा,
६९. (उनसे) ज्योतिष्क देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
७०. (उनसे) ज्योतिष्क देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
७१. (उनसे) ज्योतिष्क खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
७२. (उनसे) स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक संख्यातगुणे हैं,
७३. (उनसे) जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक संख्यातगुणे हैं,
७४. (उनसे) चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
७५. (उनसे) त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
७६. (उनसे) द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
७७. (उनसे) तेजस्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
७८. (उनसे) पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
७९. (उनसे) अप्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
८०. (उनसे) वायुकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक विशेषाधिक हैं,
८१. (उनसे) वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

मैथुन परिचारणा और संवास का प्ररूपण

११. मैथुन के भेदों का प्ररूपण–

मैथुन (संग्रहनय की अपेक्षा से) एक है।
मैथुन तीन प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. दिव्य, २. मानुष्य, ३. तिर्यक्योनिक
तीन मैथुन करते हैं यथा–
१. देव, २. मनुष्य, ३. तिर्यञ्च।
तीन मैथुन का सेवन करते हैं, यथा–
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

१२. देवों में मैथुन प्रवृत्ति की प्ररूपणा–

प्र. भंते ! क्या देव–१. देवियों सहित और परिचारणायुक्त मैथुन प्रवृत्ति वाले होते हैं ?
२. देव, देवियों वाले हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले नहीं है ?
३. देव, देवियों वाले नहीं हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले हैं ?
४. देव, देवियों वाले भी नहीं हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी नहीं हैं ?

उ. गौतम ! १. कुछ देव देवियों वाले भी हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी हैं,
२. कुछ देव देवियों वाले नहीं हैं किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले हैं,

३. अत्थेगइया देवा अदेवीया अपरियारा,

४. णो चेव णं देवा सदेवीया अपरियारा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया देवा सदेवीया सपरियारा तं चेव **जाव** णो चेव णं देवा सदेवीया अपरियारा ?"

उ. गोयमा ! भवणवइ - वाणमंतर - जोइस - सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु देवा सदेवीया सपरियारा,

सणंकुमार - माहिंद - बंभलोग - लंतग - महासुक्क - सहस्सार - आणय - पाणय - आरण - अच्चुएसु कप्पेसु देवा अदेवीया सपरियारा,
गेवेज्जऽणुत्तरोववाइयदेवा अदेवीया अपरियारा,

णो चेव णं देवा सदेवीया अपरियारा,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया देवा सदेवीया सपरियारा तं चेव **जाव** णो चेव णं देवा सदेवीया अपरियारा।"

प. कइविहा णं भंते ! परियारणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. कायपरियारणा,
२. फासपरियारणा,
३. रूवपरियारणा,
४. सद्दपरियारणा,
५. मणपरियारणा[1]।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पंचविहा परियारणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. कायपरियारणा **जाव** ५. मणपरियारणा ?"

उ. गोयमा ! भवणवइ-वाणमंतर-जोइस-सोहम्मीसाणेसु-कप्पेसु देवा कायपरियारगा,
सणंकुमार-माहिंदेसु कप्पेसु देवा फासपरियारगा,
बंभलोय-लंतगेसु कप्पेसु देवा रूवपरियारगा,
महासुक्क-सहस्सारेसु देवा सद्दपरियारगा,
आणय - पाणय - आरण - अच्चुएसु कप्पेसु देवा मणपरियारगा[2],
गेवेज्जऽअणुत्तरोववाइया देवा अपरियारगा।

३. कुछ देव देवियों वाले भी नहीं हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी नहीं हैं।

४. ऐसे कोई देव नहीं हैं जो देवियों वाले हैं किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले नहीं हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–
"कुछ देव देवियों वाले भी हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी हैं यावत् ऐसे कोई देव नहीं हैं जो देवियों वाले हैं किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और सौधर्म तथा ईशानकल्प के देव देवियों वाले भी हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी हैं।

सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मलोक, लान्तक, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पों में देव, देवियों वाले नहीं हैं किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले हैं।

नौ ग्रैवेयक और पाँच अनुत्तरोपपातिक देव देवियों वाले भी नहीं हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी नहीं हैं।

ऐसा कभी नहीं होता है कि कोई देव देवियों वाले हों किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले नहीं हों।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"कुछ देव देवियों वाले भी हैं और मैथुन प्रवृत्ति वाले भी हैं यावत् ऐसे कोई देव नहीं हैं जो देवियों वाले हैं किन्तु मैथुन प्रवृत्ति वाले नहीं हैं।"

प्र. भन्ते ! परिचारणा (मैथुन प्रवृत्ति) कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! परिचारणा पाँच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. कायपरिचारणा,
२. स्पर्शपरिचारणा,
३. रूपपरिचारणा,
४. शब्दपरिचारणा,
५. मनःपरिचारणा।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'परिचारणा पांच प्रकार की है, यथा–
१. कायपरिचारणा **यावत्** ५. मनःपरिचारणा ?

उ. गौतम ! भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और सौधर्म-ईशान कल्प के देव कायपरिचारक होते हैं।

सनत्कुमार और माहेन्द्रकल्प के देव स्पर्शपरिचारक होते हैं।

ब्रह्मलोक और लान्तककल्प के देव रूपपरिचारक होते हैं।

महाशुक्र और सहस्रारकल्प के देव शब्द-परिचारक होते हैं।

आनत, प्राणत, आरण और अच्युतकल्पों के देव मनःपरिचारक होते हैं।

नौ ग्रैवेयक और पांच अनुत्तरोपपातिक देव अपरिचारक होते हैं।

---

१. ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ४०२

२. ठाणं. अ. २, उ. ४, सु. १२४/३-७

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
पंचविहा परियारणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. "कायपरियारणा **जाव** ५. मणपरियारणा।"
तत्थ णं जे ते कायपरियारगा देवा तेसि णं इच्छामणे समुप्पज्जइ इच्छामो णं अच्छराहिं सद्धिं कायपरियारणं करेत्तए।
तए णं तेहिं देवेहिं एवं मणसीकए समाणे खिप्पामेव ताओ अच्छराओ ओरालाइं सिंगाराइं मणुण्णाइं मणोहराइं मणोरमाइं उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं विउव्वंति।
विउव्वित्ता तेसिं देवाणं अंतियं पाउब्भवंति।
तए णं ते देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं कायपरियारणं करेंति।
से जहाणामए सीया पोग्गला सीयं पप्प सीयं चेव अइवइत्ता णं चिट्ठंति।
उसिणा वा पोग्गला उसिणं पप्प उसिणं चेव अइवइत्ता णं चिट्ठंति।
एवामेव तेहिं देवेहिं ताहिं अच्छराहिं सद्धिं कायपरियारणे कए समाणे से इच्छामणे खिप्पामेवावेइ।

प. अत्थि णं भंते ! तेसिं देवाणं सुक्कपोग्गला ?
उ. हंता गोयमा ! अत्थि।
प. ते णं भंते ! तासिं अच्छराणं कीसत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमंति ?
उ. गोयमा ! सोइंदियत्ताए चक्खिंदियत्ताए घाणिंदियत्ताए रसिंदियत्ताए फासिंदियत्ताए।
इट्ठत्ताए कंतत्ताए मणुण्णत्ताए मणामत्ताए।
सुभगत्ताए सोहग्ग-रूव-जोव्वण-गुणलावण्णत्ताए ते तासिं भुज्जो-भुज्जो परिणमंति।
तत्थ णं जे ते फासपरियारगा देवा तेसि णं इच्छामणे समुप्पज्जइ।
एवं जहेव कायपरियारणा तहेव निरवसेसं भाणियव्वं।

तत्थ णं जे ते रूवपरियारगा देवा तेसिं णं इच्छामणे समुप्पज्जइ। इच्छामो णं अच्छराहिं सद्धिं रूवपरियारणं करेत्तए।
तए णं तेहिं देवेहिं एवं मणसीकए समाणे तहेव **जाव** उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं विउव्वंति।

विउव्वित्ता जेणामेव ते देवा तेणामेव उवागच्छंति, तेणामेव उवागच्छित्ता तेसिं देवाणं अदूरसामंते ठिच्चा ताइं ओरालाइं **जाव** मणोरमाइं उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं उवदंसेमाणीओ उवदंसेमाणीओ चिट्ठंति।
तए णं ते देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं रूवपरियारणं करेंति।
एवं जहेव कायपरियारणा तहेव निरवसेसं भाणियव्वं।

गौतम ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'परिचारणा पांच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. कायपरिचारणा **यावत्** ५. मनःपरिचारणा।'
उनमें से कायपरिचारक (शरीर से विषयभोग सेवन करने वाले) जो देव हैं, उनके मन में (ऐसी) इच्छा समुत्पन्न होती है कि हम अप्सराओं के शरीर से परिचार (मैथुन) करें।
उन देवों द्वारा इस प्रकार मन से सोचने पर वे अप्सराएं उदार आभूषणादियुक्त (शृंगारयुक्त), मनोज्ञ, मनोहर एवं मनोरम उत्तरवैक्रिय रूप की विकुर्वणा करती हैं।
इस प्रकार विकुर्वणा करके वे उन देवों के पास आती हैं।
तब वे देव उन अप्सराओं के साथ कायपरिचारणा (शरीर से मैथुन सेवन) करते हैं।
जैसे शीत पुद्गल शीतयोनि वाले प्राणी को प्राप्त होकर अत्यन्त शीतअवस्था को प्राप्त करके रहते हैं,
अथवा उष्ण पुद्गल जैसे उष्णयोनि वाले प्राणी को पाकर अत्यन्त उष्ण अवस्था को प्राप्त करके रहते हैं,
उसी प्रकार उन देवों द्वारा अप्सराओं के साथ काया से परिचारणा करने पर उनकी इच्छा पूर्ण हो जाती है।

प्र. भन्ते ! क्या उन देवों के शुक्र-पुद्गल होते हैं ?
उ. हाँ गौतम ! होते हैं।
प्र. भन्ते ! उन अप्सराओं के लिए वे किस रूप में बार-बार परिणत होते हैं ?
उ. गौतम ! श्रोत्रेन्द्रियरूप से, चक्षुरिन्द्रियरूप से, घ्राणेन्द्रियरूप से, रसेन्द्रियरूप से, स्पर्शेन्द्रियरूप से,
इष्टरूप से, कमनीयरूप से, मनोज्ञरूप से, अतिशय मनोज्ञरूप से,
सुभगरूप से, सौभाग्य-रूप - यौवन : गुण - लावण्यरूप से वे उनके लिए बार-बार परिणत होते हैं।
उनमें जो स्पर्शपरिचारकदेव हैं, उनके मन में भी इच्छा उत्पन्न होती है,
जिस प्रकार काया से परिचारणा करने वाले देवों का कथन किया गया है उसी प्रकार सम्पूर्ण कहना चाहिए।
उनमें जो रूपपरिचारक देव हैं, उनके मन में इच्छा समुत्पन्न होती है कि हम अप्सराओं के साथ रूपपरिचारणा करें।

उन देवों द्वारा मन से ऐसा विचार किए जाने पर (वे देवियां) उसी प्रकार (पूर्ववत्) **यावत्** उत्तरवैक्रिय रूप से विक्रिया करती हैं।
विक्रिया करके जहां वे देव होते हैं वहां जा पहुँचती हैं और फिर उन देवों के न बहुत दूर और न बहुत पास स्थित होकर उन उदार **यावत्** मनोरम उत्तरवैक्रिय-कृत रूपों को दिखलाती-दिखलाती खड़ी रहती हैं।
तत्पश्चात् वे देव उन अप्सराओं के साथ रूपपरिचारणा करते हैं।
शेष सारा कथन काय परिचारणा के अनुरूप यहाँ कहना चाहिए।

तत्थ णं जे ते सद्दपरियारगा देवा तेसिं णं इच्छामणे समुप्पज्जइ।

इच्छामो णं अच्छराहिं सद्धिं सद्दपरियारणं करेत्तए।

तए णं तेहिं देवेहिं एवं मणसीकए समाणे **जाव** उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं विउव्वंति।

विउव्वित्ता जेणामेव ते देवा तेणामेव उवागच्छंति,

तेणामेव उवागच्छित्ता तेसिं देवाणं अदूरसामंते ठिच्चा अणुत्तराइं उच्चावयाइं सद्दाइं समुदीरेमाणीओ समुदीरेमाणीओ चिट्ठंति।

तए णं ते देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं सद्द परियारणं करेंति।

एवं जहेव कायपरियारणा तहेव निरवसेसं भाणियव्वं।

तत्थ णं जे ते मणपरियारगा देवा तेसिं इच्छामणे समुप्पज्जइ।

इच्छामो णं अच्छराहिं सद्धिं मणपरियारणं करेत्तए।

तए णं तेहिं देवेहिं एवं मणसीकए समाणे खिप्पामेव ताओ अच्छराओ तत्थगयाओ चेव समाणीओ अणुत्तराइं उच्चावयाइं मणाइं संपहारेमाणीओ संपहारेमाणीओ चिट्ठंति।

तए णं ते देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं मणपरियारणं करेंति।

सेसं तं चेव जाव भुज्जो-भुज्जो परिणमंति।

–पण्ण. प. ३४, सु. २०५१-२०५२

१३. परियारगदेवाणं अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! देवाणं कायपरियारगाणं **जाव** मणपरियारगाणं अपरियारगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा देवा अपरियारगा,

२. मणपरियारगा संखेज्जगुणा,

३. सद्दपरियारगा असंखेज्जगुणा,

४. रूवपरियारगा असंखेज्जगुणा,

५. फासपरियारगा असंखेज्जगुणा,

६. कायपरियारगा असंखेज्जगुणा[1]।

–पण्ण. प. ३४, सु. २०५३

१४. विविहा परियारणा–

तिविहा परियारणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. एगे देवे, अन्नेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ,

उनमें जो शब्दपरिचारक देव होते हैं, उनके मन में इच्छा उत्पन्न होती है कि–

हम अप्सराओं के साथ शब्दपरिचारणा करें।

उन देवों के द्वारा इस प्रकार मन में विचार करने पर उसी प्रकार (पूर्ववत्) **यावत्** उत्तरवैक्रिय रूपों की विक्रिया करती हैं।

विक्रिया करके जहाँ वे देव होते हैं, वहां देवियां पहुँचती हैं।

फिर वे उन देवों के न अति दूर और न अति निकट रुककर सर्वोत्कृष्ट नानाविध शब्दों का बार-बार उच्चारण करती रहती हैं।

इस प्रकार वे देव उन अप्सराओं के साथ शब्द परिचारणा करते हैं।

शेष सारा कथन काय परिचारणा के समान यहां कहना चाहिए।

उनमें जो मनःपरिचारक देव होते हैं, उनके मन में इच्छा उत्पन्न होती है कि–

हम अप्सराओं के साथ मन से परिचारणा करें।

तत्पश्चात् उन देवों के द्वारा मन में इस प्रकार अभिलाषा करने पर वे अप्सराएं शीघ्र ही वहीं (अपने स्थान पर) रही हुई उत्कृष्ट नाना प्रकार के मन को धारण करती हुई रहती हैं।

तब वे देव उन अप्सराओं के साथ मन से परिचारणा करते हैं।

शेष सब कथन पूर्ववत् यावत् बार-बार परिणत होते हैं यहाँ तक कहना चाहिए।

१३. परिचारक देवों का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन कायपरिचारक **यावत्** मनःपरिचारक और अपरिचारक देवों में से कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे कम अपरिचारक देव हैं,

२. (उनसे) मनःपरिचारक देव संख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) शब्दपरिचारक देव असंख्यातगुणे हैं,

४. (उनसे) रूपपरिचारक देव असंख्यातगुणे हैं,

५. (उनसे) स्पर्शपरिचारक देव असंख्यातगुणे हैं,

६. (उनसे) कायपरिचारक देव असंख्यातगुणे हैं।

१४. विविध प्रकार की परिचारणा–

परिचारणा तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. कुछ देव अन्य देवों की देवियों का आलिंगन कर-कर परिचारणा करते हैं,

---

१. (क) प. नेरइया णं भंते ! अणंतराहारा तओ निव्वत्तणया ?

उ. गोयमा ! एवं परियारणा पदं निरवसेसं भाणियव्वं।

–विया. स. १३, उ. ३ सु. १

(ख) सम. सु. १५३ (४)

अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ;
अप्पाणमेव अप्पणा विकुव्विय-विकुव्विय परियारेइ।

२. एगे देवे णो अन्नेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय-परियारेइ,
अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ,
अप्पाणमेव अप्पणा विकुव्विय-विकुव्विय परियारेइ।

३. एगे देवे णो अन्नेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ,
णो अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ,
अप्पाणमेव अप्पणा विकुव्विय-विकुव्विय परियारेइ।

–ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १३०

१५. संवासस्स विविहारूवा

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छेज्जा,
२. देवे णाममेगे छवीए सद्धिं संवासं गच्छेज्जा,
३. छवी णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छेज्जा,
४. छवी णाममेगे छवीए सद्धिं संवासं गच्छेज्जा।

–ठाणं अ. ४, उ. १, सु. २४८/२

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दिव्वे, २. आसुरे, ३. रक्खसे, ४. माणुसे।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
२. देवे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
३. असुरे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
४. असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
२. देवे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
३. रक्खसे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
४. रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. देवे णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
२. देवे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
३. मणुस्से णाममेगे देवीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
४. मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–
१. असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
२. असुरे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ,
३. रक्खसे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

कुछ देव अपनी देवियों का आलिंगन कर-कर परिचारणा करते हैं,
कुछ देव अपने बनाए हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा करते हैं।

२. कुछ देव अन्य देवों की देवियों का आलिंगन कर-कर परिचारणा नहीं करते,
अपनी देवियों का आलिंगन कर-कर परिचारणा करते हैं,
अपने बनाए हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा करते हैं।

३. कुछ देव अन्य देवों की देवियों से आलिंगन कर-कर परिचारणा नहीं करते,
अपनी देवियों का आलिंगन कर-कर परिचारणा नहीं करते,
कुछ देव केवल अपने बनाए हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा करते हैं।

१५. संवास के विविध रूप–

संवास (सम्भोग) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. कुछ देव, देवी के साथ सम्भोग करते हैं,
२. कुछ देव, नारी या तिर्यंच स्त्री के साथ सम्भोग करते हैं,
३. कुछ मनुष्य या तिर्यञ्च, देवी के साथ सम्भोग करते हैं,
४. कुछ मनुष्य या तिर्यञ्च, मानुषी या तिर्यञ्च स्त्री के साथ सम्भोग करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. देवताओं का, २. असुरों का, ३. राक्षसों का, ४. मनुष्यों का।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. कुछ देव देवियों के साथ संवास करते हैं,
२. कुछ देव असुरियों के साथ संवास करते हैं,
३. कुछ असुर देवियों के साथ संवास करते हैं,
४. कुछ असुर असुरियों के साथ संवास करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. कुछ देव देवियों के साथ संवास करते हैं,
२. कुछ देव राक्षसियों के साथ संवास करते हैं,
३. कुछ राक्षस देवियों के साथ संवास करते हैं,
४. कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ संवास करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. कुछ देव देवियों के साथ संवास करते हैं,
२. कुछ देव मानुषियों के साथ संवास करते हैं,
३. कुछ मनुष्य देवियों के साथ संवास करते हैं,
४. कुछ मनुष्य मानुषियों के साथ संवास करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. कुछ असुर असुरियों के साथ संवास करते हैं,
२. कुछ असुर राक्षसियों के साथ संवास करते हैं,
३. कुछ राक्षस असुरियों के साथ संवास करते हैं,

४. रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–

१. असुरे णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

२. असुरे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

३. मणुस्से णाममेगे असुरीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

४. मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

चउव्विहे संवासे पण्णत्ते, तं जहा–

१. रक्खसे णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

२. रक्खसे णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

३. मणुस्से णाममेगे रक्खसीए सद्धिं संवासं गच्छइ,

४. मणुस्से णाममेगे मणुस्सीए सद्धिं संवासं गच्छइ।

–ठाणं. अ. ४, सु. ३५३

१६. कामस्स चउव्विहत्त परूवणं–

चउव्विहा कामा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सिंगारा, २. कलुणा, ३. बीभच्छा, ४. रोद्दा।

१. सिंगारा कामा देवाणं,

२. कलुणा कामा मणुयाणं

३. बीभच्छा कामा तिरिक्खजोणियाणं,

४. रोद्दा कामा णेरइयाणं। *–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३५७*

४. कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ संवास करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कुछ असुर असुरियों के साथ संवास करते हैं,

२. कुछ असुर मानुषियों के साथ संवास करते हैं,

३. कुछ मनुष्य असुरियों के साथ संवास करते हैं,

४. कुछ मनुष्य मानुषियों के साथ संवास करते हैं।

संवास चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कुछ राक्षस राक्षसियों के साथ संवास करते हैं,

२. कुछ राक्षस मानुषियों के साथ संवास करते हैं,

३. कुछ मनुष्य राक्षसियों के साथ संवास करते हैं,

४. कुछ मनुष्य मानुषियों के साथ संवास करते हैं।

१६. काम के चतुर्विधत्व का प्ररूपण–

काम चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. शृंगार, २. करुण, ३. बीभत्स, ४. रौद्र।

१. देवताओं के काम शृंगार-रस प्रधान होते हैं,

२. मनुष्यों के काम करुण-रस प्रधान होते हैं,

३. तिर्यञ्चों के काम बीभत्स-रस प्रधान होते हैं,

४. नैरयिकों के काम रौद्र-रस प्रधान होते हैं।

३०. कषाय अध्ययन : आमुख

जीव के संसार-परिभ्रमण का प्रमुख कारण कषाय है। कषाय से ही पाप एवं पुण्य प्रकृतियों का स्थितिबंध होता है। यही कर्मबंध का प्रमुख हेतु है। प्रस्तुत अध्ययन में कषाय का कोई लक्षण नहीं दिया गया है किन्तु उस पर विविध दृष्टियों से विचार किया गया है जिससे कषाय का स्वरूप उद्घाटित होता है। कषाय के प्रमुख रूप से चार भेद हैं–१. क्रोध, २. मान, ३. माया एवं ४. लोभ। संग्रहनय की दृष्टि से क्रोधादि कषाय एक-एक हैं किन्तु व्यवहारनय की दृष्टि से उनके चार-चार भेद हैं–१. अनन्तानुबंधी, २. अप्रत्याख्यान, ३. प्रत्याख्यानावरण एवं ४. संज्वलन। इस प्रकार कषाय के सोलह भेद भी हैं। इन सोलह भेदों का इस अध्ययन में विविध दृष्टान्तों के आधार पर विवेचन किया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि अनन्तानुबंधी कषायों में काल करने वाला जीव नैरयिकों में उत्पन्न होता है, अप्रत्याख्यान कषायों में काल करने वाला जीव तिर्यञ्च में, प्रत्याख्यानावरण चतुष्क में काल करने वाला जीव मनुष्यों में तथा संज्वलन कषायों में काल करने वाला जीव देवों में उत्पन्न होता है।

क्रोधादि चारों कषाय चारों गतियों के चौबीस ही दण्डकों में उपलब्ध हैं। इन कषायों के एक भिन्न दृष्टि से चार-चार भेद और निरूपित हैं–१. आभोग निवर्तित, २. अनाभोग निवर्तित, ३. उपशांत और ४. अनुपशांत। जीव के क्रोधादि कषाय परिणाम को भाव कहते हैं। उस भाव के उदक के समान चार भेद होते हैं–१. कर्दमोदक समान, २. खंजनोदक समान, ३. बालुकोदक समान एवं ४. शैलोदक समान। इन भावों में प्रवर्तमान जीव काल करने पर क्रमशः नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य एवं देवयोनि में उत्पन्न होता है। आवर्त्त को आधार बनाकर खरावर्त के समान क्रोध, उन्नतावर्त के समान मान, गूढावर्त के समान माया एवं आमिषावर्त के समान लोभ में काल करने वाले समस्त जीवों की उत्पत्ति नैरयिकों में बतलायी गई है।

कषाय की उत्पत्ति मुख्य रूप से चार निमित्तों से होती है–१. क्षेत्र, २. वास्तु, ३. शरीर एवं ४. उपधि के निमित्तों से। किन्तु क्रोध की उत्पत्ति के दस स्थानों, मद की उत्पत्ति के आठ एवं दस स्थानों का भी उल्लेख है। करण, निर्वृत्ति, प्रतिष्ठान आदि के आधार पर भी प्रस्तुत अध्ययन में कषाय का विवेचन है। सकषायी जीव तीन प्रकार के हो सकते हैं–१. अनादि अपर्यवसित, २. अनादि सपर्यवसित एवं ३. सादि सपर्यवसित। अन्त में सकषायी, क्रोधकषायी, मानकषायी, मायाकषायी, लोभकषायी एवं अकषायी जीवों का अल्पबहुत्व देकर अकषायी होने का महत्व प्रतिपादित किया गया है।

□

३०. कसायऽज्झयणं

सूत्र

१. कसाय भेयप्पभेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

१. एगे कोहे, २. एगे माणे,
३. एगे माया, ४. एगे लोभे।
–ठाणं. अ. १, सु. ३९ (१)

प. कइ णं भंते ! कसाया पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! चत्तारि कसाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. कोहकसाए, २. माणकसाए,
३. मायाकसाए, ४. लोभकसाए।
प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! कइ कसाया पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! चत्तारि कसाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. कोहकसाए **जाव** ४. लोभकसाए।
दं. २-२४. एवं जाव वेमाणियाणं।[1]
–पण्ण. प. १४, सु. ९५८-९५९

प. कइविहे णं भंते ! कोहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउव्विहे कोहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणंताणुबंधी कोहे, २. अप्पच्चक्खाणे कोहे,
३. पच्चक्खाणावरणे कोहे, ४. संजलणे कोहे।
एवं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**
एवं माणेणं, मायाए, लोभेणं एए वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा।
प. कइविहे णं भंते ! कोहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउव्विहे कोहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. आभोगणिव्वत्तिए, २. अणाभोगणिव्वत्तिए,
३. उवसंते ४. अणुवसंते।
एवं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**
एवं माणेण वि, मायाए वि,[2] **लोभेण वि एए वि चत्तारि दंडगा।** *–पण्ण. प. १४ सु. ९६२-९६३*
सोलस कसाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. अणंताणुबंधी कोहे, **एवं**
२. माणे, ३. माया, ४. लोभे।
५. अपच्चक्खाणकसाए कोहे, **एवं**
६. माणे, ७. माया, ८. लोभे।
९. पच्चक्खाणावरणे कोहे, **एवं**
१०. माणे, ११. माया, १२. लोभे।
१३. संजलणे कोहे, **एवं**
१४. माणे, १५. माया, १६. लोभे।

३०. कषाय अध्ययन

सूत्र

१. कषायों के भेद-प्रभेद और चौवीस दंडकों में प्ररूपण–
(संग्रहनय की अपेक्षा)
१. क्रोध कषाय एक है, २. मान कषाय एक है,
३. माया कषाय एक है, ४. लोभ कषाय एक है।

प्र. भंते ! कषाय कितने कहे गये हैं ?
उ. गौतम ! कषाय चार कहे गये हैं, यथा–
१. क्रोध कषाय, २. मान कषाय,
३. माया कषाय, ४. लोभ कषाय।
प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों में कितने कषाय कहे गये हैं ?
उ. गौतम ! नैरयिकों में चार कषाय कहे गये हैं, यथा–
१. क्रोध कषाय **यावत्** ४. लोभ कषाय।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त चारों कषाय जानने चाहिए।
प्र. भंते ! क्रोध (कषाय) कितने प्रकार के कहे गए हैं ?
उ. गौतम ! क्रोध (कषाय) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अनन्तानुबंधी क्रोध, २. अप्रत्याख्यानावरण क्रोध,
३. प्रत्याख्यानावरण क्रोध, ४. संज्वलन क्रोध।
इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।
इसी प्रकार मान, माया और लोभ के भी चार-चार दंडक जानने चाहिए।
प्र. भंते ! क्रोध कितने प्रकार का कहा गया है ?
उ. गौतम ! क्रोध चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. आभोगनिर्वर्तित, २. अनाभोगनिर्वर्तित,
३. उपशांत, ४. अनुपशांत।
इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहने चाहिए।
इसी प्रकार मान, माया और लोभ के भी चार-चार दंडक जानने चाहिये।
सोलह कषाय कहे गये हैं, यथा–
१. अनन्तानुबंधी क्रोध, **इसी प्रकार–**
२. मान, ३. माया, ४. लोभ।
५. अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, **इसी प्रकार–**
६. मान, ७. माया, ८. लोभ।
९. प्रत्याख्यानावरण क्रोध, **इसी प्रकार–**
१०. मान, ११. माया, १२. लोभ।
१३. संज्वलन क्रोध, **इसी प्रकार–**
१४. मान, १५. माया, १६. लोभ।

---

१. (क) ठाणं अ. ४, उ. १, सु. २४९
(ख) ठाणं अ. ९, सु. ६९३
(ग) सम. सम. ४, सु. १
(घ) विया. स. १८, उ. ४, सु. ३
२. ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २४९

२. दिट्ठंतेहिं कसायसरूव परूवणं–

(क) चत्तारि राईओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. पव्वयराई, २. पुढविराई,
३. वालुयराई, ४. उदगराई।
एवामेव चउव्विहे कोहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पव्वयराइसमाणे, २. पुढविराइसमाणे,
३. वालुयराइसमाणे, ४. उदगराइसमाणे।
१. पव्वयराइसमाणे कोहमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ।
२. पुढविराइसमाणे कोहमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जइ।
३. वालुयराइसमाणे कोहमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ मणुस्सेसु उववज्जइ।
४. उदगराइसमाणे कोहमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ देवेसु उववज्जइ। *–ठाणं अ. ४, उ. २, सु. ३११*

(ख) चत्तारि थंभा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सेलथंभे, २. अट्ठिथंभे,
३. दारूथंभे, ४. तिणिसलाताथंभे।
एवामेव चउव्विहे माणे पण्णत्ते, तं जहा–
१. सेलथंभसमाणे **जाव** ४. तिणिसलता थंभसमाणे।
१. सेलथंभसमाणे माणमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ,
२. अट्ठिथंभ समाणे माणमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जइ,
३. दारूथंभ समाणे माणमणुपविट्ठे कालं करेइ मणुस्सेसु उववज्जइ,
४. तिणिसलता थंभसमाणे माणमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ देवेसु उववज्जइ।

(ग) चत्तारि केतणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. वंसीमूलकेतणए,
२. मेंढविसाणकेतणए,
३. गोमुत्तिकेतणए
४. अवलेहणिय केतणए।
एवामेव चउव्विहा माया पण्णत्ता, तं जहा–
१. वंसीमूलकेतणासमाणा **जाव**
४. अवलेहणिय केतणासमाणा।
१. वंसीमूलकेतणासमाणं मायमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ,
२. मेंढविसाणकेतणासमाणं मायमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जइ,
३. गोमुत्ति केतणासमाणं मायमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ मणुस्सेसु उववज्जइ,

२. दृष्टांतों द्वारा कषायों के स्वरूप का प्ररूपण–

(क) राजि (रेखा) चार प्रकार की कही गई हैं, यथा–
१. पर्वतराजि, २. पृथ्वीराजि,
३. वालुकाराजि, ४. उदक (जल) राजि।
इसी प्रकार क्रोध चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पर्वतराजि के समान, २. पृथ्वीराजि के समान,
३. वालुकाराजि के समान, ४. उदकराजि के समान,
१. पर्वतराजि-समान क्रोध में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
२. पृथ्वीराजि समान क्रोध में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो तिर्यग्योनिकों में उत्पन्न होता है।
३. वालुकाराजि समान क्रोध में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो मनुष्यों में उत्पन्न होता है।
४. उदकराजि समान क्रोध में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो देवों में उत्पन्न होता है।

(ख) चार प्रकार के स्तम्भ (खंभे) कहे गये हैं, यथा–
१. शैलस्तम्भ, २. अस्थिस्तम्भ,
३. दारू (काष्ट) स्तम्भ, ४. तिनिसलता स्तम्भ।
इसी प्रकार मान भी चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. शैलस्तम्भ समान **यावत्** ४. तिनिसलतास्तम्भ समान।
१. शैलस्तम्भ-समान मान में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
२. अस्थिस्तम्भ-समान मान में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो तिर्यग्योनिकों में उत्पन्न होता है।
३. दारू स्तम्भ-समान मान में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो मनुष्यों में उत्पन्न होता है।
४. तिनिसलता स्तम्भ मान में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो देवों में उत्पन्न होता है।

(ग) केतन (वक्र पदार्थ) चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. वंशीमूलकेतनक (बांस की जड़ का वक्रपन)
२. मेंढविषाणकेतनक (मेंढे के सींग का वक्रपन)
३. गोमूत्रिका केतनक (चलते बैल की मूत्र धारा के समान वक्र पन)
४. अवलेखनिका केतनक (बांस की छाल का वक्रपन)
इसी प्रकार माया भी चार प्रकार की कही गई है, यथा–
१. वंशीमूल केतन समान **यावत्**
४. अवलेखनिका केतन समान।
१. वंशीमूल केतन के समान माया में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
२. मेंढविषाण केतन के समान माया में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो तिर्यग्योनिकों में उत्पन्न होता है।
३. गोमूत्रिका केतन के समान माया में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो मनुष्यों में उत्पन्न होता है।

४. अवलेहणिय केतणा समाणं मायमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ देवेसु उववज्जइ।

(घ) चत्तारि वत्था पण्णत्ता, तं जहा–

१. किमिरागरत्ते, २. कद्दमरागरत्ते,
३. खंजणरागरत्ते, ४. हलिद्दरागरत्ते।

एवामेव चउव्विहे लोभे पण्णत्ते, तं जहा–

१. किमिरागरत्तवत्थसमाणे **जाव**
४. हलिद्दरागरत्तवत्थसमाणे।

१. किमिरागरत्तवत्थसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ।
२. कद्दमरागरत्तवत्थसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ, तिरिक्खजोणिएसु उववज्जइ।
३. खंजण रागरत्तवत्थसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ मणुस्सेसु उववज्जइ।
४. हलिद्दरागरत्तवत्थसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइं देवेसु उववज्जइ। *–ठाणं. अ. ४, उ. २, सु. २९३*

(च) चत्तारि उदगा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कद्दमोदए,
२. खंजणोदए,
३. वालुओदए,
४. सेलोदए।

एवामेव चउव्विहे भावे पण्णत्ते, तं जहा–

१. कद्दमोदगसमाणे **जाव**
४. सेलोदगसमाणे।
१. कद्दमोदगसमाणं भावमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ णेरइएसु उववज्जइ,
२. खंजणोदगसमाणं भावमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जइ,
३. वालुओदगसमाणं भावमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ मणुस्सेसु उववज्जइ,
४. सेलोदगसमाणं भावमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ देवेसु उववज्जइ। *–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३११*

(छ) चत्तारि आवत्ता पण्णत्ता, तं जहा–

१. खरावत्ते, २. उन्नयावत्ते,
३. गूढावत्ते, ४. आमिसावत्ते।

एवामेव चत्तारि कसाया पण्णत्ता, तं जहा–

१. खरावत्तसमाणे कोहे,
२. उन्नयावत्तसमाणे माणे,
३. गूढावत्तसमाणे माया,
४. आमिसावत्तसमाणे लोभे।

१. खरावत्तसमाणं कोहमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ,

४. अवलेखनिका केतन के समान माया में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो देवों में उत्पन्न होता है।

(घ) वस्त्र चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. कृमिरागरक्त, २. कर्दमरागरक्त,
३. खंजन रागरक्त, ४. हलिद्रारागरक्त।

इसी प्रकार लोभ भी चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कृमिरागरक्त वस्त्र के समान **यावत्**
४. हलिद्रारागरक्त वस्त्र के समान (हल्दी के रंग से रंगे वस्त्र के समान)

१. कृमिरागरक्त वस्त्र के समान लोभ में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
२. कर्दमरागरक्त वस्त्र के समान लोभ में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो तिर्यग्योनिकों में उत्पन्न होता है।
३. खंजनरागरक्त वस्त्र के समान लोभ में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो मनुष्यों में उत्पन्न होता है।
४. हलिद्रारागरक्त वस्त्र के समान लोभ में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो देवों में उत्पन्न होता है।

(च) उदक (जल) चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कर्दमोदक (कीचड़) युक्त जल
२. खंजनोदक (पहिये की नाभि के कीट से युक्त जल)
३. वालुकोदक (बालु-रेतयुक्त जल)
४. शैलोदक (पर्वतीय जल)

इसी प्रकार जीवों के भाव (राग-द्वेष रूप क्रोधादि कषाय परिणाम) चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. कर्दमोदक समान **यावत्**
४. शैलोदक समान।
१. कर्दमोदक समान भाव में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
२. खंजनोदक समान भाव में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो तिर्यग्योनिकों में उत्पन्न होता है।
३. बालुकोदक समान भाव में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो मनुष्यों में उत्पन्न होता है।
४. शैलोदक समान भाव में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो देवों में उत्पन्न होता है।

(छ) चार आवर्त (चक्राकार) घुमाव (भंवर) कहे गये हैं, यथा–

१. खरावर्त्त, २. उन्नतावर्त,
३. गूढावर्त, ४. आमिषावर्त।

इसी प्रकार कषाय भी चार प्रकार के कहे गय हैं, यथा–

१. खरावर्त समान क्रोध,
२. उन्नतावर्त समान मान,
३. गूढावर्त समान माया,
४. आमिषावर्त समान लोभ।

१. खरावर्त समान क्रोध में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

२. उन्नयावत्तसमाणं माणमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ,
३. गूढावत्तसमाणं मायमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ।
४. आमिसावत्तसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेइ नेरइएसु उववज्जइ। *–ठाणं. अ. ४, सु. ३८५*

३. कसायोप्पत्तिपरूवणं–

प. १. कइविहे णं भंते ! ठाणेहिं कोहुप्पत्ति भवइ ?

उ. गोयमा ! चउहिं ठाणेहिं कोहुप्पत्ति भवइ, तं जहा–
१. खेत्तं पडुच्च,
२. वत्थुं पडुच्च,
३. सरीरं पडुच्च,
४. उवहिं पडुच्च।
एवं णेरइयाईणं जाव **वेमाणियाणं।**

एवं माणेण वि मायाए वि लोभेण वि। एए वि चत्तारि दंडगा।[1] *–पण्ण. प. १४, सु. ९६१*

(क) दसहिं ठाणेहिं कोहुप्पत्ति सिया, तं जहा–
१. मणुण्णाइं मे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधाइं अवहरिंसु,
२. अमणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं उवहरिंसु,
३. मणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं अवहरइ,
४. अमणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं उवहरइ,
५. मणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं अवहरिस्सइ,
६. अमणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं उवहरिस्सइ,
७. मणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं अवहरिंसु, अवहरइ, अवहरिस्सइ,
८. अमणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं उवहरिंसु, उवहरइ, उवहरिस्सइ,
९. मणुण्णामणुण्णाइं मे सद्द **जाव** गंधाइं अवहरिंसु, अवहरइ, अवहरिस्सइ, उवहरिंसु उवहरइ, उवहरिस्सइ,
१०. अहं च णं आयरिय उवज्झायाणं सम्मं वट्टामि ममं च णं आयरिय उवज्झाया मिच्छं विप्पडिवन्ना। *–ठाणं. अ. १०, सु. ७०८*

(ख) अट्ठ मयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. जातिमए, २. कुलमए,

२. उन्नतावर्त समान मान में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।
३. गूढावर्त समान माया में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों मे उत्पन्न होता है।
४. आमिषावर्त समान लोभ में प्रवर्तमान जीव यदि काल करे तो नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

३. कषायोत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! कितने स्थानों (कारणों) से क्रोध की उत्पत्ति होती है ?

उ. गौतम ! चार कारणों से क्रोध की उत्पत्ति होती है, यथा–
१. क्षेत्र के निमित्त से,
२. वास्तु (मकान) के निमित्त से,
३. शरीर के निमित्त से,
४. उपधि (साधन सामग्री) के निमित्त से।
इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त क्रोधोत्पत्ति के कारण जानने चाहिए।

इसी प्रकार मान, माया और लोभ की उत्पत्ति के कारण के लिए भी यही चार-चार दंडक जानने चाहिए।

(क) दस स्थानों (कारणों) से क्रोध की उत्पत्ति होती है, यथा–
१. अमुक (पुरुष ने) मेरे मनोज्ञ शब्द-स्पर्श-रस-रूप और गंध का अपहरण किया था।
२. अमुक पुरुष ने मेरे लिए अमनोज्ञ शब्द-**यावत्** गंध उपलब्ध किए थे।
३. अमुक पुरुष मेरे मनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध का अपहरण करता है।
४. अमुक पुरुष मेरे लिए अमनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध उपलब्ध करता है।
५. अमुक पुरुष मेरे मनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध का अपहरण करेगा।
६. अमुक पुरुष मेरे लिए अमनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध उपलब्ध करेगा।
७. अमुक पुरुष मेरे मनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध का अपहरण करता था, अपहरण करता है और अपहरण करेगा।
८. अमुक पुरुष ने मुझे अमनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध उपलब्ध कराये हैं, कराता है और करायेगा ?
९. अमुक पुरुष ने मेरे मनोज्ञ और अमनोज्ञ शब्द **यावत्** गंध का अपहरण किया था अपहरण करता है और अपहरण करेगा तथा उपलब्ध किये थे, करता है और करेगा।
१०. मैं आचार्य और उपाध्याय के साथ सम्यक् (अनुकूल) व्यवहार करता हूँ परन्तु आचार्य और उपाध्याय मेरे से (मेरे साथ) प्रतिकूल व्यवहार करते हैं।

(ख) मद (मदोत्पत्ति) के आठ स्थान कहे गये हैं, यथा–
१. जातिमद, २. कुलमद,

१. ठाणं अ. ४, उ. १, सु. २४९

३. बलमए, ४. रूवमए,
५. तवमए, ६. सुयमए,
७. लाभमए, ८. इस्सरियमए।[1]

–ठाणं. अ. ८, सु. ६०६

(ग) दसहिं ठाणेहिं अहमंतीति थंभिज्जा, तं जहा–

१. जाइमएण वा **जाव** ८. इस्सरियमएण वा,
९. णागसुवन्ना वा मे अंतिय हव्वमागच्छंति

१०. पुरिसधम्माओ वा मे उत्तरिए आहोहिए णाणदंसणे समुप्पन्ने। *–ठाणं. अ. १०, सु. ७१०*

४. कसायकरण भेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! कसायकरणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! कसायकरणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. कोहकसायकरणे, २. माणकसायकरणे,
३. मायाकसायकरणे, ४. लोभकसायकरणे,

एए सव्वे नेरइयाई दंडगा जाव **वेमाणियाणं जस्स जं अत्थि तं तस्स सव्वं भाणियव्वं।** *–विया. स. १९, उ. ९, सु. ८*

५. कसायनिव्वत्ति भेया चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! कसायनिव्वत्ति पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चउव्विहा कसायनिव्वत्ति पण्णत्ता, तं जहा–

१. कोहकसायनिव्वत्ति
२. मान कसाय निव्वत्ति,
३. मायाकसायनिव्वत्ति,
४. लोभकसायनिव्वत्ति।

दं. १ -२४ एवं णेरइयाणं जाव वेमाणियाणं।

–विया. स. १९, उ. ८, सु. १९-२०

६. कसायपइट्ठाण परूवणं–

प. कइ पइट्ठिए णं भंते ! कोहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! चउपइट्ठिए कोहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. आयपइट्ठिए, २. परपइट्ठिए,[2]
३. तदुभयपइट्ठिए, ४. अपइट्ठिए।[3]

एवं णेरइयाईणं जाव **वेमाणियाणं दंडओ।**

एवं माणेणं दंडओ, मायाए दंडओ, लोभेणं दंडओ।

–पण्ण. प. १४, सु. ९६०

७. चउगइएसु कसाय परूवणं–

१. नेरइयाणं– चत्तारि कसाया *–जीवा. पडि. १, सु. ३२*

२. तिरिक्खजोणिएसु–एगिंदिय–

प. सुहुमपुढविकाइया णं भंते ! जीवाणं कइ कसाया पण्णत्ता ?

३. बलमद, ४. रूपमद,
५. तपोमद, ६. श्रुतमद,
७. लाभ मद ८. ऐश्वर्य मद।

(ग) इन दस स्थानों (कारणों) से व्यक्ति 'मैं ही सर्वश्रेष्ठ हूँ' ऐसा मानकर अभिमान करता है, यथा–

१. जातिमद से **यावत्** ८. ऐश्वर्य मद से,
९. नागकुमार, सुवर्णकुमार आदि देव मेरे पास दौड़े आते हैं,
१०. सामान्य जनों की अपेक्षा मुझे विशिष्ट अवधिज्ञान और अवधिदर्शन उत्पन्न हुआ है। (इस प्रकार के भाव से मान की उत्पत्ति होती है।)

४. कषायकरण के भेद और चौवीसदंडकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! कषाय करण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! कषाय करण चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. क्रोध कषाय करण, २. मान कषाय करण,
३. माया कषाय करण, ४. लोभ कषाय करण

ये सभी नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त दण्डकों में जानना चाहिए किन्तु जिसके जो कषाय हो उसके वे सब कहना चाहिए।

५. कषायनिर्वृत्ति के भेद और चौवीसदंडकों में प्ररूपण–

प. भंते ! कषायनिर्वृत्ति कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! कषायनिर्वृत्ति चार प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. क्रोधकषाय निर्वृत्ति,
२. मान कषाय निर्वृत्ति,
३. माया कषाय निर्वृत्ति
४. लोभकषाय निर्वृत्ति।

दं. १-२४–इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कषाय निर्वृत्ति कहनी चाहिए।

६. कषाय प्रतिष्ठान का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्रोध किन आधारों पर प्रतिष्ठित कहा गया है ?

उ. गौतम ! क्रोध चार (निमित्तों) पर प्रतिष्ठित कहा गया है, यथा–

१. आत्मप्रतिष्ठित, २. परप्रतिष्ठित,
३. उभय प्रतिष्ठित, ४. अप्रतिष्ठित।

इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त दंडक कहने चाहिए।

इसी प्रकार मान, माया और लोभ के लिए भी एक-एक दंडक कहना चाहिये।

७. चार गतियों में कषायों का प्ररूपण–

१. नैरयिकों के चार कषाय कहे गये हैं।

२. तिर्यग्योनियों में एकेन्द्रिय–

प्र. भंते ! सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीवों के कितने कषाय कहे गये हैं ?

---

१. सम. सम. ८, सु. १ २. ठाणं अ. २, उ. ४, सु. १११ ३. ठाणं अ. ४, उ. १, सु. २४९

उ. गोयमा ! चत्तारि कसाया पण्णत्ता, तं जहा–
१. कोहकसाए, २. माणकसाए,
३. मायाकसाए, ४. लोहकसाए,
–जीवा. पडि. १, सु. १३ (५)

बायर-पुढविकाइया– जहा सुहुमपुढविकाइयाणं।
–जीवा. पडि. १, सु. १५

सुहुम बायर आउकाइया–जहा सुहुमपुढविकाइयाणं।
–जीवा. पडि. १, सु. १६, १७

सुहुम बायर तेउकाइया–जहा सुहुमपुढविकाइयाणं।
–जीवा. पडि.१, सु. २४, २५

सुहुम बायर वाउकाइया–सुहुमपुढविकाइयाणं।
–जीवा. पडि. १, सु. २६

सुहुम-बायर-साहारणं-पत्तेयसरीर वणस्सइकाइया-जहा सुहुम पुढविकाइयाणं, *–जीवा. पडि. १, सु. १८, २०, २१*

बेइंदिया, चत्तारि कसाया *–जीवा. पडि. १, सु. २८*

तेइंदिया जहा बेइंदिया *–जीवा. पडि. १, सु. २९*

चउरिंदिया– जहा तेइंदिया *–जीवा. पडि. १, सु. ३०*

संमुच्छिम पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया–

जलयरा–चत्तारि कसाया *–जीवा. पडि. १, सु. ३५*

थलयरा जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ३६*

खहयरा जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ३६*

गब्भवक्कंतिय पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया–

जलयरा– चत्तारि कसाया *–जीवा. पडि. १, सु. ३८*

थलयरा जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ३९*

खहयरा जहा जलयराणं *–जीवा. पडि. १, सु. ४०*

३. **मणुस्सा–संमुच्छिम मणुस्सा–जहा बेइंदियाणं–**
–जीवा. पडि. १, सु. ४१

प. गब्भवक्कंतियमणुस्साणं भंते ! जीवा किं कोहकसाई **जाव** लोहकसाई अकसाई ?

उ. गोयमा ! सव्वेवि, *–जीवा. पडि. १, सु. ४१*

४. **देवा**–चत्तारि कसाया, *–जीवा. पडि. १, सु. ४२*

८. **सकसाय-अकसाय जीवाणं कायट्ठिई–**

प. सकसाई णं भंते ! सकसाई त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! सकसाई तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणाईए वा अपज्जवसिए,
२. अणाईए वा सपज्जवसिए,
३. साईए वा सपज्जवसिए।
तत्थ णं जे ते सांईए सपज्जवसिए से जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतंकालं अणंताओ उस्सप्पिणी ओसप्पिणिओ कालओ, खेत्तओ अवड्ढं पोग्गलपरियट्टदेसूणं।

उ. गौतम ! चार कषाय कहे गये हैं, यथा–
१. क्रोध कषाय, २. मान कषाय,
३. माया कषाय, ४. लोभ कषाय,

बादर पृथ्वीकायिक जीवों का कथन सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीवों के समान है।

सूक्ष्म बादर अप्कायिक जीवों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीवों के समान है।

सूक्ष्म बादर तेजस्कायिक जीवों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीवों के समान है,

सूक्ष्म बादर वायुकायिक जीवों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान है।

सूक्ष्म बादर साधारण प्रत्येक शरीर वनस्पतिकायिक जीवों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीवों के समान है।

द्वीन्द्रिय जीवों के चारों कषाय होते हैं।

त्रीन्द्रिय जीवों के द्वीन्द्रिय जीवों के समान चारों कषाय होते हैं।

चतुरिन्द्रिय जीवों के तेइन्द्रय जीवों के समान चारों कषाय होते हैं।

सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक–

जलचरों के चारों कषाय होते हैं।

स्थलचरों के जलचरों के समान चारों कषाय होते हैं।

खेचरों के जलचरों के समान चारों कषाय होते हैं।

गर्भव्युत्क्रान्तिक पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक–

जलचरों के चारों कषाय होते हैं।

स्थलचरों के जलचरों के समान चारों कषाय होते हैं।

खेचरों के जलचरों के समान चारों कषाय होते हैं।

३. **मनुष्य–संमूर्च्छिम मनुष्यों में द्वीन्द्रियों के समान चारों कषाय होते हैं।**

प्र. भंते ! क्या गर्भव्युत्क्रान्तिक मनुष्य जीव क्रोध कषायी यावत् लोभकषायी और अकषायी होते हैं ?

उ. गौतम ! सभी तरह के होते हैं।
४. देव–देवों में चारों कषाय होते हैं।

८. **सकषाय-अकषाय जीवों की कायस्थिति–**

प्र. भंते ! सकषायी (जीव) सकषायी रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! सकषायी जीव तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. अनादि अपर्यवसित,
२. अनादि सपर्यवसित,
३. सादि-सपर्यवसित।
उनमें जो सादि सपर्यवसित हैं उनकी जघन्य कायस्थिति अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट कायस्थिति अनन्त काल है अर्थात् अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल है और क्षेत्र से देशोन अपार्धपुद्गल-परावर्त पर्यन्त रहता है।

प. कोहकसाई णं भंते ! कोहकसाई त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेण वि उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं।
एवं माणकसाई मायाकसाई वि।

प. लोभकसाई णं भंते ! लोभकसाई त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं।

प. अकसाई णं भंते ! अकसाई त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! अकसाई दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. साईए वा अपज्जवसिए, २. साईए वा सपज्जवसिए।
तत्थ णं जे से साईए सपज्जवसिए से जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं।[1] *–पण्ण. प. १८, सु. १३३१-१३३४*

९. सकसाय-अकसाय जीवाणं अंतरकाल परूवणं–

१. कोहकसाई,
२. माणकसाई,
३. मायाकसाईणं अंतरं जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं,
४. लोभकसाईस्स अंतरं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं,
५. अकसायिस्स साईए अपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं,
साईए सपज्जवसियस्स जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतंकालं। *–जीवा. पडि. ९, सु. २४८*

१०. सकसाय-अकसाय जीवाणं अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं १. सकसाईणं २. कोहकसाईणं ३. माणकसाईणं, ४. मायाकसाईणं, ५. लोभकसाईणं, ६. अकसाईण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा अकसाई,
२. माणकसायी अणंतगुणा,
३. कोहकसायी विसेसाहिया,
४. मायाकसायी विसेसाहिया,
५. लोभकसायी विसेसाहिया,[1]
६. सकसायी विसेसाहिया।[2] *–पण्ण. प. ३, सु. २५४*

□

प्र. भंते ! क्रोध कषायी क्रोध कषायी के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! उसकी जघन्य और उत्कृष्ट कायस्थिति अन्तर्मुहूर्त है, **इसी प्रकार मानकषायी और मायाकषायी की कायस्थिति जाननी चाहिए।**

प्र. भंते ! लोभकषायी लोभ-कषायी के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त तक रहता है ?

प्र. भंते ! अकषायी-अकषायी के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! अकषायी (जीव) दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. सादि-अपर्यवसित, २. सादि-सपर्यवसित।
इनमें से जो सादि-सपर्यवसित है, वह जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त तक (अकषायी रूप में) रहता है।

९. सकषाय-अकषाय जीवों के अन्तर काल का प्ररूपण–

१. क्रोध कषायी,
२. मान कषायी,
३. माया कषायी का अन्तर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।
४. लोभकषायी का अन्तर जघन्य भी अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त है।
५. सादि-अपर्यवसित अकषायी का अन्तर नहीं है,
सादि-सपर्यवसित का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल है।

१०. सकषाय-अकषाय जीवों का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन १. सकषायी, २. क्रोधकषायी, ३. मानकषायी, ४. माया कषायी, ५. लोभकषायी और ६. अकषायी जीवों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे थोड़े जीव अकषायी हैं,
२. (उनसे) मानकषायी अनन्त गुणे हैं,
३. (उनसे) क्रोध कषायी विशेषाधिक हैं,
४. (उनसे) माया कषायी विशेषाधिक हैं,
५. (उनसे) लोभ कषायी विशेषाधिक हैं,
६. (उनसे) सकषायी विशेषाधिक हैं।

□

१. जीवा. पडि. ९, सु. २४८

२. सकसायी अणंतगुणा– *–जीवा. पडि. ९, सु. २३२*

३१. कर्म-अध्ययन : आमुख

जैनागमों में कर्म सिद्धान्त का सूक्ष्म विवेचन विद्यमान है। कम्म-पयडि एवं कर्म ग्रंथों का निर्माण भी आगमों के आधार पर हुआ है, जिनमें कर्म-सिद्धान्त का व्यवस्थित निरूपण उपलब्ध होता है। आगम की शैली शंका-समाधान की शैली है, संवाद की शैली है जिसमें अनेक सूक्ष्म तथ्य सरल रूप में समाहित हुए हैं। दिगम्बर ग्रंथ षट्खण्डागम एवं कषाय पाहुड में भी कर्म का विशद विवेचन है।

प्रस्तुत कर्म अध्ययन में कर्म का संक्षेप में सर्वांगीण निरूपण है। यद्यपि कर्म-ग्रंथों में जो व्यवस्थित प्रतिपादन मिलता है वह आगमों में बिखरा हुआ है। थोकड़ों (स्तोकों) के रूप में अवश्य व्यवस्थित हुआ है। आगमों में कर्म के विविध पक्षों पर चर्चा है जो कर्म-ग्रंथों में प्रायः नहीं मिलती है इसलिए आगमों में निरूपित कर्म-विवेचन का विशेष महत्व है।

मिथ्यात्व, अविरति आदि हेतुओं से जीव के द्वारा जो किया जाता है उसे कर्म कहते हैं। कार्मण वर्गणाएं जब जीव के साथ बंध को.प्राप्त हो जाती हैं तो वे भी कर्म कही जाती हैं। जीव एवं कर्म का अनादि सम्बन्ध है किन्तु उसका अंत किया जा सकता है। जीव के संसार परिभ्रमण का अंत कंर्मों का नाश अथवा क्षय होने पर ही संभव है। कर्मों के आठ भेद जैन दर्शन में प्रसिद्ध हैं–१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीय, ३. वेदनीय, ४. मोहनीय, ५. आयु, ६. नाम, ७. गोत्र और ८. अन्तराय। किन्तु आगम में कर्म के दो एवं चार भेद भी किए गए हैं। दो भेदों में (१) प्रदेशकर्म और (२) अनुभाव कर्म का उल्लेख है तो चार भेदों में (१) प्रकृति कर्म, (२) स्थिति कर्म, (३) अनुभाव कर्म और (४) प्रदेशकर्म की गणना है। बद्ध कर्मों के स्वभाव को प्रकृति कर्म, उनके ठहरने की कालावधि को स्थिति कर्म, फलदान शक्ति को अनुभाव कर्म तथा कर्म परमाणु पुद्गलों के संचय को प्रदेश कर्म कहते हैं। कर्म के चार भेद उनके अनुबन्ध के आधार पर भी किए जाते हैं शुभानुबंधी शुभ, अशुभानुबंधी शुभ, शुभानुबंधी अशुभ और अशुभानुबंधी अशुभ। इन्हीं भेदों के आधार पर पुण्यानुबंधी पुण्यादि भेदों का प्रचलन हो गया है। फल के आधार पर भी कर्मों के चार भेद हैं– १. शुभ विपाकी शुभ, २. अशुभ विपाकी शुभ, ३. शुभ विपाकी अशुभ तथा ४. अशुभ विपाकी अशुभ।

कर्म अगुरुलघु होते हैं तथापि कर्म से जीव विविध रूपों में परिणत होते हैं। उनका फल भोगते हैं।

ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्म-प्रकृतियों में परस्पर सहभाव है। जहाँ ज्ञानावरणीय कर्म है वहाँ मोहनीय के अतिरिक्त छहों कर्म नियम से हैं। मोहनीय कर्म स्यात् है, स्यात् नहीं है क्योंकि दसवें गुणस्थान तक तो ज्ञानावरण के साथ मोहनीय रहता ही है किन्तु ग्यारहवें गुणस्थान से मोहनीय नहीं रहता जब कि ज्ञानावरणीय कर्म का उदय रहता है। इसी प्रकार दर्शनावरणीय और अन्तराय कर्मों के साथ भी मोहनीय के अतिरिक्त छहों कर्म नियम से रहते हैं किन्तु मोहनीय स्यात् रहता है स्यात् नहीं। जहाँ मोहनीय कर्म है वहाँ अन्य सातों कर्म नियम से हैं। वेदनीय, आयुष्य, नाम और गोत्र के होने पर ज्ञानावरणादि घाती कर्म स्यात् होते हैं, स्यात् नहीं; किन्तु वेदनीय के होने पर आयु, नाम और गोत्र का नियम से सहभाव है। इसी प्रकार अन्य अघाती कर्म भी नियमतः साथ रहते हैं।

आठों कर्मों का बंध नैरयिक से लेकर वैमानिक तक चौबीस ही दण्डकों में पाया जाता है। मनुष्य अवश्य इन कर्मों के बंध से रहित हो सकता है। ज्ञानावरणीय कर्म के होने पर दर्शनावरणीय तथा दर्शनावरणीय के होने पर दर्शनमोह कर्म निश्चय ही रहता है। दर्शनमोहनीय का एक भेद मिथ्यात्वमोहनीय है। मिथ्यात्व का उदय होने पर जीव आठ या सात कर्म प्रकृतियों का बंध करता है जबकि सम्यक्त्व के होने पर जीव आठ, सात, छह या एक कर्म का बंध करता है।

हमारे अनुभव में वेदनीय कर्म एक मुख्य कर्म है। वह कर्कश वेदनीय और अकर्कशवेदनीय के रूप में भगवती सूत्र में निरूपित है। प्राणातिपात से मिथ्यादर्शनशल्य तक १८ पापों का आचरण करने वाला जीव कर्कशवेदनीय कर्म बांधता है तथा इनसे विरत होने वाला अकर्कशवेदनीय कर्म बांधता है। मोहनीय कर्म को आठों कर्मों का राजा कहा जाता है। समवायांग सूत्र में मोहनीय के बावन नामों का उल्लेख किया गया है तथा दशाश्रुतस्कंध सूत्र में महामोहनीय कर्म के ३० बंधस्थानों का वर्णन है।

कर्म चैतन्यकृत होते हैं, अचैतन्यकृत नहीं। जीव ही आठ कर्म प्रकृतियों का चय करते हैं, उपचय करते हैं, बंध करते हैं, उदीरण वेदन और निर्जरण करते हैं। इस दृष्टि से कर्म के दो प्रकार होते हैं–चलित और अचलित। इनमें निर्जरा चलित कर्म की होती है तथा बंध, उदीरण, वेदन, अपवर्तन, संक्रमण, निधूतन और निकाचन अचलित कर्म के होते हैं। जीव आठ प्रकृतियों का चय, उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरण चार कारणों से करता है– १. क्रोध से, २. मान से, ३. माया से और ४. लोभ से।

ज्ञानावरणादि आठ कर्मों की ९७ उत्तरप्रकृतियाँ हैं। किसी अपेक्षा से १२२, १४८ और १५८ उत्तरप्रकृतियां भी गिनी जाती हैं। इनमें मुख्यतः नाम कर्म की उत्तरप्रकृतियों की संख्या में अन्तर आता है, अन्य में नहीं। नाम कर्म की यहाँ ४२ उत्तरप्रकृतियां गिनी गई हैं, कर्मग्रंथों में इसकी ६७, ९३ या १०३ उत्तरप्रकृतियां भी गिनी जाती हैं। यहाँ ९७ भेदों में ज्ञानावरण के ५, दर्शनावरण के ९, वेदनीय के २, मोहनीय के २८, आयु के ४, नाम के ४२, गोत्र के २ और अन्तराय के ५ भेद समाविष्ट हैं। वैसे कर्म प्रकृतियों के भिन्न प्रकार से भी भेद प्रतिपादित हैं। यथा–ज्ञानावरणीय के २ प्रकार

हैं–देश ज्ञानावरणीय और सर्वज्ञानावरणीय। ज्ञान को अंशतः आवृत करने वाला कर्म देश ज्ञानावरणीय है तथा मतिज्ञान आदि सभी को आवृत्त करने वाला सर्वज्ञानावरणीय है। इसी प्रकार दर्शनावरणीय के देश दर्शनावरणीय एवं सर्वदर्शनावरणीय ये दो भेद किये जाते हैं। वेदनीय कर्म के साता और असाता ये दो भेद प्रसिद्ध हैं किन्तु सातावेदनीय ८ प्रकार का कहा गया है–१. मनोज्ञ शब्द, २. मनोज्ञ रूप, ३. मनोज्ञ गंध, ४. मनोज्ञ रस, ५. मनोज्ञ स्पर्श, ६. मन का सौख्य, ७. वचन का सौख्य और ८. काया का सौख्य। इनके विपरीत अमनोज्ञ शब्दादि के रूप में ८ प्रकार का असातावेदनीय कर्म होता है। आयु कर्म के दो विशिष्ट भेद हैं–अद्धायु और भवायु। अद्धायु भवान्तरगामिनी होती है, जबकि भवायु मात्र उसी भव के लिए होती है। नामकर्म के २ भेद हैं–१. शुभ नाम और २. अशुभ नाम। गोत्र कर्म में उच्चगोत्र ८ प्रकार का है–१. जाति, २. कुल, ३. बल, ४. रूप, ५. तप, ६. श्रुत, ७. लाभ और ८. ऐश्वर्य में विशिष्टता का होना। जब इनमें हीनता होती है तो ८ प्रकार का नीच गोत्र होता है। अन्तरायकर्म के दो प्रकार हैं– १. वर्तमान में प्राप्तवस्तु का वियोग करने वाला २. भविष्य में होने वाले लाभ के मार्ग को रोकने वाला।

श्रमण एवं श्रमणी के २२ परीषह होते हैं। उन्हें ज्ञानावरणीय, वेदनीय, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मप्रकृतियों में सम्मिलित किया जा सकता है। ज्ञानावरणीय कर्म में १. प्रज्ञापरीषह और २. ज्ञान (अज्ञान) परीषह का समवतार होता है। वेदनीय कर्म में ११ परीषहों का समवतार होता है– १. क्षुधा, २. पिपासा, ३. शीत, ४. उष्ण, ५. दंशमशक, ६. चर्या, ७. शय्या, ८. वध, ९. रोग, १०. तृणस्पर्श और ११. जल्ल (मल) परीषह। दर्शनमोहनीय कर्म में एक दर्शन परीषह सम्मिलित होता है जबकि चारित्रमोहनीय कर्म में सात परीषह शामिल होते हैं–१. अरति, २. अचेल, ३. स्त्री, ४. निषद्या, ५. याचना, ६. आक्रोश और ७. सत्कार परीषह। अन्तराय कर्म में एक अलाभ परीषह का समवतार होता है।

आठ कर्मों का बंध करने वाले एवं आयु को छोड़कर सात कर्मों का बंध करने वाले जीव के २२ परीषह कहे गए हैं किन्तु वह जीव एक साथ २० परीषहों का वेदन करता है उससे अधिक नहीं क्योंकि जीव शीत और उष्ण परीषहों में से एक को वेदता है। इसी प्रकार चर्या और निषद्या परीषहों में से एक समय में एक का वेदन होता है। छह प्रकार के कर्म बांधने वाले सराग छद्मस्थ जीव के चौदह परीषह कहे गए हैं किन्तु वह एक साथ बारह परीषह वेदता है। एकविध कर्म का बन्ध करने वाले वीतराग छद्मस्थ के भी १४ परीषह कहे गए हैं। एकविध बंधक सयोगी भवस्थ केवली के ११ परीषह कहे गए हैं। वीतराग छद्मस्थ एवं केवली के चर्या और शय्या परीषह का एक साथ वेदन नहीं होता है।

जीव जिन कर्म पुद्गलों का पाप कर्म के रूप में चय करता है, उपचय करता है, बंध करता है, उदीरण करता है, वेदन करता है, निर्जरण करता है वे कर्म पुद्गल द्विस्थान से लेकर दसस्थान निर्वर्तित होते हैं। विविध अपेक्षाओं से इन स्थानों का प्रतिपादन किया गया है। द्विस्थान निर्वर्तित पुद्गलों में त्रसकाय निर्वर्तित और स्थावर काय निर्वर्तित पुदगलों का उल्लेख है। त्रिस्थान में स्त्रीनिर्वर्तित, पुरुष निर्वर्तित और नपुंसक निर्वर्तित का, चार स्थानों में नैरयिक, तिर्यग्योनिक, मनुष्य और देव निर्वर्तित का, पांच स्थानों में एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय निर्वर्तित का, छह स्थानों में पृथ्वीकायिकादि षट् काय निर्वर्तित पुद्गलों का उल्लेख है। सात स्थानों में नैरयिक, तिर्यक्, तिर्यक्स्त्री, मनुष्य, मनुष्यस्त्री, देव और देवी निर्वर्तित पुद्गलों का उल्लेख है। आठ स्थानों में प्रथम समय नैरयिक निर्वर्तित, अप्रथमसमय मनुष्य निर्वर्तित, प्रथम समय तिर्यक् निर्वर्तित, अप्रथमसमय तिर्यक् निर्वर्तित, प्रथम समय मनुष्य निर्वर्तित, अप्रथम समय नैरयिक निर्वर्तित, प्रथमसमय देव निर्वर्तित, अप्रथम समय देवनिर्वर्तित पुद्गलों को और नौ स्थानों में पांच स्थावर काय एवं द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय व पंचेन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों को सम्मिलित किया गया है। दस स्थानों में एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक को प्रथम एवं अप्रथम समय के आधार पर दस भागों में विभक्त कर उनसे निर्वर्तित पुद्गलों का कथन है।

पाप कर्मों का उदीरण (अवधि के पूर्व उदय में लाना) भी होता है, वेदन (उदय) भी होता है और निर्जरण भी होता है। इन तीनों के होने के मोटे तौर पर दो स्थान हैं–१. आभ्युपगमिकी (स्वीकृत तपस्या आदि की) वेदना, २. औपक्रमिकी (रोग आदि की) वेदना। पाप कर्म का करना दुःख रूप होता है जबकि उसकी निर्जरा सुख रूप होती है। जीवों के पाप कर्मों में भिन्नता है। जैसे छोड़े गये एक बाण के कम्पन में भिन्नता होती है उसी प्रकार पाप कर्मों में भी भिन्नता पायी जाती है।

प्रस्तुत अध्ययन में ग्यारह द्वारों से जीव के पाप कर्मों के बंध का विशद निरूपण है। ग्यारह द्वार हैं–१. जीव, २. लेश्या, ३. पाक्षिक (शुक्ल और कृष्ण), ४. दृष्टि, ५. अज्ञान, ६. ज्ञान, ७. संज्ञा, ८. वेद, ९. कषाय, १०. उपयोग और, ११. योग। जीव द्वार में चार भंगों के रूप में पापकर्म बंध का निरूपण है, यथा–(१) किसी जीव ने पापकर्म बांधा था, बाँधता है और बाँधेगा, (२) किसी जीव ने पापकर्म बांधा था, बाँधता है और नहीं बांधेगा, (३) किसी जीव ने पापकर्म बाँधा था, नहीं बांधता है और बांधेगा, (४) किसी जीव ने पापकर्म बांधा था, नहीं बांधता है और नहीं बांधेगा। इसी प्रकार के चार भंगों के आधार पर लेश्या आदि शेष दस द्वारों का चौबीस दण्डकों में विस्तृत वर्णन किया गया है। वर्णन में अनन्तरोपपन्नक. परम्परोपपन्नक आदि पारिभाषिक शब्द भी प्रयुक्त हुए हैं। अनन्तर का अर्थ होता है व्यवधान रहित समय। जिस समय में जीव उत्पन्न (जन्म) हुआ है वह समय अनन्तरोपपन्नक समय है। इसके पश्चात् सभी समय परम्परोपन्नक हैं। इसी प्रकार अनन्तराहारक परम्पराहारक, अनन्तर पर्याप्तक परम्पर पर्याप्तक आदि शब्दों का आशय ग्रहण करना चाहिए। चरिम एवं अचरिम शब्द अंतिम भव तथा अनन्तिम भव के द्योतक हैं।

जीव, लेश्या आदि ग्यारह द्वारों से चौबीस दण्डकों में आठ कर्मों के बंध का निरूपण करना आगम-ग्रंथों की सूक्ष्मता एवं गहनता का संकेत करता है। ऐसे तथ्य थोकडों (स्तोकों) में भी संग्रहीत हैं। जिन्हें विद्याव्यसनी संत कण्ठस्थ रखते हैं। इनका संकलन प्रस्तुत अध्ययन में विस्तृत रूप में है! पाप कर्म करने या न करने के सम्बन्ध में चार भंग हैं यथा–१. किसी जीव ने पापकर्म किया था, करता है और करेगा, २. किसी जीव ने पापकर्म किया था, करता है और नहीं करेगा, ३. किसी जीव ने पापकर्म किया था, नहीं करता है और करेगा, ४. किसी जीव ने पापकर्म किया था, नहीं करता है

और नहीं करेगा। जीव किस गति में पापकर्म का समर्जन (ग्रहण) एवं समाचरण करते हैं इसके नौ भंग होते हैं जो वस्तुतः चार गतियों का ही विस्तार है। समसमयोत्पन्न और विषमसमयोत्पन्न की भी चर्चा है। उत्पत्ति की अपेक्षा समान समय को समसमय तथा असमान (भिन्न) समय को विषमसमय कहते हैं।

कर्म सिद्धान्त में बन्ध, वेदन, उदीरण, निर्जरा आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। संसार-परिभ्रमण की दृष्टि से बन्ध का सर्वाधिक महत्व है। सामान्यतः बंध एक प्रकार का है किन्तु राग से होने वाले बंध को प्रेयबंध एव द्वेष से होने वाले बंध को द्वेष बंध के रूप में विभक्त कर बंध के दो भेद भी कहे गए हैं। बंध के अन्य प्रसिद्ध दो भेद हैं–१. ईर्यापथिक बंध और २. सांपरायिक बंध। ईर्यापथिक बंध कषाय रहित जीव के होता है। यह योग से ही बंधता है। नैरयिक, तिर्यञ्च और देव इसे नहीं बांधते। मनुष्य पुरुष और मनुष्य स्त्रियाँ ही इसे बाँधती हैं। वेद की अपेक्षा से कथन किया जाय तो इसे स्त्री, पुरुष एवं नपुंसक नहीं बांधते किन्तु नोस्त्री, नपुरुष और नोनपुंसक बांधते हैं। वेदरहित जीव ही इसे बांधते हैं।

जीव के ईर्यापथिक बन्ध सादि एवं सपर्यवसित होता है अर्थात् इसके बंधन का कभी (१०वें गुणस्थान के बाद) प्रारम्भ होता है तथा कभी (१४वें गुणस्थान में या ११वें गुणस्थान से उतरने पर) अवसान भी होता है। साम्परायिक बंध सकषायी जीवों के होता है जो नैरयिक से लेकर देवों तक सभी जीवों के होता है। वेदरहित जीव भी इसका बंधन कर सकते हैं। साम्परायिक बंध सादि-सपर्यवसित, अनादि- सपर्यवसित और अनादि-अपर्यवसित होता है किन्तु सादि अपर्यवसित नहीं होता है। ईर्यापथिक एवं साम्परायिक दोनों बंधों में सर्व से सर्व आत्मा का बंध होता है देश से सर्व, सर्व से देश तथा देश से देश का नहीं।

द्रव्य और भाव के रूप में भी बंध के दो भेद होते हैं। उनमें द्रव्यबंध दो प्रकार का है–प्रयोग बंध और विस्रसा बंध। जीव जिसे मन वचन व काययोग से बांधता है वह प्रयोग बंध है तथा जो स्वभावतः बंध जाता है वह विस्रसा बंध है। विस्रसा बंध भी दो प्रकार का है–सादि और अनादि। प्रयोग बंध के दो भेद हैं–१. शिथिल बंधन बंध, २. सघन बंधन बंध । भावबंध दो प्रकार के हैं–१. मूल प्रकृति बंध, २. उत्तर प्रकृति बंध। एक अन्य मान्यता के अनुसार राग द्वेषादि को भाव बंध एवं कर्मपुद्गलों का आत्मा से चिपकने को द्रव्य बंध कहा गया है।

एक अन्य दृष्टि से बंध के तीन भेद हैं यथा–१. जीव प्रयोग बंध, २. अनन्तर बंध और, ३. परम्पर बंध। नैरयिक से वैमानिक तक के दण्डकों में इन तीनों प्रकार का बंध होता है। जीव के मन वचन काय रूपी योग के प्रयोग से जो बंध होता है वह जीव प्रयोग बंध है। बंध का अव्यवहित समय हो तो उसे अनन्तर बंध कहते हैं, बंधे हुए एक से अधिक समय निकल गया हो उसे परम्पर बंध कहते हैं।

बंध के चार भेद प्रसिद्ध हैं–१. प्रकृति बंध, २. स्थिति बंध, ३. अनुभाव (अनुभाग) बंध, ४. प्रदेश बंध। बद्ध कर्म पुद्गलों का स्वभाव प्रकृति बंध है, उनकी ठहरने की अवधि स्थिति बंध है, फलदान शक्ति अनुभाव बंध है तथा कर्म पुद्गलों का संचय प्रदेश बंध है। बंध कर्मों का होता है इसलिए बंध को कर्म भी कह दिया जाता है। अतः पूर्व में कर्म के भी ये चारों भेद प्रतिपादित हैं। यही नहीं उपक्रम चार प्रकार के होते हैं–१. बंधनोपक्रम, २. उदीरणोपक्रम, ३. उपशमनोपक्रम और ४. विपरिणामोपक्रम। इनमें बंधनोपक्रम के तो प्रकृति, स्थिति, अनुभाव एवं प्रदेश ये चार भेद हैं ही किन्तु उदीरणोपक्रम के भी ये ही चार भेद हैं, उपशमनोपक्रम के भी ये ही चार भेद हैं तथा विपरिणामोपक्रम के भी ये ही चार भेद हैं। संक्रम एक करण है जिसमें बद्ध प्रकृति का बध्यमान प्रकृति में उद्वर्तन या अपवर्तन होता है। वह संक्रम भी चार प्रकार का है–प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश। निधत्त और निकाचित के भी ये ही चार भेद हैं–१. प्रकृति, २. स्थिति, ३. अनुभाग और ४. प्रदेश।

विभिन्न कर्म प्रकृतियों का बंध करता हुआ जीव कुल कितनी कर्म प्रकृतियों का बंध करता है, उनका परस्पर क्या सम्बन्ध है इसकी प्रस्तुत अध्ययन में विस्तृत चर्चा है। यथा–ज्ञानावरणीय कर्म को बांधता हुआ जीव सात, आठ या छह कर्म प्रकृतियों का बंधक होता है। दर्शनावरणीय को बांधते हुए भी सात, आठ या छह कर्म प्रकृतियों का बंध करता है। वेदनीय कर्म को बांधता हुआ जीव सात, आठ, छह या एक कर्म प्रकृति का बंध करता है। मोहनीय कर्म को बांधता हुआ जीव सात, आठ, छह कर्म प्रकृतियों का बंध करता है। आयु कर्म को बांधता हुआ जीव नियम से आठ कर्म प्रकृतियों को बांधता है। अन्तराय, नाम और गोत्र को बांधता हुआ जीव सात, आठ या छह कर्म प्रकृतियों को बांधता है। चौबीस दण्डकों में इन कर्म प्रकृतियों के बन्ध में क्या अन्तर रहता है इसका भी यहाँ निरूपण है।

कुछ रुचिकर प्रश्नों का समाधान भी है यथा–जैसे छद्मस्थ हंसता है तथा उत्सुक होता है वैसे क्या केवली मनुष्य भी हंसता है और उत्सुक होता है? इसका समाधान करते हुए कहा गया है कि केवली न तो हंसता है और न उत्सुक होता है क्योंकि जीव चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से हंसते और उत्सुक होते हैं। केवली चारित्रमोहनीय कर्म का क्षय कर चुका होता है। यहाँ हंसना हास्य कर्म का एवं उत्सुक होना रति कर्म का द्योतक लगता है। विविध अपेक्षाओं से अष्टविध कर्मों के बंध का विवेचन भी महत्वपूर्ण है। स्त्री, पुरुष नपुंसक की अपेक्षा, संयत असंयत की अपेक्षा, सम्यग्दृष्टि आदि की अपेक्षा, संज्ञी असंज्ञी की अपेक्षा, भवसिद्धिक आदि की अपेक्षा, चक्षुदर्शनी आदि की अपेक्षा, पर्याप्त अपर्याप्तादि की अपेक्षा, भाषक अभाषक की अपेक्षा, परित्त अपरित्त की अपेक्षा, ज्ञानी अज्ञानी की अपेक्षा, मनोयोगी आदि की अपेक्षा, साकार, अनाकारोपयुक्त की अपेक्षा, आहारक अनाहारक की अपेक्षा, सूक्ष्म बादर की अपेक्षा और चारित्र, अचारित्र की अपेक्षा से आठ कर्म प्रकृतियों के बंध का निरूपण है। प्राणातिपात से विरत जीव सात, आठ, छह और एक कर्मप्रकृतियों को बांधता है तथा कभी वह अबन्धक (बंध रहित) भी होता है। इसके २७ भंग बनते हैं। मृषावादविरत यावत् मिथ्यादर्शनशल्य विरत जीव के सात, आठ, छह या एक प्रकृति का बंध होता है तथा कभी वह जीव अबंधक भी होता है।

ज्ञानावरण आदि कर्मों का वेदन करता हुआ जीव कितनी कर्मप्रकृतियों का बंध करते हैं, इसका अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि ज्ञानावरणीय कर्म का वेदन करता हुआ जीव सात, आठ, छह या एक कर्मप्रकृति का बंध करता है। दर्शनावरणीय एवं अन्तराय कर्म का वेदन करने वाले के भी इसी प्रकार बंध होता है। वेदनीय कर्म का वेदन करते हुए जीव के भी सात, आठ, छह या एक का बंध होता है किन्तु वह कदाचित् अबंधक भी होता है। आयु, नाम और गोत्र कर्म का वेदन करते हुए जीव के भी वेदनीय की भांति बंध या अबंध होता है।

अष्टविध कर्मों का बंध मूलतः दो कारणों से होता है–१. राग से और २. द्वेष से। इन दोनों में चतुर्विध कषाय का समावेश हो जाता है। राग को माया और लोभ के रूप में दो प्रकार का कहा गया है तथा द्वेष को क्रोध और मान के भेद से दो प्रकार का माना गया है।

ज्ञानावरणादि का बंध करता हुआ जीव कितनी प्रकृतियों का वेदन करता है, इस पर आगम में विचार किया गया है। उसके अनुसार वेदनीय कर्म को छोड़कर शेष सात कर्मों का बंध करता हुआ जीव नियमतः आठ कर्मप्रकृतियों का वेदन करता है, किन्तु वेदनीय कर्म को बांधता हुआ जीव सात, आठ या चार कर्मप्रकृतियों का वेदन करता है। ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय का वेदन करने वाला जीव आठ या सात (मोहनीय को छोड़कर) कर्म प्रकृतियों का वेदन करता है। वेदनीय, आयु, नाम और गोत्र का वेदन करता हुआ जीव सात, आठ या चार प्रकृतियों का वेदन करता है। केवलज्ञान, केवलदर्शन के धारक अर्हत् जिन केवली चार कर्मांशों का वेदन करते हैं–१. वेदनीय, २. आयु, ३. नाम और ४. गोत्र का।

एकेन्द्रिय जीवों में कर्म प्रकृतियों के स्वामित्व, बंध और वेदन का सूक्ष्म कथन भी निरूपित है। इसमें कर्मप्रकृतियों के वेदन का निरूपण करते हुए प्रसिद्ध ८ कर्मप्रकृतियों में १. श्रोत्रेन्द्रियावरण, २. चक्षुरिन्द्रियावरण, ३. घ्राणेन्द्रियावरण, ४. जिह्वेन्द्रियावरण, ५. स्त्रीवेदावरण और ६. पुरुषवेदावरण को मिलाकर १४ कर्मप्रकृतियों को उल्लेख किया गया है।

कांक्षामोहनीय की चर्चा मात्र व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र में है। उत्तरवर्ती कर्मग्रंथों में इसकी चर्चा नहीं है। इसी प्रकार सम्पूर्ण दिगम्बर साहित्य में कांक्षामोहनीय का कोई उल्लेख नहीं है। इस दृष्टि से आगम में निरूपित कांक्षामोहनीय की चर्चा महत्वपूर्ण है। कांक्षामोहनीय कर्म एक प्रकार का दर्शन मोहनीय कर्म है जो शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, भेदसामयन्ति और कलुष सामयन्ति से युक्त होता है। कांक्षामोहनीय का बंध योग और प्रमाद से होता है, कषाय की उसमें मुख्यता नहीं है। सभी चौबीस दण्डकों में कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन होता है। गौतम स्वामी ने भगवान् से प्रश्न किया कि पृथ्वीकायिक जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन किस प्रकार करते हैं? भगवान् ने उत्तर दिया–गौतम! उन जीवों को ऐसा तर्क, संज्ञा, प्रज्ञा, मन या वचन नहीं होता कि हम कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं किन्तु वे उसका वेदन अवश्य करते हैं। यह सत्य है, निःशंक है तथा जिनेन्द्रों द्वारा प्ररूपित है। श्रमण निर्ग्रन्थ भी कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं। वे अनेक कारणों से यथा–ज्ञानान्तर, दर्शनान्तर, चारित्रान्तर, लिंगान्तर, प्रवचनान्तर, प्रावचनिकान्तर, कल्पान्तर, मार्गान्तर, मतान्तर, भंगान्तर, नयान्तर, नियमान्तर और प्रमाणान्तरों के द्वारा शंकित, कांक्षित, विचिकित्सित भेदसमापन्न और कलुषसमापन्न होकर कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं। जीव स्वयं ही कांक्षामोहनीय कर्म का उपार्जन करते हैं, चय करते हैं, उपचय करते हैं, उदीरणा करते हैं और निर्जरा करते हैं।

विभिन्न कर्म प्रकृतियों के बंध के विशेष कारण भी होते हैं, यथा–सातावेदनीय कर्म का बंध प्राणानुकम्पा से, भूतानुकम्पा से, जीवानुकम्पा से, सत्वानुकम्पा से, बहुत से प्राण यावत् सत्व को दुःख न देने से, शोक नहीं करने से, विलाप न करने से, पीड़ा न देने से और परिताप न देने से करता है। इसके विपरीत आचरण से असातावेदनीय कर्म का बंध होता है। हमें ज्ञान कठिनाई से क्यों होता है, एतदर्थ दुर्लभ बोधि वाले कर्मबंध के हेतुओं का निर्देश है। वे हेतु हैं–अर्हन्तों का अवर्णवाद (निन्दापरक कथन) करना, अर्हत् प्रज्ञप्त धर्म का अवर्णवाद करना, आचार्य, उपाध्याय का अवर्णवाद करना, चतुर्विध संघ का अवर्णवाद करना, तप और ब्रह्मचर्य के विपाक से दिव्य गति को प्राप्त करने वाले देवों का अवर्णवाद करना। इसके विपरीत आचरण से सुलभ बोधि कर्म का बंध होता है। इसी प्रकार आयु कर्म चार प्रकार का है और उनके बंध के हेतु भिन्न-भिन्न हैं। नरकायु का बंध महारम्भ, महापरिग्रह, पंचेन्द्रियवध और मांस भक्षण से होता है। तिर्यञ्चायु का बंध माया, निकृत (ठगाई) असत्यवचन और कूट तोल माप से होता है। मनुष्यायु का बंध प्रकृति भद्रता, प्रकृति विनीतता, सरल हृदयता और अमत्सरता से तथा देवायु का बंध सराग संयम, संयमासंयम, बाल तप और अकाम निर्जरा से होता है।

आयु दो प्रकार की होती है–अद्धायु और भवायु। अद्धायु भवान्तरगामिनी होती है, भवायु उसी भव की आयु होती है। अद्धायु दो प्रकार के जीवों की होती है–मनुष्यों की और तिर्यक् पंचेन्द्रियों की। भवायु भी दो प्रकार के जीवों की होती है–देवों की और नैरयिकों की। देव और नैरयिक पूर्णायु का पालन करते हैं जबकि मनुष्य और तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के अकालमरण भी संभव है। प्राणियों की हिंसा करने, असत्य भाषण करने, तथारूप श्रमण ब्राह्मण को अप्रासुक अशन पानादि से प्रतिलाभित करने से जीव अल्पायु का बंध करता है किन्तु इन्हीं हेतुओं से वह अशुभ दीर्घायु का बंध करता है। इनके विपरीत आचरण से वह शुभ दीर्घायु एवं अशुभ अल्पायु का बंध करता है। आयु परिणाम गति, बन्धक स्थिति आदि के भेद से नौ प्रकार का कहा गया है। जाति नाम-निधत्तायु, गतिनामनिधत्तायु, स्थितिनामनिधत्तायु आदि के भेद से आयु बंध छह प्रकार का है। नैरयिक से लेकर वैमानिक देवों तक छह प्रकार का आयुबंध प्रतिपादित है। नैरयिक एवं देव पर-भव की आयु का बंध नियमतः छह मास आयु शेष रहने पर करते हैं।

पृथ्वीकायिक से विकलेन्द्रिय जीव दो प्रकार के हैं–१. सोपक्रम आयु वाले, २. निरुपक्रम आयु वाले। निरुपम आयु वाले नियमतः आयुष्य का तीसरा भाग शेष रहने पर पर-भव की आयु का बंध करते हैं तथा सोपक्रम आयु वाले कदाचित् तीसरे भाग में परभव की आयु का बंध करते हैं, कदाचित् आयु के तीसरे भाग का तीसरा भाग शेष रहने पर पर-भव की आयु का बंध करते हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय और मनुष्य दो प्रकार के होते हैं–

संख्यातवर्षायुष्क और असंख्यातवर्षायुष्क। इनमें असंख्यातवर्षायुष्क जीव छह मास आयु शेष रहने पर परभव की आयु का बंध करते हैं तथा संख्यात वर्ष की आयु वाले जीव दो प्रकार के हैं–१. सोपक्रम आयु वाले और २. निरुपक्रम आयु वाले। इनमें आयुबंध पृथ्वीकाय के सदृश होता है। आयुबंध के सम्बन्ध में यह स्पष्ट संकेत है कि एक जीव एक समय में एक आयु का बंध करता है, इस भव की या परभव की आयु का।

असंज्ञी जीव की दृष्टि से चारों आयु असंज्ञी के भी हो सकती हैं। इनमें देव असंज्ञी आयु सबसे अल्प हैं, नरक असंज्ञी आयु सर्वाधिक हैं। तिर्यञ्च एवं मनुष्य में अकाल मृत्यु संभव है एतदर्थ आयुक्षय के सात कारण हैं–१. रागादि की तीव्रता, २. निमित्त–शस्त्रादि का प्रयोग, ३. आहार की न्यूनाधिकता, ४. वेदना की तीव्रता, ५. पराघात चोट, ६. स्पर्श सांप आदि का विद्युत का और ७. आनपान निरोध। बंधे हुए कर्म जीव के साथ जितने समय तक टिकते हैं उसे उनका स्थितिकाल कहते हैं। बद्ध कर्म का उदयरूप या उदीरण रूप प्रवर्तन जिस काल में नहीं होता उसे अबाधा या अबाधाकाल कहते हैं। कर्मों के उदयाभिमुख होने का काल निषेक काल है। अबाधा काल सामान्यतया कर्म के उत्कृष्ट स्थिति काल के अनुपात में होता है। उसका नियम है एक कोटाकोटि स्थिति की उत्कृष्ट अबाधा एक सौ वर्ष। प्रत्येक बद्ध कर्म का स्थितिकाल भिन्न-भिन्न होता है अतः उनका अबाधाकाल भी भिन्न-भिन्न होता है। अबाधा काल से न्यून कर्म निषेक काल होता है। इन सबका प्रत्येक कर्म प्रकृति में निरूपण इस अध्ययन में हुआ है।

वेदन कर्मोदय का द्योतक है। प्रत्येक कर्म का वेदन भिन्न-भिन्न होता है। क्योंकि उनका अनुभाव अर्थात् फल भिन्न-भिन्न होता है। जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त ज्ञानावरणीय कर्म का अनुभाव श्रोत्रावरण आदि के भेद से दस प्रकार का, दर्शनावरणीय कर्म का अनुभाव निद्रादि के भेद से नौ प्रकार का, सातावेदनीय कर्म का अनुभाव मनोज्ञ शब्द आदि के भेद से आठ प्रकार का होता है। अमनोज्ञ शब्दादि के भेद से असातावेदनीय का अनुभाव भी आठ प्रकार का होता है। जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त मोहनीय कर्म का अनुभाव सम्यक्त्ववेदनीय आदि के भेद से पांच प्रकार का, आयु कर्म का अनुभाव नरकायु आदि के भेद से चार प्रकार का, शुभ नाम कर्म का अनुभाव इष्ट शब्द इष्टरूप यावत् मनोज्ञ स्वर के भेद से १४ प्रकार का, इसके विपरीत अशुभ नाम कर्म का अनुभाव अनिष्ट शब्द यावत् अकान्त स्वर के भेद से १४ प्रकार का होता है, उच्चगोत्र का अनुभाव जाति, कुल आदि के वैशिष्ट्य से आठ प्रकार का तथा इनकी हीनता से नीचगोत्र का अनुभाव भी आठ प्रकार का होता है। अन्तराय कर्म के जो दानान्तरायादि पांच भेद हैं वे ही उसके अनुभाव हैं।

इस अध्ययन के अन्त में कर्म सिद्धान्त से सम्बद्ध विविध तथ्यों का संकलन है, यथा–ज्ञानावरण आदि कर्मों के अविभाग प्रतिच्छेद का कथन, कर्मों के प्रदेशाग्र व वर्णादि का प्ररूपण, कर्मोपचय एवं सादि सान्तता का कथन, महाकर्म अल्पकर्म का निरूपण आदि। कर्मपुद्गल का नहीं छेदने योग्य अंतिम खण्ड अविभाग प्रतिच्छेद होता है। एक समय में बंधने वाले समस्त कर्मों का प्रदेशाग्र अनन्त होता है। ज्ञानावरणीय से अन्तराय तक सभी कर्म पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस और चार स्पर्श वाले होते हैं। जीवों के कर्मों का उपचय मन वचन व काया के प्रयोग से होता है, अपने आप नहीं। स्थावरों एवं विकलेन्द्रियों में मन प्रयोग नहीं होता। कर्मोपचय सादि सान्त, अनादि सान्त और अनादि अनन्त रूप होता है। किन्तु सादि अनन्त नहीं होता। एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियों में न महाकर्म होता है, न महाक्रिया, न महाश्रव और न ही महावेदना। शेष जीव दो प्रकार के होते हैं–१. मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक और २. अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक। इनमें जो मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक हैं वे महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाश्रव वाले और महावेदना वाले हैं तथा जो अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक हैं वे अल्पकर्म, अल्पक्रिया, अल्पाश्रव और अल्पवेदना वाले हैं। साधना की दृष्टि से महाक्रिया, महाकर्म के त्याग का महत्व है। जैनदर्शन में एक यह मान्यता चल पड़ी है कि बद्ध पाप कर्मों का वेदन किए बिना मोक्ष नहीं होता। इसका समाधान आगम में किया गया है उसके अनुसार कर्म दो प्रकार के हैं–प्रदेश कर्म और अनुभाग कर्म। इनमें प्रदेश कर्म अवश्य भोगना पड़ता है। किन्तु अनुभाग कर्म का वेदन आवश्यक नहीं है। जीव किसी अनुभाग कर्म का वेदन करता है, किसी का नहीं। क्योंकि वह संक्रमण, स्थितिघात, रसघात आदि के द्वारा उन्हें परिवर्तित कर सकता है एवं निर्जरा भी कर सकता है।

□

३१. कम्मऽज्झयणं

सूत्र

१. **कम्मज्झयणस्स उक्खेवो–**

अट्ठ कम्माइं वोच्छामि, आणुपुव्विं जहक्कमं ।
जेहिं बद्धो अयं जीवो, संसारे परिवत्तई ॥

–उत्त. अ. ३३, गा. १,

२. **अज्झयणस्स अत्थाहिगारा–**

१. कति पगडी,
२. कह बंधति,
३. कतिहि व ठाणेहिं बंधए जीवो।
४. कति वेदेइ य पगडी,
५. अणुभावो कतिविहो कस्स ॥[1]

–पण्ण. प. २३, उ. १, सु. १६६४

३. **कम्माणं पगारा–**

दुविहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पदेसकम्मे चेव, २. अणुभावकम्मे चेव।

–ठाणं. अ. २, उ. ३, सु. ७९(२२)

चउव्विहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पगडीकम्मे,
२. ठिईकम्मे,
३. अणुभावकम्मे,
४. पदेसकम्मे।

–ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३६२

४. **सुहासुह कम्मविवाग चउभंगी–**

चउव्विहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–

१. सुभे नाममेगे सुभे,
२. सुभे नाममेगे असुभे,
३. असुभे नाममेगे सुभे,
४. असुभे नाममेगे असुभे।

चउव्विहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–

१. सुभे नाममेगे सुभविवागे,
२. सुभे नाममेगे असुभविवागे,
३. असुभे नाममेगे सुभविवागे,
४. असुभे नाममेगे असुभविवागे,।[2]

–ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३६२

५. **कम्माणं अगुरुयलहुयत्त परूवणं–**

प. कम्माणि णं भंते ! किं गुरुयाइं, लहुयाइं, गुरुयलहुयाइं, अगुरुयलहुयाइं ?

३१. कर्म अध्ययन

सूत्र

१. **कर्म अध्ययन की उत्थानिका–**

मैं आनुपूर्वी और यथाक्रम से उन आठ प्रकार के कर्मों को कहूँगा, जिन कर्मों से बंधा हुआ यह जीव इस संसार में परावर्तन (परिभ्रमण) करता रहता है।

२. **अध्ययन के अर्थाधिकार–**

१. (कर्म की) प्रकृतियां कितनी है ?
२. किस प्रकार बंधती है ?
३. जीव कितने स्थानों से (कर्म) बांधता है ?
४. कितनी (कर्म) प्रकृतियों का वेदन करता है ?
५. किस (कर्म) का अनुभाव (अनुभाग) कितने प्रकार का होता है ?

३. **कर्मों के प्रकार–**

कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. प्रदेश कर्म, २. अनुभावकर्म।

कर्म चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. प्रकृति कर्म–कर्म पुद्गलों का स्वभाव,
२. स्थिति-कर्म–कर्म पुद्गलों की काल-मर्यादा,
३. अनुभाव कर्म–कर्म पुद्गलों का सामर्थ्य,
४. प्रदेश कर्म–कर्म पुद्गलों का संचय।

४. **शुभाशुभ कर्म विपाक चौभंगी–**

कर्म चार प्रकार का गया है, यथा–

१. कुछ कर्म शुभ (पुण्य प्रकृति वाले) होते हैं और उनका अनुबन्ध भी शुभ होता है,
२. कुछ कर्म शुभ होते हैं पर उनका अनुबन्ध अशुभ होता है,
३. कुछ कर्म अशुभ होते हैं पर उनका अनुबन्ध शुभ होता है,
४. कुछ कर्म अशुभ होते हैं और उनका अनुबन्ध भी अशुभ होता है।

कर्म चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. कुछ कर्म शुभ होते हैं और उनका विपाक भी शुभ होता है,
२. कुछ कर्म शुभ होते हैं, पर उनका विपाक अशुभ होता है,
३. कुछ कर्म अशुभ होते हैं, पर उनका विपाक शुभ होता है,
४. कुछ कर्म अशुभ होते हैं और उनका विपाक भी अशुभ होता है।

५. **कर्मों का अगुरुलघुत्व प्ररूपण–**

प्र. भंते ! कर्म क्या गुरु है, लघु है, गुरुलघु है या अगुरुलघु है ?

---

१. विया. स. १, उ. ४, सु. १.

२. सुचिण्णा कम्मा सुचिण्णा फला भवंति–उव. सु. ५६

उ. गोयमा ! नो गरुयाइं, नो लहुयाइं, नो गरुयलहुयाइं, अगरुयलहुयाइं।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ?

उ. गोयमा ! अगुरुयलहुय दव्वाइं पडुच्च अगुरुयलहुयाइं।

–विया. स. १, उ. ९, सु. ९

६. जीवाणं विभत्तिभावं परिणमन हेउ परूवणं–

प. कम्मओ णं भंते ! किं जीवे विभत्तिभावं परिणमइ, नो अकम्मओ विभत्तिभावं परिणमइ ?
कम्मओ णं जए किं विभत्तिभावं परिणमइ, नो अकम्मओ विभत्तिभावं परिणमइ ?

उ. हंता, गोयमा ! कम्मओ णं जीवे जए विभत्तिभावं परिणमइ, नो अकम्मओ विभत्तिभावं परिणमइ।

–विया. स. १२, उ. ५, सु. ३७

७. कम्मपयडिमूलभेया–

प. कइ णं भंते ! कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! अट्ठ कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. नाणावरणिज्जं,	२. दरिसणावरणिज्जं,
३. वेदणिज्जं,	४. मोहणिज्जं,
५. आउयं,	६. णामं,
७. गोयं,	८. अंतराइयं[1]

–पण्ण. प. २३, उ. १, सु. १६६५

८. चउवीसदंडएसु अट्ठण्हं कम्म पगडीणं परूवणं–

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! कइ कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! अट्ठ कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ, तंजहा–
१. नाणावरणिज्जं **जाव** ८. अंतराइयं।
दं. २-२४ एवं जाव **वेमाणियाणं।**[2]

–पण्ण. प. २३, उ. १, सु. १६६६

९. अट्ठकम्माणं परप्पर सहभावो–

प. जस्स णं भंते ! नाणावरणिज्जं तस्स दरिसणावरणिज्जं, जस्स दंसणावरणिज्जं तस्स नाणावरणिज्जं ?

उ. गोयमा ! जस्स णं नाणावरणिज्जं तस्स दंसणावरणिज्जं नियमा अत्थि, जस्स णं दरिसणावरणिज्जं तस्स वि नाणावरणिज्जं नियमा अत्थि।

प. जस्स णं भंते ! नाणावरणिज्जं तस्स वेयणिज्जं, जस्स वेयणिज्जं तस्स नाणावरणिज्जं ?

उ. गौतम ! वह गुरु नहीं है, लघु नहीं है, गुरुलघु नहीं है किन्तु अगुरुलघु है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

उ. गौतम ! अगुरुलघुद्रव्यों की अपेक्षा अगुरुलघु है।

६. जीवों का विभक्तिभाव परिणमन के हेतु का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या जीव कर्म से (मनुष्य-तिर्यञ्च आदि) विविध रूपों में परिणत होता है या कर्म के बिना परिणत होता है ?
क्या जगत् (जीव समूह) कर्म से विविध रूपों में परिणत होता है या कर्म के बिना परिणत होता है।

उ. हां, गौतम ! कर्म से जीव और जगत् विविध रूपों में परिणत होता है, किन्तु कर्म के बिना विविध रूपों में परिणत नहीं होता है।

७. कर्मप्रकृतियों के मूल भेद–

प्र. भंते ! कर्मप्रकृतियां कितनी कही गई हैं ?

उ. गौतम ! (मूल) कर्म प्रकृतियां आठ कही गई हैं, यथा–

१. ज्ञानावरणीय,	२. दर्शनावरणीय,
३. वेदनीय,	४. मोहनीय,
५. आयु,	६. नाम,
७. गोत्र,	८. अन्तराय,

८. चौबीस दंडकों में आठ कर्म प्रकृतियों का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भंते ! नैरयिकों में कितनी कर्मप्रकृतियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! आठ कर्म प्रकृतियां कही गई हैं, यथा–
१. ज्ञानावरणीय **यावत्** २. अंतराय।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों तक आठ कर्म प्रकृतियां हैं।

९. आठ कर्मों का परस्पर सहभाव–

प्र. भंते ! जिस जीव के ज्ञानावरणीय कर्म है, क्या उसके दर्शनावरणीय कर्म भी है और जिस जीव के दर्शनावरणीय कर्म है, क्या उसके ज्ञानावरणीय कर्म भी है ?

उ. हाँ, गौतम ! जिस जीव के ज्ञानावरणीय कर्म है, उसके नियमतः दर्शनावरणीय कर्म है और जिस जीव के दर्शनावरणीय कर्म है, उसके नियमतः ज्ञानावरणीय कर्म भी है।

प्र. भंते ! जिस जीव के ज्ञानावरणीय कर्म है, क्या उसके वेदनीय कर्म भी है और जिस जीव के वेदनीय कर्म है, क्या उसके ज्ञानावरणीय कर्म भी है ?

---

१. (क) पण्ण.प.२३,उ.२,सु.१६८७
(ख) पण्ण.प.२४,सु.१७५४,(१)
(ग) पण्ण.प.२५,सु.१७६९,(१)
(घ) पण्ण.प.२६,सु.१७७५,(१)
(ङ) पण्ण.प.२७,सु.१७८७,(१)
(च) उत्त.अ.३३,गा.२-३
(छ) विया.स.६,उ.३,सु.१०
(ज) विया.स.८,उ.१०,सु.३१
(झ) विया.स.८,उ.८,सु.२३

२. (क) विया.स.८,उ.१०,सु.३२
(ख) विया.स.१६,उ.३,सु.२-३
(ग) पण्ण.प.२४,सु.१७५४,(२)
(घ) पण्ण.प.२५,सु.१७६९,(२)
(ङ) पण्ण.प.२६,सु.१७७५,(२)
(च) पण्ण.प.२७,सु.१७८७,(२)

उ. गोयमा ! जस्स नाणावरणिज्जं तस्स वेयणिज्जं नियमा अत्थि, जस्स पुण वेयणिज्जं तस्स नाणावरणिज्जं सिय अत्थि, सिय नत्थि।

प. जस्स णं भंते ! नाणावरणिज्जं तस्स मोहणिज्जं, जस्स मोहणिज्जं तस्स नाणावरणिज्जं ?

उ. गोयमा ! जस्स नाणावरणिज्जं तस्स मोहणिज्जं सिय अत्थि, सिय नत्थि, जस्स पुण मोहणिज्जं तस्स नाणावरणिज्जं नियमा अत्थि।

प. जस्स णं भंते ! नाणावरणिज्जं तस्स आउयं, जस्स आउयं तस्स नाणावरणिज्जं ?

उ. गोयमा ! **जहा वेयणिज्जेणं समं भणियं,**

तहा आउएण वि समं भाणियव्वं।

एवं नामेण वि, एवं **गोएण वि समं।**

अंतराइएण वि जहा दरिसणावरणिज्जेण समं तहेव नियमा परोप्परं भाणियव्वाणि।

प. जस्स णं भंते ! दरिसणावरणिज्जं तस्स वेयणिज्जं, जस्स वेयणिज्जं तस्स दरिसणावरणिज्जं ?

उ. गोयमा ! **जहा नाणावरणिज्जं उवरिमेहिं सत्तहिं कम्मेहिं समं भणियं।**
तहा दरिसणावरणिज्जं पि उवरिमेहिं छहिं कम्मेहिं समं भाणियव्वं जाव **अंतराइएणं।**

प. जस्स णं भंते ! वेयणिज्जं तस्स मोहणिज्जं, जस्स मोहणिज्जं तस्स वेयणिज्जं ?

उ. गोयमा ! जस्स वेयणिज्जं तस्स मोहणिज्जं सिय अत्थि, सिय नत्थि, जस्स पुण मोहणिज्जं तस्स वेयणिज्जं नियमा अत्थि।

प. जस्स णं भंते ! वेयणिज्जं तस्स आउयं, जस्स आउयं तस्स वेयणिज्जं ?

उ. गोयमा ! **एवं** एयाणि परोप्परं नियमा।
जहा आउएण समं एवं **नामेण वि, गोएण वि समं भाणियव्वं।**

प. जस्स णं भंते ! वेयणिज्जं तस्स अंतराइयं, जस्स अंतराइयं तस्स वेयणिज्जं ?

उ. गोयमा ! जस्स वेयणिज्जं तस्स अंतराइयं सिय अत्थि सिय नत्थि,

उ. गौतम ! जिस जीव के ज्ञानावरणीय कर्म है, उसके नियमतः वेदनीय कर्म है, किन्तु जिस जीव के वेदनीय कर्म है, उसके ज्ञानावरणीय कर्म कदाचित् होता है और कदाचित् नहीं होता है।

प्र. भंते ! जिसके ज्ञानावरणीय कर्म है, क्या उसके मोहनीय कर्म है और जिसके मोहनीय कर्म है, क्या उसके ज्ञानावरणीय कर्म है ?

उ. गौतम ! जिसके ज्ञानावरणीय कर्म है, उसके मोहनीय कर्म कदाचित् होता है और कदाचित् नहीं भी होता है, किन्तु जिसके मोहनीय कर्म है, उसके ज्ञानावरणीय कर्म नियमतः होता है।

प्र. भंते ! जिसके ज्ञानावरणीय कर्म है, क्या उसके आयुकर्म होता है और जिसके आयुकर्म है, क्या उसके ज्ञानावरणीय कर्म होता है ?

उ. **गौतम ! जिस प्रकार वेदनीय कर्म के साथ (ज्ञानावरणीय के विषय में) कहा गया है,**

उसी प्रकार आयुकर्म के साथ ज्ञानावरणीय के विषय में भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार नामकर्म और गोत्रकर्म के साथ (ज्ञानावरणीय के विषय में) भी कहना चाहिए।

जिस प्रकार दर्शनावरणीय के साथ (ज्ञानावरणीय कर्म के विषय में) कहा, उसी प्रकार अन्तराय कर्म के साथ (ज्ञानावरणीय के विषय में) भी नियमतः परस्पर सहभाव कहना चाहिए।

प्र. भंते ! जिस जीव के दर्शनावरणीय कर्म है, क्या उसके वेदनीय कर्म होता है और जिसके वेदनीय कर्म है, क्या उसके दर्शनावरणीय कर्म होता है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार ज्ञानावरणीय कर्म का कथन ऊपर के सात कर्मों के साथ किया गया है।**

उसी प्रकार दर्शनावरणीय कर्म का भी ऊपर के छह कर्मों के साथ अन्तराय कर्म तक कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! जिस जीव के वेदनीयकर्म है, क्या उसके मोहनीयकर्म है और जिस जीव के मोहनीय कर्म है, क्या उसके वेदनीय कर्म होता है ?

उ. गौतम ! जिस जीव के वेदनीयकर्म है, उसके मोहनीय कर्म कदाचित् होता है, कदाचित् नहीं भी होता है, किन्तु जिस जीव के मोहनीयकर्म है, उसके वेदनीय कर्म नियमतः होता है।

प्र. भंते ! जिस जीव के वेदनीयकर्म है, क्या उसके आयुकर्म है और जिसके आयुकर्म है क्या उसके वेदनीयकर्म है ?

उ. गौतम ! ये दोनों कर्म नियमतः परस्पर साथ-साथ होते हैं।
जिस प्रकार आयुकर्म के साथ (वेदनीय कर्म के विषय में) कहा, उसी प्रकार नाम और गोत्रकर्म के साथ भी (वेदनीयकर्म के विषय में) कहना चाहिए।

प्र. भंते ! जिस जीव के वेदनीयकर्म है, क्या उसके अन्तरायकर्म है और जिसके अन्तरायकर्म है, क्या उसके वेदनीयकर्म है ?

उ. गौतम ! जिस जीव के वेदनीयकर्म है, उसके अन्तरायकर्म कदाचित् होता है और कदाचित् नहीं भी होता है,

जस्स पुण अंतराइयं तस्स वेयणिज्जं नियमा अत्थि।

प. जस्स णं भंते ! मोहणिज्जं तस्स आउयं, जस्स आउयं तस्स मोहणिज्जं ?

उ. गोयमा ! जस्स मोहणिज्जं तस्स आउयं नियमा अत्थि, जस्स पुण आउयं तस्स पुण मोहणिज्जं सिय अत्थि, सिय नत्थि।
एवं नामं, गोयं, अंतराइयं च भाणियव्वं।

प. जस्स णं भंते ! आउयं तस्स नामं, जस्स नामं तस्स आउयं ?

उ. गोयमा ! दो वि परोप्परं नियमा।
एवं गोत्तेण वि समं भाणियव्वं।

प. जस्स णं भंते ! आउयं तस्स अंतराइयं, जस्स अंतराइयं तस्स आउयं ?

उ. गोयमा ! जस्स आउयं तस्स अंतराइयं सिय अत्थि, सिय नत्थि, जस्स पुण अंतराइयं तस्स आउयं नियमा।

प. जस्स णं भंते ! नामं तस्स गोयं, जस्स णं गोयं तस्स णं नामं ?

उ. गोयमा ! दो वि एए परोप्परं नियमा।

प. जस्स णं भंते ! नामं तस्स अंतराइयं, जस्स णं अंतराइयं तस्स णं नामं ?

उ. गोयमा ! जस्स नामं तस्स अंतराइयं सिय अत्थि सिय नत्थि, जस्स पुण अंतराइयं तस्स नामं नियमा अत्थि।

प. जस्स णं भंते ! गोयं तस्स अंतराइयं, जस्स अंतराइयं तस्स गोयं ?

उ. गोयमा ! जस्स णं गोयं तस्स अंतराइयं सिय अत्थि सिय नत्थि, जस्स पुण अंतराइयं तस्स गोयं नियमा अत्थि।

–विया. स. ८, उ. १०, सु. ४२-५८

१०. मोहणिज्जकम्मस्स बावन्नं नामधेज्जा–

मोहणिज्जस्स णं कम्मस्स बावण्णं नामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कोहे, २. कोवे, ३. रोसे, ४. दोसे, ५. असमा, ६. संजलणे, ७. कलहे, ८. चंडिक्के, ९. भंडणे, १०. विवाए।

११. माणे, १२. मदे, १३. दप्पे, १४. थंभे, १५. अत्तुक्कोसे, १६. गव्वे, १७. परपरिवाए १८. उक्कोसे, परन्तु जिसके अन्तरायकर्म होता है उसके वेदनीय कर्म नियमतः होता है।

प्र. भंते ! जिस जीव के मोहनीयकर्म होता है, क्या उसके आयुकर्म होता है और जिसके आयुकर्म होता है, क्या उसके मोहनीयकर्म होता है ?

उ. गौतम ! जिस जीव के मोहनीयकर्म है, उसके आयुकर्म नियमतः होता है, जिसके आयुकर्म है, उसके मोहनीयकर्म कदाचित् होता है और कदाचित् नहीं भी होता है।

इसी प्रकार नाम, गोत्र और अन्तराय कर्म के विषय में भी कहना चाहिए।

प्र. भंते ! जिस जीव के आयुकर्म होता है, क्या उसके नामकर्म होता है और जिसके नामकर्म होता है, क्या उसके आयुकर्म होता है ?

उ. गौतम ! ये दोनों कर्म परस्पर नियमतः होते हैं।

इसी प्रकार गोत्रकर्म के साथ भी आयुकर्म के विषय में कहना चाहिए।

प्र. भंते ! जिस जीव के आयुकर्म होता है, क्या उसके अन्तरायकर्म होता है और जिसके अन्तरायकर्म होता है, क्या उसके आयुकर्म होता है ?

उ. गौतम ! जिसके आयुकर्म होता है, उसके अन्तरायकर्म कदाचित् होता है और कदाचित् नहीं भी होता है, किन्तु जिस जीव के अन्तरायकर्म होता है, उसके आयुकर्म नियमतः होता है।

प्र. भंते ! जिस जीव के नामकर्म होता है, क्या उसके गोत्रकर्म होता है और जिसके गोत्रकर्म होता है क्या उसके नामकर्म होता है ?

उ. गौतम ! ये दोनों कर्म परस्पर नियमतः होते हैं।

प्र. भंते ! जिसके नामकर्म होता है, क्या उसके अन्तरायकर्म होता है और जिसके अन्तरायकर्म होता है क्या उसके नामकर्म होता है ?

उ. गौतम ! जिस जीव के नामकर्म होता है, उसके अन्तराय कर्म होता भी है और नहीं भी होता है, किन्तु जिसके अन्तरायकर्म होता है, उसके नामकर्म नियमतः होता है।

प्र. भंते ! जिसके गोत्रकर्म होता है, क्या उसके अन्तरायकर्म होता है और जिस जीव के अन्तराय कर्म होता है, क्या उसके गोत्रकर्म होता है ?

उ. गौतम ! जिसके गोत्रकर्म है, उसके अन्तरायकर्म होता भी है और नहीं भी होता है, किन्तु जिसके अन्तरायकर्म है उसके गोत्रकर्म नियमतः होता है।

१०. मोहनीय कर्म के बावन नाम–

मोहनीय कर्म के बावन नाम कहे गये हैं, यथा–

१. क्रोध, २. कोप, ३. रोष, ४. द्वेष, ५. अक्षमा, ६. संज्वलन, ७. कलह, ८. चांडिक्य, ९. भंडन, १०. विवाद, (ये दस क्रोधकषाय के नाम हैं)

११. मान, १२. मद, १३. दर्प, १४. स्तम्भ, १५. आत्मोत्कर्ष, १६. गर्व, १७. परपरिवाद, १८. उत्कर्ष,

१९. अवकोसे २०. उण्णए, २१. उण्णामे।

२२. **माया**, २३. उवही, २४. नियडी, २५. वलए, २६. गहणे, २७. णूमे, २८. कक्के, २९. कुरूवे, ३०. दंभे, ३१. कूडे, ३२. जिम्मे, ३३. किब्बिसिए, ३४. अणायरणया, ३५. गूहणया, ३६. वंचणया, ३७. पलिकुंचणया, ३८. साइजोगे।

३९. **लोभे**, ४०. इच्छा, ४१. मुच्छा, ४२. कंखा, ४३. गेही, ४४. तिण्हा, ४५. भिज्जा, ४६. अभिज्जा, ४७. कामासा, ४८. भोगासा, ४९. जीवियासा, ५०. मरणासा, ५१. नंदी, ५२. रागे। *–सम. ५२, सु. १*

११. मोहणिज्जकम्मस्स तीसं बंधट्ठाणा–

तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नामं नयरी होत्था।

वण्णओ। पुण्णभद्दे नामं चेइए वण्णओ। कोणिय राया धारिणी देवी। सामी समोसढे। परिसा निग्गया। धम्मो कहिओ। परिसा पडिगया।

अज्जो ! त्ति समणे भगवं महावीरे बहवे निग्गंथा य निग्गंथीओ य आमंतेत्ता एवं वयासी

एवं खलु अज्जो! तीसं मोहणिज्जठाणाइं जाइं इमाइं इत्थी वा पुरिसो वा अभिक्खणं अभिक्खणं आयारेमाणे वा समायारेमाणे वा मोहणिज्जत्ताए कम्मं पकरेइ।

तीसं मोहणियठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. जे यावि तसे पाणे, वारिमज्झे वियाहिया।
उदएणक्कम्म मारेइ, महामोहं पकुव्वइ॥

२. सीसावेढेणं जे केइ, आवेढेइ अभिक्खणं।
तिव्वासुभसमायारे, महामोहं पकुव्वइ॥

३. पाणिणा संपिहित्ताणं सोयमावरिय पाणिणं।
अंतो नदंतं मारेइ महामोहं पकुव्वइ॥

४. जायतेयं समारब्भ बहुं ओरुंभिया जणं।
अंतोधूमेण मारेइ महामोहं पकुव्वइ॥

५. सीसम्मि जे पहणइ उत्तमंगम्मि चेयसा।
विभज्ज मत्थयं फाले महामोहं पकुव्वइ॥

६. पुणो पुणो पणिहीए हणित्ता उवहसे जणं।
फलेणं अदुव दंडेणं महामोहं पकुव्वइ॥

७. गूढायारी निगूहेज्जा मायं मायाए छायए।
असच्चवाई णिण्हाई महामोहं पकुव्वइ॥

१९. अपकर्ष, २०. उन्नत, २१. उन्नाम (ये ग्यारह मान कषाय के नाम हैं)

२२. **माया**, २३. उपधि, २४. निकृति, २५. वलय, २६. गहन, २७. न्यूम, २८. कल्क, २९. कुरूक, ३०. दम्भ, ३१. कूट, ३२. जिम्ह, ३३. किल्विषिक, ३४. अनाचरणता, ३५. गूहनता, ३६. वंचनता, ३७. परिकुंचनता, ३८. सातियोग, (ये सत्तरह मायाकषाय के नाम हैं)

३९. **लोभ**, ४०. इच्छा, ४१. मूर्च्छा, ४२. कांक्षा, ४३. गृद्धि, ४४. तृष्णा, ४५. भिध्या, ४६. अभिध्या, ४७. कामाशा, ४८. भोगाशा, ४९. जीविताशा, ५०. मरणाशा, ५१. नन्दी, ५२. राग, (ये चौदह लोभ-कषाय के नाम हैं।)

११. मोहनीय कर्म के तीस बंध स्थान–

उस काल और उस समय में चम्पा नगरी थी,

(नगरी का वर्णन करना चाहिए) पूर्णभद्र नाम का चैत्य था। वर्णन करना चाहिए। वहाँ कोणिक राजा राज्य करता था, उसके धारणी देवी पटरानी थी। श्रमण भगवान् महावीर वहां पधारे। धर्म श्रवण के लिए परिषद् आई, भगवान् ने धर्म का स्वरूप कहा। धर्म श्रवण कर परिषद् चली गई।

(इसके बाद) श्रमण भगवन् महावीर ने सभी निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थनियों को आमन्त्रित कर इस प्रकार कहा–

हे आर्यों ! जो स्त्री या पुरुष इन तीस मोहनीय स्थानों का सामान्य या विशेष रूप से पुनः-पुनः आचरण व समाचरण करते हैं वे महामोहनीय कर्म का बन्ध करते हैं।

मोहनीय कर्म के तीस स्थान कहे गये हैं, यथा–

१. जो व्यक्ति किसी त्रस प्राणी को पानी में ले जाकर (पैर आदि से आक्रमण कर) पानी में बार-बार डुबो कर उसे मारता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२. जो व्यक्ति तीव्र अशुभ समाचरण-पूर्वक किसी त्रस प्राणी को गीले चमड़े की पट्टी से बांध कर मारता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

३. जो व्यक्ति अपने हाथ से किसी मनुष्य का मुंह बंद कर, उसे कमरे में रोक कर, अन्तर्विलाप करते हुए को मारता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

४. जो व्यक्ति अनेक जीवों को किसी एक स्थान में अवरुद्ध कर, अग्नि जलाकर उसके धुएं से मारता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

५. जो व्यक्ति संक्लिष्ट चित्त से किसी प्राणी के सर्वोत्तम अंग (सिर) पर प्रहार कर, उसे खंड-खंड कर फोड़ देता है, वह महामोहनीय कर्म का बंध करता है।

६. जो व्यक्ति बार-बार प्रणिधि से (वेश बदल कर) किसी मनुष्य को निर्जन स्थान में फलक या डंडे से मार कर खुशी मनाता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

७. जो व्यक्ति गोपनीय आचरण कर उसे छिपाता है, कपट द्वारा माया को ढाँकता है, असत्यवादी है, यथार्थ का अपलाप करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

८. धंसेइ जो अभूएणं अकम्मं अत्तकम्मुणा।
अदुवा तुमकासि त्ति महामोहं पकुव्वइ॥

८. जो व्यक्ति अपने दुराचरित कर्म का दूसरे निर्दोष व्यक्ति पर आरोपण करता है, अथवा किसी एक व्यक्ति के दोष का किसी दूसरे व्यक्ति पर "तुमने यह कार्य किया" ऐसा आरोप लगाता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

९. जाणमाणो परिसओ सच्चामोसाणि भासइ।
अक्खीणझंझे पुरिसे महामोहं पकुव्वइ॥

९. जो व्यक्ति यथार्थ को जानते हुए भी सभा के समक्ष मिश्र (सत्य और मृषा) भाषा बोलता है और जो निरन्तर कलह करता रहता है, वह महामोहनीय कर्म का बंध करता है।

१०. अणायगस्स नयवं दारे तस्सेव धंसिया।
विउलं विक्खोभइत्ताणं किच्चा णं पडिबाहिरं॥
उवगसंतं पि झंपित्ता, पडिलोमाहिं वग्गूहिं।
भोगभोगे वियारेइ महामोहं पकुव्वइ॥

१०. जो व्यक्ति अमात्य, अपने राजा की स्त्रियों अथवा धन आने के द्वारों को विध्वंस (नष्ट) करके और सामन्तों आदि को विक्षुब्ध करके राजा को अनाधिकारी बनाकर राज्य, रानियों या राज्य के धन-आगमन के द्वारों पर अधिकार कर लेता है और जब अधिकारहीन वह राजा आवश्यकताओं के लिये सामने आता है तब विपरीत वचनों द्वारा उसकी भर्त्सना करता है। इस प्रकार से अपने स्वामी के विशिष्ट भोगों का विनाश करने वाला वह महामोहनीय कर्म का बंध करता है।

११. अकुमारभूए जे केइ कुमारभूए त्ति हं वए।
इत्थीहिं गिद्धे वसए महामोहं पकुव्वइ॥

११. जो व्यक्ति अकुमार (विवाहित) होते हुए भी अपने आप को कुमार ब्रह्मचारी (बालब्रह्मचारी) कहता है और स्त्रियों में आसक्त रहता है, वह महामोहनीय कर्म का बंध करता है।

१२. अबंभयारी जे केइ बंभयारि त्ति हं वए।
गद्दभे व्व गवं मज्झे विस्सरं नदइ नदं॥
अप्पणो अहिए बाले मायामोसं बहुं भसे।
इत्थीविसयगेहीए महामोहं पकुव्वइ॥

१२. जो व्यक्ति अब्रह्मचारी होते हुए भी अपने आपको ब्रह्मचारी कहता है, वह गायों के समूह में गधे की भांति विस्वर नाद करता (रेंकता) है। वह अज्ञानी व्यक्ति अपनी आत्मा का अहित करता है और स्त्री विषयक आसक्ति के कारण मायामृषा वचन का प्रयोग करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१३. जं निस्सिए उव्वहइ जस्साऽहिगमेण वा।
तस्स लुब्भइ वित्तम्मि महामोहं पकुव्वइ॥

१३. जो व्यक्ति राजा आदि के आश्रित होकर उनके संबंध से प्राप्त यश और सेवा का लाभ उठाकर जीविका चलाता है और फिर उन्हीं के धन में लुब्ध होता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१४. इस्सरेण अदुवा गामेणं अणिस्सरे इस्सरीकए।
तस्स संपग्गहीयस्स सिरी अतुलमागया॥
ईसादोसेण आइट्ठे कलुसाविलचेयसे।
जे अंतरायं चेएइ महामोहं पकुव्वइ॥

१४. किसी ऐश्वर्यशाली या ग्रामवासियों ने किसी निर्धन को ऐश्वर्यशाली बनाया और उससे अतुल वैभव प्राप्त हुआ, तब ईर्ष्यादोष से आविष्ट तथा पाप से कलुषित चित्त वाला होकर उन्हीं के जीवन या सम्पदा में अन्तराय डालने का विचार करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१५. सप्पी जहा अंडउडं भत्तारं जो विहिंसइ।
सेणावइं पसत्थारं महामोहं पकुव्वइ॥

१५. जैसे नागिन अपने अंड-पुट को खा जाती है, वैसे ही जो व्यक्ति अपने पोषण करने वाले को तथा सेनापति और प्रशास्ता को मार डालता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१६. जे नायगं व रट्ठस्स नेयारं निगमस्स वा।
सेट्ठिं बहुरवं हंता महामोहं पकुव्वइ॥

१६. जो व्यक्ति राष्ट्र के नायक, यशस्वी निगम-नेता और श्रेष्ठी को मार डालता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१७. बहुजणस्स णेयारं दीवं ताणं च पाणिणं।
एयारिसं नरं हंता महामोहं पकुव्वइ॥

१७. जो व्यक्ति जन नेता तथा प्राणियों के लिए द्वीप के समान आधार है, ऐसे व्यक्ति को मार डालता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१८. उवट्ठियं पडिविरयं संजयं सुतवस्सियं।
वोकम्म धम्मओ भंसे महामोहं पकुव्वइ॥

१८. जो व्यक्ति प्रव्रज्या के लिए उपस्थित है, संयत और सुतपस्वी हो गया है, उसको बहका कर धर्म से भ्रष्ट करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१९. तहेवाणंतणाणीणं जिणाणं वरदंसिणं।
तेसिं अवण्णिमं बाले महामोहं पकुव्वइ॥

१९. जो व्यक्ति अनन्तज्ञानी और अनन्तदर्शी जिनेन्द्र भगवान् का अवर्णवाद (निन्दा) करता है, वह बाल (मूर्ख) महामोहनीय-कर्म का बंध करता है।

२०. नेयाउयस्स मग्गस्स दुट्ठे अवयरई बहुं।
तं तिप्पयंतो भावेइ महामोहं पकुव्वइ॥

२१. आयरियउवज्झाएहिं सुयं विणयं च गाहिए।
ते चेव खिंसती बाले महामोहं पकुव्वइ॥

२२. आयरियउवज्झायाणं सम्मं नो पडितप्पइ।
अप्पडिपूयए थद्धे महामोहं पकुव्वइ॥

२३. अबहुस्सुए य जे केइ सुएण पविकत्थइ।
सज्झायवायं वयइ महामोहं पकुव्वइ॥

२४. अतवस्सिए य जे केइ तवेण पविकत्थइ।
सव्वलोयपरे तेणे महामोहं पकुव्वइ॥

२५. साहारणट्ठा जे केइ गिलाणम्मि उवट्ठिए।
पभू ण कुणई किच्चं मज्झं पि से न कुव्वइ॥
सढे नियडिपण्णाणे कलुसाउलचेयसे।
अप्पणो य अबोहीए महामोहं पकुव्वइ॥

२६. जे कहाहिगरणाइं संपउंजे पुणो पुणो।
सव्वतित्थाणं भेयाणं महामोहं पकुव्वइ॥

२७. जे य आहम्मिए जोए संपउंजे पुणो पुणो।
साहाहेउं सहीहेउं महामोहं पकुव्वइ॥

२८. जे य माणुस्सए भोए अदुवा पारलोइए।
तेऽतिप्पयंतो आसयइ महामोहं पकुव्वइ॥

२९. इड्ढी जुई जसो वण्णो देवाणं बलवीरियं।
तेसिं अवण्णिमं बाले महामोहं पकुव्वइ॥

३०. अपस्समाणो पस्सामि देवे जक्खे य गुज्झगे।
अण्णाणी जिणपूयट्ठी महामोहं पकुव्वइ[1]॥

—दसा. द. ९

२०. जो दुष्ट व्यक्ति न्याय युक्त मोक्षमार्ग की निन्दा करता है, बहुत जनों को उस पर चलने से रोकता है और उन दुष्ट विचारों से लिप्त करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२१. जिन आचार्य और उपाध्यायों से श्रुत और विनय धर्म की शिक्षा ग्रहण की है, उन्हीं की निन्दा करने वाला अज्ञानी महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२२. जो व्यक्ति आचार्य और उपाध्यायों की सम्यक् प्रकार से सेवा सुश्रुषा नहीं करता है उनका सम्मान नहीं करता है किन्तु अभिमान करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२३. जो व्यक्ति अबहुश्रुत होते हुए भी अपने को श्रुत सम्पन्न और स्वाध्याय शील कहता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२४. जो व्यक्ति तपस्वी न होते हुए भी अपने आपको तपस्वी कहता है, वह सबसे बड़ा चोर है, ऐसा व्यक्ति महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२५. जो कोई सहायता के लिए रोगी के उपस्थित होने पर समर्थ होते हुए भी यह मेरी सेवा नहीं करता है इस दृष्टि से उसकी सेवा नहीं करता है, ऐसा वह धूर्त मायावी कलुषित चित्तवाला व्यक्ति अबोधि (रत्नत्रय की अप्राप्ति) का कारण बनता हुआ महामोहनीय कर्म का बंध करता है।

२६. जो व्यक्ति सर्व तीर्थों (धर्मों) में भेद के लिए कथा और अधिकरण (हिंसक साधनों) का बार-बार संप्रयोग करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२७. जो व्यक्ति अपनी प्रशंसा और मित्रों के लिए अधार्मिक योगों (मंत्र तंत्र वशीकरण आदि) का बार-बार संप्रयोग करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२८. जो व्यक्ति मानवीय एवं परलोक संबंधी भोगों का अतृप्तभाव से आस्वादन करता है, वह महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

२९. जो व्यक्ति देवों की ऋद्धि, द्युति, यश, वर्ण और बल-वीर्य का अवर्णवाद करता है वह अज्ञानी महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

३०. जो जिन की भांति अपनी पूजा का अभिलाषी होकर देव, यक्ष और गुह्यक (व्यन्तर देव) को नहीं देखता हुआ भी कहता है कि मैं उन्हें देखता हूँ, वह अज्ञानी महामोहनीयकर्म का बंध करता है।

१२. जीव-चउवीसदंडएसुकम्म पगडीणं कहण्णं बंधं भवइ–

प. कहण्णं भंते ! जीवे अट्ठ कम्मपगडीओ बंधइ ?

उ. गोयमा ! नाणावरणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं दरिसणावरणिज्जं कम्मं णियच्छइ,
दरिसणावरणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं दंसणमोहणिज्जं कम्मं णियच्छइ,

१२. जीव और चौवीसदंडकों में आठ कर्म प्रकृतियों का किस प्रकार बंध होता है–

प्र. भंते ! जीव आठ कर्मप्रकृतियों को किस प्रकार बांधता है ?

उ. गौतम ! ज्ञानावरणीय कर्म के उदय से (जीव) दर्शनावरणीय कर्म को निश्चय ही प्राप्त करता है,
दर्शनावरणीय कर्म के उदय से (जीव) दर्शनमोहनीय कर्म को निश्चय ही प्राप्त करता है।

१. सम. सम. ३०, सु. १

दंसणमोहणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं मिच्छत्तं णियच्छइ,

मिच्छत्तेणं उदिण्णेणं अट्ठ कम्मपयडीओ बंधइ।

गोयमा ! एवं खलु जीवे अट्ठ कम्मपगडीओ बंधइ।

प. दं. १. कहण्णं भंते ! णेरइए अट्ठ कम्मपगडीओ बंधइ ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**
दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिए।**

प. कहण्णं भंते ! जीवा अट्ठ कम्मपगडीओ बंधंति ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**
दं. १-२४. एवं णेरइया जाव **वेमाणिया।**

–पण्ण. प. २३, उ. १, सु. १६६७-६९

१३. जीव चउवीसदंडएसु कक्कस-अकक्कस कम्म बंध हेउ–

प. **(क)** अत्थि णं भंते ! जीवाणं कक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! हंता, अत्थि।

प. कहं णं भंते ! जीवा णं कक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! पाणाइवाएणं **जाव** मिच्छादंसणसल्लेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवा णं कक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति।

प. **दं. १.** अत्थि णं भंते ! नेरइयाणं कक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! एवं चेव।
दं. २-२४. एवं जाव वेमाणियाणं।

प. **(ख)** अत्थि णं भंते ! जीवाणं अकक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! हंता, अत्थि।

प. कहं णं भंते ! जीवाणं अकक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! पाणाइवायवेरमणेणं **जाव** परिग्गहवेरमणेणं, कोहविवेगेणं **जाव** मिच्छादंसणसल्लविवेगेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवाणं अकक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति।

प. **दं. १.** अत्थि णं भंते ! नेरइयाणं अकक्कसवेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**

दं. २१. णवरं–मणुस्साणं जहा जीवाणं।

–विया. स. ७, उ. ६, सु. १५-२२

दर्शनमोहनीय कर्म के उदय से मिथ्यात्व को निश्चय ही प्राप्त करता है।

मिथ्यात्व के उदय होने पर (जीव) निश्चय ही आठ कर्मप्रकृतियों को बांधता है।

हे गौतम ! इस प्रकार जीव आठ कर्म प्रकृतियों को बांधता है।

प्र. **दं. १.** भंते ! नारक आठ कर्मप्रकृतियों को किस प्रकार बांधता है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् जानना चाहिए।**
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिए।

प्र. भंते ! बहुत से जीव आठ कर्म प्रकृतियां किस प्रकार बांधते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् जानना चाहिए।**
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों तक समझना चाहिए।

१३. जीव-चौबीस दंडकों में कर्कश अकर्कश कर्म बंध के हेतु–

प्र. **(क)** भंते ! क्या जीवों के कर्कश वेदनीय (अत्यन्त दुःख से भोगने योग्य) कर्म बंधते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! बंधते हैं।

प्र. भंते ! जीवों के कर्कशवेदनीय कर्म कैसे बंधते हैं ?

उ. गौतम ! प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य से इस प्रकार गौतम ! (१८ आश्रव कारणों से) कर्कश वेदनीय कर्म बंधते हैं।

प्र. भंते ! क्या नैरयिक जीवों के कर्कशवेदनीय कर्म बंधते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! पूर्वकथानुसार बंधते हैं।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. **(ख)** भंते ! क्या जीवों के अकर्कशवेदनीय (सुखपूर्वक भोगने योग्य) कर्म बंधते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! बंधते हैं।

प्र. भंते ! जीवों के अकर्कशवेदनीय कर्म कैसे बंधते हैं ?

उ. गौतम ! प्राणातिपातविरमण **यावत्** परिग्रह-विरमण से, क्रोध-विवेक से **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्यविवेक से। इस प्रकार गौतम ! जीवों के (१८ संवर स्थानों से) अकर्कशवेदनीय कर्म बंधते हैं।

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक जीवों के अकर्कशवेदनीय कर्म बंधते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (नैरयिकों के अकर्कशवेदनीय कर्मों का बन्ध नहीं होता।)
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. २१. विशेष–मनुष्यों का कथन औधिक जीवों के समान कहना चाहिए। (उनके दोनों प्रकार का कर्म बन्ध होता है।)

१४. जीव-चउवीसदंडएसु सायासायवेयणियणिज्ज कम्म बंध हेउ–

प. (क) अत्थि णं भंते ! जीवाणं सातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! जीवाणं सातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! पाणाणुकंपाए, भूयाणुकंपाए, जीवाणुकंपाए, सत्ताणुकंपाए, बहूणं पाणाणं **जाव** सत्ताणं अदुक्खणयाए, असोयणयाए, अजूरणयाए, अतिप्पणयाए, अपिट्टणयाए, अपरितावणयाए एवं खलु गोयमा ! जीवाणं सातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति।

दं. १-२४. एवं नेरइयाण वि जाव **वेमाणियाणं।**

प. (ख) अत्थि णं भंते ! जीवाणं असातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! जीवाणं असातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति ?

उ. गोयमा ! परदुक्खणयाए, परसोयणयाए, परजूरणयाए, परतिप्पणयाए, परपिट्टणयाए, परपरितावणयाए, बहूणं पाणाणं **जाव** सत्ताणं दुक्खणयाए, सोयणयाए **जाव** परितावणयाए।

एवं खलु गोयमा ! जीवाणं असातावेयणिज्जा कम्मा कज्जंति।

दं. १-२४. एवं नेरइयाण वि जाव **वेमाणियाणं।**

–विया. स. ७, उ. ६, सु. २३-३०

१५. दुल्लभ-सुलभबोहि य कम्म बंध हेउ परूवणं–

(क) 'पंचहिं ठाणेहिं जीवा दुल्लभबोहियत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा–

१. अरंहताणं अवण्णं वयमाणे,

२. अरहंतपण्णत्तस्स धम्मस्स अवण्णं वयमाणे,

३. आयरियउवज्झयाणं अवण्णं वयमाणे,

४. चाउवण्णस्स संघस्स अवण्णं वयमाणे,

५. विविक्क-तव बंभचेराणं देवाणं अवण्णं वयमाणे,

(ख) पंचहिं ठाणेहिं जीवा सुलभबोहियत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा–

१. अरहंताणं वण्णं वयमाणे,

२. अरहंतपण्णत्तस्स धम्मस्स वण्णं वयमाणे,

३. आयरियउवज्झायाणं वण्णं वयमाणे,

४. चाउवण्णस्स संघस्स वण्णं वयमाणे,

५. विविक्क-तव बंभचेराणं देवाणं वण्णं वयमाणे।

–ठाणं अ. ५, उ. २, सु. ४२६

१४. जीव चौवीस दंडकों में साता-असाता वेदनीय कर्म बंध के हेतु–

प्र. (क) भंते ! क्या जीवों के सातावेदनीय कर्म बंधते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! बंधते हैं।

प्र. भंते ! जीवों के सातावेदनीय कर्म कैसे बंधते हैं ?

उ. गौतम ! प्राणियों, भूतों, जीवों और सत्वों पर अनुकम्पा करने से तथा बहुत से प्राणियों **यावत्** सत्वों को दुःख न देने से, उन्हें शोक (दैन्य) उत्पन्न न कराने से, चिन्ता उत्पन्न न कराने से, विलाप न कराने से, पीड़ा न देने से, परितापना न देने से। गौतम ! इस प्रकार से जीवों के सातावेदनीय कर्म बंधते हैं।

१-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त (साता वेदनीय बंध विषयक) कथन करना चाहिए।

प्र. (ख) भंते ! क्या जीवों के असातावेदनीय कर्म बंधते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! बंधते हैं।

प्र. भंते ! जीवों के असातावेदनीय कर्म कैसे बंधते हैं ?

उ. गौतम ! दूसरों को दुःख देने से, दूसरे जीवों को शोक उत्पन्न कराने से, चिन्ता उत्पन्न कराने से, विलाप कराने से, पीड़ा देने से, परितापना देने से तथा बहुत से प्राणियों **यावत्** सत्वों को दुःख पहुँचाने से, शोक उत्पन्न कराने से **यावत्** उनको परितापना देने से।

गौतम ! इस प्रकार जीवों के असातावेदनीय कर्म बंधते हैं।

दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त (असातावेदनीय बन्ध विषयक) कथन करना चाहिए।

१५. दुर्लभ–सुलभबोधि वाले कर्म बंध के हेतु का प्ररूपण–

(क) पाँच स्थानों से जीव दुर्लभबोधि वाले कर्मों का बंध करते हैं, यथा–

१. अर्हन्तों का अवर्णवाद (दोषारोपण) करने से,

२. अर्हत्-प्रज्ञप्त धर्म का अवर्णवाद करने से,

३. आचार्य-उपाध्याय का अवर्णवाद करने से,

४. चतुर्विध संघ का अवर्णवाद करने से,

५. तप और ब्रह्मचर्य के विपाक से दिव्य–गति को प्राप्त देवों का अवर्णवाद करने से।

(ख) पाँच स्थानों से जीव सुलभबोधि वाले कर्मों का बंध करते हैं, यथा–

१. अर्हन्तों का वर्णवाद (प्रशंसा) करने से,

२. अर्हत्-प्रज्ञप्त धर्म का वर्णवाद करने से,

३. आचार्य-उपाध्याय का वर्णवाद करने से,

णवरं–चरिम-अचरिमवज्जा नव उद्देसगा भाणियव्वा।

–विया. स. ३४/७-१२, उ. १-११, सु. १-३

आठ बांधने पर सम्पूर्ण आठ कर्मप्रकृतियों का बंध करते हैं।

प्र. भंते! परंपरोपपन्नक पर्याप्त सूक्ष्म व बादर पृथ्वीकायिक यावत् वनस्पतिकायिक कितनी कर्म प्रकृतियों का वेदन करते हैं?

उ. गौतम! चौदह कर्मप्रकृतियों का वेदन करते हैं, यथा–

१. ज्ञानावरणीय यावत् १४. पुरुषवेदावरण।

९८. **शेष आठ उद्देशकों में कर्म प्रकृतियों का स्वामित्व, बंध और वेदन का प्ररूपण–**

इसी प्रकार अचरम उद्देशक पर्यन्त शेष आठ उद्देशकों में भी कहना चाहिए।

विशेष–अणंतरावगाढ, अणंतराहारक, अणंतरपर्याप्तक अनंतरोपपन्नक के समान है।

परम्परावगाढ, परंपराहारक, परंपरपर्याप्तक, परंपरोपपन्नक क समान है।

इसी प्रकार चरम और अचरम उद्देशक भी जानना चाहिए।

९९. **स्थान और उत्पत्ति की अपेक्षा सलेश्य एकेन्द्रियों में कर्म प्रकृतियों का स्वामित्व, बंध और वेदन का प्ररूपण–**

प्र. भंते! कृष्णलेश्यी अपर्याप्तक सूक्ष्म-बादर पृथ्वीकायिक यावत् पर्याप्तक बादर वनस्पतिकायिकों के कितनी कर्म प्रकृतियां कही गई हैं?

उ. गौतम! **जैसे औधिक उद्देशक में कहा है उसी प्रकार तुल्यस्थिति पर्यन्त कहना चाहिए।**

इसी प्रकार नीललेश्ययों के लिए भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार कापोतलेश्ययों के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. भंते! कृष्णलेश्यी अनन्तरोपपन्नक सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के कितनी कर्मप्रकृतियां कही गई हैं?

उ. गौतम! **जैसे एकेन्द्रिय शतक के अनंतरोपपन्नक उद्देशक में कहा उसी प्रकार अनन्तरोपपन्नक बादर वनस्पतिकायिक पर्यंत कहना चाहिए, उसी प्रकार बंध और वेदन भी कहना चाहिए।**

इसी प्रकार नीललेश्ययों और कापोतलेश्ययों के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. भंते! कृष्णलेश्यी परंपरोपपन्नक भवसिद्धिक अपर्याप्त सूक्ष्म बादर पृथ्वीकायिकों **यावत्** बादर वनस्पतिकायिकों के कितनी कर्म प्रकृतियां कही गई हैं?

उ. गौतम! **जैसे औधिक उद्देशक में कहा है उसी प्रकार तुल्यस्थिति पर्यन्त कहना चाहिए।**

इसी प्रकार नीललेश्यी एकेन्द्रियों के लिए भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार कापोतलेश्यी एकेन्द्रियों के लिए भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार अचरम उद्देशक पर्यन्त शेष आठ उद्देशकों में भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार अभवसिद्धिक की भी कर्मप्रकृतियां कहनी चाहिए।

विशेष–चरम और अचरम को छोड़कर नव उद्देशक कहने चाहिए।

१००. कंखामोहणिज्जकम्मबंधहेऊपरूवणं–

प. १. जीवाणं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं बंधंति ?
उ. हंता, गोयमा ! बंधंति।
प. कहं णं भंते ! जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं बंधंति ?
उ. गोयमा ! पमादपच्चया, जोगनिमित्तं च बंधंति,

प. से णं भंते ! पमादे किं पवहे ?
उ. गोयमा ! जोगप्पवहे।
प. से णं भंते ! जोगे किं पवहे ?
उ. गोयमा ! वीरिय पवहे।
प. से णं भंते ! वीरिए किं पवहे ?
उ. गोयमा ! सरीर प्पवहे।
प. से णं भंते ! सरीरे किं पवहे ?
उ. गोयमा ! जीव प्पवहे।
एवं सइ अत्थि उट्ठाणे ति वा, कम्मे ति वा, बले ति वा, वीरिए ति वा, पुरिसक्कारपरक्कम्मे ति वा।
–विया. स. १, उ. ३, सु. ८-९

१०१. जीव-चउवीसदंडएसु कंखामोहणिज्जकम्मस्स कडाईणं तिकालत्तं, निरूवणं–

प. जीवाणं भंते ! कंखामोहणिज्जे कम्मे कडे ?

उ. हंता, गोयमा ! कडे।
प. से णं भंते ! १. किं देसेणं देसे कडे,
२. देसेणं सव्वे कडे,
३. सव्वेणं देसे कडे,
४. सव्वेणं सव्वे कडे।
उ. गोयमा ! १. नो देसेणं देसे कडे,
२. नो देसेणं सव्वे कडे,
३. नो सव्वेणं देसे कडे,
४. सव्वेणं सव्वे कडे।
प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! कंखामोहणिज्जे कम्मे कडे ?
उ. हंता, गोयमा ! नो देसेणं देसे कडे **जाव** सव्वेणं सव्वे कडे।
दं. २-२४ एवं जाव **वेमाणियाणं दंडओ भाणियव्वो।**

प. जीवा णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं करिंसु ?

उ. हंता, गोयमा ! करिंसु।
प. तं भंते ! किं देसेणं देसं करिंसु **जाव** सव्वेणं सव्वं करिंसु ?
उ. गोयमा ! नो देसेणं देसं करिंसु **जाव** सव्वेणं सव्वं करिंसु।
दं. १-२४ एएणं अभिलावेणं दंडओ जाव **वेमाणियाणं।**

१००. कांक्षामोहनीय कर्म के बंध हेतुओं का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! क्या जीव कांक्षामोहनीयकर्म बांधते हैं ?
उ. हां, गौतम ! बांधते हैं।
प्र. भंते ! जीव कांक्षामोहनीय कर्म किन कारणों से बांधते हैं ?
उ. गौतम ! प्रमाद के कारण और योग के निमित्त से (कांक्षामोहनीय कर्म) बांधते हैं।
प्र. भंते ! प्रमाद किससे उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! प्रमाद योग से उत्पन्न होता है।
प्र. भंते ! योग किससे उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! योग वीर्य से उत्पन्न होता है।
प्र. भंते ! वीर्य किससे उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! वीर्य शरीर से उत्पन्न होता है।
प्र. भंते ! शरीर किससे उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! शरीर जीव से उत्पन्न होता है।
ऐसा होने पर जीव का उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकर-पराक्रम होता है।

१०१. जीव-चौबीसदंडकों में कांक्षामोहनीय कर्म का कृत आदि त्रिकालत्व का निरूपण–

प्र. भंते ! क्या जीवों का कांक्षामोहनीय कर्म कृत (किया हुआ) है ?
उ. हां, गौतम ! वह कृत है।
प्र. भंते ! १. क्या वह देश से देशकृत है,
२. देश से सर्वकृत है,
३. सर्व से देशकृत है,
४. सर्व से सर्वकृत है ?
उ. गौतम ! १. वह देश से देशकृत नहीं है,
२. देश से सर्वकृत नहीं है,
३. सर्व से देशकृत नहीं है,
४. किन्तु सर्व से सर्वकृत है।
प. दं. १. भंते ! क्या नैरयिकों का कांक्षामोहनीय कर्म कृत है ?
उ. हां, गौतम ! देश से देशकृत नहीं है **यावत्** सर्व से सर्वकृत है।
दं. २-२४ इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त दण्डक कहने चाहिए।
प्र. भंते ! क्या जीवों ने कांक्षामोहनीय कर्म का उपार्जन किया है ?
उ. हां, गौतम ! किया है।
प्र. भंते ! क्या देश से देश का उपार्जन किया है **यावत्** सर्व से सर्व का उपार्जन किया है ?
उ. गौतम ! देश से देश का उपार्जन नहीं किया है **यावत्** सर्व से सर्व का उपार्जन किया है।
दं. १-२४ इस अभिलाप से वैमानिक पर्यन्त दंडक कहने चाहिए।

दं. १-२४ एवं 'करेंति' एत्थ वि दंडओ जाव वेमाणियाणं।

दं. १-२४ एवं 'करेस्संति' एत्थ वि दंडओ जाव वेमाणियाणं।

एवं

१. चिणे, २ चिणिंसु,
३. चिणंति, ४. चिणिस्संति।
१. उवचिणे, २. उवचिणिंसु,
३. उवचिणंति, ४. उवचिणिस्संति।
१. उदीरेंसु, २. उदीरेंति, ३. उदीरिस्संति।
१. वेदिंसु, २. वेदेंति, ३. वेदिस्संति।
१. निज्जरेंसु, २. निज्जरेंति, ३. निज्जरिस्संति।[1]

–विया. स. १, उ. ३, सु. १-३ (१-३)

दं. १-२४ इसी प्रकार 'करते हैं' यहाँ भी (इस अभिलाप से) वैमानिक पर्यंत दण्डक कहने चाहिए।

दं. १-२४ इसी प्रकार 'करेंगे' यहां भी (इस अभिलाप से) वैमानिकपर्यन्त दण्डक कहने चाहिए।

इसी प्रकार (कृत की तरह)।

१. चित, २. चय किया,
३. चय करते हैं और, ४. चय करेंगे,
१. उपचित है, २. उपचय किया,
३. उपचय करते हैं, और ४. उपचय करेंगे,
१. उदीरणा की, २. उदीरणा करते हैं, ३. उदीरणा करेंगे,
१. वेदन किया, २. वेदन करते हैं, ३. वेदन करेंगे,
१. निर्जरा की, २. निर्जरा करते हैं, ३. निर्जरा करेंगे।
(इन पदों का चौबीस दण्डकों में पूर्ववत् कथन करना चाहिए।)

१०२. कंखामोहणिज्ज कम्मस्स उदीरणं-उवसमणं–

प. से णूणं भंते ! (कंखामोहणिज्जं कम्मं) अप्पणा चेव उदीरेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अप्पणा चेव उदीरेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ।

प. जं णं भंते ! अप्पणा चेव उदीरेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ तं किं–

१. उदिण्णं उदीरेइ,

२. अणुदिण्णं उदीरेइ,

३. अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ,

४. उदयाणंतरंपच्छाकडं कम्मं उदीरेइ ?

उ. गोयमा ! १. नो उदिण्णं उदीरेइ,

२. नो अणुदिण्णं उदीरेइ,

३. अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ,

४. णो उदयाणंतरं पच्छाकडं कम्मं उदीरेइ।

प. जं तं भंते ! अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ तं किं उट्ठाणेणं कम्मेणं बलेणं वीरिएणं पुरिसक्कारपरक्कम्मेणं अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ?

उदाहु तं अणुट्ठाणेणं अकम्मेणं अबलेणं अवीरिएणं अपुरिसक्कारपरक्कमेणं, अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ?

१०२. कांक्षामोहनीय कर्म का उदीरण और उपशमन–

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही जीव स्वयं (कांक्षामोहनीय कर्म) की उदीरणा करता है, स्वयं ही उसकी गर्हा करता है और स्वयं ही उसका संवर करता है ?

उ. हां, गौतम ! जीव स्वयं ही उसकी उदीरणा करता है, स्वयं ही गर्हा करता है और स्वयं ही संवर करता है।

प्र. भंते ! यदि वह स्वयं ही उसकी उदीरणा करता है, गर्हा करता है और संवर करता है तो क्या–

१. उदीर्ण (उदय में आए हुए) की उदीरणा करता है,

२. अनुदीर्ण (उदय में नहीं आए हुए) की उदीरणा करता है,

३. अनुदीर्ण उदीरणाभविक (उदय में नहीं आये हुए, किन्तु उदीरणा के योग्य) कर्म की उदीरणा करता है ?

४. उदयानन्तर पश्चात्कृत कर्म की उदीरणा करता है ?

प्र. गौतम ! १. उदीर्ण की उदीरणा नहीं करता है,

२. अनुदीर्ण की उदीरणा नहीं करता है,

३. अनुदीर्ण-उदीरणाभविक (योग्य) कर्म की उदीरणा करता है,

४. उदयानन्तर पश्चात् कृत कर्म की भी उदीरणा नहीं करता है।

प्र. भंते ! यदि जीव अनुदीर्ण-उदीरणाभविक कर्म की उदीरणा करता है, तो क्या उत्थान से, कर्म से, बल से, वीर्य से और पुरुषकार-पराक्रम से अनुदीर्ण उदीरणा भविक कर्म की उदीरणा करता है ?

अथवा अनुत्थान से, अकर्म से, अबल से, अवीर्य से और अपुरुषकार-पराक्रम से अनुदीर्ण उदीरणा भविक कर्म की उदीरणा करता है ?

---

१. गाहा-कड, चित, उवचित, उदीरिया, वेदिया य, निज्जिण्णा।
आदितिए चउभेदा, पच्छिमा तिण्णि॥

उ. गोयमा ! तं उट्ठाणेण वि, कम्मेण वि, बलेण वि, वीरियेण वि, पुरिसक्कारपरक्कमेण वि, अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ,
णो तं अणुट्ठाणेणं, अकम्मेणं, अबलेणं, अवीरियेणं, अपुरिसक्कारपरक्कमेणं, अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ।
एवं सइ अत्थि उट्ठाणे इ वा, कम्मे इ वा, बले इ वा, वीरिए इ वा, पुरिसक्कारपरक्कमे इ वा।

प. से णूणं भंते ! (कंखामोहणिज्जंकम्मं) अप्पणा चेव उवसामेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ?

उ. हंता, गोयमा ! **एत्थ वि तं चेव भाणियव्वं।**
णवरं–अणुदिण्णं उवसामेइ, सेसा पडिसेहेयव्वा तिण्णि।

प. जं णं भंते ! अणुदिण्णं उवसामेइ,
तं किं उट्ठाणेण **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमेण वा अणुदिण्णं उवसामेइ उदाहु तं अणुट्ठाणेणं **जाव** अपुरिसक्कारपरक्कमेणं अणुदिण्णं उवसामेइ?

उ. हंता, गोयमा! तं उट्ठाणेण वि **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमेण वि।
णो तं अणुट्ठाणेणं **जाव** अपुरिसक्कारपरक्कमेणं अणुदिण्णं कम्मं उवसामेइ।
एवं सइ अत्थि उट्ठाणे इ वा **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमे इ वा। *–विया. स. १, उ. ३, सु. १०-११*

१०३. कंखामोहणिज्जकम्मस्स वेयणं णिज्जरण य–

प. से णूणं भंते ! (कंखामोहणिज्जं कम्मं) अप्पणा चेव वेदेइ, अप्पणा चेव गरहइ?

उ. गोयमा ! **एत्थ वि सच्चेव परिवाडी।**
णवरं–उदिण्णं वेएइ, नो अणुदिण्णं वेएइ।
एवं उट्ठाणेण वि जाव **पुरिसक्कारपरक्कमेण इ वा।**

प. से णूणं भंते ! अप्पणा चेव निज्जरेइ, अप्पणा चेव गरहइ?

उ. गोयमा ! **एत्थ वि सच्चेव परिवाडी।**
णवरं–उदयाणंतरंपच्छाकडं कम्मं निज्जरेइ।
एवं उट्ठाणेण वि जाव **पुरिसक्कारपरक्कमेइ वा।**
–विया. स. १, उ. ३, सु. १२-१३

१०४. चउवीसदंडएसु कंखामोहणिज्जकम्मस्स वेयणं-निज्जरणं य–

प. **दं. १-११** नेरइया णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति?

उ. हंता, गोयमा ! वेदेंति। **जहा ओहिया जीवा तहा नेरइया** जाव **थणियकुमारा।**

प. **दं. १२** पुढविकाइया णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति?

उ. हंता, गोयमा ! वेदेंति।

उ. गौतम ! वह अनुदीर्ण-उदीरणा-भविक कर्म की उदीरणा उत्थान से, कर्म से, बल से, वीर्य से और पुरुषकार-पराक्रम से करता है,
(किन्तु) अनुत्थान से, अकर्म से, अबल से, अवीर्य से और अपुरुषकार-पराक्रम से अनुदीर्ण-उदीरणा भविक कर्म की उदीरणा नहीं करता है।
अतएव उत्थान है, कर्म है, बल है, वीर्य है और पुरुषकार पराक्रम है।

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही जीव स्वयं (कांक्षामोहनीय कर्म का) उपशम करता है, स्वयं ही गर्हा करता है, और स्वयं ही संवर करता है?

उ. हां, गौतम ! **यहां भी उसी प्रकार पूर्ववत् कहना चाहिए।**
विशेष–अनुदीर्ण का उपशम करता है, शेष तीनों विकल्पों का निषेध करना चाहिए।

प्र. भंते ! यदि जीव अनुदीर्ण कर्म का उपशम करता है,
तो क्या उत्थान से **यावत्** पुरुषकार-पराक्रम से करता है,
अथवा अनुत्थान से **यावत्** अपुरुषकार-पराक्रम से अनुदीर्ण कर्म का उपशम करता है?

उ. हां, गौतम ! जीव उत्थान से **यावत्** पुरुषकार-पराक्रम से उपशम करता है।
किन्तु अनुत्थान से **यावत्** अपुरुषकार-पराक्रम से अनुदीर्ण कर्म का उपशम नहीं करता है।
अतएव उत्थान है **यावत्** पुरुषकार पराक्रम है।

१०३. कांक्षा मोहनीय कर्म का वेदन और निर्जरण–

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही जीव स्वयं (कांक्षामोहनीय कर्म) का वेदन करता है और स्वयं ही गर्हा करता है?

उ. गौतम ! **यहां भी पूर्वोक्त समस्त परिपाटी समझनी चाहिए।**
विशेष–उदीर्ण को वेदता है, अनुदीर्ण को नहीं वेदता है।
इसी प्रकार उत्थान से यावत् पुरुषकार पराक्रम से वेदता है।

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही जीव स्वयं निर्जरा करता है और स्वयं ही गर्हा करता है?

उ. गौतम ! **यहां भी पूर्वोक्त समस्त परिपाटी समझनी चाहिए।**
विशेष–उदयानन्तर पश्चात्कृत कर्म की निर्जरा करता है।
इसी प्रकार उत्थान से यावत् पुरुषकारपराक्रम से (निर्जरा और गर्हा करता है।)

१०४. चौबीस दंडकों में कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन और निर्जरण–

प्र. **दं. १-११.** भंते ! क्या नैरयिक जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं?

उ. हां, गौतम ! वेदन करते हैं। **जैसे जीवों का कथन किया है वैसे ही नैरयिकों से स्तनितकुमार पर्यन्त समझ लेना चाहिए।**

प्र. **दं. १२.** भंते ! क्या पृथ्वीकायिक जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं?

उ. हां, गौतम ! वेदन करते हैं।

प. कहं णं भंते ! पुढविकाइया कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! तेसिं णं जीवाणं णो एवं तक्का इ वा, सण्णा इ वा, पण्णा इ वा, मणे इ वा, वई इ वा, अम्हे णं कंखामोहणिज्जं कम्मं वेएमो वेदेंति पुण ते।

प. से णूणं भंते ! तमेव सच्चं नीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं ?

उ. हंता, गोयमा ! तमेव सच्चं नीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं।

एवं जाव अत्थि तं उट्ठाणे इ वा जाव **पुरिसक्कारपरक्कमेइ वा।**

दं. १३-१९ एवं जाव **चउरिंदिया।**

दं. २०-२४ पंचेदिय-तिरिक्खजोणिया जाव **वेमाणिया जहा ओहिया जीवा।** *–विया. स. १, उ. ३, सु. १४*

१०५. कंखामोहणिज्जकम्मवेयणकारणाणि–

प. जीवाणं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

उ. हंता, गोयमा ! वेदेंति।

प. कहं णं भंते ! जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! तेहिं तेहिं कारणेहिं संकिया कंखिया वितिगिंछिया भेदसमावन्ना कलुससमावन्ना एवं खलु जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति।

–विया. स. १, उ. ३, सु. ४-५

१०६. निग्गंथे पडुच्च कंखामोहणिज्ज कम्मस्स वेयणवियारो–

प. अत्थि णं भंते ! समणा वि निग्गंथा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! समणा वि निग्गंथा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! तेहिं तेहिं नाणंतरेहिं दंसणंतरेहिं चरित्तंतरेहिं लिंगंतरेहिं पवयणंतरेहिं, पावयणंतरेहिं, कप्पंतरेहिं, मग्गंतरेहिं, मतंतरेहिं, भंगंतरेहिं, नयंतरेहिं, नियमंतरेहिं, पमाणंतरेहिं,

संकिया कंखिया वितिगिंछिया भेदसमावन्ना, कलुससमावन्ना एवं खलु समणा निग्गंथा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति।

प. से नूणं भंते ! तमेव सच्चं नीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं ?

उ. हंता, गोयमा ! तमेव सच्चं नीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं।

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव किस प्रकार कांक्षामोहनीयकर्म का वेदन करते हैं ?

उ. गौतम ! उन जीवों को ऐसा तर्क, संज्ञा, प्रज्ञा, मन या वचन नहीं होता है कि हम कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं, किन्तु वे उसका वेदन अवश्य करते हैं।

प्र. भंते ! क्या यही सत्य और निःशंक है, जो जिन-भगवन्तों द्वारा प्ररूपित है ?

उ. हां, गौतम ! वही सत्य है, निःशंक है जो जिनेन्द्रों द्वारा प्ररुपित है।

इसी प्रकार यावत् **उत्थान से यावत् पुरुषकार-पराक्रम से निर्जरा करते हैं।**

दं. १३-१९ इसी प्रकार चतुरिन्द्रियजीवों पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. २०-२४ जैसे सामान्य जीवों के विषय में कहा है, वैसे ही पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

१०५. कांक्षा मोहनीय कर्म वेदन के कारण–

प्र. भंते ! क्या जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं ?

उ. हां, गौतम ! वेदन करते हैं।

प्र. भंते ! जीव कांक्षामोहनीय कर्म का किस प्रकार वेदन करते हैं ?

उ. गौतम ! उन-उन (अमुक-अमुक) कारणों से शंकायुक्त, कांक्षायुक्त, विचिकित्सायुक्त, भेदसमापन्न एवं कलुषसमापन्न होकर जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं।

१०६. निर्ग्रन्थों की अपेक्षा कांक्षामोहनीय कर्म के वेदन का विचार–

प्र. भंते ! क्या श्रमणनिर्ग्रन्थ भी कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे भी वेदन करते हैं।

प्र. भंते ! श्रमणनिर्ग्रन्थ कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन किस प्रकार करते हैं ?

उ. गौतम ! उन-उन कारणों से ज्ञानान्तर, दर्शनान्तर, चारित्रान्तर, लिंगान्तर, प्रवचनान्तर, प्रावचनिकान्तर, कल्पान्तर, मार्गान्तर, मतान्तर, भंगान्तर, नयान्तर, नियमान्तर और प्रमाणान्तरों के द्वारा शंकित, कांक्षित, विचिकित्सित, भेदसमापन्न और कलुषसमापन्न होकर श्रमणनिर्ग्रन्थ भी कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं।

प्र. भंते ! क्या वही सत्य और निःशंक है, जो जिन भगवन्तों ने प्ररूपित किया है ?

उ. हां, गौतम ! वही सत्य और निःशंक है, जो जिन भगवन्तों द्वारा प्ररूपित है।

एवं जाव **अत्थि उट्ठाणे इ वा** जाव **पुरिसक्करपरक्कमे इ वा।** –विया. स. १, उ. ३, सु. १५

१०७. चउव्विहाउय बंधहेउ परूवणं–

(तमाइक्खइ एवं खलु) चउहिं ठाणेहिं जीवा णेरइयत्ताए कम्मं पकरेंति, णेरइयत्ताए कम्मं पकरेत्ता **णेरइएसु** उंववज्जंति, तं जहा–

१. महारंभयाए, २. महापरिग्गहयाए,
३. पंचिंदियवहेणं, ४. कुणिमाहारेणं,

तिरिक्खजोणिएसु, तं जहा–

१. माइल्लयाए णियडिल्लयाए,
२. अलियवयणेणं,
३. उक्कंचणयाए,
४. वंचणयाए।

मणुस्सेसु, तं जहा–

१. पगइभद्दयाए,
२. पगइविणीययाए,
३. साणुक्कोसयाए,
४. अमच्छरिययाए।

देवेसु, तं जहा–

१. सरागसंजमेणं,
२. संजमासंजमेणं,
३. अकामणिज्जराए,
४. बालतवोकम्मेणं[1]

तमाइक्खइ–

जह णरगा गम्मंती जे णरगा जा य वेयणा णरए।
सारीरमाणसाइं दुक्खाइं तिरिक्खजोणीए ॥१॥

माणुस्सं च अणिच्चं वाहि-जरा-मरण-वेयणापउरं।
देवे य देवलोए देविड्ढिं देवसोक्खाइं ॥२॥

णरगं तिरिक्खजोणिं माणुसभावं च देवलोगं च।
सिद्धे अ सिद्धवसहिं छज्जीवणियं परिकहेइ ॥३॥
जह जीवा बज्झंती मुच्चंती जह य संकिलिस्संति।
जह दुक्खाणं अंतं करेंति केई अपडिबद्धा ॥४॥

अट्टा अट्टियचित्ता जह जीवा दुक्खसागरमुवेंति।
जह वेरग्गमुवगया कम्मसमुग्गं विहाडेंति ॥५॥
जह रागेण कडाणं कम्माणं पावगो फलविवागो।
जह य परिहीणकम्मा सिद्धालयमुवेंति ॥६॥ –उव. सु. ५६

१०८. कस्स का आउसामित्तं–

दुविहे आउए पण्णत्ते, तं जहा–

१. अद्धाउए चेव,
२. भवाउए चेव।

इसी प्रकार यावत् **उत्थान** से यावत् **पुरुषकार-पराक्रम** से **निर्जरा करते हैं।**

१०७. चार प्रकार की आयु के बंध हेतुओं का प्ररूपण–

(इसके पश्चात् कहा कि) जीव चार स्थानों (कारणों) से नरकायु का बन्ध करते हैं और नरकायु का बंध करके विभिन्न **नरकों** में उत्पन्न होते हैं, यथा–

१. महाआरम्भ, २. महापरिग्रह,
३. पंचेन्द्रिय-वध, ४. मांस-भक्षण।

इन कारणों से जीव **तिर्यञ्च योनि** में उत्पन्न होते हैं, यथा–

१. मायापूर्ण निकृति (छलपूर्ण जालसाजी)
२. अलीकवचन (असत्य भाषण)
३. उत्कंचनता अपनी धूर्तता को छिपाए रखना
४. वंचनता ठगी।

इन कारणों से जीव **मनुष्य** योनि में उत्पन्न होते हैं, यथा–

१. प्रकृति-भद्रता-स्वाभाविक भद्रता सरलता,
२. प्रकृति विनीतता स्वाभाविक विनम्रता,
३. सानुक्रोशता-दयालुता,
४. अमत्सरता-ईर्ष्या का अभाव।

इन कारणों से जीव **देवयोनि** में उत्पन्न होते हैं, यथा–

१. सरागसंयम-राग या आसक्तियुक्त चारित्रपालन,
२. संयमासंयम-देशविरति-श्रावकधर्म,
३. अकाम-निर्जरा,
४. बाल-तप अज्ञानयुक्त अवस्था में तपस्या।

भगवान् ने पुनः कहा–

जो नरक में जाते हैं वे (नारक) वहां नैरयिक वेदना का अनुभव करते हैं। तिर्यञ्चयोनिक में गये हुए वहां के शारीरिक और मानसिक दुःखों को प्राप्त करते हैं ॥१॥

मनुष्य भव अनित्य है, उसमें व्याधि वृद्धावस्था मृत्यु और वेदना आदि की प्रचुरता है। देव लोक में देव-दैवी ऋद्धि और दैवी सुख भोगते हैं ॥२॥

भगवान् ने नरक, तिर्यञ्चयोनि, मनुष्य भव, देव लोक, सिद्ध और सिद्धावस्था तथा छह जीव निकाय का निरूपण किया है ॥३॥

जीव जैसे कर्म बंध करते हैं, मुक्त होते हैं, संक्लेश (मानसिक दुःखों) को प्राप्त करते हैं, कई अप्रतिबद्ध अनासक्त व्यक्ति दुःखों का अंत करते हैं ॥४॥

दुःखी और आकुल व्याकुल चित्त वाले दुःख रूपी सागर में डूबते हैं और वैराग्य को प्राप्त जीव कर्मदल को ध्वस्त करते हैं ॥५॥

रागपूर्वक किये गये कर्मों का फल विपाक पाप पूर्ण (अशुभ) होता है। कर्मों से सर्वथा रहित हो सिद्ध सिद्धालय (मुक्ति धाम) को प्राप्त करते हैं।

१०८. किसकी कौन-सी आयु का स्वामित्व–

आयु दो प्रकार की कही गई है, यथा–

१. अद्धायु (भवांतरगामिनी आयु)
२. भवायु (उसी भव की आयु)

१. ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३७३

दोण्हं अद्धाउए पण्णत्ते, तं जहा–
१. मणुस्साणं चेव,
२. पंचिंदियतिरक्खजोणियाणं चेव।
दोण्हं भवाउए पण्णत्ते, तं जहा–
१. देवाणं चेव, २. णेरइयाणं चेव।
–ठाणं अ. २, उ. ३, सु. ७९(१९-२१)

१०९. अहाउयपालणं संवट्टण सामित्तं य–

दो अहाउयं पालेंति, तं जहा–
१. देवच्चेव, २. णेरइयच्चेव॥
दोण्हं आउय–संवट्टए पण्णत्ते, तं जहा–
१. मणुस्साणं चेव, २. पंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं चेव।
–ठाणं अ. २, उ. ३, सु. ७९(२३-२४)

११०. जीव-चउवीसदंडएसु आउकम्मस्स कज्जाइं–

प. दं.१. जीवे णं भंते ! जे भविए नेरइएसु उववज्जित्तए, से णं भंते ! किं साउए संकमइ, निराउए संकमइ ?

उ. गोयमा ! साउए संकमइ, नो निराउए संकमइ।

प. से णं भंते ! आउए कहिं कडे ? कहिं समाइण्णे ?

उ. गोयमा ! पुरिमे भवे कडे, पुरिमे भवे समाइण्णे।

दं. २-२४ एवं णेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं दंडओ।**
–विया. स. ५, उ. ३, सु. २-४

१११. जोणी सावेक्खं आउबंध परूवणं–

प. से नूणं भंते ! जे णं भविए जं जोणिं उववज्जित्तए से तमाउयं पकरेइ, तं जहा–
नेरइयाउयं वा **जाव** देवाउयं वा ?

उ. हंता, गोयमा ! जे णं भविए जं जोणिं उववज्जित्तए से तमाउयं पकरेइ, तं जहा–
नेरइयाउयं वा **जाव** देवाउयं वा।

नेरइयाउयं पकरेमाणे **सत्तविहं** पकरेइ, तं जहा–

१. रयणप्पभापुढविनेरइयाउयं वा **जाव** ७. अहेसत्तमा पुढविनेरइयाउयं वा।
तिरिक्खजोणियाउयं पकरेमाणे पंचविहं पकरेइ, तं जहा–

१. एगिंदिय-तिरिक्खजोणियाउयं वा **जाव**
५. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाउयं वा।

अद्धायु दो प्रकार के जीवों की कही गई है, यथा–
१. मनुष्यों की,
२. पंचेंन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों की।
भवायु दो प्रकार के जीवों की कही गई है, यथा–
१. देवों की, २. नैरयिकों की।

१०९. पूर्णायु के पालन और संवर्त्तन का स्वामित्व–

दो यथायु (पूर्णायु) का पालन करते हैं, यथा–
१. देव, २. नैरयिक।
दो के आयुष्य का संवर्त्तन (अकाल मरण) कहा गया है, यथा–
१. मनुष्यों के, २. पंचेंन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों के।

११०. जीव-चौबीस दंडकों में आयु कर्म का कार्य–

प्र. दं.१. भंते! जो जीव नैरयिकों में उत्पन्न होने के योग्य हैं तो भंते ! क्या वह जीव यहीं से आयु-युक्त होकर नरक में जाता है या आयु-रहित होकर जाता है ?

उ. गौतम ! वह आयु-युक्त होकर नरक में जाता है, आयु रहित होकर नहीं जाता।

प्र. भंते ! उस जीव ने वह आयु कहां बाँधा और कहां समाचरण किया ?

उ. गौतम ! उस जीव ने वह आयु-पूर्वभव में बांधा और पूर्वभव में समाचरण किया।

दं. २-२४ इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों तक सभी दण्डकों में कहना चाहिए।

१११. योनि सापेक्ष आयु बंध का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जो जीव जिस योनि में उत्पन्न होने योग्य है, क्या वह उस योनि के आयु का बंध करता है ?
जैसे–नरक योनि में उत्पन्न होने वाला क्या नरक योनि के आयु का बंध करता है **यावत्** देवयोनि में उत्पन्न होने वाला क्या देवयोनि के आयु का बंध करता है ?

उ. हां, गौतम ! जो जीव जिस योनि में उत्पन्न होने योग्य है, वह जीव उस योनि की आयु का बंध करता है।
जैसे–नरक योनि में उत्पन्न होने योग्य जीव नरकयोनि की आयु का बंध करता है **यावत्** देवयोनि में उत्पन्न होने योग्य जीव देवयोनि की आयु का बंध करता है।
जो जीव **नरकयोनि** की आयु का बंध करता है, वह सात प्रकार की नैरयिक पृथ्वियों में से किसी एक की आयु का बंध करता है, यथा–
१. रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक की आयु का **यावत्** ७. अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक की आयु का।
जो जीव **तिर्यञ्चयोनिक** की आयु का बंध करता है, वह पांच प्रकार के तिर्यञ्चों में से किसी एक प्रकार की आयु का बंध करता है, यथा–
१. एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकायु का **यावत्** ५. पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकायु का।

मणुस्साउयं पकरेमाणे दुविहं पकरेइ, तं जहा–

१. सम्मुच्छिममणुस्साउयं, २. गब्भजमणुस्साउयं।

देवाउयं पकरेमाणे चउव्विहं पकरेइ, तं जहा–

१. भवणवासीदेवाउयं **जाव** ४. वेमाणियदेवाउयं।

–विया. स. ५, उ. ३, सु. ५

जो जीव **मनुष्य** योनि की आयु का बंध करता है, वह दो प्रकार के मनुष्यों में से किसी एक की आयु का बंध करता है, यथा–

१. सम्मूर्च्छिम मनुष्यायु का या २. गर्भज मनुष्यायु का।

जो जीव **देवयोनि** की आयु का बंध करता है, वह चार प्रकार के देवों में से किसी एक देवायु का बंध करता है, यथा–

१. भवनपति देवायु का **यावत्** ४. वैमानिक देवायु का।

११२. अप्पाउय-दीहाउय-सुभासुभदीहाउय कम्मबंधहेऊ परूवणं–

११२. अल्पायु-दीर्घायु शुभाशुभदीर्घायु के कर्म बंध हेतुओं का प्ररूपण–

प. कहं णं भंते ! जीवा अप्पाउयत्ताए कम्मं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! तिहिं ठाणेहिं, जीवा अप्पाउयत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा–

१. पाणे अइवाएत्ता,

२. मुसं वइत्ता,

३. तहारूवं समणं वा, माहणं वा, अफासुएणं अणेसणिज्जेणं, असण-पाण-खाइम-साइमेणं पडिलाभेत्ता,

प्र. भंते ! जीव अल्पायु के कारणभूत कर्म किन कारणों से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! तीन कारणों से जीव अल्पायु के कारणभूत कर्म बांधते है, यथा–

१. प्राणियों की हिंसा करके,

२. असत्य बोलकर,

३. तथारूप श्रमण या माहन को अप्रासुक, अनेषणीय अशन, पान, खादिम और स्वादिम आहार से प्रतिलाभित कर।

प. कहं णं भंते ! जीवा दीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! तिहिं ठाणेहिं जीवा दीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा–

१. नो पाणे अइवाइत्ता,

२. नो मुसं वइत्ता,

३. तहारूवं समणं वा, माहणं वा, फासुएसणिज्जेणं असण-पाण-खाइम-साइमेणं पडिलाभेत्ता।

प्र. भंते ! जीव दीर्घायु के कारणभूत कर्म किन कारणों से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! तीन कारणों से जीव दीर्घायु के कारणभूत कर्म बांधते हैं, यथा–

१. प्राणातिपात न करने से,

२. असत्य न बोलने से,

३. तथारूप श्रमण और माहन को प्रासुक और एषणीय अशन, पान, खादिम और स्वादिम आहार से प्रतिलाभित करने से।

प. कहं णं भंते ! जीवा असुभदीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! तिहिं ठाणेहिं जीवा असुभदीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा–

१. पाणे अइवाइत्ता,

२. मुसं वइत्ता,

३. तहारूवं समणं वा, माहणं वा, हीलित्ता, निंदित्ता, खिंसित्ता, गरहित्ता, अवमन्नित्ता, अन्नयरेणं अमणुण्णेणं अपीइकारएणं असण-पाण-खाइम-साइमेणं पडिलाभेत्ता,

प्र. भंते ! जीव अशुभ दीर्घायु के कारणभूत कर्म किन कारणों से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! तीन कारणों से जीव अशुभ दीर्घायु के कारणभूत कर्म बांधते हैं, यथा–

१. प्राणियों की हिंसा करके,

२. असत्य बोल कर,

३. तथारूप समण या माहन की हीलना, निन्दा, खिंसना झिड़काना, गर्हा एवं अपमान करके, एवं (उपेक्षा से) अमनोज्ञ या अप्रीतिकार अशन, पान, खादिम और स्वादिम आहार से प्रतिलाभित करके ।

प. कहं णं भंते ! जीवा सुभदीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! तिहिं ठाणेहिं जीवा सुभदीहाउयत्ताए कम्मं पकरेंति।[1] तं जहा–

१. नो पाणे अइवाइत्ता,

प्र. भंते ! जीव शुभ दीर्घायु के कारणभूत कर्म किन कारणों से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! तीन कारणों से जीव शुभ दीर्घायु के कारणभूत कर्म बांधते हैं, यथा–

१. प्राणियों की हिंसा न करने से,

१. ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १३३

२. नो मुसं वइत्ता,
३. तहारूवं समणं वा, माहणं वा, वंदित्ता, नमंसित्ता **जाव** पज्जुवासित्ता अन्नयरेणं मणुण्णेणं पीइकारएणंअसण-पाण-खाइमसाइमेणं पडिलाभेत्ता। *–विया. स. ५, उ. ६, सु. १-४*

११३. जीव-चउवीसदंडएसु आउय बंधकाल परूवणं–

प. **दं. १.** जीवे णं भंते ! जे भविए नेरइएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! किं इहगए नेरइयाउयं पकरेइ ?
उववज्जमाणे नेरइयाउयं पकरेइ ?
उववन्ने नेरइयाउयं पकरेइ ?

उ. गोयमा ! इहगए नेरइयाउयं पकरेइ,
नो उववज्जमाणे नेरइयाउयं पकरेइ,
नो उववन्ने नेरइयाउयं पकरेइ।
दं. २. एवं असुरकुमारेसु वि।

दं. ३-२४ एवं जाव वेमाणिएसु।
–विया. स. ७, उ. ६, सु. २-४

११४. आउयपरिणामभेया–

नवविहे आउपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा–

१. गइपरिणामे,	२. गइबंधणपरिणामे,
३. ठिईपरिणामे,	४. ठिईबंधणपरिणामे,
५. उड्ढंगारवपरिणामे,	६. अहेगारवपरिणामे,
७. तिरियंगारवपरिणामे,	८. दीहंगारवपरिणामे,
९. हस्संगारवपरिणामे।	*–ठाणं. अ. ९, सु. ६८६*

११५. आउयस्स जाइनामनिहत्ताइ छ बंध पगारा–

प. कइविहे णं भंते ! आउयबंधे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! छव्विहे आउयबंधे पण्णत्ते, तं जहा–
१. जाइनामनिहत्ताउए,
२. गइनामनिहत्ताउए,
३. ठिईनामनिहत्ताउए,
४. ओगाहणानामनिहत्ताउए,
५. पदेसनामनिहत्ताउए,
६. अणुभावनामनिहत्ताउए।[1] *–पण्ण. प. ६, सु. ६८४*

११६. चउवीसदंडएसु आउय बंध भेय परूवणं–

प. **दं. १.** नेरइयाणं भंते ! कइविहे आउयबंधे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! छव्विहे आउयबंधे पण्णत्ते, तं जहा–
१. जाइनामनिहत्ताउए,
२. गइनामनिहत्ताउए,
३. ठिईनामनिहत्ताउए,
४. ओगाहणानामनिहत्ताउए,
२. असत्य न बोलने से,
३. तथारूप श्रमण या माहन को वन्दन, नमस्कार **यावत्** पर्युपासना करके मनोज्ञ एवं प्रीतिकारक अशन, पान, खादिम और स्वादिम आहार से प्रतिलाभित करने से।

११३. जीव-चौबीसदंडकों में आयु बंध का काल प्ररूपण–

प्र. भंते ! जो जीव नैरयिकों में उत्पन्न होने योग्य है, क्या वह इस भव में रहता हुआ नरकायु का बंध करता है ?
उत्पन्न होता हुआ नरकायु का बंध करता है,
उत्पन्न होने पर नरकायु का बंध करता है ?

उ. गौतम ! इस भव में रहते हुए नरकायु का बंध करता है,
किन्तु नरक में उत्पन्न होते हुए नरकायु का बंध नहीं करता,
उत्पन्न होने पर भी नरकायु का बंध नहीं करता।
दं. २. इसी प्रकार असुरकुमारों के (आयुबन्ध के) विषय में कहना चाहिए।
दं. ३-२४ इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त (आयुबन्ध) कहना चाहिए।

११४. आयु परिणाम के भेद–

आयुपरिणाम नौ प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. गति परिणाम,	२. गति बन्धन परिणाम,
३. स्थिति परिणाम,	४. स्थिति बंधन परिणाम,
५. ऊर्ध्व गौरव परिणाम,	६. अधो गौरव परिणाम,
७. तिर्यक् गौरव परिणाम,	८. दीर्घ गौरव परिणाम,
९. ह्रस्व गौरव परिणाम।	

११५. आयु के जातिनामनिधत्तादि के छः बंध प्रकार–

प्र. भंते ! आयु का बन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! आयु बन्ध छह प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. जातिनामनिधत्तायु,
२. गतिनामनिधत्तायु,
३. स्थितिनामनिधत्तायु,
४. अवगाहनानामनिधत्तायु,
५. प्रदेशनामनिधत्तायु,
६. अनुभावनामनिधत्तायु।

११६. चौबीस दंडकों में आयु बंध के भेदों का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भंते ! नैरयिकों का आयुष्यबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! उनका आयुष्यबन्ध छह प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. जातिनामनिधत्तायु,
२. गतिनामनिधत्तायु,
३. स्थितिनामनिधत्तायु,
४. अवगाहनानामनिधत्तायु,

१. (क) ठाणं अ. ६, सु. ५३६ (१) (ख) विया. स. ६, उ. ८, सु. २७

५. पदेसनामनिहत्ताउए,
६. अणुभावनामनिहत्ताउए।
दं. २-२४ एवं जाव **वेमाणियाणं।**[1]
--पण्ण. प. ६, सु. ६८५-६८६

११७. जीव-चउवीसदंडएसु जाइनामनिधत्ताईणं परूवणं–

प. १. जीवा णं भंते ! किं जाइनामनिहत्ता **जाव** अणुभागनामनिहत्ता ?
उ. गोयमा ! जाइनामनिहत्ता वि **जाव** अणुभागनामनिहत्ता वि।
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. २. जीवा णं भंते ! किं जाइनामनिहत्ताउया **जाव** अणुभागनामनिहत्ताउया ?
उ. गोयमा ! जाइनामनिहत्ताउया वि **जाव** अणुभागनामनिहत्ताउया वि।
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ३. जीवा णं भंते ! किं जाइनामनिउत्ता **जाव** अणुभागनामनिउत्ता ?
उ. गोयमा ! जाइनामनिउत्ता वि **जाव** अणुभागनामनिउत्ता वि।
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ४. जीवा णं भंते ! किं जाइनामनिउत्ताउया **जाव** अणुभागनामनिउत्ताउया ?
उ. गोयमा ! जाइनामनिउत्ताउया वि **जाव** अणुभागनामनिउत्ताउया वि।
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ५. जीवा णं भंते ! किं जाइगोत्तनिहत्ता **जाव** अणुभागगोत्तनिहत्ता ?
उ. गोयमा ! जाइगोत्तनिहत्ता वि **जाव** अणुभागगोत्तनिहत्ता वि!
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ६. जीवा णं भंते ! किं जाइगोत्तनिहत्ताउया **जाव** अणुभागगोत्तनिहत्ताउया ?
उ. गोयमा ! जाइगोत्तनिहत्ताउया वि **जाव** अणुभागगोत्तनिहत्ताउया वि।
१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ७. जीवा णं भंते ! किं जाइगोत्तनिउत्ता **जाव** अणुभागगोत्तनिउत्ता ?
उ. गोयमा ! जाइगोत्तनिउत्ता वि **जाव** अणुभागगोत्तनिउत्ता वि।

५. प्रदेशनामनिधत्तायु,
६. अनुभावनामनिधत्तायु।
दं. २-२४ इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त आयुबन्ध का कथन करना चाहिए।

११७. जीव-चौबीस दंडकों में जाति नामनिधतादि का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! क्या जीव जातिनामनिधत्त **यावत्** अनुभाग-नामनिधत्त हैं ?
उ. गौतम ! जीव जाति नामनिधत्त भी हैं **यावत्** अनुभाग-नामनिधत्त भी हैं।
दं. १-२४ यह दंडक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. २. भंते ! क्या जीव जातिनामनिधत्तायुष्क **यावत्** अनुभाग-नामनिधत्तायुष्क हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिनामनिधत्तायुष्क भी हैं **यावत्** अनुभाग-नामनिधत्तायुष्क भी हैं।
दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिक तक कहना चाहिए।

प्र. ३. भंते ! क्या जीव जातिनामनियुक्त **यावत्** अनुभाग-नामनियुक्त हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिनामनियुक्त भी हैं **यावत्** अनुभाग-नामनियुक्त भी हैं।
दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ४. भंते ! क्या जीव जातिनामनियुक्तायुष्क **यावत्** अनुभाग-नामनियुक्तायुष्क हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिनामनियुक्तायुष्क भी हैं **यावत्** अनुभाग-नामनियुक्तायुष्क भी हैं।
दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ५. भन्ते ! क्या जीव जातिगोत्रनिधत्त **यावत्** अनुभाग-गोत्रनिधत्त हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिगोत्रनिधत्त भी हैं **यावत्** अनुभाग-गोत्रनिधत्त भी हैं।
दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ६. भंते ! क्या जीव जातिगोत्रनिधत्तायुष्क **यावत्** अनुभाग-गोत्रनिधत्तायुष्क हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिगोत्रनिधत्तायुष्क भी हैं **यावत्** अनुभाग-गोत्रनिधत्तायुष्क भी हैं।
दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ७. भंते ! क्या जीव जातिगोत्रनियुक्त **यावत्** अनुभाग-गोत्रनियुक्त हैं ?
उ. गौतम ! जीव जातिगोत्रनियुक्त भी हैं **यावत्** अनुभाग-गोत्रनियुक्त भी है।

१. (क) ठाणं अ. ६, सु. ५३६ (२-३) (ख) विया. स. ६, उ. ८, सु. २८ (ग) सम. सु. १५४ (५)

१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ८. जीवा णं भंते ! किं जाइगोत्तनिउत्ताउया **जाव** अणुभागगोत्तनिउत्ताउया ?

उ. गोयमा ! जाइगोत्तनिउत्ताउया वि **जाव** अणुभागगोत्तनिउत्ताउया वि।

१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. ९. जीवा णं भंते ! किं जाइणामगोत्तनिहत्ता **जाव** अणुभागणामगोत्तनिहत्ता ?

उ. गोयमा ! जाइणामगोत्तनिहत्ता वि **जाव** अणुभाग-णामगोत्तनिहत्ता वि।

१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. १०. जीवा णं भंते ! किं जाइणामगोत्तनिहत्ताउया **जाव** अणुभागणामगोत्तनिहत्ताउया ?

उ. गोयमा ! जाइणामगोत्तनिहत्ताउया वि **जाव** अणुभाग-णामगोत्तनिहत्ताउया वि।

दं. १-२४. **दंडओ नेरइयाणं** जाव **वेमाणियाणं।**

प. ११. जीवा णं भंते ! किं जाइणामगोत्तनिउत्ता **जाव** अणुभागणामगोत्तनिउत्ता ?

उ. गोयमा ! जाइणामगोत्तनिउत्ता वि **जाव** अणुभागणामगोत्तनिउत्ता वि।

१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

प. १२. जीवा णं भंते ! किं जाइणामगोत्तनिउत्ताउया **जाव** अणुभागणामगोत्तनिउत्ताउया ?

उ. गोयमा ! जाइणामगोत्तनिउत्ताउया वि **जाव** अणुभागणामगोत्तनिउत्ताउया वि।

१-२४ दंडओ नेरइयाणं जाव **वेमाणियाणं।**

(एवमेव गइ-ठिइ-ओगाहणा पएस अणुभागणामाण वि दुवालस-दुवालस दंडगा भाणियव्वा)

–विया. स. ६, उ. ८, सु. २९-३४

११८. जीव-चउवीसदंडएसु आउबंध आगरिसा–

प. जीवा णं भंते ! जाइणामनिहत्ताउयं कइहिं आगरिसेहिं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं अट्ठहिं।

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! जाइणामनिहत्ताउयं कइहिं आगरिसेहिं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं अट्ठहिं।

दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ८. भंते ! क्या जीव जातिगोत्रनियुक्तायुष्क यावत् अनुभाग-गोत्रनियुक्तायुष्क हैं ?

उ. गौतम ! जीव जातिगोत्रनियुक्तायुष्क भी हैं यावत् अनुभागगोत्रनियुक्तायुष्क भी हैं।

दं. १-२४. यह दंडक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ९. भंते ! क्या जीव जातिनामगोत्रनिधत्त यावत् अनुभाग-नामगोत्रनिधत्त हैं ?

उ. गौतम ! जीव जातिनामगोत्रनिधत्त भी हैं यावत् अनुभाग-नामगोत्रनिधत्त भी हैं।

दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. १०. भंते ! क्या जीव जातिनामगोत्रनिधत्तायुष्क यावत् अनुभागनामगोत्रनिधत्तायुष्क हैं ?

उ. गौतम ! जीव जातिनामगोत्रनिधत्तायुष्क भी हैं यावत् अनुभागनामगोत्रनिधत्तायुष्क भी हैं।

दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. ११. भंते ! क्या जीव जातिनामगोत्रनियुक्त यावत् अनुभाग-नामगोत्रनियुक्त हैं ?

उ. गौतम ! जीव जातिनामगोत्रनियुक्त भी हैं यावत् अनुभाग-नामगोत्रनियुक्त भी हैं।

दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

प्र. १२. भंते ! क्या जीव जातिनामगोत्रनियुक्तायुष्क यावत् अनुभागनामगोत्रनियुक्तायुष्क हैं ?

उ. गौतम ! जीव जातिनामगोत्रनियुक्तायुष्क भी हैं यावत् अनुभागनामगोत्रनियुक्तायुष्क भी हैं।

दं. १-२४ यह दण्डक नैरयिकों से वैमानिकों तक कहना चाहिए।

(इसी प्रकार गति, स्थिति, अवगाहना, प्रदेश और अनुभागनामों के भी बारह-बारह दंडक कहने चाहिए।)

११८. जीव-चौबीसदंडकों में आयु बंध के आकर्ष–

प्र. भंते ! जीव जातिनामनिधत्तायु को कितने आकर्षों (अवसरों) से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक, दो, तीन अथवा उत्कृष्ट आठ आकर्षों से बांधते हैं।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जातिनामनिधत्तायु को कितने आकर्षों से बांधते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक, दो, तीन अथवा उत्कृष्ट आठ आकर्षों से बांधते हैं।

दं. २-२४ एवं जाव वेमाणिया।[1]

एवं गइनामनिहत्ताउए वि,
ठिईनामनिहत्ताउए वि,
ओगाहणानामनिहत्ताउए वि,
पदेसनामनिहत्ताउए वि,
अणुभावनामनिहत्ताउए वि। –पण्ण. प. ६, सु. ६८७-६९०

दं. २-२४ इसी प्रकार वैमानिकों तक आकर्षों का कथन करना चाहिए।

१. इसी प्रकार–गतिनामनिधत्तायु,
२. स्थितिनामनिधत्तायु
३. अवगाहनानामनिधत्तायु,
४. प्रदेशनामनिधत्तायु और
५. अनुभावनामनिधत्तायु बंध के आकर्षों का कथन करना चाहिए।

११९. आगरिसेहिं आउबंधगाणं अप्पबहुत्तं–

११९. आकर्षों में आयु बंधकों का अल्पबहुत्व–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं जाइनामनिहत्ताउयं जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं अट्ठहिं आगरिसेहिं पकरेमाणाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

प्र. भंते ! जघन्य एक, दो और तीन अथवा उत्कृष्ट आठ आकर्षों से जातिनामनिधत्तायु का बन्ध करने वाले जीवों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गोयमा ! सव्वत्थोवा जीवा जाइनामनिहत्ताउयं अट्ठहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा,
सत्तहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
छहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
पंचहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
चउहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
तिहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
दोहिं आगरिसेहिं पकरेमाणा संखेज्जगुणा,
एगेणं आगरिसेणं पकरेमाणा संखेज्जगुणा।
एवं एएणं अभिलावेणं गइनामनिहत्ताउयं जाव **अणुभावनिहत्ताउयं।**

एवं एए छ प्पि य अप्पाबहुदंडगा जीवादिया भाणियव्वा।
–पण्ण. प. ६, सु. ६९१-६९२

उ. गौतम ! जातिनामनिधत्तायु को आठ आकर्षों से बांधने वाले जीव सबसे कम हैं,
(उनसे) सात आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) छह आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) पांच आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) चार आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) तीन आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) दो आकर्षों से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं,
(उनसे) एक आकर्ष से बांधने वाले संख्यातगुणे हैं।
इसी प्रकार इस अभिलाप से गतिनामनिधत्तायु यावत् अनुभागनामनिधत्तायु को बांधने वालों का अल्पबहुत्व जान लेना चाहिए।
इस प्रकार ये छहों ही अल्पबहुत्वसम्बन्धी दण्डक जीवादिकों के कहने चाहिए।

१२०. आउकम्मस्स बंधगाबंधगाइ जीवाणं अप्पबहुत्त परूवणं–

१२०. आयुकर्म के बंधक अबंधक आदि जीवों के अल्पबहुत्व का प्ररूपण–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं आउयस्स कम्मस्स बंधगाणं, अबंधगाणं, पज्जत्तगाणं, अपज्जत्तगाणं, सुत्ताणं, जागराणं, समोहयाणं, असमोहयाणं, सायावेदगाणं, असायावेदगाणं, इंदियउवउत्ताणं, नो इंदियउवउत्ताणं, सागारोवउत्ताणं, अणागारोवउत्ताणं य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

प्र. भंते ! इन आयुकर्म के बंधकों और अबंधकों, पर्याप्तकों और अपर्याप्तकों, सुप्तों और जागृतों, समुद्घात करने वालों और न करने वालों, सातावेदकों और असातावेदकों, इन्द्रियोपयुक्तों और नो इन्द्रियोपयुक्तों, साकारोपयोगोपयुक्तों और अनाकारोपयोगोपयुक्तों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा आउयस्स कम्मस्स बंधगा,
२. अपज्जत्तगा संखेज्जगुणा,
३. सुत्ता संखेज्जगुणा,
४. समोहया संखेज्जगुणा,
५. सायावेयगा संखेज्जगुणा,
६. इंदिओवउत्ता संखेज्जगुणा,

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प आयुकर्म के बन्धक जीव हैं,
२. (उनसे) अपर्याप्तक संख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) सुप्तजीव संख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) समुद्घात करने वाले संख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) सातावेदक संख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) इन्द्रियोपयुक्त संख्यातगुणे हैं,

१. सम. सम. १५५/९

७. अणागारोवउत्ता संखेज्जगुणा,
८. सागारोवउत्ता संखेज्जगुणा,
९. नो इंदियउवउत्ता विसेसाहिया,
१०. असायावेयगा विसेसाहिया,
११. असमोहया विसेसाहिया,

१२. जागरा विसेसाहिया,
१३. पज्जत्तगा विसेसाहिया,
१४. आउयस्स कम्मस्स अबंधगा विसेसाहिया।

–पण्ण. प. ३, सु. ३२५

१२१. चउवीसदंडएसु परभवियाउय बंधकाल परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! कइभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! णियमा छम्मासावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

दं. २-११ एवं असुरकुमारा वि जाव **थणियकुमारा वि।**

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! कइभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सोवक्कमाउया य, २. निरुवक्कमाउया य।

१. तत्थ णं जे ते निरुवक्कमाउया ते णियमा तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

२. तत्थं णं जे ते सोवक्कमाउया ते सिय तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति,
सिय तिभागा-तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति,
सिय तिभागा-तिभागा-तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

दं. १३-१९ आउ-तेउ-वाउ-वणस्सइकाइयाणं बेइंदिय तेइंदिय- चउरिंदियाण वि एवं चेव।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया णं भंते ! कइभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. संखेज्जवासाउया य, २. असंखेज्जवासाउया य।

१. तत्थ णं जे ते असंखेज्जवासाउया ते नियमा छम्मासावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

२. तत्थ णं जे ते संखेज्जवासाउया ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सोवक्कमाउया य, २. निरुवक्कमाउया य।

७. (उनसे) अनाकारोपयुक्त संख्यातगुणे हैं,
८. (उनसे) साकारोपयुक्त संख्यातगुणे हैं,
९. (उनसे) नो इन्द्रियोपयुक्त विशेषाधिक हैं,
१०. (उनसे) असातावेदक विशेषाधिक हैं,
११. (उनसे) समुद्घात न करने वाले जीव विशेषाधिक हैं,
१२. (उनसे) जागृत विशेषाधिक हैं,
१३. (उनसे) पर्याप्तक जीव विशेषाधिक हैं,
१४. (उनसे) आयुकर्म के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं।

१२१. चौबीसदंडकों में परभव की आयु बंध काल का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! आयु का कितना भाग शेष रहने पर नैरयिक परभव की आयु का बंध करते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) नियमतः छह मास आयु शेष रहने पर परभव की आयु का बंध करते हैं।

दं. २-११ इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों तक (आयुबन्ध काल का कथन करना चाहिए।)

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव आयु का कितना भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बंध करते हैं ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. सोपक्रम आयु वाले, २. निरुपक्रम आयु वाले।

१. इनमें से जो निरुपक्रम आयु वाले हैं, वे नियमतः आयुष्य का तीसरा भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बन्ध करते हैं,

२. इनमें जो सोपक्रम आयु वाले हैं, वे कदाचित् आयु के तीसरे भाग में परभव की आयु का बन्ध करते हैं,
कदाचित् आयु के तीसरे भाग के तीसरे भाग के शेष रहने पर परभव की आयु का बन्ध करते हैं,
कदाचित् आयु के तीसरे भाग के तीसरे भाग का तीसरा भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बन्ध करते हैं।

दं. १३-१९. अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिकों तथा द्वीन्द्रिय , त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियों क आयु बंध का कथन भी इसी प्रकार है।

प्र. दं. २०. भंते ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक आयु का कितना भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बन्ध करते हैं ?

उ. गौतम ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. संख्यातवर्षायुष्क, २. असंख्यातवर्षायुष्क।

१. उनमें से जो असंख्यात वर्ष की आयु वाले हैं, वे नियमतः छह मास आयु शेष रहने पर परभव की आयु का बन्ध करते हैं,

२. उनमें से जो संख्यातवर्ष की आयु वाले हैं, वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. सोपक्रम आयु वाले, २. निरुपक्रम आयु वाले।

१. तत्थ णं जे ते निरुवक्कमाउया ते णियमा तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

२. तत्थ णं जे ते सोवक्कमाउया ते णं सिय तिभागे परभवियाउयं पकरेंति।
सिय तिभाग-तिभागे य परभवियाउयं पकरेंति,

सिय तिभाग-तिभाग-तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति।

दं. २१. एवं मणूसा वि।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा नेरइया।[1] *–पण्ण. प. ६, सु. ६७७-६८३*

१२२. एगसमएदुविहाउय बंध-णिसेहो–

प. अण्णउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति–एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो आउयाइं पकरेइ, तं जहा–
१. इहभवियाउयं च, २. परभवियाउयं च।
जं समयं इहभवियाउयं पकरेइ, तं समयं परभवियाउयं पकरेइ,
जं समयं परभवियाउयं पकरेइ, तं समयं इहभवियाउयं पकरेइ।
इहभवियाउयस्स पकरणयाए परभवियाउयं पकरेइ,

परभवियाउयस्स पकरणयाए इहभवियाउयं पकरेइ।

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो आउयाइं पकरेइ,
तं जहा–१. इहभवियाउयं च, २. परभवियाउयं च।
से कहमेय भंते ! एवं वुच्चइ ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अण्णउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति,
एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो आउयाइं पकरेइ,
इहभवियाउयं च, परभवियाउयं च।
जे ते एवमाहंसु मिच्छं ते एवमाहंसु।
अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव एवं परूवेमि–
एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं आउयं पकरेइ,
तं जहा–
१. इहभवियाउयं वा,[2] २. परभवियाउयं वा।

१. इनमें से जो निरुपक्रम आयु वाले हैं, वे नियमतः आयु का तीसरा भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बंध करते हैं।

२. इनमें से जो सोपक्रम आयु वाले हैं, वे कदाचित् आयु के तीसरे भाग में परभव की आयु का बन्ध करते हैं,
कदाचित् आयु के तीसरे भाग के, तीसरे भाग में परभव की आयु का बन्ध करते हैं,
कदाचित् आयु के तीसरे भाग के, तीसरे भाग, का तीसरा भाग शेष रहने पर परभव की आयु का बंध करते हैं।

दं. २१. इसी प्रकार मनुष्यों का भी आयु बन्ध काल जानना चाहिए।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों के आयु बन्ध का कथन नैरयिकों के समान (छह मास शेष रहने पर) कहना चाहिए।

१२२. एक समय में दो आयु बंध का निषेध–

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** इस प्रकार की प्ररूपणा करते हैं कि–एक जीव एक समय में दो आयु का बन्ध करता है, यथा–
१. इस भव की आयु का, २. परभव की आयु का,
जिस समय इस भव का आयु बंध करता है, उस समय परभव का आयु बंध करता है,
जिस समय परभव का आयु बंध करता है, उस समय इस भव का आयु बंध करता है।
इस भव की आयु का बंध करते हुए परभव की आयु का बंध करता है,
परभव की आयु का बंध करते हुए इस भव की आयु का बंध करता है।
इस प्रकार एक जीव एक समय में दो आयु का बंध करता है, **यथा**–१. इस भव की आयु का, २. परभव की आयु का।
भंते ! क्या वे यह कैसे कहते हैं ?

उ. गौतम ! अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते हैं **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करता हैं कि–
एक जीव एक समय में दो आयु का बंध करते हैं–इस भव की आयु का और परभव की आयु का,
उन्होंने जो ऐसा कहा है, वह मिथ्या कहा है।
हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** इस प्रकार प्ररूपणा करता हूँ कि 'एक जीव एक समय में एक आयु का बंध करता है, यथा–
१. इस भव की आयु का (मनुष्य-मनुष्य का) या २. परभव की आयु का',

---

१. ठाणं अ. ६, सु. ५३६/४-८
२. **यहां इहभव का अर्थ है मनुष्य-मनुष्य का आयु, तिर्यञ्च-तिर्यञ्च का आयु, पृथ्वीकायिक-पृथ्वीकायिक का आयु।**
आयु तो सदा आगे के भव का ही बांधा जाता है। वर्तमान भव का आयु तो जीव पूर्व भव में ही बांध कर आता है। अतः इहभव से वर्तमान भव का आयु बांधना न **समझें।**

जं समयं इहभवियाउयं पकरेइ, णो तं समयं परभवियाउयं पकरेइ।

जं समयं परभवियाउयं पकरेइ, णो तं समयं इहभवियाउयं पकरेइ।

इहभवियाउयस्स पकरणयाए, णो परभवियाउयं पकरेइ,

परभवियाउयस्स पकरणयाए, णो इहभवियाउयं पकरेइ।

एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं आउयं पकरेइ, तं जहा–

१. इहभवियाउयं वा, २. परभवियाउयं वा।

–विया. स. १, उ. ९, सु. २०

१२३. जीव-चउवीसदंडएसु आभोग अणाभोगनिव्वत्तियाउयत्त परूवणं–

प. जीवा णं भंते ! किं आभोगनिव्वत्तियाउया, अणाभोगनिव्वत्तियाउया ?

उ. गोयमा ! नो आभोगनिव्वत्तियाउया, अणाभोग-निव्वत्तियाउया।

दं. १-२४ एवं नेरइया जाव वेमाणिया।

–विया. स. ७, उ. ६, सु. १२-१४

१२४. जीव-चउवीसदंडएसु सोवक्कम निरुवक्कम आउय परूवणं–

प. जीवाणं भंते ! किं सोवक्कमाउया, निरुवक्कमाउया ?

उ. गोयमा ! जीवा सोवक्कमाउया वि, निरुवक्कमाउया वि।

प. दं. १ नेरइया णं भंते ! किं सोवक्कमाउया निरुवक्कमाउया।

उ. गोयमा ! नेरइया नो सोवक्कमाउया, निरुवक्कमाउया।

दं. २-११ एवं जाव थणियकुमारा।

दं. १२ पुढविकाइया जहा जीवा।

दं. १३-२१ एवं जाव मणुस्सा।

दं. २२-२४ वाणमंतर जोइसिय वेमाणिया जहा नेरइया। *–विया. स. २०, उ. १०, सु. १-६*

१२५. असण्णिआउयस्सभेया बंध सामित्तं य–

प. कइविहे णं भंते ! असण्णियाउए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! चउव्विहे असण्णियाउए पण्णत्ते, तं जहा–

१. नेरइय असण्णियाउए,

२. तिरिक्खजोणिय-असण्णियाउए,

३. मणुस्स-असण्णियाउए, ४. देव-असण्णियाउए।[1]

जिस समय इस भव की आयु का बंध करता है, उस समय परभव की आयु का बंध नहीं करता है,

जिस समय परभव की आयु का बंध करता है, उस समय इस भव की आयु का बंध नहीं करता है,

इस भव की आयु का बंध करते हुए परभव की आयु का बंध नहीं करता है,

परभव की आयु का बंध करते हुए इस भव की आयु का बंध नहीं करता है,

इस प्रकार एक जीव एक समय में एक आयु का बंध करता है, यथा–

१. इस भव की आयु का या २. परभव की आयु का।

१२३. जीव-चौबीसदंडकों में आभोग अनाभोगनिर्वर्तित आयु का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जीव आभोगनिर्वर्तित आयुष्य वाले हैं या अनाभोगनिर्वर्तित आयुष्य वाले हैं ?

उ. गौतम ! जीव आभोगनिर्वर्तित आयु (जानते हुए बंध करने) वाले नहीं हैं, किन्तु अनाभोगनिर्वर्तित आयु (न जानते हुए बंध करने) वाले हैं।

दं. १-२४ इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त आय के विषय में कहना चाहिए।

१२४. जीव चौबीसदंडकों में सोपक्रम-निरुपक्रम आयु का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जीव सोपक्रम आयु वाले होते हैं या निरुपक्रम आयु वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! जीव सोपक्रम आयु वाले भी होते हैं और निरुपक्रम आयु वाले भी होते हैं।

प्र. दं. १. नैरयिक सोपक्रम आयु वाले होते हैं या निरुपक्रम आयु वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक सोपक्रम आयु वाले नहीं होते किन्तु निरुपक्रम आयु वाले होते हैं।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १२ पृथ्वीकायिकों का आयु औधिक जीवों के समान है।

दं. १३-२१ इसी प्रकार मनुष्य पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. २२-२४ वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का आयु सम्बन्धी कथन नैरयिकों के समान है।

१२५. असंज्ञी आयु के भेद और बंध स्वामित्व–

प्र. भंते ! असंज्ञी आयु कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! असंज्ञी आयु चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. नैरयिक-असंज्ञी आयु,

२. तिर्यञ्चयोनिक-असंज्ञी आयु,

३. मनुष्य-असंज्ञी आयु, ४. देव-असंज्ञी आयु।

१. पण्ण. २०, सु. १४७१

प. असण्णी णं भंते ! जीवे–
किं नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ ?
उ. हंता, गोयमा ! नेरइयाउयं पि पकरेइ **जाव** देवाउयं पि पकरेइ।
नेरइयाउयं पकरेमाणे जहण्णेणं दस वाससहस्साइं,

उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं पकरेइ।
तिरिक्खजोणियाउयं पकरेमाणे जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं,

उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं पकरेइ।
मणुस्साउए वि एवं चेव।
देवाउयं पकरेमाणे जहा नेरइया।[1]
–विया. स. १, उ. २, सु. २०-२१

१२६. असण्णिआउयस्स अप्पाबहुयं–

प. एयस्स णं भंते ! १. नेरइय असण्णियाउयस्स,
२. तिरिक्खजोणियअसण्णियाउयस्स,
३. मणुस्स असण्णियाउयस्स,
४. देव असण्णियाउयस्स य
कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिए वा ?
उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवे देव असण्णियाउए,
२. मणुस्स असण्णियाउए असंखेज्जगुणे,
३. तिरिक्खजोणिय असण्णियाउए असंखेज्जगुणे,
४. नेरइय असण्णियाउए असंखेज्जगुणे[2]।
–विया. स. १, उ. २, सु. २२

१२७. एगंतबाल-पंडित-बालपंडित मणुस्साणं आउयबंध परूवणं–

प. १. एगंतबाले णं भंते ! मणुस्से–
१. किं नेरइयाउयं पकरेइ,
२. तिरियाउयं पकरेइ,
३. मणुस्साउयं पकरेइ,
४. देवाउयं पकरेइ,
१. नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ,
२. तिरियाउयं किच्चा तिरिएसु उववज्जइ,
३. मणुस्साउयं किच्चा मणुस्सेसु उववज्जइ,
४. देवाउयं किच्चा देवलोगेसु उववज्जइ ?
उ. गोयमा ! एगंतबाले णं मणुस्से–
१. नेरइयाउयं पि पकरेइ,
२. तिरियाउयं पि पकरेइ,
३ मणुयाउयं पि पकरेइ,
४. देवाउयं पि पकरेइ।
१. णेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ,
२. तिरियाउयं किच्चा तिरिएसु उववज्जइ,

प्र. भंते ! असंज्ञी जीव १. क्या नरकायु का बंध करता है **यावत्** ४. देवायु का बंध करता है ?
उ. हां, गौतम ! वह नरकायु का भी बंध करता है **यावत्** देवायु का भी बंध करता है।
नरकायु का बंध करने पर जघन्यतः दस हजार वर्ष का बंध करता है,
उत्कृष्टतः पल्योपम के असंख्यातवें भाग का बंध करता है।
तिर्यञ्चयोनिकायु का बंध करने पर जघन्यतः अन्तर्मुहूर्त का बंध करता है,
उत्कृष्टतः पल्योपम के असंख्यातवें भाग का बंध करता है।
मनुष्यायु का बंध भी इसी प्रकार है,
देवायु का बंध नरकायु के समान है।

१२६. असंज्ञी आयु का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! १. नारक-असंज्ञी-आयु,
२. तिर्यञ्चयोनिक असंज्ञी-आयु,
३. मनुष्य-असंज्ञी आयु,
४. देव-असंज्ञी-आयु,
इनमें कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?
उ. गौतम ! १. देव-असंज्ञी-आयु सबसे कम है,
२. (उनसे) मनुष्य-असंज्ञी-आयु असंख्यातगुणी है,
३. (उनसे) तिर्यञ्च-असंज्ञी-आयु असंख्यातगुणी है,
४. (उनसे) भी नारक-असंज्ञी-आयु असंख्यातगुणी है।

१२७. एकांतबाल, पंडित और बालपंडित मनुष्यों के आयु बंध का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! क्या एकान्त-बाल (मिथ्यादृष्टि) मनुष्य,
१. नरकायु का बंध करता है,
२. तिर्यञ्चायु का बंध करता है,
३. मनुष्यायु का बंध करता है,
४. देवायु का बंध करता है ?
१. क्या वह नरकायु बांधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है,
२. तिर्यञ्चायु बांधकर तिर्यञ्चों में उत्पन्न होता है,
३. मनुष्यायु बांधकर मनुष्यों में उत्पन्न होता है,
४. देवायु बांधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?
उ. गौतम ! एकान्त बाल मनुष्य–
१. नरकायु का भी बंध करता है,
२. तिर्यञ्चायु का भी बंध करता है,
३. मनुष्यायु का भी बंध करता है,
४. देवायु का भी बंध करता है।
१. नरकायु बांधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है,
२. तिर्यञ्चायु बांधकर तिर्यञ्चों में उत्पन्न होता है,

१. पण्ण प. २०, सु. १४७२ २. पण्ण. प. २०, सु. १४७३

३. मणुस्साउयं किच्चा मणुस्सेसु उववज्जइ,
४. देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ।

प. २. एगंतपंडिए णं भंते ! मणुस्से–
किं नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ,

नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उवज्जइ **जाव** देवाउयं किच्चा देवलोएसु उववज्जइ ?

उ. गोयमा ! एगंतपंडिए णं मणुस्से–
आउयं सिय पकरेइ, सिय नो पकरेइ।

जइ पकरेइ–नो नेरइयाउयं पकरेइ, नो तिरियाउयं पकरेइ, नो मणुस्साउयं पकरेइ, देवाउयं पकरेइ।

नो नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ,
नो तिरियाउयं किच्चा तिरिएसु उववज्जइ,
नो मणुस्साउयं किच्चा मणुस्सेसु उववज्जइ,
देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'एगंतपंडिए मणुस्से–
नो नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ,
नो नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ **जाव** देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ ?

उ. गोयमा ! एगंत पंडियस्स णं मणुस्सस्स केवलमेव दो गइओ पण्णायंति, तं जहा–
१. अंतकिरिया चेव,
२. कप्पोववत्तिया चेव।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"एगंतपंडिए मणुस्से–**जाव** देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ।"

प. ३. बालपंडिए णं भंते ! मणुस्से–
किं नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ,

नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ **जाव** देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ ?

उ. गोयमा ! नो नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ,

नो नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ **जाव** देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
बालपंडिए मणुस्से–नो नेरइयाउयं पकरेइ **जाव** देवाउयं पकरेइ,
नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ **जाव** देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जइ ?"

उ. गोयमा ! बालपंडिए णं मणुस्से–

३. मनुष्यायु बांधकर मनुष्यों में उत्पन्न होता है,
४. देवायु बांधकर देवों में उत्पन्न होता है।

प्र. २. भंते ! एकान्त पण्डित मनुष्य–
क्या नरकायु का बंध करता है **यावत्** देवायु का बंध करता है ?
क्या नरकायु बांधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है **यावत्** देवायु बांधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! एकान्त पण्डित मनुष्य,
कदाचित् आयु का बंध करता है और कदाचित् आयु का बंध नहीं करता।
यदि आयु का बंध करता है तो देवायु का बंध करता है, किन्तु नरकायु, तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु का बंध नहीं करता।
वह नरकायु का बंध न करने से नारकों में उत्पन्न नहीं होता,
तिर्यञ्चायु का बंध न करने से तिर्यञ्चों में उत्पन्न नहीं होता,
मनुष्यायु का बंध न करने से मनुष्यों में उत्पन्न नहीं होता,
किन्तु देवायु का बंध करने से देवों में उत्पन्न होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"एकान्त पंडित मनुष्य नरकायु का बंध नहीं करता **यावत्** देवायु का बंध करता है,
वह नरकायु का बंध न करने से नारकों में उत्पन्न नहीं होता **यावत्** देवायु का बन्ध करने से देवों में उत्पन्न होता है ?"

उ. गौतम ! एकान्त पण्डित मनुष्य की केवल दो गतियां कही गई हैं, यथा–
१. अन्तक्रिया,
२. कल्पोपपत्तिका (सौधर्मादि कल्पों में उत्पन्न होना)।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"एकान्त पण्डित मनुष्य **यावत्** देवायु बांध कर देवों में उत्पन्न होता है।"

प्र. ३. भंते ! बाल पण्डित मनुष्य–
क्या नरकायु का बंध करता है **यावत्** देवायु का बंध करता है ?
क्या नरकायु बांधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है **यावत्** देवायु बांधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह नरकायु का बंध नहीं करता **यावत्** देवायु का बंध करता है,
इसी प्रकार हे गौतम ! निःसंगता, नीरागता और गतिपरिणाम से कर्मरहित जीव की ऊर्ध्वगति होती है।

प्र. भन्ते ! बन्धन का छेद हो जाने से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई मटर की फली, मूंग की फली, उड़द की फली, शिम्बलि सेम की फली और एरण्ड बीज के गुच्छे को धूप में रख कर सुखाए तो सूख जाने पर वह फटता है और उनके बीज उछल कर दूर जा गिरते हैं, इसी प्रकार हे गौतम ! कर्मरूप बन्धन का छेद हो जाने पर कर्म रहित जीव की गति होती है।

प्र. भन्ते ! इन्धनरहित होने से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे इन्धन से निकले हुए धूएं की गति किसी प्रकार की रुकावट न हो तो स्वाभाविक रूप से ऊपर की ओर होती है, इसी प्रकार हे गौतम ! कर्मरूप इन्धन से रहित होने से कर्मरहित जीव की गति ऊपर की ओर होती है।

प्र. भन्ते ! पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे–धनुष से छूटे हुए बाण की गति बिना रुकावट के लक्ष्याभिमुखी (निशान की ओर) होती है, इसी प्रकार हे गौतम ! पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की (ऊर्ध्व) गति होती है।

वेदना अध्ययन

आत्मा को सुख दुःख आदि का अनुभव होना वेदना है। जिसका वेदन किया जाता है उसे भी उपचार से वेदना कहते हैं। इस दृष्टि से सुख दुःख आदि वेदना के कई भेद हैं। आगम-ग्रन्थों में वेदना के विविध रूपों का निरूपण है। प्रज्ञापना-सूत्र में शीत, द्रव्य, शरीर आदि सात द्वारों के आधार पर वेदना के भेदों का प्रतिपादन है। वेदनीय कर्म से वेदना का गहरा सम्बन्ध है। वेदनीय कर्म के दो भेद हैं–साता एवं असाता। वेदना का अनुभव प्रायः इन दो ही प्रकारों में विभक्त होता है, तथापि वेदना के विविध पक्षों के आधार पर उसके अनेक भेद निरूपित हैं। स्पर्श के आधार पर वेदना के तीन भेद हैं १. शीत, २. उष्ण एवं ३. शीतोष्ण। वेदना का वेदन १. द्रव्यतः २. क्षेत्रतः ३. कालतः एवं ४. भावतः होने से वेदना के चार प्रकार भी हैं। वेदना शारीरिक, मानसिक या उभयविध होने से तीन प्रकार की भी निरूपित है। वेदना साता, असाता या साता-असाता के रूप में भी वेदित होती है। दुख रूप, सुख रूप एवं अदुःख-सुख रूप होने से भी वेदना तीन प्रकार की होती है। समस्त वेदनाओं का विभाजन दो भेदों में हो सकता है। कुछ वेदनाएं आभ्युपगमिकी होती हैं अर्थात् उन्हें स्वेच्छा पूर्वक स्वीकार किया जाता है यथा–केशलोच आदि। कुछ वेदनाएं औपक्रमिकी होती हैं जो वेदनीय कर्म के उदीरित होने से प्रकट होती हैं। इन वेदनाओं का वेदन जब संज्ञीभूत जीव करते हैं तब वह वेदना निदा वेदना कहलाती है तथा जब इनका वेदन असंज्ञीभूत जीव करते हैं तो यह वेदना अनिदा वेदना कही जाती है। चौबीस दण्डकों में कौन सा जीव किस वेदना का वेदन करता है इसका प्रस्तुत अध्ययन में विशद विवेचन है।

वेदना का वेदन जिस कारण से होता है वह करण, मन, वचन, काय और कर्म के भेद से चार प्रकार का है। समस्त पंचेन्द्रिय जीवों के चार प्रकार के करण कहे गए हैं। एकेन्द्रिय जीवों में दो प्रकार के करण होते हैं–काय करण और कर्म-करण। विकलेन्द्रिय जीवों में वचन को मिलाकर तीन प्रकार के करण होते हैं। जब वेदना का वेदन कर्म बंध के अनुरूप होता है तो उसे 'एवम्भूत वेदना' कहते हैं तथा जब कर्म बंध से परिवर्तित रूप में वेदना का वेदन होता है तो उसे व्याख्या प्रज्ञप्ति में अनेवम्भूत वेदना कहा गया है। कितने ही प्राणी भूत जीव एवं सत्व 'एवम्भूत वेदना' वेदते हैं तथा कितने ही 'अनेवम्भूत वेदना' का वेदन करते हैं।

एकेन्द्रिय जीवों को भी वेदना होती है। जैसे वृद्ध पुरुष को मुष्टि प्रहार अनिष्ट वेदना के रूप में अनुभव होता है उसी प्रकार पृथ्वीकाय आदि जीवों को आक्रांत किए जाने पर उन्हें अनिष्ट वेदना का अनुभव होता है।

नैरयिक जीव दस प्रकार की वेदना का अनुभव करते हैं–१. शीत, २. उष्ण, ३. क्षुधा, ४. पिपासा, ५. कंडु (खुजली), ६. पराधीनता, ७. ज्वर ८. दाह (जलन), ९. भय और १०. शोक। इनमें शीत, उष्ण आदि शारीरिक वेदनाएं हैं तथा पराधीनता, भय एवं शोक मानसिक वेदनाएं हैं। जो असंज्ञी (मनरहित) प्राणी हैं वे अकाम निकरण रूप में अर्थात् अनिच्छापूर्वक या अज्ञान रूप में वेदना वेदते हैं तथा समर्थ (संज्ञी) जीव अकामनिकरण एवं प्रकामनिकरण (तीव्र इच्छा पूर्वक) दोनों रूपों में वेदना का वेदन करते हैं।

यह आवश्यक नहीं कि जीव स्वयंकृत दुःख का वेदन करे ही। वह उदीर्ण (उदय में आए हुए) दुःख का वेदन करता है, अनुदीर्ण दुःख को नहीं वेदता। जीवों का समस्त दुःख आत्मकृत है, परकृत एवं उभयकृत नहीं। यही जैनदर्शन के कर्म सिद्धान्त का मुख्य आधार है। इसी कारण सभी जीव आत्मकृत दुःख का वेदन करते हैं, परकृत एवं उभयकृत का नहीं।

इन्द्रियादि के आधार पर छः प्रकार की साता कही गई है–१. श्रोत्रेन्द्रिय साता, २. चक्षु इन्द्रिय साता, ३. घ्राणेन्द्रिय साता, ४. जिह्वेन्द्रिय साता, ५. स्पर्शेन्द्रिय साता एवं ६. नो इन्द्रिय (मन) साता। इनके अनुकूल न रहने पर छः ही प्रकार की असाता भी हो सकती है–श्रोत्रेन्द्रिय असाता आदि। ठाणांग सूत्र में सुख के दस भेदों का संकलन है उनमें भौतिक उपलब्धियों को भी सुख रूप गिना है, यथा–आरोग्य, दीर्घ आयुष्य, आढ्यता आदि। संतोष, निष्क्रमण, अनाबाध आदि आत्मिक सुखों की भी उसमें गणना की गई है।

संसारस्थ सभी प्राणी एकान्त दुःख रूप या एकान्त सुख रूप वेदना का वेदन नहीं करते हैं। कदाचित् दुःख रूप वेदन करते हैं तो कदाचित् सुख रूप। नैरयिक जीव एकान्त दुःख रूप वेदना को वेदते हुए कदाचित् सुख रूप वेदना भी वेदते हैं। भवनपति आदि देव एकान्त सुख रूप वेदना को वेदते हैं किन्तु पृथ्वीकायिक जीव से लेकर मनुष्य तक के दण्डकों में कदाचित् सुख और कदाचित् दुःख रूप वेदना रहती है।

जीवों के जरा भी होती है और शोक भी होता है। जरा शारीरिक वेदना है और शोक मानसिक वेदना है। जिन जीवों के मन नहीं होता उनके मात्र जरा होती है तथा जिन जीवों के मन होता है उनके दोनों की वेदनाएं होती हैं। यहां कर्म सिद्धान्त में नोकषाय के रूप में निरूपित शोक को इस शोक से पृथक् समझना चाहिए क्योंकि उस शोक का उदय तो असंज्ञी पृथ्वीकाय आदि में भी रहता है।

कर्म सिद्धान्त में कषाय की वृद्धि को संक्लेश कहते हैं किन्तु प्रस्तुत अध्ययन में संक्लेश शब्द असमाधि या अशान्ति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। वह अशान्ति दस निमित्तों से होने के कारण उन्हें संक्लेश कहा गया है। संक्लेश के दस भेदों में एक कषाय संक्लेश भी है। संक्लेश के विपरीत असंक्लेश के भी वे ही दस भेद हैं। संक्लेश एवं असंक्लेश के दस भेदों में उपधि, उपाश्रय, कषाय, भक्तपान, मानसिक, चाचिक, कायिक की गणना करने के साथ ज्ञान दर्शन एवं चारित्र की भी गणना की गई है क्योंकि इनकी उपलब्धि अनुपलब्धि भी असंक्लेश एवं संक्लेश का निमित्त बन सकती है।

वेदना एवं निर्जरा में क्या भेद है इस पर प्रस्तुत अध्ययन में विस्तृत विचार हुआ है। सारांश रूप में यह कहा जा सकता है कि वेदना कर्म की होती है तथा निर्जरा नोकर्म की होती है। वेदना का समय भिन्न होता है एवं निर्जरा का समय भिन्न होता है। जिसको वेदते हैं उसकी निर्जरा नहीं करते और जिसकी निर्जरा करते हैं उसको वेदते नहीं हैं। कर्म को वेदते हैं और नोकर्म को निर्जीर्ण करते हैं। महावेदना वाले और अल्पवेदना वाले इन दोनों में वही जीव श्रेष्ठ है जो प्रशस्त निर्जरा वाला है। □

३२. वेयणाऽज्झयणं

सूत्र

१. **ओहेण वेयणा–**

एगा वेयणा। *–ठाणं अ. १, सु. २३*

२. **वेयणाऽज्झयणस्स अत्थाहिगारा–**

१. सीता य २. दव्व ३. सारीर, ४. सात तह वेयणा हवइ ५. दुक्खा। ६. अब्भुवगमोक्कमिया, ७. णिदा य अणिदा य णायव्वा[1]॥ *–पण्ण. प. ३५, सु. २०५४, गा. १*

३. **सत्तदारेसु चउवीसदंडएसु य वेयणा परूवणं–**

(१) **सीयाइ तिविहा वेयणा**

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सीया, २. उसिणा, ३. सीओसिणा।

प. **दं. १.** णेरइया णं भंते ! किं सीयं वेयणं वेदेंति, उसिणं वेयणं वेदेंति, सीओसिणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! सीयं पि वेयणं वेदेंति, उसिणं पि वेयणं वेदेंति, णो सीओसिणं वेयणं वेदेंति।

प. रयणप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! किं सीयं वेयणं वेदेंति **जाव** सीओसिणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! णो सीयं वेयणं वेदेंति, उसिणं वेयणं वेदेंति, णो सीओसिणं वेयणं वेदेंति।

एवं जाव **वालुयप्पभापुढविनेरइया**[2]।

प. पंकप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! किं सीयं वेयणं वेदेंति **जाव** सीओसिणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! सीयं पि वेयणं वेदेंति, उसिणं पि वेयणं वेदेंति, णो सीओसिणं वेयणं वेदेंति।

जे बहुयतरागा ते उसिणं वेयणं वेदेंति।

जे थोवतरागा ते सीयं वेयणं वेदेंति।

धूमप्पभाए एवं चेव दुविहा।

णवरं–जे बहुयतरागा ते सीयं वेयणं वेदेंति,

जे थोवतरागा ते उसिणं वेयणं वेदेंति।

तमाए तमतमाए य सीयं वेयणं वेदेंति, णो उसिणं वेयणं वेदेंति, णो सीओसिणं वेयणं वेदेंति[3]।

प्र. **दं. २.** असुरकुमारा णं भंते ! किं सीयं वेयणं वेदेंति, उसिणं वेयणं वेदेंति, सीओसिणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! सीयं पि वेयणं वेदेंति, उसिणं पि वेयणं वेदेंति, सीओसिणं पि वेयणं वेदेंति।

३२. वेदना-अध्ययन

सूत्र

१. **सामान्य वेदना–**

वेदना एक (रूप) है।

२. **वेदनाऽध्ययन के अर्थाधिकार–**

१. शीत वेदना, २. द्रव्य वेदना, ३. शरीर वेदना, ४. शाता वेदना, ५. दुःख वेदना, ६. आभ्युपगमिकी और औपक्रमिकी वेदना, ७. निदा-अनिदा वेदना।

(वेदनाध्ययन के) ये सात द्वार जानने चाहिए।

३. **सातद्वारों में और चौबीसदडंकों में वेदना का प्ररूपण–**

(१) **शीतादि त्रिविध वेदना–**

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–

१. शीतवेदना, २. उष्णवेदना, ३. शीतोष्णवेदना।

प्र. **दं. १.** भंते ! क्या नैरयिक शीतवेदना वेदते हैं, उष्णवेदना वेदते हैं या शीतोष्णवेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! (नैरयिक) शीतवेदना भी वेदते हैं और उष्णवेदना भी वेदते हैं, किन्तु शीतोष्णवेदना नहीं वेदते हैं।

प्र. भंते ! क्या रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक शीतवेदना वेदते हैं **यावत्** शीतोष्णवेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे शीतवेदना नहीं वेदते हैं और शीतोष्णवेदना भी नहीं वेदते हैं, किन्तु उष्णवेदना वेदते हैं।

इसी प्रकार बालुकाप्रभा पृथ्वी (२-३) के नैरयिकों तक कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या पंकप्रभापृथ्वी के नैरयिक शीतवेदना वेदते हैं **यावत्** शीतोष्ण वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे शीतवेदना भी वेदते हैं और उष्णवेदना भी वेदते हैं, किन्तु शीतोष्णवेदना नहीं वेदते हैं।

जो उष्णवेदना वेदते हैं वे नैरयिक अधिक हैं,

जो शीतवेदना वेदते हैं वे नैरयिक अल्प हैं।

धूम्रप्रभा पृथ्वी (के नैरयिकों) में भी इसी प्रकार दोनों वेदनाएं कहनी चाहिए।

विशेष–जो शीतवेदना वेदते हैं वे नैरयिक अधिक हैं,

जो उष्णवेदना वेदते हैं वे नैरयिक अल्प हैं।

तमा और तमस्तमा पृथ्वी के नैरयिक शीतवेदना वेदते हैं, किन्तु उष्णवेदना तथा शीतोष्णवेदना नहीं वेदते हैं।

प्र. **दं. २.** भंते ! क्या असुरकुमार शीत वेदना वेदते हैं, उष्णवेदना वेदते हैं या शीतोष्ण वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे शीतवेदना भी वेदते हैं, उष्णवेदना भी वेदते हैं और शीतोष्णवेदना भी वेदते हैं।

---

१. सम. सम. सु. १५३ (२)

२. ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १५५

३. (क) जीवा. पडि. ३, सु. ८९ (३)

(ख) विया. स. १०, उ. २, सु. ५

दं. ३-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

–पण्ण. प. ३५, सु. २०५५-२०५९

(२) **दव्वओदारे चउव्विहा वेयणा–**

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चउव्विहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. दव्वओ, २. खेत्तओ, ३. कालओ, ४. भावओ।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं दव्वओ वेयणं वेदेंति **जाव** किं भावओ वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! दव्वओ वि वेयणं वेदेंति **जाव** भावओ वि वेयणं वेदेंति।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

–पण्ण. प. ३५, सु. २०६०-२०६२

(३) **सारीराइ तिविहा वेयणा–**

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सारीरा, २. माणसा, ३. सारीरमाणसा।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं सारीरं वेयणं वेदेंति, माणसं वेयणं वेदेंति, सारीरमाणसं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! सारीरं पि वेयणं वेदेंति, माणसं पि वेयणं वेदेंति, सारीरमाणसं पि वेयणं वेदेंति।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

णवरं–एगिंदिय–विगलिंदिया सारीरं वेयणं वेदेंति, णो माणसं वेयणं वेदेंति, णो सारीरमाणसं वेयणं वेदेंति।

–पण्ण. प. ३५, सु. २०६३-२०६५

(४) **सायाइ तिविहा वेयणा–**

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. साया, २. असाया, ३. सायासाया।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं सायं वेयणं वेदेंति, असायं वेयणं वेदेंति, सायासायं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! तिविहं पि वेयणं वेदेंति।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

–पण्ण. प. ३५, सु. २०६६-२०६८

(५) **दुक्खाइ तिविहा वेयणा–**

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–
१. दुक्खा, २. सुहा, ३. अदुक्खसुहा।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं दुक्खं वेयणं वेदेंति, सुहं वेयणं वेदेंति, अदुक्खमसुहं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! दुक्खं पि वेयणं वेदेंति, सुहं पि वेयणं वेदेंति, अदुक्खमसुहं पि वेयणं वेदेंति[1]।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

–पण्ण. प. ३५, सु. २०६९-२०७१

दं. ३-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

(२) **द्रव्यादि द्वार में चतुर्विध वेदना–**

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना चार प्रकार की कही गई है, यथा–
१. द्रव्यतः, २. क्षेत्रतः, ३. कालतः, ४. भावतः।

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक द्रव्यतः वेदना वेदते हैं **यावत्** भावतः वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे द्रव्य से भी वेदना वेदते हैं **यावत्** भाव से भी वेदना वेदते हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

(३) **शारीरिकादि त्रिविध वेदना–**

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. शारीरिक, २. मानसिक, ३. शारीरिक-मानसिक।

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक शारीरिक वेदना वेदते हैं, मानसिक वेदना वेदते हैं या शारीरिक-मानसिक वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे शारीरिक वेदना भी वेदते हैं, मानसिक वेदना भी वेदते हैं और शारीरिक-मानसिक वेदना भी वेदते हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय शारीरिक वेदना वेदते हैं, वे मानसिक और शारीरिक-मानसिक वेदना नहीं वेदते हैं।

(४) **सातादि त्रिविध वेदना–**

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. साता, २. असाता, ३. साता-असाता।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक सातावेदना वेदते हैं, असातावेदना वेदते हैं या साता-असाता वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! तीनों प्रकार की वेदना वेदते हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

(५) **दुक्खादि त्रिविध वेदना–**

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. दुःखा, २. सुखा, ३. अदुःख-सुखा।

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक जीव दुःख वेदना वेदते हैं, सुख वेदना वेदते हैं या अदुःख असुख वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे दुःख वेदना भी वेदते हैं, सुख वेदना भी वेदते हैं और अदुःख असुख वेदना भी वे देते हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

---

१. विया. स. १०, उ. २, सु. ५

(६) अब्भोवगमियाइ दुविहा वेयणा–

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. अब्भोवगमिया य,

२. ओवक्कमिया य।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं अब्भोवगमियं वेयणं वेदेंति, ओवक्कमियं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! णो अब्भोवगमियं वेयणं वेदेंति, ओवक्कमियं वेयणं वेदेंति।

दं. २-१९. एवं जाव **चउरिंदिया।**

दं. २०-२१. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया मणूसा य दुविहं पि वेयणं वेदेंति।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा णेरइया। *–पण्ण. प. ३५ सु. २०७२-२०७६*

(७) णिदाइ दुविहा वेयणा–

प. कइविहा णं भंते ! वेयणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा वेयणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. णिदा य, २. अणिदा य।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! किं णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! णिदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"णेरइया णिदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सण्णिभूया य, २. असण्णिभूया य।

१. तत्थ णं जे ते सण्णिभूया ते णं निदायं वेयणं वेदेंति,

२. तत्थ णं जे ते असण्णिभूया ते णं अणिदायं वेयणं वेदेंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"णेरइया निदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति।"

दं. २-११. एवं जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. पुढविक्काइयाणं भंते ! किं णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! णो णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"पुढविक्काइया णो णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे असण्णी असण्णिभूयं अणिदायं वेयणं वेदेंति।

(६) आभ्युपगमिकादि द्विविध वेदना–

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना दो प्रकार की कही गई है, यथा–

१. आभ्युपगमिकी (स्वेच्छा पूर्वक अंगीकार की गई।)

२. औपक्रमिकी (वेदनीय कर्म जन्य)

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक आभ्युपगमिकी वेदना वेदते हैं या औपक्रमिकी वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे आभ्युपगमिकी वेदना नहीं वेदते हैं, औपक्रमिकी वेदना वेदते हैं।

दं. २-१९. इसी प्रकार चतुरिन्द्रियों पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. २०-२१. पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक और मनुष्य दोनों प्रकार की वेदना वेदते हैं।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों के लिए नैरयिकों के समान कहना चाहिए।

(७) निदादि द्विविध वेदना–

प्र. भंते ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वेदना दो प्रकार की कही गई है, यथा–

१. निदा (जानते हुए), २. अनिदा (अनजाने)

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक निदावेदना वेदते हैं या अनिदावेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदावेदना भी वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदावेदना भी वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. संज्ञीभूत, २. असंज्ञीभूत।

१. उनमें जो संज्ञीभूत हैं वे निदा वेदना को वेदते हैं।

२. जो असंज्ञीभूत हैं वे अनिदा वेदना को वेदते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदा वेदना भी वेदते हैं।"

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! क्या पृथ्वीकायिक जीव निदावेदना वेदते हैं या अनिदावेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे निदावेदना नहीं वेदते, किन्तु अनिदावेदना वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"पृथ्वीकायिक जीव निदावेदना नहीं वेदते, किन्तु अनिदावेदना वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक असंज्ञी होते हैं, इसलिए असंज्ञियों में होने वाली अनिदावेदना वेदते हैं,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"पुढविक्काइया णो णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति।"

दं. १३-१९ एवं जाव चउरिंदिया।

दं. २०-२२ पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया मणूसा वाणमंतरा जहा णेरइया।

प. दं. २३. जोइसियाणं भंते ! किं णिदायं वेयणं वेदेंति, अणिदायं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! णिदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"जोइसिया णिदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! जोइसिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. माइमिच्छदिट्ठी उववण्णगा य,

२. अमाइसम्मदिट्ठी उववण्णगा य।

१. तत्थ णं जे ते माइमिच्छदिट्ठी उववण्णगा ते णं अणिदायं वेयणं वेदेंति,

२. तत्थ णं जे ते अमाइसम्मदिट्ठी उववण्णगा ते णं णिदायं वेयणं वेदेंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'जोइसिया णिदायं पि वेयणं वेदेंति, अणिदायं पि वेयणं वेदेंति।'

दं. २४. एवं वेमाणिया वि[1]।

–पण्ण. प. ३५, सु. २०७७-२०८४

४. करण भेया-चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. कइविहे णं भंते ! करणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. मणकरणे, २. वइकरणे,

३. कायकरणे, ४. कम्मकरणे।

प. दं. १. णेरइयाणं भंते ! कइविहे करणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. मणकरणे, २. वइकरणे,

३. कायकरणे, ४. कम्मकरणे।

दं. २-११, २०-२४. एवं पंचेंदियाणं सव्वेसिं चउव्विहे करणे पण्णत्ते।

दं. १२-१६. एगिंदियाणं दुविहे

१. कायकरणे य, २. कम्मकरणे य।

दं. १७-१९. विगलेंदियाणं तिविहे–

१. वइकरणे य, २. कायकरणे य, ३. कम्मकरणे य।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"पृथ्वीकायिक जीव निदावेदना नहीं वेदते किन्तु अनिदावेदना वेदते हैं।"

दं. १३-१९ इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. २०-२२ पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक मनुष्य और वाणव्यन्तरो का कथन नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

प्र. दं. २३. भंते ! क्या ज्योतिष्क देव निदावेदना वेदते हैं या अनिदावेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! वे निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदावेदना भी वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"ज्योतिष्क देव निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदावेदना भी वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! ज्योतिष्क देव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. मायिमिथ्यादृष्टिउपपन्नक,

२. अमायिसम्यग्दृष्टिउपपन्नक।

१. उनमें से जो मायिमिथ्यादृष्टि उपपन्नक हैं, वे अनिदावेदना वेदते हैं।

२. जो अमायिसम्यग्दृष्टिउपपन्नक हैं, वे निदावेदना वेदते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"ज्योतिष्क देव निदावेदना भी वेदते हैं और अनिदावेदना भी वेदते हैं।"

दं. २४. इसी प्रकार वैमानिक देवों के लिए भी जानना चाहिए।

४. करण के भेद और चौबीसदंडकों में उनका प्ररूपण–

प्र. भंते ! करण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! करण चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. मन-करण, २. वचन-करण,

३. काय-करण, ४. कर्म-करण।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीवों के कितने प्रकार के करण कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! चार प्रकार के करण कहे गए हैं, यथा–

१. मन-करण, २. वचन-करण,

३. काय-करण, ४. कर्म-करण।

दं. २-११, २०-२४. इसी प्रकार समस्त पंचेन्द्रिय जीवों के चार प्रकार के करण कहे गए हैं।

दं. १२-१६. एकेन्द्रिय जीवों में दो प्रकार के करण होते हैं, यथा–

१. काय-करण, २. कर्म-करण।

दं. १७-१९ विकलेन्द्रिय जीवों में तीन प्रकार के करण होते हैं–

१. वचन-करण, २. काय-करण, ३. कर्म-करण।

१. (क) सम. सु. १५३, गा. २ (ख) विया. स. १९, उ. ५, सु. ६-७

दं. १. प. नेरइयाणं भंते ! किं करणओ वेयणं वेदेंति, अकरणओ वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! नेरइया णं करणओ वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयाणं करणओ वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! नेरइयाणं चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. मणकरणे, २. वइकरणे,
३. कायकरणे, ४. कम्मकरणे।

इच्चेएणं चउव्विहेणं असुभेणं करणेणं नेरइया करणओ असायं वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया णं करणओ वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति।"

प. दं. २. असुरकुमारा णं भंते ! किं करणओ वेयणं वेदेंति, अकरणओ वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! असुरकुमाराणं करणओ वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"असुरकुमारा णं करणओ वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! असुरकुमाराणं चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. मणकरणे, २. वइकरणे,
३. कायकरणे, ४. कम्मकरणे।

इच्चेएणं सुभेणं करणेणं असुरकुमारा णं करणओ सायं वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ।

दं. ३-११. **एवं जाव थणियकुमारा।**

प. दं. १२. पुढविकाइयाणं भंते ! किं करणओ वेयणं वेदेंति, अकरणओ वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइयाणं करणओ य वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ वेयणं वेदेंति।

णवरं–इच्चेएणं सुभासुभेणं करणेणं पुढविकाइया करणओ वेमायाए वेयणं वेदेंति, नो अकरणओ।

दं. १३-२१ ओरालियसरीरा सव्वे सुभासुभेणं वेमायाए।

दं. २२-२४ देवा सुभेणं सातं।

–विया. स. ६, उ. १, सु. ५-१२

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक जीव करण से वेदना वेदते हैं या अकरण से वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक जीव करण से वेदना वेदते हैं अकरण से वेदना नहीं वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक करण से वेदना वेदते हैं, अकरण से वेदना नहीं वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक जीवों के चार प्रकार के करण कहे गए हैं, यथा–

१. मन-करण, २. वचन-करण,
३. काय-करण, ४. कर्म-करण।

उनके ये चारों ही प्रकार के करण अशुभ होने से वे (नैरयिक जीव) करण द्वारा ही असातावेदना वेदते हैं, किन्तु अकरण से नहीं वेदते।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक जीव करण से असातावेदना वेदते हैं, अकरण से वेदना नहीं वेदते हैं।"

प्र. दं. २. भंते ! असुरकुमार देव करण से वेदना वेदते हैं या अकरण से वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! असुरकुमार करण से वेदना वेदते हैं, अकरण से नहीं वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"असुरकुमार करण से वेदना वेदते हैं, अकरण से वेदना नहीं वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! असुरकुमारों के चार प्रकार के करण कहे गए हैं, यथा–

१. मनकरण, २. वचन-करण,
३. काय-करण, ४. कर्म-करण।

असुरकुमारों के ये चारों ही प्रकार के करण शुभ होने से वे करण द्वारा सातावेदना वेदते हैं, किन्तु अकरण से नहीं वेदते।

दं. ३-११ इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव करण से वेदना वेदते हैं या अकरण से वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव करण द्वारा वेदना वेदते हैं, किन्तु अकरण द्वारा वेदना नहीं वेदते हैं।

विशेष–पृथ्वीकायिकों के शुभाशुभ करण होने से वे विमात्रा से कभी शुभ और कभी अशुभ वेदना वेदते हैं, किन्तु अकरण द्वारा नहीं वेदते हैं।

दं. १३-२१. औदारिक शरीर वाले सभी जीव (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यञ्चपंचेन्द्रिय और मनुष्य) शुभाशुभ करण द्वारा विमात्रा से वेदना (कदाचित् साता और कदाचित् असाता) वेदते हैं।

दं. २२-२४ देव शुभ करण द्वारा सातावेदना वेदते हैं।

५. चउवीसदंडएसु दुक्खफुसणाइ परूवणं–

प. दुक्खी भंते ! दुक्खेणं फुडे, अदुक्खेणं फुडे ?

उ. गोयमा ! दुक्खी दुक्खेणं फुडे, नो अदुक्खी दुक्खेणं फुडे।

प. दं. १. दुक्खी भंते ! नेरइए दुक्खेणं फुडे ? अदुक्खी नेरइए दुक्खेणं फुडे ?

उ. गोयमा ! दुक्खी नेरइए दुक्खेणं फुडे, नो अदुक्खी नेरइए दुक्खेणं फुडे।

दं. २-२४ एवं जाव **वेमाणियाणं।**

एवं पंच दंडगा नेयव्वा।

१. दुक्खी दुक्खेणं फुडे,
२. दुक्खी दुक्खं परियादियइ,
३. दुक्खी दुक्खं उदीरेइ,
४. दुक्खी दुक्खं वेदेइ,
५. दुक्खी दुक्खं निज्जरेइ।

–विया. स. ७, उ. १, सु. १४-१५

६. एवंभूयअणेवंभूयवेयणा परूवणं–

प. अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति–

"सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता एवभूयं वेयणं वेदेंति," से कहमेयं भंते !

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति

सव्वे पाणा **जाव** सव्वे सत्ता एवंभूयं वेयणं वेदेंति,
जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवंमाहंसु,
अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** एवं परूवेमि,
अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता एवभूयं वेयणं वेदेंति,

अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइया पाणा **जाव** सत्ता एवभूयं वेयणं वेदेंति ? अत्थेगइया पाणा **जाव** सत्ता अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति ?'

उ. गोयमा ! जे णं पाणा भूया जीवा सत्ता, जहा कडा कम्मा तहा वेयणं वेदेंति ते णं पाणा भूया जीवा सत्ता एवभूयं वेयणं वेदेंति।

जे णं पाणा भूया जीवा सत्ता जहा कडा कम्मा नो तहा वेयणं वेदेंति तेणं पाणा भूया जीवा सत्ता अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइया पाणा **जाव** सत्ता एवंभूयं वेयणं वेदेंति
अत्थेगइया पाणा **जाव** सत्ता अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति।[1]

५. चौबीस दंडकों में दुःख की स्पर्शना आदि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या दुःखी जीव दुःख से स्पृष्ट होता है या अदुःखी जीव दुःख से स्पष्ट होता है ?

उ. गौतम ! दुःखी जीव दुःख से स्पृष्ट होता है, किन्तु अदुःखी (दुखरहित) जीव दुःख से स्पृष्ट नहीं होता है।

प्र. दं. १. भंते ! क्या दुःखी नैरयिक दुःख से स्पृष्ट होता है या अदुःखी नैरयिक दुःख से स्पृष्ट होता है ?

उ. गौतम ! दुःखी नैरयिक दुःख से स्पृष्ट होता है किन्तु अदुःखी नैरयिक दुःख से स्पृष्ट नहीं होता है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार ये पांच दण्डक कहने चाहिए।

१. दुःखी दुःख से स्पृष्ट होता है,
२. दुःखी दुःख का परिग्रहण करता है,
३. दुःखी दुःख की उदीरणा करता है,
४. दुःखी दुःख का वेदन करता है,
५. दुःखी दुःख की निर्जरा करता है।

६. एवम्भूत-अनेवम्भूत वेदना का प्ररूपण–

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक ऐसा कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–

"सभी प्राण **यावत्** सभी सत्व एवंभूत (कर्म बंध के अनुसार) वेदना वेदते हैं" भंते ! यह ऐसा कैसे ?

उ. गौतम ! वे अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–

"सभी प्राणी **यावत्** सत्व एवंभूत वेदना वेदते हैं,"
उनका यह कथन मिथ्या है।

गौतम ! मैं यों कहता हूं **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि–

"कितने ही प्राणी, भूत, जीव और सत्व एवंभूत (कर्म बंध के अनुरूप) वेदना वेदते हैं।

कितने ही प्राणी, भूत, जीव और सत्व अनेवंभूत (कर्म बंध से परिवर्तित रूप में) वेदना वेदते हैं।"

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"कितने ही प्राणी **यावत्** सत्व एवंभूत वेदना वेदते हैं और कितने ही प्राणी **यावत्** सत्व अनेवंभूत वेदना वेदते हैं ?"

उ. गौतम ! जिन प्राणी, भूत, जीव और सत्वों ने जिस प्रकार कर्म किये हैं उसी प्रकार वेदना वेदते हैं अतएव वे प्राणी, भूत, जीव और सत्व तो एवंभूत वेदना वेदते हैं।

किन्तु जिन प्राणी, भूत, जीव और सत्वों ने जिस प्रकार कर्म किये हैं, उसी प्रकार वेदना नहीं वेदते हैं वे प्राणी, भूत, जीव और सत्व अनेवंभूत वेदना वेदते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कितने ही प्राणी **यावत्** सत्व एवम्भूत वेदना वेदते हैं और कितने ही प्राणी **यावत्** सत्व अनेवंभूत वेदना वेदते हैं।"

---

१. विया. स. ६, उ. १०, सु. ११

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं एवंभूयं वेयणं वेदेंति, अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! नेरइया णं एवंभूयं पि वेयणं वेदेंति, अणेवंभूयं पि वेयणं वेदेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
''नेरइयाणं एवंभूयं पि वेयणं वेदेंति, अणेवंभूयं पि वेयणं वेदेंति ?''

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया जहा कडा कम्मा तहा वेयणं वेदेंति, ते णं नेरइया एवंभूयं वेयणं वेदेंति।
जे णं नेरइया जहा कडा कम्मा णो तहा वेयणं वेदेंति, ते णं नेरइया अणेवंभूयं वेयणं वेदेंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'नेरइया णं एवंभूयं पि वेयणं वेदेंति, अणेवंभूयं पि वेयणं वेदेंति।'
२-२४ एवं जाव **वेमाणिया संसारमंडलं नेयव्वं।**

–विया. स. ५, उ. ५, सु. २-४

७. एगिंदिएसु वेदणाणुभव परूवणं–

प. पुढविकाइए णं भंते ! अक्कंते समाणे केरिसियं वेयणं पच्चणुभवमाणे विहरइ ?

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे बलवं **जाव** निउणसिप्पोवगए एगं पुरिसं जुण्णं जराजज्जरियदेहं **जाव** दुब्बलं किलंतं जमलपाणिणा मुद्धाणंसि अभिहणिज्जा से णं गोयमा ! पुरिसे तेणं पुरिसेणं जमलपाणिणा मुद्धाणंसि अभिहए समाणे केरिसियं वेयणं पच्चणुभवमाणे विहरइ ?
अणिट्ठं समणाउसो !
तस्स णं गोयमा ! पुरिसस्स वेयणाहिंतो पुढविकाइए अक्कंते समाणे एत्तो अणिट्ठतरियं चेव **जाव** अमणामतरियं चेव वेयणं पच्चणुभवमाणे विहरइ।

प. आउक्काइए णं भंते ! संघट्टिए समाणे केरिसियं वेयणं पच्चणुभवमाणे विहरइ ?

उ. गोयमा ! **जहा पुढविकाइए एवं चेव।**
एवं तेउ-वाउ-वणस्सइकाइए वि जाव **विहरइ।**

–विया. स. १९, उ. ३, सु. ३३-३७

८. नेरइएसु दसविहवेयणा–

नेरइया दसविहं वेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति, तंजहा–
१. सीयं, २. उसिणं, ३. खुहं, ४. पिवासं, ५. कंडुं, ६. परज्झं, ७. जरं, ८. दाहं, ९. भयं, १०. सोगं।[1]

–विया. स. ७, उ. ८, सु. ७

९. नेरइएसु उसिण-सीय वेयणा परूवणं–

प. उसिणवेयणिज्जेसु णं भंते ! णेरइएसु णेरइया केरिसयं उसिणवेयणं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ?

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक एवम्भूत वेदना वेदते हैं या अनेवम्भूत वेदना वेदते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक एवम्भूत वेदना भी वेदते हैं और अनेवम्भूत वेदना भी वेदते हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'नैरयिक एवम्भूत वेदना भी वेदते हैं और अनेवम्भूत वेदना भी वेदते हैं ?'

उ. गौतम ! जो नैरयिक अपने किये हुए कर्मों के अनुसार वेदना वेदते हैं वे नैरयिक एवम्भूत वेदना वेदते हैं,
जो नैरयिक अपने किये हुए कर्मों के अनुसार वेदना नहीं वेदते हैं वे नैरयिक अनेवम्भूत वेदना वेदते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
''नैरयिक एवम्भूत वेदना भी वेदते हैं और अनेवम्भूत वेदना भी वेदते हैं।''
दं. २-२४ वैमानिकों पर्यन्त समस्त संसारी जीवों के लिए भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

७. एकेन्द्रिय जीवों में वेदनानुभव का प्ररूपण–

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव को आक्रांत करने (दबाने) पर वह कैसी वेदना (पीड़ा) का अनुभव करता है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई तरुण बलिष्ठ **यावत्** शिल्प में निपुण पुरुष किसी वृद्धावस्था से जीर्ण जरा जर्जरित देह वाले **यावत्** दुर्बल क्लान्त पुरुष के सिर पर मुष्टि से प्रहार करें तो गौतम ! वह पुरुष उस पुरुष के द्वारा दोनों हाथों से मस्तक पर ताडित किये जाने पर कैसी वेदना का अनुभव करता है ?

हे भंते ! वह वृद्ध अनिष्ट वेदना का अनुभव करता है।
इसी प्रकार हे गौतम ! उस वृद्धपुरुष की वेदना की अपेक्षा पृथ्वीकायिक जीव आक्रान्त किये जाने पर अनिष्टतर **यावत्** अमनामतर पीड़ा का अनुभव करता है।

प्र. भंते ! अप्कायिक जीव संघर्षण किये जाने पर कैसी वेदना का अनुभव करता है ?

उ. गौतम ! **पृथ्वीकायिक जीवों के समान कहना चाहिए।**
इसी प्रकार तेजस्कायिक वायुकायिक और वनस्पतिकायिक भी यावत् **पीड़ा का अनुभव करते हैं ऐसा कहना चाहिए।**

८. नैरयिकों में दस प्रकार की वेदनाएँ–

नैरयिक दस प्रकार की वेदना का अनुभव करते हैं, यथा–
१. शीत, २. उष्ण, ३. क्षुधा (भूख), ४. पिपासा (प्यास), ५. कंडु (खुजली), ६. पराधीनता, ७. ज्वर, ८. दाह (जलन), ९. भय, १०. शोक।

९. नैरयिकों की उष्ण-शीत वेदना का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! (१) उष्णवेदना वाले नरकों में नारक किस प्रकार की उष्णवेदना का अनुभव करते हैं ?

---

१. ठाणं अ. १०, सु. ७५३ (दाह के स्थान पर व्याधि शब्द का प्रयोग है।) और ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३४२ में व्याधि के चार प्रकार बताये हैं, चउव्विहे वाही पण्णत्ते, तंजहा– १. वाइए, २. पित्तिए, ३. सिंभिए, ४. सण्णिवाइए।

उ. गोयमा ! (१) से जहानामए कम्मारदारए सिया तरुणे बलवं जुगवं अप्पायंके थिरग्गहत्थे दढपाणिपादपास पिट्ठंतरोरू परिणए, लंघण-पवण-जवण-वग्गण-पमद्दणसमत्थे तलजमलजुयल बाहू, घणणिचियवलियवट्टखंधे, चम्मेट्ठगदुहणमुट्ठय-समाहयणिचियत्तगत्ते उरस्सबल समण्णागए छेए दक्खे पट्ठे कुसले णिउणे मेहावी णिउणसिप्पोवणए एगं महं अयपिंड उदगवारसमाणं गहाय तं ताविय-ताविय-कोट्टिय कोट्टिय उब्भिंदिय उब्भिंदिय चुण्णिय **जाव** एगाहं वा दुयाहं वा तियाहं वा उक्कोसेणं अद्धमासं संहणेज्जा, से णं तं सीयं सीई भूयं अओमएणं संदंसएणं गहाय असब्भावपट्ठवणाए उसिणवेयणिज्जेसु णरएसु पक्खिवेज्जा, से णं तं उम्मिसिय णिमिसियंतरेण पुणरवि पच्चुद्धरिस्सामित्ति कट्टु पविरायमेव पासेज्जा, पविलीणमेव पासेज्जा, पविद्धत्थमेव पासेज्जा, णो चेव णं संचाएइ अविरायं वा अविलीणं वा, अविद्धत्थं वा, पुणरवि पच्चुद्धरित्तए।

(२) से जहा वा मत्तमातंगे दिवे कुंजरे सट्ठिहायणे पढमसरयकालसमयंसि वा चरमनिदाघ कालसमयंसि वा उण्हाभिहए तण्हाभिहए दवग्गिजालाभिहए आउरे सुसिए पिवासिए दुब्बले किलंते एक्कं महं पुक्खरिणिं पासेज्जा, चाउक्कोणं समतीरं अणुपुव्वसुजायवप्प गंभीरसीयलजलं संछण्णपत्तभिसमुणालं, बहुउप्पलकुमुदणलिण सुभग सोगंधिय पुंडरीय महपुंडरीय सयपत्त-सहस्सपत्त केसर फुल्लोवचियं, छप्पयपरिभुज्जमाणकमलं, अच्छविमलसलिलपुण्णं परिहत्थभमंत, मच्छ कच्छभं अणेगसउणिगणमिहुण य विरइय सद्दुन्नइय महुरसरनाइयं तं पासइ तं पासित्ता तं ओगाहइ, तं ओगाहित्ता से णं तत्थ उण्हंपि पविणेज्जा, तिण्हंपि पविणेज्जा, खुहं पि पविणेज्जा, जरं पि पविणेज्जा, दाहं पि पविणेज्जा, णिद्दाएज्ज वा पयलाएज्ज वा, सइं वा, रइं वा, धिइं वा, मतिं वा उवलंभेज्जा, सीए सीयभूए संकममाणे-संकममाणे सायासोक्खबहुले या वि विहरेज्जा,

एवामेव गोयमा ! असब्भावपट्ठवणाए उसिणवेयणिज्जे-हिंतो णरएहिंतो णेरइए उव्वट्टिए समाणे जाइं इमाइं मणुस्सलोयंसि भवंति, गोलियालिंछाणि वा,

उ. गौतम ! (१) जैसे कोई लुहार का लड़का जो तरुण, बलवान्, युगवान् और रोग रहित हो, जिसके दोनों हाथों का अग्रभाग स्थिर हों, हाथ, पांव, पसलियां, पीठ और जंघाए सुदृढ़ और मजबूत हों, जो लांघने, कूदने, तीव्र गति से चलने, फांदने और कठिन वस्तु को चूर-चूर करने में समर्थ हो, जो सहोत्पन्न दो ताल वृक्ष जैसे सरल लंबे पुष्ट बाहु वाला हो, घन के समान पुष्ट वलयाकार गोल जिसके कंधे हो, जिसके अंग-अंग चमड़े की बेंत मुद्गर तथा मुट्ठियों के आघात से पुष्ट बने हुए हो, जो आन्तरिक उत्साह से युक्त हो, जो अपने शिल्प में चतुर, दक्ष, निष्णात, कुशल, निपुण, बुद्धिमान और प्रवीण हो, वह एक पानी के घड़े के समान बड़े लोहे के पिण्ड को एक दिन, दो दिन, तीन दिन **यावत्** उत्कृष्ट पन्द्रह दिन तक तपा-तपाकर कूट-कूटकर चूर-चूर कर पुनः गोला बना कर ठंडा करे। फिर उस ठंडे हुए लोहे के गोले को लोहे की संडासी से पकड़कर असत् कल्पना से "मैं पलक झपकते जितने समय में फिर निकाल लूंगा" इस विचार से उष्ण वेदना वाले नारकों में रख दें। परन्तु वह क्षण भर में ही उसे बिखरता हुआ, मक्खन की तरह पिघलता हुआ और सर्वथा भस्मीभूत होते हुए देखता है। किन्तु वह अस्फुटित अगलित और अविध्वस्त रूप में पुनः निकाल लेने में समर्थ नहीं होता है।

अर्थात् वहां की भीषण उष्णता के कारण वह गोला अखंड नहीं रह पाता।

(२) जैसे–शरत् काल (आश्विन मास) के प्रारंभ में अथवा ग्रीष्मकाल (ज्येष्ठ मास) के अंत में कोई मदोन्मत्त क्रीड़ाप्रिय साठ वर्ष का हाथी गरमी से पीड़ित होकर तृषा से बाधित होकर, दावाग्नि की ज्वालाओं से झुलसता हुआ आकुल, भूखा प्यासा, दुर्बल और क्लान्त होकर एक बड़ी पुष्करिणी को देखता है, जिसके चार कोने हैं, जो समान किनारे वाली है, जो क्रमशः आगे-आगे गहरी है, जिसका जल अथाह और शीतल है जो कमलपत्र कंद और मृणाल से ढंकी हुई है, जो बहुत से विकसित और पराग युक्त उत्पल कुमुद नलिन, सुभग, सौगंधिक, पुण्डरीक, महापुण्डरीक, शतपत्र, सहस्रपत्र आदि विविध कमलों से युक्त है, भ्रमर जिसके कमलों का रसपान कर रहे हैं, जो स्वच्छ निर्मल जल से भरी हुई है, जिसमें बहुत से मच्छ और कछुए इधर उधर घूम रहे हैं, अनेक पक्षियों के जोड़ों के चहचहाने के कारण जो मधुर स्वर से शब्दायमान हो रही है, ऐसी पुष्करिणी को देखता है, देखकर उसमें प्रवेश करता है, प्रवेश करके अपनी गरमी को शान्त करता है, तृषा को दूर करता है, भूख को मिटाता है, तापजनित ज्वर को नष्ट करता है और दाह को उपशान्त करता है और निद्रा लेने लगता है आंखे मूंदने लगता है, उसकी स्मृति रति (सुखानुभूति) धृति (धैर्य) तथा मति-मानसिक स्वस्थता लौट आती है, इस प्रकार शीतल और शान्त होकर धीरे-धीरे वहां से निकलता हुआ अत्यन्त साता और सुख का अनुभव करता है।

इसी प्रकार हे गौतम ! असत्कल्पना से उष्णवेदनीय नरकों से निकलकर कोई नैरयिक जीव इस मनुष्यलोक में जो गुड़ पकाने की भट्टियां, शराब बनाने की भट्टियां, बकरी की

सेंडियालिंछाणि वा, भिंडियालिंछाणि वा, अयागराणि वा, तंबागराणि वा, तउयागराणि वा, सीसागराणि वा, रूप्पागराणि वा, सुवन्नागराणि वा, हिरण्णागराणि वा, कुंभारागणी वा, भुसागणी वा, इट्टयागणी वा, कवेल्लुयागणी वा, लोहारंबरीसेइ वा, जंतवाडचुल्ली वा, हंडियलित्थाणि वा, सोंडियलित्थाणि वा, णलागणीइ वा, तिलागणीइ वा, तुसागणीइ वा, तत्ताइं समज्जोई भूयाइं फुल्लाकिंसुय समाणाइं उक्कासहस्साइं विणिम्मुयमाणाइं जालासहस्साइं इंगालसहस्साइं पविक्खरमाणाइं अंतो-अंतो हुहुयमाणाइं चिट्ठंति, ताइं पासइ, ताइं पासित्ता ताइं ओगाहइ, ताइं ओगाहित्ता से णं तत्थ उण्हं पि पविणेज्जा, तण्हं पि पविणेज्जा, खुहं पि पविणेज्जा, जरंपि पविणेज्जा, दाहंपिपविणेज्जा, णिद्दाएज्जा वा, पयलाएज्जा वा, सइं वा, रइं वा, धिइं वा, महं वा, उवल-भेज्जा, सीए सीयभूयए संकममाणे-संकममाणे सायासोक्खबहुले या वि विहरेज्जा,

मिण्डियों से भरी भट्टियां, लोहा, तांबा, रांगा, सीसा, चांदी, सोना, हिरण्य को गलाने की भट्टियां, कुम्भकार के भट्टे की अग्नि, भूसे की अग्नि, ईंटें पकाने के भट्टे की अग्नि, केवलु पकाने की भट्टे की अग्नि, लोहार के भट्टी की अग्नि, इक्षुरस पकाने की भट्टे की अग्नि, बड़े-बड़े भाण्डों को पकाने के भट्टों की अग्नि, शराब के भांडों को पकाने के भट्टों की अग्नि, तृण (बांस) की अग्नि, तिल की अग्नि, तुष की अग्नि आदि जो अग्नि से तप्त स्थान है और तपकर अग्नि तुल्य हो गये हैं जिनसे फूले हुए पलास के फूलों की तरह लाल-लाल हजारों चिनगारियां निकल रही हैं, हजारों ज्वालाएं निकल रही हैं, हजारों अंगारे बिखर रहे हैं और जो अत्यन्त जाज्वल्यमान है, ऐसे स्थानों को नारक जीव देखता है और देखकर उनमें प्रवेश करता है और प्रवेश करके वह अपनी उष्णता, तृषा, क्षुधा, ज्वर और दाह को दूर कर वहां नींद भी लेता है, आंखें भी मूंदता है, स्मृति रति, धृति और चित्त की स्वस्थता प्राप्त करता है, इस प्रकार शीतल और शान्त होकर धीरे-धीरे वहां से निकलता हुआ अत्यन्त साता और सुख का अनुभव करता है।

प. भवेयारूवे सिया ?

प्र. क्या नारकों की ऐसी उष्णवेदना है ?

उ. णो इणट्ठे समट्ठे, गोयमा ! उसिणवेयणिज्जेसु णेरइएसु नेरइया एत्तो अणिट्ठतरियं चेव उसिणवेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

उ. गौतम ! यह बात नहीं है, उष्ण वेदना वाले नरकों में नैरयिक इससे भी अधिक अनिष्टतर उष्णवेदना का अनुभव करते हैं।

प. सीयवेयणिज्जेसु णं भंते ! णरएसु णेरइया केरिसियं सीयवेयणं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ?

प्र. भन्ते ! शीतवेदना वाले नरकों में नैरयिक जीव कैसी शीतवेदना का अनुभव करते हैं ?

उ. गोयमा ! से जहानामए कम्मारदारए सिया तरुणे जुगवं बलवं **जाव** सिप्पोवगए एगं महं अयपिंडं दगवारसमाणे गहाय ताविय कोट्ठिय-कोट्ठिय जहन्नेणं एगाहं वा, दुआहं वा, तियाहं वा, उक्कोसेणं मासं हणेज्जा, से णं तं उसिणं उसिणभूयं अयोमएणं संदंसएणं गहाय असब्भावपट्ठवणाए सीयवेयणिज्जेसु णरएसु पविक्खवेज्जा, से तं उम्मिसिय निमिसियंतेरणं पुणरवि पच्चुद्धरिस्सामित्तिकट्टु पविरायमेव पासेज्जा, पविलीणमेव पासेज्जा, पविद्धत्थमेव पासेज्जा, णो चेव णं संचाएइ अविरायं वा, अविलीणं वा, अविद्धत्थं वा, पुणरवि पच्चुद्धरित्तए।

उ. गौतम ! जैसे कोई लुहार का लड़का जो तरुण, युगवान्, बलवान् **यावत्** शिल्प में निपुण हो, वह पानी के एक घड़े के बराबर एक बड़े लोहे के पिण्ड को पानी लेकर उसे तपा-तपा कर कूट-कूट कर जघन्य एक दिन, दो दिन, तीन दिन, उत्कृष्ट एक मास पर्यन्त पूर्ववत् सब क्रियाएं करता रहे तथा उस उष्ण और अति उष्ण गोले को लोहे की संडासी से पकड़ कर असत् कल्पना से "मैं पलक झपकते जितने समय में निकाल लूंगा" इस विचार से शीतवेदना वाले नरकों में डाले किन्तु वह पल भर बाद गलता हुआ देखता है, नष्ट होता हुआ देखता है, ध्वस्त होता हुआ देखता है वह उसे अस्फुटित पूर्ववत् अगलित अध्वस्त निकालने में समर्थ नहीं होता है।

से णं से जहाणामए मत्तमायंगे तहेव जाव सोक्खबहुले या वि विहरेज्जा।

मस्त हाथी के समान उसी प्रकार यावत् सुखशान्ति से विचरता है।

एवामेव गोयमा ! असब्भावपट्ठवणाए सीयवेदणेहिंतो णरएहिंतो नेरइए उव्वट्टिए समाणे जाइं इमाइं इहं माणुसलोए हवंति, तंजहा–

इसी प्रकार हे गौतम ! असत् कल्पना से शीतवेदना वाले नारकों से निकला हुआ नैरयिक इस मनुष्यलोक में शीतप्रधान जो स्थान है, यथा–

हिमाणि वा, हिमपुंजाणि वा, हिमपउलाणि वा, हिमपउलपुंजाणि वा, तुसाराणि वा, तुसारपुंजाणि वा, हिमकुंडाणि वा, हिमकुंडपुंजाणि वा, सीयाणि वा, ताइं पासइ पासित्ता ताइं ओगाइइ ओगाहित्ता से णं तत्थ सीयंपि पविणेज्जा, तण्हंपि पविणेज्जा, खुहंपि पविणेज्जा, जरंपि पविणेज्जा, दाहं पि पविणेज्जा, निद्दाएज्ज वा पयलाएज्ज वा **जाव** उसिणे उसिणभूए संकसमाणे-संकसमाणे सायासोक्खबहुले या वि विहरेज्जा।

हिम, हिमपुंज, हिम पटल, हिम पटल के पुंज, तुषार, तुषार के पुंज, हिमकुण्ड, हिमकुण्ड के पुंज आदि को देखता है, देखकर उनमें प्रवेश करता है, प्रवेश करके वह अपनी शीतलता, तृषा, भूख, ज्वर, दाह को मिटा कर वहां नींद भी लेता है, आंखें भी बंद कर लेता है **यावत्** उष्ण होकर अति उष्ण होकर वहां से धीरे-धीरे निकलता हुआ अत्यन्त साता और सुख का अनुभव करता है।

गोयमा ! सीयवेयणिज्जेसु नरएसु नेरइया एत्तो अणिट्ठतरियं चेव सीयवेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

–जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. ८९ (५)

१०. नेरइएसु खुहप्पिवासा वेयणा परूवणं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसयं खुहप्पिवासं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ?

उ. गोयमा ! एगमेगस्स णं रयणप्पभापुढविनेरइयस्स असब्भावपट्ठवणाए सव्वोदही वा, सव्वपोग्गले वा आसगंसि पक्खिवेज्जा णो चेव णं से रयणप्पभाए पुढवीए नेरइए तित्ते वा सिया वितण्हे वा सिया,

एरिसया णं गोयमा ! रयणप्पभाए नेरइया खुहप्पिवासं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति।

एवं जाव अहेसत्तमाए। *–जीवा. पडि. ३, सु. ८८*

११. णेरइयेसु णरयपालेहिं कड वेयणाणं परूवणं–

हण छिंदह भिंदह णं दहेह,
सद्दे सुणेत्ता परमधम्मियाणं।
ते नारगा ऊ भयभिन्नसण्णा,
कंखंति कं नामं दिसं वयामो ॥
इंगालरासिं जलियं सजोइं,
तओवमं भूमिं अणोक्कमंता।
ते डज्झमाणा कलुणं थणंति,
अरहस्सरा तत्थ चिरट्ठिईया॥
जइ ते सुयावेयरणीऽभिदुग्गा,
निसोओ जहाखुर इव तिक्खसोया।
तरंति ते वेयरणिं भिदुग्गं,
उसुचोइया सत्तिसु हम्ममाणा॥

कीलेहिं विज्झंति असाहुकम्मा,
नावं उवंते सइविप्पहूणा।
अन्नेत्थ सूलाहिं तिसूलियाहिं,
दीहाहिं विद्धूण अहे करेंति ॥
केसिं च बंधित्तु गले सिलाओ,
उदगंसि बोलेंति महालयंसि।
कलंबुयावालुय मुम्मुरे य,
लोलंति पच्चंति या तत्थ अन्ने ॥
असूरियं नाम महब्भितावं,
अंधंतमं दुप्पयरं महंतं।
उड्ढं अहे य तिरियं दिसासु,
समाहियो जत्थऽगणी झियाइ ॥
जंसि गुहाए जलणेऽतियट्टे,
अजाणओ डज्झइ लुत्तपण्णे।
सया य कलुणं पुणऽधम्मठाणं,
गाढोवणीयं अतिदुक्खधम्मं॥

हे गौतम ! शीतवेदनीय वाले नरकों में नैरयिक इससे भी अधिक अनिष्टतर शीतवेदना का अनुभव करते हैं।

१०. नैरयिकों की भूख प्यास की वेदना का प्ररूपण–

प्र. भंते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक भूख और प्यास की कैसी वेदना का अनुभव करते हैं ?

उ. गौतम ! असत्कल्पना से यदि किसी रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक के मुख में सब समुद्रों का जल तथा सब खाद्य पुद्गल डाल दिए जाय तो भी उस रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक की भूख तृप्त नहीं हो सकती है और प्यास भी शान्त नहीं हो सकती है।

हे गौतम ! रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक ऐसी तीव्र भूख प्यास की वेदना का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम (नरक) पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

११. नैरयिकों को नरकपालों द्वारा दत वेदनाओं का प्ररूपण–

नरक में उत्पन्न वे प्राणी मारो, काटो, छेदन करो, भेदन करो, जलाओ, इस प्रकार के परमाधार्मिक देवों के शब्दों को सुनकर भय से संज्ञाहीन हुए वह नारक यह चाहते हैं कि–'हम किसी दिशा में भाग जाएं।'

जलती हुई और जाज्वल्यमान अंगारों की राशि के समान अत्यन्त गर्म नरक भूमि पर चलते हुए वे नैरयिक जलने पर करुण रुदन करते हैं, जो निरन्तर सुनाई पड़ती है, ऐसे घोर नरकस्थान में वे चिरकाल तक निवास करते हैं।

तेज उस्तरे की तरह तीक्ष्ण धार वाली अतिदुर्गम वैतरणी नदी का नाम तो तुमने सुना होगा अतिदुर्गम उस वैतरणी नदी को बाण मारकर प्रेरित किये हुए और भाले से बींधकर चलाये हुए वे नैरयिक पार करते हैं।

नौका की ओर आते हुए उन नैरयिकों को वे परमाधार्मिक कीलों से बींध देते हैं इससे वे स्मृति विहीन होकर किंकर्तव्य विमूढ़ हो जाते हैं, तब अन्य नरकपाल उन्हें लम्बे-लम्बे शूलों और त्रिशूलों से बींधकर नीचे पटक देते हैं।

किन्हीं नारकों के गले में शिलाएं बांधकर अगाध जल में डुबोते हैं और दूसरे उन्हें अत्यन्त तपी हुई कलम्बपुष्प के समान लाल सुर्ख रेत में और मुर्मुराग्नि में इधर उधर घसीटते हैं और भूंजते हैं।

असूर्य नारक नरक महाताप से युक्त घोर अन्धकार से पूर्ण दुष्प्रतर और विशाल है जिसमें ऊपर नीची एवं तिरछी सर्व दिशाओं में प्रज्वलित आग निरन्तर जलती रहती है।

जिनकी जलती हुई गुफाओं में धकेला हुआ नैरयिक अपनी दुष्प्रवृत्तियों को नहीं जानता हुआ बेभान होकर जलता रहता है। जो सदैव करुणा पूर्ण और अधर्म का स्थान है तथा पापी जीवों को अनिवार्य रूप से मिलता है और उसका स्वभाव भी अत्यन्त दुःख देना है।

चत्तारि अगणीओ समारभित्ता,
जहिं कूरकम्माऽभितवेंति बालं।
ते तत्थ चिट्ठंतऽभितप्पमाणा,
मच्छा व जीवंतुवजोइपत्ता॥
संतच्छणं नाम महब्भितावं,
ते नारया जत्थ असाहुकम्मा।
हत्थेहिं पाएहि य बंधिउणं,
फलगं व तच्छंति कुहाडहत्था॥
रुहिरे पुणो वच्चसमूसियंगे,
भिन्नुत्तमंगे परियत्तयंता।
पयंति णं णेरइए फुरंते,
सजीवमच्छे व अओकवल्ले॥
णो चेव ते तत्थ मसीभवंति,
ण भिज्जई तिव्वभिवेयणाए।
तमाणुभागं अणुवेदयंता,
दुक्खंति दुक्खी इह दुक्कडेणं॥
तहिं च ते लोलणसंपगाढे,
गाढं सुतत्तं अगणिं वयंति।
न तत्थ.सायं लभतीऽभिदुग्गे,
अरहियाभितावा तहवी तवेंति॥

से सुव्वई नगरवहे व सद्दे,
दुहोवणीयाण पयाण तत्थ।
उदिण्णकम्माण उदिण्णकम्मा,
पुणो-पुणो ते सरहं दुहेंति॥
पाणेहि णं पाव वियोजयंति,
तं भे पवक्खामि जहातहेणं।
दंडेहिं तत्था सरयंति बाला,
सव्वेहिं दंडेहिं पुराकएहिं॥
ते हम्ममाणा णरए पडंति,
पुण्णे दुरूवस्स महब्भितावे।
ते तत्थ चिट्ठंति दुरूवभक्खी,
तुट्टंति कम्मोवगया किमीहिं॥

सया कसिणं पुणं घम्मठाणं,
गाढोवणीयं अतिदुक्खधम्मं।
अंदूसु पक्खिप्प विहत्तु देहं,
वेहेण सीसं सेऽभितावयंति॥

छिदंति बालस्स खुरेण नक्कं,
उट्ठे वि छिंदंति दुवे वि कण्णे।
जिब्भं विणिक्कस्स विहत्थिमेत्तं,
तिक्खाहिं सूलाहिं तिवातयंति॥
ते तिप्पमाणा तलसंपुडव्व,
राइंदियं जत्थ थणंति बाला।

जिस नरकभूमि में क्रूरकर्म करने वाले असुर चारों ओर अग्नियां जलाकर मूढ़ नारकों को तपाते हैं और वे नारकी जीव आग में डाली हुए मछलियों की तरह तड़फड़ाते हुए उसी जगह रहते हैं।

(वहां) संतक्षण नामक एक महान् ताप देने वाला नरक है जहां बुरे कर्म करने वाले नरकपाल हाथों में कुल्हाड़ी लेकर उन नैरयिकों के हाथों और पैरों को बांधकर लकड़ी के तख्ते की तरह छीलते हैं।

फिर रक्त से लिप्त जिनके शरीर के अंग सूज गये हैं तथा जिनका सिर चूर-चूर कर दिया गया है और जो पीड़ा के मारे छटपटा रहे हैं ऐसे नारकी जीवों को परमाधार्मिक असुर उलट पुलट करते हुए जीवित मछली की तरह लोहे की कड़ाही में डालकर पकाते हैं।

वे उस नरक की आग में जलकर भस्म नहीं होते और न वहां की तीव्र वेदना से मरते हैं किन्तु उसके अनुभव का वेदन करते हुए इसलोक में किये हुए दुष्कृत (पाप) के कारण वे दुःखी होकर वहां दुःख का अनुभव करते हैं।

उन नारकी जीवों के आवागमन से पूरी तरह व्याप्त हो उस नरक में तीव्ररूप से अच्छी तरह तपी हुई अग्नि के पास जब वे नारक जाते हैं, तब उस अतिदुर्गम अग्नि में वे सुख नहीं प्राप्त करते और तीव्र ताप से रहित नहीं होने पर भी नरकपाल उन्हें और अधिक तपाते हैं।

उस नरक में नगरवध के समय होने वाले कोलाहल के समान और दुःख से भरे करुणाजनक शब्द सुनाई पड़ते हैं तो भी जिनके मिथ्यात्वादि कर्म उदय में आए हैं, वे नरकपाल उदय में आये हुए पापकर्म वाले नैरयिकों को बड़े उत्साह के साथ बार-बार दुःख देते हैं।

पापी नरकपाल नारकी जीवों के इन्द्रियादि प्राणों को काट-काट कर अलग कर देते हैं, उसका मैं यथार्थ रूप से वर्णन करता हूँ। अज्ञानी नरकपाल नारकी जीवों को दण्ड देकर उन्हें उनके पूर्वकृत सभी पापों का स्मरण कराते हैं।

नरकपालों द्वारा मारे जाते हुए वे नैरयिक पुनः महासन्ताप देने वाले (विष्ठा और मूत्र आदि) बीभत्स रूपों से पूर्ण नरक में गिरते हैं। वे वहां (विष्ठा, मूत्र आदि) घिनौने पदार्थों का भक्षण करते हुए चिरकाल तक कर्मों के वशीभूत होकर कृमियों (कीड़ों) के द्वारा काटे जाते हुए रहते हैं।

नारकी जीवों के रहने का सारा स्थान सदा गर्म रहता है और वह स्थान उन्हें गाढ बंधन से बद्ध कर्मों के कारण प्राप्त होता है तथा अत्यन्त दुःख देना ही उस स्थान का स्वभाव है। नरकपाल नारकी जीवों के शरीर को बेड़ी आदि में डालकर उनके शरीर को तोड़-मरोड़ कर उनके मस्तक में छिद्र करके उन्हें सन्ताप देते हैं।

वे नरकपाल अविवेकी नारकी जीव की नासिका को उस्तरे से काट डालते हैं, उनके ओठ और दोनों कान भी काट लेते हैं और जीभ को एक बित्ताभर बाहर खींचकर उसमें तीखे शूल भोंककर उन्हें सन्ताप देते हैं।

उन नैरयिकों के कटे हुए अंगों से सतत खून टपकता रहता है जिसकी पीड़ा से वे विवेकमूढ़ सूखे हुए ताल के पत्तों के समान

गलंति ते सोणियपूयमंसं,
पज्जोइया खारपइद्धितंगा॥

जइ ते सुया लोहितपूयपाई,
बालागणीतेयगुणा परेणं।
कुंभी महंताहियपोरसीया,
समूसिया लोहियपूयपुण्णा॥
पक्खिप्प तासुं पचयंति बाले,
अट्टस्सरं ते कलुणं रसंते।
तण्हाइया ते तउ तंबतत्तं,
पज्जिज्जमाणऽट्टतरं रसंति॥
अप्पेण अप्पं इह वंचइत्ता,
भवाहमे पुव्वसए सहस्से।
चिट्ठंति तत्था बहुकूरकम्मा,
जहा कडे कम्मे तहा सि भारे॥
समज्जिणित्ता कलुसं अणज्जा,
इट्ठेहि कंतेहि य विप्पहूणा।
ते दुब्भिगंधे कसिणे य फासे,
कम्मोवगा कुणिमे आवसंति॥

–सूय. सू. १, अ. ५, उ. १, गा. ६-२७

रातदिन रोते चिल्लाते रहते हैं और उन्हें आग में जलाकर अंगों पर खार पदार्थ लगा दिये जाते हैं, जिससे उन अंगों से मवाद मांस और रक्त टपकते रहते हैं।

रक्त और मवाद को पकाने वाली, नवप्रज्वलित अग्नि के तेज से युक्त होने से अत्यन्त दुःख दुःसह ताप युक्त पुरुष के प्रमाण से भी अधिक प्रमाणवाली ऊँची बड़ी भारी एवं रक्त तथा मवाद से भरी हुई कुम्भी का कदाचित् तुमने नाम सुना होगा?

आर्त स्वर और करुण रुदन करते हुए अज्ञानी नारकों को नरकपाल उन (रक्त मवाद युक्त) कुम्भियों में डालकर पकाते हैं और प्यास से व्याकुल उनको गर्म सीसा और ताम्बा पिलाये जाने पर वे जोर जोर से चिल्लाते हैं।

इस मनुष्य भव में स्वयं ही स्वयं की वंचना करके तथा पूर्वकाल में सैकड़ों और हजारों अधम वधिक आदि नीच भवों को प्राप्त करके अनके क्रूरकर्मी जीव उस नरक में रहते हैं क्योंकि पूर्वजन्म में जिसने जैसा कर्म किया है, उसी के अनुसार उस को फल प्राप्त होता है।

अनार्य पुरुष पापों का उपार्जन करके इष्ट और कान्त विषयों से वंचित होकर कर्मों के वशीभूत होकर दुर्गन्धयुक्त अशुभ स्पर्श वाले तथा मांस आदि से व्याप्त और पूर्णरूप से कृष्ण वर्णवाले नरकों में आयु पूर्ण होने तक निवास करते हैं।

१२. असण्णीणं अकामनिकरण वेयणा परूवणं–

प. जे इमे भंते ! असण्णिणो पाणा, तं जहा–
पुढविकाइया **जाव** वणस्सइकाइया छट्ठा य एगइया तसा,
एए णं अंधा मूढा तमं पविट्ठा तमपडल-मोहजालपलिच्छन्ना अकामनिकरणं वेयणं वेदेंतीति वत्तव्वयं सिया?

उ. हंता, गोयमा ! जे इमे असण्णिणो पाणा **जाव** अकामनिकरणं वेयणं वेदेंतीति वत्तव्वं सिया।

–विया. स. ७, उ. ७, सु. २४

१२. असंज्ञी जीवों के अकामनिकरण वेदना का प्ररूपण–

प. भंते ! जो ये असंज्ञी (मनरहित) प्राणी हैं, यथा–
पृथ्वीकायिक **यावत्** वनस्पतिकायिक (स्थावर) तथा छठे कई त्रसकायिक जीव हैं,
जो अन्ध मूढ अन्धकार में प्रविष्ट तमःपटल और मोहजाल से आच्छादित हैं, वे अकाम निकरण (अज्ञान रूप में) वेदना वेदते हैं, क्या ऐसा कहा जा सकता है?

उ. हाँ, गौतम ! जो ये असंज्ञी आदि प्राणी हैं **यावत्** वे अकामनिकरण वेदना वेदते हैं, ऐसा कहा जाता है।

१३. पभूणाअकामपकामनिकरणवेयण वेयणं–

प. अत्थि णं भंते ! पभू वि अकामनिकरणं वेयणं वेदेंति?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! पभू वि अकामनिकरणं वेयणं वेदेंति?

उ. गोयमा ! १. जे णं नो पभू विणा पईवेणं अंधकारंसि रूवाइं पासित्तए,
२. जे णं नो पभू पुरओ रूवाइं अणिज्झाइत्ताणं पासित्तए,
३. जे णं नो पभू मग्गओ रूवाइं अणव यक्खित्ताणं पासित्तए,
४. जे णं नो पभू सासओ रूवाइं अणवलोएत्ताणं पासित्तए,
५. जे णं नो पभू उड्ढं रूवाइं अणालोएत्ताणं पासित्तए,

१३. समर्थ के द्वारा अकाम प्रकाम वेदना का वेदन–

प्र. भंते ! क्या समर्थ होते हुए भी जीव अकामनिकरण (अनिच्छापूर्वक) वेदना वेदते हैं?

उ. हाँ, गौतम ! वेदना वेदते हैं।

प्र. भंते ! समर्थ होते हुए भी जीव अकामनिकरण वेदना को कैसे वेदते हैं?

उ. गौतम ! १. जो जीव समर्थ होते हुए भी अन्धकार में दीपक के बिना पदार्थों को देखनें में समर्थ नहीं होते,
२. जो जीव अवलोकन किये बिना सम्मुख रहे हुए पदार्थों को देख नहीं सकते हैं,
३. जो जीव अवलोकन किये बिना पीछे के भाग को नहीं देख सकते हैं,
४. जो जीव अवलोकन किये बिना पार्श्वभाग के दोनों ओर के पदार्थों को नहीं देख सकते हैं,
५. जो जीव अवलोकन किये बिना ऊपर के पदार्थों को नहीं देख सकते हैं,

६. जे णं नो पभू अहेरूवाइं अणालोएत्ताणं पासित्तए,

एस णं गोयमा ! पभू वि अकामनिकरणं वेयणं वेदेंति।

प. अत्थि णं भंते ! पभू वि पकामनिकरणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! अत्थि।

प. कहं णं भंते ! पभू वि पकामनिकरणं वेयणं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! १. जे णं नो पभू समुद्दस्स पारं गमित्तए,

२. जे णं नो पभू समुद्दस्स पारगयाइं रूवाइं पासित्तए,

३. जे णं नो पभू देवलोगं गमित्तए,

४. जे णं नो पभू देवलोगगयाइं रूवाइं पासित्तए,

एस णं गोयमा ! पभू वि पकामनिकरणं वेयणं वेदेंति।

–विया. स. ७, उ. ७, सु. २५-२८

१४. विविहभावपरिणय जीवस्स एगभावाईरूवपरिणमनं–

प. एस णं भंते ! जीवे तीतमणंतं सासयं समयं दुक्खी, समयं अदुक्खी, समयं दुक्खी वा, अदुक्खी वा पुव्विं च णं करणेणं अणेगभावं अणेगभूयं परिणामं परिणमइ,

अह से वेयणिज्जे निज्जिण्णे भवइ तओ पच्छा एगभावे एगभूए सिया ?

उ. हंता, गोयमा ! एस णं जीवे **जाव** अह से वेयणिज्जे निज्जिण्णे भवइ, तओ पच्छा एगभावे एगभूए सिया।

एवं पडुप्पन्नं सासयं समयं।

एवं अणागयमणंतं सासयं समयं।

–विया. स. १४, उ. ४, सु. ५-७

१५. जीव-चउवीसदंडएसु सयंकड दुक्खवेयण परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! सयंकडं दुक्खं वेएइ ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइयं वेएइ, अत्थेगइयं नो वेएइ ?

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'अत्थेगइयं वेएइ, अत्थेगइयं नो वेएइ ?'

उ. गोयमा ! उदिण्णं वेएइ, अणुदिण्णं नो वेएइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
''अत्थेगइयं वेएइ, अत्थेगइयं नो वेएइ।''

दं. १-२४. एवं नेरइए जाव **वेमाणिए**।

प. जीवा णं भंते ! सयंकडं दुक्खं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइयं वेदेंति, अत्थेगइयं नो वेदेंति।

६. जो जीव अवलोकन किये बिना नीचे के पदार्थों को नहीं देख सकते हैं,

ऐसे जीव समर्थ होते हुए भी अकामनिकरण वेदना वेदते हैं।

प्र. भंते ! क्या समर्थ होते हुए भी जीव प्रकामनिकरण (तीव्र इच्छापूर्वक) वेदना को वेदते हैं ?

उ. हां, गौतम ! वेदते हैं।

प्र. भंते ! समर्थ होते हुए भी जीव प्रकामनिकरण वेदना को किस प्रकार वेदते हैं ?

उ. गौतम ! १. जो समुद्र के पार जाने में समर्थ नहीं है,

२. जो समुद्र के पार रहे हुए पदार्थों को देखने में समर्थ नहीं है,

३. जो देवलोक जाने में समर्थ नहीं है,

४. जो देवलोक में रहे हुए पदार्थों को देखने में समर्थ नहीं है,

गौतम ! ऐसे जीव समर्थ होते हुए भी प्रकामनिकरण वेदना को वेदते हैं।

१४. विविधभाव परिणत जीव का एकभावादिरूप परिणमन–

प्र. भंते ! क्या यह जीव अनन्त शाश्वत अतीत काल में समय-समय पर दुःखी-अदुःखी (सुखी) या दुःखी-अदुःखी अथवा पूर्व के करण (प्रयोगकरण और विस्रसाकरण) से अनेकभाव और अनेकरूप परिणाम से परिणमित हुआ ?

इसके बाद वेदन और निर्जरा होती है और उसके बाद कदाचित् एकभाव वाला और एक रूप वाला होता है ?

उ. हां, गौतम ! यह जीव **यावत्** वेदन और निर्जरा करके उसके बाद कदाचित् एक भाव और एक रूप वाला होता है।

इसी प्रकार शाश्वत वर्तमान काल के विषय में भी समझना चाहिए।

इसी प्रकार अनन्त शाश्वत भविष्यकाल के विषय में भी समझना चाहिए।

१५. जीव-चौबीस दंडकों में स्वयंकृत दुःख वेदन का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या जीव स्वयंकृत दुःख को वेदता है ?

उ. गौतम ! किसी दुःख को वेदता है और किसी को नहीं वेदता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'किसी को वेदता है और किसी को नहीं वेदता है ?'

उ. गौतम ! उदीर्ण (उदय में आए दुःख) को वेदता है, अनुदीर्ण को नहीं वेदता,

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
''किसी को वेदता है और किसी को नहीं वेदता है।''

दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या (बहुत-से) जीव स्वयंकृत दुःख को वेदते हैं ?

उ. गौतम ! किसी (दुःख) को वेदते हैं, और किसी (दुःख) को नहीं वेदते हैं।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइयं वेदेंति, अत्थेगइयं नो वेदेंति ?"
उ. गोयमा ! उदिण्णं वेदेंति, नो अणुदिण्णं वेदेंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइयं वेदेंति, अत्थेगइयं नो वेदेंति।"
दं. १-२४. एवं णेरइया जाव **वेमाणिया।**
–विया. स. १, उ. २, सु. २-३

१६. जीव-चउवीसदंडएसु अत्तकडदुक्खस्स वेयण परूवणं–

प. जीवा णं भंते ! किं अत्तकडे दुक्खे, परकडे दुक्खे, तदुभयकडे दुक्खे ?
उ. गोयमा ! अत्तकडे दुक्खे, नो परकडे दुक्खे, नो तदुभयकडे दुक्खे।
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**

प. जीवा णं भंते ! किं अत्तकडं दुक्खं वेदेंति, परकडं दुक्खं वेदेंति, तदुभयकडं दुक्खं वेदेंति ?
उ. गोयमा ! अत्तकडं दुक्खं वेदेंति, नो परकडं दुक्खं वेदेंति, नो तदुभयकडं दुक्खं वेदेंति।
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**

प. जीवाणं भंते ! किं अत्तकडा वेयणा, परकडा वेयणा, तदुभयकडा वेयणा ?
उ. गोयमा ! अत्तकडा वेयणा, णो परकडा वेयणा, णो तदुभयकडा वेयणा।
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**

प. जीवा णं भंते ! किं अत्तकडं वेयणं वेदेंति, परकडं वेयणं वेदेंति, तदुभयकडं वेयणं वेदेंति ?
उ. गोयमा ! जीवा अत्तकडं वेयणं वेदेंति, नो परकडं वेयणं वेदेंति, नो तदुभयकडं वेयणं वेदेंति।
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**
–विया. स. १७, उ. ४, सु. १३-२०

१७. सायासायस्स छव्विहत्त परूवणं–

छव्विहे साए पण्णत्ते, तं जहा–
१. सोइंदियसाए, २. चक्खिंदियसाए,
३. घाणिंदियसाए, ४. जिब्भिंदियसाए,
५. फासिंदियसाए, ६. णो इंदियसाए।
छव्विहे असाए पण्णत्ते, तं जहा–
१. सोइंदियअसाए **जाव** ६. नो इंदियअसाए।
–ठाणं. अ. ६, सु. ४८८

१८. सोक्खस्स दसविहत्त परूवणं–

दसविहे सोक्खे पण्णत्ते, तं जहा–
१. आरोग्ग,
२. दीहमाउं,

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"किसी को वेदते हैं और किसी को नहीं वेदते हैं ?"
उ. गौतम ! उदीर्ण को वेदते हैं, अनुदीर्ण को नहीं वेदते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"किसी को वेदते हैं और किसी को नहीं वेदते हैं।"
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

१६. जीव-चौबीस दंडकों में आत्मकृत दुःख के वेदन का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जीवों का दुःख आत्मकृत (स्वकर्म उपार्जित) है, परकृत (परप्रदत्त) है या उभयकृत है ?
उ. गौतम ! (जीवों का) दुःख आत्मकृत है, किन्तु परकृत और उभयकृत नहीं है।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! जीव आत्मकृत दुःख वेदते हैं, परकृत दुःख वेदते हैं या उभयकृत दुःख वेदते हैं ?
उ. गौतम ! जीव आत्मकृत दुःख वेदते हैं किन्तु परकृत दुःख और उभयकृत दुःख नहीं वेदते हैं।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! जीवों को आत्मकृत वेदना होती है, परकृत वेदना होती है या उभयकृत वेदना होती है ?
उ. गौतम ! जीवों की वेदना आत्मकृत है किन्तु परकृत और उभयकृत वेदना नहीं है।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! जीव आत्मकृत वेदना वेदते हैं, परकृत वेदना वेदते हैं या उभयकृत वेदना वेदते हैं ?
उ. गौतम ! जीव आत्मकृत वेदना वेदते हैं किन्तु परकृत और उभयकृत वेदना नहीं वेदते हैं।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

१७. साता-असाता के छः-छः भेदों का प्ररूपण–

सुख के छह प्रकार कहे गये हैं, यथा–
१. श्रोत्रेन्द्रिय सुख, २. चक्षुरिन्द्रिय सुख,
३. घ्राणेन्द्रिय सुख, ४. जिह्वेन्द्रिय सुख,
५. स्पर्शनेन्द्रिय सुख, ६. नो-इन्द्रिय सुख।
असुख के भी छह प्रकार कहे गये हैं, यथा–
१. श्रोत्रेन्द्रिय असुख **यावत्** ६ नो-इन्द्रिय असुख।

१८. सुख के दस प्रकारों का प्ररूपण–

सुख के दस प्रकार कहे गये हैं, यथा–
१. आरोग्य,
२. दीर्घआयुष्य,

३. अड्ढेज्जं,
४. काम,
५. भोग,
६. संतोसो।
७. अत्थि,
८. सुहभोग,
९. णिक्खम्ममेमेवत्ती,
१०. अणाबाहे। –ठाणं. अ. १०, सु. ७३७

३. आढ्यता-धन की प्रचुरता,
४. काम–शब्द और रूप,
५. भोग–गंध, रस और स्पर्श,
६. सन्तोष–अल्पइच्छा,
७. अस्ति–कार्य की पूर्ति हो जाना,
८. शुभभोग–सुखानुभव,
९. निष्क्रमण-प्रवज्या,
१०. अनाबाध–निराबाध मोक्ष सुख।

१९. वेमायाए सुक्खदुक्खवेयण परूवणं–

१९. विमात्रा से सुख-दुःख वेदना का प्ररूपण–

प. अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति–

"एवं खलु सव्वे पाणा, सव्वे भूया, सव्वे जीवा, सव्वे सत्ता एगंतदुक्खं वेयणं वेदेंति"
से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति, सव्वे पाणा सव्वे भूया, सव्वे जीवा, सव्वे सत्ता, एगंत दुक्खं वेयणं वेदेंति मिच्छं ते एवमाहंसु।
अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** परूवेमि–

अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता एगंतदुक्खं वेयणं वेदेंति, आहच्च सायं।
अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता एगंतसायं वेयणं वेदेंति, आहच्च असायं।
अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता वेमायाए वेयणं वेदेंति, आहच्च सायमसायं।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'**जाव** अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता वेमायाए वेयणं वेदेंति, आहच्च सायमसायं।

उ. गोयमा ! नेरइया एगंतदुक्खं वेयणं वेदेंति, आहच्च सायं।

भवणवइ-वाणमंतर-जोइस वेमाणिया एगंतसायं वेयणं वेदेंति, आहच्च असायं।

पुढविक्काइया **जाव** मणुस्सा वेमायाए वेयणं वेदेंति, आहच्च सायमसायं।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"**जाव** अत्थेगइया पाणा भूया जीवा सत्ता वेमायाए वेयणं वेदेंति आहच्च सायमसायं।" –विया. स. ६, उ. १०, सु. ११

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–
"सभी प्राण, भूत, जीव और सत्व एकान्तदुःख रूप वेदना को वेदते हैं" तो–
भंते ! ऐसा कैसे हो सकता है ?

उ. गौतम ! अन्यतीर्थिक जो यह कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–सभी प्राण, भूत, जीव और सत्व एकान्त दुःख रूप वेदना को वेदते हैं वे मिथ्या कहते हैं।
हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि–
'कितने ही प्राण, भूत, जीव और सत्व एकान्तदुःखरूप वेदना को वेदते हैं और कदाचित् सुख रूप वेदना को भी वेदते हैं,
कितने ही प्राण, भूत जीव और सत्व एकान्त सुख रूप वेदना को वेदते हैं और कदाचित् दुःख रूप वेदना को भी वेदते हैं,
कितने ही प्राण, भूत, जीव और सत्व विमात्रा से वेदना को वेदते हैं, कदाचित् सुख-दुःख रूप वेदना भी वेदते हैं।

प. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि
'**यावत्** कितने ही प्राण, भूत, जीव और सत्व विमात्रा से वेदना को वेदते हैं और कदाचित् सुख-दुःख रूप वेदना भी वेदते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक जीव, एकान्त दुःखरूप वेदना को वेदते हैं और कदाचित् सुख रूप वेदना भी वेदते हैं।
भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक एकान्त सुख रूप वेदना को वेदते हैं और कदाचित् दुःख की वेदना को भी वेदते हैं।
पृथ्वीकायिक जीव **यावत्** मनुष्य विमात्रा से वेदना को वेदते हैं कदाचित् सुख और कदाचित् दुःख रूप वेदना भी वेदते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"**यावत्** कितने ही प्राण, भूत, जीव और सत्व विमात्रा से वेदना को वेदते हैं और कदाचित् सुख-दुःख रूप वेदना भी वेदते हैं।"

२०. सव्वलोएसु सव्वजीवाणं सुह दुक्खं अणुमेत्त वि उवदंसित्तए असामत्थ परूवणं–

२०. सर्व जीवों के सुख दुःख को अणुमात्र भी दिखाने में असामर्थ्य का प्ररूपण–

प. अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति-
'जावइया रायगिहे नयरे जीवा एवइयाणं जीवाणं नो

प्र. भंते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं कि–'राजगृह नगर में जितने जीव हैं,

चक्किया केइ सुहं वा दुहं वा **जाव** कोलट्ठियामायमवि निप्फावमायमवि, कलममायमवि, मासमायमवि, मुग्गमायमवि, जूयमायमवि, लिक्खामायमवि, अभिनिवट्टेत्ता उवदंसित्तए,

से कहमेयं ! एवं ?

उ. गोयमा ! जे णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** एवं परूवेंति, मिच्छं ते एवमाहंसु।

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** परूवेमि– "सव्वलोए वि य णं सव्वजीवाणं णो चक्किया केइ सुहं वा तं चेव **जाव** उवदंसित्तए।"

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"सव्वलोए वि य णं सव्वजीवाणं णो चक्किया केइ सुहं वा तं चेव **जाव** उवदंसित्तए ?"

उ. गोयमा ! अयं णं जंबुद्दीवे दीवे **जाव** विसेसाहिए परिक्खेवेणं पन्नत्ते। देवे णं महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे एगं महे सविलेवणं गंधसमुग्गयं गहाय तं अवदालेइ, तं अवदालित्ता **जाव** इणामेव कट्टु केवलकप्पं जंबूद्दीवे दीवे तिहिं अच्छरानिवाएहिं तिसत्तखुत्तो अणुपरियट्टित्ताणं हव्वमागच्छेज्जा, से नूणं गोयमा ! से केवलकप्पे जंबूद्दीवे दीवे तेहिं घाणपोग्गलेहिं फुडे ?

हंता, फुडे चक्किया णं गोयमा ! केइ तेसिं घाणपोग्गलाणं कोलट्ठियमायमवि **जाव** लिक्खामायमवि अभिनिवट्टेत्ता उवदंसित्तए ?

णो इणट्ठे समट्ठे।

से तेणट्ठे णं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'नो चक्किया केइ सुहं वा **जाव** उवदंसेत्तए।'

–विया. स. ६, उ. १०, सु. १

उन सबके दुःख या सुख को बेर की गुठली बाल नामक धान्य कलाय (मटर) मूँग उड़द जूँ और लीख जितना भी बाहर निकाल कर नहीं दिखा सकता।

भंते ! यह बात यों कैसे हो सकती है ?

उ. गौतम ! जो अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपणा करते हैं, वे मिथ्या कहते हैं।

हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ **यावत्** प्ररूपणा करता हूँ कि– "केवल राजगृह नगर में ही नहीं सम्पूर्ण लोक में रहे हुए सर्व जीवों के सुख या दुःख को कोई भी पुरुष उपर्युक्त रूप में **यावत्** किसी भी प्रमाण में बाहर निकाल कर नहीं दिखा सकता।"

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सम्पूर्ण लोक में रहे हुए सर्व जीवों के सुख या दुःख को कोई भी पुरुष दिखाने में **यावत्** कोई समर्थ नहीं है ?"

उ. गौतम ! यह जम्बूद्वीप नामक द्वीप **यावत्** विशेषाधिक परिधि वाला है। वहाँ पर महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव एक बड़े विलेपन वाले गन्धद्रव्य के डिब्बे को लेकर उघाड़े और उघाड़कर तीन चुटकी बजाए, उतने समय में उपर्युक्त जम्बूद्वीप की इक्कीस बार परिक्रमा करके वापस शीघ्र आए तो हे गौतम ! (मैं तुम से पूछता हूँ) उस देव की इस प्रकार की शीघ्र गति से गन्ध पुद्गलों के स्पर्श से यह सम्पूर्ण जम्बूद्वीप स्पृष्ट हुआ या नहीं ? (गौतम) हाँ भंते ! वह स्पृष्ट हो गया।

(भगवान्) हे गौतम ! कोई पुरुष उन गन्धपुद्गलों को बेर की गुठली जितना भी **यावत्** लीख जितना भी दिखलाने में समर्थ है ?

(गौतम) भंते ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ?

इस कारण से हे गौतम ! यह कहा जाता है कि–
'जीव के सुख दुःख को भी बाहर निकाल कर बतलाने में **यावत्** कोई भी व्यक्ति समर्थ नहीं है।'

२१. जीव चउवीसदंडएसु जरा-सोग वेयण परूवणं–

प. जीवा णं भंते ! किं जरा, सोगे ?

उ. गोयमा ! जीवा णं जरा वि, सोगे वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'जीवा णं जरा वि, सोगे वि ?'

उ. गोयमा ! जे णं जीवा सारीरं वेयणं वेदेंति, तेसि णं जीवाणं जरा,

जे णं जीवा माणसं वेयणं वेदेंति, तेसि णं जीवाणं सोगे।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जीवा णं जरा वि; सोगे वि।"

दं. १. एवं नेरइयाण वि।

दं. २-११. एवं जाव **थणियकुमाराणं।**

प. **दं. १२.** पुढविकाइयाणं भंते ! किं जरा, सोगे ?

२१. जीव-चौबीस दंडकों में जरा-शोक वेदन का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या जीवों के जरा और शोक होता है ?

उ. गौतम ! जीवों के जरा भी होती है और शोक भी होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'जीवों के जरा भी होती है और शोक भी होता है ?'

उ. गौतम ! जो जीव शारीरिक वेदना वेदते (अनुभव करते) हैं, उनको जरा होती है।

जो जीव मानसिक वेदना वेदते हैं, उनको शोक होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"जीवों के जरा भी होती है और शोक भी होता है।"

दं. १. इसी प्रकार नैरयिकों के (जरा और शोक) भी समझ लेना चाहिए।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. **दं. १२.** भंते ! क्या पृथ्वीकायिक जीवों के भी जरा और शोक होता है ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइयाणं जरा, नो सोगे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'पुढविकाइयाणं जरा, नो सोगे ?'

उ. गोयमा ! पुढविकाइयाणं सारीरं वेदणं वेदेंति, नो माणसं वेदणं वेदेंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'पुढविकाइयाणं जरा, नो सोगे'
दं. १३-१९. एवं जाव चउरिंदियाणं।

दं. २०-२४. सेसाणं जहा जीवाणं जाव **वेमाणियाणं।**
–विया. स. १६, उ. २, सु. २-७

२२. संकिलेसासंकिलेसाणं दसविहत्त परूवणं–

दसविहे संकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा–
१. उवहिसंकिलेसे,
२. उवस्सयसंकिलेसे, ३. कसायसंकिलेसे,
४. भत्तपाणसंकिलेसे, ५. मणसंकिलेसे,
६. वइसंकिलेसे, ७. कायसंकिलेसे,
८. णाणसंकिलेसे, ९. दंसणसंकिलेसे,
१०. चरित्तसंकिलेसे।

दसविहे असंकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा–
१. उवहिअसंकिलेसे, २. उवस्सयअसंकिलेसे,
३. कसायअसंकिलेसे, ४. भत्तपाणअसंकिलेसे,
५. मणअसंकिलेसे, ६. वइअसंकिलेसे,
७. कायअसंकिलेसे ८. णाणअसंकिलेसे,
९. दंसणअसंकिलेसे, १०. चरित्तअसंकिलेसे।
--ठाणं अ. १०, सु. ७३९

२३. अप्प-महावेयण निज्जरासामित्तं–

प. जीवा णं भंते ! किं महावेयणा महानिज्जरा,
महावेयणा अप्पनिज्जरा,
अप्पवेयणा महानिज्जरा,
अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया जीवा महावेयणा-महानिज्जरा,
अत्थेगइया जीवा महावेयणा अप्पनिज्जरा,
अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा महानिज्जरा,
अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया जीवा महावेयणा महानिज्जरा **जाव** अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा।"

उ. गोयमा ! पडिमापडिवन्नए अणगारे महावेयणे महानिज्जरे।
छट्ठ-सत्तमासु पुढवीसु नेरइया महावेयणा अप्पनिज्जरा।

सेलेसिं पडिवन्नए अणगारे अप्पवेयणे महानिज्जरे।

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीवों के जरा होती है, किन्तु शोक नहीं होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'पृथ्वीकायिक जीवों के जरा होती है, किन्तु शोक नहीं होता है ?'

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव शारीरिक वेदना वेदते हैं, वे मानसिक वेदना नहीं वेदते हैं,
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"उनके जरा होती है, शोक नहीं होता है।"
दं. १३-१९. इसी प्रकार (अप्कायिक से) चतुरिन्द्रिय जीवों पर्यन्त जानना चाहिए।
दं. २०-२४. शेष जीवों का कथन सामान्य जीवों के समान वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

२२. संक्लेश-असंक्लेश के दस प्रकारों का प्ररूपण–

संक्लेश के दस प्रकार कहे गए हैं, यथा–
१. उपधि-संक्लेश–उपधि विषयक असमाधि,
२. उपाश्रय-संक्लेश, ३. कषाय जन्य-संक्लेश,
४. भक्तपान-संक्लेश, ५. मानसिक संक्लेश,
६. वाचिक संक्लेश, ७. कायिक संक्लेश,
८. ज्ञान-संक्लेश, ९. दर्शन-संक्लेश,
१०. चारित्र-संक्लेश।

असंक्लेश के दस प्रकार हैं, यथा–
१. उपधि असंक्लेश, २. उपाश्रय-असंक्लेश,
३. कषाय-असंक्लेश, ४. भक्तपान-असंक्लेश,
५. मानसिक असंक्लेश, ६. वाचिक असंक्लेश,
७. कायिक असंक्लेश, ८. ज्ञान-असंक्लेश,
९. दर्शन-असंक्लेश, १०. चारित्र-असंक्लेश।

२३. अल्प महावेदना और निर्जरा का स्वामित्व–

प्र. भंते ! जीव क्या महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं,
महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं,
अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं,
अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं ?

उ. गौतम ! कितने ही जीव महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं,
कितने ही जीव महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं,
कितने ही जीव अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं
कितने जीव अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कितने ही जीव महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं **यावत्** कितने ही जीव अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं ?"

उ. गौतम ! प्रतिमा-प्रतिपन्नक अनगार महावेदना और महानिर्जरा वाला है।
छठी-सातवीं नरक-पृथ्वियों के नैरयिक जीव महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं।
शैलेशी प्रतिपन्नक अनगार अल्पवेदना और महानिर्जरा वाला है,

अणुत्तरोववाइया देवा अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया जीवा महावेयणा महानिज्जरा **जाव** अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा।"
–विया. स. ६, उ. १, सु. १३

२४. वेयणा निज्जरासु भिन्नत्तं चउवीसदंडएसु य परूपणं–

प. से नूणं भंते ! जा वेयणा सा निज्जरा, जा निज्जरा सा वेयणा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते एवं वुच्चइ–
'जा वेयणा न सा निज्जरा, जा निज्जरा न सा वेयणा ?

उ. गोयमा ! कम्मं वेयणा, णो कम्मं निज्जरा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जा वेयणा न सा निज्जरा, जा निज्जरा न सा वेयणा।"

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! जा वेयणा सा निज्जरा, जा निज्जरा सा वेयणा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयाणं जा वेयणा न सा निज्जरा, जा निज्जरा न सा वेयणा ?"

उ. गोयमा ! नेरइयाणं कम्मं वेयणा, णो कम्मं निज्जरा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयाणं जा वेयणा न सा निज्जरा, जा निज्जरा न सा वेयणा।"

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**
–विया. स. ७, उ. ३, सु. १०-१२

२५. वेयणा निज्जरासमयसु पुहत्तं चउवीसदंडएसु य परूवणं–

प. से नूणं ! जे वेयणासमए से निज्जरासमए, जे निज्जरासमए से वेयणासमए ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जे वेयणासमए न से निज्जरासमए, जे निज्जरासमए न से वेयणासमए ?"

उ. गोयमा ! जं समयं वेदेंति, नो तं समयं निज्जरेंति

जं समयं निज्जरेंति, नो तं समयं वेदेंति,
अन्नम्मि समए वेदेंति, अन्नम्मि समए निज्जरेंति,

अन्ने से वेयणासमए, अन्ने से निज्जरासमए।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

अनुत्तरोपपातिक देव अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"कितने ही जीव महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं यावत् कितने ही जीव अल्प वेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं।"

२४. वेदना और निर्जरा में भिन्नता और चौबीस दंडकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या वास्तव में, जो वेदना है, वह निर्जरा कही जा सकती है और जो निर्जरा है, वह वेदना कही जा सकती है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है–
"जो वेदना है वह निर्जरा नहीं कही जा सकती और जो निर्जरा है, वह वेदना नहीं कही जा सकती ?

उ. गौतम ! वेदना कर्म है और निर्जरा नोकर्म है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"जो वेदना है वह निर्जरा नहीं कही जा सकती और जो निर्जरा है वह वेदना नहीं कही जा सकती।"

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिकों की जो वेदना है उसे निर्जरा कहा जा सकता है और जो निर्जरा है उसे वेदना कहा जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिकों की जो वेदना है, उसे निर्जरा नहीं कहा जा सकता और जो निर्जरा है, उसे वेदना नहीं कहा जा सकता ?"

उ. गौतम ! नैरयिक कर्म की वेदना करते हैं और नोकर्म की वेदना निर्जरा करते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिकों की जो वेदना है उसे निर्जरा नहीं कहा जा सकता और जो निर्जरा है उसे वेदना नहीं कहा जा सकता।"

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

२५. वेदना और निर्जरा के समयों में पृथक्त्व एवं चौबीस दंडकों में प्ररूपण–

प्र. भंते ! वास्तव में जो वेदना का समय है, क्या वही निर्जरा का समय है और जो निर्जरा का समय है, वही वेदना का समय है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! ऐसा किस कारण से कहते हैं कि–
"जो वेदना का समय है, वह निर्जरा का समय नहीं है और जो निर्जरा का समय है, वह वेदना का समय नहीं है ?"

उ. गौतम! जिस समय में वेदते हैं, उस समय में निर्जरा नहीं करते,
जिस समय में निर्जरा करते हैं, उस समय में वेदन नहीं करते,
अन्य समय में वेदन करते हैं और अन्य समय में ही निर्जरा करते हैं।
वेदना का समय दूसरा है और निर्जरा का समय दूसरा है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"जे वेयणासमए, न से निज्जरासमए,
जे निज्जरासमए, न से वेयणासमए।"

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! जे वेयणासमए से निज्जरासमए, जे निज्जरासमए से वेयणासमए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयाणं जे वेयणासमए न से निज्जरासमए, जे निज्जरासमए न से वेयणासमए ?"

उ. गोयमा ! नेरइया णं जं समयं वेदेंति, णो तं समयं निज्जरेंति,
जं समय निज्जरेंति, नो तं समयं वेदेंति,
अन्नम्मि समए वेदेंति, अन्नम्मि समए निज्जरेंति,

अन्ने से वेयणासमए, अन्ने से निज्जरासमए।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जे वेयणासमए, न से निज्जरासमए, जे निज्जरासमए न से वेयणा समए।"
दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणियाणं।**

–विया. स. ७, उ. ३, सु. २०-२२

२६. **तिकालवेक्खया वेयणा निज्जरासु अंतरं चउवीसदंडएसु य परूवणं–**

प. से नूणं भंते ! जं वेदेंसु तं निज्जरिंसु, जं निज्जरिंसु तं वेदेंसु ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जं वेदेंसु नो तं निज्जरेंसु, जं निज्जरेंसु नो तं वेदेंसु ?"

उ. गोयमा ! कम्मं वेदेंसु, नो कम्मं निज्जरिंसु।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जं वेदेंसु नो तं निज्जरेंसु, जं निज्जरेंसु नो तं वेदेंसु।

दं. १-२४. एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**

प. से नूणं भंते ! जं वेदेंति तं निज्जरेंति, जं निज्जरेंति तं वेदेंति ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जं वेदेंति नो तं निज्जरेंति, जं निज्जरेंति नो तं वेदेंति ?"

उ. गोयमा ! कम्मं वेदेंति, नो कम्मं निज्जरेंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जो वेदना का समय है वह निर्जरा का समय नहीं है और जो निर्जरा का समय है, वह वेदना का समय नहीं है।"

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीवों का जो वेदना का समय है, क्या वही निर्जरा का समय है और जो निर्जरा का समय है, क्या वही वेदना का समय है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! ऐसा किस कारण से कहते हैं कि–
"जो वेदना का समय है, वह निर्जरा का समय नहीं है और जो निर्जरा का समय है, वह वेदना का समय नहीं है ?"

उ. गौतम ! नैरयिक जीव जिस समय में वेदन करते हैं, उस समय में निर्जरा नहीं करते,
जिस समय में निर्जरा करते हैं, उस समय में वेदन नहीं करते,
अन्य समय में वे वेदन करते हैं और अन्य समय में निर्जरा करते हैं।
उनके वेदना का समय दूसरा है और निर्जरा का समय दूसरा है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"जो वेदना का समय है वह निर्जरा का समय नहीं है और जो निर्जरा का समय है, वह वेदना का समय नहीं है।"
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिये।

२६. **त्रिकाल की अपेक्षा वेदना और निर्जरा में अंतर एवं चौबीस दंडकों में प्ररूपण–**

प्र. भंते ! जिन कर्मों का वेदन कर लिया, क्या उनको निर्जीर्ण कर लिया और जिन कर्मों को निर्जीर्ण कर लिया, क्या उनका वेदन कर लिया ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–
"जिन कर्मों का वेदन कर लिया, उनको निर्जीर्ण नहीं किया और जिन कर्मों को निर्जीर्ण कर लिया, उनका वेदन नहीं किया ?"

उ. गौतम ! वेदन कर्म का होता है और निर्जीर्ण नोकर्म का होता है।
इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"जिन कर्मों का वेदन कर लिया, उनको निर्जीर्ण नहीं किया और जिन कर्मों को निर्जीर्ण कर लिया, उनका वेदन नहीं किया।"
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या वास्तव में जिस कर्म को वेदते हैं, उसकी निर्जरा करते हैं और जिसकी निर्जरा करते हैं, उसको वेदते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण ऐसा कहा जाता है कि–
"जिसको वेदते हैं, उसकी निर्जरा नहीं करते और जिसकी निर्जरा करते हैं, उसको वेदते नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! कर्म को वेदते हैं और नोकर्म का निर्जीर्ण करते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"जं वेदेंति, नो तं निज्जरेंति, जं निज्जरेंति नो तं वेदेंति।"

दं. १-२४. एवं नेरइया जाव वेमाणिया।

प. से नूणं भंते ! जं वेदिस्संति तं निज्जरिस्संति, जं निज्जरिस्संति तं वेदिस्संति ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जं वेदिस्संति नो तं निज्जरिस्संति, जं निज्जरिस्संति नो तं वेदिस्संति ?"

उ. गोयमा ! कम्मं वेदिस्संति, नोकम्मं निज्जरिस्संति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जं वेदिस्संति णो तं निज्जरिस्संति, जं निज्जरिस्संति णो तं वेदिस्संति।"
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव वेमाणिया।

–विया. स. ७, उ. ३, सु. १३-१९

२७. विविह दिट्ठंतेहिं महावेयण-महानिज्जरजुत्तजीवाणं परूवणं–

प. से नूणं भंते ! जे महावेयणे से महानिज्जरे, जे महानिज्जरे से महावेयणे ?

महावेयणस्स य अप्पवेयणस्स य से सेए जे पसत्थनिज्जराए ?

उ. हंता, गोयमा ! जे महावेयणे **जाव** पसत्थनिज्जराए।

प. छट्ठी-सत्तमासु णं भंते ! पुढवीसु नेरइया महावेयणा ?

उ. हंता गोयमा ! महावेयणा।

प. ते णं भंते ! समणेहिंतो निग्गंथेहिंतो महानिज्जरतरा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जे महावेयणे **जाव** पसत्थनिज्जराए ?

उ. गोयमा ! १. से जहानामए दुवे वत्थे सिय एगे वत्थे कद्दमरागरत्ते, एगे वत्थे खंजणरागरत्ते।

एएसि णं गोयमा ! दोण्हे वत्थाणं कयरे वत्थे दुधोयतराए चेव, दुवामतराए चेव दुपरिकम्मतराए।

कयरे वा वत्थे सुधोयतराए चेव, सुवामतराए चेव, सुपरिकम्मतराए चेव।

जे वा से वत्थे कद्दमरागरत्ते, जे वा से वत्थे खंजणरागरत्ते ?

"जिसको वेदते हैं उसकी निर्जरा नहीं करते और जिसकी निर्जरा करते हैं, उसका वेदन नहीं करते।"

दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या वास्तव में, जिस कर्म का वेदन करेंगे, उसकी निर्जरा करेंगे और जिस कर्म की निर्जरा करेंगे, उसका वेदन करेंगे ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! ऐसा किस कारण से कहते हैं कि–
"जिस कर्म का वेदन करेंगे उसकी निर्जरा नहीं करेंगे और जिस कर्म की निजरा करेंगे उसका वेदन नहीं करेंगे ?"

उ. गौतम ! कर्म का वेदन करेंगे और नो कर्म की निर्जरा करेंगे।
इस कारण से गौतम! ऐसा कहा जाता है कि–
"जिसका वेदन करेंगे, उसकी निर्जरा नहीं करेंगे और जिसकी निर्जरा करेंगे, उसका वेदन नहीं करेंगे।"
इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

२७. विविध दृष्टांतों द्वारा महावेदना और महानिर्जरा युक्त जीवों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या यह निश्चित है कि जो महावेदना वाला है, वह महानिर्जरा वाला है और जो महानिर्जरा वाला है, वह महावेदना वाला है ?
तथा क्या महावेदना वाले और अल्पवेदना वाले इन दोनों में वही जीव श्रेष्ठ है जो प्रशस्तनिर्जरा वाला है ?

उ. हां, गौतम ! जो महावेदना वाला है **यावत्** वही प्रशस्त निर्जरा वाला है।

प्र. भंते ! क्या छठी और सातवीं (नरक) पृथ्वी के नैरयिक महावेदना वाले हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे महावेदना वाले हैं।

प्र. भंते ! तो क्या वे (नैरयिक) श्रमण-निर्ग्रन्थों की अपेक्षा भी महानिर्जरा वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (अर्थात् वे नैरयिक श्रमण-निर्ग्रन्थों की अपेक्षा महानिर्जरा वाले नहीं हैं।)

प्र. भंते ! किस कारण से यह कहा जाता है कि–
"जो महावेदना वाला है **यावत्** वही प्रशस्त निर्जरा वाला है ?

उ. गौतम ! १. मान लो कि दो वस्त्र हैं, उनमें से एक वस्त्र कर्दम (कीचड़) के रंग से रंगा हुआ हो और दूसरा वस्त्र खंजन (गाड़ी के पहिये की कीट) के रंग से रंगा हुआ है।
तो हे गौतम ! इन दोनों वस्त्रों में से कौन-सा वस्त्र दुर्धोत्तर (मुश्किल से धुलने योग्य), दुर्वाम्यतर कठिनाई से धब्बे उतारे जा सकने योग्य और दुष्परिकर्मतर (कठिनाई से दर्शनीय बनाया जा सकने योग्य) है।
कौन-सा वस्त्र सुधोत्तर (सुगमता से धोने योग्य) सुवाम्यतर सरलता से दाग उतारे जा सकने योग्य (तथा सुपरिकर्मतर सुगमता से दर्शनीय बनाया जा सकने योग्य) है,
ऐसा वस्त्र कर्दमराग-से रक्त है या खंजनराग से रक्त है ?

भगवं ! तत्थ णं जे से वत्थे कद्दमरागरत्ते से णं वत्थे दुधोयतराए चेव, दुवामतराए चेव, दुप्परिकम्मतराए चेव।

एवामेव गोयमा ! नेरइयाणं पावाइं कम्माइं गाढीकयाइं, चिक्कणीकयाइं, सिलिट्ठीकयाइं, खिलीभूयाइं भवंति, संपगाढं पि य णं ते वेयणं वेएमाणा, नो महानिज्जरा, नो महापज्जवसाणा भवंति।

२. से जहा वा केइ पुरिसे अहिगरणीं आउडेमाणे महया-महया खद्देणं महया-महया घोसेणं महया-महया परंपराघाए णं नो संचाएइ, तीसे अहिगरणीए अहाबायरे वि पोग्गले परिसाडित्तए।

एवामेव गोयमा ! नेरइयाणं पावाइं कम्माइं गाढीकयाइं **जाव** खिलीभूयाइं भवंति संपगाढं पि य णं ते वेयणं वेएमाणा नो महानिज्जरा, नो महापज्जवसाणा भवंति।

भगवं ! तत्थ जे से वत्थे खंजणरागरत्ते से णं वत्थे सुधोयतराए चेव, सुवामतराए चेव, सुपरिकम्मतराए चेव।

एवामेव गोयमा ! समणाणं निग्गंथाणं अहाबायराइं कम्माइं सिढिलीकयाइं, निट्ठयाइं कडाइं विप्परिणामियाइं खिप्पामेव विध्दत्थाइं भवंति जावइयं तावइयं पि णं ते वेयणं वेएमाणा महानिज्जरा महापज्जवसाणा भवंति।

३. से जहानामाए केइ पुरिसे सुक्कं तणहत्थयं जायतेयंसि पक्खिवेज्जा से नूणं गोयमा ! से सुक्के तणहत्थएं जायतेयंसि पक्खित्ते समाणे खिप्पामेव मसमसाविज्जइ ?

हंता, भगवं ! मसमसाविज्जइ।

एवामेव गोयमा ! समणाणं निग्गंथाणं अहाबायराइं कम्माइं सिढिलीकयाइं निट्ठियाइंकडाइं विप्परिणामियाइं खिप्पामेव विद्धत्थाइं भवंति, जावइयं तावइयं पि णं ते वेयणं वेएमाणा महानिज्जरा महापज्जवसाणा भवंति।

४. से जहानामए केइ पुरिसे तत्तंसि अयकवल्लंसि उदगबिंदु पक्खिवेज्जा, से नूणं गोयमा ! से उदगबिंदु तत्तंति अयकवल्लंसि पक्खित्ते समाणे खिप्पामेव विद्धंसमागच्छइ ?

हंता, भगवं विध्दंसमागच्छइ।

एवामेव गोयमा ! समणाणं निग्गंथाणं अहाबायराइं कम्माइं सिढिलीकयाइं निट्ठियाइं कडाइं विप्परिणामियाइं खिप्पामेव विद्धत्थाइं भवंति, जावइयं तावइयं पि णं ते वेयणं वेएमाणा महानिज्जरा महापज्जवसाणा भवंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"जे महावेयणे **जाव** पसत्थ निज्जराए।"

–विया. स. ६, उ. १, सु. २-४

२८. चउवीसदंडएसु अप्प-महावेयणाणुवेयण परूवणं–

प. दं. १. जीवे णे भंते ! जे भविए नेरइएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! किं इहगए महावेयणे,

भंते ! उन दोनों वस्त्रों में से जो कर्दमराग से रक्त है वह (वस्त्र) दुर्धोततर, दुर्वाम्यतर एवं दुष्परिकर्मतर है।

हे गौतम ! इसी प्रकार उन नैरयिकों के पाप-कर्म गाढीकृत (गाढ बंधे हुए), चिक्कणीकृत (चिकने किये हुए), श्लिष्ट (एकमेक) किये हुए एवं खिलीभूत (निकाचित किये हुए) हैं, इसलिए वे सम्प्रगाढ (महान्) वेदना को वेदते हुए भी महानिर्जरा वाले नहीं हैं और महापर्यवसान वाले भी नहीं हैं।

२. अथवा जैसे कोई पुरुष जोरदार आवाज के साथ महाघोष करता हुआ, लगातार जोर-जोर से चोट मारकर एरण को कूटता-पीटता हुआ भी उस एरण (अधिकरण) के स्थूल पुद्गलों को विनष्ट करने में समर्थ नहीं होता।

इसी प्रकार हे गौतम ! नैरयिकों के वे पापकर्म गाढीकृत **यावत्** खिलीभूत हैं इसलिए वे संप्रगाढ़ वेदना को वेदते हुए भी महानिर्जरा वाले नहीं हैं और महावर्यवसान वाले भी नहीं है।

जैसे उन दोनों वस्त्रों में से जो खंजन के रंग से रंगा हुआ है, वह वस्त्र सुधोततर, सुवाम्यतर और सुपरिकर्मतर है।"

इसी प्रकार हे गौतम ! श्रमण-निर्ग्रन्थों के यथा बादर (स्थूल) कर्म, शिथिल किये हुए, जीर्ण किये हुए विपरिणमन किये हुए होने से वे शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं और जैसी-तैसी वेदना को वेदते हुए वे श्रमण-निर्ग्रन्थ महानिर्जरा और महापर्यवसान वाले होते हैं।

३. हे गौतम ! जैसे कोई पुरुष सूखे घास के पूले को धधकती हुई अग्नि में डाले तो क्या वह सूखे घास का पूला धधकती आग में डालते ही शीघ्र जल उठता है ?

हां, भंते ! वह शीघ्र ही जल उठता है।

इसी प्रकार गौतम ! श्रमण-निर्ग्रन्थों के यथाबादर कर्म शिथिल किये हुए, जीर्ण किये हुए, विपरिणमन किये हुए होने से शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं और जैसी तैसी वेदना को वेदते हुए वे श्रमणनिर्ग्रन्थ महानिर्जरा एवं महापर्यवसान वाले होते हैं।

४. (अथवा) हे गौतम ! जैसे कोई पुरुष, अत्यन्त तपे हुए लोहे के तवे (या कड़ाह) पर पानी की बूंद डाले तो क्या वह बूंद गर्म तवे पर डालते ही शीघ्र विनष्ट हो जाती है ?

हां, भंते ! वह शीघ्र ही विनष्ट हो जाती है,

इसी प्रकार हे गौतम ! श्रमण निर्ग्रन्थों के यथाबादर कर्म शिथिल किये हुए, जीर्ण किये हुए, विपरिणमन किये हुए होने से शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं और जैसी तैसी वेदना को वेदते हुए वे श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा एवं महापर्यवसान वाले होते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"जो महावेदना वाला होता है **यावत्** वही प्रशस्तनिर्जरा वाला होता है।"

२८. चौबीसदंडकों में अल्पमहावेदना के वेदन का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! जो जीव नैरयिकों में उत्पन्न होने वाला है, भंते ! क्या वह इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला हो जाता है,

उववज्जमाणे महावेयणे, उववन्ने महावेयणे ?

उ. गोयमा ! इहगए सिय महावेयणे, सिय अप्पवेयणे,

उववज्जमाणे सिय महावेयणे, सियअप्पवेयणे,

अहे णं उववन्ने भवइ, तओ पच्छा एगंतदुक्खं वेयणं वेदेइ, आहच्च सायं,

प. दं. २. जीवे णं भंते ! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए, से णं भंते किं इहगए महावेयणे,

उववज्जमाणे महावेयणे,
उववन्ने महावेयणे ?

उ. गोयमा ! इहगए सिय महावेयणे, सिय अप्पवेयणे,

उववज्जमाणे सिय महावेयणे, सिय अप्पवेयणे,

अहे णं उववन्ने भवइ तओ पच्छा एगंतसायं वेयणं वेदेइ, आहच्च असायं।

दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमारेसु।

प. दं. १२. जीवे णं भंते ! जे भविए पुढविकाइएसु उववज्जित्तए
से णं भंते ! किं इहगए महावेयणे,

उववज्जमाणे महावेयणे
उववन्ने महावेयणे ?

उ. गोयमा ! इहगए सिय महावेयणे, सिय अप्पवेयणे,

उववज्जमाणे सिय महावेयणे, सिय अप्पवेयणे,

अहेणं उववन्ने भवइ तओ पच्छा वेमायाए वेयणं वेदेइ।

दं. १३-२१. एवं जाव मणुस्सेसु।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु जहा असुरकुमारेसु। *–विया. स. ७, उ. ६, सु. ७-११*

२९. वेयणाऽज्झयणस्स निक्खेवो–

सायमसायं सव्वे, सुहं च दुक्खं अदुक्खमसुहं च।
माणसरहियं विगलिंदिया उ सेसा दुविहमेव॥

–पण्ण. प. ३५, सु. २०५४ गा. २

नरक में उत्पन्न होता हुआ महावेदना वाला होता है,
नरक में उत्पन्न होने के पश्चात् महावेदना वाला होता है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला होता है और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है।

नरक में उत्पन्न होता हुआ भी कदाचित् महावेदना वाला और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है।

जब नरक में उत्पन्न हो जाता है, तब वह एकान्तदुःख रूप वेदना को वेदता है, कदाचित् सुख रूप वेदना भी वेदता है।

प्र. दं. २. भंते ! जो जीव असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाला है तो भंते! क्या वह इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला होता है ?

असुरकुमारों में उत्पन्न होता हुआ महावेदना वाला होता है ?

असुरकुमारों में उत्पन्न होने के पश्चात् महावेदना वाला होता है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला होता है और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है।

असुरकुमारों में उत्पन्न होता हुआ भी कदाचित् महावेदना वाला और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है,

जब वह असुरकुमारों में उत्पन्न हो जाता है, तब एकान्तसुख रूप वेदना को वेदता है और कदाचित् दुःख रूप वेदना को भी वेदता है।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त (महावेदनादि) का कथन करना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! जो जीव पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने वाला है,

तो भंते ! क्या वह इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला होता है,

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता हुआ महावेदना वाला होता है,

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने के पश्चात् महावेदना वाला होता है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् इस भव में रहता हुआ महावेदना वाला होता है और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है,

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता हुआ भी कदाचित् महावेदना वाला और कदाचित् अल्पवेदना वाला होता है।

जब पृथ्वीकायों में उत्पन्न हो जाता है, तब विमात्रा से वेदना को वेदता है।

१३-२१. इसी प्रकार मनुष्य पर्यन्त महावेदनादि का कथन करना चाहिए।

२२-२४. वाणव्यन्तर-ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के महा-वेदनादि का कथन असुरकुमारों के समान करना चाहिए।

२९. वेदना अध्ययन का उपसंहार–

साता और असाता वेदना सभी जीव वेदते हैं,

इसी प्रकार सुख दुःख और अदुःख-असुख वेदना भी (सभी जीव वेदते हैं) किन्तु विकलेन्द्रिय जीव (अमनस्क होने से) मानसिक वेदना से रहित हैं। शेष सभी जीव दोनों प्रकार की वेदना वेदते हैं।

□ □

गति-अध्ययन

गति का सामान्य अर्थ होता है–गमन। एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुँचना ही इस प्रकार 'गति' कहा जा सकता है। सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक आदि ग्रन्थों में गति का सामान्य लक्षण इसी प्रकार दिया है–'देशाद् देशान्तर प्राप्ति हेतुर्गतिः।' अर्थात् एक स्थान से दूसरे स्थान को प्राप्त करने का जो हेतु या साधन है उसे गति कहते हैं। वस्तुतः गति तो क्रिया की बोधक होती है, किन्तु जिस निमित्त से यह क्रिया सम्पन्न होती है उस निमित्त के आधार पर उस गति का नामकरण हो जाता है। यह नाम उपचार से दिया जाता है, यथा नरक के निमित्त से जो गति होती है उस नरकगति कहा जाता है। नरकगति का सामान्य अर्थ है–नरक की ओर गमन करना, नरकायु का फलभोगने के लिए नरक (रत्नप्रभा आदि) पृथ्वी की ओर गमन करना। किन्तु उपचार से गति के अनन्तर जो स्थान प्राप्त किया जाता है उसे भी गति ही कह दिया जाता है, यथा नरक स्थान को भी नरकगति कह दिया जाता है। ग्रामीण बोलचाल की भाषा में गति (गत) शब्द हालत, अवस्था या दशा के अर्थ में प्रयुक्त होता है, किन्तु वह भी औपचारिक प्रयोग है। गति क्रिया का जो फल उसे भी यहाँ गति कहा गया है। इस प्रकार गति क्रिया के निमित्त एवं फल भी गति शब्द से अभिहित होते हैं।

गति-क्रिया जीव एवं पुद्गल द्रव्यों में पायी जाती है, शेष चार द्रव्यों में नहीं। वे ही दोनों एक स्थान को छोड़कर अन्यत्र गमन करते हैं। अन्य कोई द्रव्य एक स्थान को छोड़कर अन्यत्र गमन नहीं करना। धर्म, अधर्म एवं आकाश तो लोकव्यापी होने से यह क्रिया नहीं कर सकते और काल अस्तिकाय नहीं होने के कारण अथवा अप्रदेशी होने के कारण ऐसा नहीं कर सकता। स्थानाङ्ग सूत्र के आठवें स्थान में गति के आठ प्रकार निरूपित हैं–(१) नरकगति, (२) तिर्यञ्चगति, (३) मनुष्य गति, (४) देवगति, (५) सिद्ध गति, (६) गुरु गति, (७) प्रणोदन गति और (८) प्राग्भार गति। इनमें से प्रारम्भ की पाँच गतियाँ तो जीव से ही सम्बद्ध हैं, किन्तु अन्तिम तीन गतियाँ पुद्गल में उपलब्ध होती हैं। इनमें परमाणु की स्वाभाविक गति को गुरुगति कहा जाता है। प्रेरित करने, धमका देने आदि पर जो गति होती है वह प्रणोदन गति है। यह जीव एवं पुद्गल दोनों में संभव है। प्राग्भार गति एक प्रकार से वजन के बढ़ने पर नीचे झुकने की गति अथवा गुरुत्वाकर्षण की गति का बोधक है। यह भी पुद्गल में पाई जाती है। प्रारम्भिक पाँच गतियों में चार संसारी जीवों में होती है तथा पाँचवी गति मुक्त जीव में एक ही बार होती है।

कर्म-सिद्धान्त की दृष्टि से अथवा संसारी जीवों की गतियों की दृष्टि से चार गतियाँ प्रसिद्ध हैं–१. नरक गति, २. तिर्यञ्च गति, ३. मनुष्य गति और ४. देवगति। जीवों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर गमनागमन की दृष्टि से ये चार ही गतियाँ प्रसिद्ध हैं। जब तक जीव कर्मों से आबद्ध है, वह तब तक इन्हीं गतियों को प्राप्त होता रहता है, किन्तु जब वह कर्म-बन्धन से मुक्त हो जाता है तो वह सिद्ध गति को प्राप्त हो जाता है। इस गति को प्राप्त करने के पश्चात् जीव पुनः नरकादि गतियों में नहीं आता। इस अपेक्षा से गति पाँच प्रकार की होती है–नरक गति, तिर्यञ्च गति, मनुष्य गति, देवगति और सिद्धि गति।

इन्हीं पाँच गतियों के किसी अपेक्षा से १० भेद किए गए हैं, यथा–१. नरक गति, २. नरक विग्रह गति, ३. तिर्यञ्चगति, ४. तिर्यञ्च विग्रह गति, ५. मनुष्य गति, ६. मनुष्य विग्रह गति, ७. देव गति, ८. देव विग्रह गति, ९. सिद्धि गति और १०. सिद्धि विग्रह गति। विग्रह शब्द के दो अर्थ हैं शरीर एवं मोड़ (वक्रता)। जीव जब एक शरीर छोड़कर अन्य स्थान पर पहुँचने के लिए गति करता है तो उसकी गति दो प्रकार की होती है–१. ऋजु गति (अनुश्रेणि गति) और २. वक्र गति (विग्रह गति)। नरक आदि स्थानों को प्राप्त करते समय जब ऋजु गति होती है तो उसे नरक गति, तिर्यञ्च गति आदि कहा गया है तथा जब यह गति वक्र होती है एक या एक से अधिक मोड़ वाली होती है तो उसे नरक विग्रह गति, तिर्यञ्च विग्रह गति आदि नामों से अभिहित किया गया है। किन्तु ऐसा मानने पर सिद्धि विग्रह गति भेद उपपन्न नहीं होता है, क्योंकि सिद्धि के अनन्तर जो गति होती है वह सदैव सीधी होती है उसमें कोई मोड़ नहीं होता। टीकाकार ने 'सिद्धिविग्गहगई' का संधि-विच्छेद 'सिद्धि-अविग्गहगई' करके सिद्धि में अविग्रह गति होना अर्थ किया है, जो उपयुक्त है। किन्तु इससे सिद्धि गति एवं सिद्धि विग्रह गति में भेद नही रह पाता। यदि विग्रह का अर्थ शरीर करें, तब भी नरकगति, नरकविग्रह गति आदि में भेद सिद्ध नहीं होता क्योंकि कार्मण शरीर तो सदैव साथ रहता है। नरकगति आदि को गति के द्वारा प्राप्तव्य स्थान तथा नरक विग्रह गति आदि को अन्तराल गति मानकर चलें तो असंगति नहीं होगी। सिद्धि गति भी इसी प्रकार प्राप्तव्य स्थान होगा तथा सिद्धि विग्रह गति का अर्थ उसके लिए मुक्त जीव की गति होगा।

नरकादि चार गतियाँ जब दुःखदायी एवं संसाराभिमुख रखने वाली होती हैं तो ये चारों दुर्गति कही जाती हैं। इन चारों में कदाचित् मनुष्य गति एवं देवगति सुखदायी एवं शुभ होने से सद्गति अथवा सुगति मानी जाती हैं। नरक गति एवं तिर्यञ्च गति अशुभ होने के कारण सद्गति नहीं मानी गई। सद्गति अथवा सुगतियों की संख्या भी स्थानाङ्ग सूत्र के अनुसार चार हैं–१. सिद्ध सुगति, २. देव सुगति, ३. मनुष्य सुगति और ४. सुकुल में जन्म। इनमें सिद्ध गति तो सुगति है ही क्योंकि वह मोक्षप्राप्ति की सूचक है, किन्तु सुकुल में जन्म होना व्यावहारिक दृष्टि से, सुनिमित्तों के मिलने एवं जीव के आत्मोन्नति का वातावरण मिलने की दृष्टि से सुगति कहा गया है। ऐसा प्रतीत होता है।

दुर्गति एवं सद्गति जीवों को कैसे मिलती है, इसकी भी एक कसौटी दी गई है। जो जीव शब्द, रूप, गन्ध, रस एवं स्पर्श के वास्तविक स्वरूप को जान लेते हैं वे सुगति को प्राप्त करते हैं तथा जो इनसे परिज्ञात नहीं होते हैं, इनके वास्तविक स्वरूप को नहीं जानते हैं वे जीव दुर्गति को प्राप्त होते हैं। इनके अतिरिक्त दुर्गति एवं सद्गति में जाने के अन्य कारण भी कहे गए हैं, यथा जो जीव प्राणातिपात, मृषावाद अदतादान, मैथुन एवं परिग्रह से विरत होते हैं वे सुगति में जाते हैं तथा जो इनका सेवन करते हैं वे दुर्गति में जाते हैं।

नरकगति, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति एवं देवगति के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी हेतु इस ग्रन्थ में इनके पृथक् अध्ययनों की विषयवस्तु द्रष्टव्य है, तथापि इन चारों गतियों के जीवों के सम्बन्ध में पर्याप्ति, अपर्याप्ति, परित्त, संख्या, कायस्थिति, अन्तरकाल, अल्पबहुत्व आदि द्वारों से इस अध्ययन में विचार किया गया है।

जिन जीवों के नरकगति एवं नरकायु का उदय रहता है उन्हें नैरयिक, जिनके तिर्यञ्च गति एवं तिर्यञ्चायु का उदय होता है उन्हें तिर्यक्योनिक कहा जाता है। इसी प्रकार मनुष्यगति एवं मनुष्यायु के उदय वाले जीव मनुष्य तथा देवगति एवं देवायु के उदय को प्राप्त जीव देव कहलाते हैं। गति का उदय निरन्तर रहता है। इसका अर्थ है कि गति यहाँ एक जैसी अवस्था या दशा का बोधक है जो गति नामकर्म के उदय से प्राप्त होती है।

जीव जब एक शरीर छोड़कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है तो वह आहार, शरीर, इन्द्रिय आदि का निर्माण करने लगता है। इसमें जो कार्य उसका पूर्ण हो जाता है वह पर्याप्ति कही जाती है तथा जो कार्य अपूर्ण रहता है उसे अपर्याप्ति कहते हैं। पर्याप्तियाँ ६ हैं–१. आहार पर्याप्ति, २. भाषा पर्याप्ति, ३. इन्द्रिय पर्याप्ति, ४. श्वासोच्छ्वास (आन-प्राण) पर्याप्ति, ५. भाषा पर्याप्ति और ६. मन पर्याप्ति। ये समस्त पर्याप्तियाँ क्रमशः सम्पन्न होती हैं। जो जीव जिस योग्य है उसमें उतनी ही पर्याप्तियाँ होती हैं। कुछ जीव अपर्याप्त अवस्था में ही काल कर जाते हैं अर्थात् वे आहार आदि पर्याप्तियाँ पूर्ण नहीं कर पाते। साधारणतया पृथ्वीकाय आदि एकेन्द्रिय जीवों में आहार, शरीर, इन्द्रिय एवं आन-प्राण (श्वासोच्छ्वास) ये चार पर्याप्तियाँ पायी जाती हैं। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय एवं असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों में भाषा सहित पाँच पर्याप्तियाँ होती है। देवों, नैरयिकों, मनुष्यों एवं संज्ञी तिर्यञ्च पंचेन्द्रियों में मन सहित छहों पर्याप्तियाँ पाई जाती हैं। सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में तीन ही पर्याप्तियाँ पायी जाती हैं–आहार, शरीर एवं इन्द्रिय। वे चौथी पर्याप्ति पूर्ण किए बिना ही काल कवलित हो जाते हैं। देवों एवं गर्भज मनुष्यों में भाषा एवं मन पर्याप्ति एक साथ होने के कारण इन दोनों को एक मानकर उनके पाँच पर्याप्तियाँ कहीं गई हैं। यह कथन का विवक्षा-भेद ही है अन्यथा उनमें समस्त छहों पर्याप्तियाँ पायी जाती हैं। जिस जीव में जितनी पर्याप्तियाँ कही गई हैं, उनमें उतनी ही अपर्याप्तियाँ मानी गई हैं। मात्र सम्मूर्छिम मनुष्यों में तीन पर्याप्तियाँ मानकर चार अपर्याप्तियाँ कही गई हैं क्योंकि उसमें चौथी पर्याप्ति पूर्ण नहीं हो पाती है।

परित्त का अर्थ है परिमित। सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीवों के अतिरिक्त सब जीव परित्त अर्थात् परिमित हैं। संख्या की दृष्टि से सूक्ष्म वनस्पतिकायिक एवं साधारण बादर वनस्पतिकायिक जीव अनन्त हैं। गर्भज मनुष्य संख्यात हैं। शेष असंख्यात हैं। सिद्धों का कथन किया जाय तो वे अनन्त हैं।

एक जीव जिस गति पर्याय में जितने काल तक रहता है वह काल उसकी काय स्थिति है। नैरयिकों की काय स्थिति (आयुष्य) जघन्य दस हजार वर्ष एवं उत्कृष्ट तैंतीस सागरोपम होती है। देवों की कायस्थिति इतनी ही है, किन्तु देवियों की जघन्य दस हजार वर्ष एवं उत्कृष्ट पचपन पल्योपम होती है। तिर्यञ्चयोनिक जीवों की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्ट अनन्तकाल है। तिर्यञ्च योनिक स्त्री की उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्योमप होती है। मनुष्य एवं मनुष्यस्त्री की कायस्थिति भी इस प्रकार जघन्य अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्ट पूर्वकोटि पथक्त्व अधिक तीन पल्योपम होती है। नैरयिक एवं देव कभी भी मरण को प्राप्त होकर पुनः नैरयिक एवं देव नहीं बनते जबकि तिर्यञ्च एवं मनुष्य मरण के अनन्तर पुनः उसी गति को ग्रहण कर सकते हैं। सिद्ध जीव की स्थिति आदि अनन्तकाल होती है। जो सिद्ध नहीं हुए हैं वे अपनी पर्याय में अनादि अपर्यवसित अथवा अनादिसपर्यवसित काल तक रह सकते हैं।

कायस्थिति का निरूपण चार गतियों में पर्याप्त एवं अपर्याप्त जीवों के आधार पर तथा प्रथम-अप्रथम समय वाले जीवों के आधार पर भी किया गया है। समस्थ जीवों की अपर्याप्त अवस्था का काल अन्तर्मुहूर्त है। पर्याप्त अवस्था का उत्कृष्ट काल ज्ञात करने के लिए उनकी उत्कृष्ट स्थिति में से अन्तर्मुहूर्त काल कम कर लेना चाहिए। जैसे नैरयिक जीव का उत्कृष्ट काल तैंतीस सागरोपम है तथा जघन्यकाल दस हजार वर्ष है तो उसकी पर्याप्त अवस्था की उत्कृष्ट कायस्थिति अन्तर्मुहुर्त कम तैंतीस सागरोपम एवं जघन्य कायस्थिति अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष होगी। जि जीवों की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है उनकी पर्याप्त एवं अपर्याप्त दोनों अवस्थाओं में जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त रहेगी। इस दृष्टि से तिर्यञ्च एवं मनुष्य की पर्याप्त एवं अपर्याप्त दोनों अवस्थाओं में जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है एवं पर्याप्त अवस्था की उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम है। यह पर्याप्त एवं अपर्याप्त अवस्था एक ही जन्म की अपेक्षा से कही गई है।

प्रथम समय के समस्त जीवों का काल एक समय होता है तथा अप्रथम समय के जीवों की जघन्य एवं उत्कृष्ट स्थिति सामान्य स्थिति से एक समय कम होती है। जैसे अप्रथम समय नैरयिक की जघन्य स्थिति एक समय कम दस हजार वर्ष एवं उत्कृष्ट स्थिति एक समय कम तैंतीस सागरोपम होगी।

अन्तरकाल से आशय है एक गतिविशेष के पुनः प्राप्त होने के बीच का अन्तराल समय। एक नैरयिक जीव उस पर्याय को छोड़कर पुनः नैरयिक पर्याय ग्रहण करता है उसके मध्य व्यतीत काल को नैरयिक का अन्तरकाल कहेंगे। इसी प्रकार समस्त जीवों का अन्तरकाल निरूपित किया जाता है। भिन्न-भिन्न गति के जीवों का अन्तरकाल भिन्न-भिन्न है। अन्तरकाल का निरूपण इस अध्ययन में प्रथम एवं अप्रथम समय के जीवों के आधार पर भी किया गया है जो तत्र द्रष्टव्य है।

कौन से जीव अल्प हैं तथा कौन-से अधिक, इसका निरूपण अल्प-बहुत्व के रूप में किया गया है। नरकादि चार गतियों एवं सिद्धों के अल्पबहुत्व पर विचार करने से ज्ञात होता है कि सबसे अल्प मनुष्य हैं। उनसे नैरयिक असंख्यात गुणे हैं। उनसे देव असंख्यात गुणे हैं। उनसे सिद्ध अनन्तगुणे हैं तथा सिद्धों से भी अनन्तगुणे तिर्यञ्च जीव हैं। इन पाँच गतियों के साथ मनुष्यणी, तिर्यक्स्त्री एवं देवियों को मिलाने पर सबसे कम मनुष्यणी मानी गई है। प्रथम एवं अप्रथम समय वाले नैरयिक, देव, मनुष्य, तिर्यञ्च एवं सिद्धों के अल्प-बहुत्व का भी इस अध्ययन में निरूपण हुआ है। □□

३३. गई-अज्झयणं

सूत्र

१. **पंचविह गई नामाइं–**

पंच गईओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. निरयगई, २. तिरियगई,
३. मणुयगई, ४. देवगई,
५. सिद्धिगई। –*ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४४२*

२. **अट्ठविहगई नामाइं–**

अट्ठगईओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. णिरयगई, २. तिरियगई,
३. मणुयगई, ४. देवगई,
५. सिद्धिगई, ६. गुरुगई,
७. पणोल्लण गई, ८. पब्भार गई।
–*ठाणं. अ. ८, सु. ६३०*

३. **दसविहगई नामाइं–**

दसविहा गई पन्नत्ता, तं जहा–

१. निरयगई, २. निरयविग्गहगई,
३. तिरियगई, ४. तिरियविग्गहगई,
५. मणुयगई, ६. मणुयविग्गहगई,
७. देवगई, ८. देवविग्गहगई,
९. सिद्धिगई, १०. सिद्धिविग्गहगई।
–*ठाणं. अ. १०, सु. ७४५*

४. **दुग्गईसुगईभेय परूवणं–**

चत्तारि दुग्गईओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. णेरइयदुग्गई, २. तिरिक्खजोणियदुग्गई,
३. मणुस्सदुग्गई, ४. देवदुग्गई।

चत्तारि सोग्गईओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. सिद्धसोग्गई, २. देवसोग्गई,
३. मणुयसोग्गई,[1] ४. सुकुलपच्चायाई।
–*ठाणं. अ. ४, सु. २६७*

५ **दुग्गई-सुगईसु य गमन हेउ परूवणं–**

पंचठाणा अपरिण्णाया जीवाणं दुग्गइगमणाए भवंति, तं जहा–

१. सद्दा, २. रूवा, ३. गंधा, ४. रसा, ५. फासा।

पंच ठाणा सुपरिन्नाया जीवाणं सुगइगमणाए भवंति, तं जहा–

१. सद्दा **जाव** ५. फासा।
–*ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ३९०/१२-१३*

पंचहिं ठाणेहिं जीवा दोग्गई गच्छंति, तं जहा–

१. पाणाइवाएणं, २. मुसावाएणं,
३. अदिन्नादाणेणं, ४. मेहुणेणं,
५. परिग्गहेणं।

३३. गति-अध्ययन

सूत्र

१. **पांच प्रकार की गतियों के नाम–**

गतियां पांच कही गई हैं, यथा–

१. नरकगति, २. तिर्यञ्चगति
३. मनुष्यगति, ४. देवगति,
५. सिद्धगति।

२. **आठ प्रकार की गतियों के नाम–**

गतियां आठ कही गई हैं, यथा–

१. नरकगति, २. तिर्यञ्चगति,
३. मनुष्य गति, ४. देवगति,
५. सिद्धगति, ६. गुरुगति,
७. प्रणोदनगति, ८. प्राग्भारगति।

३. **दस प्रकार की गतियों के नाम–**

गति दस प्रकार की कही गई है, यथा–

१. नरकगति, २. नरकविग्रहगति,
३. तिर्यञ्चगति, ४. तिर्यञ्चविग्रहगति,
५. मनुष्यगति, ६. मनुष्यविग्रहगति,
७. देवगति, ८. देवविग्रहगति,
९. सिद्धगति, १०. सिद्धविग्रहगति।

४. **दुर्गति सुगति के भेदों का प्ररूपण–**

दुर्गति चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. नैरयिक दुर्गति, २. तिर्यक्योनिक दुर्गति,
३. मनुष्य दुर्गति, ४. देव दुर्गति।

सुगति चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. सिद्ध सुगति, २. देव सुगति,
३. मनुष्य सुगति, ४. सुकुल में जन्म (होना)

५. **दुर्गति और सुगति में गमन हेतु का प्ररूपण–**

ये पांच स्थान जब परिज्ञात नहीं होते तब ये जीवों के दुर्गति गमन के हेतु होते हैं, यथा–

१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

ये पांच स्थान जब सुपरिज्ञात होते हैं तब वे जीवों के सुगतिगमन के हेतु होते हैं, यथा–

१. शब्द यावत् ५. स्पर्श।

पांच स्थानों से जीव दुर्गति में जाते हैं, यथा–

१. प्राणातिपात से, २. मृषावाद से,
३. अदत्तादान से, ४. मैथुन से,
५. परिग्रह से।

---

१. ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८७ (१-२)

पंचहिं ठाणेहिं जीवा सोगइं गच्छंति, तं जहा–
१. पाणाइवायवेरमणेणं **जाव** ५. परिग्गहवेरमणेणं।
–ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ३९१

६. दुग्गय सुगयाण य भेय परूवणं–

चत्तारि दुग्गया पन्नत्ता, तं जहा–
१. नेरइयदुग्गया, २. तिरिक्खजोणियदुग्गया,
३. मणुयदुग्गया, ४. देवदुग्गया।
चत्तारि सोग्गया पन्नत्ता, तं जहा–
१. सिद्धसोग्गया, २. देवसोग्गया,
३. मणुयसोग्गया,[1] ४. सुकुलपच्चायाया।
–ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २६७

७. चउगईसु पज्जत्ति-अपज्जत्तिओ–

प. णेरइयाणं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! छ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार पज्जत्ती **जाव** ६. मणपज्जत्ती।
प. णेरइयाणं भंते ! कइ अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! छ अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार अपज्जत्ती **जाव** ६. मणअपज्जत्ती।
–जीवा. पडि. १, सु. ३२

प. सुहुमपुढविकाइयाणं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! चत्तारि पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार पज्जत्ती, २. सरीर पज्जत्ती,
३. इंदिय पज्जत्ती, ४. आणपाणु पज्जत्ती।
प. सुहुमपुढविकाइयाणं भंते ! कइ अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! चत्तारि अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार अपज्जत्ती **जाव** ४. आणपाणु अपज्जत्ती।
–जीवा. पडि. १, सु. १३ (१२)

एवं जाव **सुहुम बायर वणस्सइकाइयाण वि।**
–जीवा. पडि. १, सु. १४-२६

बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियाणं पंच पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार पज्जत्ती, २. सरीर पज्जत्ती,
३. इंदिय पज्जत्ती, ४. आणपाणु पज्जत्ती,
५. भासा पज्जत्ती।
बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियाणं पंच अपज्जत्तीओ, पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार अपज्जत्ती **जाव** ५. भासा अपज्जत्ती।
–जीवा. पडि. १, सु. २७-३०

प. सम्मुच्छिम पंचिंदिय तिरिक्खजोणियजलयराणं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?
उ. गोयमा ! पंच पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–
१. आहार पज्जत्ती **जाव** ५. भासा पज्जत्ती।

पांच स्थानों से जीव सुगति में जाते हैं, यथा–
१. प्राणातिपात विरमण से **यावत्** ५. परिग्रहण विरमण से।

६. दुर्गत सुगत के भेदों का प्ररूपण–

दुर्गत (दुर्गति में उत्पन्न होने वाले) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. नैरयिक दुर्गत, २. तिर्यञ्चयोनिक दुर्गत,
३. मनुष्य दुर्गत, ४. देव दुर्गत
सुगत (सुगति में उत्पन्न होने वाले) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सिद्ध सुगत, २. देव सुगत,
३. मनुष्य सुगत, ४. सुकुल में जन्म लेने वाला।

७. चार गतियों में पर्याप्तियां-अपर्याप्तियां–

प्र. भन्ते ! नैरयिकों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?
उ. गौतम ! छः पर्याप्तियाँ कही गई हैं, यथा–
१. आहार पर्याप्ति **यावत्** ६. मनःपर्याप्ति।
प्र. भंते ! नैरयिकों के कितनी अपर्याप्तियां कही गई हैं ?
उ. गौतम ! छः अपर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार अपर्याप्ति **यावत्** ६. मनःअपर्याप्ति।

प्र. भंते ! सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?
उ. गौतम ! चार पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार पर्याप्ति, २. शरीर पर्याप्ति,
३. इन्द्रिय पर्याप्ति, ४. आन-प्राण पर्याप्ति।
प्र. भन्ते ! सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के कितनी अपर्याप्तियां कही गई हैं ?
उ. गौतम ! चार अपर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार अपर्याप्ति **यावत्** ४. आनप्राण अपर्याप्ति।

इसी प्रकार सूक्ष्म-बादर वनस्पतिकायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय जीवों के पांच पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार पर्याप्ति, २. शरीर पर्याप्ति,
३. इन्द्रिय पर्याप्ति, ४. आनप्राण पर्याप्ति,
५. भाषा पर्याप्ति।
द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय जीवों में पांच अपर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार अपर्याप्ति **यावत्** ५. भाषा अपर्याप्ति।

प्र. भंते ! सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचर जीवों में कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?
उ. गौतम ! पांच पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–
१. आहार पर्याप्ति **यावत्** ५. भाषा पर्याप्ति।

१. ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८७/३-४

थलयराणं खहयराण वि पंच पज्जत्तीओ एवं चेव।

जलयरा-थलयरा-खहयरा वि पंच अपज्जतीओ एवं चेव।

प. गब्भवक्कंतिय पंचिंदियतिरिक्खजोणिय जलयराणं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! छपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. आहार पज्जत्ती **जाव** ६. मण पज्जत्ती

थलयराणं खहयराण वि एवं चेव।

छ अपज्जत्तीओ एवं चेव। *–जीवा. पडि. १, सु. ३५-४०*

प. सम्मुच्छिम मणुस्सा णं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! तिण्णि पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. आहार पज्जत्ती, २. सरीर पज्जत्ती,

३. इंदिय पज्जत्ती।

प. सम्मुच्छिम मणुस्सा णं भंते ! कइ अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! चत्तारि अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ।

प. गब्भवक्कंतिय मणुस्सा णं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! पंच (छ) पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. आहार पज्जत्ती **जाव** ५-६ भासा-मण पज्जत्ती।

पंच अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ एवं चेव[1]।

–जीवा. पडि. १, सु. ४१

प. देवा णं भंते ! कइ पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! पंच पज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. आहार पज्जत्ती **जाव** ५. भासा-मण पज्जत्ती।

प. देवाणं भन्ते ! कइ अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ,

उ. गोयमा ! पंच अपज्जत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. आहार अपज्जत्ती **जाव** ५. भासा-मण अपज्जत्ती।

–जीवा. पडि. १, सु. ४२

८. चउगईसु परित्ताणं संखा परूवणं–

णेरइया–परित्ता असंखेज्जा। *–जीवा. पडि. १, सु. ३२*

सुहुम पुढविकाइया–परित्ता असंखेज्जा।

–जीवा. पडि. १, सु. १३ (३३)

एवं जाव **सुहुम-बायर वाउकाइया वि।** *–जीवा. पडि. १४-१६*

सुहुम वणस्सइकाइया-अपरित्ता अणंता। *–जीवा. पडि. १, सु. १८*

साहारण सरीर बायर वणस्सइकाइया–परित्ता अणंता।

–जीवा. पडि. १, सु. २१

पत्तेय सरीर बायर वणस्सइकाइया–परित्ता असंखेज्जा।

–जीवा. पडि. १, सु. २१

बेइंदिया-तेइंदिया-चउरिंदिया–परित्ता असंखेज्जा।

–जीवा. पडि. १, सु. २८-३०

सम्मूर्च्छिम स्थलचर खेचर जीवों के भी इसी प्रकार पांच पर्याप्तियां हैं।

जलचर स्थलचर और खेचर जीवों के भी इसी प्रकार पांच अपर्याप्तियां हैं।

प्र. भन्ते ! गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचरों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! छः पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–

१. आहार पर्याप्ति **यावत्** ६. मनःपर्याप्ति

गर्भज स्थलचर-खेचर जीवों के लिए भी इसी प्रकार पर्याप्तियां कहनी चाहिए।

इनके छः अपर्याप्तियां भी इसी प्रकार है।

प्र. भंते ! सम्मूर्च्छिम मनुष्यों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! तीन पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–

१. आहार पर्याप्ति, २. शरीर पर्याप्ति,

३. इन्द्रिय पर्याप्ति।

प्र. भन्ते ! सम्मूर्च्छिम मनुष्यों के कितनी अपर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! चार अपर्याप्तियां कही गई हैं।

प्र. भन्ते ! गर्भज मनुष्यों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! पांच (छः) पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–

१. आहार पर्याप्ति **यावत्** ५-६ भाषा-मनःपर्याप्ति,

पांच अपर्याप्तियां भी इसी प्रकार कही गई हैं।

प्र. भन्ते ! देवों के कितनी पर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! पांच पर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–

१. आहार पर्याप्ति **यावत्** ५. भाषा मनः पर्याप्ति।

प्र. भन्ते ! देवों के कितनी अपर्याप्तियां कही गई हैं ?

उ. गौतम ! पांच अपर्याप्तियां कही गई हैं, यथा–

१. आहार अपर्याप्ति **यावत्** ५. भाषा मनः अपर्याप्ति।

८. चार गतियों में परित्त संख्या का प्ररूपण–

नैरयिक– ये (जीव) परित्त (परिमित) हैं और असंख्यात हैं।

सूक्ष्म पृथ्वीकाय– परित्त हैं और असंख्यात हैं,

इसी प्रकार सूक्ष्म-बादर वायुकाय पर्यन्त जानना चाहिए।

सूक्ष्म वनस्पतिकायिक–अपरित्त और अणंत हैं,

साधारण शरीर बादर वनस्पतिकायिक–परित्त और अणंत हैं,

प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकायिक–परित्त हैं और असंख्यात हैं,

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय परित्त हैं और असंख्यात हैं,

---

१. पर्याप्ति द्वारे पंच पर्याप्तयः पंचापर्याप्तयः भाषामनः पर्याप्त्योरेकत्वेन विवक्षणात्।–*जीवा. टीका*

पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया–परित्ता असंखेज्जा।
–जीवा. पडि. १, सु. ३५-४०

सम्मुच्छिम मणुस्सा–परित्ता असंखेज्जा।
गब्भवक्कंतिय मणुस्सा–परित्ता संखेज्जा। –जीवा. पडि. १, सु. ४१
देवा–परित्ता असंखेज्जा। –जीवा. पडि. १, सु. ४२

९. चउगईसु सिद्धस्स य कायट्ठिई परूवणं–

प. णेरइए णं भंते ! नेरइए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं[1]।
प. तिरिक्खजोणिए णं भंते ! तिरिक्खजोणिए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतंकालं,[2] अणंताओ उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीओ कालओ, खेत्तओ अणंता लोगा, असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, ते णं पोग्गलपरियट्टा आवलियाए असंखेज्जइभागो।
प. तिरिक्खजोणिणी णं भंते ! तिरिक्खजोणिणी त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिण्णि पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियाइं।
एवं मणूसे वि[3]।
मणूसी वि एवं चेव।
प. देवे णं भंते ! देवे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! **जहेव णेरइए[4]**।
प. देवी णं भंते ! देवी त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं पणपण्णं पलिओवमाइं[5]।
प. सिद्धे णं भंते ! सिद्धे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! साईए अपज्जवसिए[6]।
–पण्ण. प. १८, सु. १२६१-१२६५
प. असिद्धे णं भंते ! असिद्धे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! असिद्धे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणाईए वा अपज्जवसिए,
२. अणाईए वा सपज्जवसिए वा।
–जीवा. पडि. ९, सु. २३१

१०. जलयराइ पंचिंदिय तिरिक्खजोणियाणं कायट्ठिई काल परूवणं–

पुव्वकोडीपुहत्तं तु उक्कोसेण वियाहिया।
कायट्ठिई जलयराणं अन्तोमुहुत्तं जहन्निया॥
–उत्त. अ. ३६, गा. १७६

पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक–परित्त हैं और असंख्यात हैं,

सम्मूर्च्छिम मनुष्य–परित्त हैं और असंख्यात हैं,
गर्भज मनुष्य–परित्त हैं और संख्यात हैं,
देव–परित्त हैं और असंख्यात हैं।

९. चार गति और सिद्ध की कायस्थिति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! नारक नारकपर्याय में कितने काल तक रहता है ?
उ. गौतम ! वह जघन्य दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिक तिर्यञ्चयोनिकपर्याय में कितने काल तक रहता है ?
उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल अर्थात् कालतः अनन्त उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल तक,
क्षेत्रतः अनन्त लोक, असंख्यात पुद्गलपरावर्त्त रूप हैं,
वे पुद्गलपरावर्त्त आवलिका के असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं।
प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिनी तिर्यञ्चयोनिनी पर्याय में कितने काल तक रहती है ?
उ. गौतम ! (वह) जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम तक रहती है।
इसी प्रकार मनुष्य की कायस्थिति के लिए कहना चाहिए।
मनुष्य स्त्री के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।
प्र. भन्ते ! देव-देव पर्याय में कितने काल तक रहता है ?
उ. गौतम ! **नारक के समान देव की कायस्थिति कहनी चाहिए।**
प्र. भन्ते ! देवी-देवी पर्याय में कितने काल तक रहती है ?
उ. गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष,
उत्कृष्ट पचपन पल्योपम तक रहती है।
प्र. भन्ते ! सिद्ध जीव सिद्धपर्याय में कितने काल तक रहता है ?
उ. गौतम ! सिद्ध जीव सादि अनन्त काल तक रहता है।

प्र. भन्ते ! असिद्ध असिद्ध पर्याय में कितने काल तक रहता है ?
उ. गौतम ! असिद्ध दो प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. अनादि अपर्यवसित,
२. अनादि सपर्यवसित।

१०. जलचरादि पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों की कायस्थिति का प्ररूपण–

जलचरों की कायस्थिति उत्कृष्ट पूर्वकोटि-पृथक्त्व की है और जघन्य अन्तर्मुहूर्त की है।

---

१. (क) उत्त. अ. ३६, गा. १६७
(ख) जीवा. पडि. ३, सु. २०६
२. उत्त. अ. ३६, गा. १७६
३. (क) उत्त. अ. ३६, गा. २०१
(ख) जीवा. पडि. ७, सु. २२६
४. उत्त. अ. ३६, गा. २४५
५. (क) जीवा. पडि. ३, सु. २०६
(ख) जीवा. पडि. ६, सु. २२५
६. (क) जीवा. पडि. ९, सु. २५५
(ख) जीवा. पडि. ९, सु. २३१
(ग) जीवा. पडि. ९, सु. २४९

पलिओवमाउ तिण्णि उ उक्कोसेण तु साहिया।
पुव्वकोडीपुहत्तेणं अन्तोमुहुत्तं जहन्निया॥
कायट्ठिई थलयराणं ----------।
—उत्त. अ. ३६, गा. १८५-१८६/१

असंखभागो पलियस्स उक्कोसेण साहिओ।
पुव्वकोडीपुहुत्तेणं अन्तोमुहुत्तं जहन्निया॥
कायट्ठिई खहयराणं ----------।
—उत्त. अ. ३६, गा. १९२-१९३/१

११. पज्जत्तापज्जत्त चउगईणं कायट्ठिई परूवणं–

प. णेरइयअपज्जत्तए णं भंते ! णेरइय–अपज्जत्तए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेण वि उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं।

एवं जाव देवी अपज्जत्तिया।

प. णेरइयपज्जत्तए णं भंते ! णेरइयपज्जत्तए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तूणाइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं अंतोमुहुत्तूणाइं।

प. तिरिक्खजोणियपज्जत्तए णं भंते ! तिरिक्खजोणियपज्जत्तए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिण्णि पलिओवमाइं अंतोमुहुत्तूणाइं।
एवं तिरिक्खजोणिणिय पज्जत्तिया वि।

मणुसे-मणुसी वि एवं चेव।

देवपज्जत्तए जहा णेरइयपज्जत्तए।

प. देविपज्जत्तिया णं भंते ! देविपज्जत्तिय त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तूणाइं, उक्कोसेणं पणपण्णं पलिओवमाइं अंतोमुहुत्तूणाइं।
—पण्ण. प. १८, सु. १२६६-१२७०

१२. पढमापढम चाउगईसु सिद्धस्स य कायट्ठिई काल परूवणं–

प. पढमसमयणेरइया णं भंते ! पढमसमयणेरइए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! एक्कं समयं।

प. अपढमसमयणेरइए णं भंते ! अपढमसमयणेरइए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं समयूणाइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं समयूणाइं।

स्थलचर जीवों की कायस्थिति उत्कृष्ट पूर्वकोटि-पृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम की है और जघन्य अन्तर्मुहूर्त की है।

खेचर जीवों की कायस्थिति उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक पल्योपम के असंख्यातवें भाग की है और जघन्य अन्तर्मुहूर्त की है।

११. पर्याप्त-अपर्याप्त चार गतियों की कायस्थिति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! अपर्याप्त नारक जीव-अपर्याप्त नारकपर्याय में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त तक रहता है।
इसी प्रकार देवी पर्यन्त अपर्याप्त अवस्था अन्तर्मुहूर्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! पर्याप्त नारक पर्याप्त-नारकपर्याय में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागरोपम तक रहता है।

प्र. भन्ते ! पर्याप्त तिर्यञ्चयोनिक-पर्याप्त तिर्यञ्चयोनिक पर्याय में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अन्तमुहूर्त कम तीन पल्योपम तक रहता है।
इसी प्रकार पर्याप्त तिर्यञ्चयोनिकी की कायस्थिति के लिए कहना चाहिए।
मनुष्य और मनुष्यस्त्री की कायस्थिति भी इसी प्रकार कहनी चाहिए।
पर्याप्त देव की कायस्थिति पर्याप्त नैरयिक के समान कहनी चाहिए।

प्र. भन्ते ! पर्याप्त देवी-पर्याप्त देवी पर्याय के रूप में कितने काल तक रहती है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम पचपन पल्योपम तक रहती है।

१२. प्रथम-अप्रथम चार गतियों और सिद्ध की कायस्थिति के काल का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! प्रथम समय के नैरयिक-प्रथम समय के नैरयिक रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! एक समय।

प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के नैरयिक-अप्रथम समय के नैरयिक रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय कम दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट एक समय कम तेतीस सागरोपम।

प. पढमसमयतिरिक्खजोणिए णं भंते ! पढमसमय-तिरिक्खजोणिएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! एक्कं समयं।

प. अपढमसमयतिरिक्खजोणिए णं भंते ! अपढमसमय-तिरिक्खजोणिएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं खुड्डागं भवग्गहणं समयूणं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो[1]।

प. पढमसमयमणूसे णं भंते ! पढमसमयमणूसेत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! एक्कं समयं।

प. अपढमसमयमणूसे णं भंते ! अपढमसमयमणूसेत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं खुड्डागं भवग्गहणं समयूणं, उक्कोसेणं तिण्णि पलिओवमाइं पुव्वकोडि-पुहत्तमब्भहियाइं[2]।

देवे जहा णेरइए[3]।

प. पढमसमयसिद्धे णं भंते ! पढमसमयसिद्धेत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! एक्कं समयं।

प. अपढमसमयसिद्धे णं भंते ! अपढमसमयसिद्धेत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! साईए अपज्जवसिए। *–जीवा. पडि. ९, सु. २५९*

१३. चउगईसु सिद्धस्स य अंतरकाल परूवणं–

प. नेरइयस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो[4]।

प. तिरिक्खजोणियस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहुत्तं साइरेगं।

प. तिरिक्खजोणिणीणं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

एवं मणुस्स वि[5] मणुस्सीए वि।

एवं देवस्स वि[6], देवीए वि।

प. सिद्धस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! साईयस्स अपज्जवसियए नत्थि अंतरं[7]। *–जीवा. पडि. ९, सु. २५५*

प. असिद्धस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

प्र. भन्ते ! प्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक प्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! एक समय।

प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक अप्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय कम क्षुद्र भव ग्रहण, उत्कृष्ट वनस्पति काल।

प्र. भन्ते ! प्रथम समय का मनुष्य प्रथम समय के मनुष्य रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! एक समय।

प्र. भन्ते ! अप्रथम समय का मनुष्य अप्रथम समय के मनुष्य रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय कम क्षुद्र भव ग्रहण, उत्कृष्ट पूर्वकोटी पृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम।

देवों की काय स्थिति नैरयिकों के समान है।

प्र. भन्ते ! प्रथम समय का सिद्ध प्रथम समय के सिद्ध रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! एक समय।

प्र. भन्ते ! अप्रथम समय का सिद्ध अप्रथम समय के सिद्ध रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! सादि अपर्यवसित है।

१३. चार गतियों और सिद्धों में अंतरकाल का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! नैरयिक का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल का होता है।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिक का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक काल सागरोपमशत-पृथक्त्व का होता है।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिनी का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार मनुष्य का और मनुष्य स्त्री का अंतर काल जानना चाहिए।

देव और देवी का भी अंतर काल इसी प्रकार जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! सिद्ध का अंतर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! सादि अपर्यवसित होने से सिद्ध का अन्तर नहीं है।

प्र. भन्ते ! असिद्ध का अंतर कितने काल का होता है ?

---

१. जीवा. पडि. ७, सु. २२६
२. जीवा. पडि. ७, सु. २२६
३. जीवा. पडि. ९, सु. २५७
४. उत्त. अ. ३६, गा. १६८
५. उत्त. अ. ३६, गा. २०२
६. (क) जीवा. पडि. ३, सु. २०६
(ख) उत्त. अ. ३६, गा. २४६
७. (क) जीवा. पडि. ६, सु. २२५
(ख) जीवा पडि. ९, सु. २४९

उ. गोयमा ! अणाइयस्स अपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं,
अणाइयस्स सपज्जवसियस्स नत्थि अंतरं।
–जीवा. पडि. ९, सु. २३१

१४. पढमापढम चउगईसु सिद्धस्स य अंतरकाल परूवणं–

प. पढमसमयणेरइयस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।
प. अपढमसमयणेरइयस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।
प. पढमसमयतिरिक्खजोणियस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं दो खुड्डागभवग्गहणाइं समयूणाइं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।
प. अपढमसमयतिरिक्खजोणियस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं खुड्डागभवग्गहणं समयाहियं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहुत्तं साइरेगं।
प. पढमसमयमणूसस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं दो खुड्डागभवग्गहणाइं समयूणाइं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।
प. अपढमसमयमणूसस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं खुड्डाग भवग्गहणं समयाहियं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।
देवस्स णं अंतरं जहा णेरइयस्स।।[1]
प. पढमसमयसिद्धस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! णत्थि अंतरं।
प. अपढमसमयसिद्धस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवचिरं होइ ?
उ. गोयमा ! साईयस्स अपज्जवसियस्स णत्थि अंतरं।
–जीवा. पडि. ९, सु. २५९

१५. पंच अट्ठ वा गइं पडुच्च जीवाणं अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं तिरिक्खजोणियाणं मणुस्साणं देवाणं सिद्धाण य पंचगइ समासेणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?
उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा मणुस्सा,

उ. गौतम ! अनादि अपर्यवसित का अन्तर नहीं है,
अनादि सपर्यवसित का भी अंतर नहीं है।

१४. प्रथम-अप्रथम चार गतियों और सिद्ध के अंतरकाल का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! प्रथम समय के नैरयिक का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल।
प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के नैरयिक का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल।
प्र. भन्ते ! प्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य एक समय कम दो क्षुद्र भव ग्रहण, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल।
प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के तिर्यञ्चयोनिक का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य एक समय अधिक क्षुद्र भव ग्रहण,
उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम शत पृथक्त्व।
प्र. भन्ते ! प्रथम समय के मनुष्य का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य एक समय कम दो क्षुद्र भव ग्रहण, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल।
प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के मनुष्य का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! जघन्य एक समय अधिक क्षुद्र भव ग्रहण, उत्कृष्ट वनस्पतिकाल।
देव का अन्तर काल नैरयिक जैसा है।
प्र. भन्ते ! प्रथम समय के सिद्ध का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! अन्तर काल नहीं है।
प्र. भन्ते ! अप्रथम समय के सिद्ध का अन्तर काल कितना है ?
उ. गौतम ! सादि अपर्यवसित का अन्तर काल नहीं है।

१५. पांच या आठ गतियों की अपेक्षा जीवों का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! इन नारकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों, देवों और सिद्धों की पांच गतियों की अपेक्षा से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?
उ. गौतम ! १. सबसे अल्प मनुष्य हैं,

१. (क) जीवा. पडि. ७, सु. २२७ (ख) जीवा. पडि. ९, सु. २५७

२. नेरइया असंखेज्जगुणा,
३. देवा असंखेज्जगुणा,
४. सिद्धा अणंतगुणा,
५. तिरिक्खजोणिया अणंतगुणा[1]।

प. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं तिरिक्खजोणियाणं तिरिक्खजोणिणीणं मणुस्साणं मणुस्सीणं देवाणं देवीणं सिद्धाण य अट्ठगइ समासेणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ मणुस्सीओ,
२. मणुस्सा असंखेज्जगुणा,
३. नेरइया असंखेज्जगुणा,
४. तिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ,
५. देवा असंखेज्जगुणा,
६. देवीओ असंखेज्जगुणाओ,
७. सिद्धा अणंतगुणा,
८. तिरिक्खजोणिया अणंतगुणा[2]।

–पण्ण. प. ३, सु. २२५-२२६

१६. पढमापढम चउगईसु सिद्धस्स य अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयणेरइयाणं, पढमसमयतिरिखजोणियाणं, पढमसमयमणूसाणं, पढमसमयदेवाणं, पढमसमयसिद्धाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयसिद्धा,
२. पढमसमयमणूसा असंखेज्जगुणा,
३. पढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
४. पढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
५. पढमसमयतिरिक्खजोणिया असंखेज्जगुणा।

प. एएसि णं भंते ! अपढमसमयनेरइयाणं **जाव** अपढमसमयसिद्धाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. **सव्वत्थोवा अपढमसमयमणूसा,**
२. अपढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
३. अपढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
४. अपढमसमयसिद्धा अणंतगुणा,
५. अपढमसमयतिरिक्खजोणिया अणंतगुणा।

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयनेरइयाणं, अपढमसमयनेरइयाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयनेरइया,
२. अपढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयतिरिक्खजोणियाणं, अपढमसमयतिरिक्खजोणियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

२. (उनसे) नैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) देव असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) सिद्ध अनन्तगुणे हैं,
५. (उनसे) तिर्यञ्चयोनिक जीव अनन्तगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, तिर्यञ्चयोनिनीयों, मनुष्यों, मनुष्य स्त्रियों, देवों, देवियों और सिद्धों का आठ गतियों की अपेक्षा से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम ! १. सबसे कम मनुष्य स्त्री हैं,
२. (उनसे) मनुष्य असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) नैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) तिर्यञ्चयोनिनीयां असंख्यातगुणी हैं,
५. (उनसे) देव असंख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) देवियां असंख्यातगुणी हैं,
७. (उनसे) सिद्ध अनन्तगुणे हैं,
८. (उनसे) तिर्यञ्चयोनिक अनन्तगुणे हैं।

१६. प्रथम-अप्रथम चार गतियों और सिद्ध का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! इन प्रथमसमय नैरयिक, प्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक, प्रथमसमयमनुष्य, प्रथमसमयदेव और प्रथमसमयसिद्धों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. प्रथमसमय के सिद्ध सबसे अल्प हैं,
२. (उनसे) प्रथमसमय के मनुष्य असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) प्रथमसमय के नैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) प्रथमसमय के देव असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) प्रथमसमय के तिर्यञ्चयोनिक असंख्यातगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन अप्रथमसमय नैरयिक **यावत्** अप्रथमसमय सिद्धों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. अप्रथमसमय के मनुष्य सबसे अल्प हैं,
२. (उनसे) अप्रथमसमय के नैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) अप्रथमसमय के देव असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) अप्रथमसमय के सिद्ध अनन्तगुणे हैं,
५. (उनसे) अप्रथमसमय के तिर्यञ्चयोनिक अनन्तगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन प्रथमसमयनैरयिकों और अप्रथमसमयनैरयिकों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प प्रथमसमयनैरयिक हैं,
२. (उनसे) अप्रथमसमयनैरयिक असंख्यातगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन प्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिकों और अप्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिकों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

१. जीवा. पडि. ९, सु. २४९ २. (क) जीवा. पडि. ६, सु. २२५ (ख) जीवा. पडि. ९, सु. २५५ (ग) विया. स. २५, उ. ३, सु. ११७

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयतिरिक्खजोणिया,
२. अपढमसमयतिरिक्खजोणिया अणंतगुणा।

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयमणूसाणं अपढमसमयमणूसाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयमणूसा,
२. अपढमसमयमणूसा असंखेज्जगुणा,
जहा मणूसा तहा देवावि।

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयसिद्धाणं अपढमसमयसिद्धाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयसिद्धा,
२. अपढमसमयसिद्धा अणंतगुणा।

प. एएसि णं भंते ! पढमसमयनेरइयाणं, अपढमसमयनेरइयाणं, पढमसमयतिरिक्खजोणियाणं, अपढमसमयतिरिक्खजोणियाणं, पढमसमयमणूसाणं, अपढमसमयमणूसाणं, पढमसमयदेवाणं, अपढमसमयदेवाणं, पढमसमयसिद्धाणं, अपढमसमयसिद्धाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयसिद्धा।
२. पढमसमयमणूसा असंखेज्जगुणा,
३. अपढमसमयमणूसा असंखेज्जगुणा,
४. पढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
५. पढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
६. पढमसमयतिरिक्खजोणिया असंखेज्जगुणा,
७. अपढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
८. अपढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
९. अपढमसमयसिद्धा अणंतगुणा,
१०. अपढमसमयतिरिक्खजोणिया अणंतगुणा[1]।

–जीवा. पडि. ९, सु. २५९

□

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प प्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक हैं,
२. (उनसे) अप्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक अनन्तगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन प्रथमसमयमनुष्यों और अप्रथमसमयमनुष्यों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प प्रथमसमयमनुष्य हैं,
२. (उनसे) अप्रथमसमयमनुष्य असंख्यातगुणे हैं।
जैसा मनुष्यों के लिए कहा है, वैसा देवों के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! इन प्रथमसमयसिद्धों और अप्रथमसमयसिद्धों में कौन किससे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प प्रथमसमयसिद्ध हैं,
२. (उनसे) अप्रथमसमयसिद्ध अनन्तगुणे हैं।

प्र. भन्ते ! इन १. प्रथमसमयनैरयिक, २. अप्रथमसमयनैरयिक, ३. प्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक, ४. अप्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिकी, ५. प्रथमसमयमनुष्य, ६. अप्रथमसमयमनुष्य, ७. प्रथम- समयदेव, ८. अप्रथमसमयदेव, ९. प्रथमसमयसिद्ध और १०. अप्रथमसमयसिद्ध इनमें कौन किससे अल्प **यावत** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प प्रथमसमयसिद्ध हैं,
२. (उनसे) प्रथमसमयमनुष्य असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) अप्रथमसमयमनुष्य असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) प्रथमसमयनैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) प्रथमसमयदेव असंख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) प्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक असंख्यातगुणे हैं,
७. (उनसे) अप्रथमसमयनैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
८. (उनसे) अप्रथमसमयदेव असंख्यातगुणे हैं,
९. (उनसे) अप्रथमसमयसिद्ध अनन्तगुणे हैं,
१०. (उनसे) अप्रथमसमयतिर्यञ्चयोनिक अनन्तगुणे हैं।

□

---

१. (क) **जीवा. पडि. ७, सु. २२७**

(ख) **जीवा. पडि. ९, सु. २५७ विशेष अन्तर निम्न है–**

प. एएसि णं भन्ते ! पढमसमयनेरइयाणं, पढमसमयतिरिक्खजोणियाणं, पढमसमयमणूसाणं, पढमसमयदेवाणं, अपढमसमयनेरइयाणं, अपढमसमयतिरिक्खजोणियाणं, अपढमसमयमणूसाणं, अपढमसमयदेवाणं सिद्धाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पढमसमयमणूसा,
२. अपढमसमयमणूसा असंखेज्जगुणा,
३. पढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
४. पढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
५. पढमसमयतिरिक्खजोणिया असंखेज्जगुणा,
६. अपढमसमयनेरइया असंखेज्जगुणा,
७. अपढमसमयदेवा असंखेज्जगुणा,
८. सिद्धा अणंतगुणा,
९. अपढमसमयतिरिक्खजोणिया अणंतगुणा।

–जीवा. पडि. ७, सु. २५७

नरकगति अध्ययन

इस अध्ययन में नरकगति एवं नैरयिकों से सम्बद्ध वर्णन उपलब्ध है। सात प्रकार की नरक पृथ्वियों, नरकावासों तथा शरीर, अवगाहना, संहनन, संस्थान, लेश्या, स्थिति आदि विभिन्न २५ द्वारों से नैरयिक जीवों के विषय में जानकारी करने के लिए जीवाजीवाभिगम सूत्र अथवा इस ग्रन्थ के अन्य अध्ययन द्रष्टव्य हैं। किन्तु इस अध्ययन में सूत्रकृताङ्ग एवं व्याख्या प्रज्ञप्ति सूत्रों में उपलब्ध नैरयिक विषयक वर्णन का भी उल्लेख है। संक्षेप में इस अध्ययन की विषय वस्तु नरक में जाने के कारणों, वहाँ प्राप्त दुःखद फलों, अनिष्ट यावत् अमनाम स्पर्शादि अनुभवों पर केन्द्रित है।

नरक में जाने के प्रायः चार कारण माने जाते हैं–महारम्भ, महापरिग्रह, पञ्चेन्द्रियवध एवं माँस भक्षण। किन्तु यहाँ सूत्रकृताङ्ग सूत्र के अनुसार इसके अग्राङ्कित कारण दिए गए हैं–जो जीव अपने विषय सुख के लिए त्रस और स्थावर प्राणियों की तीव्र परिणामों से हिंसा करता है, अनेक उपायों से प्राणियों का उपमर्दन करता है, अदत्त को ग्रहण करता है, श्रेयस्कर सीख को नहीं स्वीकारता है वह नरक में जाता है। इसी प्रकार जो जीव पाप करने में धृष्ट है, बहुत से प्राणियों का घात करता है, पाप कार्यों से निवृत्त नहीं है, वह अज्ञानी जीव अन्तकाल में घोर अन्धकार युक्त नरक में जाता है।

नैरयिक जीवों को शीत, उष्ण, भूख, प्यास, शस्त्रविकुर्वण आदि अनेक वेदनाएँ भोगनी पड़ती हैं। इनका वर्णन इस द्रव्यानुयोग के देवना अध्ययन में द्रष्टव्य है। वे पृथ्वी, अप्, तेजस्, वायु एवं वनस्पति का स्पर्श करते हैं तो वह भी उन्हें अनिष्ट, अकांत, अप्रिय, अमनोज्ञ एवं अमनाम अनुभव होता है। ऐसा अनुभव रत्नप्रभा नामक प्रथम नरक पृथ्वी से लेकर सातवीं पृथ्वी तक सबमें होता है। नरक वस्तुतः दुःखदायक एवं विषम है। यहाँ पर पूर्वकृत दुष्कर्मों का दुःखद फल भोगा जाता है। नरकपाल एवं परमाधर्मी देव नैरयिकों को विविध प्रकार की यातनाएँ देते हैं। नैरयिक किस प्रकार का असह्य एवं हृदय द्रावक दुःख भोगते हैं इसका वर्णन प्रस्तुत अध्ययन में विस्तार से हुआ है। इसमें एक सदाजला नामक नदी का भी उल्लेख है जिसमें जल के साथ क्षार, मवाद एवं रक्त भी है। यह आग से पिघले हुए लोहे की भाँति अत्यन्त उष्ण है। नैरयिकों को काने वाले भूखे एवं ढीठ सियारों का भी इसमें उल्लेख हुआ है।

इसमें एक यह सत्य प्रकट हुआ है कि जो जीव जिस प्रकार के कर्म करता है उसको उनके अनुरूप फल भोगना होता है। यदि जीव ने एकान्त दुःख रूप नरक भव के योग्य कर्मों का बंध किया है तो उसे नरक का दुःख भोगना होता है। नैरयिक जीव सदैव भयग्रस्त, त्रसित, भूखे, उद्विग्न, उपद्रवग्रस्त एवं क्रूर परिणाम वाले होते हैं। वे सदैव परम अशुभ नरक भव का अनुभव करते रहते हैं।

वे पुद्गल परिणाम से लेकर वेदना लेश्या, नाम-गोत्र, भय, शोक, क्षुधा, पिपासा, व्याधि, उच्छ्वास, अनुताप, क्रोध, मान, माया, लोभ एवं आहारादि चार संज्ञाओं के परिणामों का अनिष्ट, अप्रिय, अमनोज्ञ एवं अमनाम रूप में अनुभव करते हैं। ये समस्त परिणाम २० प्रकार के माने गए हैं जिनका उल्लेख जीवाभिगम सूत्र में हुआ है।

नैरयिक जीव नरक में उत्पन्न होते ही मनुष्य लोक में आना चाहते हैं, किन्तु नरक में भोग्य कर्मों के क्षीण हुए बिना वहाँ से आ नहीं सकते। नरकावासों के परिपार्श्व में जो पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक एवं वनस्पतिकायिक जीव हैं वे भी महाकर्म, महाक्रिया, महा आश्रव एवं महावेदना वाले होते हैं।

चार-सौ पाँच सौ योजन पर्यन्त नरकलोक नैरयिक जीवों से ठसाठस भरा हुआ है। इस प्रकार नरक में अत्यन्त दुःख है। यही इस अध्ययन का प्रतिपाद्य विषय है।

□

३४. णिरयगई अज्झयणं

सूत्र

१. **निरयगमणस्स कारणानि परूवणं–**

पुच्छिस्स हं केवलियं महेसिं,
कहं भियावा णरगा पुरत्था।
अजाणतो मे मुणि बूहि जाणं,
कहे णु बाला णरगं उवेंति ॥१॥

एवं मए पुट्ठे महाणुभागे,
इणमब्बवी कासवे आसुपण्णे।
पवेदइस्सं दुहमट्ठदुग्गं,
आईणियं दुक्कडियं पुरत्था ॥२॥

जे केइ बाला इह जीवियट्ठी,
पावाइं कम्माइं करेंति रुद्दा।
ते घोररूवे तिमिसंधयारे,
तिव्वाभितावे नरए पडंति ॥३॥

तिव्वं तसे पाणिणो थावरे य,
जे हिंसई आयसुहं पडुच्चा।
जे लूसए होइ अदत्तहारी,
ण सिक्खई सेयवियस्स किंचि ॥४॥

पागब्भिपाणे बहुणं तिवाई,
अणिव्वुडे घातमुवेइ बाले।
णिहो णिसं गच्छइ अंतकाले,
अहो सिरं कट्टु उवेइ दुग्गं ॥५॥

–सूय. सु. १, अ. ५, उ. १, गा. १-५

२. **णिरय पुढवीसु-पुढवीआईणं फास परूवणं–**

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसयं पुढविफासं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ?

उ. गोयमा ! अणिट्ठं **जाव** अमणामं।

एवं जाव **अहेसत्तमाए।**

प. इमीसे णं भन्ते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसयं आउफासं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति ?

उ. गोयमा ! अणिट्ठं **जाव** अमणामं।

एवं जाव **अहेसत्तमाए।**

एवं तेउ-वाउ-वणप्फइफासं जाव अहेसत्तमाए पुढवीए[1]।

–जीवा. पडि. ३, सु. ९२

३. **णिरएसु पुरेकडाइं दुक्कडं कम्मफलाइं वेदेंति–**

अहावरं सासयदुक्खधम्मं,
तं भे पवक्खामि जहातहेणं।
बाला जहा दुक्कडकम्मकारी,
वेदेंति कम्माइं पुरेकडाइं ॥१॥

३४. नरक गति-अध्ययन

सूत्र

१. **नरक गमन के कारणों का प्ररूपण–**

(सुधर्मा स्वामी) मैंने केवलज्ञानी महर्षि महावीर स्वामी से पूछा था– "नैरयिक किस प्रकार के अभिताप से युक्त हैं ? हे मुने ! आप जानते हैं इसलिए मुझ अज्ञात को कहें कि–'मूढ़ अज्ञानी जीव किस कारण से नरक पाते है ?॥१॥

इस प्रकार मेरे (सुधर्मा स्वामी) द्वारा पूछे जाने पर महाप्रभावक आशुप्रज्ञ काश्यपगोत्रीय (भगवान महावीर) ने यह कहा "यह नरक दुःखदायक एवं विषम है वह दुष्प्रवृत्ति करने वाले अत्यन्त दीन जीवों का निवासस्थान है, वह कैसा है मैं आगे बताऊँगा'॥२॥

इस लोक में जो अज्ञानी जीव अपने जीवन के लिए रौद्र पापकर्मों को करते हैं, वे घोर निविड़ अन्धकार से युक्त तीव्रतम ताप वाले नरक में गिरते हैं॥३॥

जो जीव अपने विषयसुख के निमित्त त्रस और स्थावर प्राणियों की तीव्र परिणामों से हिंसा करता है, अनेक उपायों से प्राणियों का उपमर्दन करता है, अदत्त को ग्रहण करने वाला है और जो श्रेयस्कर सीख को बिल्कुल ग्रहण नहीं करता है॥४॥

जो पुरुष पाप करने में धृष्ट है, अनेक प्राणियों का घात करता है, पापकार्यों से निवृत्त नहीं है, वह अज्ञानी जीव अन्तकाल में नीचे घोर अन्धकार युक्त नरक में चला जाता है और वहाँ नीचा शिर एवं ऊँचे पाँव किये हुए अत्यन्त कठोर वेदना का वेदन करता है॥५॥

२. **नरक पृथ्वियों में पृथ्वी आदि के स्पर्श का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक किस प्रकार के भूमिस्पर्श का अनुभव करते हैं ?

उ. गौतम ! वे अनिष्ट **यावत्** अमणाम भूमिस्पर्श का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तमपृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक किस प्रकार के जलस्पर्श का अनुभव करते हैं ?

उ. गौतम ! अनिष्ट **यावत्** अमणाम जलस्पर्श का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार तेजस्, वायु और वनस्पति के स्पर्श के लिए भी अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

३. **नरकों में पूर्वकृत दुष्कृत कर्म फलों का वेदन–**

इसके पश्चात् अब मैं शाश्वत दुःख देने के स्वभाव वाले नरक के सम्बन्ध में यथार्थरूप से अन्य बातों को कहूँगा जहाँ पर दुष्कृत पाप कर्म करने वाले अज्ञानी जीव किस प्रकार (पूर्व जन्म में) कृत स्वकर्मों का फल भोगते हैं॥१॥

१. विया. स. १३, उ. ४, सु. ६-९

हत्थेहि पाएहि य बंधिऊणं,
उदरं विकत्तंति खुरासिएहिं।
गेण्हेत्तु बालस्स विहन्न देहं,
वद्धं थिरं पिट्ठओ उद्धरंति ॥२॥

बाहू पकत्तंति मूलओ से,
थूलं वियासं मुहे आडहंति।
रहंसि जुत्तं सरयंति बालं,
आरुस्स विज्झंति तुदेणपिट्ठे ॥३॥

अयं तत्तं जलियं सजोइं,
तओवमं भूमिमणोक्कमंता।
ते डज्झमाणा कलुणं थणंति,
उसुचोइया तत्तजुगेसु जुत्ता ॥४॥

बाला बला भूमि मणोक्कमंता,
पविज्जलं लोहपहं व तत्तं।
जंसीऽभिदुग्गंसि पवज्जमाणा,
पेसेव दंडेहिं पुरा करेंति ॥५॥

ते संपगाढंसि पवज्जमाणा,
सिलाहिं हम्मंतिऽभिपातिणीहिं।
संतावणी नाम चिरट्ठिईया,
संतप्पइ जत्थ असाहुकम्मा ॥६॥
कंदूसु पक्खिप्प पयंति बालं,
तओ वि डड्ढा पुणरुप्पयंति।
ते उड्ढकाएहिं पखज्जमाणा,
अवरेहिं खज्जंति सणप्फएहिं ॥७॥

समूसियं नाम विधूमठाणं,
जं सोयतत्ता कलुणं थणंति।
अहोसिरं कट्टु विगत्तिऊणं,
अयं व सत्थेहिं समोसवेंति।८॥

समूसिया तत्थ विसूणियंगा,
पक्खीहिं खज्जंति अयोमुहेहिं।
संजीवणी नाम चिरट्ठिईया,
जंसि पया हम्मइ पावचेया ॥९॥

तिक्खाहिं सूलाहिं भियावयंति,
वसोवगं सो अरियं व लद्धुं।
ते सूलविद्धा कलुणं थणंति,
एगंतदुक्खं दुहओ गिलाणा ॥१०॥

सदा जलं ठाणं निहं महंतं,
जंसी जलंती अगणी अकट्ठा।
चिट्ठंती तत्था बहुकूरकम्मा,
अरहस्सरा केइ चिरट्ठिईया ॥११॥

(परमाधार्मिक असुर) नारकीय जीवों के हाथ पैर बांधकर तेज उस्तरे और तलवार के द्वारा उनका पेट काट डालते हैं और उस अज्ञानी जीव की क्षत-विक्षत देह को पकड़कर उसकी पीठ की चमड़ी जोर से उधेड़ देते हैं॥२॥

वे उनकी भुजाओं को जड़ मूल से काट लेते हैं और बड़े-बड़े तपे हुए गोले को मुँह में डालते हैं फिर एकान्त में ले जाकर उन अज्ञानी जीवों के जन्मान्तर कृत कर्म का स्मरण कराते हैं और अकारण ही कोप करके चाबुक आदि से उनकी पीठ पर प्रहार करते हैं॥३॥

ज्योतिसहित तपे हुए लोहे के गोले के समान जलती हुई तप्त भूमि पर चलने से और तीक्ष्ण भाले से प्रेरित गाड़ी के तप्त जुए में जुते हुए वे नारकी जीव करुण विला करते हैं॥४॥

अज्ञानी नारक जलते हुए लोहमय मार्ग के समान (रक्त और मवाद के कारण) कीचड़ में भी भूमि पर (परमाधार्मिकों द्वारा) बलात् चलाये जाते हैं किन्तु जब वे उस दुर्गम स्थान पर ठीक से नहीं चलते हैं तब (कुपित होकर) डंडे आदि मारकर बैलों की तरह जबरन उन्हें आगे चलाते हैं॥५॥

तीव्र वेदना से व्याप्त नरक में रहने वाले वे (नारकी जीव) सम्मुख गिरने वाली शिलाओं द्वारा नीचे दबकर मर जाते हैं और चिरकालिक स्थिति वाली सन्ताप देने वाली कुम्भी में वे दुष्कर्मी नारक संतप्त होते रहते हैं॥६॥

(नरकपाल) अज्ञानी नारक को गेंद के समान आकार वाली कुम्भी में डालकर पकाते हैं और चने की तरह भूने जाते हुए वे वहाँ से फिर ऊपर उछलते हैं जहाँ वे उड़ते हुए कौओं द्वारा खाये जाते हैं तथा नीचे गिरने पर दूसरे सिंह व्याघ्र आदि हिंस्र पशुओं द्वारा खाये जाते हैं॥७॥

नरक में (ऊँची चिता के समान आकार वाला) धूम रहित अग्नि का एक स्थान है जिस स्थान को पाकर शोक संतप्त नारकी जीव करुण स्वर में विलाप करते हैं और नारकपाल उसके सिर को नीचा करके शरीर को लोहे की तरह शस्त्रों से काटकर टुकड़े टुकड़े कर डालते हैं॥८॥

वहाँ नरक में (अधोमुख करके) लटकाए हुए तथा शरीर की चमड़ी उधेड़ ली गई है ऐसे नारकी जीवों को लोहे के समान चोंच वाले पक्षीगण खा जाते हैं। जहाँ पर पापात्मा नारकीय जीव मारे पीटे जीते हैं किन्तु संजीवनी (मरण कष्ट पाकर भी आयु शेष रहने तक जीवित रखने वाली) नामक नरक भूमि होने से वह चिरस्थिति वाली होती है॥९॥

वशीभूत हुए श्वापद हिंस्र पशुओं जैसे नारकी जीवों को परमाधार्मिक तीखे शूलों से बींधकर मार गिराते हैं वे शूलों से बींधे हुए (भीतर और बाहर) दोनों ओर से ग्लानि (पीड़ित) एवं एकान्त दुःखी होकर करुण क्रन्दन करते हैं)॥१०॥

वहाँ (नरकों में) सदैव जलता हुआ एक महान् (प्राणिघातक) स्थान है, जिसमें बिना ईंधन की आग जलती रहती है जिन्होंने (पूर्वजन्म में) बहुत क्रूर कर्म किये हैं वे कई चिरकाल तक वहाँ निवास करते हैं और जोर-जोर से गला फाड़कर रोते हैं॥११॥

चिता महंती उ समारभित्ता,
छुब्भंति ते तं कलुणं रसंतं।
आवट्टई तत्थ असाहुकम्मा,
सप्पी जहा पततं जोइमज्झे ॥१२॥

वे परमाधार्मिक बड़ी भारी चिता रचकर उसमें करुण रुदन करते हुए नारकीय जीव को फेंक देते हैं जैसे घी अग्नि में डालते ही पिघल जाता है, वैसे ही उस चिता की अग्नि में पड़ा हुआ पाप-कर्मी नारक भी द्रवीभूत हो जाता है॥१२॥

सदा कसिणं पुण धम्मठाणं,
गाढोवणीयं अतिदुक्खधम्मं।
हत्थेहिं पाएहिं य बंधिऊणं,
सत्तुं व दण्डेहिं समारभंति ॥१३॥

वहाँ पर एक ऐसा स्थान है जो सदैव सम्पूर्ण रूप से गर्म रहता है जिसका स्वभाव अतिदुःख देना है तथा जिसको निकाचित पाप कर्मों को बांधने वाले प्राप्त करते हैं। वे परमाधार्मिक देव उन नारकों के शत्रु के समान बनकर उनके हाथ पैर बांधकर डंडों से पीटते हैं॥१३॥

भंजंति बालस्स वहेण पट्ठि,
सीसंपि भिंदंति अयोघणेहिं।
ते भिन्नदेहा व फलगावतट्ठा,
तत्ताहिं आराहिं णियोजयंति ॥१४॥

वे परमाधार्मिक देव उन अज्ञानी जीवों की पीठ को लाठी आदि से मार मार कर तोड़ देते हैं और उनका सिर भी लोहे के घन से चूर-चूर कर देते हैं और छिन्न भिन्न शरीर वाले उन नारकों को काष्ठफलक की तरह तपे हुए आरे से चीरते हैं॥१४॥

अभिजुंजिया रूद्द असाहुकम्मा,
उसुचोइया हत्थिवहं वहंति।
एगं दुरूहित्तु दुए तयो वा,
आरुस्स विज्झंति ककाणओ से ॥१५॥

नरकपाल नारकीय जीवों के रौद्र पापकर्मों का स्मरण करा कर अंकुश से प्रेरित किये हुए हाथी के समान भार वहन कराते हैं। उनकी पीठ पर एक दो या तीन नारकीयों को चढ़ाकर उन्हें चलने के लिए प्रेरित करते हैं और क्रुद्ध होकर तीखे नोकदार शस्त्र से उनके मर्मस्थान को बींध डालते हैं॥१५॥

बाला बला भूमि मणोक्कमंता,
पविज्जलं कंटइलं महंतं।
विबद्ध तप्पेहिं विवण्णचित्ते,
समीरिया कोट्ट बलिं करेंति ॥१६॥

बालक के समान बेचारे नारकी जीव नरकपालों द्वारा बलात् कीचड़ से भरी और काँटों से परिपूर्ण विस्तृत भूमि पर चलाये जाते हैं और अनेक प्रकार के बंधनों से बांधे हुए उदास चित्त उन नारक जीवों के टुकड़े-टुकड़े करके नगरबलि के समान इधर उधर बिखेर दिये जाते हैं॥१६॥

वेयालिए नाम महाभितावे,
एगायए पव्वयमंतलिक्खे।
हम्मंति तत्था बहुकूरकम्मा,
परं सहस्साण मुहुत्तगाणं ॥१७॥

आकाश को स्पर्श करता हुआ (दिवाल के समान) एक शिला से बनाया हुआ लम्बा बड़े भारी ताप से युक्त वैतालिक नामक एक पर्वत है। उस पर अतिक्रूरकर्मी नारकी जीव हजारों मुहूर्तों से भी अधिक काल तक मारे जाते हैं॥१७॥

संबाहिया दुक्कडियो थणंति,
अहो य राओ परितप्पमाणा।
एगंतकूडे नरए महंते,
कूडेण तत्था विसमे हया उ ॥१८॥

निरन्तर पीड़ित किये जाने से दुःखी, दुष्कर्म करने वाले नैरयिक दिन-रात परिताप भोगते हुए रोते रहते हैं और एकान्त रूप से दुःखोत्पत्ति के हेतु विषम और विशाल नरक में पड़े हुए प्राणी गले में फांसी डालकर मारे जाते समय केवल रोते रहते हैं॥१८॥

भंजंति णं पुव्वमरी सरोसं ,
समुग्गरे ते मुसले गहेउं।
ते भिन्नदेहा रुहिरं वमंता,
ओमुद्धगा धरणितले पडंति ॥१९॥

पहले तो वे नरकपाल मुद्गर और मूसल हाथ में लेकर शत्रु के समान रोष के साथ नारकी जीवों के अंगों को तोड़ फोड़ देते हैं और जिनकी देह टूट गई है ऐसे वे नारकी जीव रक्त वमन करते हुए अधोमुख होकर जमीन पर गिर पड़ते हैं॥१९॥

अणासिया नाम महासियाला,
पागब्भिणो तत्थ सयायकोवा।
खज्जंति तत्था बहुकूरकम्मा,
अदूरयासंकलियाहिं बद्धा ॥२०॥

उस नरक में स्वभाव से ही सदैव क्रोधी भूखे और ढीठ बड़े-बड़े सियार रहते हैं। जो वहाँ रहने वाले जन्मान्तर में महान् क्रूर कर्म करने वाले और पास में ही जंजीरों से बंधे हुए उन नारकों को खा जाते हैं॥२०॥

सयाजलानाम नदीऽभिदुग्गा,
पविज्जला लोहविलीणतत्ता।
जंसी भिदुग्गंसि पवज्जमाणा,
एगाइताऽणुक्कमणं करेंति ॥२१॥

सदाजला नाम की एक अत्यन्त दुर्गम नदी है जिसका जल क्षार, मवाद और रक्त से व्याप्त है और वह आग से पिघले हुए तरल लोहे के समान अत्यन्त उष्ण है ऐसी अत्यन्त दुर्गम नदी में प्रवेश किये हुए नारक जीव अकेले ही असहाय होकर तैरते रहते हैं॥२१॥

एयाइं फासाइं फुसंति बालं,
निरंतरं तत्थ चिरट्ठिईयं।
ण हम्ममाणस्स उ होइ ताणं,
एगो सयं पच्चणुहोइ दुक्खं॥२२॥

जे जारिसं पुव्वमकासि कम्मं,
तहेव आगच्छइ संपराए।
एगंतदुक्खं भवमिज्जणित्ता,
वेदेंति दुक्खी तमणंत दुक्खं॥२३॥

एयाणि सोच्चा णरगाणि धीरे,
न हिंसए कंचण सव्वलोए।
एगंतदिट्ठी अपरिग्गहे उ,
बुज्झिज्ज लोगस्स वसं न गच्छे।२४।

एवं तिरिक्खमणुयामरेसुं,
चउरंतणंतं तयणूविवागं।
स सव्वमेयं इइ वेयइत्ता,
कंखेज्जकालं धुयमायरेज्जा॥ –सूय. सु. १, अ. ५, उ. २, सु. २५

४. **णेरइय णिरयभावाणं अणुभवण परूवणं–**

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णेरइया केरिसयं णिरयभवं पच्चणुभवमाणा विहरंति?

उ. गोयमा ! ते णं तत्थ णिच्चं भीया, णिच्चं तसिया, णिच्चं छुहिया, णिच्चं उव्विग्गा, णिच्चं उवट्ठुआ, णिच्चं वहिया, णिच्चं परममसुभमउलमणुबद्धं निरयभवं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

एवं जाव **अहेसत्तमाए णं पुढवीए पंच अणुत्तरा महइमहालया महाणरगा पण्णत्ता,** तं जहा–

१. काले, २. महाकाले,
३. रोरुए, ४. महारोरुए,
५. अप्पइट्ठाणे।

तत्थ इमे पंच महापुरिसा अणुत्तरेहिं दंडसमादाणेहिं कालमासे कालं किच्चा अप्पइट्ठाणं णरए णेरइयत्ताए उववण्णा, तं जहा–

१. रामे जमदग्गिपुत्ते, २. दढाऊलच्छइपुत्ते,
३. वसू उवरिचरे, ४. सुभूमे कोरव्वे,
५. बंभदत्ते चुलणिसुए।

ते णं तत्थ नेरइया जाया काला कालोभासा **जाव**

ते णं तत्थ वेयणं वेदेंति-उज्जलं विउलं **जाव** दुरहियासं।
–जीवा. पडि. ३, सु. ८९ (४)

५. **णिरयपुढवीसु पोग्गल परिणामाणुभवण परूवणं–**

प. रयणप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! केरिसयं पोग्गलपरिणामं पच्चणुभवमाणा विहरंति?

वहाँ (नरकों में) सुदीर्घ आयु वाले अज्ञानी नारक निरन्तर इस प्रकार की वेदनाओं से पीड़ित रहते हैं, पूर्वोक्त दुःखों से आहत होते हुए भी उनका कोई भी रक्षक नहीं होता, वे स्वयं अकेले ही उन दुःखों का अनुभव करते हैं॥२२॥

पूर्वजन्म में जिसने जैसा कर्म किया है वही दूसरे भव में उदय में आता है। जिन्होंने एकान्त दुःख रूप नरकभव के योग्य कर्मों का उपार्जन किया है वे दुःखी जीव अनन्तदुःख रूप उस (नरक) का वेदन करते हैं॥२३॥

बुद्धिशील धीर व्यक्ति इन नरकों के वर्णन को सुनकर समस्त लोक में किसी भी प्राणी की हिंसा न करे, लक्ष्य के प्रति निश्चित दृष्टि वाला और परिग्रहरहित होकर लोक (संसार) के स्वरूप को समझे किन्तु कदापि उसके वश में न होवे॥२४॥

इसी प्रकार तिर्यञ्च, मनुष्य और देवों के दुःखों को भी जानना चाहिए। यह चारगति रूप अनन्त संसार है और कृतकर्मानुसार विपाक (कर्म फल) होता है। इस प्रकार से जानकर वह बुद्धिमान् पुरुष मरण समय तक आत्म गवेषणा करते हुए संयम साधना का आचरण करे॥

४. **नैरयिकों के नैरयिक भावादि अनुभवन का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक किस प्रकार के नरक भव का अनुभव करते हुए विचरते हैं?

उ. गौतम ! वे वहाँ नित्य डरे हुए रहते हैं, नित्य त्रसित रहते हैं, नित्य भूखे रहते हैं, नित्य उद्विग्न रहते हैं, नित्य उपद्रवग्रस्त रहते हैं, नित्य वधिक के समान क्रूर परिणाम वाले रहते हैं, परम अशुभ अनन्य सदृदृश नरकभव का अनुभव करते हुए रहते हैं।

इसी प्रकार यावत् **अधःसप्तम पृथ्वी में पांच अनुत्तर अति विशाल महानरक कहे गये हैं,** यथा–

१. काल, २. महाकाल,
३. रौरव, ४. महारौरव,
५. अप्रतिष्ठान।

वहाँ ये पाँच महापुरुष सर्वोत्कृष्ट हिंसादि पाप कर्मों को एकत्रित कर मृत्यु के समय मरकर अप्रतिष्ठान नरक में नैरयिक रूप में उत्पन्न हुए हैं, यथा–

१. जमदग्नि का पुत्र राम, २. लच्छतिपुत्र दृढायु,
३. उपरिचर वसुराज, ४. कौरव्य सुभूम,
५. चुलणिसुत ब्रह्मदत्त।

ये वहाँ उत्पन्न हुए नैरयिक काली आभा वाले **यावत्** अत्यन्त कृष्णवर्ण वाले कहे गए हैं,

वे वहाँ अत्यन्त जाज्वल्यमान विपुल **यावत्** असह्य वेदना को वेदते हैं।

५. **नरक पृथ्वियों में पुद्गल परिणामों के अनुभवन का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक किस प्रकार के पुद्गल परिणामों का अनुभव करते हैं?

उ. गोयमा ! अणिट्ठं **जाव** अमणामं।

एवं जाव **अहेसत्तमापुढविनेरइया।**

एवं वेदणा परिणामं जाव[1]

प. अहेसत्तमापुढविनेरइया णं भन्ते ! केरिसयं परिग्गहसण्णापरिणामं पच्चणुभवमाणा विहरंति ?

उ. गोयमा ! अणिट्ठं **जाव** अमणामं।

–विया. स. १४, उ.३, सु. १४-१७

६. **नेरइयाणं माणुसलोगे अणागमस्स चउकारणाणि–**

चउहिं ठाणेहिं अहुणोववन्ने णेरइए णिरयलोगंसि इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–

१. अहुणोववन्ने णेरइए णिरयलोगंसि समुब्भूयं वेयणं वेयमाणे इच्छेज्जा, माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

२. अहुणोववन्ने णेरइए णिरयलोगंसि णिरयलपालेहिं भुज्जो-भुज्जो अहिट्ठिज्जमाणे इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

३. अहुणोववन्ने णेरइए णिरयवेयणिज्जंसि कम्मंसि अक्खीणंसि अवेइयंसि अणिज्जिन्नंसि इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

४. अहुणोववन्ने णेरइए णिरयाउयंसि कम्मंसि अक्खीणंसि अवेइयंसि अणिज्जिन्नंसि इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववन्ने नेरइए **जाव** णो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए। *–ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २४५*

७. **चउ-पंचजोयणसय निरयलोय नेरइयसमाइण्ण परूवण–**

प. अन्नउत्थिया णं भन्ते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति–

से जहानामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा, चक्कस्स वा नाभी अरगाउत्ता सिया एवामेव **जाव** चत्तारि पंच जोयणसयाइं बहुसमाइण्णे मणुयलोए मणुस्सेहिं से कहमेयं भन्ते ! एवं ?

उ. गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति **जाव** चत्तारि पंचजोयण सयाइंबहुसमाइण्णे मणुयलोए मणुस्सेहिं, जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवमाहंसु।

अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि **जाव** परूवेमि एवामेव चत्तारि पंच जोयणसयाइं बहुसमाइण्णे निरयलोए नेरइएहिं। *–विया. स. ५, उ. ६, सु. १३*

उ. गौतम ! वे अनिष्ट **यावत्** अमनाम (मन के प्रतिकूल पुद्गल परिणाम) का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तमपृथ्वी पर्यन्त के नैरयिकों का कथन करना चाहिए।

इसी प्रकार वेदना परिणाम का भी (अनुभव करते हैं) यावत्–

प्र. भन्ते ! अधःसप्तमपृथ्वी के नैरयिक किस प्रकार के परिग्रहसंज्ञा परिणाम का अनुभव करते हैं ?

उ. गौतम ! वे अनिष्ट **यावत्** अमनाम (परिग्रहसंज्ञा परिणाम का) अनुभव करते हैं।

६. **नैरयिक का मनुष्य लोक में अनागमन के चार कारण–**

चार कारणों से नरक लोक में तत्काल उत्पन्न नैरयिक शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है, किन्तु आ नहीं पाता, यथा–

१. तत्काल उत्पन्न नैरयिक नरक लोक में होने वाली पीड़ा का वेदन करते हुए शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है, किन्तु आ नहीं पाता।

२. तत्काल उत्पन्न नैरयिक नरक लोक में नरकपालों द्वारा बार-बार आक्रान्त होने पर शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है, किन्तु आ नहीं पाता।

३. तत्काल उत्पन्न नैरयिक शीघ्र ही मनुष्यलोक में आना चाहता है किन्तु नरक में भोगने योग्य कर्मों के क्षीण हुए बिना, उन्हें भोगे बिना, उनका निर्जरण हुए बिना, वह आ नहीं पाता।

४. तत्काल उत्पन्न नैरयिक शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है किन्तु नरकायु के क्षीण हुए बिना, उसे भोगे बिना, उसका निर्जरण हुए बिना आ नहीं पाता।

इन चार कारणों से तत्काल उत्पन्न नैरयिक **यावत्** इच्छा रखते हुए भी आ नहीं पाता।

७. **चार सौ पाँच सौ योजन नरकलोक नैरयिकों से व्याप्त होने का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपण करते हैं कि–

जैसे कोई युवक अपने हाथ से युवती का हाथ कसकर पकड़े हुए हो अथवा जैसे आरों से एकदम सटी हुई पहिये की नाभि हो इसी प्रकार **यावत्** चार सौ पाँच सौ योजन तक यह मनुष्य लोक मनुष्यों से ठसाठस भरा हुआ है। भन्ते ! क्या यह कथन ऐसा ही है ?

उ. गौतम ! जो वे अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं–**यावत्** चार सौ पाँच सौ योजन मनुष्य लोक मनुष्यों से व्याप्त है, वे जो यह कहते हैं उनका यह कथन मिथ्या है।

मैं इस प्रकार कहता हूँ यावत् प्ररूपणा करता हूँ कि–चार सौ पांच सौ योजन पर्यन्त नरकलोक नैरयिक जीवों से ठसाठस भरा हुआ है।

---

१. जीवा. पडि. ३, उ. २

८. **निरयपरिसामंतवासि पुढविकाइयाइ जीवाणं महाकम्मतराइ परूवणं–**

प. इमीसे णं भन्ते ! रयणप्पभाए पुढवीए णिरयपरिसामंतेसु जे पुढविकाइया **जाव** वणस्सइकाइया ते णं जीवा महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महासवतरा चेव, महावेदणतरा चेव?

उ. हंता, गोयमा ! इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए निरयपरिसामंतेसु पुढविकाइया **जाव** वणस्सइकाइया ते णं जीवा महाकम्मतरा चेव **जाव** महावेदणतरा चेव।

एवं जाव **अहेसत्तमा।** –*विया. स. १३, उ, ४, सु. ११*

□

८. **नरकावासों के पार्श्ववासी पृथ्वीकायिकादि जीवों के महाकर्मतरादि का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के नरकावासों के परिपार्श्व में जो पृथ्वीकायिक से वनस्पतिकायिक पर्यन्त जीव हैं क्या वे महाकर्म, महाक्रिया, महाआश्रव और महावेदना वाले हैं?

उ. हाँ, गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नरकावासों के परिपार्श्व में पृथ्वीकाय से वनस्पतिकायिक पर्यन्त जो जीव हैं वे महाकर्म **यावत्** महावेदना वाले हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

□

तिर्यञ्चगति अध्ययन

तिर्यञ्च गति ही मात्र एक ऐसी गति है, जिसमें एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के जीव विद्यमान हैं। काया की दृष्टि से भी पृथ्वीकाय से लेकर त्रसकाय तक छहों काया के जीव तिर्यञ्चगति में उपलब्ध है। संख्या की दृष्टि से भी इसमें सबसे अधिक (अनन्त) जीव हैं। तिर्यञ्च गति के जीव चारों गतियों में जो सकेंत हैं तथा चारों गतियों से आ सकते हैं। जीवों की जितनी विविधता तिर्यञ्चगति में है, उतनी अन्य किसी गति में नहीं है।

इन्द्रियों की अपेक्षा से तिर्यञ्च जीव पाँच प्रकार के हैं–१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय और ५. पंचेन्द्रिय। काया की अपेक्षा से सामान्य जीवों के विभाजन की भाँति तिर्यञ्च जीव छह प्रकार के हैं–१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक और ६. त्रसकायिक। इनमें से प्रथम पाँच प्रकार एक इन्द्रिय वाले जीवों के हैं तथा त्रसकायिक में शेष द्वीन्द्रियादि समस्त तिर्यञ्च जीव आ जाते हैं। पृथ्वी ही जिनकी काया है ऐसे एकेन्द्रिय जीवों को पृथ्वीकायिक कहते हैं। अप् अर्थात् जल ही जिनकी काया है ऐसे एकेन्द्रिय जीव अप्कायिक कहलाते हैं। इसी प्रकार वायु जिनकी एवं वनस्पति ही जिनकी काया है वे जीव वनस्पतिकायिक कहे जाते हैं। ये पाँच प्रकार के जीव स्वतः गतिशील नहीं होने के कारण अथवा उनमें स्थावर नामकर्म का उदय होने के कारण स्थावर कहलाते हैं तथा शेष द्वीन्द्रियादि जीव हलन-चलन की क्रिया करने के कारण त्रसकायिक कहे जाते हैं। त्रस एवं स्थावर जीवों के एक अन्य विभाजन के अनुसार तेजस्कायिक एवं वायुकायिक जीवों को भी त्रस माना गया है क्योंकि ये दोनों एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर गति करते हुए देखे जाते हैं। इस विभाजन की अपेक्षा से काय दो प्रकार के हैं–त्रस और स्थावर। त्रस जीव तीन प्रकार के हैं–तेजस्कायिक, वायुकायिक और उदार त्रस प्राणी (द्वीन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक)। स्थावर भी तीन प्रकार के हैं–पृथ्वीकायिक, अप्कायिक और वनस्पतिकायिक। स्थानांग सूत्र में स्थावरकाय के इन्द्र, ब्रह्म, शिल्प, सम्मति और प्राजापत्य ये पाँच नाम भी दिए गए हैं जिन्हें जैनाचार्यों ने क्रमशः पृथ्वी, अप्, तेजस्, वायु एवं वनस्पति काय का ही द्योतक माना है। वैदिक दृष्टि से ये इन्द्रादि शब्द शोध के विषय हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में पृथ्वीकायिक आदि एकेन्द्रिय जीवों का विविध प्रकार से विभिन्न द्वारों के माध्यम से वर्णन हुआ है। वनस्पतिकाय के उत्पल आदि भेदों का भी विस्तृत निरूपण हुआ है। द्वीन्द्रियादि एवं पंचेन्द्रिय जीवों का निरूपण प्रसंगानुसार हो गया है। यहाँ पर तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के जलचर, स्थलचर, खेचर, उपपरिसर्य और भुजपरिसर्य इन पाँच भेदों के विषय में चर्चा नहीं है। इनके सम्बन्ध में गर्भ, वुक्रांति आदि अध्ययन द्रष्टव्य हैं।

एकेन्द्रिय जीव पाँच प्रकार के हैं :–१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक और ५. वनस्पतिकायिक। इन जीवों को गतिसमापन्नक एवं अगतियसमापन्नक, अनन्तरावगाढ़ एवं परम्परावगाढ़, परिणत (अचित्त) एवं अपरिणत (सचित्त) के आधार पर दो-दो भेदों में विभक्त किया गया है, किन्तु पृथ्वीकायिक आदि जीवों के प्रसिद्ध भेद हैं–१. सूक्ष्म और २. बादर। पृथ्वीकायिक से लेकर वनस्पतिकायिक पर्यन्त सभी एकेन्द्रिय जीव सूक्ष्म भी होते हैं तथा बादर भी होते हैं। सूक्ष्म जीव इतने सूक्ष्म होते हैं कि उन्हें काटा नहीं जा सकता, छेदा नहीं जा सकता, भेदा नहीं जा सकता एवं रोका नहीं जा सकता। ये जीव छद्मस्थ को दृष्टिगोचर भी नहीं होते हैं। बादर जीव अपेक्षाकृत स्थूल होते हैं। ये छद्मस्थ को दृष्टिगोचर होते हैं तथा इन्हें काटा, भेदा, छेदा एवं रोका जा सकता है। हमें पृथ्वीकायिक आदि जीवों का बादर भेद ही दिखाई देता है, सूक्ष्म नहीं। बादर एवं सूक्ष्म जीव भी पुनः दो-दो प्रकार के होते हैं–१. पर्याप्तक एवं २. अपर्याप्तक। जो जीव अपनी आहार, शरीर, इन्द्रिय एवं श्वासोच्छ्वास पर्याप्तियों को पूर्ण कर लेते हैं वे पर्याप्तक कहलाते हैं तथा जो इन पर्याप्तियों को पूर्ण नहीं कर पाए हों उन्हें अपर्याप्तक कहते हैं। इस प्रकार पृथ्वीकायिक, अप्कायिक आदि एकेन्द्रिय जीव चार-चार प्रकार के होते हैं, यथा–अपर्याप्तक सूक्ष्म, पर्याप्तक सूक्ष्म, अपर्याप्तक बादर एवं पर्याप्तक बादर।

इन जीवों का अनन्तरक एवं परम्परक की दृष्टि से भी विचार किया गया है। जीव के जन्म ग्रहण करने का प्रथम क्षम अनन्तरक होता है तथा द्वितीयादि अन्य क्षण परम्परक कहलाते हैं। इस दृष्टि से अनन्तरक जीव अपर्याप्त ही होते हैं, क्योंकि प्रथम क्षण में उनकी पर्याप्तियाँ पूर्ण नहीं होती हैं। परम्परक जीव अपर्याप्तक एवं पर्याप्तक दोनों प्रकार के हो सकते हैं। इस दृष्टि से अनन्तरोपपन्नक, अनन्तरावगाढ़, अनन्तराहारक आदि एकेन्द्रिय जीव सूक्ष्म एवं बादर के अपर्याप्तक भेद वाले होते हैं, जबकि परम्परोपन्नक, परम्परावगढ़, परम्पराहारक आदि एकेन्द्रिय जीव सूक्ष्म एवं बादर के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक दोनों भेद वाले होते हैं। कृष्णलेश्यी, नीललेश्यी एवं कापोतलेश्यी एकेन्द्रिय जीवों में भी अपर्याप्तक सूक्ष्म, पर्याप्तक सूक्ष्म, अपर्याप्तक बादर एवं पर्याप्तक बादर (चारों) भेद पाए जाते हैं। भवसिद्धिक एवं अभवसिद्धिक एकेन्द्रियों के भी ये ही चारों भेद होते हैं। इस प्रकार एकेन्द्रिय जीवों के दो (अपर्याप्तक सूक्ष्म एवं बादर) एवं चार भेदों का विभिन्न दृष्टियों से विचार किया गया है। चरम एवं अचरम एकेन्द्रियों में चारों भेद पाए जाते हैं।

पृथ्वीकायिक आदि स्थावर जीवों में वनस्पतिकाय सबसे सूक्ष्म है तथा वही सबसे बादर भी है। वनस्पतिकाय के अनन्तर शेष रहे चार भेदों में से वायुकाय सबसे सूक्ष्म है, फिर तीन भेदों में से अग्निकाय सबसे सूक्ष्म है। पृथ्वीकाय एवं अप्काय सूक्ष्म है। बादर की अपेक्षा वनस्पतिकाय के पश्चात् शेष रहे चार भेदों में पृथ्वीकाय सबसे बादर है। फिर शेष रहे तीन भेदों में अप्काय सबसे बादर है। अग्निकाय एवं वायुकाय इन दोनों में अग्निकाय बादर है। इस प्रकार यह अपेक्षाकृत सूक्ष्म एवं बादर होने का विवेचन है।

अवगाहना की अपेक्षा इनमें अल्प बहुत्व है। सबसे अल्प अवगाहना अपर्याप्त सूक्ष्मनिगोद (वनस्पतिकाय) की जघन्य अवगाहना है। उससे अपर्याप्त सूक्ष्म वायुकायिक, अपर्याप्त सूक्ष्म अग्निकायिक, अपर्याप्त सूक्ष्म अप्कायिक एवं अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक की जघन्य अवगाहना उत्तरोत्तर असंख्यातगुणी है। सबसे अधिक अवगाहना पर्याप्त प्रत्येक शरीरी वनस्पतिकायिक जीव की उत्कृष्ट अवगाहना होती है। बादर एवं सूक्ष्म के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक की अवगाहना मध्य में वर्णित है।

इन जीवों की परस्पर अवगाढ़ता के प्रश्न पर भगवान् फरमाते हैं कि जहाँ पृथ्वीकाय का एक जीव अवगाढ़ होता है वहाँ असंख्यात पृथ्वीकायिक जीव अवगाढ़ होते हैं तथा असंख्यात अप्कायिक, असंख्यात तेजस्कायिक, असंख्यात वायुकायिक एवं अनन्त वनस्पतिकायिक जीव अवगाढ़ होते हैं। इसी प्रकार जहां अप्काय आदि का एक जीव अवगाढ़ होता है वहाँ वनस्पतिकाय के अनन्त जीव एवं शेष स्थावरकायों के असंख्यात जीव अवगाढ़ होते हैं।

इस अध्ययन में एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के जीवों का लेश्या आदि १२ द्वारों से प्रश्नोत्तर शैली में प्ररूपण किया गया है। वे बारह द्वार हैं– १. शरीर, २. लेश्या, ३. दृष्टि, ४. ज्ञान, ५. योग, ६. उपयोग, ७. आहार, ८. पापस्थान, ९. उपपात, १०. स्थिति, ११. समुद्घात, १२. उद्वर्तना। एकेन्द्रियों में प्रथम द्वार के अनुसार पृथ्वीकायिक, अप्कायिक तेजस्कायिक एवं वायुकायिक जीव प्रत्येक जीव पृथक्-पृथक् आहार ग्रहण करते हैं और उस आहार को पृथक-पृथक् परिणत करते हैं, इसलिए वे पृथक्-पृथक् शरीर बाँधते हैं, जबकि वनस्पतिकाय के अनन्त जीव मिलकर एक साधारण शरीर बाँधते हैं और फिर आहार करते हैं, परिणमाते हैं और विशिष्ट शरीर बाँधते हैं। लेश्याएँ पृथ्वीकायादि सब स्थावरों में चार मानी गई हैं–कृष्ण, नील, कापोत एवं तेजो लेश्या। ये सभी मिथ्यादृष्टि हैं। सभी अज्ञानी हैं। इनमें मति अज्ञान एवं श्रुत अज्ञान ये दो अज्ञान हैं। इनमें मात्र काययोग पाया जाता है, मनोयोग एवं वचन योग नहीं पाया जाता। उपयोग की दृष्टि से ये साकारोपयोगी भी हैं एवं अनाकारोपयोगी भी हैं। ये सर्व आत्मप्रदेशों से कदाचित् चार, पाँच एवं छह दिशाओं से आहार लेते हैं। वनस्पतिकायिक जीव नियमतः छहों दिशाओं से आहार ग्रहण करते हैं। पृथ्वीकायादि समस्त एकेन्द्रिय जीव जो आहार ग्रहण करते हैं उसका चय होता है और उसका असारभाग बाहर निकलता है तथा सारभाग शरीर, इन्द्रियादि-में परिणत होता है। इन जीवों को यह संज्ञा, प्रज्ञा, मन एवं वचन नहीं होते हैं कि वे आहार करते भी हैं, फिर भी वे आहार तो करते ही हैं। इसी प्रकार उन्हें इष्ट एवं अनिष्ट के स्पर्श की संज्ञा, प्रज्ञा आदि नहीं होती फिर भी वे वेदन तो करते ही हैं। इनमें प्राणातिपात से लेकर मिथ्यादर्शन शल्य तक के १८ पाप रहे हुए हैं। पृथ्वीकायिक आदि जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं इसका निरूपण व्युक्रान्ति (वक्कंति) अध्ययन में किया गया है। फिर भी संक्षेप में कहा जाय तो पृथ्वी, अप् एवं वनस्पतिकाय में तिर्यञ्च गति, मनुष्यगति एवं देवगति के २३ दण्डकों (नारकी को छोड़कर) से उत्पत्ति होती है तथा तेजस्काय एवं वायुकाय में तिर्यञ्चगति एवं मनुष्यगति के १० दण्डकों से आगमन होता है। सभी एकेन्द्रिय जीवों की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है, किन्तु उत्कृष्ट स्थिति भिन्न-भिन्न है। पृथ्वीकायिक की उत्कृष्ट स्थिति २२ हजार वर्ष, अप्काय की ७ हजार वर्ष, तेजस्काय की ३ अहोरात्रि, वायुकाय की ४९ दिन एवं वनस्पतिकाय की एक करोड़ पूर्व की है। इनका वर्णन भी वक्कंति अध्ययन में द्रष्टव्य है। पृथ्वी, अप्, तेजस् एवं वनस्पतिकाय में तीन समुद्घात हैं– वेदना, कषाय और मारणान्तिक। वायुकाय में वैक्रिय सहित चार समुद्घात होते हैं। एकेन्द्रिय के समस्त प्रकार के जीव मारणान्तिक समुद्घात करके भी मरते हैं और बिना मारणान्तिक किए भी मरते हैं। ये उद्वर्तना करके (मरकर) कहाँ जाते हैं इसका निरूपण वुक्कंति अध्ययन में किया गया है फिर भी संक्षेप में पृथ्वी, अप् एवं वनस्पतिकायिक जीव मनुष्य एवं तिर्यञ्चगति के १० दण्डकों में जाते हैं तथा तेजस्काय एवं वायुकायिक जीव मात्र तिर्यञ्चगति के ९ दण्डकों में जाते हैं।

विकलेन्द्रिय जीवों (द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय एवं चतुरिन्द्रिय जीवों) में भी लेश्यादि १२ द्वारों का निरूपण है। द्वीन्द्रियादि विकलेन्द्रिय जीव पृथक्-पृथक् आहार कर पृथक्-पृथक् परिणमन करते हैं तथा पृथक्-पृथक् शरीर बाँधते हैं। इनमें कृष्ण, नील एवं कापोत, ये तीन लेश्याएँ होती हैं। ये सम्यग्दृष्टि भी होते हैं और मिथ्यादृष्टि भी होते हैं। इनमें दो ज्ञान (मति एवं श्रुत) अथवा दो अज्ञान (मति एवं श्रुत) पाए जाते हैं। इनमें वचनयोग एवं काययोग होता है, मनोयोग नहीं। ये नियमतः छहों दिशाओं से आहार लेते हैं। ये दो गतियों तिर्यञ्चगति एवं मनुष्यगति के १० दण्डकों से आते हैं तथा उन्हीं में जाते हैं। इनकी स्थिति भिन्न-भिन्न होती है। द्वीन्द्रिय की उत्कृष्ट स्थिति १२ वर्ष त्रीन्द्रिय की उत्कृष्ट स्थिति ४९ अहोरात्रि एवं चतुरिन्द्रिय ६ मास है। जघन्य स्थिति सबकी अन्तर्मुहूर्त है। ये उद्वर्तना करके मनुष्यगति तिर्यञ्चगति के १० दण्डकों में ही जाते हैं। शेष वर्णन पृथ्वीकायिक आदि एकेन्द्रिय जीवों की भाँति है। विशेषता यह है कि ये नियमतः छहों दिशाओं से आहार लेते हैं।

इन लेश्यादि १२ द्वारों का तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय जीवों में भी निरूपण किया गया है। इनके अनुसार ये भी द्वीन्द्रियों की भाँति पृथक्-पृथक् आहार ग्रहण कर उनका पृथक्-पृथक् परिणमन करते हैं तथा पृथक्-पृथक् शरीर बाँधते हैं। इनमें छहों लेश्याएँ (तेजो, पद्म एवं शुक्ल सहित) एवं तीनों दृष्टियाँ (सम्यगमिथ्यादृष्टि सहित) होती हैं। तिर्यञ्च पंचेन्दिर्य में तीन ज्ञान एवं तीन अज्ञान होते हैं। शेष वर्णन द्वीन्द्रियादि के समान है। इनका उत्पाद, स्थिति, समुद्घात एवं उद्वर्तना का वर्णन भिन्न है. ये चार गति के २४ ही दण्डकों से आ सकते हैं तथा २४ ही दण्डकों में जा सकते हैं। इनमें केवली एवं आहारक समुद्घात के अतिरिक्त पाँच समुद्घात होते हैं। इनकी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्योपम होती है। प्रस्तुत अध्ययन में पंचेन्द्रियों का सामान्य ग्रहण हो गया है, किन्तु तिर्यञ्चगति अध्ययन में मात्र तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय विषयक सामग्री ही ग्राह्य है।

अल्प-बहुत्व की दृष्टि से सबसे अल्प पंचेन्द्रिय जीव हैं। उनसे चतुरिन्द्रिय जीव विशेषाधिक है। उनसे त्रीन्द्रिय एवं द्वीन्द्रिय जीव उत्तरोत्तर विशेषाधिक हैं। यदि एकेन्दिर्य का कथन किया जाय तो वे अनन्तगुणे हैं।

वनस्पतिकाय के कुछ प्रकारों का इस अध्ययन में ३२ द्वारों से निरूपण हुआ है, जो वनस्पति के विभिन्न प्रकारों एवं उनकी विशेषताओं को जानने के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इसमें उत्पलांदि, शालिव्रीहि आदि, कल-मसूरादि, अलसी कुसुम्ब आदि, बांस-वेणु आदि के मूल कंदादि, के अतिरिक्त इक्षु-इक्षुवाटिका के मूलकंदादि, सेडिय भंतिय आदि के मूल कंदादि, का वर्णन है। इनके अलावा अभ्ररूहादि, तुलसी आदि, ताल-तमाल आदि नीम-आम आदि, अस्थिक आदि, बैंगन आदि के गुच्छों, सिरियकादि गुल्मों, पूसफलिका आदि वल्लियों, आलू-मूला आदि, लोही आदि, आय-कायादि, पाठादि, माषपर्णी आदि के मूल कंदादि का निरूपण है। शालवृक्ष, शालयष्टिका के भावीभव का प्ररूपण भी है। उत्पलादि वनस्पतियों का वर्णन जिन ३२ द्वारों में हुआ है, वे हैं–१. उपपात, २. परिमाण, ३. अपहार, ४. अवगाहना, ५. कर्मबन्ध, ६. वेदक, ७. उदय, ८. उदीरणा, ९. लेश्या, १०. दृष्टि, ११. ज्ञान, १२. योग, १३. उपयोग, १४. वर्ण-रसादि, १५. उच्छ्वास, १६. आहार, १७. विरति, १८. क्रिया, १९. बन्धक, २०. संज्ञा, २१. कषाय, २२. स्त्रीवेदादि, २३. बन्ध, २४. संज्ञी, २५. इन्द्रिय, २६. अनुबन्ध, २७. संवेध, २८. आहार, २९. स्थिति, ३०. समुद्घात, ३१. च्यवन और ३२. सभी जीवों का मूलादि में उपपात। इनमें से कुछ उल्लेखनीय बिन्दु इस प्रकार हैं–

१. एक पत्र (पंखुड़ी) वाला उत्पल एक जीवयुक्त होता है जबकि उसमें नये पत्र आने पर वह अनेक जीव वाला होता है।

२. इनके भी सात या आठ (आयुकर्म सहित) कर्मों का बंध होता है। इसी प्रकार इन आठों का उदय एवं वेदन भी होता है।

३. आयुकर्म का बंधन वैकल्पिक है, उसमें ८ भंग बनते हैं। इसी प्रकार कर्म की उदीरणा में भी ८ भंग बनते हैं।

४. कृष्ण, नील, कापोत एवं तेजो लेश्या में से किसी के २ किसी के ३ एवं किसी के चारों लेश्याएँ होने से ८० भंग बनते हैं।

५. ये मिथ्यादृष्टि, अज्ञानी एवं काययोगी होते हैं। इनमें साकार एवं अनाकार दोनों उपयोग होते हैं।

६. शरीर में वर्ण, रस, गंध एवं स्पर्श होते हैं, किन्तु जीव में नहीं।

७. उच्छवासक (सांस लेने), निःश्वासक (सांस निकालने) आदि के २६ भंग बनते हैं।

८. वे अविरत, सक्रिय, नपुंसकवेदी संज्ञी हैं।

९. आहारक-अनाहारक की दृष्टि से ८ भंग बनते हैं–कोई आहारक कोई अनाहारक आदि।

१०. आहार संज्ञा आदि, क्रोध कषायी आदि के लेश्या के समान ८० भंग बनते हैं।

११. उत्पल का जीव उत्पल जीव के रूप में जघन्य अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्ट असंख्यात काल तक रहता है। किन्तु वह पृथ्वीकायादि, द्वीन्द्रियादि एवं पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकादि में जाता है एवं पुनः उत्पल के रूप में उत्पन्न होता है तो कम से कम दो भव ग्रहण करता है तथा उत्कृष्ट भव असंख्यात, संख्यात, अनन्त आदि भिन्न-भिन्न होते हैं।

१२. सभी प्राणी, भूत, जीव एवं सत्व उत्पल के मूलरूप में, उत्पल के कन्दरूप में, उत्पल के नाल रूप में, उत्पल के पत्ररूप में, उत्पल के केसर रूप में, उत्पन्न की कर्णिका रूप में, उत्पल के थिबुक रूप में अनेक बार या अनन्त बार उत्पन्न हो चुके हैं।

१३. इसी प्रकार शालूक, पलाश, कुम्भिक, नालिक, पद्म, कर्णिका, नलिन आदि में भी एक जीवत्व अनेक जीवत्व आदि का निरूपण किया गया है।

१४. शालीव्रीहि आदि के मूलादि जीवों के भी ३२ द्वार कहे गए हैं।

वृक्ष तीन प्रकार के होते हैं–१. संख्यात जीव वाले, २. असंख्यात जीव वाले और ३. अनन्त जीव वाले। ताड़, तमालि, नारियल आदि वृक्ष संख्यात जीव वाले होते हैं। असंख्यात जीव वाले वृक्ष दो प्रकार के होते हैं–१. एकास्थिक (एक बीज वाले), २. बहुबीजक (बहुत बीजों वाले)। नीम, आम, जामुन आदि के वृक्ष एकास्थिक होते हैं। इनकी जड़, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल भी असंख्यात जीव वाले होते हैं। पत्ते प्रत्येक जीव वाले, पुष्प अनेक जीव वाले एवं फल एक जीव वाले होते हैं। बहुबीजक वृक्षों में अस्तिक, तेंदु, कपित्थ आदि की गणना होती है। अनन्त जीव वाले वृक्षों में आलू, मूला, अदरक आदि का अन्तर्भाव होता है। अनन्त जीव वाले होने के कारण ही आलू आदि जमीकंदों को अरवाद्य बतलाया गया है।

इस अध्ययन में सूक्ष्म स्नेहकाय (अप्) के पतन, अल्पवृष्टि एवं महावृष्टि के कारणों, एहरन पर हथौड़ा मारने से वायुकाय की उत्पत्ति एवं विनाश, अचिन्त वायु के आक्रान्त आदि प्रकार आदि विषयों का भी निरूपण हुआ है।

इस प्रकार इसमें सम्पूर्ण तिर्यञ्चगति का सामान्य एवं एकेन्द्रिय जीवों का विशेष वर्णन हुआ है। अन्य सम्बद्ध वर्णन वुक्रंति, गर्भ आदि अध्ययनों में द्रष्टव्य है।

□ □

३५. तिरिय गई अज्झयणं

सूत्र

१. पडुप्पन्न छज्जीवणिकाइयाणं निल्लेवणा काल परूवणं–

प्र. पडुप्पन्नपुढविकाइया णं भन्ते ! केवइकालस्स णिल्लेवा सिया ?

उ. गोयमा ! जहण्णपए असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं, उक्कोसपए वि असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीहिं।

जहण्णपए उक्कोसपए असंखेज्जगुणाओ।

एवं जाव **पडुप्पन्नवाउक्काइया।**

प. पडुप्पन्नवणप्फइकाइया णं भंते ! केवइकालस्स निल्लेवा सिया ?

उ. गोयमा ! पडुप्पन्नवणप्फइकाइया जहण्णपए अपदा उक्कोसपए वि अपदा, पडुप्पन्नवणप्फइकाइयाणं णत्थि निल्लेवणा।

प. पडुप्पन्नतसकाइया णं भंते ! केवइकालस्स निल्लेवा सिया ?

उ. गोयमा ! पडुप्पन्नतसकाइया जहण्णपए सागरोवमसयपुहत्तस्स, उक्कोसपए सागरोवमसय पुहत्तस्स।

जहण्णपदे उक्कोसपदे विसेसाहिया।

–जीवा. ३, उ. २, सु. १०१ (२)

२. तस थावराणं भेय परूवणं–

तिविहा तसा पन्नत्ता, तं जहा–

१. तेउकाइया, २. वाउकाइया, ३. उराला तसा पाणा।

तिविहा थावरा पन्नत्ता, तं जहा–

१. पुढविकाइया, २. आउकाइया, ३. वणस्सइकाइया।

–ठाणं. अ. ३, उ. २, सु. १७२

३. जीवाणं काय विवक्खया भेया–

दो काया पण्णत्ता, तं जहा–

१. तसकाए चेव २. थावरकाए चेव।

तसकाए दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. भवसिद्धिए चेव।

२. अभवसिद्धिए चेव।

थावरकाए दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. भवसिद्धिए चेव, २. अभवसिद्धिए चेव।

–ठाणं. अ. २, उ. १, सु. ६५

४. थावर काय भेया तेसिं अधिपती य परूवणं–

पंच थावरकाया पण्णत्ता, तं जहा–

३५. तिर्यञ्च गति-अध्ययन

सूत्र

१. प्रत्युत्पन्न षट्कायिक जीवों के निर्लेपन काल का प्ररूपण–

प्र. भंते ! तत्काल उत्पन्न पृथ्वीकायिक जीव कितने काल में निर्लेप हो सकते हैं ?

उ. गौतम ! जघन्यतः असंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल में और उत्कृष्टतः असंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल में निर्लेप (खाली) हो सकते हैं।

जघन्य पद से उत्कृष्ट पद असंख्यातगुणा अधिक जानना चाहिए।

इसी प्रकार तत्काल उत्पन्न वायुकायिक पर्यन्त निर्लेप का कथन जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! तत्काल उत्पन्न वनस्पतिकायिक जीव कितने काल में निर्लेप हो सकते हैं ?

उ. गौतम ! तत्काल उत्पन्न वनस्पतिकायिकों का जघन्य और उत्कृष्ट पद में निर्लेप होने का कथन नहीं किया जा सकता, क्योंकि (अनन्त होने से) तत्काल उत्पन्न वनस्पतिकायिकों की निर्लेपना नहीं हो सकती है।

प्र. भन्ते ! तत्काल उत्पन्न त्रसकायिक जीव कितने काल में निर्लेप हो सकते हैं ?

उ. गौतम ! तत्काल उत्पन्न त्रसकायिक जघन्य पद में सागरोपम शतपृथक्त्व और उत्कृष्ट पद में भी सागरोपम शतपृथक्त्व काल में निर्लेप हो सकते हैं।

जघन्य पद से उत्कृष्ट पद विशेषाधिक है।

२. त्रस और स्थावरों के भेदों का प्ररूपण–

त्रस जीव तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. तेजस्कायिक, २. वायुकायिक, ३. उदार त्रसप्राणी।

स्थावर जीव तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. वनस्पतिकायिक।

३. जीवों के काय की विवक्षा से भेद–

काय दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. त्रसकाय, २. स्थावरकाय।

त्रसकाय दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. भवसिद्धिक-मुक्ति के लिए योग्य,

२. अभवसिद्धिक-मुक्ति के लिए अयोग्य।

स्थावरकाय दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. भवसिद्धिक, २. अभवसिद्धिक।

४. स्थावरकायों के भेद और उनके अधिपतियों का प्ररूपण–

पांच स्थावरकाय कहे गए हैं, यथा–

१. इंदे थावरकाए,
२. बंभे थावरकाए,
३. सिप्पे थावरकाए,
४. सम्मई थावरकाए,
५. पायावच्चे थावरकाए।

पंच थावरकायाधिपती पण्णत्ता, तं जहा–
१. इंदे थावरकायाधिपती,
२. बंभे थावरकायाधिपती,
३. सिप्पे थावरकायाधिपती,
४. सम्मई थावरकायाधिपती,
५. पायावच्चे थावरकायाधिपती।

–ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ३९३

५. थावरकाइयाणं गइ-अगइ समावण्णयाई विवक्खया दुविहत्त परूवणं–

दुविहा पुढविकाइया पण्णत्ता, तं जहा–
१. गतिसमावण्णगा चेव,
२. अगतिसमावण्णगा चेव।

एवं जाव **वणस्सइकाइया।**

दुविहा पुढविकाइया पण्णत्ता, तं जहा–
१. अणंतरोगाढा चेव,
२. परंपरोगाढा चेव।

एवं जाव **वणस्सइकाइया।**

दुविहा पुढविकाइया पण्णत्ता, तं जहा–
१. परिणया चेव,
२. अपरिणया चेव।

एवं जाव **वणस्सइकाइया।** *–ठाणं. अ. २, उ. १, सु. ६३*

६. थावरकाइयाणं जीवाणं परोप्परं ओगाढत्त परूवणं–

प. जत्थ णं भंते ! एगे पुढविकाइए ओगाढे तत्थ केवइया पुढविकाइया ओगाढा ?
उ. गोयमा ! असंखेज्जा।
प. केवइया आउक्काइया ओगाढा ?
उ. असंखेज्जा।
प. केवइया तेउकाइया ओगाढा ?
उ. असंखेज्जा।
प. केवइया वाउक्काइया ओगाढा ?
उ. असंखेज्जा।
प. केवइया वणस्सकाइया ओगाढा ?
उ. अणंता।

१. इन्द्रस्थावरकाय-पृथ्वीकाय,
२. ब्रह्मस्थावरकाय-अप्काय,
३. शिल्पस्थावरकाय-तेजस्काय,
४. सम्मतिस्थावरकाय-वायुकाय,
५. प्राजापत्यस्थावरकाय-वनस्पतिकाय।

स्थावरकाय के पांच अधिपति कहे गए हैं, यथा–
१. इन्द्रस्थावरकायाधिपति,
२. ब्रह्मस्थावरकायाधिपति,
३. शिल्पस्थावरकायाधिपति,
४. सम्मतिस्थावरकायाधिपति,
५. प्राजापत्यस्थावरकायाधिपति।

५. स्थावरकायिकों की गति अगति समापन्नकादि की विवक्षा से द्विविधत्व का प्ररूपण–

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. गतिसमापन्नक-एक भव से दूसरे भव में जाते समय अन्तराल गति में प्रवर्तमान।
२. अगतिसमापन्नक-वर्तमान भव में स्थित।

इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त प्रत्येक के दो-दो भेद जानने चाहिए।

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अनंतरावगाढ–वर्तमान समय में किसी आकाशदेश में स्थित।
२. परम्परावगाढ–दो या अधिक समयों से किसी आकाशदेश में स्थित।

इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त प्रत्येक के दो-दो भेद जानने चाहिए।

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. परिणत-बाह्य हेतुओं से अन्य रूप में परिवर्तित निर्जीव (अचित्त) हो गया हो।
२. अपरिणत-अपरिवर्तित (सचित्त)।

इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त के दो-दो भेद जानने चाहिए।

६. स्थावरकायिक जीवों का परस्पर अवगाढत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! जहाँ एक पृथ्वीकायिक जीव अवगाढ होता है, वहां दूसरे कितने पृथ्वीकायिक जीव अवगाढ होते हैं ?
उ. गौतम ! वहां असंख्यात (पृथ्वीकायिक जीव) अवगाढ होते हैं।
प्र. कितने अप्कायिक जीव अवगाढ होते हैं ?
उ. असंख्यात अवगाढ होते हैं।
प्र. कितने तेजस्कायिक जीव अवगाढ होते हैं ?
उ. असंख्यात अवगाढ होते हैं।
प्र. कितने वायुकायिक जीव अवगाढ होते हैं ?
उ. असंख्यात अवगाढ होते हैं।
प्र. कितने वनस्पतिकायिक जीव अवगाढ होते हैं ?
उ. अनन्त अवगाढ होते हैं।

प. जत्थ णं भंते ! एगे आउकाइए ओगाढे तत्थ णं केवइया पुढविकाइया ओगाढा ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा।

प. केवइया आउक्काइया ओगाढा ?

उ. असंखेज्जा।

एवं जहेव पुढविकाइयाणं वत्तव्वया तहेव सव्वेसिं निरवसेसं भाणियव्वं जाव वणस्सइकाइयाणं जाव–

प. भंते ! केवइया वणस्सइकाइया ओगाढा ?

उ. गोयमा ! अणंता। *–विया. स. १३, उ. ४, सु. ६४-६५*

७. सुहुमसिणेहकायस्स पवडण परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! सया समियं सुहुमे सिणेहकाये पवडइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से भंते ! किं उड्ढे पवडइ, अहे पवडइ, तिरिए पवडइ ?

उ. गोयमा ! उड्ढे वि पवडइ, अहे वि पवडइ, तिरिए वि पवडइ।

प. भन्ते ! जहा से बायरे आउकाए अन्नमन्नसमाउत्ते चिरं पि दीहकालं चिट्ठइ, तहा णं से वि ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, से णं खिप्पामेव विद्धंसमागच्छइ। *–विया. स. १, उ. ६, सु. २७*

८. अप्प-महावुट्ठिं हेऊ परूवणं–

तिहिं ठाणेहिं अप्पवुट्ठीकाए सिया, तं जहा–

१. तस्सिं च णं देसंसि वा, पदेसंसि वा णो बहवे उदगजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताए वक्कमंति, विउक्कमंति, चयंति, उववज्जंति।

२. देवा णागा जक्खा भूया णो सम्ममाराहिया भवंति, तत्थ समुट्ठियं उदगपोग्गलं परिणयं वासिउकामं अण्णं देसं साहरंति।

३. अब्भबद्दलगं च णं समुट्ठियं परिणयं वासिउकामं वाउकाए विधुणइ,

इच्चेएहिं तिहिं ठाणेहिं अप्पवुट्ठिकाए सिया।

तिहिं ठाणेहिं महावुट्ठीकाए सिया, तं जहा–

१. **तस्सिं च णं देसंति वा, पदेसंति वा,** बहवे उदगजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताए वक्कमंति विउक्कमंति, चयंति, उववज्जंति।

२. देवा णागा जक्खा भूया सम्ममाराहिया भवंति, अण्णत्थ समट्ठियं उदगपोग्गलं परिणयं वासिउकामं तं देसं साहरंति,

३. अब्भबद्दलगं च णं समुट्ठियं परिणयं वासिउकामं णो वाउआए विधुणइ

प्र. भन्ते ! जहां एक अप्कायिक जीव अवगाढ होता है, वहां कितने पृथ्वीकायिक जीव अवगाढ होते हैं ?

उ. गौतम ! वहां असंख्यात (पृथ्वीकायिक जीव अवगाढ होते हैं।)

प्र. कितने अप्कायिक जीव अवगाढ होते हैं ?

उ. असंख्यात अवगाढ होते हैं।

जिस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवों के लिए कहा उसी प्रकार वनस्पतिकायिक जीव पर्यन्त अन्यकायिक जीवों का समस्त कथन करना चाहिए यावत्–

प्र. भंते ! वहां कितने वनस्पतिकायिक जीव अवगाढ होते हैं ?

उ. गौतम ! वहां अनन्त अवगाढ होते हैं।

७. सूक्ष्म स्नेहकाय के पतन का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या सूक्ष्म स्नेहकाय (सूक्ष्म जल) सदा परिमित (सीमित) पड़ता है ?

उ. हाँ, गौतम ! पड़ता है।

प्र. भन्ते ! वह सूक्ष्म स्नेहकाय ऊपर पड़ता है, नीचे पड़ता है या तिरछा पड़ता है ?

उ. गौतम ! वह ऊपर भी पड़ता है, नीचे भी पड़ता है और तिरछा भी पड़ता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह सूक्ष्म स्नेहकाय बादर अप्काय की भांति परस्पर समायुक्त होकर बहुत दीर्घकाल तक रहता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि वह (सूक्ष्म स्नेहकाय) शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।

८. अल्प महावृष्टि के हेतुओं का प्ररूपण–

तीन कारणों से अल्प वृष्टि होती है, यथा–

१. किसी देश या प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उदकयोनिक जीवों और पुद्गलों के उदक रूप में उत्पन्न होने और नष्ट होने तथा नष्ट और उत्पन्न होने से,

२. देव, नाग, यक्ष और भूतों के सम्यक् प्रकार से आराधित न होने पर उस देश में उत्थित वर्षा में परिणत तथा बरसने वाले उदक-पुद्गलों (मेघों) का अन्य देश में संहरण होने से,

३. समुत्थित वर्षा में परिणत तथा बरसने वाले अभ्रबादलों के वायु द्वारा नष्ट होने से,

इन तीन कारणों से अल्प वृष्टि होती है।

तीन कारणों से महावृष्टि होती है, यथा–

१. किसी देश या प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उदकयोनिक जीवों और पुद्गलों के उदक रूप में उत्पन्न होने और नष्ट होने तथा नष्ट और उत्पन्न होने से,

२. देव नाग, यक्ष और भूतों के सम्यक् प्रकार आराधित होने पर अन्यत्र उत्थित वर्षा में परिणत तथा बरसने वाले उदक पुद्गलों का उस देश में संहरण होने से,

३. समुत्थित वर्षा में परिणत तथा बरसने वाले अभ्रबादलों के वायु द्वारा नष्ट न होने से,

इच्चेएहिं तिहिं ठाणेहिं महावुट्ठिकाए सिया।
–ठाणं. अ. ३, सु. १८२

९. अहिगरणीए वाउकायस्स वक्कमण-विणास परूवणं–

प. अत्थि णं भन्ते ! अधिकरणिंसि वाउयाए वक्कमइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से भन्ते ! किं पुट्ठे उद्दाइ, अपुट्ठे उद्दाइ ?

उ. गोयमा ! पुट्ठे उद्दाइ, नो अपुट्ठे उद्दाइ।

प. से भन्ते ! किं ससरीरे निक्खमइ, असरीरे निक्खमइ ?

उ. गोयमा ! सिय ससरीरे निक्खमइ, सिय असरीरे निक्खमइ।

प. से केणट्ठेण भन्ते ! एवं वुच्चइ–
'सिय ससरीरे निक्खमइ, सिय असरीरे निक्खमइ ?'

उ. गोयमा ! वाउकायस्स णं चत्तारि सरीरया पण्णत्ता, तं जहा–
१. ओरालिए, २. वेउव्विए, ३. तेयए, ४. कम्मए
ओरालिय वेउव्वियाइं विप्पजहाय तेयकम्मएहिं निक्खमइ,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"सिय ससरीरे निक्खमइ, सिय असरीरे निक्खमइ।"
–विया. स. १६, उ. १, सु. ३-५

१०. अचित्त वाउकाय पगारा–

पंचविहा अचित्ता वाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा–
१. अक्कंते,
२. धंते,
३. पीलिए,
४. सरीराणुगए,
५. संमुच्छिमे। *–ठाणं. अ. ५, उ. २, सु. ४४४*

११. एगिंदिय जीवेसु सिय लेस्साइ बारसदाराणं परूवणं–

रायगिहे **जाव** एवं वयासि–

प. १. सिय भंते ! **जाव** चत्तारि पंच पुढविकाइया एगयओ साहारणसरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, पुढविकाइया णं पत्तेयाहारा, पत्तेयपरिणामा, पत्तेयसरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, पारिणामेंति वा सरीरं वा बंधंति।

इन तीन कारणों से महावृष्टि होती है।

९. अधिकरणी से वायुकाय की उत्पत्ति और विनाश का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या अधिकरणी (एहरन) पर (हथौड़ा मारते समय) वायुकाय उत्पन्न होता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वायुकाय उत्पन्न होता है।

प्र. भन्ते ! उस वायुकाय का (किसी दूसरे पदार्थ के साथ) स्पर्श होने पर वह मरता है या बिना स्पर्श हुए ही मरता है ?

उ. गौतम ! (उसका दूसरे पदार्थ के साथ) स्पर्श होने पर ही वह मरता है, बिना स्पर्श हुए नहीं मरता है।

प्र. भन्ते ! वह (मृत वायुकाय) सरीरसहित (भवान्तर में) जाता है या शरीररहित जाता है ?

उ. गौतम ! कदाचित् शरीर सहित निकलता है और कदाचित् शरीर रहित होकर भी निकलता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'कदाचित् शरीर सहित निकलता है और कदाचित् अशरीर निकलता है' ?

उ. गौतम ! वायुकाय के चार शरीर कहे गए हैं, यथा–

१. औदारिक, २. वैक्रिय, ३. तैजस्, ४. कार्मण।
औदारिक और वैक्रिय शरीर को छोड़कर तैजस् और कार्मण शरीर सहित निकलता है।
इस कारण से गौतम ऐसा कहा जाता है कि–
"कदाचित् सशरीर निकलता है और कदाचित् अशरीर निकलता है।"

१०. अचित्त वायुकाय के प्रकार–

अचित्त वायुकाय पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. आक्रान्त–पैरों को पीट-पीट कर चलने से उत्पन्न वायु।
२. ध्मात–धौंकनी आदि से उत्पन्न वायु।
३. पीड़ित–गीले कपड़ों के निचोड़ने आदि से उत्पन्न वायु।
४. शरीरानुगत–डकार, उच्छ्वास आदि से उत्पन्न वायु।
५. संमूर्च्छिम–पंखा आदि चलाने से उत्पन्न वायु।

११. एकेन्द्रिय जीवों में स्यात् लेश्यादि बारह द्वारों का प्ररूपण–

राजगृह नगर में गौतम स्वामी ने **यावत्** इस प्रकार पूछा–

प्र. १. भन्ते ! क्या कदाचित् (दो) **यावत्** चार पांच पृथ्वीकायिक मिलकर साधारण शरीर बांधते हैं और बांध कर पीछे आहार करते हैं, फिर उस आहार का परिणमन करते हैं इसके बाद फिर शरीर का (विशिष्ट) बंध करते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं, क्योंकि पृथ्वीकायिक जीव प्रत्येक पृथक्-पृथक् आहार करने वाले हैं और उस आहार को पृथक्-पृथक् परिणत करते हैं, इसलिए वे पृथक्-पृथक शरीर बांधते हैं और बांधकर पीछे आहार करते हैं, उसे परिणमाते हैं, इसके बाद फिर शरीर बांधते हैं।

प. २. तेसि णं भंते ! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ?

उ. गोयमा ! चत्तारि लेस्साओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. कण्ह लेस्सा, २. नीललेस्सा,
३. काउलेस्सा, ४. तेउलेस्सा।

प. ३. ते णं भंते ! जीवा किं सम्मद्दिट्ठी, मिच्छद्दिट्ठी, सम्मामिच्छद्दिट्ठी ?

उ. गोयमा ! नो सम्मद्दिट्ठी, मिच्छद्दिट्ठी, नो सम्मामिच्छादिट्ठी।

प. ४. ते णं भंते ! जीवा किं नाणी अन्नाणी ?

उ. गोयमा ! नो नाणी अन्नाणी, नियमा दुअन्नाणी, तं जहा–

१. मइअन्नाणी य, २. सुयअन्नाणी य।

प. ५. ते णं भंते ! जीवा किं मणजोगी, वइजोगी, कायजोगी ?

उ. गोयमा ! नो मणजोगी, नो वइजोगी, कायजोगी।

प. ६. ते णं भंते ! जीवा किं सागारोवउत्ता, अणागारोवउत्ता ?

उ. गोयमा ! सागारोवउत्ता वि, अणागारोवउत्ता वि।

प. ७ (क) ते णं भंते ! जीवा किमाहारमाहारेंति ?

उ. गोयमा ! दव्वओ अणंतपएसियाइं दव्वाइं,
एवं जहा पन्नवणाए पढमे आहारुद्देसए जाव [1]
सव्वप्पणयाए आहारमाहारेंति।

प. (ख) ते णं भंते ! जीवा जं आहारेंति तं चिज्जइ, जं नो आहारेंति तं नो चिज्जइ, चिण्णे वा से उद्दाइ पलिसप्पइ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! ते णं जीवा जं आहारेंति तं चिज्जइ, जं नो आहारेंति तं नो चिज्जइ, चिण्णे वा से उद्दाइ पलिसप्पइ वा।

प. (ग) तेसि णं भंते ! जीवाणं एवं सन्नाति वा, पन्नाति वा, मणाति वा, वयीति वा अम्हे णं आहारमाहारेमो ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, आहारेंति पुण ते।

प. (घ) तेसि णं भंते ! जीवाणं एवं सन्ना ति वा, पण्णा ति वा, मणाति वा वयीति वा अम्हे णं इट्ठाणिट्ठे फासे पडिसंवेदेमो ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, पडिसंवेदेंति पुण ते।

प्र. २. भंते ! उन (पृथ्वीकायिक) जीवों के कितनी लेश्याएं कही गई हैं ?

उ. गौतम ! उनमें चार लेश्याएं कही गई हैं, यथा–
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या, ४. तेजोलेश्या।

प्र. ३. भन्ते ! वे जीव सम्यग्दृष्टि हैं, मिथ्यादृष्टि हैं या सम्यग्मिथ्यादृष्टि हैं ?

उ. गौतम ! वे जीव सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि नहीं हैं किन्तु मिथ्यादृष्टि हैं,

प्र. ४. भन्ते ! वे जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी हैं ?

उ. गौतम ! वे ज्ञानी नहीं, अज्ञानी हैं, उनमें दो अज्ञान निश्चितरूप से पाए जाते हैं, यथा–
१. मति अज्ञान, २. श्रुत अज्ञान।

प्र. ५. भन्ते ! क्या वे जीव मनोयोगी हैं, वचनयोगी हैं या कायायोगी हैं ?

उ. गौतम ! वे मनोयोगी नहीं हैं और वचनयोगी नहीं हैं, किन्तु काययोगी हैं।

प्र. ६. भन्ते ! वे जीव साकारोपयोगी हैं या अनाकारोपयोगी हैं ?

उ. गौतम ! वे साकारोपयोगी भी हैं और अनाकारोपयोगी भी हैं।

प्र. ७ (क) भन्ते ! वे (पृथ्वीकायिक) जीव क्या आहार करते हैं ?

उ. गौतम ! वे द्रव्य से–अनन्तप्रदेशी द्रव्यों का आहार करते हैं, **इत्यादि वर्णन प्रज्ञापनासूत्र (२८वें पद के) प्रथम आहारोद्देशक के अनुसार सर्व आत्मप्रदेशों से आहार करते हैं पर्यन्त जानना चाहिए।**

प्र. (ख) भन्ते ! वे जीव जो आहार करते हैं, क्या उसका चय होता है और जिसका आहार नहीं करते क्या उसका चय नहीं होता ? जिस आहार का चय हुआ है, वह आहार (असार भाग रूप में) बाहर निकलता है ? या सार रूप भाग (शरीर इन्द्रियादि) रूप में परिणत होता है ?

उ. गौतम ! वे जो आहार करते हैं, उसका चय होता है और जिसका आहार नहीं करते हैं उसका चय नहीं होता, जिस आहार का चय हुआ है उसका (असार भाग) बाहर निकलता है और सारभाग शरीर इन्द्रियादिरूप में परिणत होता है।

प्र. (ग) भन्ते ! उन जीवों का हम आहार करते हैं, ऐसी संज्ञा, प्रज्ञा, मन और वचन होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है फिर भी वे आहार तो करते हैं।

प्र (घ) भन्ते ! क्या उन जीवों को यह संज्ञा प्रज्ञा मन और वचन होता है कि हम इष्ट या अनिष्ट स्पर्श का अनुभव करते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है फिर भी वे वेदन तो करते ही हैं।

---

१. आहार अध्ययन में देखें।

प. ८. ते णं भंते ! जीवा किं पाणाइवाए उवक्खाइज्जंति **जाव** मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति ?

उ. गोयमा ! पाणाइवाए वि उवक्खाइज्जंति **जाव** मिच्छादंसणसल्ले वि उवक्खाइज्जंति।
जेसिं पि णं जीवाणं ते जीवा एवमाहिज्जंति तेसिं पि णं जीवाणं नो विण्णाए नाणत्ते।

प. ९. ते णं भंते ! जीवा कओहिंतो उववज्जंति ? नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा वक्कंतीए पुढविकाइयाणं उववाओ तहा भाणियव्वो[1]।**

प. १०. तेसि णं भंते ! जीवाणं केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं,
उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्साइं।

प. ११. **(क)** तेसि णं भंते ! जीवाणं कइ समुग्घाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तओ समुग्घाया पन्नत्ता, तं जहा–
१. वेयणासमुग्घाए, २. कसायसमुग्घाए,
३. मारणंतिय समुग्घाए।
(ख) ते णं भंते ! जीवा मारणंतियसमुग्घाएणं किं समोहया मरंति, असमोहया मरंति ?

उ. गोयमा ! समोहया वि मरंति, असमोहया वि मरंति।

प. १२. ते णं भंते ! जीवा अणंतरं उव्वट्टित्ता, कहिं गच्छंति ? कहिं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **एवं उव्वट्टणा जहा वक्कंतीए[2]।**

प. सिय भंते ! **जाव** चत्तारि पंच आउक्काइया एगयओ साहारणसरीरं बंधंति, बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! **एवं जो पुढविकाइयाणं गमो सो चेव भाणियव्वो जाव उव्वट्टंति,**
णवरं–ठिई सत्तवास सहस्साइं उक्कोसेणं,

सेसं तं चेव।

प. सिय भंते ! जाव चत्तारि पंच तेउक्काइया एगयओ साहारण सरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**
णवरं–उववाओ ठिई उव्वट्टणा य **जहा पन्नवणाए[3]।**

प्र. ८. भन्ते ! क्या वे (पृथ्वीकायिक) जीव प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य में रहे हुए हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे जीव प्राणातिपात **यावत्** मिथ्यादर्शनशल्य में रहे हुए हैं,
जिन जीवों की वे जीव हिंसादि करते हैं, उन जीवों को भी हमारी हिंसा हो रही है ऐसा भेद ज्ञात नहीं होता।

प्र. ९. भन्ते ! ये पृथ्वीकायिक जीव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ? क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार प्रज्ञापनासूत्र के छठे व्युत्क्रान्तिपद में पृथ्वीकायिक जीवों का उत्पाद कहा है, उसी प्रकार यहां भी कहना चाहिए।**

प्र. १०. भन्ते ! उन पृथ्वीकायिक जीवों की स्थिति कितने काल की कही गई है ?

उ. गौतम ! उनकी स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की,
उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की है।

प्र. ११ **(क)** भन्ते ! उन जीवों के कितने समुद्घात कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उनके तीन समुद्घात कहे गए हैं, यथा–
१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात
३. मारणान्तिक समुद्घात।

प्र. **(ख)** भन्ते ! क्या वे जीव मारणान्तिक समुद्घात करके मरते हैं या मारणान्तिक समुद्घात किये बिना ही मरते हैं ?

उ. गौतम ! वे मारणान्तिक समुद्घात करके भी मरते हैं और समुद्घात किये बिना भी मरते हैं।

प्र. १२. वे (पृथ्वीकायिक) जीव मरकर अन्तररहित कहां जाते हैं और कहां उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **(प्रज्ञापनासूत्र के छठे) व्युत्क्रान्तिपद के अनुसार उनकी उद्वर्तना कहनी चाहिए।**

प्र. भन्ते ! क्या कदाचित् दो **यावत्** चार या पांच अप्कायिक जीव मिल कर एक-साधारण शरीर बांधते हैं और इसके पश्चात् आहार करते हैं, परिणमाते हैं और (विशिष्ट) शरीर बांधते हैं ?

उ. गौतम ! **पृथ्वीकायिकों के लिए जैसा आलापक कहा गया है, वैसा ही यहां भी उद्वर्तना द्वार पर्यन्त जानना चाहिए।**
विशेष–अप्कायिक जीवों की स्थिति उत्कृष्ट सात हजार वर्ष की है।
शेष सब पूर्ववत् है।

प्र. भंते ! कदाचित् दो यावत् चार या पांच तेजस्कायिक जीव मिल कर एक साधारण शरीर बांधते हैं और इसके पश्चात् आहार करते हैं, परिणमाते हैं और (विशिष्ट) शरीर बांधते हैं ?

उ. गौतम ! **इनके विषय में भी पूर्ववत् समझना चाहिए।**
विशेष–उनका उत्पाद, स्थिति और उद्वर्तना **प्रज्ञापना सूत्र के अनुसार जानना चाहिए।**

---

१. वक्कंति अध्ययन में देखें। २. वक्कंति अध्ययन में देखें। ३. वक्कंति अध्ययन में देखें।

सेसं तं चेव।

वाउकाइयाणं एवं चेव, नाणत्तं–

णवरं–चत्तारि समुग्घाया।

प. सिय भंते ! जाव चत्तारि पंच वणस्सइकाइया एगयओ साहारणसरीरं बंधंति, बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, अणंता वणस्सइकाइया एगयओ साहारणसरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति। **सेसं जहा तेउक्काइयाण जाव उव्वट्टंति।**

णवरं–आहारो नियमं छद्दिसिं, ठिई जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेण वि अंतोमुहुत्तं, **सेसं तं चेव।**

–विया. स. १९, उ. ३, सु. २-२१

१२. लेस्साइ बारसदाराणं विगलेंदिय जीवेसु परूवणं–

रायगिहे **जाव** एवं वयासी–

प. सिय भंते ! जाव चत्तारि पंच बेंदिया एगयओ साहारणसरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, बेंदिया णं पत्तेयाहारा य, पत्तेयपरिणामा, पत्तेयसरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा परिणामेंति वा सरीरं वा बंधंति।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ?

उ. गोयमा ! तओ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. कण्हलेस्सा, २. नीललेस्सा, ३. काउलेस्सा।

एवं जहा एगूणवीसइमे सए तेउकाइयाणं जाव उव्वट्टंति

णवरं–सम्मद्दिट्ठी वि, मिच्छद्दिट्ठी वि, नो सम्मामिच्छद्दिट्ठी,

दो नाणा, दो अन्नाणा नियमं,
नो मणजोगी, वयजोगी वि, कायजोगी वि,

आहारो नियमं छद्दिसिं।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं एवं सन्ना ति वा, पन्ना ति वा, मणे ति वा, वयी ति वा अम्हे णं इट्ठाणिट्ठे रसे, इट्ठाणिट्ठे फासे, पडिसंवेदेमो ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पडिसंवेदेंति पुण ते। ठिई जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं बारस संवच्छराइं

शेष सब कथन पूर्ववत् है।

वायुकायिक जीवों का कथन भी इसी प्रकार है।

विशेष–भिन्नता यह है वायुकायिक जीवों में चार समुद्घात होते हैं।

प्र. भंते ! क्या कदाचित् दो यावत् चार या पांच वनस्पतिकायिक जीव मिल कर एक साधारण शरीर बांधते हैं और इसके पश्चात् आहार करते हैं, परिणमाते हैं और (विशिष्ट) शरीर बांधते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, अनन्त वनस्पतिकायिक जीव मिल कर एक साधारण शरीर बांधते हैं, फिर आहार करते हैं, परिणमाते हैं और (विशिष्ट) शरीर बांधते हैं **इत्यादि सब तेजस् कायिकों के समान उद्वर्तना करते हैं पर्यन्त जानना चाहिए।**

विशेष–वे आहार नियमतः छहों दिशाओं से लेते हैं, उनकी जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति भी अन्तर्मुहूर्त की है। **शेष सब कथन पूर्ववत् है।**

१२. लेश्यादि बारह द्वारों का विकलेन्द्रिय जीवों में प्ररूपण–

राजगृह नगर में **यावत्** गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–

प्र. भन्ते ! क्या (कदाचित्) दो, तीन, चार या पांच द्वीन्द्रिय जीव मिलकर एक साधारण शरीर बांधते हैं और बांधकर उसके बाद आहार करते हैं आहार को परिणमाते हैं फिर विशिष्ट शरीर को बांधते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि द्वीन्द्रिय जीव पृथक्-पृथक् आहार करने वाले, पृथक्-पृथक् परिणमाने वाले और पृथक्-पृथक् शरीर बांधने वाले होते हैं, बांधकर फिर आहार करते हैं, उसका परिणमन करते हैं फिर विशिष्ट शरीर बांधते हैं।

प्र. भन्ते ! उन (द्वीन्द्रिय) जीवों के कितनी लेश्याएं कही गई हैं ?

उ. गौतम ! उनके तीन लेश्याएं कही गई हैं, यथा–

१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या।

इस प्रकार समग्र वर्णन उन्नीसवें शतक में अग्निकायिक जीवों के विषय में पूर्व में जैसा कहा है, वह यहां भी उद्वर्तित होते हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–द्वीन्द्रिय जीव सम्यग्दृष्टि भी होते हैं, मिथ्यादृष्टि भी होते हैं परन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि नहीं होते हैं।

उनके नियमतः दो ज्ञान या दो अज्ञान होते हैं।

वे मनोयोगी नहीं होते किन्तु वचनयोगी और काययोगी होते हैं।

वे नियमतः छहों दिशाओं से आहार लेते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या उन जीवों को हम इष्ट अनिष्ट रस तथा इष्ट अनिष्ट स्पर्श का प्रतिसंवेदन (अनुभव) करते हैं, ऐसी संज्ञा, प्रज्ञा, मन या वचन होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, वे रसादि का प्रतिसंवेदन करते हैं। उनकी स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट बारह वर्ष की होती है।

सेसं तं चेव।
एवं तेइंदिया वि एवं चउरिंदिया वि।

णवरं-इंदिएसु ठिई ए य।
सेसं तं चेव। —विया. स. २०, उ. १, सु. ३-६

१३. लेस्साइ बारस दाराणं पंचेंदियजीवेसु परूवणं–

प. सिय भंते ! जाव चत्तारि पंच पंचेंदिया एगयओ साहारण सरीरं बंधंति बंधित्ता तओ पच्छा आहारेंति वा, परिणामेंति वा, सरीरं वा बंधंति ?

उ. गोयमा ! **जहा बेइंदियाणं।**
णवरं–छ लेस्साओ, दिट्ठी तिविहा वि, चत्तारि नाणा, तिण्णि अण्णाणा भयणाए तिविहो जोगो।

प. तैसि णं भंते ! जीवाणं एवं सन्ना ति वा, पण्णा ति वा, मणे ति वा, वयी ति वा अम्हे णं आहारमाहारेमो ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइयाणं एवं सण्णा ति वा, पण्णा ति वा, मणो ति वा, वयी ति वा अम्हे णं आहारमाहारेमो, अत्थेगइयाणं नो एवं सन्ना ति वा **जाव** वयी ति वा अम्हे णं आहारमाहारेमो, आहारेंति पुण ते।

प. तेसि णं भंते ! जीवाणं एवं सन्ना ति वा **जाव** वयी ति वा, अम्हे णं इट्ठाणिट्ठे सद्दे, इट्ठाणिट्ठे रूवे, इट्ठाणिट्ठे गंधे, इट्ठाणिट्ठे रसे, इट्ठाणिट्ठे फासे पडिसंवेदेमो ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइयाणं एवं सन्ना ति वा **जाव** वयी ति वा, अम्हे णं इट्ठाणिट्ठे सद्दे **जाव** इट्ठाणिट्ठे फासे पडिसंवेदेमो, अत्थेगइयाणं नो एवं सण्णाति वा **जाव** नो एवं वयी ति वा, अम्हे णं इट्ठाणिट्ठे सद्दे **जाव** इट्ठाणिट्ठे फासे पडिसंवेदेमो पडिसंवेदेंति पुण ते।

प. ते णं भंते ! जीवा किं पाणाइवाए उवक्खाइज्जंति **जाव** मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पाणाइवाए वि उवक्खाइज्जंति **जाव** मिच्छादंसणसल्ले वि उवक्खाइज्जंति अत्थेगइया नो पाणाइवाए उवक्खाइज्जंति **जाव** नो मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति। जेसिं पि णं जीवाणं ते जीवा एवमाहिज्जंति तेसिं पि णं जीवाणं अत्थेगइयाणं विन्नाए नाणत्ते, अत्थेगइयाणं नो विन्नाए नाणत्ते।

उववाओ सव्वओ **जाव** सव्वट्ठसिद्धाओ।

ठिई जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं।

छस्समुग्घाया केवलिवज्जा।

शेष सब कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।
इसी प्रकार त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों के लिए भी जानना चाहिए।
विशेष–इनकी इन्द्रिय और स्थिति में अन्तर है।
शेष सब कथन पूर्ववत् है।

१३. लेश्यादि बारह द्वारों का पंचेन्द्रिय जीवों में प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या कदाचित् (दो तीन) चार, या पांच पंचेन्द्रिय मिल कर एक साधारण शरीर बांधते हैं और बांधकर उसके बाद आहार करते हैं, आहार को परिणमाते हैं, फिर शरीर को बांधते हैं ?

उ. गौतम ! पूर्ववत् द्वीन्द्रिय जीवों के समान जानना चाहिए।
विशेष–इनके छहों लेश्याएं और तीनों दृष्टियां होती हैं। इनमें चार ज्ञान और तीन अज्ञान विकल्प से होते हैं और तीनों योग होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या उन (पंचेन्द्रिय) जीवों को ऐसी संज्ञा, प्रज्ञा, मन या वचन होता है कि हम आहार ग्रहण करते हैं ?

उ. गौतम ! कितने ही (संज्ञी) जीवों को ऐसी संज्ञा, प्रज्ञा, मन या वचन होता है कि हम आहार ग्रहण करते हैं और कितने ही असंज्ञी जीवों को ऐसी संज्ञा यावत् वचन नहीं होता कि हम आहार ग्रहण करते हैं फिर भी वे आहार तो करते ही हैं।

प्र. भन्ते ! क्या उन (पंचेन्द्रिय) जीवों को ऐसी संज्ञा मन या वचन होता है कि हम इष्ट अनिष्ट शब्द, इष्ट अनिष्ट रूप, इष्ट अनिष्ट गन्ध, इष्ट अनिष्ट रस अथवा इष्ट अनिष्ट स्पर्श का अनुभव (प्रतिसंवेदन) करते हैं ?

उ. गौतम ! कतिपय (संज्ञी) जीवों को ऐसी संज्ञा यावत् वचन होता है कि हम इष्ट अनिष्ट शब्द यावत् इष्ट अनिष्ट स्पर्श का अनुभव करते हैं। किसी-किसी (असंज्ञी) को ऐसी संज्ञा यावत् वचन नहीं होता है कि हम इष्ट अनिष्ट शब्द यावत् इष्ट अनिष्ट स्पर्श का प्रतिसंवेदन करते हैं। परन्तु वे (शब्द आदि का संवेदन) अनुभव तो करते ही हैं।

प्र. भन्ते ! क्या ऐसा कहा जाता है कि वे (पंचेन्द्रिय) जीव प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य में रहे हुए हैं ?

उ. गौतम ! उनमें से कई (पंचेन्द्रिय) जीव प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य में रहे हुए हैं, ऐसा कहा जाता है। कई जीव प्राणातिपात यावत् मिथ्यादर्शनशल्य में नहीं रहे हुए हैं ऐसा कहा जाता है। जिन जीवों के प्रति वे प्राणातिपात आदि का व्यवहार करते हैं, उन जीवों में से कई जीवों को "हम मारे जाते हैं" और "ये हमें मारने वाले हैं" इस प्रकार का विज्ञान होता है और कई जीवों को इस प्रकार का ज्ञान नहीं होता है।

उन जीवों का उत्पाद सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त के सर्व जीवों से भी होता है।

उनकी स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की होती है।

उनमें केवली समुद्घात को छोड़ कर (शेष) छह समुद्घात होते हैं।

उव्वट्टणा सव्वत्थ गच्छंति **जाव** सव्वट्ठसिद्धंति।

सेसं जहा बेइंदियाणं। *–विया. स. २०, उ. १, सु. ७-१०*

१४. विगलिंदिय-पंचेंदिय जीवाण य अप्पाबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! बेइंदियाणं **जाव** पंचेंदियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पंचेंदिया,
२. चउरिंदिया विसेसाहिया,
३. तेइंदिया विसेसाहिया,
४. बेइंदिया विसेसाहिया। *–विया. स. २०, उ. १, सु. ११*

१५. ओहेण एगिंदिय भेयप्पभेय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! एगिंदिया पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा एगिंदिया पन्नत्ता, तं जहा–
१. पुढविकाइया **जाव** ५. वणस्सइकाइया।

प. पुढविकाइया णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. सुहुमपुढविकाइया य, २. बायरपुढविकाइया य।

प. सुहुमपुढविकाइया णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. पज्जत्ता सुहुमपुढविकाइया य,
२. अपज्जत्ता सुहुमपुढविकाइया य।

प. बायरपुढविकाइया णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**
एवं आउकाइया वि चउक्कएणं भेएणं णेयव्वा।

एवं जाव **वणस्सइकाइया**[1]। *–विया. स. ३३, उ. १, सु. १-६*

१६. पुढविकाइयाइ पंच थावरेसु सुहुमत्त बायरत्ताइ परूवणं–

प. एयस्स णं भंते ! पुढविकाइयस्स आउकाइयस्स तेउकाइयस्स वाउकाइयस्स वणस्सइकाइयस्स य कयरे काये सव्वसुहुमे, कयरे काये सव्वसुहुमतराए ?

उ. गोयमा ! वणस्सइकाए सव्वसुहुमे, वणस्सइकाए सव्वसुहुमतराए।

प. एयस्स णं भन्ते ! पुढविकाइयस्स आउकाइयस्स तेउकाइयस्स वाउकाइयस्स य कयरे काये सव्वसुहुमे, कयरे काये सव्वसुहुमतराए ?

उ. गोयमा ! वाउकाये सव्वसुहुमे, वाउकाये सव्वसुहुमतराए।

प. एयस्स णं भन्ते ! पुढविकाइयस्स आउकाइयस्स तेउकाइयस्स य कयरे काये सव्वसुहुमे, कयरे काये सव्वसुहुमतराए ?

वे मर कर सभी जीवों में **यावत्** सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त उत्पन्न होते हैं।

शेष सब कथन द्वीन्द्रिय जीवों के समान जानना चाहिए।

१४. विकलेन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीवों का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! इन द्वीन्द्रिय **यावत्** पंचेन्द्रिय जीवों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प पंचेन्द्रिय जीव हैं।
२. (उनसे) चतुरिन्द्रिय जीव विशेषाधिक हैं।
३. (उनसे) त्रीन्द्रिय जीव विशेषाधिक हैं।
४. (उनसे) द्वीन्द्रिय जीव विशेषाधिक हैं।

१५. सामान्यतः एकेन्द्रियों के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! एकेन्द्रिय जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! एकेन्द्रिय जीव पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पृथ्वीकायिक **यावत्** ५. वनस्पतिकायिक।

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सूक्ष्मपृथ्वीकायिक, २. बादरपृथ्वीकायिक।

प्र. भन्ते ! सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक,
२. अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक।

प्र. भन्ते ! बादरपृथ्वीकायिक जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! **वे भी पूर्ववत् दो प्रकार के कहे गए हैं।**
इसी प्रकार अप्कायिक जीवों के भी चार-चार भेद जानने चाहिए।
इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त चार-चार भेद जानने चाहिए।

१६. पृथ्वीकायिकादि पांच स्थावरों में सूक्ष्मत्व बादरत्वादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक (इन पांचों) में से कौन सी काय सब से सूक्ष्म है और कौन सी सूक्ष्मतर है ?

उ. गौतम ! (इन पांचों कायों में से) वनस्पतिकाय सबसे सूक्ष्म है और वनस्पतिकाय ही सबसे सूक्ष्मतर है।

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक (इन चारों) में से कौन सी काय सबसे सूक्ष्म है और कौन सी सूक्ष्मतर है ?

उ. गौतम ! (इन चारों में से) वायुकाय सबसे सूक्ष्म है और वायुकाय ही सबसे सूक्ष्मतर है।

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक, अप्कायिक और अग्निकायिक (इन तीनों) में से कौन-सी काय सबसे सूक्ष्म है और कौन सी सूक्ष्मतर है ?

---

१. विया. स. ३४, ए. २, उ. १, सु. १

उ. गोयमा ! तेउकाये सव्वसुहुमे, तेउकाये सव्वसुहुमतराए।

प. एयस्स णं भंते ! पुढविकाइयस्स आउक्काइयस्स य कयरे काये सव्वसुहुमे, कयरे काये सव्वसुहुमतराए?

उ. गोयमा ! आउकाये सव्वसुहुमे, आउकाये सव्वसुहुमतराए।

प. एयस्स णं भंते ! पुढविकाइयस्स आउकाइयस्स तेउकाइयस्स वाउकाइयस्स वणस्सइकाइयस्स य कयरे काये सव्वबायरे, कयरे काये सव्वबायरतराए?

उ. गोयमा ! वणस्सइकाये सव्वबायरे, वणस्सइकाये सव्वबायरतराए।

प. एयस्स णं भंते ! पुढविकाइयस्स आउक्काइयस्स तेउक्काइयस्स वाउकाइयस्स य कयरे काये सव्वबायरे, कयरे काये सव्वबायरतराए?

उ. गोयमा ! पुढविकाए सव्वबायरे, पुढविकाए सव्वबायरतराए।

प. एयस्स णं भंते ! आउकाइयस्स तेउकाइयस्स वाउकाइयस्स य कयरे काये सव्वबायरे, कयरे काये सव्वबायरतराए?

उ. गोयमा ! आउकाये सव्वबायरे, आउकाये सव्वबायरतराए।

प. एयस्स णं भंते ! तेउकायस्स वाउकायस्स य कयरे काये सव्वबायरे, कयरे काये सव्वबायरतराए?

उ. गोयमा ! तेउकाए सव्वबायरे, तेउकाए सव्वबायरतराए।

–विया. स. १९, उ. ३, सु. २३-३०

१७. पुढविकाइयाइ जीवाणं लोगेसु परूवणं–

अहेलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पुढविकाइया, २. आउकाइया,
३. वाउकाइया, ४. वणस्सइकाइया,
५. ओराला तसा पाणा।

एवं उड्ढलोगे वि।

तिरियलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा–

१. एगिंदिया, २. बेइंदिया,
३. तेइंदिया, ४. चउरिंदिया,
५. पंचिंदिया।

–ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४४४

१८. पुढविसरीरस्स महालयत्त परूवणं–

प. के महालए णं भंते ! पुढविसरीरे पण्णत्ते?

उ. गोयमा ! अणंताणं सुहुमवणस्सइकाइयाणं जावइया सरीरा से एगे सुहुमवाउसरीरे।

असंखेज्जाणं सुहुमवाउसरीराणं जावइया सरीरा से एगे सुहुमतेउसरीरे।

असंखेज्जाणं सुहुमतेउकाइयसरीराणं जावइया सरीरा से एगे सुहुमआउसरीरे।

उ. गौतम ! (इन तीनों) में से अग्निकाय सबसे सूक्ष्म है और अग्निकाय ही सबसे सूक्ष्मतर है।

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक और अप्कायिक (इन दोनों) में से कौन सी काय सबसे सूक्ष्म है और कौन सी सूक्ष्मतर है?

उ. गौतम ! (इन दोनों) में से अप्काय सबसे सूक्ष्म है और अप्काय ही सबसे सूक्ष्मतर है।

प्र. भन्ते ! इन पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक (इन पांचों) में से कौन सी काय सबसे बादर (स्थूल) है और कौन सी सबसे बादरतर है?

उ. गौतम ! (इन पांचों) में से वनस्पतिकाय सर्वबादर है, वनस्पतिकाय ही सबसे बादरतर है।

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक (इन चारों) में से कौन सी काय सबसे बादर है और कौन-सी बादरतर है?

उ. गौतम ! (इन चारों में से) पृथ्वीकाय सबसे बादर है और पृथ्वीकाय ही सबसे बादरतर है।

प्र. भन्ते ! अप्काय, तेजस्काय और वायुकाय (इन तीनों) में से कौन सी काय सर्वबादर है और कौन सी बादरतर है?

उ. गौतम ! इन तीनों में से अप्काय सर्वबादर है और अप्काय ही सबसे बादरतर है।

प्र. भन्ते ! अग्निकाय और वायुकाय (इन दोनों) में से कौन-सी काय सबसे बादर है कौन सी बादरतर है?

उ. गौतम ! इन दोनों में से अग्निकाय सर्वबादर है और अग्निकाय ही बादरतर है।

१७. पृथ्वीकाय आदि का लोक में प्ररूपण–

अधोलोक में पांच प्रकार के बादर जीव कहे गए हैं, यथा–

१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक
३. वायुकायिक, ४. वनस्पतिकायिक
५. उदार त्रस प्राणी।

इसी प्रकार ऊर्ध्वलोक में भी पांच भेद जानने चाहिए।

तिर्यक्लोक में पांच प्रकार के बादर जीव कहे गए हैं, यथा–

१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय,
३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय,
५. पंचेन्द्रिय।

१८. पृथ्वी शरीर की विशालता का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकायिक जीवों का शरीर कितना बड़ा कहा गया है?

उ. गौतम ! अनन्त सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीवों के जितने शरीर होते हैं, उतना एक सूक्ष्म वायुकाय का शरीर होता है।

असंख्यात सूक्ष्म वायुकायिक जीवों के जितने शरीर होते हैं, उतना एक सूक्ष्म अग्निकाय का शरीर होता है।

असंख्यात सूक्ष्म अग्निकाय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक सूक्ष्म अप्काय का शरीर होता है।

असंखेज्जाणं सुहुमआउकाइयसरीराणं जावइया सरीरा से एगे सुहुमपुढविसरीरे।
असंखेज्जाणं सुहुमपुढविकाइयाणं जावइया सरीरा से एगे बायरवाउसरीरे।
असंखेज्जाणं बायरवाउकाइयाणं जावइया सरीरा से एगे बायरतेउसरीरे।
असंखेज्जाणं बायरतेउकाइयाणं जावइया सरीरा से एगे बायरआउसरीरे।
असंखेज्जाणं बायरआउकाइयाणं जावइया सरीरा से एगे बायरपुढविसरीरे।
एमहालए णं गोयमा ! पुढविसरीरे पण्णत्ते।
–विया. स. १९, उ. ३, सु. ३१

असंख्यात सूक्ष्म अप्काय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक सूक्ष्म पृथ्वीकाय का शरीर होता है।
असंख्यात सूक्ष्म पृथ्वीकाय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक बादर वायुकाय का शरीर होता है।
असंख्यात बादर वायुकाय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक बादर अग्निकाय का शरीर होता है।
असंख्यात बादर अग्निकाय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक बादर अप्काय का शरीर होता है।
असंख्यात बादर अप्काय के जितने शरीर होते हैं, उतना एक बादर पृथ्वीकाय का शरीर होता है।
हे गौतम ! इतना बड़ा पृथ्वीकाय का शरीर होता है।

१९. पुढविकाइयस्स सरीरोगाहणा परूवणं–

प. पुढविकाइयस्स णं भंते ! के महालया सरीरोगाहणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहानामए रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स वण्णगपेसिया तरुणी बलवं जुगवं जुवाणी अप्पातंका **जाव** निउणसिप्पोवगया,
तिक्खाए वइरामईए सण्हकरणीए,
तिक्खेणं वइरामएणं वट्टावरएणं
एगं महं पुढविकायं जउगोलासमाणं गहाय पडिसाहरिय पडिसाहरिय पडिसंखिविय-पडिसंखिविय **जाव** इणामेव त्ति कट्टु तिसत्तखुत्तो ओपीसेज्जा।
तत्थ णं गोयमा ! अत्थेगइया पुढविकाइया आलिद्धा, अत्थेगइया नो आलिद्धा,
अत्थेगइया संघट्टिया, अत्थेगइया नो संघट्टिया,

अत्थेगइया परियाविया, अत्थेगइया नो परियाविया,
अत्थेगइया उद्दविया, अत्थेगइया नो उद्दविया,
अत्थेगइया पिट्ठा, अत्थेगइया नो पिट्ठा,
पुढविकाइयस्स णं गोयमा ! एमहालया सरीरोगाहणा पण्णत्ता। *–विया. स. १९, उ. ३, सु. ३२*

१९. पृथ्वीकायिक की शरीरावगाहना का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! पृथ्वीकाय के शरीर की कितनी बड़ी अवगाहना कही गई है ?

उ. गौतम ! जैसे चक्रवर्ती राजा की चन्दन घिसने वाली दासी हो।
जो तरुणी, बलवती, युगवती, युवावय प्राप्त रोगरहित **यावत्** कला कुशल हो।
वह चूर्ण पीसने की वज्रमयी कठोर शिला पर,
वज्रमय तीक्ष्ण लोढ़े से लाख के गोले के समान,
पृथ्वीकाय का एक बड़ा पिण्ड लेकर बार-बार इकट्ठा करती और समेटती हुई–"मैं अभी इसे पीस डालती हूं," यों विचार कर उसे इक्कीस बार पीस दे तो भी
हे गौतम ! कई पृथ्वीकायिक जीवों का उस शिला और लोढ़े से स्पर्श होता है और कई जीवों का स्पर्श नहीं होता है।
उनमें से कई पृथ्वीकायिक जीवों का घर्षण होता है और कई पृथ्वीकायिकों का घर्षण नहीं होता है।
उनमें से कुछ को पीड़ा होती है और कुछ को पीड़ा नहीं होती है।
उनमें से कई मरते हैं और कई नहीं मरते हैं।
कई पीसे जाते हैं और कई नहीं पीसे जाते हैं।
गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव के शरीर की इतनी बड़ी अवगाहना कही गई है।

२०. एगिंदियाणं ओगाहणं पडुच्च अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! पुढविकाइयाणं आउकाइयाणं तेउकाइयाणं वाउकाइयाणं वणस्सइकाइयाणं सुहुमाणं बादराणं पज्जत्तगाणं अपज्जत्तगाणं जहण्णुकोसियाए ओगाहणाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा !
१. सव्वत्थोवा सुहुमनिओयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा।
२. सुहुमवाउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
३. सुहुमतेउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।

२०. एकेन्द्रियों का अवगाहना की अपेक्षा अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन सूक्ष्म-बादर, पर्याप्तक, अपर्याप्तक, पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक जीवों की जघन्य और उत्कृष्ट अवगाहनाओं में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक है ?

उ. गौतम !
१. सबसे अल्प अपर्याप्त सूक्ष्मनिगोद की जघन्य अवगाहना है।
२. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म वायुकायिक जीवों की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
३. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म अग्निकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।

४. सुहुमआउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
५. सुहुमपुढविकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
६. बादरवाउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
७. बादरतेउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
८. बादरआउकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
९. बादरपुढविकाइयस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
१०-११. पत्तेयसरीर बादर वणस्सइकाइयस्स बादरनिओयस्स य, एएसि णं अपज्जत्तगाणं जहण्णिया ओगाहणा दोण्ह वि तुल्ला असंखेज्जगुणा।
१२. सुहुमनिगोयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
१३, तस्सचेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
१४. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
१५. सुहुमवाउकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
१६. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
१७. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
१८. सुहुम तेउकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
१९. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२०. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२१. सुहुम आउकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
२२. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२३. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२४. सुहुम पुढविकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
२५. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।

४. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म अप्कायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
५. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
६. (उससे) अपर्याप्त बादर वायुकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
७. (उससे) अपर्याप्त बादर अग्निकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
८. (उससे) अपर्याप्त बादर अप्कायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
९. (उससे) अपर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
१०-११. (उससे) अपर्याप्त प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतिकायिक की और बादर निगोद की जघन्य अवगाहना दोनों की परस्पर तुल्य और असंख्यात-गुणी है।
१२. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म निगोद की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
१३. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म निगोद की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
१४. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म निगोद की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
१५. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म वायुकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
१६. (उससे) अपर्याप्त सूक्ष्म वायुकायिक की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
१७. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म वायुकायिक की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
१८. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म अग्निकाय की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
१९. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२०. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२१. (उससे) पर्याप्त सूक्ष्म अप्कायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
२२. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२३. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२४. (उससे) पर्याप्त पृथ्वीकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
२५. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।

२६. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२७. बादर वाउक्काइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
२८. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
२९. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३०. बादर तेउकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
३१. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३२. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३३. बादर आउकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
३४. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३५. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३६. बादर पुढवीकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
३७. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३८. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
३९. बादरनिगोयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
४०. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
४१. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा विसेसाहिया।
४२. पत्तेयसरीर बादर वणस्सइकाइयस्स पज्जत्तगस्स जहण्णिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
४३. तस्स चेव अपज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा।
४४. तस्स चेव पज्जत्तगस्स उक्कोसिया ओगाहणा असंखेज्जगुणा। *–विया. स. १९, उ. ३, सु. २२*

२६. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२७. (उससे) पर्याप्त बादर वायुकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
२८. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
२९. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३०. (उससे) पर्याप्त बादर अग्निकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
३१. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३२. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३३. (उससे) पर्याप्त बादर अप्कायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
३४. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३५. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३६. (उससे) पर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
३७. (उससे) उसी के अपर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३८. (उससे) उसी के पर्याप्त की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
३९. (उससे) पर्याप्त बादर निगोद की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
४०. (उससे) अपर्याप्त बादर निगोद की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
४१. (उससे) पर्याप्त बादर निगोद की उत्कृष्ट अवगाहना विशेषाधिक है।
४२. (उससे) पर्याप्त प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतिकायिक की जघन्य अवगाहना असंख्यातगुणी है।
४३. (उससे) अपर्याप्त प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतिकायिक की उत्कृष्ट अवगाहना असंख्यातगुणी है।
४४. (उससे) पर्याप्त प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतिकायिक की उत्कृष्ट अवगाहना असंख्यातगुणी है।

२१. अणंतरोववन्नग एगिंदिय भेयप्पभेय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! अणंतरोववन्नगा एगिंदिया पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा अणंतरोववन्नगा एगिंदिया पन्नत्ता, तं जहा–

१. पुढविकाइया **जाव** ५. वणस्सइकाइया।

२१. अनन्तरोपपन्नक एकेन्द्रियों के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! अनन्तरोपपन्नक (तत्काल उत्पन्न) एकेन्द्रिय जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्तरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीव पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. पृथ्वीकायिक **यावत्** ५. वनस्पतिकायिक।

प. अणंतरोववन्नगा णं भंते ! पुढविकाइया कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. सुहुमपुढविकाइया य २. बादरपुढविकाइया य।
एवं दुपएणं भेएणं जाव **वणस्सइकाइया**[1]।
–विया. स. ३३, उ. २, सु. १

२२. परंपरोववन्नग एगिंदिय जीवाणं भेयप्पभेय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! परंपरोववन्नगा एगिंदिया पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा परंपरोववन्नगा एगिंदिया पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुढविकाइया **जाव** ५. वणस्सइकाइया।
एवं चउक्कओ भेओ जहा ओहियउद्देसए।
–विया. स. ३३, उ. ३, सु. १

२३. अणंतरोवगाढाइ एगिंदिय जीवाणं भेयप्पभेय परूवणं–

१. अणंतरोगाढा जहा अणंतरोववन्नगा।

२. परंपरोगाढा जहा परंपरोववन्नगा।

३. अणंतराहारगा जहा अणंतरोववन्नगा।

४. परंपराहारगा जहा परंपरोववन्नगा।

५. अणंतरपज्जत्तगा जहा अणंतरोववन्नगा।

६. परंपरपज्जत्तगा जहा परंपरोववन्नगा।

७. चरिमा वि जहा परंपरोववन्नगा।

८. एवं अचरिमा वि।

एवं एए एक्कारस उद्देसगा। *–विया. स. ३३/१, उ. ४-११*

२४. कण्हलेस्स एगिंदिय जीवाणं भेयप्पभेय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! कण्हलेस्सा एगिंदिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा कण्हलेस्सा एगिंदिया पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुढविकाइया **जाव** ५. वणस्सइकाइया।

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! पुढविकाइया कइविहा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सुहुमपुढविकाइया य २. बायरपुढविकाइया य।

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! सुहुमपुढविकाइया कइविहा पण्णत्ता ?

प्र. भन्ते ! अनन्तरोपपन्नक पृथ्वीकायिक जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सूक्ष्म पृथ्वीकायिक २. बादर पृथ्वीकायिक।
इसी प्रकार (प्रत्येक) एकेन्द्रिय के (दो-दो) भेद वनस्पतिकायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

२२. परंपरोपपन्नक एकेन्द्रियों के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! परंपरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! परंपरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीव पाँच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पृथ्वीकायिक **यावत्** ५. वनस्पतिकायिक।
इसी प्रकार औधिक उद्देशक के अनुसार चार-चार भेद कहने चाहिए।

२३. अनन्तरोवगाढादि एकेन्द्रियों के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

१. अनन्तरावगाढ एकेन्द्रिय का कथन अनन्तरोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

२. परम्परावगाढ एकेन्द्रिय का कथन परम्परोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

३. अनन्तराहारक एकेन्द्रिय का कथन अनन्तरोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

४. परम्पराहारक एकेन्द्रिय का कथन परम्परोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

५. अनन्तरपर्याप्तक एकेन्द्रिय का कथन अनन्तरोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

६. परम्परपर्याप्तक एकेन्द्रिय का कथन परम्परोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

७. चरम एकेन्द्रिय का कथन परम्परोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।

८. अचरम एकेन्द्रिय का कथन परंपरोपपन्नक उद्देशक के समान जानना चाहिए।
इस प्रकार ये इग्यारह उद्देशक हुए।

२४. कृष्णलेश्यी एकेन्द्रियों के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी एकेन्द्रिय जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! कृष्णलेश्यी एकेन्द्रिय जीव पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पृथ्वीकायिक **यावत्** ५. वनस्पतिकायिक।

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या वाले पृथ्वीकायिक जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सूक्ष्मपृथ्वीकायिक २. बादरपृथ्वीकायिक।

प्र. भंते ! कृष्णलेश्या वाले सूक्ष्म पृथ्वीकायिक कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

---

१. (क) विया. स. ३४/ए. २, उ. १, सु. १ (ख) विया. स. ३४/ए. १, उ. ३, सु. १

उ. गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अपज्जत्ता सुहुमपुढविकाइया य।
२. पज्जत्ता सुहुमपुढविकाइया य।

प. कण्हलेस्सा णं भंते ! बायरपुढविकाइया कइविहा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अपज्जत्ता बायरपुढविकाइया य,
२. पज्जत्ता बायरपुढविकाइया य।

एवं आउकाइया वि चउक्कएणं भेएणं णेयव्वा।

एवं जाव **वणस्सइकाइया।** *–विया. स. ३३/२, उ. १, सु. १-३*

२५. अणंतरोववन्नग कण्हलेस्स एगिंदिय भेयप्पभेय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! अणंतरोववन्नगा कण्हलेस्सा एगिंदिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा अणंतरोववन्नगा कण्हलेस्सा एगिंदिया पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुढविकाइया **जाव** ५. वणस्सइकाइया।

एवं एएणं अभिलावेणं तहेव दुपओ भेओ जाव **वणस्सइकाइय त्ति।** *–विया. स. ३३/२, उ. २, सु. १*

२६. परंपरोववन्नग कण्हलेस्स एगिंदियजीवाणं भेयप्पभेय परूवणं–

हाथ–अनेक श्रेष्ठ, लक्षण युक्त उत्तम, प्रशस्त, स्वच्छ, आनन्दप्रद रेखाओं से युक्त हैं।

स्कंध–श्रेष्ठ भैंसा, शूकर, सिंह, शार्दूल, (व्याघ्र) बैल और हाथी के स्कंध की तरह प्रतिपूर्ण, विपुल और उन्नत हैं।

ग्रीवा–चार अंगुल प्रमाण ऊँची श्रेष्ठ शंख के समान है।

ठुड्ढी (होठों के नीचे का भाग) अवस्थित सुविभक्त सुन्दररूप से उत्पन्न दाढी के बालों से युक्त, सुन्दर संस्थान युक्त, प्रशस्त और व्याघ्र की विपुल ठुड्ढी के समान है।

होठ–परिकर्मित शिलाप्रवाल और बिंबफल के समान लाल हैं।

दांत–सफेद चन्द्रमा के टुकड़ों जैसे निर्मल हैं और शंख, गाय का दूध, फेन, जलकण और मृणालिका के तंतुओं के समान सफेद हैं, उनके दांत अखण्डित होते हैं, टूटे हुए नहीं होते हैं, अलग-अलग नहीं होते हैं, वे सुन्दर दांत वाले हैं, उनके दांत अनेक होते हुए भी एक दंत पंक्ति जैसे दिखाई देते हैं।

जीभ और तालु–अग्नि में तपाकर धोये गये और पुनः तप्त किये गये तपनीय स्वर्ण के समान लाल हैं।

नासिका–गरूड़ की नासिका जैसी लम्बी, तीखी और ऊँची होती है।

आँखें–सूर्यकिरणों से विकसित नील कमल जैसी होती हैं तथा वे खिले हुए श्वेत कमल जैसी कोनों पर लाल, बीच में काली और सफेद तथा पक्ष्मपुट वाली होती है।

भौंहें–ईषत् आरोपित धनुष के समान वक्र, रमणीय, कृष्ण, मेघराजि की तरह काली, संगत (प्रमाणोपेत) दीर्घ, सुजात, पतली, काली और स्निग्ध होती है।

कान–मस्तक के भाग तक कुछ-कुछ लगे हुए और प्रमाणोपेत हैं। वे सुन्दर कानों वाले हैं, अर्थात् भली प्रकार श्रवण करने वाले हैं।

कपोल–(गाल) पीन और मांसल होते हैं।

ललाट–उदित बालचन्द्र जैसा प्रशस्त, विस्तीर्ण और समतल होता है।

मुख–पूर्णिमा के चन्द्रमा जैसा सौम्य होता है।

मस्तक–छत्राकार और उत्तम लक्षणों वाला, कूटाकार (पर्वत शिखर) की तरह उन्नत और पाषाण की पिण्डी की तरह गोल और मजबूत होता है।

खोपड़ी की चमड़ी–केशान्तभूमि (दाडिम के फूल की तरह लाल, तपनीय सोने के समान, निर्मल और सुन्दर होती है।

मस्तक के बाल खुले–किये जाने पर भी शाल्मलि वृक्ष के फल की तरह घने और निविड़ होते हैं, वे बाल मृदु, निर्मल, प्रशस्त, सूक्ष्म, लक्षणयुक्त, सुगन्धित, सुन्दर भुजभोचक (रत्नविशेष) नीलमणि (मरकतमणि) भंवरी, नील और काजल के समान काले, हर्षित भ्रमरों के समान अत्यन्त-काले स्निग्ध और निचित जमे हुए होते हैं, वे घुंघराले और दक्षिणावर्त होते हैं।

लक्खणवंजणगुणोववेया सुजाय सुविभत्त सुरूवगा पासाइया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

ते णं मणुया हंसस्सरा कोंचस्सरा नंदिघोसा सीहस्सरा सीहघोसा मंजुस्सरा मंजुघोसा सुस्सरा सुस्सरनिग्घोसा छायाउज्जोतियंगमंगा,

वेज्जरिसभनारायसंघयणा, समचउरंससंठाणसंठिया, सिणिद्धछवी णिरायंका, उत्तमपसत्थ अइसेसनिरुवमतणू, जल्लमलकलंक सेयरयदोस वज्जियसरीरा,

अणुलोमवाउवेगा कंकणग्गहणी निरुवलेवा,

कवोतपरिणामा, सउणिव्व पोसचिट्ठंतरोरूपरिणया,

विग्गहिय उन्नयकुच्छी, पउमुप्पलसरिस गंधणिस्सास सुरभिवदणा, अट्ठधणुसयं ऊसिया।

तेसिं मणुयाणं चउसट्ठिं पिट्ठिकरंडगा पण्णत्ता, समणाउसो !

ते णं मणुया पगइभद्दगा, पगइविणीयगा, पगइउवसंता, पगइपयणु कोह-माण-माया-लोभा मिउमद्दव संपण्णा अल्लीणा भद्दगा विणीया अप्पिच्छा असंनिहिसंचया अचंडा विडिमंतरपरिवसणा जहिच्छिय कामगमिणो य ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो !

प. तेसिं णं भन्ते ! मणुयाणं केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

उ. गोयमा ! चउत्थभत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

–जीवा. पडि. ३, सु. १११/१३

१०२. एगोरुय दीवस्स इत्थियाणं आयारभाव पडोयार परूवणं–

प. एगोरुयमणुई णं भन्ते ! केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! ताओ णं मणुईओ सुजायसव्वंगसुंदरीओ, पहाणमहिलागुणेहिं जुत्ता, अच्चंत विसप्पमाणा पउम सुमाल कुम्मसंठिय विसिट्ठ **चलणाओ,** उज्जुमिउय पीवर निरंतर पुट्ठ **सोहियंगुलीओ,**

उन्नयरइय तलिणतंबसुइणिद्धणखा,

रोमरहित वट्ट लट्ठ संठियअजहण्ण पसत्थ लक्खण अकोप्पजंघयुगला,

वे मनुष्य लक्षण, व्यंजन और गुणों से युक्त होते हैं, वे सुन्दर और सुविभक्त स्वरूप वाले होते हैं। वे प्रसन्नता पैदा करने वाले, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप होते हैं।

वे मनुष्य हंस जैसे स्वर वाले, क्रौंच जैसे स्वर वाले, नंदी (बारह वाद्यों का सम्मिश्रित स्वर) जैसे घोष करने वाले, सिंह के समान स्वर वाले और गर्जना वाले, मधुर स्वर वाले, मधुर घोष वाले, सुस्वर वाले, सुस्वर और सुघोष वाले, अंग-अंग में कान्ति वाले,

वज्रऋषभनाराचसंहनन वाले, समचतुरस्रसंस्थान वाले, स्निग्धछवि वाले, रोगादि रहित, उत्तम प्रशस्त अतिशययुक्त और निरुपम शरीर वाले,

स्वेद (पसीना) आदि मैल के कलंक से रहित और स्वेद-रज आदि दोषों से रहित शरीर वाले,

उपलेप से रहित, अनुकूल वायु वेग वाले, कंक पक्षी की तरह निर्लेप गुदाभाग वाले,

कबूतर की तरह सब पचा लेने वाले,

पक्षी की तरह मलोत्सर्ग के लेप से रहित अपानदेश वाले, सुन्दर पृष्ठभाग उदर और जंघा वाले,

उन्नत और मुष्टिग्राह्य कुक्षि वाले,

प्रद्म कमल जैसी सुगंधयुक्त श्वासोच्छ्वास से सुगंधित मुख वाले और एक सौ आठ धनुष की ऊँचाई वाले मनुष्य होते हैं।

हे आयुष्मन् श्रमण! उन मनुष्यों के चौंसठ पृष्ठकरंडक (पसलियाँ) कही गई हैं।

वे मनुष्य स्वभाव से भद्र, स्वभाव से विनीत, स्वभाव से शान्त, स्वभाव से अल्प क्रोध-मान माया-लोभ वाले, मृदुता और मार्दव से सम्पन्न होते हैं, अल्लीन (संयत चेष्टा वाले) हैं, भद्र, विनीत, अल्प इच्छा वाले, संचय-संग्रह न करने वाले, क्रूर परिणामों से रहित, वृक्षों की शाखाओं के अन्दर रहने वाले तथा इच्छानुसार विचरण करने वाले हैं। **हे आयुष्मन्** श्रमण! वे एकोरुकद्वीप के मनुष्य कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! उन मनुष्यों को कितने काल के अन्तर से आहार की अभिलाषा होती है ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों को चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आहार की अभिलाषा होती है।

१०२. एकोरुक द्वीप की स्त्रियों के आकार-प्रकारादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! इस एकोरुक-द्वीप की स्त्रियों का आकार-प्रकार भाव कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! वे स्त्रियाँ श्रेष्ठ अवयवों द्वारा सर्वांग सुन्दर हैं, महिलाओं के श्रेष्ठ गुणों से युक्त हैं।

चरण–अत्यन्त विकसित पद्म कमल की तरह सुकोमल और कछुए की तरह उन्नत होने से सुन्दर आकार के हैं।

पाँवों की अंगुलियाँ–सीधी, कोमल, स्थूल, निरन्तर पुष्ट और मिली हुई हैं।

नख–उन्नत, रति देने वाले, तलिन (पतले) ताम्र जैसे रक्त, स्वच्छ एवं स्निग्ध हैं।

पिण्डलियाँ–रोम रहित, गोल, सुन्दर सुस्थित, उत्कृष्ट शुभलक्षणवाली और प्रीतिकर होती हैं।

सुणिम्मिय सुगूढ**जाणु**मंडलसुबद्धसंधी
कयलिक्खंभातिरेग संठियणिव्वण सुकुमाल मउयकोमल अविरल समसहितसुजात वट्ट पीवरणिरंत**रोरू**,
अट्ठावयवी चिपट्टसंठिय पसत्थ विच्छिन्न **पिहुलसोणी**,
वदणायामप्पमाणदुगुणित विसाल मंसल सुबद्ध **जहणवर** धारणीओ,
वज्जविराइय पसत्थलक्खणणि**रोदरा**,

तिवली वलियतणुणमिय **मज्झिमाओ**,
उज्जुय समसंहित जच्चतणु कसिण गिद्धआदेज्ज लडह सुविभत्त सुजात कंतसोभंत रुइल रमणिज्ज**रोमराई**,

गंगावत्त पदाहिणावत्त तरंग भंगुररविकिरण तरुणबोधित अकोसायंत पउमवणगंभीर विय**डनाभी**,

अणुब्भडपसत्थ पीण**कुच्छी**,
सण्णयपासा, संगयपासा, सुजातपासा, मितमाइयपीण रइय**पासा**,
अकरंडुय कणगरुयग निम्मल सुजाय णिरुवहय **गायलट्ठी**,

कंचणकलससमपमाण समसंहितसुजात लट्ठ चूचुय आमेलग जमल जुगल वट्टि य अब्भुण्णयरइयसंठिय **पयोधराओ**,

भुयंगणुपुव्वतणुयगोपुच्छ वट्ट समसंहिय णमिय आएज्ज ललिय **बाहाओ**,

तंब**णहा**,
मंसलग्ग**हत्था**,
पीवरकोमल **वरंगुलीओ**,
णिद्ध**पाणिलेहा**,
रवि-ससि-संख-चक्कसोत्थिय-सुविभत्तसुविरइय **पाणिलेहा**,
पीणुण्णय **कक्खवत्थिदेसा**,
पडिपुण्णगल्ल**कवोला**,
चउरंगुलप्पमाणा कंबुवर सरिस**गीवा**,

मंसलसंठिय पसत्थ **हणुया**,
दाडिमपुप्फप्पगास पीवरकुंचियवराधरा सुंदरोत्त**रोट्ठा**,

दधिदगरय चंदकुंद वासंतिमउल अच्छिद्द-विमल**दसणा**,

घुटने–सुनिर्मित सुगूढ और सुबद्धसंधि वाले हैं।

जंघाएं–कदली के स्तम्भ से भी अधिक सुन्दर व्रणादि रहित, सुकोमल, मृदु, कोमल, समीप समान प्रमाणवाली, सुजात, गोल, मोटी एवं अन्तरहित हैं।

नितम्बभाग–अष्टापद द्यूत के पट्ट के आकार का शुभ विस्तीर्ण और मोटा है।

जघन प्रदेश–(बारह अंगुल) मुख प्रमाण से दूना चौवीस अंगुलप्रमाण विशाल, मांसल एवं सुबद्ध है।

पेट–वज्र की तरह सुशोभित शुभ लक्षणों वाला और पतला होता है।

कमर–त्रिवली से युक्त, पतली और लचीली होती है।

रोमराजि–सरल मिली हुई जन्मजात पतली, काली, स्निग्ध, सुहावनी सुन्दर सुविभक्त सुजात (जन्मदोषरहित) कांत, शोभायुक्त रुचिकर और रमणीय होती हैं।

नाभि–गंगा के आवर्त की तरह दक्षिणावर्त, तरंग भंगुर सूर्य की किरणों से ताजे विकसित हुए कमल की तरह गंभीर और विशाल है।

कुक्षि–उग्रता रहित प्रशक्त और स्थूल हैं।

पार्श्व–कुछ झुके हुए हैं, प्रमाणोपेत हैं, सुन्दर हैं, अति सुन्दर हैं, परिमितमाप युक्त स्थूल और आनन्द देने वाले हैं।

रीड की हड्डी–अनुपलक्षित हैं, उनका शरीर सोने जैसी कान्तिवाला, निर्मल, सुन्दर और ज्वरादि उपद्रवों से रहित है।

पयोधर (स्तन)–सोने के कलश के समान प्रमाणोपेत समान आकार वाले सहोत्पन्न चिकने चूचुक रूपी मुकुट से युक्त सहजात गोल उन्नत (उठे हुए) और आकार-प्रकार से प्रीतिकर हैं।

दोनों बाहें–भुजंग की तरह क्रमशः नीचे की ओर पतली, गोपुच्छ की तरह गोल, आपस में समान, अपनी-अपनी संधियों से सटी हुई, नम्र और अतिआदेय तथा सुन्दर होती हैं।

नख–ताम्रवर्ण के होते हैं।

हाथ–मांसल होता है।

अंगुलियां–पुष्ट, कोमल और श्रेष्ठ होती हैं।

हाथ की रेखायें–स्निग्ध होती हैं।

रेखाएँ–सूर्य-चन्द्र-,शंख-, चक्र-, स्वस्तिक की अलग-अलग और सुविरचित हैं।

कक्ष और बस्ति–पीन और उन्नत होता है।

गाल–कपोल भरे-भरे होते हैं।

गर्दन–चार अंगुल प्रमाण ऊँची और श्रेष्ठ शंख की तरह होती है।

ठुड्ढी–मांसल, सुन्दर आकार की तथा शुभ होती है।

दोनों होठ–दाड़िम के फूल की तरह लाल आभा वाले पुष्ट और कुछ-कुछ वलित होने से अच्छे लगते हैं।

दांत–दही, जलकण, चन्द्रकुंद वासंतीकली के समान सफेद और छेद विहीन होते हैं।

रत्तुप्पल पत्तमउल सुकुमाल **तालुजीहा**,

कणयवरमुउलअकुडिल अब्भुग्गय उज्जुतुंग**नासा**,

सारदनवकमलकुमुदकुवलय विमुक्कदलणिगर सरिस लक्खण अंकियकंत**णयणा**,

पत्तल चवलायंततंब**लोयणाओ**,

आणामिय चावरुइलकिण्हब्भराइसंठिय संगत आयय सुजाय कसिण णिद्ध**भमुया**,

अल्लीणपमाणजुत्त**सवणा**,
पीणमट्ठरमणिज्ज **गंडलेहा**,

चउरंस पसत्थसम**णिडाला**,
कोमुइरयणिकरविमल पडिपुन्नसोम**वयणा**,

छत्तुन्नय**उत्तमंगा**,
कुडिलसुसिणिद्धदीह**सिरया**,

१. छत्त, २-३. ज्झय-जुग, ४. थूभ, ५. दामिणि, ६. कमंडलु, ७. कलस ८. वावि, ९. सोत्थिय, १०. पडाग, ११. जव, १२. मच्छु, १३. कुम्भ, १४. रहवर, १५. मकर, १६. सुकथाल, १७. अंकुस, १८. अट्ठावइवीइ, १९. सुपइट्ठक, २०. मयूर, २१. सिरिदाम, २२. अभिसेय, २३. तोरण, २४. मेइणि, २५. उदधि, २६. वरभवण, २७. गिरिवर, २८. आयंस, २९. ललियगय, ३०. उसभ, ३१. सीह, ३२. चमरउत्तमपसत्थ-बत्तीसलक्खण धराओ,
हंससरिसग**ईओ**,
कोइलमधुरगिरसस्सराओ कंता सव्वस्स अणुनयाओ,

ववगतवलिपलिया,

वंगदुव्वण्णवाहिदोभग्गसोगमुक्काओ,

उच्चत्तेण य नराण थोवूणमूसियाओ,
सभावसिंगारागारचारुवेसा,
संगयगतहसितभाणिय-चेट्ठियविलाससंलावणिउण जुत्तोवयारकुसला,
सुंदरथणजहणवदण करचलणनयणमाला,

तालु और जीभ–लाल कमल के पत्ते के समान लाल, मृदु और कोमल होते हैं।

नासिका–कनेर की कली की तरह सीधी, उन्नति, ऋजु और तीखी होती हैं।

नेत्र–शरदऋतु के कमल कुमुद और नीलकमल से विमुक्त पत्र दल के समान कुछ श्वेत कुछ लाल और कुछ कालिमा लिये हुए और बीच में काली पुतलियों से अंकित होने से सुन्दर लगते हैं।

लोचन–पक्ष्मपुटयुक्त, चंचल, कान तक लम्बे और ईषत् रक्त (ताम्रवत्) होते हैं।

भौहें–कुछ नमे हुए धनुष की तरह टेढ़ी, सुन्दर, काली और मेघराजि के समान प्रमाणोपेत, लम्बी, सुजात, काली और स्निग्ध होती हैं।

कान–मस्तक से सटे हुए और प्रमाणयुक्त होते हैं।

गंडलेखा–(गाल और कान के बीच का भाग) मांसल चिकनी और रमणीय होती हैं।

ललाट–चौरस प्रशस्त और समतल होता है।

मुख–शरद् पूर्णिमा के चन्द्रमा की तरह निर्मल और परिपूर्ण होता है।

मस्तक–छत्र के समान उन्नत होता है।

बाल–घुंघराले, चिकने और लम्बे होते हैं।

वे निम्नांकित बत्तीस लक्षणों को धारण करने वाली हैं–

१. छत्र, २. ध्वजा, ३. युग, (जुआ), ४. स्तूप, ५. दामिनी (पुष्पमाला) ६. कमण्डलु, ७. कलश, ८. वापी (बावड़ी), ९. स्वस्तिक, १०. पताका, ११. यव, १२. मत्स्य, १३. कुम्भ, १४. श्रेष्ठरथ, १५. मकर, १६. शुकस्थाल, (तोते को चुगाने का पात्र) १७. अंकुश, १८. अष्टापदवीचि (द्यूतफलक) १९. सुप्रतिष्ठक, २०. मयूर, २१. श्रीदाम, २२. अभिषेक की जाती हुई लक्ष्मी, २३. तोरण, २४. मेदिनी, २५. समुद्र, २६. श्रेष्ठ भवन, २७. श्रेष्ठ पर्वत, २८. दर्पण, २९. मनोज्ञ हाथी, ३०. बैल, ३१. सिंह और ३२. चमर।

वे एकोरूक द्वीप की स्त्रियाँ हंस के समान चाल वाली हैं।

कोयल के समान मधुर वाणी और स्वर वाली, कमनीय और सबको प्रिय लगने वाली हैं।

उनके शरीर में झुर्रियाँ नहीं पड़तीं और बाल सफेद नहीं होते।

वे व्यंग (विकृति वर्ण विकार) व्याधि, दौर्भाग्य और शोक से मुक्त होती हैं।

वे ऊँचाई में मनुष्यों की अपेक्षा कुछ कम ऊँची होती हैं।

वे स्वाभाविक शृंगार और श्रेष्ठ वेश वाली होती हैं।

वे सुन्दर चाल, हास, बोलचाल, चेष्टा, विलास, संलाप में चतुर तथा योग्य उपचार व्यवहार में कुशल होती हैं।

उनके स्तन, जघन, मुख, हाथ, पांव और नेत्र बहुत सुन्दर होते हैं।

वण्णलावण्णजोवणविलासकलिया,
नंदणवण विवरचारिणीउव्व अच्छराओ अच्छेरगपेच्छणिज्जा, पासाईयाओ,
दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ।

वे सुन्दर वर्ण, लावण्य यौवन और विलास से युक्त होती हैं।
नंदनवन में विचरण करने वाली अप्सराओं की तरह वे उत्सुकता से दर्शनीय हैं।
वे स्त्रियाँ मन को प्रसन्न करने वाली दर्शनीय अभिरूप और प्रतिरूप हैं।

प. तासिं णं भन्ते ! मणुईणि केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

प्र. भन्ते ! उन स्त्रियों को कितने काल के अन्तर से आहार की अभिलाषा होती है ?

उ. गोयमा ! चउत्थभत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

उ. गौतम ! चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आहार की इच्छा होती है।

–जीवा. पडि. ३, सु. १११/१४

१०३. एगोरुय दीवस्स मणुस्साणं आहारमावासाई परूवणं–

१०३. एकोरुक द्वीप के मनुष्यों के आहार-आवास आदि का प्ररूपण–

प. ते णं भन्ते ! मणुया किमाहारमाहारेंति ?

प्र. भन्ते ! वे मनुष्य किसका आहार करते हैं ?

उ. गोयमा ! पुढविपुप्फफलाहारा ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो !

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य पृथ्वी, पुष्प और फलों का आहार करने वाले कहे गए हैं।

प. तीसे णं भन्ते ! पुढवीए केरिसए आसाए पण्णत्ते ?

प्र. भन्ते ! उस पृथ्वी का स्वाद कैसा है ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए गुलेइ वा, खंडेइ वा, सक्कराइ वा, मच्छंडियाइ वा, भिसकंदेइ वा, पप्पडमोयएइ वा, पुप्फउत्तराइ वा, पउमउत्तराइ वा, अकोसियाइ वा, विजयाइ वा, महाविजयाइ वा, आयंसोवमाइ वा, अणोवमाइ वा, चाउरक्के गोखीरे चउठाण परिणए गुडखंडमच्छंडि उवणीए मंदग्गिकडीए वण्णेणं उववेए **जाव** फासेणं, भवेयारूवे सिया ?

उ. गौतम ! जैसे गुड़, खांड, शक्कर, मिश्री, मृणाल कन्द, पर्पटमोदक, पुष्पोत्तर, शक्कर, कमलोत्तर शक्कर अकोशिता, विजया, महाविजया, आदर्शोपमा, अनोपमा अथवा चार बार परिणत एवं चतुःस्थान परिणत गाय का दूध, जौ, गुड, शक्कर, मिश्री मिलाया हुआ मंदाग्नि पर पकाया हुआ तथा शुभवर्ण **यावत्** शुभस्पर्श से युक्त गोक्षीर जैसा क्या उस पृथ्वी का स्वाद होता है ?

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, तीसे णं पुढवीए एत्तो इट्ठतराए चेव **जाव** मणामतराए चेव आसाए णं पण्णत्ते।

गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। उस पृथ्वी का स्वाद इससे भी अधिक इष्टतर **यावत्** मनोज्ञतर कहा गया है।

प. तेसि णं भन्ते ! पुप्फफलाणं केरिसए आसाए पण्णत्ते ?

प्र. भन्ते ! उन पुष्पों और फलों का स्वाद कैसा कहा गया है ?

उ. गोयमा ! से जहानामए चाउरंतचक्कवट्टिस्स कल्लाणे पवरभोयणे सयसहस्सनिप्फन्ने वण्णेणं उववेए **जाव** फासेणं उववेए आसाइणिज्जे, वीसाइणिज्जे, दीवणिज्जे, विंहणिज्जे, दप्पणिज्जे, मयणिज्जे सव्विंदियगायपल्हायणिज्जे भवेयारूवे सिया ?

उ. गौतम ! जैसे चातुरंतचक्रवर्ती का भोजन जो कल्याणभोजन के नाम से प्रसिद्ध है और जो लाख गायों के दूध से निष्पन्न है, जो श्रेष्ठ वर्ण से **यावत्** स्पर्श से युक्त है, आस्वादन के योग्य है, विशेष रूप से आस्वादन योग्य है, जो दीपनीय (जठराग्नि वर्धक) है, वृंहणीय (धातुवृद्धिकारक) है, दर्पणीय (उत्साह आदि बढ़ाने वाला) है, मदनीय (मस्ती पैदा करने वाला) है और जो समस्त इन्द्रियों को और शरीर को आनन्ददायक होता है क्या ऐसा उन पुष्पों और फलों का स्वाद है ?

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, तेसि णं पुप्फफलाणं एत्तो इट्ठतराए चेव **जाव** मणामतराए चेव आसाएणं पण्णत्ते।

गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। उन पुष्प फलों का स्वाद उससे भी अधिक इष्टतर **यावत्** आस्वादनीय कहा गया है।

प. ते णं भन्ते ! मणुया तमाहारमाहारित्ता कहिं वसहिं उवेंति ?

प्र. भन्ते ! उस आहार का उपभोग करके वे मनुष्य कहाँ निवास करते हैं ?

उ. गोयमा ! रुक्खगेहालया णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. हे आयुष्मन् गौतम ! वे मनुष्य गेहाकार परिणत वृक्षों में निवास करने वाले कहे गए हैं।

प. ते णं भन्ते ! रुक्खा किं संठिया पण्णत्ता ?

प्र. भन्ते ! उन वृक्षों का आकार कैसा कहा गया है ?

उ. गोयमा ! कूडागारसंठिया, पेच्छाघरसंठिया, छत्तागारसंठिया, झयसंठिया, थूभसंठिया,

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! गौतम ! वे पर्वत के शिखर के आकार के, नाट्यशाला के आकार के, छत्र के आकार के, ध्वजा

तोरणसंठिया, गोपुरवेइयचोपालसगसंठिया, अट्टालकसंठिया, पासादसंठिया, हम्मतलसंठिया, गवक्खसंठिया, वाल्लगपोइयसंठिया, वलभिसंठिया, अण्णे तत्थ बहवे वरभवणसयणासणविसिट्ठ-संठाणसंठिया, सुहसीयलच्छाया णं ते दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो !

के आकार के, स्तूप के आकार के, तोरण के आकार के, गोपुर और वेदिका से युक्त चौपाल के आकार के, अट्टालिका के आकार के, प्रासादाकार के, अगासी के आकार के, राजमहल हवेली जैसे गवाक्ष के आकार के, जल-प्रासाद के आकार के, वल्लभी के आकार के तथा और भी दूसरे श्रेष्ठ, विविध भवनों, शयनों, आसनों आदि के विशिष्ट आकार वाले और सुखरूप शीतल छाया वाले, वे वृक्ष समूह कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गेहाणि वा, गेहावणाणि वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में घर और दुकानें हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, रुक्खगेहालयाणं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्यगण वृक्षों के बने हुए घर वाले कहे गये हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गामाइ वा, नगराइ वा **जाव** सन्निवेसाइ वा ?

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप में ग्राम नगर **यावत्** सन्निवेश हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, जहिच्छिय कामगामिणो ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य इच्छानुसार गमन करने वाले कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे असीइ वा, मसीइ वा, कसीइ वा, पणीइ वा, वणिज्जाइ वा ?

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप में असि-शस्त्र, मषि (लेखनादि) कृषि, पण्य (किराना आदि) और वाणिज्य (व्यापार) हैं ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, ववगयअसि-मसि- किसि-पणिय-वाणिज्जा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, वे मनुष्य असि-मषि कृषि-पण्य और वाणिज्य से रहित हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे हिरण्णेइ वा, सुवण्णेइ वा, कंसेइ वा, दूसेइ वा, मणीइ वा, मुत्तिएइ वा विपुल-धण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-संख-सिल-प्पवाल- संतसार-सावएज्जेइ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में हिरण्य (चांदी) स्वर्ण, कांसी, वस्त्र, मणि, मोती तथा विपुल धन सोना रत्न, मणि, मोती शंख, शिलाप्रवाल आदि बहुमूल्य द्रव्य हैं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं तेसिं मणुयाणं तिव्वे ममत्तभावे समुप्पज्जइ।

उ. हाँ, गौतम ! हैं परन्तु उन मनुष्यों को उन वस्तुओं में तीव्र ममत्वभाव नहीं होता है।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे राया इ वा, जुवराया इ वा, ईसरे इ वा, तलवरे इ वा, माडंबिया इ वा, कोडुंबिया इ वा, इब्भा इ वा, सेट्ठी इ वा, सेणावई इ वा, सत्थवाहा इ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में राजा, युवराज, ईश्वर, (प्रभावक), तलवर, माडंविक, कौटुम्बिक, इभ्य (धनिक) सेठ, सेनापति, सार्थवाह आदि हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-इड्ढि-सक्कारका णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य ऋद्धि और सत्कार के व्यवहार से रहित कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दासाइ वा, पेसाइ वा, सिस्साइ वा, भयगाइ वा, भाइल्लगाइ वा, कम्मगरपुरिसा इ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में दास, प्रेष्य, (नौकर) शिष्य, वेतनभोगी, भृत्य, भागीदार, कर्मचारी हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयआभिओगिया णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! ये सब वहाँ नहीं है! हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ नौकर, कर्मचारी आदि नहीं हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे माया इ वा, पिया इ वा, भाया इ वा, भइणी इ वा, भज्जाइ वा, पुत्ताइ वा, धूयाइ वा, सुण्हाइ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में माता, पिता, भाई, बहिन, भार्या, पुत्र, पुत्री और पुत्रवधू हैं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं तेसिं मणुयाणं तिव्वे पेमबंधे समुप्पज्जइ, पयणुपेज्जबंधणा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. हाँ, गौतम ! हैं, परन्तु उनका माता-पितादि में तीव्र प्रेमबन्धन नहीं होता है। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य अल्परागबन्धन वाले कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे अरी इ वा, वेरिए इ वा, घायका इ वा, वहका इ वा, पडिणीया इ वा, पच्चमित्ता इ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में अरि, वैरी, घातक, वधक, प्रत्यनीक (विरोधी) प्रत्यमित्र (शत्रु-मित्र) हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगतवेराणुबंधा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे मित्ताइ वा, वयंसाइ वा, घडियाइ वा, सहीइ वा, सुहियाइ वा, महाभागाइ वा, संगइयाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयपेम्मा ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो !

प. अत्थि णं भंते ! एगोरुयदीवे आबाहाइ वा, विवाहाइ वा, जण्णाइ वा, सड्ढाइ वा, थालिपाकाइ वा,चोलोवणयणाइ वा, सीमंतुण्णयणाइं वा, पिइपिंडनिवेयणाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-आबाह-विवाह-जण्ण-सड्ढ-थालिपाग-चोलोवणयण-सीमंतुण्ण यण पिइपिंडनिवेदणा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे इंदमहाइ वा, खंदमहाइ वा, रुद्दमहाइ वा, सिवमहाइ वा, वेसमणमहाइ वा, मुगुंदमहाइ वा, णागमहाइ वा, जक्खमहाइ वा, भूयमहाइ वा, कूवमहाइ वा, तलाय-णईमहा इ वा, दहमहाइ घा, पव्वयमहाइ वा, रुक्खरोवणमहाइ वा, चेइयमहाइ वा, थूब्भमहा इ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय महमहिमा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे णडपेच्छाइ वा, णट्टपेच्छाइ वा, जल्लपेच्छाइ वा, मल्लपेच्छाइ वा, मुट्ठियपेच्छाइ वा, विडंवगपेच्छाइ वा, कहगपेच्छाइ वा, पवगपेच्छाइ वा, अक्खायगपेच्छाइ वा, लासगपेच्छाइ वा, लंखपेच्छाइ वा, मंखपेच्छाइ वा, तूणइल्लपेच्छाइ वा, तुंबवीणापेच्छाइ वा, कावडपेच्छाइ वा, मागहपेच्छाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयकोउहल्ला णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे सगडाइ वा, रहाइ वा, जाणाइ वा, जुग्गा इ वा, गिल्ली इ वा, थिल्लीइ वा, पिल्लीइ वा, पवहणाणि वा, सिवियाइ वा, संदमाणियाइं वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पादचारविहारिणो णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे आसा इ वा, हत्थी इ वा, उट्टा इ वा, गोणा इ वा, महिसाइ वा, खराइ वा, घोडा इ वा, अजा इ वा, एला इ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं तेसिं मणुयाणं परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

उ. गौतम ! ये सब वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य वैरभाव से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में मित्र, वयस, प्रेमी, सखा, सुहृदय, महाभाग और सांगतिक (साथी) हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं ! हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य प्रेमबन्धन रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में आबाह (सगाई) विवाह (परिणय) यज्ञ (श्राद्ध) स्थालीपाक (वर-वधू भोज) चोलोपनयन (मुंडन संस्कार) सीमन्तोन्नयन (उपनयन संस्कार) पितरों को पिण्डदान आदि के संस्कार हैं ?

उ. गौतम ! ये संस्कार वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य आबाह, विवाह, यज्ञ, श्राद्ध, भोज, चोलोपनयन, सीमन्तोन्नयन, पितृ-पिण्डदान आदि व्यवहार से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में इन्द्रमहोत्सव, स्कंद (कार्तिकेय) महोत्सव, रुद्र (यक्षाधिपति) महोत्सव, शिवमहोत्सव, वैश्रमण (कुबेर) महोत्सव, मुकुन्द (कृष्ण) महोत्सव, नाग, यक्ष, भूत, कूप, तालाब, नदी, द्रह (कुण्ड) पर्वत, वृक्षारोपण, चैत्य और स्तूप महोत्सव होते हैं ?

उ. गौतम ! वहाँ ये महोत्सव नहीं होते हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य महोत्सव की महिमा से रहित होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में नटों का खेल होता है, नृत्यों का आयोजन होता है, डोरी पर खेलने वालों का खेल होता है, कुश्तियाँ होती हैं, मुष्टिप्रहारादि का प्रदर्शन होता है, विदूषकों कथाकारों, उछलकूद करने वालों, शुभाशुभ फल कहने वालों, रास गाने वालों, बांस पर चढकर नाचने वालों, चित्रफलक हाथ में लेकर माँगने वालों, तूण (वाद्य) बजाने वालों, वीणावादकों कावड लेकर घूमने वालों, स्तुति पाठकों का मेला लगता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य कौतूहल से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में गाड़ी,रथ, यान (वाहन) युग्य (चतुष्कोण वेदिका वाली और दो पुरुषों द्वारा उठाई जाने वाली पालकी) गिल्ली, थिल्ली, पिल्ली, प्रवहण (नौका-जहाज) शिबिका (पालखी) स्यन्दमानिका (छोटी पालखी) आदि वाहन हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य पैदल चलने वाले होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में घोड़े, हाथी, ऊँट, बैल, भैसें, गधे, टट्टू, बकरे और भेड़े होती हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं, परन्तु उन मनुष्यों के उपभोग के लिए नहीं होते।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे सीहाइ वा, वग्घाइ वा, विगाइ वा, दीवियाइ वा, अच्छाइ वा, परस्साइ वा, तरच्छाइ वा, विडालाइ वा, सियालाइ वा, सुणगाइ वा, कोलसुणगाइ वा, कोकंतियाइ वा, ससगाइ वा, चित्तलाइ वा, चिल्ललगाइ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं ते अण्णमण्णस्स तेसिं वा मणुयाणं किंचि आबाहं वा, पबाहं वा, उप्पायंति वा, छविच्छेदं वा करेंति, पगइभद्दगा णं ते सावयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे सालीइ वा, वीहीइ वा, गोधूमाइ वा, जवाइ वा, तिलाइ वा, इक्खुत्ति वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं तेसिं मणुयाणं परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गत्ताइ वा, दरीइ वा, घंसाइ वा, भिगू इ वा, उवाए इ वा, विसमे इ वा, विज्जले इ वा, धूली इ वा, रेणू इ वा, पके इ वा, चलणी इ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, एगोरुय दीवे णं दीवे बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे खाणूइ वा, कंटएइ वा, हीरएइ वा, सक्कराइ वा, तणकयवराइ वा, पत्तकयवरा इ वा, असुई इ वा, पूतियाइ वा, दुब्भिगंधाइ वा, अचोक्खाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-खाणु-कंटक-हीर-सक्कर-तणकय-वर-पत्तकय वर-असुइ-पूइ-दुब्भिगंधमचोक्खे णं एगोरुयदीवे पण्णत्ते, समणाउसो !

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दंसाइ वा, मसगाइ वा, पिसुयाइ वा, जूयाइ वा, लिक्खाइ वा, ढंकुणाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-दंस-मसग-पिसुय-जूय-लिक्ख-ढंकुणे णं एगोरुयदीवे पण्णत्ते, समणाउसो !

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे अहीइ वा, अयगराइ वा, महोरगाइ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं ते अन्नमन्नस्स तेसिं वा मणुयाणं किंचि आबाहं वा, पबाहं वा, छविच्छेयं वा करेंति। पगइभद्दगा णं ते बियालगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गहदंडाइ वा, गहमुसलाइ वा, गहगज्जियाइ वा, गहजुद्धाइ वा, गहसंघाडगाइ वा, गहअवसव्वाइ वा, अब्भाइ वा, अब्भरुक्खाइ वा,

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में सिंह, व्याघ्र, भेड़िया, चीता, रींछ, गेंडा, तरक्ष (तेंदुआ), बिल्ली, सियाल, कुत्ता, सूअर, लोमड़ी, खरगोश, चित्तल, मृग और चिल्लक (पशु विशेष) हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे हैं, परन्तु वे परस्पर या वहाँ के मनुष्यों को पीड़ा या बाधा नहीं देते हैं और उनके अवयवों का छेदन नहीं करते हैं। हे आयुष्मन् श्रमण! वे जंगली पशु स्वभाव से भद्र प्रकृति वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में शालि, ब्रीहि, गेहूँ, जौ, तिल और इक्षु होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं, किन्तु उन पुरुषों के उपभोग में नहीं आते।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में गड्ढे, बिल, दरारें, भृगु (पर्वतशिखर) आदि ऊँचे स्थान, अवपात (गिरने की संभावना वाले स्थान) विषमस्थान, दलदल, धूल, रज, पंक-कीचड़ कादव और चलनी (पांव में चिपकने वाला कीचड़) आदि हैं ?

उ. गौतम ! वहाँ ये गड्ढे आदि नहीं हैं, हे आष्युमन् श्रमण एकोरुक द्वीप का भू-भाग बहुत समतल और रमणीय कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में स्थाणू (ठूंठ) काँटे, हीरक (तीखी लकड़ी का टुकड़ा) कंकर तृण का कचरा, पत्तों का कचरा, अशूचि, सडांध, दुर्गन्ध और अपवित्र पदार्थ हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण एकोरुक द्वीप स्थाणू, कंटक, हीरक, कंकर तृणकचरा, पत्र कचरा, अशुचि सडांध दुर्गन्ध और अपवित्र पदार्थ से रहित कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में डांस, मच्छर, पिस्सू, जूं, लीख, माकण (खटमल) आदि हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण एकोरुक द्वीप डांस, मच्छर, पिस्सू, जूं, लीख, खटमल से रहित कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में सर्प, अजगर और महोरग हैं ?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण गौतम ! होते हैं, परन्तु परस्पर या वहाँ के लोगों को बाधा-पीड़ा नहीं पहुँचाते हैं और काटते भी नहीं हैं, वे सर्पादि स्वभाव से ही भद्रिक कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में (अनिष्टसूचक) दण्डाकार ग्रहसमुदाय, मूसलाकार ग्रहसमुदाय, ग्रहों के संचार की ध्वनि, ग्रहयुद्ध (दो ग्रहों का एक स्थान पर होना) ग्रहसंघाटक (त्रिकोणाकार ग्रह-समुदाय ग्रहापसव ग्रहों का वक्री होना), मेघों का उत्पन्न होना, वृक्षकार मेघों का होना,

संझाइ वा, गंधव्वणगराइ वा,गज्जियाइ वा, विज्जुयाइ वा, उक्कापाताइ वा, दिसादाहाइ वा, निग्घायाइ वा, पंसुवुट्ठीइ वा, जुवगाइ वा, जक्खलित्ताइ वा, धूमियाइ वा, महियाइ वा, रउग्घायाइ वा, चंदोवरागाइ वा, सूरोवरागाइ वा, चंदपरिवेसाइ वा, सूरपरिवेसाइ वा, पडिचंदाइ वा, पडिसूराइ वा, इंदधणूइ वा, उदगमच्छाइ वा, अमोहाइ वा, कविहसियाइ वा, पाईणवायाइ वा, पडीणवायाइ वा **जाव** सुद्धवायाइ वा, गामदाहाइ वा, नगरदाहाइ वा **जाव** सण्णिवेसदाहाइ वा, पाणक्खय-जणक्खय-कुलक्खय-धणक्खय-वसण-भूयमणारियाइ वा ?

सन्ध्या (लाल-नीले बादलों का परिणमन), गन्धर्व नगर, (बादलों का नगरादि रूप में परिणमन) गर्जना, बिजली चमकना, उल्कापात (बिजली गिरना), दिग्दाह (किसी एक दिशा का एकदम अग्निज्वाला जैसा भयानक दिखना) निर्घात बिजली का कड़कना, धूलि बरसना, यूपक (सन्ध्या, प्रभा और चन्द्रप्रभा का मिश्रण होने पर सन्ध्या का पता न चलना) यक्षदीप्त (आकाश में अग्निसहित पिशाच का रूप दिखना) धूमिका (धूमर) महिका (जलकणयुक्त धूवर) रज-उद्घात (दिशाओं में धूल भर जाना) चन्द्रग्रहण-सूर्यग्रहण, चन्द्र के आसपास मण्डल का होना, सूर्य के आसपास मण्डल का होना, दो चन्द्रों का दिखना, दो सूर्यों का दिखना, इन्द्रधनुष उदकमत्स्य (इन्द्रधनुष का टुकड़ा) अमोघ सूर्यास्त के बाद सूर्यबिम्ब से निकलने वाली श्यामादि वर्ण वाली रेखा, कपिहसित (आकाश में होने वाला भयंकर शब्द) पूर्ववात्, पश्चिमवात् **यावत्** शुद्धवात्, ग्रामदाह, नगरदाह **यावत्** सन्निवेशदाह (इनसे होने वाले) प्राणियों का क्षय, जनक्षय, कुलक्षय, धनक्षय आदि दुख और अनार्य-उत्पात आदि वहाँ होते हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

उ. गौतम ! ये सब उपद्रव वहां नहीं होते हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे दीवे डिंबाइ वा, डमराइ वा, कलहाइ वा, बोलाइ वा, खाराइ वा, वेराइ वा, विरुद्धरज्जाइ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में डिंब (शत्रु भय), डमर (अन्य देश द्वारा किया गया उपद्रव), कलह (वाग्युद्ध), आर्तनाद, मात्सर्य, वैर, विरोधी राज्य आदि हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगय-डिंब-डमर-कलह-बोल-खार-वेर-विरुद्धरज्जा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ के मनुष्य डिंब-डमर-कलह-बोल-क्षार-वैर और विरुद्ध-राज्य के उपद्रवों से रहित कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दीवे महाजुद्धाइ वा, महासंगामाइ वा, महासत्थनिवयणाइ वा, महापुरिसबाणा इ वा, महारुधिरबाणा इ वा, नागबाणा इ वा, खेणबाणा इ वा, तामसबाणाइ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में महायुद्ध, महासंग्राम, महाशस्त्रों का निपात, महापुरुषों (चक्रवर्ती-बलदेव-वासुदेव) के बाण, महारुधिरबाण, नागबाण, आकाशबाण, तामस (अंधकार कर देने वाला) बाण आदि हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगय-वेराणुबंधा णं ते मणुया पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम ! ये सब वहाँ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ के मनुष्य वैरानुबन्ध से रहित कहे गए हैं अतः वहाँ महायुद्धादि नहीं होते हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे दीवे दुब्भूइयाइ वा, कुलरोगाइ वा, गामरोगाइ वा, णगररोगाइ वा, मंडलरोगाइ वा, सिरोवेयणाइ वा, अच्छिवेयणाइ वा, कण्णवेयणाइ वा, णक्कवेयणाइ वा, दंतवेयणाइ वा, नखवेयणाइ वा, कासाइ वा, सासाइ वा, जराइ वा, दाहाइ वा, कच्छूइ वा, खसराइ वा, कुट्ठाइ वा, कुडाइ वा, दगोयराइ वा, अरिसाइ वा, अजीरगाइ वा, भगंदराइ वा, इंदग्गहाइ वा, खंदग्गहाइ वा, कुमारग्गहाइ वा, णागग्गहाइ वा, जक्खग्गहाइ वा, भूयग्गहाइ वा, उव्वेयग्गहाइ वा, धणुग्गहाइ वा, एगाहियगाहाइ वा, वेयाहियगहियाइ वा, तेयाहियगहियाइ वा, चाउत्थगहियाइ वा, हिययसूलाइ वा, मत्थगसूलाइ वा, पाससूलाइ वा, कुच्छिसूलाइ वा, जोणिसूलाइ वा, गाममारीइ वा **जाव** सन्निवेसमारीइ वा, पाणक्खय **जाव** वसणभूयमणारिया इ वा ?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में दुर्भूतिक (दुर्भाग) कुलक्रमागतरोग, ग्रामरोग, नगररोग, मंडल (जिला) रोग, शिरोवेदना, आंखवेदना, कानवेदना, नाकवेदना, दांतवेदना, नखवेदना, खांसी, श्वास, ज्वर, दाह, खुजली, दाद, कोढ, कुड (डमरुवाल), जलोदर, अर्श (बवासीर) अजीर्ण, भगंदर, इन्द्र ग्रह (इन्द्र के आवेश से होने वाला रोग) स्कन्दग्रह (कार्तिकेय के आवेश से होने वाला रोग) कुमारग्रह, नागग्रह, यक्षग्रह, भूतग्रह, उद्वेग ग्रह, धनुग्रह (धनुर्वात) एकान्तर ज्वर, दो दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, तीन दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, चार दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, हृदयशूल, मस्तकशूल, पार्श्वशूल, (पसलियों का दर्द) कुक्षिशूल, योनिशूल, ग्राममारी **यावत्** सन्निवेशमारी और इनसे होने वाला प्राणों का क्षय **यावत्** दुःखरूप उपद्रवादि हैं ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगयरोगायंका णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दीवे अइवासाइ वा, मंदवासाइ वा, सुवुट्ठीइ वा, मंदवुट्ठीइ वा, उद्दावाहाइ वा, पवाहाइ वा, दगुब्भेयाइ वा, वगुप्पीलाइ वा, गामवाहाइ वा **जाव** सन्निवेसवाहाइ वा पाणक्खय **जाव** वसणभूयमणारियाइं वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयदगोवद्दवा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे दीवे अयागराइ वा, तंबागराइ वा, सीसागराइ वा, सुवण्णागराइ वा, रयणागराइ वा, वइरागराइ वा, वसुहाराइ वा, हिरण्णवासाइ वा, सुवण्णवासाइ वा, रयणवासाइ वा, वइरवासाइ वा, आभरणवासाइ वा, पत्तवासाइ वा, पुप्फवासाइ वा, फलवासाइ वा, बीयवासाइ वा, मल्लवासाइ वा, गंधवासाइ वा, वण्णवासाइ वा, चुण्णवासाइ वा, खीरवुट्ठीइ वा, रयणवुट्ठीइ वा, हिरणवुट्ठीइ वा, सुवण्णवुट्ठीइ वा, तहेव **जाव** चुण्णवुट्ठीइ वा, सुकालाइ वा, दुकालाइ वा, सुभिक्खाइ वा, दुब्भिक्खाइ वा, अप्पग्घाइ वा, महग्घाइ वा, कयाइ वा, विक्कयाइ वा, सण्णिहीइ वा, संचयाइ वा, निधीइ वा, निहाणाइ वा, चिरपोराणाइ वा, पहीण सामियाइ वा, पहीणसेउयाइ वा, पहीणगोत्तागाराइं वा जाइं इमाइं गामागर-णगर-खेड कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासमसंवाह-सन्निवेसेसु सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउमुह-महापहपहेसु णगरणिद्धमणसुसाण गिरिकंदर संति सेलोवट्ठाण भवणगिहेसु सन्निक्खित्ताइं चिट्ठंति ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

–जीवा. पडि.३ सु. १११/१५-१६

१०४. एगोरुयदीवस्स मणुयाणं ठिई परूवणं–

प. एगोरुयदीवे णं भन्ते ! दीवे मणुयाणं केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं असंखेज्जइभागेणं ऊणगं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइ भागं। *–जीवा. पडि. ३, सु. १११/१७(क)*

१०५. एगोरुयदीवस्स मणूसेहिं मिहुणगस्स संगोपणं देवलोएसु उप्पत्ति य परूवणं–

प. ते णं मणुसस्स कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छंति ? कहिं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! ते णं मणुया छम्मासावसेसाउया मिहुणाइं पसवंति, अउणासीइं राइंदियाइं मिहुणाइं सारक्खंति संगोविंति य सारक्खित्ता संगोवित्ता उस्ससित्ता निस्ससित्ता कासित्ता छीइत्ता अक्किट्ठा अव्वहिया,

उ. गौतम ! ये सब उपद्रव-रोगादि वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य सब प्रकार के रोग और आतंकों मुक्त कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में अतिवृष्टि, सुवृष्टि, अल्प-वृष्टि, दुर्वृष्टि, उद्वाह (तीव्रता से जल का बहना), प्रवाह, उदकभेद (ऊँचाई से जल गिरने से खड्डे पड़ जाना), उदक-पीड़ा (जल का ऊपर उछलना) गांव को बहा ले जाने वाली वर्षा **यावत्** सन्निवेश को बहा ले जाने वाली वर्षा और उससे होने वाला प्राणक्षय **यावत्** दुःखरूप उपद्रवादि होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य जल से होने वाले उपद्रवों से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में लोहे की खान, तांबे की खान, सीसे की खान, सोने की खान, रत्नों की खान, वज्र-हीरों की खान, वसुधारा (धन की धारा), सोने की वृष्टि, चांदी की वृष्टि, रत्नों की वृष्टि, वज्रों-हीरों की वृष्टि, आभरणों की वृष्टि, पत्र-पुष्प-फल बीज-माल्य-गन्ध-वर्ण-चूर्ण की वृष्टि, दूध की वृष्टि, रत्नों की वर्षा, हिरण्य-सुवर्ण उसी प्रकार **यावत्** चूर्णों की वर्षा, सुकाल, दुष्काल, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, सस्तापन, मंहगापन, क्रय-विक्रय-सन्निधि, सन्निचय, निधि, निधान, बहुत पुराने जिनके स्वामी नष्ट हो गये, जिनमें नया धन डालने वाला कोई न हो, जिनके गोत्रीजन सब मर चुके हों ऐसे जो गांवों में, नगर में, आकर-खेट-कर्बट-मडंब-द्रोणमुख-पट्टन आश्रम, संबाह और सन्निवेशों में रखा हुआ, शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख महामार्गों पर, नगर की गटरों में, श्मशान में, पहाड़ की गुफाओं में ऊँचे पर्वतों के उपस्थान और भवनगृहों में रखा हुआ (गड़ा हुआ) धन है ?

उ. गौतम ! यह सब वहाँ नहीं हैं।

१०४. एकोरुक द्वीप में मनुष्यों की स्थिति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप के मनुष्यों की स्थिति कितनी कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य असंख्यातवां भाग कम पल्योपम का असंख्यातवां भाग और उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग प्रमाण है।

१०५. एकोरुक द्वीप के मनुष्यों द्वारा मिथुनक का पालन और देवलोकों में उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! वे मनुष्य कालमास में काल करके-मरकर कहाँ जाते हैं और कहाँ उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे मनुष्य छह मास की आयु शेष रहने पर एक मिथुनक (युगलिक) को जन्म देते हैं। उन्यासी (७९) रात्रिदिन तक उसका पालन-पोषण करते हैं और पालन-पोषण करके ऊर्ध्वश्वास लेकर निश्वास लेकर

अपरियाविया (पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं परियावियं) सुहंसुहेणं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति।

देवलोयपरिग्गहा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

–जीवा. पडि. ३, सु ११९/१७(ख)

१०६. हरिवास-रम्मयवासेसु मणुयाणं संपत्तजोव्वणासमय परूवणं–

हरिवासरम्मयवासेसु मणुसस्स तेवट्ठिए राइंदिएहिं संपत्तजोव्वणा भवंति। *–सम. ६३, सु. २*

१०७. खेत्तं कालं च पडुच्च मणुयाणं ओगाहणा आउं च परूवणं–

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमाए समाए मणुया दो गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, दोण्णि य पलिओवमाइं परमाउं पालइत्था।

एवं इमीसे ओसप्पिणीए वि।

एवमागमेस्साए उस्सप्पणीए वि। *–ठाणं. अ. २, सु. ९२*

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया तिण्णि गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, तिण्णि पलिओवमाइं परमाउं पालइत्था।

एवं इमीसे ओसप्पिणीए, आगमेस्साए उस्सप्पिणीए।

जंबुद्दीवे दीवे देवकुरुउत्तरकुरासु मणुया तिण्णि गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, तिण्णि पलिओवमाइं परमाउं पालयंति।

एवं जाव **पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे वि।**

–ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १५१/२

१. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालयित्था।

२. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु इमीसे ओसप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालयंति।

३. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु आगमेस्साए उस्सप्पिणी सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं भविस्संति, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालइस्संति।

४. जंबुद्दीवे दीवे देवकुरुउत्तरकुरासु मणुया छद्धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालेंति।

एवं धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे चत्तारि आलावगा जाव **पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे वि चत्तारि आलावगा।**

–ठाणं. अ. ६, सु. ४९३

खांसकर या छींककर बिना किसी कष्ट के, बिना किसी दुःख के, बिना किसी परिताप के (पल्योपम का असंख्यातवां भाग आयुष्य भोगकर) सुखपूर्वक मृत्यु के अवसर पर मरकर किसी भी देवलोक में देव के रूप में उत्पन्न होते हैं।

हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य देवलोक में ही उत्पन्न होने वाले कहे गए हैं।

१०६. हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष में मनुष्यों के यौवन प्राप्ति समय का प्ररूपण–

हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष के मनुष्य तिरेसठ (६३) दिन-रात में यौवन अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं।

१०७. क्षेत्रकाल की अपेक्षा मनुष्यों की अवगाहना और आयु का प्ररूपण–

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी सुषमा नामक काल (आरे) में मनुष्यों की ऊँचाई दो गाउ की और उत्कृष्ट आयु दो पल्योपम की थी।

इसी प्रकार इस अवसर्पिणी के सुषमा काल के लिए जानना चाहिए।

इसी प्रकार आगामी उत्सर्पिणी के सुषमा काल के लिए भी जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी के सुषमसुषमा नाम के आरे में मनुष्यों की ऊँचाई तीन गाउ की थी तथा उनकी उष्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की थी।

इसी प्रकार वर्तमान अवसर्पिणी तथा आगामी उत्सर्पिणी में भी जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप द्वीप में देवकुरु और उत्तरकुरु में मनुष्यों की ऊँचाई तीन गाउ की है और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की कही गई है।

इसी प्रकार धातकीखण्ड तथा अर्धपुष्करवर द्वीप के पूर्वार्द्ध और पश्चिमार्द्ध में जानना चाहिए।

१. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र की अतीत उत्सर्पिणी के सुषमसुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की थी तथा उनकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की थी।

२. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र में वर्तमान अवसर्पिणी के सुषमसुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की है और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की है।

३. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र की आगामी उत्सर्पिणी के सुषमसुषमाकाल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की होगी और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की होगी।

४. जम्बूद्वीप में देवकुरु तथा उत्तरकुरु में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की है तथा उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की है।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्द्ध और पश्चिमार्द्ध में चार-चार आलापक यावत् अर्धपुष्करवरद्वीप के पश्चिमार्द्ध में चार आलापक कहने चाहिए।

देवगति अध्ययन

देवगति में प्राप्त देव प्रमुखरूपेण चार प्रकार के होते हैं–१. भवनपति, २. वाणव्यन्तर, ३. ज्योतिष्क एवं ४. वैमानिक। किन्तु देव शब्द का प्रयोग भिन्न अर्थ में भी हुआ है। इसीलिए स्थानांग एवं व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र में देव पाँच प्रकार के कहे गए हैं–१. भव्यद्रव्यदेव, २. नरदेव, ३. धर्मदेव, ४. देवाधिदेव एवं ५. भावदेव। इनमें भावदेव ही एक ऐसा भेद है जो देवगति को प्राप्त देवों के लिए प्रयुक्त हुआ है। भव्यद्रव्यदेव उन तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं मनुष्यों को कहा गया है जो देवगति में उत्पन्न होने योग्य हैं। नरदेव शब्द का प्रयोग चातुरन्त चक्रवर्ती राजाओं के लिए प्रयुक्त हुआ है। पाँच समिति एवं तीन गुप्तियों का पालन करने वाले अनगारों को धर्मदेव कहा गया है। देवाधिदेव शब्द का प्रयोग केवलज्ञान एवं केवलदर्शन के धारक अरिहन्त भगवन्तों के लिए हुआ है। क्योंकि ये देवों के भी देव हैं। इस प्रकार देव शब्द विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। वेदों में दान देने, द्योतित (प्रकाशित) होने एवं प्रकाशित करने वाले को देव कहा गया है–**देवो दानाद् वा द्योतनाद् वा दीपनाद् वा।** इस प्रकार विभिन्न अर्थों में उपर्युक्त पाँचों देव हैं। इन पाँचों में सबसे अल्प नरदेव हैं। देवाधिदेव उनसे संख्यातगुणे हैं। धर्मदेव उनसे संख्यातगुणे, भव्यद्रव्यदेव उनसे भी असंख्यातगुणे एवं भावदेव उनसे भी असंख्यातगुणे हैं। इन पाँचों देवों की कायस्थिति एवं अन्तरकाल का भी इस अध्ययन में संकेत है। कायस्थिति के लिए इसी अनुयोग का स्थिति अध्ययन द्रष्टव्य है।

भावदेव अर्थात् देवगति को प्राप्त चतुर्विध देवों में वैमानिक देव सबसे अल्प हैं। उनसे भवनवासी एवं वाणव्यन्तर देव उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हैं। सबसे अधिक ज्योतिष्क देव हैं जो वाणव्यन्तरों से संख्यातगुणे हैं। वैमानिकों में सबसे अल्प अनुत्तरौपपातिक देव हैं। उनसे नवग्रैवेयक संख्यातगुणे हैं। अच्युत से आनत तक (१२वें से ९वें देवलोक तक) उत्तरोत्तर संख्यातगुणे हैं। उसके पश्चात् आठवें से पहले देवलोक तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हैं। भवनपति देव अधोलोक में, वाणव्यन्तर वनों के अन्तरों में (मध्य में), ज्योतिष्क तिर्यक् लोक में एवं वैमानिक देव ऊर्ध्व लोक में रहते हैं।

भवनपति देव प्रमुखतः १० प्रकार के हैं–१. असुरकुमार, २. नागकुमार, ३. स्वर्णकुमार, ४. विद्युत्कुमार, ५. अग्निकुमार, ६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. दिशाकुमार, ९. पवनकुमार एवं १०. स्तनितकुमार। वाणव्यन्तर देव के प्रमुखतः ८ प्रकार हैं–१. किन्नर, २. किंपुरुष, ३. महोरग, ४. गन्धर्व, ५. यक्ष, ६. राक्षस, ७. भूत एवं ८. पिशाच। ज्योतिष्क देव पाँच प्रकार के हैं–१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. ग्रह, ४. नक्षत्र और ५. तारा। वैमानिक देवों में १२ देवलोक ९ नवग्रैवेयक एवं ५ अनुत्तर विमान कहे गए हैं। १२ देवलोक इस प्रकार हैं–१. सौधर्म, २. ईशान, ३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्मलोक, ६. लांतक, ७. महाशुक्र, ८. सहस्रार, ९. आनत, १०. प्राणत, ११. आरण एवं १२. अच्युत।

इनके अतिरिक्त देवों के और भी प्रकार हैं। असुरकुमार भवनपति की जाति के १५ परमाधार्मिक देव कहे गए हैं–१. अम्ब, २. अम्बरिष, ३. श्याम, ४. शबल, ५. रौद्र, ६. उपरौद्र, ७. काल, ८. महाकाल, ९. असिपत्र, १०. धनु, ११. कुम्भ, १२. बालुका, १३. वैतरणी, १४. खरस्वर एवं १५. महाघोष। तीन किल्विषक देव कहे गए हैं जो विभिन्न वैमानिक कल्पों की नीचे की प्रतर में रहते हैं–१. तीन पल्योपम की स्थिति वाले, २. तीन सागरोपम की स्थिति वाले एवं ३. तेरह सागरोपम की स्थिति वाले। आठ लोकान्तिक देव हैं जो आठ कृष्णराजियों के आठ अवकाशान्तरों में रहते हैं–१. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वह्नि, ४. वरुण, ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. अग्न्यर्च। एक मरुत् भेद का उल्लेख मिलने से नौ लोकान्तिक देव माने गए हैं। इनके अलावा जृम्भक आदि दस विशिष्ट व्यन्तर देव होते हैं।

देवों की विभिन्न श्रेणियाँ हैं। कोई इन्द्र होता है, कोई सामान्य देव होता है, कोई लोकपाल होता है, कोई आधिपत्य करने वाले देव होते हैं। इस प्रकार देव विभिन्न स्तर के हैं। कुल ३२ देवेन्द्र (इन्द्र) कहे गए हैं–१. चमर, २. बली, ३. धारण, ४. भूतानन्द, ५. वेणुदेव, ६. वेणुदाली, ७. हरिकान्त, ८. हरिस्सह, ९. अग्निशिख, १०. अग्निमाणव, ११. पूर्ण, १२. वशिष्ठ, १३. जलकान्त, १४. जलप्रभ, १५. अमितगति, १६. अमितवाहन, १७. वेलम्ब, १८. प्रभञ्जन, १९. घोष, २०. महाघोष, २१. चन्द्र, २२. सूर्य, २३. शक्र, २४. ईशान, २५. सनत्कुमार, २६. माहेन्द्र, २७. ब्रह्म, २८. लान्तक, २९. महाशुक्र, ३०. सहस्रार, ३१. प्राणत एवं ३२. अच्युत। इनमें से चमर से लेकर महाघोष पर्यन्त भवनपति इन्द्र हैं। शक्र आदि दस वैमानिक कल्पों के इन्द्र हैं। नवग्रैवेयक एवं ५ अनुत्तर विमान के देव अहमिन्द्र कहे गए हैं अर्थात् वे इन्द्र एवं पुरोहित रहित होते हैं। इन ३२ इन्द्रों में वाणव्यन्तरेन्द्रों की गणना नहीं हुई है। चन्द्र एवं सूर्य ये दोनों ज्योतिष्क इन्द्र हैं।

असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर से लेकर महाघोष इन्द्र पर्यन्त समस्त इन्द्रों के तथा देवेन्द्र देवराज शक्र से लेकर अच्युतेन्द्र पर्यन्त इन्द्रों के त्रायस्त्रिंशक देव कहे गए हैं। ये तैंतीस विशिष्ट प्रकार के देव हैं। विभिन्न इन्द्रों के सामानिक (सामान्य) देवों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है, यथा देवेन्द्र शक्र के सामानिक देवों की संख्या ८४ हजार है जबकि देवेन्द्र माहेन्द्र के सामानिक देवों की संख्या ७० हजार है। चमरेन्द्र के सामानिक देवों की संख्या ६४ हजार एवं वैरोचनेन्द्र बली के इन देवों की संख्या ६० हजार ही है।

असुरकुमार देवों पर १० देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं, यथा–१. असुरेन्द्र असुरराज चमर, २. सोम, ३. यम, ४. वरुण, ५. वैश्रमण, ६. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली, ७. सोम, ८. यम, ९. वरुण एवं १०. वैश्रमण। इनमें प्रारम्भ के पाँच दक्षिण दिशा के देव हैं तथा अन्तिम पाँच उत्तर दिशा के हैं। चमर एवं बली इन्द्र हैं तथा दोनों के चार-चार लोकपाल हैं। इसी प्रकार नागकुमार देवों पर भी १० देव आधिपत्य करते हैं जिनमें धरण एवं भूतानन्द दो इन्द्र एवं शेष लोकपाल हैं। सुवर्णकुमार, विद्युत्कुमार, अग्निकुमार, द्वीपकुमार, उदधिकुमार, दिशाकुमार, वायुकुमार एवं स्तनित-कुमार देवों पर उनसे सम्बद्ध दो-दो इन्द्र एवं चार-चार लोकपाल आधिपत्य करते हैं। व्यन्तर देवों के पिशाच आदि आठ प्रकार के देवों पर उनसे सम्बद्ध

काल, महाकाल, भीम, महाभीम आदि दो-दो इन्द्र आधिपत्य करते हैं। ज्योतिष्क देवों पर चन्द्र एवं सूर्य ये दो देव (इन्द्र) आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं। व्यन्तर एवं ज्योतिष्क के लोकपाल नहीं हैं। वैमानिकों के सौधर्म एवं ईशान कल्प में शक्र एवं ईशान इन्द्रों के सहित सोम, यम आदि १० देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं जिनमें दो इन्द्र एवं शेष चार-चार लोकपाल हैं। अन्य कल्पों में भी उन-उन कल्पों के इन्द्रों सहित सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण देवों का कार्य भिन्न-भिन्न है। इनके पास भिन्न-भिन्न मन्त्रालय हैं जिनकी देख-रेख ये देव करते हैं तथा इन्द्र इन पर नियन्त्रण रखता है एवं अन्य कार्य भी करता है। ये सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण लोकपाल कहे गए हैं। व्यन्तर एवं ज्योतिष्क देवों के लोकपाल नहीं होते हैं, भवनपतियों एवं वैमानिकों के ही लोकपाल कहे गए हैं।

इन्द्रों एवं लोकपालों की अग्रमहिषियों एवं देवियों का प्रस्तुत अध्ययन में विस्तार से वर्णन उपलब्ध है। भवनपति में असुरेन्द्र चमर की पाँच अग्रमहिषियाँ कही गई हैं–१. काली, २. राजी, ३. रजनी, ४. विद्युत एवं ५. मेधा। इनमें प्रत्येक अग्रमहिषी का आठ-आठ हजार देवियों का परिवार कहा गया है। चमर के लोकपाल सोम की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं–१. कनका, २. कनकलता, ३. चित्रगुप्ता एवं ४. वसुन्धरा। इनमें प्रत्येक देवी का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। इसी प्रकार चमर के लोकपाल यम, वरुण एवं वैश्रमण की कनकादि चार अग्रमहिषियाँ एवं उनका देवी-परिवार कहा गया है। वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली की पाँच अग्रमहिषियाँ हैं–१. शुम्भा, २. निशुम्भा, ३. रम्भा, ४. निरम्भा एवं ५. मदना। इनका प्रत्येक का आठ-आठ हजार देवियों का परिवार है। बलीन्द्र के लोकपाल सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण में प्रत्येक की चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं– १. मेनका, २. सुभद्रा, ३. विजया एवं ४. अशनी। इनमें प्रत्येक का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। नागकुमारेन्द्र धरण की अला, मक्का आदि छह अग्रमहिषियाँ हैं। इनमें से प्रत्येक का छह-छह हजार देवियों का परिवार है। धरणेन्द्र के कालवाल आदि चारों लोकपालों में प्रत्येक की अशोका आदि चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं। प्रत्येक अग्रमहिषी का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। भूतानन्द इन्द्र की रूपा, रूपांशा आदि छह अग्रमहिषियाँ हैं तथा प्रत्येक छह-छह हजार देवियों का परिवार है। भूतानन्द के लोकपालों की सुनन्दा आदि चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं तथा प्रत्येक का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। भवनपति के सुवर्णकुमार आदि अन्य प्रकारों में भी दो-दो इन्द्र हैं। एक दक्षिण दिशा का तथा दूसरा उत्तर दिशा का है। दक्षिण दिशावर्ती इन इन्द्रों की अग्रमहिषियों, लोकपालों एवं देवियों का वर्णन धरणेन्द्र के समान तथा उत्तर दिशावर्ती इन्द्रों के लोकपालों, अग्रमहिषियों एवं देवियों का वर्णन भूतानन्द इन्द्र के समान है। इनके लोकपालों के परिवार का वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के समान है।

व्यन्तरदेवों में भी पिशाचादि भेदों में प्रत्येक के दो-दो इन्द्र हैं। काल एवं महाकाल ये दो पिशाचेन्द्र पिशाचराज हैं। सुरूप एवं प्रतिरूप ये दो भूतेन्द्र भूतराज हैं। यक्षेन्द्र यक्षराज के दो प्रकार हैं–१. पूर्णभद्र एवं २. माणिभद्र। दो राक्षसेन्द्र हैं–१. भीम एवं २. महाभीम। इसी प्रकार किन्नरेन्द्र एवं किम्पुरुषेन्द्र, सत्पुरुषेन्द्र एवं महापुरुषेन्द्र, अतिकायेन्द्र एवं महाकायेन्द्र तथा गीतरतीन्द्र एवं गीतयश इन्द्र शेष व्यन्तर देवों के दो-दो इन्द्र हैं। इस अध्ययन में इन इन्द्रों की अग्रमहिषियों, उनके परिवार, लोकपालों एवं उनके परिवार का भी वर्णन हुआ है तथा जहाँ चमरेन्द्र के परिवार से सादृश्य है उसका संकेत कर दिया गया है।

ज्योतिष्क देवों में दो इन्द्र हैं–सूर्य एवं चन्द्र। इन दोनों की चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं। अंगारक (मंगल) नामक महाग्रह, व्यालक ग्रह एवं ८८ महाग्रहों में भी प्रत्येक की चार-चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं। जिवाभिगम सूत्र में इनके परिवार के सम्बन्ध में विस्तृत उल्लेख है।

वैमानिकों में पहले एवं दूसरे देवलोक तक ही देवियाँ होती हैं, उसके आगे नहीं। पहले देवलोक के इन्द्र देवराज शक्र एवं दूसरे देवलोक के इन्द्र देवराज ईशान की आठ-आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं। इनमें प्रत्येक अग्रमहिषी के सोलह-सोलह हजार देवियों का परिवार कहा गया है। शक्र एवं ईशान के सोम, यम आदि लोकपालों की चार-चार अग्रमहिषियाँ एवं उनका एक-एक हजार का देवी-परिवार कहा गया है। स्थानांग सूत्र के अनुसार इनकी अग्रमहिषियों की संख्या भिन्न है, जिसका उल्लेख इस अध्ययन में हुआ है।

देवियाँ विकुर्वणा करने में समर्थ होती हैं, अतः वे अपनी पृथक्-पृथक् योग्यता के अनुसार विकुर्वणा करके देवियों की संख्या में अभिवृद्धि कर देती हैं, यथा शक्र की अग्रमहिषियों की सोलह हजार देवियों में से प्रत्येक सोलह-सोलह हजार देवियों के परिवार की विकुर्वणा कर सकती हैं जबकि भवनपति देवों की देवियाँ इतनी विकुर्वणा नहीं कर पातीं। समस्त देवेन्द्र एवं लोकपाल दिव्य भोगों को मैथुनिक निमित्त से भोगने में समर्थ नहीं हैं, किन्तु दिव्य भोग्य भोगों का मात्र परिवार की ऋद्धि से उपभोग करने में समर्थ हैं। देवेन्द्रों एवं लोकपालों की देवियों के अन्तःपुर को त्रुटित कहते हैं।

इन्द्रों एवं लोकपालों की राजधानियों का नामकरण उनके अपने नामों के अनुसार हुआ है। तदनुसार चमरेन्द्र की राजधानी चमरचंचा, बलीन्द्र की बलिचंचा, धरणेन्द्र की धरणा आदि हैं। लोकपालों में सोम की राजधानी सोमा, यम की यमा आदि हैं। इसी प्रकार अन्य इन्द्रों एवं लोकपालों की राजधानियों का नाम भी उनके नामों के अनुसार है। सिंहासनों के नाम भी प्रायः उनके नामों से साम्य रखते हैं। चमरेन्द्र के सिंहासन का नाम चमर सिंहासन एवं धरणेन्द्र के सिंहासन का नाम धरण सिंहासन इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। इन्द्रों की सभा को सुधर्मा सभा कहा गया है। प्रत्येक इन्द्र अपनी सुधर्मा सभा में अपने सिंहासन पर बैठकर दिव्य भोगों को मैथुनिक निमित्त से भोगने में समर्थ नहीं होता किन्तु वाद्य-घोष आदि पूर्वक दिव्य भोगों का अनुभव करता है। ऐसा माना गया है कि सुधर्मा सभा में माणवक चैत्यस्तम्भ में जिनेश्वर का पूजा स्थान है, जिसकी देव-देवियाँ अर्चना, वन्दना आदि करते हैं।

वैमानिक देवेन्द्रों की तीन-तीन परिषदाएँ होती हैं–१. समिता, २. चण्डा एवं ३. जाया। इन्हें क्रमशः १. आभ्यन्तर परिषद्, २. मध्यम परिषद् एवं ३. बाह्य परिषद् के नाम से भी निरूपित किया जाता है। इन परिषदों में विभिन्न इन्द्रों के देवों एवं देवियों की भिन्न-भिन्न संख्या होती है। देवियाँ दूसरे देवलोक के इन्द्र तक हैं फिर देवेन्द्र अच्युत तक तीनों परिषदाओं में देव ही रहते हैं, देवियाँ नहीं। ग्रैवेयक एवं अनुत्तरौपपातिक देवों के इन्द्र नहीं होते। ये सभी वैमानिक देव मनोज्ञ शब्द, रूप, गंध, रस एवं स्पर्श द्वारा सुख का अनुभव करते हैं। अनुत्तरौपपातिक देव अनुत्तर अर्थात् श्रेष्ठ शब्द यावत् स्पर्शजन्य सुखों का अनुभव करते हैं। सभी वैमानिक देव महान् ऋद्धि, महान् द्युति यावत् महाप्रभावशाली ऋद्धि वाले हैं। इन्हें भूख-प्यास का अनुभव नहीं होता है।

वैमानिक देवों के वर्ण, गन्ध एवं स्पर्श तथा उनकी विभूषा एवं कामभोगों का भी इस अध्ययन में प्ररूपण है। सौधर्म एवं ईशानकल्प के देवों के शरीर का वर्ण तपे हुए स्वर्ण जैसा लाल, सनत्कुमार एवं माहेन्द्र कल्प के देवों के शरीर का वर्ण पद्म जैसा गौर, ब्रह्मलोक के देवों का शरीर गीले महुए के फूल के समान श्वेत होता है। लान्तक कल्प से लेकर अनुत्तरौपपातिक देवों का शरीर शुक्ल वर्ण का होता है। सभी वैमानिक देवों के शरीर की गन्ध अत्यन्त मनमोहक एवं स्पर्श स्थिर, मृदु, स्निग्ध रूप में सुकुमार होता है। पहले से बारहवें देवलोक के देवों के दो प्रकार हैं–१. विक्रिया करने वाले, २. विक्रिया नहीं करने वाले। इनमें जो देव विक्रिया (उत्तरवैक्रिय) करते हैं वे हारादि आभूषणों से सुशोभित एवं दसों दिशाओं को प्रकाशित करते हैं, किन्तु जो देव विक्रिया नहीं करते, स्वाभाविक भवधारणीय शरीर वाले हैं वे आभूषणादि से रहित होते हैं तथा वे स्वाभाविक विभूषा वाले होते हैं। पहले दूसरे देवलोक की देवियाँ भी इसी प्रकार दो प्रकार की हैं। इनमें उत्तरवैक्रिय वाली देवियाँ विभिन्न आभूषण एवं परिधानों से युक्त होने के कारण दर्शनीय एवं सौन्दर्य सम्पन्न होती हैं जबकि अविकुर्वित शरीर वाली देवियाँ आभूषणादि रहित स्वाभाविक सौन्दर्य वाली कही गई हैं। नवग्रैवेयक एवं अनुत्तरविमानवासी देव विक्रिया नहीं करते, अतः उनमें स्वाभाविक विभूषा होती है, आभरण एवं वस्त्रादि से जन्य नहीं। सौधर्म देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के देव इष्ट शब्द, इष्ट रूप, इष्ट गंध, इष्ट रस एवं इष्ट स्पर्श जन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं। अनुत्तरौपपातिक देव अनुत्तर (श्रेष्ठ) शब्द यावत् स्पर्शजन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं।

भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क एवं वैमानिक ये चारों ही प्रकार के देव जब विक्रिया करते हैं तब प्रासादीय यावत् मनोहर लगते हैं, क्योंकि विक्रिया के समय में वे अलंकृत-विभूषित होते हैं। देव शरीर के एक भाग से भी शब्द सुनते हैं तथा सम्पूर्ण शरीर से भी शब्द सुनते हैं। इसी प्रकार वे दो स्थानों से रूप को देखते हैं, गंध को सूँघते हैं, रस का आस्वादन करते हैं, स्पर्श का प्रतिसंवेदन करते हैं, अवभासित-प्रभासित होते हैं, विक्रिया करते हैं, मैथुन सेवन करते हैं, भाषा बोलते हैं, आहार करते हैं, परिणमन करते हैं, अनुभव करते हैं एवं निर्जरा करते हैं।

देवों की यह स्पृहा रहती है कि वे १. मनुष्य भव प्राप्त करें, २. आर्य क्षेत्र में जन्म लें तथा ३. श्रेष्ठ कुल में कुल उत्पन्न हों। तीन कारणों से वे परितप्त होते हैं अर्थात् उन्हें पश्चात्ताप करते हुए दुःख होता है कि उन्होंने समस्त अनुकूलताओं के होते हुए भी श्रुत का पर्याप्त अध्ययन नहीं किया, श्रामण्य पर्याय का पालन नहीं किया तथा विशुद्ध चारित्र का पालन नहीं किया।

देवों को तीन कारणों से अपने च्यवन का ज्ञान हो जाता है–१. विमान एवं आभरणों को निष्प्रभ देखकर, २. कल्पवृक्ष को मुरझाया हुआ देखकर एवं ३. अपनी तेजोलेश्या (कान्ति) को क्षीण देखकर। तीन कारणों से वे उद्विग्न होते हैं–१. देव सम्पदा को छोड़ने, २. माता-पिता के ओज-शुक्र का आहार ग्रहण करने एवं ३. गर्भाशय में रहने का विचार करने पर।

चार कारणों से देव अपने सिंहासन से अभ्युत्थित होते हैं–१. अरहंतों का जन्म होने पर, २. अरहन्तों के प्रव्रजित होने पर, ३. अरहन्तों को केवलज्ञान होने पर तथा ४. अरहंतों का परिनिर्वाण होने पर। इन्हीं चार कारणों से देवों के आसन एवं चैत्यवृक्ष चलित होते हैं तथा वे सिंहनाद एवं चेलोत्क्षेप (वर्षा) करते हैं। इन्हीं चार कारणों से देवों का मनुष्य लोक में आगमन भी होता है तथा वे कलकल ध्वनि एवं वर्षा करते हैं।

देवेन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल, लोकान्तिक, अग्रमहिषी देवियाँ, परिषद् के देव, सेनापति, आत्मरक्षक आदि इन्हीं चार कारणों से शीघ्र ही मनुष्य लोक में आते हैं। इन चार कारणों से देवलोक में उद्योत भी होता है। चार कारणों से देवलोक में अन्धकार होता है–१. अरहंतों के व्युच्छिन्न होने पर, २. अरहंत प्रज्ञप्तधर्म के व्युच्छिन्न होने पर, ३. पूर्वगत के व्युच्छिन्न होने पर एवं ४. जाततेज के व्युच्छिन्न होने पर। चार कारण ऐसे निर्दिष्ट हैं जिनसे देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहते हुए भी नहीं आ पाता है तथा कुछ ऐसे भी देव हैं जो तत्काल उत्पन्न होकर भी चार कारणों से मनुष्य लोक में आ जाते हैं। जो मनुष्य लोक में आते हैं वे तब तक वहाँ के काम भोगों में आसक्त नहीं होते हैं।

तीन कारणों से देव विद्युत्प्रकाश एवं मेघगर्जना जैसी ध्वनि करते हैं–१. वैक्रिय रूप करते हुए, २. परिचारणा करते हुए एवं ३. श्रमण-माहण के समक्ष अपनी ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, पुरुषकार एवं पराक्रम का प्रदर्शन करने के लिए। देवेन्द्र देवराज शक्र वृष्टिकायिक देवों के माध्यम से वर्षा करने का कार्य भी करता है।

इस अध्ययन में शक्र एवं ईशानेन्द्र के पारस्परिक व्यवहार, उनकी सुधर्मा सभा एवं ऋद्धि तथा उनके लोकपालों एवं विमानादि का भी विस्तार से निरूपण हुआ है। शक्र जब ईशानेन्द्र के पास कार्यवश जाता है तो आदर करता हुआ जाता है, किन्तु ईशानेन्द्र जब शक्र के पास जाता है तो आदर एवं अनादरपूर्वक जा सकता है, क्योंकि शक्र पहले देवलोक का इन्द्र है तथा ईशानेन्द्र दूसरे देवलोक का इन्द्र है। इन दोनों इन्द्रों में कार्यवश आलाप-संलाप

भी होता है तथा कदाचित् विवाद भी हो जाता है। इनका विवाद देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार दूर करते हैं। इसका यह तात्पर्य है कि ऊपर के देवेन्द्रों का नीचे के देवेन्द्र आदर सम्मान करते हैं। शक्र का सौधर्मावतंसक महाविमान एवं ईशान का ईशानावतंसक महाविमान साढ़े बारह लाख योजन लम्बा-चौड़ा है। शक्र की सुधर्मा सभा सौधर्मावतंसक महाविमान में तथा ईशानेन्द्र की सुधर्मा सभा ईशानावतंसक महाविमान में कही गई है। ये दोनों इन्द्र महा ऋद्धिशाली यावत् महासुख वाले हैं। शक्र के जो चार लोकपाल सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण हैं उनके विमानों के नाम क्रमशः सन्ध्याप्रभ, वरशिष्ट, स्वयंज्वत एवं वल्गु हैं तथा ईशानेन्द्र के जो चार लोकपाल सोम, यम, वैश्रमण एवं वरुण हैं उनके विमानों के नाम क्रमशः सुमन, सर्वतोभद्र, वल्गु एवं सुवल्गु हैं। इन लोकपालों के ये विमान कहाँ हैं, कितने बड़े हैं, इनके अधीनस्थ कौन-से देव हैं आदि तथ्यों का भीतर अध्ययन में विस्तार से वर्णन है। इन लोकपालों के विभिन्न देव अपत्य रूप से भी अभीष्ट माने गए हैं। इनकी स्थिति का भी अध्ययन में निर्देश हुआ है।

शक्र, ईशान, सनत्कुमार आदि जो वैमानिक देवेन्द्र हैं उनमें शक्रादि प्रथम, तृतीय, पंचम आदि देवेन्द्र दक्षिण दिशावर्ती हैं तथा ईशान आदि द्वितीय, चतुर्थ आदि देवेन्द्र उत्तर दिशावर्ती हैं। इन समस्त देवेन्द्रों की सेनाएँ सात प्रकार की कही गई हैं, यथा–१. पदातिसेना, २. अश्वसेना, ३. हस्तिसेना, ४. वृषभसेना, ५. रथसेना, ६. नाट्यसेना एवं ७. गन्धर्वसेना। इन सेनाओं के सेनापतियों के नाम प्रत्येक देवलोक में भिन्न हैं। उदाहरण के लिए शक्र की पदातिसेना का सेनापति हरिणगमैषी है तो ईशान की पदातिसेना का सेनापति लघुपराक्रम है। शक्र के समान ही सनत्कुमार से लेकर आरण कल्प पर्यन्त के दक्षिण दिशावर्ती इन्द्रों की सात सेनाओं एवं सेनापतियों के नाम हैं तथा ईशान के समान माहेन्द्र से लेकर अच्युत पर्यन्त उत्तर दिशावर्ती इन्द्रों की सेनाओं एवं सेनापतियों के नाम हैं। पदातिसेना की प्रथम कक्षा में किस इन्द्र के कितने देव हैं, इसकी संख्या का उल्लेख भी यथाप्रसंग भीतर उपलब्ध है।

अनुत्तरौपपातिक देवों, लवसप्तम देवों एवं हरिणगमैषी देवों का इस अध्ययन में विशिष्ट निरूपण हुआ है। अनुत्तरौपपातिक देवों के लिए कहा गया है कि ये देव अनुत्तर (श्रेष्ठ) शब्द यावत् स्पर्श का अनुभव करने के कारण अनुत्तरौपपातिक कहे गए हैं। श्रमण निर्ग्रन्थ षष्ठ भक्त प्रत्याख्यान अर्थात् बेले की तपस्या के द्वारा जितने कर्मों की निर्जरा करते हैं उतने कर्म शेष रहने पर अनुत्तरौपपातिक देव रूप में उत्पत्ति होती है। ये देव उपशान्त मोह होते हैं, क्षीण मोह एवं उदीर्ण मोह नहीं होते। इनके अनन्त मनोद्रव्य वर्गणाएँ मानी गई हैं जिनसे ये तीर्थंकरों की बात को जानते-देखते हैं। जिन मनुष्यों का आयुष्य मात्र सात लव शेष रहने पर देवगति प्राप्त हो जाती है उन्हें लवसप्तम देव कहा गया है। ये यदि सात लव और जीते तो उसी भव में मोक्ष में जा सकते थे। हरिणगमैषी देव शक्रेन्द्र का दूत माना गया है। इसी नाम का सेनापति भी होता है। यह हरिणगमैषी देव गर्भ हरण की क्रिया करते समय गर्भ को एक गर्भाशय से उठाकर दूसरे गर्भाशय में नहीं रखता, योनि द्वारा दूसरी स्त्री के उदर में नहीं रखता, योनि से गर्भ को निकालकर दूसरी स्त्री की योनि में नहीं रखता अपितु गर्भ को स्पर्श करके बिना कष्ट दिए ही एक स्त्री की योनि से निकालकर उसे दूसरी स्त्री के गर्भाशय में पहुँचा देता है। जो देव दूसरे को पीड़ा आदि दिए बिना ही विक्रिया आदि करते हैं उन्हें अव्याबाध देव कहा गया है।

महर्द्धिक देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके तिरछे पर्वत आदि को लाँघ सकते हैं, किन्तु बाह्य पुद्गल ग्रहण किए बिना वे ऐसा नहीं कर सकते। महर्द्धिक देव अल्पर्द्धिक देवों के मध्य से होकर जा सकता है। वह उसे पहले या पश्चात् विमोहित करके भी जा सकता है तथा बिना विमोहित किए भी जा सकता है। किन्तु अल्पर्द्धिक देव महर्द्धिक देवों के बीच से किसी भी प्रकार नहीं जा सकता। समान ऋद्धि वाले (समर्द्धिक) देव समर्द्धिक देवों के बीच से उनके प्रमत्त होने पर ही जा सकते हैं अन्यथा नहीं जा सकते। वे अपने समान ऋद्धि वाले देवों को पहले विमोहित करते हैं, विमोहित किए बिना वे उनके बीच से नहीं जा सकते। यह नियम सभी देवों में लागू होता है। सब एक-दूसरे की तुलना में अल्पर्द्धिक, समर्द्धिक या महर्द्धिक होते हैं। देवियों के बीच से जब कोई देव निकलता है तो उसमें भी उपर्युक्त नियम लागू होते हैं अर्थात् अल्पर्द्धिक देव महर्द्धिक देवी के बीच से नहीं निकल सकता, समर्द्धिक देव समर्द्धिक देवी के बीच से तभी निकल सकता है जब देवी प्रमत्त हो। महर्द्धिक देव अल्पर्द्धिक देवियों के बीच से निकल सकता है। इसी प्रकार अल्पर्द्धिक देवी महर्द्धिक देवों के बीच से नहीं निकल सकती आदि कथन समान हैं। अल्पर्द्धिक देवी महर्द्धिक देवियों के बीच से भी नहीं निकल सकती, समर्द्धिक देवियों के बीच से समर्द्धिक देवी उनके अप्रमत्त होने पर निकल सकती है तथा महर्द्धिक देवी अल्पर्द्धिक देवियों के मध्य से निकल सकती है। महर्द्धिक देवी अल्पर्द्धिक देवों के बीच से निकल सकती है। व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र के चौदहवें शतक में समर्द्धिक देवों के समर्द्धिक देवों के बीच से निकलने के पूर्व शस्त्र प्रहार करने की बात कही गई है।

एक अपेक्षा से देव दो प्रकार के होते हैं–१. मायी मिथ्यादृष्टि, २. अमायी सम्यग्दृष्टि। मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक देव भावितात्मा अनगार को देखकर भी उन्हें वन्दन-नमस्कार एवं सत्कार-सम्मान नहीं देता वह भावितात्मा अनगार के मध्य से निकल जाता है, किन्तु अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक देव भावितात्मा अनगार को देखकर वन्दन, नमस्कार, सत्कार, सम्मान आदि करके पर्युपासना करता है। वह उनके बीच से नहीं निकलता।

देव अपनी शक्ति से चार-पाँच देववासों के अन्तरों का उल्लंघन कर सकते हैं, किन्तु इसके पश्चात् वे परशक्ति द्वारा ऐसा कर सकते हैं।

देवों की स्थिति, लेश्या, योग, उपयोग आदि की जानकारी के लिए तत्तद् अध्ययनों की विषय-सामग्री द्रष्टव्य है। इस अध्ययन में देवों के सम्बन्ध में विविध प्रकार का निरूपण देवों की विशेषताओं को भली प्रकार स्पष्ट कर देता है।

□□

३७. देवगई–अज्झयणं

सूत्र

१. देव सद्देण अभिहीय भवियदव्वदेवाई पंच भेया तेसिं लक्खणाणि य–

प. कइविहा णं भंते ! देवा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा देवा पन्नत्ता, तं जहा–

१. भवियदव्वदेवा, २. नरदेवा,
३. धम्मदेवा, ४. देवाहिदेवा,
५. भावदेवा[1]।

प. १. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–'भवियदव्वदेवा, भवियदव्वदेवा ?'

उ. गोयमा ! जे भविए पंचेंदियतिरिक्खजोणिए वा, मणुस्से वा देवेसु उववज्जित्तए,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'भवियदव्वदेवा भवियदव्वदेवा।'

प. २. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–'नरदेवा, नरदेवा'' ?

उ. गोयमा ! जे इमे रायाणो चाउरंत चक्कवट्टी उप्पन्न-समत्तचक्करयणप्पहाणा नवनिहिपतिणो, समिद्धकोसा, बत्तीसंरायवरसहस्साणुयातमग्गा सागरवरमेलाहिपतिणो मणुस्सिंदा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'नरदेवा, नरदेवा'।

प. ३. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–'धम्मदेवा, धम्मदेवा ?'

उ. गोयमा ! जे इमे अणगारा भगवंता इरियासमिया जाव गुत्तबंभचारी,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'धम्मदेवा, धम्मदेवा।'

प. ४. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–''देवाहिदेवा, देवाहिदेवा ?''

उ. गोयमा ! जे इमे अरहंता भगवंता उप्पन्ननाण- दंसणधरा जाव सव्वदरिसी,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–''देवाहिदेवा, देवाहिदेवा।''

प. ५. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–''भावदेवा, भावदेवा ?''

उ. गोयमा ! जे इमे भवणवइ–वाणमंतर-जोइस-वेमाणिया देवा देवगतिनाम-गोयाइं कम्माइं वेदेंति,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–''भावदेवा, भावदेवा''

–विया. स. १२, उ. ९, सु. १-६

३७. देवगति अध्ययन

सूत्र

१. देव शब्द से अभिहित भव्यद्रव्यदेवादि के पांच भेद और उनके लक्षण–

प्र. भंते ! देव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! देव पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. भव्यद्रव्यदेव, २. नरदेव,
३. धर्मदेव, ४. देवाधिदेव,
५. भावदेव।

प्र. १. भंते ! भव्यद्रव्यदेव किस कारण से भव्यद्रव्यदेव कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! जो पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक या मनुष्य देवों में उत्पन्न होने योग्य हैं,
इस कारण से गौतम ! वे भव्यद्रव्यदेव-भव्यद्रव्यदेव कहलाते हैं।

प्र. २. भंते ! नरदेव किस कारण से नरदेव कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! जो ये राजा चातुरन्तचक्रवर्ती (पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में समुद्र और उत्तर में हिमवान् पर्वत पर्यन्त, षट्खण्डभरत क्षेत्र के स्वामी) हैं, जिनके यहाँ समस्त रत्नों में प्रधान चक्ररत्न उत्पन्न हुआ है, जो नौ निधियों के अधिपति हैं, जिनके कोष समृद्ध हैं, बत्तीस हजार राजा जिनके मार्गानुसारी (अधीन) हैं, महासागर रूप श्रेष्ठ मेखला पर्यन्त पृथ्वी के अधिपति हैं और मनुष्यों में इन्द्र के समान हैं।
इस कारण से गौतम ! वे नरदेव-नरदेव कहलाते हैं।

प्र. ३. धर्मदेव किस कारण से धर्मदेव कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! ईर्यासमिति से समित यावत् गुप्त ब्रह्मचारी अनगार भगवन्त हैं।
इस कारण से गौतम ! वे धर्मदेव-धर्मदेव कहलाते हैं।

प्र. ४. भंते ! देवाधिदेव किस कारण से देवाधिदेव कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! जो अरिहन्त भगवन्त उत्पन्न केवलज्ञान केवलदर्शन के धारक यावत् सर्वदर्शी हैं।
इस कारण से गौतम ! वे देवाधिदेव-देवाधिदेव कहलाते हैं।

प्र. ५. भंते ! भावदेव किस कारण से भावदेव कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! ये भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव हैं जो देवगति नामकर्म एवं गोत्रकर्म का वेदन कर रहे हैं।
इस कारण से गौतम ! वे भावदेव-भावदेव कहलाते हैं।

१. ठाणं अ. ५, उ. १, सु. ४०९/२

२. भवियदव्वदेवाइ पंचविहदेवाणं कायट्ठिई परूवणं–

प. भवियदव्वदेवे णं भंते ! भवियदव्वदेवे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिण्णि पलिओवमाइं।

एवं जच्चेव ठिई[1] सच्चेव संचिट्ठणा वि जाव **भावदेवस्स।**

णवरं–धम्मदेवस्स जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं देसूणा पुव्वकोडी। *–विया. स. १२, उ. ९, सु. २६*

३. भवियदव्वदेवाइ पंचविहदेवाणं अंतरं परूवणं–

प. १. भवियदव्वदेवस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेण दस वाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं अणंतं कालं वणस्सइकालो।

प. २. नरदेवाणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं साइरेगं सागरोवमं, उक्कोसेणं अणंतं कालं अवड्ढं पोग्गलपरियट्टं देसूणं।

प. ३. धम्मदेवस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं पलिओवमपुहत्तं, उक्कोसेणं अणंतंकालं **जाव** अवड्ढं पोग्गलपरियट्टं देसूणं।

प. ४. देवाहिदेवाणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! नत्थि अंतरं।

प. ५. भावदेवस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतं कालं वणस्सइकालो।

–विया. स. १२, उ. ९, सु. २७-३१

४. भवियदव्व-देवाइ पंचविहदेवाणं अप्पाबहुयं–

प. एएसि णं भंते ! भवियदव्वदेवाणं **जाव** भावदेवाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा नरदेवा,
२. देवाहिदेवा संखेज्जगुणा,
३. धम्मदेवा संखेज्जगुणा,
४. भवियदव्वदेवा असंखेज्जगुणा,
५. भावदेवा असंखेज्जगुणा।

प. एएसि णं भंते ! भावदेवाणं भवणवासीणं, वाणमंतराणं, जोइसियाणं, वेमाणियाणं, सोहम्मगाणं **जाव** अच्चुयगाणं, गेवेज्जगाणं, अणुत्तरोववाइयाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अणुत्तरोववाइया भावदेवा,
२. उवरिमगेवेज्जा भावदेवा संखेज्जगुणा,

२. भव्यद्रव्य देवादि पांच प्रकार के देवों की कायस्थिति का प्ररूपण–

प्र. भंते ! भव्यद्रव्यदेव, भव्यद्रव्यदेव के रूप में कितने काल तक रहता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट तीन पल्योपम तक रहता है।

इसी प्रकार भावदेव पर्यन्त जिसकी जो भव स्थिति कही है वही उसकी (संचिट्ठणा) कायस्थिति कहनी चाहिए।

विशेष–धर्म देव की (संस्थिति) जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि वर्ष की है।

३. भव्यद्रव्यदेवादि पांच प्रकार के देवों के अंतरकाल का प्ररूपण–

प्र. १. भंते ! भव्यद्रव्यदेव का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट अनन्तकाल वनस्पतिकाल का होता है।

प्र. २. भंते ! नरदेवों का अंतर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य साधिक सागरोपम, उत्कृष्ट अनंतकाल देशोन अपार्द्ध पुद्गल परावर्त्त काल जितना होता है।

प्र. ३. भंते ! धर्मदेव का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य पल्योपम पृथक्त्व, उत्कृष्ट अनन्तकाल यावत् देशोन अपार्द्ध पुद्गल परावर्त काल जितना होता है।

प्र. ४. भंते ! देवाधिदेवों का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! देवाधिदेवों का अन्तर नहीं होता है।

प्र. ५. भंते ! भावदेव का अन्तर कितने काल का होता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल वनस्पतिकाल जितना होता है।

४. भव्यद्रव्यदेवादि पंचविध देवों का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन भव्यद्रव्यदेवों यावत् भावदेवों में से कौन किन (देवों) से अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प नरदेव हैं,
२. (उनसे) देवाधिदेव संख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) धर्मदेव संख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) भव्यद्रव्यदेव असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) भावदेव असंख्यातगुणे हैं ?

प्र. भंते ! इन भाव देवों में भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक तथा वैमानिकों में सौधर्म से अच्युत तथा ग्रैवेयक एवं अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त के देवों में कौन किन से अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प अनुत्तरोपपातिक भावदेव हैं,
२. (उनसे) उपरिम ग्रैवेयक भावदेव संख्यातगुणे हैं,

---

१. स्थिति अध्ययन में देखें।

३. मज्झिमगेवेज्जा संखेज्जगुणा,
४. हेट्ठिमगेवेज्जा संखेज्जगुणा,
५. अच्चुए कप्पे देवा संखेज्जगुणा **जाव** आणयकप्पे देवा संखेज्जगुणा,
१. सहस्सारे कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
२. महासुक्के कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
३. लंतए कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
४. बंभलोए कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
५. माहिंदे कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
६. सणंकुमारे कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
७. ईसाणे कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
८. सोहम्मे कप्पे देवा असंखेज्जगुणा,
९. भवणवासी देवा असंखेज्जगुणा,
१०. वाणमंतरा देवा असंखेज्जगुणा,
११. जोइसिया भावदेवा संखेज्जगुणा।

–विया. स. १२, उ. ९, सु. ३२-३३

५. देवाणं चउव्विह वग्ग परूवणं–

चउव्विहा देवाणं (वग्गा) पण्णत्ता, तं जहा–
१. देवे नामेगे,
२. देव सिणाए नामेगे,
३. देव पुरोहिए नामेगे,
४. देवपज्जलणे नामेगे। *–ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २४८ (१)*

६. सइन्द देवट्ठाणाणं इन्द संखा–

बत्तीसं देविंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. चमरे,	२. बलि,	३. धरणे,
४. भूयाणंदे,	५. वेणुदेवे,	६. वेणुदालि,
७. हरि,	८. हरिस्सहे,	९. अग्गिसिहे,
१०. अग्गिमाणवे,	११. पुन्ने,	१२. विसिट्ठे,
१३. जलकंते,	१४. जलप्पभे,	१५. अमियगई,
१६. अमितवाहणे,	१७. वेलंबे,	१८. पभंजणे,
१९. घोसे,	२०. महाघोसे,	२१. चंदे,
२२. सूरे,	२३. सक्के,	२४. ईसाणे,
२५. सणंकुमारे,	२६. माहिंदे,	७. बंभे,
२८. लंतए,	२९. महासुक्के,	३०. सहस्सारे,
३१. पाणए,	३२. अच्चुए।	*–सम. सम. ३२, सु. २*

७. सइन्द अनिन्द देवट्ठाणाणं संखा–

चउवीसं देवट्ठाणा सइंदया पण्णत्ता,[1]
सेसा अहमिंदा-अनिंदा अपुरोहिआ। *–सम. सम. २४, सु. ४*

३. (उनसे) मध्यम ग्रैवेयक भावदेव संख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) नीचे ग्रैवेयक भावदेव संख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) अच्युतकल्प के भावदेव संख्यातगुणे हैं **यावत्** (उनसे) आनतकल्प के भावदेव संख्यातगुणे हैं,
१. (उनसे) सहस्रार कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
२. (उनसे) महाशुक्र कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) लांतक कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) ब्रह्मलोक कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) माहेन्द्रकल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) सनत्कुमार कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
७. (उनसे) ईशानकल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
८. (उनसे) सौधर्म कल्प के भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
९. (उनसे) भवनवासी भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
१०. (उनसे) वाणव्यन्तर भावदेव असंख्यातगुणे हैं,
११. (उनसे) ज्योतिष्क भावदेव संख्यातगुणे हैं।

५. देवों के चतुर्विध वर्ग का प्ररूपण–

देवताओं की स्थिति (पदमर्यादा) चार प्रकार की कही गई है, यथा–
१. देव सामान्य,
२. देव-स्नातक-अमात्य,
३. देव-पुरोहित-शान्तिकर्म करने वाला,
४. देव-प्रज्वलन-मंगल पाठक।

६. सइन्द्र-देवस्थानों के इन्द्रों की संख्या–

बत्तीस देवेन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. चमर,	२. बली,	३. धरण,
४. भूतानन्द,	५. वेणुदेव,	६. वेणुदाली,
७. हरिकान्त,	८. हरिस्सह,	९. अग्निशिख,
१०. अग्निमाणव,	११. पूर्ण,	१२. वशिष्ठ
१३. जलकान्त	१४. जलप्रभ,	१५. अमितगति,
१६. अमितवाहन,	१७. वेलम्ब,	१८. प्रभंजन,
१९. घोष,	२०. महाघोष,	२१. चन्द्र,
२२. सूर्य,	२३. शक्र,	२४. ईशान,
२५. सनत्कुमार,	२६. माहेन्द्र,	२७. ब्रह्म,
२८. लान्तक,	२९. महाशुक्र,	३०. सहस्रार,
३१. प्राणत,	३२. अच्युत।	

७. सइन्द्र-अनिन्द्र देवस्थानों की संख्या–

चौबीस देव स्थान इन्द्र सहित कहे गए हैं,
शेष देव स्थान "अहमिन्द्र" अर्थात् इन्द्र रहित और पुरोहित रहित कहे गए हैं।

---

१. भवनपति के दस, व्यंतरों के आठ, ज्योतिष्कों के पांच और कल्पोपपन्नकों का एक कुल (१० + ८ + ५ + १ =२४) इन्द्रों वाले स्थान हैं। शेष ९ ग्रैवेयक और ५ अनुत्तरोविमान इन्द्र रहित हैं।

८. **देविंदाणं सामाणिय देव संखा–**

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरन्नो चउरासीई सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ८४, सु. ६*

माहिंदस्स णं देविंदस्स देवरन्नो सत्तरिं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ७०, सु. ५*

सहस्सारस्स णं देविंदस्स देवरण्णो तीसं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ३०, सु. ५*

पाणयस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वीसं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. २०, सु. ४*

बंभस्स णं देविंदस्स देवरन्नो सट्ठिं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ६०, सु. ५*

चमरस्स णं रन्नो चउसट्ठिं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ६४, सु. ३*

बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स सट्ठिं सामाणिय साहस्सीओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ६०, सु. ४*

९. **अट्ठ कण्हराईणं ओवासंतरेसु लोगंतिय विमाणं देवाण य परूवणं–**

एयासि णं अट्ठण्हं कण्हराईणं अट्ठसु ओवासंतरेसु अट्ठ लोगंतिय विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. अच्ची,	२. अच्चिमाली,
३. वइरोयणे,	४. पभंकरे,
५. चंदाभे,	६. सूराभे,
७. सुपइट्ठाभे,	८. अग्गिच्चाभे।

एएसु णं अट्ठसु लोगंतियविमाणेसु अट्ठविहा लोगंतिया देवा पण्णत्ता, तं जहा–

१-२. सारस्सयमाइच्चा,	
३. वण्ही,	४. वरुणा य,
५. गद्दतोया य,	६. तुसिया,
७. अव्वाबाहा,	८. अग्गिच्चा,

चेव बोद्धव्वा॥ *–ठाणं. अ. ८, सु. ६२५*

१०. **सारस्सयाइ देवाणं संखा परिवारो य–**

सारस्सयमाइच्चाणं देवाणं सत्त देवा, सत्तदेवसया पण्णत्ता,

गद्दतोयतुसियाणं देवाणं सत्त देवा, सत्त देवसहस्सा पण्णत्ता। *–ठाणं. अ. ७, सु. ५७६*

११. **भवणवासि कप्पोववन्नग वेमाणियाण य तायत्तीसग देवाणं परूवणं–**

तेणं कालेणं तेणं समएणं वाणियगामे नामं नगरे होत्था, **वण्णओ** दूइपलासए चेइए, सामी समोसढे **जाव** परिसा पडिगया।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूइ नामं अणगारे **जाव** उड्ढंजाणू **जाव** विहरइ।

८. **देवेन्द्रों के सामानिक देवों की संख्या–**

देवेन्द्र देवराज शक्र के चौरासी हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

देवेन्द्र देवराज माहेन्द्र के सत्तर (७०) हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

देवेन्द्र देवराज सहस्रार के तीस हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

देवेन्द्र देवराज प्राणत के बीस हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

देवेन्द्र देवराज ब्रह्म के साठ हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

चमरेंद्र के चौसठ हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

वैरोचनेन्द्र बली के साठ हजार सामानिक देव कहे गए हैं।

९. **आठ कृष्णराजियों के अवकाशान्तरों में लोकान्तिक विमान और देवों की प्ररूपणा–**

इन आठ कृष्णराजियों के आठ अवकाशान्तरों में आठ लोकान्तिक विमान कहे गए हैं, यथा–

१. अर्चि,	२. अर्चिमाली,
३. वैरोचन,	४. प्रभंकर,
५. चन्द्राभ,	६. सूराभ,
७. सुप्रतिष्ठाभ,	८. अग्न्यर्चाभ।

इन आठ लोकान्तिक विमानों में आठ प्रकार के लोकान्तिक देव कहे गए हैं, यथा–

१. सारस्वत,	२. आदित्य,
३. वह्नि,	४. वरुण,
५. गर्दतोय,	६. तुषित,
७. अव्याबाध,	८. अग्न्यर्च।

१०. **सारस्वतादि देवों की संख्या और परिवार–**

सारस्वत और आदित्य जाति के (मुख्य) देव सात हैं और उनके सात सौ देवों का परिवार है,

गर्दतोय और तुषित जाति के (मुख्य) देव सात हैं और उनके सात हजार देवों का परिवार है।

११. **भवनवासी और कल्पोपपन्नक वैमानिकों के त्रायस्त्रिंशक देवों का प्ररूपण–**

उस काल और उस समय में वाणिज्यग्राम नामक नगर था। उसकी समृद्धि का वर्णन (औपपातिक सूत्र के अनुसार) करना चाहिए। वहाँ द्युतिपलाश नामक उद्यान था। (एक बार) वहाँ श्रमण भगवान् महावीर का समवसरण हुआ **यावत्** परिषद् आई और वापस लौट गई।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के ज्येष्ठ अन्तेवासी इन्द्रभूति (गौतम) नामक अनगार **यावत्** ऊपर की ओर बाहें करके **यावत्** विचरण करते थे।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी सामहत्थी नामं अणगारे पगइभद्दए **जहा रोहे जाव** उड्ढं जाणू **जाव** विहरइ।

तए णं से सामहत्थी अणगारे जायसड्ढे **जाव** उट्ठाए उट्ठेइ उट्ठेत्ता जेणेव भगवं गोयमे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता भगवं गोयमं तिक्खुत्तो **जाव** पज्जुवासमाणो एवं वयासी–

प. अत्थि णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?"

उ. एवं खलु सामहत्थी ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे कायंदी नामं नयरी होत्था, **वण्णओ।**

तत्थ णं कायंदीए नयरीए तायत्तीसं सहाया गाहावइ समणोवासगा 'परिवसंति अड्ढा **जाव** अपरिभूया अभिगयजीवाऽजीवा उवलद्ध पुण्ण-पावा **जाव** विहरंति।

तए णं ते तायत्तीसं सहाया गाहावती समणोवासया पुव्विं उग्गविहारी संविग्गा, संविग्गविहारी भवित्ता, तओ पच्छा पासत्था, पासत्थविहारी, ओसन्ना, ओसन्नविहारी, कुसीला, कुसीलविहारी, अहाछंदा, अहाछंद विहारी बहूइं वासाइं समणोवासग परियागं पाउणंति पाउणित्ता, अद्धमासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेंति, झूसित्ता तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति, छेदित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयऽपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसग देवत्ताए उववन्ना।

प. जप्पभिइं च णं भंते ! ते कायंदगा तापत्तीसं सहाया गाहावई समणोवासगाचमरस्स असुररिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसयदेवत्ताए उववन्ना तप्पभिइं च णं भंते ! एवं बुच्चइ–
"चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा तायत्तीसगा देवा ?"

उ. तए णं भगवं गोयमे सामहत्थिणा अणगारेणं एवं वुत्ते समाणे संकिए कंखिए वितिगिंछिए उट्ठाए उट्ठेइ,
उट्ठित्ता सामहत्थिणा अणगारेणं सद्धिं जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासि–

प. अत्थि णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर के अन्तेवासी **रोह अणगार के समान** भद्र प्रकृति के श्यामहस्ती नामक अणगार ऊपर की ओर बाहें करके **यावत्** विचरण करते थे।

तत्पश्चात् किसी एक दिन श्यामहस्ती नामक अनगार श्रद्धा संशय आदि उत्पन्न होने पर **यावत्** अपने स्थान से उठे और उठ कर जहाँ भगवान् गौतम स्वामी विराजमान थे वहाँ आए और आकर भगवान् गौतमस्वामी की तीन बार आदक्षिणा प्रदक्षिणा कर **यावत्** पर्युपासना करके इस प्रकार बोले–

प्र. भंते ! क्या असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव होते हैं ?

उ. हां (श्यामहस्ती) ! चमरेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक देव हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं कि–
"असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?"

उ. हे श्यामहस्ती ! उस काल और उस समय में इस जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र में काकन्दी नाम की नगरी थी। **उसका वर्णन करें।**

उस काकन्दी नगरी में एक दूसरे के सहायक धनाढ्य **यावत्** अपरिभूत तथा जीव अजीव तत्वों के ज्ञाता एवं पुण्य-पाप कार्यों का विवेक करने वाले तेतीस श्रमणोपासक गृहस्थ रहते थे।

एक समय था जब पूर्व में वे परस्पर एक-दूसरे के सहायक तेतीस श्रमणोपासक गृहपति उग्र-उग्रविहारी, संविग्न, संविग्नविहारी थे। परन्तु बाद में उन्होंने पार्श्वस्थ, पार्श्वस्थविहारी, अवसन्न, अवसन्नविहारी, कुशील, कुशील विहारी, स्वच्छन्द, स्वच्छन्द विहारी होकर बहुत वर्षों तक श्रमणोपासक पर्याय का पालन किया और पालन करके अर्धमासिक संलेखना द्वारा शरीर को कृश किया, कृश करके अनशन द्वारा तीस भक्तों का छेदन किया, छेदन करके उस प्रमाद स्थान की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना ही काल के अवसर पर काल कर वे असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में उत्पन्न हुए।

प्र. (श्यामहस्ती ने गौतमस्वामी से पूछा) भंते ! जब वे काकन्दी निवासी परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक गृहपति असुरराज असुरेन्द्र चमर के त्रायस्त्रिंशक देवरूप में उत्पन्न हुए हैं, क्या तभी ऐसा कहा जाता है, कि–
'असुरराज असुरेन्द्र चमर के (ये) तेतीस त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?'

उ. शामहस्ती अणगार के द्वारा इस प्रकार पूछे जाने पर भ. गौतम शंकित, कांक्षित और विचिकित्सित हो अपने स्थान से उठे–
उठकर श्यामहस्ति अणगार के साथ जहाँ श्रमण भ. महावीर थे वहाँ आये, आकर श्रमण भगवान महावीर को वंदन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार करके उनसे इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! क्या असुरेन्द्र असुरराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"एवं तं चेव सव्वं भाणियव्वं जाव तप्पभितिं च णं एवं वुच्चइ-चमरस्स णं असुररिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा?"

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तायत्तीसगाणं देवाणं सासए नामधेज्जे पण्णत्ते, जं न कदायि नासी, न कदायि, न भवइ जाव निच्चे अव्वोच्छित्तिनयट्ठयाए अन्ने चयंति अन्ने उववज्जंति।

प. अत्थि णं भंते ! बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो 'तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?"

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?"

उ. एवं खलु गोयमा ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे विब्भेले णामं सन्निवेसे होत्था, वण्णओ। तत्थ णं विब्भेले सन्निवेसे जहा चमरस्स जाव उववन्ना।

जप्पभितिं च णं भंते ! ते विब्भेलगा तायत्तीसं सहाया गाहावई समणोवासगा बलिस्स वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो सेसं तं चेव जाव निच्चे अव्वोच्छित्तिनयट्ठयाए, अन्ने चयंति, अन्ने उववज्जंति।

प. अत्थि णं भंते ! धरणस्स नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थि णं धरणस्स नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?"

उ. गोयमा ! धरणस्स नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो तायत्तीसगाणं देवाणं सासए नामधेज्जे पण्णत्ते, जं न कयाइ नासी जाव अन्ने चयंति, अन्ने उववज्जंति।

एवं भूयाणंदस्स वि।

एवं जाव महाघोसस्स।

प. अत्थि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं, कि–
"इत्यादि से पूर्वकथित निवासी के परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक गृहस्थ मर कर असुरेन्द्र असुरराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में उत्पन्न हुए पर्यन्त समग्र कथन कहना चाहिए।" क्या तभी वे त्रायस्त्रिंशक देव हैं ऐसा कहा जाता है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। असुरराज असुरेन्द्र चमर के त्रायस्त्रिंशक देवों के नाम शाश्वत कहे गए हैं, इसलिए किसी समय नहीं थे या नहीं हैं ऐसा नहीं है और कभी नहीं रहेंगे ऐसा भी नहीं है यावत् अव्युच्छित्ति (द्रव्यार्थिक) नय की अपेक्षा) से वे नित्य हैं, किन्तु (पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा से) पहले वाले च्यवते हैं और दूसरे उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–
"वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के तेतीस त्रायस्त्रिंशक देव त्रायस्त्रिंशक देव हैं।"

उ. गौतम ! उस काल और उस समय में इसी जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में बिभेल नामक एक सन्निवेश था। उसका वर्णन (औपपातिक सूत्र के अनुसार) करना चाहिए। उस बिभेल सन्निवेश में (परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक) गृहस्थ थे। इत्यादि जैसा वर्णन चमरेन्द्र के त्रायस्त्रिंशकों के लिए किया है वैसा ही वे त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में उत्पन्न हुए पर्यन्त यहां जानना चाहिए।

भंते ! जब से वे बिभेल सन्निवेश निवासी परस्पर सहायक तेतीस गृहपति श्रमणोपासक बलि के त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में उत्पन्न हुए हैं इत्यादि समग्र वर्णन अव्युच्छित्ति (द्रव्यार्थिक) नय की अपेक्षा नित्य है और पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा अन्य च्यवते हैं (उसके स्थान पर) दूसरे उत्पन्न होते रहते हैं पर्यन्त वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–
'नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के त्रायस्त्रिंशक देव हैं त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. गौतम ! नागकुमारराज नागकुमारेन्द्र धरण के त्रायस्त्रिंशक देवों के नाम शाश्वत कहे गए हैं। वे किसी समय नहीं थे ऐसा नहीं है, नहीं रहेंगे ऐसा भी नहीं है यावत् अन्य च्यवते हैं और (उनके स्थान पर) दूसरे उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार भूतानन्द के (त्रायस्त्रिंशक देवों) के लिए भी जानना चाहिए।

इसी प्रकार महाघोष पर्यन्त के त्रायस्त्रिंशक देवों के लिए भी जानना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?"

उ. एवं खलु गोयमा ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे वालाए नामं सन्निवेसे होत्था, **वण्णओ।**

तत्थ णं वालाए सन्निवेसे तायत्तीसं सहाया गाहावई समणोवासगा जहा चमरस्स **जाव** विहरंति, तए णं ते तायत्तीसं सहाया गाहावई समणोवासगा पुव्विं पि पच्छा वि उग्गा उग्गविहारी संविग्गा संविग्गविहारी बहूइं वासाइं समणोवासगपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेंति,
झूसित्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति,
छेदित्ता आलोइयपडिक्कंता समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा **जाव** उववन्ना।
जप्पभितिं च णं भंते ! "वालागा" तायत्तीसं सहाया गाहावई समणोवासगा **सेसं जहा चमरस्स** जाव **अन्ने उववज्जंति।**

प. अत्थि णं भंते ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
एवं जहा सक्कस्स।

णवरं–चंपाए नगरीए **जाव** उववन्ना।

जप्पभितिं च णं चंपिच्चा तायत्तीसं गाहावई समणोवासगा सहाया–**सेसं तं चेव** जाव **अन्ने उववज्जंति।**

प. अत्थि णं भंते ! सणंकुमारस्स देविंस्स देवरण्णो तायत्तीसगा देवा, तायत्तीसगा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–**'जहा धरणस्स तहेव।'**

एवं जाव **पाणयस्स।**

एवं अच्चुयस्स जाव **अन्ने उववज्जंति।**

–विया. स. १०, उ. ४, सु. १-१४

१२. असुरकुमाराणं उड्ढगमण सामत्थ परूवणं–

प. केवइ कालस्स णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मकप्पं गया य, गमिस्संति य ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–
'देवेन्द्र देवराज शक्र के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. गौतम ! उस काल और उस समय में इस जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र में बालाक नामक सन्निवेश था, **उसका वर्णन करना चाहिए।**
उस बालाक सन्निवेश में चमर के त्रायस्त्रिंशकों में उत्पन्न होने वालों के समान परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक गृहपति रहते थे। वे तेतीस परस्पर सहायक श्रमणोपासक गृहपति पहले भी और पीछे भी उग्र, उग्रविहारी एवं संविग्न संविग्नविहारी होकर बहुत वर्षों तक श्रमणोपासक पर्याय का पालन कर मासिक संलेखना से शरीर को कृश किया।
कृश करके अनशन द्वारा साठ भक्तों का छेदन किया,
छेदन करके कालमास में प्रतिक्रमण कर समाधिपूर्वक काल करके **यावत्** (शक्र के त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में) उत्पन्न हुए।
भंते ! जब से वे बालाकवासी परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक गृहपति (शक्र के त्रायस्त्रिंशकों के रूप में) उत्पन्न हुए **इत्यादि समग्र वर्णन चमर के त्रायस्त्रिंशकों के समान अन्य उत्पन्न होते हैं पर्यन्त करना चाहिए।**

प्र. भंते ! क्या देवेन्द्र देवराज ईशान के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।
जैसे शक्र के त्रायस्त्रिंशक देवों का वर्णन किया वैसे ही यहाँ भी करना चाहिए।
विशेष–(ये तेतीस श्रमणोपासक) चम्पानगरी के निवासी थे **यावत्** (ईशानेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक देव के रूप में) उत्पन्न हुए।
जब से ये चम्पानगरी निवासी परस्पर सहायक तेतीस श्रमणोपासक त्रायस्त्रिंशक देव बने **इत्यादि समग्र वर्णन अन्य उत्पन्न होते हैं पर्यन्त पूर्ववत् करना चाहिए।**

प्र. भंते ! क्या देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार के त्रायस्त्रिंशक देव-त्रायस्त्रिंशक देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।
भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं ? **इत्यादि समग्र वर्णन धरणेन्द्र के समान करना चाहिए।**
इसी प्रकार प्राणत (देवेन्द्र) पर्यन्त के त्रायस्त्रिंशक देवों के लिए जानना चाहिए।
इसी प्रकार अच्युतेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक देवों के लिए भी अन्य उत्पन्न होते हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

१२. असुरकुमारों का ऊर्ध्वगमन सामर्थ्य प्ररूपण–

प्र. भंते ! कितना काल व्यतीत होने पर असुरकुमार देव ऊर्ध्व गमन करते हैं **यावत्** सौधर्मकल्प पर्यन्त ऊपर गये हैं, जाते हैं और जाएँगे ?

उ. गोयमा ! अणंताहिं ओसप्पिणीहिं अणंताहिं उस्सप्पिणीहिं, अत्थि णं एस भावे लोयच्छेसयभूए समुप्पज्जइ जं णं असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मो कप्पो।

प. किं निस्साए णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मो कप्पो ?

उ. गोयमा ! से जहानामए इह सबरा इ वा, बब्बरा इ वा, टंकणा इ वा, चुच्चुया इ वा, पल्हया इ वा, पुलिंदा इ वा, एगं महं रण्णं वा, गड्ढं वा, दुग्गं वा, दुरिं वा, विसमं वा, पव्वयं वा णीसाए सुमहल्लमवि आसबलं वा, हत्थिबलं वा, जोहबलं वा, धणुबलं वा आगलेंति। **एवामेव** असुरकुमारा वि देवा णऽन्नत्थ अरहंते वा, अणगारे वा भावियप्पणो निस्साए उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मो कप्पो।

प. सव्वे वि णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मो कप्पो ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। महिड्ढिया णं असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति **जाव** सोहम्मो कप्पो।

प. एस वि य णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया उड्ढं उप्पत्तिय पुव्वे **जाव** सोहम्मो कप्पो ?

उ. हंता, गोयमा ! एस वि य णं चमरे असुरिंदे असुरराया उड्ढं उप्पत्तियपुव्वे **जाव** सोहम्मो कप्पो।

प. अहो णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया महिड्ढीए महज्जुईए **जाव** कहिं पविट्ठा ?

उ. गोयमा ! **कूडागारसालादिट्ठंतो भाणियव्वो।**

–विया. स. ३, उ. २, सु. १४-१८

१३. पण्णरस विसिट्ठ असुरकुमार परमाहम्मिय देव णामाणि–

पण्णरस परमाहम्मिआ पण्णत्ता, तं जहा–
अंबे अंबरिसी चेव, सामे सबलेत्ति यावरे।
रुद्दोवरुद्दकाले य, महाकालेत्ति यावरे॥
असिपत्ते धणु कुम्भे, बालुए वेयरणीति य।
खरस्सरे महाघोसे, एए पण्णरसाहिआ॥

–सम. सम. १५, सु. १

१४. अंतोमणुस्सखेत्ते जोइसियाणं देवाणं उड्ढोववण्णगाइ परूवणं–

प. अंतो णं भंते ! माणुसुत्तरस्स पव्वयस्स जे चंदिम सूरिअ-गहगण-णक्खत्त-तारारूवा णं भन्ते ! देवा किं उड्ढोववण्णगा, कप्पोववण्णगा, विमाणोववण्णगा, चारोववण्णग्गा चारट्ठिईआ गइरइआ गइसमावण्णगा ?

उ. गोयमा ! अंतो णं माणुसुत्तरस्स पव्वयस्स जे चन्दिम-सूरिअ-गहगण-णक्खत्त-तारा रूवे ते णं देवा णो उड्ढोववण्णगा, णो कप्पोववण्णगा, विमाणोववण्णगा, चारोववण्णगा, णो चारट्ठिईआ, गइरइआ, गइसमावण्णगा।

उ. गौतम ! अनन्त उत्सर्पिणी अवसर्पिणीकाल के व्यतीत होने के पश्चात् लोक में यह आश्चर्य समुत्पन्न होता है कि असुरकुमार देव ऊर्ध्व गमन करते हैं **यावत्** सौधर्मकल्प पर्यन्त जाते हैं।

प्र. भंते ! किसका आश्रय लेकर असुरकुमार देव ऊर्ध्व गमन करते हैं **यावत्** सौधर्मकल्प पर्यन्त जाते हैं ?

उ. गौतम ! जिस प्रकार यहाँ (मनुष्यलोक में) शबर, बर्बर, टंकण, चुच्चुक, प्रश्नक या पुलिन्द्र जाति के लोग किसी बड़े वन, गड्ढे, दुर्ग, गुफा, ऊबड़-खावड़ प्रदेश या पर्वत का आश्रय लेकर एक महान् व्यवस्थित अश्ववाहिनी, गजवाहिनी, पैदल सेना या धनुर्धारियों को आकुल-व्याकुल कर देते हैं। **इसी प्रकार** असुरकुमार देव अरिहन्त का या भावितात्मा अनगार का आश्रय लेकर ऊर्ध्वगमन करते हैं और सौधर्मकल्प पर्यन्त ऊपर जाते हैं।

प्र. भंते ! क्या सभी असुरकुमार देव सौधर्मकल्प पर्यन्त ऊर्ध्वगमन करते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। किन्तु महर्द्धिक असुरकुमार देव सौधर्म देवलोक पर्यन्त ऊपर जाते हैं।

प्र. भंते ! क्या असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर पहले कभी ऊपर सौधर्मकल्प पर्यन्त ऊर्ध्वगमन कर चुका है ?

उ. हाँ, गौतम ! यह असुरेन्द्र असुरराज चमर पहले सौधर्मकल्प पर्यन्त ऊर्ध्वगमन कर चुका है।

प्र. अहो भंते ! असुरेन्द्र असुरराज चमर ऐसा महाऋद्धि एवं महाद्युति वाला है **यावत्** दिव्य देवप्रभाव कहाँ प्रविष्ट हो गया ?

उ. गौतम ! **यहाँ भी कूटाकारशाला का दृष्टान्त कहना चाहिए।** (उसके अनुसार वह उसके शरीर में प्रविष्ट हो गयी।)

१३. पन्द्रह विशिष्ट असुरकुमार परमाधार्मिक देवों के नाम–

पन्द्रह परमाधार्मिक देव कहे गए हैं, यथा–

१. अंब,	२. अंबरिष,	३. श्याम,
४. शबल,	५. रौद्र,	६. उपरौद्र,
७. काल,	८. महाकाल,	९. असिपत्र,
१०. धनु,	११. कुंभ,	१२. वालुका,
१३. वैतरणी,	१४. खरस्वर,	१५. महाघोष।

१४. अन्तर्वर्ती मनुष्य क्षेत्र में ज्योतिष्कों के ऊर्ध्वोपपन्नकादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! मानुषोत्तर पर्वत के अंतरवर्ती चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारा रूप ज्योतिष्क देव क्या ऊर्ध्वोपपन्नक (सौधर्मादि विमानों से ऊपर उत्पन्न होने वाले) हैं ? विमानोपपन्नक (ज्योतिष्क विमानों में उत्पन्न होने वाले) हैं ? कल्पोपपन्नक (सौधर्मादि कल्पों में उत्पन्न होने वाले) हैं ? चारोपपन्नक (परिभ्रमण करने वाले) हैं, चारस्थितिक हैं, गतिरतिक हैं या गति समापन्नक हैं ?

उ. गौतम ! मानुषोत्तर पर्वतवर्ती चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारा रूप ज्योतिष्क देव ऊर्ध्वोपपन्नक नहीं हैं, कल्पोपपन्नक नहीं हैं, वे विमानोत्पन्नक हैं, चारोपपन्नक हैं, चारस्थितिक नहीं हैं, गतिरतिक हैं और गतिसमापन्नक हैं।

उद्धीमुह कलंबुअ पुप्फसंठाणसंठिएहिं, जोअणसाहस्सिएहिं तावखेत्तेहिं साहस्सियाहिं वेउव्विआहिं बाहिरियाहिं परिसाहिं महया-हय-णट्ट-गीय-वाइय-तंती-तल-ताल-तुडिअ-घण मुइंगपडुप्प वाइअरवेणं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा महया उक्किट्ठ सीहणाय बोल कलकलरवेणं अच्छं पव्वयरायं पयाहिणाऽवत्तमण्डलचारं मेरुं अणुपरियट्टंति। –जंबू. वक्ख. ७, सु. १७३

ऊर्ध्वमुखी कदम्ब पुष्प के आकार में संस्थित, सहस्रों योजनपर्यन्त तापक्षेत्र युक्त, वैक्रियलब्धि से युक्त, बाह्य परिषदाओं सहित, ज्योतिष्क देव नाट्य-गीत-वादन-रूप त्रिविध संगीतोपक्रम में जोर-जोर से बजाये जाते तन्त्री-तल-ताल-त्रुटित-घन-मृदंग-इन वाद्यों से उत्पन्न मधुर ध्वनि के साथ दिव्य भोग भोगते हुए उच्च स्वर से सिहंनाद करते हुए मुंह पर हाथ लगाकर जोर से ध्वनि करते हुए, कलकल शब्द करते हुए, निर्मल पर्वतराज मेरु की प्रदक्षिणावर्त मण्डल गति द्वारा प्रदक्षिणा करते रहते हैं।

१५. अंतोमणुस्सखेत्ते इंदस्स चवणाणंतर अण्णइंदस्स उववज्जण परूवणं–

प. तेसि णं भंते ! देवाणं जाहे इंदे चुए भवइ, से कहमियाणिं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! ताहे चत्तारि पंच वा सामाणिआ देवा तं ठाणं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति **जाव** तत्थ अण्णे इंदे उववण्णे भवइ।

प. इंदट्ठाणे णं भंते ! केवइअं कालं उववाएणं विरहिए ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं छम्मासे उववाएणं विरहिए।[1] –जंबू. वक्ख. ७, सु. १७४

१५. अन्तर्वर्ती मनुष्य क्षेत्र में इन्द्र के च्यवनान्तर अन्य इन्द्र के उत्पात का प्ररूपण–

प्र. भंते ! उन ज्योतिष्क देवों का इन्द्र जब च्युत (मृत) हो जाता है तब विरहकाल में वे क्या करते हैं ?

उ. गौतम ! जब तक दूसरा इन्द्र उत्पन्न होता है तब तक चार या पाँच सामानिक देव मिल कर उस इन्द्र स्थान का परिपालन करते हैं।

प्र. भंते ! इन्द्र का स्थान कितने समय तक नये इन्द्र की उत्पत्ति से विरहित रहता है ?

उ. गौतम ! वह कम से कम एक समय तथा अधिक से अधिक छह मास तक इन्द्रोत्पत्ति से विरहित रहता है।

१६. बहिया मणुस्सखेत्ते जोइसियाणं उड्ढोववण्णगाइ परूवणं–

बहिआ णं माणुसुत्तरस्स पव्वयस्स जे चंदिम-सूरिअ गह गण-णक्खत्त-तारारूवा तं चेव णेअव्वं।

णाणत्तं–विमाणोववण्णगा णो चारोववण्णगा, चारट्ठिईआ, णो गइरइआ, णो गइसमावण्णगा। पक्किट्ठग-संठाण-संठिएहिं जोअण-सय-साहस्सिएहिं तावखेत्तेहिं सय-साहस्सिआहिं वेउव्विआहिं बाहिराहिं परिसाहिं महया-हय-णट्ट **जाव** रवेणं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा सुहलेसा, मंदलेसा, मंदातवलेसा चित्तंतरलेसा अण्णोण्णसमोगाढाहिं लेसाहिं कूडाविव ठाणठिआ सव्वओ समन्ता ते पएसे ओभासंति, उज्जोवेंति, पभासेंति त्ति। –जंबू. वक्ख. ७, सु. १७४

१६. बहिर्वर्ती मनुष्य क्षेत्र में ज्योतिष्कों के ऊर्ध्वोपपन्नकादि का प्ररूपण–

मानुषोत्तर पर्वत के बहिर्वर्ती चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारा रूप ज्योतिष्क देवों का वर्णन पूर्वानुरूप जानना चाहिए।

किन्तु यह भिन्नता है–वे विमानोत्पन्नक हैं, चारोपपन्नक नहीं हैं, वे चारस्थितिक हैं, गतिरतिक नहीं हैं, गति-समापन्नक भी नहीं हैं। पकी हुई ईंट के आकार में संस्थित, लाखों योजन विस्तीर्ण, तापक्षेत्रयुक्त, नानाविधविकुर्वित रूप धारण करने में सक्षम, बाह्य परिषदाओं सहित वे ज्योतिष्क देव जोर-जोर से बजाये जाते वाद्यों और नाट्य ध्वनियों सहित **यावत्** दिव्य भोग भोगते हुए मंदलेश्या, मंदातप लेश्या, चित्र-विचित्र-लेश्या युक्त परस्पर अपनी-अपनी लेश्याओं द्वारा मिले हुए पर्वत के शिखरों जैसे अपने-अपने स्थानों में स्थित होकर आस-पास के सम्पूर्ण प्रदेशों को अवभासित करते हैं, उद्योतित करते हैं, प्रभासित करते हैं।

१७. बहिया मणुस्सखेत्ते इंदस्स चवणाणंतरं अण्णइंदस्स उववज्जण परूवणं–

प. तेसि णं भंते ! देवाणं जाहे इंदे चुए से कहमियाणिं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! ताहे चत्तारि पंच वा सामाणिआ देवा तं ठाणं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति **जाव** तत्थ अण्णे इंदे उववण्णे भवइ।

प. इंदट्ठाणे णं भंते ! केवइअं कालं उववाएणं विरहिए ?

१७. बहिर्वर्ती मनुष्य क्षेत्र में इन्द्र के च्यवनान्तर अन्य इन्द्र के उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! जब मानुषोतर पर्वत के बहिर्वर्ती इन ज्योतिष्क देवों का इन्द्र च्युत होता है तब विरहकाल में वे क्या करते हैं ?

उ. गौतम ! जब तक नया इन्द्र उत्पन्न होता है तब तक चार या पांच सामानिक देव परस्पर एकमत होकर इन्द्र स्थान का परिपालन करते हैं।

प्र. भन्ते ! इन्द्र स्थान कितने समय तक इन्द्रोत्पत्ति से विरहित रहता है ?

१. (क) जीवा पडि. ३, सु. १७९ (ख) विया. स. ८, उ. ८, सु. ४५ (ग) सूरिय. पा. १९, सु. १००

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं उक्कोसेणं छम्मासा।[1]

–जंबू. वक्ख. ७, सु. १७४

१८. देवकिब्बिसियाणं भेया ठाण य परूवणं–

प. कइविहा णं भन्ते ! देविकिब्बिसिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा देवकिब्बिसिया पण्णत्ता, तं जहा–

१. तिपलिओवमट्ठिईया,

२. तिसागरोवमट्ठिईया,

३. तेरससागरोवमट्ठिईया।

प. कहि णं भन्ते ! तिपलिओवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?

उ. गोयमा ! उप्पिं जोइसियाणं हिट्ठिं सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु एत्थ णं तिपलिओवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

प. कहि णं भंते ! तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवंसंति ?

उ. गोयमा ! उप्पिं सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं हेट्ठिंठ सणंकुमार माहिंदेसु कप्पेसु एत्थ णं तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

प. कहि णं भंते ! तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति ?

उ. गोयमा ! उप्पिं बंभलोगस्स कप्पस्स, हेट्ठिं लंतए कप्पे एत्थ णं तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति।

–विया. स. ९, उ. ३३, सु. १०४-१०७

१९. आहेवच्चकराणं इंदाणं लोगपालाणं नामाणि–

रायगिहे नगरे **जाव** पज्जुवासमाणे एवं वयासि–

प. १. असुरकुमाराणं भंते ! देवाणं कइ देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति ?

उ. गोयमा ! दस देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति, तं जहा–

१. चमरे असुरिंदे असुरराया,

२. सोमे, ३. जमे,

४. वरुणे, ५. वेसमणे,

६. बली वइरोयणिंदे वइरोयणराया,

७. सोमे, ८. जमे,

९. वरुणे, १०. वेसमणे।

प. २. नागकुमाराणं भंते ! देवाणं कइ देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति ?

उ. गोयमा ! दस देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति, तं जहा–

१. धरणे नागकुमारिंदे नागकुमार राया,

२. कालवाले, ३. कोलवाले,

४. सेलवाले, ५. संखवाले,

उ. गौतम ! वह जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छः मास इन्द्रोत्पत्ति से विरहित रहता है।

१८. किल्विषिक देवों के भेद और स्थानों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! किल्विषिक देव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! किल्विषिक देव तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. तीन पल्योपम की स्थिति वाले,

२. तीन सागरोपम की स्थिति वाले,

३. तेरह सागरोपम की स्थिति वाले।

प्र. भन्ते ! तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहां रहते हैं ?

उ. गौतम ! ज्योतिष्क देवों के ऊपर और सौधर्म ईशान कल्पों के नीचे तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

प्र. भंते ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहां रहते हैं ?

उ. गौतम ! सौधर्म और ईशानकल्पों के ऊपर तथा सनत्कुमार और माहेन्द्रकल्प के नीचे की प्रतर में तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

प्र. भंते ! तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहां रहते हैं ?

उ. गौतम ! ब्रह्मलोक कल्प के ऊपर तथा लान्तक कल्प के नीचे की प्रतर में तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

१९. आधिपत्य करने वाले इन्द्र और लोकपालों के नाम–

राजगृह नगर में **यावत्** पर्युपासना करते हुए गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–

प्र. १. भंते ! असुरकुमार देवों पर कितने देव आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते रहते हैं ?

उ. गौतम ! असुरकुमार देवों पर दस देव आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते रहते हैं, यथा–

१. असुरेन्द्र असुरराज चमर,

२. सोम, ३. यम,

४. वरुण, ५. वैश्रमण,

६. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि,

७. सोम, ८. यम,

९. वरुण, १०. वैश्रमण।

प्र. २. भंते ! नागकुमार देवों पर कितने देव आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते हैं ?

उ. गौतम ! नागकुमार देवों पर दस देव आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते हैं, यथा–

१. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण,

२. कालपाल, ३. कोलपाल,

४. शैलपाल, ५. शंखपाल,

---

१. (क) जीवा. पडि. ३, सु. १७९ (ख) विया. स. ८, उ. ८, सु. ४७ (ग) सूरिय. पा. १९, सु. १००

६. भूयाणंदे नागकुमारिंदे णागकुमारराया,
७. कालवाले, ८. कोलवाले,
९. संखवाले, १०. सेलवाले।

जहा नागकुमारिंदाणं एयाए वत्तव्वयाए णीयं एवं इमाणं नेयव्वं–

३. सुवण्णकुमाराणं–
१. वेणुदेवे, २. वेणुदाली,
१. चित्ते, २. विचित्ते,
३. चित्तपक्खे, ४. विचित्तपक्खे।

४. विज्जुकुमाराणं–
१. हरिक्कंते, २. हरिस्सह,
१. प्रभे, २. सुप्पभे,
३. पभकंते, ४. सुप्पभकंते।

५. अग्गिकुमाराणं–
१. अग्गिसीहे, २. अग्गिमाणवे,
१. तेउ, २. तेउसीहे,
३. तेउकंते, ४. तेउप्पभे।

६. दीवकुमाराणं–
१. पुण्णे, २. विसिट्ठे,
१. रूय, २. सुरूय,
३. रूयकंते, ४. रूयप्पभे।

७. उदहिकुमाराणं–
१. जलकंते, २. जलप्पभे,
१. जल, २. जलरूय,
३. जलकंत, ४. जलप्पभ।

८. दिसाकुमाराणं–
१. अमियगइ, २. अमियवाहणे,
१. तुरियगइ, २. खिप्पगइ,
३. सीहगइ, ४. सीहविक्कमगइ।

९. वाउकुमाराणं–
१. वेलंब, २. पभंजण,
१. काल, २. महाकाल,
३. अंजण, ४. रिट्ठा।

१०. थणियकुमाराणं–
१. घोस, २. महाघोस,
१. आवत्त, २. वियावत्त,
३. नंदियावत्त, ४. महानंदियावत्त।

एवं भाणियव्वं जहा असुरकुमारा।

प. पिसाय कुमाराणं भंते ! देवाणं कइ देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति ?

उ. गोयमा ! दो देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति, तं जहा–

६. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज भूतानन्द,
७. कालपाल, ८. कोलपाल,
९. शंखपाल, १०. शैलपाल।

जिस प्रकार नागकुमारों के इन्द्रों के विषय में कहा उसी प्रकार इन (देवों) के विषय में भी कहना चाहिए।

३. सुवर्णकुमार देवों पर–
(इन्द्र–२) १. वेणुदेव, २. वेणुदालि।
(लोकपाल-४) १. चित्र, २. विचित्र,
३. चित्रपक्ष, ४. विचित्रपक्ष।

४. विद्युत्कुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. हरिकान्त, २. हरिस्सह।
(लोकपाल-४) १. प्रभ, २. सुप्रभ,
३. प्रभाकान्त, ४. सुप्रभाकान्त।

५. अग्निकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. अग्निसिंह, २. अग्निमाणव।
(लोकपाल-४) १. तेज, २. तेजःसिंह,
३. तेजस्कान्त, ४. तेजःप्रभ।

६. द्वीपकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. पूर्ण, २. विशिष्ट।
(लोकपाल-४) १. रूप, २. स्वरूप,
३. रूपकान्त, ४. रूपप्रभ।

७. उदधिकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. जलकान्त, २. जलप्रभ।
(लोकपाल-४) १. जल, २. जलरूप,
३. जलकान्त, ४. जलप्रभ।

८. दिशाकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. अमितगति, २. अमितवाहन।
(लोकपाल-४) १. तूर्य गति, २. क्षिप्रगति,
३. सिंह गति, ४. सिंह विक्रमगति।

९. वायुकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. वेलम्ब, २. प्रभंजन।
(लोकपाल-४) १. काल, २. महाकाल,
३. अंजन, ४. रिष्ट।

१०. स्तनितकुमार देवों पर–
(इन्द्र-२) १. घोष, २. महाघोष।
(लोकपाल-४) १. आवर्त, २. व्यावर्त,
३. नन्दिकावर्त, ४. महानन्दिकावर्त। ये (आधिपत्य करते हुए रहते हैं।)

इन सबका कथन असुरकुमारों के समान कहना चाहिए।

प्र. भंते ! पिशाचकुमारों (वाणव्यन्तर देवों) पर कितने देव आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते हैं ?

उ. गौतम ! उन पर दो-दो देव (इन्द्र) आधिपत्य करते हुए **यावत्** विचरण करते हैं, यथा–

(१) १. काले य, २. महाकाले,
(२) १. सुरूवं, २. पडिरूवं,
(३) १. पुन्नभद्दे य, २. माणिभद्दे य,
(४) १. भीमे य तहा, २. महाभीमे,
(५) १. किन्नर, २. किं पुरिसे खलु,
(६) १. सप्पुरिसे खलु तहा, २. महापुरिसे,
(७) १. अइकाय, २. महाकाए,
(८) १. गीतरई चेव, २. गीयजसे।

एए वाणमंतराणं देवाणं।

जोइसियाणं देवाणं दो देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति, तं जहा–

१. चंदे य, २. सूरे य।

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु कइ देवा आहेवच्चं **जाव** विहरंति ?

उ. गोयमा ! दस देवा **जाव** विहरंति, तं जहा–

१. सक्के देविंदे देवराया, २. सोमे,
३. जमे, ४. वरुणे,
५. वेसमणे, ६. ईसाणे देविंदे देवराया,
७. सोमे, ८. जमे,
९. वरुणे, १०. वेसमणे।

एसा वत्तव्वया सव्वेसु वि कप्पेसु एए चेव भाणियव्वा।

जे य इंदा ते य भाणियव्वा। *–विया. स. ३, उ. ८, सु. १-६*

२०. भवणवासींदाणं लोगपालाण य अग्गमहिसी संखा परूवणं–

तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नामं नगरे गुणसिलए चेइए **जाव** परिसा पडिगया।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे अंतेवासी थेरा भगवंतो जाइसंपन्ना **जाव** विहरंति।

तए णं ते थेरा भगवंतो जायसड्ढा जायसंसया **जहा गोयमसामी जाव** पज्जुवासमाणा एवं वयासी–

प. चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो कइ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ ?

उ. अज्जो ! पंच अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. काली २. रायी, ३. रयणी, ४. विज्जू, ५. मेहा।
तत्थ णं एगमेगाए देवीए अट्ठण्ठट्ठ देवीसहस्स परिवारो पन्नत्तो।

(१) पिशाचेन्द्र– १. काल और २. महाकाल,
(२) भूतेन्द्र– १. सुरूप और २. प्रतिरूप,
(३) यक्षेन्द्र– १. पूर्णभद्र और २. मणिभद्र,
(४) राक्षसेन्द्र– १. भीम और २. महाभीम,
(५) किन्नरेन्द्र– १. किन्नर और २. किम्पुरुष,
(६) पुरुषेन्द्र– १. सत्पुरुष और २. महापुरुष,
(७) महोरगेन्द्र– १. अतिकाय और २. महाकाय,
(८) गंधर्वेन्द्र– १. गीतरति और २. गीतयश।

ये सब पिशाचादि वाणव्यन्तर देवों के अधिपति इन्द्रों के नाम हैं।

ज्योतिषिक देवों पर आधिपत्य करते हुए ये दो देव **यावत्** विचरण करते हैं, यथा–

१. चन्द्र, २. सूर्य।

प्र. भंते ! सौधर्म और ईशानकल्प में आधिपत्य करते हुए कितने देव **यावत्** विचरण करते हैं ?

उ. गौतम ! दस देव **यावत्** विचरण करते हैं, यथा–

१. देवेन्द्र देवराज शक्र, २. सोम,
३. यम, ४. वरुण,
५. वैश्रमण, ६. देवेन्द्र देवराज ईशान,
७. सोम, ८. यम,
९. वरुण, १०. वैश्रमण।

यह सारा कथन सभी कल्पों (देवलोकों) के विषय में इसी प्रकार कहना चाहिए।

जिस कल्प का जो इन्द्र है उसका नाम कहना चाहिए।

२०. भवनवासी इन्द्रों की और लोकपालों की अग्रमहिषियों की संख्या का प्ररूपण–

उस काल और उस समय में राजगृह नामक नगर था। वहां गुणशीलक नामक उद्यान था। (वहाँ श्रमण भगवान् महावीर स्वामी का समवरसरण हुआ) **यावत्** परिषद् (धर्मोपदेश सुनकर) लौट गई।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के बहुत से जातिसम्पन्न आदि विशेषणों से युक्त अन्तेवासी (शिष्य) स्थविर भगवंत **यावत्** विचरण करते थे।

एक बार उन स्थविरों (के मन) में श्रद्धा और शंका उत्पन्न हुई और वे गौतमस्वामी की तरह **यावत्** (भगवान की) पर्युपासना करते हुए इस प्रकार पूछने लगे–

प्र. भन्ते ! असुरेन्द्र असुरराज चमर की कितनी अग्रमहिषियाँ (मुख्य देवियाँ) कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! (चमरेन्द्र की पांच) अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. काली, २. राजी, ३. रजनी, ४. विद्युत्, ५. मेघा,
इनमें से एक-एक अग्रमहिषी का आठ-आठ हजार देवियों का परिवार कहा गया है।

पभू णं ताओ एगमेगा देवी अन्नाइं अट्ठऽट्ठ देवीसहस्साइं परिवारं विउव्वित्तए एवामेव सपुव्वावरेणं चत्तालीसं देवीसहस्सा, से त्तं तुडिए।

प. पभू णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए चमरंसि सिंहासणंसि तुडिएणं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए?

उ. अज्जो ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
नो पभू चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए **जाव** नो दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए?

उ. अज्जो ! चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए माणवए चेइयखंभं वइरामएसु गोलवट्टसमुग्गएसु बहूओ जिणसकहाओ सन्निक्खित्ताओ चिट्ठंति, जाओ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो अन्नेसिं च बहूणं असुरकुमाराणं देवाण य देवीण य अच्चणिज्जाओ, वंदणिज्जाओ, नमंसणिज्जाओ, पूयणिज्जाओ, सक्कारणिज्जाओ, सम्माणणिज्जाओ, कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासणिज्जाओ भवंति, तेसिं पणिहाए नो पभू।
से तेणट्ठेणं अज्जो ! एवं वुच्चइ–
'नो पभू चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया चमरचंचाए रायहाणीए **जाव** विहरित्तए।'
पभू णं अज्जो ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए चमरंसि सीहासणंसि चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीहिं तायत्तीसाए **जाव** अन्नेहिं य बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहि य देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे महयाहय **जाव** भुंजमाणे विहरित्तए केवलं परियारिद्धीए नो चेव णं मेहुणवत्तियं।

प. चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो सोमस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. कणगा २. कणगलया, ३. चित्तगुत्ता, ४. वसुंधरा।
तत्थ णं एगमेगाए देवीए एगमेगं देविसहस्सं परिवारो पन्नत्तो, पभू णं ताओ एगमेगा देवी अन्नं एगमेगं देविसहस्सं परिवारं विउव्वित्तए। एवामेव चत्तारि देव देविसहस्सा से त्तं तुडिए।

प. पभू णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो सोमे महाराया सोमाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए सोमंसि सीहासणंसि तुडिएणं?

एक-एक देवी दूसरी आठ-आठ हजार देवियों के परिवार की विकुर्वणा कर सकती है। इस प्रकार पूर्वापर सब मिलाकर (पाँच अग्रमहिषियों का परिवार) चालीस हजार देवियां हैं। यह चमरेन्द्र का त्रुटिक (अन्तःपुर) है।

१. अर्हन्तों के जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने के अवसर पर,

३. अर्हन्तों के केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सव पर,

४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

४१. तत्काल उत्पन्न देव के मनुष्य लोक में अनागमन-आगमन के कारणों का प्ररूपण–

(क) चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है किन्तु आ नहीं सकता, यथा–

१. देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव दिव्य काम भोगों में,

मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त होकर मानवीय काम भोगों को न आदर देता है,

न अच्छा जानता है, न उनसे प्रयोजन रखता है,

न निदान (उन्हें पाने का संकल्प) करता है,

न स्थिति प्रकल्प (उनके बीच रहने की इच्छा) करता है।

२. देवलोक में तत्काल उत्पन्न, दिव्यकामभोगों में

मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव का मनुष्य संबंधी प्रेम व्युच्छिन्न हो जाता है तथा उनमें दिव्य प्रेम संक्रान्त हो जाता है।

३. देवलोक में तत्काल उत्पन्न, दिव्य कामभोगों में

मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव सोचता है कि मैं अभी (मनुष्य लोक में) जाऊँ, मुहूर्त भर में जाऊँ इतने से समय में अल्पायुष्क मनुष्य काल धर्म को प्राप्त हो जाते हैं।

४. देवलोक में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में–

---

१. ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४२

२. ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८३/१

मुच्छिए, गिद्धे, गढिए, अज्झोववण्णे तस्स णं माणुस्सए गंधे पडिकूले पडिलोमे या वि भवइ,

उड्ढंपि य णं माणुस्सए गंधे **जाव** चत्तारि पंच जोयणसयाइं हव्वमागच्छइ।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, नो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

(ख) चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए संचाएइ हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–

१. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिए अगिद्धे अगढिए अणज्झोववण्णे, तस्स णं एवं भवइ, अत्थि खलु मम माणुस्सए भवे आयरिएइ वा, उवज्झाएइ वा, पवत्तेइ वा, थेरेइ वा, गणीइ वा, गणधरेइ वा, गणवच्छेएइ वा जेसिं पभावेणं मए इमा एयारूवा दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवजुइ, लद्धा पत्ता अभिसमण्णागया तं गच्छामि णं ते भगवंते वंदामि **जाव** पज्जुवासामि।

२. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए, अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ–'एस णं माणुस्सए भवे नाणीइ वा, तवस्सीइ वा, अइदुक्कर दुक्कर कारए'' तं गच्छामि णं ते भगवं ते वंदामि **जाव** पज्जुवासामि।

३. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए, अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ–''अत्थि णं मम माणुस्सए भवे मायाइ वा **जाव** सुण्हाइ वा, तं गच्छामि णं तेसिमंतियं पाउब्भवामि, पासंतु ता मे इममेयारूवं दिव्वं देवड्ढिं दिव्वं देवजुइं लद्धे पत्तं अभिसमण्णागयं[1]।

४. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ ''अत्थि णं मम माणुस्सए भवे मित्तेइ वा, सहाइ वा, सुहीइ वा, सहाएइ वा, संगएइ वा तेसिं च णं अम्हे अण्णमण्णस्स संगारं पडिसुए भवइ'' जो मे पुव्विं चयइ से संबोहेयव्वे।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

–ठाणं. अ.४, उ. ३, सु. ३२३

मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव को इस मनुष्य लोक की गन्ध प्रतिकूल और प्रतिलोम लगने लग जाती है।

मनुष्य लोक की गन्ध चार पांच सौ योजन ऊँचाई पर्यन्त आती रहती है।

तत्काल उत्पन्न देव देवलोक से मनुष्य लोक में आना चाहता है किन्तु उक्त चार कारणों से आ नहीं पाता है।

(ख) चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्यलोक में आना चाहता है और आ भी सकता है, यथा–

१. देवलोकों में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में अमूर्च्छित, अगृद्ध, अबद्ध तथा अनासक्त देव यह विचार करता है कि मेरे मनुष्य भव के जो आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, स्थविर, गणी, गणधर तथा गणावच्छेदक हैं जिनके प्रभाव से मुझे यह और इस प्रकार की दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति लब्ध प्राप्त और अभिसमन्वागत हुई है अतः मैं जाऊँ और उन भगवन्तों की वंदना करूँ **यावत्** पर्युपासना करूँ।

२. देवलोकों में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में अमूर्च्छित, अगृद्ध, अबद्ध तथा अनासक्त देव इस प्रकार सोचता है कि वे मेरे मनुष्य भव के ज्ञानी, अति दुष्कर तपस्या करने वाले तपस्वी हैं अतः मैं जाऊँ और उन भगवन्तों की वंदना करूँ **यावत्** पर्युपासना करूँ।

३. देवलोक में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में अमूर्च्छित, अगृद्ध, अबद्ध तथा अनासक्त देव इस प्रकार सोचता है कि वे मेरे मनुष्य भव की माता **यावत्** पुत्रवधू है, अतः मैं जाऊं और उनके सामने प्रकट होऊँ,

जिससे वे लब्ध प्राप्त और अधिगत हुई मेरी यह और इस प्रकार की दिव्य देवर्द्धि दिव्य देवद्युति को देखें।

४. देवलोक में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में अमूर्च्छित, अगृद्ध, अबद्ध तथा अनासक्त देव इस प्रकार सोचता है कि–'मेरे मनुष्य भव के जो मित्र, बाल सखा, हितैषी, सहचर तथा परिचित हैं और जिनसे मैंने परस्पर संकेतात्मक प्रतिज्ञा की थी कि जो पहले च्युत होगा वह दूसरे को संबोधित करेगा।'

इस प्रकार इन चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है और आता है।

४२. देविंदाईणं मणुस्सलोगे आगमण कारण परूवणं–

४२. देवेन्द्रों आदि के मनुष्य लोक में आगमन के कारणों का प्ररूपण–

चउहिं ठाणेहिं देविंदा माणुसं लोगे हव्वमागच्छंति, तं जहा–

१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं,

२. अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,

चार कारणों से देवेन्द्र तत्काल मनुष्यलोक में आते हैं, यथा–

१. अर्हन्तों का जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने के अवसर पर,

१. ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८३/२

३. अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,

४. अरहंताणं परिनिव्वाणमहिमासु।

एवं सामाणिया, तायत्तीसगा, लोगपालदेवा, अग्गमहिसीओ देवीओ, परिसोववण्णगा देवा, अणियाहिवई देवा, आयरक्खदेवा माणुसं लोगं हव्वमागच्छंति, तं जहा–

१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं,

२. अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,

३. अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,

४. अरंहताणं परिनिव्वाणमहिमासु[1]।

–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३२४ (३-४)

४३. देवलोगेसु अंधकार कारण परूवणं–

चउहिं ठाणेहिं देवंधगारे सिया, तं जहा–

१. अरंहतेहिं वोच्छिज्जमाणेहिं,

२. अरहंतपण्णत्ते धम्मे वोच्छिज्जमाणे,

३. पुव्वगए वोच्छिज्जमाणे,

४. जायतेजे वोच्छिज्जमाणे। *–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३२४*

४४. देवलोगेसु उज्जोयकारण परूवणं–

चउहिं ठाणेहिं देवुज्जोए सिया, तं जहा–

१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं,

२. अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,

३. अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,

४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु[2]।

–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३२४

४५. सक्कईसाणिंदाणं परोप्परं ववहाराइ परूवणं–

प. पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

प. से णं भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

उ. गोयमा ! आढायमाणे पभू, नो अणाढायमाणे पभू।

प. पभू णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

प. से भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

उ. गोयमा ! आढायमाणे वि पभू, अणाढायमाणे वि पभू।

प. पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणं देविंदं देवरायं सपक्खिं सपडिदिसिं समभिलोएत्तए ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

३. अर्हन्तों के केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सव पर,

४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

इसी प्रकार सामानिक, त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल देव, अग्रमहिषी देवियाँ, सभासद, सेनापति तथा आत्मरक्षक देव इन चार कारणों से तत्क्षण मनुष्य लोक में आते हैं, यथा–

१. अर्हन्तों का जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने के अवसर पर,

३. अर्हन्तों के केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सव पर,

४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

४३. देवलोक में अंधकार के कारणों का प्ररूपण–

चार कारणों से देवलोक में अन्धकार होता है, यथा–

१. अर्हन्तों के व्युच्छिन्न होने पर,

२. अर्हन्त-प्रज्ञप्त धर्म के व्युच्छिन्न होने पर,

३. पूर्वगत के व्युच्छिन्न होने पर,

४. अग्नि के व्युच्छिन्न होने पर।

४४. देवलोक में उद्योत के कारणों का प्ररूपण–

चार कारणों से देवलोक में उद्योत होता है, यथा–

१. अर्हन्तों का जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने पर,

३. अर्हन्तों के केवलज्ञान उत्पन्न होने के महोत्सव पर,

४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

४५. शक्र और ईशानेन्द्र के परस्पर व्यवहारादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र देवेन्द्र देवराज ईशान के पास जाने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! (शक्रेन्द्र ईशानेन्द्र के पास जाने में) समर्थ है।

प्र. भन्ते ! क्या वह आदर करता हुआ जाता है या अनादर करता हुआ जाता है ?

उ. गौतम ! वह (ईशानेन्द्र का) आदर करता हुआ जाता है किन्तु अनादर करता हुआ नहीं जाता है।

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज ईशान, क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के पास जाने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! (ईशानेन्द्र शक्रेन्द्र के पास जाने में) समर्थ है।

प्र. भन्ते ! क्या वह आदर करता हुआ जाता है या अनादर करता हुआ जाता है ?

उ. गौतम ! वह आदर करता हुआ भी जाता है और अनादर करता हुआ भी जाता है।

प्र. भन्ते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र देवेन्द्र देवराज ईशान के समक्ष सभी ओर से देखने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! समर्थ है।

---

१. ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४२

२. ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४२

जहा पाउब्भवणा तहा दो वि आलावगा नेयव्वा।

प. पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणे णं देविंदेणं देवरण्णो सद्धिं आलावं वा, संलावं वा करेत्तए ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू, **जहा पाउब्भवणा।**

प. अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं किच्चाइं करणिज्जाइं समुप्पज्जंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से कहमिदाणिं भंते ! पकरेंति ?

उ. गोयमा ! ताहे चेव णं से सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवइ ईसाणे णं देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवइ, इति भो ! सक्का !

देविंदा ! देवराया ! दाहिणड्ढलोगाहिवई,

इति भो ! ईसाणा ! देविंदा ! देवराया ! उत्तरड्ढलोगाहिवई,

इति भो ! त्ति ते अन्नमन्नस्स किच्चाइं करणिज्जाइं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

प. अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं विवादा समुप्पज्जंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से कहमिदाणिं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! ताहे चेव णं ते सक्कीसाणा देविंदा देवरायाणो सणंकुमारे देविंदे देवरायं मणसीकरेंति तए णं से सणंकुमारे देविंदे देवराया तेहिं सक्कीसाणेहिं देविंदेहिं देवराईहिं मणसीकए समाणे खिप्पामेव सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं अंतियं पाउब्भवइ जे से वयइ तस्स आणाउववाय वयण निद्देसे चिट्ठंति।

–विया. स. ३, उ. १, सु. ५६-६१

४६. सक्कस्स सुहम्मसभा इड्ढी य परूवणं–

प. कहि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सभा सुहम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जंबूदीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं **जाव** बहुईओ जोयण कोड़ाकोडीओ उड्ढं दूरं वीईवइत्ता एत्थ णं सोहम्मे कप्पे पण्णत्ते तस्स बहुमज्झदेसभाए पंच वडिंसया पण्णत्ता, तं जहा–

१. असोगवडेंसए, २. सत्तवण्णवडेंसए,

३. चंपगवडेंसए, ४. चूयवडेंसए,

५. मज्झे सोहम्मवडेंसए।

से णं सोहम्मवडेंसए महाविमाणे अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं आयाम विक्खंभेणं,

जिस प्रकार जाने के सम्बन्ध में दो आलापक कहे हैं उसी प्रकार देखने के सम्बन्ध में भी दो आलापक कहने चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र देवेन्द्र देवराज ईशान के साथ आलाप संलाप (बातचीत) करने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह (आलाप संलाप करने में) समर्थ है, **जाने के समान यहां भी दो आलापक कहने चाहिए।**

प्र. भन्ते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र और देवेन्द्र देवराज ईशान के बीच में परस्पर करने योग्य कोई कार्य होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं।

प्र. भंते ! उस समय वे क्या करते हैं ?

उ. गौतम ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र को कार्य होता है तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज ईशान के पास जाता है। जब देवेन्द्र देवराज ईशान को कार्य होता है तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज शक्र के पास जाता है।

और हे ! दक्षिणार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र !

देवराज शक्र ! ऐसा है।'

'हे उत्तरार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र देवराज ईशान ! ऐसा है'

इस प्रकार के शब्दों से परस्पर सम्बोधित करके वे एक दूसरे के प्रयोजनभूत कार्यों का अनुभव करते हुए विचरते हैं।

प्र. भंते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र और ईशान इन दोनों के बीच में विवाद भी हो जाता है ?

उ. हाँ, गौतम ! (इन दोनों इन्द्रों के बीच विवाद भी) हो जाता है।

प्र. भंते ! वे इस समय (समाधान) के लिए क्या करते हैं ?

उ. गौतम ! शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र में परस्पर विवाद उत्पन्न होने पर वे दोनों देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार देवेन्द्र देवराज का मन में स्मरण करते हैं तब देवेन्द्र देवराज शक्र और ईशान के द्वारा मन में स्मरण किये गये देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार उन देवेन्द्र देवराज शक्र और ईशान के समक्ष प्रकट होते हैं और वह जो भी कहता है उसे ये दोनों इन्द्र मानते हैं तथा उसकी आज्ञा सेवा और निर्देश के अनुसार प्रवृत्ति करते हैं।

४६. शक्र की सुधर्मा सभा और ऋद्धि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र की सुधर्मा सभा कहाँ कही गई है ?

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण दिशा में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसम रमणीय भूभाग से ऊपर यावत् अनेक कोटाकोटी योजन दूर ऊँचाई में सौधर्म कल्प कहा गया है उसके बीचों-बीच पाँच प्रासादावतंसक कहे गए हैं, यथा–

१. अशोकावतंसक, २. सप्तपर्णावतंसक,

३. चंपकावतंसक, ४. आम्रावतंसक,

५. मध्य में सौधर्मावतंसक।

वह सौधर्मावतसंक महाविमान लम्बाई और चौड़ाई से साढ़े बारह लाख योजन है।

एत्थ णं सोहम्मवडेंसए सुहम्मा सभा पण्णत्ता, एगं जोयण सयं आयामेणं पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं बावत्तरिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं अणेग खंभ **जाव** अच्छरयण पासाईया।

एवं जइ सूरियाभे तहेव माणं तहेव उववाओ सक्कस्स य अभिसेओ तहेव जह सुरियाभस्स अलंकार अच्चणिया तहेव जाव **आयरक्ख त्ति।**

दो सागरोवमाइं ठिई।

प. सक्के णं भंते ! देविंदे देवराया के महिड्ढीए **जाव** के महासोक्खे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! महिड्ढीए **जाव** महासोक्खे पण्णत्ते,

से णं तत्थ बत्तीसाए विमाणावाससयसहस्साणं, चउरासीए सामाणियसाहस्सीणं, तायत्तीसाए तायत्तीसगाणं चउण्हं लोगपालाणं अट्ठण्हं अग्गमहिसीणं **जाव** अन्नेसिं च बहूणं **जाव** देवाण य देवीण य आहेवच्चं **जाव** करेमाणे पालेमाणे त्ति विहरइ।

एमहिड्ढीए **जाव** एमहासोक्खे सक्के देविंदे देवराया।

–विया. स. १०, उ. ६, सु. १-२

४७. ईसाणस्स सुहम्मा सभाइड्ढि य परूवणं–

प. कहि णं भंते ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सभा सुहम्मा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! जंबूदीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम **जाव** तारारूवाणं **ठाणपए** जाव **मज्झे ईसाणवडेंसए।**

से णं ईसाणवडेंसए महाविमाणे अड्ढतेरस जोयणसयसहस्साइं।

एवं जहा दसमसए सक्कविमाण वत्तव्वया सा इह वि ईसाणस्स निरवसेसा भाणियव्वा जाव **आयरक्ख त्ति।**

ठिई साइरेगाइं दो सागरोवमाइं।

सेसं तं चेव जाव **'ईसाणे देविंदे देवराया ईसाणे देविंदे देवराया।'**

–विया. स. १७, उ. ५, सु. १

४८. सक्कीसाणस्स लोगपालाणं वित्थरओ परूवणं–

प. सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो कइ लोगपाला पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि लोगपाला पण्णत्ता, तं जहा–

१. सोमे, २. जमे,
३. वरुणे, ४. वेसमणे।

प. एएसि णं भंते ! चउण्हं लोगपालाणं कइ विमाणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. संझप्पभे, २. वरसिट्ठे,
३. सतंजले, ४. वग्गू।

उस सौधर्मावतंसक में सुधर्मा सभा कही गई है, जो एक सौ योजन लम्बी, पचास योजन चौड़ी और बहत्तर योजन ऊँची है, अनेक स्तम्भों से युक्त **यावत्** निर्मल रत्नों से खचित एवं मन को प्रसन्न करने वाली है।

इस प्रकार सूर्याभविमान के समान विमान प्रमाण तथा शक्र के उपपात, अभिषेक, अलंकार, अर्चनिका और आत्मरक्षक इत्यादि का कथन सूर्याभदेव के समान जानना चाहिए।

उसकी स्थिति (आयु) दो सागरोपम की है।

प्र. भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र कितनी ऋद्धि वाला **यावत्** कितने महान् सुख वाला कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह महा ऋद्धिशाली **यावत्** महासुख सम्पन्न कहा गया है।

वह वहाँ बत्तीस लाख विमानावासों, चौरासी हजार सामानिक देवों, तेत्तीस त्रायस्त्रिशक देवों, चार लोकपालों, आठ अग्रमहिषियों तथा अन्य बहुत से देव देवियों का आधिपत्य **यावत्** पालन करता हुआ विचरता है।

वह देवराज शक्र इस प्रकार महान्ऋद्धि **यावत्** महान् सौख्य सम्पन्न है।

४७. ईशान की सुधर्मा सभा और ऋद्धि का प्ररूपण–

प्र. देवेन्द्र देवराज ईशान की सुधर्मा सभा कहां कही गई है ?

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर पर्वत के उत्तर में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के अत्यन्त सम रमणीय भूभाग से आगे चन्द्र **यावत्** तारारूपों से ऊपर मध्यभाग में **ईशानावतंसक विमान पर्यन्त प्रज्ञापना सूत्र के स्थान पद के अनुसार कहना चाहिए।**

वह ईशानावतंसक महाविमान साढ़े बारह लाख योजन लम्बा चौड़ा है इत्यादि

(पूर्ववत्) दशवें शतक में कहे गए शक्रेन्द्र के विमान के वर्णन के समान ईशानेन्द्र का समग्र वर्णन आत्मरक्षक देवों पर्यन्त करना चाहिए।

ईशानेन्द्र की स्थिति दो सागरोपम से कुछ अधिक की है।

शेष सब वर्णन यह देवेन्द्र देवराज ईशान है, यह देवेन्द्र देवराज ईशान है पर्यन्त पूर्ववत् जानना चाहिए।

४८. शक्र और ईशान के लोकपालों का विस्तार से प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के कितने लोकपाल कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! चार लोकपाल कहे गए हैं, यथा–

१. सोम, २. यम,
३. वरुण, ४. वैश्रमण।

प्र. भन्ते ! इन चारों लोकपालों के कितने विमान कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! इन चारों लोकपालों के चार विमान कहे गए हैं, यथा–

१. सन्ध्याप्रभ, २. वरशिष्ट,
३. स्वयंज्वल, ४. वल्गू।

प. १. कहि णं भन्ते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो संझप्पभे णामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम-रमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं-चंदिम-सूरिय-गहगण-नक्खत्त-तारा रूवाणं बहूइं जोयणाइं **जाव** पंच वडिंसया पण्णत्ता, तं जहा–

१. असोयवडिंसए, २. सत्तवण्णवडिंसए,
३. चंपयवडिंसए, ४. चूयवडिंसए,
५. मज्झे सोहम्मवडिंसए।

तस्स णं सोहम्मवडेंसयस्स महाविमाणस्स पुरत्थिमेणं सोहम्मे कप्पे असंखेज्जाइं जोयणाइं वीईवइत्ता एत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो संझप्पभे नामं महाविमाणे पण्णत्ते।

अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं,
ऊयालीयं जोयणसयसहस्साइं बावण्णं च सहस्साइं अट्ठ य अड़याले जोयणसए किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते।

जा सूरियाभविमाणस्स वत्तव्वया सा अपरिसेसा भाणियव्वा जाव **अभिसेयो–**

णवरं–सोमे देवे[1]

संझप्पभस्स णं महाविमाणस्स अहे सपक्खिं सपडिदिसिं असंखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ओगाहित्ता एत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सोमा नामं रायहाणी पण्णत्ता, एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं जंबूद्दीवपमाणा। वेमाणियाणं पमाणस्स अद्धं नेयव्वं **जाव** उवरियलेणं सोलस जोयणसहस्साइं आयामविक्खंभेणं, पण्णासं जोयणसहस्साइं पंच य सत्ताणउए जोयणसए किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं पण्णत्ते।

पासायाणं चत्तारि परिवाडीओ नेयव्वाओ, सेसा नत्थि।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो इमे देवा आणा उववाय-वयण निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा–

सोमकाइया इ वा, सोमदेवकाइया इ वा, विज्जुकुमारा-विज्जुकुमारीओ, अग्गिकुमारा-अग्गिकुमारीओ, वाउकुमारा-वाउकुमारीओ, चंदा-सूरा-गहा-नक्खत्ता-तारारूवा, जे याऽवन्ने तहप्पगारा सव्वे से तब्भत्तिया तप्पक्खिया तब्भारिया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति।

जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा–

प्र. १. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम नामक महाराज का सन्ध्याप्रभ नामक महाविमान कहाँ कहा गया है ?

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर (मेरु) पर्वत से दक्षिण दिशा में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसम और रमणीय भूभाग से ऊपर चन्द्र, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र और तारारूपों से भी बहुत योजन ऊपर **यावत्** पांच अवतंसक कहे गए हैं, यथा–

१. अशोकावतंसक, २. सप्तपर्णावतंसक,
३. चम्पकावतंसक, ४. चूतावतंसक,
५. मध्य में सौधर्मावतंसक।

उस सौधर्मावतंसक महाविमान से पूर्व में, सौधर्मकल्प में असंख्यात योजन दूर जाने के बाद वहाँ पर देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम नामक महाराज का सन्ध्याप्रभ नामक महाविमान कहा गया है।

जिसकी लम्बाई-चौड़ाई साढ़े बारह लाख योजन है।
उसकी परिधि उनचालीस लाख बावन हजार आठ सौ अड़तालीस योजन से कुछ अधिक की कही गई है।

इस विमान का समग्र वर्णन अभिषेक पर्यन्त सूर्याभदेव के विमान के समान कहना चाहिए।

विशेष–सूर्याभदेव के स्थान में "सोमदेव" कहना चाहिए।

सन्ध्याप्रभ महाविमान के ठीक नीचे आमने-सामने असंख्यात लाख योजन आगे (दूर) जाने पर देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम महाराज की सोमा नाम की राजधानी कही गई है, जो जम्बूद्वीप के समान एक लाख योजन लम्बी-चौड़ी है। वैमानिकों के प्रासादआदिकों से यहां प्रासाद आदि का परिमाण **यावत्** घर के ऊपर के पीठबन्ध तक आधा कहना चाहिए। घर के पीठबन्ध का आयाम विष्कम्भ सोलह हजार योजन है, उसकी परिधि पचास हजार पांच सौ सत्तानवे योजन से कुछ अधिक कही गई है।

प्रासादों की चार परिपाटियां कहनी चाहिए। शेष वर्णन नहीं कहना चाहिए।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम महाराज की आज्ञा सेवा आदेश और निर्देश में ये देव रहते हैं, यथा–

सोमकायिक, सोमदेवकायिक, विद्युत्कुमार, विद्युत्कुमारियां, अग्निकुमार, अग्निकुमारियां, वायुकुमार, वायुकुमारियां, चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारारूप ये तथा इसी प्रकार के दूसरे सब उसकी भक्ति वाले, उसके पक्ष वाले, उससे भरण-पोषण पाने वाले देव उसकी आज्ञा सेवा उपपात आदेश और निर्देश में रहते हैं।

इस जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत के दक्षिण में जो ये कार्य होते हैं, यथा–

---

१. धर्मकथानुयोग भाग २, खण्ड ४, पृष्ठ ११-१२५

गहदंडा इ वा, गहमूसला इ वा, गहगज्जिया इ वा, गहजुद्धा इ वा, गहसिंघाडगा इ वा, गहावसव्वा इ वा, अब्भा इ वा, अब्भरुक्खा इ वा, संझा इ वा, गंधव्वनगरा इ वा, उक्कापाया इ वा, दिसीदाहा इ वा, गज्जिया इ वा, विज्जुया इ वा, पंसुवुट्ठी इ वा, जूवेइ वा, जक्खालित्ते इ वा, धूमिया इ वा,महिया इ वा, रयुग्घाया इ वा, चंदोवरागा इ वा, सूरोवरागा इ वा, चंदपरिवेसा इ वा, सूरपरिवेसा इ वा, पडिचंदा इ वा, पडिसूरा इ वा, इंदधणू इ वा, उदगमच्छ, कपिहसिय, अमोह-पाइणवाया इ वा, पडीणवाया इ वा **जाव** संवट्टयवाया इ वा, गामदाहा इ वा, **जाव** सन्निवेसदाहा इ वा, पाणक्खया जणक्खया, धणक्खया, कुलक्खया, वसणब्भूया, अणारिया जे याऽवन्ने तहप्पगाराणं ते सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो अण्णाया अदिट्ठा असुया अमुया अविण्णाया, तेसिं वा सोमकाइयाणं देवाणं।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो इमे अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तं जहा–

१. इंगालए, २. वियालए,
३. लोहियक्खे, ४. सणिच्छरे,
५. चंदे, ६. सूरे,
७. सुक्के, ८. बुहे,
९. बहस्सई, १०. राहू।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सत्तिभागं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता, अहावच्चाभिण्णायाणं देवाणं एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता, एमहिड्ढीए **जाव** एमहाणुभागे सोमे महाराया।

प. २. कहि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो वरसिट्ठे णामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! सोहम्मवडिंसयस्स महाविमाणस्स दाहिणेणं सोहम्मे कप्पे असंखेज्जाइं जोयणसहस्साइं वोईवइत्ता एत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो वरसिट्ठे णामं महाविमाणे पण्णत्ते, अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं **जहा सोमस्स विमाणं तहा** जाव **अभिसेओ रायहाणी तहेव जाव पासायपंतीओ।**

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो इमे देवा आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा–

जमकाइया इ वा, जमदेवकाइया इ वा, पेयकाइया इ वा, पेयदेवकाइया इ वा, असुरकुमारा, असुरकुमारीओ, कंदप्पा, निरयवाला आभिओगा जे याऽवन्ने तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिया तप्पक्खिया तब्भारिया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति।

जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा–

ग्रहदण्ड, ग्रहमूसल, ग्रहगर्जित, ग्रहयुद्ध, ग्रह-शृंगाटक, ग्रह प्रतिकूलचाल अभ्र बादल, अभ्रवृक्ष, सन्ध्या, गन्धर्वनगर, उल्कापात, दिग्दाह, गर्जित, विद्युत् (बिजली चमकना) धूल-वृष्टि, यूप, यक्षादीप्त धूमिका, महिका, रज-उद्घात, चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण, चन्द्रपरिवेष (चन्द्रमण्डल) सूर्यपरिवेष (सूर्यमण्डल) प्रतिचन्द्र, प्रतिसूर्य, इन्द्रधनुष, उदकमत्स्य, कपिहसित, अमोघ, पूर्वदिशा का वात, पश्चिम दिशा का वात **यावत्** संवर्तक वात, ग्रामदाह-**यावत्** सन्निवेशदाह, प्राणक्षय, जनक्षय, धनक्षय, कुलक्षय, व्यसनभूत अनार्य (पापरूप) तथा उस प्रकार के दूसरे सभी कार्य देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम महाराज से अज्ञात, अदृष्ट, अश्रुत, अविस्मृत और अविज्ञात (अनजान में) नहीं होते हैं। अथवा वे सब कार्य सोमकायिक देवों से भी अज्ञात नहीं होते, अर्थात् उनकी जानकारी में ही होते हैं।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम महाराज के ये देव यथापत्यरूप पुत्ररूप से अभिज्ञात (जाने हुए) होते हैं, यथा–

१. अंगारक (मंगल) २. विकालिक,
३. लोहिताक्ष, ४. शनैश्चर,
५. चन्द्र, ६. सूर्य,
७. शुक्र, ८. बुध,
९. बृहस्पति, १०. राहु।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम महाराज की स्थिति तीन भाग सहित एक पल्योपम की कही गई है और उसके द्वारा अपत्यरूप से माने गए देवों की स्थिति एक पल्योपम की कही गई है। इस प्रकार सोम-महाराज महाऋद्धि वाला **यावत्** महाप्रभाव वाला है।

प्र. २. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-यम महाराज का वरशिष्ट नामक महाविमान कहाँ कहा गया है ?

उ. गौतम ! सौधर्मावतंसक नाम के महाविमान से दक्षिण में, सौधर्मकल्प से असंख्यात हजार योजन आगे चलने पर देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज का वरशिष्ट नामक महाविमान कहा गया है, जो साढ़े बारह योजन लम्बा चौड़ा है, **इस विमान का समग्र वर्णन अभिषेक पर्यन्त सोम महाराज के विमान की तरह कहना चाहिए। इसी प्रकार राजधानी और प्रासादों की पंक्तियों का वर्णन भी कहना चाहिए।**

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज की आज्ञा, सेवा, उपपात, आदेश और निर्देश में ये देव रहते हैं, यथा–

यमकायिक, यमदेवकायिक, प्रेतकायिक, प्रेतदेव कायिक, असुरकुमार, असुरकुमारियाँ, कन्दर्प, नरकपाल, आभियोगिक ये और इसी प्रकार के वे सब देव जो उस यम महाराज की भक्ति में तत्पर हैं, उसके पक्ष के हैं, उसके भृत्य हैं, ये सब देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज की आज्ञा सेवा उपपात आदेश और निर्देश में रहते हैं।

जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मेरुपर्वत से दक्षिण में जो ये कार्य समुत्पन्न होते हैं, यथा–

डिंबा इ वा, डमरा इ वा, कलहा इ वा, बोला इ वा, खारा इ वा, महाजुद्धा इ वा, महासंगामा इ वा, महासत्थनिवडणा इ वा, महापुरिसनिवडणा इ वा, महारुधिर-निवडणा इ वा, दुब्भूया इ वा, कुलरोगा इ वा, गामरोगा इ वा, मंडलरोगा इ वा, नगररोगा इ वा, सीसवेयणा इ वा, अच्छिवेयणा इ वा, कण्ण-नह-दंतवेयणा इ वा, इंदग्गहा इ वा, खंदग्गहा इ वा, कुमारग्गहा इ वा, जक्खग्गहा इ वा, भूयग्गहा इ वा, एगाहिया इ वा, बेहिया इ वा, तेहिया इ वा, चाउत्थया इ वा, उव्वेयगा इ वा, कासा इ वा, सासा इ वा, सोसा इ वा, जरा इ वा, दाहा इ वा, कच्छकोहा इ वा, अजीरिया इ वा, पंडुरोगा इ वा, अरिसा इ वा, भगंदला इ वा, हियसूला इ वा, मत्थयसूला इ वा, जोणिसूला इ वा, पाससूला इ वा, कुच्छिसूला इ वा, गाममारी इ वा, नगर-खेड-कब्बड-दोणमुह-मडंब-पट्टण आसम संवाह सन्निवेसमारी इ वा, पाणक्खया इ वा, धणक्खया इ वा, जणक्खया इ वा कुलक्खया इ वा, वसणब्भूया इ वा, अणारिया जे याऽवन्ने तहप्पगारा न ते सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो अण्णाया अदिट्ठा असुया अमुया अविण्णाया तेसिं वा जमकाइयाणं देवाणं।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो इमे देवा अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तं जहा–

१. अंबे, २. अंबरिसे चेव,
३. सामे, ४. सबले त्ति यावरे।
५-६. रुद्दोवरुद्दे, ७. काले य,
८. महाकाले त्ति यावरे॥
९. असी य, १०. असिपत्ते,
११. कुंभे, १२. वालू,
१३. वेतरणी इ य। १४. खरस्सरे,
१५. महाघोसे एए पन्नरसाहिया॥

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो सतिभागं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता, अहावच्चाभिण्णायाणं देवाणं एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता, एमहिड्ढिए **जाव** महाणुभागे जमे महाराया।

प. ३. कहि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो सयंजले नामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! तस्स णं सोहम्मवडिंसयस्स महाविमाणस्स पच्चत्थिमेणं।

जहा सोमस्स तहा विमाण रायहाणीओ भाणियव्वा जाव **पासायवडिंसया।**

णवरं–नामनाणत्तं।

सक्कस्स णं वरुणस्स महारण्णो इमे देवा आणा उववाय वयण निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा–

डिम्ब (विघ्न), डमर (राजकुल में विद्रोह) कलह, बोल (अव्यक्त अक्षरों की ध्वनियाँ) खार, महायुद्ध, महासंग्राम, महाशस्त्रपात, महापुरुषों की मृत्यु, महारक्तपात, दुर्भूत (दुर्भिक्ष पैदा करने वाले) कुलरोग (पैतृक रोग) ग्राम रोग, मण्डलरोग (एक मण्डल में फैलने वाली बीमारी) नगररोग, शिरोवेदना (सिरदर्द), नेत्रपीड़ा, कान, नख और दांत की पीड़ा, इन्द्रग्रह, स्कन्द ग्रह, कुमारग्रह, यक्षग्रह, भूतग्रह एकान्तराज्वर, द्विअन्तर (दूसरे दिन आने वाला ज्वर) तिजारा (तीसरे दिन आने वाला ज्वर) चौथिया (चौथे दिन आने वाला ज्वर) उद्वेगक (उद्वेग पैदा करने वाली घटनाएं) कास (खांसी) श्वास (दमा) शक्तिहीन करने वाले बलनाशक ज्वर, जरा (बुढ़ापा) दाहज्वर, कच्छकोह (शरीर के कांख आदि भागों में सड़ांध) अजीर्ण, पाण्डुरोग, (पीलिया) अर्शरोग (मस्सा) भगंदर, हृदयशूल, मस्तकपीड़ा, योनिशूल, पार्श्वशूल (कांख या बगल की पीड़ा) कुक्षि (उदर) शूल, ग्राम-नगर-खेट-कर्बट-द्रोणमुख, मडम्ब-पट्टण-आश्रम- सम्बाध और सन्निवेशमारी, इन सबकी मारी (मृगीरोग महामारी आदि) प्राणक्षय, धनक्षय, जनक्षय, कुलक्षय, व्यसनभूत (विपत्तिरूप) अनार्य (पापरूप कृत्य) ये और इसी प्रकार के दूसरे सब कार्य देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज से या उसके यमकायिक आदि देवों से अज्ञात, अदृष्ट, अश्रुत अविस्मृत और अविज्ञात नहीं होते हैं।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज के ये देव अपत्यरूप से (पुत्रस्थानीय) स्वीकार किये गए हैं, यथा–

१. अम्ब, २. अम्बरिष,
३. श्याम, ४. शबल,
५. रुद्र, ६. उपरुद्र,
७. काल, ८. महाकाल,
९. असि, १०. असिपत्र,
११. कुम्भ, १२. बालू,
१३. वैतरणी, १४. खरस्वर और
१५. महाघोष, ये पन्द्रह विख्यात हैं।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल–यम महाराज को स्थिति तीन भाग सहित एक पल्योपम की कही गई है और उसके अपत्यरूप से स्वीकार किये गए देवों की स्थिति एक पल्योपम की कही गई है। इस प्रकार यम महाराज महाऋद्धि वाला **यावत्** महाप्रभाव वाला है।

प्र. ३. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वरुण महाराज का स्वयंज्वल नामक महाविमान कहाँ कहा गया है ?

उ. गौतम ! वरुण महाराज का महाविमान सौधर्मावतंसक नामक महाविमान से पश्चिम में है।

इसके विमान और राजधानी का वर्णन सोम लोकपाल के विमान और राजधानी प्रासादावतंसक की तरह कर लेना चाहिए।

विशेष–केवल नामों में अन्तर है–

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वरुण महाराज के ये देव आज्ञा-सेवा उपपात आदेश और निर्देश में रहते हैं, यथा–

वरुणकाइया इ वा, वरुणदेवकाइया इ वा, नागकुमारा, नागकुमारीओ, उदहिकुमारा, उदहिकुमारीओ, थणियकुमारा, थणियकुमारीओ, जे याऽवण्णे तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिया **जाव** चिट्ठंति।

जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा–

अइवासा इ वा, मंदवासा इ वा, सुवुट्ठी इ वा, दुव्वुट्ठी इ वा, उदब्भेया इ वा, उदप्पीला इ वा, उदवाहा इ वा, पवाहा इ वा, गामवाहा इ वा **जाव** सन्निवेसवाहा इ वा पाणक्खया **जाव** (णो) अविण्णाया तेसिं वा वरुणकाइयाणं देवाणं।

वरुणकायिक, वरुणदेवकायिक, नागकुमार, नाग कुमारियाँ, उदधिकुमार, उदधिकुमारियाँ, स्तनितकुमार स्तनित-कुमारियाँ ये और इसी प्रकार के दूसरे देव उनकी भक्ति वाले **यावत्** उपस्थित रहते हैं।

जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दरपर्वत से दक्षिण दिशा में ये कार्य समुत्पन्न होते हैं, यथा–

अतिवर्षा, मन्दवर्षा, सुर्वृष्टि, दुर्वृष्टि उदकोद्भेद (पर्वत आदि से निकलने वाला झरना) उदकोत्पील (सरोवर आदि में जमा हुई जलराशि (उदवाह) पानी का अल्प प्रवाह ग्रामवाह **यावत्** सन्निवेशवाह (बाढ आ जाना) प्राणक्षय **यावत्** इसी प्रकार के दूसरे सभी कार्य वरुणकायिक आदि देवों से अज्ञात नहीं हैं।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो इमे देवा अहावच्चाभिण्णया होत्था, तं जहा–

कक्कोडए, कद्दमए, अंजणे, संखवालए, पुंडे, पलासे, मोएज्जए दहिमुहे अयंपुले कायरिए।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो देसूणाइं दो पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता, अहावच्चाभिण्णायाणं देवाणं एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता, एमहिड्ढीए **जाव** महाणुभागे वरुणे महाराया।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-वरुण महाराज के ये देव अपत्यरूप से स्वीकार किये गए हैं, यथा–

कर्कोटक, कर्दमक, अंजन, शंखपाल, पुण्ड्र, पलाश, मोदजय, दधिमुख, अयंपुल और कायरिक।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वरुण महाराज की स्थिति देशोन दो पल्योपम की कही गई है और वरुण महाराज के अपत्यरूप से अभिमत देवों की स्थिति एक पल्योपम की कही गई है, इस प्रकार वरुण महाराज महाऋद्धि वाला **यावत्** महाप्रभाव वाला है।

प. ४. कहि णं भन्ते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स वग्गू णामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

प्र. ४. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वैश्रमण महाराज का वरुणनामक महाविमान कहाँ कहा गया है ?

उ. गोयमा ! तस्स णं सोहम्मवडिंसगस्स महाविमाणस्स उत्तरेणं,

जहा सोमस्स विमाणं रायहाणि वत्तव्वया तहा नेयव्वा जाव **पासायवडिंसया।**

उ. गौतम ! वैश्रमण महाराज का महाविमान सौधर्मावतंसक नामक महाविमान के उत्तर में है।

इसके प्रासादावतंसक पर्यन्त विमान राजधानी आदि का वर्णन सोम लोकपाल के विमान आदि की तरह कर लेना चाहिए।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो इमे देवा आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा–

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वैश्रमण महाराज की आज्ञा, सेवा, उपपात, आदेश और निर्देश में ये देव रहते हैं, यथा–

वेसमणकाइया इ वा, वेसमण देवकाइया इ वा, सुवण्णकुमारा, सुवण्णकुमारीओ, दीवकुमारा दीवकुमारीओ, दिसाकुमारा, दिसाकुमारीओ, वाणमंतरा, वाणमंतरीओ जे याऽवन्ने तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिया **जाव** चिट्ठंति।

वैश्रमणकायिक, वैश्रमणदेवकायिक, सुवर्णकुमार, सुवर्ण-कुमारियाँ, द्वीपकुमार, द्वीपकुमारियाँ, दिसाकुमार, दिसाकुमारियाँ, वाणव्यन्तर देव, वाणव्यन्तर देवियाँ ये और इसी प्रकार के अन्य सभी देव जो उसकी भक्ति वाले हैं **यावत्** उपस्थित रहते हैं।

जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा–

जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मन्दरपर्वत से दक्षिण में जो ये कार्य समुत्पन्न होते हैं, यथा–

अयागरा इ वा, तउयागरा इ वा, तंबागरा इ वा, सीसागरा इ वा, हिरण्णागरा इ वा, सुवण्णागरा इ वा, रयणागरा इ वा, वयरागरा इ वा,

लोहे की खानें, रांगे की खानें, ताम्बे की खानें, शीशे की खानें, हिरण्य (चांदी) की खानें, सुवर्ण की खानें, रत्न की खानें और वज्र (हीरे) की खानें।

वसुधारा इ वा, हिरण्णवासा इ वा, सुवण्णवासा इ वा, रयणवइरवासा इ वा, वयरवासा इ वा, आभरणवासा इ वा, पत्तवासा इ वा, पुप्फवासा इ वा, फलवासा इ वा, बीयवासा इ वा, मल्लवासा इ वा, वण्णवासा इ वा, चुण्णवासा इ वा, गंधवासा इ वा, वत्थवासा इ वा,

वसुधारा, हिरण्य की वर्षा, सुवर्ण की वर्षा, रत्न की वर्षा, वज्र (हीरा) की वर्षा, आभरण की वर्षा, पत्र की वर्षा, पुष्प की वर्षा, फल की वर्षा, बीज की वर्षा, माला की वर्षा, वर्ण की वर्षा, चूर्ण की वर्षा, गन्ध की वर्षा और वस्त्र की वर्षा।

हिरण्णवुट्ठी इ वा, सुवण्णवुट्ठी इ वा, रयणवुट्ठी इ वा, वयरवुट्ठी इ वा, आभरण वुट्ठी इ वा, पत्त वुट्ठी इ वा, पुप्फ

हिरण्य की वृष्टि, सुवर्ण की वृष्टि, रत्न की वृष्टि, वज्र (हीरे) की वृष्टि, आभरण की वृष्टि, पत्र की वृष्टि, पुष्प की वृष्टि,

वुट्ठी इ वा, फल वुट्ठी इ वा, बीय वुट्ठी इ वा, मल्ल वुट्ठी इ वा, वण्णवुट्ठी इ वा, चुण्णवुट्ठी इ वा, गंधवुट्ठी इ वा, वत्थवुट्ठी इ वा, भायणवुट्ठी इ वा, खीरवुट्ठी इ वा,

सुकाला इ वा, दुक्काला इ वा, अप्पग्घा इ वा, महग्घा इ वा, सुभिक्खा इ वा, दुभिक्खा इ वा, कय-विक्कया इ वा, सन्निही इ वा, सन्निचया इ वा, निही इ वा, णिहाणा इ वा, चिरपोराणा इ वा, पहीणसामिया इ वा, पहीणसेतुया इ वा, पहीणमग्गा इ वा, पहीणगोत्तागारा इ वा, उच्छन्नसामिया इ वा, उच्छन्नसेतुया इ वा, उच्छन्नगोत्तागारा इ वा,

फल की वृष्टि, बीज की वृष्टि, माला की वृष्टि, वर्ण की वृष्टि, चूर्ण की वृष्टि, गंध की वृष्टि, वस्त्र की वृष्टि, भाजन की वृष्टि, क्षीर की वृष्टि,

सुकाल, दुष्काल अल्पमूल्य या महामूल्य, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष क्रय-विक्रय, सन्निधि, (घी गुड़ आदि का संचय) सन्निचय (अन्न आदि का संचय) निधियाँ (खजाने-कोष) निधान (जमीन में गड़ा हुआ धन) चिर पुरातन (बहुत पुराने) जिनके स्वामी समाप्त हो गए, जिनकी सारसंभाल करने वाले नहीं रहे, जिनकी कोई खोज खबर नहीं है, जिनके स्वामियों के गोत्र और आगार (घर) नष्ट हो गए, जिनके स्वामी छिन्न-भिन्न हो गए, जिनकी सारसंभाल करने वाले छिन्न-भिन्न हो गए, जिनके स्वामियों के गोत्र और घर छिन्नभिन्न हो गए,

सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह-महापह-पहेसु-नगर-निद्धमणेसु सुसाण-गिरि-कंदर-संति-सेलोवट्ठाण-भवणगिहेसु-सन्निक्खित्ताइं चिट्ठंति ण ताइ सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो अण्णायाइं अदिट्ठाइं असुयाइं अमुयाइं अविन्नयाइं तेसिं वा वेसमणकाइयाणं देवाणं।

ऐसे खजाने शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख एवं महापथों, सामान्य मार्गों नगर के गन्दे नालों में, श्मशान, पर्वतगृह गुफा (कन्दरा) शान्तिगृह, शैलोपस्थान (पर्वत को खोदकर बनाए गए सभा स्थान) भवनगृह (निवास गृह) इत्यादि स्थानों में गाड़ कर रखा हुआ धन ये सब पदार्थ देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वैश्रमण महाराज से अथवा उसके वैश्रमणकायिक देवों से अज्ञात, अदृष्ट, अश्रुत, अविस्मृत और अविज्ञात नहीं हैं।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो इमे देवा अहावच्चाभिण्णया होत्था, तं जहा–

पुण्णभद्दे, माणिभद्दे, सालिभद्दे, सुमणभद्दे, चक्करक्खे, पुण्णरक्खे, सव्वाणे, सव्वजसे सव्वकामसमिद्धे अमोहे असंगे।

देवेन्द्र देवराज शक्र के (चतुर्थ) लोकपाल वैश्रमण महाराज के ये देव अपत्यरूप से अभीष्ट हैं, यथा–

पूर्णभद्र, माणिभद्र, शालिभद्र, सुमनोभद्र, चक्ररक्ष, पूर्णरक्ष, सद्वान, सर्वयश, सर्वकामसमृद्ध अमोघ और असंग।

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो दो पलिओवमाणं ठिई पण्णत्ता। अहावच्चाभिण्णयाणं देवाणं एगं पलिओवमं ठिई पण्णत्ता।

एमहिड्ढीए जाव **महाणुभागे वेसमणे महाराया।**

–विया. स. ३, उ. ७, सु. २-७

देवेन्द्र देवराज शक्र के (चतुर्थ) **लोकपाल-वैश्रमण महाराज की स्थिति दो पल्योपम की कही गई है और उनके अपत्यरूप** से अभिमत देव की स्थिति एक पल्योपम की कही गई है।

इस प्रकार वैश्रमण महाराज महाऋद्धि वाला यावत् **महाप्रभाव वाला है।**

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणे महाराया अट्ठसत्तरीए सुवण्णकुमार दीवकुमारावास सयसहस्साणं आहेवच्चं पोरेवच्चं भट्टितं सामित्तं महारायत्तं आणा-ईसर-सेणावच्चं कारेमाणे पालेमाणे विहरइ। *–सम. सम. ७८, सु. १*

देवेन्द्र देवराज शक्र का वैश्रमण नामक लोकपाल महाराज सुपर्णकुमारनिकाय और द्वीपकुमार-निकाय के अठत्तर लाख आवासों का आधिपत्य, पौरपत्य, भर्तृत्व, स्वामित्व, महाराजत्व तथा आज्ञा ऐश्वर्य, सेनापतित्व करता हुआ और उनका पालन करता हुआ विचरता है।

प. ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो कइ लोगपाला पण्णत्ता ?

प्र. भन्ते ! ईशानेन्द्र देवेन्द्र देवराज के कितने लोकपाल कहे गए हैं ?

उ. गोयमा ! चत्तारि लोगपाला पण्णत्ता, तं जहा–

१. सोमे, २. जमे,
३. वेसमणे, ४. वरुणे।

उ. गौतम ! चार लोकपाल कहे गए हैं, यथा–

१. सोम, २. यम,
३. वैश्रमण, ४. वरुण।

प. एएसि णं भंते ! लोगपालाणं कइ विमाणा पण्णत्ता ?

प्र. भन्ते ! इन लोकपालों के कितने विमान कहे गए हैं ?

उ. गोयमा ! चत्तारि विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सुमणे, २. सव्वओभद्दे,
३. वग्गू, ४. सुवग्गू।

उ. गौतम चार विमान कहे गए हैं, यथा–

१. सुमन, २. सर्वतोभद्र,
३. वल्गु, ४. सुवल्गु।

प. कहि णं भंते ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स लोगपालस्स सुमणे नामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

प्र. भन्ते ! ईशान देवेन्द्र देवराज के सोम लोकपाल का सुमन नामक महाविमान कहाँ कहा गया है ?

उ. गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए **जाव** ईसाणे णामं कप्पे पण्णत्ते।

तत्थ णं **जाव** पंच वडेंसया पण्णत्ता, तं जहा–

१. अंकवडेंसए, २. फलिहवडेंसए,

३. रयणवडेंसए, ४. जायरूववडेंसए,

५. मज्झेयऽत्थईसाणवडेंसए।

तस्स णं ईसाणवडेंसयस्स महाविमाणस्स पुरत्थिमेणं तिरियमसंखेज्जाइं जोयणसहस्साइं वीईवइत्ता तत्थ णं ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स लोगपालस्स सुमणे णामं महाविमाणे पण्णत्ते।

सेसं जहा सक्कस्स वत्तव्वया।

चउसु विमाणेसु चत्तारि उद्देसा अपरिसेसा।

णवरं–ठिईए णाणत्तं–

आदि दुय तिभागूणा पलिया धणयस्स होंति दो चेव।

दो सइ भागा वरुणे पलियमहावच्चदेवाणं॥

–विया. स. ४, उ. १-४, सु. ५

रायहाणीसु वि चत्तारि उद्देसा जहा सक्कस्स तहा भाणियव्वा। *–विया. स. ४, उ. ५-८, सु. १*

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में मंदर पर्वत से उत्तर में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के समतल से ऊपर **यावत्** ईशान नामक कल्प (देवलोक) कहा गया है।

उस कल्प में पाँच अवतंसक कहे गए हैं, यथा–

१. अंकावतंसक, २. स्फटिकावतंसक,

३. रत्नावतंसक, ४. जातरूपावतंसक,

और इन चारों के मध्य में ५.ईशानावतंसक विमान है।

इस ईशानावतंसक महाविमान से पूर्व में तिरछे असंख्यात हजार योजन आगे जाने पर देवेन्द्र देवराज ईशान के सोम नामक लोकपाल का सुमन नामक महाविमान कहा गया है।

शेष सारा कथन शक्र के समान कहना चाहिए।

चारों लोकपालों के विमानों के चार उद्देशक पूर्ण समझने चाहिए।

विशेष–इनकी स्थिति में अन्तर है, यथा–

आदि के दो-सोम और यम लोकपाल की स्थिति (आयु) त्रिभागन्यून दो-दो पल्योपम की है।

वैश्रमण की स्थिति दो पल्योपम की है और वरुण की स्थिति त्रिभागसहित दो पल्योपम की है, अपत्यरूप देवों की स्थिति एक पल्योपम की है।

चारों लोकपालों की राजधानियों के चार उद्देशक भी शक्रेन्द्र के वर्णन के समान कहने चाहिये।

४९. सक्काइ बारस देविंदाणं अणिया अणियाहिवई णामाणि–

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सत्त अणिया सत्त अणियाहिवई पण्णत्ता, तं जहा–

१. पायत्ताणिए, २. पीढाणिए,

३. कुंजराणिए, ४. उसभाणिए,

५. रहाणिए, ६. णट्टाणिए,

७. गंधव्वाणिए।

अणियाहिवई–

१. हरिणेगमेसी-पायत्ताणियाहिवई,

२. वाऊ आसराया-पीढाणियाहिवई,

३. एरावणे हत्थिराया-कुंजराणियाहिवइ,

४. दामड्ढी-उसभाणियाहिवई,

५. माढरे-रहाणियाहिवई,

६. सेए-णट्टाणियाहिवई,

७. तुंबरू-गंधव्वाणियाहिवई।

ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सत्त अणिया सत्त अणियाहिवई पण्णत्ता, तं जहा–

१. पायत्ताणिए, २. पीढाणिए,

३. कुंजराणिए, ४. उसभाणिए,

५. रहाणिए, ६. णट्टाणिए,

७. गंधव्वाणिए।

४९. शक्र आदि बारह देवेन्द्रों की सेनाओं और सेनापतियों के नाम–

देवेन्द्र देवराज शक्र की सात सेनाएं और सात सेनापति कहे गए हैं, यथा–

१. पदातिसेना, २. अश्वसेना,

३. हस्तिसेना, ४. वृषभसेना,

५. रथसेना, ६. नाट्यसेना,

७. गंधर्वसेना,

सेनापति–

१. हरिणैगमेषी–पदातिसेना का अधिपति,

२. अश्वराज वायु–अश्वसेना का अधिपति,

३. हस्तिराज ऐरावण–हस्तिसेना का अधिपति,

४. दामर्धि–वृषभ सेना का अधिपति,

५. माठर–रथसेना का अधिपति,

६. श्वेत–नर्तक सेना का अधिपति,

७. तुम्बरू–गन्धर्व सेना का अधिपति,

देवेन्द्र देवराज ईशान की सात सेनाएं और सात सेनापति कहे गए हैं, यथा–

१. पदाति सेना, २. अश्वसेना,

३. हस्तिसेना, ४. वृषभ सेना,

५. रथसेना, ६. नाट्यसेना,

७. गंधर्व सेना।

अणियाहिवई–

१. लहुपरक्कमे-पायत्ताणियाहिवई,
२. महावाऊ आसराया-पीढाणियाहिवई,
३. पुप्फदंते हत्थिराया-कुंजराणियाहिवई,
४. महादामड्ढी-उसभाणियाहिवई,
५. महामाढेरे-रहाणियाहिवई,
६. महासेए-णट्टाणियाहिवई,
७. रए-गंधव्वाणियाहिवई।

जहा सक्कस्स तहा सव्वेहिं दाहिणिल्लाणं जाव **आरणस्स।**

जहा ईसाणस्स तहा सव्वेहिं उत्तरिल्लाणं जाव **अच्चुयस्स।**[1]

–ठाणं. अ. ७, सु. ५८२

५०. सक्कस्साइ पयत्ताणियाहिवईणं सत्तसु कच्छासु देव संखा–

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो हरिणेगमेसिस्स सत्त कच्छाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. पढमा कच्छा **जाव** ७. सत्तमा कच्छा, **एवं जहा चमरस्स तहा जाव अच्चुयस्स।**

णाणत्तं-पायत्ताणियाहिवईणं ते पुव्वभणिया देवपरिमाणं इमं–

सक्कस्स चउरासीई देवसहस्साइं, ईसाणस्स असीइं देवसहस्साइं **जाव** अच्चुयस्स लहुपरक्कमस्स
दस देवसहस्सा **जाव** जावइया छट्ठा कच्छा तव्विगुणा सत्तमा कच्छा।

देवा इमाए गाहाए अणुगंतव्वा–

चउरासीइ असीइ बावत्तरी, सत्तरी य सट्ठी य।
पण्णा चत्तालीसा तीसा बीसा य दससहस्सा॥

–ठाणं. अ. ७, सु. ५८३

५१. अणुत्तरोववाइयदेवाणं सरूव परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! अणुत्तरोववाइया देवा, अणुत्तरोववाइया देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–
"अणुत्तरोववाइया देवा, अणुत्तरोववाइया देवा ?"

सेनापति–

१. लघुपराक्रम–पदातिसेना का अधिपति,
२. अश्वराज महावायु–अश्वसेना का अधिपति,
३. हस्तिराज पुष्पदंत–हस्तिसेना का अधिपति,
४. महादामर्धि–वृषभसेना का अधिपति,
५. महामाठर–रथसेना का अधिपति,
६. महाश्वेत–नर्तक सेना का अधिपति,
७. रत–गंधर्व सेना का अधिपति।

शक्रेन्द्र के समान आरणकल्प पर्यन्त दक्षिणदिशावर्ती इन्द्रों की सात सेनाएं और सात सेनापतियों के नाम जानना चाहिए।

ईशानेन्द्र के समान अच्युत कल्प पर्यन्त उत्तरदिशावर्ती इन्द्रों की सात सेनाएं और सात सेनापतियों के नाम जानना चाहिए।

५०. शक्र आदि के पदातिसेनापतियों की सात कक्षाओं में देव संख्या–

देवेन्द्र देवराज शक्र के पदातिसेनापतियों की सात कक्षाएं कही गई हैं, यथा–

१. **चमर** की प्रथम कक्षा से सातवीं कक्षा के समान **अच्युत** पर्यन्त सात-सात कक्षाएं जाननी चाहिए।

उनके पदातिसेनापतियों के नाम भिन्न-भिन्न हैं, जो पूर्व में कहे गए हैं, कक्षाओं का देव परिमाण इस प्रकार है–

शक्र के पदातिसेना की प्रथम कक्षा में चौरासी हजार देव हैं।

ईशान के पदातिसेना की प्रथम कक्षा में अस्सी हजार देव हैं **यावत्** अच्युत के पदातिसेनापति लघुपराक्रम की सेना की प्रथम कक्षा में दस हजार देव हैं **यावत्** जितनी छट्ठी कक्षा में संख्या हैं उससे दुगुणी सातवीं कक्षा में जानना चाहिए।

पदातिसेना के प्रथम कक्षा के देवों की संख्या निम्न गाथा से जानना चाहिए–

१. शक्र के चौरासी हजार, २. ईशान के अस्सी हजार,
३. सनत्कुमार के बहत्तर हजार, ४. माहेन्द्र के सत्तर हजार,
५. ब्रह्म के साठ हजार, ६. लान्तक के पचास हजार,
७. शुक्र के चालीस हजार, ८. सहस्रार के तीस हजार,
९. प्राणत के बीस हजार, १०. अच्युत के दस हजार देव हैं।

५१. अनुत्तरोपपातिक देवों के स्वरूप का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या अनुत्तरोपपातिक देव, अनुत्तरोपपातिक देव होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'अनुत्तरोपपातिक देव, अनुत्तरोपपातिक देव हैं ?'

१. ठाणं अ. ५, उ. १, सु. ४०४

उ. गोयमा ! अणुत्तरोववाइयाणं देवाणं अणुत्तरा सद्दा **जाव** अणुत्तरा फासा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'अणुत्तरोववाइया देवा, अणुत्तरोववाइया देवा।'

प. अणुत्तरोववाइया णं भंते ! देवा केवइएणं कम्मावसेसेणं अणुत्तरोववाइयदेवत्ताए उववन्ना ?

उ. गोयमा ! जावइयं छट्ठभत्तिए समणे निग्गंथे कम्मनिज्जरेइ, एवइएणं कम्मावसेसेणं अणुत्तरोववाइया देवा अणुत्तरोववाइयदेवत्ताए उववन्ना।

–विया. स. १४, उ. ७, सु. १३-१४

५२. अणुत्तरोववाइय देवाणं उवसंतमोहत्त परूवणं–

प. अणुत्तरोववाइया णं भंते ! देवा किं उदिण्णमोहा, उवसंत मोहा, खीणमोहा ?

उ. गोयमा ! नो उदिण्णमोहा, उवसंतमोहा, नो खीणमोहा।

–विया. स. ५, उ. ४, सु. ३३

५३. अणुत्तरोववाइय देवाणं अणंतमणोदव्वाचमाणाणं जाणणाइ सामत्थ परूवणं–

प. जहा णं भंते ! वयं एयमट्ठं जाणामो पासामो तहा णं अणुत्तरोववाइया वि देवा एयमट्ठं जाणंति पासंति ?

उ. हंता, गोयमा ! जहा णं वयं एयमट्ठं जाणामो पासामो तहा अणुत्तरोववाइया वि देवा एयमट्ठं जाणंति पासंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'जहा णं वयं एयमट्ठं जाणामो पासामो तहा णं अणुत्तरोववाइया वि देवा एयमट्ठं जाणंति पासंति ?'

उ. गोयमा ! अणुत्तरोववाइयदेवाणं अणंताओ मणोदव्वग्गणाओ लद्धाओ पत्ताओ अभिसमन्नागयाओ भवंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'जहा णं वयं एयमट्ठं जाणामो पासामो तहा णं अणुत्तरोववाइया वि देवा एयमट्ठं जाणंति पासंति।

–विया. स. १४, उ. ७, सु. ३

५४. लवसत्तम देवाणं सरूव परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! लवसत्तमा देवा लवसत्तमा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"लवसत्तमा देवा, लवसत्तमा देवा ?"

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणं बलवं **जाव** निउणसिप्पोवगए, सालीणं वा, वीहीणं वा, गोधूमाणं वा, जवाण वा, जवजवाण वा, पक्काणं परियाताणं, हरियाणं हरियकंडाणं तिक्खेणं णवपज्जणएणं असियएणं पडिसाहरिया-पडिसाहरिया पडिसंखिविया पडिसंखिविया **जाव** इणामेव इणामेव त्ति कट्टु

उ. गौतम ! अनुत्तरोपपातिक देवों को अनुत्तर शब्द **यावत्** अनुत्तर स्पर्श प्राप्त होते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'अनुत्तरोपपातिक देव, अनुत्तरोपपातिक देव हैं।'

प्र. भन्ते ! कितने कर्मों के शेष रहने पर अनुत्तरोपपातिक देव, अनुत्तरोपपातिक देव रूप में उत्पन्न हुए हैं ?

उ. गौतम ! श्रमण निर्ग्रन्थ षष्ठ भक्त (बेले) के तप द्वारा जितने कर्मों की निर्जरा करता है उतने कर्म शेष रहने पर अनुत्तरोपपातिक योग्य साधु अनुत्तरोपपातिक देवरूप में उत्पन्न होते हैं।

५२. अनुत्तरोपपातिक देवों के उपशांत मोहत्व का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या अनुत्तरोपपातिक देव उदीर्णमोह हैं, उपशान्त मोह हैं या क्षीणमोह हैं ?

उ. गौतम ! वे उदीर्ण मोह और क्षीण मोह नहीं हैं किन्तु उपशान्तमोह हैं।

५३. अनुत्तरोपपातिक देवों को अनन्त मनोद्रव्य वर्गणओं के जानने देखने के सामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जिस प्रकार आप और मैं इस (पूर्वोक्त) अर्थ (वार्ता) को जानते देखते हैं क्या उसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देव भी इस अर्थ (वार्ता) को जानते देखते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! जिस प्रकार आप और मैं इस (पूर्वोक्त) बात को जानते देखते हैं, उसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देव भी इस अर्थ को जानते देखते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं कि–

"जिस प्रकार हम इस बात को जानते देखते हैं, उसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देव भी इस बात को जानते देखते हैं ?"

उ. गौतम ! अनुत्तरोपपातिक देवों के अनन्त मनोद्रव्य वर्गणाएँ लब्ध प्राप्त और अभिसमन्वागत हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"जिस प्रकार हम इस बात को जानते देखते हैं, उसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देव भी इस बात को जानते देखते हैं।"

५४. लवसप्तम देवों के स्वरूप का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या लवसप्तम देव, लवसप्तम देव होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"लवसप्तम देव, लवसप्तम देव हैं ?"

उ. गौतम ! जैसे कोई तरुण बलवान् **यावत्** शिल्पकला में निपुण पुरुष वह परिपक्व काटने योग्य पीले पड़े हुए और पीले डंठल वाले शालि, व्रीहि, गेहूँ, जौ और जवजव की बिखरी हुई नालों को हाथ से इकट्ठा करके मुट्ठी में पकड़कर नई धार वाली तीखी दराती से शीघ्रतापूर्वक 'ये काटे-ये काटे' इस प्रकार

सत्तलवे लुएज्जा, जइ णं गोयमा ! तेसिं देवाणं एवइयं काले आउए पहुप्पए तो णं ते देवा तेणं चेव भवग्गहणेणं सिज्झंता **जाव** अंतं करेत्ता,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'लवसत्तमा देवा लवसत्तमा देवा।'

–विया. स. १४, उ. ७, सु. १२

५५. सणंकुमारदेविंदस्स भवसिद्धियाइ परूवणं–

प. सणंकुमारे णं भंते ! देविंदे देवराया

किं भवसिद्धिए, अभवसिद्धिए ?

सम्मद्दिट्ठी, मिच्छादिट्ठी ?

परित्तसंसारए, अणंतसंसारए ?

सुलभ बोहिए, दुल्लभ बोहिए ?

आराहए, विराहए ?

चरिमे अचरिमे ?

उ. गोयमा ! सणंकुमारे णं देविंदे देवराया भवसिद्धिए, नो अभवसिद्धीए।

एवं सम्मद्दिट्ठी, परित्तसंसारए, सुलभबोहिए, आराहए, चरिमे, पसत्थं नेयव्वं।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'सणंकुमारे देविंदे देवराया भवसिद्धिए जाव चरिमे।'

उ. गोयमा ! सणंकुमारे देविंदे देवराया बहूणं समणाणं, बहूणं समणीणं, बहूणं सावयाणं, बहूणं सावियाणं, हियकामए, सुहकामए, पत्थकाए आणुकंपिए निस्सेयसिये हिय-सुह निस्सेयसकामए।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'सणंकुमारे णं भवसिद्धिए **जाव** चरिमे।'

–विया. स. ३, उ. १, सु. ६२

५६. हरिणगमेसी देवेण गब्भ संहरण पक्किया परूवणं–

प. भंते ! हरिणेगमेसी सक्कस्सदूते इत्थी गब्भं साहरमाणे–

१. किं गब्भाओ गब्भं साहरइ ?

२. गब्भाओ जोणिं साहरइ ?

३. जोणीओ गब्भं साहरइ ?

४. जोणीओ जोणिं साहरइ ?

उ. गोयमा !

१. नो गब्भाओ गब्भं साहरइ,

सात लवों में काटे तो है गौतम ! यदि उन देवों का इतना आयुकाल शेष रहे तो वे देव उसी भव में सिद्ध हो सकते हैं **यावत्** सर्व दुखों का अन्त कर सकते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

(सात लव का आयुष्य कम होने से) लवसप्तम देव-लवसप्तक देव होते हैं।'

५५. सनत्कुमार देवेन्द्र का भवसिद्धिक आदि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार

क्या भवसिद्धिक है या अभवसिद्धिक है ?

सम्यग्दृष्टि है या मिथ्यादृष्टि है ?

परित्त (परिमित) संसारी है या अनन्त (अपरिमित) संसारी है ?

सुलभबोधि है या दुर्लभबोधि है ?

आराधक है या विराधक है ?

चरम है या अचरम है ?

उ. गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार भवसिद्धिक है, अभवसिद्धिक नहीं है।

इसी प्रकार वह सम्यग्दृष्टि, परित्तसंसारी, सुलभबोधि, आराधक और चरम है (अर्थात्) सभी प्रशस्त पद ग्रहण करने चाहिए।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार भवसिद्धिक **यावत्** चरम है ?"

उ. गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार बहुत से श्रमणों, श्रमणियों, श्रावकों और श्राविकाओं का हितैषी, सुखकारी, पथ्याभिलाषी, अनुकम्पिक (दयालु), निःश्रेयसिक (कल्याण या मोक्ष का इच्छुक) है वह उनके हित सुख और निःश्रेयस का कामी है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'सनत्कुमारेन्द्र भवसिद्धिक **यावत्** चरम है।'

५६. हरिणैगमेषी देव द्वारा गर्भ संहरण प्रक्रिया का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! शक्रेन्द्रदूत हरिणैगमेषी देव जब स्त्री के गर्भ का संहरण करता है–

१. तब क्या एक गर्भाशय से गर्भ को उठाकर दूसरे गर्भाशय में रखता है ?

२. गर्भ को लेकर योनि द्वारा दूसरी स्त्री के उदर में रखता है ?

३. योनि से गर्भ को निकाल कर दूसरी स्त्री के गर्भाशय में रखता है ?

४. योनि से गर्भ को निकाल कर (वापस उसी तरह) योनि द्वारा दूसरी स्त्री के उदर में रखता है ?

उ. गौतम ! वह (हरिणैगमेषी देव)

१. एक गर्भाशय से गर्भ को उठा कर दूसरे गर्भाशय में नहीं रखता,

२. नो गब्भाओ जोणिं साहरइ,

३. नो जोणीओ जोणिं साहरइ,

४. परामसिय-परामसिय अव्वाबाहेणं अव्वाबाहं जोणिओ गब्भं साहरइ।

प. पभू णं भंते ! हरिणेगमेसी सक्कस्सदूते इत्थीगब्भं नहसिरंसि वा, रोमकूवंसि वा, साहरित्तए वा, नीहरित्तए वा ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू, नो चेव णं तस्स गब्भस्स किंचि वि आबाहं वा, विबाहं वा, उप्पाएज्जा, छविच्छेदं पुण करेज्जा एंसुहुमं साहरिज्ज वा, नीहरिज्ज वा।

–विया. स. ५, उ. ४, सु. १५-१६

५७. महिड्ढिया देवाणं तिरियपव्वयाइ उल्लंघन-पल्लंघन सामत्थासामत्थ परूवणं–

प. देवे णं भंते ! महिड्ढिए **जाव** महेसक्खे बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू तिरियपव्वयं वा, तिरियभित्तिं वा, उल्लंघेत्तए वा, पल्लंघेत्तए वा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महेसक्खे बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू तिरियपव्वयं वा, तिरियभित्तिं वा, उल्लंघेत्तए वा, पल्लंघेत्तए वा ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू। *–विया. स. १४, उ. ५, सु. २१-२२*

५८. अप्पिड्ढियाइ देव-देवीणं परोप्परं मज्झंमज्झेणं गमणसामत्थ परूवणं–

प. अप्पिड्ढिए णं भंते ! देवे से महिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. समिड्ढिए णं भंते ! देवे समिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पमत्तं पुण वीईवएज्जा।[1]

प. से णं भंते ! किं विमोहेत्ता पभू, अविमोहेत्ता पभू ?

उ. गोयमा ! विमोहेत्ता पभू, नो अविमोहेत्ता पभू।

प. से भंते ! किं पुव्विं विमोहेत्ता, पच्छा वीईवएज्जा। पुव्विं वीईवएज्जा, पच्छा विमोहेज्जा ?

उ. गोयमा ! पुव्विं विमोहेत्ता पच्छा वीईवएज्जा। णो पुव्विं वीईवएत्ता पच्छा विमोहेज्जा।

२. गर्भाशय से गर्भ को लेकर उसे योनि द्वारा दूसरी स्त्री के उदर में नहीं रखता,

३. योनि से गर्भ को निकालकर योनि द्वारा दूसरी स्त्री के पेट में नहीं रखता,

४. किन्तु अपने हाथ से गर्भ को स्पर्श करके बिना किसी बाधा के उसे योनि द्वारा बाहर निकाल कर दूसरी स्त्री के गर्भाशय में रख देता है।

प्र. भंते ! क्या शक्रदूत हरिणैगमेषी देव, स्त्री के गर्भ को नखाग्र द्वारा या रोमकूप द्वारा गर्भाशय में रखने या गर्भाशय से निकालने से समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! (हरिणैगमेषी देव) समर्थ हैं। वह देव उस गर्भाशय को थोड़ी या कुछ भी पीड़ा नहीं पहुँचाता किन्तु उस गर्भ का छविच्छेद (छेदन-भेदन) करता है, इतनी सूक्ष्मता से अंदर रखता है अथवा अंदर से बाहर निकालता है।

५७. महर्द्धिकादि देव का तिर्यक् पर्वतादि के उल्लंघन प्रलंघन के सामर्थ्य-असामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक **यावत्** महासुख वाला देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किये बिना तिरछे पर्वत को या तिरछी भींत को एक बार उल्लंघन करने में या बार-बार उल्लंघन करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक **यावत्** महासुख वाला देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके तिरछे पर्वत को या तिरछी भींत को एक बार उल्लंघन करने में या बार-बार उल्लंघन करने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! समर्थ है।

५८. अल्पऋद्धिक आदि देव-देवियों का परस्पर मध्य में से गमन सामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या अल्पऋद्धिक देव, महर्द्धिक देव के बीच में से होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या समर्द्धिक (समान शक्ति वाला) देव समर्द्धिक देव के बीच में से होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, समान समृद्धि वाले देव के प्रमत्त (असावधान) होने पर जा सकता है।

प्र. भंते ! क्या वह देव, उस (समर्द्धिक देव) को विमोहित करके जा सकता है या विमोहित किये बिना जा सकता है ?

उ. गौतम ! वह देव विमोहित करके जा सकता है, विमोहित किये बिना नहीं जा सकता है।

प्र. भंते ! क्या वह (समान ऋद्धि वाले) देव को पहले विमोहित करके बाद में जाता है या पहले जाकर बाद में विमोहित करता है ?

उ. गौतम ! वह देव पहले उसे विमोहित करता है और बाद में जाता है परन्तु पहले जाकर बाद में विमोहित नहीं करता है।

१. विया. स. १४, उ. ३, सु. १०-११

प. महिड्ढिए णं भंते ! देवे अप्पिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! वीईवएज्जा।

प. से भंते ! किं विमोहित्ता पभू, अविमोहित्ता पभू ?

उ. गोयमा ! विमोहित्ता वि पभू, अविमोहित्ता वि पभू।

प. से भंते ! किं पुव्विं विमोहित्ता पच्छा वीईवएज्जा, पुव्विं वीईवइत्ता पच्छा विमोहिज्जा ?

उ. गोयमा ! पुव्विं वा विमोहित्ता पच्छा वीईवएज्जा, पुव्विं वा वीईवएज्जा पच्छा विमोहिज्जा।

प. अप्पिड्ढिए णं भंते ! असुरकुमारे महिड्ढियस्स असुरकुमारस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं असुरकुमारेण वि तिन्नि आलावगा भाणियव्वा जहा ओहिएणं देवेणं भणिया एवं जाव थणियकुमारेणं, वाणमंतर–जोइसिय-वेमाणिएणं एवं-चेव।

प. अप्पिड्ढिए णं भंते ! देवे महिड्ढियाए देवीए मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. समिड्ढिए णं भंते ! देवे समिड्ढियाए देवीए मज्झंमज्झेणं विईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पमत्तं पुण वीईवएज्जा।

तहेव देवेण य देवीए य दंडओ भाणियव्वो जाव वेमाणियाए।

प. अप्पिड्ढिया णं भंते ! देवी महिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं एसो वि तइओ दंडओ भाणियव्वो जाव–

प. महिड्ढिया णं भंते ! वेमाणिणी अप्पिड्ढियस्स वेमाणियस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! वीईवएज्जा।

प. अप्पिड्ढिया णं भंते ! देवी महिड्ढियाए देवीए मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं समिड्ढिया देवी समिड्ढियाए देवीए तहेव।

महिड्ढिया देवी अप्पिड्ढियाए देवीए तहेव।

एवं एक्केक्के तिन्नि-तिन्नि आलावगा भाणियव्वा जाव–

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक देव, अल्पऋद्धिक देव के बीचों बीच होकर जा सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! जा सकता है।

प्र. भंते ! वह महर्द्धिक देव उस अल्पऋद्धिक देव को विमोहित करके जाता है या विमोहित किये बिना जाता है ?

उ. गौतम ! वह विमोहित करके भी जा सकता है और विमोहित किये बिना भी जा सकता है।

प्र. भंते ! क्या वह महर्द्धिक देव अल्पऋद्धि वाले देव को पहले विमोहित करके बाद में जाता है या पहले जा कर बाद में विमोहित करता है ?

उ. गौतम ! वह महर्द्धिक देव पहले उसे विमोहित करके बाद में भी जा सकता है और पहले जाकर बाद में भी विमोहित कर सकता है।

प्र. भंते ! अल्पऋद्धिक असुरकुमार देव महर्द्धिक असुरकुमार देव के बीचों-बीच होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार सामान्य देवों के आलापकों की तरह असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार के भी तीन-तीन आलापक कहने चाहिए। वाणव्यन्तर ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के भी इसी प्रकार तीन-तीन आलापक कहने चाहिए।

प्र. भंते ! क्या अल्पऋद्धिक देव महर्द्धिक देवी के मध्य में होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (अर्थात् नहीं जा सकता है)

प्र. भंते ! क्या समर्द्धिक देव समर्द्धिक देवी के बीचों-बीच हो कर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, प्रमत्त हो तो निकल सकता है।

पूर्वोक्त प्रकार से देव के साथ देवी का भी दण्डक वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अल्पऋद्धिक देवी, महर्द्धिक देव के मध्य में से होकर जा सकती है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इस प्रकार यहां भी यह तीसरा दण्डक कहना चाहिए यावत्

प्र. भंते ! महर्द्धिक वैमानिक देवी अल्पऋद्धिक वैमानिक देव के बीचों-बीच में से होकर जा सकती है ?

उ. हाँ, गौतम ! जा सकती है।

प्र. भंते ! अल्पऋद्धिक देवी महर्द्धिक देवी के मध्य में से होकर जा सकती है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार समान ऋद्धिक देवी का समऋद्धिक देवी के बीच में से निकलने का आलापक कहना चाहिए।

महर्द्धिक देवी का अल्प ऋद्धिक देवी के बीच में निकलने का आलापक कहना चाहिए।

इसी प्रकार प्रत्येक के तीन-तीन आलापक कहने चाहिए। यावत्–

प. महिड्ढिया णं भंते ! वेमाणिणी अप्पिड्ढियाए वेमाणिणीए मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! वीईवएज्जा।

प. सा भंते ! किं विमोहित्ता पभू, अविमोहित्ता पभू ?

उ. गोयमा ! विमोहित्ता वि पभू, अविमोहित्ता वि पभू।

तहेव जाव **पुव्विं वा वीईवइत्ता पच्छा विमोहेज्जा, एए चत्तारि दंडगा।** *–विया. स. १०, उ. ३, सु. ६-१७*

५९. इड्ढिं पडुच्च देव-देवीणं परोप्परं मज्झंमज्झेणं विइक्कमण सामत्थ परूवणं–

प. अप्पिड्ढिए णं भंते ! देवे महिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. समिड्ढिए णं भंते ! देवे समिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पमत्तं पुण वीईवएज्जा।

प. से णं भंते ! किं सत्थेणं अक्कमित्ता पभू, अणक्कमित्ता पभू ?

उ. गोयमा ! अक्कमित्ता पभू, नो अणक्कमित्ता पभू।

प. से णं भंते ! किं पुव्विं सत्थेणं अक्कमित्ता पच्छा वीईवएज्जा ?
पुव्विं वीईवएत्ता पच्छा सत्थेणं अक्कमेज्जा ?

उ. गोयमा ! पुव्विं अक्कमित्ता पच्छा वीईवएज्जा,
णो पुव्विं वीईवएत्ता पच्छा अक्कमेज्जा।
एवं एएणं अभिलावेणं जहा दसमसए आइड्ढि उद्देसए तहेव निरवसेसं चत्तारि दंडगा भाणियव्वा जाव **महिड्ढिया वेमाणिणी अप्पिड्ढियाए वेमाणिणीए।**[1]
–विया. स. १४, उ. ३, सु. १०-१३

६०. देवस्स भावियप्पणो अणगारस्स मज्झंमज्झेणं वीयीवएण सामत्थासामत्थ परूवणं–

प. देवे णं भंते ! महाकाए महासरीरे अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा ?'

उ. गोयमा ! देवा दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. मायीमिच्छादिट्ठी उववन्नगा य,
२. अमायीसम्मदिट्ठी उववन्नगा य।

प्र. भंते ! वैमानिक महर्द्धिक देवी, अल्पऋद्धिक वैमानिक देवी के मध्य मे से होकर जा सकती है ?

उ. हाँ, गौतम ! जा सकती है।

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक देवी उसे विमोहित करके जा सकती है या विमोहित किए बिना भी जा सकती है ?

उ. गौतम ! उसे विमोहित करके भी जा सकती है और विमोहित किए बिना भी जा सकती है।
उसी प्रकार यावत् **पूर्व में निकल करके तत्पश्चात् विमोहित कर सकती है इस प्रकार ये चार दंडक हुए।**

५९. ऋद्धि की अपेक्षा देव-देवियों का परस्पर मध्य में से व्यतिक्रमण सामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या अल्पऋद्धिक देव महाऋद्धि वाले देव के मध्य में से होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (अर्थात् वह नहीं जा सकता)

प्र. भंते ! क्या समान ऋद्धि वाला देव समान ऋद्धि वाले देव के मध्य में से होकर जा सकता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (समान ऋद्धि वाले देव के प्रमत्त (असावधान) होने पर जा सकता है।

प्र. भंते ! वह (मध्य में होकर जाने वाला) देव शस्त्र का प्रहार करके जा सकता है या बिना प्रहार किये ही जा सकता है ?

उ. गौतम ! वह शस्त्र का प्रहार करके जा सकता है, बिना शस्त्र प्रहार के नहीं जा सकता है।

प्र. भंते ! वह देव पहले शस्त्र का प्रहार करके तत्पश्चात् जाता है या
पहले जाकर तत्पश्चात् शस्त्र से प्रहार करता है ?

उ. गौतम ! पहले शस्त्र का प्रहार करके फिर जाता है।
किन्तु पहले जाकर फिर शस्त्र का प्रहार नहीं करता है।
इस प्रकार इस अभिलाप द्वारा दशवें शतक के तीसरे उद्देशक के अनुसार (पूर्ववत्) समग्र रूप से चारों दण्डक महाऋद्धि वाली वैमानिक देवी अल्पऋद्धि वाली वैमानिक देवी के मध्य में से होकर जा सकती है पर्यन्त कहना चाहिए।

६०. देव का भावितात्मा अणगार के मध्य में से निकलने के सामर्थ्य-असामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या महाकाय और महाशरीर वाला देव भावितात्मा अणगार के बीच में से होकर निकल जाता है ?

उ. गौतम ! कोई निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कोई बीच में से होकर निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है ?"

उ. गौतम ! देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक,
२. अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक।

१. विया. स. १०, उ. ३, सु. ८-१७

१. तत्थ णं जे से मायीमिच्छद्दिट्ठी उववन्नए देवे से णं अणगारं भावियप्पाणं पासइ पासित्ता नो वंदइ, नो नमंसइ, नो सक्कारेइ, नो सम्माणेइ, नो कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासइ।

से णं अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा।

२. तत्थ णं जे से अमायी सम्मद्दिट्ठि उववन्नए देवे से णं अणगारं भावियप्पाणं पासइ पासित्ता वंदइ नमंसइ **जाव** पज्जुवासइ,

से णं अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं नो वीयीवएज्जा।

से णं तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा।'

प. असुरकुमारे णं भंते ! महाकाये महासरीरे अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं देवदंडओ भाणियव्वो जाव **वेमाणिए।**

–विया. स. १४, उ. ३, सु. १-३

६१. देवाणं देवावासांतराणं वीईक्कमण इड्ढि परूवणं–

रायगिहे **जाव** एवं वयासी–

प. आइड्ढीए णं भंते ! देवे **जाव** चत्तारि पंच देवावासंतराइं वीईक्कंते तेण परं परिड्ढीए विइक्कंते ?

उ. हंता, गोयमा ! आइड्ढीए णं देवे **जाव** चत्तारि पंच देवावासंतराइं वीईक्कंते, तेण परं परिड्ढीए।

एवं असुरकुमारे वि,

णवरं–असुरकुमारावासंतराइं, **सेसं तं चेव,**

एवं एएणं कमेणं जाव **थणियकुमारे।**

एवं वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिए वि।

–विया. स. १०, उ. ३, सु. १-५

६२. वाणमंतराणं देवलोगस्ससरूवं–

प. केरिसा णं भंते ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहानामए इहं असोगवणे इ वा, सत्तवण्णवणे इ वा, चंपगवणे इ वा, चूयवणे इ वा, तिलगवणे इ वा, लउयवणे इ वा, णिग्गोहवणे इ वा, छत्तोववणे इ वा, असणवणे इ वा, सणवणे इ वा, अयसिवणे इ वा, कुसुंभवणे इ वा, सिद्धत्थवणे इ वा, बंधुजीवगवणे इ वा, णिच्चं कुसुमिय माइय लवइय थवइय गुलुइय गुच्छिय

१. उनमें जो मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक देव है वह भावितात्मा अनगार को देखता है और देखकर भी न उनको वंदन नमस्कार करता है, न उनका सत्कार सम्मान करता है और न उनको कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप, ज्ञानरूप, मानकर पर्युपासना करता है।

ऐसा वह देव भावितात्मा अनगार के बीच में से होकर चला जाता है।

२. उनमें जो अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक देव है वह भावितात्मा अनगार को देखता है और देखकर वंदन नमस्कार करता है **यावत्** पर्युपासना करता है।

ऐसा वह देव भावितात्मा अनगार के बीच में से होकर नहीं निकलता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कोई बीच में से होकर निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है।"

प्र. भंते ! क्या महाकाय और महाशरीर वाला असुरकुमार देव भावितात्मा अनगार के मध्य में से होकर निकल जाता है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् कथन करना चाहिए।**

इसी प्रकार देव दण्डक (चतुर्विध देवों के लिए) वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

६१. देवों का देवावासांतरों की व्यतिक्रमण ऋद्धि का प्ररूपण–

राजगृह नगर में **यावत्** गौतमस्वामी ने इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! देव क्या आत्मऋद्धि (अपनी शक्ति) द्वारा **यावत्** चार पाँच देवावासों के अन्तरों का उल्लंघन करता है और इसके पश्चात् पर-शक्ति द्वारा उल्लंघन करता है ?

उ. हाँ, गौतम ! देव आत्मशक्ति से **यावत्** चार पाँच देवावासों के अन्तरों का उल्लंघन करता है और उसके पश्चात् पर-शक्ति द्वारा उल्लंघन करता है।

इसी प्रकार असुरकुमारों के लिए भी कहना चाहिए।

विशेष–वे असुरकुमारों के आवासों के अंतरों का उल्लंघन करते हैं, **शेष कथन पूर्ववत् है।**

इसी प्रकार इसी अनुक्रम से स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव पर्यन्त जानना चाहिए।

६२. वाणव्यंतरों के देवलोकों का स्वरूप–

प्र. भंते ! उन वाणव्यन्तर देवों के देवलोक किस प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जैसे इस मनुष्य लोक में जो नित्य कुसुमित, नित्य विकसित, मौर युक्त, कोंपल युक्त, पुष्प, गुच्छों से युक्त, लताओं से आच्छादित, पत्तों के गुच्छों से युक्त, सम श्रेणी में उत्पन्न, वृक्षों से युक्त, युगल वृक्षों से युक्त, फल फूल के भार से नमे हुए, फल फूल के भार से झुके हुए विभिन्न प्रकार की बालों और मंजरियों रूपी मुकुटों को धारण किये हुए

जमलिय जुवलिय विणमिय पणमिय सुविभत्त पिंडिमंजरिवडेंसगधरे सिरीए अईव-अईव उवसोभेमाणे-उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

अशोकवन, सप्तवर्ण वन, चम्पकवन, आम्रवन, तिलकवृक्षों के वन, लौकी की लताओं के वन, वटवृक्षों के वन, छत्रौघवन, अशनवृक्षों के वन, सन वृक्षों के वन, अलसी के वन, कुसुम्ब वृक्षों के वन, सरसव वन, बन्धुजीवक वृक्षों के वन शोभा से अतीव-अतीव उपशोभित होते हैं।

एवामेव तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा जहन्नेणं दसवाससहस्सट्ठिईएहिं, उक्कोसेणं पलिओवमट्ठिईएहिं बहूहिं वाणमंतरेहिं देवेहि य देवीहिं य आइण्णा विइकिण्णा उवत्थडा संथडा फुडा अवगाढगाढा सिरीए अईव उवसोभेमाणा चिट्ठंति।

इसी प्रकार वाणव्यन्तर देवों के देवलोक जघन्य दस हजार वर्ष की तथा उत्कृष्ट एक पल्योपम की स्थिति वाले एवं बहुत से वाणव्यन्तर देवों से और उनकी देवियों से आकीर्ण (व्याप्त) व्याकीर्ण (विशेष व्याप्त) एक दूसरे पर आच्छादित, परस्पर मिले हुए स्फुट प्रकाश वाले, अत्यन्त अवगाढ़ श्री शोभा से अतीव उपसुशोभित रहते हैं।

एरिसगा णं गोयमा ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता। *–विया. स. १, उ. १, सु. १२ (२)*

हे गौतम ! उन वाणव्यन्तर देवों के (स्थान) देवलोक इसी प्रकार के कहे गये हैं।

□ □

वुक्कंति (व्युत्क्रान्ति) अध्ययन

वुक्कंति का संस्कृत शब्द व्युत्क्रान्ति है जो व्युत्क्रमण अर्थात् पादविक्षेप या गमन का द्योतक है। अतः जीव एक स्थान से उद्वर्तन (मरण) करके दूसरे स्थान पर जन्म ग्रहण करता है उसे व्युत्क्रान्ति कहा जा सकता है। मनुस्मृति (६/६३) में उत्क्रमण शब्द का प्रयोग मृत्यु (शरीर से आत्मा के पलायन) के लिए हुआ है। यहाँ व्युत्क्रमण (वि + उत्क्रमण) या व्युत्क्रान्ति शब्द है जो ऐसी विशिष्ट मृत्यु के लिए प्रयुक्त है जिसके अनन्तर जीव जन्म ग्रहण करता है। इस प्रकार व्युत्क्रान्ति के अन्तर्गत उपपात, जन्म, उद्वर्तन, च्यवन, मरण का तो समावेश होता ही है किन्तु इससे सम्बद्ध विग्रहगति, सान्तर निरन्तर उपपात, सान्तर निरन्तर उद्वर्तन, उपपात विरह, उद्वर्तन विरह आदि अनेक तथ्यों का भी अन्तर्भाव हो जाता है। गति-आगति का चिन्तन भी इस प्रकार व्युत्क्रान्ति का ही अंग है। साधारण शब्दों में कहें तो मरण से लेकर उत्पन्न होने (जन्म ग्रहण करने) तक का समस्त क्रियाकलाप व्युत्क्रान्ति अध्ययन का क्षेत्र है।

जन्म-मरण के लिए आगमों में कुछ विशेष शब्दों का प्रयोग हुआ है। देवों एवं नैरयिकों के जन्म को उपपात (उववाए) कहा गया है क्योंकि इनका जन्म गर्भ से नहीं होता तथा सम्मूर्च्छिम भी नहीं होता है। नैरयिकों एवं भवनवासी देवों के मरण को उद्वर्तना (उव्वट्टणा) कहा गया है तथा ज्योतिषी एवं वैमानिक देवों के मरण को च्यवन कहा गया है। शेष जीवों के जन्म-मरण के लिए विशेष शब्द नहीं है।

गति-आगति का निरूपण व्याख्या प्रज्ञप्ति, जीवाजीवाभिगम, प्रज्ञापना और स्थानांग आदि में हुआ है। उद्वर्तन (मरण, च्यवन) करके जीवन के गमन करने को गति तथा आगमन को आगति कहते हैं। ये दोनों शब्द सापेक्ष हैं। गति है जाना और आगति है आना। थोकड़ों में भी गति-आगति का वर्णन है। संक्षेप में २४ दण्डकों में गति-आगति को इस प्रकार समझा जा सकता है–नैरयिक एवं देव गति के जीव दो गतियों से आते हैं तथा दो ही गतियों में जाते हैं। वे गतियाँ हैं–तिर्यञ्च और मनुष्य। पृथ्वी, अप् एवं वनस्पतिकाय के जीव तिर्यञ्च, मनुष्य और देव इन तीन गतियों से आते हैं तथा तिर्यञ्च और मनुष्य इन दो गतियों में जाते हैं। तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव तिर्यञ्च गति में ही जाते हैं। विकलेन्द्रिय जीव तिर्यञ्च एवं मनुष्य इन दो गतियों से आते हैं तथा इन्हीं दो गतियों में जाते हैं। सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय की आगति भी इन्हीं दो गतियों से है किन्तु इनकी गति चारों गतियों में संभव है। सम्मूर्च्छिम मनुष्य का आगमन एवं गमन दो ही गतियों में होता है–तिर्यञ्च एवं मनुष्य में। गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं गर्भज मनुष्य चारों गतियों से आते हैं तथा चारों गतियों में जाते हैं। विशेषता यह है कि मनुष्य सिद्धगति में भी जा सकते हैं।

स्थानांग-सूत्र में गति-आगति का निरूपण छह काया के आधार पर भी किया गया है तथा पृथ्वीकाय का जीव पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय इन छह स्थानों से आकर उत्पन्न हो सकता है तथा इन छह ही स्थानों में जा सकता है। इसी प्रकार अप्कायिक से त्रसकायिक पर्यन्त सभी जीवों की छह गति और छह आगति होती है। इन जीवों की नौ गति एवं नौ आगति भी कही गई है जिसके अनुसार नौ स्थान हैं–पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। अण्डज, पोतज आदि योनि शरीरों के आधार पर इन जीवों की आठ गति एवं आठ आगति भी कही गई है।

प्रज्ञापना-सूत्र में आगतिं का बहुत ही सूक्ष्म एवं सुन्दर विवेचन हुआ है। प्रश्नोत्तर शैली में हुए इन विवेचन के प्रमुख तथ्य हैं–(१) नैरयिक जीव तिर्यञ्च जीव, तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं मनुष्य से उत्पन्न होते हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय तीन प्रकार के हैं–जलचर, स्थलचर एवं खेचर। इनमें स्थलचर तिर्यञ्च तीन प्रकार के होते हैं–चतुष्पद, उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प। ये जलचर आदि सभी तिर्यञ्च दो प्रकार के हैं–सम्मूर्च्छिम और गर्भज। ये दोनों भी दो-दो प्रकार के हैं–पर्याप्त एवं अपर्याप्त। इनमें कुछ संख्यात वर्षायुष्क होते हैं तथा कुछ असंख्यात वर्षायुष्क। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के इन सब भेदों में से जो जीव संख्यातवर्षायुष्क एवं पर्याप्तक होते हैं वे ही नरक में जा सकते हैं। चाहे वे सम्मूर्च्छिम हो या गर्भज, जलचर हो, स्थलचर हो या खेचर इसका अन्तर नहीं पड़ता। (२) मनुष्यों में गर्भज मनुष्यों से नैरयिक जीव उत्पन्न होते हैं, सम्मूर्च्छिम मनुष्यों से नहीं। गर्भज मनुष्यों में भी कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं, अकर्मभूमिज एवं अन्तर्द्वीपज गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न नहीं होते। कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों में भी संख्यात वर्षायुष्क एवं पर्याप्तक मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं, असंख्यात-वर्षायुष्क एवं अपर्याप्तकों में से नहीं। (३) नैरयिकों के उपपात के विषय में जो सामान्य कथन है वह रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों के उपपात पर लागू होता है। शर्कराप्रभापृथ्वी के नैरयिक सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च में से उत्पन्न नहीं होते। बालुका प्रभा पृथ्वी के नैरयिक भुजपरिसर्पों में से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। पंकप्रभापृथ्वी के नैरयिक खेचरों में से भी उत्पन्न नहीं होते। इस प्रकार उत्तरोत्तर निषेध समझना चाहिए। धूमप्रभा के नैरयिकों की उत्पत्ति सम्मूर्च्छिम आदि के साथ चतुष्पदों से भी नहीं होती और तमस्तम पृथ्वी के नैरयिक मनुष्य-स्त्रियों से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। इस प्रकार सातवीं नरक में जलचर एवं कर्मभूमिज मनुष्य (पुरुष व नपुंसक) ही उत्पन्न होते हैं। वे भी पर्याप्त एवं संख्यात वर्षायुष्क। (४) देव भी तिर्यञ्च और मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। असुरकुमार आदि १० भवनपति देवों का उपपात सामान्य नैरयिकों के उपपात की भाँति है किन्तु वैशिष्ट्य यह है कि ये असंख्यात वर्ष आयु वाले अकर्मभूमिज एवं अन्तर्द्वीपज मनुष्यों तथा असंख्यातवर्ष आयु वाले तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय से भी उत्पन्न होते हैं। (५) पृथ्वीकाय, अप्काय एवं वनस्पति काय के जीव एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक के तिर्यञ्चों, सम्मूर्च्छिम और गर्भज मनुष्यों तथा भवनवासी से लेकर वैमानिक तक के देवों में से उत्पन्न होते हैं। एकेन्द्रिय जीवों में वे पृथ्वीकाय से लेकर वनस्पतिकाय तक के सूक्ष्म एवं बादर, पर्याप्त एवं अपर्याप्त सभी जीवों में से उत्पन्न होते हैं। विकलेन्द्रियों में भी वें पर्याप्तकों एवं अपर्याप्तकों दोनों में से उत्पन्न होते हैं। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चों में जलचर

आदि के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक सभी जीवों में से उत्पन्न होते हैं। मनुष्यों में कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक दोनों भेदों में से उत्पन्न होते हैं तथा सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में सबमें से उत्पन्न होते हैं। भवनपति देवों में असुरकुमार से लेकर स्तनितकुमार तक सभी देवों में से, वाणव्यन्तर देवों में पिशाचों से लेकर गन्धर्वों में से, ज्योतिष्क देवों में चन्द्रविमान के देवों से लेकर ताराविमान के देवों में से उत्पन्न होते हैं। वैमानिक देव दो प्रकार के होते हैं–कल्पोपन्नक और कल्पातीत। इनमें से कल्पोपन्नक देवों में से उत्पन्न होते हैं तथा कल्पोपन्नक देवों में से भी सौधर्म और ईशान कल्प के देवों में से ही उत्पन्न होते हैं। उल्लेखनीय यह है कि सूक्ष्म पृथ्वीक़ाय, सूक्ष्म अप्काय एवं सूक्ष्म वनस्पतिकाय के जीव देवों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। वे मात्र तिर्यञ्च एवं मनुष्यों में से ही उत्पन्न होते हैं। (६) तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव देवों में उत्पन्न नहीं होते। ये केवल तिर्यञ्च और मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। शेष वर्णन पृथ्वीकायिक के समान है। (७) द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों की उत्पत्ति भी तेजस्काय एवं वायुकाय की भांति मनुष्य और तिर्यञ्चों में से होती है। (८) पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव चारों गतियों के जीवों में से उत्पन्न होते हैं। सातों पृथ्वियों के नैरयिकों, एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के तिर्यञ्चों, पर्याप्त-अपर्याप्त (कर्मभूमि) गर्भज एवं सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में से तथा सहस्रार कल्प के वैमानिक देवों पर्यन्त देवों में से उत्पन्न होते हैं। सम्मूर्च्छिम जलचर आदि जीव तिर्यञ्च और मनुष्यों में से ही उत्पन्न होते हैं नारकी और देवों में से नहीं। (९) मनुष्य चारों गतियों के जीवों में से उत्पन्न होते हैं किन्तु नैरयिकों में छठी नरक तक के नैरयिकों में से उत्पन्न होते हैं सातवीं नरक के नैरयिकों में से नहीं। तिर्यञ्चों में तेजस्कायिक एवं वायुकायिकों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। देवों में सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त समस्त देवों में से मनुष्य उत्पन्न होते हैं। मनुष्य भी दो प्रकार के हैं– सम्मूर्च्छिम और गर्भज। इनमें सम्मूर्च्छिम मनुष्य नैरयिक, देव एवं असंख्यात वर्ष आयु वाले मनुष्य एवं तिर्यञ्चों से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। गर्भज मनुष्य का कथन सामान्य मनुष्य के समान है। (१०) वाणव्यन्तर एवं ज्योतिष्क देवों का उपपात १० भवनपतियों के समान है। विशेषता यह है कि ज्योतिष्कों की उत्पत्ति सम्मूर्च्छिम-असंख्यात वर्षायुष्क-खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिकों तथा अन्तर्द्वीपज मनुष्यों को छोड़कर होती है। (११) वैमानिक देवों में दूसरे देवलोक तक के जीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चों तथा मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। सनत्कुमार से सहस्रार कल्प तक के वैमानिक देव असंख्यात वर्षायुष्क अकर्मभूमिकों को छोड़कर उत्पन्न होते हैं। आनत से अच्युत तक के देव केवल मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। मनुष्यों में भी कर्मभूमिक गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। उनमें भी संख्यात वर्ष आयु वाले पर्याप्तकों में से उत्पन्न होते हैं। उनमें भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि पर्याप्तकों में से उत्पन्न होते हैं, सम्यग्मिथ्यादृष्टि में से नहीं। सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक तीन प्रकार के हैं–संयत, असंयत और संयतासंयत। ये इन तीनों प्रकार के सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। अच्युतकल्प के देवों के उपपात की भांति नवग्रैवेयकों का उपपात है किन्तु ये असंयत एवं संयतासंयत सम्यग्दृष्टियों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। अनुत्तरोपपातिक देवों में संयत सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक संख्यात वर्षायुष्क कर्मभूमिज मनुष्य ही उत्पन्न हो सकते हैं अन्य कोई जीव नहीं। संयत सम्यग्दृष्टियों में भी अप्रमत्त संयतों में से ही अनुत्तरोपपातिक देव उत्पन्न होते हैं, प्रमत्तसंयतों में से नहीं। वे अप्रमत्तसंयत ऋद्धि प्राप्त या अऋद्धि प्राप्त हो सकते हैं।

चारों गतियों में जीवों के उत्पन्न होने का क्रम निरन्तर भी रहता है तथा सान्तर (व्यवधानयुक्त) भी रहता है। चारों गतियाँ जघन्य एक समय से लेकर उत्कृष्ट बारह मुहूर्त्त तक उपपात (जन्म) से विरहित रहती हैं। सिद्धगति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह माह तक सिद्धि से रहित रहती है। चारों गतियाँ जघन्य एक समय एवं उत्कृष्ट बारह मुहूर्त्त तक उद्वर्तना (मरण) से विरहित कही गई हैं।

एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं। असुरकुमार से लेकर स्तनितकुमार तक के सभी १० भवनपति देव भी इसी प्रकार उत्पन्न होते हैं। पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव प्रति समय विना विरह के असंख्यात उत्पन्न होते हैं। वनस्पतिकाय के जीव प्रतिसमय स्वस्थान में बिना विरह के अनन्त तथा परस्थान में बिना विरह के असंख्यात उत्पन्न होते हैं। विकलेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च, गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च, सम्मूर्च्छिम मनुष्य, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क तथा आठवें वैमानिक देवलोक तक के देवों की उत्पत्ति नैरयिकों के समान एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात होती है। गर्भज मनुष्य, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत देवलोक के देव, नव ग्रैवेयक तथा पांच अनुत्तरोपपातिक देव एक समय में जघन्य एक, दो या तीन तथा उत्कृष्ट संख्यात उत्पन्न होते हैं। सिद्ध एक समय में जघन्य एक, दो या तीन तथा उत्कृष्ट एक सौ आठ सिद्ध होते हैं। उत्पत्ति के समान ही समस्त जीवों का एक समय में उद्वर्तन होता है। ज्योतिष्क एवं वैमानिक देवों के लिए उद्वर्तन के स्थान पर च्यवन शब्द प्रयुक्त होता है। सिद्धों का उद्वर्तन नहीं होता है।

नैरयिक से लेकर वैमानिक पर्यन्त सभी जीव अनन्तरोपपन्नक हैं, परम्परोपपन्नक हैं और अनन्तर परम्परानुपपन्नक भी हैं। जिन्हें उत्पन्न हुए प्रथम समय हुआ है वे अनन्तरोपपन्नक हैं, जिन्हें उत्पन्न हुए दो, तीन आदि समय व्यतीत हो गए हैं वे परम्परोपपन्नक हैं तथा जो जीव विग्रहगति में चल रहे हैं वे अनन्तर परम्परानुपपन्नक हैं। उत्पत्ति के समय सभी जीव सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होते हैं एवं उत्पन्न हुए हैं। इसी प्रकार वे सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके निकलते हैं अर्थात् उद्वर्तन करते हैं।

चौबीस दण्डकों में सान्तर एवं निरन्तर उत्पत्ति का विचार करने पर ज्ञात होता है कि सभी एकेन्द्रिय जीवों की उत्पत्ति निरन्तर होती रहती है, उनकी उत्पत्ति में विरह या व्यवधान नहीं आता है अतः उनकी उत्पत्ति सान्तर नहीं होती है। शेष सभी जीवों की उत्पत्ति सान्तर भी होती है एवं निरन्तर भी होती है। यही नहीं सिद्ध भी सान्तर एवं निरन्तर दोनों प्रकार से होते रहते हैं। उत्पत्ति की भांति ही उद्वर्तन है। इसमें भी एकेन्द्रिय जीवों का उद्वर्तन निरन्तर होता रहता है जबकि शेष सभी दण्डकों में जीवों का उद्वर्तन सान्तर (विरहयुक्त) एवं निरन्तर होता है। सिद्धों का उद्वर्तन नहीं होता है।

भिन्न-भिन्न जीवों के उपपात (उत्पत्ति) के विरहकाल एवं उद्वर्तन या च्यवन के विरहकाल का भी इस अध्ययन में प्रत्येक दण्डक के अनुसार उल्लेख हुआ है। पृथ्वीकाय से लेकर वनस्पतिकाय तक के एकेन्द्रिय जीवों में एक समय के लिए भी उपपात एवं उद्वर्तन का विरह नहीं होता है। उपपात एवं च्यवन का विरहकाल सबसे अधिक सर्वार्थसिद्ध देवों में होता है। वे जघन्य एक समय और उत्कृष्ट पल्योपम के संख्यातवें भाग तक उपपात एवं च्यवन से विरहित कहे गए हैं।

आयुक्षय, भवक्षय और स्थितिक्षय होने से जीवों में एक स्थान से उद्वर्तन करके दूसरे स्थान पर जन्म ग्रहण करने की गति प्रवृत्त होती है। इस गति को विग्रह गति कहा जाता है। यह विग्रह गति एकेन्द्रियों को छोड़कर सभी जीवों में एक समय, दो समय या तीन समय की होती है। एकेन्द्रियों में चार समय की भी होती है। ये सभी जीव आत्मऋद्धि से, स्वकृत कर्मों से तथा अपने व्यापार से उत्पन्न होते हैं, ईश्वरादि पर ऋद्धि, कर्म एवं व्यापार की इन्हें अपेक्षा नहीं होती।

जिस प्रकार आगम में अनन्तरोपपन्नक, परम्परोपपन्नक एवं अनन्तपरम्परानुपपन्नक की चर्चा है उसी प्रकार अनन्तर निर्गत, परम्पर निर्गत एवं अनन्तरपरम्पर अनिर्गत की भी चर्चा है। निर्गत शब्द यहाँ उद्वर्तित के स्थान पर प्रयुक्त हुआ है। जिन जीवों को औदारिक या वैक्रिय शरीर छोड़कर निकले प्रथम समय हुआ है वे अनन्तरनिर्गत हैं, जिन्हें दो, तीन आदि समय व्यतीत हो गया है वे परम्पर निर्गत हैं तथा जो विग्रह गति प्राप्त हैं वे अनन्तर परम्पर अनिर्गत हैं।

भगवान् से प्रश्न किया गया–भंते ! नारक नारकों में उत्पन्न होता है या अनारक नारकों में उत्पन्न होता है ? भगवान् ने उत्तर दिया–गौतम ! नारक नारकों में उत्पन्न होता है, अनारक नारकों में उत्पन्न नहीं होता। इसका आशय यह है कि जीव जन्म ग्रहण करने के पूर्व ही उस गति से युक्त हो जाता है जिसमें उसे जन्म लेना है तथा इसी प्रकार उद्वर्तन के समय वह उस गति का नहीं रहता जिस गति से वह जीव उद्वर्तन करता है। यह तथ्य जीवों पर लागू होता है।

रत्नप्रभापृथ्वी पर ३० लाख नरकावास हैं। शर्कराप्रभापृथ्वी पर २५ लाख नरकावास हैं। बालुकाप्रभापृथ्वी पर १५ लाख, पंकप्रभा पृथ्वी पर १० लाख, धूमप्रभापृथ्वी पर ३ लाख तथा तमःप्रभापृथ्वी पर ९५ हजार नरकावास हैं। तमस्तमप्रभा पृथ्वी पर पाँच अनुत्तर नरकावास हैं–काल, महाकाल, रौरव, महारौरव और अप्रतिष्ठान। ये सातों पृथ्वियों के नरकावास संख्यात योजन विस्तार वाले भी हैं तथा असंख्यात योजन विस्तार वाले भी हैं। रत्नप्रभापृथ्वी के संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्पन्न होने वाले नारकों के सम्बन्ध में इस अध्ययन में ३९ प्रश्नों का समाधान किया गया है। इसी प्रकार असंख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्पन्न होने वाले नैरयिकों के सम्बन्ध में भी उतने ही प्रश्नोत्तर हैं। संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं जबकि असंख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्कृष्ट असंख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं। रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों की विविध आधारों पर संख्या के सम्बन्ध में ३९ प्रश्नों का समाधान भी हुआ है। इसके अन्तर्गत कापोतलेश्यी, संज्ञी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, अनन्तरोपपन्नक, परम्परोपपन्नक, अनन्तरावगाढ़, परम्परावगाढ़ आदि नैरयिकों की संख्या के विषय में चर्चा है। इन प्रश्नोत्तरों के आधार पर कुछ विशेष ज्ञातव्य बातें उभरकर आती हैं।

रत्नप्रभापृथ्वी के संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उद्वर्तन करने वाले नारकों के सम्बन्ध में भी उत्पत्ति की भाँति ही ३९ प्रश्नों का समाधान किया गया है। रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों की भांति ही शर्कराप्रभा आदि छहों नरकपृथ्वियों के नैरयिकों का उपपात एवं उद्वर्तन होता है, अतः इनके प्रश्नोत्तरों में विशेष भेद नहीं है। नरकावासों की संख्या में अन्तर है जिसका निर्देश पहले कर दिया है। वैशिष्ट्य यह है कि इन छहों पृथ्वियों के नैरयिक असंज्ञी नहीं होते हैं। लेश्याओं की अपेक्षा पहली, दूसरी नरक में कापोधलेश्या है, तीसरी में कापोत और नील, चौथी में नील, पाँचवीं में नील और कृष्ण, छठी में कृष्ण और सातवीं नरक में परमकृष्ण लेश्या है। पंकप्रभापृथ्वी से लेकर अधः सप्तमी पृथ्वी तक अवधिज्ञानी और अवधिदर्शनी नैरयिक उद्वर्तन नहीं करते हैं। सातवीं नरक में तीन ज्ञानयुक्त जीव उत्पन्न नहीं होते हैं तथा उद्वर्तन भी नहीं करते हैं किन्तु सत्ता में तीन ज्ञान वाले नैरयिक पाये जाते हैं।

भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक देवों के उत्पाद, उद्वर्तन या च्यवन के सम्बन्ध में भी नैरयिकों की भांति ४९-४९ प्रश्नों के समाधान दिए गए हैं। असुरकुमारों के ६४ लाख आवास कहे गए हैं। नागकुमार आदि सभी भवनपतियों के भी इसी प्रकार चौंसठ-चौंसठ लाख आवास हैं। ये आवास भी संख्यात योजन विस्तार वाले एवं असंख्यात योजन विस्तार वाले होते हैं। ये देव स्त्रीवेद या पुरुषवेद सहित उत्पन्न होते हैं, नपुंसकवेदी नहीं होते। ये असंज्ञी भी उद्वर्तना करते हैं। अवधिज्ञानी और अवधिदर्शनी उद्वर्तना नहीं करते हैं। संख्यात योजन विस्तार वाले आवासों में उत्कृष्ट संख्यात भवनपति देव उत्पन्न होते हैं एवं असंख्यात योजन विस्तार वाले आवासों में असंख्यात उत्पन्न होते हैं। वाणव्यन्तर देवों के असंख्यात लाख आवास हैं। ज्योतिष्क देवों के असंख्यात लाख विमानावास हैं। ज्योतिष्क देवों में एक तेजोलेश्या होती है अन्य नहीं, जबकि भवनपति देवों में प्रथम चार लेश्याएँ होती हैं। सौधर्म एवं ईशान देवलोक में बत्तीस-बत्तीस लाख विमानावास हैं। सनत्कुमार से सहस्रार तक विमानावासों में थोड़ा अन्तर है। आनत और प्राणत देवलोकों में चार सौ विमानावास हैं। आरण और अच्युत के विमानावासों में थोड़ा अन्तर है। अनुत्तर वैमानिकों के पाँच विमान हैं उनमें एक संख्यात योजन विस्तार वाला तथा चार असंख्यात योजन विस्तार वाले हैं। इन देवों एवं नैरयिकों के सम्बन्ध में जो वर्णन मिलता है उसे तीन आलापकों में प्रस्तुत किया गया है। वे आलापक हैं–उपपात, उद्वर्तन और सत्ता।

सभी दण्डकों के जीव आत्मोपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं, परोपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं और निरुपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं किन्तु उद्वर्तन में ऐसा नहीं है। नैरयिक एवं देव निरुपक्रम से उद्वर्तन करते हैं, आत्मोपक्रम एवं परोपक्रम से नहीं। पृथ्वीकायिक जीवों से लेकर मनुष्य पर्यन्त के दण्डकों में तीनों उपक्रमों से उद्वर्तन होता है। ज्योतिष्क एवं वैमानिक देवों का च्यवन होता है, उद्वर्तन नहीं। यह बात पहले कही जा चुकी है कि सभी जीव आत्मऋद्धि से उत्पन्न होते हैं तथा आत्मऋद्धि से ही उद्वर्तन करते हैं, अपने कर्म से ही उत्पन्न होते हैं तथा अपने कर्म से ही उद्वर्तन करते हैं। इसी प्रकार वे आत्मप्रयोग या आत्मव्यापार से उत्पन्न होते हैं तथा उद्वर्तन करते हैं। जो जीव जहाँ उत्पन्न होने योग्य है वह उस गतिनाम से योजित कर भव्यद्रव्य नैरयिक, भव्यद्रव्य देव, भव्यद्रव्य पृथ्वीकायिक, भव्यद्रव्य तिर्यञ्च, भव्यद्रव्य मनुष्य आदि कहा जाता है।

एक गति में एक साथ कितने जीव उत्पन्न होने के लिए प्रवेश करते हैं उसे आगम में कति संचित, अकतिसंचित और अवक्तव्यसंचित इन तीन प्रकारों में विभक्त किया गया है। जो एक साथ संख्यात प्रवेश करते हैं वे कतिसंचित हैं, जो असंख्यात प्रवेश करते हैं वे अकतिसंचित हैं तथा जो एक-एक करके प्रवेश करते हैं वे अवक्तव्यसंचित हैं। एकेन्द्रिय जीव एक साथ असंख्यात प्रवेश करते हैं इसलिए वे मात्र अकतिसंचित होते हैं जबकि शेष सभी जीव तीनों प्रकार के हैं वे कतिसंचित भी हैं, अकतिसंचित भी हैं और अवक्तव्य संचित भी हैं। सिद्ध सिद्धगति में एक-एक या संख्यात जाते हैं अतः वे कतिसंचित एवं अवक्तव्यसंचित होते हैं।

जो जीव (उत्पन्न होने के लिए) एक समय में एक साथ छह की संख्या में प्रवेश करते हैं वे षट्समर्जित कहलाते हैं। जो एक साथ जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पाँच की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नोषट्क समर्जित होते हैं। जो अनेक षट्क की संख्या में प्रवेश करते हैं वे अनेक षट्क समर्जित कहलाते हैं। षट्क, नोषट्क एवं अनेक षट्क समर्जित के पाँच विकल्प बनते हैं–१. षट्क समर्जित २. नोषट्क समर्जित ३. एकषट्क और नोषट्क समर्जित ४. अनेक षट्क समर्जित ५. अनेक षट्क समर्जित एवं नोषट्क समर्जित। पृथ्वीकायिक आदि एकेन्द्रिय जीवों में चौथा एवं पांचवां विकल्प ही है शेष सब जीवों में पाँचों विकल्प पाए जाते हैं। इस अध्ययन में षट्क समर्जितादि से विशिष्ट दण्डकों का अल्प-बहुत्व भी निरूपित है। षट्क समर्जित की भांति बारह की संख्या में प्रवेश करने वाले जीव द्वादश समर्जित कहलाते हैं। जो जघन्य एक, दो, तीन और उत्कृष्ट ग्यारह तक प्रवेश करते हैं वे नो द्वादश समर्जित कहलाते हैं। अनेक द्वादशों की संख्या में प्रवेश करने वाले अनेक द्वादश समर्जित कहलाते हैं। षट्क समर्जित की भांति इनके भी पांच विकल्प हैं। इनका भी अल्प-बहुत्व प्रस्तुत अध्ययन में द्रष्टव्य है। षट्क समर्जित एवं द्वादश समर्जित के समान चतुरशीति समर्जित का वर्णन भी मिलता है। जब एक साथ चौरासी जीव प्रवेश करते हैं तो वे चतुरशीति समर्जित कहलाते हैं, जो उत्कृष्ट ८३ तक प्रवेश करते हैं वे नो चतुरशीति समर्जित कहलाते हैं तथा अनेक चौरासियों की संख्या में प्रवेश करते हैं वे अनेक चतुरशीति समर्जित कहे जाते हैं। इनका अल्पबहुत्व भी अध्ययन-पाठ में द्रष्टव्य है।

रत्नप्रभा आदि छह पृथ्वियों में सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं किन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न नहीं होते। उद्वर्तन भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि नैरयिकों का ही होता है। सातवीं नरक में मात्र मिथ्यादृष्टि जीव उत्पन्न होते हैं और वे ही उद्वर्तन करते हैं। नरकगति सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से कदाचित् अविरहित है और कदाचित् विरहित भी होती है। रत्नप्रभा आदि पृथ्वियों के नैरयिकों का यदि प्रत्येक समय में एक-एक को अपहरण किया जाय तो वे असंख्यात उत्सर्पिणियों, अवसर्पिणियों में अपहृत होंगे किन्तु उनका अपहरण नहीं हुआ है। वैमानिक देवों में प्रत्येक समय में एक का अपहरण किया जाय तो असंख्यात उत्सर्पिणियाँ एवं असर्पिणियाँ लगेंगी किन्तु उनका अपहरण हुआ नहीं है। ग्रैवेयक और अनुत्तर विमानों में से अपहरण किए जाने पर वे पल्योपम के असंख्यातवें भाग में अपहृत होंगे किन्तु उनका अपहरण होता नहीं है। नैरयिकों की भांति देवों में भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि जीव उत्पन्न होते हैं किन्तु पाँच अनुत्तर विमानों में मात्र सम्यग्दृष्टि देव उत्पन्न होते हैं।

व्युत्क्रान्ति अध्ययन में भव्यद्रव्य देव, नरदेव, धर्मदेव, देवाधिदेव और भावदेवों के उपपात और उद्वर्तन का भी वर्णन है। भव्यद्रव्य देव उद्वर्तन करके देवों में उत्पन्न होते हैं। नरदेव उद्वर्तन करके नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं। धर्मदेव वैमानिक देवों में उत्पन्न होते हैं। देवाधिदेव सिद्ध होते हैं यावत् सर्वदुःखों का अन्त करते हैं। भावदेवों की उद्वर्तना असुरकुमारों की भांति है। असंयत भव्यद्रव्य देव, अविराधित संयमी यावत् श्रद्धा भ्रष्ट वेषधारी जीव यदि देवलोक में उत्पन्न हों तो कहाँ-कहाँ उत्पन्न होंगे इसका भी अध्ययन में निर्देश है। जो जीव आचार्य, उपाध्याय, कुल, गण और संघ के प्रत्यनीक होते हैं तथा उनका अवर्णवाद करते हैं, मिथ्यात्व के अभिनिवेश युक्त होते हैं, बहुत वर्षों तक श्रमण पर्याय का पालन करके भी पापालोचन नहीं करते हैं वे अकाल में काल करके किल्विषिक देव रूप में उत्पन्न होते हैं। कुछ किल्विषिक देव नैरयिक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव के चार-पाँच भव करके संसार-मुक्त हो जाते हैं और कुछ संसार-कान्तार में परिभ्रमण करते रहते हैं। महर्द्धिक देव महाद्युति, महाबल, महायश और महासुख वाले होते हैं।

पृथ्वीकाय, अपकाय एवं वायुकाय के जीव रत्नप्रभा आदि पृथ्वियों में मारणांतिक समुद्घात से समवहत होकर सौधर्मकल्प आदि देवलोकों में पृथ्वीकायिक आदि रूप में उत्पन्न होते हैं तब दो विकल्प संभव हैं–(१) वे जीव पहले उत्पन्न होते हैं और बाद में पुद्गल ग्रहण करते हैं। (२) पहले वे पुद्गल ग्रहण करते हैं और पीछे उत्पन्न होते हैं।

□

३८. वुक्कंति-अज्झयणं

सूत्र

१. उप्पायाई विवक्खया एगत्त परूवणं–

एगा उप्पा, एगा वियई। –ठाणं. अ. १, सु. १४-१५

एगा गइ, एगा आगइ,

एगे चयणे, एगे उववाए। –ठाणं. अ. १, सु. १७-१८

२. उववायाई पदाणं सामित्त परूवणं–

दोण्हं उववाए पण्णत्ते, तं जहा–

१. देवाणं चेव, २. नेरइयाणं चेव।

दोण्हं उववट्टणं पण्णत्ता, तं जहा–

१. णेरइयाणं चेव, २. भवणवासीणं चेव।

दोण्हं चयणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. जोइसियाणं चेव, २. वेमाणियाणं चेव।

–ठाणं. अ. २, उ. ३, सु. ७९

३. संसार समावन्नगजीवाणं गइ-आगइ परूवणं–

(१) णिरयगइ–

प. णेरइयाणं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया ?

उ. गोयमा ! दुगइया, दुआगइया। –जीवा पडि. १, सु. ३२

(२) तिरियगइ–

प. सुहुमपुढविकाइया णं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया ?

उ. गोयमा ! दुगइया, दुआगइया,

–जीवा. पडि. १, सु. १३, (२३)

प. बायर पुढविकाइया णं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया ?

उ. गोयमा ! दुगइया, तिआगइया। –जीवा. पडि. १, सु. १५

सुहुम आउकाइया दुगइया, दुआगइया जहा सुहुमपुढविकाइया।

बायर आउकाइया दुगइया, तिआगइया जहा बायर पुढविकाइया।

सुहुमवणस्सइकाइया दुगइया, दुआगइया जहा सुहुमपुढविकाइया। –जीवा. पडि. १, सु. १६-१८

पत्तेय-सरीर-बायर-वणस्सइकाइया दुगइया, ति आगइया, जहा बायरपुढविकाइया,

साहारणसरीर-बायर-वणस्सइकाइया वि एवं चेव। णवरं-दुआगइया।

–जीवा. पडि. १, सु. २०-२१

सुहुमतेउकाइया एगगइया, दुआगइया।

३८. व्युत्क्रान्ति-अध्ययन

सूत्र

१. उत्पाद आदि की विवक्षा से एकत्व का प्ररूपण–

उत्पत्ति एक है, विगति (विनाश) एक है।

गति एक है, आगति एक है,

च्यवन एक है, उपपात एक है।

२. उत्पाद आदि पदों के स्वामित्व का प्ररूपण–

दो का उपपात कहा गया है, यथा–

१. देवताओं का, २. नैरयिकों का,

दो का उद्वर्तन कहा गया है, यथा–

१. नैरयिकों का, २. भवनवासी देवताओं का,

दो का च्यवन कहा गया है, यथा–

१. ज्योतिष्क देवों का, २. वैमानिक देवों का,

३. संसार समापन्नक जीवों की गति आगति का प्ररूपण–

(१) नरकगति–

प्र. भंते ! नैरयिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं ?

उ. गौतम ! दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

(२) तिर्यञ्चगति–

प्र. भंते ! सूक्ष्म-पृथ्वीकायिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं ?

उ. गौतम ! दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं, और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

प्र. भंते ! बादर पृथ्वीकायिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं ?

उ. गौतम ! तीन गति (मनुष्य-तिर्यञ्च व देव) से आते हैं और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

सूक्ष्म अप्कायिक जीव सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

बादर अप्कायिक जीव बादर पृथ्वीकायिकों के समान तीन गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

सूक्ष्म वनस्पतिकायकि जीव सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकायिक जीव बादर पृथ्वीकायिक के समान तीन गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

साधारण शरीर बादर वनस्पतिकायिक की गति आगति भी इसी प्रकार है। विशेष यह है कि ये दो गति से आते हैं।

सूक्ष्म तेजस्कायिक जीव दो गति से आते हैं और एक गति में जाते हैं

बायर-तेउक्काइया वि एवं चेव।–*जीवा. पडि. १, सु. २४-२५*

सुहुम-वाउक्काइया, बायर-वाउक्काइया वि एवं चेव।
–*जीवा. पडि. १, सु. २६*

बेइंदिया-दुगइया, दुआगइया,
तेइंदिया चउरिंदिया वि एवं चेव।
–*जीवा. पडि. १, सु. २८-३०*

संमुच्छिम-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया जलयरा चउगइया दुआगइया।

संमुच्छिम थलयरा चउप्पया उरगपरिसप्पा, भुयग-परिसप्पा खहयरा एवं चेव।
–*जीवा. पडि. १, सु. ३५-३६*

गब्भवक्कंतिय-पंचेंदियतिरिक्खजोणिया जलयरा चउगइया चउआगइया,
गब्भवक्कंतिय-थलयरा, चउप्पया उरगपरिसप्पा, भुजगपरिसप्पा, खहयरा एवं चेव।
–*जीवा. पडि. १, सु. ३८-४०*

(३) **मणुयगइ–**

संमुच्छिम मणुस्सा दुगइया, दुआगइया,
गब्भवक्कंतिय-मणुस्सा पंचगइया, चउआगइया
–*जीवा. पडि. १, सु. ४१*

(४) **देवगइ–**

देवा-दुगइया, दुआगइया। –*जीवा. पडि. १, सु. ४२*

४. ठाणंगानुसारेण चउगइसु जीवेसु गइ-आगइ परूवणं–

नेरइया दुगइया दुआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

१. नेरइए नेरइएसु उववज्जमाणे मणुस्सेहिंतो वा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से नेरइए णेरइयत्तं विप्पज्जहमाणे मणुस्सत्ताए वा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियत्ताए वा गच्छेजा।

एवं असुरकुमारा वि,

णवरं–से चेव असुरकुमारे असुरकुमारत्तं विप्पजहमाणे मणुस्सत्ताए वा तिरिक्खजोणियत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं सव्वदेवा। –*ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ६८*

पुढविकाइया दुगइया दुआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे पुढविकाइएहिंतो वा णो पुढविकाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा णो पुढविकाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं जाव मणुस्सा। –*ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ६८*

पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया चउगइया चउआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पंचेंदियतिरिक्खजोणिए पंचेंदियतिरिक्खजोणिएसु उववज्जमाणे

बादर तेजस्कायिक जीवों की गति आगति इसी प्रकार है।

सूक्ष्म वायुकायिक एवं बादर वायुकायिक की गति आगति भी इसी प्रकार है।

द्वीन्द्रिय जीव दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

सम्मूर्च्छिम पंचेंद्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचर दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं और चार गति (नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य एवं देव) में जाते हैं।

सम्मूर्च्छिम स्थलचर चतुष्पद उरपरिसर्प, भुजग परिसर्प और खेचरों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचर चार गति से आते हैं और चार गति में जाते हैं।

गर्भज स्थलचर चतुष्पद उरपरिसर्प भुजगपरिसर्प और खेचरों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

(३) **मनुष्यगति–**

सम्मूर्च्छिम मनुष्य दो गति से आते हैं दो गतियों में जाते हैं।
गर्भज मनुष्य चार गति से आते हैं पांच गतियों में जाते हैं।

(४) **देवगति–**

देव दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

४. स्थानांग के अनुसार चार्तुगतिक जीवों की गति आगति का प्ररूपण–

नैरयिक जीवों की दो गति और दो आगति कही गई है, यथा–

१. नरक में उत्पन्न होने वाले नैरयिक, मनुष्य या पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि से आकर उत्पन्न होते हैं।

वे ही नैरयिक नारक अवस्था को छोड़कर-मनुष्य या पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनि में जाते हैं।

इसी प्रकार असुरकुमारों के लिए भी जानना चाहिए।

विशेष–वे ही असुरकुमारदेव असुरकुमारत्व को छोड़कर मनुष्य या पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि में आकर उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार सब देवों के लिए समझना चाहिए।

पृथ्वीकायिक जीवों की दो गति और दो आगति कही गई है, यथा–

पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले जीव पृथ्वीकायिक से या पृथ्वीकायिक से भिन्न जीवों से उत्पन्न नहीं होते हैं।

वे ही पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिकत्व को छोड़कर पृथ्वीकायिक या नो पृथ्वीकायिक में जाते हैं।

इसी प्रकार मनुष्य पर्यन्त दो गति और दो आगति कही गई है।

पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों की चार स्थानों में गति और चार स्थानों में आगति कही गई है, यथा–

पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकजीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनि में उत्पन्न होता हुआ

णेरइएहिंतो वा, तिरिक्खजोणिएहिंतो वा, मणुस्सेहिंतो वा, देवेहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पंचेंदियतिरिक्खजोणिए पंचेंदियतिरिक्खजोणियत्तं विप्पजहमाणे णेरइयत्ताए वा तिरिक्खजोणियत्ताए वा, मणुस्सयत्ताए वा देवत्ताए वा गच्छेज्जा।

–ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३६७

मणुस्सा चउगइआ चउआगइआ पण्णत्ता, तं जहा–

मणुस्से मणुस्सेसु उववज्जमाणे णेरइएहिंतो वा, तिरिक्खजोणिएहिंतो वा, मणुस्सेहिंतो वा, देवेहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से मणुस्से मणुसत्तं विप्पजहमाणे णेरइयत्ताए वा, तिरिक्खजोणियत्ताए वा, मणुस्सत्ताए वा, देवत्ताए वा गच्छेज्जा। *–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३६७*

एगिंदिया पंचगइया पंचआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

१. एगिंदिए एगिंदिएसु उववज्जमाणे, एगिंदिएहिंतो वा, बेइंदिएहिंतो वा, तेइंदिएहिंतो वा, चउरिंदिएहिंतो वा, पंचिंदिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से एगिंदिए एगिंदियत्तं विप्पजहमाणे एगिंदियत्ताए वा, बेइंदियत्ताए वा, तेइंदियत्ताए वा, चउरिंदियत्ताए वा, पंचिंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

बेइंदिया पंच गइया पंच आगइया एवं चेव।

एवं तेइंदिया-चउरिंदिया-पंचिंदिया पंच गइया पंचआगइया पण्णत्ता, *–ठाणं. अ. ५, सु. ४५८*

पुढविकाइया छ गइया छ आगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे–

१. पुढविकाइएहिंतो वा,
२. आउकाइएहिंतो वा,
३. तेउकाइएहिंतो वा,
४. वाउकाइएहिंतो वा,
५. वणस्सइकाइएहिंतो वा,
६. तसकाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा **जाव** तसकाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

आउकाइया वि छ गइया छ आगइया एवं जाव **तसकाइया।**

–ठाणं. अ. ६, सु. ४८२

पुढविकाइया नवगइया नवआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे पुढविकाइएहिंतो वा **जाव** पंचेंदियहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा **जाव** पंचेंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवमाउकाइया वि जाव **पंचेंदिय त्ति।**

–ठाणं अ. ९, सु. ६६६/२-१०

नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में से आकर उत्पन्न होता है।

वही पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में जाता है।

मनुष्यों की चार स्थानों में गति और चार स्थानों में आगति कही गई है, यथा–

मनुष्य-मनुष्य में उत्पन्न होता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में से आकर उत्पन्न होता है।

वही मनुष्य, मनुष्यत्व को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों मनुष्यों तथा देवों में जाता है।

एकेन्द्रिय जीव पांच गति तथा पांच आगति वाले कहे गए हैं, यथा–

१. एकेन्द्रिय एकेन्द्रियों में उत्पन्न होता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय से उत्पन्न होता है।

एकेन्द्रिय एकेन्द्रियत्व को छोड़ता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय में जाता है।

इसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीव भी पांच गति और पांच आगति वाले होते हैं।

इसी प्रकार त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय पांच गति और पांच आगति वाले कहे गए हैं।

पृथ्वीकायिक जीव छः स्थानों में गति और छः स्थानों से आगति करने वाले कहे गए हैं, यथा–

पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होता हुआ–

१. पृथ्वीकायिकों,
२. अप्कायिकों,
३. तेजस्कायिकों,
४. वायुकायिकों,
५. वनस्पतिकायिकों और
६. त्रसकायिकों से आकर उत्पन्न होता है।

वही पृथ्वीकायिक पृथ्वीकायिकपने को छोड़ता हुआ पृथ्वीकायिकों **यावत्** त्रसकायिकों के रूप में उत्पन्न होता है।

इसी प्रकार अप्कायिक से त्रसकायिक पर्यन्त छ गति और छ आगति वाले हैं।

पृथ्वीकायिक जीवों की नौ गति और नौ आगति कही गई है, यथा–

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने वाला पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक **यावत्** पंचेन्द्रियों से उत्पन्न होता है।

वही जीव पृथ्वीकायिक पृथ्वीकायिकत्व को छोड़कर पृथ्वीकाय के रूप में **यावत्** पंचेन्द्रिय के रूप में जाता है।

इसी प्रकार अप्कायिक से पंचेन्द्रिय पर्यन्त जीवों की नौ गति और नौ आगति जाननी चाहिए।

५. **अंडजाइ जीवाणं गइ-आगइ परूवणं–**

अंडजा अट्ठगइया अट्ठआगइया पण्णत्ता,[1] तं जहा–

१. अंडजे-अंडजेसु उववज्जमाणे अंडजेहिंतो वा,
२. पोतजेहिंतो वा, ३. जराउजेहिंतो वा,
४. रसजेहिंतो वा, ५. संसेयगेहिंतो वा,
६. सम्मुच्छिमेहिंतो वा, ७. उब्भिएहिंतो वा,
८. उववाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा,
१. से चेव णं से अंडगे अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा,
२. पोतगत्ताए वा, ३. जराउजत्ताए वा,
४. रसजत्ताए वा, ५. संसेयगत्ताए वा,
६. सम्मुच्छिमत्ताए वा, ७. उब्भियत्ताए वा,
८. उववाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं पोतजा वि, जराउया वि,

सेसाणं गईरागई णत्थि। *–ठाणं अ. ८, सु. ५९५/२*

६. **चउगईय जीवाणं संतरं निरंतरं उववज्जण परूवणं–**

प. नेरइयाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।[2]

प. तिरिक्खजोणियाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. मणुस्साणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. देवाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

–पण्ण प. ६, सु. ६०९-६१२

७. **चउग्गईणं उववाय-विरहकाल परूवणं–**

प. निरयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. तिरियगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

५. **अण्डज आदि जीवों की गति-आगति का प्ररूपण–**

अण्डज आठ गति और आठ आगति वाले कहे गए हैं, यथा–

१. जो जीव अण्डज योनि में उत्पन्न होता है वह अण्डज,
२. पोतज, ३. जरायुज,
४. रसज, ५. संस्वेदज
६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज और
८. औपपातिक इन आठों योनियों से आता है।
१. जो जीव अण्डज अण्जत्व योनि को छोड़कर दूसरी योनि में जाता है वह अण्डज,
२. पोतज, ३. जरायुज,
४. रसज, ५. संस्वेदज,
६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज और
८. औपपातिक-इन आठों योनियों मेंजाता है।

इसी प्रकार पोतज और जरायुज जीवों की भी गति और आगति आठ प्रकार की कहनी चाहिए।

शेष जीवों की गति और आगति (आठ प्रकार की) नहीं होती है।

६. **चातुर्गतिक जीवों की सान्तर निरन्तर उत्पत्ति का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! क्या नैरयिक सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर (लगातार) उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या तिर्यञ्चयोनिक जीव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या मनुष्य सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम !(वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या देव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम !(वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

७. **चार गतियों के उपपात का विरहकाल प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! नरकगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! (वह) जघन्य (कम से कम) एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

---

१. ठाणं अ. ७, सु. ५४३/२

२. विया. स. ९, उ. ३२, सु. ३

प. मणुयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. देवगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।[1] –पण्ण. प. ६, सु. ५६०-५६३

८. **चमरचंचाईसु उप्पायविरहकाल परूवणं–**

चरमचंचा णं रायहाणी उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

एगमेगे णं इंदट्ठाणं उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

अहेसत्तमा णं पुढवी उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

सिद्धिगई णं उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

–ठाणं. अ. ६, सु. ५३५

९. **सिद्धगईस्स सिज्झणा विरहकाल परूवणं–**

प. सिद्धगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया सिज्झणयाए पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं छम्मासा।[2] –पण्ण. प. ६, सु. ५६४

१०. **चउगईणं उव्वट्टण-विरहकाल परूवणं–**

प. निरयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. तिरियगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. मणुयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. देवगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।[3] –पण्ण. प. ६, सु. ५६५-५६८

प्र. भन्ते ! मनुष्यगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते! देवगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक उपपात से विरहित रहती है।

८. **चमरचंचा आदि में उपपात विरह काल का प्ररूपण–**

चमरचंचा राजधानी उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

प्रत्येक इन्द्र स्थान उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकता है।

अधःसप्तम पृथ्वी उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

सिद्धगति उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

९. **सिद्धगति के सिद्ध विरह काल का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! सिद्धगति कितने काल तक सिद्धि से रहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह महीनों तक विरहित रहती है।

१०. **चार गतियों के उद्वर्तन विरहकाल का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! नरकगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! मनुष्यगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! देवगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय, उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

---

१. विया. स. १, उ. १०, सु. ३

२. (क) सम. सु. १५४/६ (ख) पण्ण. प. ६, सु. ६०६ (ग) सम. सु. १५५/६ ३. सम. सु. १५४ (८)

११. चउवीसदंडगा जीवा कओहिंतो उववज्जंतीति परूवणं–

प. नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति ?
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति ?
देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइया नो नेरइएहिंतो उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
नो देवेहिंतो उववज्जंति।[1]

प. जइ तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,

किं एगिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
बेइंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
तेइंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो एगिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,

नो बेइंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो तेइंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो चउरिंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,

पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति।

प. जइ पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,

किं जलयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

थलचर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
खहयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।
थलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।

खहयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।

प. जइ जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,

किं सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
गब्भवक्कंतिय-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

११. चौबीस दंडकों के जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं इसका प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या (वे) नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
मनुष्यों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक, नैरयिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते,
(वे) तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
किन्तु देवों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि (नैरयिक) तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या (वे)
एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
द्वीन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं जे भविए नेरइए वा, तिरिक्खजोणिए वा, मणुस्से वा, देवे वा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु, उववज्जित्तए से भवियदव्व पंचेंदिय तिरिक्ख जोणिया।

दं. २१. एवं मणुस्साण वि।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियाणं जहा नेरइया। *–विया. स. १८, उ. ९, सु. २-९*

४६. चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कइसंचियाइ परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! कइसंचिया, अकइसंचिया, अवत्तव्वगसंचिया ?

उ. गोयमा ! नेरइया कइसंचिया वि, अकइसंचिया वि, अवत्तव्वगसंचिया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'नेरइया कइसंचिया वि जाव अवत्तव्वगसंचिया वि ?

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया संखेज्जएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया कइसंचिया,
जे णं नेरइया असंखेज्जएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया अकइसंचिया,
जे णं नेरइया एक्कएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया अवत्तव्वगसंचिया,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
''नेरइया कइसंचिया वि जाव अवत्तव्वगसंचिया वि''
दं. २-११. एवं असुरकुमारा जाव थणियकुमारा।

प. दं. १२. पुढविकाइयाणं भंते ! किं कइसंचिया अकइसंचिया अवत्तव्वगसंचिया ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइया नो कइसंचिया, अकइसंचिया, नो अवत्तव्वगसंचिया।

प. से केणट्ठेणं भंते ! वुच्चइ–
''पुढविकाइया नो कइसंचिया, अकइसंचिया, नो अवत्तव्वगसंचिया ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइया असंखेज्जएणं पवेसणएणं पविसंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
''पुढविकाइया नो कइसंचिया, नो अकइसंचिया, अवत्तव्वगसंचिया।
दं. १३-१६. एवं जाव वणस्सइकाइया।

दं. १३, १६. इसी प्रकार अप्कायिक और वनस्पतिकायिक के विषय में समझना चाहिए।

दं. १४, १५, १७-१९. अग्निकाय, वायुकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय पर्याय में जो कोई तिर्यञ्च या मनुष्य उत्पन्न होने के योग्य हो, वह भव्य-द्रव्य-अग्नि वायु द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय भव्य द्रव्य कहलाता है।

दं. २०. जो कोई नैरयिक, तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य या देव अथवा पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होने योग्य होता है, वह भव्य-द्रव्य पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक कहलाता है।

दं. २१. इसी प्रकार मनुष्यों के लिए भी कहना चाहिए।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर ज्योतिष्क और वैमानिकों के विषय में नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

४६. चौबीस दण्डक और सिद्धों में कतिसंचितादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भन्ते ! क्या नैरयिक कतिसंचित है, अकतिसंचित है या अवक्तव्यसंचित है ?

उ. गौतम ! नैरयिक कतिसंचित भी है, अकतिसंचित भी है और अवक्तव्यसंचित भी है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि –
''नैरयिक कतिसंचित भी है यावत् अवक्तव्यसंचित भी है ?

उ. गौतम ! जो नैरयिक (नरकगति में एक साथ) संख्यात प्रवेश करते (उत्पन्न होते) हैं वे कतिसंचित हैं।
जो नैरयिक (एक साथ) असंख्यात प्रवेश करते हैं वे अकतिसंचित हैं।
जो नैरयिक एक-एक करके प्रवेश करते हैं वे अवक्तव्य संचित हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
''नैरयिक कतिसंचित भी है यावत् अवक्तव्यसंचित भी है।
दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. १२. भन्ते ! क्या पृथ्वीकायिक कतिसंचित हैं, अकतिसंचित हैं या अवक्तव्य संचित हैं ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित नहीं हैं किन्तु अकतिसंचित हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
''पृथ्वीकायिक जीव कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित नहीं हैं किन्तु अकतिसंचित हैं ?''

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव एक साथ असंख्यात प्रवेश करते (उत्पन्न होते) हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
''पृथ्वीकायिक जीव अकतिसंचित है किन्तु वे कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित नहीं है।''
दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १७-२४. बेइंदिया जाव वेमाणिया जहा नेरइया[1]।

प. सिद्धा णं भंते ! किं कइसंचिया, अकइसंचिया, अवत्तव्वगसंचिया ?

उ. गोयमा ! सिद्धा कइसंचिया, नो अकइसंचिया, अवत्तव्वगसंचिया।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"सिद्धा कइ संचिया, नो अकइसंचिया, अवत्तव्वगसंचिया।"

उ. गोयमा ! जे णं सिद्धा संखेज्जएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं सिद्धा कइसंचिया,
जे णं सिद्धा एक्कएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं सिद्धा अवत्तव्वगसंचिया।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"सिद्धा कइ संचिया, नो अकइसंचिया,
अवत्तव्वगसंचिया वि।" *–विया. स. २०, उ. १०, सु. २३-२८*

४७. चउवीसदंडगाणं सिद्धाण य कइ संचियाइ विसिट्ठ अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं कइसंचियाणं अकइसंचियाणं अवत्तव्वगसंचियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा नेरइया अवत्तव्वगसंचिया,
२. कइसंचिया संखेज्जगुणा,
३. अकइसंचिया असंखेज्जगुणा।
एवं एगिंदियवज्जाणं जाव वेमाणियाणं अप्पाबहुगं एगिंदियाणं नत्थि अप्पाबहुगं।

प. एएसि णं भंते ! सिद्धाणं कइसंचियाणं अवत्तव्वगसंचियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा सिद्धा कइसंचिया।
२. अवत्तव्वगसंचिया संखेज्जगुणा।
–विया. स. २०, उ. १०, सु. २९-३१

४८. चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य छक्क समज्जियाइ परूवणं–

प. **दं. १.** नेरइया णं भंते ! किं छक्कसमज्जिया, नो छक्कसमज्जिया, छक्केण य नो छक्केण य समज्जिया, छक्केहिं समज्जिया, छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! नेरइया छक्कसमज्जिया वि, नो छक्कसमज्जिया वि, छक्केण य, नो छक्केण य समज्जिया वि, छक्केहिं सम्मज्जिया वि, छक्केहि य, नो छक्केण य समज्जिया वि।

दं. १७-२४. द्वीन्द्रियों से वैमानिकों पर्यन्त नैरयिकों के समान कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या सिद्ध कतिसंचित है, अकतिसंचित है या अवक्तव्य संचित है ?

उ. गौतम ! सिद्ध कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित है, किन्तु अकतिसंचित नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सिद्ध कतिसंचित है और अवक्तव्यसंचित है, किन्तु अकतिसंचित नहीं है।"

उ. गौतम ! जो सिद्ध संख्यातप्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे सिद्ध कतिसंचित हैं।
जो सिद्ध एक-एक करके प्रवेश करते हैं वे सिद्ध अवक्तव्यसंचित हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सिद्ध कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित हैं किन्तु अकतिसंचित नहीं हैं।"

४७. कतिसंचितादि विशिष्ट चौबीस दण्डक और सिद्धों का अल्पबहुत्व–

प्र. भन्ते ! इन १. कतिसंचित, २. अकतिसंचित और ३. अवक्तव्यसंचित नैरयिकों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प अवक्तव्यसंचित नैरयिक हैं,
२. (उनसे) कतिसंचित नैरयिक संख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) अकतिसंचित नैरयिक असंख्यातगुणे हैं।
इसी प्रकार एकेन्द्रियों को छोड़कर वैमानिकों पर्यन्त अल्पबहुत्व कहना चाहिए, एकेन्द्रियों का अल्पबहुत्व नहीं है।

प्र. भन्ते ! कतिसंचित और अवक्तव्यसंचित सिद्धों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प कतिसंचित सिद्ध हैं,
२. (उनसे) अवक्तव्यसंचित सिद्ध संख्यातगुणे हैं।

४८. चौबीस दण्डकों और सिद्धों में षट्क समर्जितादि का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भन्ते ! क्या नैरयिक षट्क-समर्जित है, २. नो षट्क-समर्जित है, ३. (एक) षटक् और नो षटक्-समर्जित हैं, ४. (अनेक) षट्क-समर्जित है या, ५. अनेक षट्क-समर्जित और एक नो षट्क-समर्जित है ?

उ. गौतम ! नैरयिक १. षट्क-समर्जित भी है, २. नो षट्क-समर्जित भी है, ३. एक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित भी है, ४. तथा अनेक षट्क-समर्जित है और ५. अनेक षट्क समर्जित और एक नो षट्क-समर्जित भी है।

---

१. ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १२९

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया छक्कसमज्जिया वि **जाव** छक्केहि य नो छक्केण य समज्जिया वि ?"

उ. गोयमा ! १. जे णं नेरइया छक्कएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया छक्कसमज्जिया।

२. जे णं नेरइया जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचएणं पवेसणएणं पविसंति, ते णं नेरइया नो छक्कसमज्जिया।

३. जे णं नेरइया एगेणं छक्कएणं , अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया छक्केण य नो छक्केण य समज्जिया।

४. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं छक्कएहिं पवेसणगं पविसंति ते णं नेरइया छक्केहिं समज्जिया।

५. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं छक्कएहिं, अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया छक्कसमज्जिया **जाव** छक्केहिं य, नो छक्केण य समज्जिया वि।"

दं. २-११. एवं असुरकुमारा जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! छक्कसमज्जिया **जाव** छक्केहिं य, नो छक्केण य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइया नो छक्कसमज्जिया, नो छक्कसमज्जिया, नो छक्केण य नो छक्केण य समज्जिया, छक्केहिं समज्जिया वि छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पुढविकाइया नो छक्क समज्जिया **जाव** छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया ?"

उ. गोयमा ! १. जे णं पुढविकाइयाऽणेगेहिं छक्कएहिं पवेसणगं पविसंति, ते णं पुढविकाइया छक्केहिं समज्जिया।

२. जे णं पुढविकाइयाऽणेगेहिं छक्कएहिं य जहन्नेणं एक्केण वा दोहिं वा तिहिं वा, उक्कोसेणं पंचएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं पुढविकाइया छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"पुढविकाइया, नो छक्कसमज्जिया **जाव** छक्केहि य नो छक्केण य समज्जिया वि।"

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक षट्क-समर्जित भी है **यावत्** अनेक षट्क-समर्जित तथा एक नो षट्क-समर्जित भी है ?"

उ. गौतम ! १. जो नैरयिक (एक समय में एक साथ) छह की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक **"षट्क-समर्जित"** (कहलाते) हैं।

२. जो नैरयिक (एक साथ) जघन्य एक, दो या तीन, उत्कृष्ट पाँच की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे **नो षटक-समर्जित** कहलाते हैं।

३. जो नैरयिक एक षट्क संख्या से और अन्य जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पांच की संख्या में प्रवेश करते हैं, **"वे षट्क और नो षट्क-समर्जित"** (कहलाते) हैं।

४. जो नैरयिक अनेक षट्क संख्या में प्रवेश करते हैं वे नैरयिक **अनेक षट्क समर्जित** (कहलाते) हैं,

५. जो नैरयिक अनेक षट्क संख्या से और जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पांच की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक **"अनेक षट्क और एक नो षट्क समर्जित"** (कहलाते) हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक षट्क समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित भी हैं।

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भन्ते ! क्या पृथ्वीकायिक जीव षट्क-समर्जित हैं **यावत्** अनेक षट्क समर्जित और एक नो षट्क समर्जित है ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव षट्क-समर्जित नहीं है, नो षट्क-समर्जित नहीं हैं और एक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित भी नहीं हैं, किन्तु अनेक षट्क-समर्जित हैं तथा अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित भी हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"पृथ्वीकायिक जीव षट्क समर्जित नहीं है **यावत्** अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित भी है ?"

उ. गौतम ! १. जो पृथ्वीकायिक जीव अनेक षट्क से प्रवेश करते हैं वे अनेक षट्क-समर्जित हैं।

२. जो पृथ्वीकायिक अनेक षट्क से तथा जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पाँच संख्या में प्रवेश करते हैं, वे पृथ्वीकायिक अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित कहलाते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"पृथ्वीकायिक जीव षट्क समर्जित नहीं हैं **यावत्** अनेक षट्क समर्जित तथा अनेक षट्क और एक नो षट्क समर्जित है।"

दं. १३-१६. एवं जाव **वणस्सइकाइया,**

दं. १७-२४. **बेइंदिया** जाव **वेमाणिया।**

सिद्धा जहा नेरइया। *–विया. स. २०, उ. १०, सु. ३२-३६*

४९. **छक्क समज्जियाइ विसिट्ठ चउवीस दंडगाणं सिद्धाण य अप्पबहुत्तं–**

प. दं. १. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं १. छक्कसमज्जियाणं, २. नो छक्कसमज्जियाणं, ३. छक्केण य नो छक्केण य समज्जियाणं, ४. छक्केहिं समज्जियाणं, ५. छक्केहि य नो छक्केण य समज्जियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा नेरइया छक्कसमज्जिया,
२. नो छक्कसमज्जिया संखेज्जगुणा,
३. छक्केण य नो छक्केण य समज्जिया संखेज्जगुणा,
४. छक्केहिं समज्जिया असंखेज्जगुणा,
५. छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया संखेज्जगुणा।

दं. २-११. **एवं असुरकुमारा** जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. एएसि णं भंते ! पुढविकाइयाणं छक्केहिं समज्जियाणं, छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पुढविकाइया छक्केहिं समज्जिया,
२. छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया संखेज्जगुणा।

दं. १३-१६. **एवं** जाव **वणस्सइकाइयाणं।**

दं. १७-२४. **बेइंदियाणं** जाव **वेमाणियाणं जहा नेरइयाणं।**

प. एएसि णं भंते ! सिद्धाणं छक्कसमज्जियाणं, नो छक्कसम्मज्जियाणं **जाव** छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा सिद्धा छक्केहिं य नो छक्केण य समज्जिया,
२. छक्केहिं समज्जिया संखेज्जगुणा,
३. छक्केण य नो छक्केण य समज्जिया संखेज्जगुणा,
४. छक्कसमज्जिया संखेज्जगुणा,
५. नो छक्कसमज्जिया संखेज्जगुणा।

–विया. स. २०, उ. १०, सु. ३७-४२

दं. १३-१६. **इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त समझना चाहिए।**

दं. १७-२४. **इसी प्रकार द्वीन्द्रिय से वैमानिकों पर्यन्त पूर्ववत् कहना चाहिए।**

सिद्धों का कथन नैरयिकों के समान है।

४९. **षट्क समर्जितादि विशिष्ट चौबीस दण्डकों और सिद्धों में अल्पबहुत्व–**

प्र. दं. १. भन्ते ! इन १. षट्कसमर्जित, २. नो षट्क-समर्जित, ३. एक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित, ४. अनेक षट्क-समर्जित तथा ५. अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित नैरयिकों में कौन किन से अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे कम एक षट्क-समर्जित नैरयिक है,
२. (उनसे) नो षट्क-समर्जित नैरयिक संख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) एक षट्क और नो षट्क-समर्जित नैरयिक संख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) अनेक षट्क-समर्जित नैरयिक असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित नैरयिक संख्यातगुणे हैं।

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त अल्पबहुत्व कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भन्ते ! इन अनेक षट्क-समर्जित और अनेक षट्क तथा नो षट्क-समर्जित पृथ्वीकायिकों में कौन-किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प अनेक षट्क-समर्जित पृथ्वीकायिक हैं,
२. (उनसे) अनेक षट्क और नो षट्क-समर्जित पृथ्वीकायिक संख्यातगुणे हैं।

दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १७-२४. द्वीन्द्रियों से वैमानिकों पर्यन्त का अल्पबहुत्व नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! इन षट्क-समर्जित, नो षट्क समर्जित **यावत्** अनेक षट्क और एक नो षट्क-समर्जित सिद्धों में कौन-किन से अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. अनेक षट्क और नो षट्क समर्जित सिद्ध सबसे थोड़े हैं।
२. (उनसे) अनेक-षट्क-समर्जित सिद्ध संख्यातगुणे हैं।
३. (उनसे) एक षट्क और नो षट्क-समर्जित सिद्ध संख्यातगुणे हैं।
४. (उनसे) षट्क-समर्जित सिद्ध संख्यातगुणे हैं।
५. (उनसे) नो षट्क-समर्जित सिद्ध संख्यातगुणे हैं।

५०. चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य बारस समज्जियाइ परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं बारस समज्जिया,
नो बारस समज्जिया
बारसएण य नो बारसएण य समज्जिया,
बारसएहिं समज्जिया,
बारसएहिं य नो बारसएण य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! नेरइया बारस समज्जिया वि **जाव** बारसएहि य नो बारसएण य समज्जिया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया बारस समज्जिया **जाव** बारसएहिं य नो बारसएण य समज्जिया ?"

उ. गोयमा ! १. जे णं नेरइया बारसएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया बारस समज्जिया।
२. जे णं नेरइया जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं एक्कारसएणं पवेसणएणं पविसंति, ते णं नेरइया नो बारस समज्जिया।
३. जे णं नेरइया बारसएणं अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं एक्कारसएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया बारसएण य नो बारसएण य समज्जिया।
४. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं बारसएहिं पवेसणगं पविसंति ते णं नेरइया बारसएहिं समज्जिया।
५. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं बारसएहिं, अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं एक्कारसएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया बारसएहिं य नो बारसएण य समज्जिया।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया बारस समज्जिया वि **जाव** बारसएहि य नो बारसएण य समज्जिया वि।"
दं. २-११. एवं असुरकुमारा जाव **थणियकुमारा।**

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! किं बारस समज्जिया **जाव** बारसएहि य नो बारसएण य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! पुढविकाइया नो बारस समज्जिया, नो बारस समज्जिया, नो बारसएण य नो बारसएण य समज्जिया, बारसएहिं समज्जिया वि, बारसएहि य नो बारसएण य समज्जिया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पुढविकाइया नो बारस समज्जिया **जाव** बारसएण य नो बारसएण य समज्जिया वि ?"

उ. गोयमा ! १. जे णं पुढविकाइयाऽणेगेहिं बारसएहिं पवेसणगं पविसंति ते णं पुढविकाइया बारसएहिं समज्जिया।

५०. चौबीस दण्डक और सिद्धों में द्वादश समर्जितादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिक जीव क्या द्वादश-समर्जित हैं,
नो द्वादश-समर्जित हैं,
अथवा द्वादश नो द्वादश-समर्जित हैं,
अनेक द्वादश-समर्जित हैं,
या अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक द्वादश-समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित भी हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक द्वादश-समर्जित भी है **यावत्** अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित भी है ?"

उ. गौतम ! १. जो नैरयिक (एक समय में एक साथ) बारह की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक द्वादश-समर्जित हैं।
२. जो नैरयिक जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट ग्यारह तक प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक नो द्वादश-समर्जित हैं।
३. जो नैरयिक एक समय में बारह तथा जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट ग्यारह तक प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक द्वादश नो द्वादश-समर्जित हैं।
४. जो नैरयिक एक समय में अनेक बारह-बारह की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक अनेक द्वादश-समर्जित हैं।
५. जो नैरयिक एक समय में अनेक बारह-बारह की संख्या में तथा जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट ग्यारह तक प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक द्वादश-समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित भी हैं।
दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भन्ते ! पृथ्वीकायिक क्या द्वादश-समर्जित हैं **यावत्** अनेक द्वादश और नो द्वादश समर्जित हैं ?

उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक न द्वादश-समर्जित है, न नो द्वादश-समर्जित है और न द्वादश-समर्जित नो द्वादश-समर्जित है, किन्तु अनेक द्वादश-समर्जित हैं और अनेक द्वादश और एक नो द्वादश-समर्जित हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"पृथ्वीकायिक द्वादश-समर्जित नहीं हैं **यावत्** अनेक द्वादश नो द्वादश-समर्जित हैं ?"

उ. गौतम ! १. जो पृथ्वीकायिक जीव (एक समय में एक साथ) अनेक द्वादश-द्वादश की संख्या में प्रवेश करते हैं वे अनेक द्वादश-समर्जित हैं।

२. जे णं पुढविकाइयाऽणेगेहिं बारसएहिं, अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं एक्कारसएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं पुढविकाइया बारसएहिं य नो बारसएण य समज्जिया।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"पुढविकाइया नो बारस समज्जिया **जाव** बारसएण य नो बारसएण य समज्जिया वि"
दं. १३-१६. एवं जाव **वणस्सइकाइया।**

दं. १७-२४. बेइंदिया जाव **वेमाणिया,**

सिद्धा जहा नेरइया। *–विया. स. २०, उ. १०, सु. ४३-४७*

५१. बारस समज्जियाइ विसिट्ठ चउवीसदंडगाणं सिद्धाण य अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं बारस समज्जियाणं **जाव** बारसेहि य नो बारसएण य समज्जियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! **सव्वेहिं अप्पबहुगं जहा छक्कसमज्जियाणं,**

णवरं–बारसाभिलावो,

सेसं तं चेव। *–विया. स. २०, उ. १०, सु. ४८*

५२. चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य चुलसीइसमज्जियाइ परूवणं–

प. **दं. १.** नेरइया णं भंते ! किं १. चुलसीइसमज्जिया, २. नो चुलसीइसमज्जिया, ३. चुलसीईए य नो चुलसीईए य समज्जिया, ४. चुलसीईहिं समज्जिया, ५. चुलसीइहि य नो चुलसीईए य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! नेरइया चुलसीइसमज्जिया वि **जाव** चुलसीईहिं य नो चुलसीईए य समज्जिया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइया चुलसीइसमज्जिया वि **जाव** चुलसीईहिं य नो चुलसीईए समज्जिया वि ?

उ. गोयमा ! १. जे णं नेरइया चुलसीईएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया चुलसीइसम्मज्जिया।

२. जे णं नेरइया जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं तेसीइ पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया नो चुलसीइसमज्जिया।
३. जे णं नेरइया चुलसीईएणं अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,
उक्कोसेणं तेसीईएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया चुलसीईए य नो चुलसीईए य समज्जिया।

२. जो पृथ्वीकायिक जीव अनेक द्वादश तथा जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट ग्यारह प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे पृथ्वीकायिक और एक द्वादश अनेक द्वादश-समर्जित हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"पृथ्वीकायिक द्वादश-समर्जित नहीं है **यावत्** अनेक द्वादश नो द्वादश-समर्जित भी हैं।"
दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त आलापक कहना चाहिए।
दं. १७-२४. द्वीन्द्रिय जीवों से वैमानिकों पर्यन्त इसी प्रकार जानना चाहिए।
सिद्धों का कथन नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

५१. द्वादश समर्जितादि विशिष्ट चौबीस दंडकों का और सिद्धों का अल्पबहुत्व–

प्र. भंते ! इन द्वादश-समर्जित **यावत्** अनेक-द्वादश-समर्जित और एक द्वादश-समर्जित नैरयिकों में कौन, किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार षट्क-समर्जित आदि जीवों का अल्पबहुत्व कहा, उसी प्रकार द्वादश-समर्जित आदि सभी जीवों का अल्पबहुत्व कहना चाहिए।**
विशेष–"षट्क" के स्थान में "द्वादश", ऐसा अभिलाप करना चाहिए।
शेष सब पूर्ववत् है।

५२. चौबीस दंडक और सिद्धों में चतुरशीति समर्जितादि का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भंते ! क्या नैरयिक जीव १. चतुरशीति (चौरासी) समर्जित हैं, २. नो चतुरशीति-समर्जित हैं ३. चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित हैं, ४. अनेक चतुरशीति-समर्जित हैं, ५. अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक चतुरशीति-समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित भी हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक जीव चतुरशीति समर्जित भी है **यावत्** अनेक-चतुरशीति-नो-चतुरशीति समर्जित भी हैं ?"

उ. गौतम ! १. जो नैरयिक (एक समय में एक साथ) चौरासी (८४) प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक चतुरशीति-समर्जित हैं।
२. जो नैरयिक जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट (एक साथ) तिरासी (८३) प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे नैरयिक नो चतुरशीति-समर्जित हैं।
३. जो नैरयिक एक साथ, एक समय में चौरासी तथा अन्य जघन्य एक, दो या तीन और
उत्कृष्ट तिरासी (एक साथ) प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं वे नैरयिक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित हैं।

४. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं चुलसीईएहिं पवेसणगं पविसंति ते णं नेरइया चुलसीईहिं समज्जिया।

५. जे णं नेरइयाऽणेगेहिं चुलसीईएहिं अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा,

उक्कोसेणं तेसीयएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं नेरइया चुलसीईए य समज्जिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"नेरइया चुलसीइसमज्जिया वि **जाव** चुलसीईहिं य नो चुलसीईए समज्जिया वि।"

दं. २-११. एवं असुरकुमारा जाव **थणियकुमारा।**

दं. १२. पुढविकाइया तहेव पच्छिल्लएहिं दोहिं,

णवरं–अभिलावो चुलसीइईओ।

दं. १३-१६. एवं जाव **वणस्सइकाइया।**

दं. १७-२४. बेइंदिया जाव **वेमाणिया जहा नेरइया।**

प. सिद्धाणं भंते ! किं चुलसीइसमज्जिया **जाव** चुलसीहिं य नो चुलसीईए य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! सिद्धा १ चुलसीइ समज्जिया वि,

२. नो चुलसीइ समज्जिया वि,

३. चुलसीईए य नो चुलसीईए य समज्जिया वि,

४. नो चुलसीईहिं समज्जिया,

५. नो चुलसीईहिं य नो चुलसीईए य समज्जिया।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"सिद्धा चुलसीइ समज्जिया वि **जाव** नो चुलसीईहिं य नो चुलसीईए य समज्जिया ?

उ. गोयमा ! १. जे णं सिद्धा चुलसीईएणं पवेसणएणं पविसंति, ते णं सिद्धा चुलसीइ समज्जिया।

२. जे णं सिद्धा जहन्नेणं एक्केण वा दोहिं वा तीहिं वा,

उक्कोसेणं तेसीईएणं पवेसणएणं पविसंति, ते णं सिद्धा नो चुलसीइ समज्जिया।

३. जे णं सिद्धा चुलसीयेणं अन्नेण य जहन्नेणं एक्केण वा दोहिं वा तीहिं वा,

उक्कोसेणं (चउवीसएणं) तेसीयएणं पवेसणएणं पविसंति ते णं सिद्धा चुलसीईए य नो चुलसीईए य समज्जिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"सिद्धा चुलसीइ समज्जिया **जाव** नो चुलसीईहिं य नो चुलसीईए य समज्जिया।

–विया. स. २०, उ. १०, सु. ४९-५४

४. जो नैरयिक एक साथ एक समय में अनेक चौरासी प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे अनेक चतुरशीति-समर्जित हैं।

५. जो नैरयिक एक-एक समय में अनेक चौरासी तथा जघन्य एक, दो या तीन और

उत्कृष्ट तेयासी प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक चतुरशीति-समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित भी हैं।

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।"

दं. १२. पृथ्वीकायिक जीवों के लिए (अनेक चतुरशीति-समर्जित और अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित) ये दो पिछले भंग समझने चाहिए।

विशेष–यहाँ "चौरासी" ऐसा अभिलाप करना चाहिए।

दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त (पूर्वोक्त दो भंग) जानने चाहिए।

दं. १७-२४. द्वीन्द्रिय जीवों से वैमानिकों पर्यन्त नैरयिकों के समान कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या सिद्ध चतुरशीति-समर्जित हैं **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित हैं ?

उ. गौतम ! १. सिद्ध भगवान् चतुरशीति-समर्जित भी हैं,

२. नो चतुरशीति-समर्जित भी हैं,

३. चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित भी हैं,

४. वे अनेक चतुरशीति-समर्जित नहीं हैं,

५. वे अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित भी नहीं हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"सिद्ध चतुरशीति-समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित नहीं हैं।"

उ. गौतम ! १. जो सिद्ध एक साथ, एक समय में चौरासी संख्या में प्रवेश करते हैं वे सिद्ध चतुरशीति-समर्जित हैं।

२. जो सिद्ध एक समय में, जघन्य एक, दो या तीन और

उत्कृष्ट तिरासी प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे सिद्ध नो चतुरशीति-समर्जित हैं।

३. जो सिद्ध एक समय में एक साथ चौरासी और अन्य जघन्य एक, दो या तीन और

उत्कृष्ट (चौबीस) तिरासी प्रवेशनक से प्रवेश करते हैं, वे सिद्ध चतुरशीति-समर्जित और नो चतुरशीति-समर्जित हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"सिद्ध भगवान् चतुरशीति समर्जित भी हैं **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित नहीं हैं।

५३. चुलसीइसमज्जियाइ विसिट्ठ चउवीसदंडगाणं सिद्धाण य अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! नेरइयाणं चुलसीइ समज्जियाणं **जाव** चुलसीइहिं य नो चुलसीईए य समज्जियाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया ?

उ. गोयमा ! **सव्वेसिं अप्पाबहुगं जहा छक्कसमज्जियाणं** जाव **वेमाणियाणं,**

णवरं–अभिलावो चुलसीयओ।

प. एएसि णं भंते ! सिद्धाणं चुलसीइ समज्जियाणं,
नो चुलसीइ समज्जियाणं,
चुलसीइए य नो चुलसीईए य समज्जियाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा सिद्धा चुलसीईए य नो चुलसीईए य समज्जिया,
२. चुलसीइ समज्जिया अणंतगुणा,
३. नो चुलसीइ समज्जिया अणंतगुणा।

–विया. स. २०, उ. १०, सु. ५५-५६

५४. सत्तण्हं नरयपुढवीणं सम्मदिट्ठिआईणं उववाय-उव्वट्टण-अविरहियत्त परूवणं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससय सहस्सेसु संखेज्जवित्थडेसु नरएसु
किं सम्मदिट्ठी नेरइया उववज्जंति ?
मिच्छादिट्ठी नेरइया उववज्जंति,
सम्मामिच्छद्दिट्ठी नेरइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सम्मदिट्ठी वि नेरइया उववज्जंति,
मिच्छादिट्ठी वि नेरइया उववज्जंति,
नो सम्मामिच्छद्दिट्ठी नेरइया उववज्जंति।

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु संखेज्जवित्थडेसु नरएसु,
किं सम्मदिट्ठी नेरइया उव्वट्टंति ?
मिच्छादिट्ठी नेरइया उव्वट्टंति,
सम्मामिच्छद्दिट्ठी नेरइया उव्वट्टंति ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु संखेज्जवित्थडा नरगा किं सम्मदिट्ठीहिं नेरइएहिं अविरहिया ?
मिच्छद्दिट्ठीहिं नेरइएहिं अविरहिया,
सम्मामिच्छद्दिट्ठीहिं नेरइएहिं अविरहिया ?

उ. गोयमा ! सम्मदिट्ठीहिं वि नेरइएहिं अविरहिया,
मिच्छद्दिट्ठीहिं वि नेरइएहिं अविरहिया,
सम्मामिच्छद्दिट्ठीहिं नेरइएहिं अविरहिया, विरहिया वा।

५३. चतुरशीति-समर्जितादि विशिष्ट चौबीस दंडक और सिद्धों का अल्प बहुत्व–

प्र. भंते ! इन चतुरशीति-समर्जित **यावत्** अनेक चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित नैरयिकों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार षट्क समर्जित आदि जीवों का अल्पबहुत्व कहा उसी प्रकार चतुरशीति समर्जित आदि जीवों का वैमानिक-पर्यन्त अल्पबहुत्व कहना चाहिए।**
विशेष–यहाँ "षट्क" के स्थान में "चतुरशीति" शब्द कहना चाहिए।

प्र. भंते ! चतुरशीति समर्जित,
नो चतुरशीति-समर्जित तथा
चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित सिद्धों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प चतुरशीति नो चतुरशीति-समर्जित सिद्ध हैं,
२. (उनसे) चतुरशीति-समर्जित सिद्ध अनन्तगुणे हैं,
३. (उनसे) नो चतुरशीति-समर्जित सिद्ध अनन्तगुणे हैं।

५४. सात नरक पृथ्वियों में सम्यग्दृष्टियों आदि का उत्पाद उद्वर्तन और अविरहितत्व का प्ररूपण–

प्र. भंते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के तीस लाख नरकावासों में से संख्यात योजन विस्तार वाले नरकावासों में–
क्या सम्यग्दृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?
मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?
सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! इनमें सम्यग्दृष्टि नैरयिक भी उत्पन्न होते हैं,
मिथ्यादृष्टि नैरयिक भी उत्पन्न होते हैं,
किन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के तीस लाख नरकावासों में से संख्यात योजन विस्तृत,
नरकावासों में क्या सम्यग्दृष्टि नैरयिक उद्वर्तन करते हैं ?
मिथ्यादृष्टि नैरयिक उद्वर्तन करते हैं ?
सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उद्वर्तन करते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् कहना चाहिए।**

प्र. भंते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के तीस लाख नरकावासों में से संख्यात योजन-विस्तृत नरकावास क्या सम्यग्दृष्टि नैरयिकों से अविरहित (सहित) हैं,
मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से अविरहित हैं,
सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से अविरहित हैं ?

उ. गौतम ! सम्यग्दृष्टि नैरयिकों से भी अविरहित हैं,
मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से भी अविरहित हैं,
सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से कदाचित् अविरहित हैं और कदाचित् विरहित हैं।

एवं असंखेज्जवित्थडेसु वि तिण्णि गमगा भाणियव्वा।

एवं सक्करप्पभाए वि।
एवं जाव तमाए।

प. अहेसत्तमाए णं भंते ! पुढवीए पंचसु अणुत्तरेसु **जाव** असंखेज्जवित्थडेसु नरए किं सम्मदिट्ठी नेरइया उववज्जंति ?
मिच्छादिट्ठी नेरइया उववज्जंति,
सम्मामिच्छद्दिट्ठी नेरइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सम्मदिट्ठी नेरइया न उववज्जंति, मिच्छद्दिट्ठी नेरइया उववज्जंति, सम्मामिच्छादिट्ठी नेरइया न उववज्जंति।
एवं उव्वट्टंति वि।
अविरहिए जहेव रयणप्पभाए।

एवं असंखेज्जवित्थडेसु वि तिण्णि गमगा।
–विया. स. १३, उ. १, सु. १९-२७

५५. नेरइयाणं समए-समए अवहीरमाणे वि अनवहरणत्त परूवणं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णेरइया समए-समए अवहीरमाणा-अवहीरमाणा केवइए कालेणं अवहिया सिया ?

उ. गोयमा ! ते णं असंखेज्जा, समए-समए अवहीरमाणा अवहीरमाणा असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति, नो चेव णं अवहिया सिया।

एवं जाव **अहेसत्तमाए।** *–जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. ८६ (२)*

५६. वेमाणियदेवाणं समए-समए अवहीरमाणे वि अनवहरणत्त परूवणं–

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवा समए समए अवहीरमाणा-अवहीरमाणा केवइएणं कालेणं अवहिया सिया ?

उ. गोयमा ! ते णं असंखेज्जा, समए-समए अवहीरमाणा-अवहीरमाणा असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति, नो चेव णं अवहिया सिया **जाव** सहस्सारे।

आणयादिसु चउसु वि।

प. गेवज्जेसु अणुत्तरेसु य समए-समए अवहीरमाणा-अवहीरमाणा केवइएणं कालेणं अवहिया सिया ?

उ. गोयमा ! ते णं असंखेज्जा, समए-समए अवहीरमाणा-अवहीरमाणा पलिओवमस्स असंखेज्जइ भागमेत्तेणं अवहीरंति, नो चेव णं अवहिया सिया।
–जीवा. पडि. ३, उ. २, सु. २०१ (ई)

इसी प्रकार असंख्यात योजन विस्तार वाले नरकावासों के विषय में भी तीनों आलापक कहने चाहिए।

इसी प्रकार शर्कराप्रभा पृथ्वी के लिए भी जानना चाहिए।

इसी प्रकार तमःप्रभापृथ्वी पर्यन्त भी तीनों आलापक कहने चाहिए।

प्र. भंते ! अधःसप्तमपृथ्वी के पांच अनुत्तर **यावत्** असंख्यात योजन विस्तार वाले नरकावासों में क्या सम्यग्दृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?
मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?
सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वहाँ) सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न नहीं होते हैं किन्तु मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार उद्वर्तना के विषय में भी कहना चाहिए।

रत्नप्रभापृथ्वी के समान यहाँ भी अविरहित आदि का कथन करना चाहिए।

इसी प्रकार असंख्यात योजन विस्तार वाले नरकावासों के विषय में भी तीनों आलापक कहने चाहिए।

५५. नैरयिकों का प्रतिसमय अपहरण करने पर भी अनवहरणत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों का प्रत्येक समय में एक-एक का अपहरण किया जाए तो कितने काल में वे अपहृत हो सकते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिक असंख्यात हैं, यदि प्रत्येक समय उनका अपहरण किया जाए तो असंख्यात उत्सर्पिणियों अवसर्पिणियों में अपहृत होंगे, किन्तु उनका अपहरण नहीं हुआ है।
इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त अपहार जानना चाहिए।

५६. वैमानिक देवों का प्रतिसमय अपहरण करने पर भी अनपहरणत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! सौधर्म-ईशानकल्प के देवों में से यदि प्रत्येक समय में एक-एक का अपहरण किया जाये तो कितने काल में वे अपहृत हो सकेंगे ?

उ. गौतम ! वे देव असंख्यात हैं, यदि प्रत्येक समय उनका अपहरण किया जाये तो असंख्यात उत्सर्पिणियों अवसर्पिणियों में अपहृत होंगे, किन्तु उनका अपहरण नहीं हुआ है।
उक्त कथन सहस्रार देवलोक पर्यन्त करना चाहिए।
आनतादि चार कल्पों में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! ग्रैवेयक और अनुत्तरविमानों में से यदि प्रत्येक समय में एक-एक अपहरण किया जाए तो कितने काल में वे अपहृत हो सकेंगे ?

उ. गौतम ! वे असंख्यात हैं, यदि प्रत्येक समय में उनका अपहरण किया जाए तो पल्योपम के असंख्यातवें भाग में वे अपहृत होंगे, किन्तु उनका अपहरण नहीं हो सकता है।

५७. चउव्विह देवेसु सम्मद्दिट्ठिआईणं उववाय परूवणं–

प. चोसट्ठीए णं भंते ! असुरकुमारावाससयसहस्सेसु संखेज्जवित्थडेसु असुरकुमारावासेसु
किं सम्मदिट्ठी असुरकुमारा उववज्जंति ?
मिच्छद्दिट्ठी असुरकुमारा उववज्जंति,
सम्ममिच्छद्दिट्ठी असुरकुमारा उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सम्मदिट्ठी वि असुरकुमारा उववज्जंति,
मिच्छद्दिट्ठी वि असुरकुमारा उववज्जंति,
नो सम्ममिच्छद्दिट्ठी असुरकुमारा उववज्जंति।
एवं असंखेज्जवित्थडेसु वि तिण्णि गमा।

एवं जाव **गेवेज्जविमाणेसु।**

अणुत्तरविमाणेसु एवं चेव,
णवरं–तिसु वि आलावएसु मिच्छद्दिट्ठी सम्मामिच्छद्दिट्ठी य न भण्णंति।
सेसं तं चेव। *–विया. स. १३, उ. २, सु. २४-२७*

५८. भवियदव्वदेवाणं उववायं–

प. भवियदव्वदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइएहिंतो उववज्जंति,
तिरिय-मणुय-देवेहिंतो वि उववज्जंति।
भेदो जहा वक्कंतीए।
सव्वेसु उववायेयव्वा जाव अणुत्तरोववाइया ति।

णवरं–असंखेज्जवासाउय-अकम्मभूमग-अंतरदीवग-सव्वट्ठसिद्धवज्जं **जाव** अपराजियदेवेहिंतो वि उववज्जंति। णो सव्वट्ठसिद्ध देवेहिंतो उववज्जंति।
–विया. स. १२, उ. ९, सु. ७

५९. नरदेवाणं उववायं–

प. नरदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइएहिंतो उववज्जंति,
नो तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
देवेहिंतो वि उववज्जंति।

प. जइ नेरइएहिंतो उववज्जंति किं रयणप्पभापुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** अहेसत्तमापुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! रयणप्पभापुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति, नो सक्करप्पभापुढविनेरइएहिंतो **जाव** नो अहेसत्तमापुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति।

५७. चार प्रकार के देवों में सम्यग्दृष्टियों आदि की उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! चौंसठ लाख असुरकुमारावासों में से संख्यात योजन विस्तार वाले असुरकुमारावासों में
क्या सम्यग्दृष्टि असुरकुमार उत्पन्न होते हैं ?
मिथ्यादृष्टि असुरकुमार उत्पन्न होते हैं ?
सम्यग्मिथ्यादृष्टि असुरकुमार उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! सम्यग्दृष्टि भी असुरकुमार उत्पन्न होते हैं,
मिथ्यादृष्टि भी असुरकुमार उत्पन्न होते हैं,
किन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि असुरकुमार उत्पन्न नहीं होते हैं।
इसी प्रकार असंख्यात योजन विस्तार वाले असुरकुमारावासों के लिए भी तीन-तीन आलापक कहने चाहिए।
इसी प्रकार ग्रैवेयक विमानों पर्यन्त के लिए आलापक कहने चाहिए।
अनुत्तरविमानों के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए।
विशेष–अनुत्तरविमानों के तीनों आलापकों में मिथ्यादृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि का कथन नहीं करना चाहिए।
शेष सभी वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

५८. भव्यद्रव्य देवों का उपपात–

प्र. भंते ! भव्यद्रव्यदेव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों से उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं,
तिर्यञ्च, मनुष्य और देवों में से भी आकर उत्पन्न होते हैं।
यहाँ व्युत्क्रान्ति पद में कहे अनुसार भेद कहने चाहिए।
अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त इन सभी की उत्पत्ति के विषय में कहना चाहिए।
विशेष–असंख्यातवर्ष की आयु वाले, अकर्मभूमिक, अन्तरद्वीपज एवं सर्वार्थसिद्ध के जीवों को छोड़कर (भवनपति से) अपराजित देवों पर्यन्त से आकर उत्पन्न होते हैं।

५९. नरदेवों का उपपात–

प्र. भंते ! नरदेव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों से **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
मनुष्यों से भी आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
देवों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि वे (नरदेव) नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** अधःसप्तमपृथ्वी के नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं, किन्तु शर्कराप्रभा-पृथ्वी के नैरयिकों से **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प. जइ देवेहिंतो उववज्जंति,
किं भवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति ?
वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! भवणवासिदेवेहिंतो वि उववज्जंति,
वाणमंतरदेवेहिंतो वि उववज्जंति,
एवं सव्वदेवेसु उववाएयव्वा वक्कंतीभेएणं जाव **सव्वट्ठसिद्ध त्ति।** *–विया. स. १२, उ. ९, सु. ८*

६०. **धम्मदेवाणं उववायं–**

प. धम्मदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति,
किं नेरइएहिंतो **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **एवं वक्कंतीभेएणं सव्वेसु उववाएयव्वा** जाव **सव्वट्ठसिद्ध त्ति।**
णवरं–तमा-अहेसत्तमा तेउ-वाउ-असंखेज्जवासाउय-अकम्मभूमग-अंतरदीवगवज्जेसु।
–विया. स. १२, उ. ९, सु. ९

६१. **देवाधिदेवाणं उववायं–**

प. देवाधिदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइएहिंतो उववज्जंति,
नो तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
देवेहिंतो वि उववज्जंति।

प. जइ नेरइएहिंतो उववज्जंति किं
रयणप्पभा पुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव**
अहेसत्तम पुढविनेरइएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **आइल्ला तिसु पुढवीसु उववज्जंति,**

सेसाओ खोडेयव्वाओ।

प. जइ देवेहिंतो उववज्जंति,
किं भवणवासिदेवेहिंतो उववज्जंति ?
वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियदेवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! वेमाणिएसु सव्वेसु उववज्जंति **जाव** सव्वट्ठसिद्ध त्ति।
सेसा खोडेयव्वा। *–विया. स. १२, उ. ९, सु. १०*

६२. **भावदेवाणं उववायं–**

प. भावदेवा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति,
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा वक्कंतिए भवणवासीणं उववाओ तहा भाणियव्वो।** *–विया. स. १२, उ. ९, सु. ११*

प्र. यदि वे देवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या
भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं,
वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क या वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम! भवनवासी देवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं,
वाणव्यन्तरदेवों से भी आकर उत्पन्न होते हैं।
इस प्रकार सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त सभी देवों से आकर उत्पत्ति के विषय में व्युत्क्रान्ति-पद में कथित विशेषता के अनुसार कहना चाहिए।

६०. **धर्मदेवों का उपपात–**

प्र. भंते ! धर्मदेव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में से **यावत्** देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम! **इनका उपपात व्युत्क्रान्ति-पद में कथित विशेषता के अनुसार सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त कहना चाहिए।**
विशेष–तमःप्रभा, अधःसप्तम पृथ्वी, तेजस्काय, वायुकाय असंख्यात वर्ष की आयु वाले अकर्मभूमिक तथा अन्तरद्वीपज जीवों से आकर धर्म देव उत्पन्न नहीं होते हैं।

६१. **देवाधिदेवों का उपपात–**

प्र. भंते ! देवाधिदेव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या नैरयिकों में से यावत् देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
तिर्यञ्चों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
मनुष्यों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
देवों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या
रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** अधःसप्तमपृथ्वी के नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **वे आदि की तीन नरकपृथ्वियों में से आकर उत्पन्न होते हैं।**
शेष चार (नरकपृथ्वियों) से (उत्पत्ति का) निषेध करना चाहिए।

प्र. यदि वे देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या
भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं,
वाणव्यन्तर-ज्योतिष्क-वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त समस्त वैमानिक देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं।
शेष देवों से उत्पत्ति का निषेध करना चाहिए।

६२. **भावदेवों का उपपात–**

प्र. भंते ! भावदेव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **जैसे व्युत्क्रान्ति पद में भवनवासियों के उपपात का कथन किया है, उसी प्रकार यहाँ भी करना चाहिए।**

६३. भवियदव्वदेवाणं उव्वट्टणं–

प. भवियदव्वदेवा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,
नो तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
नो मणुस्सेसु उववज्जंति,
देवेसु उववज्जंति।

प. जइ देवेसु उववज्जंति,
किं भवणवासिदेवेसु उववज्जंति ?
वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियदेवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सव्वेदेवेसु उववज्जंति **जाव** सव्वट्ठसिद्ध त्ति।
–विया. स. १२, उ. ९, सु. २१

६४. नरदेवाणं उव्वट्टणं–

प. नरदेवा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइएसु उववज्जंति,
नो तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
नो मणुस्सेसु उववज्जंति,
नो देवेसु उववज्जंति।
जइ नेरइएसु उववज्जंति, सत्तसु वि पुढविसु उववज्जंति।
–विया. स. १२, उ. ९, सु. २२

६५. धम्मदेवाणं उव्वट्टणं–

प. धम्मदेवा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,
नो तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
नो मणुस्सेसु उववज्जंति,
देवेसु उववज्जंति।

प. जइ देवेसु उववज्जंति,
किं भवणवासिदेवेसु उववज्जंति,
वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियदेवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो भवणवासिदेवेसु उववज्जंति,
नो वाणमंतरदेवेसु उववज्जंति,
नो जोइसियदेवेसु उववज्जंति,
वेमाणियदेवेसु उववज्जंति,

६३. भव्यद्रव्य देवों का उद्वर्तन–

प्र. भंते ! भव्यद्रव्यदेव मर कर अनन्तर (तुरन्त) कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में आकर उत्पन्न होते है **यावत्** देवों में आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
मनुष्यों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
किन्तु देवों से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) देवों से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या
भवनवासी देवों से आकर उत्पन्न होते हैं,
व्याणव्यन्तर ज्योतिष्क या वैमानिक देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त सर्वदेवों से आकर उत्पन्न होते हैं।

६४. नरदेवों का उद्वर्तन–

प्र. भंते ! नरदेव मर कर तुरन्त कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) नैरयिकों में आकर उत्पन्न होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
मनुष्यों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
देवों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
यदि नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं तो सातों (नरक) पृथ्वियों में उत्पन्न होते हैं।

६५. धर्म देवों का उद्वर्तन–

प्र. भंते ! धर्मदेव मरकर तुरन्त कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
मनुष्यों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
देवों में आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वे देवों में आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या
भवनवासीदेवों में आकर उत्पन्न होते हैं,
वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क या वैमानिक देवों में आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे भवनवासी देवों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
वाणव्यन्तर देवों में आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
ज्योतिष्क देवों में भी आकर उत्पन्न नहीं होते हैं,
वैमानिक देवों में आकर उत्पन्न होते हैं।

सव्वेसु वेमाणिएसु उववज्जंति **जाव** सव्वट्ठसिद्ध अणुत्तरोववाइएसु उववज्जंति।

अत्थेगइया सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

–विया. स. १२, उ. ९, सु. २३

६६. देवाधिदेवाणं उव्वट्टणं–

प. देवाधिदेवा णं भंते! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

–विया. स. १२, उ. ९, सु. २४

६७. भावदेवाणं उव्वट्टणं–

प. भावदेवा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! **जहा वक्कंतीए असुरकुमाराणं उव्वट्टणा तहा भाणियव्वा।** *–विया. स. १२, उ. ९, सु. २५*

६८. असंजयभवियदव्वदेवाइणं विविहदेवलोगेसु उप्पाय परूवणं–

प. अह भंते !

१. असंजयभवियदव्वदेवाणं,
२. अविराहियसंजमाणं,
३. विराहियसंजमाणं,
४. अविराहियसंजमासंजमाणं,
५. विराहियसंजमासंजमाणं,
६. असण्णीणं,
७. तावसाणं,
८. कंदप्पियाणं,
९. चरगपरिव्वायगाणं,
१०. किव्विसियाणं,
११. तेरिच्छियाणं,
१२. आजीवियाणं,
१३. आभिओगियाणं,
१४. सलिंगीणं दंसणवावन्नगाणं,

एएसि णं देवलोगेसु उववज्जमाणाणं कस्स कहिं उववाए पण्णत्ते?

उ. गोयमा !

१. असंजयभवियदव्वदेवाणं जहण्णेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं उवरिमगेविज्जएसु,
२. अविराहियसंजमाणं जहण्णेणं सोहम्मे कप्पे, उक्कोसेणं सव्वट्ठसिद्धे विमाणे,
३. विराहियसंजमाणं जहण्णेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं सोहम्मे कप्पे,
४. अविराहियसंजमासंजमाणं जहण्णेणं सोहम्मे कप्पे, उक्कोसेणं अच्चुए कप्पे,

उनमें भी सर्वार्थसिद्ध-अनुत्तरोपपातिक देवों पर्यन्त सभी वैमानिक देवों में धर्मदेव उत्पन्न होते हैं।

कोई-कोई धर्म देव सिद्ध होते हैं **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करते हैं।

६६. देवधिदेवों का उद्वर्त्तन–

प्र. भंते ! देवाधिदेव मरकर तुरन्त कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! वे सिद्ध होते हैं **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करते हैं।

६७. भावदेवों का उद्वर्तन–

प्र. भंते ! भावदेव मरकर तुरन्त कहाँ जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! **व्युत्क्रान्तिपद में जिस प्रकार असुरकुमारों की उद्वर्तना कही उसी प्रकार यहाँ भावदेवों की भी कहनी चाहिए।**

६८. असंयत भव्यद्रव्य देव आदिकों का विविध देवलोकों में उत्पाद का प्ररूपण–

प्र. भंते !

१. असंयत भव्यद्रव्यदेव,
२. अविराधित संयमी,
३. विराधित संयमी,
४. अविराधित संयमासंयमी (देशविरति)
५. विराधित संयमासंयमी,
६. असंज्ञी (अकाम निर्जरा वाले)
७. तापस,
८. कान्दर्पिक,
९. चरकपरिव्राजक,
१०. किल्विषिक,
११. तिर्यञ्च,
१२. आजीविक,
१३. आभियोगिक,
१४. श्रद्धा भ्रष्ट स्वलिंगी साधु।

ये सब यदि देवलोक में उत्पन्न हों तो किसका कहाँ उपपात कहा गया है?

उ. गौतम !

१. असंयत भव्यद्रव्यदेवों का जघन्य भवनवासियों में, उत्कृष्ट उपरिम ग्रैवेयकों में,
२. अविराधित संयम वालों का जघन्य सौधर्मकल्प में, उत्कृष्ट सर्वार्थसिद्ध विमान में,
३. विराधित संयम वालों का जघन्य भवनवासियों में, उत्कृष्ट सौधर्मकल्प में,
४. अविराधित संयमासंयम वालों का जघन्य सौधर्मकल्प में, उत्कृष्ट अच्युतकल्प में,

५. विराहियसंजमासंजमाणं जहण्णेणं भवणवासीसु,
उक्कोसेणं जोइसिएसु,
६. असण्णीणं जहण्णेणं भवणवासीसु,
उक्कोसेणं वाणमंतरेसु,
अवसेसा सव्वे जहण्णेणं भवणवासीसु,
उक्कोसेणं वोच्छामि,
७. तावसाणं जोइसिएसु,
८. कंदप्पियाणं सोहम्मे कप्पे,
९. चरग-परिव्वायगाणं बंभलोए कप्पे,
१०. किव्विसियाणं लंतगे कप्पे,
११. तेरिच्छियाणं सहस्सारे कप्पे,
१२. आजीवियाणं अच्चुए कप्पे,
१३. आभिओगियाणं अच्चुए कप्पे,
१४. सलिंगीणं दंसणवावन्नगाणं उवरिमगेवेज्जएसु।[1]
–विया. स. १, उ. २, सु. १९

६९. देवकिब्बिसिएसु उववायकारण परूवणं–

प. देवकिब्बिसिया णं भंते ! केसु कम्मादाणेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति ?

उ. गोयमा ! जे इमे जीवा आयरियपडिणीया, उवज्झायपडिणीया, कुलपडिणीया, गणपडिणीया, संघपडिणीया, आयरिय-उवज्झायाणं अयसकरा, अवण्णकरा, अकित्तिकरा बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिनिवेसेहिं य अप्पाणं च, परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणा वुप्पाएमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवकिब्बिसिएसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति,
तं जहा–१. तिपलिओवमट्ठिईएसु वा, २. तिसागरोवमट्ठिईएसु वा, ३. तेरससागरोवमट्ठिईएसु वा।

प. देवकिब्बिसिया णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिईक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जाव चत्तारि पंच नेरइय-तिरिक्खजोणिय-मणुस्स देवभवग्गहणाए संसारं अणुपरियट्टित्ता तओ पच्छा सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।
अत्थेगइया अणाईयं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं अणुपरियट्टंति।
–विया. ९, उ. ३३, सु. १०८-१०९

७०. उत्तरकुरु मणुस्साणं उप्पाय परूवणं–

प. उत्तरकुरुए णं भन्ते ! मणुया कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?

५. विराधित संयमासंयम वालों का जघन्य भवनवासियों में,
उत्कृष्ट ज्योतिष्क देवों में,
६. असंज्ञी जीवों का जघन्य भवनवासियों में,
उत्कृष्ट वाणव्यन्तर देवों में उत्पाद कहा गया है।
शेष सबका उत्पाद जघन्य भवनवासियों में और
उत्कृष्ट उत्पाद क्रमशः इस प्रकार है–
७. तापसों का ज्योतिष्कों में,
८. कान्दर्पिकों का सौधर्मकल्प में,
९. चरकपरिव्राजकों का ब्रह्मलोक कल्प में,
१०. किल्विषिकों का लान्तक कल्प में,
११. तिर्यञ्चों का सहस्रारकल्प में,
१२. आजीविकों का अच्युत कल्प में,
१३. आभियोगिकों का अच्युतकल्प में,
१४. श्रद्धाभ्रष्ट स्वलिंगी श्रमणों का ऊपर के ग्रैवेयकों में उत्पाद होता है।

६९. किल्विषिक देवों में उत्पत्ति के कारणों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! किन कर्मों के आदान (ग्रहण) से किल्विषिक देव, किल्विषिक देव के रूप में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जो जीव आचार्य, उपाध्याय, कुल, गण और संघ के प्रत्यनीक होते हैं तथा आचार्य और उपाध्याय का अयश (अपयश) अवर्णवाद और अकीर्ति करने वाले हैं तथा बहुत से असद्भावों को प्रकट करने और मिथ्यात्व के अभिनिवेशों (कदाग्रहों) से स्वयं को; दूसरों को और स्व-पर दोनों को भ्रान्त और दुर्बोध करने वाले, बहुत वर्षों तक श्रमण पर्याय का पालन करके उस अकार्य (पाप) स्थान की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना काल के समय काल करके किन्हीं किल्विषिक देवों में किल्विषिक देव रूप में उत्पन्न होते हैं।
यथा–१. तीन पल्योपम की स्थिति वालों में, २. तीन सागरोपम की स्थिति वालों में अथवा ३. तेरह सागरोपम की स्थिति वालों में।

प्र. भंते ! किल्वषिक देव उन देवलोकों से आयु क्षय, भव क्षय और स्थिति क्षय होने के बाद च्यवकर कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कुछ किल्विषिक देव नैरयिक तिर्यञ्च मनुष्य और देव के चार-पाँच भव करके और इतना संसार परिभ्रमण करके तत्पश्चात् सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होते हैं **यावत्** सब दुःखों का अन्त करते हैं।
कोई-कोई अनादि-अनन्त दीर्घमार्ग वाले चतुर्गति रूप संसार कान्तार (संसार रूपी अटवी) में परिभ्रमण करते हैं।

७०. उत्तरकुरु के मनुष्यों के उत्पात का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! उत्तरकुरु के मनुष्य काल मास में काल करके कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?

१. पण्ण. प. २०, सु. १४७०

उ. गोयमा ! ते णं मणुया कालमासे कालं किच्चा देवलोएसु उववज्जंति। *–जीवा. पडि. ३, सु. ६३० (तेरा.)*

७१. महड्ढियदेवस्स नाग-मणि-रुक्खेसु उववाओ तयणंतरभवाओ सिद्धत्त परूवणं–

प. देवे णं भंते ! महड्ढीए महज्जुईए महब्बले महायसे महेसक्खे अणंतरं चयं चइत्ता बिसरीरेसु नागेसु उववज्जेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! उववज्जेज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ अच्चिय-वंदिय-पूइय-सक्कारिय-सम्माणिए दिव्वे सच्चे सच्चोवाए सन्निहियपाडिहेरे या वि भवेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! भवेज्जा।

प. से णं भंते ! तओहिंतो अणंतरं उव्वट्टित्ता सिज्झेज्जा **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! सिज्झेज्जा **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेज्जा।

प. देवे णं भंते ! महड्ढीए **जाव** महेसक्खे अणंतरं चयं चइत्ता बिसरीरेसु मणीसु उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव जहा नागाणं।**

प. देवे णं भंते ! महड्ढीए **जाव** महेसक्खे अणंतरं चयं चइत्ता बिसरीरेसु रुक्खेसु उववज्जेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! उववज्जेज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ अच्चिय-वंदिय **जाव** सन्निहियपाडिहेरे लाउल्लोइयमहिए या वि भवेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! भवेज्जा।

सेसं तं चेव जाव **सव्वदुक्खाणं अंतं करेज्जा।**

–विया. स. १२, उ. ८, सु. २-४

७२. समोहयस्स पुढवि-आउ-वाउकाइयस्स उप्पत्तीए पुव्वं पच्छा वा पुग्गलगहण परूवणं–

प. पुढविकाइए णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए समोहए, समोहणित्ता जे भविए सोहम्मे कप्पे पुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए से णं भंते ! किं पुव्विं उववज्जित्ता पच्छा संपाउणेज्जा, पुव्विं वा संपाउणित्ता पच्छा उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! १. पुव्विं वा उववज्जित्ता पच्छा संपाउणेज्जा,

२. पुव्विं वा संपाउणित्ता पच्छा उववज्जेज्जा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"पुव्विं उववज्जित्ता पच्छा संपाउणेज्जा,
पुव्विं वा संपाउणित्ता पच्छा उववज्जेज्जा ?"

उ. गौतम ! वे मनुष्य काल मास में काल करके देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

७१. महर्द्धिक देव की नाग, मणी, वृक्ष के रूप में उत्पत्ति और तदनन्तर भवों से सिद्धत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! महर्द्धिक, महाद्युति, महाबल, महायश और महासुख वाला देव च्यवकर क्या द्विशरीरी (दो जन्म धारण करके सिद्ध होने वाले) नागों (सर्पों या हाथियों) में उत्पन्न होता है ?

उ. हाँ, गौतम ! (वह) उत्पन्न होता है।

प्र. भन्ते ! वह वहाँ नाग के भव में अर्चित, वन्दित, पूजित, सत्कारित, सम्मानित, प्रधान (दिव्य) सत्य (वचन सिद्ध), सत्यानुपातरूप (सफलवक्ता) या सन्निहित प्रातिहारिक भी होता है ?

उ. हाँ, गौतम ! होता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह वहाँ से अनन्तर च्यवकर मनुष्य भव में उत्पन्न होकर सिद्ध होता है **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह सिद्ध होता है **यावत्** सब दुःखों का अन्त करता है।

प्र. भन्ते ! महर्द्धिक **यावत्** महासुखवाला देव अनन्तर च्यवकर क्या द्विशरीरी मणियों में उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **जैसे नागों के विषय में कहा उसी प्रकार मणियों के विषय में भी कहना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! महर्द्धिक **यावत्** महासुखवाला देव अनन्तर च्यव कर क्या द्विशरीरी वृक्षों में उत्पन्न होता है ?

उ. हाँ, गौतम ! उत्पन्न होता है।

प्र. भन्ते ! वह वहाँ वृक्ष के भव में अर्चित वंदित **यावत्** सन्निहित प्रातिहारिक होता है तथा उस वृक्ष को चबूतरा आदि बनाकर पूजा भी जाता है ?

उ. हाँ, गौतम ! पूजा जाता है।

शेष समस्त कथन पूर्ववत् (मनुष्य भव धारण करके) सर्व दुःखों का अन्त करता है पर्यन्त कहना चाहिए।

